Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

078880

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य ज्ञान दर्पण

Vol. 12 2000 JAN-APR, JUN SEP DEC

हल प्रश्न-पत्र
बी.एस.आर.बी. (हैदराबाद) पी.ओ. 99
बी.एस.आर.बी. (कलकत्ता) पी.ओ. 99
बी.एस.आर.बी. (चण्डीगढ़) क्लर्क 99

मॉडल हल प्रश्न
बी.एस.आर.बी. (पी.ओ.)
बी.एस.आर.बी. (क्लर्क)
एस.एस.सी. संयुक्त प्रा. (स्नातक)

078880

आकर्षण कलेण्डर साइज में

निःशुल्क
स्व-मूल्यांकन
पुस्तिका
बैंक क्लर्क

जनवरी 2000
मूल्य रु. 25.00

युक्ता मुखी
मिस वर्ल्ड 1999

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

A
Smart Alternative To Conventional, Old Fashioned Ways Of Preparation For MEDICAL ENTRANCE TESTS

UPKAR PRESENTS

PRACTICE WORK-BOOK



Price Rs. 95.00

Price Rs. 78.00



Price Rs. 98.00

PRACTICE SETS

A special effort to test your nerve and show how success looks easy.

These books have been published for the first time with modern techniques and latest style and are extremely useful to assess what you have read.

The unique presentation tests you almost under examination conditions and helps in evaluating your preparation and your speed and accuracy as this can make the difference in the actual examination.

Strictly as per syllabi and the latest trends of Examinations

Contact your nearest book stall or send Rs. 50/- by M.O. to have these direct from us by V.P.P.

UPKAR PRAKASHAN
2/11 A, Swadeshi Bima Nagar, AGRA - 282002
Phone : 351002, 351238, 322930; Fax (0562) 351251
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फटाफट अंग्रेज़ी बोलिए विश्वास के साथ

21वीं शताब्दी की ओर आगे बढ़िए

...या बहुत तेज़ी के साथ आगे बढ़ रही है. हम 21वीं शताब्दी में प्रवेश कर रहे हैं. अगली मिलेनीयम की चुनौतियाँ हमारा स्वागत कर रही है. कंप्यूटर, इंटरनेट इनके साथ साथ हमें भी आगे बढना है. और इसके लिए अनिवार्य है बिना हिचकिचाहट के धड़ाधड़ अंग्रेज़ी बोलने की, लिखने की क्षमता और इस क्षमता को पाने में सहायता करता है **भारत का नं 1 विवेकानन्द इंस्टिट्यूट.**

आपका खुल जा सिमसिम है विवेकानन्द इंस्टिट्यूट का स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग कोर्स

विवेकानन्द स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग कोर्स की विशेषताएँ:

यह बाज़ार में उपलब्द आम प्रशिक्षणों से बिलकुल हटकर अपने आप में एक सम्पूर्ण कोर्स है.

इस कोर्स की रचना इस तरह की गई है कि आप को लगेगा कि आप कक्षा में बैठकर अध्यापक से रूबरू सीख रहे हैं.

रोज़ाना बोलचाल में अक्सर इस्तेमाल होनेवाले शब्द, उनका सही उच्चारण, सही समय पर, सही जगह पर, सही शब्द का उपयोग कैसे करें, ये सब **SPEECH GENERATING TECHNIQUE** के आधार पर किया गया है.

अब तक 9 लाख से अधिक खुशनसीब लोग, यह शिक्षण पाकर, तरक्की कर चुके हैं; कर रहे हैं.

फिर आप भला कैसे पीछे रह सकते हैं?

कोर्स का विवरण

अगर आप कुछ हद तक अंग्रेज़ी पढ़ लेते हैं - शब्द लिख सकते हैं, समझ पाते हैं, तो **विवेकानन्द स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग कोर्स** में दाखिल होकर आसानी से अंग्रेज़ी में बात करने का प्रशिक्षण पा सकते हैं.

स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग कोर्स का शिक्षा शुल्क : सिर्फ रू. 395/-

जो अंग्रेज़ी शब्द पढ़ या लिख नहीं सकते, वे **बुनियादी एवं स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग कोर्स** में दाखिल होकर आसानी से अंग्रेज़ी पढ़ने-लिखने के साथ साथ बात करना भी सीख सकते हैं.

बुनियादी एवं स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग कोर्स के लिए शिक्षा शुल्क: सिर्फ रू.525/-

उपहार

बोलचाल अभ्यास के लिए पाठ्यांश के साथ एक ऑडियो कैसट, बिना शुल्क भेजा जाता है.

अग्रिम राशी भेजने की आवश्यकता नहीं. नीचे दिया गया कूपन झट से भरिये.

विवेकानन्द इंस्टिट्यूट, Post Box No. 4986, 9 (H), मैडली रोड, टी.नगर, चेन्नई - 600 017.

पते पर भेजिए. हम पाठ्यक्रम और ऑडियो कैसट को सुरक्षित ढंग से पैक करके V.P.P. द्वारा भेज देंगे. सूचना मिलते ही आप डाक बाबू को शिक्षा शुल्क और डाक-खर्च अदा करके पाठ्यांश छुडा लीजिए.

यह कूपन पूरा करके आज ही भेजें

☐ मैं स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग कोर्स में दाखिल होना चाहता हूँ. पाठ्यक्रम V.P.P. द्वारा भेजें . रू. 395/- अदा करके छुडा लूँगा.

☐ मैं बुनियादी एवं स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग कोर्स में दाखिल होना चाहता हूँ. पाठ्यक्रम V.P.P. द्वारा भेजें. रू. 525/- अदा करके छुडा लूँगा.

(आवश्यक कोष्टक में ☑ निशान लगाएँ)

नाम : .....

पता : .....

.....

.....पिन कोड.....

VIVEKANANDA INSTITUTE

PTA

9 (H) Madley Road, T. Nagar, Chennai - 600 017.

INDIA'S No. 1 ENGLISH TRAINING INSTITUTE

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

IAS 2000

49 final selections in IAS '98
And that is no joke

These 49 selections are the students of our classroom-coaching for Mains (Written).

●●●

There are Institutes claiming successes in several hundreds (perhaps mainly through students joining them for Personality Test).

●●●

We are the only Institute with class-room coaching declaring our results even at the Mains (Written) level.

Now Setting a target of
100 Successes in IAS 2000
No mean a task you know
You too can share our success

MAINS AND MAINS-CUM-PRELIMS BATCHE
STARTING DEC. 25

GS, ESSAY, HISTORY, ANTHRO GEOGRAPHY, PHILOSOPHY PSYCHOLOGY, PUB. ADMN., HINDI LITT., POL. SC., AND SOCIOLOGY

Postal Courses Available

PRELIMS : GS, INDIAN HISTORY, PUB. ADMN., SOCIOLOG AND PHILOSOPHY

MAINS : GS, HISTORY, ANTHROPOLOGY, GEOGRAPHY, PUB. ADMN., POLITICAL SCIENCE, HINDI LITT., PSYCHOLOGY, PHILOSOPHY & SANSKRIT

OUR STUDY-MATERIALS ALSO AVAILABLE AT
- N. OJHA, ALLAHABAD, PH. 641863
- JAWAHAR BOOK CENTRE PH.: 6962973, 6515047
- PUNEKER COMPETITION BOOK HOUSE, INDORE. PH. 540704
- BOOK SELECTION CENTRE, HYDERABAD, PH. 4750909, 4753218.

Join Today
VAID'S ICS
AG-603, Shalimar Bagh, Delhi-52
Ph. 7471544, 7477317, 9810122438
For Information Bulletin send Rs. 30/- by DD/MO in favour of Vaid's ICS, Delhi

ONLY AT
SHALIMAR BAGH (DELHI) & ALIGANJ (LUCKNOW)

HOSTEL ARRANGED

An Additional Batch of
ANTHRO. (Hindi)
starting on DEC. 25
at M.I.P.S., MIPS House, B-19, Commercial Complex, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi.

VAID'S ICS LUCKNOW

Prelims Classes Starting **JANUARY 4**

GS, GEOGRAPHY, HISTORY, PUB. ADMN., SOCIOLOGY, BOTANY, PHYSICS & LAW

Postal Courses (of Vaid's ICS, Delhi) Available
For further information contact personally or for Information Bulletin send Rs. 30/- by DD/MO

VAID'S ICS LUCKNOW
B-36, SECTOR-C, ALIGANJ, LUCKNOW PH.: 326249

 CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

षष्ठम् अंक
वर्ष 12
जनवरी 2000

सामान्य ज्ञान दर्पण

इस अंक में

सम्पादकीय 746

विशेष स्तम्भ

समसामयिक सामान्य ज्ञान 747
आर्थिक परिदृश्य 753
राष्ट्रीय परिदृश्य 757
अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य 760
क्रीड़ा जगत 764
समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य 766
युवा प्रतिभाएं–भारतीय रिजर्व बैंक सर्विसेज बोर्ड मुम्बई परीक्षा, 1997 में चयनित
श्री मनोज कुमार 773
सार संचयिका 775

लेख

ऐतिहासिक तथ्य–मुगल साम्राज्य 778
परीक्षा सम्बन्धी लेख–परिवीक्षाधीन अधिकारी (पी. ओ.) परीक्षा की तैयारी कैसे करें 779
पर्यावरण लेख–पर्यावरण का संरक्षक–'इकोमार्क' 782

आगामी बी. एस. आर. बी. क्लेरीकल परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

तर्कशक्ति परीक्षा 783
English Language 787
संख्यात्मक अभियोग्यता–चण्डीगढ़ परीक्षा, 1999 790
लिपिकीय अभियोग्यता 796

आगामी बी. एस. आर. बी. क्लेरीकल परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

तर्कशक्ति अभियोग्यता 800
English Language 804
संख्यात्मक अभियोग्यता 815
लिपिकीय अभियोग्यता 820

आगामी बैंक पी. ओ. परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

English Language 824
संख्यात्मक अभियोग्यता–हैदराबाद परीक्षा, 1999 828
तर्कसंगतता–कलकत्ता परीक्षा, 1999 836

आगामी एस. एस. सी. संयुक्त प्रारम्भिक परीक्षा (स्नातक स्तर) हेतु विशेष हल प्रश्न

सामान्य बुद्धिमत्ता 846
सामान्य ज्ञान 851
संख्यात्मक परीक्षण 854

सामान्य / विविध

क्या आप परिचित हैं? 865
विविध तथ्य–प्रमुख खेल स्टेडियम/मैदान 866
प्रथम पुरस्कृत–तार्किक प्रतियोगिता 867
मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता क्रमांक-138 868
मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता क्रमांक-136 का परिणाम एवं सर्वशुद्ध हल 870
Errors in English and How to Correct Them 873
रोजगार समाचार 874

सामान्य ज्ञान दर्पण में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है.
–सम्पादक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादकीय

सकारात्मक राष्ट्रवाद का विकास कीजिए

कारगिल के नाम पर होने वाले भारत-पाकिस्तान युद्ध के दिनों में पूरे देश में, गाँवों में, कस्बों में एवं नगरों में राष्ट्रीयता का जबरदस्त उफान आ गया था. इसने यह साबित कर दिया कि राष्ट्रीयता की भावना हमारे सामान्य जीवन में भले ही ठण्डा अनुष्ठान बन गई है, परन्तु राष्ट्र की सीमाओं के लिए संकट उत्पन्न होने पर हर भारतीय आक्रमणकारी शत्रु से लोहा लेने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने को तैयार हो जाता है. यह देखकर आश्चर्य होता है कि कारगिल की लड़ाई समाप्त होते ही हम जहाँ के तहाँ आ गए हैं–वही आपसी उठक-पटक, वही अवसरवादी राजनीति आदि. इस प्रकार का तात्कालिक राष्ट्रवाद हमारे लिए धोखे की टट्टी साबित हो सकता है. हमारा युवा वर्ग इस पर विचार करे.

कारगिल के युद्ध के बाद हम जिस तरह के सतई राष्ट्रवाद को देख रहे हैं, वैसा ही राष्ट्रवाद कारगिल के युद्ध के पहले भी था. इस राष्ट्रवाद को एन. आर. आई. किस्म का राष्ट्रवाद कहा जाता है. इसके संदर्भ में एक विचारक के ये शब्द द्रष्टव्य हैं; "कारगिल की घटना के पहले भी एक खास किस्म का राष्ट्रवाद देश की हवा में तैर रहा था और आज भी है जिसकी सर्वाधिक अभिव्यक्ति फिल्मों और फिल्मी गानों में हुई है–इक दिल चाहिए बस मेड इन इण्डिया" आदि. कारगिल की घटना द्वारा भड़काया गया राष्ट्रवाद वस्तुतः ग्लैम-रस किस्म का राष्ट्रवाद है. इस राष्ट्रवाद को लेकर हमारे भीतर वैसी ही बेफिक्री दिखाई देती है जो एन. आर. आई. की बिरादरी की है. वह देश को हवाई जहाज या हवाई अड्डे से होटल ले जाने वाली बस की खिड़कियों से देखता है. उसके लिए देश की आन्तरिक समस्याएं मनोरंजन एवं बौद्धिक अध्ययन का ही विषय बन सकती हैं. वे हमारे युवकों के हृदयों को झकझोरती नहीं हैं, राष्ट्र को भविष्य में ऐसी घटनाओं से रोकने के उपायों पर विचार करने की प्रेरणा प्रदान नहीं करती हैं. राष्ट्रवाद की निरन्तरता बनाए रखने के लिए सतत जागरूकता अपेक्षित है. हमारे युवा वर्ग में इस जागरूकता के प्रति ललक का अभाव दिखाई देता है. जर्मनी के दार्शनिक कवि आई. डब्ल्यू. गेटे ने ठीक ही लिखा है कि–"The destiny of a nation at any given time depends on the opinion of its young men under five and twenty" अर्थात् किसी विशेष समय में किसी राष्ट्र का भाग्य उसके 25 वर्ष से कम आयु के युवक-युवतियों की मानसिकता पर निर्भर होता है. कारगिल के युद्ध के मध्य यह भी देखने को मिला कि हमारे देश के नौजवान हजारों की संख्या में सेना में भर्ती होने को आए. किन्हीं अवसरों पर तो इनकी भीड़ इतनी अधिक थी कि व्यवस्था के नाम पर पुलिस को बल-प्रयोग करना पड़ा. पुलिस के दुर्व्यवहार से घबराकर भागने वाले अनेक नौजवान उफनती नदी में डूब गए. वे नौजवान कारगिल के मोर्चे पर लड़ने के साथ ही सम्भवतः अपनी बेरोजगारी की समस्या भी हल करना चाहते थे. निष्कर्षतः इन नौजवानों की राष्ट्रीयता के पीछे देश की मिट्टी से प्यार अधिक था अथवा रोटी-रोजी की फिक्र अधिक थी, यह चिन्तन का विषय होना चाहिए. द्विविधापूर्ण राष्ट्रवाद उस समय विडम्बनापूर्ण दिखाई देता था. जब कुछ स्वार्थी लोग विभिन्न मोर्चों पर व्यवसाय करके लाभान्वित होने के लिए जमीन आसमान के कुलावे भिड़ाते हुए देखे जाते थे. कारगिल के पहले और बाद में हम अपने देश में भ्रष्टाचार के विभिन्न रूप देख सकते हैं. इन विभिन्न रूपों में एक बात सामान्य रूप से व्याप्त दिखाई देती है– राष्ट्रहित की उपेक्षा, स्वार्थ एवं अवसर-वादिता की पराकाष्ठा. कहने का तात्पर्य यह है कि हमारा राष्ट्रवाद एक प्रकार का आपातकालीन राष्ट्रवाद है. उसमें राष्ट्र-निर्माण की ललक की अपेक्षा राष्ट्र की रक्षा की इच्छा दिखाई देती है. संक्षेप में वह भावात्मक एवं सकारात्मक राष्ट्रवाद न होकर नकारात्मक एवं अभावात्मक राष्ट्रवाद है. ऐसा राष्ट्रवाद कितने समय तक जीवित रह कर हमें प्रेरणा प्रदान करता रहेगा? स्वतंत्रता के पूर्व यानी स्वतंत्रता की लड़ाई के मध्य यद्यपि भारतवासी भारतमाता की मूर्ति बनाकर पूजा करते थे, तथापि अमूर्त धारणा स युक्त राष्ट्रवाद के नाम पर प्राणोत्सर्ग करने वालों का अभाव नहीं था. हमारी मुख्यधारा के लिए देश की आजादी का मतलब बहुत ठोस था. हमारे नेता महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू आदि का सपना एक सबल राष्ट्र का सपना था. सबल राष्ट्र से उनका अभिप्राय भारी भरकम अस्त्र-शस्त्र से युक्त फौज-फाटे वाला राष्ट्र नहीं था. उनका सबल राष्ट्र एक ऐसा राष्ट्र था जिसमें निर्धन, वंचित व उपेक्षित का अभाव हो, जिसमें लोग इतने तकलीफ जदा न हों, उनके बीच विषमता की खाई चौड़ी न हो और उनकी बढ़ती खुशहाली देश का बल हो. इस समय स्थिति यह है कि हमारे राष्ट्रवाद का स्वरूप सर्वथा बदल गया है. उसमें संवेदनशीलता का अभाव है और प्रदर्शन की प्रमुखता है. सत्ता में बैठे हुए लोग आम आदमी की खुशहाली के लिए होनहार नौनिहालों के भविष्य के लिए चिन्तित नहीं दिखाई देते हैं. यही कारण है कि युद्ध के दिनों को छोड़कर वे राष्ट्र एवं राष्ट्र के हित की चर्चा भी नहीं करना चाहते हैं. हमारे युवावर्ग को स्वयं से यह प्रश्न करना होगा कि जातिवाद, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराधीकरण, दायित्वहीनता जैसे आंतरिक शत्रुओं से लड़ना, इनको दूर करने का प्रयत्न करना राष्ट्रवाद एवं देशभक्ति का सर्वथा सार्थक एवं भावात्मक पक्ष है. इन शत्रुओं की मौजूदगी का पूरा-पूरा पता लगाने के बाद बाहरी शत्रुओं द्वारा आक्रमण की हिम्मत जुटाई जाती है. कहते हुए लज्जा का अनुभव होता है कि स्वतंत्रता मिलने के बाद देश के हर क्षेत्र के नेताओं ने अपनी सत्ता के छोटे-छोटे द्वीपों को बनाए रखने के लिए ऐसी प्रवृत्तियों को हवा दी है जिनका मूल चरित्र राष्ट्रविरोधी है. माफियाओं द्वारा देश में समानान्तर सरकार का चलाया जाना हल्के राष्ट्रवाद की ओर इंगित करता है. समाजवादी पृष्ठभूमि के वयोवृद्ध नेता और पूर्व लोकसभाध्यक्ष रवि रे का कहना है कि "देशभक्ति का यह जो उभार इन दिनों दिख रहा है उसे जल्दी ही भुला दिया जाएगा, क्योंकि तथाकथित अभिजात्य वर्ग के सामने कोई आदर्श नहीं है" मध्यवर्ग नैतिक-अनैतिक के झंझट में पड़े बिना जल्दी से जल्दी अभिजात वर्ग में शामिल होना चाहता है. उसकी इस सोच ने उसकी स्थिति त्रिशंकु सदृश बना दी है. इस स्थिति से उद्धार के लिए भ्रष्ट आचरण पहली शर्त है और मध्यवर्ग को इससे कोई परहेज नहीं रहा है, क्योंकि वे दिन लद चुके हैं जब किसी भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्ति के साथ सम्बन्ध स्थापित करते हुए संकोच का अनुभव होता था. राजनीतिक दल कितने देश भक्त एवं राष्ट्रवादी हैं, इसका अन्दाज केवल एक इस बात से लगाया जा सकता है कि पेटेंट कानून पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी एकसमान रवैया अपनाए हुए हैं. बारहवीं लोक सभा के 40 और विधान सभाओं के 700 सदस्य आपराधिक पृष्ठभूमि वाले रहे थे.

हमारे युवक-युवतियाँ देश-सेवा का लक्ष्य लेकर प्रशासनिक सेवाओं में जाना चाहते हैं. आपको समझ लेना चाहिए कि केवल नौकरी से सम्बन्धित कर्त्तव्यों का पालन ही देश-सेवा नहीं है. देश-सेवा इससे व्यापक दृष्टि एवं त्याग की अपेक्षा रखती है. देश-सेवा के प्रति प्रतिबद्ध होकर आप सकारात्मक राष्ट्र-भाव की भावना से कार्य करेंगे, आपसे देश को ऐसी आशा है.

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक सामान्य ज्ञान

नियुक्तियाँ

जी. पी. गोयनका

गत 21 नवम्बर को नई दिल्ली में फिक्की (FICCI) के 72वें वार्षिक अधिवेशन में डंकन-गोयनका समूह के अध्यक्ष जी. पी. गोयनका ने सत्र 1999-2000 के लिए फिक्की के अध्यक्ष का कार्यभार निवर्तमान अध्यक्ष सुधीर जालान से ग्रहण किया.

ए. सी. मुथैया

'स्पिक' (SPIC) के अध्यक्ष ए. सी. मुथैया को सत्र 1999-2000 के लिए फिक्की का वरिष्ठ उपाध्यक्ष गत 21 नवम्बर को नई दिल्ली में निर्विरोध चुना गया है. वह नवम्बर 2000 में फिक्की के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करेंगे.

मिलाप चन्द जैन

दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मिलाप चन्द जैन को 5 वर्ष के कार्यकाल के लिए राजस्थान का लोकायुक्त नियुक्त किया गया है.

ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के प्रमुख एवं केन्द्रीय रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को गत नवम्बर माह में 'केन्द्र सरकार का प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार' नियुक्त किया गया है. इस पद के तहत उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है.

बुद्धदेव भट्टाचार्य

मुख्यमंत्री ज्योति बसु की संस्तुति पर प. बंगाल के तत्कालीन राज्यपाल न्यायमूर्ति श्यामल कुमार सेन ने राज्य के गृह मंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को राज्य का उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया है.

वीर सिंघवी

43 वर्षीय युवा पत्रकार वीर सिंघवी को अंग्रेजी दैनिक हिन्दुस्तान टाइम्स का सम्पादक नियुक्त किया गया है.

जोर्ग बाटले

उरुग्वे में गत 28 नवम्बर को सम्पन्न चुनाव में कोलोराडो पार्टी के जोर्ग बाटले (Jorg Batle) पुनः राष्ट्रपति चुने गए हैं.

लियोनिड कुचमा

यूक्रेन के राष्ट्रपति लियोनिड कुचमा (Leonid Kuchma) को गत नवम्बर में सम्पन्न चुनाव में इस पद के लिए पुनः चुन लिया गया है.

अलेक्जैंडर कडाकिन

रूस ने वरिष्ठ राजनयिक अलेक्जैंडर कडाकिन (Alexander Kadakin) को भारत में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है. वह एलबर्ट चेर्निशेव का स्थान लेंगे.

ममदू तांजा

नाइजर में गत नवम्बर माह में सम्पन्न चुनाव में अवकाश प्राप्त कर्नल ममदू तांजा को देश का राष्ट्रपति चुना गया है.

राज्यों में नए राज्यपाल

राज्य	राज्यपाल
बिहार	विनोद चन्द्र पांडेय (पूर्व कैबिनेट सचिव)
प. बंगाल	वीरेन जे. शाह (उद्योगपति एवं राज्य सभा के पूर्व सदस्य) कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् वीरेन जे. शाह के अवकाश पर जाने पर उनके अवकाश की अवधि में प. बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार बिहार के राज्यपाल विनोद पांडेय को सौंपा गया है.
मणिपुर	वेद प्रकाश मरवाह (दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त)
पंजाब	ले. जन. (सेवानिवृत्त) जे. एफ. आर. जेकब (गोआ के राज्यपाल जेकब को अपने शेष कार्यकाल के लिए पंजाब का राज्यपाल बना दिया गया है)
गोआ	मोहम्मद फजल (योजना आयोग के पूर्व सदस्य)
कर्नाटक	वी. एस. रमा देवी (हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल वी. एस. रमा देवी को उनके शेष कार्यकाल के लिए कर्नाटक की राज्यपाल बनाया गया है.
हिमाचल प्रदेश	विष्णु कांत शास्त्री (राज्य सभा के पूर्व सदस्य)

इमोमाली राख्मोनोव

ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली राख्मोनोव (Emomali Rakhmonov) को गत नवम्बर माह में सम्पन्न चुनाव में 7 वर्ष के दूसरे कार्यकाल के लिए देश का राष्ट्रपति चुना गया है. इस पद के लिए हुए सीधे चुनाव में श्री राख्मानोव के पक्ष में 96·9 प्रतिशत मत पड़े.

जैक डियोफ

खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के महानिदेशक जैक डियोफ (Jacques Diouf) को अगले 6 वर्ष के लिए पुनः इस संगठन का महानिदेशक चुना गया है. सेनेगल के जैक डियोफ गत 6 वर्षों से इस संगठन के प्रमुख हैं.

अरुण जैटली को नवगठित अनिवेश विभाग का प्रभार

केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में अनिवेश (Disinvestment) के सभी पहलुओं की देखरेख के लिए एक नए अनिवेश विभाग की स्थापना केन्द्र सरकार द्वारा गत 10 दिसम्बर को की गई है. सूचना प्रसारण राज्य मंत्री अरुण जैटली इस विभाग का प्रभार भी स्वतंत्र राज्य मंत्री के रूप में देखेंगे.

नरेश्वर दयाल

विदेश मंत्रालय में सचिव नरेश्वर दयाल ब्रिटेन में भारत के अगले उच्चायुक्त होंगे. वह ललित मान सिंह का स्थान लेंगे जिन्हें अब विदेश सचिव बना दिया गया है.

डेविड ट्रिम्बल

प्रोटेस्टेंटों की अल्स्टर यूनियनिस्ट पार्टी के नेता डेविड ट्रिम्बल को 1 दिसम्बर को गठित उत्तरी आयरलैण्ड की स्वायत्त सरकार का प्रथम मंत्री (प्रमुख मंत्री) बनाया गया है. इस सरकार में प्रोटेस्टेंटों व अल्पसंख्यक कैथोलिकों, दोनों के ही प्रतिनिधि शामिल हैं. अप्रैल 1998 के आयरलैण्ड शान्ति समझौते के तहत इस सरकार के गठन से आयरलैण्ड में वर्षों से चल रहे गृहयुद्ध की समाप्ति का मार्ग प्रशस्त हो गया है. इस सरकार के गठन से इस क्षेत्र के लिए अनेक प्रशासनिक अधिकार ब्रिटिश पार्लियामेन्ट से नवगठित सरकार को हस्तांतरित हो गए हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुरस्कार / सम्मान

चेवेलियर पदक–बंगलौर के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के निदेशक प्रो. गोवर्धन मेहता को विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए फ्रांस सरकार के प्रतिष्ठित चेवेलियर पदक से गत 21 नवम्बर को बंगलौर में सम्मानित किया गया.

मृणालिनी साराभाई पुरस्कार–संस्कृत ड्रामा की पुरातन कला कूडियाट्टम के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए केरल के सिवान नम्बूदिरी को वर्ष 1999 का पहला मृणालिनी साराभाई पुरस्कार दिया जाएगा. शास्त्रीय कलाओं के क्षेत्र के 1 लाख रुपए के इस पुरस्कार की स्थापना अहमदाबाद की दर्पण एकेडमी द्वारा की गई है.

जे. आर. डी. टाटा कॉर्पोरेट लीडरशिप पुरस्कार–वर्ष 1999 का जे. आर. डी. टाटा कॉर्पोरेट लीडरशिप पुरस्कार विप्रो लि. के अध्यक्ष अजीम एच. प्रेमजी को प्रदान किया गया है.

संयुक्त राष्ट्र सासाकावा पर्यावरण पुरस्कार–वर्ष 1999 का संयुक्त राष्ट्र सासाकावा पर्यावरण पुरस्कार अमरीका की नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनशास्त्री सुश्री मारियो जे. मोलिना को गत 17 नवम्बर को न्यूयॉर्क में प्रदान किया गया.

पोएट्स फाउंडेशन अवार्ड (1998)–साहित्य के क्षेत्र का वर्ष 1998 का पोएट्स (Poet's) फाउण्डेशन पुरस्कार कश्मीर के जाने-माने साहित्यकार अर्जुन देव मजबूर को गत 20 दिसम्बर को कलकत्ता में प्रदान किया गया.

अन्तर्राष्ट्रीय गांधी शान्ति पुरस्कार–1999

भारत सरकार के वर्ष 1999 के अन्तर्राष्ट्रीय गांधी शान्ति पुरस्कार के लिए वयोवृद्ध समाजसेवी बाबा आम्टे का चयन किया गया है. 1 करोड़ रुपए का यह पुरस्कार उन्हें कुष्ठ रोगियों की सेवा तथा श्रमिक विद्यापीठ की उनकी अवधारणा के लिए दिया जाएगा.

केन्द्रीय संस्कृति, खेल तथा युवा मामलों के मंत्री अनंत कुमार के अनुसार वर्ष 1999 के गांधी शान्ति पुरस्कार के लिए कुल 34 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 27 नाम व्यक्तियों के व 7 विभिन्न संगठनों के थे. प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने इनमें से बाबा आम्टे को इस पुरस्कार के लिए चुना है.

अमरीका में न्यूजर्सी में राहवे (Rahway) में गत 27 नवम्बर को सम्पन्न विश्वव्यापी भारत सुन्दरी-2000 का खिताब जीतने वाली आरती छाबड़िया (मध्य में) चित्र में बाईं ओर हैं 1999 की विश्वव्यापी भारत सुन्दरी मेलिसा भगत तथा दाईं ओर हैं–मिस इंडिया न्यूयार्क आशा हनीफ. इस प्रतियोगिता में विभिन्न देशों में रहने वाली भारतीय मूल की सुन्दरियाँ भाग लेती हैं.

कैस्ट्रॉल क्रिकेटर ऑफ द ईयर (1998-99)–भारत के स्टार खिलाड़ी राहुल द्रविड़ को गत 17 नवम्बर को नई दिल्ली में एक समारोह में वर्ष 1998-99 के 'कैस्ट्रॉल क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इस पुरस्कार के तहत प्रतीक चिह्न के अतिरिक्त 5 लाख रुपए की राशि उन्हें प्रदान की गई.

शान्ति, निःशस्त्रीकरण तथा विकास के लिए इन्दिरा गांधी पुरस्कार (1998 व 1999)–शान्ति, निःशस्त्रीकरण तथा विकास के लिए वर्ष 1998 का इन्दिरा गांधी पुरस्कार बांग्लादेश के प्रसिद्ध समाजसेवी तथा वहाँ के ग्रामीण बैंक के संस्थापक मोहम्मद यूनुस को राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने गत 19 नवम्बर को इन्दिरा जी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदान किया.

वर्ष 1999 के लिए यह पुरस्कार भारत के जाने-माने कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन को प्रदान करने की घोषणा इस अवसर पर इन्दिरा गांधी स्मारक ट्रस्ट द्वारा की गई.

महात्मा गांधी शताब्दी के महानतम एशियाई–हांगकांग की साप्ताहिक पत्रिका एशिया वीक ने महात्मा गांधी को इस सदी का महानतम एशियाई (Asian of the Century) घोषित किया है. उन्हें यह सम्मान देते हुए पत्रिका में कहा गया है कि महात्मा गांधी एकमात्र ऐसे एशियाई हैं जिनकी मृत्यु के 50 वर्ष बाद भी उनकी उपलब्धियों को भुलाया नहीं जा सका है.

संसुई व्यूअर्स चॉइस फिल्म पुरस्कार–13 नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित दूसरे संसुई व्यूअर्स चॉइस पुरस्कारों में कुल 21 में से 14 पुरस्कार फिल्म 'कुछ कुछ होता है' ने प्राप्त किए. वर्ष 1998 की फिल्मों के इन पुरस्कारों में इसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अतिरिक्त सर्वश्रेष्ठ निर्देशन (करण जौहर), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (शाहरुख खान) व सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (काजोल) के पुरस्कार प्राप्त हुए. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का जूरी पुरस्कार भी इसे मिला.

सुर सम्राज्ञी लता मंगेशकर व सदाबहार नायक देवानन्द को फिल्मों में उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार इस समारोह में प्रदान किया गया.

सहस्त्राब्दी की महानतम महिला–एक अन्तर्राष्ट्रीय मत सर्वेक्षण के आधार पर बी. बी. सी. ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री



स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गांधी को सहस्त्राब्दी की महिला (Woman of the Millennium) के रूप में चुना है. इस मत सर्वेक्षण के लिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चुनी गई शीर्ष 10 महिलाओं में महारानी एलिजाबेथ-I, मदर टेरेसा, मैरी क्यूरी, मार्ग्रेट थैचर, जोन ऑफ आर्क व आंग सान सूकी आदि के नाम शामिल थे.

ओलम्पिक ऑर्डर–अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (IOC) के अध्यक्ष जुआन एंटोनियो समारांच ने प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी स्टेफी ग्राफ को गत 6 दिसम्बर को लुसाने में ओलम्पिक आन्दोलन के सर्वोच्च सम्मान 'ओलम्पिक ऑर्डर' से सम्मानित किया है.

सर्वश्रेष्ठ सांसद पुरस्कार–संसद के केन्द्रीय कक्ष में गत 17 दिसम्बर को आयोजित एक समारोह में उपराष्ट्रपति कृष्णकान्त ने प्रणब मुखर्जी व एस. जयपाल रेड्डी को क्रमश: वर्ष 1997 व 1998 के लिए सर्वश्रेष्ठ सांसद के पुरस्कार से सम्मानित किया.

भारत सुन्दरी युक्ता मुखी बनी विश्व सुन्दरी–1999

भारत सुन्दरी 'विश्व' युक्ता मुखी को गत 5 दिसम्बर को लंदन के ओलम्पिया थियेटर में सम्पन्न सौंदर्य प्रतियोगिता में 1999 की विश्व सुन्दरी (Miss World–1999) चुना गया. मुम्बई की 20 वर्षीया छात्रा युक्ता मुखी ने 16 जनवरी, 1999 को पुणे में भारत सुन्दरी 'विश्व' का खिताब जीता था. विश्व सुन्दरी प्रतियोगिता में 94 देशों की चुनी हुई सुन्दरियों ने भाग लिया. वेनेजुएला की मार्टिना थोरोगुड को इस प्रतियोगिता में प्रथम उपविजेता तथा दक्षिणी अफ्रीका की सोनिया रैसिटी को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया.

इस खिताब को जीतने के परिणामस्वरूप सुश्री मुखी को अन्य उपहारों के अतिरिक्त 1 लाख डॉलर की राशि पुरस्कार में प्रदान की गई. विश्व सुन्दरी चुनी जाने वाली वह चौथी भारतीय सुन्दरी है. सर्वप्रथम 60 के दशक में रीता फारिया के विश्व सुन्दरी चुने जाने के पश्चात् 1994 में ऐश्वर्य राय को व 1997 में डायना हेडन को विश्व सुन्दरी बनने का सम्मान प्राप्त हो चुका है.

वैज्ञानिक शोध का जी. डी. बिड़ला पुरस्कार (1999)–वैज्ञानिक शोध के लिए वर्ष 1999 के जी. डी. बिड़ला पुरस्कार के लिए भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कलकत्ता के डॉ. शंकर के. पॉल का चयन किया गया है.

बिजनेसमैन ऑफ द ईयर (1999)–भारत की प्रसिद्ध आर्थिक पत्रिका 'बिजनेस इंडिया' ने इन्फोसिस टेक्नोलॉजीस के अध्यक्ष एन. आर. नारायणमूर्ति को वर्ष 1999 के लिए 'बिजनेसमैन ऑफ द ईयर' घोषित किया है.

'जी' संगीत पुरस्कार–11 दिसम्बर को मुम्बई में आयोजित 'जी' संगीत पुरस्कार वितरण समारोह में वरिष्ठ संगीत निर्देशक अनिल विश्वास व जाने-माने शहनाई वादक बिस्मिल्ला खान को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया.

सुलभ साहित्य अकादमी पुरस्कार (1999)–हिन्दी साहित्य के क्षेत्र का 2 लाख रुपए का 1999 का सुलभ साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रसिद्ध साहित्यकार त्रिलोचन शास्त्री को गत 12 दिसम्बर को नई दिल्ली में एक समारोह में प्रदान किया गया.

पौलोस मार ग्रेगोरियस पुरस्कार–देश में श्वेत क्रान्ति के जनक डॉ. वर्गीस कूरियन को गत 13 दिसम्बर को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में वर्ष 1999 के पौलोस मार ग्रेगोरियस पुरस्कार से सम्मानित किया गया. एक लाख रुपए का यह पुरस्कार उन्हें राष्ट्रपति के. आर. नारायणन के हाथों प्रदान किया गया.

निधन

हरीश महिन्द्रा

फिक्की के पूर्व अध्यक्ष एवं कोटक महिन्द्रा फाइनेंस लि. के अध्यक्ष हरीश महिन्द्रा का गत 4 दिसम्बर को मुम्बई में निधन हो गया.

सी. डी. देशपांडे

भारत के जाने माने भूगोलविद् तथा भूगोलविदों के राष्ट्रीय संघ के संस्थापक अध्यक्ष सी. डी. देशपांडे का गत 14 नवम्बर को पुणे में निधन हो गया. वह 87 वर्ष के थे.

शिव प्रसाद डबराल

उत्तराखण्ड क्षेत्र के जाने-माने शिक्षाविद् एवं इतिहासकार डॉ. शिव प्रसाद डबराल 'चारण' का गत नवम्बर के उत्तरार्द्ध में निधन हो गया. वह 87 वर्ष के थे. उत्तराखण्ड के 12 खण्डों में प्रकाशित इतिहास के अतिरिक्त हिमाचल व नेपाल के इतिहास पर भी उन्होंने पुस्तकें लिखी हैं.

अर्मितोर फनफनी

इटली के पूर्व प्रधानमंत्री अर्मितोर फनफनी (Armintore Fanfani) का गत 20 नवम्बर को रोम में निधन हो गया. वह 91 वर्ष के थे.

बेगम सूफिया कमाल

बांग्लादेश की प्रतिष्ठित कवियत्री बेगम सूफिया कमाल का गत 20 नवम्बर को ढाका में निधन हो गया. वह 78 वर्ष की थीं. अनेक पुरस्कारों से सम्मानित बेगम कमाल की कविता पर कवीन्द्र रवीन्द्र तथा काजी नजरुल इस्लाम का प्रभाव था.

एम. एन. श्रीनिवास

सुप्रसिद्ध समाजशास्त्री एम. एन. श्रीनिवास का गत 30 नवम्बर को बंगलौर में निधन हो गया.

के. एस. नारायणस्वामी

पद्मभूषण से सम्मानित वीणा वादक के. एस. नारायणस्वामी का गत 9 दिसम्बर को 85 वर्ष की आयु में चेन्नई में निधन हो गया.

फ्रेंजो टुजमैन

क्रोशिया के राष्ट्रपति फ्रेंजो टुजमैन (Franjo Tudjman) का दिसम्बर 1999 के पूर्वार्द्ध में निधन हो गया. वह काफी समय से बीमार थे. संवैधानिक प्रावधानों के तहत संसद के स्पीकर ब्लाट्को पैवलेटिक (Vlatko Pavletic) ने उनका स्थान ले लिया है.

सचिदानंद सहाय

वरिष्ठ पत्रकार और अंग्रेजी दैनिक स्टेट्समैन के पूर्व सम्पादक सचिदानंद सहाय का गत 12 दिसम्बर को नई दिल्ली में निधन हो गया. वह 74 वर्ष के थे.

चर्चित व्यक्ति

ओलुसेगुन ओबासांजो

अफ्रीकी राष्ट्रों के साथ राजनयिक सम्बन्धों में प्रगाढता लाने की कूटनीति के तहत केन्द्र सरकार ने नई दिल्ली में होने वाले आगामी गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार नाइजीरिया के राष्ट्रपति ओलुसेगुन ओबासांजो को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है.

एस. सी. जमीर

नागालैण्ड के मुख्यमंत्री एस. सी. जमीर के काफिले पर गत 29 नवम्बर को दीमापुर से कोहिमा जाते समय पिपहेमा के निकट अज्ञात उग्रवादियों ने विस्फोटक पदार्थों व गोलियों से हमले किए. इस गोलाबारी में श्री जमीर बाल-बाल बच गए, किन्तु उनके काफिले के दो पुलिसकर्मी मारे गए.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथागत अवतार तुलसी

बिहार के तथागत अवतार तुलसी ने अब मात्र 11 वर्ष 10 माह की आयु में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने का विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है. 9 वर्ष 6 माह की उम्र में सी बी एस ई की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले तथागत अवतार तुलसी ने भौतिकी में पटना विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर परीक्षा में शामिल होने के लिए जनवरी 1999 में नामांकन कराया था. कुलाधिपति के विशेष आदेश पर तुलसी को केवल छः माह में ही परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की गई. उसने यह परीक्षा 70.63 प्रतिशत अंक प्राप्त करके उत्तीर्ण की है.

त्यागपत्र/पदच्युति

मोहम्मद याकूब

पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ के सैन्य प्रशासन द्वारा गठित राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् के एक सदस्य मोहम्मद याकूब ने इस सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है. देश के केन्द्रीय बैंक के 6 वर्षों से अधिक समय तक गवर्नर रहे मोहम्मद याकूब को आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् में शामिल किया गया था.

डगलस इन्वेस्टर

कोका कोला कम्पनी के अध्यक्ष डगलस इन्वेस्टर ने अप्रैल 2000 में पद त्यागने के इरादे की घोषणा गत 6 दिसम्बर को एटलांटा में की है. उनके पदत्याग के पश्चात् डगलस डाफ्ट इस कम्पनी के नए अध्यक्ष होंगे.

दिवस / सप्ताह / वर्ष

विश्व बाल दिवस–14 नवम्बर.

विश्व मधुमेह दिवस–14 नवम्बर

राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस–17 नवम्बर

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस–19 नवम्बर.

साम्प्रदायिक सद्भाव का झण्डा दिवस–25 नवम्बर

राष्ट्रीय विधि दिवस–26 नवम्बर

एन. सी. सी. दिवस–28 नवम्बर

(28 नवम्बर, 1999 को एन सी सी ने अपना 51वाँ स्थापना दिवस मनाया)

विश्व एड्स दिवस–1 दिसम्बर

विश्व विकलांग दिवस–3 दिसम्बर

नौसेना दिवस–4 दिसम्बर

रासायनिक दुर्घटना निवारण दिवस–4 दिसम्बर

डॉ. भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस–6 दिसम्बर

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस–7 दिसम्बर

अखिल भारतीय हस्तशिल्प सप्ताह–8–15 दिसम्बर

प्यासी भूमि को जल उपलब्ध कराने का वर्ष–2000

(हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा घोषित)

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस–10 दिसम्बर

विश्व अस्थमा दिवस–11 दिसम्बर

पुस्तकें

डेवलपमेन्ट एज फ्रीडम (Development As Freedom)–प्रो. अमृत्य सेन

इंडियाज न्यूक्लियर बॉम्ब (India's Nuclear Bomb)–जार्ज पर्कोविच

माओ : ए लाइफ (Mao : A Life)–फिलिप शॉर्ट

स्मैल (Smell)–राधिका झा

स्पीडपोस्ट (Speedpost)–शोभा डे

पेरिस : फिल्मिंग एण्ड फीएस्टिंग इन फ्रांस (Paris : Filming and Feasting in France)–इस्माइल मर्चेन्ट

उत्सव/समारोह/महोत्सव

कबीर मेला

संत कबीर की छठी जन्मशती के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा कबीर मेले का आयोजन गत 14–23 नवम्बर को भोपाल में किया गया.

तानसेन संगीत समारोह

तीन दिवसीय तानसेन संगीत समारोह गत 27–29 नवम्बर को ग्वालियर में कवि तानसेन की मजार पर सम्पन्न हुआ.

नीदरलैण्ड्स की फिल्मों का महोत्सव

नीदरलैण्ड्स की चुनींदा फिल्मों का तीन दिवसीय महोत्सव गत 22–24 नवम्बर को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ.

भारत का अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

भारत का 31वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 10–20 जनवरी, 2000 को नई दिल्ली में सम्पन्न होगा.

समिति

अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय मानकों पर स्थायी समिति

अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय मानकों एवं संहिताओं (International Financial Standards and Codes) पर निगरानी रखते हुए उनके अनुरूप भारत के लिए दिशा-निर्देशों का सुझाव देने को एक स्थायी समिति का गठन रिजर्व बैंक द्वारा दिसम्बर 1999 के पूर्वार्द्ध में किया गया है. रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर डॉ. वाई. पी. रेड्डी को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है.

सम्मेलन

एशियाई धर्मों पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

एशिया के धर्मों पर चौथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन गत 19–21 नवम्बर को लुम्बिनी (नेपाल) में सम्पन्न हुआ.

भारतीय विज्ञान कांग्रेस

87वीं वार्षिक भारतीय विज्ञान कांग्रेस 3–7 जनवरी 2000 को पुणे में सम्पन्न होगी. इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया जाएगा. इस अधिवेशन का मूल विषय (Theme) है–'अगली सहस्त्राब्दी में भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी'.

अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस

31वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस गत 1–3 दिसम्बर को जम्मू में सम्पन्न हुई.

ओजोन परत सुरक्षा पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

पृथ्वी की सुरक्षा परत कही जाने वाली ओजोन परत की सुरक्षा पर एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन दिसम्बर 1999 के प्रथम सप्ताह में बीजिंग में सम्पन्न हुआ.

एड एशिया

एशियाई विज्ञापन कांग्रेस–'एड एशिया' का आयोजन गत नवम्बर माह में थाइलैण्ड में पट्टाया में सम्पन्न हुआ. सन् 2001 में यह सम्मेलन ताइपै में तथा 2003 में भारत में जयपुर में सम्पन्न होगा.

अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन

16वाँ अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन 12 दिसम्बर से नई दिल्ली में आयोजित होगा.

खाड़ी सहयोग परिषद् का शिखर सम्मेलन

6 सदस्यीय खाड़ी सहयोग परिषद् (GCC) का तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन गत 27–29 नवम्बर को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सम्पन्न हुआ. इसमें खाड़ी क्षेत्र में एकीकृत प्रशुल्क व्यवस्था अपनाने की दिशा में विचार-विमर्श हुआ, किन्तु इसके लिए कोई सहमति न हो सकी.

भारतीय आर्थिक सम्मेलन

विश्व आर्थिक मंच एवं भारतीय उद्योग महासंघ के तत्वावधान में भारतीय आर्थिक सम्मेलन (India Economic Summit) दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ.

0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऑपरेशन/अभियान

19वाँ अंटार्कटिक अभियान दल

अरुण चतुर्वेदी के नेतृत्व में भारत का 19वाँ अंटार्कटिक अभियान दल दक्षिण अफ़्रीका के केपटाउन से गत 9 दिसम्बर को अंटार्कटिक स्थित भारतीय अनुसंधान केन्द्र मैत्री के लिए रवाना हो गया. यह पहला अवसर है जब अंटार्कटिक के लिए भारतीय अभियान दल को केपटाउन से रवाना किया गया है.

दुर्घटना

चीनी पोत डूबा

चीन के पूर्वी प्रान्त शानदोग के तटवर्ती शहर यानताई (Yantai) के निकट गत 24 नवम्बर को यात्री पोत दाशुन (Dashun) के डूब जाने से उस पर सवार यात्रियों में से कम-से-कम 300 की मृत्यु हो गई. पोत के दर्जनों अन्य यात्री लापता बताए गए हैं.

हिन्द महासागर में भूकम्प

गत 29 नवम्बर को हिन्द महासागर में भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए. रिक्टर पैमाने पर भूकम्प की तीव्रता 5.7 मापी गई.

विस्फोट से दिगबोई रिफायनरी क्षतिग्रस्त

भारतीय तेल निगम की दिगबोई रिफायनरी की एक इकाई में गत 29 नवम्बर को हुए विस्फोट के परिणामस्वरूप यह इकाई क्षतिग्रस्त हो गई. दुर्घटना का कारण अज्ञात है.

थाइलैण्ड में तेल रिफायनरी भीषण आग से क्षतिग्रस्त

थाइलैण्ड में एक तेल रिफायनरी में गत 3 दिसम्बर को हुए भीषण अग्निकांड में लाखों टन तेल जलने के साथ-साथ रिफायनरी को भीषण क्षति पहुँची है. राजधानी बैंकाक से 70 किमी दक्षिण पूर्व में यह रिफायनरी घनी आबादी वाले सि राचा (Si Racha) से केवल 7 किमी दूरी पर स्थित है. इस दुर्घटना में रिफायनरी के दो सुरक्षाकर्मियों के जलकर मरने का समाचार है.

पुर्तगाली विमान दुर्घटनाग्रस्त

पुर्तगाल का एक यात्री विमान गत 11 दिसम्बर को अटलांटिक अजोर्स द्वीप समूह के साओ जार्ज द्वीप पर एक पहाड़ी से टकरा कर नष्ट हो गया जिससे उस पर सवार 31 यात्रियों सहित सभी 35 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई. साटा एयरलाइंस के इस विमान ने आर्क पिलागो की राजधानी पोंटा डेलगाडा से उड़ान भरी थी तथा यह फाइयाल द्वीप पर उतरने को था.

अन्तरिक्ष

सौरमण्डल के बाहर 6 नए ग्रहों की खोज

अन्तरिक्ष वैज्ञानिकों ने सौरमण्डल के बाहर 6 नए ग्रहों की खोज करने में सफलता प्राप्त की है. इनमें से 5 ग्रह अपने तारे की इतनी दूरी वाली कक्षा में परिक्रमा कर रहे हैं कि उनमें तरल जल की सम्भावना हो सकती है. इन ग्रहों की खोज से सौरमण्डल के बाहर ज्ञात ग्रहों की संख्या अब 28 हो गई है.

चीन में उड़नतश्तरी देखे जाने का दावा

चीन के एक प्रमुख सरकारी दैनिक समाचार पत्र वेनहुई ने दावा किया है कि पूर्वी चीन के शंघाई महानगर में गत 3 दिसम्बर को सायं एक उड़नतश्तरी आकाश में लगभग 10 मिनट तक देखी गई. उड़नतश्तरी को लगभग 100 लोगों द्वारा देखे जाने का दावा समाचार-पत्र ने किया है.

कद बढ़ाने के लिए
इस शताब्दी की महान उपलब्धि
हर्बो-हाईट-थैरेपी

Herbo-Height-Therapist
Dr. O. P. BAGGA



☐ हाईट स्टॉप होने के बाद फरदर हाईट-ग्रोथ के सन्दर्भ में हर्बो-हाईट-थैरेपी (एच-एच-टी) की क्या भूमिका है और कहां तक सफल है ?

■ बावजूद इसके कि फरदर हाईट-ग्रोथ के लिए कोई विकल्प खोजा जाता, मॉडर्न साइंस ने यह कहकर एकतरफा फुलस्टॉप (.) लगा दिया : "हाईट-ग्रोथ एक नैचुरल फेनामेना है, इसकी कोई दवाई नहीं" इस टिप्पणी ने न केवल मॉडर्न साइंस कद छोटा कर दिया, बल्कि सारी दुनियों को निराश कर दिया। इतिहास साक्षी है, आवश्यकता के आधीन मनुष्य ने असम्भव को सम्भव किया है, उसमें सुधार किया है, परिवर्तन लाया है, नया विकल्प दिया है, परन्तु हार नहीं मानी।

■ इस निराशा को आशा में बदला है आयुर्वेद की कोख से जन्मीं **"हर्बो-हाईट-थैरेपी"** ने। आशा से परे एक नया विकल्प दिया, नये मानदण्ड दिये, नया मार्ग प्रशस्त किया और खोल दिये बन्द दरवाजे फरदर हाईट ग्रोथ के।

■ स्त्री हो या पुरुष —35 वर्ष तक, हाईट रूक जाने के बाद भी, विवाह होने के बाद भी, बच्चा होने के बाद भी, नार्मल गति से फास्ट भी, बिना हानि, बिना परहेज, बिना टेस्ट, बिना व्यायाम अपनी हर्बल-शक्ति-प्रकिया से बढ़ाती है हाईट युवाकाल तक।

■ काल-कसौटी पर टैस्टिड एच.एच.टी. की प्रैक्टिस अब चौथे दशक मे चल रही है। देश-विदेश के बहु-सहस्र उपभोक्ता इससे फलीभूत हो चुके हैं।

■ क्लेम इसका झूठा साबित नहीं हुआ सरकारी चैलेज में, जुडिशियल एक्जामीनेशन में, डैमो टैस्ट में व अन्य परीक्षणों में भी।

■ उपभोक्ता की सन्तुष्टि हमारा कर्त्तव्य है। हाईट नाप कर लेना, नाप कर देना हमारा रूटीन है। अपने-आप में यह सफलता का आधार है।

☐ हाईट-ग्रोथ-प्रक्रिया कब-कब, कैसे-कैसे, कितनी-कितनी होती है ? इस थैरेपी की तुलना नार्मल-ग्रोथ से करें।

■ लगभग 50 सेंमी. के साथ बच्चा जन्म लेता है और करीब डबल हो जाता है दो वर्ष में। ये 100 सेंमी. व्यक्ति की बेसिक ग्रोथ है। शेष सेंमी. व्यक्ति के नार्मल-ग्रोथ के हैं। इनको आयु से भाग दें तो नार्मल-ग्रोथ-रेशो लगभग 3-2-1 एम.एम. मासिक मिलेगी। हर्बो-हाईट-थैरेपी से मासिक-ग्रोथ-रेशो बॉडी के प्लस और माइनस स्टेट्स व अनवायरनमेंट के अनुसार 10-9-8-7-6-5-4-3 एम.एम. होती है जो नार्मल-ग्रोथ से फास्ट है।

■ एच-एच-टी पहले तीन मास के शॉर्ट कोर्स में लगभग 20 से 40 एम.एम. (2 से 4 सेंमी.), 50 से 100 एम.एम. (5 से 10 सेंमी.) एक वर्ष के फुल कोर्स से हाईट बढ़ाती है। 5 से 10 एम.एम. एक मास के ट्रायल डोज़ज से भी बढ़ती हैं।

☐ हर्बो-हाईट-थैरेपी का कन्सैप्ट क्या है ? कैसे 35 वर्ष तक हाईट बढ़ाती है ?

■ हर्बो-हाईट-थैरेपी एक सफल आयुर्वेदिक कन्सैप्ट है। आयुर्वेद में सुश्रत ने युवाकाल को 40 वर्ष तक माना है। स्वास्थ की दृष्टि से हमने इसे 35 वर्ष तक कहा है। जब तक शरीर में "प्लस एक्शन" होता रहता है, शरीर में परिवर्तन आ सकता है, लाया जा सकता है शारिरिक रचना एवं क्षमता के अनुसार।

■ यह प्रक्रिया पूर्ण होती है सर्वधातु-पुष्टि-प्रक्रिया से। हम जो कुछ भी खातें है, वह सब परिवर्तित होता है, क्रमशः रस, रक्त, मास, मेध, अस्थि, मज्जा और शुक्र से जो हमारे शरीर का आधार है। इसमें अस्थि और मज्जा हमारा बोन सिस्टम है और जब बोनी सिस्टम स्ट्रिमूलेट होता है तो हमारी हाईट बढ़ती है।

■ युवतियों और युवकों में प्रायः यह प्रक्रिया वयःसन्धि की अवस्था तक चलती रहती है भोजन-शक्ति-प्रक्रिया से। इसके बाद प्रायः हाईट बढ़नी रूक जाती है और आगे नहीं बढ़ती। परन्तु अब हर्बो-हाईट-थैरेपी की हर्बल-शक्ति-प्रक्रिया से युवाकाल (35 वर्ष) तक हाईट सफलतापूर्वक बढ़ जाती है शारीरिक रचना एवं क्षमतानुसार। यह प्रक्रिया टैस्टिड है काल कसौटी पर !

☐ हाईट बढ़ने की निश्चित आयु क्या है ? हाईट कितनी होनी चाहिए ? लम्बी हाईट और आकर्षक व्यक्तित्व के लिए क्या करना चाहिए ?

■ सामान्य नियमों के आधीन हाईट-मेच्योरिटि की आयु (Puberty) जिसमें लड़की की आयु 12 और लड़के की आयु 14 होती है। देश-काल-वातावरण के आधीन इसमें परिवर्तन भी देखा जाता है। अतः अवस्था से पहले हाईट का रूकना या उसके बाद बढ़ना अपवाद मानना चाहिए, नियम नहीं।

■ हाईट-ग्रोथ एक बायोलॉजिकल प्रोसिस है, मैकेनिकल सिस्टम नहीं। ऐज में भी भिन्नता, ग्रोथ में भी भिन्नता। छोटे भाई-बहन बड़े हो जाते हैं, बड़े छोटे रह जाते हैं। पैरेन्ट्स लम्बे : बच्चे छोटे ! बच्चें लम्बे : पैरेन्ट्स छोटे। भारत में हाईट लैवल महिलाओं का 150-155 सेमी. और पुरुषों का 165-170 सेमी. है।

■ अतः लम्बी हाईट और आकर्षक व्यक्तित्व के लिए प्युबर्टी से पहले 9 वर्ष तक अगर एक कोर्स एच-एच-टी का प्रयोग कर लिया जाये तो स्लो-स्लगश-स्टॉप ग्रोथ मोशन में आ जाती है, लम्बी हाईट के लिए ग्राउण्ड बन जाती है तथा मैच्योरिटि तक हाईट बैस्ट पर्सनैलिटी के रूप में उभरती है।

■ हाईट-ग्रोथ रूक जाने के बाद अगर एच-एच-टी को जॉयन करतें है तो हाईट क्लेम के अनुसार हाईट मिलती है, जो नार्मल-ग्रोथ से फास्ट होती है।

☐ एच-एच-टी के प्लस और माइनस क्या हैं ?

■ एच-एच-टी की भी अपनी एक सीमा (माइनस) है, यह मनचाही लम्बी हाईट का वादा नहीं करती। शरीर की रचना एवं क्षमता इसका आधार है, जो हर प्राणी का भिन्न-भिन्न होता है, फिर भी नार्मल-प्लस है।

■ प्लस तो इसके ढेरों है, उनमें से कुछ हैं : शरीर के फन्क्शनल सिस्टम को ठीक कर कमी-कमजोरी को दूर करती है और हाईट बढ़ाने में सहायक होती है। इसके साथ कील-मुहाँसे ठीक होते है, रंग साफ़ होता है। स्किन साफ्ट होती है, फीचर शार्प होते हैं। मानसिक शक्ति बढ़ती है। महिलाओं के डिस्आर्डर ठीक होते है, अदिकसित वक्ष नार्मल होते है, मोटे-पतले शरीर सामान्य होते है। फिगर शेप-अँप होता है।

☐ इस हाईट-कोर्स का प्रोसीजर क्या है, कोई टैस्ट-रिपोर्ट तो नहीं चाहिये, खर्च क्या आता है ? आवश्यक विवरण दीजिये।

■ यह कोर्स एक आयुर्वेदिक इलाज है, इसमें किसी टैस्ट-रिपोर्ट की जरूरत नहीं होती। विवरण के आधार पर उपभोक्ता को देखते हैं, परस्पर सन्तुष्टि के लिए हाईट-कन्फर्म करते हैं, फाईल बनाते हैं और आवश्यक डोज़िज, कैप्सूल एवं ड्रॉप्स, डायरेक्शन्स, प्रॉस्पैक्टस, रजिस्ट्रेशन नम्बर के साथ देते हैं। डोज़ज घर में सेवन की जाती हैं। कड़वी-कसैली नहीं होती। बार-बार आने की जरूरत नहीं होती। हर 3 मास के कोर्स पर चैक-अँप ले सकते हैं। शकित उपभोक्ता एक मास की ट्रायल डोज़िज का परिणाम देखकर आगे चल सकते है। इसके लिए बेसिक हाईट रीडिंग ठीक हो या परस्पर कन्फर्म हो, एकतरफा रिमार्क नहीं।'

■ तीन मास के शार्ट कोर्स के नार्मल चार्ज़ेज़ 6,000/- रू. एक मास की ट्रायल डोज़ के लिए 2,000/- रू.। डाक से मंगवाये तो 100/- रूपये पोस्ट/रजिन. आदि जोड़कर (भारत में) मनीआर्डर या डी.डी. द्वारा **डॉ. ओ. पी. बग्गा, बाजार लाल कुआं, (सामने कूचा पंडित) दिल्ली-110006** के पते पर भेजें। आवश्यक डोज़ेज़ डायरेक्शन के साथ, रजिस्टर्ड पोस्ट भेज दी जाती हैं। वी.पी.पी. नहीं की जाती। अन्य जानकारी के लिए **फोन : 3262426 प्रातः 11 से सायं 6 बजे तक सम्पर्क करें** या टिकट लगा पता लिखा लिफ़ाफ़ा के साथ लिखें। (रविवार अवकाश)

INTERVIEW

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तरिक्ष यात्रा कार्यक्रम में चीन की बड़ी उपलब्धि



चीन ने अन्तरिक्ष यात्रा कार्यक्रम मे एक बड़ी उपलब्धि गत नवम्बर माह में प्राप्त की है. उसकी स्वदेश निर्मित अन्तरिक्ष शटल शेन्झू (Shenzhou) का पहला सफल परीक्षण गत 20-21 नवम्बर को किया गया. मानव-रहित इस शटल को चीन के जिउकुआन (Jiuquan) उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से 'लॉंग मार्च' राकेट के उन्नत मॉडल द्वारा गत 20 नवम्बर को अन्तरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया. अपनी सफल अन्तरिक्ष यात्रा के पश्चात् यह शटल 21 नवम्बर को वापस पृथ्वी पर आ गई.

'शेन्झू' के कुछेक अन्य मानवरहित परीक्षणों के उपरान्त अन्तरिक्ष यात्रियों को अन्तरिक्ष में भेजने की चीन की योजना है. अन्तरिक्ष में मानव को भेजने की क्षमता फिलहाल अमरीका व रूस को ही प्राप्त है.

मार्स पोलर लैंडर मिशन असफल

मंगल ग्रह पर जलवायु का अध्ययन करने के लिए 'नासा' (NASA) द्वारा जनवरी 1999 में प्रक्षेपित मार्स पोलर लैंडर (Mars Polar Lander) मिशन की सफलता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया है. 11 महीने की यात्रा के पश्चात् इस यान को गत 3 दिसम्बर को मंगल के धरातल पर उतरना था, जहाँ इसके द्वारा विभिन्न अनुसंधान सम्पन्न किए जाने थे. 3 दिसम्बर को ही, जब यह मंगल के तल की ओर अग्रसर था, इससे पृथ्वी का सम्पर्क टूट गया. इस यान की स्थिति के बारे में पता लगाने के प्रयास वैज्ञानिकों द्वारा किए गए लेकिन कोई सफलता नहीं मिली.

उपग्रह प्रक्षेपण का ब्राजील का दूसरा प्रयास भी विफल

अन्तरिक्ष में मौसम सम्बन्धी उपग्रह स्थापित करने का ब्राजील का एक और प्रयास गत 11 दिसम्बर को उस समय विफ़ल हो गया जब इसे ले जा रहे रॉकेट के दूसरे चरण में खराबी आ जाने के कारण राकेट व उपग्रह दोनों के ही नियंत्रण कक्षों को नष्ट करना पड़ा. ब्राजील का ऐसा एक प्रयास दिसम्बर 1997 में भी विफल हो चुका है.

विज्ञान

सीखने व स्मरण करने की प्रक्रिया के चित्र

स्विट्जरलैण्ड में जेनेवा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के एक दल ने सीखने व स्मरण करने की प्रक्रिया में मस्तिष्क में होने वाले परिवर्तनों के चित्र खींचने में सफलता प्राप्त करने की उपलब्धि प्राप्त की है. प्रो. डोमिनी मुलर के नेतृत्व में वैज्ञानिकों के इस दल की उपलब्धि को विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है.

विविध

दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे विश्व विरासत सूची में शामिल

यूनेस्को की विश्व विरासत समिति ने गत 29 नवम्बर को मराकश (मोरक्को) में सम्पन्न बैठक में विश्व की जिन 48 विरासतों को विश्व विरासत सूची में शामिल किया है. उनमें भारत की दार्जीलिंग हिमायलयन रेलवे भी शामिल है. न्यूजलपाईगुड़ी से दार्जीलिंग के बीच सुरम्य प्राकृतिक घटा वाले पर्वतीय मार्ग पर प्रभावी रेल सम्पर्क प्रदान करने वाली इस रेलगाड़ी ने 1881 में अपनी यात्रा प्रारम्भ की थी तथा इसका मूलस्वरूप अब भी बरकरार है.

विरासत सूची में शामिल किए गए अन्य विरासतों में केपटाउन के निकट स्थित रॉबेन द्वीप (Robben Island) भी शामिल है, जहाँ नेल्सन मंडेला ने 18 वर्ष कारागार में व्यतीत किए थे. इससे विश्व विरासत सूची में शामिल विरासतों की संख्या 630 हो गई है.

भारत में विदेशी नागरिकों की संख्या

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री विद्या सागर राव द्वारा गत 29 नवम्बर को संसद में प्रस्तुत एक जानकारी के अनुसार 1998 के अन्त में भारत में रह रहे विदेशी नागरिकों की कुल संख्या 142382 थी. इसमें भारत में रह रहे शरणार्थियों व पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या शामिल नहीं है.

गाँवों में दूरसंचार की सुविधा

केन्द्रीय संचार मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार देश के 344508 गाँवों में दूरसंचार की सुविधा वर्तमान में उपलब्ध है. चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक 45136 अन्य गाँवों में यह सुविधा उपलब्ध कराने का सरकार का लक्ष्य है.

भारत में दृष्टिहीनों की संख्या

सरकारी आँकड़ों में देश में दृष्टिहीनों की कुल संख्या 1.2 करोड़ आकलित की गई है. दृष्टिहीनता का मुख्य कारण मोतियाबिंद बताया गया है.

सर्वोच्च न्यायालय की स्वर्ण जयंती पर विशेष डाक टिकट

देश के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट गत 26 नवम्बर को डाक विभाग द्वारा जारी किया गया.

फ्रांस-इंडिया '2000

फ्रांसीसी प्रौद्योगिकी की एक विशाल प्रदर्शनी फ्रांस-इंडिया '2000 का आयोजन गत 6–10 दिसम्बर को नई दिल्ली में प्रगति मैदान में हुआ.

अन्तर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू

भारत में पहली बार एक 'अन्तर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू' का आयोजन 15–18 फरवरी, 2001 को मुम्बई में किया जाएगा. इसमें लगभग 20 राष्ट्रों के 70 युद्धपोतों के प्रदर्शन की सम्भावना है.

कमला दास ने इस्लाम धर्म अपनाया

अंग्रेजी साहित्य में कमला दास के नाम से जानी जाने वाली दक्षिण भारत की प्रसिद्ध द्विभाषी लेखिका माधवी कुट्टी ने इस्लाम धर्म अपना लिया है. इस्लाम के तहत उनका नया नामकरण सुरैया किया गया है. अंग्रेजी में वह अब कमला दास की बजाय सुरैया नाम से लेखन करेंगी, जबकि मलयालम लेखन में वह अपना पूर्व नाम माधवी कुट्टी ही इस्तेमाल करेंगी.

●●●

सूचना

प्रतियोगिता दर्पण के निम्नलिखित जिल्द बंधे अंक सीमित संख्या में उपलब्ध हैं. आप 50/- का मनीऑर्डर भेजकर वी.पी.पी. द्वारा कोई भी अंक मँगा सकते हैं. अंकों के मूल्य निम्नलिखित प्रकार हैं–

	मूल्य
☞ जनवरी 95 से जून 95 तक	65·00
☞ जुलाई 95 से दिसम्बर 95 तक	75·00
☞ जनवरी 96 से जून 96 तक	80·00
☞ जुलाई 96 से दिसम्बर 96 तक	85·00
☞ जनवरी 97 से जून 97 तक	80·00
☞ जुलाई 97 से दिसम्बर 97 तक	90·00
☞ जनवरी 98 से जून 98 तक	120·00
☞ जुलाई 98 से दिसम्बर 98 तक	135·00
☞ जनवरी 99 से जून 99 तक	145·00

प्रतियोगिता दर्पण
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्थिक परिदृश्य

गेहूँ पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क के साथ-साथ खुली बिक्री के निर्गम मूल्य में कमी

देश में गेहूँ के आयात पर अंकुश लगाकर भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में भरे गेहूँ के खुली बिक्री योजना के तहत उठान को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने सामान्य व दुरुम श्रेणी के गेहूँ के आयात पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क गत 1 दिसम्बर से लगा दिया है. इसके साथ ही खाद्य निगम की खुली बिक्री की योजना के तहत गेहूँ के निर्गम मूल्य में 2 रुपए से 49 रुपए प्रति क्विंटल की कटौती भी सरकार ने की है.



केंद्र सरकार ने गेंहूं के आयात पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने की घोषणा की है. इस समय देश में गेहूं का पर्याप्त भंडार है और आयात सस्ता होने की वजह से केंद्रीय पूल से गेहूं निकासी की मात्रा में कमी आयी है. भारतीय खाद्य निगम के भंडार भरे पड़े हैं. आयात में कमी होने से इनका गेहूं बाजार में ठीक प्रकार से पहुंच सकेगा.

उल्लेखनीय है कि गत वित्तीय वर्ष 1998-99 में गेहूँ की अच्छी फसल के परिणामस्वरूप चालू विपणन वर्ष 1999-2000 में सरकारी एजेंसियों द्वारा 14·1 मि. टन की सरकारी खरीद किए जाने के कारण केन्द्रीय पूल में गेहूँ का बफर स्टॉक 1 अक्टूबर, 1999 को 20.5 मि. टन के बढ़े स्तर पर पहुँच गया था. इसके बावजूद आटा मिलों द्वारा विदेशों से कम लागत पर गेहूँ का आयात किए जाने से भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से गेहूँ का उठान कम हो रहा था. आयात पर अंकुश लगाकर केन्द्रीय पूल से गेहूँ के उठान को बढ़ावा देने के लिए ही सरकार ने गेहूँ पर 50 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाने के साथ-साथ निगम के खुली बिक्री के गेहूँ के निर्गम मूल्य में उपर्युक्त कमी की है.

आलू की रिकॉर्ड उपज की सम्भावना

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) के महानिदेशक आर. एस. परोदा के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 में देश में आलू की उपज 25 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर तक होने की सम्भावना है. श्री परोदा के अनुसार 1997-98 में 19 मि. टन के उत्पादन के पश्चात् गत वित्तीय वर्ष 1998-99 में देश में 22 मि. टन आलू का उत्पादन हुआ था. उन्होंने बताया कि सन् 2020 तक देश में आलू का उत्पादन 45 मि. टन तक करने का सरकार का लक्ष्य है. इसके लिए आलू की प्रति हेक्टेयर औसत उपज को 19.2 मि. टन प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 24.5 मि टन प्रति हेक्टेयर किया जाएगा.

श्री परोदा ने यह जानकारी गत 6–11 दिसम्बर के नई दिल्ली में होने वाले 'आलू पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' से पूर्व एक संवाददाता सम्मेलन में दी है.

गत अक्टूबर माह में निर्यातों में 21.65 प्रतिशत की वृद्धि

चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 के प्रारम्भिक महीनों में धीमी वृद्धि के पश्चात् भारत के निर्यातों में तेजी का दौर अब प्रारम्भ हो गया है. अक्टूबर 1999 में निर्यात वृद्धि दर 21.65 प्रतिशत रहने से वित्तीय वर्ष के पहले सात महीनों (अप्रैल-अक्टूबर) में भारत की निर्यात वृद्धि दर 10.02 प्रतिशत हो गई है. जुलाई 1999 में 2.11 प्रतिशत की वृद्धि के पश्चात अगस्त व सितम्बर माह में निर्यातों में क्रमशः 10.16 प्रतिशत व 12.01 प्रतिशत की निर्यात वृद्धि दर प्राप्त की गई थी.

इसके विपरीत अप्रैल-अक्टूबर 1999 के दौरान अयातों में 7.53 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त की गई है. इस अवधि में पेट्रोलियम आयातों में 52.09 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. जबकि गैर-तेल आयातों के मूल्य में 0.25 प्रतिशत की ही मामूली वृद्धि हुई है.

वाणिज्य मंत्रालय के ताजा अनंतिम आँकड़ों के अनुसार अप्रैल-अक्टूबर 1999 के दौरान भारत के कुल निर्यात 20.75 अरब डॉलर के तथा आयात 26.55 अरब डॉलर के रहे हैं. जिससे इस अवधि में व्यापार घाटा 5.8 अरब डॉलर का रहा है. गत वर्ष की समान अवधि में भी व्यापार घाटा 5.82 अरब डॉलर का था.

अनिवेश आयोग का कार्यकाल समाप्त

जी. वी. रामकृष्ण की अध्यक्षता वाले अनिवेश आयोग (Disinvestment Commission) का बढ़ा हुआ कार्यकाल गत 30 नवम्बर को समाप्त हो जाने से इस आयोग का अस्तित्व अब समाप्त हो गया है. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में केन्द्र सरकार की पूँजी के अनिवेश के मामले में सरकार को सलाह देने के लिए इस आयोग का गठन अगस्त 1996 में तीन वर्ष के लिए किया गया था. बाद में अगस्त 1999 में इसके कार्यकाल में तीन माह की वृद्धि केन्द्र सरकार द्वारा की गई.

अपने 39 माह के कार्यकाल में 12 रिपोर्टों के माध्यम से अनिवेश आयोग ने इसे सन्दर्भित 58 उपक्रमों में अनिवेश के लिए अपनी सिफारिशें सरकार को प्रस्तुत की हैं. आयोग का दर्जा सलाहकारी होने के कारण सरकार इसकी सिफारिशों को मानने के लिए बाध्य नहीं है. आयोग की कुछेक सिफारिशों पर केन्द्र सरकार ने अमल किया है.

अनिवेश से केन्द्र सरकार की राजस्व प्राप्तियाँ

केन्द्र सरकार द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों में अनिवेश (Disinvestment) की नीति 1991-92 से अपनाई गई थी. तब से लेकर अब तक विभिन्न वर्षों में कुल मिलाकर 44,300 करोड़ रुपए अनिवेश से जुटाने का संचयी लक्ष्य केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है, किन्तु इन वर्षों में सरकार का अनिवेश से वास्तविक राजस्व प्राप्तियाँ नवम्बर 1999 तक 18288 करोड़ रुपए की ही रही हैं जो लक्ष्य का 41.28 प्रतिशत हैं. यह अनिवेश 39 विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों में किए गए हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री बाला साहेब विखे पाटिल ने उपर्युक्त जानकारी गत 7 दिसम्बर को राज्य सभा में देते हुए बताया कि विगत वर्षों में केवल तीन वर्षों—1991-92, 1994-95 व 1998-99 में ही सरकार की अनिवेश प्राप्तियाँ लक्ष्य से अधिक रही हैं. गत वित्तीय वर्ष 1998-99 में सरकार का 5000 करोड़ रुपए अनिवेश से जुटाने का लक्ष्य था, जबकि वास्तविक प्राप्तियाँ 5371 करोड़ रुपए की रहीं. चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 में इस मद से 10 हजार करोड़ रुपए जुटाने का सरकार का लक्ष्य है, किन्तु नवम्बर 1999 के अन्त तक केवल 1479 करोड़ रुपए ही इससे प्राप्त हुए हैं.

टाइम्स बैंक का एच डी एफ सी बैंक में विलय का प्रस्ताव

निजी क्षेत्र के टाइम्स बैंक लि. का विलय शीघ्र ही निजी क्षेत्र के ही एक अन्य बैंक एच डी एफ सी बैंक में होने का प्रस्ताव है. इस आशय के प्रस्ताव का दोनों बैंकों के प्रबन्धक मण्डलों ने गत नवम्बर के अन्तिम सप्ताह में अनुमोदन कर दिया है. दोनों बैंकों के शेयर होल्डरों व रिजर्व बैंक की स्वीकृति के पश्चात् टाइम्स बैंक का विलय एच डी एफ सी बैंक में कर दिया जाएगा. इस विलय के लिए टाइम्स बैंक के शेयर धारकों को प्रति 5.75 शेयरों के बदले में एच डी एफ सी बैंक का 1 शेयर प्रदान किया जाएगा.

उल्लेखनीय है कि बेनेट कोलमैन समूह द्वारा प्रवर्तित टाइम्स बैंक के अध्यक्ष एस. एम. दत्ता तथा हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनेंस कॉर्पोरेशन (HDFC) द्वारा प्रवर्तित एच डी एफ सी बैंक के अध्यक्ष दीपक पारिख हैं. इन दोनों ही बैंकों की स्थापना उदारीकरण के दौर में सरकार की नई बैंकिंग नीति के तहत हुई थी.

वैट प्रणाली को 1 अप्रैल, 2001 से लागू करने का निर्णय

केन्द्र शासित क्षेत्रों व राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं वित्त मंत्रियों के गत 16 नवम्बर को नई दिल्ली में सम्पन्न सम्मेलन में मूल्य सम्वर्द्धित कर (Value Added Tax—VAT) की प्रणाली को 1 अप्रैल, 2001 से पूरे देश में एक साथ लागू करने का निर्णय किया गया है. यह व्यवस्था सभी उत्पादों के लिए एक साथ एक ही चरण में लागू की जाएगी.

केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में बिक्री कर प्रणाली के विवेकीकरण के सम्बन्ध में अनेक फैसले किए गए. इनके तहत पूरे देश में 1 जनवरी, 2000 से बिक्री कर की चार समान दरें (Floor Rates) लागू की जाएंगी. यह दरें शून्य प्रतिशत, 4 प्रतिशत, 8 प्रतिशत व 12 प्रतिशत होंगी. इनके अतिरिक्त 1 प्रतिशत व 20 प्रतिशत की दो विशेष फ्लोर दरें चुनींदा उत्पादों के लिए होंगी. 1 प्रतिशत की फ्लोर दर स्वर्ण उत्पादों व बहुमूल्य धातुओं व रत्नों के लिए तथा 20 प्रतिशत की दर पेट्रोलियम उत्पादों व शराब आदि के लिए होगी. पिछड़े क्षेत्रों के नाम पर बिक्री कर में छूट की योजनाओं को भी 1 जनवरी, 2000 से समाप्त करने तथा केन्द्रीय बिक्री कर (CST) के विवेकीकरण का निर्णय किया गया है. इनसे बिक्री कर के मामले में राज्यों की आपसी प्रतिस्पर्द्धा समाप्त होगी. वित्त राज्यमंत्री वी. धनंजय कुमार के अनुसार इन सुधारों के परिणाम-स्वरूप राज्यों को यदि राजस्व की कोई हानि होगी तो उसकी भरपायी केन्द्र सरकार द्वारा की जाएगी.

राज्यों के मुख्यमंत्रियों व वित्त मंत्रियों के इस सम्मेलन में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन पर निगरानी के लिए राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक स्थायी समिति (Standing Committee) का गठन केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा बाद में 27 नवम्बर को किया गया है. प. बंगाल के वित्त मंत्री को इस समिति का संयोजक बनाया गया है. गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब व उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री इस समिति के सदस्य हैं.

सम्मेलन में लिए गए इन सभी फैसलों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्रियों की बैठक जनवरी 2000 में पुनः बुलाई जाएगी.

राष्ट्रीय जल विद्युत निगम के अधिग्रहण की ताप विद्युत निगम की योजना

निगम जगत के देश के अब तक के सबसे बड़े अधिग्रहण के तहत राष्ट्रीय जल विद्युत निगम (NHPC) का अधिग्रहण शीघ्र ही सार्वजनिक क्षेत्र के ही राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) द्वारा किया जाएगा. सरकार ने अपने राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए 4500 करोड़ रुपए प्राप्त करने को अधिग्रहण की यह अनूठी योजना बनाई है.

केन्द्रीय विद्युत मंत्री आर. कुमारमंगलम के अनुसार इस योजना के तहत राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा शीघ्र ही एक अनुषंगी (Subsidiary) कम्पनी की स्थापना करके अपने कुछ विद्युत संयंत्र इस नई कम्पनी को हस्तांतरित किए जाएंगे. नई स्थापित की जाने वाली NTPC की अनुषंगी कम्पनी की 51 प्रतिशत ईक्विटी किसी भागीदार को 4500 करोड़ रुपए में बेच दी जाएगी. राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा इस 4500 करोड़ रुपए की राशि से राष्ट्रीय जल विद्युत निगम (NHPC) में केन्द्र सरकार की समस्त ईक्विटी खरीद कर उसका अधिग्रहण कर लिया जाएगा. जल विद्युत निगम की ताप विद्युत निगम को बिक्री के बावजूद जल विद्युत निगम पर केन्द्र सरकार का स्वामित्व व नियंत्रण अप्रत्यक्ष रूप से बना रहेगा, क्योंकि ताप विद्युत निगम भी केन्द्र सरकार के ही पूर्ण स्वामित्व वाला उपक्रम है.

उल्लेखनीय है कि नवरत्न का दर्जा प्राप्त राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम देश की सबसे बड़ी व विश्व की छठी सबसे बड़ी विद्युत कम्पनी है. 19500 मेगावाट से अधिक स्थापित क्षमता के साथ देश में विद्युत की कुल स्थापित क्षमता में इसका 19 प्रतिशत व कुल विद्युत उत्पादन में इसका 24 प्रतिशत का योगदान है. इसके विपरीत राष्ट्रीय जल विद्युत निगम भी देश की 10 बड़ी सार्वजनिक कम्पनियों में से एक है तथा उसकी मौजूदा स्थापित क्षमता 2115 मेगावाट है.

बीमा विधेयक पारित होने से बीमा क्षेत्र के निजीकरण का मार्ग प्रशस्त

संसद के दोनों सदनों द्वारा बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण विधेयक (Insurance Regulatory and Development Authority—IRDA Bill) पारित कर दिए जाने के पश्चात् देश में बीमा के इतिहास में एक नया अध्याय प्रारम्भ हो गया है. सन्दर्भित विधेयक को लोक सभा ने ध्वनिमत से गत 2 दिसम्बर को तथा राज्य सभा ने 51 के मुकाबले 116 मतों से गत 7 दिसम्बर को पारित कर दिया है. राष्ट्रपति के अनुमोदन के पश्चात् यह विधेयक कानून का रूप ले लेगा तथा उसके पश्चात् बीमा क्षेत्र से जीवन बीमा निगम (LIC) व साधारण बीमा निगम (GIC) का वर्चस्व समाप्त हो जाएगा. निजी क्षेत्र की कम्पनियाँ भी अब बीमा क्षेत्र में प्रवेश के लिए अनुमति हेतु बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण से पंजीकरण करा सकेंगी. ऐसी निजी कम्पनियों में विदेशी ईक्विटी की अधिकतम सीमा 26 प्रतिशत तक हो सकेगी.

बीमा क्षेत्र में निजी कम्पनियों को प्रवेश की अनुमति प्रदान करने का उद्योग व्यापार जगत ने व्यापक समर्थन किया है जबकि दोनों बीमा निगमों के कर्मचारियों ने इसका कड़ा विरोध करते हुए इसके विरुद्ध आन्दोलन छेड़ रखा है. बीमा क्षेत्र में प्रवेश के लिए निजी क्षेत्र की कुछेक कम्पनियों ने पहले से ही तैयारी कर ली है तथा इसके लिए कुछेक विदेशी बीमा कम्पनियों के साथ समझौते उन्होंने सम्पन्न कर लिए हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विश्व व्यापार संगठन के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की निष्कर्षरहित समाप्ति

विश्व व्यापार संगठन का बहुप्रतीक्षित तीसरा मंत्रिस्तरीय सम्मेलन गत 30 नवम्बर से 3 दिसम्बर, 1999 को अमरीका में सिएटल में सम्पन्न हो गया किन्तु विवादित मुद्दों पर विकसित व विकासशील देशों में आम सहमति न हो पाने के कारण इसे 'स्थगित' करने की घोषणा समापन सत्र में की गई तथा समापन समारोह में कोई घोषणा पत्र जारी नहीं किया गया.



अमरीकी व्यापार प्रतिनिधि चार्लीन बार्शेफ्स्की (Charlene Barshefsky) की अध्यक्षता में सम्पन्न यह सम्मेलन शुरू से अंत तक विवादित रहा. 30 नवम्बर,1999 को सम्मेलन के उद्घाटन स्थल के बाहर हजारों प्रदर्शनकारियों के प्रदर्शनों के कारण सम्मेलन का उद्घाटन समारोह ही रद्द करना पड़ा. प्रदर्शनकारी मानवाधिकार एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर विश्व व्यापार संगठन की विफलता के कारण इस संगठन का विरोध कर रहे थे. प्रदर्शनकारियों के विरोध के कारण पूरे सिएटल शहर में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसके चलते शहर में आपात स्थिति की घोषणा कर दी गई. ऐसे में सम्मेलन की कार्यवाही बाद में पाँच घण्टे विलम्ब से शुरू हो सकी. सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योगमंत्री मुरासोली मारन ने किया था.

सम्मेलन की कार्यसूची में श्रम मानकों जैसे गैर-व्यापारिक मुद्दों के समावेश का भारत सहित विकासशील देशों ने डटकर विरोध किया. इसके अतिरिक्त कृषि, सेवाओं के व्यापार एवं बाजार पहुँच आदि ऐसे मामले थे जिन पर विकसित व विकासशील राष्ट्र एकमत न हो सके. कृषि के मामले में अमरीका विकासशील देशों से अधिक रियायतें प्राप्त करने में प्रयासरत् था. विवादित मुद्दों पर आम सहमति न बन पाने के कारण सम्मेलन बिना किसी निष्कर्ष के ही समाप्त हो गया. 3 दिसम्बर, 1999 को सम्मेलन के समापन सत्र में इसकी अध्यक्षता कर रही चार्लीन, ब्राशेफ्स्की ने घोषणा की कि सम्मेलन के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक माइक मूर सदस्य देशों के साथ विचार-विमर्श करके आगे की कार्यवाही शुरू करने का प्रयास करेंगे. आम सहमति के अभाव में सम्मेलन की समाप्ति पर कोई घोषणा पत्र जारी नहीं किया गया.

स्टेट बैंक की 3000–4000 करोड़ रुपए के निर्गम की योजना

जुलाई-अगस्त 2000 तक भारतीय स्टेट बैंक की 3000–4000 करोड़ रुपए का निर्गम लाने की योजना है. यह जानकारी बैंक के अध्यक्ष जी.जी. वैद्य ने गत 19 नवम्बर को बैंक की स्वर्ण जमा योजना का औपचारिक शुभारम्भ करते हुए नई दिल्ली में दी है. बैंक का यह प्रस्तावित निर्गम 'साधिकार निर्गम' (Right Issue) अथवा 'सार्वजनिक निर्गम' (Public Issue) होगा. इस बारे में अन्तिम फैसला अभी नहीं किया गया है.

साधिकार निर्गम लाने की स्थिति में रिजर्व बैंक को बड़ी राशि का योगदान करना होगा, क्योंकि बैंक की कुल ईक्विटी में रिजर्व बैंक की हिस्सेदारी वर्तमान में 59.76 प्रतिशत है. रिजर्व बैंक यदि इसके लिए असमर्थता व्यक्त करेगा तो फिर बैंक द्वारा आम जनता को नए शेयरों की बिक्री की जाएगी. इस स्थिति में स्टेट बैंक की ईक्विटी में रिजर्व बैंक की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से भी कम रह जाएगी, किन्तु इसके लिए स्टेट बैंक अधिनियम में संशोधन करना होगा. अधिनियम के मौजूदा प्रावधानों के तहत स्टेट बैंक की कुल ईक्विटी में रिजर्व बैंक की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत से कम नहीं हो सकती.

गन्ने के सांविधिक न्यूनतम मूल्य में वृद्धि

चालू चीनी वर्ष 1999-2000 (अक्टूबर -सितम्बर) के लिए गन्ने के नए सांविधिक न्यूनतम मूल्य की घोषणा केन्द्र सरकार द्वारा गत 17 नवम्बर को की गई है. कृषिगत लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) की संस्तुति के आधार पर यह 56.10 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जो पूर्व चीनी वर्ष के 52.70 रुपए प्रति क्विंटल की तुलना में 6.45 प्रतिशत अधिक है.

गन्ने का नया न्यूनतम मूल्य चीनी की 8.5 प्रतिशत रिकवरी के आधार पर निर्धारित किया गया है. अधिक चीनी रिकवरी की स्थिति में प्रति 0.1 प्रतिशत अतिरिक्त रिकवरी पर 0.66 रुपए प्रति क्विंटल के प्रीमियम का प्रावधान किया गया है. पूर्व चीनी वर्ष में प्रीमियम का यह प्रावधान 0.62 रुपए प्रति क्विंटल था.

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला सम्पन्न

19वाँ भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (IITF'99) गत 14–27 नवम्बर को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में सम्पन्न हो गया. भारत व्यापार सम्वर्द्धन बोर्ड (ITPO) द्वारा आयोजित एशिया के इस सबसे बड़े व्यापार मेले का उद्घाटन केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योगमंत्री मुरासोली मारन ने किया था. मेले में लघु एवं मध्यम उद्यमों की इंडटेक '99 (Indtech '99), आवास निर्माण से सम्बन्धित बिल्ड टेक, खिलौनों की विशेष प्रदर्शनी टॉय शो के अतिरिक्त खेल सामानों की फिटनेस प्रदर्शनी व टेकमार्ट का साथ ही आयोजन किया गया था.

14 दिन तक चले इस वार्षिक मेले के समापन के अवसर पर केन्द्रीय वाणिज्य राज्य मंत्री उमर अब्दुल्ला ने मेले में सर्वश्रेष्ठ मंडपों के लिए पुरस्कारों का वितरण किया. केन्द्र सरकार के मंत्रालयों की श्रेणी में रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित रक्षा प्रदर्शनी मंडप को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया. राज्य सरकारों के मंडपों में सर्वश्रेष्ठ मंडप का स्वर्ण पदक गुजरात को प्रदान किया गया. इस श्रेणी में रजत पदक महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश को प्रदान किए गए. सार्वजनिक उपक्रमों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ मंडप का स्वर्ण पदक कॉयर बोर्ड को प्रदान किया गया.

विशेष प्रदर्शनी की श्रेणी में खिलौना प्रदर्शनी की लिटिल पैराडाइज को स्वर्ण व ओके प्ले इंडिया को रजत पदक दिए गए. टेकमार्ट में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (NSIC) को तथा बिल्ड टैक में हुडको व औरोविले बिल्डिंग सेंटर, दोनों को ही स्वर्ण पदक प्रदान किए गए. उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में सैमसंग इंडिया को व उत्तम रहन-सहन प्रदर्शनी में धर्मपाल सत्यपाल समूह को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए. विदेशी कम्पनियों की श्रेणी का स्वर्ण पदक इटली की सी एस आर आई (Sea SRI) ऑटोमैटिक गेट्स को मिला.

इस वर्ष 5200 से अधिक उपक्रमों ने व्यापार मेले में भागीदारी की. इनमें भारत के अतिरिक्त 14 अन्य राष्ट्रों की लगभग 70 कम्पनियाँ भी शामिल थीं.

यूरिया घोटाले के 90 करोड़ रुपए जब्त

सी.बी.आई. के सूत्रों के अनुसार 133 करोड़ रुपए के चार वर्ष पुराने बहुचर्चित यूरिया घोटाले की विभिन्न विदेशी बैंकों में जमा 90 करोड़ रुपए की राशि को जब्त करने में सफलता सी बी आई को प्राप्त हुई है. तुर्की की करसन कंम्पनी के दो अधिकारियों, जो इस समय हिरासत में हैं,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वारा यह राशि न्यूयॉर्क स्थित भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ न्यूयॉर्क, इंटरमीडियेट बैंक, जेनेवा तथा कैरिबियाई द्वीप स्थित एक बैंक में जमा कराई गई थी. घोटाले की सुनवाई कर रही नई दिल्ली की विशेष अदालत के पत्र के आधार पर इन बैंक खातों को सील कर दिया गया है.

ज्ञातव्य है कि 2 लाख टन यूरिया के आयात के लिए भारत की एन. एफ. एल. ने तुर्की की करसन कम्पनी के साथ 1995 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे. यूरिया के मूल्य की सम्पूर्ण 133 करोड़ रुपए की राशि एन. एफ. एल. द्वारा अग्रिम रूप से ही अदा कर दी गई थी, किन्तु करसन कम्पनी इसके बावजूद यूरिया की आपूर्ति करने में असफल रही.

फेरा का स्थान लेने वाला फेमा विधेयक संसद द्वारा पारित

देश में विदेशी मुद्राओं के लेन-देन को नियमित करने वाले 1973 के 'विदेशी विनिमय नियमन अधिनियम'—फेरा (Foreign Exchange Regulation Act—FERA) का स्थान लेने वाले नए विदेशी विनिमय प्रबन्धन अधिनियम (Foreign Exchange Management Act—FEMA) से सम्बन्धित विधेयक को संसद ने दिसम्बर 1999 के प्रथम सप्ताह में पारित कर दिया है. नया अधिनियम 'फेमा' 1973 के 'फेरा' की तुलना में अधिक उदार है तथा विदेशी व्यापार एवं भुगतानों को अपेक्षाकृत सुगम बनाने के उद्देश्य से इसे पारित किया गया है.

'फेमा' के साथ ही संसद में प्रस्तुत मनी लाउंड्रिंग बिल को लोकसभा ने तो गत 2 दिसम्बर को पारित कर दिया था किन्तु राज्य सभा में कांग्रेस की माँग पर इसे प्रवर समिति (Select Committee) को सन्दर्भित कर दिया गया है. इससे इस विधेयक के पारित होने में विलम्ब होगा. प्रवर समिति इस विधेयक के विभिन्न प्रावधानों पर विचार करके संसद के आगामी सत्र के पहले ही दिन इस पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी.

हॉलैण्ड की स्वर्ण बेचने की घोषणा से स्वर्ण के मूल्य में पुनः गिरावट

स्विट्जरलैण्ड, इंगलैण्ड व अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा अपने आरक्षित भण्डारों में से स्वर्ण की बिक्री करने की घोषणा के पश्चात् अब हॉलैण्ड ने भी अगले पाँच वर्षों में 300 टन स्वर्ण बेचने की घोषणा दिसम्बर 1999 के प्रथम सप्ताह में की है. इसमें से 100 टन स्वर्ण की बिक्री पहले वर्ष ही की जाएगी. हॉलैण्ड के केन्द्रीय बैंक द्वारा स्वर्ण बिक्री की इस घोषणा से अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण के मूल्य में पुनः कुछ गिरावट आई है. घोषणा के तुरंत बाद अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण का मूल्य 279 डॉलर प्रति आउंस से घटकर 275 डॉलर प्रति आउंस रह गया, जिसमें बाद में कुछ कुछ सुधार हुआ.

उल्लेखनीय है कि हॉलैण्ड द्वारा अगले 5 वर्षों में 300 टन सोना बेचने की घोषणा सितम्बर 1999 में यूरोपीय केन्द्रीय बैंकों द्वारा हस्ताक्षरित समझौते के दायरे में ही की गई है. इस समझौते के तहत यूरोप के 15 केन्द्रीय बैंकों ने सहमति व्यक्त की थी कि अगले 5 वर्षों में उनके द्वारा कुल मिलाकर अधिकतम 2000 टन स्वर्ण की ही बिक्री की जाएगी.

मंगलौर परियोजना से कोजेन्ट्रिक्स की वापसी

नौकरशाही तथा न्यायालय में लम्बित जनहित याचिका के कारण कर्नाटक में मंगलौर में निर्माणाधीन बहुचर्चित मंगलौर विद्युत परियोजना में हो रही देरी के कारण इसके प्रवर्तकों कोजेन्ट्रिक्स, हांगकांग की चायना लाइट एण्ड पावर कम्पनी ने इससे हाथ खींचने की घोषणा कर दी है. 1.3 अरब डॉलर की अनुमानित लागत वाली 1000 मेगावाट की इस परियोजना का कार्यान्वयन मंगलौर विद्युत कम्पनी द्वारा किया जा रहा था जिसमें अमरीका की कोजेन्ट्रिक्स के अतिरिक्त हांगकांग की चायना लाइट एण्ड पावर कम्पनी 60 : 40 के अनुपात में भागीदार थे. 'हांगकांग की कम्पनी को 1995 में इसमें शामिल किया गया था.

मंगलौर विद्युत कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक के अनुसार सरकारी अनुमोदनों व सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में हो रही देरी के चलते इस परियोजना पर अब और धन व समय खर्च करने का कोई औचित्य नहीं है.

सर्वोच्च न्यायालय ने बाद में 13 दिसम्बर, 1999 के अपने फैसले में इस परियोजना की मंजूरी के लिए रिश्वत देने के आरोपों की जाँच सी. बी. आई. से कराने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया. इस मामले में निर्णय को 7 जनवरी, 1999 से सुरक्षित रखा गया था. सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्णय के पश्चात् परियोजना के लिए काउंटर गारण्टी उपलब्ध कराने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है. न्यायालय का फैसला आने के तुरंत बाद केन्द्र सरकार ने कोजेन्ट्रिक्स से परियोजना पर कार्य पुनः प्रारम्भ करने का अनुरोध किया है.

संक्षिप्तकी

देश में 45 हजार मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता विद्यमान

भारत में पवन ऊर्जा के उत्पादन की व्यापक क्षमताएं विद्यमान हैं. गैर पारम्परिक ऊर्जा मंत्रालय के ताजा आकलन में देश में पवन ऊर्जा की 45 हजार मेगावाट की क्षमता विद्यमान होने की बात कही गई है. मंत्रालय के पहले के आकलन में देश में पवन ऊर्जा की क्षमता 20000 मेगावाट होने की बात कही गई थी.

गैर-पारम्परिक ऊर्जा मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार वर्तमान में देश में पवन ऊर्जा की स्थापित क्षमता 1080 मेगावाट है जिसमें से 55 मेगावाट क्षमता चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में ही स्थापित की गई है.

मैटिज–1999 की सर्वश्रेष्ठ छोटी कार

विभिन्न मानकों के आधार पर बीबीसी ने दायवू मोटर्स की मैटिज (Matiz) कार को वर्ष 1999 की सर्वश्रेष्ठ छोटी कार घोषित किया है.

●●●

उपकार
राजस्थान
पुलिस कॉंस्टेबिल भर्ती परीक्षा
लेखक : डॉ. लाल एवं जैन
मूल्य : 34 रुपए
विषय के विशेषज्ञों द्वारा लिखित इस पुस्तक में परीक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण सामग्री दी गई है. इस पुस्तक को पढ़कर आप अवश्य लाभान्वित होंगे.
आज ही अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से खरीदें अथवा हमें निम्न पते पर 25/- रु. का मनीऑर्डर सीधे भेजकर वी. पी. पी. द्वारा प्राप्त करें
उपकार प्रकाशन
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 351238, 351002, 322930; फैक्स : (0562) 351251
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के विस्तार के साथ मंत्रियों के विभागों में फेरबदल

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी मंत्रिपरिषद् का विस्तार करते हुए चार नए मंत्रियों को इसमें गत 22 नवम्बर को शामिल किया है इसके साथ ही मंत्रियों के विभागों में कुछ फेरबदल भी उन्होंने किया है. नए शामिल किए गए मंत्रियों में अकाली दल के राज्य सभा सदस्य सुखदेव सिंह ढींढसा तथा भारतीय जनता पार्टी के राजनाथ सिंह, डॉ. सी. पी. ठाकुर व अरुण शौरी शामिल हैं. इनमें अरुण शौरी राज्य सभा के सदस्य हैं, जबकि डॉ. ठाकुर पटना से लोक सभा के लिए निर्वाचित सांसद हैं. श्री शौरी को राज्यमंत्री के रूप में तथा शेष तीनों को कैबिनेट स्तर के मंत्री के रूप में मंत्रिपरिषद् में शामिल किया गया है. इस विस्तार से केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की कुल संख्या 73 (प्रधानमंत्री के अतिरिक्त) हो गई है जिनमें 28 कैबिनेट स्तर के तथा 45 राज्यमंत्री हैं. राज्यमंत्रियों में 7 मंत्री स्वतंत्र प्रभार वाले हैं.

नए शामिल किए गए मंत्रियों में सुखदेव सिंह ढींढसा को पहले नवगठित निर्माण एवं सम्पदा मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया था, किन्तु 4 दिन बाद ही उन्हें शहरी रोजगार तथा गरीबी उन्मूलन मंत्री बनाया गया है. डॉ. सी. पी. ठाकुर को जल संसाधन मंत्री बनाया गया है. यह मंत्रालय पहले प्रमोद महाजन के पास थे. इसके स्थान पर श्री महाजन को अब नवगठित सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कार्यभार दिया गया है. राजनाथ सिंह को भूतल परिवहन मंत्री बनाया गया है. यह मंत्रालय पहले नीतिश कुमार के पास था जिन्हें अब कृषि मंत्री बना दिया गया है. राज्य मंत्री के रूप में मंत्रिपरिषद् में शामिल किए गए अरुण शौरी को योजना, कार्यक्रम कार्यान्वयन, जन शिकायतें, पेंशन व प्रशासनिक मामलों के विभागों से सम्बद्ध किया गया है. इनके अतिरिक्त कुछेक अन्य मंत्रियों के विभागों में भी फेरबदल किए गए हैं.

राज्य सभा के लिए 4 सदस्यों का मनोनयन

राज्य सभा में 4 मनोनीत सदस्यों के कार्यकाल समाप्त होने के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई रिक्तियों को गत नवम्बर माह में नए सदस्यों के मनोनयन से भर दिया गया है. केन्द्र सरकार की संस्तुति के आधार पर राष्ट्रपति के.आर. नारायणन ने सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर, प्रख्यात संविधानविद् फाली एस. नरीमन, वरिष्ठ पत्रकार चो. रामास्वामी तथा वयोवृद्ध समाजसेवी एवं आर. एस. एस. के नेता नानाजी देशमुख को राज्य सभा का सदस्य मनोनीत किया है. राष्ट्रपति भवन से इस आशय की अधिसूचना गत 22 नवम्बर को जारी की गई.

राज्य सभा के लिए मनोनीत उपर्युक्त चार सदस्यों में से तीन ने सदन की सदस्यता की शपथ ग्रहण कर ली है. लता मंगेशकर ने विदेश में होने के कारण संसद के मौजूदा सत्र के अन्त तक सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रार्थना पत्र राज्य सभा अध्यक्ष को प्रेषित किया है जिसे राज्य सभा ने स्वीकार कर लिया है.

उड़ीसा सरकार में पुनः नेतृत्व परिवर्तन : बिस्वाल नए मुख्यमंत्री

उड़ीसा में कांग्रेस विधायक दल में पुनः उपजे असन्तोष के पश्चात् पार्टी हाईकमान के निर्णय के तहत मुख्यमंत्री गिरधर गमांग ने गत 4-5 दिसम्बर की रात को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया तथा उनके स्थान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हेमानन्द बिस्वाल को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया गया है. राज्य में अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों के पश्चात् कांग्रेस ने जे. बी. पटनायक के स्थान पर गिरधर गमांग को पार्टी विधायक दल का नेतृत्व सौंपा था तथा 17 फरवरी, 1999 को ही उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की थी.

उड़ीसा की 10 माह पुरानी गमांग सरकार उस समय संकट में घिर गई थी जब पार्टी के 81 में से 50 से अधिक विधायकों ने उनके विरुद्ध विद्रोह करते हुए उन्हें हटाने की माँग की. पार्टी आलाकमान ने स्थिति का अध्ययन करते हुए अन्ततः राज्य सरकार का नेतृत्व बदलने का निर्णय किया.

नवनियुक्त मुख्यमंत्री हेमानन्द बिस्वाल उड़ीसा के 16वें मुख्यमंत्री हैं. वह दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं. उन्होंने 6 दिसम्बर, 1999 को शपथ ग्रहण की. पहले 1989 के लोक सभा चुनावों में राज्य में कांग्रेस की पराजय के पश्चात् तत्कालीन मुख्यमंत्री जे. बी. पटनायक को हटाकर श्री बिस्वाल को 7 दिसम्बर, 1989 को मुख्यमंत्री बनाया गया था, किन्तु वह 4 मार्च, 1990 तक ही मुख्यमंत्री रहे. 1990 में विधान सभा के चुनावों में कांग्रेस की पराजय के पश्चात् सत्ता बीजू पटनायक के हाथ चली गई. इस बार फिर श्री बिस्वाल को ऐसे समय में राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया है जब विधान सभा चुनाव दो महीने बाद ही होने को हैं.

कम उम्र के कारण बिहार में मंत्री की बर्खास्तगी

बिहार की राबड़ी सरकार में बागवानी एवं बाँट व माप-तौल विभाग के मंत्री राकेश कुमार उर्फ सम्राट चौधरी को उनकी उम्र 25 वर्ष से कम पाए जाने पर तत्कालीन राज्यपाल सूरजभान ने गत 16 नवम्बर को मंत्रि-मण्डल से बर्खास्त कर दिया. 13वीं लोक सभा के चुनावों से पूर्व समता पार्टी को छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हुए शकुनि चौधरी के पुत्र सम्राट चौधरी को 19 मई, 1999 को ही मंत्रिमण्डल में शामिल किया गया था. विधानमण्डल के किसी भी सदन का सदस्य न होने के कारण सम्राट चौधरी का मंत्री पद 18 नवम्बर को स्वतः ही समाप्त होने को था, किन्तु इससे दो दिन पूर्व ही राज्यपाल ने उन्हें बर्खास्त कर दिया.

मंत्रिपद प्राप्त करने के लिए आयु का झूठा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की जालसाजी के लिए उनके विरुद्ध मुकदमा चलाने तथा मंत्रित्वकाल के दौरान उनके द्वारा अर्जित वेतन-भत्तों आदि की वसूली के निर्देश देने के साथ-साथ मंत्री रहते हुए उनके द्वारा लिए गए निर्णयों की संवैधानिक वैधता की जाँच करने के निर्देश भी तत्कालीन राज्यपाल सूरजभान ने राज्य सरकार को दिए हैं. देश के संवैधानिक इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी मंत्री को उम्र कम पाए जाने पर बर्खास्त किया गया है.

राज्यपाल के इस निर्णय से राज्य सरकार व राज्यपाल के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई क्योंकि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने मंत्री की बर्खास्तगी के स्थान पर उनसे त्यागपत्र लेने का अनुरोध राज्यपाल से किया था.

विश्व के 12 प्रतिशत एड्स पीड़ित भारत में

असुरक्षित सैक्स, नशीले पदार्थों के सेवन तथा इसके लिए इंजेक्शन की एक ही सुई का प्रयोग कई लोगों द्वारा किए जाने के कारण भारत में एड्स के विषाणुओं से पीड़ित लोगों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की हाल ही की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्तमान में विश्व में एड्स के विषाणु (HIV) से पीड़ित लोगों की संख्या 3.36 करोड़ है. इसमें से 12 प्रतिशत अर्थात् लगभग 40 लाख लोग अकेले भारत में हैं. एशिया में एच.आई.वी. से पीड़ित लोगों की कुल संख्या 65 लाख बताई गई है. एशिया में एच.आई.वी. से ग्रसित लोगों में 60 प्रतिशत लोग भारत में बताए गए हैं.

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा हाल ही में जारी आँकड़ों में देश में एच.आई.वी. से ग्रसित लोगों की संख्या 35 लाख बताई गई थी. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (NACO) द्वारा गत 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस पर प्रसारित सन्देश में भी भारत में एच.आई.वी. से संक्रमित लोगों की संख्या लगभग 35 लाख बताई गई है.

मधुमेह के परिणामस्वरूप मरने वालों की सर्वाधिक संख्या भारत में

गत 14 नवम्बर को विश्व मधुमेह दिवस (World Diabetes Day) के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि मधुमेह के परिणामस्वरूप मृत्यु का शिकार होने वालों की सर्वाधिक संख्या भारत में है. रिपोर्ट के अनुसार 1998 के दौरान भारत में 1.02 लाख लोग मधुमेह के कारण मृत्यु का शिकार हुए थे जो विश्व में इस रोग से मरने वालों की कुल संख्या का छठा भाग है. रिपोर्ट के अनुसार 80 के दशक के प्रारम्भ में भारत में मधुमेह रोगियों की संख्या 40 लाख थी जो बढ़कर वर्तमान में लगभग 2 करोड़ हो गई है.

विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस रिपोर्ट के अनुसार सन् 2025 में विश्व में मधुमेह रोगियों की कुल संख्या 30 करोड़ हो जाने का अनुमान है जिसमें से 22.8 करोड़ रोगी विकासशील देशों में होंगे. सन् 2025 में भारत में मधुमेह रोगियों की संख्या 6 करोड़ होने का अनुमान रिपोर्ट में व्यक्त किया गया है. दूसरे स्थान पर चीन में 3.8 करोड़ व तीसरे स्थान पर अमरीका में 2.2 करोड़ मधुमेह रोगी सन् 2025 में होने का अनुमान लगाया गया है.

समुद्री लुटेरों के कब्जे से मालवाहक पोत मुक्त कराने में भारतीय बलों को सफलता

भारतीय तटरक्षक (Coast Guard) ने नौसेना के सहयोग से एक मालवाहक पोत को समुद्री लुटेरों के कब्जे से मुक्त कराने में सफलता गत 16 नवम्बर को प्राप्त की है. पनामा में पंजीकृत एम.वी. एलोन्द्रा रेनबो नाम का यह पोत गोआ से लगभग 450 किमी दूर अरब सागर में मुक्त कराया गया. इस पर सवार सभी 15 समुद्री लुटेरों को गिरफ्तार करके तटरक्षक बल ने मुम्बई पुलिस को सौंप दिया है जिनके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता (IPC) तथा अमरीकी कन्वेंशन के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है. समझा जाता है कि यह सभी लुटेरे इण्डोनेशियाई हैं. पोत के 17 सदस्यीय मूल चालक दल को बाद में थाइलैण्ड में पाया गया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पोत का अपहरण उस समय कर लिया गया था जब यह इण्डोनेशिया के कुआलातांजुंग से जापान की यात्रा पर था. कुआलालम्पुर के पाइरेसी रिपोर्टिंग सेंटर द्वारा पोत के लापता होने का संदेश प्रसारित होने पर भारतीय तटरक्षक के पोतों व एक डोर्नियर विमान ने निगरानी रखना प्रारम्भ कर दिया. गिरफ्त में आने के पश्चात् नौसेना के आई.एन.एस. प्रहार की सहायता से तटरक्षक ने इसे जब्त कर लिया तथा इसके अपहर्त्ताओं को गिरफ्तार कर लिया.

भारत का ग्यारहवाँ अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह सम्पन्न

भारत का ग्यारहवाँ अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह हैदराबाद में गत 14–20 नवम्बर को सम्पन्न हुआ. हैदराबाद के ललित कला तोरणम् में इस महोत्सव का उद्घाटन आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्राबाबू नायडू ने किया. जर्मनी के सिने-निर्देशक वैकलव वोव लिसेक द्वारा निर्देशित 'स्वान लेक' इस समारोह की उद्घाटन फिल्म थी.

20 नवम्बर को समारोह की समाप्ति पर गुलाम रजा रमजानी द्वारा निर्देशित ईरानी फिल्म 'द कार्ट' (The Cart) को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के 'स्वर्ण गज' (Golden Elephant) पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इंटर-नेशनल क्रिटिक्स जूरी व बाल जूरी ने भी इसी फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म घोषित किया. भारतीय तमिल फिल्म 'मल्ली' (Malli) की कलाकार श्वेता को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का पुरस्कार प्रदान किया गया.

उल्लेखनीय है कि भारत के अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह का आयोजन भारतीय बाल फिल्म सोसायटी द्वारा किया जाता है. सुश्री साईं परांजपे इस सोसायटी की वर्तमान अध्यक्ष हैं.

कारगिल संघर्ष में जनहानि

रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज के अनुसार मई-जून 1999 के कारगिल संघर्ष में भारत के कुल 524 सैन्यकर्मी मृत्यु का शिकार हुए, जबकि 1363 अन्य घायल हुए हैं. मरने वाले सैन्यकर्मियों में 519 थल सेना के तथा 5 वायुसेना के हैं. इस संघर्ष पर भारत सरकार ने 1984 करोड़ रुपए का व्यय किया है. रक्षा मंत्री के अनुसार मारे गए भारतीय सैन्य-कर्मियों के उत्तराधिकारी को 10-10 लाख रुपए की एकमुश्त सहायता के अतिरिक्त विशेष पारिवारिक पेंशन व अन्य लाभ प्रदान किए गए हैं.

एंटोनी समिति की अधिकांश सिफारिशें कांग्रेस को स्वीकार

13वीं लोक सभा के चुनावों में पार्टी की भारी पराजय के कारणों का अध्ययन करने व इस सम्बन्ध में आगे के लिए सुझाव देने के उद्देश्य से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा ए. के. एंटोनी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था. समिति द्वारा हाल ही में प्रस्तुत सिफारिशों पर कांग्रेस कार्यसमिति की गत 11 दिसम्बर की बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया. पार्टी के प्रवक्ता प्रणब मुखर्जी के अनुसार समिति की 20 में से 18 सिफारिशों को कार्यसमिति ने स्वीकार कर लिया है. इनमें पार्टी को हर स्तर पर मजबूत बनाने, चुनावों के लिए उम्मीदवारों का चयन समय से काफी पहले करने तथा गठबंधन सरकार के मामले में लचीला रुख अपनाने सम्बन्धी सिफारिशें शामिल हैं.

समिति ने पार्टी को संस्तुति की है कि लोक सभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा चुनावों से तीन माह पूर्व व विधान सभा चुनाव के लिए एक माह पूर्व कर दी जानी चाहिए. समिति की अन्य सिफारिशों में निचले स्तर से ऊपर तक संगठनात्मक चुनाव गुप्त मतदान द्वारा कराने तथा पदाधिकारियों की संख्या सीमित रखने के सुझाव शामिल हैं.

मिजोरम में सत्तारूढ़ गठबंधन में दरार

मिजोरम में ग्राम परिषदों के चुनावों के सिलसिले में उपजे मतभेद के पश्चात् मिजो नेशनल फ्रंट (MNF) व मिजोरम पीपुल्स कांग्रेस (MPC) के सत्तारूढ़ गठबंधन में गम्भीर मतभेद उत्पन्न हो गए हैं, जिनके चलते मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने उपमुख्यमंत्री

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहित मिजोरम पीपुल्स कांग्रेस के सभी पाँचों मंत्रियों से त्यागपत्र माँग लिए हैं. एमपीसी के पाँचों मंत्रियों ने अपने त्यागपत्र गत 9 दिसम्बर को मुख्यमंत्री को सौंप कर सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होने की घोषणा की है. एमपीसी की इस घोषणा से जोरामथंगा सरकार को कोई खतरा फिलहाल नहीं है, क्योंकि राज्य की 40 सदस्यीय विधान सभा में मिजो नेशनल फ्रंट के 21 विधायक हैं.

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने आरोप लगाया है कि 16 दिसम्बर को होने वाले ग्राम परिषदों के चुनाव के लिए मिजोरम पीपुल्स कांग्रेस ने विपक्षी कांग्रेस पार्टी के साथ गुप्त समझौता किया है.

न्यायाधीशों की स्वघोषित आचार संहिता से विधि मंत्री असन्तुष्ट

न्यायपालिका को भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त रखने के लिए देश के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के दिसम्बर 1999 के प्रथम सप्ताह में नई दिल्ली में सम्पन्न सम्मेलन में न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता स्वीकार की गई है. देश के सर्वोच्च न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए. एस. आनंद की अध्यक्षता में सम्पन्न इस दो दिवसीय सम्मेलन में स्वीकार की गई आचार संहिता के तहत न्यायिक जीवन के सिद्धान्तों का पालन करने के 15 सूत्र शामिल हैं.

केन्द्रीय विधि मंत्री राम जेठमलानी ने इस आचार संहिता में स्वीकृत सिद्धान्तों को अपर्याप्त बताते हुए न्यायाधीशों के लिए इससे व्यापक आचार संहिता की अपेक्षा की है.

नई दिल्ली में गत 12 दिसम्बर को न्यायिक दायित्व (Judicial Accountability) पर पाँचवें कन्वेंशन का उद्घाटन करते हुए केन्द्रीय विधि मंत्री ने कहा है कि न्यायाधीशों के लिए एक व्यापक आचार संहिता की घोषणा प्रस्तावित राष्ट्रीय न्यायिक आयोग द्वारा की जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय न्यायिक आयोग का गठन सरकार द्वारा किया जाएगा. इस प्रस्तावित न्यायिक आयोग द्वारा तैयार की जाने वाली आचार संहिता को वैधानिक दस्तावेज का दर्जा प्राप्त होना चाहिए.

संक्षिप्तकी

भाजपा अध्यक्ष का कार्यकाल 3 वर्ष करने का सुझाव

भारतीय जनता पार्टी के संविधान में संशोधन सुझाने के लिए गठित जन कृष्णमूर्ति समिति ने अपनी रिपोर्ट में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्षों का कार्यकाल दो वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष करनें का सुझाव दिया है. इसके साथ ही समिति ने इस कार्यकाल में वृद्धि न करने की संस्तुति की है.

पार्टी संविधान से उपर्युक्त संशोधन से किसी व्यक्ति द्वारा पार्टी की अध्यक्षता अधिकतम लगातार चार वर्ष के स्थान पर तीन वर्ष तक ही की जा सकेगी, क्योंकि वर्तमान में इन अध्यक्षों का कार्यकाल दो वर्ष है तथा इन्हें लगातार दो बार निर्वाचित किया जा सकता है.

सुरक्षा बजट को जीडीपी का 3 प्रतिशत करने की रक्षा मंत्री की माँग

रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडीस ने गत 25 नवम्बर को नई दिल्ली में तटरक्षकों के कमांडरों के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा है कि देश के सुरक्षा बल गत एक दशक से संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं. उन्होंने देश के रक्षा बजट को सकल घरेलू उत्पाद के मौजूदा 2.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत करने की माँग अपने सम्बोधन में की है.

मणिपुर अशांत क्षेत्र घोषित

मणिपुर में लगातार हिंसा को देखते हुए राज्य सरकार ने राज्य को 1 दिसम्बर, 1999 से छः माह के लिए अशान्त क्षेत्र घोषित कर दिया है. राज्य के मुख्य सचिव द्वारा जारी इस आशय की अधिसूचना में कहा गया है कि हालात से निपटने के लिए प्रशासन सशस्त्र बलों की सहायता ले सकेगा.

सरकारी विमान के निजी उपयोग के विरुद्ध जनहित याचिका

राजस्थान के एक सेवानिवृत्त जिला एवं सेशन जज प्यारे मोहन बगरहट्टा ने राज्य के मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता, प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष एवं योजना मंत्री द्वारा राज्य सरकार के विमान का निजी कार्य हेतु उपयोग किए जाने के विरुद्ध एक जनहित याचिका राजस्थान उच्च न्यायालय में दायर की है. याचिका में कहा गया है कि राज्यपाल के पौत्र के इलाहाबाद में सम्पन्न मुण्डन संस्कार में शामिल होने के लिए इन व्यक्तियों द्वारा राज्य सरकार के विमान का उपयोग किया गया. याचिका में न्यायालय से अपील की गई है कि निजी कार्य में सरकारी विमान का उपयोग करने के लिए इनसे विमान का किराया वसूलने का निर्देश राज्य के वित्त मंत्री चंदन मल बैद को दिया जाए.

विदेशी मूल के नागरिकों को उच्च पदों से अलग रखने को निजी विधेयक

विदेशी मूल के नागरिकों को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के पदों के लिए अपात्र बनाने के लिए एक निजी विधेयक लोक सभा में गत 3 दिसम्बर को प्रस्तुत किया गया है. विधेयक को भाजपा के सांसद किरीट सोमैया द्वारा निजी तौर पर प्रस्तुत किया गया है. सदन में उपस्थित कांग्रेसी सांसदों के भारी विरोध के बावजूद पीठासीन अधिकारी पी. एम. सईद ने इसे विचारार्थ स्वीकार कर लिया है.

फारुख अब्दुल्ला द्वारा मंत्रिपरिषद् के आकार में कटौती

राज्य सरकार के खर्चों में कटौती के उद्देश्य से जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला ने अपनी मंत्रिपरिषद् के आकार में कटौती कर दी है. इसके लिए 7 मंत्रियों के त्यागपत्र उन्होंने गत 13 दिसम्बर को लेकर राज्यपाल को प्रेषित कर दिए हैं जिन्हें स्वीकार कर लिया गया है. इनमें 4 मंत्री कैबिनेट स्तर के तथा 3 राज्य मंत्री हैं. लोक सभा के लिए निर्वाचित हो जाने के कारण राज्य के एक अन्य मंत्री ने अपना त्यागपत्र 8 दिसम्बर को प्रस्तुत कर दिया था जिसे स्वीकार कर लिया गया था.

●●●

UPKAR'S

New Release

Quicker Numerical Physics

(Medical & Engineering Exams.)

By : Dr. R. V. S. Chauhan & Dr. H. P. Sharma Price : Rs. 150/-

This book has been written for the benefit of candidates appearing at various competitive examinations for entry to Medical and Engineering Courses. At present almost in all such competitive examinations objective type questions are asked. How to solve these questions within the short time given ? Keeping this fact in view and incorporating all the aspects of the syllabus, the present book has been made available in the market for the competitors. The book consists of plenty of typical numerical examples relating to all topics in Physics as per syllabus and is written exhaustively as it mentions relevant formulae and theoretical concepts. It is comprehensive in style and serves the purpose of students of all categories. After having gone through this book there will be no need for any other book or guide.

UPKAR PRAKASHAN, AGRA-2

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

अब्दुल्ला ओकलान के मृत्युदण्ड की अपीलीय न्यायालय द्वारा पुष्टि

तुर्की के कुर्द विद्रोहियों के नेता अब्दुल्ला ओकलान (Abdullah Ocalan) को सुनाई गई मृत्यु की सजा की तुर्की के एक अपीलीय न्यायालय ने गत 25 नवम्बर को पुष्टि कर दी है. देशद्रोह तथा हजारों लोगों की हत्याओं का जिम्मेदार ठहराते हुए इमराली द्वीप के कारागार में ही एक विशेष अदालत ने गत 29 जून को ओकलान को मृत्यु की सजा सुनाई थी. ओकलान के मृत्युदण्ड का कार्यान्वयन तुर्की की संसद तथा राष्ट्रपति के अनुमोदन के बाद ही हो सकेगा. यूरोपियन कोर्ट ऑफ ह्यूमेन राइट्स ने तुर्की सरकार से ओकलान को दिए गए मृत्युदंड को समाप्त करने की अपील की है.

उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों में तुर्की की अदालतों ने विभिन्न मामलों में अनेक अभियुक्तों को मृत्यु की सजा सुनाई है, परन्तु संसदीय अनुमोदन लम्बित रहने के कारण इनका कार्यान्वयन भी लम्बित रहा है. तुर्की में 1984 के पश्चात् अभी तक किसी को भी मृत्यु की सजा का कार्यान्वयन नहीं हुआ है.

आसियान व पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का शिखर सम्मेलन

पूर्वी एशिया में पारस्परिक सहयोग में वृद्धि से क्षेत्र के 13 देशों का शिखर सम्मेलन गत 28 नवम्बर को फिलीपींस की राजधानी मनीला में सम्पन्न हुआ. आसियान (ASEAN) के दस राष्ट्रों के अतिरिक्त चीन, जापान व द. कोरिया के राष्ट्राध्यक्षों ने इस सम्मेलन में भाग लिया. देश में चुनावों के कारण मलेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद इस सम्मेलन में उपस्थित नहीं थे. मलेशिया का नेतृत्व मंत्रीस्तर पर किया गया. इस सम्मेलन के साथ ही आसियान का तीसरा अनौपचारिक शिखर सम्मेलन भी सम्पन्न हुआ. आसियान शिखर सम्मेलन में आसियान फ्री ट्रेड एरिया (AFTA) की स्थापना की दिशा में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की गई. इसके लिए संगठन के 6 पुराने सदस्यों–ब्रूनेई, इण्डोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर व थाइलैण्ड अधिकांश उत्पादों पर शून्य प्रशुल्क के लक्ष्य को 2015 ई. के स्थान पर 2010 ई. तक ही प्राप्त करने को सहमत हुए. आसियान के शेष चार अपेक्षाकृत नए सदस्यों–कम्बोडिया, लाओस, म्यांमार व वियतनाम को इसके लिए अधिक समय दिया गया है. आसियान क्षेत्र के विकास में चीन, जापान व द. कोरिया के महत्व को इस सम्मेलन में स्वीकार किया गया.

चीन, जापान व द. कोरिया के साथ आसियान राष्ट्रों के अलग से सम्पन्न शिखर सम्मेलन में मेजबान राष्ट्रपति जोसेफ एस्ट्राडा ने पूर्वी एशिया में एक बाजार, एक मुद्रा व एक समुदाय की स्थापना का आह्वान किया. इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए छः आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग का आश्वासन सम्मेलन के अन्त में जारी विज्ञप्ति में दिया गया है. 'पूर्वी एशिया में सहयोग पर साझा वक्तव्य' शीर्षक से जारी इस विज्ञप्ति में पूर्वी एशिया में स्थायी शान्ति व स्थिरता बनाए रखने के लिए नशीले पदार्थों की तस्करी व सीमापारीय आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए पारस्परिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता व्यक्त की गई है.

इण्डोनेशियाई प्रान्त में स्वतंत्रता हेतु जनमत संग्रह कराने की माँग

इण्डोनेशिया के प्रमुख प्रान्त एसेह (Aceh) में अलगाववादी विद्रोहियों ने पूर्ण स्वतंत्रता के लिए जनमत संग्रह कराने की माँग की है. इसके लिए बड़ी संख्या में स्वतंत्रता समर्थकों ने गत 29 नवम्बर को इण्डोनेशियाई संसद के समक्ष प्रदर्शन किया. अलगाववादियों के नेता इस्माइल शाहपुत्र (Ismail Sahputra) ने इस परिप्रेक्ष्य में कहा है कि राष्ट्रपति वाहिद द्वारा प्रस्तावित जनमत संग्रह में यदि स्वतंत्रता का विकल्प नहीं दिया गया तो उन्हें सशस्त्र आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा. दूसरी ओर राष्ट्रपति अब्दुर्रहमान वाहिद ने स्वतंत्रता के विकल्प की सम्भावना को पूर्णतः नकारते हुए मुस्लिम लॉ को लागू कराने के लिए जनमत संग्रह का आश्वासन एसेह के निवासियों को दिया है. इस सम्बन्ध में राष्ट्रपति वाहिद ने अलगाववादी नेताओं से वार्ता की पेशकश की है, किन्तु शाहपुत्र ने वार्ता में शामिल होने से इंकार कर दिया है एसेह की स्वतंत्रता के लिए विगत अनेक वर्षों से आन्दोलनरत संगठन 'फ्री एसेह' (Free Aceh) के नेता शाहपुत्र ने कहा है कि इस मामले में विदेशी शक्तियों का हस्तक्षेप भी उन्हें स्वीकार्य नहीं है.

उल्लेखनीय है कि इण्डोनेशिया के सकल घरेलू उत्पाद में एसेह का योगदान लगभग 30 प्रतिशत है. यहाँ के निवासी इण्डोनेशिया से अलग होकर स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए संघर्षरत् हैं. इसी सिलसिले में 'सॉलिडेरिटी फॉर द इंटेग्रिटी ऑफ द पीपुल ऑफ एसेह' (SIRA) ने स्थानीय राजधानी बांदा एसेह (Banda Aceh) में गत 8 नवम्बर को भी एक व्यापक प्रदर्शन का आयोजन किया था, जिसमें लगभग 10 लाख प्रदर्शनकारी शामिल हुए थे जो ऐसेह की कुल जनसंख्या का एक-चौथाई थे. सीरा (SIRA) के नेता मुहम्मद नजर ने चेतावनी दी है कि यदि राष्ट्रपति वाहिद अपने प्रस्तावित जनमत संग्रह में स्वतंत्रता के मुद्दे को शामिल नहीं करेंगे तो एसेह के लोग अलग से अपना जनमत संग्रह सम्पन्न करेंगे.

नामीबियाई चुनावों में नुजोमा की पार्टी पुनः विजयी

नामीबिया में दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में सम्पन्न आम चुनावों में राष्ट्रपति सैम नुजोमा की पार्टी–'साउथ वैस्ट अफ्रीका पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन' (SWAPO) को प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ है. नेशनल असेम्बली की 72 में से 55 सीटों पर इसे विजय प्राप्त हुई है.

राष्ट्रपति नुजोमा स्वयं भारी बहुमत के साथ इस पद के लिए पुनः निर्वाचित हुए हैं. राष्ट्रपति के चुनाव में सैम नुजोमा को 77 प्रतिशत मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वन्द्वी कांग्रेस ऑफ डेमोक्रेट्स के प्रत्याशी बेन उलेंका को 11 प्रतिशत मत ही प्राप्त हो सके.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रधानमंत्री पद की दो महिला दावेदारों में हेलेन क्लार्क को विजय का सेहरा

न्यूजीलैण्ड में निवर्तमान प्रधानमंत्री सुश्री जेनी शिप्ले व 9 वर्षों से विपक्ष में रहीं सुश्री हेलेन क्लार्क के मध्य प्रधानमंत्री पद के लिए नवम्बर 1999 के अन्तिम सप्ताह में हुए चुनावी संघर्ष में विजय का सेहरा सुश्री क्लार्क के सिर बँधा है. इसके साथ ही 9 वर्ष पुराने कंजरवेटिव शासन की देश में समाप्ति हुई है तथा सत्ता अब लेबर पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के हाथ में आ गई है. संसद की 120 सीटों में से 52 सीटें लेबर पार्टी को मिली हैं, जबकि सत्तारूढ़ नेशनल पार्टी को केवल 41 सीटें मिल सकी हैं. इस विजय के परिणामस्वरूप लेबर पार्टी की सुश्री हेलेन क्लार्क वहाँ नई प्रधानमंत्री बनाई गई हैं.

महिलाओं को मताधिकार प्रदान करने का कुवैती प्रयास असफल

कुवैत में पुरुषों के समान ही महिलाओं को भी मताधिकार प्रदान करने तथा संसदीय चुनावों में भाग लेने का अधिकार प्रदान करने का अमीर का प्रयास गत नवम्बर माह में उस असमय असफल हो गया जब इससे सम्बन्धित विधेयक को संसद का आवश्यक अनुमोदन प्राप्त नहीं हो सका.

महिलाओं को राजनीतिक अधिकार प्रदान करने सम्बन्धी विधेयक के पक्ष में गत 30 नवम्बर को कुवैती संसद में हुए मतदान में 30 मत पड़े, जबकि इसके विपक्ष में 32 मत प्राप्त हुए. मतदान के समय ससद में उपस्थित 64 सांसदों एवं मंत्रियों में से 2 ने मतदान में भाग नहीं लिया. महिलाओं को मताधिकार देने का विरोध सुन्नी मुस्लिम सांसदों द्वारा किया गया.

मलेशिया में महातिर के नेतृत्व वाला गठबंधन पुनः सत्तारूढ़

मलेशिया में गत 29 नवम्बर को सम्पन्न संसदीय चुनावों में प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद के नेतृत्व वाले 14 दलों के गठबंधन 'बेरिसन नेशनल' (नेशनल फ्रन्ट) को भारी विजय प्राप्त हुई है. संसद की 193 सीटों में से 148 पर विजय प्राप्त करके सत्तारूढ़ गठबंधन ने दो-तिहाई बहुमत प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है. इससे प्रधानमंत्री श्री महातिर मोहम्मद की आर्थिक नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए संविधान में यथोचित संशोधन किए जा सकेंगे.

इन चुनावों में महातिर मोहम्मद सरकार के कम-से-कम चार कैबिनेट व इतने ही उपमत्रियों को पराजय का सामना करना पड़ा है. मोहम्मद के उत्तराधिकारी माने जाने वाले शिक्षा मंत्री नजीब रज्जाक केवल 241 मतों से ही विजयी रहे हैं. मलेशिया के पदच्युत उपप्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की पत्नी वान अजीजा वान इस्माइल ने नेशनल जस्टिस पार्टी से पेनांग प्रान्त में अपने पति के निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा था. अपने पहले ही इस चुनाव में वह विजयी रही हैं, किन्तु उनकी पार्टी को केवल 5 सीटें ही प्राप्त हो सकी हैं.

18 वर्ष से सत्तारूढ़ महातिर मोहम्मद ने पाँच वर्ष के एक और कार्यकाल के लिए देश के प्रधानमंत्री का कार्यभार गत दिसम्बर को ग्रहण किया है.

भारतीय कमांडर के नेतृत्व में सिएरा लियोन में संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना

गृहयुद्ध से ग्रसित सिएरा लियोन में सरकार व संघर्षरत विद्रोहियों के मध्य युद्धविराम की निगरानी करने, संघर्षरत् सशस्त्र गुटों को निहत्था करने तथा शान्ति समझौते के सही तरीके से अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए शान्ति सेना तैनात करने का निर्णय सयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् द्वारा गत 22 अक्टूबर को लिया गया. सुरक्षा परिषद् के निर्णय के तहत 6200 सैनिकों की शान्ति सेना की प. अफ्रीका के इस देश में तैनाती का कार्य गत 22 नवम्बर को प्रारम्भ कर दिया गया. शान्ति सेना में कीनियाई, गिनी और लाइबेरिया के सैनिकों के साथ-साथ भारतीय सैनिकों को भी शामिल किया गया है. देश में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ मानवीय आवश्यकताओं की आपूर्ति को सुनिश्चित करने का दायित्व भी संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना को सौंपा गया है. भारतीय थल सेना के मेजर जनरल विजय कुमार जेटली को इस शान्ति सेना का कमाण्डर नियुक्त किया गया है.

उल्लेखनीय है कि स्वतत्रता के पश्चात् भारत ने अब तक कुल मिला कर संयुक्त राष्ट्र संघ के 29 शान्ति अभियानों में भाग लिया है, जिनमें उसके 91 सैन्यकर्मी मृत्यु का शिकार हुए हैं.

नेपाल में माओवादी आन्दोलन की समाप्ति हेतु पूर्व प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में समिति

नेपाल में गत 4 वर्षों से चल रहे सशस्त्र माओवादी आन्दोलन को समाप्त कराने की दिशा में सरकार ने अब राजनीतिक प्रयास प्रारम्भ कर दिए हैं. इस आन्दोलन के तहत पिछले 4 वर्षों में 1060 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें से दो तिहाई से अधिक माओवादी हैं. निर्धनों के हितों तथा देश में लोक गणराज्य (Peoples Republic) की स्थापना के लिए यह लोग उत्तर-पश्चिमी व उत्तर-पूर्वी जिलों में फरवरी 1996 से ही आन्दोलनरत् हैं.

समस्या के राजनीतिक समाधान के लिए प्रधानमंत्री कृष्ण प्रसाद भट्टराइ ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है. आन्दोलन को समाप्त कराने के लिए समिति को माओवादियों से बातचीत करने को कहा गया है.

नीदरलैण्ड्स के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

नीदरलैण्ड्स के प्रधानमंत्री विम कॉक ने गत नवम्बर माह में 5 दिन की भारत यात्रा की. अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान श्री कॉक ने राष्ट्रपति के. आर. नारायणन व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सहित महत्वपूर्ण भारतीय नेताओं से द्विपक्षीय व अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत की. उनकी इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के सम्बन्धों को मजबूत बनाना था. भारत प्रवास के दौरान श्री कॉक ने दो दिन की गुजरात यात्रा भी की, जहाँ नीदरलैण्ड्स के सहयोग से संचालित एक स्वास्थ्य परियोजना का उन्होंने लोकार्पण किया.

भारत व नीदरलैण्ड्स के बीच निवेश एवं व्यावसायिक सम्बन्धों को बढ़ाने के लिए एक संयुक्त कार्यदल के गठन के इरादे की घोषणा श्री कॉक ने 23 नवम्बर को फिक्की (FICCI) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक संगोष्ठी में की. इस संगोष्ठी में श्री कॉक ने कहा कि भारत व नीदरलैण्ड्स आपसी व्यापार सम्बन्धों की 400वीं वर्षगाँठ सन् 2002 में मनाएंगे. उन्होंने कहा कि नीदरलैण्ड्स के व्यवसायी 400 वर्ष पूर्व पहली बार भारतीय बन्दरगाह पर आए थे.

तालिबान प्रशासन के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र प्रतिबन्ध

अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन द्वारा ओसमा बिन लादेन को कानूनी कार्यवाही हेतु अमरीका को न सौंपने के कारण संयुक्त राष्ट्र संघ ने तालिबान प्रशासन के विरुद्ध पूर्व घोषित प्रतिबन्ध गत 14 नवम्बर से लागू कर दिए हैं. इस प्रतिबन्ध के चलते तालिबान की विदेशों में स्थित सभी परिसम्पत्तियों को फ्रीज कर दिया गया है तथा अफगानिस्तान की एरियाना अफगान एयरलाइंस की सभी विदेशी उड़ानें प्रतिबन्धित कर दी गई हैं. अफगानिस्तान को दी जाने वाली सभी सहायता (मानवीय आधार पर दी जाने वाली सहायता के अतिरिक्त) भी प्रतिबन्धित कर दी गई है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु दर के मामले में भारत का विश्व में 49वाँ स्थान : यूनीसेफ रिपोर्ट

यूनीसेफ द्वारा गत 13 दिसम्बर को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु दर (Under 5 Mortality Rate–U 5 MR)' के मामले में 191 देशों की सूची में भारत का 49वाँ स्थान है अर्थात् 48 देश ऐसे हैं जिनमें यह मृत्यु दर भारत से अधिक है. भारत में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 105 प्रति हजार बताई गई है. भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान, भूटान व बांग्लादेश में यह दर भारत से अधिक है तथा यूनीसेफ सूची में इनका स्थान क्रमशः 33वाँ, 41वाँ व 48वाँ है. इसके विपरीत नेपाल, मालदीव, चीन व श्रीलंका का स्थान क्रमशः 51वाँ, 56वाँ, 79वाँ व 137वाँ है अर्थात् इन देशों में सन्दर्भित मृत्यु दर भारत से कम है. सूची में सबसे नीचे 189वें स्थान पर जापान, स्वीडन व नॉर्वे संयुक्त रूप से हैं. इन तीनों देशों में U 5 MR चार प्रति हजार ही है.



*सन् 2000 की **विश्व में बच्चों की स्थिति पर रिपोर्ट** (State of World's Children Report–SOWR-2000) शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 6·7 करोड़ बच्चों की बेसिक शिक्षा तक पहुँच नहीं है. इसमें कहा गया है कि 20 करोड़ भारतीयों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है, जबकि 70 करोड़ भारतीयों को जिनमें मुख्यतः ग्रामीण हैं, समुचित सेनिटेशन की सुविधा उपलब्ध नहीं है.*

यूनीसेफ की इस रिपोर्ट में भारत में बच्चों के टीकाकरण व महिलाओं के लिए स्थानीय निकायों में किए गए आरक्षण के प्रावधान की प्रशंसा की गई है.

ज्ञातव्य है कि अफगानिस्तान में तालिबान के संरक्षण में रह रहे बिन लादेन की अगस्त 1998 में कीनिया तथा तंजानिया में अमरीकी दूतावासों पर हुए बम विस्फोटों के सिलसिले में अमरीका को तलाश है. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने गत 15 अक्टूबर को प्रस्ताव पारित करके तालिबान प्रशासन से बिन लादेन को अमरीका को सौंपने को कहा था. इसका अनुपालन न करने की स्थिति में 14 नवम्बर से उसके विरुद्ध प्रतिबन्ध आरोपित करने का निर्णय सुरक्षा परिषद् ने अपनी इस बैठक में किया था. सुरक्षा परिषद् के इसी प्रस्ताव के अनुरूप ही 14 नवम्बर, 1999 से तालिबान प्रशासन के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र प्रतिबन्ध लागू हो गए हैं. अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन ने यह कहते हुए बिन लादेन को अमरीका को सौंपने से इंकार किया है कि उसकी अमरीका के साथ कोई प्रत्यर्पण सन्धि नहीं है. साथ ही साथ, किसी अतिथि को शत्रुओं को सौंपना अफगानी संस्कृति के विपरीत है.

वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

देश के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि-मण्डल के साथ वियतनाम के राष्ट्रपति त्रान डुक लुआंग ने दिसम्बर 1999 के प्रथम सप्ताह में 5 दिन की भारत यात्रा की. किसी वियतनामी राष्ट्रपति की 41 वर्ष के पश्चात् यह पहली भारत यात्रा थी. इससे पूर्व 1958 में तत्कालीन उत्तर वियतनाम के राष्ट्रपति हो ची मिन्ह ने भारत की यात्रा की थी. 1 दिसम्बर को श्री लुआंग का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया.

दो दिन के दिल्ली प्रवास के पश्चात् श्री लुआंग दो दिन के लिए कलकत्ता भी गए. 3 दिसम्बर को कलकत्ता में अपने स्वागत समारोह में वियतनामी राष्ट्रपति ने कहा कि कलकत्ता व वियतनाम की संस्कृति में अनेक एकरूपताएं हैं. उन्होंने कहा कि वियतनामियों ने कलकत्ता के लोगों से बहुत कुछ सीखा है. कलकत्ता में उद्यमियों की सभा को सम्बोधित करते हुए श्री लुआंग ने उन्हें वियतनाम में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया. बाद में वह मुम्बई भी गए.

अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान वियतनामी राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति के. आर. नारायणन व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक बातचीत की. इस अवसर पर भारत व वियतनाम के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुए. इनमें द्विपक्षीय निवेश को बढ़ावा देने, वियतनाम को उदार शर्तों पर 60 करोड़ रुपए का ऋण दिए जाने, वियतनाम में भारत की सहायता से दो सॉफ्टवेयर केन्द्र स्थापित करने तथा दोनों देशों के बीच विदेश सेवा संस्थान स्तर पर सहयोग स्थापित करने से सम्बन्धित हैं.

संक्षिप्तकी

यूरोपीय सुरक्षा हेतु चार्टर–यूरोप की सुरक्षा के लिए एक चार्टर को गत 18–19 नवम्बर को इस्तांबुल में सम्पन्न 'यूरोप की सुरक्षा और सहयोग हेतु संगठन' (Organisation for Security and Coopera-tion in Europe–OSCE) के शिखर सम्मेलन में स्वीकार किया गया. ●●●

As you deserve the best, we present you the
SCIENCE COMPETITION VISION
(Monthly)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्या आप संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे हैं ?

तो

सटीक एवं बेहतर तैयारी के लिए प्रस्तुत हैं—

उ प का र

प्रैक्टिस

वर्क बुक



भारतीय इतिहास

मूल्य : 95/-



राजनीति विज्ञान

मूल्य : 85/-

- पूर्णतया पाठ्यक्रमानुसार
- नवीन पैटर्न पर आधारित
- पिछले 10 वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का समावेश
- कठिन प्रश्नों के व्याख्यात्मक उत्तर



अर्थशास्त्र

मूल्य : 90/-



भूगोल

मूल्य : 95/-

लेखकगण
सम्पादक मण्डल
प्रतियोगिता दर्पण
(हिन्दी मासिक)

स्व-दक्षता की जाँच हेतु अत्युपयोगी वर्क बुक

शीघ्र ही अपने निकटतम बुकसेलर से सम्पर्क करें अथवा
हमें 50.00 रु. का मनीऑर्डर भेजकर सीधे प्राप्त करें :

उपकार प्रकाशन 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 351250, 351002, 350002. फैक्स : (0562) 351251

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



नवम्बर 1999

14 टोलूस (फ्रांस) में वेल्स के रिचर्ड वॉघान को फाइनल में हराकर भारत के गोपीचन्द ने टोलूस ओपन बैडमिंटन का पुरुष एकल खिताब जीत लिया. इसके साथ ही भारत के राष्ट्रीय चैम्पियन गोपीचन्द ने सन् 2000 के सिडनी ओलम्पिक खेलों में भाग लेने की अर्हता भी प्राप्त कर ली.

– विश्व की नम्बर एक खिलाड़ी मार्टिना हिंगिस को फाइनल में हराकर अमरीका की लिंडसे डवेनपोर्ट ने फिलेडेल्फिया में सम्पन्न एडवांटा टेनिस चैम्पियनशिप का खिताब जीतने में सफलता प्राप्त की.

15 सलगावकर क्लब (गोआ) ने गोआ के ही चर्चिल ब्रदर्स को फाइनल में 1-0 से हराकर मुम्बई में सम्पन्न रोवर्स कप फुटबाल टूर्नामेन्ट जीत लिया.

– मॉस्को में सम्पन्न क्रेमलिन कप टेनिस का सिरमौर रूस के येवगेनी केफिलनिकोव ने फाइनल में जिम्बाब्वे के बायरन ब्लैक को हराकर लगातार तीसरी बार जीत लिया.

16 नगोया (जापान) में रूस को फाइनल में हराकर क्यूबा ने महिलाओं की विश्व कप वॉलीबाल चैम्पियनशिप लगातार चौथी बार जीतने में सफलता प्राप्त की.

17 न्यूजीलैण्ड के विरुद्ध पाँच एक दिवसीय मैचों की शृंखला का अन्तिम मैच नई दिल्ली में 7 विकेट से जीतकर भारत ने पेप्सी कप क्रिकेट शृंखला 3-2 से जीत ली. मैन ऑफ द मैच व 'मैन ऑफ द सीरिज' के रूप में सौरभ गांगुली को पुरस्कृत किया गया.

21 फिलीपीन्स में बैकोलोड (Bacolod) मे चीनी ताइपै को 3-0 से फाइनल में हराकर चीन ने एशियाई महिला फुटबाल का खिताब अपने पास बरकरार रखा.

– कुआलालम्पुर में सम्पन्न विश्व कप गोल्फ प्रतियोगिता अमरीका ने जीती. दूसरा स्थान स्पेन का रहा. इसी प्रतियोगिता में विश्व के नम्बर एक खिलाड़ी अमरीका के टाइगर वुड्स ने वर्ष का अपना 10वाँ व्यक्तिगत खिताब जीता.

शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

विभिन्न खेल वर्गों के 11 चुनींदा खिलाड़ियों को वियना में गत 19 नवम्बर को शताब्दी के विश्व खेल पुरस्कारों के तहत सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में पुरस्कृत किया गया.

फुटबाल–पेले (ब्राजील)

मोटर स्पोर्ट्स–एलेन प्रोस्ट (Alain Prost), फ्रांस, फार्मूला वन रेसर

बाल गेम्स–

महिला–स्टेफी ग्राफ (जर्मनी)

पुरुष–माइकल जॉर्डन (अमरीका), बास्केटबॉलर

एथलेटिक्स–

महिला–नाडिया कोमनेसी (रूमानिया), जिमनास्ट

पुरुष–कार्ल लेविस (अमरीका)

वाटर स्पोर्ट्स–

महिला–डॉन फ्रेजर (आस्ट्रेलिया)

पुरुष–मार्क स्पिट्ज (अमरीका)

विंटर स्पोर्ट्स–

महिला–एनीमैरी मोसर-प्रोएल (ऑस्ट्रिया)

पुरुष–जीन क्लाउड किली (फ्रांस)

कॉन्टैक्ट स्पोर्ट्स–मोहम्मद अली (अमरीका), मुक्केबाज.

इन पुरस्कारों के लिए खिलाड़ियों को चुनने वाली 11 सदस्यीय ज्यूरी में अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (IOC) के अध्यक्ष जुआन एंटोनियो समारांच, फीफा (FIFA) अध्यक्ष सेप ब्लाटर, मोटर रेसिंग के प्रमुख मैक्स मोसली व मोरक्को के प्रिंस अल्बर्ट शामिल थे.

– हार्टफोर्ड में भारत के लिएंडर पेस व महेश भूपति की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को फाइनल में हराकर कनाडा के सेबेस्टियन लारियु व अमरीका के एलेक्स ओर ब्रायन की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने विश्व युगल टेनिस चैम्पियनशिप जीत ली.

– विश्व की नम्बर एक खिलाड़ी एवं निवर्तमान चैम्पियन मार्टिना हिंगिस को फाइनल में हराकर अमरीका की दूसरी वरीयता प्राप्त लिंडसे डवेनपोर्ट ने वर्ष की अन्तिम चेस टेनिस प्रतियोगिता न्यूयॉर्क में जीत ली.

22 एडम गिलक्रिस्ट (149*) व जस्टिन लेंगर (127) की छठे विकेट की 238 रन की रिकॉर्ड साझेदारी के बल पर पाकिस्तान के विरुद्ध तीन टेस्ट मैचों की शृंखला का होबार्ट में सम्पन्न दूसरा मैच भी जीतकर आस्ट्रेलिया ने इस शृंखला में 2-0 से निर्णायक बढ़त प्राप्त कर ली.

23 पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद) में वेस्टइंडीज 'ए' टीम के साथ ऋषिकेश कानितकर के नेतृत्व वाली भारत 'ए' टीम का पहला टेस्ट मैच अनिर्णीत समाप्त हो गया.

24 सीमा सुरक्षा बल को फाइनल में हराकर पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक ने नई दिल्ली में सम्पन्न 36वें नेहरू कप हॉकी टूर्नामेन्ट का खिताब जीत लिया.

शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ एथलीट

विभिन्न ओलम्पिक खेलों में 9 स्वर्ण पदक जीतने वाले अमरीका के कार्ल लेविस व 1948 के लंदन ओलम्पिक्स में चार स्वर्ण पदक जीतने वाली नीदरलैण्ड्स की फैनी ब्लैंकर्स कोएन को अन्तर्राष्ट्रीय अमेट्युर एथलेटिक्स महासंघ (IAAF) ने शताब्दी के क्रमशः सर्वश्रेष्ठ पुरुष एवं महिला एथलीट के रूप में पुरस्कृत किया है.

पुरुष एवं महिला वर्ग में वर्ष 1999 के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के रूप में अमरीका के माइकल जॉनसन व रोमानिया की गैब्रिएला साबो को पुरस्कृत किया गया है.

– भारत की कुंजरानी देवी एथेंस में विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 48 किग्रा वजन वर्ग में क्लीन एण्ड जर्क में रजत पदक जीतने में सफल रहीं. 63 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक विजेता के बराबर ही वजन उठाने के बावजूद अपना वजन अधिक होने के कारण कर्णम मल्लेश्वरी पाँचवें स्थान पर रहकर पदक से वंचित रहीं.

सेना के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की एयर वाइस मार्शल जसवंत सिंह ट्रॉफी

भारत के जाने-माने एथलीट अनिल कुमार को वर्ष 1998-99 का सेना के तीनों अंगों का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया है. इसकी प्रतीक एयर वाइस मार्शल जसवंत सिंह ट्रॉफी श्री अनिल कुमार को गत 24 नवम्बर को नई दिल्ली में थलसेना अध्यक्ष जनरल वी. पी. मलिक ने एक समारोह में प्रदान की.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

26 नई दिल्ली में तीसरे एशिया कप टेनिस के सेमीफाइनल में भारत को पराजित करके पहली बार भाग ले रहे जापान ने फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया. एशिया कप टेनिस के पिछले दोनों आयोजनों में भारत इस टूर्नामेन्ट का विजेता रहा है.

– कलकत्ता में टॉलीगंज अग्रगामी को 1-0 से हराकर मोहन बागान ने 105वें आई एफ ए शील्ड फुटबाल टूर्नामेन्ट का खिताब 20वीं बार जीतने में सफलता प्राप्त की.

27 कुआलालम्पुर में एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के एक सेमीफाइनल मुकाबले में भारत को पराजित करके द. कोरिया ने फाइनल में स्थान प्राप्त कर लिया. दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने मेजबान मलेशिया को पराजित किया.

– नई दिल्ली के आर. के. खन्ना स्टेडियम पर जापान को फाइनल में 2-0 से हराकर उजबेकिस्तान ने महानगर टेलीफोन निगम लि. द्वारा प्रायोजित तीसरा एशिया कप टेनिस टूर्नामेन्ट जीत लिया. 84 हजार डॉलर की इनामी राशि वाले इस टूर्नामेन्ट में भारत का तीसरा स्थान रहा.

28 कुआलालम्पुर में पाकिस्तान को फाइनल में पराजित करके द. कोरिया ने एशिया कप हॉकी टूर्नामेन्ट का खिताब जीत लिया. भारत का 9 देशों के इस टूर्नामेन्ट में तीसरा स्थान रहा. टूर्नामेन्ट की फेयर प्ले ट्रॉफी पाकिस्तान को प्रदान की गई. पाकिस्तान के सुहेल अब्बास ने इस टूर्नामेन्ट में सर्वाधिक 16 गोल किए.

– नई दिल्ली में सम्पन्न होंडा-सिएल गोल्फ चैम्पियनशिप का खिताब लखनऊ के विजय कुमार ने जीतने में सफलता प्राप्त की. इस खिताब के लिए उन्हें 4,53,600 रुपए की इनामी राशि के साथ-साथ होंडा सिटी कार भी प्रदान की गई. अर्जुन सिंह का इसमें दूसरा स्थान रहा.

– पर्थ (आस्ट्रेलिया) में पाकिस्तान के विरुद्ध तीन टेस्ट मैचों की शृंखला का तीसरा व अन्तिम मैच पारी व 20 रन से जीतकर आस्ट्रेलिया ने यह टेस्ट शृंखला 3-0 से जीत ली.

– हनोवर में आन्द्रे अगासी को फाइनल में हराकर अमरीका के पीट सम्प्रास ने एटीपी टूर विश्व टेनिस चैम्पियनशिप का खिताब जीतने में सफलता प्राप्त की.

30 हरारे में जिम्बाब्वे को 3 टेस्ट मैचों की शृंखला के दूसरे मैच में 6 विकेट से हराकर श्रीलंका ने इस शृंखला में 1-0 से बढ़त प्राप्त कर ली.

सियोल में सन् 2000 फुटबाल विश्व कप के शुभंकर का उद्घाटन किया गया.

अन्तरिक्ष में किसी अन्य ग्रह के तीन काल्पनिकवासियों (Aliens) को सन् 2002 में जापान व द. कोरिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले विश्व कप फुटबाल टूर्नामेन्ट का शुभंकर बनाया गया है. इन्हें एटमोस् (Atmos) नाम दिया गया है.

दिसम्बर 1999

2 संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी आबू धाबी में श्रीलंका ए टीम ने अपने दूसरे मैच में पाकिस्तान ए को हराकर तीन देशों का आबू धाबी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेन्ट जीत लिया. इस टूर्नामेन्ट के अपने पहले मैच में श्रीलंका ने भारत ए को पराजित किया था.

4 गोआ के सलगावकर क्लब ने नई दिल्ली में ईस्ट बंगाल को फाइनल में टाई ब्रेकर में 3-2 से हराकर फुटबाल का प्रतिष्ठित डूरंड कप पहली बार जीतने में सफलता प्राप्त की.

– ब्रिटेन के जेमी डेलगाडो को फाइनल में हराकर भारत के लिएंडर पेस ने नई दिल्ली में सम्पन्न बीपीएल एटीपी चैलेंजर टेनिस का एकल खिताब जीत लिया.

5 फ्रांस में नीस में मेजबान फ्रांस को फाइनल में 3-2 से हराकर आस्ट्रेलिया ने डेविस कप टेनिस टूर्नामेन्ट जीत लिया.

6 दिल्ली में मोहन बागान को हराकर सलगावकर क्लब ने फुटबाल का सुपर कप जीत लिया.

7 नई दिल्ली में महिलाओं के चौथे एशिया कप हॉकी टूर्नामेन्ट में अपने अन्तिम लीग मैच में द. कोरिया को अप्रत्याशित रूप से 3–2 से हराकर भारत ने इस टूर्नामेन्ट के फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया.

– नई दिल्ली में इण्डियन ऑइल सर्वो एशियाई सैटेलाइट अन्तर्राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष व महिला एकल खिताब भारत के क्रमशः पी. गोपीचन्द व बी. आर. मीनाक्षी ने जीते.

9 श्रीलंका व जिम्बाब्वे के बीच तीन टेस्ट मैचों की शृंखला का अन्तिम मैच हरारे में अनिर्णीत रहने से श्रीलंका ने यह शृंखला 1-0 से जीत ली. श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज रसेल आर्नोल्ड ने इस मैच की पहली पारी में 106 रन बनाए तथा वह अन्त तक आउट नहीं हुए.

10 मुम्बई में समाप्त हुई 54वीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में पुलिस ने ओवर ऑल चैम्पियनशिप जीती. पुरुष व महिला वर्ग की टीम चैम्पियनशिप क्रमशः पुलिस व कर्नाटक ने जीती, जबकि इन वर्गों की व्यक्तिगत चैम्पियनशिप क्रमशः कैलाश नाथ व रिचा मिश्रा (दोनों पुलिस) ने जीतीं.

– नई दिल्ली में हीरो होंडा चौथी महिला एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप द. कोरिया ने फाइनल में भारत को गोल्डन गोल से हराकर जीत ली. निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 से बराबर थीं. इस विजय से द. कोरिया को सन् 2002 के अर्जेन्टीना में होने वाले विश्व कप में सीधे ही प्रवेश प्राप्त हो गया.

12 सेना ने पुणे में राजस्थान को फाइनल में हराकर 28वीं सीनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया.

– हैदराबाद में दिल्ली की फॉर्मिडेबल्स टीम को फाइनल में हराकर इंडिया ब्ल्यूज ने ब्रिज की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की रुइया ट्रॉफी जीत ली.

– ग्रानडा (Granada) में भारत 'ए' व वेस्टइंडीज 'ए' के बीच तीसरा मैच वर्षा के कारण अधूरा ही रद्द कर दिए जाने पर वेस्टइंडीज 'ए' ने तीन एकदिवसीय क्रिकेट मैचों की यह शृंखला 1-0 से जीत ली. इस शृंखला का पहला मैच बारबादोस में वेस्टइंडीज 'ए' ने जीता था, जबकि वर्षा के कारण दूसर मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी.

– तीन बार के हैवीवेट मुक्केबाजी के विश्व चैम्पियन मोहम्मद अली को बीबीसी ने एक मत सर्वेक्षण के आधार पर शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में लन्दन में पुरस्कृत किया. 57 वर्षीय अमरीकी मुक्केबाज मोहम्मद अली को अमरीकी खेल पत्रिका 'स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड' ने भी शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में इससे पूर्व पुरस्कृत किया है.

13 बुलावायो में जिम्बाब्वे के विरुद्ध शृंखला का दूसरा एकदिवसीय क्रिकेट मैच श्रीलंका ने 13 रन से जीत लिया. एक दिन पूर्व इस शृंखला का पहला मैच वर्षा के कारण रद्द कर दिया गया था.

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य

- विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) का मंत्रिस्तरीय सम्मेलन बिना किसी निर्णय के कहाँ सम्पन्न हुआ? – सिएटल (अमरीका)
- स्टेनलैस स्टील से निर्मित देश के रेलगाड़ी के पहले कोच का निर्माण कहाँ हुआ है? – इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, पेराम्बूर
- अमरीकी पत्रिका 'फार्चून' (Fortune) ने किस उद्यमी को 'बिजनेस मैन ऑफ द सेंचुरी' घोषित किया है? – 'ऑटोमोबाइल क्षेत्र में क्रान्ति लाने वाले हेनरी फोर्ड'
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? – 'न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा'
- आन्ध्र प्रदेश विधान सभा में पहली महिला अध्यक्ष कौन बनी हैं? – श्रीमती प्रतिभा भारती
- सन् 2000 में सिडनी में होने वाली ओलम्पिक खेलों की आयोजन समिति के अध्यक्ष कौन हैं. – माइकल नाइट
- पाकिस्तान की सैन्य सरकार ने अमरीका में अपना राजदूत किसे नियुक्त किया है? – मलीहा लोधी
- केन्द्र सरकार ने देश का नया महाधिवक्ता किसे नियुक्त किया है? – हरीश साल्वे
- भारत-यात्रा करने वाले ब्रिटेन के उपप्रधानमंत्री कौन हैं? – जॉन प्रेसकाट
- पश्चिम बंगाल राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री किसे नियुक्त किया गया है? – बुद्धदेव भट्टाचार्य
- वर्तमान में योजना आयोग के सचिव कौन हैं? – एन. सी. सक्सैना
- भारत सरकार का प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार किसे नियुक्त किया गया है? – डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
- भारत में रूस का नया राजदूत किसे नियुक्त किया गया है? – अलेक्जेंडर कडाकिन
- ग्रासिम मिस्टर इंटरनेशनल—1999 का खिताब किसने प्राप्त किया है? – नादिर (वेनेजुएला)
- शान्ति, निःशस्त्रीकरण तथा विकास के लिए वर्ष 1999 के इन्दिरा गांधी पुरस्कार से किसे सम्मानित करने की घोषणा की गई है? – कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन्
- भारत का 31वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 10–20 जनवरी, 2000 तक कहाँ सम्पन्न होगा? – नई दिल्ली
- भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के स्वर्ण जयन्ती समारोह 26 नवम्बर को राष्ट्रीय विधि दिवस से शुरू हो गए हैं, इनका समापन कब होगा? – 28 जनवरी, 2000
- इस वर्ष के ऑस्कर पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म की श्रेणी में भारत की किस फिल्म का आधिकारिक तौर पर मनोनयन किया गया है? – 1947 : अर्थ (दीपा मेहता की)
- वर्ष 1998-99 के लिए सेना के तीनों अंगों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में किसे पुरस्कृत किया गया है? – नायब सूबेदार अनिल कुमार
- उत्तर प्रदेश सरकार ने एक सदस्यीय विधि आयोग का अध्यक्ष किसे बनाया है? – न्यायमूर्ति कैलाश नाथ गोयल
- उड़ीसा के भीषण तूफान से प्रभावित किस जिले को मध्य प्रदेश सरकार ने गोद लिया है? – जाजपुर
- गहरे समुद्र में सर्वेक्षण और रक्षा कार्यों में मदद के लिए गोआ शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित किस हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण नौका का जलावतरण किया गया है? – सर्वेक्षक
- रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस ने देश के सुरक्षा बजट को अपर्याप्त बताते हुए इसे सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का कितने प्रतिशत करने की माँग की है? – तीन प्रतिशत
- विश्व में सर्वाधिक सृजनशील फिल्मों के निर्माण के लिए किस भारतीय फिल्म निर्माता का नाम गिनीज बुक में दर्ज किया जाएगा? – तेलगू फिल्म निर्माता डी. रामानायडू
- नवीनतम प्रकाशित पुस्तक 'ए सीजन ऑफ घोस्ट्स' के लेखक कौन हैं? – रस्किन बाण्ड
- वियना स्टेट ओपेरा में हुए विश्व पुरस्कार समारोह में शताब्दी का महानतम् मुक्केबाज किसे घोषित किया गया है? – मोहम्मद अली
- उत्तर प्रदेश का कौनसा स्थान एक महिला के सती होने के कारण चर्चित रहा है? – सतपुरवा (महोबा जिला)
- नेहरू एण्ड हिज विजन (Nehru and his vision) नामक प्रकाशित पुस्तक के लेखक कौन हैं? – राष्ट्रपति के. आर. नारायणन
- किस भारतीय बैंक ने 19 नवम्बर, 1999 से स्वर्ण जमा योजना (Gold Deposit scheme) प्रारम्भ की है? – स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI)
- किस विश्वव्यापी प्रोग्राम की स्थापना चार्ल्स वी. वांग द्वारा बच्चों में जन्म के समय उत्पन्न विकारों को चिकित्सकों द्वारा दूर करने के लिए की गई है? – स्माइल ट्रेन (Smile Train)
- आई.ए.ए.एफ. ने इस शताब्दी के क्रमशः सर्वश्रेष्ठ पुरुष व महिला एथलीट के रूप में किसे सम्मानित किया गया है? – कार्ल लेविस (अमरीका) व फैनी ब्लैंकर्स कोएन (नीदरलैण्ड्स)
- क्रिकेट के 1998-99 को सत्र में टेस्ट मैचों व एकदिवसीय मैचों में शानदार प्रदर्शन के लिए किसे 'कैस्ट्रॉल क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया है? – राहुल द्रविड़

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

- किन देशों में अपने देश की मुद्रा के साथ-साथ यूरो भी 1 जन. 2002 तक चलेगी? – जर्मनी, फ्रांस और इटली
- 'यूरो' का प्रतीक चिह्न क्या है? – '€'
- एक 'यूरो' की कीमत कितने भारतीय रुपए के बराबर है? – 49·68 रुपए
- राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार इस समय देश में कितने बाल मजदूर हैं? – एक करोड़ 81 लाख 70 हजार के लगभग
- बहुचर्चित फिल्म 'एलिजाबेथ' के निर्देशक कौन हैं? – शेखर कपूर
- नीलिमा अजीम किस शास्त्रीय नृत्य से सम्बन्धित हैं? – कथक
- भारत के किस पूर्व मुख्य न्यायाधीश को रवांडा नरसंहार की जाँच करने वाली समिति का सदस्य बनाया गया है? – पी.एन. भगवती
- 'जय विज्ञान' का नारा किसने दिया? – श्री अटल बिहारी वाजपेयी
- किस भारतीय इंजीनियर के नाम पर अमरीकी मेट्रो स्टेशन का नाम रखा गया है? – जगदीश शाह
- किस देश ने चीन, भारत और रूस के बीच रणनीतिक त्रिकोण की स्थापना का अनौपचारिक प्रस्ताव रखा? – रूस
- देबू चौधरी किस वाद्ययंत्र से सम्बन्धित हैं? – सितार वादन
- पेट्रोलियम और सम्बन्धित उद्योगों का द्विवार्षिक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन पैट्रोटेक-99 कहाँ शुरू हुआ? – नई दिल्ली
- वर्ष 1999 के गणतंत्र दिवस के प्रमुख अतिथि कौन थे? – नेपाल नरेश वीरेन्द्र वीर विक्रम शाह
- भारत-नेपाल के बीच वर्ष 1991 में हुई पारगमन सन्धि की अवधि कितने वर्षों तक के लिए बढ़ा दी गई है? – 2006 ई.
- इराक में संयुक्त राष्ट्र के मुख्य हथियार निरीक्षक कौन थे? – रिचर्ड बटलर
- भारत के मशहूर इस्लामी विद्वान् मौलाना अब्दुल हसन अली नदवी को दुबई के किस सर्वश्रेष्ठ सम्मान से नवाजा गया है? – सर्वश्रेष्ठ इस्लामी सम्मान 98
- नवीं पंचवर्षीय योजना में कितने प्रतिशत वार्षिक आर्थिक विकास का लक्ष्य रखा गया है? – 6·5 प्रतिशत
- 13 अप्रैल, 1998 को पवित्र सरकार आयोग का गठन प्राथमिक कक्षाओं में किस कक्षा से अंग्रेजी भाषा पढ़ाने हेतु किया जाए, का गठन किस राज्य में किया गया था? – पश्चिम बंगाल
- प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव का आयोजन कहाँ किया गया? – जयपुर
- संयुक्त राष्ट्र संघ के नए तीन सदस्य कौन राष्ट्र बने हैं? – किरिबाती, नॉरू, टोंगा
- ईसाई धर्म प्रचारक स्टूवर्ट स्टेन भारत में किस संस्था की ओर से आदिवासी और पिछड़े इलाके में विकास का काम चला रहे थे? – इवैंजिकल मिशनरी सोसायटी ऑफ मयूरभंज
- विश्व का सबसे अधिक प्रदूषित शहर कौनसा है? – मैक्सिको
- किस देश के प्रशासन को प्रदूषण से निपटने के लिए 'स्माग इमरजेंसी' (धुआँ-कोहरा) की घोषणा करनी पड़ी है? – मैक्सिको
- प्रसिद्ध क्रिकेटर अनिल कुम्बले ने एक पारी में 10 विकेट लेकर किस खिलाड़ी के रिकॉर्ड की बराबरी की? – जिम लेकर
- पश्चिम एशिया में शान्ति स्थापित करने के प्रयासों में अहम् भूमिका निभाने वाले किस शासक का निधन हो गया? – शाह हुसैन
- 'मिलेनियम बग' किससे सम्बन्धित है? – कम्प्यूटर
- अफीम का उत्पादन सर्वाधिक किस देश में होता है? – भारत
- पाँचवाँ अन्तर्राष्ट्रीय शिशु रोग विशेषज्ञ सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया? – जयपुर
- सर्वाधिक मानव विकास सूचकांक किस राज्य को प्राप्त है? – केरल (62·77)
- दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य कौन है? – उत्तर प्रदेश
- वर्ष 1998 का सरस्वती सम्मान किसे प्रदान किया गया है? – शंख घोष ('गंधर्व कविता गुच्छ' के लिए)
- योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद पर किसे नियुक्त किया है? – कृष्णचन्द्र पंत
- किस विश्व प्रसिद्ध मन्दिरों की सहस्त्राब्दी समारोह मनाया गया? – खजुराहो
- दुनिया के किस महान् मुक्केबाज को जेल की सजा भुगतनी पड़ी है? – माइक टाइसन
- वेबसाइट 'नेट एक्सप्रेस' का नया नाम क्या है? – एक्सप्रेस इण्डिया डाट काम
- वर्ष 1997-98 का प्रतिष्ठित पुरस्कार 'उस्ताद हाफिज अली खाँ स्मृति' पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है? – गायिका किशोरी अमोनकर, ध्रुपद उस्ताद रहीम फहिमुद्दीन डागर व तबला वादक शंकर घोष
- देश में कुल कितने सेंट्रल जेल हैं? – 85 सेंट्रल जेल
- भारतीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष कौन हैं? – के. पी. एस. गिल
- कितने वर्षों के बाद भारत ने एशियाई खेलों में हॉकी का स्वर्ण पदक जीता? – 32 वर्षों बाद
- 'पथ की खोज' नामक उपन्यास के लेखक कौन हैं? – डॉ. देवराज
- हिन्दी साहित्य का प्रथम व अन्तिम अस्तित्ववादी उपन्यास 'अजय की डायरी' के लेखक कौन हैं? – डॉ. देवराज
- जनवरी माह में केन्द्र सरकार ने चीनी का आयात शुल्क 5% से बढ़ाकर कितना कर दिया? – 20 प्रतिशत
- चुनाव खर्च के प्रावधान के विषय में गठित सर्वदलीय समिति के अध्यक्ष कौन थे? – इन्द्रजीत गुप्त
- सर्वदलीय समिति ने कितने करोड़ रुपए के पृथक् चुनाव कोष स्थापित करने की सिफारिश की? – 600 करोड़
- 5वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन कहाँ किया गया? – इम्फाल (मणिपुर)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

- देश का पहला अत्याधुनिक हवाई यातायात परिसर कहाँ पर शुरू किया गया? – नई दिल्ली
- बहुचर्चित अंजना मिश्र बलात्कार काण्ड की जाँच के लिए गठित आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया? – न्यायमूर्ति पी. के. मिश्र
- सिनेमा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए भारत सरकार की ओर से शुरू किया गया आजीवन उपलब्धियों का प्रथम पुरस्कार किसे प्रदान किया गया? – बर्नार्दो बर्तोलुसी (इटली)
- अमरीकी राष्ट्रपति क्लिंटन अमरीकी इतिहास के दूसरे राष्ट्रपति हैं जिन्हें हटाने के लिए महाभियोग मंजूर हुआ. प्रथम राष्ट्रपति कौन थे जिन पर इस तरह का मुकदमा चला? – एंड्रयू जैक्सन (1868 ई. में)
- भारतीय साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाने वाला 34वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया– – गिरीश कर्नाड
- ज्ञानपीठ पुरस्कार में कितने रुपए की धनराशि पुरस्कारस्वरूप प्रदान की जाती है? – 5 लाख रुपए
- विश्व का सबसे महँगा शहर कौनसा है? – हांगकांग
- जी-15 देशों का शिखर सम्मेलन कहाँ हुआ? – माँटेगो बे
- इम्फाल में हुए राष्ट्रीय खेलों का पहला स्वर्ण पदक किस राज्य ने जीता? – कर्नाटक (तलवारबाजी)
- मध्य प्रदेश शासन का 1998 का शिखर सम्मान किसे प्रदान किया गया? – विष्णु खरे
- किस राज्य में सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई? – उत्तर प्रदेश
- अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान की ऐतिहासिक बस यात्रा किस तिथि को शुरू की? – 20 फरवरी, 1999
- पाँचवें राष्ट्रीय खेलों में ओवरऑल चैम्पियन किस राज्य को घोषित किया गया? – मणिपुर
- राष्ट्रीय खेलों में पदक तालिका में सबसे ऊपर कौनसा राज्य रहा? – केरल (52 स्वर्ण, 34 रजत, 22 कांस्य)
- राष्ट्रीय खेलों में 'सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी' बनने का गौरव किसे प्राप्त हुआ? – निशा मिलेट (कर्नाटक) (14 स्वर्ण, 1 रजत)
- राष्ट्रीय खेलों में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का खिताब किसे प्राप्त हुआ? – सेबस्टियन जेवियर (केरल तैराक) (7 स्वर्ण, 1 रजत प्राप्त)
- छठे राष्ट्रीय खेलों का आयोजन कहाँ किया जाएगा? – लुधियाना
- उत्तर प्रदेश राज्य ने किस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा प्रदान किया है? – पर्यटन
- समूह-8 देशों का शिखर सम्मेलन कहाँ सम्पन्न हुआ? – बांग्लादेश
- समूह-8 देशों का गठन कहाँ हुआ? – 1997, इस्तांबुल
- आठ विकासशील मुस्लिम देशों के समूह में कौन-कौन से देश हैं? – बांग्लादेश, मिस्र, ईरान, इण्डोनेशिया, मलेशिया, पाकिस्तान, टर्की और नाइजीरिया
- वर्ष 1999-2000 के बजट में बेसहारा वृद्धों के लिए किस नई योजना की शुरूआत हुई है? – अन्नपूर्णा योजना
- वर्ष 1999-2000 के बजट में पंचायतों को बड़ी भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए किस योजना की शुरूआत की है? – स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त कबीर सम्मान किसे प्रदान किया गया? – डॉ. के. अयप्पा, शीतांशु, यशचन्द्र तथा शंकर घोष को (तीनों कवि)
- पत्रकारिता का पी.यू.सी.एल. पुरस्कार किसे प्रदान किया गया? – के. आर. मीरा और ज्योति पुनवानी
- महावीर फाउण्डेशन द्वारा सत्य-अहिंसा और शाकाहार को बढ़ावा देने के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाने वाला महावीर पुरस्कार किसे प्रदान किया गया? – मेनका गांधी
- अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस किस तिथि को मनाया जाता है? – 8 मार्च
- फ्रांस के डोविल शहर में आयोजित प्रथम एशियाई फिल्म समारोह में किस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से नवाजा गया? – अर्थ (दीपा मेहता)
- ज्ञानपीठ सम्मान से सम्मानित मराठी साहित्यकार 'कुसुमाग्रज' का असली नाम क्या था? – विष्णु वामन शिरवाडकर
- मंजू कपूर को सर्वश्रेष्ठ प्रथम प्रकाशित पुस्तक के लिए किस पुरस्कार से नवाजा गया है? – राष्ट्रकुल पुरस्कार
- आस्ट्रेलियाई मिशनरी ग्राह्म स्टूवर्ट (मरणोपरान्त) को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? – राष्ट्रीय एकता
- 'केझीनली' पौधा किस बीमारी के लिए अचूक दवा सिद्ध हुआ है? – हैपेटाइटिस-बी
- सन् 2002 का विश्व कप फुटबाल मैच का आयोजन कहाँ किया जाएगा? – जापान-दक्षिण कोरिया (संयुक्त रूप से)
- पुरुषों का विश्व कप हॉकी टूर्नामेन्ट 2002 में मेजबानी कौन देश करेगा? – मलेशिया
- विश्व कप क्रिकेट का पहला मैच भारत का किस देश के साथ हुआ था? – दक्षिण अफ्रीका
- यहूदी मेनुहिन को किस वाद्ययंत्र को बजाने में महारथ हासिल था? – वायलिन
- हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम किस स्थान पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का औद्योगिक शहर विकसित कर रहा है? – मनेसर (गुड़गाँव के पास)
- विश्व कप 1999 की यादगार में पदकनुमा यादगार सिक्का जारी किया गया जिसमें एक तरफ सचिन तेंदुलकर का चेहरा है तथा दूसरी तरफ स्पोर्ट इण्डिया 99 ढला हुआ है. यह सिक्का किस बैंक ने जारी किया है? – कॉर्पोरेशन बैंक और सोसाइटी जनरल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

- आनन्द शंकर, जिनका निधन हो गया, किससे सम्बन्धित थे? – संगीतकार
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए सरकार ने किस संस्था का गठन किया है? – राष्ट्रीय खेल विकास कोष
- राष्ट्रीय हॉकी की प्रतिष्ठा का प्रतीक रंगास्वामी कप किसने जीता? – इण्डियन एयर लाइन्स
- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग का उपाध्यक्ष किसे चुना गया है? – पी. एन. भगवती
- 'लोक जुम्बिश योजना' शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए किस राज्य में चलाई जा रही है? – राजस्थान
- 'गौरी' और 'शाहीन' किस देश की मिसाइल हैं? – पाकिस्तान
- किस फिल्म को इस वर्ष सात ऑस्कर पुरस्कार मिले? – 'शेक्सपियर इन लव'
- भारत-पाक सांसदों का दूसरा सम्मेलन कहाँ पर आयोजित हुआ? – नई दिल्ली
- वर्ष 1998 का राष्ट्रीय पर्यावरण पुरस्कार किसे प्रदान किया गया? – तरुण भारत संघ
- स्पोर्ट्स चैनल का प्रारम्भ किस तिथि को किया गया? – 18 मार्च
- लक्स जी सिने अवार्ड समारोह में किस फिल्म को सर्वाधिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया? – 'कुछ कुछ होता है' नौ पुरस्कार
- 'इण्डिका' नामक कार किस कम्पनी ने बाजार में लांच की है? – टाटा कम्पनी
- विश्व उपभोक्ता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है? – 15 मार्च
- बहुचर्चित 'दीघाभूमि' विवाद किस राज्य से सम्बन्धित है? – बिहार
- राजस्थान में प्रथम पवन बिजलीघर कहाँ लगाया जा रहा है? – अमर सागर (जैसलमेर)
- भारत के किस फिल्म अभिनेता ने क्षेत्रीय शान्ति मिशन को बढ़ावा देने के लिए श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और पाकिस्तान की यात्रा की? – सुनील दत्त
- लुप्तप्राय किस प्राचीन नदी को ढूँढ़ने के लिए 'इसरो' के वैज्ञानिक भी जुटे हुए हैं? – सरस्वती नदी
- किस प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायक की स्मृति में 'अमृत उत्सव' का आयोजन किया गया? – कुमार गंधर्व
- 13 अप्रैल, 1999 को दल खालसा ने अपने कितने वर्ष पूरे किए? – 300 वर्ष
- बाबा नागार्जुन की स्मृति में शुरू किया गया पहला 'नागार्जुन सम्मान' किसको प्रदान किया गया? – आलोक धन्वा
- इण्डियन न्यूजपेपर्स एसोसिएशन ने अपने स्थापना की कौनसी जयंती मनाई? – हीरक जयंती
- शारजाह में आयोजित तीन देशों की क्रिकेट प्रतियोगिता में 'कोका कोला कप' किस देश ने जीता? – पाकिस्तान
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन प्रयोगशाला द्वारा विकसित चालक रहित विमान का क्या नाम है? – निशांत
- कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रान्त में किस भारतीय महिला को वरिष्ठ न्यायाधीश नियुक्त किया गया है? – हरबंश ढिल्लन
- टोरंटो विश्वविद्यालय ने भारत के प्रख्यात शास्त्रीय गायक पंडित जसराज को किस सम्मान से सम्मानित किया है? – विशिष्ट आगंतुक पुरस्कार
- भीम पुरस्कार किस क्षेत्र से सम्बन्धित है? – खेल
- मशहूर नृत्यांगना कलामंडलम् कल्याणी कुट्टी किस शास्त्रीय नृत्य से सम्बन्धित थीं? – मोहिनी अट्टम
- 'इण्डियन ओसन रिम एसोसिएशन फॉर रीजनल कॉपरेशन' (आई.ओ.आर.ए.आर.सी.) की बैठक कहाँ हुई? – मपूतो (मोजाम्बिक)
- मणिसाना आयोग का गठन किस हेतु किया गया था? – पत्रकारों के वेतन
- राजस्थान में राज्य महिला आयोग का गठन किया गया है. इसका अध्यक्ष किसको बनाया गया है? – कांता खतूरिया
- वर्ष 1998 का बी. डी. गोयनका पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है? – एच. के. दुआ
- नर्मदा नदी का उद्गम स्रोत क्या है, जो सूखने के कगार पर पहुँच गया है? – अमरकंटक
- 'विश्व कप क्रिकेट' किस क्रिकेट खेल कमेंट्रेटर की पुस्तक है? – रवि चतुर्वेदी
- देश के पहले राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियन कौन थे, जिनका हाल ही में निधन हो गया? – रामचन्द्र सप्रे
- भारत किस नई अन्तरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जिसकी मारक क्षमता 5 हजार किलोमीटर तक होगी, कर रहा है? – सूर्या
- सन् 2002 में सार्क शिखर सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया जाएगा? – भूटान
- देश का पहला आध्यात्मिक विश्वविद्यालय कहाँ खुलेगा? – हरिद्वार
- पौराणिक उपन्यासों के चर्चित लेखक मनु शर्मा के किस नए उपन्यास का लोकार्पण किया? – कृष्ण की आत्मकथा
- हिमालय की सबसे ऊँची चोटी पर चढ़ने वाला सबसे कम उम्र (15 वर्ष) के किस बालक को महज 100 मीटर नीचे से आना पड़ा? – आरविन तिमिलसिन (नेपाल)
- कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन की ग्यारहवीं वार्षिक बैठक कहाँ सम्पन्न हुई? – माल्टा
- दिल्ली सरकार ने किन दो भाषाओं को दूसरी भाषा का दर्जा दिया है? – पंजाबी तथा उर्दू
- डुसेलडर्फ (जर्मनी) में आयोजित विश्व टीम कप टेनिस चैम्पियनशिप किस देश ने जीता? – आस्ट्रेलिया
- 'ऑपरेशन फ्लश आउट' अभियान किसलिए चलाया गया? – पाक घुसपैठियों को बाहर खदेड़ने के लिए
- चीन द्वारा विदेशियों को दिए जाने वाला प्रतिष्ठित 'चीनी मित्रता पुरस्कार' गेहूँ की उपज में उल्लेखनीय योगदान के लिए किस भारतीय वैज्ञानिक को प्रदान किया है? – संजय राजाराम
- पाकिस्तानी सरकार ने किस प्रमुख पत्रकार को करीब एक माह जेल में रखने के उपरान्त रिहा कर दिया? – नजम सेठी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

- प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किस बहुउद्देशीय पुल्लपोल को राष्ट्र को समर्पित किया? – आई.एन.एस. मैत्री
- दक्षिण अफ्रीका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति कौन हैं? – थाबोम्बेकी
- इस वर्ष का (1999) फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेन्ट का डबल्स खिताब किसने जीता? – लिएंडर पेस व महेश भूपति
- स्टेफी ग्राफ अब तक कितनी बार फ्रेंच ओपन टेनिस का एकल खिताब जीत चुकी हैं? – 6 बार
- वर्ष 1999 का फ्रेंच ओपन टेनिस का पुरुष एकल खिताब किसने जीता? – आन्द्रे अगासी
- बिहार सरकार द्वारा प्रदत्त राजेन्द्र शिखर सम्मान किसे प्रदान किया गया? – विष्णु प्रभाकर
- बिहार सरकार द्वारा दिया जाने वाला 51 हजार रुपए का दिनकर पुरस्कार किसको दिया गया? – गोपी बल्लभ सहाय
- बिहार सरकार द्वारा ही दिया जाने वाला मजहरुल हक शिखर सम्मान किसे प्रदान किया गया? – रजा नकवी (उर्दू साहित्यकार)
- 'ऑपरेशन ज्वाइंट गार्जियन' किससे सम्बन्धित है? – नाटो सैनिकों का कोसोवा में शान्ति अभियान
- रोम में आयोजित डेविड आफ दोनतेल्लो समारोह में हॉलीवुड की अभिनेत्री सोफिया लारेन को उनके पूरे कैरियर की उपलब्धियों के लिए किस सम्मान से सम्मानित किया गया? – दोनतेल्लो पुरस्कार
- सदी के अन्तिम 7वें विश्व कप क्रिकेट का विजेता कौन देश बना? – आस्ट्रेलिया
- पाकिस्तानी पत्रकार नजम सेठी को किस सम्मान से सम्मानित किया गया है? – एमनेस्टी इंटरनेशनल एवार्ड
- दिल्ली के गैरसरकारी संगठन 'नवज्योति दिल्ली पुलिस फाउंडेशन' को अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए किस पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है? – सर्ज सॉटिराफ मेमोरियल पुरस्कार
- वर्ष 1999 का प्रतिष्ठित तिलक पुरस्कार किसे दिया गया है? – डॉ. विजय पांडुरंग भास्कर
- वर्ष 1999 का विम्बलडन खिताब (महिला) किसने जीता? – लिंड्से डवेनपोर्ट (अमरीका)
- वर्ष 1999 का पुरुषों का विम्बलडन एकल खिताब किसने जीता? – पीट सम्प्रास
- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार अगले वर्ष तक भारत की जनसंख्या कितनी हो जाएगी? – एक अरब
- राजस्थान के किस सीमावर्ती जिले में तेल का भण्डार मिला है? – बाड़मेर
- किस प्रदेश में इजराइल की कम्पनी वीएचसी के सहयोग से पायलट परियोजना शुरू की गई है जिसके अन्तर्गत बंजर भूमि को हरियाली में तब्दील करने की योजना है? – आन्ध्र प्रदेश
- वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ फिल्म कौनसी है? – गॉडमदर
- भारत के मूर्धन्य चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन प्रसिद्ध अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के साथ कौनसी फिल्म बनाई है? – गजगामिनी
- नासा (नेशनल एअरोनॉटिक्स एण्ड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने किस भारतीय मूल के अमरीकी वैज्ञानिक के नाम पर वेधशाला प्रक्षेपित करेगा? – सुब्रमण्यम चन्द्रशेखर
- वियना में सम्पन्न हुए संयुक्त राष्ट्र अन्तरिक्ष सम्मेलन का अध्यक्ष किसे बनाया गया था? – प्रो. यू. आर. राव
- इस सदी का आखिरी सूर्यग्रहण किस तिथि को लगा था? – 11 अगस्त, 1999
- अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महर्षि महेश योगी ने वैदिक सिद्धान्तों पर आधारित पाकिस्तान व भारत में कौनसी राजनीतिक पार्टी बनाई है? – क्रमशः नेचुरल ला पार्टी व अजेय भारत पार्टी
- वर्ष 1998-99 के सी. के. नायडू पुरस्कार के लिए किसे चुना गया है? – पाल उमरीगर (पूर्व क्रिकेट कप्तान)
- चुनाव आयोग ने किस व्यक्ति को 6 वर्ष के लिए चुनाव लड़ने व मतदान के इस्तेमाल के अयोग्य करार दिया है? – बाल ठाकरे
- 29 अगस्त को किस दिवस के रूप में मनाया जाता है? – राष्ट्रीय खेल दिवस
- संत कबीर की 600वीं जयंती पर किस महोत्सव का आयोजन किया गया? – सावन महोत्सव
- अमरीका ने चन्द्रमा पर पानी की खोज के लिए किस उपग्रह को चन्द्रमा पर भेजा है? – ल्यूनर प्रास्पेक्टर
- वर्ष 1998 का बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान किसको प्रदान किया गया? – विमल कुमार
- रूसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने प्रधानमंत्री सर्गेई स्तेपाशिम को बर्खास्त कर किसको प्रधानमंत्री बनाया? – ब्लादीमीर पुतिन
- 16वाँ अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन कहाँ आयोजित होगा? – वाराणसी
- कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी को लोकतंत्र, शान्ति, मानवाधिकारों और सद्भावना के क्षेत्र में योगदान के लिए किस अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया? – थोर अवार्ड
- बॉलीवुड के फिल्म निर्माता स्टीवेन स्पीलबर्ग को अमरीका के किस सम्मान से सम्मानित किया गया है? – सर्वोच्च नागरिक सम्मान
- बहुचर्चित नारीवादी लेखिका तस्लीमा नसरीन की नवीनतम कृति जिस पर बांग्लादेश की सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है? – 'अमार मेय बेला' (जब में बालिका थी)
- 'काली-5000' क्या है? – 'किलो एंपियर लीनियर इंजेक्टर -5000'
- वर्ष 1999 का अमरीकी ओपन टेनिस खिताब इसने जीता? – आन्द्रे अगासी
- एशियाई संसदीय सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया? – ढाका
- विश्व उन्नयन संसद (प. बंगाल) ने कुश्ती में अतुलनीय योगदान के लिए किसको नेशनल प्रोफेसर का सम्मान दिया है? – विशम्भर सिंह
- इस वर्ष के फिराक सम्मान के लिए किसको चुना गया है? – आलोक धन्वा
- विश्व बैंक का अध्यक्ष किसको चुना गया है? – जेम्स वालफेंसन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

- इस वर्ष (1999) साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार किसको दिया गया है? – जर्मन उपन्यासकार गुंटर ग्रास
- वर्ष 1999 का 'भारत गौरव सम्मान' किसको दिया गया है? – केसरीनाथ त्रिपाठी
- पाकिस्तान की आधुनिकतम 'गौरी' मिसाइल की मारक क्षमता कितनी है? – 3 हजार किमी
- इस महान् नेता की सीडी (कॉम्पैक्ट डिस्क) राष्ट्र को समर्पित की गई– – महात्मा गांधी
- भारतीय मूल के अमरीकी मुसलमानों ने किरन बेदी को किस सम्मान से विभूषित किया है? – 'प्राइड ऑफ इण्डिया पुरस्कार'
- किस भारतीय राज्य में पहली बार राज्य स्तर के मंत्री बनाए गए हैं? – सिक्किम
- अधिकारिक रूप से दुनिया का छह अरबवाँ मनुष्य किसको घोषित किया गया है? – बोस्निया की फातिम मेविच के नवजात शिशु को
- वर्ष 1999 का रसायनशास्त्र का नोबेल पुरस्कार किसे दिया गया? – अहमदई जेवाइल (मिस्र)
- मध्य प्रदेश के किस जिले में नवपाषाण युग की सैकड़ों समाधियाँ मिली हैं? – पामरिया (रीवा जिला)
- 13वीं लोक सभा में भाजपा को कितनी सीटें मिलीं? – 182
- वर्ष 1999 का नोबेल शान्ति पुरस्कार किसे दिया गया है? – डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (फ्रांसीसी संगठन)
- महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री हैं– – विलास राव देशमुख
- राष्ट्रकुल से किस देश को निलम्बित कर दिया गया है? – पाकिस्तान
- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किशोर कुमार सम्मान किसको दिया गया है? – गुलजार
- 'गिरमिटिया' नामक उपन्यास के रचयिता हैं– – गिरिराज किशोर
- वर्ष 1999 के लिए 10वाँ 'पहल सम्मान' देने की घोषणा की गई है– – विद्यासागर नौटियाल
- यू थांट शान्ति पुरस्कार से किनको सम्मानित किया गया? – कृष्ण प्रसाद भट्टराई
- किस देश के राष्ट्रपति को हाल ही में युद्धापराधी घोषित किया गया है? – स्लोवोदान मिलो सेविक (सर्बिया)
- 7वीं विश्व एथलेटिक चैम्पियनशिप में किस अमरीकी धावक ने तीन स्वर्ण पदक जीते? – मारिस ग्रीन
- 8वीं विश्व एथलेटिक चैम्पियनशिप (2001) का आयोजन किया जाएगा– – एडमंडटन (कनाडा)
- भारत सरकार ने सन् 2000 को किस वर्ष के रूप में घोषित किया है? – बुजुर्ग वर्ष
- भारतीय क्रिकेट टीम का नया प्रशिक्षक किसे बनाया गया है? – कपिल देव
- 'फेथ एण्ड कम्पैशन' नामक पुस्तक जो मदर टेरेसा के जीवन पर आधारित है, के लेखक हैं– – नवीन चावला
- रूसी अन्तरिक्ष यान मीर पर जाने वाले अन्तिम अभियान दल के कमाण्डर थे– – विक्टर अफगानस्टोव
- वर्ष 1998 का 'आनेस्ट मैन ऑफ द ईयर' सम्मान प्रदान किया गया– – खुशवंत सिंह
- चीन सरकार द्वारा प्रतिबंधित अर्द्धधार्मिक संगठन 'फलुनगोंग' के संस्थापक हैं– – ली होंगशी
- शंघाई-5 क्या है? – पाँच मध्य एशियाई देशों का एक संगठन
- पाकिस्तान द्वारा निर्मित शाहीन-2 मिसाइल की मारक क्षमता कितनी है? – 2400 किमी
- लोक सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हैं– – गंति मोहन चन्द्र बालयोगी
- 13वीं लोक सभा में कुल कितने दलों के सांसद चुनकर आए हैं? – 38 दलों के
- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन में कितने दल सम्मिलित हैं? – 24 दल
- 13वीं लोक सभा में कितनी महिलाएं सांसद चुनी गई हैं? – 43
- वर्ष 1999 के प्रतिष्ठित 'दादा साहब फाल्के अवार्ड' से इन्हें सम्मानित किया गया– – बी. आर. चोपड़ा
- इण्डोनेशिया की उपराष्ट्रपति चुनी गईं– – मेघावती (सुकर्णोपुत्री)
- लोक सभा के वर्तमान उपाध्यक्ष हैं– – पी. एम. सईद
- अन्तरसंसदीय मंच का पहली बार महिला अध्यक्ष किसे चुना गया है? – डॉ. नजमा हेपतुल्ला
- भारत के किस राज्य में प्रलयंकारी भीषण तूफान आया था? – उड़ीसा
- भारत के किस राज्य ने 'डायन प्रथा' पर रोक लगाने के लिए अधिनियम पारित किया है? – बिहार
- भारतीय मूल के इस कनाडाई नागरिक को ओंटेरिया प्रान्त का सर्वोच्च सम्मान दिया गया– – केशव चंदरिया
- संसद और विधान सभाओं में अनुसूचित जातियों, जनजातियों और एंग्लो इण्डियन समुदाय के सदस्यों की आरक्षण अवधि संसद ने अपने किस संशोधन द्वारा 10 वर्षों के लिए और बढ़ा दिया है? – 84वाँ संशोधन
- मध्य प्रदेश की सरकार द्वारा प्रदत्त इस वर्ष का कुमार गंधर्व सम्मान किसे दिया गया? – वीणावादक ई. गायत्री
- बीमा विधेयक में विदेशी कम्पनियों की निवेश की सीमा कितने प्रतिशत तक सीमित रखी गई है? – 26 प्रतिशत
- भारत के किस राज्य में सर्वाधिक रूप से आत्महत्याएं की जाती हैं? – केरल
- विश्व में सर्वाधिक रूप से आत्महत्याएं किस देश में होती हैं? – जापान (एक लाख की आबादी पर 52)
- दुनिया में आत्महत्या करने वाली महिलाओं की दर सर्वाधिक कहाँ है? – भारत (केरल)
- भारत के किस राज्य में जाटों को भी आरक्षण की सुविधा मिलेगी? – राजस्थान
- बिहार के किस मंत्री को अलकतरा घोटाले में सी.बी.आई. ने गिरफ्तार कर लिया? – इलियास हुसैन (सड़क निर्माण मंत्री)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

- ⇨ वेस्टइंडीज के किस तेज गेंदबाज का आकस्मिक निधन हुआ? – मैल्कम मार्शल
- ⇨ दक्षेस का सम्मेलन कहाँ आयोजित होने वाला था, जो स्थगित कर दिया गया है? – नेपा
- ⇨ कल्याण सिंह की जगह अब उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री किसे बनाया गया है? – रामप्रकाश गुप्त
- ⇨ चीन सरकार किस सम्प्रदाय के उदय से भयभीत है? – फालुन गोंग सम्प्रदा
- ⇨ सहारा इण्डिया की लेकसिटी परियोजना किस जगह पर बनाई जा रही है? – आंबे वैली (पुणे
- ⇨ प्रतिष्ठित यूनेस्को गांधी पुरस्कार किसको दिया गया है? – प्रो. एम. एस. स्वामीनाथ
- ⇨ भारत-आस्ट्रिया के बीच किन दो समझौतों पर हस्ताक्षर हुआ? – निवेश संवर्द्धन और दोहरे कराधान से बचने के लि
- ⇨ भारत-न्यूजीलैण्ड के बीच सम्पन्न हुए 5 वनडे मैच में सीरीज किस देश ने जीती? – भारत (3-2
- ⇨ कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी ने राजीव गांधी हत्याकाण्ड के किस अभियुक्त को क्षमादान देने की राष्ट्रपति से अपील की है? – नलिनी
- ⇨ 'मल्होत्रा समिति' का गठन कब किया गया था, जिसके सिफारिश के आधार पर बीमा क्षेत्र में नई कम्पनियों के प्रवेश सम्बन्धी नय विधेयक 'बीमा नियामक प्राधिकरण' संसद में अभी पेश किया गया? – 1993 मे
- ⇨ डरबन में हुए राष्ट्रमण्डल सम्मेलन का मुख्य विषय क्या था? – मानव केन्द्रित विकास : भूमण्डलीकरण की चुनौतियाँ
- ⇨ भारत में इस समय सोने का भण्डार कितना है? – 13 हजार टन
- ⇨ इसी वर्ष शुरू किए गए प्रथम कथा चूड़ामणि सम्मान से किसे सम्मानित किया गया है? – कृष्णा सोबती
- ⇨ राष्ट्रकुल के महासचिव एमेका एनेका की जगह नए राष्ट्रकुल के सचिव इनको नियुक्त किया गया है – डान मैकीनोन (न्यूजीलैण्ड)
- ⇨ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हैं– – बलजीत सिंह ढिल्लो
- ⇨ राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग के अध्यक्ष हैं– – के. जगन्नाथ शेट्टी
- ⇨ भारत सरकार ने नई सहस्त्राब्दी की शुरूआत पर कितने रुपए का नया नोट जारी करने का फैसला किया है? – 1000 रुपए
- ⇨ अभी हाल में चीन ने किस मानव रहित अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण किया है? – शेनझू (ईश्वरीय जहाज)

●●●

नवीन संस्करण

उत्तर प्रदेश सचिवालय/लोक सेवा आयोग प्रवर/अवर वर्ग सहायक (प्रा०) परीक्षा

Code		
339	UPKAR P.C.S. (U.P.) Syllabus	Rs. 18.00
619	उपकार-उ.प्र.सचिवालय/लोक सेवा आयोग प्रवर/अवर वर्ग सहायक (प्रा.) परीक्षा	Rs. 155.00
467	UPKAR Objective Mathematics	Rs. 285.00
142	उपकार–अर्थशास्त्र	Rs. 190.00
143	उपकार–विधि	Rs. 65.00
144	उपकार–राजनीतिशास्त्र	Rs. 96.00
145	उपकार–भारतीय इतिहास	Rs. 140.00
146	उपकार–कृषि	Rs. 53.00
147	उपकार–समाजशास्त्र	Rs. 70.00
148	उपकार–दर्शनशास्त्र	Rs. 45.00
151	उपकार–भूगोल	Rs. 110.00

नवीन पुस्तकें (वर्क-बुक)

उपकार–वर्क-बुक राजनीतिशास्त्र	Rs. 85/-
उपकार–वर्क-बुक अर्थशास्त्र	Rs. 90/-
उपकार–वर्क-बुक भारतीय इतिहास	Rs. 95/-
उपकार–वर्क-बुक भूगोल	Rs. 95/-

154	उपकार–मनोविज्ञान	Rs. 44.00
274	उपकार–वाणिज्य	Rs. 130.00
522	उपकार–लोक प्रशासन	Rs. 102.00
594	उपकार–दर्शनशास्त्र (मुख्य)	Rs. 120.00

अनिवार्य विषय के लिए महत्वपूर्ण पुस्तकें

Code		
103	उपकार सामान्य ज्ञान एवं व्यक्ति परिचय	Rs. 60.00
104	उपकार सामान्य ज्ञान दिग्दर्शन	Rs. 195.00
599	उपकार प्रैक्टिस वर्क बुक सामान्य अध्ययन	Rs. 85.00
105	उपकार सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान	Rs. 44.00
108	उपकार उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान	Rs. 50.00
111	उपकार कृषि सामान्य ज्ञान कोश	Rs. 36.00
291	उपकार उत्तर प्रदेश क्विज	Rs. 32.00
609	उपकार भारतीय अर्थव्यवस्था–एक दृष्टि में	Rs. 30.00

नए पाठ्यक्रम के अनुसार **सामान्य अध्ययन** के लिए **प्रतियोगिता दर्पण** के निम्नलिखित **अतिरिक्तांक** आपके लिए अत्यधिक उपयोगी एवं विश्वसनीय होंगे.

सीरीज-1	भारतीय अर्थव्यवस्था 80.00	सीरीज-10	बौद्धिक एवं तर्कशक्ति परीक्षा 65.00
सीरीज-2	भारत एवं विश्व का भूगोल 65.00	सीरीज-11	समाज़शास्त्र (ऐच्छिक विषय) 60.00
सीरीज-3	भारतीय इतिहास 65.00	सीरीज-12	भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन एवं संवैधानिक विकास 55.00
सीरीज-4	भारतीय राजव्यवस्था 65.00	सीरीज-13	खेलकूद 45.00
सीरीज-5	भारतीय कला एवं संस्कृति 60.00	सीरीज-14	कृषि विज्ञान 55.00
सीरीज-6	सामान्य विज्ञान Vol. I 45.00	सीरीज-15	प्राचीन इतिहास 70.00
सीरीज-6	सामान्य विज्ञान Vol. II 35.00	सीरीज-16	मध्यकालीन इतिहास 70.00
सीरीज-7	समसामयिक घटनाचक्र 45.00	सीरीज-17	आधुनिक इतिहास 70.00
सीरीज-8	सांख्यिकीय विश्लेषण 30.00	सीरीज-18	दर्शनशास्त्र (ऐच्छिक विषय) 35.00
सीरीज-9	वस्तुनिष्ठ सामान्य हिन्दी 35.00	सीरीज-19	न्यू रीजनिंग टेस्ट 65.00

उपकार प्रकाशन 2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002; फोन : 351238, 351002, 322930; फैक्स : (0562) 351251
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय रिजर्व बैंक सर्विसेज बोर्ड मुम्बई परीक्षा, 1997 में चयनित

श्री मनोज कुमार

व्यक्ति परिचय

नाम–मनोज कुमार
पिता का नाम–श्री विश्वनाथ गुप्ता
माता का नाम–श्रीमती मालती गुप्ता
आयु–5-1-1973
शैक्षिक योग्यता–
मैट्रिक– 63.3% पार्वति उच्च विद्यालय, विक्रम (पटना)
इण्टरमीडिएट (जीव विज्ञान + गणित)– 52% जी. जे. कॉलेज, बिहटा (पटना)
स्नातक (वनस्पति विज्ञान प्रतिष्ठा)– 65.3% जी. जे. कॉलेज, बिहटा (पटना)

भारतीय रिजर्व बैंक सर्विसेज बोर्ड (मुम्बई) की परीक्षा में बी ग्रेड ऑफीसर के पद पर चयनित होकर श्री मनोज कुमार ने एक शानदार सफलता अर्जित की है. अपने आगामी पाठक प्रत्याशियों के लाभार्थ उनके साथ 'प्रतियोगिता दर्पण/सामान्य ज्ञान दर्पण' की विस्तृत एवं अर्थपूर्ण भेंटवार्ता को हम यहाँ मूल रूप में प्रकाशित कर रहे हैं.

सा. ज्ञा. द.–प्रथमतः कृपया अपनी सफलता हेतु प्रतियोगिता दर्पण, सामान्य ज्ञान दर्पण तथा उपकार प्रकाशन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं स्वीकार करें.

मनोज–जी. बहुत-बहुत धन्यवाद.

सा. ज्ञा. द.–आपको अपनी सफलता का समाचार कैसे प्राप्त हुआ?

मनोज–मैंने 3 जनवरी, 1999 को खुद RBI सर्विसेज बोर्ड, मुम्बई फोन करके अपनी सफलता की सूचना प्राप्त की.

सा. ज्ञा. द.–आपने कितने प्रयासों के पश्चात् सफलता प्राप्त की?

मनोज–भारतीय रिजर्व बैंक के लिए यह मेरा पहला प्रयास था.

सा. ज्ञा. द.–अपनी सफलता के पूर्व आप पहले के सफलतम प्रत्याशियों के बारे में क्या सोचते थे?

मनोज–मेरी तैयारी की आधारभूत पत्रिकाएं प्रतियोगिता दर्पण एवं सामान्य ज्ञान दर्पण रही है. जैसे ही मैं इनकी नई प्रतियां खरीदता था तो सर्वप्रथम सफल प्रत्याशियों का साक्षात्कार पढ़ता था जिससे मुझमें नई प्रेरणा एवं स्फूर्ति का संचार होता था एवं मैं सफल प्रत्याशियों के द्वारा दिए गए मार्ग निर्देशों पर गहनता से विचार करके उस पर अमल करने की कोशिश करता था. मुझमें हमेशा इस भावना का संचार होता था कि जब ये सफल हो सकते हैं तो मैं क्यों नहीं सफल हो सकता हूँ.

सा. ज्ञा. द.–अपनी सफलता का मूल मंत्र बताएं?

मनोज–माता-पिता का आशीर्वाद, कठिन परिश्रम, ईमानदारी, साहस, आत्मविश्वास, दृढ़ निश्चय, योजनाबद्ध पूर्ण निष्ठा के साथ धैर्यपूर्वक युद्ध स्तर पर सतत् अभ्यास एवं कड़ा अनुशासन ही मेरी सफलता का मूल मंत्र है.

सा. ज्ञा. द.–आपकी शैक्षिक पृष्ठभूमि क्या है?

मनोज–मैंने वनस्पति विज्ञान से स्नातक (प्रतिष्ठा) की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है.



..... अंग्रेजी माध्यम से परीक्षा देने के बावजूद मेरी तैयारी में 'प्रतियोगिता दर्पण' तथा 'सामान्य ज्ञान दर्पण' आधारभूत पत्रिकाएं रही हैं.

..... आदर्श मासिक पत्रिकाओं के रूप में ये पत्रिकाएं 'गागर में सागर' की उपमा की पात्र हैं.

सा. ज्ञा. द.–आपने प्रारम्भिक परीक्षा एवं लिखित परीक्षा की तैयारी किस योजना के अन्तर्गत की?

मनोज–चूँकि RBI ग्रेड 'बी' अधिकारी की प्रारम्भिक परीक्षा P.O. स्तर की होती है इसलिए मैंने प्रारम्भिकी के लिए प्रश्न-पत्रों के चारों भागों अर्थात् English, maths, Reasoning एवं GK की तैयारी के लिए अलग-अलग योजना बनाई. मैं GK एवं Maths के शत-प्रतिशत प्रश्नों को हल करने की योजना के तहत GK पर ज्यादा ध्यान दिया एवं इसके लिए परीक्षा से 7 महीने पूर्व के सामान्य ज्ञान दर्पण और प्रतियोगता दपर्ण के सभी अंकों का गहनता-पूर्वक अध्ययन किया. आर्थिकी पर विशेष ध्यान दिया एवं महत्वपूर्ण आँकड़ों को एक जगह एकत्रित किया. Maths के Short Cuts पर ज्यादा ध्यान दिया एवं ज्यादा-से-ज्यादा अभ्यास प्रश्न-पत्रों के सेट्स बनाए. English के लिए word power एवं Grammar पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित सेट्स बनाए. Reasoning के सभी स्थायी स्तम्भों पर गहन शोध किया एवं उनकी अवधारणाओं को स्पष्ट किया एवं नियमित अभ्यास करता रहा.

मुख्य परीक्षा में दो प्रश्न-पत्रों की परीक्षा दो पालियों में होती है. प्रथम प्रश्न-पत्र अंग्रेजी भाषा की होती है. जिसके लिए मैंने essays एवं Business and office correspondence पर ज्यादा ध्यान दिया. दूसरा प्रश्न-पत्र सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं का होता है जिसका पाठयक्रम काफी लम्बा एवं कंठिन होता है. इसके लिए मैंने ग्रेजुएट स्तर का अर्थशास्त्र एवं सामाजिक विज्ञान की अनेक पुस्तकें पढ़ी एवं सम्भावित प्रश्नों की सूची बनाई. मैं इन परीक्षाओं के लिए समय प्रबन्धन तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर विशेष बल दिया.

सा. ज्ञा. द.–आपने साक्षात्कार की तैयारी कैसे की?

मनोज–साक्षात्कार की तैयारी के लिए मैंने प्रतियोगिता दर्पण एवं सामान्य ज्ञान दर्पण के पिछले सभी अंकों में प्रकाशित सफल प्रत्याशियों से पूछे गए प्रश्नों पर गहन विचार किया एवं अपने साक्षात्कार के अनुरूप एक कार्ययोजना बनाई. इसके लिए मैंने सुश्री राजी वर्मा (Grd. 'B' Officer, RBI, Patna) के मार्ग दर्शन पर मुख्य रूप से Banking एवं economics का गहन अध्ययन किया एवं साथ-साथ व्यक्ति परिचय, सामयिक घटनाओं, अभिरुचियों, बिहार तथा अपने आनर्स-विषयों का विस्तृत अध्ययन कर सम्भावित प्रश्नों की सूची बनाई. चूँकि मैं विक्रम गाँव में ही रहकर साक्षात्कार की भी तैयारी की इसलिए उचित साथी के अभाव में छद्म साक्षात्कार नहीं कर पाया, लेकिन इसकी पूर्ति के लिए मैं शीशे के समक्ष बैठकर अपना साक्षात्कार स्वयं लिया करता था जो काफी लाभप्रद रहा.

सा. ज्ञा. द.–आपका साक्षात्कार कब और कहाँ था? बोर्ड का व्यवहार कैसा था एवं आपसे मुख्य रूप से किन-किन विषयों पर प्रश्न पूछे गए?

मनोज–मेरा साक्षात्कार 4 दिसम्बर, 1998 को RBI के क्षेत्रीय कार्यालय कलकत्ता में हुआ तथा मेरे बोर्ड में कुल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तीन सदस्य थे–बोर्ड के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का व्यवहार बहुत ही मित्रवत् एवं सहयोगात्मक रहा. मुझे उन लोगों ने अनेक प्रश्नों के उत्तर देने के लिए संकेत भी दिया. मेरा साक्षात्कार काफी लम्बा लगभग 40–45 मिनट तक चला.

व्यक्तिगत विशेषताएं

रुचियाँ–क्रिकेट खेलना व देखना, पेन्टिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन, डायरी लेखन.

आदर्श व्यक्ति–माता-पिता

सबल पक्ष–कर्म पर विश्वास, विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आप पर पूर्ण नियंत्रण एवं विश्वास रखना, जुझारु प्रवृत्ति, लक्ष्य प्राप्ति हेतु गम्भीर प्रयास करना.

दुर्बल पक्ष–अत्यधिक भावुक होना.

सा. ज्ञा. द.–आप सामान्य ज्ञान दर्पण और प्रतियोगिता दर्पण के बारे में क्या विचार रखते हैं? निष्पक्ष रूप से बताएं.

मनोज–अंग्रेजी माध्यम का छात्र होते हुए भी मेरी तैयारी में आधारभूत पत्रिकाएं प्रतियोगिता दर्पण और सामान्य ज्ञान दर्पण ही रही हैं. इसका सबसे प्रमुख कारण परीक्षापयोगी, सामाजिक विषयों पर अच्छी शोधपूर्वक एवं भरोसेमंद सामग्री, सभी पहलुओं का गहन विश्लेषण, तथ्यों की प्रमाणिकता, प्रभावपूर्ण प्रस्तुतीकरण का 100% शुद्धता के साथ प्रकाशन है.

ये पत्रिकाएं एक आदर्श मासिक पत्रिका की भाँति बहुकोणीय दृष्टि से प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी को उचित आकार और रूप प्रदान करने में 100% सफल हैं. ये केवल एकदिवसीय परीक्षा ही नहीं, बल्कि विभिन्न सिविल सेवा परीक्षाओं का भी मार्ग दर्शन करने में सक्षम हैं.

"सामान्य ज्ञान दर्पण" तो गागर में सागर की उपमा का पात्र है यह एक उचित मूल्य की एवं सर्वोत्तम पत्रिका है.

सा. ज्ञा. द.–हमने बैंकिंग परीक्षा को ध्यान में रखकर मैजिक सीरीज का प्रकाशन किया है कृपया बताएं कि उसकी सामग्री आपकी नजर में किस तरह की है?

मनोज–आपके द्वारा प्रकाशित मैजिक सीरीज सभी प्रकार के बैंक परीक्षाओं के लिए अत्यन्त ही लाभप्रद है एवं प्रत्येक प्रश्न को हल करने की सूक्ष्म विधि एवं उसके पीछे की अभिधारणा का वर्णन बहुत ही सटीक एवं सराहनीय है. इसे बिल्कुल नए 'पैटर्न' पर आधारित करके शोधपूर्वक प्रकाशित किया गया है. इससे प्रतियोगियों को बहुत लाभ मिल रहा है.

सा. ज्ञा. द.–अन्त में आप हमारे लाखों पाठकों को क्या संदेश देना चाहेंगे?

मनोज–मैं संघर्षरत् प्रतियोगी साथियों से यह कहना चाहूँगा कि वे सफलता के लिए पूर्ण निष्ठा, कड़ी मेहनत, ईमानदारी, धैर्य, साहस, आत्मविश्वास, दृढ़ निश्चय एवं योजनाबद्ध तरीके से सतत् अभ्यास करें. एक बार एक ही लक्ष्य को साधें एवं अपनी तैयारी के लिए सही पत्रिका का चुनाव करें. असफलता से घबराएं नहीं, बल्कि उसे सफलता के लिए एक आवश्यक उपक्रम समझें. कर्म और सफलता को जोड़ने वाला पुल आपका प्रबल आत्मविश्वास ही है. इसे संजोकर रखिए, आपके सपने अवश्य साकार होंगे.

मेरी सफलता में सहायक पाठ्य सामग्री

P.T. परीक्षा

सामान्य ज्ञान–प्रतियोगिता दर्पण, सामान्य ज्ञान दर्पण, India Today, Front line, The Times of India.

गणित–सामान्य ज्ञान दर्पण की मैजिक सीरिज, प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक, क्विकर वस्तुनिष्ठ अंकगणित, वस्तुनिष्ठ अंकगणित (डॉ. एम. बी. लाल) वस्तुनिष्ठ अंकगणित (लाल एवं जैन)

रिजनिंग–उपकार वस्तुनिष्ठ अभ्यास तर्क शक्ति, उपकार रिजनिंग टेस्ट.

अंग्रेजी–उपकार प्रकाशन की Learn to write correct English (Dr. B.B. Jain), A fresh approach to general English.

विशेष सामग्री–उपकार की R.B.I. officers grd. 'B' exam गाइड, सामान्य ज्ञान दर्पण के सभी मैजिक सिरीज, बैंकिंग के लिए प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक

Mains Exam–

अंग्रेजी प्रश्न-पत्र–उपकार की The technique of comprehension and precis writing, Modern essays, Top letters, Business letters.

सामाजिक एवं आर्थिक समस्याएं प्रश्न-पत्र–प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक (भारतीय अर्थव्यवस्था), उपकार प्रकाशन के समसामयिक आर्थिक निबन्ध, आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएं, भारत में आर्थिक सुधार और उदारीकरण, प्रतियोगिता दर्पण के आर्थिक एवं सामाजिक लेख, भारतीय अर्थव्यवस्था (रुद्र दत्त एवं सुन्दरम्), NCERT के सामाजिक विज्ञान की पुस्तकें, भारत की आर्थिक समस्याएं (डॉ. देवेन्द्र प्रसाद सिंह)

अन्य सामग्री–उपकार प्रकाशन की 'बैंक साक्षात्कार'.

साक्षात्कार में पूछे गए मुख्य प्रश्न

अध्यक्ष महोदय–

(1) हाल ही में दक्षिण-पूर्व एशियाई आर्थिक सकट के मुख्य कारण क्या थे?

(2) Devaluation of currency क्या होता है?

(3) RBI के विभिन्न कार्य क्या हैं? इसकी मौद्रिक नीति क्या होती है?

(4) Stagflation से आप क्या समझते हैं?

(5) क्या आगे बैंकों का राष्ट्रीयकरण हो सकता है?

(6) गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी क्या होती है एवं इसका अन्य बैंकों से क्या अन्तर है?

(7) Genetic engineering क्या है?

दूसरा सदस्य–

(1) बैंकिंग संरचना के सम्बन्ध में नरसिम्हन समिति का सुझाव क्या है?

(2) Universal banking से आप क्या समझते हैं?

(3) नरसिम्हन समिति ने कमजोर बैंकों के बारे में क्या कहा है?

(4) Narrow banking क्या होता है?

(5) Convertibility of Indian Currency क्या है?

(6) क्या भारतीय Currency इस समय Fully Convertible है?

(7) भारतीय Currency को Fully Convertible बनाने के लिए क्या-क्या शर्तें होनी चाहिए?

(8) Capital account convertibility एवं Current account convertibility में क्या अन्तर है?

(9) बैंकों के NPAS को कैसे कम किया जा सकता है?

(10) राजस्व घाटा एवं राजकोषीय घाटा में क्या अन्तर है?

(11) फिनर स्पिन क्या होता है?

तीसरा सदस्य–

(1) वर्ष 97 में RBI act में संशोधन करके NBFCs को इसके Control में लाया गया है. इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी?

(2) NBFCs के Grievances पर विचार के लिए कौनसी समिति बनाई गई है?

(3) बिहार के पिछड़ेपन एवं प्रत्येक वर्ष भीषण बाढ़ के क्या कारण हैं?

(4) भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान पद से सचिन को हटाकर अजहरुद्दीन को कप्तान बनाया गया, क्या यह उचित था?

(5) SBI की Resurgent India bond क्या है?

(6) NRIs ने अपने देशों को छोड़कर इसमें धन क्यों लगाया है?

(7) आपने Banking को ही अपना Career क्यों चुना?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार संचयिका

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

1. भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य 'सत्यमेव जयते' कहाँ से उद्घृत है?
– 'मुण्डकोपनिषद्' से
2. गुप्तकाल को प्राचीन भारत का 'क्लासिकल युग' क्यों कहा जाता है?
– कला एवं साहित्य के क्षेत्र में अपने चर्मोत्कर्ष पर पहुँचने के कारण
3. 'भारत का नेपोलियन' किस शासक को कहा जाता है?
– 'सम्राट समुद्रगुप्त' को
4. किस संगमयुगीन शासक ने दक्षिण में गन्ने की खेती प्रारम्भ करवाई थी?
– 'आदिगइमान उर्फ नडुमान अंजी' ने
5. कायस्थों का एक जाति के रूप में प्रथम उल्लेख कहाँ से मिलता है?
– औशनम् स्मृति से
6. 'वहादव-उल-बुजूद' सिद्धान्त किस सूफी संत द्वारा दिया गया?
– इब्नुल अरबी द्वारा
7. 'करोड़ी' नामक नए अधिकारी की नियुक्ति किस मुगल शासक ने की?
– अकबर ने
8. पहला अंग्रेजी बेड़ा भारत कब पहुँचा?
– सन् 1608 में
9. किस एक्ट द्वारा कलकत्ता में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की गई?
– रेग्युलेटिंग एक्ट 1773
10. भारत में रैयतवाड़ी व्यवस्था किसने प्रारम्भ की थी?
– थॉमस मुनरो ने
11. 1833 के राजलेख में किस धारा के साथ यह व्यवस्था दी गई कि कोई भी भारतीय केवल धर्म, जन्म, स्थान, वंश और वर्ण के आधार पर सरकारी सेवा के लिए निरई नहीं होगा?
– धारा 87 के साथ
12. ईस्ट इण्डिया कम्पनी का भारत में राज्य किस वर्ष में पूरी तरह समाप्त कर दिया गया?
– 1858 ई. में
13. भारत में अंग्रेजी शिक्षा किसके शासनकाल में शुरू हुई थी?
– लॉर्ड बैंटिक के
14. किस राजलेख में नागरिकों के लिए प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आरम्भ करने की व्यवस्था की गई?
– 1853 का राजलेख

भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन

15. प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन के समय भारत का गवर्नर जनरल एवं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौन थे?
– गवर्नर जनरल लॉर्ड कैनिंग
– प्रधानमंत्री लॉर्ड फामर्स्टन
16. मंगल पाण्डेय द्वारा 1857 के आन्दोलन की शुरूआत कब और कहाँ से की गई?
– 29 मार्च, 1857 को बैरकपुर से
17. भारत में स्थानीय स्वशासन की नींव किस गवर्नर जनरल द्वारा रखी गई?
– लॉर्ड रिपन द्वारा (1880-84 में)
18. 1909 के अधिनियम के तहत किस प्रथम भारतीय को भारत के प्रशासन में सर्वप्रथम प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया?
– लॉर्ड सतेन्द्र प्रसन्न सिन्हा को
19. मुस्लिम लीग अन्तरिम सरकार में कब शामिल हुआ?
– 13 अक्टूबर, 1946 में
20. मुस्लिम लीग के प्रत्यक्ष कार्यवाही के समय बंगाल के मुख्यमंत्री कौन थे?
– सुहरा वर्दी
21. 1929 में नेहरू रिपोर्ट का विरोध किसने किया था?
– सुभाषचन्द बोस ने
22. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम ब्रिटिश संसद में कब पेश किया गया?
– 4 जुलाई, 1947 में
23. संविधान सभा (भारत) का समापन कब हुआ?
– 26 जनवरी, 1950 में
24. जिन्ना का चौदहसूत्री कार्यक्रम कब आया?
– 29 मार्च, 1929 को
25. 'श्यामजी कृष्ण' द्वारा 'भारत स्वशासन समिति (India Home Rule Society) की स्थापना कब और कहाँ की गई थी?
– 1905, लंदन में
26. 1942 के 'भारत छोड़ो आन्दोलन' के समय गवर्नर जनरल कौन था?
– गवर्नर जनरल लिनलियगो
27. 'व्यक्तिगत सत्याग्रह' की घोषणा कांग्रेस के किस अधिवेशन में और कब की गई?
– बम्बई अधिवेशन में, 15 अगस्त 1940 को
28. 'चैम्बर ऑफ प्रिंस' या नरेन्द्र मण्डल की स्थापना कब की गई?
– 1931 ई. में

भारत एवं विश्व का भूगोल

29. भारत में परमाणु शक्ति द्वारा विद्युत् उत्पादन किस वर्ष प्रारम्भ हुआ?
– 1969 में
30. भारत में 'काजू' उगाने का कार्य किसने प्रारम्भ किया?
– पुर्तगालियों ने
31. 'रिहंन्द परियोजना' किस राज्य से सम्बन्धित है?
– उत्तर प्रदेश से
32. 'थोरियम' का उत्पादन भारत में कहाँ होता है?
– केरल में
33. 'अफीम' की खेती के लिए अनुकूल तापमान क्या है?
– 20°C से 30°C
34. विश्व का सबसे ऊँचा बाँध कौनसा है?
– रोगुन्स्की (तजाकिस्तान) (335 मी ऊँचा)
35. 'लैण्ड ऑफ गोल्डन फ्लीस' कहाँ है?
– आस्ट्रेलिया में
36. माउण्ट आबू पर संगमरमर का कौनसा मंदिर है?
– दिलवाड़ा मंदिर
37. भारत-पाकिस्तान के मध्य विभाजन रेखा का क्या नाम है?
– रैडक्लिफ रेखा
38. मंगल और बृहस्पति ग्रहों के बीच तैरती हुई लघु ग्रह जैसी वस्तु को क्या कहते हैं?
– क्षुद्र ग्रह (Asteriod)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय अर्थव्यवस्था

39. भारत में आय और सम्पत्ति के असमान वितरण को कम करने की सर्वोत्तम कर पद्धति कौनसी है?
– प्रगतिशील करारोपण

40. 1991 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या में कार्यकारी जनसंख्या का प्रतिशत कितना है?
– 37.46%

41. भारत में सर्वाधिक गेहूँ उत्पादन वाला राज्य कौनसा है?
– उत्तर प्रदेश

42. भारत सरकार के वित्तीय लेखों के अनुसार 1997-98 के दौरान विश्व बैंक तथा अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ से प्राप्त सहायता राशि का लगभग कितने प्रतिशत भाग इन्हीं संस्थाओं को ब्याज भुगतान के रूप में वापस अदा किया गया था?
– 50 प्रतिशत

43. भारत पर कुल विदेशी ऋणों में 1997-98 के दौरान रियायती ऋणों का भाग कितना था?
– 39.2 प्रतिशत

44. G-8 संगठन में सम्मिलित किया गया आठवाँ राष्ट्र कौनसा है?
– रूस

45. वर्ष 1998-99 के संशोधित अनुमानों में 1993-94 की कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय कितनी अनुमानित की गई है?
– 10070 रुपए

46. वर्ष 1998-99 के दौरान 1993-94 की कीमतों पर साधन लागत पर GDP की वार्षिक वृद्धि दर कितनी अनुमानित की गई है?
– 6 प्रतिशत

47. वर्ष 1972-73 में 'रोजगार गारण्टी कार्यक्रम' भारत के किस राज्य में सर्वप्रथम आरम्भ हुआ?
– महाराष्ट्र में

48. भारत में 'राष्ट्रीय नियोजन समिति' की स्थापना कब की गई थी?
– 1938 में

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

49. संविधान में मूल कर्तव्यों को ज्ञात करने का विचार किस देश के संविधान से लिया गया है?
– सोवियत संघ

50. पंचायत राज की नई त्रिस्तरीय व्यवस्था से सम्बन्धित कौनसा संविधान संशोधन अधिनियम है?
– 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

51. भारतीय संविधान में शामिल समवर्ती सूची किस देश के संविधान की देन है?
– कनाडा

52. किस संविधान संशोधन के अधिनियम को 'लघु संविधान' कहा जाता है?
– 42 वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम-1976

53. पंचायती राज संस्थाओं का ढाँचा कितने स्तरीय है?
– तीन स्तरीय

54. किस विधेयक पर विचार-विमर्श के लिए राष्ट्रपति ने पहली बार लोक सभा तथा राज्य सभा की संयुक्त बैठक बुलाई?
– दहेज निषेध विधेयक 1961 में

55. प्रत्येक राज्य में एक पद होता है जिसकी नियुक्ति का अधिकार राज्य-पाल को होता है. यह सरकार तथा राज्यपाल को कानूनी मामलों में परामर्श देता है. यह राज्य के मुकदमों की पैरवी करता है. इस पद का क्या नाम है?
– महाधिवक्ता

56. राज्य की विधान परिषद् के कितने सदस्यों को विधान सभा द्वारा चुना जाता है?
– कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{3}$

57. महाभियोग की प्रक्रिया पूरी होने पर राष्ट्रपति को कब से पदच्युत समझा जाता है?
– महाभियोग का प्रस्ताव संसद द्वारा स्वीकृत होने वाले दिन से

58. 1977 में केन्द्रीय सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं की कार्यप्रणाली और ढाँचे में सुधार लाने के लिए किस समिति को नियुक्त किया?
– अशोक मेहता समिति

सामान्य विज्ञान

59. विश्व का सबसे बड़ा नेशनल पार्क कहाँ है?
– कनाडा (वुडबफेलो नेशनल पार्क) (45480 वर्ग किमी)

60. पृथ्वी पर मानव (क्रोमैगनम) की उत्पत्ति कब हुई थी?
– 35 से 50 हजार वर्ष पूर्व

61. सबसे तेजगति से उड़ने वाला पक्षी कौन है?
– फाल्को पेरेग्रियन (370 – 380 किमी प्रति घण्टा)

62. सौर्य ऊर्जा यंत्र में कौनसा सेल लगाया जाता है, जो प्रकाश ऊर्जा को विद्युत् ऊर्जा में बदलता है?
– फोटो इलेक्ट्रिक सेल

63. तराशा हुआ हीरा क्यों चमकता है?
– अपने उच्च अपवर्तनांक के कारण

64. यूरेनियम के नाभिकीय विघटन के अन्त में क्या प्राप्त होता है?
– सीसा

65. 1921 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार किसे मिला?
– आइन्सटाइन को

66. इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर का आविष्कार किसने किया था?
– ब्रेनर्ड इंकर्ट

67. परागणरहित पुष्पों को किससे उपचारित करने पर बीजरहित फल प्राप्त किए जाते हैं?
– हॉर्मोन्स द्वारा

खेलकूद

68. कौनसे ओलम्पिक खेलों का आयोजन विश्व युद्धों के कारण नहीं हो सका?
– 6वें, 12वें तथा 13वें

69. 'बुल्स आई' शब्द किस खेल से सम्बन्धित है?
– राइफल शूटिंग

70. बेलिंगटन ट्रॉफी किस खेल से सम्बन्धित है?
– रोइंग (नौका दौड़)

71. न्यूयार्क का 'याकी' स्टेडियम किस खेल के लिए जाना जाता है?
– बॉक्सिंग

72. एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व कीर्तिमान किस भारतीय खिलाड़ी के नाम है?
– मो. अजहरुद्दीन

73. क्रिकेट का हॉलीवुड स्टार किसे कहा जाता है?
– शेनवार्न (आस्ट्रेलिया)

74. 'प्रिंस ऑफ वेल्स कप' किस खेल से सम्बन्धित है?
– गोल्फ (इंगलैण्ड)

75. लिएण्डर पेयस और महेश भूपति की भारतीय टेनिस जोड़ी ने इस वर्ष

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कौनसा पहला 'ग्रैण्ड स्लैम खिताब' जीता है?

– फ्रेंच ओपन का डबल खिताब

76. 'फीफा' का गठन कब हुआ था?

– 1904 को पेरिस में

विविध

77. 'विष' के बारे में अध्ययन किस शाखा के अन्तर्गत किया जाता है?

– टोक्सीकोलॉजी (Toxicology)

78. संगीत नाटक अकादमी के नए अध्यक्ष कौन हैं?

– भूपेन हजारिका

79. भारतीय केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की अध्यक्षा कौन हैं?

– आशा पारिख

80. 'यहूदी मेन्युहिन' जिनका 12 मार्च, 1999 को निधन हो गया, संगीत की किस विद्या से सम्बन्धित थे?

– वायलिन

81. भारत विभाजन पर बनी दीपा मेहता की फिल्म 'अर्थ' को फ्रांस में आयोजित पहले एशियाई फिल्म समारोह में कौनसा पुरस्कार मिला?

– सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार

82. 1999 से 2000 तक चलने वाले 'विजिट इण्डिया ईयर' की शुरूआत कब हुई?

– 1 अप्रैल, 1999 से

83. किस देश की समस्त आबादी का डी. एन. ए. नमूना बेचने का सौदा किया गया है, जहाँ के लोग अपने परिवार के पाँच सौ वर्ष का इतिहास जानते हैं?

– आइसलैण्ड

84. विवादास्पद नाटक-'मी नाथूराम गोडसे बोलतोय' के लेखक कौन हैं?

– प्रदीप चद्रकान्त दलवी

85. विटामिन 'E' का रासायनिक नाम क्या है?

– टोकोफेरोल

86. पृथ्वी के शीत ध्रुव के नाम से कौनसा स्थान जाना जाता है?

– बरखोयान्सक

सामयिक घटनाएं

87. किन दो भारतीय बल्लेबाजों ने विश्व कप क्रिकेट के दौरान किसी भी विकेट के लिए 318 रन की साझेदारी का विश्व कीर्तिमान बनाया?

– राहुल द्रविड़ और सौरभ गांगुली

88. 'फ्रेंच ओपन टेनिस-1999' के एकल महिला व पुरुष खिताब किसने जीते हैं?

– एकल महिला-स्टेफीग्राफ
एकल पुरुष-आन्द्रेआगासी

89. 'विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप' प्रतियोगिता कहाँ होना तय हुआ है?

– डेनमार्क में

90. किन तीन प्रमुख नेताओं को कांग्रेस से छः वर्ष के लिए निकाल दिया गया है?

– शरद पवार, तारिक अनवर और पी. ए. संगमा

91. अफ्रीकी देशों में भारतीय व्यापार का सबसे बड़ा साझीदार देश कौन बना है?

– नाइजीरिया

92. 48 वीं मिस यूनिवर्स का खिताब इस वर्ष किसने जीता है?

– म्पूले क्वेलागोवे को (Mpule Kwelagobe)

93. नेपाल के नए प्रधानमंत्री कौन बने हैं?

– श्री कृष्णप्रसाद भट्टराई

●●●

Read UPKAR'S

Just out

PASSPORT TO SUCCESS

N.D.A. / C.D.S.

MATHEMATICS

By : Dr. H. B. Pandey Price : Rs. 115/-

The book has been written in conformity with the most scientific technique of understanding, memorization and reproduction. A highly renowned and experienced author of the subject has classified the subject matter into parts and has added to their utility.

From beginning to end the book has been designed to conform the requirements of the examination. This makes the book highly useful, self-sufficient and unique in itself.

UPKAR PRAKASHAN

2/11A, Swadeshi Bima Nagar, Agra–282 002
Phone : 351238, 351002, 322930; Fax : (0562) 351251;
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

Just out

UPKAR'S

M.C.A.

MATHEMATICS

By : Anil Kumar Garg Price : Rs. 340/-

This book has been written for the help of all those students who wish to seek admission through entrance examination to various **M.C.A. Institutes like J.N.U., Pune, D.U., V.H.U., Roorkee, UPMCAT, M.P. Combined, H.C.U., BITS (Ranchi) etc.**

In this book, the author discussed complete theory with suitable illustrations in the beginning of each chapter which is followed by objective and subjective problems. Solutions of these problems have been provided at the end of the chapter.

The first part of this book covers Mathematical Ability and second part covers Logical and Computer Ability.

In short this book is the best and unique of its kinds.

UPKAR PRAKASHAN
2/11A, Swadeshi Bima Nagar, Agra–282 002

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुगल साम्राज्य

बाबर

- बाबर की माँ का नाम कुतलग निगार खानूम था और पिता उमर शेख मिर्जा था.
- बाबर का जन्म 14 फरवरी, 1483 ई. को फरगना में हुआ था. वह 11 वर्ष की आयु में अपने पिता का उत्तराधिकारी बना.
- 1501 ई. में शैबानी खाँ ने सर-ए-पुल में बाबर को बुरी तरह परास्त किया. बाबर को समरकंद छोड़ना पड़ा और अपनी बहन खानजादा बेगम का विवाह शैबानी खाँ से किया.
- 1503 ई. में शैबानी खाँ ने बाबर के दो चाचाओं को अर्चियाँ के युद्ध में परास्त किया.
- परिस्थितियों से मजबूर होकर बाबर ने हिन्दुकुश की ओर कूच किया और वगैर किसी विरोध का सामना किए काबुल पर 1504 ई. में उसका अधिकार हो गया.
- काबुल पर अधिकार करने के बाद बाबर ने भारत को विजय करने की दिशा में कदम बढ़ाए.
- जनवरी 1505 ई. में बाबर ने पेशावर पर आक्रमण करने के लिए अभियान भेजा, परन्तु सिंधु नदी पार करने के स्थान पर वह कोहत की ओर मुड़ गया.
- कोहत से बंगश और तत्पश्चात् बंगश से सिंध तट पर स्थित तरबिला पर अधिकार कर लिया.
- 1507 ई. में बाबर ने कांधार पर विजय प्राप्त की और वहाँ का प्रशासन अपने भाई नसीर के हाथों में सौंप दिया, लेकिन वह मात्र एक सप्ताह ही शासन कर सका.
- 1507 ई. में बाबर ने जलालाबाद तक के क्षेत्र पर विजय प्राप्त की, लेकिन शैबानी खाँ के कारण उसे शीघ्र ही राजधानी वापस लौटना पड़ा.
- 1514 ई. से 1519 ई. के बीच बाबर ने तोपखाने को विकसित किया और उस्ताद अलीं नामक तुर्क प्रधान तोपची नियुक्त किया.
- बाद में उसने तोपची मुस्तफा की सेवाएं प्राप्त कीं.
- बाबर ने 1519 ई. में भारत पर पहला आक्रमण किया और भेरा तक बढ़ आया.
- भेरा से बाबर ने मुल्ला मुशीद को अपना दूत बनाकर दौलत खाँ लोदी और इब्राहीम लोदी के पास भेजा. दौलत खाँ लोदी न तो उससे मिला और न ही उसे इब्राहीम से मिलने के लिए आगे बढ़ने दिया.
- बाबर हिन्दू बेग के हाथों में भेरा की सत्ता सौंपकर वापस लौट गया..
- बाबर ने भारत को विजित करने के लिए पाँच सैन्य अभियान किए. पाँचवाँ सैन्य अभियान 1525 ई. में हुआ.
- पाँचवें अभियान में बाबर के साथ हुमायूँ एवं 12000 सैनिक थे. बाबर के सभी सेनापति लाहौर में एकत्र हुए.
- 21 अप्रैल, 1526 ई. को बाबर और इब्राहीम लोदी के बीच पानीपत का प्रथम युद्ध हुआ. जिसमें बाबर की जीत हुई.
- पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर की विजय का श्रेय उसकी तुलगमा नामक युद्ध नीति और उसके तोपखाने को दिया जाता है.
- पानीपत के प्रथम युद्ध में इब्राहीम लोदी के साथ ग्वालियर का हिंदू राजा विक्रम भी मारा गया.
- पानीपत के प्रथम युद्ध के परिणाम-स्वरूप बाबर का हिन्दुस्तान पर शासन स्थापित हो गया और अफगानों की जड़ें उखड़ गईं.
- पानीपत विजय के बाद बाबर ने हुमायूँ को ख्वाजा कलां के साथ आगरा भेजा और कुछ सेना के साथ दिल्ली के खजाने पर कब्जा कर लिया.
- 27 अप्रैल, दिन शुक्रवार को दिल्ली में बाबर के नाम खुतबा पढ़ा गया.
- पानीपत के प्रथम युद्ध के बाद संभल में कासिम संभली ने, बयाना में निजाम खाँ ने, मेवात में हसन खाँ मेवाती ने और कन्नौज में नसीर खाँ लोहानी और मारूफ फरमुली ने बाबर का विरोध किया.
- अहमद यादगार ने अपनी पुस्तक 'तारीख-ए-सलातीन-ए-अफगानों' में लिखा है कि राणा सांगा ने हसन खाँ को संदेश भेजा था कि अगर अपना अस्तित्व बचाना चाहते हो, तो मेरे साथ संगठित हो जाओ अन्यथा बाबर तुम्हें भी समाप्त कर देगा.
- 16 मार्च, 1527 दिन शनिवार को आगरा से 20 मील दूर पश्चिम में खानवा नामक स्थान पर बाबर और राणा सांगा के बीच युद्ध हुआ जिसमें राणा की पराजय हुई.
- हसन खाँ मेवाती की खानवा के मैदान में ही मृत्यु हो गई थी.
- राणा सांगा को अनेक घाव लगे अतः उन्हें युद्ध का मैदान छोड़ना पड़ा.

खानवा की विजय के बाद बाबर द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भेजे गए सैन्य अभियान

- *हुमायूँ ने संभल, जौनपुर, गाजीपुर और काल्पी को विजित किया.*
- *मोहम्मद अली ने राबिरी पर कब्जा किया.*
- *मेंहदी ख्वाजा ने इटावा को जीता.*
- *सुल्तान मुहम्मद दुलदड़ी द्वारा कन्नौज पर अधिकार कर लिया गया.*
- *सुल्तान जुनैद बलीस ने धौलपुर पर अधिकार कर लिया.*

- पानीपत के युद्ध के बाद बाबर ने अपने पुराने सेनापति ख्वाजा कलां को गजनी भेज दिया.
- बाबर ने चंदेरी के मेदिनी राय को परास्त कर मध्य भारत में अपनी प्रभुसत्ता स्थापित करने का प्रयास किया.
- मार्च 1528 ई. में बाबर का अफगान विद्रोहियों से गंगा के तट पर युद्ध हुआ जिसमें बाबर को उल्लेखनीय सफलता मिली.
- 6 मई, 1529 ई. को घाघरा के तट पर बाबर का बंगाल के नुसरत शाह से युद्ध हुआ. इसमें नुसरत शाह परास्त हुआ.
- बाबर की 1530 ई. में बीमारी के कारण मृत्यु हो गई.
- मिर्जा हैदर के अनुसार बाबर तुर्की भाषा का अच्छा कवि था केवल अमीर अली शिर ही उससे आगे था.
- बाबर ने लज्जतदार तुर्की भाषा में दीवान नामक ग्रंथ लिखा.
- काव्य लेखन शैली 'मुबाइयां' की खोज का श्रेय भी बाबर को जाता है.
- बाबर के द्वारा तुर्की भाषा में लिखा गया निबन्ध 'रसल-ए-वलीदिया' के नाम से जाना जाता है.
- 'तुजुक-ए-बाबरी' बाबर की आत्मकथा है जो तुर्की भाषा में लिखी गई है.
- बाबर को पहले आगरा के आरामबाग में दफनाया गया उसके बाद उसके शव को काबुल ले जाया गया.

क्रमशः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिवीक्षाधीन अधिकारी (पी. ओ.) परीक्षा की तैयारी कैसे करें

✍ अवधेश कुमार झा

आज के प्रतिस्पर्द्धात्मक युग में परिवीक्षाधीन अधिकारी (पी. ओ.) का पद प्रशासनिक सेवा के बाद प्रमुख स्थान रखता है. प्रभावशाली पद और आकर्षक वेतनमान इसकी विशेषता है, किन्तु इस पद को पाने के लिए विकसित मानसिक तार्किक क्षमता, निरन्तर अभ्यास अति आवश्यक है. साथ ही आत्मविश्वास, एकाग्रता और धैर्य का होना भी उतना ही जरूरी है. इसमें असफलताएं भी मिलती हैं, बाधाएँ भी आती रहती हैं, लेकिन सत्य यह है कि यदि छात्र निराशा को त्यागकर, निरंतर अभ्यास करते रहें, तो इस उच्च पद के अधिकारी बन सकते हैं. किन्तु तैयारी से पूर्व निम्नलिखित तीन बातों पर अच्छी तरह विचार कर लें.

1. दृढ़ निश्चय
2. एक निर्धारित कार्यक्रम
3. विषय वस्तु से सम्बन्धित सामग्रियों का संग्रह

यह परीक्षा दो चरणों में होती है.

अ 1. वस्तुनिष्ठ
2. विवरणात्मक

ब साक्षात्कार

(अ) **1. वस्तुनिष्ठ**–इसमें चार वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली होती हैं, जिनके अंक और समय नीचे दिए जा रहे हैं.

विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	अंक प्रति प्रश्न	समय मिनट में	कुल समय
1. आंकिक योग्यता	50	60	1.2	30	
2. सामान्य ज्ञान	50	60	1.2	25	2 घण्टा 15 मिनट
3. अंग्रेजी *	50	50	1	30	
4. तर्कशक्ति	75	80	1.06	50	

* अंग्रेजी केवल उत्तीर्णांक होता है, योग्यता निर्धारण के लिए नहीं

(1) **आंकिक योग्यता**–यह विषय इस परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि एक सही उत्तर देने पर आपको 1.2 अंक प्राप्त होते हैं. अतः इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. पूछे गए विभिन्न बैंकिंग संगठनों द्वारा प्रश्नों की आगे तालिका देखें–

उपरोक्त प्रश्न–तालिका को देखने से पता चलता है कि विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों में सर्वाधिक प्रश्न डाटा, आरेख चित्र, ग्राफ के आधार पर है, जिससे लगभग 15–20 प्रश्न पूछे जाते हैं. इसके लिए आप प्रतियोगिता दर्पण का सांख्यिकीय विश्लेषण अतिरिक्तांक की सहायता लें.

इसके बाद भिन्न (सामान्य, जोड़, घटाव) इत्यादि से 10–15 प्रश्न पूछे जाते हैं. इसके लिए आप स्वंय विभिन्न संख्याओं का एक दूसरे से सम्बन्ध स्थापित करने की कोशिश करें. यद्यपि इसकी शैली हर वर्ष बदलती रहती है, लेकिन यदि निरन्तर अभ्यास किया जाए तथा इसको समझ लिया जाए तो किसी भी तरह के प्रश्न को हल किया जा सकता है.

इसके अतिरिक्त अंकगणित के अन्य विभिन्न क्षेत्रों से भी प्रश्न पूछे जाते हैं, जिन्हें उनके सूत्रों के आधार पर हल किया जा सकता है. इसके लिए आप एक सूत्र तालिका बनाकर अपने सामने रखें और उसे पूरी तरह याद रखने की कोशिश करें.

आंकिक योग्यता सारिणी

विषय क्षेत्र	हैदराबाद 99	कलकत्ता 99	गुवाहाटी 99	दिल्ली 99	एस. बी. आई. 99	मुम्बई 99
भिन्न (सा. जोड/घटाव)	10	13	12	20	10	23
ब्याज/समय/मूलधन/दर	02	01	04	02	03	01
औसत आयु	×	03	01	01	01	×
शृंखला/दिए गए कथनों पर	10	10	05	05	05	05
असंगत संख्या (श्रेणी में)	×	×	×	×	05	×
डाटा के आधार पर	10	08	10	05	05	05
आरेख चित्रण द्वारा	06	×	05	05	05	×
ग्राफ के आधार पर	05	05	05	05	10	10
अनुपात/समानुपात	02	02	02	×	04	02
समय और कार्य	01	01	01	01	01	×
लाभ/हानि	01	02	02	03	01	01
प्रतिशतता	01	03	×	01	01	02
दूरी/समय (रेलगाड़ी/नाव)	01	×	×	02	02	01
क्षेत्रमिति (ल../चौ./क्षे.)	01	02	03	×	×	×

आप उपकार प्रकाशन की विभिन्न पुस्तकों से निरन्तर अभ्यास कर, अपनी आंकिक क्षमता की शुद्धता को निरन्तर उच्च से उच्चतर कर सकते हैं.

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि समय की पाबंदी को ध्यान में रखते हुए आप इसका अभ्यास करें, जिससे कम-से-कम समय में अधिक-से-अधिक प्रश्न हल कर सकें. इसके लिए निर्धारित समय 30 मिनट है.

(2) **सामान्य ज्ञान**–सामान्य ज्ञान का भी इस परीक्षा में उतना ही महत्व है, जितना आंकिक योग्यता का क्योंकि इसमें भी प्रति प्रश्न 1.2 अंक निर्धारित होते हैं. साथ ही इसकी एक विशेषता यह भी है कि आपने यदि सामान्य ज्ञान का अच्छी तरह अध्ययन किया है, तो इस विषय में आप अपने बहुमूल्य समय की बचत भी कर सकते हैं. अर्थात् कम समय में अधिक सही प्रश्न हल कर सकते हैं.

इसके लिए आप [1] नियमित मासिक पत्रिका (सामान्य ज्ञान दर्पण/प्रतियोगिता दर्पण), [2] एक समाचार पत्र, [3] कोई एक आर्थिक समाचार पत्र, [4] कोई एक मासिक पत्रिका (राजनीतिक, विविध) जैसे, इंडिया टुडे इत्यादि.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य ज्ञान सारिणी

विषय क्षेत्र	हैदराबाद 99	दिल्ली 99	गुवाहाटी 99	एस. बी. आई. 99	कलकत्ता 99	मुम्बई 99
अर्थव्यवस्था	10	08	12	08	11	04
पुरस्कार	03	01	02	03	02	03
पुस्तक/लेखक	01	04	03	03	×	03
खेलकूद	03	04	05	06	06	04
सम्मेलन/समिति/ऑपरेशन	×	03	02	02	01	01
विज्ञान/कम्प्यूटर	05	04	02	01	08	06
राष्ट्रीय (व्यक्ति/स्थान/राजनीति)	10	09	03	07	05	06
अन्तर्राष्ट्रीय (व्यक्ति/स्थान/आर्थिक/विविध)	19	13	13	15	13	17
मिश्रित	×	03	02	03	01	03
फिल्म/सभ्यता/संस्कृति	02	01	06	02	03	03
कुल प्रश्नों की संख्या	50	50	50	50	50	50

तालिका देखने से स्पष्ट पता चलता है कि अर्थव्यवस्था, सामान्य ज्ञान के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है. अतः आर्थिक समाचार पत्र का गहन अध्ययन अति आवश्यक है. विशेषकर परीक्षा से एक महीने पूर्व की जानकारी का होना अति आवश्यक है.

कुल प्रश्नों में सामाजिक पर 45 प्रश्न, तथा कम्प्यूटर और विज्ञान से सम्बन्धित 5 प्रश्न पूछे जा सकते हैं. इनमें राष्ट्रीय स्तर से सर्वाधिक (लगभग 30–35 प्रश्न) पूछे जाते थे तथा अन्तर्राष्ट्रीय से 10 से 15 प्रश्न. यद्यपि हाल के वर्षों में अन्तर्राष्ट्रीय से अधिक प्रश्न पूछे जाने लगे हैं.

सामान्य ज्ञान पर उल्लेखित, उपरोक्त डाटा के आधार पर हम इस डाटा को कुछ और अधिक स्पष्ट करके देख सकते हैं–

1. भारतीय यात्रा पर आए व्यक्ति 2 से 5 प्रश्न
2. नियुक्ति/त्याग पत्र/मृत्यु 4 से 6 प्रश्न
3. पुरस्कार/सम्मान 3 से 5 प्रश्न
4. विभिन्न राज्यों से 3 से 5 प्रश्न
5. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 4 से 10 प्रश्न
6. खेलों से 1 से 2 प्रश्न
7. पुस्तकें 1 से 2 प्रश्न
8. अर्थव्यवस्था 10 से 15 प्रश्न

इस प्रकार हम देखते हैं कि यदि हम सामान्य ज्ञान के लिए एक व्यवस्थित रूप रेखा तैयार करें, तो अच्छे अंक अर्जित किए जा सकते हैं. इसके लिए समाचार पत्रों के साथ-साथ आप प्रतियोगिता दर्पण/सामान्य ज्ञान दर्पण का नियमित अध्ययन करें और एक नोट बुक बनाकर उसके प्रत्येक माह की महत्वपूर्ण जानकारियों को लिखते रहें. ताकि आप परीक्षा के सन्निकट होने पर कम समय में भी एक नजर इन महत्वपूर्ण जानकारियों पर डाल सकें. इसके लिए आप 25 मिनट का समय निर्धारित करें.

(3) **अंग्रेजी**–अंग्रेजी वैसे तो केवल उत्तीर्णांक होता है, लेकिन इसका भी अपना एक महत्व है. क्योंकि यदि आप इस पत्र में उत्तीर्ण नहीं हुई, तो आपने अन्य तीन भाग कितना भी अच्छा किया हो, उसकी जाँच ही नहीं की जाएगी. अतः इस विषय पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है. इसके लिए हम लोग अंग्रेजी के महत्वपूर्ण भागों की निम्नलिखित तालिका देखें.

ENGLISH TABLE

	Delhi 99	Guwahati 99	Calcutta 99	SBI 99	Mumbai 99	Hyderabad 99
COMPREHENSION	10	09	12	09	09	09
SYNONYMS	×	03	×	03	03	03
ANTONYMS	×	03	×	03	03	03
FILL (ONE WORD)	10	×	×	05	×	×
FILL (TWO WORD)	×	10	05	×	10	05
CORRECT ERRORS	10	×	11	×	×	×
PARAGRAPH FORMING	05	05	06	05	05	05
REPLACEMENT AND IMPROVEMENT	×	×	×	05	×	×
IDIOMS AND PHRASES	05	10	06	10	10	15
FILL IN PARAGRAPH	10	10	10	10	10	10

तालिका को देखने से स्पष्ट पता चलता है कि COMPREHENSION से इसमें सर्वाधिक प्रश्न पूछे जाते हैं. लगभग 10–15 प्रश्न. इसके बाद (PARA-GRAPH) का स्थान आता है, जिससे 10–15 प्रश्न है. इसके अलावा GRAMMER के अन्य क्षेत्रों का भी विशेष अध्ययन आवश्यक है. अंग्रेजी के अध्ययन के लिए आप (i) UPKAR : A FRESH APPROACH TO GENERAL ENGLISH, (ii) UPKAR : LEARN TO WRITE CORRECT ENGLISH

साथ ही WREN AND MARTIN की पुस्तक का विशुद्ध अध्ययन और अभ्यास करें. VOCABULARY जितना अधिक हो, अंग्रेजी समाचार पत्रों से संग्रहित करते रहें. साथ ही आप प्र. द./सा.ज्ञा.द. के प्रत्येक माह प्रकाशित पी. ओ. के लिए दिए मॉडल प्रश्न पत्रों का भी नियमित अभ्यास करें.

एक सफल परीक्षार्थी के कथनानुसार यदि आपने अंग्रेजी में 30–35 प्रश्न सही हल कर लिए तो आप उत्तीर्ण हो सकते हैं यह उत्तीर्णांक आयोग निर्धारित करती है अतः उच्चतर अंकों के आधार पर निर्धारित उत्तीर्णांक में परिवर्तन भी हो सकता है, इस विषय के लिए आप 25 मिनट का समय निर्धारित करें.

(4) **तार्किक योग्यता**–तार्किक योग्यता का इस परीक्षा में बहुत महत्व है, क्योंकि इसमें एक-एक सही उत्तर के लिए 1.06 अंक ही मिलते हैं. मेरिट में आने के लिए इसमें भी अच्छा अंक आना आवश्यक है, जो अभ्यास से पाया जा सकता है.

इसके लिए हम निम्नलिखित तालिका देखें. इसमें दो भाग होते हैं.

(i) भाषिक – 60 प्रश्न

(ii) अभाषिक – 15 प्रश्न

(i) **भाषिक**–इस क्षेत्र से 50 से 60 प्रश्न पूछे जाते हैं. जिसमें गद्यांशों एवं विवरण पर आधारित एवं अक्षरों एवं संकेतों की स्थिति से सर्वाधिक 10 से 15 प्रश्न पूछे जाते हैं. अतः यह भाग अत्यधिक महत्वपूर्ण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है. इसके अतिरिक्त सभी भागों से 5–10 प्रश्न पूछे जाते हैं.

इसके लिए उपकार प्रकाशन के [1] अतिरिक्तांक (बौद्धिक एवं तर्कशक्ति परीक्षा), [2] सा. ज्ञा. दर्पण मैजिक सीरिज (तर्कशक्ति परीक्षा), [3] उपकार वस्तुनिष्ठ अभ्यास तर्कशक्ति परीक्षा, का अध्ययन अति आवश्यक है. इन पुस्तकों के सभी अध्यायों को भली-भाँति समझें तथा निरन्तर अभ्यास करें.

(ii) **अभाषिक**–अभाषिक में 15 से 20 प्रश्न पूछे जाते हैं. यह भाग भाषिक की अपेक्षा अधिक आसान तथा कम समय लेने वाली हो सकती है. अतः भाषिक से अधिक इस भाग की अभ्यास की जानी चाहिए इसके लिए चित्रों को गौर से देखें तथा उस पर विचार करें, कि उसमें क्या परिवर्तन हो रहा है इत्यादि. इसके लिए उपकार प्रकाशन की पुस्तकें लाभदायक सिद्ध हो सकती हैं.

अब हम एक नजर इसकी तालिका पर डालें–

तार्किक योग्यता सारिणी

विषय क्षेत्र	हैदराबाद 99	कलकत्ता 99	एस. बी. आई. 99	मुम्बई 99	दिल्ली 99	कलकत्ता 99
अक्षरों एवं संकेतों की स्थिति	08	09	10	13	14	11
रक्त सम्बन्ध	03	02	×	01	01	01
वर्गीकरण	×	05	04	03	03	×
सांकेतिक भाषा	×	05	×	04	04	×
क्रम परीक्षण	×	×	03	01	×	×
दिशा सम्बन्धी प्रश्न	07	02	03	03	02	07
गद्यांशों एवं विवरण से	08	05	05	10	05	07
तार्किक चित्र	×	×	03	×	×	×
शब्दों या संख्याओं से	02	02	×	×	×	×
विविध	02	×	04	×	×	×
पंचलाइन	07	05	06	×	05	08
कथन एवं निष्कर्ष	11	10	05	10	05	05
कथन एवं पूर्वधारणा	05	05	05	05	05	05
कथन एवं कार्यवाही	07	10	07	07	08	07
कथन एवं तर्क	×	×	05	03	08	10
अभाषिक 15 प्रश्न						
आकृति शृंखला	05	05	05	05	05	05
आकृति सादृश्यता	05	05	05	05	05	05
मिश्रित	05	05	05	05	05	05

इन दोनों भागों के लिए अभ्यास और तार्किक क्षमता का प्रबल होना अति आवश्यक है, क्योंकि तार्किक योग्यता के प्रश्नों में प्रत्येक वर्ष शोध कर, नए-नए प्रश्नों का समायोजन किया जाता रहा है. अतः आपकी तार्किक क्षमता जितनी उच्च स्तर की होगी, आप उतना ही अच्छा अंक प्राप्त कर सकते हैं. इसके लिए आप 50 मिनट का समय निर्धारित करें.

2. विवरणात्मक–विवरणात्मक प्रश्न एक प्रकार से संक्षिप्त लेख होते हैं. इसके लिए कोई विशेष विषय क्षेत्र या विषय-वस्तु नहीं होती. यह सामयिक संदर्भों, विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति पर आधारित होता है. अतः इसके लिए अपने आस-पास की बातों, विषयों पर गम्भीरता से विचार करें और उसमें अपनी विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रयोग कर लिखने की कोशिश करें इसके लिए यह आवश्यक नहीं, कि आपने कितना लिखा है, बल्कि आपने क्या लिखा, यह अधिक महत्व रखता है. अतः आप कम-से-कम शब्दों में शुद्ध-शुद्ध और विषय के ऊपर केन्द्रित विचार रखें.

इसके लिए 45 मिनट में 3 प्रश्न करने होते हैं, निर्धारित 60 अंक होते हैं.

(ब) साक्षात्कार–साक्षात्कार के लिए आप उपकार प्रकाशन की पुस्तक 'बैंक साक्षात्कार, को देखें और तदनुरूप आप तैयारी करें.

●●●

COMPETITION SCIENCE VISION

Subscription Rate

One Copy	**Rs. 35/-**
One Year	**Rs. 335/-**
Two Years	**Rs. 630/-**

- ❒ Please send your Membership fee by M.O. or Bank Draft. Cheques will not be accepted.
- ❒ Please inform your Correct Address together with the period, the month from which you are becoming a member.
- ❒ M.O. or Bank Draft will be accepted only in the name of M/s Pratiyogita Darpan, Agra.

ORDER FORM

I want to be a regular subscriber for **Competition Science Vision.** Kindly send my copy on the following address :

Name .....

Address .....

.....

.....

.....

Pin ☐☐☐☐☐☐

I am sending the M.O./Bank Draft for Rs. .....

Dated .....

Signature

.....

COMPETITION SCIENCE VISION
M/s Pratiyogita Darpan
2/11A, Swadeshi Bima Nagar, Agra–2
Phone : 351238, 350002, 322930,
Fax : (0562) 351251

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर्यावरण लेख

पर्यावरण का संरक्षक – 'इकोमार्क'

✍ डॉ. एन. के. बौहरा

सरकारी स्तर पर 'एगमार्क' एवं आई. एस. आई. (ISI) के मार्का लगे उत्पाद वस्तु की उत्कृष्ठता एवं प्रामाणिकता का मानक होते हैं. आज के सन्दर्भ में जब पर्यावरण की प्रदूषणता के लिए जिम्मेदार कई रसायनों एवं उद्योगों को बन्द करने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा सरकार पर दबाव डाला जा रहा है. वस्तुओं एवं उत्पादनों पर एक नया चिन्ह 'इकोमार्क' भी अत्यावश्यक हो गया है. उत्पादों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए ही पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने अनुकूल उत्पाद का लेबल लगाने की एक संरक्षण एवं कल्याण उन्मुख संकल्पना की है. इसका उद्देश्य उत्पादों के प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए निर्माताओं एवं आयात करने वालों को प्रोत्साहन देना है.

पर्यावरण के अनुकूल विभिन्न उत्पादों को 'इकोमार्क' प्रदान करने की संकल्पना विकसित देशों में भी अपनाई जा रही है. इस संकल्पना के तहत, जो उत्पाद पर्यावरणीय (मानव स्वास्थ्य सहित) के लिए कम हानिकारक है अथवा विकास की विभिन्न अवस्थाओं, विनिर्माण, उपयोग, पैकेजिंग, वितरण, उपभोग व निपटान अथवा पुनः चक्रण के जरिए पर्यावरण को हानि नहीं पहुँचाते अथवा कम हानिकारक होते हैं, उन्हें 'इकोमार्क' प्रदान किया जा सकता है. पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों के लेबल लगाने का अर्थ है–उत्पादों का चयन करते समय विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए उपभोक्ताओं को जानकारी उपलब्ध कराकर पर्यावरणीय समस्याओं को कम करना. उपभोक्ताओं के रूप में गृहस्थ अपेक्षाकृत छोटे-छोटे व्यक्तिगत योगदान देते हैं, जिनका समग्र प्रभाव अधिक होता है. इससे कम्पनियों को अपने उत्पादों के पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम करने में प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि उपभोक्ता पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा में सहायता देने के लिए अपना योगदान भी दे सकेंगे. आज का उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सतर्क हो चुका है तथा वह वस्तु को खरीदने से पहले उसकी गुणवत्ता एवं परिदृष्टि से अनुकूलता, जैसे मानक चिह्नों को देखता है- इस दिशा में 'इकोमार्क' न केवल एक उपभोक्ता के लिए वरन् समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहा है.

तेजी से बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण बाजार में दैनिक उपभोग की वस्तुओं में बाढ़-सी आ गई है, उससे जीवन आरामदायक तो हुआ है, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति इसके बढ़ते हानिकारक प्रभावों में भी अप्रत्याशित वृद्धि हुई है. ऐसे उत्पादों को उन उत्पादों से अलग करने की आवश्यकता है, जो कम हानिकारक हो या जिसके विनिर्माण, पैकिंग व पुनः चक्रण आदि विभिन्न चरणों से पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा पर्यावरण दूषित हो रहा है.

पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद

पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद से तात्पर्य ऐसे उत्पादों से है, जिसमें प्रदूषण रसायन न हो. उदाहरणार्थ एक ऐसा साबुन पर्यावरण के अनुकूल नहीं माना जा सकता जिसमें अधिक फॉस्फेट हो एवं उसके द्वारा जल स्रोतों को प्रदूषित किया जा सकता है. जल स्रोतों के प्रदूषित होने से जलीय जीवों को आवश्यक अनिवार्य ऑक्सीजन नहीं मिल पाएगी तथा इस प्रकार नाजुक पारि-प्रणाली गड़बड़ा जाएगी. इसी प्रकार गहरा काला धुआँ छोड़कर वायु को प्रदूषित करने वाली अथवा अधिक पेट्रोल से कम दूरी तक चलने वाली कार को पर्यावरण के अनुकूल नहीं कहा जा सकता है.

इसके विपरीत जैव अपघटनीय अथवा फोटो अवक्रमणीय पदार्थ उन पदार्थों की तुलना में पर्यावरण के अधिक अनुकूल है, जो अवक्रमणीय नहीं है. वह कागज जिसके निर्माण में वनों की लकड़ी जैसे प्राकृतिक संसाधनों का ह्रास नहीं होता और जो पुनश्चकित तन्तुओं पर आधारित हो, निश्चित रूप से पर्यावरण के अनुकूल है, परन्तु देवदार या चीड़ के वृक्ष से बना डिब्बा नहीं है. इस प्रकार ऐसे उत्पादों को पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद माना जा सकता है, जिसका निर्माण, पैकिंग, उपभोग या निपटान ऐसे तरीकों से किया जाता है कि उससे पर्यावरण को बहुत कम क्षति होती हो.

इस प्रकार के मार्क का उद्देश्य न केवल उत्पादों के प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए निर्माताओं एवं आयात करने वालों को प्रोत्साहन देना है, वरन् उपभोक्ताओं से जानकारी प्राप्त करके दैनिक जीवन में उत्तरदायी बनने में इसकी सहायता करना भी है, जिससे वे अपने विक्रय सम्बन्धी निर्णयों में पर्यावरणीय कारकों को ध्यान में रख सके. इस प्रकार के कार्यक्रम में प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए कम्पनियों द्वारा वास्तविक पहल किए जाने पर उन्हें पुरस्कृत करने के साथ-साथ आम नागरिकों को भी प्रोत्साहित करने की योजना है. इन सभी के द्वारा पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार करना एवं संसाधनों को चिरस्थायी प्रबन्धन को बढ़ावा देना ही इस 'इकोमार्क' का उद्देश्य है.

इस योजना में विभिन्न प्रकार के उत्पादों के सम्बन्ध में टिप्पणियाँ प्राप्त होने के पश्चात् उत्पादों की 19 श्रेणियों को चुना जा चुका है. वर्तमान में साबुन (जीवाणुरोधी प्रसाधन, साबुन, प्रसाधन साबुन, तरल प्रसाधन एवं लांड्री साबुन तथा डिटरजेन्ट आदि) में मापदण्डों को अन्तिम रूप से अधिसूचित किया गया है. साबुन को 28-4-1992 से, डिटरजेन्ट्स को भी 28-4-1992 से, कागज को 9-11-1992 से तथा पेन्ट्स को भी 9-11-1992 की अधिसूचना द्वारा अधिसूचित किया गया है. इसके अतिरिक्त प्लास्टिक, ऐरोसोल, काष्ठ के विकल्प, खाद्य तेल, चाय, कॉफी, पैकिंग पदार्थों, पेय, सब्जी उत्पाद एवं बिजली तथा इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान आदि को भी अधिसूचित किया गया है.

'इकोमार्क' के चिह्न को मिट्टी के घड़े के रूप में चित्रित किया गया है, जो हमारी भारतीय सभ्यता जितना ही प्राचीन, परन्तु समीचीन एवं प्रासंगिक है. सदियों से घड़े के आकार में परिवर्तन हुए हैं, परन्तु उसके मूलभूत तत्वों (निर्माण सामग्री) एवं बनाने की प्रक्रिया आज भी वही है. चिकनी मिट्टी, जो पुनः चक्रणीय और जैव अपघटनीय दोनों है, से निर्मित मिट्टी के घड़े का उपयोग पानी भरने अथवा अन्य मूलभूत आवश्यकताओं जैसे खाद्यान्न आदि रखने के लिए किया जाता है. इसकी छिद्रिल दीवारें, मृदा, जल एवं वायु के पारस्परिक प्रभाव के उदाहरण हैं. घड़ा विशुद्ध भारतीय होने के नाते देश में विभिन्न भागों में इसके उपयोग के आधार पर इसकी आकृति बदलती रहती है. घड़े का सम्बन्ध आमतौर पर ग्रामीण महिलाओं से अधिक है, जो हर समय इसका उपयोग करती हैं. इसके ठोस और आकर्षक रूप से इसकी मजबूती एवं भंगुरता दोनों ही प्रदर्शित होती हैं, जो हमारी पारि-प्रणाली का भी गुण है. वर्तमान परिस्थितियों में निःसन्देह 'इकोमार्क' पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी सिद्ध हो रहा है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तर्कशक्ति परीक्षा

1. यदि A का अर्थ '+', B का अर्थ '÷', C का अर्थ '–' तथा D का अर्थ '×' हो तो–
25 D 15B 3A 19 C 11 = ?
(A) 133 (B) 134
(C) 123 (D) 124
(E) 132

2. किसी सांकेतिक भाषा में AFJKN-DEFL को JAPDKNLEF लिखा जाता है, तो उसी भाषा में MISTO-BGVY को कैसे लिखा जाएगा?
(A) SMIBOTYGV
(B) SIMBTOYVG
(C) SMIBTOYGV
(D) SMBITOGVY
(E) SMITBOGYV

3. अजीत अपने घर से पूर्व दिशा की ओर 12 किमी जाता है तथा फिर उत्तर दिशा की ओर मुड़कर 5 किमी जाता है. उसे छोटे रास्ते द्वारा होकर घर जाने में कितनी दूरी तय करनी पड़ेगी?
(A) 10 किमी (B) 12 किमी
(C) 13 किमी (D) $13\sqrt{2}$ किमी
(E) $\frac{13}{\sqrt{2}}$ किमी

4. शब्द STRONGER के अक्षरों के बीच ऐसे कितने युग्म हैं जिनके बीच में ठीक उतने ही अक्षर होते हैं जितने कि वर्णमाला में उनके बीच होते हैं?
(A) एक भी नहीं
(B) एक
(C) दो
(D) तीन
(E) तीन से अधिक

5. निम्नलिखित अंकों की शृंखला में ऐसे कितने '7' हैं जिनके पहले के दो अंकों का योग तथा बाद के दो अंकों का योग 7, 7 हो.
6 1 7 7 6 1 9 1 4 3 7 5 2 1 6 7 2 5 2 7 5 4 5 2 7 1 6 2 7
(A) दो
(B) तीन
(C) चार
(D) एक
(E) एक भी नहीं

6. निम्नलिखित समूहों में से कौनसा एक समूह अन्य चारों से भिन्न है?
(A) D K 6 (B) J W 12
(C) C N 10 (D) G T 13
(E) I V 12

7. रिक्त स्थान भरें–
222, 130, 68, 30, ...
(A) 20 (B) 25
(C) 10 (D) 15
(E) 5

8. यदि हवा को पानी कहें, पानी को फूल कहें, स्थल को धूल कहें, आकाश को पाताल कहें, तो राम कहाँ रहता है?
(A) पानी (B) फूल
(C) स्थल (D) पाताल
(E) धूल

9. मनीष ने अमित से कहा कि तुम मेरी पत्नी की इकलौती ननद की सास के इकलौते पुत्र हो, तो अमित से मनीष का क्या सम्बन्ध है?
(A) भाई
(B) बहनोई
(C) साला
(D) तय नहीं कर सकते
(E) इनमें से कोई नहीं

10. जिस प्रकार लालू यादव सम्बन्धित हैं. मधेपुरा से उसी प्रकार नीतिश कुमार सम्बन्धित हैं–
(A) बिहार (B) बाढ़
(C) बेतिया (D) बगहा
(E) पटना

निर्देश–(प्रश्न 11 से 13 तक) निम्नलिखित वर्णमाला के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

11. बाएं से 9वें अक्षर से दाएं 10 वें अक्षर से बाएं 8 वाँ अक्षर क्या है?
(A) A (B) Z
(C) J (D) K
(E) L

12. निम्नलिखित वर्णों की शृंखला में प्रश्नसूचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या होगा?
DBF, IGK, OMQ, ?
(A) UTW (B) VTW
(C) USY (D) VTY
(E) VTX

13. यदि वर्णमाला का प्रथम अर्द्धांश तथा द्वितीय अर्द्धांश विपरीत क्रम में लिखा जाए तो दाएं से 7वें अक्षर से बाएं 9वाँ अक्षर कौनसा है–
(A) O (B) K
(C) N (D) C
(E) D

14. यदि 7 ÷ 8 = 28 तथा 6 ÷ 3 = 9 हो, तो 12 ÷ 2 = ?
(A) 10 (B) 12
(C) 14 (D) 15
(E) 9

15. यदि 1992 का पहला दिन सोमवार हो, तो 1993 का पहला दिन क्या होगा?
(A) सोमवार (B) मंगलवार
(C) बुधवार (D) रविवार
(E) शनिवार

निर्देश–(प्रश्न 16 से 19 तक) नीचे दी गई सूचनाएं पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(1) आठ लड़कियाँ सीता, गीता, अनीता, पल्लवी, ज्योति, मीरा, मीना तथा आभा एक वृत्ताकार टेबिल पर खाने बैठी हैं.

(2) पल्लवी, मीरा तथा ज्योति के बीच में है.

(3) मीरा के बाएं तीसरे स्थान पर मीना है जो आभा के दाएं है.

(4) सीता अनीता के सामने बैठी है जबकि सीता मीना के दाएं दूसरे स्थान पर है.

16. गीता के सामने कौन है?
(A) ज्योति (B) अनीता
(C) पल्लवी (D) आभा
(E) इनमें से कोई नहीं

17. मीना तथा सीता के बीच में कौन बैठी है?
(A) मीरा (B) सीता
(C) गीता (D) आभा
(E) ज्योति

18. पल्लवी के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठी है?
(A) आभा (B) मीना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(C) गीता (D) सीमा
(E) ज्योति

19. गीता का स्थान जानने के लिए कौनसी सूचना जरूरी नहीं है?
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4
(E) सब जरूरी हैं.

20. यदि SAIL को '41' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो उसी कूटभाषा में 'BIHAR' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?
(A) 37 (B) 38
(C) 39 (D) 40
(E) 48

21. यदि एक पंक्ति में सोनू का क्रम आगे से 25वाँ तथा मोनू का क्रम पीछे से 28वाँ है, तो उस पंक्ति में कितने विद्यार्थी हैं?
(A) 53 (B) 56
(C) 50 (D) 27
(E) तय नहीं कर सकते

22. निम्नलिखित समूहों में कौनसा एक समूह अन्य चार से भिन्न है?
(A) सोफा (B) पलंग
(C) अलमारी (D) बढ़ई
(E) कुर्सी

23. यदि शब्द 'SATISFACTION' के दूसरे छठे तथा नवें अक्षरों से कोई अर्थपूर्ण शब्द बन सकता है, तो निम्नलिखित में से कौनसा उस शब्द का मध्य अक्षर होगा? यदि कोई ऐसा शब्द नहीं बन सकता है, तो आपका 'X' है यदि एक-से अधिक शब्द बन सकते हैं, तो आपका उत्तर 'Y' होगा?
(A) F (B) A
(C) T (D) X
(E) Y

24. किसी सांकेतिक भाषा में 'पी टी सी' का अर्थ है तुम अच्छे हो, 'सी नी पी' का अर्थ है 'तुम नहीं हो' 'टी नी की' का अर्थ है 'वे अच्छे नहीं', तो 'नहीं' का संकेत कौनसा है?
(A) सी (B) नी
(C) ची (D) की
(E) टी

25. नीचे दी गई शृंखला में असंगत अंक को चुनिए–
180, 100, 49, 18, 4
(A) 180
(B) 100
(C) 49
(D) 18
(E) 4

निर्देश–(प्रश्न 26 – 40 तक) निम्नलिखित हर प्रश्न में यदि क्रम जारी रहा तो दाहिनी ओर दी गई पाँच उत्तर आकृतियों में से कौनसी उत्तर आकृति बाईं ओर की प्रश्न आकृतियों के तत्काल बाद आनी चाहिए?

प्रश्न आकृतियाँ **उत्तर आकृतियाँ**

26. 

27.

28. 

29. 

30. 

31. 

उत्तर व्याख्या सहित

1. (A) $25 \times 15 \div 3 + 19 - 11$
$\Rightarrow 25 \times 5 + 8$
$\Rightarrow 125 + 8 = 133$

2. (C) A P J K N D E F
J A P D K N L E

इसी प्रकार

M I S T O B G V
S M I B T O Y G

3. (C) कर्ण $= \sqrt{(\text{ल.})^2 + (\text{आ.})^2}$



$AC = \sqrt{(5)^2 + (12)^2}$
$= \sqrt{25 + 144}$
$= \sqrt{169} = 13$ किमी

4. (C) STRONGER
अभीष्ट युग्म (i) S–T (ii) N – O

5. (B) 6 1 7 7 6 1 9 1 4 3 7 5 2 1 6 2 5 2 7 5 4 5 2 7 1 6 2 7

6. (D) G तथा T के बीच 12 अक्षर हैं.

7. (C) $6^3 + 6 = 222$
$5^3 + 5 = 130$
$4^3 + 4 = 68$
$3^3 + 3 = 30$
$2^3 + 2 = 10$

8. (E) राम स्थल पर रहता है तथा स्थल को धूल कहा गया है.

9. (C) मनीष की पत्नी की इकलौती ननद मनीष की बहन है तथा उसकी सास का इकलौता पुत्र मनीष का बहनोई हुआ अतः अमित का साला मनीष है.

10. (B) लालू यादव मधेपुरा से चुनाव लड़े हैं जबकि नीतिश कुमार बाढ़ से.

11. (D)



T U V W X Y Z
बाएं से 9वाँ अक्षर I से दाएं 10वाँ अक्षर S तथा S से बाएं 8वाँ अक्षर K है.

12. (E)



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

32. 
A B C D E

33. 
A B C D E

34. 
A B C D E

35. 
A B C D E

36. 
A B C D E

37. 
A B C D E

38. 
A B C D E

39.
A B C D E

40. 
A B C D E

निर्देश–(प्रश्न 41 – 45) प्रश्नाकृतियों में से पहले इकाई में की दूसरी आकृति उसी इकाई की पहली आकृति में से किसी प्रकार सम्बन्धित है उसी प्रकार उत्तराकृतियों में से एक आकृति दूसरी इकाई में की पहली आकृति से वहीं सम्बन्ध रखती है इसलिए प्रश्नचिह्नों की जगह कौनसी आकृति आएगी यह आपको दिखाना है.

41. 
A B C D E

42. 
A B C D E

43.
A B C D E

44. 
A B C D E

45. 
A B C D E

13. (D)

MLKJIHGFED

9 वाँ अक्षर

C BAZYZWVU T SRQPON

7 वाँ अक्षर

दाएं से 7 वाँ अक्षर T है तथा T से बाएं 9वाँ अक्षर C है.

14. (B) $\frac{7 \times 8}{2} = 28,$

$\frac{6 \times 3}{2} = 9$

इसी प्रकार

$\frac{12 \times 2}{2} = 12$

15. (C) ∵ 1992 एक लीप वर्ष है. अतः 366 में 7 का भाग देने पर शेष 2 बचता है.
अतः अभीष्ट दिन = सोमवार + 2
= बुधवार

प्रश्न 16 से 19 तक का उत्तर प्राप्त करने के लिए–



16. (A) 17. (C) 18. (A) 19. (E)

20. (B) SAIL = S + A + I + L
= 19 + 1 + 9 + 12
= 41

इसी प्रकार

BIHAR = B + I + H + A + R
= 2 + 9 + 8 + 1 + 18
= 38

21. (E) दो छात्रों के लिए दिए गए विपरीत या एक ही दिशा के क्रम स्थान से समूह के कुल छात्रों की संख्या नहीं निकाली जा सकती.

22. (D) (शेष सभी फर्नीचर हैं)

23. (B) FAT

24. (B) पी टी सी → तुम अच्छे हो ... (i)
सी नी पी → तुम नहीं हो ... (ii)
टी नी की → वे अच्छे नहीं ... (iii)
समीकरण (iii) से,
नहीं → नी

25. (C) $6^2 \times 5 = 180$
$5^2 \times 4 = 100$
$4^2 \times 3 = 48$
$3^2 \times 2 = 18$
$2^2 \times 1 = 4$

अतः 49 के स्थान पर 48 होना चाहिए.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्देश–(प्रश्न 46 – 50) इन प्रश्नों में से प्रत्येक में आकृतियों के दो समूह दिए गए हैं. बाईं ओर प्रश्न-आकृतियाँ हैं (चार आकृतियाँ और एक प्रश्न चिह्नांकित स्थान) तथा दाहिनी ओर A, B, C, D और E इन अक्षरों से दर्शायी गई उत्तर-आकृतियाँ हैं. उत्तर-आकृतियों में से एक आकृति को प्रश्नचिह्न के स्थान पर रखने से एक क्रम संस्थापित होता है. आकृतियों का एक क्रम संस्थापित होता है. यदि उनमें बाएं से दाएं होने वाला परिवर्तन किसी नियम से होता हो. प्रश्नचिह्नांकित स्थान पर जो उत्तर आकृति रखनी चाहिए उसका अक्षर उत्तर है. पाँचों आकृतियों अर्थात् चार प्रश्न-आकृतियाँ और प्रश्न-चिह्नांकित स्थान पर रखी उत्तर-आकृति से क्रम संस्थापित होना चाहिए.

प्रश्न आकृतियाँ **उत्तर आकृतियाँ**

46. 

47. 

48. 

49. 

50. 

26. (A) प्रश्न आकृति में ⌐ घड़ी के विपरीत दिशा में क्रमशः 90°, 180°, 90°, ... घूमता है, जबकि P घड़ी के दिशा में केवल 90° पर ही घूमता है तथा E घड़ी के विपरीत दिशा में 90°, 180°, 90° घूमता है.

27. (B) प्रत्येक आकृति में डिजाइनें इस क्रम में घूम रही हैं–



अतः अगला क्रम निम्नवत् होगा.



28. (E) प्रश्न आकृति में डिजाइन '⇒' 90°, 180°, 90° के क्रम में घूमती है, जबकि डिजाइन '→' 0°, 90°, 0° ..... के क्रम में घूमती है.

29. (B) प्रत्येक अगली प्रश्नाकृति मे मध्य की डिजाइन क्रमशः ऊपर, दाएं, नीचे तथा बाएं आती जा रही है तथा ठीक मध्य में एक नई डिजाइन आ जाती है.

30. (D) प्रश्न आकृति में '∪' निश्चित क्रम में Clockwise तथा Anti Clockwise direction में घूमती जाती है.

31. (A) प्रश्न आकृति में 1 = 2 तथा 5 = 6 है.

32. (C) प्रश्न आकृति में पहली आकृति दूसरी से तथा आगे दूसरी आकृति तीसरी आकृति से इस तरह बदलती है तथा अन्य बची आकृतियाँ अपने स्थान पर उलट जाती हैं.

33. (E)

प्रश्न आकृति में छायांकित भाग 4, 4, 5, 5, 6,6. घर के क्रम में Clockwise direction में घूम रही है.

34. (A) '⊔' प्रश्न आकृति में '⊔' क्रमशः 45°, 90°, 135° घूमती रहती है तथा आगे वाला शब्द पीछे तथा एक नया शब्द आगे आ जाता है.

35. (B) प्रश्न आकृति में बीच वाली आकृति एक साईड वाली आकृति से अपना स्थान बदलती है तथा बीच में नई आकृति आती रहती है.

36. (D) प्रत्येक अगली प्रश्नाकृति में ऊपर की डिजाइन अपने स्थान पर पलट रही है. इसके अतिरिक्त नीचे की डिजाइ प्रश्नाकृति (1) से (2) में अपरिवर्तित रह हैं प्रश्नाकृति (2) से (3) में बाएं से पहल डिजाइन पलट रहा है. (3) से (4) में क से पहला और दूसरा डिजाइन बदल हैं. (4) से (5) में तीनों डिजाइन बदल हैं. आगे यही क्रम जारी रहता है.

37. (C) प्रत्येक अगली आकृति में डिजाइ का घूमने का क्रम परिवर्तन इस प्रका है– 

जहाँ N एक नई डिजाइन है.

38. (B) प्रश्न आकृति में 'O' तथा '⌂' आपस में स्थान बदल कर एक कोने से दूसरे कोने में जाता है तथा शेष दो आकृति में ऊपर वाली आकृति नीचे चली जाती है नीचे वाली आकृति ऊपर जाक बदल जाती है.

39. (E) प्रश्न आकृति में छायांकित भा क्रमशः 45° के बाद 1 घर, 2 घर, 3 घ ... छायांकित होती जाती है, जबकि 'Y' Clockwise direction में 90° 180°, 270° .... तथा '→' Clockwise direction में 90° घूमती जाती है.

40. (C) प्रश्न आकृति में चतुर्भुज के वृत्त तथा वृत्त के अन्दर चतुर्भुज आता रहता है, जबकि M, 1 = 6, 2 = 5, 3 = 4 है तथा '⊣' की संख्या 1, 1, 2, 2, 3, 3 होती जाती है.

41. (B) प्रश्न आकृति से उत्तर आकृति में तीन आकृति वाला लकीर 90° घूम जाता है तथा पहली आकृति दूसरी आकृति के साथ अपना स्थान बदल लेती है, जबकि नीचे वाला भाग 45° घूम जाता है.

42. (A) प्रश्न आकृति से उत्तर आकृति में 'O' वाला भाग Anticlockwise 90° घूम जाता है तथा तीर वाला भाग Clockwise 90° घूम जाता है उसी प्रकार प्रश्न आकृति को घुमाने पर उत्तर (A) होगा.

43. (C) प्रश्न आकृति से उत्तर आकृति इसी पर निर्भर है.

44. (D) प्रश्नाकृति (1) से (2) में सम्पूर्ण डिजाइन 90° वामावर्त घूम कर ऊपर की दोनों डिजाइनें परस्पर अपना स्थान परिवर्तित कर लेते हैं.

45. (D) जिस तरह '○' चार भागों में विभाजित हो जाता है उसी तरह '⌂' चार भागों में विभाजित हो जाता है. ऊपर वाली आकृति विकर्णवत् चले जाते हैं तथा नीचे वाली आकृति सीधे ऊपर चली जाती है तथा ठीक मंध्य की डिजाइन टूटे हुए भागों के बीच में आ जाती है.

शेष पृष्ठ 806 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

English Language

Directions—(Q. 1--10) In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The king of Rampur was not **(1)**. . . . . The following story proves that. Once he paid a **(2)** . . . . to a town away from his capital.

The king's staff governing the town welcomed the king. As per the king's desire a **(3)** . . . . of the renowned people of the town was called at night. The people **(4)** . . . . the king and bestowed their praise on him and all sat down to listen to **(5)** . . . . . the king had to tell them.

Suddenly the lantern gave way. It became very dark. "Light the lantern!" ordered the king to his servants. Five minutes passed. The king shouted to know why there was **(6)** in lighting the lantern. "My Lord. I am **(7)** . . . . to lay my hand on the match box. It is so dark!" replied the servant. 'Fool !' screamed the king **(8)** . . . . "If that is the case, why **(9)**. . . . . you light the candle first ? you can certainly **(10)** . . . . the match box with the help of the candle."

1. (A) kind (B) cruel (C) generous (D) wise (E) brave
2. (A) homage (B) visit (C) donation (D) fund (E) contribution
3. (A) majority (B) meeting (C) procession (D) survey (E) list
4. (A) offered (B) complained (C) bowed (D) surrendered (E) greeted
5. (A) what (B) carefully (C) about (D) all (E) which
6. (A) difficulty (B) time (C) patience (D) delay (E) haste
7. (A) looking (B) ready (C) unable (D) ready (E) trying
8. (A) angrily (B) loudly (C) anxiously (D) happily (E) pertinently
9. (A) must (B) should (C) don't (D) did (E) do
10. (A) watch (B) try (C) touch (D) light (E) locate

Directions—(Q. 11–20) Read each sentence to find out whether there is any error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The letter of that part is the answer. If there is no error the answer is (E). (Ignore errors of punctuation, if any.)

11. Sanjay Mandal / absented him- (A) (B) self / from the meeting / which (C) was held on Monday. No error (D) (E)
12. I reminded him / for his promise/ (A) (B) but he did not pay / any attention. (C) (D) No error (E)
13. Samir might has / done this with / (A) (B) some selfish thought / in mind. (C) (D) No error (E)
14. What do you do / should be (A) (B) known / to everybody / in your (C) (D) family. No error (E)
15. If you had / not helped me / I (A) (B) would "have" kille / by the thieves. (C) (D) No error (E)
16. Now a days several / plastic pro- (A) ducts are superior / than similar (B) (C) products / made from rubber. (D) No error (E)
17. Vinod was happy that Julie and / (A) his sister were going / by the (B) same train / the following day. (C) (D) No error (E)
18. With a lot of persuasion / Mrinal (A) was able to get / the professor to (B) (C) agree / to review her article. (D) No error (E)
19. Unless / he does not agrees / to (A) (B) my proposal / I shall not be friend (C) (D) him. No error (E)
20. No sooner the bell rang / than / (A) (B) there was a scramble / for getting (C) out of the classroom. No error (D) (E)

Directions—(Q. 21–25) In each of the following questions, five words are given which are denoted by (1), (2), (3), (4) and (5). By using all the five words, each only once, you have

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

to frame a meaningful and grammatically correct sentence. The correct order of the words is your answer. Choose from the five alternatives, the one having the correct order of words and mark it as your answer on the answer sheet.

21. (1) CLOSED (2) THE
(3) TODAY (4) SHOP
(5) IS
(A) 4 1 5 2 3 (B) 5 2 3 1 4
(C) 2 4 5 1 3 (D) 1 4 5 2 3
(E) 3 5 1 2 4

22. (1) IT (2) HOT
(3) IS (4) DAY
(5) TODAY
(A) 1 3 2 4 5 (B) 1 3 4 2 5
(C) 5 3 2 4 1 (D) 1 2 4 3 5
(E) 3 1 2 4 5

23. (1) BOOK (2) A
(3) SONIA (4) GAVE
(5) ME
(A) 2 4 5 3 1 (B) 3 4 5 2 1
(C) 2 3 4 5 1 (D) 5 2 1 3 4
(E) 1 4 5 2 3

24. (1) WILL
(2) PLAY
(3) PURI
(4) TOMORROW
(5) CRICKET
(A) 1 2 5 3 4 (B) 5 2 3 1 4
(C) 1 3 4 2 5 (D) 3 2 1 5 4
(E) 3 1 2 5 4

25. (1) CAN (2) I
(3) NOT (4) THERE
(5) GO
(A) 1 2 5 3 4 (B) 5 4 2 1 3
(C) 3 2 1 5 4 (D) 2 1 3 5 4
(E) 4 2 1 3 5

Directions—(Q. 26–35) Read the following passage carefully and answer the questions given below it. Certain word/groups of words have been printed in BOLD to help you locate them easily while answering some of the questions.

Once a king was accompanied by his court jester. They were riding on horses to a town where a festival was on. "What a wretched old turban you wear!" **commented** the king. "I will pay you for it if you give it up." The jester replied "My lord, I will obey you, but you can take it from me that I can do with my turban what you can never do with yours!" The king showed his anger and said, "**Impossible**! I will give you a hundred gold coins if you prove what you say. What can you do with that **tattered stuff**?" As they were crossing a bridge, the jester took his turban off his head. He announced to the king. "My Lord, look what I can do with my turban." Soon he threw the turban into the river which was in spate. The swift water current swept away the turban within no time. "Can you do so with your turban. My Lord?" asked the jester. The king was amused. "You are right. I cannot do that with my bejewelled turban. You will get your reward," said the king.

26. Which of the following statements is TRUE in the context of the passage ?
(A) The king threw the jester's turban into the river
(B) The jester proved what he had said
(C) The bejewelled turban was swept away by the water current
(D) The king was accompanied by his courtiers
(E) It was risky to cross the bridge because the river was in spate

27. What made the king angry ?
(A) The jester's act of throwing his turban into the river
(B) The jester's not obeying the king's orders
(C) His own inability to throw away his turban
(D) The jester's comment on the reward offered by the king
(E) None of these

28. The king used the word **'IMPOSSIBLE'** to which of the following ?
(A) The jester's giving up his old turban
(B) The jester's doing every thing what the king could never do with his turban
(C) Paying the reward of one hundred gold coins to the jester
(D) The jester's ability to use his turban in a novel way
(E) None of these

29. The king wanted his court jester to —
(A) Do away with his old headgear
(B) Throw his turban into the river
(C) Obey his orders to accept the reward
(D) Pay for his bejewelled turban
(E) Accompany him to the river which was in spate

30. What did the jester do to prove what he had said ?
(A) He accepted the reward of hundred gold coins
(B) He asked the king if he could throw his turban into the river
(C) He used the turban as a bridge to cross the river
(D) Throwing his turban into the river, he asked the king to do so
(E) He threw himself into the river alongwith the turban

31. Which of the following statements is NOT true in the context of the passage ?
(A) The king did not like the jester's old headgear
(B) The water current could not sweep away the king's turban
(C) The jester could not do what the king could do with his turban
(D) The king did not get angry even after he was proved wrong by the jester
(E) The river flowing under the bridge was flooded

32. Which of the following is most nearly the SAME in meaning as the word **'COMMENTED'** as used in the passage?
(A) Ordered
(B) Recommended
(C) Narrated
(D) Remarked
(E) Reported

33. Which of the following best describes **'TATTERED STUFF'** in the context of the passage ?
(A) Torn piece of cloth
(B) Bejewelled
(C) Torn, old turban
(D) Spread up gold coins
(E) Broken bridge

34. "I cannot do **THAT** with my bejewelled turban." What does the word **THAT** mean ?
(A) Tearing it off into pieces
(B) Donating it to the jester

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(C) Sweeping the water current
(D) Controlling the swift water current
(E) None of these

35. Which of the following is most nearly the SAME in meaning as the word **SWIFT** as used in the passage ?
(A) Fast (B) Deep
(C) Shallow (D) Noisy
(E) Wide

Directions—(Q. 36–40) In each question below four words which are lettered (A), (B), (C) and (D) have been printed, one of which may be wrongly spelt. The letter of that word is the answer. If all four words are correctly spelt mark (E) *i.e.* 'All correct as the answer.'

36. (A) Collabrate
(B) Collusion
(C) Collateral
(D) Sensitive
(E) All Correct

37. (A) Collossal
(B) Voracious
(C) Prepostrous
(D) Annals
(E) All Correct

38. (A) Abortive
(B) Spiritual
(C) Intelligent
(D) Militant
(E) All Correct

39. (A) Cowardly
(B) Irrefutble
(C) Renounce
(D) Precocious
(E) All Correct

40. (A) Ignorant
(B) Merciful
(C) Concesive
(D) Illustration
(E) All Correct

Directions—(Q. 41–50) Pick out the most effective word from the given words to fill in the blank to make the sentence meaningfully complete.

41. Director, he said, would ..... the matter at once.
(A) invigilate
(B) explore
(C) investigate
वन्य जन्तुओं से मृत्यु के मामले मुआवजा राशि

वन्य जन्तुओं के शिकार हुए लोगों मृत्यु अथवा पूर्ण अपंगता के मामले में जाने वाली मुआवजा राशि को 20 हजा रुपए से बढ़ाकर अब 4 लाख रुपए दिया गया है.

देश में ईसाई मिशनरियों की संख्या

गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी द्वारा 15 दिसम्बर को राज्य सभा में प्रस्तु जानकारी के अनुसार देश के विभिन्न भा में कुल मिलाकर 1168 ईसाई मिशनरि कार्यरत् हैं. इनमें सर्वाधिक 279 मिशनरि प. बंगाल में कार्यरत् हैं. दूसरे व तीस स्थान पर बिहार व कर्नाटक में क्रमशः 14 व 129 मिशनरियाँ कार्यरत् बताई गई हैं.

हिन्दुस्तान टाइम्स की 75वीं वर्षगाँठ पर विशेष डाक टिकट

अंग्रेजी दैनिक हिन्दुस्तान टाइम्स के प्रकाशन की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में 15 रुपए मूल्य का एक विशेष डाक टिकट गत 16 दिसम्बर को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नई दिल्ली में जारी किया.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अग्नि-II पर विशेष डाक टिकट

स्वदेश निर्मित प्रक्षेपास्त्र अग्नि-II पर एक विशेष डाक टिकट गत 1 जनवरी को रक्षा मन्त्री जॉर्ज फर्नांडीज ने जारी किया.

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस का शिलान्यास

देश-विदेश के प्रमुख औद्योगिक घरानों के सहयोग से उद्योग व्यापार प्रबन्धन की शिक्षा का एक उच्चस्तरीय संस्थान हैदराबाद में स्थापित किया जा रहा है. इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस नाम के इस संस्थान का शिलान्यास आन्ध्र प्रदेश के राज्यपाल डॉ. सी. रंगराजन ने गत 20 दिसम्बर को किया.

नई सहस्त्राब्दी के उपलक्ष्य में 10-10 किग्रा वजन के सोने के सिक्के जारी करने की चीन की योजना

नई सहस्त्राब्दी के उपलक्ष्य में चीन की 10-10 किग्रा वजन के सोने के विशेष स्मारक सिक्के जारी करने के योजना है. चीनी दैनिक 'चायना डेली' के अनुसार ऐसे केवल 20 जम्बो-सिक्के ही जारी किए जाएंगे.

विक्रम सेठ के उपन्यास पर आधारित धारावाहिक की योजना

विक्रम सेठ के प्रसिद्ध उपन्यास 'ए स्यूटेबल बॉय' पर आधारित एक लम्बे धारावाहिक के प्रसारण की दूरदर्शन ने योजना बनाई है. इसका प्रसारण 104 खण्डों में करने की दूरदर्शन की योजना है.

सिकन्दराबाद व राजामुन्दरी के मध्य शताब्दी एक्सप्रेस रद्द

सिकन्दराबाद व राजामुन्दरी के मध्य चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ी को, यात्रियों की संख्या कम रहने के कारण, गत 28 दिसम्बर से रद्द कर दिया गया है.

हिजड़ा नगर निगम का मेयर निर्वाचित

देश में सम्भवत: पहली बार एक हिजड़े को किसी नगर निगम का मेयर चुना गया है. मध्य प्रदेश में कटनी में दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह में सम्पन्न नगर निगम के चुनाव में कमला जान नाम के हिजड़े ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर मेयर पद हेतु निर्वाचित होने में सफलता प्राप्त की है. महिलाओं के लिए आरक्षित इस सीट के चुनाव में कमला ने भाजपा व कांग्रेसी उम्मीदवारों को पराजित किया.

ऑटो एक्सपो 2000

एशिया की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल प्रदर्शनी 'ऑटो एक्सपो' गत 12-18 जनवरी को नई दिल्ली में प्रगति मैदान में सम्पन्न हुई. भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग संगठनों के सहयोग से इस प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय उद्योग महासंघ (CII) ने किया. इस प्रदर्शनी में 20 देशों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया. प्रदर्शनी में भागीदार देश (Partner Country) स्पेन था.

शिरडी के साईं बाबा की सबसे ऊँची प्रतिमा

शिरडी के साईं बाबा की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा की स्थापना मुम्बई में की गई है. इसका अनावरण गत 25 दिसम्बर को किया गया.

●●●

UPKAR'S

Quicker Numerical Physics

New Release

(Medical & Engineering Exams.)

By : Dr. R. V. S. Chauhan & Dr. H. P. Sharma Price : Rs. 150/-

This book has been written for the benefit of candidates appearing at various competitive examinations for entry to Medical and Engineering Courses. At present almost in all such competitive examinations objective type questions are asked. How to solve these questions within the short time given ? Keeping this fact in view and incorporating all the aspects of the syllabus, the present book has been made available in the market for the competitors. The book consists of plenty of typical numerical examples relating to all topics in Physics as per syllabus and is written exhaustively as it mentions relevant formulae and theoretical concepts. It is comprehensive in style and serves the purpose of students of all categories. After having gone through this book there will be no need for any other book or guide.

UPKAR PRAKASHAN, AGRA-2

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएं

2000

23 जनवरी—बिहार सचिवालय सहायक (P.T.) परीक्षा

6 फरवरी—रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद (दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम में सत्र 2000-2001 के प्रवेश हेतु)

11 फरवरी—सीमा सुरक्षा बल (BSF) में उपनिरीक्षक (लिपिक) परीक्षा.

12, 13 फरवरी—'निफ्ट' में डिप्लोमा एवं पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा

13 फरवरी—नवोदय विद्यालय सयुक्त प्रवेश परीक्षा.

13 फरवरी—केन्द्रीय भर्ती बोर्ड (स्टेट बैंक समूह) पी.ओ. परीक्षा.

20 फरवरी—एसोसिएशन ऑफ इण्डियन मैनेजमेण्ट स्कूल (AIMS) आटमा में प्रवेश परीक्षा

20 फरवरी—बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड, बंगलौर (कनारा बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक व विजया बैंक में पी.ओ. भर्ती परीक्षा).

27 फरवरी—एस. एस. सी. संयुक्त प्रारम्भिक (स्नातक स्तर) परीक्षा.

12 मार्च—मध्य प्रदेश बी.एड. प्रवेश परीक्षा.

9 अप्रैल—सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा.

16 अप्रैल—होटल प्रबन्धन में त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सयुक्त प्रवेश परीक्षा.

30 अप्रैल—मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रा. परीक्षा.

7 मई—आई आई टी. मुख्य परीक्षा

7 मई—आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल कॉलेज (AFMC) एम बी बी.एस. प्रवेश परीक्षा.

7 मई—राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा.

11-12 मई—रुड़की विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग (मुख्य) परीक्षा.

14 मई—सी.बी.एस.ई. मेडीकल प्रवेश परीक्षा.

14 मई—बी.एस.आर.बी. (कलकत्ता) क्लेरीकल परीक्षा.

21 मई—एस. एस. सी. संयुक्त प्रारम्भिक (मैट्रिक स्तर) परीक्षा.

28 मई—उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा.

28-30 मई—उत्तर प्रदेश पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा सत्र-2000-2001

4 जून—सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2000

4 जून—बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में मेडिकल प्रवेश परीक्षा.

30 अक्टूबर—बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (चेन्नई) पी.ओ. परीक्षा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



आर्थिक परिदृश्य

सभी प्रमुख केन्द्रीय करों से राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि

चालू वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसम्बर 1999) की अवधि में केन्द्र सरकार के कर राजस्व में पूर्व वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16·96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. यह वृद्धि सभी प्रमुख केन्द्रीय करों से राजस्व वसूली में वृद्धि के कारण दर्ज की गई है.

वित्त मंत्रालय के ताजा अनंतिम आँकड़ों के अनुसार अप्रैल-दिसम्बर 1999 में आय कर से कुल राजस्व प्राप्ति 15,047.17 करोड़ रुपए की हुई है. अप्रैल-दिसम्बर 1998 में यह प्राप्ति 12,726.68 करोड़ रुपए थी. इसी प्रकार सन्दर्भित अवधि में निगम कर (Corporate Tax) प्राप्तियाँ 16,747.98 करोड़ रुपए से बढ़कर 18,928.79 करोड़ रुपए, उत्पाद शुल्क (Excise Duty) प्राप्तियाँ 35,309.07 करोड़ रुपए से बढ़कर 42,334.63 करोड़ रुपए तथा सीमा शुल्क प्राप्तियाँ 29,306.70 करोड़ रुपए से बढ़कर 35,542.61 करोड़ रुपए हो गई हैं. मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार अप्रैल-दिसम्बर 1998 में केन्द्र सरकार की कुल कर राजस्व प्राप्तियाँ 97,053.47 करोड़ रुपए थीं, जो बढ़कर अप्रैल-दिसम्बर 1999 में 1,13,509.78 करोड़ रुपए रही हैं. सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष 1999-2000 (अप्रैल-मार्च) के दौरान करों से 1,76,860 करोड़ रुपए की वसूली का केन्द्र सरकार का लक्ष्य है.

आयातों पर परिमाणात्मक प्रतिबन्धों की समाप्ति के लिए भारत ने समय सीमा घटायी

विश्व व्यापार संगठन (WTO) के एक फैसले के परिप्रेक्ष्य में भारत ने अपने सभी आयातों पर से परिमाणात्मक प्रतिबन्धों (Quantitative Restrictions—QRs) को समाप्त करने की समय सीमा को घटा दिया है. वर्तमान में भारत ने कुल 1429 उत्पादों, जिनमें अधिकांशतः उपभोक्ता उत्पाद व कृषिगत उत्पाद शामिल हैं, के आयात पर परिमाणात्मक प्रतिबन्ध आरोपित किए हुए हैं, जिन्हें अप्रैल 2003 तक समाप्त करने के लिए भारत यूरोपीय देशों के साथ सम्पन्न एक समझौते के तहत सहमत हुआ था. इस समय सीमा से असन्तुष्ट होकर अमरीका ने विश्व व्यापार संगठन (WTO) में इस मुद्दे पर अपनी शिकायत दर्ज की. डब्ल्यू. टी. ओ. द्वारा इस मामले में अमरीका के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के पश्चात् भारत अब अप्रैल 2001 तक ही उपर्युक्त उत्पादों पर से परिमाणात्मक प्रतिबन्ध हटाने को सहमत हो गया है. इस आशय के समझौते पर भारत ने अमरीका के साथ गत 29 दिसम्बर को हस्ताक्षर किए हैं.

जिन शेष 1429 उत्पादों के आयात पर से भारत को परिमाणात्मक प्रतिबन्ध हटाने हैं, उनमें से 714 के आयात पर से यह प्रतिबन्ध 1 अप्रैल, 2000 तक तथा शेष 715 पर यह 1 अप्रैल, 2001 तक हटाए जाएंगे.

तथ्य एक दृष्टि में

सदस्यता की दृष्टि से भारत के तीन बड़े केन्द्रीय श्रम संघ (सदस्य संख्या के क्रम में)

1. भारतीय मजदूर संघ (BMS)

2. इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (INTUC)

3. सेंटर फॉर इंडियन ट्रेड यूनियन्स (CITU)

उल्लेखनीय है कि भारतीय मजदूर संघ भारतीय जनता पार्टी से सम्बद्ध श्रम संघ है, जबकि INTUC तथा CITU क्रमशः कांग्रेस व माकपा से सम्बद्ध है.

वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में आर्थिक वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO) के ताजा आँकड़ों के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 की पहली छमाही (अप्रैल-सितम्बर 1999) में देश में 5.9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर दर्ज की गई है. गत वित्तीय वर्ष की समान अवधि (अप्रैल-सितम्बर 1998) में यह 4.03 प्रतिशत थी.

सी.एस.ओ. द्वारा गत 31 दिसम्बर को जारी राष्ट्रीय आय सम्बन्धी आँकड़ों के अनुसार अप्रैल-सितम्बर 1999 में ... व्यवस्था के तीनों क्षेत्रों में वृद्धि दर पूर्व ... की तुलना में अधिक रही है. कृषि क्षेत्र ... इस छमाही में 2.57 प्रतिशत की वृद्धि ... की गई है, जो पूर्व वर्ष की समान अवधि ... 1.38 प्रतिशत थी. उद्योग व सेवा क्षेत्र ... अप्रैल-सितम्बर 1998 में क्रमशः 4.76 ... शत व 4.95 प्रतिशत की तुलना में अ... सितम्बर 1999 में क्रमशः 6.44 प्रतिशत ... 7.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है.

चीनी के लेवी अनुपात में कटौती

महाजन समिति की सिफारिशों ... लागू करने की दिशा में एक कदम ... बढ़ते हुए सरकार ने चीनी मिलों से लेवी ... रूप में ली जाने वाली चीनी का अनुपात ... प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत कर दि... है. राशन की दुकानों पर चीनी उपलब्ध ... कराने के उद्देश्य से चीनी मिलों को ... तक अपने कुल चीनी उत्पादन का 4... प्रतिशत भाग सरकार को रियायती दर ... उपलब्ध कराना होता था, यह अनुपात ... घटाकर अब 30 प्रतिशत कर दिया गया है. शेष 70 प्रतिशत भाग को खुले बाजार में बेचने को चीनी मिलें स्वतंत्र होंगी. चीनी उद्योग के सम्बन्ध में गठित महाजन समिति ने लेवी चीनी के अनुपात को चरणों में घटाकर शून्य तक लाने की संस्तुति की थी.

नए वर्ष में चीनी उद्योग को एक अन्य राहत प्रदान करते हुए सरकार ने चीनी पर आयात शुल्क को 27.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया है. इसके साथ-साथ खाद्य तेलों पर मूल आयात शुल्क को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत किया गया है. आयात शुल्क पर 10 प्रतिशत सरचार्ज के परिप्रेक्ष्य में खाद्य तेलों पर प्रभावी आयात शुल्क अब 16.5 प्रतिशत के स्थान पर 27.5 प्रतिशत हो गया है.

सभी गाँवों में मार्च 2002 तक टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य

दूरसंचार विभाग का देश के सभी 6,07,491 गाँवों में मार्च 2002 तक टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है. विभागीय आँकड़ों के अनुसार 1 दिसम्बर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1999 तक देश के कुल 3,46,842 गाँवों में से 1,86,193 गाँवों को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध थी. शेष 2,60,649 गाँवों में यह सुविधा मार्च 2002 तक उपलब्ध कराने की विभाग की योजना है.

देश में टेलीफोन कनेक्शन चाहने वालों की प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिए चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 में 45.50 लाख व अगले वर्ष 2000-01 में 53.30 लाख टेलीफोन के नए कनेक्शन उपलब्ध कराने की दूरसंचार विभाग की योजना है. टेलीफोन सेवा में सुधार के लिए मार्च 2000 तक देश के सभी गैर-इलेक्ट्रॉनिक एक्सचेंजों को भी इलेक्ट्रॉनिक एक्सचेंजों में बदलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. 1 दिसम्बर, 1999 को देश में कुल 25523 इलेक्ट्रॉनिक एक्सचेंजों के अतिरिक्त 15 गैर-इलेक्ट्रॉनिक टेलीफोन एक्सचेंज कार्यरत् थे.

लघु उद्योगों में निवेश सीमा में कटौती

अपनी पूर्व घोषणा के अनुरूप ही केन्द्र सरकार ने लघु उद्योगों में निवेश की अधिकतम सीमा में कटौती करते हुए इसे एक करोड़ रुपए कर दिया है. गत 24 दिसम्बर को जारी अधिसूचना के अनुसार लघु उद्योगों (SSIs) में प्लांट एवं मशीनरी में निवेश की अधिकतम सीमा को घटाकर एक करोड़ रुपए किया गया है. इससे पूर्व 10 दिसम्बर, 1997 को यह सीमा बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए की गई थी. 3 करोड़ रुपए की निवेश सीमा को अत्यधिक मानते हुए लघु उद्यमियों द्वारा इसे घटाने की माँग की जाती रही थी, क्योंकि इससे लघु उद्योगों को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ बड़े उद्यमी भी उठाने लगे थे.

लघु उद्योगों में निवेश की अधिकतम सीमा को घटाकर जहाँ 3 करोड़ रुपए से 1 करोड़ रुपए किया गया है, वहीं लघुतर इकाइयों (Tiny Units) में निवेश की अधिकतम सीमा को पूर्ववत् 25 लाख रुपए रखा गया है.

नवगठित समूह जी–20 का पहला सम्मेलन

विश्व की प्रमुख औद्योगिक एवं उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के नवगठित समूह जी–20 का 'पहला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन गत 15-16 दिसम्बर को जर्मनी में बर्लिन में सम्पन्न हुआ. सम्मेलन में सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों के अतिरिक्त उनके केन्द्रीय बैंकों के गवर्नरों ने विशेषतः भाग लिया.

इस समूह का गठन अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक की सितम्बर 1999 में वाशिंगटन में सम्पन्न बैठक के दौरान किया अतिरिक्त अर्जेन्टीना, आस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, भारत, इण्डोनेशिया, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, द. कोरिया, द. अफ्रीका, टर्की तथा यूरोपीय संघ की अध्यक्षता कर रहे देश (वर्तमान में फिनलैण्ड) को शामिल किया गया था. जी–20 में शामिल जी–7 के सदस्य देश अमरीका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, इटली व जर्मनी हैं. इन सभी देशों के वित्त मंत्रियों व केन्द्रीय बैंकों के गवर्नरों के अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रबन्ध निदेशक मिशेल कैमडेशस, विश्व बैंक के अध्यक्ष जेम्स वोल्फनसन तथा यूरोपीय केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष विम ड्यूसेनबर्ग भी इस सम्मेलन में उपस्थित थे. सम्मेलन का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संकटों से सुरक्षा के उपायों पर विचार करने के उद्देश्य से किया गया था. ऐसे संकटों से राष्ट्रों की सुरक्षा के लिए ध्यान केन्द्रण हेतु चार क्षेत्रों की सम्मेलन में पहचान की गई. सम्मेलन में अधिकांश राष्ट्र अमरीका की इस माँग से सहमत नहीं थे कि अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को संरचनात्मक सुधारों के लिए दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने से दूर रहना चाहिए तथा यह कार्य विश्व बैंक के लिए छोड़ते हुए उसे आपातकालीन आवश्यकताओं पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए.

तलचर विद्युत परियोजना के दूसरे चरण का शिलान्यास

उड़ीसा के अंगुल जिले की तलचर कानिहा सुपर तापीय विद्युत परियोजना के 2000 मेगावाट के दूसरे चरण का शिलान्यास केन्द्रीय विद्युत मंत्री पी. आर. कुमारमंगलम ने गत 8 जनवरी को कानिहा में किया. राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) की इस परियोजना के दूसरे चरण में 500-500 मेगावाट की चार इकाइयाँ स्थापित की जानी हैं. 500 मेगावाट की पहली इकाई वर्ष 2003-2004 में प्रारम्भ करने का लक्ष्य निगम ने निर्धारित किया है. अन्य तीन इकाइयाँ तदुपरान्त 9-9 माह के अंतराल पर प्रारम्भ करने का लक्ष्य है. परियोजना के 1000 मेगावाट के पहले चरण के तहत 500-500 मेगावाट की दो इकाइयों की स्थापना का कार्य मार्च 1996 में पूरा किया जा चुका है. दूसरे चरण के पूर्ण होने पर यह परियोजना देश की सबसे बड़ी विद्युत परियोजना होगी.

उल्लेखनीय है कि 1975 में स्थापित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता वर्तमान में 18,351 मेगावाट है. कम्पनी कारपोरेट प्लान के अनुसार वर्ष 2007 तक इसकी कुल क्षमता 30 हजार मेगावाट से अधिक हो जाएगी.

बहुचर्चित बीमा विधेयक को राष्ट्रपति का अनुमोदन

संसद के दोनों सदनों द्वारा दिसम्बर 1999 में पारित बहुचर्चित एवं विवादित बीमा विधेयक (बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण–Insurance Regulatory and Development Authority—IRDA विधेयक) को गत 6 जनवरी को राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल जाने से देश में बीमा क्षेत्र में निजी एवं विदेशी कम्पनियों के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हो गया है.

विदेशी ईक्विटी वाली निजी कम्पनियों के स्वदेशी बीमा क्षेत्र में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करने के लिए ताजा पारित 'इरडा' अधिनियम (IRDA Act) के द्वारा 1938 के बीमा अधिनियम, 1956 के भारतीय जीवन बीमा निगम अधिनियम तथा 1972 के साधारण बीमा व्यवसाय (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम में संशोधन किए गए हैं. 'इरडा' अधिनियम के तहत यह प्रावधान किया गया है कि बीमा क्षेत्र में प्रवेश करने वाली निजी कम्पनियों की ईक्विटी में विदेशी पूँजी का अंश 26 प्रतिशत से अधिक न हो. इसके तहत यह भी प्रावधान किया गया है कि जीवन बीमा या साधारण बीमा के क्षेत्र में प्रवेश के लिए निजी कम्पनी की चुकता पूँजी कम-से-कम 100 करोड़ रुपए होना आवश्यक है. पुनर्बीमा (Reinsurance) के क्षेत्र में प्रवेश करने वाली कम्पनियों के मामले में यह आवश्यकता कम-से-कम 200 करोड़ रुपए है.

'फेरा' के स्थान पर अब 'फेमा'

संसद के दोनों सदनों द्वारा गत दिसम्बर माह में पारित विदेशी विनिमय प्रबन्धन अधिनियम (Foreign Exchange Management Act—FEMA) 1999 का राष्ट्रपति द्वारा गत 6 जनवरी को अनुमोदन कर दिए जाने के पश्चात् इस बहुचर्चित अधिनियम ने 1973 में पारित 'फेरा' (FERA—Foreign Exchange Regulation Act) का स्थान ले लिया है.

विदेशी व्यापार एवं भुगतानों को सुविधाजनक बनाने तथा देश में विदेशी मुद्रा का सुव्यवस्थित बाजार विकसित करने के उद्देश्य से पारित इस अधिनियम के तहत विदेशी मुद्रा के लेनदेन से सम्बन्धित नियमों को संशोधित किया गया है. नए अधिनियम 'फेमा' के द्वारा 'फॉरेन एक्सचेंज एपीलेट बोर्ड' का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है.

संक्षिप्तकी

देश में आयकर निर्धारित्रियों की संख्या

वित्त मंत्रालय के ताजा आँकड़ों के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 में देश में

शेष पृष्ठ 906 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रीय परिदृश्य

विमान अपहरण कांड के षड्यंत्र में आई. एस. आई. के शामिल होने का सन्देह

दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह में अपहृत भारतीय विमान के अपहरण के पीछे पाकिस्तानी गुप्तचर संस्था आई. एस. आई. का हाथ होने का सन्देह केन्द्रीय गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवानी ने व्यक्त किया है. अपहरण के षड्यंत्र में शामिल चार लोगों को मुम्बई पुलिस ने जनवरी के प्रथम सप्ताह में गिरफ्तार किया है. यह चारों प्रतिबन्धित संगठन हरकत उल अंसार से सम्बद्ध बताए गए हैं तथा ये आई. एस. आई. के लिए कार्य करते थे. इनमें से दो पाकिस्तान के व एक नेपाल का नागरिक है. गिरफ्तार किए गए चारों अभियुक्तों ने बताया है कि इंडियन एयरलाइंस की एयर बस 300 का अपहरण आई. एस. आई. का ही एक 'ऑपरेशन' था जिसे हरकत उल अंसार के माध्यम से सम्पन्न किया गया था. हरकत-उल अंसार द्वारा अपनी गतिविधियाँ मुख्यतः रावलपिंडी से संचालित की जाती हैं. 1997 में अमरीका द्वारा इसे आतंकवादी संगठन घोषित कर दिए जाने के पश्चात् इसने अपना नाम बदलकर 'हरकत उल मुजाहिदीन' कर लिया है.

विमान अपहरण कांड पर टिप्पणी करते हुए गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवानी ने कहा है कि पाँचों अपहरणकर्ताओं की पहचान कर ली गई है. इनके नाम हैं– (i) इब्राहिम अजहर, (ii) शाहिद अख्तर सईद, (iii) सुन्नी अहमद काजी, (iv) मिस्त्री ज़हूर इब्राहिम तथा (v) राजेश गोपाल वर्मा उर्फ शाकिर. यह सभी पाकिस्तानी नागरिक बताए गए हैं. प्रारम्भिक जानकारी में विमान अपहरणकर्ताओं की संख्या छः बतायी गई थी तथा इनमें से 4 पाकिस्तानी, 1 अफगान व 1 नेपाली बताया गया था. प्रारम्भिक जानकारी में अपहरणकर्ताओं द्वारा अपने एक साथी की हत्या करके उसके शव को विमान के कॉकपिट में ही छोड़ देने की बात कही गई थी, किन्तु इस समाचार को बाद में गलत बताया गया. पाँचों अपहरणकर्ताओं, जो अब सभी पाकिस्तानी नागरिक बताए गए हैं, की गिरफ्तारी के लिए इनके चित्र भी गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए हैं.

ज्ञातव्य है कि इंडियन एयरलाइंस की एयरबस ए–300 का अपहरण गत 24 दिसम्बर को उस समय कर लिया गया था जब यह काठमांडू से दिल्ली की उड़ान (आई.सी. 814) पर था. विमान को पहले अमृतसर, लाहौर व दुबई के निकट अल मिनहाद हवाई अड्डे पर उतारने के पश्चात् 25 दिसम्बर को अफगानिस्तान में कंधार ले जाया गया. भारत सरकार के प्रतिनिधिमंडल के साथ कई दौर की वार्ता के पश्चात् 31 दिसम्बर को तीन कुख्यात उग्रवादियों की रिहाई के पश्चात् ही विमान तथा इसमें सवार यात्रियों व चालक दल के सदस्यों की रिहाई हो सकी. (एक यात्री रिपेन कत्याल की अपहरणकर्ताओं ने हत्या कर दी थी) रिहा किए गए तीन उग्रवादियों में से एक (मसूद अजहर) इब्राहिम अजहर (अपहरण-कर्ताओं में से एक) का भाई है. मसूद अजहर को हरकत उल अंसार का संस्थापक महासचिव बताया जाता है. रिहा किए गए दूसरे उग्रवादी अहमद उमर सैयद शेख को ब्रिटेन की नागरिकता प्राप्त है. यह भी हरकत उल अंसार के संस्थापकों में से एक है. रिहा किया गया तीसरा उग्रवादी मुश्ताक अहमद जरगर पाक अधिकृत कश्मीर का हैं तथा यह उग्रवादी संगठन अल उमर मुजाहिदीन के संस्थापकों में से एक है. कंधार हवाई अड्डे पर अपहरण-कर्ताओं को सौंपे जाने के पश्चात् रिहा किए गए यह तीनों उग्रवादी पाकिस्तान चले गए, जबकि अपहरणकर्ता मार्ग में ही इनसे अलग होकर किसी अज्ञात स्थान की ओर चले गए.

उल्लेखनीय है कि मौलाना मसूद अंजहर को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 11 फरवरी, 1994 को अनंतनाग में गिरफ्तार किया था. उन पर फर्जी पासपोर्ट के द्वारा भारत में अवैध प्रवेश का आरोप लगाया गया था (अजहर ने पुर्तगाली पासपोर्ट प्राप्त करके भारत में प्रवेश किया था). बाद में उन पर जम्मू की कोटभलवाल जेल में दंगा-फसाद करने का आरोप भी लगाया गया था. तीनों आतंकवादियों की रिहाई के साथ ही सरकार ने इनके विरुद्ध आरोपों को वापस ले लिया है.

जनता दल (यू.), लोकशक्ति समता पार्टी के विलय पर प्रश्नचि

शरद यादव के नेतृत्व वाली ज पार्टी (यूनाइटेड), रामकृष्ण हेगडे के ने वाली लोकशक्ति तथा जॉर्ज फर्नांडीस नीतिश कुमार के नेतृत्व वाली समता के प्रस्तावित विलय को एक करारा झट उस समय लगा जब समता पार्टी की राष्ट्र कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी की अ अलग पहचान बनाए रखने का फैसल किया. तीनों पार्टियों के विलय के लिए जनवरी को नई दिल्ली में सम्पन्न 'एक करण सम्मेलन' में समता पार्टी ने भाग न लिया. एकीकरण सम्मेलन से पूर्व तीनों द की राष्ट्रीय कार्यकारिणियों की अलग-अल बैठकें हुईं जिनमें जनता दल (यू.) लोकशक्ति ने विलय के पक्ष में प्रस्ताव पारि किए, किन्तु विलय के स्वरूप व प्रक्रि निर्धारण में तीनों दलों की असफलता प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए समता पार्ट की बैठक में यह तय किया गया कि च राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनावों म सभी दल सीटों का तालमेल करके अप अपने चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ें.

राजनीतिक सूत्रों में ऐसा माना जा रह है कि एकीकृत पार्टी के नेतृत्व के प्रश्न पर मतैक्य न हो पाने के कारण ही समता पार्टी ने अपनी अलग पहचान बनाए रखने का निर्णय किया है. उधर जनता दल (यू.) के नेता रामविलास पासवान ने आशा व्यक्त की है कि बातचीत के माध्यम से इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा.

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा का निधन



भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा का गत 26 दिसम्बर को 81 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन हो गया. वह काफी समय से अस्वस्थ थे.

19 अगस्त, 1918 को भोपाल में जन्मे डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने अंग्रेजी, हिन्दी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा संस्कृत में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की थी. अनेक भाषाओं के ज्ञाता डॉ. शर्मा ने विधि का भी अध्ययन किया था. आगरा के सैंट जोंस कॉलेज व लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षा दीक्षा के पश्चात् उन्होंने कैम्ब्रिज हार्वर्ड लॉ स्कूल, ज्यूरिख विश्वविद्यालय पेरिस व लंदन विश्वविद्यालय में भी अध्ययन किया. बाद में कांग्रेस के सदस्य रहते हुए वह सक्रिय राजनीति में आ गए. देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में उन्होंने सक्रियता से भाग लिया. 1956 में भोपाल रियासत के मध्य प्रदेश में विलय से पूर्व चार वर्ष तक वह इस रियासत के मुख्यमंत्री रहे थे. वह आन्ध्र प्रदेश, पंजाब व महाराष्ट्र के राज्यपाल भी रहे थे. केन्द्र सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर रहने के पश्चात् 1987 में उन्हें भारत का उपराष्ट्रपति व बाद में 1992 में राष्ट्रपति चुना गया था. 1997 तक वह देश के प्रथम नागरिक रहे. उन्होंने अनेक पुस्तकें भी लिखीं, जो मुख्यतः कानून व अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर हैं.

उपराष्ट्रपति की पेंशन अब 20 हजार रुपए प्रति माह

संसद द्वारा उपराष्ट्रपति पेंशन संशोधन विधेयक 1999 को गत दिसम्बर माह में पारित कर दिए जाने से उपराष्ट्रपति की मासिक पेंशन के साथ-साथ सेवानिवृत्ति के पश्चात् कार्यालय खर्च के लिए उन्हें दिए जाने वाले वार्षिक भत्ते में भी वृद्धि हो गई है. संसद के दोनों सदनों द्वारा दिसम्बर माह में पारित इस विधेयक पर राष्ट्रपति ने गत 3 जनवरी को हस्ताक्षर कर दिए हैं. विधेयक को 28 मई, 1997 से लागू किया गया है. इसके तहत उपराष्ट्रपति को मिलने वाली मासिक पेंशन को 6250 रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए प्रति माह किया गया है तथा सेवानिवृत्ति के पश्चात् उन्हें दिए जाने वाले वार्षिक भत्ते को 6000 रुपए से बढ़ाकर 12000 रुपए कर दिया गया है.

उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति के राष्ट्रपति पद पर चुन लिए जाने की स्थिति में इस अधिनियम के तहत विभिन्न लाभ उन्हें अथवा उनके परिवार के सदस्यों को उपलब्ध नहीं होंगे.

अदालतों में बड़ी संख्या में मामले लम्बित

भारत में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित मामलों की संख्या अत्यधिक होने के कारण इनके निपटारे में काफी समय लगता है तथा लोगों को न्याय के लिए वर्षों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है. विधि मंत्रालय के आँकड़ों में देश के विभिन्न न्यायालयों में लम्बित मामलों की संख्या लगभग 2.35 करोड़ बतायी गई है. इनमें सर्वाधिक (लगभग 2 करोड़) मामले जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में लम्बित हैं. देश के सभी उच्च न्यायालयों में मिलाकर लम्बित मामलों की संख्या लगभग 32 लाख है, जबकि नवम्बर 1999 के अन्त में सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित मामलों की संख्या लगभग 20 हजार बतायी गई है.

उल्लेखनीय है कि जनसंख्या के बड़े आकार को देखते हुए देश में न्यायाधीशों की संख्या बहुत कम है. ग्यारहवें विधि आयोग ने प्रति 10 लाख जनसंख्या पर 50 न्यायाधीशों की नियुक्ति की संस्तुति की थी, जबकि प्रथम न्यायिक वेतन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश में वर्तमान में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर कार्यरत् न्यायाधीशों की संख्या 2.8 ही है.

ओजोन नष्टकारक पदार्थों के विस्थापन हेतु भारत को 8·2 करोड़ डॉलर की सहायता

पृथ्वी की सुरक्षा कवच कही जाने वाली ओजोन परत को क्षति पहुँचाने वाले पदार्थों (Ozone Depleting Substances—ODS) का उत्पादन व उपयोग बन्द करने तथा उनके विकल्पों का विकास करने के लिए भारत को 8.2 करोड़ डॉलर की सहायता मांट्रियल सन्धि के तहत गठित बहुपक्षीय कोष (MPMF) से प्राप्त होगी. इसमें से 1.2 करोड़ डॉलर की सहायता तत्काल व 2.2 करोड़ डॉलर की सहायता अगले दो वर्षों में उपलब्ध कराने का निर्णय 1987 की मांट्रियल संधि के पक्षकारों के गत दिसम्बर माह में बीजिंग में सम्पन्न 11वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया गया. शेष राशि 0.6 करोड़ डॉलर प्रति वर्ष की दर से 2002 से 2009 तक भारत को उपलब्ध करायी जानी है. सन्धि के तहत भारत को सन् 2010 तक. क्लोरो फ्लूरो कार्बन्स (CFCs) का उत्पादन व उपयोग बन्द करना है. इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री टी. आर. बालू ने किया था.

सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता ने बताया कि मांट्रियल सन्धि के अनुपालन से अगले कुछ वर्षों में ओजोन परत अपने मूल स्वरूप की ओर लौटना प्रारम्भ कर देगी तथा नई शताब्दी के मध्य तक यह पूर्णतः सामान्य हो जाएगी.

सम्मेलन में भारत को मांट्रियल सन्धि की कार्यकारी समिति का अध्यक्ष चुना गया.

हरियाणा सहित चार राज्यों में विधान सभा चुनाव फरवरी में

चुनाव आयोग ने चार विधान सभाओं के चुनाव फरवरी माह में 3 चरणों में कराने की घोषणा गत 8 जनवरी को की है. इनमें बिहार, उड़ीसा व मणिपुर के अतिरिक्त हरियाणा भी शामिल है. मणिपुर व उड़ीसा की मौजूदा विधान सभाओं का कार्यकाल क्रमशः 21 व 22 मार्च, 2000 तक है, जबकि बिहार विधान सभा का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त होगा. हरियाणा विधान सभा का कार्यकाल 21 मई, 2001 तक था, किन्तु समय पूर्व ही चुनाव कराने के उद्देश्य से चौटाला मंत्रिमंडल ने विधान सभा भंग करने की संस्तुति राज्यपाल से की थी जिसके आधार पर संविधान के अनुच्छेद 174 (2) के तहत राज्यपाल महावीर प्रसाद ने विधान सभा को 14 दिसम्बर, 1999 को भंग कर दिया था. विधान सभा की अन्तिम बैठक 15 नवम्बर, 1999 को हुई थी. संवैधानिक प्रावधान के अनुसार विधान सभा की अगली बैठक 14 मई, 2000 तक होनी चाहिए.

मुख्य चुनाव आयुक्त एम. एस. गिल द्वारा गत 8 जनवरी को घोषित चुनाव कार्यक्रमानुसार बिहार में मतदान तीन चरणों में 12, 17 व 22 फरवरी को होगा. उड़ीसा में यह दो चरणों में 17 व 22 फरवरी को तथा मणिपुर में भी दो चरणों में 12 व 22 फरवरी को सम्पन्न होगा. हरियाणा विधान सभा की सभी 90 सीटों के लिए मतदान 22 फरवरी को कराया जाएगा.

चार राज्य की विधान सभाओं के इन चुनावों के साथ ही लोक सभा की बेल्लारी व कन्नौज तथा विभिन्न राज्यों की 30 विधान सभाई सीटों के लिए उपचुनाव सम्पन्न होंगे. सभी सीटों के लिए मतगणना 25 फरवरी से प्रारम्भ होगी.

पंजाब मंत्रिमंडल का विस्तार

पंजाब में सत्तारूढ़ शिरोमणि अकाली दल में उभर रहे असंतोष को शान्त करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने अपनी मन्त्रिपरिषद् का विस्तार करते हुए 15 नए मंत्रियों को इसमें गत 31 दिसम्बर को शामिल किया है. इससे मंत्रिपरिषद् में शामिल मंत्रियों की कुल संख्या 26 से बढ़कर 41 (मुख्यमंत्री सहित) हो गई है. इसमें 7 मंत्री भारतीय जनता पार्टी के हैं. यह पंजाब की अब तक की दूसरी सबसे बड़ी मंत्रिपरिषद् है. इससे पूर्व कांग्रेस के हरचरण सिंह बरार के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद् में 42 मंत्री शामिल थे.

जिन 15 नए मंत्रियों को मंत्रिपरिषद् में शामिल किया गया है, उनमें से 5 को कैबिनेट स्तर का तथा शेष 10 को राज्यमंत्री बनाया गया है. इसके साथ-साथ मंत्रिपरिषद् में शामिल पहले के सभी दसों राज्यमंत्रियों को अब कैबिनेट स्तर के मंत्री के रूप में प्रोन्नत कर दिया गया है. राज्य में फरवरी 1997 में अकाली दल-भाजपा गठबंधन के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्ता में आने के पश्चात् राज्य में निवेश का यह दूसरा विस्तार है.

भारत का 31वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह सम्पन्न

भारत का 31वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (IFFI 2000) गत 10–20 जनवरी को नई दिल्ली में सम्पन्न हो गया. नई सहस्त्राब्दी में विश्व का यह पहला फिल्म समारोह था. 10 जनवरी को नई दिल्ली के सीरी फोर्ट ऑडिटोरियम में इसका उद्घाटन बंगला फिल्मों के वरिष्ठ अभिनेता एवं समारोह के मुख्य अतिथि सौमित्र चटर्जी ने किया. उद्घाटन दीप जलाने में उनकी सहायता हिन्दी फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने की. क्यूबा के निर्देशक फर्नेंडो पेरेज की फिल्म 'लाइफ इज टु व्हिसिल' (Life is to Whistle) इस समारोह की उद्घाटन फिल्म थी.

इस समारोह में वैसे तो विभिन्न देशों की अनेक फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, किन्तु समारोह के तीन मयूर पुरस्कारों (Peacock Awards) के लिए एशियाई देशों की 15 फिल्में ही 'एशियाई सिनेमा' खंड में शामिल थीं. इसमें भारत की 'कारवाँ' (हिन्दी) व 'करुणम' (मलयालम), टर्की की 'स्प्लिट' व 'गुडबाइ टुमॉरो', इजरायल की 'कादोश', जापान की 'पोपोया', चीन की 'पोस्टमैन ऑफ द माउंटेंस', रूस की 'बराक', मलेशिया की 'द लास्ट मलय वूमैन', भूटान की 'द कप', श्रीलंका की 'आउट कास्ट', द. कोरिया की 'ब्लैक होल', थाईलैण्ड की 'नांग काक', उज्बेकिस्तान की 'वोइज/लव' व तुर्कमेनिस्तान की 'रोवायत' शामिल थीं. इनके पुरस्कारों के लिए गठित ज्यूरी का अध्यक्ष मृणाल सेन को बनाया गया था.

'एशियाई सिनेमा' के अतिरिक्त चार अन्य खण्डों–'सिनेमा ऑफ द वर्ल्ड', 'पुनरावलोकन एवं श्रद्धांजलि', 'इंडियन पैनोरमा' तथा 'प्रमुख धारा की भारतीय फिल्मों' में विभिन्न फिल्मों का प्रदर्शन इस समारोह में किया गया. 'विश्व सिनेमा' (Cinema of the world) खण्ड में 40 देशों की लगभग 70 ऐसी चुनींदा फिल्मों का प्रदर्शन किया गया जो विगत दो वर्षों में विभिन्न फिल्म समारोहों में पुरस्कृत या प्रशंसित रही थीं.

समारोह के 'पुनरावलोकन एवं श्रद्धांजलि' खण्ड के तहत इटली के रॉबर्टो रोसाल्लिनी, चीन के चेन केग, अर्जेन्टीना के फर्नेंडोई सोलानास, स्वीडन की एंडरसन, ईरान के अब्बास कैरोस्तामी व भारत के 'भारतीय पैनोरमा' के तहत विभिन्न भाषाओं की 16 चुनींदा फिल्मों का प्रदर्शन किया गया था. इनमें हिन्दी की कारवाँ, कैरी, समर व हम दिल दे चुके सनम शामिल थीं. प्रमुख धारा की भारतीय फिल्मों में गत दो वर्षों की 12 लोकप्रिय फिल्में शामिल की गई थीं. इनमें हिन्दी की ताल, सरफरोश व बीबी नं. वन शामिल थीं. 10 दिन चले इस समारोह का शुभंकर 'सूर्य' था.

मध्य प्रदेश के परिवहन मंत्री की हत्या

मध्य प्रदेश के परिवहन मंत्री लिखिराम कावरे की गत 15-16 दिसम्बर की रात्रि को उनके गृह ग्राम सोनपुरी (बालाघाट) में अज्ञात हमलावरों ने गला रेतकर हत्या कर दी. मंत्री के शव के पास नक्सलियों के पर्चों की प्राप्ति से यह आशंका व्यक्त की गई है कि उनकी हत्या नक्सलवादियों ने की है. एक पर्चे में आन्ध्र प्रदेश के करीम नगर के तीन नक्सलियों की बालाघाट में फर्जी मुठभेड़ में की गई हत्या का बदला लेने की बात कही गई है. राज्य सरकार ने इस निर्मम हत्याकांड पर शोक व्यक्त करते हुए राज्य में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की.

मध्य प्रदेश में जैव विविधता बोर्ड का गठन

जैव विविधता के संरक्षण व उपयोग के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में एक राज्य-स्तरीय जैव विविधता बोर्ड का गठन गत दिसम्बर माह में किया है. देश के जाने-माने कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन को इस बोर्ड का विशेषज्ञ सलाहकार बनाया गया है.

133 वर्षों में सर्वाधिक चमकीला चाँद

गत 22 दिसम्बर को बीती शताब्दी की अन्तिम पूर्णिमा के दिन शताब्दी के सर्वाधिक चमकीले चाँद का लोगों ने अवलोकन किया. वस्तुतः यह 21 दिसम्बर, 1866 के पश्चात् का सर्वाधिक चमकीला चाँद था.

चन्द्रमा के सर्वाधिक चमकीला होने के कारणों की व्याख्या करते हुए खगोलविदों ने बताया है कि दिसम्बर माह में पृथ्वी की सूर्य से दूरी अन्य महीनों की तुलना में सबसे कम होती है जिससे सूर्य की किरणें चन्द्रमा पर 7 प्रतिशत अधिक तीव्रता से पहुँचती हैं. इसके अतिरिक्त गत दिसम्बर माह में चन्द्रमा की पृथ्वी के साथ सापेक्षिक दूरी भी न्यूनतम थी. इनके कारण ही दिसम्बर 1999 की पूर्णिमा को चाँद का आकार पृथ्वी से अपेक्षाकृत बड़ा एवं चमकदार दिखाई दि शताब्दी के इस सर्वाधिक चमकीले चाँ परिप्रेक्ष्य में ही केन्द्र सरकार ने 22 दि से ताजमहल को रात्रिकालीन अवलोक लिए खोलने का निर्णय किया था.

राजस्थान में पवन ऊर्जा का दू संयंत्र

राजस्थान में जैसलमेर में अमर सा में पवन ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के पश्च ऐसा ही एक और संयंत्र चित्तौड़गढ़ जिले देवगढ़ गाँव में स्थापित करने की योजना केन्द्रीय सरकार के गैर पारम्परिक ऊ स्रोत मत्रालय की सहायता से इस स्थापना राज्य सरकार के राज्य ऊ निगम के द्वारा की जाएगी. 2.25 मेगावा के इस प्रस्तावित संयंत्र से प्रति वर्ष 4 लाख यूनिट विद्युत् का उत्पादन हो सकेग इसकी लागत 8.40 करोड़ रुपए अनुमानि की गई है. इस संयंत्र के मई 2000 त कार्य प्रारम्भ करने की सम्भावना है.

भारत का 1.16 लाख वर्ग किमी क्षेत्र चीन व पाकिस्तान के कब्जे में

भारत सरकार के आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार भारत का लगभग 1.16 लाख वर्ग किमी क्षेत्र चीन व पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है. इसमें से लगभग 38000 वर्ग किमी क्षेत्र चीन के तथा लगभग 78000 वर्ग किमी क्षेत्र पाकिस्तान के अवैध कब्जे में बताया गया है. राज्य सभा में गत 16 दिसम्बर को एक प्रश्न के उत्तर में विदेश मंत्री जसवत सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 1963 के चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते के पश्चात् भारत का 5180 वर्ग किमी क्षेत्र पाकिस्तान ने चीन को सौंप दिया था. उन्होंने सदन को आश्वासन दिया कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता के सम्बन्ध में किसी भी परिस्थिति में कोई समझौता न करने को सरकार वचनबद्ध है.

नए कॉपीराइट (संशोधन) विधेयक में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की अधिक सुरक्षा

संसद द्वारा गत दिसम्बर माह में पारित कॉपीराइट (संशोधन) विधेयक 1999 के तहत बौद्धिक सम्पदा सृजित करने वालों के अधिकारों को बेहतर संरक्षण प्रदान किया गया है. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के बौद्धिक सम्पदा के व्यापार से सम्बन्धित समझौते (TRIPS) के अनुपालन के उद्देश्य से इस अधिनियम को 1957 के कॉपीराइट एक्ट में संशोधन करते हुए पारित किया गया है. संसद के दोनों सदनों द्वारा दिसम्बर 1999 में पारित इस विधेयक पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्मापा लामा रहस्यमय तरीके से भारत पहुँचे

बौद्धों के काग्यू पथ के धर्मगुरु कर्मापा लामा (Karmapa Lama) अति रहस्यमय तरीके से तिब्बत में ल्हासा के निकट त्सुर्फु (Tsurfu) स्थित अपने मठ (Monastery) को त्यागकर अपनी 25 वर्षीय बहन व 5 अन्य विश्वस्त सहयोगियों के साथ भारत में हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला स्थित दलाई लामा के मुख्यालय में आ पहुँचे हैं. तिब्बत में वह चीन सरकार के संरक्षण में थे तथा बीजिंग सरकार ने उन्हें बौद्धों के 17वें कर्मापा लामा के रूप में मान्यता दे रखी थी. कर्मापा लामा को बौद्धों में दलाई लामा व पंचेन लामा के पश्चात् तीसरे बड़े धर्मगुरु के रूप में स्थान प्राप्त है. 14 वर्षीय कर्मापा लामा को चीन सरकार अपनी निगरानी में सिखा-पढ़ा कर उन्हें दलाई लामा के विकल्प के रूप में देख रही थी. उनका मूल नाम उग्येन त्रिनले दोरजी (Ugyen Trinley Dorje) है तथा 1992 में उन्हें दलाई लामा के साथ-साथ चीन सरकार द्वारा भी 17वें कर्मापा लामा के रूप में स्वीकार किया गया था. बौद्धों के प्रमुख लामाओं में 17वें कर्मापा लामा ही एकमात्र ऐसे लामा हैं जिन्हें चीनी प्रशासन के साथ-साथ दलाई लामा ने भी मान्यता प्रदान की हुई है. इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि काग्यू पंथ का सिक्किम स्थित रुमटेक (Rumtek) मठ त्रिनले दोरजी को 17वें कर्मापा लामा के रूप में स्वीकार नहीं करता.



14 वर्षीय कर्मापा लामा ने तिब्बत स्थित त्सुर्फु मठ को 28 दिसम्बर, 1999 को गुपचुप तरीके से छोड़ा था. त्सुर्फु से धर्मशाला तक के लगभग 900 मील (1400 किमी) लम्बे दुर्गम पहाड़ी मार्ग की यात्रा तय करके 5 जनवरी, 2000 को वह धर्मशाला में दलाई लामा के मैक्लियोडगंज स्थित मुख्यालय में पहुँचे हैं. उनके इस पलायन से चीन सरकार सहित सम्पूर्ण विश्व हतप्रभ है. उनका इस प्रकार से भारत पहुँचना रहस्यमय बना हुआ है. दलाई लामा के नेतृत्व वाली तिब्बत की निर्वासित सरकार ने धर्मशाला में उन्हें किसी अज्ञात स्थान पर रखा है. अभी उनके लिए भारत में राजनीतिक शरण की माँग नहीं की गई है. भारत सरकार इस मामले में अति सतर्कतापूर्ण कदम उठाना चाहती है. चीन के साथ सम्बन्ध बनाए रखने की दृष्टि से भारत सरकार द्वारा कर्मापा लामा को भारत में शरण दिए जाने की सम्भावना प्रतीत नहीं होती. चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने इस मामले में स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कर्मापा को भारत में राजनीतिक शरण दी जाती है, तो यह दोनों देशों के बीच के पंचशील सिद्धान्त का उल्लंघन होगा. साथ-ही-साथ, बौद्धों में कर्मापा लामा के प्रति श्रद्धा और सम्मान को देखते हुए वह उन्हें जबर्दस्ती बाहर निकालना भी नहीं चाहती. बौद्धों के काग्यू पंथ में कर्मापा लामा को भगवान बौद्ध का अवतार माना जाता है. फिलहाल इस मामले में सरकार की नीति की औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है.

राष्ट्रपति ने 3 जनवरी, 2000 को हस्ताक्षर कर दिए हैं. पारित अधिनियम अलग से अधिसूचित किसी तिथि से प्रभावी होगा.

नए कॉपीराइट अधिनियम में बौद्धिक सम्पदा सृजित करने वालों के अधिकारों के संरक्षण की अवधि को 25 वर्ष के स्थान पर 50 वर्ष करने का प्रावधान है. इसके अतिरिक्त विदेशों में सृजित सम्पदा व प्रसारण को भी इस अधिनियम के दायरे में लाने का अधिकार सरकार को प्रदान किया गया है.

राजस्थान में धौलपुर व भरतपुर के जाट अन्य पिछड़े वर्गों की सूची में शामिल

राजस्थान में धौलपुर व भरतपुर के जाटों को भी अन्य पिछड़े वर्गों की सूची में शामिल करने की संस्तुति न्यायमूर्ति आर. एस. वर्मा की अध्यक्षता वाले राज्यस्तरीय अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने की है. यह संस्तुति आयोग के आठवें प्रतिवेदन में की गई है, जो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गत 8 जनवरी को आयोग द्वारा प्रस्तुत की गई. इस संस्तुति के आधार पर राज्य सरकार ने इन्हें राज्य में अन्य पिछड़े वर्गों में शामिल करने की अधिसूचना गत 10 जनवरी को जारी कर दी है.

उल्लेखनीय है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की पिछली सिफारिशों के आधार पर राजस्थान सरकार ने 18 अन्य जातियों को अन्य पिछड़े वर्गों (OBCs) की सूची में गत 1 जनवरी से शामिल कर लिया था.

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय दल के रूप में चुनाव आयोग की मान्यता

गत लोक सभा चुनावों में प्रदर्शन के आधार पर शरद पवार के नेतृत्व वाली 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी' को चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय दल की मान्यता प्रदान कर दी है. इस पार्टी का गठन 13वीं लोक सभा के चुनाव से कुछ समय पूर्व ही किया गया था.

गत 11 जनवरी को जारी चुनाव आयोग की विज्ञप्ति के तहत सुश्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को प. बंगाल के साथ-साथ त्रिपुरा में भी राज्य स्तरीय दल के रूप में मान्यता प्रदान की गई है. इसके अतिरिक्त सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (मान) को पंजाब में तथा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) लिबरेशन) को असम में राज्य स्तरीय दल के रूप में मान्यता प्रदान की गई है.

संक्षिप्तकी

दिल्ली स्टेशन पर रेलगाड़ी में बम विस्फोट

दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गत 6 जनवरी को प्लेटफॉर्म पर खड़ी एक रेलगाड़ी में बम विस्फोट से कम से कम 12 यात्री घायल हो गए. यह विस्फोट दिल्ली से सहारनपुर जाने वाली शामली एक्सप्रेस के दूसरी श्रेणी के एक डिब्बे में हुआ.

हरियाणा मंत्रिमंडल से महिला मंत्री का निष्कासन

पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण हरियाणा की समाज कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गहलावत को मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने गत 8 जनवरी को राज्य मंत्रिपरिषद् से निष्कासित कर दिया. उन्हें व 4 अन्य पूर्व विधायकों को पार्टी से भी 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया गया है.

1984 के दंगों की जाँच के लिए नया आयोग गठित करने का निर्णय

1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या के पश्चात् दिल्ली व देश के कुछेक अन्य भागों में हुए सिख विरोधी दंगों की जाँच के लिए एक नए जाँच आयोग के गठन का निर्णय केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने गत 12 जनवरी को नई दिल्ली में सम्पन्न बैठक में लिया है. इसकी अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा की जाएगी. इसे छः माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा जाएगा. आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से सलाह के बाद की जाएगी.

ज्ञातव्य है कि इन दंगों से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं की जाँच पहले रंगनाथ मिश्र आयोग द्वारा की जा चुकी है.

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

रूसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन का त्यागपत्र : 3 माह में नए चुनाव

रूसी संसद के निचले सदन ड्यूमा के चुनावों के कुछ दिन पश्चात् ही राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने गत 31 दिसम्बर को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है. उन्होंने अपना कार्यभार प्रधानमंत्री व्लादिमीर प्यूटिन (Vladimir Putin) को सौंप दिया है. रूसी संविधान के तहत श्री प्यूटिन 3 माह तक कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में रह सकते हैं. श्री येल्तसिन का राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल जून 2000 तक था. अब वहाँ 26 मार्च, 2000 को राष्ट्रपति का चुनाव कराया जाएगा. नए चुनावों में श्री प्यूटिन के निर्वाचित होने की प्रबल सम्भावना है. श्री येल्तसिन उन्हें अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी पहले ही घोषित कर चुके हैं.



उल्लेखनीय है कि 19 दिसम्बर, 1999 को सम्पन्न ड्यूमा के चुनावों में प्यूटिन समर्थकों की स्थिति मजबूत हुई है. नवनिर्वाचित ड्यूमा में यद्यपि कम्यूनिस्ट पार्टी ही सबसे बड़ी पार्टी बनी रही है तथापि बाजारवादियों के विरोध हेतु उन्हें बहुमत प्राप्त नहीं हो सका है.

पनामा नहर पर पनामा का नियंत्रण

85 वर्षों तक पनामा नहर पर नियंत्रण के पश्चात् अमरीका ने इस ऐतिहासिक नहर का स्वामित्व एवं नियंत्रण 1 जनवरी, 2000 को पनामा को सौंप दिया. एटलांटिक महासागर को प्रशान्त महासागर से जोड़ने वाली इस नहर पर से अमरीकी ध्वज को उतार कर उसके स्थान पर पनामा के ध्वज को 31 दिसम्बर को एक समारोह में फहरा दिया गया. नई सदी में नहर के स्वामित्व को पनामा को सौंपने के लिए अमरीका व पनामा के बीच 1977 में सन्धि हुई थी. इस सन्धि पर तत्कालीन अमरीकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर व पनामा के तत्कालीन राष्ट्रपति उमर तौरीजोस (Umar Torrijos) ने हस्ताक्षर किए थे. अमरीका में इस सन्धि की उस समय कड़ी आलोचना हुई थी.



अमेरिका ने 31 दिसम्बर को पनामा नहर का कब्जा पनामा को सौंप दिया. 20वीं सदी में इस नहर के माध्यम से अमेरिका का लैटिन अमेरिकी देशों में काफी प्रभाव रहा. इस नहर का निर्माण 1904 से 1914 के बीच अमेरिका द्वारा किया गया था और तभी से इस पर इसका पूर्ण नियंत्रण था.

नहर के स्वामित्व को पनामा को सौंपने से सम्बन्धित दस्तावेजों के हस्तांतरण के लिए 14 दिसम्बर, 1999 को पनामा सिटी में एक समारोह का आयोजन किया गया था. इस समारोह में अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन व विदेश मंत्री मैडलीन अलब्राइट किन्हीं कारणों से उपस्थित नहीं हुए थे. समारोह में पनामा की राष्ट्रपति सुश्री मिरेया मोस्कोसो (Mireya Moscoso) को अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने ही यह दस्तावेज हस्तांतरित किए. 81.6 किमी लम्बी इस नहर के द्वारा अमरीका के पूर्वी तट से पश्चिमी तट की पोतों की यात्रा दूरी में लगभग 8 हजार नॉटिकल मील की कमी आती है तथा इस नहर से होकर प्रति वर्ष 14 हजार से अधिक पोत गुजरते हैं जिनसे प्रति वर्ष 50 करोड़ डॉलर से अधिक राजस्व की प्राप्ति होती है.

हांगकांग के बाद अब मकाउ की चीन को वापसी

जुलाई 1997 में हांगकांग को ब्रिटेन से वापस प्राप्त करने के पश्चात् चीन ने अब मकाउ (Macau) को पुर्तगाल से वापस प्राप्त कर लिया है. 442 वर्ष तक पुर्तगाल का उपनिवेश रहने के पश्चात् 23.5 वर्ग किमी क्षेत्रफल वाले इस क्षेत्र की शांतिपूर्ण तरीके से चीन को वापसी गत 20 दिसम्बर को हुई है



सत्ता हस्तांतरण के लिए 19-20 दिसम्बर की मध्य रात्रि को एक समारोह का आयोजन मकाउ में हुआ जिसमें पुर्तगाल के राष्ट्रपति जॉर्ज सैम्पायो व चीन के राष्ट्रपति जियांग झेमिन उपस्थित थे. समारोह में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश राज्यमंत्री अजीत कुमार पांजा ने किया.

19-20 दिसम्बर की मध्य रात्रि को मकाउ से पुर्तगाली ध्वज उतारकर उसके स्थान पर चीनी ध्वज लहरा दिया गया और इसके साथ ही मकाउ चीन का विशेष प्रशासनिक क्षेत्र (Special Administrative Region—SAR) बन गया. हांगकांग की भाँति मकाउ के मामले में भी चीन ने 'एक राष्ट्र दो व्यवस्थाएं' (One Country Two Systems) की नीति को 50 वर्षों तक अपनाने की घोषणा की है. मकाओ की मुद्रा 'पटाका' (Pataca—MOP) अभी वहाँ आधिकारिक मुद्रा बनी रहेगी. स्थानीय कैंटोनी भाषा के साथ-साथ पुर्तगाली भी इस विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकारी भाषा रहेगी. यद्यपि पुर्तगाली बोलने वालों की संख्या वहाँ लगभग 2 प्रतिशत ही है. 4.30 लाख जनसंख्या वाले मकाउ में लगभग 95 प्रतिशत लोग चीनी मूल के ही हैं.

मकाउ के प्रशासन का दायित्व चीन ने फिलहाल 44 वर्षीय बैंकर एडमंड हो हाउवाह (Edmand Hauwah) को सौंपा है. यहाँ के अन्तिम पुर्तगाली गवर्नर वास्को रोशा वीरा (Vasco Rocha Vieira) थे.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिस्र व सूडान के मध्य पूर्ण राजनयिक सम्बन्ध

कई वर्षों के तनावपूर्ण सम्बन्धों के पश्चात् मिस्र एवं सूडान ने पारस्परिकपूर्ण राजनयिक सम्बन्ध स्थापित करने का निर्णय कर लिया है. सूडान के राष्ट्रपति उमर हसन अहमद अल बशीर की गत दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह में सम्पन्न दो दिन की मिस्र यात्रा के दौरान यह निर्णय किया गया. यात्रा की समाप्ति पर जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि मिस्र अपने पड़ोसी देश सूडान से भाईचारे का सम्बन्ध विकसित करने के लिए अपना राजदूत खारतूम (सूडान की राजधानी) भेजेगा. 1995 में सूडान पर आतंकवाद का आरोप लगाते हुए मिस्र ने वहाँ से अपने राजदूत को वापस बुला लिया था. उसके पश्चात् दोनों देशों के सम्बन्ध, जो पहले ही तनावपूर्ण थे, बिगड़ते चले गए थे.

श्रीलंकाई राष्ट्रपति के चुनाव में चन्द्रिका कुमारतुंग पुनः विजयी

श्रीलंका की राष्ट्रपति चन्द्रिका कुमारतुंग 5 वर्ष के दूसरे कार्यकाल के लिए इस पद पर पुनः निर्वाचित हुई हैं. गत 21 दिसम्बर को सम्पन्न चुनाव में उन्हें 51.12 प्रतिशत मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वन्द्वी यूनाइटेड नेशनल पार्टी (UNP) के रनिल विक्रम सिंघे को इस चुनाव में 42.71 प्रतिशत मत प्राप्त हो सके. इन दोनों के अतिरिक्त 11 अन्य प्रत्याशी राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव मैदान में थे. देश के कुल 1.17 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से लगभग 75 प्रतिशत ने मतदान में भाग लिया था. श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश सरथ एन. सिल्वा ने 22 दिसम्बर को श्रीमती कुमारतुंग के सरकारी आवास टेम्पल ट्रीज (Temple Trees) में उन्हें दूसरे कार्यकाल हेतु पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी.

चुनाव से तीन दिन पूर्व ही श्रीमती कुमारतुंग एक आत्मघाती महिला के विस्फोटक हमले में बाल-बाल बच गईं थीं. यह हमला उन पर उस समय किया गया जब कोलम्बो के टाउनहॉल में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करने के पश्चात् वह अपनी कार की ओर बढ़ रही थीं. इस हमले में उनके कारचालक व पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी सहित 15 लोगों की मृत्यु हो गई थी, जबकि श्रीमती कुमारतुंग की एक आँख की रोशनी चली गई है. मतदान के दिन चुनाव आमतौर पर शान्ति के साथ सम्पन्न हुए. श्रीमती चन्द्रिका कुमारतुंग को अस्वस्थता के कारण अपने निवास से ही मतदान करने की अनुमति चुनाव आयोग ने प्रदान कर दी थी. उनका मत डलवाने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर पर सवार होकर मतदान अधिकारी उनके सरकारी निवास पर उनके घर पहुँचा, जहाँ उनसे मतदान कराया गया, किन्तु उनका यह मत मतदान केन्द्र पर 20 मिनट देर से पहुँचने के कारण बाद में रद्द कर दिया गया.

सत्तारूढ़ पीपुल्स एलायंस (PA) की श्रीमती चन्द्रिका कुमारतुंग दूसरी बार श्रीलंका की कार्यकारी राष्ट्रपति चुनी जाने वाली स्व. जे.आर. जयवर्द्धने के पश्चात् दूसरी व्यक्ति हैं. पिछली बार 1994 के चुनाव में 62 प्रतिशत मत प्राप्त करके वह राष्ट्रपति चुनी गईं थीं.

श्रीलंका में तमिल उग्रवादियों की गतिविधियों में तेजी

श्रीलंका के पूर्वोत्तर में तमिल बहुल क्षेत्र में स्वतंत्र 'तमिल ईलम' राज्य की स्थापना के लिए गत 17 वर्षों से संघर्षरत लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (LTTE) की आतंकी गतिविधियों में आजकल तेजी आई हुई है. इस संघर्ष में अब तक 15 हजार से अधिक सैन्यकर्मी व लिट्टे के लोग मृत्यु का शिकार

IAS Aspirants
With Revision in Syllabus
ANTHROPOLOGY, GEOGRAPHY & HINDI LITT.
have become more scoring and dependable optionals.
It is, however, a different matter that it might have gone beyond the reach of self proclaimed experts without any academic background in these subjects [like ordinary B.Sc or M.A. (fail)].
Think judiciously before joining a Coaching Institute because only successful people can share success with you—Remember
OUR STUDY-MATERIALS ALSO AVAILABLE AT
●VAID'S ICS, LUCKNOW PH.: 326249
●N. OJHA, ALLAHABAD, IN COLLABORATION WITH VAID'S ICS PH. 641863
●JAWAHAR BOOK CENTRE PH.: 6962973, 6515047
●PUNEKER COMPETITION BOOK HOUSE, INDORE. PH. 540704
●BOOK SELECTION CENTRE, HYDERABAD, PH. 4750909, 4753218.
Join Today
VAID'S ICS
For Information Bulletin send Rs. 30/- by DD/MO in favour of Vaid's ICS, Delhi
AG-603, SHALIMAR BAGH, DELHI-110052 PH. 7471544, 7477317
For APPSC Gr II
OBJECTIVE ANTHROPOLOGY
A book by N.K. VAID to be released by Jan. End. shall be available with BOOK SELECTION CENTRE HYDERABAD

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हो चुके हैं. इनमें से जितनी मौतें श्रीमती चन्द्रिका कुमारतुंग के राष्ट्रपति के गत कार्यकाल में हुई हैं उतनी किसी अन्य राष्ट्रपति के कार्यकाल में नहीं हुईं.

विगत महीनों में ऑपरेशन अनसीज़िंग वेव्स-III के तहत तमिल बहुल क्षेत्रों के प्रमुख केन्द्रों पर कब्जा करने के पश्चात् लिट्टे ने अब सिंहल क्षेत्रों में आतंकी गतिविधियों में वृद्धि की है. उनकी रणनीति 'किसी बड़े व्यक्ति' को अपना निशाना बनाने की प्रतीत होती है. 5 जनवरी को कोलम्बो में प्रधानमंत्री कार्यालय के समक्ष एक महिला रूपी मानव बम विस्फोट में आत्मघाती महिला सहित कम-से-कम 12 लोग मारे गए हैं. मरने वालों में प्रधानमंत्री सिरीमाओ भण्डारनायके की सुरक्षा इकाई की दो महिलाएं शामिल थीं. समझा जाता है कि लिट्टे की यह आत्मघाती महिला किसी अति विशिष्ट व्यक्ति पर हमला करने के उद्देश्य से वहाँ प्रतीक्षा कर रही थी, किन्तु सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी लिए जाने पर उसने पहले ही विस्फोट कर दिया जिससे निकट स्थित लोग मारे गए. इस विस्फोट से प्रधानमंत्री कार्यालय को कोई क्षति नहीं पहुँची है.

तथ्य एक दृष्टि में

उन राष्ट्रों के नाम जिनके साथ भारत की वांछित अभियुक्तों के प्रत्यर्पण के लिए प्रत्यर्पण सन्धि (Extradition Treaty) है–

1. *बेल्जियम*
2. *भूटान*
3. *कनाडा*
4. *हांगकांग*
5. *नेपाल*
6. *रूस*
7. *संयुक्त अरब अमीरात (UAE)*
8. *यूनाइटेड किंगडम (UK)*
9. *संयुक्त राज्य अमरीका (USA)*
10. *नीदलैण्ड्स*
11. *स्विट्जरलैण्ड*

इण्डोनेशिया व पुर्तगाल के मध्य भी राजनयिक सम्बन्धों की बहाली

ईस्ट तिमोर के मुद्दे पर मतभेदों एवं तनाव की समाप्ति के पश्चात् पुर्तगाल व इण्डोनेशिया के मध्य भी पूर्ण राजनयिक सम्बन्ध अब बहाल हो गए हैं. राजनयिक सम्बन्धों की बहाली के समझौते पर दोनों देशों के संयुक्त राष्ट्र स्थित राजदूतों ने गत दिसम्बर माह में हस्ताक्षर किए हैं.

ज्ञातव्य है कि इण्डोनेशिया के साथ पुर्तगाल ने अपने राजनयिक सम्बन्ध उस समय विच्छेदित कर लिए थे जब 1975 में इण्डोनेशिया ने हमला कर ईस्ट तिमोर पर अपना कब्जा कर लिया था. ईस्ट तिमोर उस समय तक पुर्तगाली उपनिवेश था तथा वह उसे स्वतंत्रता प्राप्त करने को ही था. बाद में अन्तर्राष्ट्रीय दबाव के चलते ईस्ट तिमोर में स्वतंत्रता के लिए जनमत संग्रह कराने को पुर्तगाल व इण्डोनेशिया के मध्य एक समझौता गत वर्ष सम्पन्न हुआ था. इसी समझौते के तहत ईस्ट तिमोर में अगस्त 1999 में जनमत संग्रह कराया गया था जिसमें लोगों ने पूर्ण स्वतंत्रता के पक्ष में मत दिया था. जनमत संग्रह के पश्चात् ही ईस्ट तिमोर का प्रशासन अब संयुक्त राष्ट्र संघ के अधीन आ गया है.

सुरक्षा परिषद् में पाँच नए अस्थायी सदस्य

संयुक्त राष्ट्र संघ की 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद् के पाँच अस्थायी सदस्यों– बहरीन, ब्राजील, गैबोन, गाम्बिया तथा स्लोवेनिया की द्विवार्षिक सदस्यता 31 दिसम्बर, 1999 को समाप्त हो गई तथा इनका स्थान पाँच अन्य राष्ट्रों–बांग्लादेश, माली, ट्यूनीशिया, जमैका व यूक्रेन ने ले लिया है. सुरक्षा परिषद् की दो वर्ष की अस्थायी सदस्यता के लिए इनका चुनाव सितम्बर 1999 में सम्पन्न हुआ था. सुरक्षा परिषद् के पाँच अन्य अस्थायी सदस्य मलेशिया, नामीबिया, अर्जेन्टीना, कनाडा और नीदरलैण्ड्स हैं जिनकी द्विवार्षिक सदस्यता 31 दिसम्बर, 2000 को समाप्त होगी.

नई सहस्त्राब्दी में पहले एक माह (जनवरी 2000) के लिए सुरक्षा परिषद् की अध्यक्षता करने का श्रेय संयुक्त राज्य अमरीका (USA) को प्राप्त हुआ है. संयुक्त राष्ट्र संघ में अमरीकी राजदूत रिचर्ड हॉलब्रुक ने 1 जनवरी, 2000 को कार्यभार यूनाइटेड किंगडम (UK) के जेरेमी ग्रीनस्टॉक से ग्रहण किया है. सुरक्षा परिषद् की अध्यक्षता इसके सदस्य राष्ट्रों को वर्णमाला के क्रमानुसार 1-1 माह के लिए प्रदान की जाती है.

रूस एवं बेलारूस का एकीकरण

पूर्व सोवियत संघ से विघटित होकर स्वतंत्र राष्ट्र बने दो राष्ट्रों–रूस एवं बेलारूस ने अब पुनः एक संघ बनाते हुए एकीकरण कर लिया है. इस एकीकरण के लिए दोनों देशों में एक वर्ष पूर्व ही सहमति हो गई थी, इसके लिए दोनों के बीच औपचारिक सन्धि दिसम्बर 1999 के प्रथम सप्ताह में हुई. दिसम्बर माह में ही दोनों देशों की संसदों द्वारा औपचारिक अनुमोदन कर दिए जाने के पश्चात् इस सन्धि ने वैधानिक रूप ले लिया है.

एकीकरण सन्धि के तहत सहस्त्राब्दी में एक संघ के रूप में करने के बावजूद निकट भविष्य में देशों में स्वतंत्र सरकारें बनी रहेंगी तथा 2005 तक दोनों में अपनी-अपनी अलग कार्यशील रहेगी. एकीकरण सन्धि के फिलहाल दोनों देशों की सरकारों के निकाय स्थापित किए जाएंगे.

वेनेजुएला में बाढ़ से भारी क्षति

गत दिसम्बर माह में भारी वर्षा एवं भूस्खलन से वेनेजुएला में जान-माल भीषण क्षति हुई है. इस प्राकृतिक विपदा परिणामस्वरूप लगभग 40 हजार व्यक्ति की मृत्यु की आशंका गैर सरकारी द्वारा व्यक्त की गई है. वहाँ बड़ी संख्या लोग लापता बताए गए हैं. समझा जाता कि बाढ़ से मारे गए हजारों लोगों के कीचड़ में ही दबे रह गए हैं.

उल्लेखनीय है कि वर्षा की विभीषिका शुरू होने से पूर्व वेनेजुएला की जनता एक जनमत सर्वेक्षण में देश के संविधान का अनुमोदन कर दिया है. दिसम्बर को कराए गए इस जनमत सर्वेक्षण में जिस नए संविधान का अनुमोदन किया गया है, उसमें राष्ट्रपति के अधिकारों में भारी वृद्धियाँ की गई हैं. नए संविधान के तहत राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज अब 13 वर्षों तक अपने इस पद पर बने रह सकेंगे.

सीरिया के साथ इजराइल की महत्वपूर्ण वार्ता

लगभग 50 वर्षों की कटुता को समाप्त करने को इजराइल एवं सीरिया के मध्य बहुप्रतीक्षित शान्ति वार्ताओं के दौर चार वर्षों के अंतराल के पश्चात् अब पुनः प्रारम्भ हो गए हैं. अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की मध्यस्थता से प्रारम्भ हुई इस वार्ता का एक दौर गत 15-16 दिसम्बर को वाशिंगटन तथा पुनः 3–10 जनवरी, 2000 को वर्जीनिया के शैफर्ड्सटाउन (Shepherdstown) में सम्पन्न हुआ. चार विवादित मुद्दों पर चल रही इस वार्ता का केन्द्रीय मुद्दा गोलन पहाड़ियों (Golan Heights) सीरिया को वापसी का है. 1967 के पश्चिम एशियाई युद्ध में इजराइल ने इन पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया था. दोनों देशों के मध्य चल रही वार्ताओं के इन दौरों में गोलन पहाड़ियों की वापसी के मामले में निर्णय लिये जाने की सम्भावना है. वार्ता में इजराइल की ओर से प्रधानमंत्री एहुद बराक (Ehud Barak) व सीरिया की ओर से विदेश मंत्री फारुक अल-शारा (Farouk al-Shara) भाग ले रहे हैं. सीरियाई राष्ट्रपति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हफीज अली असद, जो इन दिनों अस्वस्थ हैं, भी किसी चरण में इस त्रिपक्षीय वार्ता में शामिल हो सकते हैं. वार्ता का अगला दौर 19 जनवरी से वाशिंगटन में प्रारम्भ होगा.

उल्लेखनीय है कि वार्ता के दौरान यदि इजराइल गोलन पहाड़ियों की सीरिया को वापसी के लिए कोई समझौता सम्पन्न करता है, तो उसकी पुष्टि के लिए सरकार को इजराइल में जनमत संग्रह (Referendum) कराना होगा. इजराइली संविधान के तहत, अपने किसी क्षेत्र को छोड़ने के लिए ऐसा करना आवश्यक है. इजराइल के राष्ट्रपति एजेर वीजमैन (Ezer Weizman) ने इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य में कहा है कि गोलन पहाड़ियों की वापसी के समझौते की स्थिति में यदि जनमत संग्रह के तहत इसकी पुष्टि न हो सकी तो वह तुरन्त ही अपने पद से त्यागपत्र दे देंगे.

दक्षिण पूर्व एशिया में तम्बाकू के विरुद्ध अन्तर्राष्ट्रीय अभियान

दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को तम्बाकू के उपभोग से मुक्त कराने के उद्देश्य से एक अन्तर्राष्ट्रीय अभियान का शुभारम्भ गत 7 जनवरी को नई दिल्ली में किया गया. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रायोजित इस अभियान के तहत तम्बाकू के विरुद्ध जन जागृति लाने के लिए एक विशेष मशाल को दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने 7 जनवरी को दिल्ली से रवाना किया. 'तम्बाकू से मुक्ति हेतु यह दक्षिण पूर्व एशियाई मशाल' (South East Asian Flame for Freedom from Tobacco) वर्ष भर के अभियान के दौरान दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रमुख देशों से होकर गुजरेगी. उत्तर प्रदेश, बिहार व प. बंगाल में कम-से-कम 21 प्रमुख शहरों से गुजरने के पश्चात् इस मशाल को पेट्रापोल में बांग्लादेश के कार्यकर्ताओं को सौंप दिया जाएगा. नई दिल्ली में अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की महानिदेशक डॉ. ग्रो हर्लेम ब्रूंटलैण्ड (Dr. Gro Harlem Brundtland) भी उपस्थित थीं. केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री एन. टी. शनमुगम ने इस अवसर पर घोषणा की कि तम्बाकू का उत्पादन कम करने से राज्यों को होने वाली राजस्व हानि की भरपाई केन्द्र द्वारा की जाएगी.

इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि तम्बाकू के उत्पादन व उपभोग पर नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं पर विचार के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन भी गत 7–9 जनवरी को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ. इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व विश्व स्वास्थ्य संगठन की महानिदेशक डॉ. ग्रो हर्लेम ब्रूंटलैण्ड ने किया.

संक्षिप्तकी

भारत व पाकिस्तान के नाभिकीय ठिकानों की सूची का पारस्परिक आदान-प्रदान

एक औपचारिक वार्षिक कार्यवाही के तहत भारत व पाकिस्तान ने अपने-अपने नाभिकीय ठिकानों की सूची का गत 1 जनवरी को इस्लामाबाद में आदान-प्रदान किया. यह आदान-प्रदान राजनयिक स्तर पर प्रति वर्ष इसलिए किया जाता है, ताकि नाभिकीय ठिकानों पर किसी तरह का हमला एक-दूसरे की ओर से न किया जाए. इसके लिए दोनों देशों ने पारस्परिक द्विपक्षीय समझौता किया हुआ है.

रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस की जापान यात्रा

5 दिवसीय जापान यात्रा के लिए रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस गत 10 जनवरी को टोकियो पहुँचे. टोकियो में जापान के रक्षा मंत्री त्सुतोमु कवारा के अतिरिक्त सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं के साथ उनकी महत्वपूर्ण बातचीत हुई. जापान व भारत के रक्षा मंत्रियों की यह पहली ही भेंटवार्ता थी.

शेष पृष्ठ 906 पर

IAS 2000 Aspirants
MAINS AND MAINS-CUM-PRELIMS BATCHES
STARTING JAN. 19
at our Kalu Sarai Branch
GS, ESSAY, HISTORY, ANTHRO., GEOGRAPHY, PHILO., PSYCHOLOGY, PUB. ADMN., HINDI LITT., POL. SC., SOCIOLOGY, ZOOLOGY, BOTANY, PHYSICS & MATHS.
Exclusive Batches for Prelims Starting
FEBRUARY 15
GS, INDIAN HISTORY, GEOGRAPHY, SOCIOLOGY, POL. SC. PUB. ADMN., PHILOSOPHY & PHYSICS
Postal Courses Available
PRELIMS : GS, GEOG., INDIAN HISTORY, PUB. ADMN., SOCIOLOGY, PHILOSOPHY & PHYSICS
MAINS : GS, HISTORY, ANTHROPOLOGY, GEOGRAPHY, PUB. ADMN., POL. SC., PSYCHOLOGY, HINDI LITT., PHILOSOPHY SANSKRIT & PHYSICS
For Information Bulletin send Rs. 30/- by DD/MO in favour of Vaid's ICS, Delhi
VAID'S ICS
AG-603, SHALIMAR BAGH, DELHI-110052
PH. 7471544, 7477317
B.O. 58A/2, KALU SARAI, SARV PRIYA VIHAR, NEW DELHI-16
PH. 9810122438

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रीड़ा जगत

दिसम्बर 1999

14 भारत व आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए 3 टेस्ट मैचों की शृंखला का एडीलेड में खेला गया पहला टेस्ट मैच आस्ट्रेलिया ने 285 रन से जीत लिया. **इस टेस्ट मैच की पहली पारी में माइकल कास्प्रोविज का विकेट लेकर अनिल कुम्बले ने 1999 में अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए. एक ही कैलेण्डर वर्ष में 50 या इससे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाला वह वीनू मांकड़, भागवत चन्द्रशेखर व कपिल देव के पश्चात् चौथा भारतीय गेंदबाज है.**

इसी टेस्ट मैच में पहली पारी में शतकीय पारी खेलकर आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान स्टीव वॉ विश्व के पहले ऐसे बल्लेबाज हो गए जिन्होंने टेस्ट मैच खेलने वाले सभी देशों के विरुद्ध टेस्ट मैचों में शतक बनाया है.

– लखनऊ में सम्पन्न सैयद मोदी ग्रांड प्रिक्स बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः पी. गोपीचन्द व अपर्णा पोपट ने जीते.

स्पोर्ट स्टार के वर्ष व शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

भारत की प्रमुख खेल पत्रिका स्पोर्ट स्टार (Sportstar) ने वर्ष 1999 के अपने खेल पुरस्कारों के लिए निम्नलिखित खिलाड़ियों का चयन किया है–

***वर्ष (1999) के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** (Sportstar's Sports Persons of the Year)–लिएंडर पेस व महेश भूपति*

***वर्ष के युवा खिलाड़ी** (Young Achievers of the Year 1999)–सुनील कुमार (राष्ट्रीय हार्डकोर्ट टेनिस चैम्पियन) व आरती रामास्वामी (अंडर-18 विश्व शतरंज चैम्पियन)*

***लेजेंड ऑफ इंडियन स्पोर्ट पुरस्कार**–लेस्ली क्लाउडियस (हॉकी)*

उपर्युक्त वार्षिक पुरस्कारों के अतिरिक्त स्पोर्ट स्टार ने निम्नलिखित विशेष पुरस्कारों की घोषणा भी इस बार की है.

***स्पोर्ट स्टार शताब्दी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (विश्व)**–मोहम्मद अली मुक्केबाज (अमरीका)*

***शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (भारत)**–सुनील गावस्कर व कपिल देव.*

वर्ष 1999 में खेले गए क्रिकेट के एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय व टेस्ट मैचों से सम्बन्धित स्मरणीय तथ्य

एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच

- *1999 के दौरान कुल मिलाकर 154 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों का आयोजन हुआ जो एकदिवसीय क्रिकेट के 29 वर्षों के इतिहास में सर्वाधिक हैं.*
- *1999 में सर्वाधिक 43 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाला देश भारत था. दूसरे स्थान पर आस्ट्रेलिया ने इस वर्ष के दौरान 37 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेले.*
- *भारत ने 1999 में जो 43 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेले उनमें 21 में वह विजयी रहा जबकि 20 में उसे पराजय मिली. 2 मैच अनिर्णीत समाप्त हुए.*
- *1999 में 3 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच टाई हुए.*
- *1999 में सर्वाधिक 42 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों का आयोजन इंगलैण्ड में हुआ.*
- *1999 में स्कॉटलैण्ड ने सबसे कम 5 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेले जिन सभी में वह पराजित हुआ. बांग्लादेश व कीनिया ने वर्ष के दौरान क्रमशः 12 व 13 ऐसे मैच खेले और वह 2-2 मैच जीतने में सफल रहे.*
- *1999 के दौरान एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 1767 रन भारत के सौरव गांगुली ने (41 मैचों में) बनाए. दूसरे स्थान पर 1761 रन भारत के राहुल द्रविड़ ने (43 मैचों में) बनाए.*
- *1999 में एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में कुल मिलाकर 53 शतक बने. यह 30 बल्लेबाजों द्वारा विभिन्न मैचों में बनाए गए.*
- *1999 में एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 6 शतक भारत के राहुल द्रविड़ ने लगाए.*
- *1999 के दौरान एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में विश्व के सात बल्लेबाज एक हजार से अधिक रन बनाने में सफल रहे. इनमें तीन खिलाड़ी भारत के हैं.*
- *वर्ष के दौरान एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 186 रन (अविजित) की पारी भारत के सचिन तेंदुलकर ने खेली.*
- *1999 के दौरान एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 62 विकेट आस्ट्रेलिया के शेनवार्न ने लिए. वर्ष में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद रहे उन्होंने इन मैचों में 46 विकेट लिए.*

टेस्ट मैच

- *1999 के दौरान विश्व में कुल मिलाकर 43 टेस्ट मैचों का आयोजन हुआ. इनमें आस्ट्रेलिया सर्वाधिक 14 टेस्ट मैचों में व जिम्बाब्वे न्यूनतम 6 टेस्ट मैचों में भागीदार थे.*
- *आस्ट्रेलिया ने ही 1999 में सर्वाधिक 9 टेस्ट मैचों में विजय पाई. इंगलैण्ड ने 1999 में केवल एक टेस्ट मैच में विजय दर्ज की, जबकि वर्ष के दौरान उसने कुल 8 टेस्ट मैच खेले. जिम्बाब्वे अपने 6 टेस्ट मैचों में से एक में भी विजयी नहीं रहा.*
- *भारत ने 1999 में 10 टेस्ट मैच खेले जिनमें से 2 में वह विजयी रहा तथा 4 में वह पराजित हुआ. 4 मैच अनिर्णीत समाप्त हुए.*
- *1999 में टेस्ट मैचों में सर्वाधिक 1088 रन सचिन तेंदुलकर ने बनाए हैं. सचिन तेंदुलकर के अतिरिक्त केवल एक और बल्लेबाज (आस्ट्रेलिया के स्लेटर, 1051 रन) सन्दर्भित वर्ष में टेस्ट मैचों में एक हजार से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं.*
- *1999 में टेस्ट मैचों में सर्वाधिक 67 विकेट आस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्राथ ने लिए हैं.*

18 नई दिल्ली में समाप्त हुई महिलाओं की आई टी एफ टेनिस सर्किट प्रतियोगिता का एकल खिताब हंगरी की कैटालिन मैरोसी ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त ताथियाना गार्बिन (इटली) के अस्वस्थता के कारण अधूरे मैच से हट जाने से जीत लिया.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

19 जिम्बाब्वे के दौरे पर श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ने मेजबान टीम के विरुद्ध 5 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों की शृंखला का चौथा मैच हरारे में जीतकर शृंखला में 3-0 से निर्णायक बढ़त प्राप्त कर ली. इस शृंखला का पहला मैच वर्षा के कारण रद्द कर दिया गया था.

20 हरारे में जिम्बाब्वे ने श्रीलंका के विरुद्ध एकदिवसीय मैचों की शृंखला का अन्तिम मैच जीत लिया. इससे यह शृंखला 3-1 से श्रीलंका के पक्ष में रही.

21 कलकत्ता में सम्पन्न पाँच दिवसीय फाइनल मैच में पश्चिम क्षेत्र को पहली पारी की बढत के आधार पर हराकर उत्तर क्षेत्र ने दिलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेन्ट 14वीं बार जीत लिया.

23 पटियाला में समाप्त हुई मध्य-दक्षिण एशियाई जिमनास्टिक चैम्पियनशिप में पुरुष व महिला वर्ग के टीम खिताब क्रमशः भारत व उज्बेकिस्तान ने जीते.

– 45वें राष्ट्रीय स्कूली खेल नई दिल्ली में प्रारम्भ हो गए. इन खेलों की क्रिकेट, हॉकी व बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन दिल्ली में सम्पन्न होना है.

24 दिल्ली को फाइनल में 46 रन से हराकर गत विजेता गुजरात ने कलकत्ता में सम्पन्न नेत्रहीनों की राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप जीत ली.

शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी

खेल जगत की वरिष्ठ हस्तियों एव संघ के पदाधिकारियों के परामर्श के आधार पर भारतीय ओलम्पिक संघ (IOA) ने हॉकी खिलाडी ध्यानचन्द्र व उड़नपरी पी.टी. ऊषा को 20वीं शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी घोषित किया है.

29 तीन टेस्ट मैचों की शृंखला के वेलिंगटन में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी व 105 रन से हराकर न्यूजीलैण्ड ने शृंखला में 2-0 से निर्णायक बढ़त बना ली. इससे पूर्व हैमिल्टन में शृंखला का पहला टेस्ट मैच न्यूजीलैण्ड ने 9 विकेट से जीता था.

30 भारत-आस्ट्रेलिया टेस्ट शृंखला के मेलबोर्न में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 180 रन से हराकर आस्ट्रेलिया ने 3 टेस्ट मैचों की इस शृंखला में 2-0 से निर्णायक बढ़त ले ली. मैच में कम ओवर फेंकने के लिए मैच रैफरी रंजन मदुगले (श्रीलंका) ने भारतीय टीम के विरुद्ध मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया. इसी मैच में माइकल स्लेटर को आउट करने के बाद अभद्र व्यवहार करने के लिए रैफरी ने भारत के वेंकटेश प्रसाद के विरुद्ध मैच फीस का 35 प्रतिशत (1000 डॉलर) तथा चार माह के विलम्बित निलम्बन का जुर्माना लगाया था.

31 चंडीगढ़ में सम्पन्न महिलाओं की आई टी एफ सर्किट टेनिस टूर्नामेन्ट का एकल खिताब स्लोवेनिया की उर्सका वेसेंजक (Urska Vesenjak) ने फाइनल में क्रोशिया की एंटोनिया मैटिक को हराकर जीता. अपनी बहन मासा वेसेंजक के साथ जोड़ी बनाकर उर्सका ने इस टूर्नामेन्ट का युगल खिताब भी जीतने में सफलता प्राप्त की.

– चेन्नई में पश्चिम क्षेत्र को हराकर गत विजेता उत्तर क्षेत्र ने 19 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों का कर्नल सी. के. नायडू ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेन्ट पुनः जीत लिया.

जनवरी 2000

1 कोटा में समाप्त हुई 22वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्गों की चैम्पियनशिप प. बंगाल ने जीती. पुरुष वर्ग में उड़ीसा को तथा महिला वर्ग में मध्य प्रदेश को फाइनल में हराकर यह खिताब प. बंगाल ने जीते.

– नई दिल्ली में सीनियर राष्ट्रीय बास्केटबाल में महिला वर्ग की चैम्पियनशिप की बसलत झा ट्रॉफी रेलवे ने फाइनल में मेजबान दिल्ली को हराकर जीती. पुरुष वर्ग की चैम्पियनशिप तमिलनाडु ने फाइनल में बिहार को हराकर जीती. महिला वर्ग में तमिलनाडु का व पुरुषों में पंजाब का तीसरा स्थान रहा.

– सी. के. नायडू ट्रॉफी की विजेता उत्तर क्षेत्र ने चेन्नई में शेष भारत की अंडर 19 टीम को हराकर क्रिकेट की वीनू मांकड ट्रॉफी भी जीत ली.

2 मुम्बई में पश्चिम क्षेत्र रणजी ट्रॉफी के एक लीग मैच में मेजबान मुम्बई के विरुद्ध खेलते हुए सौराष्ट्र की पूरी टीम 34 रन पर आउट हो गई. भारत के प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में किसी टीम का यह न्यूनतम स्कोर था.

– तमिलनाडु में शिवाकासी में सम्पन्न 29वीं जूनियर राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप में कलकत्ता की गुडरिक राष्ट्रीय अकादमी के सूर्य शेखर गांगुली व सुंदरराजन किदम्बी के बराबर अंक रहने पर टाई-ब्रेक मैच के आधार पर हुए फैसले में गांगुली को विजेता घोषित किया गया.

– तीन बार का विजेता भारत दुबई में पाँचवें राशिद अन्तर्राष्ट्रीय वॉलीबाल टूर्नामेन्ट में इस बार सेमीफाइनल में ट्यूनीशिया से पराजित होकर प्रतियोगिता से बाहर हो गया.

3 दुबई में सम्पन्न पाँचवें राशिद अन्तर्राष्ट्रीय वॉलीबाल टूर्नामेन्ट का खिताब गत विजेता यूक्रेन ने फाइनल में ट्यूनीशिया को हराकर जीत लिया. भारत का इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान रहा.

4 सिडनी में भारत आस्ट्रेलिया टेस्ट शृंखला का तीसरा व अन्तिम मैच तीसरे दिन ही आस्ट्रेलिया ने पारी व 141 रनों से जीत लिया. इसके साथ ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली गई 3 टेस्ट मैचों की शृंखला आस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीत ली. भारतीय टीम के कप्तान सचिन तेंदुलकर को इस शृंखला के लिए 'मैन ऑफ द सीरिज' घोषित किया गया.

लगातार पाँच टेस्ट पारियों में शून्य पर आउट होने के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

भारत के ऑल राउंडर क्रिकेट खिलाड़ी अजित अगरकर, जिन्होंने एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज गति से 50 विकेट लेने का विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, उन्होंने आस्ट्रेलिया के दौरे पर टेस्ट शृंखला में एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है तथा एक पुराने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की है.

इस टेस्ट शृंखला में लगातार चार पारियों में पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होकर अगरकर ने इस किस्म का नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है. तीन टेस्ट मैचों की इस शृंखला में अपनी पाँचवीं टेस्ट पारी में भी वह शून्य पर आउट हुए, किन्तु इस बार एक गेंद खेलने के बाद वह दूसरी गेंद पर आउट हुए. लगातार पाँच टेस्ट पारियों में शून्य पर आउट होकर अगरकर ने आस्ट्रेलिया के बॉब हॉलैण्ड के 1985 में स्थापित विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की है.

5 भारत के लिएंडर पेस व जिम्बाब्वे के बायरन ब्लैक की जोड़ी चेन्नई में गोल्ड फ्लेक ओपन टेनिस टूर्नामेन्ट की पुरुष युगल स्पर्द्धा में क्वार्टर फाइनल में पराजित होकर टूर्नामेन्ट से बाहर हो गई.

अपने जोड़ीदार महेश भूपति को चोट लगने के कारण लिएण्डर पेस ने पहली बार जिम्बाब्वे के बायरन ब्लैक के साथ जोड़ी बनाकर इस टूर्नामेन्ट के युगल मुकाबले में भाग लिया था.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

6 न्यूजीलैण्ड ने वेस्टइंडीज को 5 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों की शृंखला के नेपियर में खेले गए तीसरे मैच में भी हराकर शृंखला में 3-0 की निर्णायक बढ़त हासिल कर ली.

– चेन्नई में एटीपी टूर गोल्ड फ्लेक ओपन टेनिस प्रतियोगिता की एकल स्पर्द्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के सेड्रिक पियोलिने से पराजित भारत के लिएंडर पेस की एकल स्पर्द्धा में भी चुनौती समाप्त हो गई.

8 लखनऊ में सम्पन्न 61वीं सहारा सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष व महिला, दोनों ही वर्गों की चैम्पियनशिप पेट्रोलियम स्पोर्ट्स कण्ट्रोल बोर्ड (PSCB) ने जीती. पुरुष वर्ग में पंजाब व महिला वर्ग में रेलवे उपविजेता रहे.

– मुम्बई में सम्पन्न एन एस सी आई ग्रांड प्रिक्स अखिल भारतीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष व महिला वर्ग के एकल खिताब पेट्रोलियम स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के क्रमशः अभिन्न श्याम गुप्ता व बी. आर. मीनाक्षी ने जीते.

– पर्थ में थाइलैण्ड को फाइनल में हराकर द. अफ्रीका ने मिश्रित टीम टेनिस का हॉपमैन कप जीत लिया.

– बार्सीलोना में सम्पन्न 4 देशों के हॉकी टूर्नामेन्ट में भारत का तीसरा स्थान रहा. अपने सभी तीन मैच जीतकर स्पेन ने इसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया. दूसरा स्थान जर्मनी ने प्राप्त किया. प्रतियोगिता में शामिल चौथा देश कनाडा था.

9 आस्ट्रेलिया के लीटन हेविट ने एडीलेड में स्वीडन के थॉमस एंक्विस्ट को फाइनल में हराकर आस्ट्रेलियाई हार्डकोर्ट टेनिस का एकल खिताब जीत लिया.

– चेन्नई में सम्पन्न ए टी पी गोल्ड फ्लेक ओपन टेनिस टूर्नामेन्ट का एकल खिताब फ्रांस के जेरोम गोलमार्ड ने तथा युगल खिताब जूलियन बौटर व क्रिस्टोफ रोशस की जोड़ी ने जीता.

– भारत के विश्वनाथन आनन्द ने वारसा (पोलैण्ड) में सम्पन्न प्लस जी एस एम वर्ल्ड ब्लिट्ज कप शतरंज प्रतियोगिता जीत ली.

11 न्यूजीलैण्ड ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध पाँच एकदिवसीय मैचों की शृंखला का अन्तिम मैच भी क्राइस्ट चर्च में जीतकर यह शृंखला 5-0 से अपने नाम की.

12 चेन्नई में सम्पन्न राष्ट्रीय स्क्वैश चैम्पियनशिप में पुरुष व महिला वर्ग की चैम्पियनशिप महाराष्ट्र के क्रमशः मनीष चित्राणी व मेखला सूबेदार ने जीती.

12 जनवरी को लखनऊ में समाप्त हुई 61वीं राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के व्यक्तिगत परिणाम

स्पर्द्धा	विजेता	उपविजेता
पुरुष एकल	एस रमन (PSCB)	चेतन बबूर (PSCB)
महिला एकल	भौमा दास (PSCB)	एन. आर. इन्दु (PSCB)
पुरुष युगल	दीपक ठुकराल व विनीत चौपड़ा (पंजाब)	शुभम चौधरी व रणबीर दास (बंग
महिला युगल	एन.आर. इन्दु व एम.एस. मैथिली (PSCB)	बी. भुवनेश्वरी व टी. प्रदीपा (तमिलनाडु)
मिश्रित युगल	शुभजीत साहा व एम. एस. मैथिली (PSCB)	ए. सनत कमल व टी. प्रदीपा (तमिलनाडु)

नोट : PSCB—पेट्रोलियम स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड

शेष पृष्ठ 895 का

आयकर निर्धारित्रियों की संख्या 2 करोड़ 4 हजार 149 है. मंत्रालय के अनुसार अक्टूबर 1999 तक 1.84 करोड़ लोगों ने आयकर की स्थायी लेखा संख्या (PAN) के लिए आवेदन किया था जिनमें से 1.42 करोड़ को पैन (PAN) आवंटित किया जा चुका है.

उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन हेतु विश्व बैंक का ऋण

उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा के विकास हेतु विश्व बैंक की रियायती ऋण देने वाली एजेंसी अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA) ने 18.12 करोड़ डॉलर का ऋण गत दिसम्बर माह में स्वीकृत किया है.

नई सदी में 100 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या में भारी वृद्धि की आशा

स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाओं के विकास के चलते जीवन प्रत्याशा में वृद्धि होने के कारण, मौजूदा 21वीं सदी में 100 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या में भारी वृद्धि की सम्भावना है. अमरीका में मैरीलैण्ड में बेथेस्डा (Bethesda) स्थित वर्ल्ड फ्यूचर सोसायटी के आकलन के अनुसार वर्तमान में विश्व में शतायु लोगों की संख्या लगभग 1.35 लाख है जिसके बढ़कर सन् 2050 तक 20 लाख से अधिक हो जाने की सम्भावना है.

सिक्किम बैंक लि. का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में विलय

केन्द्र सरकार के अनुमोदन के पश्चात् पूर्वोत्तर क्षेत्र में कार्यरत् निजी क्षेत्र के सिक्किम बैंक लि. का विलय सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कर दिया गया है. यह विलय 22 दिसम्बर, 1999 से प्रभावी हो गया है.

भारत कोयले का तीसरा बड़ा उत्पादक राष्ट्र

ताजा मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कोयले के उत्पादन के मामले में भारत का अब चीन व अमरीका के पश्चात् विश्व में तीसरा स्थ गया है.

भारत के विदेशी मुद्रा कोष

दिसम्बर 1999 की समाप्ति पर रिज़ के पास स्वर्ण एवं एस.डी.आर. सहित विदेशी मुद्रा कोष 3,493.5 करोड़ डॉल जिनमें विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियाँ 3,199.2 डॉलर की थीं.

शेष पृष्ठ 903 का

सन् 2000 में पोलियो उन्मूलन का ल

विश्व स्वास्थ्य सगठन (WHO) ने वर्ष 2000 के अन्त तक सम्पूर्ण विश्व में के उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संगठन की महानि डॉ. ग्रो हर्लेम ब्रूंटलैण्ड ने अफ्रीकी व ए देशों की सरकारों के विशेष सहयोग का किया है. जनवरी 2000 के प्रथम सप्ता श्रीमती ब्रूंटलैण्ड ने नई दिल्ली में बताय पोलियो उन्मूलन के लिए विश्व स्वास्थ्य द्वारा गत एक दशक से चलाए जा रहे अ के परिणामस्वरूप इस बीमारी के मामलों संख्या 1988 में 35 हजार से घटकर 19 5200 रह गई है. उन्होंने बताया कि वर्तमा पोलियो का सर्वाधिक प्रकोप भारत में ही है

बांग्लादेश को दो रूसी मिग-29 वि की आपूर्ति

जून 1999 में बांग्लादेश ने रूस से मिग-29 लड़ाकू विमानों की खरीद हेतु समझौता किया था, उसके तहत दो विमानों पहली खेप गत 25 दिसम्बर को ढाका पहुँच है. 12.5 करोड़ डॉलर के इस विमान अ समझौते का बांग्लादेश के विपक्षी दलों ने विरोध किया था.

उल्लेखनीय है कि चीन ने भी बांग्लादेश को सस्ती कीमत पर लड़ाकू वि एफ-7 एम बी उपलब्ध कराने की नई पेश की है. बांग्लादेश की वायुसेना के पश्चात् कुछ विमान पहले से भी मौजूद हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य

- रूस का कार्यवाहक राष्ट्रपति किसे नियुक्त किया गया है? – ब्लादिमीर प्यूटिन
- अन्तरिक्ष में किसी अन्य दुनिया के तीन वासियों (Aliens) को सन् 2002 में द. कोरिया व जापान में सयुक्त रूप से होने वाले विश्व कप फुटबाल टूर्नामेंट के शुभंकर को क्या नाम दिया गया है? – एटमोस् (Atmos)
- स्पोर्ट स्टार खेल पत्रिका ने शताब्दी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (विश्व) के लिए किसका चयन किया है? – मोहम्मद अली मुक्केबाज (अमरीका)
- देश का प्रथम सोयाबीन वायदा बाजार कहाँ स्थापित किया गया है? – इन्दौर (म. प्र.)
- मध्य प्रदेश के किन चार जिलों में किशोर शिक्षा परियोजना प्रारम्भ की गई है? – जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर व भोपाल
- विश्वभर में इंटरनेट के माध्यम से किए गए एक सर्वेक्षण में लगभग एक लाख लोगों ने किसे सहस्त्राब्दी का व्यक्ति चुना है? – महात्मा गांधी
- मध्य प्रदेश जैव विविधता बोर्ड का विशेषज्ञ सलाहकार किसे नियुक्त किया गया है? – डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन
- वर्ष 1999-2000 के लिए देश भर की चीनी मिलों के प्रतिनिधि संगठन इस्मा का अध्यक्ष किसे चुना गया है? – तिलक धर
- नई सहस्त्राब्दी में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के प्रथम अध्यक्ष के रूप में किसने एंक माह के लिए कार्यभार ग्रहण कर लिया है? – संयुक्त राष्ट्र में अमरीकी राजदूत रिचर्ड होलबुक
- राजस्थान सरकार का नया मुख्य सचिव किसे नियुक्त किया गया है? – इन्द्रजीत खन्ना
- नवनिर्मित राजस्थान विद्युत् नियामक आयोग का अध्यक्ष किसे बनाया गया है? – अरुण कुमार
- रूसी संघ में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कब होगा? – 26 मार्च, 2000 को
- वर्ष 1999-2000 के लिए पीएचडी वाणिज्य एवं उद्योग मंडल का अध्यक्ष किसे चुना गया है? – के. एस. मेहता
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने 8 जनवरी, 2000 को ऑनरेरी फैलोशिप किसे प्रदान की है? – विश्व स्वास्थ्य संगठन की महानिदेशक डॉ. ग्रो हार्लम बर्टलैंड
- राजस्थान में दूसरा पवन ऊर्जा संयंत्र कहाँ स्थापित करने की योजना है? – देवगढ़ गाँव (चित्तौड़गढ़)
- क्रोशिया में स्वतंत्रता के कर्णधार कहे जाने वाले किस राजनेता का दिसम्बर 1999 में निधन हो गया है? – फ्रेन्जो तुद्ज्मान
- हाल ही में अपहृत विमान (आई सी–814) में बन्धक यात्रियों की सेवा करने के लिए किस बन्धक यात्री को 'नाइटेंगिल ऑफ द प्लेन' कहा गया है? – डॉ. अनीता जोशी
- हाल ही में कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस. कृष्णा ने किस खिलाड़ी को राज्योत्सव पुरस्कार से सम्मानित किया है? – टेनिस स्टार महेश भूपति
- भारत के रक्षा मंत्री का वैज्ञानिक सलाहकार किसे नियुक्त किया गया है? – वी. के. आत्रे
- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष अमृत पटेल को 87वीं विज्ञान कांग्रेस में किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? – जवाहरलाल नेहरू जन्मशती पुरस्कार (1999-2000)
- दिसम्बर में आयोजित पुरुषों की विश्व ग्रांड प्रिक्स बैडमिंटन चैम्पियनशिप किसने जीती? – पीटर गेड क्रिस्टेल्सेन, डेनमार्क
- किस भारतीय को दिसम्बर 1999 में अन्तर्राष्ट्रीय टेबिल टेनिस महासंघ (ITTF) का उपाध्यक्ष चुना गया है? – एम. सी. चौहान
- हाल ही में टेस्ट मैच खेलने वाले सभी देशों के विरुद्ध शतक लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज होने का श्रेय किसने प्राप्त किया? – स्टीव वॉ (आस्ट्रेलिया)
- वर्ष 1999 का यूरोप का सर्वश्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ी घोषित करते हुए फ्रांसीसी पत्रिका द्वारा 'गोल्डन बाल' पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है? – रिवाल्डो (Rivaldo) ब्राजील
- विभिन्न राष्ट्रों के युद्धपोतों की प्रदर्शनी 'इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू' का आयोजन 15–18 फरवरी, 2000 तक कहाँ किया जाएगा? – मुम्बई
- प्रसिद्ध भारतीय आर्थिक पत्रिका 'बिजनेस इंडिया' ने वर्ष 1999 के लिए 'बिजनेसमैन ऑफ द ईयर' किसे घोषित किया है? – एन. आर. नारायण मूर्ति
- उद्योग एवं व्यापार प्रबन्धन के क्षेत्र में उच्चस्तरीय प्रबन्धन पाठ्यक्रमों के शिक्षण के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस की स्थापना कहाँ की जा रही है? – हैदराबाद (आंध्र प्रदेश)
- जून 1999 की स्थिति के अनुसार देश के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगारों की कुल संख्या कितनी थी? – 4·059 करोड़
- बिजनेस बैरन्स पत्रिका ने 'शताब्दी का महानतम भारतीय उद्यमी' किसे घोषित किया है? – रिलायंस समूह के अध्यक्ष धीरूभाई अम्बानी

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार संचयिका

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

1. गुप्तकालीन पुलिस प्रमुख को क्या कहा जाता था?
   – दण्डपाशिक
2. गुप्तकाल में आजीवनकाल वेश्यावृत्ति करने वाली महिला–
   – अमाजू
3. जैन धर्म के दिगम्बर शास्त्र के गुरु कौन थे?
   – भद्रबाहु
4. अशोक के किस अभिलेख में प्रजा को पुत्र माना है?
   – कलिंग अभिलेख में
5. कौनसा वेद गद्य एवं पद्य दोनों में लिखा गया है?
   – यजुर्वेद
6. सौराष्ट्र की सुदर्शन झील का निर्माण किसने कराया था?
   – चन्द्रगुप्त मौर्य के अधिकारी पुष्पगुप्त ने
7. दीवाने खैरात विभाग की स्थापना किसने की थी?
   – फिरोजशाह तुगलक ने
8. व्यक्तिगत सत्याग्रह के प्रथम सत्याग्रही कौन थे?
   – विनोबा भावे
9. अमृतसर के स्वर्ण मन्दिर की जमीन किसने दान में दी थी?
   – अकबर (मुगल शासक)

राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन

10. लखनऊ की बेगम हजरत महल किसे अपना उत्तराधिकारी चुनकर आन्दोलन में कूद पड़ीं.
    – फिदिल कदरी
11. कांग्रेस की स्थापना के समय उपस्थित सदस्यों की संख्या कितनी थी?
    – 72
12. 'गदर आन्दोलन' के नेता कौन थे?
    – लाला हरदयाल
13. 'इण्डियन ओपेनियन' पत्र के सम्पादक कौन थे?
    – महात्मा गांधी
14. प्रसिद्ध गीत 'आमार सोनार बंगला' की रचना किसने की थी?
    – रबीन्द्रनाथ टैगोर
15. तीनों 'गोलमेज' सम्मेलनों में भाग लेने वाले व्यक्ति कौन थे?
    – डॉ. भीमराव अम्बेडकर
16. 'पेट्रीयोटीक एसोसिएशन' की स्थापना किसने की थी?
    – राजा शिव प्रसाद सितारे हिन्द और अजमल खान
17. ऐतिहासिक 'दाण्डी' मार्च में महात्मा गांधी के साथ भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी थी?
    – 78
18. सर्वप्रथम 'पाकिस्तान' शब्द का प्रयोग किसने किया था?
    – रहमत अली
19. 'करो या मरो' का नारा गांधीजी ने किस आन्दोलन के तहत नारा दिया था?
    – भारत छोड़ो आन्दोलन

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

20. किस अनुच्छेद के तहत अस्पृश्यता का अन्त किया गया?
    – अनुच्छेद–17
21. किस अनुच्छेद के तहत बाल श्रम का निषेध किया गया?
    – अनुच्छेद–24
22. संविधान में मूल कर्तव्यों को किस संविधान संशोधन के तहत जोड़ा गया?
    – 42वाँ संशोधन
23. संविधान सभा में किस देशी रियासत के प्रतिनिधि ने भाग नहीं लिया था?
    – हैदराबाद
24. भारतीय संविधान संशोधन प्रक्रिया किस देश के संविधान से प्रेरित है?
    – द. अफ्रीका
25. भारत के राष्ट्रपति की संवैधानिक स्थिति किससे मिलती है?
    – ब्रिटेन की महारानी
26. बाह्य आक्रमण के आधार पर राष्ट्र ने कितनी बार आपातकाल की घो की है?
    – दो
27. नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक नियुक्ति कौन करता है?
    – राष्ट्र
28. लोक सभा की दो बैठकों के कितने समय से अधिक का अन्त नहीं होना चाहिए?
    – 6 म
29. किस संघ शासित क्षेत्र के प्रशास को मुख्य आयुक्त कहा जाता है?
    – चण्डीग

भारत एवं विश्व का भूगोल

30. नागार्जुन सागर परियोजना का सम्ब किस राज्य से है?
    – आन्ध्र प्रदे
31. बहुचर्चित द्वीप 'डियागो-गार्सिया' कह स्थित है?
    – हिन्द महासागर
32. मध्य रात्रि का सूर्य कहाँ दिखाई दे है?
    – उत्तरी ध्रुव तथा द. ध्रुव प
33. 'लैण्ड ऑफ दि मिडनाइट सन' कि देश का भौगोलिक उपनाम है?
    – नॉ
34. किसी समुद्रीय तटरेखा या अन्तस्थ में एक ऊँचा या दण्डशैल फलक ऊर्ध्वाधर दृष्टिगोचर होता है, क कहलाता है?
    – मृ
35. 'न्युमुर' किन देशों के बीच विवाद क कारण है?
    – भारत और बांग्लादेश
36. फ्रांस का कौनसा नगर रेशम उद्योग के लिए विख्यात है?
    – लियन
37. कांगो बेसिन की बेल्जियम, गैबोन युगाण्डा आदि प्रदेशों के सघन वनों में रहने वाले लोगों को क्या कहा जाता है?
    – पिग्मी
38. परमाणु शक्ति द्वारा विद्युत उत्पादन किस वर्ष प्रारम्भ किया गया?
    – सन् 1969

CC-0. Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

39. मन्नार प्रायद्वीप तथा धनुषकोड़ी को रेत तथा चट्टानों की रेखा से जोड़ने वाला पूल क्या कहलाता है?
– आदम का पूल

भारतीय अर्थव्यवस्था

40. भारत ने बहुपक्षीय निवेश गारण्टी एजेन्सी (MIGA) के प्रोटोकाल पर कब हस्ताक्षर किया था?
– 13 अप्रैल, 1992 में

41. 1997-98 के बजट में विदेशी निवेश नीति के तहत सरकार ने पोर्टफोलियो निवेश की अधिकतम सीमा कितनी निर्धारित की?
– कुल जारी शेयर का 30%

42. एशिया का सबसे बड़ा बोकारो इस्पात संयन्त्र किस देश के सहयोग से स्थापित है?
– रूस

43. 1997-98 के दौरान विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की राशि कितनी थी?
– 3.2 अरब डॉलर (लगभग)

44. न्यूनतम आवश्यक कार्यक्रम का प्रारम्भ किस पंचवर्षीय योजना में किया गया?
– तीसरी पंचवर्षीय योजना

45. 1997-98 में केन्द्र सरकार के चालू उपक्रमों की संख्या कितनी थी?
– 236

46. ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारण्टी कार्यक्रम (RLEGP) को 1989–90 से किस योजना में मिला दिया गया था?
– जवाहर रोजगार योजना

47. स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना कब प्रारम्भ की गई थी?
– 1 दिसम्बर, 1997 में

48. 1966 में भारत में कृषि के उत्पादकता को बढ़ाने के उद्देश्य से कौनसी योजना चलाई गई थी?
– HYVP

49. सरकारी मंत्रालयों, विभागों तथा सार्वजनिक क्षेत्र में उपक्रमों के लिए बजट प्रावधान की व्यवस्था की जाती है. वह क्या कहलाती है?
– अनुपालन बजट

सामान्य विज्ञान

50. मानव आनुवंशिकी के जनक कौन हैं?
– आस्वीबाल्ड़ गैरोड

51. 'प्राचीन एन्जाइम' किसे कहते हैं?
– ट्रिप्सिन

52. धूप के चश्मे में ध्रुवित काँच का प्रयोग क्यों होता है?
– क्योंकि ध्रुवित काँच ध्रुवण के कारण प्रकाश की तीव्रता को कम कर देता है.

53. बादल हवा में क्यों तैरते हैं?
– वायु की श्यानता (Viscosity) तथा अपने कम घनत्व के कारण

54. पराग कणों के अध्ययन को क्या कहा जाता है?
– पेलिनोलॉजी

55. भारत का प्रथम न्यूक्लियर रिसर्च रिएक्टर कौनसा है?
– अप्सरा

56. चन्द्रमा पर पहुँचने वाला प्रथम अन्तरिक्ष यान कौनसा है?
– ल्युनिक II

57. 'हेली पुच्छल' तारा कितने वर्षों के बाद दिखाई देता है?
– 76 साल बाद

58. विश्व का सबसे बड़ा नेशनल पार्क कौनसा है?
– अल्बर्टा कनाडा का बफेलो नेशनल पार्क क्षेत्रफल 45480 वर्ग किमी

59. कार्बन डेटिंग विधि क्या है?
– जीवाश्म की आयु ज्ञात की जाती है.

खेलकूद

60. भारत के लिएण्डर पेस ने कौनसा पहला ए. टी. पी. खिताब जीता है?
– हॉल ऑफ फेम टेनिस टूर्नामेन्ट

61. वह फुटबाल खिलाड़ी कौन है. जिसने लगातार दो विश्व कप में हैट्रिक बनाने का रिकॉर्ड बनाया है?
– गैब्रिएल बैतिस्तुता (अर्जेन्टीना)

62. डाटेमण्ड शतरंज प्रतियोगिता, जो 6 जुलाई, 1998 को हुई थी. उसके विजेता कौन हैं?
– ब्लादिमीर क्रैमनिक

63. कौनसा देश विश्व कप फुटबाल के फाइनल में सबसे ज्यादा बार पहुँचा है?
– जर्मनी (6 बार)

64. पीट सम्प्रास ने पाँच बार विम्बलडन टेनिस खिताब जीत कर किस खिलाड़ी के रिकॉर्ड की बराबरी की है?
– बोजोर्न बोर्ग

65. सबसे ज्यादा बार अन्तर्राष्ट्रीय एक-दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेन्ट में भारत के लिए कप जीतने का श्रेय किस भारतीय कप्तान को प्राप्त है?
– मो. अजहरुद्दीन (9 बार)

66. 'हॉफ नेल्सन' किस खेल से सम्बन्धित हैं?
– कुश्ती

67. 'एजरा' कप किस खेल से सम्बन्धित है?
– पोलो

68. हाल ही में (1998) में हुए विश्व कप फुटबाल प्रतियोगिता में गोल्डन बूट (Golden Boot) का खिताब किसने प्राप्त किया है?
– डेवोर सुकर-6 गोल (क्रोएशिया)

69. भारतीय हॉकी टीम के पूर्व प्रशिक्षक वी. भास्करन के स्थान पर किस प्रशिक्षक को नियुक्त किया गया है?
– महाराज किशन कौशिक

विविध

70. भारत का प्रथम उपग्रह कहाँ से प्रक्षेपित किया गया था?
– कॉस्मोड्रोम रूस से

71. भारत में निर्मित प्रथम कम्प्यूटर का क्या नाम है?
– सिद्धार्थ

72. 'मी नाथूराम गोडसे बोलतोय' विवादास्पद मराठी नाटक के लेखक कौन हैं?
– प्रदीप दलवी

73. संगीत नाटक अकादमी कब से प्रारम्भ हुआ?
– 1952 से

74. केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड की प्रथम महिला अध्यक्ष, जिन्हें 24 जून, 1998 को नियुक्त किया गया, वह कौन हैं?
– आशा पारिख

75. विश्व एड्स सम्मेलन कहाँ और कब हुआ?
– 29 जून, 1998, जेनेवा

76. वह महिला जिन्हें गोल्डन स्टार मेरिट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, कौन हैं?
– डेम मेहरमूस

77. वह कौनसा देश है, जिसके वैज्ञानिकों ने अदृश्य वस्तुओं की तस्वीर खींचने वाला कैमरा विकसित किया है?
– जापान

78. 11वें वित्त आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?
– प्रो. ए. एम. खुसरो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

79. उत्कृष्ट सरकारी सेवा के लिए 1997 का 'रेमन मैग्सेसे' पुरस्कार से किस व्यक्ति को सम्मानित किया गया है?
– डॉ. अब्दुल हसन रिजवी

80. 2003 में विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता कहाँ आयोजित की जाएगी?
– द. अफ्रीका

81. 'द मेकिंग ऑफ ए नेशन इण्डियाज रोज टू इण्डिपेन्डेन्स' के लेखक कौन हैं? – बी. आर. नन्दा

82. 'द वे फारवर्ड' के लेखक कौन हैं?
– महाथिर मुहम्मद

83. E. R. B. S. की फुल फॉर्म क्या है?
– Earth Radiation Budget Satellite

84. 'ट्रेन टू पाकिस्तान' के लेखक कौन हैं?
– खुशवन्त सिंह

85. जल के अन्दर ध्वनि किस यन्त्र द्वारा अंकित की जाती है?
– हाइड्रोफोन

86. यूरेनस का सूर्य के परितः भ्रमणकाल कितना है? – 84 वर्ष

87. ब्लैक होल सिद्धान्त किसने दिया था?
– एस. चन्द्रशेखर ने

88. नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रथम भारतीय कौन थे?
– रबीन्द्रनाथ टैगोर

89. पनडुब्बी के अन्दर से बाहर की वस्तुओं को देखने के लिए किस यन्त्र का प्रयोग किया जाता है?
– पेरिस्कोप

90. बैंगन पत्तियों के न्युनीकृत रोग (Little leaf of bringal) किस जनक द्वारा होता है?
– माइकोप्लाज्मा

91. सेलुलर संचार प्रणाली की शुरूआत कब, कहाँ और किस कम्पनी द्वारा की गई थी?
– 1947, अमरीका, ए. टी. एन. टी. बेल लेबोरेटरी

92. मुम्बई शहर में पहले सेलुलर फोन का प्रयोग किसने किया था?
– सुनील गावस्कर ने

93. संसार का सबसे भारी कीट कौनसा है?
– गोलियथ गुबरैल (70–100 gm)

सामयिक घटनाएं

94. 15वाँ अन्तर्राष्ट्रीय 'रामायण महोत्सव' कहाँ हुआ है?
– पोर्ट ऑफ स्पेन में

95. रुद्रप्रयाग जिले में उपस्थित स्थान भूस्खलन में अनेक लोग मारे गए
– म

96. हाल ही में किस उद्योग को लाइ मुक्त किया गया है?
– चीनी उ

97. हाल ही में 'फेरा' (FERA) के पर कौनसा विधेयक लाया गया है?
– फेमा (FEM

98. किस वयोवृद्ध पत्रकार एवं प्रसार बोर्ड के अध्यक्ष का देहान्त हो गया?
– निखिल चक्र

99. वह मशहूर क्रिकेट खिलाड़ी जिसे 1997 के 'राजीव गांधी खेल पुरस्कार' के लिए चुना गया है, कौ हैं?
– सचिन तेंदुल

100. एशियन अमरीकन पुरस्कार मीडि सम्मान किसे मिला है?
– इस्माइल म

101. फिलीपीन्स के राष्ट्रपति कौन चुने हैं?
– जोसफ एस्ट्र

102. किस प्रख्यात गायिका का गत दि मुम्बई में निधन हो गया?
– शमसाद बे

नवीन संस्करण

उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा

Code
339 Upkar P.C.S. (U.P.) Syllabus Rs. 18.00
619 उपकार–उ.प्र.पी.सी.एस. गाइड (सामान्य अध्ययन) Rs. 120.00

प्रैक्टिस वर्क-बुक पी.सी.एस. सामान्य अध्ययन Rs. 90/

467 Upkar Objective Mathematics Rs. 285.00
142 उपकार–अर्थशास्त्र Rs. 190.00
143 उपकार–विधि Rs. 65.00
144 उपकार–राजनीतिशास्त्र Rs. 116.00
145 उपकार–भारतीय इतिहास Rs. 140.00
146 उपकार–कृषि Rs. 53.00
147 उपकार–समाजशास्त्र Rs. 70.00
148 उपकार–दर्शनशास्त्र Rs. 45.00
151 उपकार–भूगोल Rs. 110.00

नवीन पुस्तकें (वर्क-बुक)
उपकार–वर्क-बुक राजनीतिशास्त्र Rs. 85/-
उपकार–वर्क-बुक अर्थशास्त्र Rs. 90/-
उपकार–वर्क-बुक भारतीय इतिहास Rs. 95/-
उपकार–वर्क-बुक भूगोल Rs. 95/-

154 उपकार–मनोविज्ञान Rs. 44.00
274 उपकार–वाणिज्य Rs. 130.00
522 उपकार–लोक प्रशासन Rs. 102.00
594 उपकार–दर्शनशास्त्र (मुख्य) Rs. 120.00

अनिवार्य विषय के लिए महत्वपूर्ण पुस्तकें

Code
103 उपकार सामान्य ज्ञान एवं व्यक्ति परिचय Rs. 60.00
104 उपकार सामान्य ज्ञान दिग्दर्शन Rs. 195.00
599 उपकार प्रैक्टिस वर्क बुक सामान्य अध्ययन Rs. 85.00
105 उपकार सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान Rs. 44.00
108 उपकार उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान Rs. 50.00
111 उपकार कृषि सामान्य ज्ञान कोश Rs. 36.00
291 उपकार उत्तर प्रदेश क्विज Rs. 32.00
609 उपकार भारतीय अर्थव्यवस्था–एक दृष्टि में Rs. 35.00

नए पाठ्यक्रम के अनुसार सामान्य अध्ययन के लिए प्रतियोगिता दर्पण के निम्नलिखित अतिरिक्तांक आपके लिए अत्यधिक उपयोगी एवं विश्वसनीय होंगे.

सीरीज–1 भारतीय अर्थव्यवस्था 80.00
सीरीज–2 भारत एवं विश्व का भूगोल 65.00
सीरीज–3 भारतीय इतिहास 65.00
सीरीज–4 भारतीय राजव्यवस्था 65.00
सीरीज–5 भारतीय कला एवं संस्कृति 60.00
सीरीज–6 सामान्य विज्ञान Vol. I 45.00
सीरीज–6 सामान्य विज्ञान Vol. II 35.00
सीरीज–7 समसामयिक घटनाचक्र Vol. 1 (I) 30.00
सीरीज–7 समसामयिक घटनाचक्र Vol. 2 (I) 30.00
सीरीज–8 सांख्यिकीय विश्लेषण 30.00
सीरीज–9 वस्तुनिष्ठ सामान्य हिन्दी 35.00
सीरीज–10 बौद्धिक एवं तर्कशक्ति परीक्षा 65.00
सीरीज–11 समाजशास्त्र (ऐच्छिक विषय) 60.00
सीरीज–12 भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन एवं संवैधानिक विकास 55.00
सीरीज–13 खेलकूद 45.00
सीरीज–14 कृषि विज्ञान 55.00
सीरीज–15 प्राचीन इतिहास 70.00
सीरीज–16 मध्यकालीन इतिहास 70.00
सीरीज–17 आधुनिक इतिहास 70.00
सीरीज–18 दर्शनशास्त्र (ऐच्छिक विषय) 35.00
सीरीज–19 न्यू रीजनिंग टेस्ट 65.00

उपकार प्रकाशन 2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002; फोन : 351238, 351002, 322930; फैक्स : (0562) 351251
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुगल साम्राज्य

गतांक से आगे

हुमायूँ

- बाबर के चार पुत्र थे–हुमायूँ, कामरान, हिंदाल, असकरी.
- हुमायूँ का जन्म 6 मार्च, 1508 ई. को काबुल के किले में हुआ था.
- बाबर की मृत्यु के 4 दिन बाद हुमायूँ की ताजपोशी 30 दिसम्बर, 1530 ई. को तेईस वर्ष की अवस्था में आगरा में हुई.
- बादशाह बनने से पूर्व हुमायूँ को पर्याप्त प्रशासनिक अनुभव प्राप्त था.
- खान मिर्जा की मृत्यु के बाद 1520 ई. में 12 वर्ष की अवस्था में हुमायूँ के हाथों में बदख्शां की प्रशासनिक बागडोर सौंपी गई.
- 1526 ई. में जब बाबर ने भारत पर आक्रमण किया था तब हुमायूँ ने बदख्शां की फौज के साथ बाबर की मदद की थी.
- 1529 ई. में बाबर ने हुमायूँ को बदख्शां से आगरा बुलवा लिया.
- बाबर ने हुमायूँ के स्थान पर सुलेमान मिर्जा को बदख्शां का सूबेदार नियुक्त किया.
- हुमायूँ बाबर की मृत्यु के चार दिन बाद सिंहासनारूढ़ इसलिए हो सका, क्योंकि उसका फूफा मीर मोहम्मद मेंहदी ख्वाजा उसका विरोध कर रहा था.
- बादशाह बनने के बाद हुमायूँ को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा. उसके रिश्तेदार और अफगान उसके प्रमुख शत्रु थे.
- इब्राहीम लोदी का भाई मोहम्मद लोदी, शेर खां सूर और इब्राहीम लोदी का चाचा आलम खां उसके प्रमुख अफगान शत्रु थे.
- मोहम्मद जमन, मोहम्मद सुल्तान मिर्जा, मीर मोहम्मद मेंहदी ख्वाजा और कामरान मिर्जा हुमायूँ के ऐसे रिश्तेदार थे जो हुमायूँ से शत्रुता रखते थे.
- मोहम्मद जमन हैरात के सुलतान हुसैन का पौत्र था जिसका विवाह हुमायूँ की सौतेली बहिन मासुमा से हुआ था.
- मीर मोहम्मद मेंहदी ख्वाजा बाबर का बहनोई था और बाबर का उत्तराधिकारी होने की इच्छा रखता था. उसे खलीफा का समर्थन प्राप्त था.
- बादशाह बनने के बाद हुमायूँ ने मिर्जा हिंदाल को मेवात, कामरान को पंजाब, काबुल और कांधार और अस्करी को सम्भल की जागीर दी.
- बादशाह बनते ही हुमायूँ को एक के बाद एक अनेक समस्याओं ने घेरना शुरू कर दिया. सबसे पहले कालिंजर के राजा ने उसकी अवज्ञा की, परन्तु वह हुमायूँ द्वारा दबा दिया गया.
- सुलतान सिकन्दर लोदी के पुत्र सुलतान महमूद ने बीबन और अफगान सामंतो की मदद से जौनपुर पर अधिकार कर लिया इसको भी हुमायूँ ने दबा दिया.
- इसके पश्चात् हुमायूँ ने मुहम्मद जमन मिर्जा के विद्रोह को शान्त करके उसे बयाना के किले में कैद कर लिया और उसकी आँखें फोड़ने का आदेश दिया लेकिन यादगार बेग के नौकर ने ऐसा नहीं किया. मुहम्मद जमन मिर्जा मौका मिलते ही जेल से भाग निकला और गुजरात जा पहुँचा.
- जमन मिर्जा के जेल से भाग निकलने के साथ ही उसके पुत्रों उलग मिर्जा और शाह मिर्जा ने कन्नौज में विद्रोह कर दिया.
- हुमायूँ ने बहादुरशाह से जमन मिर्जा के समर्पण की माँग की जो ठुकरा दी गई.
- हुमायूँ ने बहादुरशाह पर आक्रमण कर उसे परास्त किया.
- हुमायूँ ने गुजरात से अपार संपदा प्राप्त की जिसे बहादुरशाह ने तालाब की तलहटी में छिपा रखा था.
- हुमायूँ के गुजरात छोड़ने के बाद गुजरात में बहादुरशाह के समर्थकों ने विद्रोह का झंडा खड़ा कर दिया जिसे असकरी ने आसानी से दबा दिया.

गुजरात में हुमायूँ द्वारा अपने अफसरों को दी गई जागीरें

मिर्जा असकरी	*अहमदाबाद*
मिर्जा यादगार नासिर	*पाटन*
मिर्जा हिंदू बेग	*भड़ौच*
तारदी बेग	*चंपानेर*
कासिम हुसैन	*बड़ौदा*

- गुजरात की जागीरों का प्रशासन अपने अधिकारियों को सौंपने के बाद हुमायूँ बुरहानपुर गया और वहाँ से माण्डू.
- गुजरात में मिर्जा असकरी ने स्वयं को हिंदू बेग के उकसावे में आकर बादशाह घोषित कर दिया और अपने नाम के सिक्के चलवाए. तत्पश्चात् बहादुरशाह ने दीव आकर पुर्तगालियों की मदद से अपने खोए हुए प्रदेशों को पुनः जीत लिया. यह घटना 1535–36 ई. में हुई.
- जिस समय हुमायूँ गुजरात अभियान पर था उसी समय हुमायूँ ने मोहम्मद जमन मिर्जा को सिंध विजय के लिए भेजा, परन्तु वह बीच में ही कार्य को अंजाम दिए वगैर वापस आ गया.
- हुमायूँ और शेरशाह के बीच पहला मुकाबला 1531 ई. में तब हुआ जब वह महमूद लोदी को दौरोह पर हरा कर लौट रहा था.
- हुमायूँ ने चुनारगढ़ का घेरा डाला, परन्तु बहादुरशाह की गतिविधियों के कारण उसे घेरा उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा. हुमायूँ और शेरशाह के बीच एक संधि हुई जिसके अनुसार शेरशाह ने अपने बेटे कुतुब खाँ और अपने दरबारी ईसा खाँ को हुमायूँ की सेवा में भेज दिया और स्वयं सुलतान बहादुरशाह के विद्रोह को दबाने का वचन दिया.
- शेरशाह ने जलाल खाँ, खवास खाँ और अन्य सेनापतियों को भेजकर बंगाल पर अधिकार कर लिया.
- हुमायूँ को जब शेरखान की गतिविधियों का पता चला तब वह जुलाई 1537 ई. में शेरखान से निबटने के लिए चल पड़ा और बंगाल जाने के बजाय चुनारगढ़ पर घेरा डाल दिया. यह उसकी एक बड़ी भूल थी.
- इस दौरान शेरखान ने गौड़ पर 6 अप्रैल, 1538 ई. को पूर्ण आधिपत्य स्थापित कर लिया और काफी कुछ खजाना रोहतास के किले में स्थानान्तरित कर दिया गौर चुनार की अपेक्षा काफी महत्वपूर्ण था.
- हुमायूँ जब शेरखान से युद्ध की तैयारी में था तभी मिर्जा हिंदाल ने आगरा में विद्रोह कर दिया और मुहम्मद सुलतान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिर्जा को मार भगाया. अतः वह बंगाल में 5000 सैनिकों को जहांगीर बेग के साथ छोड़कर आगरा के लिए चल पड़ा.

- रूमीखाँ जो पहले बहादुरशाह की सेवा में था, मंदसौर के युद्ध (अप्रैल 1535 ई.) से कुछ समय पूर्व ही हुमायूँ की सेवा में आ गया था.
- बंगाल के अपदस्थ शासक महमूद के द्वारा उकसाए जाने पर हुमायूँ शेरशाह पर आक्रमण करने के लिए चल पड़ा.
- मार्ग में कोलगांव नामक स्थान पर महमूद की मृत्यु हो गई, लेकिन हुमायूँ ने अभियान जारी रखा.
- मई 1538 ई. में हुमायूँ का मुकाबला तेलियागढ़ी के समीप शेरशाह के पुत्र जलाल खाँ से हुआ. जब शेरशाह ने स्वयं को गौड़ से रोहताश स्थानांतरित किया तब जलाल खाँ भी तेलियागढ़ी छोड़कर रोहताश जा पहुँचा.
- हुमायूँ 15 अगस्त, 1538 ई. को गौड़ पहुँचा वहाँ उसे मुर्दों के अतिरिक्त कुछ न मिला.
- हुमायूँ ने बंगाल में आठ माह मौज-मस्ती में व्यतीत किए और गौड़ का नाम परिवर्तित करके जन्नताबाद रखा.
- हुमायूँ के आलसीपन और अदूरदर्शिता का लाभ उठाते हुए शेर खाँ ने झारखण्ड के जंगली क्षेत्र में अपना सैन्य शिविर लगाया और तेलियागढ़ी से लेकर कन्नौज तक के क्षेत्र जीत कर हुमायूँ को अलग-थलग कर दिया. तत्पश्चात् बनारस पर भी अधिकार कर लिया.
- इस प्रकार जनवरी 1539 ई. तक कोसी और गंगा के बीच का सम्पूर्ण क्षेत्र शेर खाँ के कब्जे में आ गया.
- जब हुमायूँ बंगाल में था तभी उसके भाई हिंदाल ने भी धोखा दिया और आगरा में स्वतंत्र शासक की भाँति व्यवहार करने लगा.
- माँ के काफी मना करने के बावजूद हिंदाल ने शेख बहलोल की हत्या करवा दी जिसका हुमायूँ काफी सम्मान करता था.
- इन विपरीत परिस्थितियों से अवगत होते ही हुमायूँ गौड़ की जिम्मेदारी जहाँगीर कुलीबेग को सौंपकर पटना की ओर मार्च 1539 में बढ़ा.
- शेर खाँ से हुमायूँ का 26 जून, 1539 को चौसा का युद्ध हुआ. जिसमें हुमायूँ की पराजय हुई.
- चौसा के युद्ध के बाद 17 जून, 1540 ई. को हुमायूँ शेर खाँ के हाथों बिलग्राम के युद्ध में पराजित हुआ.
- पराजित हुमायूँ जब आगरा की ओर बढ़ रहा था तब मैनपुरी के समीप भोगांव के निवासियों से भी उसका सामना हुआ था और बड़ी कठिनाई से गुजरते हुए वह आगरा पहुँचा.
- हुमायूँ आगरा पहुँचा ही था कि उसे खबर मिली कि अफगान उसका पीछा करते हुए आ रहे हैं तब वह लाहौर की तरफ बढ़ा.
- 1540 ई. से 1556 ई. तक हुमायूँ ने एक भगौड़े के रूप में जीवन व्यतीत किया.
- 29 अगस्त, 1541 ई. को हुमायूँ का निकाह हिंदाल के गुरू मीर बाबा दोस्त उर्फ मीर अली अकबर जामी की 14 वर्षीय पुत्री हमीदा बानो से हुआ.
- हुमायूँ जब निराश होकर मक्का जाने का विचार कर रहा था उस समय उसे मारवाड़ के मालदेव के द्वारा वर्ष पूर्व मिले निमंत्रण को स्वीकार किया और जोधपुर के समीप पहुँच गया. यहाँ मालदेव ने भी धोखा दिया.
- तब वह अमरकोट (सिंध) के राणा के यहाँ पहुँचा जहाँ उसे उचित सम्मान और मदद मिली. यहीं 15 अक्टूबर, 1542 ई. को अकबर का जन्म हुआ.
- सिंध से हुमायूँ शाह हुसैन की मदद से कांधार गया. लेकिन कांधार भी उसे अपने भाइयों के कारण छोड़ना पड़ा और ईरान जाना पड़ा.
- 1544 ई. में ईरान के शाह ताहम्प्स की मदद से उसने असकरी को हराकर कांधार पर अधिकार कर लिया.
- हुमायूँ ने 1544 ई. में काबुल पर भी अधिकार कर लिया.
- काबुल पर अधिकार कर लेने के बाद हुमायूँ की परेशानियाँ कम नहीं हुईं. उसकी परेशानियों का कारण उसका भाई कामरान था.
- बाद में कामरान के साथियों ने उसे छोड़ दिया तब वह अपनी पत्नी के साथ चला गया. वहीं 1557 ई. में उसकी मृत्यु हो गई.
- 15 मई, 1555 ई. को मुगलों और अफगानों के बीच सतलज नदी के तट पर मच्छीवाड़ा का युद्ध हुआ. अफगानों का नेतृत्व नसीब खाँ और तातर खाँ ने किया. अफगान पराजित हुए.
- मच्छीवाड़ा में मिली विजय के फलस्वरूप मुगलों का पंजाब पर अधिकार हो गया और सरहिंद उनके कब्जे में आ गया.
- 22 जून, 1555 को सरहिंद के समीप सिकन्दर शाह सूर और हुमायूँ के बीच युद्ध हुआ. जिसमें सिकन्दर [illegible] हुआ और उत्तरी-पश्चिमी [illegible] पहाड़ी क्षेत्र में जा छिपा.
- सरहिंद के युद्ध में मुगल [illegible] नेतृत्व बैरमखाँ ने किया था.
- क्रमशः सरहिंद और समन पर [illegible] करते हुए हुमायूँ 20 जुलाई, 155[illegible] दिल्ली पहुँचा.
- 23 जुलाई, 1555 ई. को 15 [illegible] पश्चात् हुमायूँ ने पुनः दिल्ली की [illegible] पर अधिकार कर लिया.
- हुमायूँ दुर्भाग्यवश राजसुख न [illegible] सका और 24 जनवरी, 1556 ई. [illegible] अपने पुस्तकालय (दीनपनाह) [illegible] सीढ़ियों से गिर गया जिसके [illegible] स्वरूप 26 जनवरी, 1556 ई. [illegible] उसकी मृत्यु हो गई.
- दीनपनाह नामक इमारत को शेरमंडल भी कहा जाता था.
- इतिहासकार लेन पोल ने हु[illegible] की मृत्यु के सम्बन्ध में लिखा 'Humayun tumbled through [illegible] and he tumbled out of it'
- हुमायूँ ने अपने दरबारियों [illegible] अधिकारियों को तीन वर्गों में विभाजित किया यथा—अहल-ए-दौलत, अहल-ए-सादत, अहल-ए-मुराद.
- एक अन्य इतिहासकार के अनुसार हुमायूँ ने अपने अधिकारियों को [illegible] वर्गों में विभाजित किया था.
- एक भिश्ती ने चौसा के युद्ध में हु[illegible] की मदद की थी. इसके एवज [illegible] हुमायूँ ने उसे एक दिन के लिए [illegible] सिंहासन पर बैठाया था.
- हुमायूँ शब्द का अर्थ है—भाग्यशाली लेकिन हुमायूँ सदैव दुर्भाग्य [illegible] परिस्थितियों में घिरा रहा.



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रमण्डल शिखर सम्मेलन : नई सदी की चुनौतियाँ

✍ सूर्यनारायण पाण्डेय

12–15 नवम्बर, 1999 के दौरान दक्षिण अफ्रीका के डरबन में राष्ट्रमण्डल शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ. इस शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान को छोड़कर अन्य सभी देशों ने हिस्सा लिया. दक्षिण अफ्रीका में प्रथम बार सम्पन्न इस बैठक में राष्ट्रकुल देशों के 47 शासनाध्यक्ष व राष्ट्राध्यक्षों ने भाग लिया, जो एक रिकॉर्ड है. 20वीं सदी के इस शिखर सम्मेलन में नई शताब्दी व नई सहस्त्राब्दी की चुनौतियों पर विशेष रूप से मनन किया गया. पाकिस्तान में नवाज शरीफ की निर्वाचित सरकार का तख्ता पलटने की घटना पर राष्ट्रमण्डल नेताओं ने चिन्ता व्यक्त की. उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में सैनिक तख्ता पलट की घटना के पश्चात् उस पर राष्ट्रमण्डल शिखर बैठक में हिस्सा लेने पर रोक लगा दी गई थी. शिखर सम्मेलन के प्रथम दिन न्यूजीलैण्ड के विदेश मंत्री डॉन मैककिनन को सर्वसम्मति से राष्ट्रमण्डल का नया महासचिव चुन लिया गया.

पाकिस्तान के सैनिक शासन को अवैध बताते हुए उसके निलम्बन के फैसले का अनुमोदन किया गया. सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् से उन देशों के खिलाफ कडी कार्यवाही करने की माँग की गई जो आतंकवादियों को प्रशिक्षण देते हैं या उनका सहारा लेते हैं.

घोषणा-पत्र में राजनीतिक स्थिरता और शान्तिपूर्ण स्थिति की वकालत करते हुए कहा गया है कि भूमण्डलीकरण के इस दौर में इसके बिना विकास की सम्भावनाओं का पूरी तरह दोहन नहीं किया जा सकता. घोषणा-पत्र में सभी तरह के भेदभाव को समाप्त करने तथा विश्व की विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों, विश्वासों और परम्पराओं के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देने का भी संकल्प व्यक्त किया गया.

राष्ट्रमण्डल शिखर सम्मेलन में सामाजिक एवं पर्यावरणीय उपबन्ध को व्यापार से जोड़े जाने के कदम का विरोध किया गया. राष्ट्रमण्डल के अनुसार यह मुक्त व्यापार (Free Trade) में बाधा डालेगा तथा तीसरी दुनिया के प्रति अन्याय होगा. राष्ट्रमण्डल सचिव जनरल **ईमेका अन्याओकू** ने कहा कि वे उन प्रयासों का समर्थन करते हैं जो विकासशील देशों को अपनी कुशलता विकसित करने तथा गुणवत्तायुक्त वस्तुओं के निर्माण व निर्यात सहित उनकी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने का अवसर देते हैं.

राष्ट्रमण्डल
(Commonwealth)

राष्ट्रमण्डल उन देशों का संगठन है जो कभी ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन थे. द्वितीय विश्व युद्ध (1939 – 45 ई.) के अन्त तक राष्ट्रमण्डल मुख्यतः श्वेत देशों की संस्था थी. यह सम्प्रभु एवं स्वतंत्र राष्ट्रों का एक ऐसा महत्वपूर्ण संगठन है जो सदस्यता की दृष्टि से संयुक्त राष्ट्र संघ (U.N.O.) व गुटनिरपेक्ष आन्दोलन (NAM–Non–Alignment Movement) के पश्चात् तीसरा बड़ा संगठन है. सर्वप्रथम ग्रेट ब्रिटेन तथा उसके साम्राज्य के अधीन औपनिवेशिक राज्य एवं प्रदेशों को मिलाकर एक ब्रिटिश राष्ट्रमण्डल बनाने का निर्णय 1926 के साम्राज्यीय सम्मेलन (Imperial Conference) में लिया गया था. यह ब्रिटिश राष्ट्रमण्डल वर्तमान में सन् 1949 ई. से राष्ट्रमण्डल (Commonwealth) कहलाता है.

राष्ट्रमण्डल का अध्यक्ष प्रतीक के रूप में ब्रिटेन का राजा या रानी है. अभी भी बहुत से ऐसे राष्ट्र हैं, जो ब्रिटिश उपनिवेश रहे थे, लेकिन इसके सदस्य नहीं हैं. राष्ट्रमण्डल देशों की सरकारों के अध्यक्षों का सम्मेलन (CHOGM : Commonwealth Heads of Governments Meet) दो वर्ष के अन्तराल में किसी सदस्य राष्ट्र में आयोजित किया जाता है. यह सम्मेलन अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में विशिष्ट स्थान रखता है, क्योंकि इसके सदस्य राष्ट्रों के हित संवर्द्धन हेतु इसमें विचार-विमर्श किया जाता है. इस सम्मेलन ने सन् 1965 में लन्दन में एक सचिवालय की स्थापना की. इसका सचिव संयुक्त राष्ट्र की महासभा में एक पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले सकता है. राष्ट्रमण्डल का अपना कोई संविधान या घोषणा-पत्र नहीं है, अपितु यह सहकारिता, परामर्श व पारस्परिक सहयोग पर आधारित है.

डरबन घोषणा-पत्र : प्रमुख संकल्प

15 नवम्बर, 1999 को राष्ट्रमण्डल शिखर सम्मेलन की समाप्ति पर जारी घोषणा-पत्र में आतंकवाद से मिलकर लड़ने और सदस्य देशों के बीच के संघर्षों के शान्तिपूर्ण समाधान के लिए प्रक्रिया विकसित करने का संकल्प व्यक्त किया गया तथा शिखर सम्मेलन की समाप्ति पर राष्ट्रमण्डल नेताओं ने एक उच्चस्तरीय समिति के गठन का भी फैसला किया. यह समिति यह सुझाव देगी कि नई सदी की चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कैसे किया जा सकता है. राष्ट्रकुल की प्रमुख और ब्रिटेन की महारानी **ऐलिजाबेथ द्वितीय** ने संगठन के देशों से नई सहस्त्राब्दी की चुनौतियों का मिलकर सामना करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि राष्ट्रकुल के सिद्धान्तों और कार्यक्रमों को सशक्त करने के साथ-साथ विकास का लाभ गरीबों तक पहुँचाने की जरूरत है.

डरबन शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान की स्थिति पर प्रतिक्रिया

राष्ट्रकुल के डरबन शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान का मुद्दा विशेष रूप से छाया रहा. इस सम्मेलन में पाकिस्तान ने भाग नहीं लिया. शिखर सम्मेलन के प्रथम दिन ही (12 नवम्बर, 1999 को) पाकिस्तान में हुए सैनिक तख्ता पलट के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रमण्डल देशों ने अपनी परिषदों से अनिश्चितकाल तक निलम्बित करने का फैसला किया. यह फैसला सदस्य राष्ट्रों द्वारा पाकिस्तान की स्थिति पर जाहिर की गई चिन्ता को देखते हुए किया गया. सभी की राय थी कि ऐसा कुछ भी नहीं किया जाना चाहिए जिससे जनरल परवेज मुशर्रफ के शासन को कानूनी वैधता मिले.

राष्ट्रमण्डल ने कनाडा की अगुवाई में अक्टूबर 1999 में पाकिस्तान के दौरे पर गए राष्ट्रमण्डल के मंत्रिस्तरीय समूह की उस सिफारिश को स्वीकार नहीं किया कि लोकतंत्र की बहाली के लिए पाकिस्तान को दो वर्ष का वक्त दिया जाना चाहिए.

उल्लेखनीय है कि एक ऐतिहासिक नाटकीय घटनाक्रम के तहत पाकिस्तान के थलसेना अध्यक्ष जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ सरकार का तख्ता पलटकर स्वयं को देश का मुख्य अधिशासी (Chief Executive) घोषित कर दिया है. प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को नजरबन्द करते हुए पाकिस्तानी सेना ने देश के महत्वपूर्ण ठिकानों पर नियंत्रण 12 अक्टूबर, 1999 को उस समय ही कर लिया था जब नवाज शरीफ ने थलसेना अध्यक्ष जनरल परवेज मुशर्रफ को बर्खास्त करके उनके स्थान पर आई. एस. आई. के प्रमुख ले. जनरल जियाउद्दीन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को नया थलसेना अध्यक्ष बनाने की घोषणा की. श्रीलंका की थलसेना की स्थापना की 50वीं वर्षगाँठ के सिलसिले में जनरल मुशर्रफ उस समय श्रीलंका में थे. उसी रात पाकिस्तान पहुँचकर जनरल मुशर्रफ ने प्रधानमंत्री की बर्खास्तगी व सेना द्वारा शासन सँभालने की घोषणा एक टेलीविजन प्रसारण में की. इस घटनाक्रम के बाद पाकिस्तान में वह सब कुछ हुआ, जो वहाँ

राष्ट्रमण्डल शिखर सम्मेलन की समाप्ति पर जारी घोषणा-पत्र में पाकिस्तान को यह चेतावनी भी दी गई कि यदि वहाँ लोकतंत्र की बहाली की प्रक्रिया तेज नहीं की गई तो कार्यवाही की जाएगी. शासनाध्यक्षों ने पाकिस्तान में लोकतांत्रिक सरकार को अवैध तरीके से हटाने की कड़ी आलोचना की और स्पष्ट कहा कि सैनिक शासन को मान्यता नहीं दी जा सकती. उन्होंने सैनिक

राष्ट्रमण्डल के सदस्य

1. यूनाइटेड किंगडम	19. माल्टा	37. सोलोमन आइलैण्डस्
2. कनाडा	20. जाम्बिया	38. तुवालु
3. आस्ट्रेलिया	21. गाम्बिया	39. डोमिनिका
4. न्यूजीलैण्ड	22. मालदीव	40. सेंट लूसिया
5. भारत	23. सिंगापुर	41. सेंट विन्सेन्ट एण्ड ग्रिनेडाइन्स
6. श्रीलंका	24. गुयाना	42. किरिबती
7. घाना	25. बोत्सवाना	43. जिम्बाब्वे
8. मलेशिया	26. लेसोथो	44. वनुआतु
9. साइप्रस	27. बारबाडोस	45. बेलिज
10. नाइजीरिया *	28. नॉरू	46. एण्टीगुआ तथा बारबूडा
11. सियरालियोन	29. मॉरिशस	47. सेंट किट्स एण्ड नेविस
12. तंजानिया	30. स्वाजीलैण्ड	48. ब्रुनेई
13. वेस्टर्न समोआ	31. टोंगा	49. पाकिस्तान **
14. जमैका	32. बांग्लादेश	50. नामीबिया
15. ट्रिनिडाड व टोबैगो	33. बहामास	51. द. अफ्रीका
16. युगाण्डा	34. ग्रेनेडा	52. कैमरून
17. केन्या	35. पापुआ न्यूगिनी	53. फिजी
18. मलावी	36. सेशल्स	54. मोजाम्बिक

* जनरल सानी अबाचा के शासनकाल में मानवाधिकारों के 9 पक्षकारों को फाँसी की सजा देने के कारण नाइजीरिया को 1995 में राष्ट्रमण्डल की सदस्यता से निलम्बित कर दिया गया था. 1999 में सदस्यता पुनः बहाल.

** सदस्यता निलम्बित (1999)

की नियति बन गई है. अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ व उनके अन्य सहयोगियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास व आपराधिक साजिश के गम्भीर आरोप लगाए गए हैं.

पाकिस्तान की स्थिति पर भारत के प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया. श्री वाजपेयी ने इस बात पर जोर दिया कि वैसा कुछ नहीं किया जाना चाहिए, जोकि राष्ट्रमण्डल को सैनिक तख्ता पलट के नतीजों से सम्बद्ध करे. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की स्थिति को देखते हुए उन्हें इस मानदण्ड से हटने की जरूरत नहीं दिखती. आयोजक दक्षिण अफ्रीका सहित सिंगापुर व जमैका ने भी तख्ता पलट को अस्वीकृत करते हुए भारत के इस पक्ष का समर्थन किया कि राष्ट्रमण्डल में सैनिक शासन का कोई स्थान नहीं है. श्री वाजपेयी ने कहा कि हमें ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे राष्ट्रकुल एक सैनिक तख्ता पलट के मामले का भागीदार बने. उन्होंने कहा कि ऐसा करना इस संगठन के उद्देश्यों पर बुरा असर डालना होगा.

शासक परवेज मुशर्रफ से अपदस्थ प्रधानमन्त्री नवाज शरीफ तथा अन्य नेताओं को रिहा करने की भी माँग की.

भारत व राष्ट्रमण्डल

राष्ट्रमण्डल में भारत की स्थिति विशिष्ट रही है. भारत की सदस्यता को व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से ही 'राष्ट्रमण्डल' के आगे से ब्रिटिश शब्द हटाया गया. प्रारम्भ में यद्यपि भारत की राष्ट्रमण्डल में स्थिति विवादास्पद थी, परन्तु 1980 के बाद से भारत राष्ट्रमण्डल में सशक्त रूप से उभरा है. इसकी एक विशिष्ट पहचान बनी है. इसने राष्ट्रमण्डल के मंच से विभिन्न मुद्दों को कारगर तरीके से उठाया है. डरबन शिखर सम्मेलन में इसे काफी सफलता मिली है. विकासशील देशों को उस समय बड़ी राजनयिक सफलता मिली जब राष्ट्र-मण्डल ने भारत के पक्ष का समर्थन करते हुए अमरीका और यूरोपीय समुदाय के सामाजिक एवं पर्यावरणीय उपबंध को व्यापार से जोड़े जाने के कदम का विरोध किया. राष्ट्रमण्डल ने कहा कि मुक्त व्यापार में यह बाधा डालेगा और तीसरी दुनिया प्रति अन्याय होगा. भारत ने विकासशील देशों के नजरिए को स्पष्ट करते हुए कहा कि वह श्रम स्तर और पर्यावरणीय सुरक्षा विरुद्ध नहीं है, लेकिन तीसरी दुनिया लिए बाजार प्रवेश को नजरअंदाज व्यापारिक उद्देश्यों के लिए इसके दुरुपयो का सशक्त विरोध करता है.

भारत के प्रधानमंत्री श्री अलट बिहा वाजपेयी ने डरबन शिखर सम्मेलन समापन सत्र में कहा कि आतंकवाद सम्पू विश्व में लोकतंत्र के लिए खतरा है उ यह धार्मिक उग्रवाद तथा नशीले पदा की तस्करी से जुड़कर अन्तर्राष्ट्री स्वरूप धारण कर रहा है. उन्होंने कहा कि आतंकवाद से सामूहिक रूप से लड़ा जा सकता है. श्री वाजपेयी ने कहा कि कोई भ राजनीतिक उद्देश्य आतंकवाद को सही नहीं ठहरा सकता. राष्ट्रकुल के सदस्य देशों को आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय मचों पर साथ-साथ काम करना चाहिए. प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्मेलन में भूमण्डलीकरण का फायदा उठाने पर जोर दिया गया, जो भविष्य की माँग है. प्रधानमंत्री ने घोषणा-पत्र का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि इसमें सामूहिक रूप से काम करने की हमारी भावना प्रदर्शित हुई है. ●●●

सूचना

प्रतियोगिता दर्पण के निम्नलिखित जिल्द बंधे अंक सीमित संख्या में उपलब्ध हैं. आप 50/- का मनीऑर्डर भेजकर वी.पी.पी. द्वारा कोई भी अंक मँगा सकते हैं. अंकों के मूल्य निम्नलिखित प्रकार हैं–

	मूल्य
☞ जनवरी 95 से जून 95 तक	65·00
☞ जुलाई 95 से दिसम्बर 95 तक	75·00
☞ जनवरी 96 से जून 96 तक	80·00
☞ जुलाई 96 से दिसम्बर 96 तक	85·00
☞ जनवरी 97 से जून 97 तक	80·00
☞ जुलाई 97 से दिसम्बर 97 तक	90·00
☞ जनवरी 98 से जून 98 तक	80·00
☞ जुलाई 98 से दिसम्बर 98 तक	90·00
☞ जनवरी 99 से जून 99 तक	145·00
☞ जुलाई 99 से दिसम्बर 99 तक	150·00

प्रतियोगिता दर्पण
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत-चीन सम्बन्ध : सुधार की आवश्यकता

✍ उपेन्द्र कुमार राय

स्वतन्त्रता के बाद से ही भारत की सामरिक राजनीति पाकिस्तान के आस-पास ही घूमती रही है, जबकि वर्तमान समय में पाकिस्तान में सैनिक शासन की स्थापना हो गई है. भारत की सामरिक रणनीति और भी ज्यादा एक पक्षीय होकर पाकिस्तान पर केन्द्रित हो गई है. यही नहीं भारतीय विदेश नीति की बातें पाकिस्तान के सन्दर्भ से आरम्भ होकर पाकिस्तान के सन्दर्भ में ही समाप्त होती जा रही हैं. समाचार माध्यमों में हमें हमेशा सुनने को मिल रहा है कि हमारा सम्बन्ध किससे बिगडा है तो वह है पाकिस्तान से, हमें सम्बन्ध किससे सुधारना है तो बस पाकिस्तान से. जबकि भारत के नीति निर्धारक इस तथ्य को जानते हैं कि किसी भी मामले में केवल पाकिस्तान की केन्द्रित नीति को बढ़ावा देना राष्ट्रहित में नहीं है, क्योंकि पाकिस्तान के साथ हमारा सम्बन्ध बने या बिगड़े कोई विशेष फर्क पड़ने वाला नहीं है. और साथ ही पाकिस्तान के साथ सम्बन्ध का बनाना या बिगाड़ना हमारे हाथ में है भी नहीं, इसका परिणाम भी हम कारगिल प्रकरण के दौरान भुगत चुके हैं.

भारत की विदेश नीति न केवल पाकिस्तान से अलग हटकर होनी चाहिए, बल्कि अन्य देशों के साथ भी, विशेषकर चीन, अमरीका आदि राष्ट्रों के साथ भारत के सम्बन्ध प्रगाढ़ और विश्वसनीय होने चाहिए. बदलती विश्व व्यवस्था के अनुसार भारत और चीन का सम्बन्ध अत्यधिक प्रगाढ़ होना सामयिक होगा. वर्तमान समय में भारत की प्राथमिकता पाकिस्तान के बजाय चीन से सम्बन्धों के विकास और विश्वास की भावना बढ़ाने पर होनी चाहिए. पिछले कुछ समय में भारत और चीन के सम्बन्धों में कुछ मधुरता देखने को मिली है, परन्तु आपसी विश्वास के मामले में भारत और चीन अभी भी दो ध्रुव पर खड़े हुए हैं.

भारत और चीन की आपसी विचारधारा आरम्भ से ही नकारात्मक और विद्वेषपूर्ण रही है. दोनों देश एक दूसरे को शत्रु और संशय की नजरों से देखते रहे हैं. आपसी विश्वास कभी कायम ही नहीं हो पाया है. 1960–70 के दौरान भारत और चीन के सम्बन्धों में अत्यधिक कड़ुवाहट देखने को मिलती है. उस दौरान चीन की नीति में भारत विरोधी भावनाओं को सुगमतापूर्वक देखा और समझा जा सकता था. भारत को घेरने (सामरिक दृष्टि से), कमजोर करने की प्रवृत्ति ही चीन की नीति का प्रमुख उद्देश्य था. 1962 का भारत और चीन युद्ध चीन की इसी नीति का एक परिणाम था, परन्तु 1970 के पश्चात् डेंग-श्याओ-पेंग के नेतृत्व में चीन में आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में परिवर्तन के माहौल देखे गए. परिणामतः चीन की भारत नीति में भी परिवर्तन के दृश्य देखे गए. यह परिवर्तन सकारात्मक था. आपस में व्यावहारिक तत्वों पर विशेष जोर दिया जाने लगा. यही कारण है कि 1974 से 1988 के बीच भारत-चीन सम्बन्धों में सकारात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर होने लगे. सम्बन्धों में प्रगाढ़ता का एक नया दौर 1988 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की चीन यात्रा के साथ आरम्भ होता है. उसके बाद 1991 में चीन के तत्कालीन प्रधानमंत्री ली पेंग भारत आए. पुनः 1996 ई. में चीन के राष्ट्रपति जियांग जेमिन भारत पधारे इन यात्राओं के द्वारा समानधर्मिता को प्रश्रय दिया गया. एक व्यापक रूपरेखा तैयार की गई जिसके द्वारा आर्थिक, सांस्कृतिक और ज्ञान विज्ञान के सम्पर्कों को बढ़ावा प्रदान किया गया. राजनीतिक मुद्दे पर भी आम सहमति पर जोर दिया गया. उस दौरान यह माना गया कि विवादास्पद राजनीतिक मुद्दों पर वार्तालाप जारी रहेगा. विशेषकर सीमा विवाद का भी हल निकालने का प्रयास किया जाएगा.

मई, 1998 में भारत द्वारा किए गए परमाणु परीक्षण के बाद चीन-भारत सम्बन्ध में पुनः अविश्वास की बात देखने को मिली. हद तो तब हो गई जब भारतीय रक्षा मंत्री ने चीन को ही अपना नम्बर एक शत्रु कह डाला, परमाणु परीक्षणों को आवश्यक इसलिए माना गया, क्योंकि चीन की परमाणु शक्ति भारत के लिए खतरनाक हो सकती है. दूसरी ओर भारत ने चीन द्वारा पाकिस्तान और म्यांमार (बर्मा) को परमाणु हथियारों की सहायता को भी खतरनाक समझा. मई, 1998 से सितम्बर, 1998 के बीच भारत और चीन के मध्य सम्बन्धों की दूरी बढ़ती गई, लेकिन आपसी वार्ता जारी रही और उस दूरी को कम करने का प्रयास लगातार जारी रहा. इसलिए आवश्यक है कि इसी परिप्रेक्ष्य में भारत द्वारा चीन की नीति का विश्लेषण किया जाना सामयिक होगा. हालांकि चीन द्वारा संकेत दिया जाता रहा है कि वह भारत से आर्थिक और सांस्कृतिक सम्बन्ध को प्रगाढ़ बनाने का इच्छुक है. वैसे भी चीन अपनी आन्तरिक समस्याओं निर्धनता, बेरोजगारी आदि से जूझ रहा है. ऐसी स्थिति में वह भारत के साथ अपने सम्बन्ध सुधारकर विशेषकर आर्थिक मामलों में अपने देश के हित में सोच रहा है.

सामरिक मुद्दों पर भारत और चीन में काफी मतभेद देखे जाते हैं. सामरिक प्रश्न पर दोनों राष्ट्रों ने कभी भी एक दूसरे पर विश्वास नहीं किया है चीन को हमेशा भय बना रहता है कि भारत अपनी सामरिक तैयारी चीन के सन्दर्भ में करता है, जबकि भारत हमेशा सोचता है कि चीन हमेशा ही भारत को दक्षिण एशिया में घेरने की कोशिश करता रहता है साथ ही चीन को यह भय हमेशा बना रहता है कि भारत तिब्बत में अलगाववादी तत्वों को प्रश्रय दे रहा है. वह सोचता है कि भारत तिब्बत के मामले में अमरीका या रूस से मिलकर तिब्बत में अलगाववादी तत्वों को और भी तेज कर सकता है, जबकि उल्लेखनीय तथ्य है कि भारत बहुत पहले ही तिब्बत को चीन का एक अभिन्न अंग मान चुका है. दूसरी ओर भारत चीन और पाकिस्तान के आपसी सम्बन्धों को संदेह की नजर से देखता है. ऐसी स्थिति में मुख्य उत्तरदायित्व चीन पर आता है कि वह पाकिस्तान को हथियारों की या आणविक सहायता बन्द कर दे, क्योंकि इससे दोनों देशों के मध्य विद्वेष की भावना पनपती है. यह तथ्य सही भी है कि दक्षिण एशिया में चीन द्वारा भारत को घेरने की कोशिश की जाती रही है. प्रत्यक्ष सीमा रेखा के सन्दर्भ में किसी भी सार्थक वार्तालाप की शुरूआत अभी तक नहीं हो पाई है. 1993 और 1996 में द्विपक्षीय वार्ता से कोई सुनिश्चित हल भी नहीं निकल पाया. चीन अभी भी कुछ भारतीय भूमि पर कब्जा किए हुए है. चीन हमेशा ही भारतीय मानचित्र को तोड़ मरोड़ कर पेश करता है. चीन भारतीय परमाणु सिद्धान्त का घोर विरोधी है. इन कारणों से दोनों के मध्य वैमनस्य आज भी बना हुआ है.

इधर सितम्बर 1998 और जून 1999 में भारतीय विदेश मंत्री और चीन के विदेश मंत्री के बीच वार्तालाप हुए हैं. वार्तालाप का मुख्य मुद्दा राजनीतिक विवाद ही था. वार्ता में सामरिक और सुरक्षा से सम्बन्धित विषयों को हल करने पर विशेष बल दिया गया.

शेष पृष्ठ 1020 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तर्कशक्ति परीक्षा

1. निम्नलिखित में से कौन 'CONGRUE' से उसी प्रकार सम्बन्धित है. जिस प्रकार 'SECREAT', 'REBRDAS' से सम्बन्धित है?
   (A) DOMGQVB
   (B) BOMGQUD
   (C) KOLGSVB
   (D) BKMSQVS
   (E) BOMGOPD

2. HAEMOGLOBIN शब्द के अक्षरों से बने हुए किस अक्षर युग्म के अक्षरों में उसकी अंग्रेजी वर्णमाला में स्थिति के अनुसार वही सम्बन्ध है, जोकि उस शब्द में अक्षर युग्म BI के अक्षरों के बीच है?
   (A) HO
   (B) AI
   (C) IL
   (D) ज्ञात नहीं कर सकते
   (E) इनमें से कोई नहीं

3. निम्नलिखित पाँच युग्मों में से चार युग्म एकसमान सम्बन्ध पर आधारित हैं तथा एक समूह बनाते हैं. कौनसा युग्म इस समूह में सम्मिलित नहीं है?
   (A) SMOKERS → POMHREP
   (B) SMUGLAR → PUMDALO
   (C) MASTERS → JSAQREP
   (D) GODRAGE → DDOOGAB
   (E) EMITTER → BIMRETO

4. 'DIVERSITIES' शब्द में अक्षरों के ऐसे कितने युग्म हैं जिनके बीच के कुल अक्षरों की संख्या, उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में पड़ने वाले अक्षरों की कुल संख्या से एक अधिक है?
   (A) एक (B) दो
   (C) तीन (D) चार
   (E) इनमें से कोई नहीं

5. यदि अंग्रेजी वर्णमाला में जिसे एक से 26 तक अंकित किया गया हो जिसमें A, B, C,.... को क्रमशः 1, 2, 3, ... से दर्शाया गया हो तथा सबसे पहले अभाज्य स्थानों पर आने वाले अक्षरों को क्रमशः रखकर, फिर उसके बाद सम स्थानों पर आने वाले अक्षरों को तथा सबसे बाद में शेष अक्षरों को क्रमशः रखकर एक नई क्रम व्यवस्था तैयार की जाए, तो दाएं से 14वें अक्षर के दाएं तीसरा अक्षर कौनसा होगा?
   (A) L (B) N
   (C) P (D) R
   (E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 6 - 7) एक कूट भाषा में कोई अक्षर जोकि अंग्रेजी वर्णमाला में उन अक्षरों से तुरन्त पहले तथा बाद में आने वाले उन अक्षरों को प्रतिस्थापित किया जाता है. जो 5 के गुणक स्थानों पर वर्णमाला में स्थापित हैं तथा 5 के सभी गुणक अक्षरों को उसके तुरन्त बाद आने वाले अक्षरों से प्रतिस्थापित किया जाता है तथा शेष अक्षर यथावत् बने रहते हैं, तो उस कूट भाषा के प्रयोग से ज्ञात करें कि निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर क्या होगा?

6. उस कूट भाषा में COUNTRY को कैसे लिखा जाएगा?
   (A) CPTOURZ
   (B) CPTUVRZ
   (C) COPTOVZ
   (D) CPTSVRZ
   (E) इनमें से कोई नहीं

7. उस कूट भाषा में शब्द RESPIRATION को कैसे लिखा जाएगा?
   (A) RFTOJBRAUJPO
   (B) RFTOJRCUJPD
   (C) RFTOJRAUJPK
   (D) RFTOJRAUJPO
   (E) इनमें से कोई नहीं

8. नीचे तीन अंकों वाली छः संख्याएं दी गई हैं. इन संख्याओं में अक्षर तथा अंक हैं. अक्षर को वर्णमाला क्रमानुसार उसे अंकमान दिया जा सकता है. पुनर्व्यवस्थापन में वह संख्या जो दाएं से तीसरे स्थान पर हो, तो उसका मध्य अंक क्या होगा, जबकि प्रत्येक संख्या के पहले और अन्तिम अंक परस्पर बदलकर आरोही क्रम में लिखी जाती हैं?
   2I6, 32D, F67, 2BH, 16I, 7F6
   (A) 6 (B) 7
   (C) 8 (D) 9
   (E) इनमें से कोई नहीं

9. निम्नलिखित अनुक्रम में 5 से पहले दो अंकों का योग उन दो अंकों से जो 5 के बाद आते हैं अधिक हो तथा उन दो अंकों का योग जो 7 के बाद पहले के दो अंकों से अधिक हो ऐसे कितने 5 तथा 7 कुल मिलाकर हैं.
   6357465789744345764589765 41
   (A) 4 (B) 5
   (C) 9 (D) 7
   (E) इनमें से कोई नहीं

10. निम्नलिखित पाँच अक्षर-समूहों में से चार किसी एक प्रकार से समान हैं, जबकि एक उन चारों से अलग है. पता लगाइए कि उनमें से कौनसा अक्षर समूह अलग है?
   (A) HOMRN (B) CJHMI
   (C) FMKPL (D) GNLQM
   (E) KROTP

निर्देश–(प्रश्न 11 – 15) निम्नलिखित सूचनाओं को पढ़िए और इन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) एक सड़क जो पूरब से पश्चिम को जाती है उसकी दक्षिण दिशा वाले किनारे पर सात गाँव हैं, जिनमें प्रत्येक में एक थाना जिसका मुँह रोड की तरफ बना है. सात थानों के नाम P, Q, R, S, T, U तथा V हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं कि ये इसी क्रम में स्थापित हों.

(ii) P व S आपस में पड़ौसी हैं तथा R और U भी आपस में पड़ौसी हैं.

(iii) Q और R के बीच उतने ही थाने स्थापित हैं, जितने कि R व V के बीच हैं.

(iv) S, जोकि बाएं छोर (पश्चिम) से तीसरे स्थान पर है T के बाईं ओर तीसरे स्थान पर है, जबकि V पूर्वी (दाएं) छोर पर नहीं है.

11. सबसे दाएं छोर पर कौन है?
   (A) तथ्य अधूरे हैं
   (B) V
   (C) Q
   (D) T
   (E) इनमें से कोई नहीं

12. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा सत्य है?
   (A) P, S के बाईं ओर तुरन्त बाद है
   (B) R, S के बाईं ओर तुरन्त बाद है
   (C) T, U के बाईं ओर तुरन्त बाद है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(D) R, T आपस में पड़ौसी हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

13. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा सत्य है?
(A) P, U के बाईं ओर तीसरा है
(B) S, T के बाईं ओर चौथा है
(C) U, P के बाईं ओर तीसरा है
(D) Q, R के बाईं ओर तीसरा है
(E) इनमें से कोई नहीं

14. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसे दो युग्म पड़ोसियों के जोड़े हैं?
(A) P, R तथा S, R
(B) P, Q तथा T, V
(C) S, R तथा T, U
(D) R, U तथा R, T
(E) इनमें से कोई नहीं

15. U की स्थिति निम्नलिखित में से कौनसी है?
(A) T के दाईं ओर तुरन्त बाद
(B) V के बाईं ओर से तीसरा
(C) R के बाईं ओर तुरन्त बाद
(D) Q के दाईं ओर से पाँचवाँ
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 16 – 20) नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न तथा उसके नीचे दो कथन I और II दिए गए हैं. आपको निर्णय करना है कि कथनों में दिए हुए तथ्य प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं अथवा नहीं. दोनों कथनों को पढ़िए तथा–

उत्तर (A) दीजिए, यदि केवल कथन I का तथ्य उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन II का तथ्य प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है.

उत्तर (B) दीजिए, यदि केवल कथन II का तथ्य प्रश्न का उत्तर देने के पर्याप्त है, जबकि कथन I का तथ्य प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है.

उत्तर (C) दीजिए, यदि या तो केवल कथन I का तथ्य अथवा केवल कथन II का तथ्य प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है.

उत्तर (D) दीजिए, यदि कथन I और II दोनों के तथ्य प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं.

उत्तर (E) दीजिए, यदि दोनों ही कथन I और II के तथ्य प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं.

16. A, B, C, D , E तथा F में कौन सबसे बुद्धिमान है?
I. योग्यता के आधार पर आरोही क्रम में C तीसरे स्थान पर है पर वह A तथा B जितना बुद्धिमान नहीं है. B यद्यपि A से अधिक योग्य है, परन्तु सबसे योग्य नहीं है.
II. A, E और D दोनों से बुद्धिमान है, लेकिन F के बराबर बुद्धिमान नहीं है, जोकि D और B से अधिक बुद्धिमान है.

17. एक कूट भाषा में Pie का अर्थ क्या है?
I. कूट भाषा में 'Pie Poe Li La' का अर्थ है 'He will die tomorrow' तथा Li Poe Pie Pan' का अर्थ है You will die tomorrow
II. कूट भाषा में Pie Li La Pan का अर्थ है Will he see you और Pie Li Pack Tae का अर्थ Whom you will see है.

18. A का भान्जा कौन है?
I. A, C का भाई है जो E की पुत्री है, जोकि B की एकमात्र बहिन है और B जोकि X का एकमात्र भाई है.
II. T जोकि X की एकमात्र भान्जी है जिसका पुत्र M है.

19. 55 छात्रों की एक कक्षा में अनुदित का उचित स्थान (रैंक) कौनसा है?
I. महेन्द्र, जिसका रैंक कक्षा में 21वाँ है मनोहर से 9 रैंक पीछे है, जबकि मनोहर अनुदित से 9 रैंक पीछे है.
II. हरेन्द्र, नमन से 37 रैंक आगे है और मनु, अनुदित से 16 रैंक पीछे है, जबकि महीप, हरेन्द्र और मनु के ठीक मध्य है और उसका रैंक 22 है.

20. एक परिवार के छः सदस्यों में सबसे लम्बा कौन है?
I. E उतना लम्बा नहीं है जितना कि C, जो A से छोटा है, B, D से छोटा है, लेकिन F से बड़ा है तथा D उतना लम्बा नहीं है जितना कि E.
II. E व B के बीच D है, लेकिन लम्बाई के आधार पर अवरोही क्रम में चौथे स्थान पर है. C तथा A में से कोई सबसे छोटा नहीं है.

निर्देश–(प्रश्न 21 – 25) नीचे दिए हुए प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष I, II, III तथा IV हैं. आपको दिए हुए कथनों को सत्य समझना है भले ही वह साधारणतः ज्ञात तथ्यों से मेल न रखते हों. सभी निष्कर्षों को पढ़िए तथा साधारण ज्ञात तथ्यों की अवहेलना करते हुए निश्चित कीजिए कि दिए हुए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष दिए हुए कथनों से तार्किक रूप से अनुसरण करता है.

21. **कथन :** कुछ गाड़ी रथ हैं.
सभी कार रथ हैं.
कुछ जहाज कार हैं.

निष्कर्ष–
I. कुछ जहाज रथ हैं
II. कुछ कार गाड़ी हैं.
III. सभी कार गाड़ी हैं.
IV. कुछ गाड़ी जहाज हैं.
(A) या तो II अथवा III तथा I निकलते हैं
(B) केवल I निकलता है
(C) केवल II अथवा III निकलते हैं
(D) केवल I तथा III निकलते हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

22. **कथन :** कुछ तारे ग्रह हैं.
कुछ ग्रह अन्तरिक्ष हैं.
कुछ अन्तरिक्ष आकाश हैं.

निष्कर्ष–
I. कुछ ग्रह तारे नहीं हैं.
II. कोई आकाश तारा नहीं हैं.
III. कुछ तारे ग्रह नहीं हैं.
IV. कुछ अन्तरिक्ष ग्रह नहीं हैं.
(A) केवल III निकलता है
(B) केवल IV और III निकलते हैं
(C) या तो I अथवा III निकलते हैं
(D) I तथा III दोनों निकलते हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

23. **कथन :** सभी मकान महल हैं.
कुछ महल स्काईक्रेपर हैं.
कुछ स्काईक्रेपर भवन हैं.

निष्कर्ष–
I. कुछ स्काईक्रेपर मकान नहीं हैं.
II. कुछ मकान स्काईक्रेपर हैं.
III. कुछ महल भवन नहीं हैं.
IV. सभी महल भवन हैं.
(A) केवल I तथा II निकलते हैं
(B) या तो III अथवा IV निकलता है
(C) या तो I अथवा II निकलता है
(D) या तो I अथवा II और III अथवा IV निकलते हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

24. **कथन :** कुछ बन्दर चिम्पेंजी हैं.
सभी चिम्पेंजी वनमानुष हैं.
सभी रीछ वनमानुष हैं.

निष्कर्ष–
I. कुछ चिम्पेंजी बन्दर हैं.
II. सभी वनमानुष बन्दर हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

III. कुछ रीछ चिम्पेंजी हैं.
IV. कुछ रीछ बन्दर हैं.
(A) केवल I निकलता है
(B) केवल II निकलता है
(C) केवल III निकलता है
(D) केवल IV निकलता है
(E) इनमें से कोई नहीं

25. **कथन :** कुछ कूलर पंखे हैं.
कोई फ्रिज कूलर नहीं है.
कुछ पंखे फ्रिज हैं.

निष्कर्ष–
I. कुछ पंखे कूलर नहीं हैं.
II. सभी पंखे या तो कूलर अथवा फ्रिज हैं.
III. कुछ पंखे कूलर तथा फ्रिज दोनों ही हैं.
IV. सभी पंखे कूलर हैं.
(A) केवल I तथा IV निकलते हैं
(B) केवल II अथवा III निकलते हैं
(C) केवल IV निकलता है
(D) या तो II अथवा III और I निकलते हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

26. यदि अंग्रेजी वर्णमाला में से हर 3 के गुणक स्थानों पर आने वाले तथा 5 के गुणक स्थानों पर आने वाले अक्षरों को छोड़ दिया जाए, तो कौनसा अक्षर आपके दाएं से 9वें अक्षर के दाएं पाँचवाँ होगा?
(A) V (B) S
(C) Q (D) U
(E) इनमें से कोई नहीं

27. यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर को उसी स्थिति के आधार पर सम अंकमान क्रमानुगत रूप से दिए जाएं. उदाहरणतः A = 2, B = 4, C = 6 इसी प्रकार बढ़ते क्रम में, तो शब्द DAWN का कुल अंकमान क्या होगा?
(A) 84 (B) 86
(C) 88 (D) 90
(E) इनमें से कोई नहीं

28. किसी कूट भाषा में 'INFORMATION' को 'ROFNIMNOITA' लिखा जाता है, तो शब्द BROTHER को उसी कूट भाषा में कैसे लिखा जाएगा?
(A) ORTBREH
(B) ORBTREH
(C) ORBTHER
(D) ORBTEHR
(E) इनमें से कोई नहीं

29. एक दौड़ स्पर्धा में सोमेश ऊपर से 11वाँ है तथा चन्द्रिका नीचे से 17वीं है. हमीर चन्द्रिका से 23 रैंक ऊपर तथा सोमेश 14 रैंक नीचे है. स्पर्धा में कुल कितने प्रतियोगियों ने भाग लिया?
(A) 65
(B) 63
(C) 64
(D) ज्ञात नहीं कर सकते
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 30 – 36) दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए नीचे दी गई सूचनाएं पढ़िए :

एक अंक व्यवस्थापन मशीन संख्याओं के इनपुट को प्रत्येक चरण में एक विशेष नियम के अनुसार पुनर्व्यवस्थापित करती है. नीचे इनपुट तथा पुनर्व्यवस्थापन के चरणों का एक उदाहरण दिया गया है.

उदाहरण–
इनपुट– 227, 356, 207, 465, 508, 678, 93.
चरण I – 93, 356, 207, 465, 508, 678, 227.
चरण II– 93, 207, 356, 465, 508, 678, 227
चरण III – 93, 207, 227, 465, 508, 678, 356.
चरण IV – 93, 207, 227, 356, 508, 678, 465
चरण V – 93, 207, 227, 356, 465, 678, 508
चरण VI – 93, 207, 227, 356, 465, 508, 678

अतः यह चरणों की अन्तिम व्यवस्था है तथा चरण VI इस इनपुट के लिए अन्तिम चरण है.

30. यदि 36, 87, 127, 56, 104, 506, 75 एक इनपुट का प्रथम चरण हों, तो इस इनपुट का अन्तिम चरण कौनसा होगा?
(A) 36, 56, 75, 87, 104, 506, 127
(B) 36, 56, 75, 87, 104, 127, 506
(C) संख्याओं का अवरोही क्रम
(D) आँकड़े अधूरे हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

31. नीचे दिए गए इनपुट से अन्तिम आउटपुट प्राप्त करने के लिए कितने चरणों की आवश्यकता होगी?
इनपुट – 87, 506, 37, 102, 302, 568, 632
(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 6
(E) इनमें से कोई नहीं

32. नीचे दिए गए इनपुट के लिए [illegible] चरण क्या होगा?
इनपुट – 102, 272, 98, 201, [illegible] 86, 500.
(A) 86, 272, 98, 201, 305, [illegible] 500
(B) 86, 98, 272, 201, 305, [illegible] 500
(C) 86, 98, 102, 201, 305, [illegible] 500
(D) 86, 98, 102, 201, 272, [illegible] 500
(E) इनमें से कोई नहीं

33. यदि नीचे किसी इनपुट के लिए [illegible] चरण दिया गया है, तो तीसरा [illegible] निम्नलिखित में से कौनसा होगा?
चरण I – 97, 605, 402, 320, [illegible] 409, 726
(A) 97, 402, 605, 320, 425, [illegible] 726
(B) 97, 320, 402, 605, 425, [illegible] 726
(C) 97, 320, 402, 409, 425, [illegible] 726
(D) तथ्य अधूरे हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

34. नीचे एक इनपुट के लिए चरण [illegible] दिया गया है. इस इनपुट के लि[illegible] पहला चरण क्या होगा?
चरण II – 20, 37, 57, 65, 87, [illegible] 67
(A) 20, 37, 65, 57, 87, 77, 67
(B) 20, 57, 65, 37, 87, 77, 67
(C) 20, 37, 57, 65, 67, 77, 87
(D) तय नहीं कर सकते
(E) इनमें से कोई नहीं

35. नीचे दिए गए इनपुट के लिए दूसरा चरण क्या होगा?
इनपुट – 767, 675, 504, 807, 305, 615, 725
(A) 305, 675, 504, 807, 767, 615, 725
(B) 305, 504, 675, 807, 767, 615, 725
(C) 305, 504, 615, 807, 767, 675, 725
(D) 305, 504, 615, 675, 767, 807, 725
(E) इनमें से कोई नहीं

36. नीचे दिए गए इनपुट के लि[illegible] निम्नलिखित में से कौनसा अन्ति[illegible] चरण होगा?
इनपुट– 26, 42, 57, 37, 36, 78, [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(A) तीसरा चरण
(B) चौथा चरण
(C) पाँचवाँ चरण
(D) छटवाँ चरण
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 37 – 43) एक पुरातत्व शोध विभाग संस्थान में जूनियर रिसर्चर के पद हेतु निम्नलिखित चयन मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं.

इन मापदण्डों के अनुसार आवेदनकर्ता की योग्यता होनी चाहिए–

(अ) न्यूनतम 65% अंकों के साथ पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्रीधारक हो.

(ब) अभ्यर्थी के कम-से-कम दो शोध-पत्र किसी विख्यात प्रकाशन से प्रकाशित हो चुके हों.

(स) आवेदनकर्ता ने स्नातक स्तर पर इतिहास या सांख्यिकी का एक विषय के रूप में अध्ययन किया हो.

(द) अभ्यर्थी को न्यूनतम एक वर्ष का अध्यापन अथवा शोध अनुभव हो.

(य) अभ्यर्थी की आयु 3 मार्च, 2000 तक 23 वर्ष से कम तथा 28 वर्ष से अधिक न हो.

फिर भी, यदि आवेदनकर्ता सभी शर्तें पूरी करता हो शिवाय–

(i) (ब) के, परन्तु पी-एच. डी. करके किसी संस्थान में अवैतनिक रूप में कार्य कर रहा हो, तो उसका मामला संस्थान के जी. एम. को भेज दिया जाए.

(ii) (अ) के, परन्तु पोस्ट ग्रेजुएट में 50% से 60% तक अंक प्राप्त किए हों. और किसी एक चुनींदा विषय में एम. फिल. की डिग्री प्राप्त हो, तो मामला संस्थान से सम्बन्धित डायरेक्टर के पास भेज दिया जाए.

(iii) (द) के, परन्तु पाँच वर्ष का औद्योगिक कार्य का अनुभव हो, तो मामला संस्थान के प्रेसीडेन्ट को भेज दिया जाए.

(iv) (स) के, परन्तु शोध प्रविधियों का अध्ययन स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर पर किया हो, तो मामला संस्थान के बोर्ड को प्रेषित किया जाना चाहिए.

उपर्युक्त मापदण्डों तथा नीचे दिए गए प्रत्येक केस में दी गई जानकारी के आधार पर आपको एक निर्णय लेना है. आपको कोई भी पूर्वधारणा अपनी तरफ से नहीं बनानी है. अगर आपको ऐसा लगता है कि दिए गए तथ्य निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं हैं. तो आपका उत्तर 'तथ्य अधूरे हैं' होगा. सभी केस आपको 3 मार्च, 2000 को दिए गए हैं.

37. नमिता ने 71% अंकों के साथ वर्ष 1994 में पोस्ट ग्रेजुएट परीक्षा उत्तीर्ण की है. उसने अभी तक कई शोध-पत्र लिखे हैं. जिनमें से 4 शोध-पत्र एक अच्छे प्रसिद्ध प्रकाशन द्वारा प्रकाशित हो चुके हैं. नमिता ने स्नातक स्तर पर इतिहास विषय का सघन अध्ययन किया है, जो उसके पास एक विषय के रूप में था. उसकी उम्र 26 वर्ष है, वह पिछले पाँच वर्षों से एक कम्प्यूटर कम्पनी में कार्यरत है.

(A) चयन कर लिया जाए
(B) प्रेसीडेन्ट को भेज दिया जाए
(C) डायरेक्टर को भेज दिया जाए
(D) तथ्य अधूरे हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

38. मनोहर ने स्नातक स्तर की परीक्षा सांख्यिकीय विषय में विशिष्ट योग्यता के साथ उत्तीर्ण की है तथा उसने पोस्ट ग्रेजुएट परीक्षा में 69% अंक प्राप्त किए हैं. अभी-अभी वर्ष 1999 में उन्हें पी-एच. डी. उपाधि से सम्मानित किया गया है. वह बहुत ही धनाढ्य परिवार के व्यक्ति हैं. फिर भी वह वर्ष 1995 से औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन क्रांति को बढ़ावा देने हेतु नए-नए शोध कर रहे हैं. इस समय उनकी आयु पूरी 29 वर्ष हो चुकी है. वह इस समय एम. फिल. हेतु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं.

(A) चयन कर लिया जाए
(B) प्रेसीडेन्ट को भेज देना चाहिए
(C) चयन नहीं किया जाए
(D) तथ्य अधूरे हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

39. हरीश की आयु 27 वर्ष है, उसने वर्ष 1995 में पोस्ट-ग्रेजुएट की परीक्षा 59% के साथ उत्तीर्ण की है तथा वह वर्ष 1996 में एक सरकारी संस्थान में अस्थाई रूप से अध्यापन कर रहा है. उसके 3 शोधन-पत्र किसी विख्यात प्रकाशन से प्रकाशित हो चुके हैं. उसे स्नातक स्तर पर इतिहास विषय में विशिष्ट योग्यता हासिल है. उसने हाल-फिलहाल में ही एम. फिल. की उपाधि हासिल की है. उसे कभी सरकारी संस्थान से कोई पैसा हासिल नहीं हुआ है.

(A) संस्थान के जी. ए. को भेजा जाए
(B) डायरेक्टर को भेजा जाए
(C) प्रेसीडेन्ट को भेजा जाए
(D) बोर्ड को प्रेषित किया जाना चाहिए
(E) इनमें से कोई नहीं

40. नमेश एक प्रतिष्ठित परिवार से 27 वर्षीय युवक हैं उन्होंने वर्ष 1995 में पोस्ट ग्रेजुएट की परीक्षा 72% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है. उन्होंने अब तक कई शोध-पत्र जारी किए हैं, जो किसी विख्यात प्रकाशन से प्रकाशित हो चुके हैं. उन्होंने बी. एस. सी. बायो में किया है. वे वर्ष 1996 से अध्यापन कार्य में रत हैं. फिलहाल वे एक अधिकारी वर्ग के कर्मचारी नहीं हैं. उन्होंने स्नातक स्तर पर शोध प्रविधियों का अध्ययन भी किया है.

(A) उनका चयन कर लिया जाए
(B) उनका चयन नहीं किया जाए
(C) उनका मामला संस्थान के प्रेसीडेन्ट को भेज दिया जाए
(D) तथ्य अधूरे हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

41. श्री पाठक का जन्म एक हॉस्पीटल रिपोर्ट के द्वारा 2 जनवरी, 1970 को हुआ है, लेकिन उनके प्रमाण-पत्रों में उनका जन्म वर्ष 2 जनवरी, 1973 में दर्शाया गया है. उन्हें पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर 72% अंक प्राप्त हुए हैं तथा उनके कई शोध-पत्र अब तक प्रकाशित हो चुके हैं. उन्होंने स्नातक स्तर पर सांख्यिकी का एक विषय के रूप में अध्ययन किया है उन्हें तीन वर्ष का अध्यापन का अनुभव है.

(A) चयन कर लिया जाए
(B) चयन नहीं किया जाए
(C) मामला डायरेक्टर को भेज दिया जाए
(D) तथ्य अधूरे हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

42. कुमार विश्नोई पिछले पाँच वर्षों से एक औद्योगिक कार्य का अनुभव प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन अध्यापन अथवा शोध कार्य में उनकी कोई रुचि नहीं रही है. अभ्यर्थी का जन्म 7 मार्च, 1974 को हुआ है. उन्होंने स्नातक स्तर पर सांख्यिकी का एक विषय के रूप में अध्ययन किया है. उनके अब तक तीन शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके हैं तथा उन्होंने पोस्ट ग्रेजुएट में 68% अंक प्राप्त किए हैं.

(A) चयन कर लिया जाए
(B) प्रेसीडेन्ट को भेज दिया जाए
(C) बोर्ड को प्रेषित किया जाए
(D) तथ्य अधूरे हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

43. मि. मनीष पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त कर किसी संस्थान में अवैतनिक रूप

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में कार्य कर रहे हैं तथा उन्हें पोस्ट ग्रेजुएट में 69% अंक प्राप्त हुए हैं. उसका अभी तक एक शोध-पत्र भी किसी विख्यात प्रकाशन से प्रकाशित हो चुका है. उन्होंने स्नातक स्तर पर इतिहास का एक विषय के रूप में अध्ययन किया है. उन्होंने अध्यापन में दो वर्ष का अनुभव है तथा वे इस समय 27 वर्ष 6 माह के हैं.

(A) चयन किया जाए
(B) चयन नहीं किया जाए
(C) मामला संस्थान के जी. एम. को भेज दिया जाए
(D) तथ्य अधूरे हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 44 – 45) दी गई जानकारियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(i) एक छः मंजिल मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में छः व्यक्ति A, B, C, D, E, F रहते हैं पर यह आवश्यक नहीं कि वे पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पाँचवीं व छठी में इसी क्रम में रहते हों तथा हर स्टोरी में एक विशेष वस्तु लगी हुई है, जो इस प्रकार है, फोन, इन्टरनेट, ई. मेल, टी. वी., सिने थ्येटर तथा स्विमिंग पूल.

(ii) D, जोकि सबसे ऊपर वाली मंजिल में रहता है, उसमें टी. वी. लगी है. B सबसे नीचे रहता है, लेकिन उसमें न तो सिने थ्येटर है और न इन्टरनेट.

(iii) A की मंजिल में फोन लगा है, जो C के तुरन्त नीचे रहता है, जिसमें ई. मेल लगा है.

(iv) F, D के पास वाली मंजिल में रहता है तथा उसकी मंजिल में इण्टरनेट या स्विमिंग पूल नहीं लगा है, जबकि A, B के पास वाली मंजिल में रहता है.

44. E कौनसी मंजिल में रहता है?
(A) पहली (B) दूसरी
(C) तीसरी (D) चौथी
(E) पाँचवीं

45. इन्टरनेट किसकी मंजिल में लगा है?
(A) F (B) E
(C) A (D) C
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 46 – 50) नीचे एक परिच्छेद दिया गया है और उसके नीचे उस परिच्छेद में दिए गए तथ्यों के आधार पर निकाले जा सकने वाले कुछ सम्भावित अनुमान दिए गए हैं, आप हरेक अनुमान की परिच्छेद के सम्बन्ध में अलग-अलग परीक्षा कर उसकी सत्यता या असत्यता की मात्रा ज्ञात कीजिए.

उत्तर (A) दीजिए, यदि अनुमान निश्चित रूप से सत्य है अर्थात् वह दिए गए तथ्यों से उचित रूप से निकल आता है.

उत्तर (B) दीजिए, यदि अनुमान प्राय: सत्य है यद्यपि दिए गए तथ्यों के सन्दर्भ में निश्चित रूप से सत्य नहीं हैं.

उत्तर (C) दीजिए, यदि दिए हुए तथ्य काफी नहीं हैं अर्थात् दिए हुए तथ्यों से अनुमान सत्य है अथवा असत्य यह आप नहीं कह सकते हैं.

उत्तर (D) दीजिए, यदि अनुमान प्राय: असत्य है यद्यपि दिए गए तथ्यों के सन्दर्भ में निश्चित रूप से असत्य नहीं है और

उत्तर (E) दीजिए, यदि अनुमान निश्चित रूप से असत्य है अर्थात् दिए हुए तथ्यों से उसे निकालना सम्भव नहीं है. अथवा वह दिए गए तथ्यों के विपरीत जाता है.

हवाई जहाज अपहरणकर्त्ताओं ने जिस शर्त पर 37 यात्रियों को बन्धनमुक्त करने की घोषणा किसी राजनीतिक दबाव के आधार पर करने के बजाय अपने ही साथियों को बन्धनमुक्त कराने हेतु की है. एक ऐसी घटना का परिणाम देश की उन आधारशिलाओं को झकझोर कर छिन्न-भिन्न कर देने वाला होता है जिन पर देश का भविष्य गमन कर अपने विकास के चरमोत्कर्ष पर पहुँचकर खुशहाली प्राप्त करता है. क्या यह शर्त देश के विकास में हितकारी या पतन में अहितकारी साबित होगी. आगे यह भी सत्य है कि बिना शर्त पूरी हुए यात्रियों को अपहरणकर्त्ता मुक्ति प्रदान नहीं करेंगे यदि हाँ ऐसा होता, तो समय इस समस्या का हल पा चुका होता. इसका दुष्प्रभाव केवल भारतीय अखण्डता व सम्मान को ध्वस्त नहीं करेगा बल्कि देश/विदेश अर्थात् समूचा विश्व इसके ग्रास का एकमात्र अंग बन कर रह जाएगा, जो भविष्य में उद्भुत होगा. यही नहीं समूचे विश्व को इसकी एक बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है. अतः इस पर अंकुश लगाना केवल भारत का ही फर्ज नहीं, बल्कि हर देश का बनता है, क्योंकि ऐसी बहसियानी हरकतों का शिकार कोई भी देश किसी भी समय हो सकता है. अतः देश के आत्मसम्मान की रक्षा के साथ-साथ उन यात्रियों की रक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जो हवाई जहाज में आतंकवादियों के बन्धक हैं इसके लिए समूचे विश्व को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे तथा कुछ पूर्व सावधानियाँ बरतनी होंगी जिससे इस प्रकार की समस्या जन्म ही न ले. जैसे हो सकता है कि हर हवाई जहाज में एक क्लोरोफोर्म बॉक्स [illegible] हो तथा एक ऑक्सीजन बॉक्स लगा [illegible] जिससे ऐसी आपदा के समय पाय [illegible] क्लोरोफार्म छोड़कर आतंकवादियों को [illegible] सभी यात्रियों को अनायास बेहोश कर [illegible] तथा स्वयं ऑक्सीजन के सहारे सचेत [illegible] में रहकर हवाई जहाज को सुरक्षात्मक [illegible] से किसी नजदीकी हवाई अड्डे पर [illegible] सके जिससे उन आतंकवादियों को उस [illegible] वस्था में आसानी से पकड़ा जा सके. [illegible] जरूरी नहीं कि केवल यही एक उपाय [illegible] अन्य ऐसे गुप्त उपाय किए जा सकते [illegible] जिसका अनुमान हमारे वैज्ञानिक अच्छी त [illegible] लगा सकते हैं.

46. ऐसी घटनाओं से रक्षा का उत्तरदायि [illegible] हर देश के लिए बनता है.

47. ये घटनाएं केवल इस्लामिक देश [illegible] आतंकवादियों द्वारा की जा रही हैं.

48. अपहरणकर्त्ता बिना अपनी शर्त पू [illegible] करवाए बन्धक यात्रियों को मुक्त न [illegible] करेंगे. यह निश्चित रूप से कहा [illegible] सकता है.

49. ऐसी घटनाएं अन्य देशों में भी हुई [illegible] जिनका अभी तक कोई एक निका [illegible] नहीं मिला है.

50. क्लोरोफार्म बॉक्स का हवाई जहाज [illegible] होना केवल ऐसी घटनाओं के निवार [illegible] हेतु एकमात्र उपाय है.

निर्देश–(प्रश्न 51 – 55) नीचे दिए ग [illegible] प्रत्येक प्रश्न में एक कथन तथा उसके बाद दो पूर्व धारणाएं I और II दी गई हैं पूर्व धारणा से तात्पर्य किसी बात को मा [illegible] लेना अथवा ग्रहीत समझ लेना है. आपक [illegible] कथन और उसके बाद की पूर्व धारणाओं पर विचार करना है कि इस कथन [illegible] कौनसी पूर्वधारणा अन्तर्निहित है?

उत्तर (A) दीजिए, यदि केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है.

उत्तर (B) दीजिए, यदि केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित हो.

उत्तर (C) दीजिए, यदि या तो पूर्वधारणा I अथवा पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है.

उत्तर (D) दीजिए, यदि न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है.

उत्तर (E) दीजिए, यदि पूर्वधारणा I और II दोनों अन्तर्निहित हैं.

51. **कथन**–भर्ती के सम्बन्ध में आवेदन-पत्र के प्रारूप व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए 13–19 नवम्बर, 1999 का एम्प्लॉयमेन्ट न्यूज देखें. एक प्रकाशन से प्रकाशित.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्वधारणाएं–

I. प्रकाशक को प्राप्त रिपोर्ट पर पूर्ण विश्वास नहीं कि यह बात पूर्ण सत्य है.

II. प्रकाशक आवेदनकर्ता की सन्तुष्टि हेतु एम्प्लॉयमेन्ट न्यूज के माध्यम से सुनिश्चित करना चाहता है, ताकि आवेदक अधिक शुद्धता ग्रहण कर सके.

52. **कथन**–हवाई जहाज अपहरण घटना की स्थिति में भारत सरकार को हवाई जहाज पर कमाण्डो ऑपरेशन के आदेश तुरन्त जारी कर देने चाहिए.

पूर्वधारणाएं–

I. इस प्रकार के ऑपरेशन से जन-हानि होने की सम्भावना अधिक बन जाती है.

II. यदि ऑपरेशन सफलतापूर्वक नहीं हो पाया, तो भविष्य में आतंक-वादियों का मनोबल और बढ़ जाएगा.

53. **कथन**–एक प्रकाशक का विज्ञापन– 'रैपिडैक्स बाजार में उपलब्ध आम प्रशिक्षणों से बिलकुल हटकर अपने आप में एक सम्पूर्ण कोर्स है.'

पूर्वधारणाएं–

I. इस पुस्तक के बिना कोई भी व्यक्ति अंग्रेजी बोलना, लिखना तथा पढ़ना नहीं सीख सकता.

II. यह एक ऐसी पुस्तक है जिसमें इतनी नियम सामग्री दी गई है जो अन्य किसी अंग्रेजी पुस्तक में नहीं दी गई है.

54. **कथन**–भारत में पहली बार महाराष्ट्र के सिन्धु दुर्ग जिले को एकमात्र टूरिस्ट जिला घोषित किया गया है.

पूर्वधारणाएं–

I. और कोई अन्य जिला इस खिताब को प्राप्त करने योग्य ही नहीं है.

II. इसमें राजनीतिक गड़बड़ी ही इस बात का प्रतीक हो सकती है, क्योंकि सिन्धु दुर्ग ज़िले से अच्छे जिले भारत में मौजूद हैं.

55. **कथन**–पंचायतों को आर्थिक विकास व सामाजिक न्याय की योजनाओं की संरचना करने और उन्हें लागू करने का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए.

पूर्वधारणाएं–

I. इस अधिकार से व्यक्तिगत पंचायती क्षेत्र में हर प्रकार के विकास की सम्भावना है.

II. पंचायतों से अधिक योग्य और कोई ऐसा क्षेत्र नहीं जिसे ये अधिकार प्रदान किए जा सकें.

निर्देश–(प्रश्न 56 – 60) महत्वपूर्ण प्रश्नों के विषय में निर्णय लेते समय यह वांछनीय है कि जहाँ तक प्रश्न का सम्बन्ध है उनके विषय में दमदार दलीलों और लचर दलीलों के बीच भेद करने की योग्यता हो. दमदार दलीलें वह हैं जो दोनों ही महत्वपूर्ण हों तथा प्रश्न से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई सम्बन्धित हों. लचर दलीलें वह हैं, जो कम महत्व एवं प्रश्न से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई नहीं हों. अथवा प्रश्न के नगण्य पक्ष से सम्बन्धित हों.

अनुदिश–निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक कथन के नीचे दो दलीलें I और II दी गई हैं, आपको यह निश्चित करना है कि कौनसी दलीलें दमदार हैं और कौनसी लचर हैं.

उत्तर (A) दीजिए, यदि केवल (I) दलील दमदार हो.

उत्तर (B) दीजिए, यदि केवल (II) दलील दमदार हो.

उत्तर (C) दीजिए, यदि या तो दलील (I) या (II) दमदार हो.

उत्तर (D) दीजिए, यदि न तो (I) न ही (II) दलील दमदार हो.

उत्तर (E) दीजिए, यदि दोनों (I) और (II) दलीलें दमदार हों.

56. **कथन**–क्या भारत सरकार को हाइ-जेकर की शर्त जो 35 कैदियों की रिहाई व 860 करोड़ रुपए की माँग है को पूरी तरह स्वीकार कर लेना चाहिए.

दलीलें–

I. हाँ, यह समय देश के गौरव व सम्मान का नहीं बल्कि जन-रक्षा का है.

II. नहीं, इससे उत्पन्न कलंक हमारी भावी पीढ़ी को कसोटता रहेगा.

57. **कथन**–क्या भारत के ऐतिहासिक स्थान व स्मारकों की टिकट दर विदेशीय पर्यटकों हेतु उच्च मूल्य की होनी चाहिए.

दलीलें–

I. हाँ, यही मुद्रा विनिमय का स्रोत है.

II. नहीं, इससे विश्वबन्धुत्व की भावनाओं में खोट उत्पन्न होता है.

58. **कथन**–क्या विश्व अखण्डता के लिए यह जरूरी नहीं कि देश-विदेश में कुकृत्य घटनाओं के विरुद्ध कड़े-से-कड़े ऑपरेशन होने चाहिए.

दलीलें–

I. हाँ, क्योंकि इससे एकता रूपी कड़ी में मजबूती उत्पन्न होगी.

II. नहीं, इससे हिंसा उत्पन्न होगी.

59. **कथन**–क्या यह आवश्यक नहीं कि भारत जैसे देश में किसी विशेष जाति, जैसे अनुसूचित जाति/जनजाति के बजाय गरीब तबके के परिवारों को आरक्षण श्रेणी में सम्मिलित किया जाना चाहिए चाहे वे किसी भी जाति से सम्बन्धित क्यों न हों?

दलीलें–

I. नहीं, गरीब तबके के लोगों का कोई विश्वास नहीं होता.

II. हाँ. अनुसूचित जाति/जनजाति का ही यह मूल सिद्ध अधिकार है.

60. **कथन**–क्या भारत को आयी नई विदेशी कम्पनियों को बन्द कर देना चाहिए?

दलीलें–

I. नहीं, इनसे सरकार की आर्थिक नीति की योजना सफल हुई मानी जा सकती है.

II. हाँ, ये कम्पनियाँ देश के साथ ठीक ईस्ट इण्डिया कम्पनी की तरह विश्वासघात कर सकती हैं.

निर्देश–(प्रश्न 61 – 65) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एकदम बाईं ओर बिना अक्षर की आकृति से एक शृंखला का आरम्भ होता है. शृंखला की पाँच अक्षर आकृतियों में से केवल एक शृंखला में उपयुक्त नहीं होती है. बिना अक्षर की एकदम दाईं ओर और एकदम बाईं ओर वाली आकृतियाँ शृंखला में उपयुक्त होती हैं. आपको अधिक से अधिक पहलुओं को विचार में लेकर यह ज्ञात करना है कि अक्षरांकित आकृतियों में से एक और केवल एक आकृति कौनसी है, जोकि शृंखला में उपयुक्त नहीं होती है, उस आकृति का अक्षर ही आपका उत्तर होगा.

61.



A B C D E

62.



A B C D E

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

63.



64.



65.



निर्देश–(प्रश्न 66 – 70) निम्नलिखित हर प्रश्न में दी हुई पाँच में से चार आकृतियों में घटक I और घटक II आपस में किसी एक ही प्रश्न से सम्बन्धित हैं. जिस आकृति में घटक I घटक II से उसी प्रकार सम्बन्धित नहीं है उसे ढूँढ़ निकालिए.

66.



67.



68.



69.



70.



निर्देश–(प्रश्न 71 – 75) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में बिना अक्षर की आकृतियों का एक जोड़ा दिया हुआ है. जोड़े की दोनों आकृतियो में आपस में कुछ सम्बन्ध है. जोड़े के दाईं ओर पाँच अक्षरांकित आकृतियाँ दी गई हैं. आपको यह पता करना है कि कौनसी अक्षरांकित आकृति का बिना अक्षरांकित पहली आकृति के साथ वही सम्बन्ध नहीं है, जो बिना अक्षरांकित दोनों आकृतियों का आपस में है. उस आकृति का अक्षरांक ही आपका उत्तर है.

71.



72.



उत्तर व्याख्या सहित

1. (B) जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



2. (A)



लेकिन विकल्पों में केवल HO उपलब्ध है अतः उत्तर (A) हुआ.

3. (E) जिस प्रकार,



अतः विकल्प (E) भिन्न है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

73.


74.


75.


4. (C)

D I V E R S I T I E S
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
4 9 22 5 18 19 9 20 9 5 19



अर्थात् ऐसे 3 (तीन) जोड़े हैं.

5. (C) दी गई वर्णमाला

A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z
1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26

तब नई क्रम व्यवस्था–

B C E G K M Q S W D F H J L N P R T V X Z A I O U Y
2 3 5 7 11 13 17 19 23 4 6 8 10 12 14 16 18 20 22 24 26 1 9 15 21 25



अतः अभीष्ट अक्षर P है.

6. (A) 5 के गुणक स्थानों वाले अक्षर EJOTY

तब, प्रश्नानुसार

COUNTRY → CPTOURZ

7. (D) इसी प्रकार,

RESPIRATION →

RFTOJRAUJPO

8. (A) शृंखला में अक्षरों को अंकमान देने पर बनी नई शृंखला

296, 324, 667, 228, 169, 766

पहले और तीसरे अंकों को परस्पर बदलने पर–

692, 423, 766, 822, 961, 667

तब आरोही क्रम में लिखने पर,

423, 667, 692, 766, 822, 961

↑ दाएं से तीसरा

अतः दाएं से तीसरी संख्या का मध्य अंक 6 होगा.

9. (A) दी गई शृंखला–

6 3 5 7 4 6 5 7 8 9 7 4 4 3 4 5 7 6 4 5
8 9 7 6 5 4 1

अतः दी गई शर्तानुसार 5 और 7 के अंकों का कुल योग 4 है.

10. (E) (A) H O M R N





(B) C J H M I



(C) F M K P L



(D) G N L Q M



(E) K R O T P

अतः स्पष्ट है कि विकल्प (E) का अक्षर समूह भिन्न है.

प्रश्न 11 से 15 तक के लिए



11. (C) 12. (A) 13. (A) 14. (C)
15. (E)

16. (E) कथन I से,

B > A > C ...(i)

कथन (II) से,

F > A > E & D ...(ii)

F > D & B ...(iii)

अतः तीनों समी. से स्पष्ट होता है कि F सबसे अधिक बुद्धिमान है. अतः दोनों कथन जरूरी हैं.

17. (D) कथन (I) से

Pie Poe Li La →

He will die tomorrow ...(i)

Li Poe Pie Pan →

You will die tomorrow ...(ii)

तब समी. (i) व (ii) से

La → He,

Pan → You

तथा कथन II से,

Pie Li La Pan →

will he see you ...(i)

Pie Li Pack Tae →

whom you will see ...(ii)

अतः दोनों कथन मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने में पर्याप्त नहीं है.

18. (A) कथन (I)



अतः A, B का भान्जा है.

अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए केवल कथन I ही पर्याप्त है.

19. (C) किसी भी एक कथन से प्रश्न का उत्तर निकाला जा सकता है.

20. (A) कथन (I) से,

A > C > E ...(i)

E > D > B > F ...(ii)

तब दोनों समीकरणों से,

A > C > E > D > B > F

अतः (A) सबसे लम्बा है.

21. (B) प्रश्न से,



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतः चित्र से स्पष्ट है कि निष्कर्ष I कुछ जहाज रथ हैं सत्य है

22. (A) प्रश्न से,



अतः स्पष्ट है कि निष्कर्ष III निश्चित रूप से सत्य है

23. (E) प्रश्न से,



अतः कोई निष्कर्ष नहीं निकलता है.

24. (A) प्रश्न से,



अतः निष्कर्ष I निकलता है.

25. (E) प्रश्न से,



अतः कोई निष्कर्ष स्पष्ट रूप से नहीं निकलता है.

26. (B) अंग्रेजी वर्णमाला,

A B C D E F G H I J K L M N
1 2 3 4 **5 6** 7 8 **9 10** 11 **12** 13 14
O P Q R S T U V W X Y Z
15 16 17 **18** 19 **20 21** 22 23 **24 25** 26

तब नई शृंखला,

A B D G H K M N P Q S V W Z



अतः अभीष्ट अक्षर S होगा.

27. (A) सम अंकमान (क्रमानुसार) देने पर

D = 8
A = 2
W = 46
N = 28

अतः कुल अंकमान

= 8 + 2 + 46 + 28
= 84

28. (B) जिस प्रकार,

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11
I N F O R M A T I O N
↓
R O F N I M N O I T A
← मध्य →
विपरीत क्रम विपरीत क्रम

उसी प्रकार,

B R O T H E R
↓
O R B T R E H
← मध्य →
विपरीत क्रम विपरीत क्रम

29. (C)



अतः कुल प्रतियोगियों की संख्या

= 11 + (14 + 23 − 1) + 17
= 11 + 36 + 17 = 64

प्रश्न 30 से 36 तक के लिए

प्रत्येक अगले चरण में छोटी संख्या पहले आती है तथा क्रमागत संख्या के रूप में बड़ी से परिवर्तित होती है तथा अपने से तुरन्त छोटी संख्या के बाद स्थापित होती जाती है.

30. (B)

चरण– I	36	87	127	56	104	506	75
चरण– II	36	56	127	87	104	506	75
चरण– III	36	56	75	87	104	506	127
चरण– IV	36	56	75	87	104	127	506

अतः चतुर्थ चरण ही इसका अन्तिम चरण होगा.

31. (B)

इनपुट–	87	506	37	102	302	568	632
चरण– I	37	506	87	102	302	568	632
चरण– II	37	87	506	102	302	568	632
चरण– III	37	87	102	506	302	568	632
चरण– IV	37	87	102	302	506	568	632

अतः अन्तिम चरण हेतु कुल चार घटकों की आवश्यकता होगी.

32. (D)

इनपुट–	102	272	98	201	305	86	500
चरण– I	86	272	98	201	305	102	500
चरण– II	86	98	272	201	305	102	500
चरण– III	86	98	102	201	305	272	500
चरण– IV	86	98	102	201	272	305	500

दिए गए इनपुट का चौथा चरण यही होगा

33. (C)

चरण– I	97	605	402	320	425	409	726
चरण– II	97	320	402	605	425	409	726
चरण– III	97	320	402	409	425	605	726

34. (D) इस व्यवस्था में दिए गए किसी चरण से उससे पहले का चरण या इनपुट ज्ञात नहीं किया जा सकता है.

35. (B)

इनपुट–	767	675	504	807	305	615	725
चरण– I	305	675	504	807	767	615	725
चरण– II	305	504	675	807	767	615	725

36. (C)

इनपुट–	26	42	57	37	36	78	15
चरण– I	15	42	57	37	36	78	26
चरण– II	15	26	57	37	36	78	42
चरण– III	15	26	36	37	57	78	42
चरण– IV	15	26	36	37	42	78	57
चरण– V	15	26	36	37	42	57	78

अतः पाँचवाँ चरण अन्तिम चरण होगा

37. (B) नमिता मापदण्ड (द) की पूर्ति करती है, लेकिन उसे पाँच वर्ष का औद्योगिक कार्य का अनुभव है. अतः मामला संस्थान के प्रेसीडेन्ट को भेजा चाहिए.

38. (C) क्योंकि मनोहर की आयु अधिक हो चुकी है जिसका कोई विकल्प नहीं है.

39. (B) हरीश मापदण्ड (अ) की पूर्ति कर पा रहा है, लेकिन वह एम. फिल उपाधि से सम्मानित है अतः मामला संस्थान से सम्बन्धित डायरेक्टर के पास भेज देना चाहिए.

40. (E) नमेश मापदण्ड (स) के अतिरिक्त की पूर्ति करता है, लेकिन उसने स्तर पर शोध प्रविधियों का अध्ययन है. अतः उसका मामला संस्थान के को प्रेषित किया जाए.

41. (D) श्री पाठक की जन्मतिथि विवादित इसलिए तथ्य अधूरे हैं.

42. (B) कुमार विश्नोई मापदण्ड (द) अतिरिक्त सभी की पूर्ति करते है, उन्हें पाँच वर्ष का औद्योगिक कार्य अनुभव है. अतः उनका मामला संस्थान प्रेसीडेन्ट को भेज दिया जाना चाहिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

43. (C) मि मनीष मापदण्ड (ब) की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन पी-एच. डी की उपाधि प्राप्त कर किसी संस्थान में अवैतनिक रूप में कार्य कर रहे हैं अतः उनका मामला सस्थान के जी. एम. को भेज देना चाहिए.

प्रश्न 44 - 45 के लिए

मंजिलें

नीचे से→ पहली → B → स्विमिंग पूल
दूसरी → A → फोन
तीसरी → C → ई. मेल
चौथी → E → इण्टरनेट
पाँचवीं → F → सिने थ्येटर
छठी → D → टी. वी.

44. (D) 45. (B) 46. (A) 47. (B) 48. (A)
49. (D) 50. (D) 51. (E) 52. (C) 53. (D)
54. (A) 55. (A) 56. (B) 57. (A) 58. (A)
59. (D) 60. (A)

61. (E) बिना अक्षर वाली प्रश्नाकृति से प्रश्नाकृति (A) में अन्दर की डिजाइन बड़ा रूप धारण कर बाहर आती है, जबकि बाहरी डिजाइन अपना आकार छोटा कर अन्दर आती है, यही प्रक्रिया प्रश्नाकृति (B) से (C) तथा (D) से (E) में होगी, लेकिन इस नियम का पालन (E) में नहीं हुआ है अतः उत्तर (E) हुआ.

62. (C) बिना अक्षर वाली प्रश्नाकृति से (A) मे डिजाइन के ऊपरी भाग की रेखा सीधी होकर अपने स्थान पर स्थापित होती है. इसी प्रकार प्रश्नाकृति (B) से (C) में डिजाइन के ऊपर से दूसरे भाग की रेखा सीधी होकर अपने स्थान पर स्थापित होती है तथा ऊपर की डिजाइन अपरिवर्तित रहेगी. इसी प्रकार (D) से (E) में आकृति के ऊपर से तीसरे भाग की रेखा सीधी होकर अपने स्थान पर बनी रहती है तथा अन्य ऊपर की डिजाइनें अपरिवर्तित रहती हैं तब फिर से ऊपर से यही क्रम जारी रहता है. इस प्रकार उत्तर (C) प्राप्त होता है.

63. (E) बिना अक्षर वाली प्रश्नाकृति से प्रत्येक अगली प्रश्नाकृति में दक्षिणावर्त काले भाग से हर दूसरा खाना काला होता जाता है. प्रश्नाकृति (C) तक यही क्रम रहता है, फिर (C) में अर्ध खाना पूरा काला होता है, फिर दक्षिणावर्त उसके बाद हर दूसरा खाना काला होता जाता है.

64. (C) बिना अक्षर वाली प्रश्नाकृति से प्रश्नाकृति (A) में बाएं ऊपर कोने की डिजाइन ⊗ वामावर्त आधी भुजा आगे सरकती है तथा एक वही डिजाइन उसके ठीक आगे जन्म लेती है, फिर (B) से (C) में दोनों डिजाइन एक-एक भुजा आगे सरकती है तथा उनके ठीक आगे एक और डिजाइन जुड जाती है फिर (B) से (C) में सारी डिजाइन आधी भुजा आगे सरकती है तथा एक डिजाइन की बढ़ोत्तरी होती है, फिर सभी डिजाइन एक भुजा आगे सरकती हैं और यही क्रम जारी रहता है, लेकिन (C) में इस नियम का पालन नहीं हुआ है.

65. (D) बिना अक्षर वाली आकृति से प्रत्येक अगली प्रश्नाकृति में सम्पूर्ण डिजाइन दक्षिणावर्त 45° घूमती जाती है तथा डिजाइनों में 

1 के स्थान वाली डिजाइन 2 के स्थान पर फिर (A) से (B) में (3) के स्थान वाली डिजाइन (2) के स्थान पर फिर (B) से (C) में 1 के स्थान वाली डिजाइन (2) के स्थान पर सरकती जाती है, जबकि उनके स्थान पर एक नई डिजाइन जन्म लेती है, लेकिन (D) में इस क्रम का पालन नहीं हुआ है.

66. (C) प्रश्नाकृति (A) के घटक I से घटक II में प्रत्येक डिजाइन दक्षिणावर्त एक भुजा आगे खिसकती है तथा उस स्थान पर जाकर दाएं की दोनों डिजाइनें दक्षिणावर्त 90° घूमती जाती हैं तथा बाएं की दोनों डिजाइनें वामावर्त 90° घूमती हैं. प्रश्नाकृति (C) के अतिरिक्त अन्य सभी में इस नियम का पालन हुआ है. अतः उत्तराकृति (C) हुई.

67. (D) प्रश्नाकृति (A) के घटक I से घटक II में डिजाइन निम्नवत् क्रम में परिवर्तित होती है. 

जहाँ N के स्थान पर एक नई डिजाइन आती है, लेकिन प्रश्नाकृति (D) में इस क्रम का पालन नहीं हो रहा है. अतः (D) उत्तराकृति होगी.

68. (D) प्रश्नाकृति (A) के घटक I से घटक II में डिजाइनें निम्नवत् क्रम में स्थान परिवर्तित कर रही हैं. 

जहाँ N के स्थान पर नई डिजाइनें आती हैं, लेकिन इस नियम का पालन प्रश्नाकृति (D) में नहीं हो रहा है.

69. (B) प्रश्नाकृति (A) के घटक I से घटक II में डिजाइनें इस क्रम में परिवर्तित होती हैं 

'जहाँ N के स्थान पर एक नई डिजाइन आती है तथा अन्य सभी डिजाइन स्थान परिवर्तन के साथ दक्षिणावर्त 90° घूमती हैं

प्रश्नाकृति (B) को छोडकर अन्य सभी में इस नियम का पालन हो रहा है

70. (C) प्रश्नाकृति (A) के घटक I से घटक II में सम्पूर्ण डिजाइन शीशे के रूप में पार्श्व परिवर्तित होती है. अतः प्रतिबिम्बित होती है. प्रश्नाकृति (C) को छोड़कर अन्य सभी में इस नियम का पालन हुआ है.

71. (A) बिना अक्षर की प्रथम आकृति से दूसरी में सम्पूर्ण आकृति को किसी रूप में घुमाने पर प्राप्त होती है. इस नियम के साथ केवल उत्तराकृति (A) प्राप्त नहीं होती है. अन्य सभी आकृति प्राप्त होती है, जबकि (A) पलटने पर प्राप्त होती है.

72. (D) बिना अक्षर की प्रथम आकृति से द्वितीय में अन्दर के तीरों की दिशा बाह्य आकृति पर स्थित तीर के सापेक्ष है. केवल उत्तराकृति (D) को छोड़कर अन्य सभी में इस नियम का पालन हुआ है.

73. (E) बिना अक्षर की प्रथम आकृति को दाएं या बाएं घुमाने पर द्वितीय व (E) को छोड़कर सभी आकृति प्राप्त होती हैं, लेकिन (E) प्रथमाकृति को पलटने से प्राप्त होती है.

74. (E) प्रथमाकृति व द्वितीयाकृति में खानों की संख्या 16 बराबर है, जो (E) को छोड़कर अन्य सभी के बराबर है. अतः उत्तराकृति (E) हुई.

75. (E) बिना अक्षर वाली प्रथम आकृति व द्वितीय आकृति में दो बराबर भाग हैं. इस नियम का पालन केवल (E) को छोड़कर सभी में हुआ है.

●●●

उपकार
उत्तर प्रदेश
पुलिस कॉंस्टेबिल
भर्ती परीक्षा
(नवीन परिवर्तित पाठ्यक्रमानुसार)
लेखक : खन्ना एवं वर्मा मूल्य : 35/-
प्रमुख आकर्षण :
● पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्र हल सहित
● सामान्य हिन्दी
● सामान्य ज्ञान
● हिन्दी निबन्ध
विषय के विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा लिखित इस पुस्तक में नवीन पाठ्यक्रम के सभी पहलुओं पर प्रामाणिक, ज्ञानवर्द्धक एवं विश्लेषणात्मक सामग्री दी गई है.
उपकार प्रकाशन
2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

English Language

Directions—(Q. 1–11) Read the following passage to answer the questions given. Some words in the passage are printed in **bold** to help you to locate them while answering some of the questions.

इटली के पूर्व प्रधानमंत्री बेटिनो क्राक्सी (Bettino Craxi) का गत जनवरी में ट्यूनीशिया में निधन हो गया. भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते वह 1994 से ट्यूनीशिया में निर्वासन में रह रहे थे.

हेडी लामर

बीते दशकों की हॉलीवुड की विश्व प्रसिद्ध आस्ट्रियाई अभिनेत्री हेडी लामर (Hedy Lamarr) का गत जनवरी माह में 86 वर्ष की आयु में लॉस एंजिल्स में निधन हो गया. अपने समय में विश्व की सबसे सुंदर महिला के रूप में उन्हें ख्याति प्राप्त थी.

डॉन बज

अमरीका के बीते वर्षों के महान् टेनिस खिलाड़ी डॉन बज का गत 26 जनवरी को स्क्रांटन में निधन हो गया. वह 84 वर्ष के थे. 1938 में उन्होंने टेनिस की चारों ग्रांड स्लैम स्पर्द्धाएं जीती थीं तथा ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले खिलाड़ी थे.

अल्लारक्खा खान

विश्व प्रसिद्ध जाने-माने तबलावादक उस्ताद अल्लारक्खा खान का गत 3 फरवरी को 81 वर्ष की आयु में मुम्बई में निधन हो गया. वह संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार व पद्मश्री से सम्मानित थे. हाल ही में उन्हें कर्नाटक सरकार ने संगीत के क्षेत्र के चौड़ाइया पुरस्कार से सम्मानित किया था.

शोभना समर्थ

बीते वर्षों की जानी-मानी अभिनेत्री शोभना समर्थ का गत 9 फरवरी को पुणे में निधन हो गया. वह 83 वर्ष की थीं.

चर्चित व्यक्ति

बलवंत सिंह मेहता

भारतीय संविधान सभा के सक्रिय सदस्य रहे बलवंत सिंह मेहता ने गत 8 फरवरी को 100 वर्ष की आयु पूरी करके जीवन के 101 वर्ष में प्रवेश किया है. उनका जन्म 8 फरवरी, 1900 को उदयपुर में हुआ था.

गौरव नाटेकर

भारत के पूर्व डेविस कप टेनिस खिलाड़ी गौरव नाटेकर ने गत 30 जनवरी बंगलौर में टेनिस की प्रसिद्ध महिला खिलाड़ी आरती पोनप्पा से विवाह कर लिया.

इन्द्रजीत राय

उड़ीसा के बहुचर्चित अंजना मिश्र बलात्कार कांड के मामले में राज्य के पूर्व एडवोकेट जनरल इन्द्रजीत रॉय को खुरदा की एक निचली अदालत ने 5 वर्ष के सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा गत 1 फरवरी को सुनाई है. श्री राय पर 11 जुलाई, 1997 को कटक में अपने निवास पर अंजना मिश्र के साथ बलात्कार का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है. सजा सुनाने के पश्चात् पहले तो श्री राय को अदालत में ही गिरफ्तार किया गया, परन्तु बाद में ऊपरी अदालत में अपील का समय प्रदान करते हुए उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया.

ओलुसेगुन ओबासांजो

नाइजीरिया के राष्ट्रपति ओलुसेगुन ओबासांजो इस वर्ष भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे. इस उपलक्ष्य में सम्पन्न उनकी भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश के लिए समझौते पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुए.

बालचन्द्रन चुल्लिकड

केरल के एक मलयालम कवि बालचन्द्रन चुल्लिकड ने हिन्दू धर्म त्याग कर बौद्ध धर्म अपनाने के इरादे की घोषणा गत जनवरी माह में की है. उन्होंने कहा है कि बौद्ध धर्म अपनाने की औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिए वह शीघ्र ही श्रीलंका जाएंगे.

ज्ञातव्य है कि हाल ही में केरल की एक अन्य साहित्यकार माधवी कुट्टी उर्फ कमलादास ने हिन्दू धर्म को त्याग कर इस्लाम धर्म को अपनाया था.

लालकृष्ण आडवाणी

ग्वालियर की एक अदालत ने केन्द्रीय गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को जन प्रतिनिधित्व कानून के उल्लंघन के 18 वर्ष पुराने एक मामले में गत 28 जनवरी को आरोप मुक्त कर दिया. श्री आडवाणी पर आरोप था कि उनका नाम दो स्थानों की मतदातासूची में शामिल था जोकि जन-प्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन है.

चर्चित स्थान

बंगलौर

बंगलौर में एक नए अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना की जाएगी. इसका अनुमोदन केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गत 1 फरवरी को कर दिया है. 1500 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाले इस प्रस्तावित हवाई अड्डे को 'दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार' कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस. एम. कृष्णा ने बताया है.

दिवस / सप्ताह / वर्ष

भारत पर्यटन दिवस–25 जनवरी

गणतंत्र दिवस–26 जनवरी

अन्तर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस–26 जनवरी

कुष्ठ निवारण दिवस–30 जनवरी
(महात्मा गांधी की पुण्य तिथि)

1 फरवरी, 2000–भारतीय तटरक्षक (Coast Guard) का 23वाँ स्थापना दिवस

राष्ट्रीय पॉलिमर दिवस–21 फरवरी
(प्लास्टिक्स के प्रति जन जागृति जाग्रत करने के उद्देश्य से केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा घोषित)

भारत पर्यटन सप्ताह–20–25 जनवरी

तेल संरक्षण पखवाड़ा–17–31 जनवरी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीलंका का स्वतंत्रता दिवस–4 फरवरी

वैलेंटाइन दिवस– 14 फरवरी

पुस्तकें

द रोमांटिक्स (The Romantics)– पंकज मिश्र

द ब्लैक इकोनॉमी इन इंडिया (The Black Economy in India)–अरुण कुमार

द मार्टाइर (The Martyr)– कुलदीप नैयर

(शहीद भगतसिंह के बलिदान पर आधारित)

लाइफ इज़ ए स्क्विरेल (Life Is a Squirrel)– एम. के. काव

ए डिप्लोमेट्स डायरी (1947–1999)

A Diplomat's Diary (1947–1999)

– टी. एन. कॉल

समिति/आयोग

सूचना प्रौद्योगिकी पर दो समितियाँ

सूचना प्रौद्योगिकी की आधुनिकतम तकनीकों को प्रोत्साहन देने व इनके मामले में सरकार को सलाह देने के लिए इस क्षेत्र के उद्यमियों की दो अलग-अलग समितियाँ गत जनवरी माह में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा गठित की गई हैं. इनमें से एक समिति में इस क्षेत्र से सम्बन्धित भारत के तथा दूसरी में अनिवासी भारतीय उद्यमियों को शामिल किया गया है.

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रमोद महाजन इन दोनों ही समितियों के अध्यक्ष हैं.

समारोह/महोत्सव/मेला

सूरजकुण्ड शिल्प मेला

हस्तशिल्प का प्रसिद्ध सूरजकुण्ड शिल्प मेला गत 1–14 फरवरी को फरीदाबाद में सूरजकुण्ड में सम्पन्न हो गया. इस 14वें सूरजकुण्ड शिल्प मेले का प्रसंगीय राज्य इस बार जम्मू-कश्मीर था.

विश्व पुस्तक मेला

नई दिल्ली में गत 5-13 फरवरी को 14वाँ विश्व पुस्तक मेला सम्पन्न हुआ. इसका आयोजन नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा किया गया. यह मेला बाल साहित्य पर केन्द्रित था.

आल्हा महोत्सव

बुंदेलखण्ड क्षेत्र की संस्कृति का परिचायक आल्हा महोत्सव गत 11-18 फरवरी को महोबा (उत्तर प्रदेश) में सम्पन्न हुआ.

ऋषभदेव निर्वाण महामहोत्सव

जैनियों का 6 दिवसीय ऋषभदेव निर्वाण महामहोत्सव गत 5-10 फरवरी को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ.

ताज महोत्सव–2000

भारतीय कला एवं संस्कृति का वार्षिक ताज महोत्सव इस वर्ष 18–27 फरवरी को आगरा में सम्पन्न होगा. इसमें उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव में हस्तशिल्पियों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाती है.

सम्मेलन

अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन

सातवाँ अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन गत जनवरी माह में जमशेदपुर (बिहार) में सम्पन्न हुआ.

जादूगरों का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

विश्व के जादूगरों का एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'मैजिक इंटरनेशनल–2000' गत 26-28 जनवरी को जयपुर में सम्पन्न हुआ.

महिला उद्यमियों का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

महिला उद्यमियों का सातवाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन गत 7-9 फरवरी को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ.

अन्तर्राष्ट्रीय राजस्थानी सम्मेलन

विश्व भर में रह रहे राजस्थानियों के अपनी मातृभूमि के साथ सम्बन्धों को प्रगाढ करने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन 15-16 अप्रैल, 2000 को जयपुर में किया जाएगा. इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वावधान में किया जाएगा.

सभी के लिए शिक्षा पर एशिया प्रशांत सम्मेलन

यूनीसेफ के तत्वावधान में 'सभी के लिए शिक्षा' पर एक एशिया प्रशांत सम्मेलन गत 17-20 जनवरी को बैंकाक में सम्पन्न हुआ.

विश्व आर्थिक मंच की बैठक

विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum—WEF) की 30वीं वार्षिक बैठक गत 27 जनवरी — 1 फरवरी को स्विट्जरलैण्ड में दावोस में सम्पन्न हुई. इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केन्द्रीय वित्तमंत्री यशवंत सिन्हा ने किया. प्रतिनिधिमंडल में कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस. एम. कृष्णा व आन्ध प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्राबाबू नायडू भी शामिल थे.

ऑपरेशन/अभियान

ऑपरेशन स्प्रिंगेक्स

अरब सागर में भारतीय नौसेना अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास फरवरी को प्रारम्भ हुआ. दो माह तक वाले इस युद्धाभ्यास को 'ऑ स्प्रिंगेक्स' नाम दिया गया है. वायु थल सेना व तटरक्षक के दस्ते युद्धाभ्यास में शामिल हैं.

ऑपरेशन विजय चक्र

भारतीय थल सेना व वायु सेना मैदानी इलाकों में युद्धाभ्यास का 'विजय चक्र' गत 11–14 फरवरी को हरियाणा के सीमावर्ती सूरतगढ़ में सम्पन्न

विज्ञान

टैंक रोधी गाइडेंस प्रणाली का विकास

भारत के रक्षा अनुसंधान एवं संगठन (DRDO) ने एक ऐसी टैंक गाइडेंस प्रणाली का विकास कर सफलता प्राप्त की है जिसे टैंक मिसाइलों में लगाने से उनका अचूक होगा. 'फायर एण्ड फॉरगेट' इस प्रणाली से स्वदेशी 'नाग' प्रक्षेपा जोड़ा जाएगा.

अन्तरिक्ष

प्रोटोन रॉकेट के प्रक्षेपण पर प्रतिबन्ध समाप्ति

कजाखस्तान ने अपने बैकानूर केन्द्र से रूसी प्रोटोन रॉकेटों के प्रक्षेपण आरोपित प्रतिबन्ध को फरवरी के सप्ताह में हटा दिया. अक्टूबर 1999 में प्रोटोन रॉकेट के अन्तरिक्ष में नष्ट हो के पश्चात् यह प्रतिबन्ध आरोपित किया था. इस रॉकेट के अवशेष पृथ्वी पर गिरे थे.

पृथ्वी के मानचित्रण हेतु एंडीवर मिशन

पृथ्वी का अब तक का सर्वाधिक सटीक मानचित्र तैयार करने के 11 दिन के मिशन पर 6 अन्तरिक्ष यात्रियों के साथ अन्तरिक्ष स्पेस शटल एंडीवर (Endeavour) ने 11 फरवरी को केप केनेवरल (फ्लोरिडा) अन्तरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी. कमान केविन क्रेगेल के नेतृत्व में इन अन्तरिक्ष यात्रियों ने 197 फुट के राडार एंटीना अन्तरिक्ष में फैला दिया. यह अन्तरिक्ष स्थापित अब तक की सबसे बड़ी संरचना थी. इसकी सहायता से पृथ्वी त्रिआयामी चित्र प्राप्त किए गए हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्धारित कक्षा में उपग्रह स्थापित करने में जापानी रॉकेट की विफलता

इंजन की खराबी के कारण जापान का एक एम-5 रॉकेट गत 10 फरवरी को अपने मिशन में विफल हो गया तथा एक वैज्ञानिक उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में यह न पहुँचा सका. एस्ट्रो-ई (Astro-E) नाम के वैज्ञानिक उपग्रह के साथ इस रॉकेट ने जापान के कागोशिमा अन्तरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी थी.

दुर्घटना

कीनिया एयरवेज का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त

आइवरी कोस्ट की राजधानी आबिदजान से उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही कीनिया एयरवेज का एक यात्री विमान (एयरबस 310) दुर्घटनाग्रस्त होकर गत 30 जनवरी को निकटवर्ती समुद्र तट पर जा गिरा. आबिदजान से लागोस (नाइजीरिया)



की उड़ान पर इस विमान में चालक दल सहित कुल 179 व्यक्ति सवार थे जिनमें से 10 को बचा लिया गया.

ग्वाटेमाला में ज्वालामुखी विस्फोट

ग्वाटेमाला का पकाया (Pacaya) ज्वालामुखी गत 16 जनवरी को फूट पड़ा तथा इसमें से 2000 मीटर की ऊँचाई तक लावा निकलने लगा. यह ज्वालामुखी ग्वाटेमाला का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी बताया जाता है.

'एक दम्पति एक बच्चा' के नियम का उल्लंघन करने पर 84 हजार लोग दंडित

चीनी संवाद एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार चीन के क्वांगदोंग प्रांत में एक से अधिक संतानों को जन्म देने पर 84 हजार लोगों को गत वर्ष दंडित किया गया है. रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इन्हें क्या दंड दिया गया है.

जनसंख्या को नियंत्रित रखने के लिए चीन में शहरी क्षेत्रों में 'एक दम्पति एक बच्चा' का नियम लागू है. ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों को दो संतानें उत्पन्न करने की अनुमति है.

लॉस एंजिल्स के निकट यात्री विमान दुर्घटना

अमरीका में लॉस एंजिल्स के निकट एक यात्री विमान एम डी-80 गत 31 जनवरी को दुर्घटनाग्रस्त होकर प्रशांत महासागर में जा गिरा. अलास्का एयरलाइंस का यह



विमान मेक्सिको के प्यूएर्टा वलार्टा से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान पर था. इस दुर्घटना में विमान पर सवार सभी 88 व्यक्ति मारे गए.

एवरेस्ट शिखर की ऊँचाई

नेपाल सरकार ने एवरेस्ट शिखर की ऊँचाई 8850 मीटर होने के नेशनल जियोग्राफिक सोसायटी के आकलन को स्वीकार नहीं किया है तथा इसे 8848 मीटर ही एक ताजा विज्ञप्ति में माना है.

उल्लेखनीय है कि गत 45 वर्षों से एवरेस्ट शिखर की ऊँचाई 8848 मीटर ही मानी जाती रही है, किन्तु नेशनल जियोग्राफिक सोसायटी ने अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से इसके 8850 मीटर होने का आकलन गत वर्ष किया था.

सहस्त्राब्दी की पहली गणतंत्र दिवस परेड के अवलोकन हेतु 27 वर्ष पूर्व रेल आरक्षण

मुम्बई के एक 61 वर्षीय व्यवसायी फखरुद्दीन हुसैन तालुका ने नई दिल्ली में सहस्त्राब्दी की पहली गणतंत्र दिवस परेड के अवलोकन के लिए मुम्बई-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में ए सी चेयर कार में अपना आरक्षण 27 वर्ष पूर्व 15 जुलाई, 1973 को ही करा लिया था. उस समय रेलयात्रा के अग्रिम आरक्षण हेतु कोई समय सीमा नहीं थी तथा उस टिकट का मूल्य केवल 120 रुपए था. 27 वर्ष पूर्व खरीदे टिकट से फखरुद्दीन ने गत 19 जनवरी को अपनी यह यात्रा मुम्बई से प्रारम्भ की. प. रेलवे ने फखरुद्दीन को सम्मानित करते हुए उन्हें इस टिकट के बदले थ्री टीयर एसी में 1485 रुपए मूल्य का टिकट निःशुल्क प्रदान किया तथा वापसी यात्रा का भी थ्री टीयर ए सी का टिकट निःशुल्क प्रदान किया. नई दिल्ली में उनके आवास की निःशुल्क व्यवस्था भी रेलवे द्वारा की गई.

विविध

जयपुर में जादू अकादमी की स्थापना की योजना

भारत के प्रसिद्ध जादूगर आनंद की जयपुर में एक 'मैजिक एकेडमी' स्थापित करने की योजना है. यह भारत में अपने किस्म की पहली व विश्व में दूसरी ऐसी एकेडमी होगी.

हैदराबाद में थल सेना का सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान

भारतीय थल सेना को सूचना प्रौद्योगिकी की आधुनिकतम तकनीकों से अवगत रखने के लिए एक आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फोमेशन टेक्नोलॉजी (AIIT) की स्थापना हैदराबाद में की जा रही है. गत 24 जनवरी को इसका शिलान्यास आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्राबाबू नायडू ने किया.

इंडिया स्टोनमार्ट–2000

पत्थर उद्योग की 5 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी इंडिया स्टोनमार्ट–2000 गत 2 – 6 फरवरी को जयपुर में सीतापुरा में सम्पन्न हुई. इसका उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया.

टैक्स-स्टाइल्स इंडिया 2000

टेक्सटाइल्स उद्योग की वार्षिक प्रदर्शनी टेक्स-स्टाइल्स इंडिया 2000 का आयोजन गत 2-5 फरवरी को नई दिल्ली में हुआ. इसका आयोजन भारतीय व्यापार सम्वर्द्धन बोर्ड द्वारा किया गया.

लखनऊ में संगीत विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय

उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ में संगीत, नाट्य एवं संस्कृति का एक विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय किया है. इस विश्वविद्यालय हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आवश्यक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है.

तुर्की द्वारा स्वदेशी प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण

तुर्की ने स्वदेश निर्मित पहले बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण गत 10 फरवरी को

शेष पृष्ठ 1163 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



अप्रैल-दिसम्बर 1999 में निर्यातों में 12.93 प्रतिशत की वृद्धि

चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 के पहले 9 महीनों (अप्रैल-दिसम्बर 1999) के दौरान भारत के निर्यातों में डॉलर मूल्य में 12.93 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि में आयातों में वृद्धि 9.02 प्रतिशत की ही रही है. निर्यात वृद्धि दर की तुलना में आयात वृद्धि दर के कम रहने के कारण ही इन 9 महीनों की अवधि में भारत का व्यापार घाटा घटकर 7.038 अरब डॉलर ही रह गया है, जो पूर्व वर्ष की समान अवधि में 7.328 अरब डॉलर का था.

वाणिज्य मंत्रालय के अनंतिम आँकड़ों के अनुसार अप्रैल-दिसम्बर 1999 में भारत के कुल निर्यात 27.42 अरब डॉलर के रहे हैं, जो पूर्व वर्ष की समान अवधि में 24.28 अरब डॉलर के थे. इसके विपरीत अप्रैल-दिसम्बर 1999 में भारत के आयात 34.46 अरब डॉलर के रहे हैं. इनमें 6.98 अरब डॉलर के तेल आयात व 27.47 अरब डॉलर के गैर-तेल आयात शामिल हैं. उल्लेखनीय है कि चालू वित्तीय वर्ष के पहले 9 महीनों में देश के तेल आयातों में जहाँ 57.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. वहीं गैर तेल आयातों में यह वृद्धि 1.07 प्रतिशत की ही रही है.

चालू वित्तीय वर्ष में 5.88 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO) के अग्रिम अनुमानों के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP at Factor Cost) में 5.88 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि होने की सम्भावना है, .जबकि पूर्व वित्तीय वर्ष 1998-99 में यह वृद्धि दर 6.81 प्रतिशत (त्वरित अनुमान) आकलित की गई है. चालू वित्तीय वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर में यह कमी मुख्यतः कृषि क्षेत्र के खराब निष्पादन के कारण आई है. त्वरित अनुमानों के अनुसार 1998-99 में कृषि क्षेत्र में 7.16 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जो अब 1999-2000 में 0.85 प्रतिशत (अग्रिम अनुमान) ही सम्भावित है. 1999-2000 में उद्योग व सेवा क्षेत्र की वृद्धि दरें क्रमशः 6.92 प्रतिशत व 8.19 प्रतिशत आकलित की गई हैं, जो पूर्व वित्तीय वर्ष में क्रमशः 4.02 प्रतिशत व 8.31 प्रतिशत थीं. केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा अर्थव्यवस्था के निष्पादन के यह अग्रिम अनुमान गत 4 फरवरी को जारी किए गए हैं, जबकि 1998-99 के लिए त्वरित अनुमान गत 28 जनवरी को जारी किए गए थे. इनके अनुसार 1998-99 में साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद (1993-94 के मूल्य स्तर पर) 10,81,834 करोड़ रुपए रहा है तथा 1999-2000 में यह 11,45,435 करोड़ रुपए अनुमानित है.

सी एस ओ के अग्रिम अनुमानों के अनुसार 1999-2000 में राष्ट्रीय आय सम्बन्धी अन्य प्रमुख आकलन निम्नलिखित रहे हैं–

	1998-99 (त्वरित अनुमान)	1999-2000 (अग्रिम अनुमान)
सकल घरेलू उत्पाद (चालू मूल्यों पर)		
करोड़ रुपए में	16,12,383	17,66,589
अरब डॉलर में	371	406.11
सकल घरेलू उत्पाद (1993-94 के मूल्यों पर)		
करोड़ रुपए में	10,81,834	11,45,435
सकल राष्ट्रीय उत्पाद (चालू मूल्यों पर)		
करोड़ रुपए में	15,97,416	17,51,622
अरब डॉलर में	367	402.67
शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद अर्थात् राष्ट्रीय आय (चालू मूल्यों पर)		
करोड़ रुपए में	NA	15,69,868
अरब डॉलर में	NA	360.89
प्रति व्यक्ति आय (चालू मूल्यों पर)		
रुपए में	NA	15,841*
प्रति व्यक्ति आय (1993-94 के मूल्यों पर) रुपए में	9739	10151*

* जनसंख्या को 99.1 करोड़ मानते हुए

सीसा युक्त पेट्रोल का उत्पादन बन्द

वाहनों के धुएं से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए अब पूरे देश में केवल सीसा रहित पेट्रोल की ही बिक्री की जाएगी. इसे सुनिश्चित करने के लिए देश भर की रिफायनरियों में सीसायुक्त पेट्रोल का उत्पादन गत 1 फरवरी से बंद कर दिया गया है. यह जानकारी देते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने गत 3 फरवरी को नई दिल्ली में बताया है कि कुछेक क्षेत्रों विशेषतः दूरदराज के क्षेत्रों में मार्च समाप्त होने तक सीसायुक्त पेट्रोल की बिक्री जारी रह सकती है. पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री गंगवार ने बताया सरकार शीघ्र ही केरोसिन पर सब्सिडी कटौती कर सकती है. उन्होंने बताया सन् 2007 तक केरोसिन पर सब्सिडी पूर्णतः समाप्त करने का प्रस्ताव है.

एशियाई विकास बैंक से भारत उदार ऋण उपलब्ध कराने का अनुरोध

केन्द्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने एशियाई विकास बैंक (ADB) से अनुरोध किया है कि भारत को गरीबी निवारण सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उदार ऋण (Soft Loans) उपलब्ध कराए जाने चाहिए. श्री सिन्हा ने बैंक के अध्यक्ष तदाओ चीनो (Tadao Chino) से यह अनुरोध गत 16–20 जनवरी की भारत यात्रा के दौरान उनके साथ सम्पन्न वार्ता में किया. श्री चीनो की इस यात्रा के दौरान एशियाई विकास बैंक का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल भी उनके साथ था. श्री सिन्हा ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में भारत के लिए कम-से-कम 2 अरब डॉलर के ऋण उपलब्ध कराए जाने चाहिए.

अपनी उपर्युक्त यात्रा के दौरान एडीबी अध्यक्ष चीनो ने राजस्थान की प्रमुख [illegible] की आधारिक संरचना विकास की [illegible] करोड़ रुपए की परियोजना के लिए [illegible] करोड़ डॉलर का ऋण स्वीकृत किया. इस ऋण के लिए एशियाई विकास बैंक व राज्य सरकार के मध्य दिसम्बर 1999 समझौता हुआ था.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देश की सांख्यिकीय प्रणाली में सुधार हेतु राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग का गठन

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के सम्बन्ध में एकत्र किए जाने वाले आँकड़ों की शुद्धता के लिए सुझाव देने को केन्द्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग (National Statistical Commission) का गठन गत जनवरी माह में किया है. आन्ध्र

प्रदेश के राज्यपाल एवं रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ. सी. रंगराजन की अध्यक्षता में गठित यह 12 सदस्यीय आयोग देश की मौजूदा सांख्यिकीय प्रणाली की समीक्षा करके इसमें सुधार के लिए अपने सुझाव सरकार को प्रस्तुत करेगा. आयोग को एक वर्ष में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है.

आयोग के अन्य सदस्यों में देश के जाने-माने अर्थशास्त्रियों एवं विशेषज्ञों को शामिल किया गया है. इनमें केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO) के पूर्व निदेशक पी. आर. राव, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान के प्रो. जे. राय, नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) के महानिदेशक डॉ. राकेश मोहन, रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर डॉ. वाई. वेणुगोपाल तथा प्रसिद्ध अर्थशास्त्री वी. आर. पंचमुखी व प्रो. सुरेश तेंदुलकर आदि शामिल हैं.

डाकघर जमाओं व लोक भविष्य-निधि खातों पर ब्याज दरों में कटौतियाँ

देश में ब्याज की दरों में कमी लाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए केन्द्र सरकार ने डाकघरों में विभिन्न प्रकार की जमाओं एवं लोक भविष्यनिधि (PPF) खातों में जमा राशियों पर ब्याज की दरों में गत 15 जनवरी से कटौती कर दी गई है. डाकघरों में बचत खातों में देय ब्याज दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है.

पीपीएफ खातों में जमा राशियों पर देय ब्याज की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 11 प्रतिशत प्रतिवर्ष कर दिया गया है. डाकघरों में एक, दो, तीन व पाँच वर्ष की सावधि जमाओं पर ब्याज दर अब क्रमशः 8, 9, 10 व 10.5 प्रतिशत देय है. डाकघरों के मासिक आय खातों, किसान विकास पत्रों, राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC) के आठवें निर्गम व राष्ट्रीय बचत योजना (NSS) 1992 के तहत देय ब्याज दरों में भी कटौतियाँ की गई हैं. मासिक आय खातों व राष्ट्रीय बचत पत्रों के तहत देय ब्याज दर को घटाकर 11 प्रतिशत किया गया है, जबकि राष्ट्रीय बचत योजना के तहत इसे 10.5 प्रतिशत किया गया है. किसान विकास पत्रों के तहत जमा राशि अब साढ़े छः वर्ष में दोगुनी होगी.

विश्व के कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में अमरीका, ब्रिटेन व जापान का 68 प्रतिशत योगदान

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार विश्व में विदेशों में निवेश करने वाले तीन बड़े राष्ट्र अमरीका, ब्रिटेन व जापान हैं. सर्वेक्षण के अनुसार 1997 के अन्त में विदेशी निवेश की कुल मात्रा 5.2 खरब डॉलर थी जिसमें 68 प्रतिशत योगदान अमरीका, ब्रिटेन व जापान का ही था. कुल निवेश में नीदरलैण्ड्स, इटली व फ्रांस का योगदान 4 से 6 प्रतिशत आकलित किया गया. इस सर्वेक्षण में विदेशों में निवेश करने वाले 29 प्रमुख राष्ट्रों को शामिल किया गया था तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सांख्यिकीय विभाग द्वारा कराया गया इस किस्म का यह पहला सर्वेक्षण था.

जोधपुर में सौर ऊर्जा परियोजना को केन्द्र का अनुमोदन

राजस्थान में जोधपुर में मथानिया गाँव में 140 मेगावाट की समन्वित विद्युत् परियोजना को केन्द्र सरकार ने गत 1 फरवरी को अनुमोदन प्रदान कर दिया है. 871 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत की इस परियोजना के तहत 105 मेगावाट विद्युत् का उत्पादन नैफ्था (Naphtha) को ईंधन के रूप में प्रयोग करके किया जाएगा, जबकि 35 मेगावाट विद्युत् का उत्पादन सौर ऊर्जा से किया जाएगा. वाणिज्यिक स्तर पर सौर ऊर्जा के उपयोग का यह भारत ही नहीं विश्व में भी अपनी किस्म का पहला संयंत्र होगा.

राजस्थान राज्य विद्युत् निगम द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली इस परियोजना के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 50 करोड़ रुपए का अनुदान उपलब्ध कराया गया है. विश्व बैंक एवं 'ग्लोबल एनवायरनमेंट फैसिलिटी' द्वारा इसके लिए 4.9 करोड़ डॉलर की राशि उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि 25 करोड़ ड्यूश मार्क का मृदु ऋण (Soft Loan) जर्मनी की KFW द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा.

परियोजना को केन्द्र सरकार के अनुमोदन की घोषणा करते हुए केन्द्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रमोद महाजन ने गत 1 फरवरी को कहा है कि इसके सफल होने पर ऐसी ही परियोजनाएं देश के अन्य भागों में भी स्थापित की जाएगी.

हिन्दुस्तान लिवर द्वारा मॉडर्न फूड्स लि. का अधिग्रहण

निजी क्षेत्र की कम्पनी हिन्दुस्तान लिवर लि. (HLL) तथा केन्द्र सरकार के मध्य सम्पन्न एक समझौते के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी मॉडर्न फूड्स इंडस्ट्रीज लि. का अधिग्रहण हिन्दुस्तान लिवर द्वारा कर लिया गया है. सरकार ने मॉडर्न फूड्स लि. की ईक्विटी का 74 प्रतिशत भाग हिन्दुस्तान लिवर को बेच दिया है जिसके बदले में हिन्दुस्तान लिवर ने सरकार को 105.45 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान गत 31 जनवरी को किया है. इससे मॉडर्न फूड्स इंडस्ट्रीज लि. अब केन्द्र सरकार व हिन्दुस्तान लिवर लि. का संयुक्त उपक्रम (Joint Venture) हो गई है जिसमें इन दोनों की भागीदारी क्रमशः 26 प्रतिशत व 74 प्रतिशत है. कम्पनी में नई ईक्विटी के लिए हिन्दुस्तान लिवर ने 20 करोड़ रुपए की राशि का और भुगतान किया है, किन्तु इससे कम्पनी की कुल ईक्विटी में हिन्दुस्तान लिवर की भागीदारी 74 प्रतिशत ही रहेगी.

दोनों पक्षों के मध्य सम्पन्न समझौते के तहत संयुक्त उपक्रम कम्पनी के 7 निदेशकों में से 5 हिन्दुस्तान लिवर के होंगे. इनमें प्रबन्ध निदेशक भी शामिल हैं. अध्यक्ष सहित शेष दो निदेशकों की नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा की जाएगी.

मॉडर्न फूड्स के साथ-साथ इंडियन एयरलाइन्स के निजीकरण का फैसला भी सरकार ने गत 25 जनवरी को ही किया है. इंडियन एयरलाइन्स की 51 प्रतिशत ईक्विटी निजी क्षेत्र को बेचने की संस्तुति केलकर समिति ने दो वर्ष पूर्व ही की थी. इसके अनुरूप ही सरकार ने इंडियन एयरलाइंस की 26 प्रतिशत ईक्विटी किसी रणनीतिक साझीदार को तथा 25 प्रतिशत ईक्विटी इसके कर्मचारियों, वित्तीय संस्थानों एवं आम जनता को बेचने का निर्णय किया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है. 26 प्रतिशत ईक्विटी की बिक्री के लिए साझीदार का चयन बोलियों (Biddings) के आधार पर किया जाएगा, जैसा कि मॉडर्न फूड्स के मामले में किया गया है. सार्वजनिक क्षेत्र की ही एक अन्य कम्पनी हिन्दुस्तान टेलीप्रिंटर्स लि. (HTL) की भी 74 प्रतिशत ईक्विटी भी निजी क्षेत्र के किसी भागीदार को सौंपे जाने की सम्भावना है. पहले इस कम्पनी की 50 प्रतिशत ईक्विटी निजी क्षेत्र को बेचने के प्रस्ताव का केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनुमोदन किया था, किन्तु इसे अब 74 प्रतिशत करने का प्रस्ताव मंत्रिमंडल के विचाराधीन है.

दवे समिति की रिपोर्ट में नई पेंशन योजना का सुझाव

वृद्धजनों के हितार्थ केन्द्रीय समाज कल्याण मंत्रालय की 'ओल्ड एज सोशल इनकम सिक्योरिटी' (OASIS) परियोजना के तहत गठित दवे समिति ने असंगठित क्षेत्र के लोगों को वृद्धावस्था पेंशन के लाभ उपलब्ध कराने के लिए एक नई पेंशन योजना का सुझाव अपनी रिपोर्ट में दिया है. भारतीय यूनिट ट्रस्ट (UTI) के पूर्व अध्यक्ष एस ए दवे की अध्यक्षता में गठित इस आठ सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट गत जनवरी माह में सरकार को प्रस्तुत की है.

अपनी रिपोर्ट में समिति ने कहा है कि देश की कार्यशील जनसंख्या के केवल 11 प्रतिशत भाग को ही वर्तमान में वृद्धावस्था में आय सुरक्षा उपलब्ध है. असंगठित क्षेत्र की जनसंख्या के लिए वृद्धावस्था में आय सुनिश्चित करने के लिए जिस समांतर पेंशन योजना का सुझाव समिति ने दिया है उसके तहत इच्छुक लोगों को बैंकों अथवा डाकघरों में एक निजी रिटायरमेंट खाता (Individual Retirement Account —IRA) खोलना होगा. इस खाते में समय-समय पर धन (एक बार में न्यूनतम 100 रुपए) जमा कराया जा सकेगा. एक वर्ष में इस खाते में कम-से-कम 500 रुपए की राशि जमा कराना अनिवार्य होगा. इस पेंशन निधि का प्रबन्धन करने के लिए 6 प्रोफेशनल फंड मैनेजरों के गठन का सुझाव समिति ने दिया है. सम्पूर्ण पेंशन प्रणाली की निगरानी व उसके विनियमन के लिए एक 'भारतीय पेंशन प्राधिकरण' (Indian Pension Authority—IPA) के गठन का सुझाव भी समिति ने दिया है.

समिति ने संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की मौजूदा पेंशन योजना में सुधार का सुझाव देते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस पेंशन निधि में सरकार का 1.16 प्रतिशत योगदान बन्द किया जाना चाहिए. मौजूदा लोक भविष्यनिधि (PPF) प्रणाली को भी दोषयुक्त बताते हुए इसके स्थान पर एक नई PPF–2 व्यवस्था प्रारम्भ करने का सुझाव समिति ने दिया है.

अजीम प्रेमजी सर्वाधिक धनी भारतीय

अमरीकी वाणिज्यिक पत्रिका फोर्बेस (Forbes) ने भारतीय उद्यमी अजीम हाशिम प्रेमजी का नाम विश्व के सर्वाधिक धनी 10 उद्यमियों की सूची में शामिल किया है. सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की इनकी कम्पनी विप्रो लि. के शेयरों की कीमतों में पिछले दिनों हुई तेज वृद्धि ने इन्हें 'विश्व का सबसे धनी भारतीय' (Richest Indian in the World) बना दिया है. साथ-ही-साथ, विप्रो लि. स्वयं सर्वाधिक बाजार पूँजीकरण (Market Capitalisation) वाली भारतीय कम्पनी हो गई है.

उल्लेखनीय है कि शेयरों की कीमतों में भारी वृद्धि के चलते विप्रो लि. के सभी शेयरों का कुल बाजार मूल्य गत 4 फरवरी को 1,20,737 करोड़ रुपए (लगभग 27 अरब डॉलर) हो गया था. भारतीय कंम्पनियों में इस मामले में जनवरी के अन्तिम सप्ताह में दूसरा स्थान हिन्दुस्तान लिवर लि. का व तीसरा स्थान इन्फोसिस टेक्नोलॉजिस का था, किन्तु फरवरी के पहले सप्ताह में इन्फोसिस टेक्नोलॉजीस ने दूसरा व जी टेलीफिल्मस् ने तीसरा स्थान बना लिया और हिन्दुस्तान लिवर चौथे स्थान पर पिछड़ गई. (इन्फोसिस टेक्नोलॉजीस के 10 रुपए मूल्य के शेयर की बाजार कीमत पिछले महीनों में 10 हजार रुपए के बिन्दु को पार कर गई थी) भारत में सर्वाधिक बाजार पूँजीकरण वाली कम्पनी विप्रो लि. के 75 प्रतिशत शेयर इसके चेयरमैन अजीम प्रेमजी व उनके द्वारा नियंत्रित न्यासों के पास हैं. इससे इनकी कुल सम्पत्ति 90 हजार करोड़ रुपए (21 अरब डॉलर) की हो गई है और वह विश्व के सर्वाधिक धनी भारतीय हो गए हैं.

1999 में विश्व में 827 अरब डॉलर का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश

अंकटाड (UNCTAD) द्वारा जारी अनंतिम आँकड़ों के अनुसार बीते वर्ष 1999 के दौरान सम्पूर्ण विश्व में कुल मिलाकर 827 अरब डॉलर का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) सम्पन्न हुआ है, जो पूर्व वर्ष के 660 अरब डॉलर के कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है.

आँकड़ों के अनुसार 1999 में सम्पन्न 827 अरब डॉलर का कुल विदेशी निवेश में 198 अरब डॉलर का निवेश विकासशील राष्ट्रों में, 609 अरब डॉलर का विकसित राष्ट्रों में तथा शेष 20 अरब डॉ... निवेश मध्य व पूर्वी यूरोप के ... अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों में हुआ ... की दृष्टि से विकासशील राष्ट्रों में ... सर्वाधिक निवेश लैटिन अमेरि... कैरीबियाई क्षेत्र में हुआ है. ... अनुसार विकासशील राष्ट्रों में ... सर्वाधिक 40 अरब डॉलर का विदेशी ... निवेश चीन में हुआ है.

चीनी पर आयात शुल्क अब ... प्रतिशत

देश में चीनी स्टॉक की संतो... स्थिति तथा चालू चीनी वर्ष 1999-... (अक्टूबर-सितम्बर) में उत्पादन की ... सम्भावना के परिप्रेक्ष्य में सरकार ने ... पर आयात शुल्क को 40 प्रतिश... बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने की घोषणा ... फरवरी को की है. इससे पूर्व 30 दि... 1999 को यह शुल्क 27.5 प्रतिश... बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया गया था. ... शुल्क में इन वृद्धियों का उद्देश्य घ... चीनी आयात पर अंकुश लगाना बताय... है.

सरकारी आकलन के अनुसार ... चीनी वर्ष में देश में 160 लाख टन ... का उत्पादन सम्भावित है, जबकि गत ... वर्ष का भी 67 लाख टन बकाया स्टॉ... वर्ष के दौरान उपलब्ध है.

मध्य प्रदेश के बजट में 330.8... करोड़ रुपए के नए कर

मध्य प्रदेश विधान सभा में गत ... फरवरी को प्रस्तुत वर्ष 2000-200... राज्य सरकार के बजट में 330.84 क... रुपए के अतिरिक्त राजस्व के कर प्र... शामिल हैं. इन्हें समायोजित करने ... पश्चात् वर्षान्त में बजट घाटा 80... करोड़ रुपए रहने का अनुमान व्यक्त ... गया है.

राज्य के वित्त मंत्री अजय ... मुश्रान के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 1... 2000 में 408.83 करोड़ रुपए का ... रहने का अनुमान लगाया गया था. ... कर राजस्व वसूली कम रहने के ... वर्षान्त में बजट घाटा 535.15 करोड़ ... रहने का संशोधित अनुमान है. उल्लेख ... है कि श्री मुश्रान को लगातार सातवीं ... मध्य प्रदेश का बजट प्रस्तुत करने ... अवसर प्राप्त हुआ है. प्रदेश विधान ... सूत्रों के अनुसार इससे पूर्व मध्य प्रदेश ... बजट लगातार सात बार प्रस्तुत करने ... श्रेय प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री मिश्री ... गंगवाल को प्राप्त है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रीय परिदृश्य

निर्माण से पहले ही विवादित हो गई दीपा मेहता की फिल्म वाटर

बहुचर्चित फिल्मों 'अर्थ–1942' व 'फायर' की निर्देशिका दीपा मेहता की नवीनतम फिल्म 'वाटर' निर्माण से पहले ही विवादित हो गई है. सन् 1930 के आसपास बनारस में चलने वाले विधवा आश्रमों में व्याप्त अनियमितताओं पर आधारित इस फिल्म की शूटिंग बनारस में ही करने का उनका इरादा था, किन्तु कतिपय लोगों के विरोध के कारण यह शूटिंग गत जनवरी के अन्तिम सप्ताह में वहाँ प्रारम्भ ही न की जा सकी. विरोध करने वाले संगठनों ने फिल्म की पटकथा को भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ बताते हुए आरोप लगाया है कि

इस फिल्म के माध्यम से यह प्रचार किया जा रहा है कि बाल विधवाओं के साथ वेश्यावृत्ति कराई जाती थी. उन्होंने कहा है कि वे बनारस में इस फिल्म की शूटिंग नहीं होने देंगे. शूटिंग को रोकने के लिए विरोधियों ने फिल्म के सैट के साथ गत 30 जनवरी को व्यापक तोड़फोड़ की तथा इसे आग की भेंट चढ़ा दिया. कानून व्यवस्था को बिगड़ने से रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने फिलहाल इस फिल्म के उत्तर प्रदेश में फिल्मांकन पर रोक लगा दी है.

दीपा मेहता के निर्देशन वाली इस फिल्म के निर्माता डेविड हेमिल्टन तथा कार्यकारी निर्माता कनाडा के अजय विरमानी हैं. 'फायर' में मुख्य भूमिकाएं निभाने वाली शबाना आजमी व नंदिता दास की ही इस फिल्म में भी मुख्य भूमिकाएं हैं. फिल्म में विधवाओं की भूमिकाओं का निर्वाह करने के लिए शबाना आजमी ने अपना सिर मुंडवा लिया था, जबकि नंदिता दास के बाल बहुत छोटे किए गए थे.

'वाटर' की निर्माण यूनिट ने फिल्म के विरोध के प्रति चिन्ता व्यक्त करते हुए इससे भारी हानि की आशंका व्यक्त की है. यूनिट के एक प्रवक्ता के अनुसार फिल्मांकन प्रारम्भ होने से पूर्व ही इस पर 3 करोड़ का व्यय किया जा चुका है. बताया गया है कि फिल्म का विरोध मुख्यतः संघ परिवार से सम्बद्ध संगठनों द्वारा किया जा रहा है, जबकि इसकी पटकथा को केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा पहले ही अनुमोदित किया जा चुका है. फिल्म की निर्देशिका दीपा मेहता ने इस मामले में केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप की माँग की है.

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की अध्यक्ष जागीर कौर विवादों के घेरे में

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (SGPC) की अध्यक्षा बीबी जागीर कौर इन दिनों विवादों के घेरे में आ गई हैं. समिति में मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के समर्थकों ने गत वर्ष गुरचरण सिंह तोहड़ा के स्थान पर बीबी जागीर कौर को सिखों की मिनी-पार्लियामेन्ट कही जाने वाली इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था. इसी गुट ने तोहड़ा समर्थक भाई रणजीत सिंह को हटाकर उनके स्थान पर भाई पूरन सिंह को सिखों की सर्वोच्च आध्यात्मिक सीट अकाल तख्त का जत्थेदार नियुक्त किया था. भाई पूरन सिंह ने हाल ही में बीबी जागीर कौर पर अकाल तख्त के एक फैसले का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उन्हें सिख धर्म से निष्कासित करने का हुक्मनामा जारी किया है. यह मामला अकाल तख्त द्वारा हाल ही में स्वीकार किए गए 'नानकशाही कैलेण्डर' से सम्बन्धित है. इस कैलेण्डर की रचना कनाडा के विद्वान सिख पालसिंह पुरेवाल ने की है तथा इसे अपनाने से विभिन्न सिख गुरुओं के जन्म दिन व अन्य पर्व आदि के हर वर्ष अलग-अलग तिथियों में पड़ने की विसंगतता समाप्त हो जाती. पहले से लागू विक्रमी कैलेण्डर का अनुसरण करने से यह तिथियाँ हर वर्ष अलग-अलग हो जाती थी. अकाल तख्त ने नानकशाही कैलेण्डर पर रोक लगाते हुए गुरु गोविन्द सिंह का जन्म दिन 14 जनवरी, 2000 को मनाने की घोषणा की थी, किन्तु इसका अनुपालन न करते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने इसे 5 जनवरी को (नानकशाही कैलेण्डर के अनुरूप) मनाया. इस मामले में अकाल तख्त के निर्णय की अवहेलना करने के आरोप पर जत्थेदार भाई पूरन सिंह ने बीबी जागीर कौर को सिख धर्म से निष्कासित करते हुए उन्हें अकाल तख्त के समक्ष पेश होने का हुक्मनामा गत 25 जनवरी को जारी किया. जागीर कौर ने इस हुक्मनामे की वैधता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए इसके परिप्रेक्ष्य में अकाल तख्त के समक्ष प्रस्तुत होने से इंकार कर दिया, जबकि प्रबन्धक समिति के 10 अन्य सदस्य इसी सिलसिले में गत 2 फरवरी को अकाल तख्त के समक्ष सजा के लिए उपस्थित हुए. इन सभी को तनखैया (धार्मिक अपराध के दोषी) घोषित करते हुए दो दिन तक लंगर के झूठे बर्तन साफ करने का हुक्मनामा अकाल तख्त के जत्थेदार पूरन सिंह ने जारी किया है. समिति की अध्यक्षा जागीर कौर के अतिरिक्त शेष सभी 14 सदस्यों ने जत्थेदार पूरन सिंह के हुक्मनामे का समर्थन किया है.

जागीर कौर पर एक अन्य आरोप शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के कोष के दुरुपयोग का भी लगाया गया है. अमृतसर स्थित सिख गुरुद्वारा न्यायिक आयोग (SGJC) ने इस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए उन्हें व 4 अन्य को 6 मार्च, 2000 को आयोग के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है. इस मामले में एक याचिका ऑल इंडिया शिरोमणि अकाली दल की युवा शाखा के उपाध्यक्ष द्वारा दायर की गई है जिसमें कहा गया है कि द. अफ्रीका में सम्पन्न विश्व धर्म सम्मेलन में अपनी दो पुत्रियों व एक अन्य को अपने साथ ले जाकर बीबी जागीर कौर ने समिति के कोष का दुरुपयोग किया है.

हवाला मामले में सभी आरोपी बरी

65 करोड़ रुपए की हेराफेरी के बहुचर्चित हवाला कांड का गत 31 जनवरी को उस समय पटाक्षेप हो गया जब इस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मामले में शेष बचे सभी 7 आरोपियों को सीबीआई की दिल्ली स्थित विशेष अदालत ने आरोप मुक्त कर दिया. इनमें इस मामले में सर्वाधित चर्चित रहे दोनों जैन बन्धु–ए. के. जैन व ए.न. के. जैन तथा निग्वेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (NLC) के पूर्व अध्यक्ष एम.पी. नारायणन भी शामिल थे. इस मामले में सी बी आई ने कुल मिलाकर 56 विभिन्न व्यक्तियों के विरुद्ध आरोप पत्र 1995-96 में दायर किए थे जिनमें अनेक जाने माने राजनीतिज्ञ व नौकरशाह शामिल थे. इनमें से उपर्युक्त सात के अतिरिक्त शेष सभी आरोपियों को सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्णय के आधार पर पहले ही आरोप मुक्त किया जा चुका था. विशेष न्यायाधीश वी बी गुप्ता की अदालत ने शेष बचे जिन 7 आरोपियों को अब 31 जनवरी के अपने आदेश में आरोपमुक्त किया है, यह वह आरोपी थे जिनके विरुद्ध सर्वप्रथम आरोप पत्र दायर किया गया था.

स्टेंस हत्याकाण्ड के मुख्य अभियुक्त दारा सिंह की गिरफ्तारी

उड़ीसा के केओंझर जिले में मनोहरपुर में आस्ट्रेलियाई मिशनरी ग्राह्म स्टेंस व उनके दो पुत्रों को 22 जनवरी, 1999 को जीवित जलाकर मार देने वाले हत्याकाण्ड के प्रमुख अभियुक्त दारा सिंह को राज्य के बारीपद जिले के निकट गुहारी वन से



पुलिस के एक विशेष दस्ते ने गत 1 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया. पिछले एक वर्ष के दौरान अनेक बार वह पुलिस के हाथों बच निकला था. दारा सिंह, जिसका वास्तविक नाम रवीन्द्र कुमार पाल है, की गिरफ्तारी के लिए 8 लाख रुपए का पुरस्कार सरकार ने घोषित किया हुआ था.

'प्लीजेंट स्टे' होटल घोटाले में जयललिता को एक वर्ष की सजा

भ्रष्टाचार के मामलों की सुनवाई कर रही चेन्नई की एक विशेष अदालत ने ऑल इंडिया अन्ना द्रमुक (AIADMK) की महासचिव एवं तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री जयललिता व उनके सहयोगी एवं वर्तमान सांसद टी. एम. सेल्वागणपति सहित पाँच अभियुक्तों को 1994 में कोडैकेनाल स्थित बहुमंजिले प्लीजेंट स्टे होटल के निर्माण के मामले में नियमों के उल्लंघन का दोषी ठहराते हुए एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास व अर्थ दंड की सजा गत 2 फरवरी को सुनाई है. अभियुक्तों को अपने बचाव में उच्च न्यायालय में अपील का समय प्रदान करते हुए न्यायालय ने इस सजा के कार्यान्वयन को 3 मार्च, 2000 तक निलम्बित रखा है. अदालत के फैसले से स्तब्ध सुश्री जयललिता ने जुर्माने की राशि का भुगतान तत्काल कर दिया है. अदालत के इस निर्णय के पश्चात् जयललिता समर्थकों ने पूरे राज्य में हिंसक प्रदर्शन किए. क्रुद्ध कार्यकर्ताओं ने धर्मपुरी में एक कॉलेज बस को आग लगाकर 3 छात्राओं को जीवित जला दिया.

इससे पूर्व एक अन्य बहुचर्चित तांसी (TANSI) भूमि घोटाले के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय ने सुश्री जयललिता व 5 अन्य आरोपियों को 13 जनवरी को आरोप मुक्त कर दिया था. चेन्नई की विशेष अदालत ने इनके विरुद्ध जून 1999 में आरोप निर्धारित किए थे.

पुरुलिया कांड में 6 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

1995 के बहुचर्चित पुरुलिया कांड में कलकत्ता की एक अदालत ने 6 अभियुक्तों को आजीवन कारावास व अर्थ दंड की सजा गत 2 फरवरी को सुनाई है. इन अभियुक्तों पर 17-18 दिसम्बर, 1995 की मध्य रात्रि को प. बंगाल के पुरुलिया जिले में विभिन्न गाँवों में घातक हथियार विमान से फेंकने का आरोप है. इनमें मुख्य अभियुक्त पीटर ब्लीच ब्रिटेन का शस्त्रों का सौदागर है, जबकि 5 अन्य उस विमान के चालक दल के सदस्य हैं जिससे यह हथियार गिराए गए थे. यह पाँचों लाटविया के नागरिक हैं. गिराए गए हथियारों में बड़ी संख्या में एके–47 राइफलें, रॉकेट लांचर, हथगोले व पिस्तौलें आदि शामिल थे. सी बी आई के अनुसार यह हथियार आनंद मार्ग प्रचारक संघ के लिए गिराए गए थे, किन्तु अदालत के अनुसार आनंदमार्गी संगठन के इस प्रकरण से जुड़ा होने के साक्ष्य नहीं है. इसी परिप्रेक्ष्य में न्यायालय ने मामले के एक अन्य आरोपी आनंदमार्गी विनय कुमार सिंह को इस मामले में बरी कर दिया है. सजा प्राप्त अभियुक्तों ने इस फैसले के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील करने की घोषणा की है.

दूसरा विवाह अवैध, किन्तु उत्पन्न संतान वैध

एक पत्नी के जीवित रहते दूसरा विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत अवैध है, किन्तु ऐसे अवैध विवाह के परिणामस्वरूप उत्पन्न संतान को सर्वोच्च न्यायालय ने वैध करार दिया है. ऐतिहासिक महत्व का यह फैसला सर्वोच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने बिहार की एक महिला रामेश्वरी देवी की याचिका के सन्दर्भ में 30 जनवरी को सुनाया है.

यह मामला बिहार के ग्रामीण विकास प्राधिकरण के प्रबन्ध निदेशक नारायण लाल की दो पत्नियों से सम्बन्धित है. नारायण लाल, जिनकी मृत्यु 1987 में हो गई थी, ने अपनी पहली पत्नी रामेश्वरी देवी के जीवित रहते एक अन्य महिला योगमाया देवी से विवाह कर लिया था. पहली पत्नी रामेश्वरी देवी से एक व दूसरी पत्नी योगमाया देवी से चार संताने उन्हें प्राप्त हुई थीं. नारायण लाल की मृत्यु के पश्चात् पटना उच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया था कि योगमाया को उनकी पेंशन व ग्रेच्युटी की राशि में से कोई हिस्सा नहीं मिलेगा, जबकि उसके चार बच्चे इसके अधिकारी हैं. पटना उच्च न्यायालय के इस निर्णय के विरुद्ध रामेश्वरी देवी ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी. सर्वोच्च न्यायालय ने पटना उच्च न्यायालय के निर्णय को यथावत् रखते हुए यह स्पष्ट किया है कि हिन्दू विवाह अधिनियम के अनुच्छेद 5 की धारा एक के तहत नारायण लाल व योगमाया का विवाह अवैध था, अतः योगमाया को नारायण लाल की विधवा नहीं माना जा सकता, किन्तु इस विवाह के परिणामस्वरूप उत्पन्न संतानों को वैध मानते हुए उन्हें नारायण लाल की सम्पत्ति का उत्तराधिकारी न्यायालय ने स्वीकार किया है.

उत्तर प्रदेश का विवादित धार्मिक स्थल विधेयक राष्ट्रपति को सन्दर्भित

राज्य विधानमंडल द्वारा गत जनवरी माह में पारित विवादित धार्मिक स्थल विधेयक–2000 (U.P. Religious Places and Land Regulation Bill) राज्यपाल सूरजभान ने राष्ट्रपति के विचारार्थ सन्दर्भित कर दिया है. विपक्षी दलों सहित अल्पसंख्यक समुदाय के अनेक संगठनों ने इस विधेयक का विरोध करते हुए इसे मंजूरी न देने की अपील राज्यपाल से की थी.

विधेयक को राष्ट्रपति को सन्दर्भित करने के सन्दर्भ में राज्यपाल ने संवाददाताओं को गत 2 फरवरी को बताया कि इस विधेयक का सम्बन्ध चार केन्द्रीय अधिनियमों से होने के कारण इसको राष्ट्रपति के अनुमोदन को उन्होंने उचित समझा है. इस मामले में राज्य के कुछ नेताओं के वक्तव्यों, कि इसमें मदरसों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भी शामिल किया जाएगा, ने इसके बारे में कुछ गलतफहमियाँ उत्पन्न कर दी हैं. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अनुमोदन से यह सभी गलतफहमियाँ दूर हो जाएंगी.

उत्तर प्रदेश विधानमंडल द्वारा 5 जनवरी, 2000 को पारित इस विधेयक के तहत जिलाधिकारी की अनुमति के बिना सार्वजनिक स्थल पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे या गिरिजाघर का निर्माण नहीं किया जा सकता. इसका उल्लंघन करने पर 1 वर्ष की कैद व 5 हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान विधेयक में किया गया है. राज्य सरकार ने विधेयक लाने का उद्देश्य पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी आई एस आई की गतिविधियों को रोकना बताया गया है.

तथ्य एक दृष्टि में

अन्तर्राज्यीय परिषद् की स्थायी समिति

(Standing Committee of the Inter-State Council)

(7 फरवरी, 2000 को पुनर्गठित)

अध्यक्ष– लाल कृष्ण आडवाणी
(केन्द्रीय गृह मंत्री)

सदस्य– जॉर्ज फर्नांडीस
(केन्द्रीय रक्षा मंत्री)
यशवंत सिन्हा (केन्द्रीय वित्त मंत्री)
जसवंत सिंह
(केन्द्रीय विदेश मंत्री)
मुरासोली मारन (केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री)
सुरेश प्रभु (केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री)
ज्योति बसु (मुख्यमंत्री, पं. बंगाल)
चन्द्राबाबू नायडू (मुख्यमंत्री, आन्ध्र प्रदेश)
एम. करुणानिधि
(मुख्यमंत्री, तमिलनाडु)
दिग्विजय सिंह
(मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश)
फारुख अब्दुल्ला
(मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर)
एस. एम. कृष्णा
(मुख्यमंत्री, कर्नाटक)
पी. के. महंत
(मुख्यमंत्री, असम)
प्रकाश सिंह बादल
(मुख्यमंत्री, पंजाब)

पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में पूर्वोत्तर राज्यों एवं सिक्किम के मुख्यमंत्रियों एवं राज्यपालों का दो दिवसीय सम्मेलन गत 21-22 जनवरी को शिलॉंग में सम्पन्न हुआ. क्षेत्र के विकास एवं सुरक्षा सम्बन्धी मुद्दों पर आयोजित इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर परिषद् को अधिक शक्तिशाली बनाने के लिए एक विधेयक संसद में आगामी सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा. इस क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए 10271 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा भी प्रधानमंत्री ने की. इसमें मिजोरम में एक केन्द्रीय विश्व-विद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव शामिल है.

त्रिपुरा, मिजोरम व मणिपुर में आतंक-वादी गतिविधियों से निपटने के लिए तीन वर्ष के लिए तीन इंडियन रिजर्व बटालियनों के गठन का निर्णय इस सम्मेलन में किया गया. इसके अतिरिक्त सिक्किम में पुलिस बलों का आधुनिकीकरण करने तथा बांग्लादेश की सीमा पर शेष बचे भाग में कंटीले तार की बाढ़ लगाने का कार्य शीघ्र ही पूरा करने का निर्णय भी इसमें किया गया.

संविधान की समीक्षा हेतु 11 सदस्यीय राष्ट्रीय आयोग का गठन

गत 50 वर्षों में संविधान के अनुभवों का अध्ययन करके इसकी समीक्षा के लिए केन्द्र सरकार ने एक 11 सदस्यीय राष्ट्रीय आयोग का गठन गत 13 फरवरी को किया है. आयोग का गठन केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा गत 1 फरवरी को पारित इस आशय के प्रस्ताव के आधार पर किया गया है.

यह आयोग संविधान के बुनियादी ढाँचे में कोई हस्तक्षेप किए बिना इसके प्रावधानों में आवश्यक परिवर्तनों के लिए सुझाव देगा. समीक्षा का उद्देश्य 50 वर्षों के अनुभवों के परिप्रेक्ष्य में यह जाँच करना बताया गया है कि बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप शासन की कुशल, सहज व प्रभावी व्यवस्था के लिए संविधान में किस प्रकार के परिवर्तन किए जाने चाहिए. इसे संसदीय शासन प्रणाली के स्वरूप के तहत ही संविधान में वांछनीय परिवर्तनों के लिए सुझाव देने को कहा गया है.

भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति एम.एन. वेंकटचेलैया की अध्यक्षता में गठित इस आयोग में अध्यक्ष के अति-रिक्त 10 सदस्य शामिल किए गए हैं. इनमें सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बी. पी. जीवन रेड्डी, सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं सरकारिया आयोग के अध्यक्ष रहे न्यायमूर्ति आर. एस. सरकारिया, सर्वोच्च न्यायालय के ही एक अन्य पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति कोंडापल्ली पुनैया, महान्यायवादी सोली सोराबजी, पूर्व महान्यायवादी के. पारासरन, लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष पी. ए. संगमा, लोक सभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, स्टेट्समैन के प्रधान सम्पादक सी. आर. ईरानी, अमरीका में भारत के राजदूत रहे राजनयिक आबिद हुसैन तथा महात्मा गांधी की नातिनी एवं पूर्व सांसद श्रीमती सुमित्रा कुलकर्णी शामिल हैं. सदस्यों के नामों की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार एच. के. दुआ ने कहा है कि आयोग के सचिव पद पर नियुक्ति शीघ्र ही सरकार द्वारा की जाएगी. अयोग का सचिव इस आयोग का सदस्य नहीं होगा. आयोग को एक वर्ष में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है.

1985-86 के बाद के रक्षा सौदों में बिचौलियों की मौजूदगी की जाँच

रक्षा मंत्रालय ने 1985-86 के बाद के रक्षा सौदों में बिचौलियों की मौजूदगी की जाँच कराने के आदेश केन्द्रीय सतर्कता आयोग को गत 5 फरवरी को दिए हैं. 1985-86 में सरकार ने रक्षा सौदों में बिचौलियों की भूमिका को प्रतिबन्धित कर दिया था. तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने यह आदेश बोफोर्स तोप सौदे में दलाली कांड के पश्चात् जारी किए थे. प्रतिबन्ध के बावजूद ऐसे सौदों में बिचौलियों की मौजूदगी के आरोपों के परिप्रेक्ष्य में सरकार ने यह जाँच कराने के आदेश दिए हैं. यह जाँच केन्द्रीय जाँच ब्यूरो व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के माध्यम से की जाएगी.

रक्षा सौदों में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से भविष्य में होने वाले सभी ऐसे सौदों की सी वी सी तथा नियंत्रक एवं महा-लेखा परीक्षक के द्वारा समयबद्ध एवं अनि-वार्य जाँच की प्रणाली विकसित करने का निर्णय भी सरकार ने किया है.

पल्स पोलियो टीकाकरण के तहत 13.5 करोड़ बच्चों को पोलियो की खुराक

सन् 2000 के अन्त तक विश्व से पोलियो की समाप्ति के विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए भारत में इस बार 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को लगातार चार महीनों तक (प्रति माह में एक बार) पोलियो की खुराक पिलाई गई. पल्स पोलियो के यह चार चरण देश भर में अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर 1999 में तथा जनवरी 2000 में सम्पन्न हुए. स्वास्थ्य मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार इनमें से

शेष पृष्ठ 1163 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

सिंगापुर के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

भारत के साथ वाणिज्यिक सम्बन्धों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सिंगापुर के प्रधानमंत्री गोह चोक तोंग (Goh Chok Tong) ने गत जनवरी के उत्तरार्द्ध में 6 दिन की भारत यात्रा की. देश के उच्च स्तरीय वाणिज्यिक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए श्री तोंग ने राष्ट्रपति के. आर. नारायणन व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ वार्ताएं सम्पन्न करने के साथ-साथ प्रमुख उद्यमियों की बैठकों को भी सम्बोधित किया.

भारत में विभिन्न वार्ताओं के दौरान सिंगापुर के प्रधानमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में गहरी रुचि प्रदर्शित की तथा इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को सिंगापुर आने का निमंत्रण दिया. नई दिल्ली के अतिरिक्त वह हैदराबाद, बंगलौर व चेन्नई भी गए. हैदराबाद में दो दिन प्रवास के दौरान श्री तोंग ने 'हाइटेक सिटी' का अवलोकन किया. बंगलौर में उन्होंने सिंगापुर के सहयोग से स्थापित 'अन्तर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पार्क' का उद्घाटन किया.

सैन्य सरकार के प्रति वफादारी की शपथ न लेने पर पाकिस्तानी सर्वोच्च न्यायालय के 6 न्यायाधीश पदच्युत

पाकिस्तान की सैन्य सरकार द्वारा जारी अंतरिम संवैधानिक आदेश (Provisional Constitutional Order) के प्रति वफादारी की शपथ न लेने पर वहाँ के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सईद उज्मान सिद्दीकी सहित 6 न्यायाधीशों को उनके पद से गत 26 जनवरी को हटा दिया गया है. सर्वोच्च न्यायालय के 13 न्यायाधीशों में से जिन सात ने नई शपथ ग्रहण की उनमें से ही एक न्यायमूर्ति इरशाद हसन खान को देश का सर्वोच्च न्यायाधीश मुशर्रफ सरकार ने नियुक्त किया है.

उल्लेखनीय है कि नवाज शरीफ सरकार का तख्ता पलटने के पश्चात् जनरल मुशर्रफ की सैन्य सरकार ने उपर्युक्त अंतरिम संवैधानिक आदेश 15 अक्टूबर, 1999 को जारी किया था. इसमें संविधान के स्वरूप को बरकरार रखते हुए यह कहा गया था कि न्यायपालिका सैन्य सरकार के विरुद्ध कोई आदेश पारित नहीं कर सकेगी. हाल ही में जब सैन्य सरकार के विरुद्ध एक याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई होने को थी तभी जनरल मुशर्रफ ने सभी न्यायाधीशों से उपर्युक्त संवैधानिक आदेश के प्रति नई शपथ लेने के आदेश जारी किए थे. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के अतिरिक्त सभी चारों उच्च न्यायालयों तथा शरियत कोर्ट के न्यायाधीशों को भी पुनः शपथ लेने के निर्देश जारी किए गए थे. इन न्यायालयों के लगभग 100 न्यायाधीशों में से भी 15 ने नई शपथ लेने से इनकार करके अपने पद खो दिए हैं.

थाईलैण्ड के अस्पताल में कमांडो कार्यवाही द्वारा सैकड़ों बंधकों की रिहाई

थाईलैण्ड में बैंकाक के निकट रत-चाबुरी (Ratchaburi) में एक अस्पताल में गत 25 जनवरी को कमांडो कार्यवाही करके बंधक बनाए गए सैकड़ों मरीजों व अस्पताल के स्टाफ को मुक्त करा लिया गया. सीमावर्ती म्यांमार के अल्पसंख्यक कारेन (Karen) सम्प्रदाय की 'ईश्वर की सेना' (God's Army) के सशस्त्र उग्रवादियों ने एक दिन पूर्व ही इन्हें बंधक बना लिया था. म्यांमार सरकार के विरोधी यह उग्रवादी कारेन सम्प्रदाय के लोगों को थाईलैण्ड में शरण दिए जाने तथा थाई सीमा पर गोलाबारी रोकने की माँग कर रहे थे.



बंधकों की रिहाई के लिए थाई अधिकारियों की वार्ता असफल होने पर सैन्य अधिकारियों से मंत्रणा के पश्चात् प्रधान चुआन लीकपई (Chuan Leekpai) ने अन्ततः कमांडो कार्यवाही की अनुमति प्रदान कर दी. चिकित्सकों के भेष में अस्पताल प्रवेश करके थाईलैण्ड के कमांडोस् ने ही सभी 10 उग्रवादियों पर काबू पा लिया तथा इनमें से 9 को तत्काल ही मार दिया गया. बचा हुआ एक उग्रवादी भी भागते हुए मारा गया. इस सम्बन्ध में प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उग्रवादियों ने समर्पण कर दिया था, किन्तु कमाण्डोस् ने उन्हें मार दिया. म्यांमार सैन्य सरकार ने विद्रोहियों के विरुद्ध गई थाई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त है.

हंस ब्लिक्स इराक हेतु नए निरीक्षण आयोग के अध्यक्ष

इराक में शस्त्र निरीक्षण कार्य के संयुक्त राष्ट्र विशेष आयोग (United Nations Special Commission—UNSCOM) के स्थान पर जिस नए यूनाइटेड नेशंस मॉनिटरिंग, वेरीफिकेशन एण्ड इंस्पेक्शन कमीशन (UNMOVIC) का गठन सुरक्षा परिषद् ने किया है, अध्यक्ष पद हेतु स्वीडन के राजनयिक ब्लिक्स (Hans Blix) के नाम पर परिषद् में सहमति गत जनवरी माह में है. हंस ब्लिक्स संयुक्त राष्ट्र संघ अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के निदेशक रह चुके हैं.

दिसम्बर 1999 में गठित इस आयोग की अध्यक्षता के लिए संयुक्त महासचिव कोफी अन्नान ने स्वीडिश नयिक रोल्फ एक्यूस (Rolf Ekeus) मनोनयन 17 जनवरी, 2000 को किया जिसके प्रति इराक ने असन्तुष्टि व्यक्त थी. रिचर्ड बटलर से पूर्व एक्यूस पहले आयोग UNSCOM के भी अध्यक्ष रह थे तथा इस रूप में उनके कामकाज इराक संतुष्ट नहीं रहा था. एक्यूस अमरीकी हितों का हितपोषक मानते सुरक्षा परिषद् के तीन स्थायी सदस्यों चीन व फ्रांस ने भी उनके नाम का किया था.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रिटेन जाने वाले एशियाइयों से 'गारंटी बांड' भरवाने का प्रस्ताव

ब्रिटेन में अवैध रूप से बसने के इच्छुक भारतीयों, पाकिस्तानियों एवं बांग्लादेशियों पर अंकुश लगाने के लिए ब्रिटिश सरकार वहाँ आने वाले भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों से 10 हजार पौंड का 'यात्रा गारंटी बांड' भरवाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है. ब्रिटेन से वापस न आने की स्थिति में इस राशि को जब्त किए जाने का प्रस्ताव है. वीसा की निर्धारित अवधि तक वापस स्वदेश लौट आने पर यह राशि वापस कर दी जाएगी.

इस प्रस्ताव की घोषणा भारत में ब्रिटेन के उप उच्चायुक्त टिम मेकेन ने गत 31 जनवरी को नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में की. उन्होंने बताया कि विशेष परिस्थितियों में आकलन अधिकारी को यह राशि माफ करने का भी अधिकार होगा. प्रस्ताव की घोषणा करते हुए श्री मेकेन ने यद्यपि यह दावा किया है कि इससे निर्धारित राशि देकर भारतीयों के ब्रिटेन जाने के अवसरों में वृद्धि होगी, किन्तु वास्तविकता इसके विपरीत होने की सम्भावना है. भारत के साथ-साथ ब्रिटेन में भी इस प्रस्ताव का व्यापक विरोध किया गया है. भारत सरकार के एक प्रवक्ता ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि इस प्रस्ताव के लागू होने की दशा में भारत द्वारा भी 'जवाबी कार्यवाही' की जाएगी.

ढाका व अगरतला के मध्य बस सेवा 14 अप्रैल से

भारत व बांग्लादेश के मध्य कलकत्ता-ढाका के पश्चात् अब अगरतला व ढाका के बीच सीधी बस सेवा बंगाली नव वर्ष के पहले दिन 14 अप्रैल से प्रारम्भ होने की सम्भावना है. इससे त्रिपुरा के बंगालियों को बड़ी राहत मिलेगी.

अगरतला व ढाका के मध्य सीधी बस सेवा प्रारम्भ करने के लिए भारत व बांग्लादेश के मध्य सहमति केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री अजित कुमार पांजा की गत जनवरी माह में सम्पन्न बांग्लादेश यात्रा के दौरान हुई है. 20–22 जनवरी, 2000 को सम्पन्न यह यात्रा अक्टूबर 1999 में वाजपेयी सरकार के पुनः सत्ता में आने के पश्चात् किसी भारतीय मंत्री की बांग्लादेश की पहली यात्रा थी.

श्री पांजा की बांग्लादेश यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग हेतु एक सहमति-पत्र (MOU) पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुए तथा बेनापोल-पेत्रापोल रेल सेवा प्रारम्भ करने की दिशा में विभिन्न बाधाओं पर चर्चा हुई. दोनों देशों के बीच यह सीधी रेल सेवा भी शीघ्र ही प्रारम्भ होने को है. यात्री गाड़ी सेवा प्रारम्भ करने से पूर्व दोनों देशों के बीच पहले मालगाड़ी सेवा प्रारम्भ की जाएगी.

हिलेरी क्लिंटन द्वारा सीनेट का चुनाव लड़ने की घोषणा

अमरीका की प्रथम महिला हिलेरी रोधम क्लिंटन ने न्यूयॉर्क से सीनेट का चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा गत 5 फरवरी को की है. अमरीका के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी कार्यशील राष्ट्रपति की पत्नी के द्वारा किसी राजनीतिक पद की दावेदारी की गई है. न्यूयॉर्क से सीनेट की यह सीट लिबरल डेमोक्रेटिक डेनियल पेट्रिक मोयनिहान द्वारा रिक्त की जाएगी जिन्होंने अवकाश ग्रहण करने की घोषणा की है.

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

13 विभिन्न यूरोपीय एवं एशियाई देशों के अपने दौरे के दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति अब्दुर रहमान वाहिद गत 8-9 फरवरी को

कद बढ़ाने के लिए
इस शताब्दी की
महान उपलब्धि
हर्बो-हाईट-थैरेपी

Herbo-Height-Therapist
Dr. O. P. BAGGA



INTERVIEW

☐ **हाईट स्टॉप होने के बाद फरदर हाईट-ग्रोथ के सन्दर्भ में हर्बो-हाईट-थैरेपी (एच-एच-टी) की क्या भूमिका है और कहां तक सफल है ?**

■ बावजूद इसके कि फरदर हाईट-ग्रोथ के लिए कोई विकल्प खोजा जाता, मॉडर्न साइंस ने यह कहकर एकतरफा फुलस्टॉप (.) लगा दिया : "हाईट-ग्रोथ एक नैचुरल फेनामेना है, इसकी कोई दवाई नहीं" इस टिप्पणी ने न केवल मॉडर्न साइंस कद छोटा कर दिया, बल्कि सारी दुनियाँ को निराश कर दिया। इतिहास साक्षी है, आवश्यकता के आधीन मनुष्य ने असम्भव को सम्भव किया है, उसमें सुधार किया है, परिवर्तन लाया है, नया विकल्प दिया है, परन्तु हार नहीं मानी।

■ इस निराशा को आशा में बदला है आयुर्वेद की कोख से जन्मी **"हर्बो-हाईट-थैरेपी"** ने। आशा से परे एक नया विकल्प दिया, नये मानदण्ड दिये, नया मार्ग प्रशस्त किया और खोल दिये बन्द दरवाजे फरदर हाईट ग्रोथ के।

■ स्त्री हो या पुरुष —35 वर्ष तक, हाईट रुक जाने के बाद भी, विवाह होने के बाद भी, बच्चा होने के बाद भी, नार्मल गति से फास्ट भी, बिना हानि, बिना परहेज, बिना टेस्ट, बिना व्यायाम अपनी हर्बल-शक्ति-प्रकिया से बढ़ाती है हाईट युवाकाल तक।

■ काल-कसौटी पर टैस्टिड एच.एच.टी. की प्रैक्टिस अब चौथे दशक मे चल रही है। देश-विदेश के बहु-सहस्र उपभोक्ता इससे फलीभूत हो चुके हैं।

■ क्लेम इसका झूठा साबित नहीं हुआ सरकारी चैलेज में, जुडिशियल एक्जामीनेशन में, डैमो टैस्ट मे व अन्य परीक्षणो में भी।

■ उपभोक्ता की सन्तुष्टि हमारा कर्त्तव्य है। हाईट नाप कर लेना, नाप कर देना हमारा रूटीन है। अपने-आप में यह सफलता का आधार है।

☐ **हाईट-ग्रोथ-प्रक्रिया कब-कब, कैसे-कैसे, कितनी-कितनी होती है ? इस थैरेपी की तुलना नार्मल-ग्रोथ से करें।**

■ लगभग 50 सेंमी. के साथ बच्चा जन्म लेता है और करीब डबल हो जाता है दो वर्ष में। ये 100 सेंमी. व्यक्ति की बेसिक ग्रोथ है। शेष सेंमी. व्यक्ति के नार्मल-ग्रोथ के हैं। इनको आयु से भाग दे तो नार्मल-ग्रोथ-रेशो लगभग 3-2-1 एम.एम. मासिक मिलेगी। हर्बो-हाईट-थैरेपी से मासिक-ग्रोथ-रेशो बॉडी के प्लस और माइनस स्टेट्स व अनवायरनमेंट के अनुसार 10-9-8-7-6-5-4-3 एम.एम. होती है जो नार्मल-ग्रोथ से फास्ट है।

■ एच-एच-टी पहले तीन मास के शॉर्ट कोर्स में लगभग 20 से 40 एम.एम. (2 से 4 सेंमी.), 50 से 100 एम.एम. (5 से 10 सेंमी.) एक वर्ष के फुल कोर्स से हाईट बढाती है। 5 से 10 एम.एम. एक मास के ट्रायल डोज़ज से भी बढ़ती है।

☐ **हर्बो-हाईट-थैरेपी का कन्सैप्ट क्या है ? कैसे 35 वर्ष तक हाईट बढ़ाती है ?**

■ हर्बो-हाईट-थैरेपी एक सफल आयुर्वेदिक कन्सैप्ट है। आयुर्वेद में सुश्रत ने युवाकाल को 40 वर्ष तक माना है। स्वास्थ की दृष्टि से हमने इसे 35 वर्ष तक कहा है। जब तक शरीर में 'प्लस एक्शन' होता रहता है, शरीर में परिवंतन आ सकता है, लाया जा सकता है शारिरिक रचना एवं क्षमता के अनुसार।

■ यह प्रक्रिया पूर्ण होती है सर्वधातु-पुष्टि-प्रक्रिया से। हम जो कुछ भी खाते हैं, वह सब परिवर्तित होता है, क्रमशः रस, रक्त, मास, मेध, अस्थि, मज्झा और शुक्र से जो हमारे शरीर का आधार है। इसमें अस्थि और मज्झा हमारा बोनी सिस्टम है और जब बोनी सिस्टम स्टिमूलेट होता है, तो हमारी हाईट बढ़ती है।

■ युवतियों और युवकों मे प्रायः यह प्रक्रिया वय-सन्धि की अवस्था तक चलती रहती है भोजन-शक्ति-प्रक्रिया से। इसके बाद प्रायः हाईट बढनी रूक जाती है और आगे नहीं बढ़ती। परन्तु अब हर्बो-हाईट-थैरेपी की हर्बल-शक्ति-प्रक्रिया से युवाकाल (35 वर्ष) तक हाईट सफलतापूर्वक बढ़ जाती है शारीरिक रचना एवं क्षमतानुसार। यह प्रक्रिया टैस्टिड है काल कसौटी पर !

☐ **हाईट बढ़ने की निश्चित आयु क्या है ? हाईट कितनी होनी चाहिए ? लम्बी हाईट और आर्कषक व्यक्तित्व के लिए क्या करना चाहिए ?**

■ सामान्य नियमों के आधीन हाईट-मेच्योरिटि की आयु (Puberty) जिसमें लड़की की आयु 12 और लड़के की आयु 14 होती है। देश-काल-वातावरण के आधीन इसमें परिवर्तन भी देखा जाता है। अतः अवस्था से पहले हाईट का रूकना या उसके बाद बढ़ना अपवाद मानना चाहिए, नियम नहीं।

■ हाईट-ग्रोथ एक बायोलॉजिकल प्रोसिस है, मैकेनिकल सिस्टम नहीं। ऐज में भी भिन्नता, ग्रोथ में भी भिन्नता। छोटे भाई-बहन बड़े हो जाते हैं, बड़े छोटे रह जाते हैं। पैरेन्ट्स लम्बे : बच्चें छोटे ! बच्चें लम्बे : पैरेन्ट्स छोटे। भारत में हाईट लैवल महिलाओं का 150-155 सेंमी. और पुरूषों का 165-170 सेंमी. है।

■ अतः लम्बी हाईट और आकर्षक व्यक्तित्व के लिए प्युबर्टी से पहले 9 वर्ष तक अगर एक कोर्स एच-एच-टी का प्रयोग कर लिया जाये तो स्लो-स्लग्श-स्टॉप ग्रोथ मोशन में आ जाती हैं, लम्बी हाईट के लिए ग्राउण्ड बन जाती है तथा मैच्योरिटि तक हाईट बैस्ट पर्सनैलिटी के रूप मे उभरती है।

■ हाईट-ग्रोथ रूक जाने के बाद अगर एच-एच-टी को जॉयन करते है तो हाईट क्लेम के अनुसार हाईट मिलती है, जो नार्मल-ग्रोथ से फास्ट होती है।

☐ **एच-एच-टी के प्लस और माइनस क्या हैं ?**

■ एच-एच-टी की भी अपनी एक सीमा (माइनर्स) है, यह मनचाही लम्बी हाईट का वादा नही करती। शरीर की रचना एवं क्षमता इसका आधार है, जो हर प्राणी का भिन्न-भिन्न होता हैं, फिर भी नार्मल-प्लस है।

■ प्लस तो इसके ढेरों है, उनमें से कुछ हैं : शरीर के फन्क्शनल सिस्टम को ठीक कर कमी-कमजोरी को दूर करती है और हाईट बढ़ाने में सहायक होती है। इसके साथ कील-मुहाँसे ठीक होते है, रंग साफ होता है। स्किन साफ्ट होती है, फीचर शार्प होते है। मानसिक शक्ति बढ़ती है। महिलाओं के डिस्आर्डर ठीक होते है, अविकसित वक्ष नार्मल होते है, मोटे-पतले शरीर सामान्य होते है। फिगर शेप-अँप होता है।

☐ **इस हाईट-कोर्स का प्रोसीजर क्या है, कोई टैस्ट-रिपोर्ट तो नहीं चाहिये, खर्च क्या आता है ? आवश्यक विवरण दीजिये।**

■ यह कोर्स एक आयुर्वेदिक इलाज है, इसमें किसी टैस्ट-रिपोर्ट की जरूरत नही होती। विवरण के आधार पर उपभोक्ता को देखते है, परस्पर सन्तुष्टि के लिए हाईट-कन्फर्म करते हैं, फाईल बनाते है और आवश्यक डोजिज, कैप्सूल एवं ड्रॉप्स, डायरेक्शन्स, प्रॉस्पैक्टस, रजिस्ट्रेशन नम्बर के साथ देते है। डोजज घर में सेवन की जाती है। कड़वी-कसैली नही होती। बार-बार आने की जरूरत नहीं होती। हर 3 मास के कोर्स पर चैक-अँप ले सकते हैं। शकित उपभोक्ता एक मास की ट्रायल डोजिज का परिणाम देखकर आगे चल सकते है। इसके लिए बेसिक हाईट रीडिंग ठीक हो या परस्पर कन्फर्म हो, एकतरफा रिमार्क नहीं।'

■ तीन मास के शार्ट कोर्स के नार्मल चार्ज़ेज 6,000/-रू. एक मास की ट्रायल डोज के लिए 2,000/- रू.। डाक से मगवाये तो 100/- रूपये पोस्ट/रजिन आदि जोडकर (भारत में) मनीआर्डर या डी.डी. **द्वारा डॉ. ओ. पी. बग्गा, बाजार लाल कुआं, (सामने कूचा पंडित) दिल्ली-110006** के पते पर भेजें। आवश्यक डोजेज डायरेक्शन के साथ, रजिस्टर्ड पोस्ट भेज दी जाती हैं। वी.पी.पी. नहीं की जाती। अन्य जानकारी के लिए **फोन : 3262426 प्रातः 11 से सायं 6 बजे तक** सम्पर्क करें या टिकट लगा पता लिखा लिफाफा के साथ लिखें। *(रविवार अवकाश)*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दो दिन की भारत यात्रा पर रहे. उनकी पत्नी व पुत्री के अतिरिक्त देश का 70 सदस्यीय वाणिज्यिक प्रतिनिधिमंडल भी इस यात्रा में उनके साथ था. भारत में उनके इस प्रवास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच राजनीतिक सम्बन्धों के साथ-साथ आर्थ सम्बन्धों में सुदृढ़ता लाना था.

8 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत के पश्चात् इंडोनेशियाई राष्ट्रपति वाहिद की भारत के राष्ट्रपति डॉ. के. आर. नारायणन व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों पर व्यापक बातचीत हुई. इंडोनेशिया के प्राकृतिक गैस के भण्डारों के विदोहन में भारत की सहायता की प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी ने पेशकश की. मेहमान राष्ट्रपति ने इंडोनेशिया में लघु उद्योगों के विकास में भारत के सहयोग की अपेक्षा की तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के अनुभवों का लाभ उठाने में रुचि प्रदर्शित की.

उनकी इस यात्रा के दौरान भारत व इंडोनेशिया के मध्य पर्यटन क्षेत्र में सहयोग हेतु एक सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुए. वाणिज्यिक क्षेत्र में सहयोग के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के एमएमटीसी व कादिन इंडोनेशिया (इंडोनेशिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज) के बीच भी एक सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए. इंडोनेशिया में रेलवे परियोजनाओं की स्थापना के लिए वहाँ के मिरता जया समूह व भारत के इरकॉन (IRCON) के बीच सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुए.

नई दिल्ली में फिक्की (FICCI) द्वारा आयोजित उद्यमियों की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए इंडोनेशियाई राष्ट्रपति ने दोनों देशों में पारस्परिक वाणिज्यिक सहयोग पर बल दिया. आर्थिक सुदृढ़ता के लिए उन्होंने भारत-इंडोनेशिया व चीन के बीच सहयोग में वृद्धि का आह्वान किया.

दो दिन की भारत यात्रा के पश्चात् श्री वाहिद अपने दल के साथ द. कोरिया रवाना हो गए, जो उनकी 13 देशों की यात्रा का अन्तिम पड़ाव था.

बिल क्लिंटन की भारत यात्रा 20 मार्च से

अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा की तिथि अन्ततः निश्चित हो गई है. भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार 5 दिन की यह यात्रा 20 मार्च, 2000 से प्रारम्भ होगी. भारत में उनकी यात्रा की विस्तृत रूपरेखा अभी तैयार नहीं हुई है.



उल्लेखनीय है कि विभिन्न कारणों से श्री क्लिंटन की भारत यात्रा अनेक बार टलती रही है. किसी अमरीकी राष्ट्रपति की यह 20 वर्ष से भी अधिक अंतराल के पश्चात् भारत यात्रा होगी. इससे पूर्व 1978 में अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने भारत की यात्रा की थी. भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार श्री क्लिंटन की इस भारत यात्रा से भारत व अमरीका के पारस्परिक सम्बन्धों में सुदृढ़ता आएगी. भारत के साथ-साथ श्री क्लिंटन पाकिस्तान की भी यात्रा करेंगे या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है.

अफगानी विमान का अपहरण

अफगानिस्तान के एक यात्री विमान का गत 6 फरवरी को कुछ सशस्त्र अपहर्ताओं ने घरेलू उड़ान के दौरान ही अपहरण कर लिया. अफगान एरियाना (Afgan Ariana) के इस बोइंग 727 विमान पर चालक दल सहित कुल 178 लोग सवार थे तथा यह काबुल से अफगानिस्तान के ही एक अन्य शहर मजार-ए-शरीफ की उड़ान पर था. काबुल से प्रातः लगभग 10 बजे उड़ान के 14 मिनट बाद ही इसका अपहरण हो गया तथा इसे पहले उज्बेकिस्तान में ताशकंद हवाई अड्डे पर उतारा गया. जहाँ 10 यात्रियों को रिहा करने के पश्चात् पहले इसे कजाखस्तान के शहर एतुबिंस्क व उसके पश्चात् मॉस्को के शेरे मितिवो हवाई अड्डे पर उतारा गया. एतुबिंस्क में 3 अन्य यात्रियों को अपहर्ताओं ने रिहा करने के पश्चात् 7 फरवरी को अपहृत विमान लंदन के स्टैंसटेड हवाई अड्डे पर ले जाया गया, जहाँ ब्रिटिश वार्ताकारों से वार्ता प्रारम्भ होने से पूर्व ही 8 बंधकों को और रिहा कर दिया गया.

अफगानिस्तान के तालिबान-प्रशासन के प्रमुख मुल्ला मोहम्मद उमर ने अपहर्ताओं से किसी भी प्रकार की वार्ता करने से इंकार किसी भी माँग को मानने से इंकार दिया था. उन्होंने अपहर्ताओं से तरीके से निपटने का अधिकार अधिकारियों को प्रदान कर दिया ब्रिटिश वार्ताकारों से वार्ता के पश्चात् फरवरी को सभी बंधकों को रिहा कर गया. इसी बीच चालक दल के चार रस्सी की सीढ़ी के सहारे विमान से गए थे.

ब्रिटिश वार्ताकारों के अनुसार दौरान अपहरण का उद्देश्य स्पष्ट सका. अपहर्ताओं की किसी विशिष्ट का भी खुलासा नहीं किया गया. अफगान सरकार के प्रवक्ता के ब्रिटेन में राजनीतिक शरण पाने के से विमान अपहरण का यह नाटक गया. इस षड्यंत्र में अपहर्ताओं के साथ विमान पर सवार अनेक यात्रियों शामिल होने का संदेह व्यक्त किया ब्रिटेन के गृह सचिव जैक स्ट्रॉ ने 11 फरवरी को बताया कि रिहाई के विमान में मौजूद 150 लोगों में से ब्रिटेन में राजनीतिक शरण हेतु किया है. इनमें 60 वयस्क व 1 शामिल हैं. एक अन्य प्रवक्ता के केवल 17 यात्री ही अफगानिस्तान इच्छुक हैं. अपहरण का नाटक समाप्त के पश्चात् ब्रिटिश पुलिस ने विमान सवार लोगों में से 22 को गिरफ्तार लिया है.

निरुद्ध उत्तर कोरियाई पोत रिह

पाकिस्तान के लिए प्रक्षेपास्त्र सामग्री ले जाने के आरोप पर उत्तर के जिस पोत को जून 1999 में बन्दरगाह पर निरुद्ध किया गया था स्वदेश वापसी की अनुमति भारत सरकार प्रदान कर दी. पंचाट फैसले के आरोपित किए जाने वाले जुर्माने को किए जाने की उत्तर कोरिया सरकार गारंटी मिलने के पश्चात् भारत सरकार कु-वोल-सान (Ku-Wol-San) नाम पोत को स्वदेश वापसी की अनुमति की है. फरवरी 2000 में यह पोत रवाना हो गया है.

संक्षिप्तकी

पाकिस्तान द्वारा कम दूरी के प्रक्षेपास्त्र परीक्षण

पाकिस्तान ने सतह-से-सतह (Surface) पर मार करने वाले कम दूरी के प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण गत 7 फरवरी को है. 'हत्फ-I' नाम के प्रक्षेपास्त्र का यह सफल बताया गया है. यह प्रक्षेपास्त्र के शस्त्रों को ढोने में सक्षम बताया गया इसकी मारक क्षमता 100 किमी तक है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



जनवरी 2000

14 हैदराबाद में पुरुषों की आई. टी. एफ. फ्यूचर्स टेनिस प्रतियोगिता का युगल खिताब भारत के प्रहलाद श्रीनाथ व सौरभ पांजा की जोड़ी ने फाइनल में हेंडरी व फेबी विधियांतो की इण्डोनेशियाई जोड़ी को हराकर जीत लिया.

15 आई. टी. एफ. फ्यूचर्स टेनिस का एकल खिताब स्लोवाकिया के लाडिस्लाव स्वार्क ने फाइनल में रूस के डेनिस गोलोवानोव को हराकर जीता.

– बंगलौर में कर्नाटक व मध्य प्रदेश के बीच सीमित ओवरों का विल्स ट्रॉफी क्रिकेट का सेमी फाइनल 'टाई' हो जाने पर विजेता का फैसला सिक्का उछाल कर किया गया. इसमें कर्नाटक को फाइनल में खेलने का अधिकार प्राप्त हुआ.

– बार्सीलोना में भारत ने बेल्जियम के विरुद्ध हॉकी के तीन टेस्ट मैचों की शृंखला का अन्तिम मैच जीतकर यह शृंखला 2-0 से जीत ली. शृंखला का दूसरा मैच 1-1 से बराबर रहा था.

– पहली पारी में बढ़त के आधार पर उत्तर प्रदेश ने तिरुअनन्तपुरम् में मुम्बई को फाइनल में हराकर 16 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों की क्रिकेट की विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी जीत ली.

– हैदराबाद में सम्पन्न ग्लोबल ट्रस्ट बैंक फिडे रेटिंग अखिल भारतीय शतरंज टूर्नामेन्ट अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर वर्गीस कोशी ने जीता.

16 सेलम (तमिलनाडु) में सम्पन्न पुरुषों की 48वीं राष्ट्रीय सीनियर वॉलीबाल चैम्पियनशिप की **एम. एस. जोसेफ ट्रॉफी** पंजाब ने फाइनल में तमिलनाडु को हराकर जीती. महिला वर्ग की **शिव सुब्रमण्यम ट्रॉफी** रेलवे ने फाइनल में आन्ध्र प्रदेश को हराकर जीती. पुरुष वर्ग में रेलवे ने तथा महिला वर्ग में तमिलनाडु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया.

17 विशाखापत्तनम में कर्नाटक को फाइनल में 97 रन से हराकर बोर्ड अध्यक्ष एकादश ने सीमित ओवरों का विल्स ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेन्ट जीत लिया.

– मेलबोर्न में प्रारम्भ हुई आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस प्रतियोगिता की पुरुष एकल स्पर्द्धा के अपने पहले मैच में भारत के लिएंडर पेस ने आस्ट्रेलिया के देजन पेट्रोविक को पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया.

18 द. अफ्रीका में सेंचुरियन पार्क में मेजबान द. अफ्रीका व इंगलैण्ड के बीच पाँच टेस्ट मैचों की शृंखला का अन्तिम मैच केवल एक-एक पारी के खेल के आधार पर इंगलैण्ड ने दो विकेट से जीत लिया. वर्षा के कारण इस टेस्ट मैच का दूसरे, तीसरे व चौथे दिन का खेल नहीं हो सका था. इन परिस्थितियों में एक अभूतपूर्व निर्णय लेते हुए इंगलैण्ड ने अपनी पहली व द. अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी का खेल न खेलने को सहमति दी. इस प्रकार दोनों टीमों ने केवल एक-एक पारी ही खेली. द. अफ्रीका ने अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 248 रन बनाकर घोषित कर दी थी, जबकि इंगलैण्ड ने अपनी दूसरी पारी में 8 विकेट खोकर 251 रन बना लिए. शृंखला में दो मैच जीतकर द. अफ्रीका ने पाँच टेस्ट मैचों की यह शृंखला पहले ही अपने नाम कर ली थी.

19 हरियाणा को फाइनल में 2-0 से हराकर गत विजेता रेलवे ने जबलपुर में महिलाओं की राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप की **लेडी रतन टाटा ट्रॉफी** पुनः जीत ली.

– आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस की पुरुष एकल स्पर्द्धा में भारत के लिएंडर पेस अपने दूसरे मुकाबले में स्वीडन के आन्द्रियास विंसिगुएरा से पराजित हो गए.

20 भारत के लिएंडर पेस व उनके कनाडाई जोड़ीदार सेबेस्टियन लारेयू की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस की पुरुष युगल स्पर्द्धा में अपने पहले ही मुकाबले में ज्योफ ग्रांट व जैक वैट की अमरीकी जोड़ी ने हरा दिया.

22 लिएंडर पेस व अमरीका की लिसा रेमंड की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस की मिश्रित युगल स्पर्द्धा में अपने पहले ही मुकाबले में पराजित हो गई.

– ढाका में श्रीलंका को फाइनल में 2-1 से हराकर गत विजेता भारत ने दक्षेस गोल्फ चैम्पियनशिप पुनः जीतने में सफलता प्राप्त की.

23 रूस के फेडोर रिजोव (Fedor Ryjov) ने पुणे अन्तर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ में पुरुषों में पहला स्थान प्राप्त किया. दूसरा स्थान भारत के भैरव सिंह लोन ने प्राप्त किया. महिला वर्ग की अर्द्ध मैराथन दौड़ कीनिया की मार्ग्रेट कारुबो ने जीती. स्वीडन की कैमिला बेंजामिसोन इसमें दूसरे स्थान पर रहीं.

24 कोरबा (मध्य प्रदेश) में मणिपुर को फाइनल में हराकर बिहार ने 18वीं अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबाल प्रतियोगिता का सिरमौर जीत लिया.

27 पीट सम्प्रास को सेमी फाइनल में हराकर अमरीका के आन्द्रे अगासी ने मेलबोर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस की पुरुष एकल स्पर्द्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया. आस्ट्रेलिया के रॉड लेवर के पश्चात् वह पहले ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं जो लगातार चारों ग्रांड स्लैम स्पर्द्धाओं में फाइनल में पहुँचने में सफल रहे हैं. एक अन्य सेमी फाइनल में रूस के येवगेनी कैफेलनिकोव ने स्वीडन के मैग्नस नॉर्मन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया.

– आस्ट्रेलियाई ओपन की महिला एकल स्पर्द्धा में स्पेन की कोंचिता मार्टिनेज को सेमी फाइनल में हराकर मार्टिना हिंगिस ने तथा अपने ही देश की जेनिफर केप्रियाती को हराकर अमरीका की लिंडसे डवेनपोर्ट ने फाइनल में स्थान प्राप्त कर लिया.

अंडर 19 विश्व कप क्रिकेट में भारत को सिरमौर

28 जनवरी को कोलम्बो में मेजबान श्रीलंका को फाइनल में हराकर भारत ने 19 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों का विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट जीत लिया. 16 देशों के इस टूर्नामेन्ट में भारतीय टीम का नेतृत्व मोहम्मद कैफ ने किया था. भारत के रीतेंदर सिंह सोढी को फाइनल मैच में 'मैन ऑफ द मैच' व भारत के ही युवराज सिंह को 'मैन ऑफ द टूर्नामेन्ट' घोषित किया गया. भारत के ही रवनीत रिकी को टूर्नामेन्ट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के रूप में पुरस्कृत किया गया.

29 मुक्केबाजी के पूर्व हैवीवेट चैम्पियन माइक टायसन ने मैनचेस्टर (इंगलैण्ड) में मुक्केबाजी के एक मुकाबले में ब्रिटेन के जूलियस फ्रांसिस को आसानी से पराजित कर दिया.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

– कुआलालम्पुर में एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में भारत की महिला टीम ने 50 मीटर स्पोर्ट्स राइफल प्रोन स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता.

30 रूस के गैरी कास्पारोव ने विज्क आन जी (नीदरलैण्ड्स) में समाप्त हुई कोरस सुपर ग्रांडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता का खिताब सर्वाधिक 9·5 अंक अर्जित करके जीत लिया. 8 अंकों के साथ भारत के विश्वनाथन आनन्द दो अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे.

– किम्बरले (द. अफ्रीका) में एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों की त्रिकोणीय शृंखला के एक मैच में इंगलैण्ड ने जिम्बाब्वे को 8 विकेट से पराजित किया. **इस मैच में इंगलैण्ड के मध्यम तेज गेंदबाज मार्क एलहम ने जिम्बाब्वे के 5 खिलाड़ियों को पगबाधा (LBW) आउट करके नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया.**

31 पुणे में विक्रम राठौर के नेतृत्व में उत्तर क्षेत्र ने अपने अन्तिम लीग मैच में द. क्षेत्र को हराकर सीमित ओवरों के खेल की क्रिकेट की देवधर ट्रॉफी जीतने में सफलता प्राप्त की.

फाइनल 2-0 से जीत लिया तथा त्रिकोणीय शृंखला अपने नाम की. दूसरे फाइनल में भी आस्ट्रेलिया के विजयी रहने का कारण 6 फरवरी को होने वाला तीसरा फाइनल रद्द कर दिया गया. पाकिस्तान के अब्दुर्रज्जाक को इस टूर्नामेन्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया.

एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में अनिल कुम्बले व श्रीनाथ के 250-250 विकेट

वसीम अकरम (405), वकार यूनुस (290) व कपिल देव (253) के पश्चात् भारत के अनिल कुम्बले व जवागल श्रीनाथ विश्व के क्रमशः चौथे व पाँचवें ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में 250 या अधिक विकेट लेने में सफलता प्राप्त की है. अनिल कुम्बले यह उपलब्धि प्राप्त करने वाले विश्व के पहले स्पिन गेंदबाज हैं. कुम्बले व श्रीनाथ ने एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में अपने 250वें विकेट गत जनवरी माह में आस्ट्रेलिया में कार्लटन एण्ड यूनाइटेड त्रिकोणीय शृंखला में लिए हैं.

इस शृंखला के दौरान ही आस्ट्रेलिया के मार्क वॉ व पाकिस्तान के सईद अनवर ने एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में अपने रनों की कुल संख्या 7-7 हजार से अधिक कर ली.

आस्ट्रेलियाई ओपन 2000–प्रमुख परिणाम एक दृष्टि में
(16–30 जनवरी, मेलबोर्न)

स्पर्द्धा	विजेता	उपविजेता
पुरुष एकल	आन्द्रे अगासी (अमरीका)	येवगेनी कैफेलनिकोव (रूस)
महिला एकल	लिंडसे डवेनपोर्ट (अमरीका)	मार्टिना हिंगिस (स्विट्जरलैण्ड)
महिला युगल	लीसा रेमंड (अमरीका) व रेने स्टब्स (आस्ट्रेलिया)	मार्टिना हिंगिस (स्विट्जरलैण्ड) व मैरी पियर्स (फ्रांस)
पुरुष युगल	एलिस फेरेरा (द. अफ्रीका) व रिक लीच (अमरीका)	वायने ब्लैक (जिम्बाब्वे) व एण्ड्रू क्राजमैन (आस्ट्रेलिया)
मिश्रिम युगल	रेने स्टब्स (आस्ट्रेलिया) व जैरेड पाल्मेर (अमरीका)	टॉड वुडब्रिज (आस्ट्रेलिया) व अरांत्सा साचेज विकारियो (स्पेन)

फरवरी

2 आस्ट्रेलिया में एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों की भारत, पाकिस्तान व आस्ट्रेलिया के मध्य कार्लटन एण्ड यूनाइटेड त्रिकोणीय शृंखला के तीन मैचों के फाइनल का पहला मैच पाकिस्तान को 6 विकेट से हराकर आस्ट्रेलिया ने जीत लिया.

3 नागपुर में सम्पन्न 13वीं राष्ट्रीय टीम शतरंज प्रतियोगिता पेट्रोलियम स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (PSCB) ने फाइनल में जीवन बीमा निगम (LIC) को हराकर जीती.

– बंगलौर में हिना खंडेलवाल को फाइनल में हराकर राजस्थान की पूजा गलुंदिया ने महिलाओं की सीनियर राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीत ली.

4 कार्लटन एण्ड यूनाइटेड त्रिकोणीय शृंखला के तीन मैचों के फाइनल का दूसरा मैच 152 रनों से जीतकर आस्ट्रेलिया ने

– भारत के लिएंडर पेस व सैयद फजलुद्दीन ने लखनऊ में लेबनानी खिलाड़ियों के विरुद्ध अपने एकल मैच जीतकर डेविस कप के एशिया ओसियाना ग्रुप मुकाबले में भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी.

5 हाइफा (इजरायल) में सम्पन्न वाइद्रा रैपिड शतरंज का खिताब भारत के विश्वनाथन आनन्द ने जीता.

– डेविस कप की उपर्युक्त स्पर्द्धा के युगल मुकाबले में लिएंडर पेस व फजलुद्दीन की जोड़ी लेबनानी जोड़ी से पराजित हो गई.

– मणिपुर ने पुरुष व महिला, दोनों ही वर्गों में प. बंगाल को फाइनल में हराकर नई दिल्ली में सम्पन्न 10वीं सीनियर राष्ट्रीय सेपक तकरा चैम्पियनशिप में दोहरे खिताब जीत लिए.

6 टोकियो में फ्रांस की सेंड्रिन ट्रे को फाइनल में हराकर स्विट्जरलैण्ड मार्टिना हिंगिस ने टोरे पैन पैसिफिक प्रतियोगिता का एकल खिताब अपने बरकरार रखा. फ्रांस की मैरी पियर्स साथ जोड़ी बनाकर हिंगिस ने इस गिता का युगल खिताब जीतने सफलता प्राप्त की.

– लखनऊ में एशिया ओशियाना डेविस कप में अपने उलट एकल मु में लेबनान के हिचामी जातिनी पर प्राप्त करके लिएंडर पेस ने भारत प्रतियोगिता के दूसरे दौर में पहुँचा दि

– डेनमार्क के विल्सन किपकेट स्टुटगार्ट (जर्मनी) में 1000 मीटर स्पर्द्धा में नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित कि

– अमरीका के तैराक लैनी क्रोने ने बर्लिन में शॉर्ट कोर्स विश्व कप प्रतियोगिता में 100 मीटर बैकस्ट्रोक में विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया.

9 पंजाब एण्ड सिंध बैंक को फ में 4-2 से हराकर भारत पेट्रोलियम दिल्ली में लाल बहादुर शास्त्री मेम ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेन्ट जीत लिया.

12 गत वर्ष के उपविजेता जोशी को फाइनल में हरा कर रेलवे अशोक शांडिल्य ने बंगलौर में सम्पन्न की 66वीं सीनियर राष्ट्रीय बिलि चैम्पियनशिप जीत ली.

– प. रेलवे के नितिन कीर्तने ने रेलवे के विजय कानन को फाइनल में कर नई दिल्ली में सम्पन्न 46वीं भारतीय रेलवे टेनिस चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया.

13 अहमदाबाद में भारत 'ए' फाइनल में 84 रनों से पराजित करके सीनियर ने हीरो होंडा एन. के. पी. चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेन्ट जीत लि राहुल द्रविड़ के नेतृत्व वाली इंडिया सीनि टीम को इस विजय के परिणामस्वरूप 2 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई. इंडि सीनियर के वी. वी. एस. लक्ष्मण को ऑफ द सीरिज' घोषित किया गया.

– जोहान्सबर्ग में इंगलैण्ड को फाइ में हराकर द. अफ्रीका ने एकदिवसीय की त्रिकोणीय शृंखला जीत ली. इस त्रि में शामिल तीसरा देश जिम्बाब्वे था.

– सिंगापुर में सम्पन्न 14वीं राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के पुरुष महिला वर्ग के टीम खिताब क्रमशः इंग व सिंगापुर ने जीते.

शेष पृष्ठ 1163

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य

- अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय ने आगामी तीन वर्ष के लिए क्रमशः अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष किसे चुना गया है? – गिलबर्ट गिलौम हेम (फ्रांस) एवं चियुयोंग (चीन)
- क्रोशिया का राष्ट्रपति किसे चुना गया है? – स्पिटे मेसिक
- संविधान समीक्षा आयोग का अध्यक्ष किसे मनोनीत किया गया है? – पूर्व मुख्य न्यायाधीश एम. एन. वेंकटचलैया
- भारतीय नौसेना द्वारा फरवरी, मार्च और अप्रैल माह में किया जा रहा अब तक का सबसे बड़ा अभ्यास है, इसे क्या नाम दिया गया है? – स्प्रिंगेक्स
- चर्म निर्यात परिषद् द्वारा वर्ष 1998-99 के दौरान बेहतर निर्यात प्रदर्शन के लिए किसे निर्यात पुरस्कार से सम्मानित किया है? – मिर्जा टेनर्स
- विश्व वन्य जीव कोष का अध्यक्ष का पदभार किसने ग्रहण किया है? – एन. गोदरेज
- गांधी दर्शन समिति राष्ट्रीय का मुख्य संरक्षक किसे मनोनीत किया है? – प्रख्यात समाजसेवी बाबा आम्टे
- आस्ट्रेलिया के किस क्रिकेट खिलाड़ी ने प्रथम एलन बार्डर पदक जीतने में सफलता प्राप्त की? – तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ
- राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष किसे मनोनीत किया गया है? – न्यायमूर्ति मोहम्मद शमीम
- विश्व व्यापार संगठन (वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन) के वर्तमान महानिदेशक कौन हैं? – माइक मूर
- हाल ही में इन्दिरा गांधी नेशनल सेन्टर फॉर आर्ट्स का सदस्य सचिव किसे नियुक्त किया गया है? – सी. एन. आर. शेट्टी
- पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है? – न्यायमूर्ति रविस्वरूप धवन
- विश्व की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कम्पनी माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन का मुख्य कार्यकारी अधिकारी किसे बनाया गया है? – स्टीव बालमेर
- प्लास्टिक्स के प्रति जन जागृति विकसित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने 21 फरवरी, 2000 को कौनसा दिवस घोषित किया है? – राष्ट्रीय पॉलिमर दिवस
- 'सभी के लिए शिक्षा' विषय पर विचार-विमर्श के लिए एशिया प्रशान्त सम्मेलन का आयोजन 17–20 जनवरी, 2000 को कहाँ सम्पन्न हुआ? – बैंकाक
- पाँचवीं विश्व मसाला कांग्रेस का आयोजन 27–29 जनवरी, 2000 को कहाँ सम्पन्न हुआ? – मुम्बई
- हाल ही में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियाँ तेज करने के लिए पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी आई.एस.आई. ने कौनसा अभियान प्रारम्भ किया है? – किल इंडिया
- सर्वप्रथम दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में सिन्धु घाटी गैलरी में कौनसी प्रणाली स्थापित की जा रही है? – हार्क (HARK–Handy Audio Research Kit)
- पैराशूट से अंटार्कटिक पर छलांग लगाने वाले प्रथम भारतीय कौन हैं? – फ्लाइट लेफ्टि. कमल सिंह ओबड़ा
- भारतीय थल सेना द्वारा एक सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना कहाँ की जा रही है? – हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)
- चीन के क्सि प्रान्त में एक दम्पत्ति एक बच्चा के नियम का उल्लंघन करने के कारण एक वर्ष में 84 हजार लोगों को दण्डित किया गया है? – क्वांगदोंग प्रान्त
- प्रसिद्ध पत्रिका 'इंडिया टुडे' ने एक मत सर्वेक्षण के आधार पर किसे सहस्त्राब्दी का सूचना तकनीक भारतीय घोषित किया है? – चन्द्रा बाबू नायडू (मुख्यमंत्री–आन्ध्र प्रदेश)
- गुजरात उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है? – देवदत्त माधव धर्माधिकारी
- यूनेस्को के पेरिस स्थित मुख्यालय में भारत का स्थायी प्रतिनिधि किसे नियुक्त किया गया है? – सुश्री नीलम डी. सभरवाल
- भारतीय क्रिकेट टीम ने किस कप्तान के नेतृत्व में 19 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों का विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट जीत लिया है? – मोहम्मद कैफ
- पंजाब का 66वाँ ग्रामीण खेल महोत्सव 2–6 फरवरी, 2000 को कहाँ सम्पन्न हुआ? – लुधियाना के निकट 'किला रायपुर' में
- लेखक अरुण शौरी ने अपनी पुस्तक 'हार्वेस्ट अवर सोल्स' में किसके विषय में लिखा है? – आदिवासियों एवं क्रिश्चियन मिशनरीज से सम्बन्धित
- जनवरी 2000 में अन्तर्राष्ट्रीय मरु पतंग उत्सव कहाँ आयोजित किया गया? – जयपुर तथा जोधपुर (राजस्थान)

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार संचयिका

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

1. हड़प्पा सभ्यता के किस स्थल से गोमूत्रिका लिपि (Boustro Phedon) के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं?
   – कालीबंगा (गोमूत्रिका लिपि Boustro Phedon का प्रकार दाएं से बाएं और फिर उसी का नैरन्तर्य होता है)
2. चालुक्य वंश के किस शासक का उल्लेख अभिलेखों में 'त्रैराज्यपल्लवपति' के रूप में किया गया है?
   – विनयादित्य का (विक्रमादित्य प्रथम का पुत्र)
3. 'विक्रमांक देव चरित' का लेखक 'विल्हण' किस शासक का दरबारी कवि था?
   – कल्याणी के चालुक्य वंश के प्रतापी शासक विक्रमादित्य षष्ठ का
4. चीनी यात्री ह्वेनसांग ने कन्नौज के राजा हर्ष के दरबार में कितने वर्षों तक रहकर स्वदेश को प्रस्थान किया?
   – करीब आठ वर्ष (635–643 तक)
5. कालिदास के किस नाटक में सम्राट पुरुरुवा एवं उर्वशी अप्सरा की प्रणय कथा का वर्णन किया गया है?
   – 'विक्रमोर्वशीयम' में
6. दिल्ली में प्रथम अफगान राज्य का संस्थापक कौन था?
   – बहलोल लोदी
7. किस चोल शासक ने पश्चिमी चालुक्यों को 'कुंडल संगमम्' के मैदान में पराजित कर तुंगभद्रा नदी के किनारे एक विजय स्तम्भ की स्थापना की?
   – वीर राजेन्द्र
8. चोल चालुक्य वंशीय किस शासक ने 'चिदम्बरम मन्दिर में स्थित गोविन्द राज की मूर्ति को समुद्र में फेंकवा दिया था?
   – कुलोत्तुंग II (1133–1150)
9. सोलंकी वंश का संस्थापक कौन था?
   – मूलराज प्रथम
10. कल्हण की 'राजतरंगिणी' के प्रथम तीन तरंगों से किस विषय की जानकारी मिलती है?
    – कश्मीर के प्राचीन इतिहास की
11. किस अभिलेख से ज्ञात होता है कि नरसिंह वर्मन प्रथम ने चालुक्य नरेश पुलकेशिन II को परिमल, मणिमंगलाई एवं शूरमार के युद्धों में परास्त कर उसकी पीठ पर 'विजय' शब्द अंकित करवाया?
    – 'कुर्रम दान पत्र' अभिलेख से
12. किस पल्लवंशीय शासक ने मन्दिर निर्माण शैली में एक नई शैली 'राजसिंह शैली' का प्रयोग किया?
    – नरसिंह वर्मन द्वितीय
13. जमात खाँ की मस्जिद का निर्माण किसने किया?
    – अलाउद्दीन खिलजी ने
14. 'तारीख-ए-सुबुक्तगीन' के लेखक कौन हैं?
    – बैहाकी
15. सुल्तान की उपाधि धारण करने वाला पहला तुर्क शासक कौन था?
    – सुल्तान महमूद

राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन

16. किसे भारतीय पत्रकारिता का राजकुमार कहा जाता है?
    – 'हिन्दू पैट्रियाट' के सम्पादक 'क्रिस्टोदास पाल' को
17. गांधी जी के डाण्डी मार्च के बारे में किसने कहा था–"महात्माजी के डाण्डी मार्च की तुलना 'एल्बा' से लौटने पर नेपोलियन के पेरिस मार्च और राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने के लिए मुसोलिनी के रोम मार्च से की जा सकती है?"
    – सुभाष चन्द्र बोस ने
18. किस घटना के सन्दर्भ में मोती लाल नेहरू ने कहा था–"यदि कन्याकुमारी के एक गाँव ने अहिंसा का पालन नहीं किया, तो इसकी सजा हिमालय के एक गाँव को क्यों मिलनी चाहिए?"
    – असहयोग आन्दोलन के स्थगन पर
19. 'इंडिया होम रूल सोसाइटी' की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
    – 1905 ई. में
20. 1917 में गठित 'सैडलर आयो किन दो भारतीय सदस्यों को किया गया था?
    – डॉ. आशुतोष मुखर्जी डॉ. जियाउद्दीन
21. बंगाल विभाजन के समय ब्रिटे प्रधानमंत्री कौन था?
    – अर्ल बाल (कंजरवेटिव
22. दक्षिण भारत में 'आत्मसम्मान लन (Self Respect Move के प्रणेता कौन थे?
    – ई. वी. रामास्वामी (19
23. असहयोग आन्दोलन के दौरान लाल बजाज ने अपनी किस उप परित्याग कर दिया?
    – 'राय बहादुर' की
24. श्याम जी कृष्ण वर्मा ने 'इ हाउस' नामक संगठन की स्थ कहाँ पर की?
    – लन्दन में (190
25. 'कर्नल वाइली हत्याकांड' में अभियुक्त क्रान्तिकारी को फाँसी सजा दी गई थी?
    – मदन लाल
26. क्रांतिकारी गतिविधियों पर नि हेतु 'राजविद्रोह सभा अधि किस वर्ष पारित हुआ?
    – 19
27. मुम्बई में प्रथम भारतीय विश्वविद्यालय की स्थापना कि की?
    – डी. के. कर्वे ने (190
28. किस वायसराय के शासनकाल कर्नल यंग हस्बैंड के नेतृत्व में शिष्टमंडल तिब्बत भेजा गया?
    – लॉर्ड कर्जन के (190
29. किस वर्ष महात्मा गांधी द्वारा 'हरि पत्र का प्रकाशन शुरू किया गया
    – 19
30. 'प्रथम कारखाना अधिनियम' वायसराय के शासनकाल में हुआ?
    – लॉर्ड रिपन के (188

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

31. लोक सभा में विपक्ष के नेता के रूप में सबसे पहले किसको मान्यता प्रदान की गई?
– राम सुभाग सिंह को (1969 में)

32. राज्यसभा में प्रतिपक्ष के नेता के रूप में किसको मान्यता मिली?
– कमलापति त्रिपाठी को (1977)

33. संसद की किस वित्तीय समिति को 'स्थायी मितव्ययिता समिति' भी कहा जाता है?
– प्राक्कलन समिति को

34. कार्य मंत्रणा समिति का सभापति कौन होता है?
– उपराष्ट्रपति

35. लोक सभा की याचिका समिति में सदन के कितने सदस्य शामिल किए जाते हैं?
– 15

36. किस समिति को 'प्राक्कलन समिति' की जुड़वा बहन' कहा जाता है?
– लोक लेखा समिति को

37. जब राष्ट्रपति द्वारा वित्तीय आपात की घोषणा की जाती है तब संसद द्वारा इसका अनुमोदन कितने दिन के अन्तर्गत किया जाना चाहिए?
– 60 दिन (दो माह) के अन्तर्गत

38. सर्वप्रथम देश में राष्ट्रीय आपात की उद्घोषणा कब की गई थी?
– 26 अक्टूबर, 1962 में (जब चीन ने नेफा तथा लद्दाख क्षेत्र पर आक्रमण किया था)

39. किस संविधान संशोधन के द्वारा राष्ट्रपति, राज्यपालों तथा लेफ्टीनेंट कमिश्नरों द्वारा घोषित आपात स्थिति वाले अध्यादेशों की वैधानिकता की जाँच न्यायालय नहीं कर सकता?
– 38वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1975

40. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत लोक सभा में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थान आरक्षित किया गया है?
– अनु. 330

41. जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में गठित अन्तरिम मंत्रिमण्डल की सरकार में स्वास्थ्य मंत्रालय का प्रभार किन्हें सौंपा गया था?
– गज़नफर अली खाँ को

42. लोक सभाध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि की घोषणा किसके द्वारा निश्चित की जाती है?
– राष्ट्रपति द्वारा

43. राज्य सभा की याचिका समिति में सदन के कितने सदस्य शामिल किए जाते हैं?
– 10

44. भारत में विधायिकाओं के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन की अध्यक्षता कौन करता है?
– लोक सभाध्यक्ष

45. अब तक लोक सभा के कितने अध्यक्ष को संकल्प पारित करके पदमुक्त किया गया है?
– एक भी नहीं (लेकिन 18 दिसम्बर, 1954 को तत्कालीन लोक सभा अध्यक्ष जी. वी. मावलंकर, 1966 में तत्कालीन अध्यक्ष हुकुम सिंह और 1988 में लोकसभाध्यक्ष बलराम जाखड़ को पदमुक्त करने के लिए लोक सभा में संकल्प पेश किया गया था.)

भारत एवं विश्व का भूगोल

46. फ्रांस का नेन्सी तथा मेत्स नगर किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?
– भारी उद्योग के लिए

47. 'आई. आर.–20', किस फसल की समुन्नत किस्म है?
– चावल की

48. 'सोवखोज' कृषि पद्धति का आविर्भाव सर्वप्रथम किस देश में हुआ?
– पूर्व सोवियत संघ में (साइबेरिया एवं कजाकिस्तान में)

49. किस देश में 'ट्यूलिप कृषि' बड़े पैमाने पर की जाती है?
– नीदर लैण्ड में

50. जल की मात्रा के आधार पर संसार की सबसे बड़ी नदी कौनसी है?
– अमेजन नदी

51. ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग की लम्बाई कितनी है?
– 9,560 किलोमीटर

52. कौनसा रेलमार्ग पूर्व में हैलिफेक्स को पश्चिम में बैंकूवर से मिलाता है?
– कनाडियन पैसिफिक रेलवे (1886)

53. न्यू आर्लियेस किसलिए प्रसिद्ध है.
– संयुक्त राज्य अमरीका की कपास की खेती एवं सूतीवस्त्र उद्योग के लिए

54. किस देश को दस लाख हाथियों की भूमि कहते हैं?
– लाओस को

55. सूर्योदय से सूर्यास्त की समान अवधि वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा को क्या कहते हैं?
– आइसोहेल (Isohel)

56. जम्मू-कश्मीर राज्य में पीरपंजाल श्रेणी के पार्श्वों में 1500 से 1850 मीटर की ऊँचाई पर मिलने वाले सरोबरीय निक्षेपों को किस नाम से जाना जाता है?
– करेवा (Karewa)

57. कश्मीर की किस भूमि पर केसर की खेती की जाती है?
– धामपुर के पठार पर

58. 'कशमीरजा' किसे कहते हैं.
– कश्मीर में केसर की खेती को कश्मीरी लोग काशमीरजा कहते हैं

59. 'जापान का डेट्रायट' किसे कहते हैं?
– नागोया को

भारतीय अर्थव्यवस्था

60. किस समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने इन्दिरा विकास पत्रों की बिक्री को गत 16 जुलाई, 1999 से बन्द कर दिया है?
– आर. बी. गुप्ता समिति

61. केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) ने राष्ट्रीय आय सम्बन्धी विभिन्न मापों के आकलन हेतु आधार वर्ष 1980–81 को बदलकर कर दिया है–
– 1993–94

62. रेल बजट 1999–2000 में कितने किलोमीटर लम्बे रेल मार्ग को विद्युतीकृत करने की योजना है?
– 2300 किलोमीटर

63. SAIL (सेल) की स्थापना कब की गई थी?
– 1974 में

64. राजकोषीय कर्षण (Fiscal Drag) क्या है?
– इसका आशय उस बढ़े हुए कर भार से है, जो कर की दरों में बिना किसी परिवर्तन किए हुए मुद्रा स्फीति के फलस्वरूप उत्पन्न हो जाता है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

65. 'पूर्व की ओर देखो नीति'–(Look East Policy) के प्रेणता कौन है?
– इन्द्र कुमार गुजराल

66. संयुक्त राष्ट्र संघ का सहयोगी संगठन 'खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)' की स्थापना कब हुई थी?
– 16 अक्टूबर, 1945 को

67. 'दीपम योजना' का मुख्य उद्देश्य क्या है?
– आंध्र प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की ग्रामीण महिलाओं को एल. पी. जी. (L.P.G.) के निःशुल्क 10 लाख कनेक्शन का दिया जाना

68. भारतीय रेलवे द्वारा 1994 में शुरू की गई रेल यात्री बीमा योजना का पुनः एक वर्ष के लिए नवीकरण किस बीमा कम्पनी के सहयोग से कार्यान्वित किया गया है?
– युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड द्वारा

69. वर्ष 1999 का प्रतिष्ठित अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार किस अर्थशास्त्री को प्रदान किया गया है.
– प्रो. रॉबर्ट मुंडेल (Prof. Robert Mundel) को

70. चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 में खरीफ खाद्यान्नों का कुल उत्पादन कितना होने का प्रारम्भिक अनुमान कृषि मंत्रालय द्वारा किया गया है?
– 102.77 मिलियन टन

सामान्य विज्ञान

71. टेपरिकॉर्डर ध्वनि को किस रूप में रिकॉर्ड करता है?
– आइरन ऑक्साइड कणों के चयनात्मक चुम्बकन के रूप में

72. मांसपेशियों के संकुचन के लिए कौनसे तत्व आवश्यक हैं?
– Ca तथा Mg

73. डी. एन. ए. (DNA) की खोज किसने की.
– फ्रीडरिच मीस्यर

74. आर. एन. ए. (RNA) एन्जाइम्स को क्या कहते हैं?
– राइबोजाइम्स

75. ऑक्सी श्वसन (Aerobic respiration) में ऊर्जा की कुल कितनी मात्रा निष्कासित होती है?
– 673 किलो कैलोरी

76. मनुष्य के रक्त में मलेरिया परजीवी का पता सर्वप्रथम किसने लगाया?
– चार्ल्स लैवेरान ने

77. सूर्य से उत्पन्न ऊर्जा की असीम राशि की सही व्याख्या करने का श्रेय किसे जाता है?
– हेन्स बैथे (1939) को

78. बादाम में कड़वापन किसके कारण होता है?
– एमार्ग्डेलिन (Amardeline) से

79. 'अर्ली ब्लाइट ऑफ पोटैटो' नामक रोग आलू के पौधे में किस कवक के कारण होता है?
– अल्टर्नेरिया सोलेनी

80. हमारे कंधे पर हर समय हवा का करीब कितना भार पड़ता रहता है?
– लगभग 15,000 किग्रा. भार

81. प्रकाश एक अनुप्रस्थ तरंग है. इसकी पुष्टि कैसे होती है?
– ध्रुवण से

82. एक पॉलिश की हुई धातु प्लेट पर एक खुरदरा काला धब्बा है. इसे 1400K तक गर्म करके एक अंधेरे कमरे में ले जाया जाता है–तो वह कैसा दिखाई देगा?
– धब्बा प्लेट के मुकाबले अधिक चमकदार दिखाई देगा.

83. दाँतों के एनामेल (Enamel) को कौनसी कोशिकाएं निर्माण करती हैं?
– अमेलोब्लास्ट कोशिकाएं

84. किस जीव में पौधे तथा जन्तुओं दोनों के लक्षण पाए जाते हैं?
– 'यूग्लीना' में

खेलकूद

85. सन् 2002 के विश्व कप फुटबाल टुर्नामेंट का फाइनल मैच किस देश में खेला जाएगा?
– जापान के योकोहामा शहर में

86. हाल ही में मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए विशेष ओलम्पिक खेलों का आयोजन (25 जून से 4 जुलाई 1999 तक) किस देश में किया गया था?
– अमरीका में

87. 16वें राष्ट्रमंण्डल खेलों का शुभंकर क्या था, जिसका आयोजन सितम्बर 1998 में मलेशिया में सम्पन्न हुआ?
– वीरा (ओरांग-उतान-Orang Utan)

88. 17वें राष्ट्रमण्डल खेल कब और पर सम्पन्न होंगे?
– 2002 में मैनचेस्

89. 'बोंल्टिंग' शब्द किस खेल से सम्ब है?
– बिलियर्ड्स

90. 'मोइनुल हक स्टेडियम' कहाँ पर है?
– पटना

91. 'हैवर्ड्स कप' किस खेल से सम्बं है?
– क्रिकेट से (महिला विश्व

92. मार्च 1999 में सम्पन्न 16वीं शतरंज प्रतियोगिता का विजेता रहा?
– गैरी कास्पे

93. वर्ष 1998–99 के लिए देश का सर्व राष्ट्रीय खेल पुरस्कार राजीव गांधी रत्न पुरस्कार किस खिलाड़ी को किया गया है?
– ज्योतिर्मयी सिकदर

94. जी. एस. संधू को किस वर्ष के ध्यान पुरस्कार के लिए दिया गया है?
– 1998

95. दूसरी अन्तर्राष्ट्रीय पोलो चैम्पियन कहाँ पर सम्पन्न हुआ?
– बैंकूवर (कनाडा

विविध

96. उत्तर पश्चिमी रेलवे का मुख्यालय है?
– जय

97. 'सेन्ट्रल संस्कृत इंन्स्टीट्यूट' कहाँ स्थित है?
– तिरुपति

98. 'वंदेमातरम' राष्ट्रीय गीत का किसने लिपिबद्ध किया?
– पं. विष्णु दिगम्बर पलुस्क

99. 'झोला छाप डॉक्टर विरोधी दिन किस तिथि को मनाया गया है?
– 2 अक्टूबर, 1999 (गांधी जयंती

100. 'वियोंड द डेविल्स टीथ' (Beyond the Devil's Teeth) पुस्तक के लेखक कौन हैं?
– ताहिर

शेष पृष्ठ 10

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एस. एस. सी. संयुक्त प्रारम्भिक परीक्षा (मैट्रिक स्तर)

(एक दिशा निर्देश)

✍ अवधेश कुमार झा

आज भारत बेरोजगारी की भयंकर समस्या से जूझ रहा है. ऐसे समय में कर्मचारी चयन आयोग (एस. एस. सी.) ही ऐसी संस्था है जो सर्वाधिक बेरोजगारों को रोजगार देती है अर्थात् सर्वाधिक नियुक्तियाँ करती है. भारत सरकार के केन्द्रीय कार्यालयों, सचिवालयों में क्लर्कस्, स्टेनोग्राफर्स, सहायकों इत्यादि मिश्रित सेवाओं की चयन प्रक्रिया एस. एस. सी. द्वारा ही सम्पन्न की जाती है. अतः प्रायः इस आयोग द्वारा एक साथ, बहुत अधिक संख्या में रिक्तियाँ घोषित की जाती हैं. बेरोजगारी की इन विषम परिस्थितियों में, उम्मीदवारों की संख्या भी बहुत अधिक होती है. शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक होने तथा उच्चतर योग्यता का सीमा निर्धारण न होने के कारण भी 18–27 वर्षीय बहुत सारे मेधावी युवा, इस परीक्षा में सम्मिलित होते हैं. परीक्षा प्रारूप बहुत अधिक क्लिष्ट नहीं होने के कारण इनमें अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास तथा धैर्यता का परिचय देकर, एक साधारण छात्र भी अपना स्थान बना सकता है. इसके लिए आप भी इस परीक्षा की रूपरेखा देखें. एक नियमित कार्यक्रम बनाएं तथा अपना अभ्यास प्रारम्भ कर दें. नियमित अभ्यास से आप भी इस पद को पा सकते हैं.

पिछले कुछ वर्षों से इस परीक्षा का संचालन द्विस्तरीय होता था. एक वस्तुनिष्ठ (Objective) लिखित परीक्षा तथा दूसरा कौशल परीक्षण (टंकण/आशुलिपि) उम्मीदवारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, आयोग ने वर्ष 1999 से इसे त्रिस्तरीय कर दिया है. ये तीन स्तर निम्नलिखित हैं–

(अ) प्रारम्भिक परीक्षा – वस्तुनिष्ठ

(ब) मुख्य परीक्षा – विषयनिष्ठ

(स) कौशल परीक्षण – टंकण/ आशुलिपि

(अ) **प्रारम्भिक परीक्षा**– 1999 से पूर्व क्लर्कस्, आशुलिपिक इत्यादि पदों के लिए अलग-अलग परीक्षा ली जाती थी, लेकिन 1999 में दोनों पदों को संयुक्त कर इसका नाम 'संयुक्त प्रारम्भिक परीक्षा, मैट्रिक स्तर' कर दिया गया है. अतः इन पदों के लिए प्रारम्भिक परीक्षा संयुक्त रूप से ली जा रही है.

प्रारम्भिक परीक्षा में एक ही प्रश्न-पत्र, दो भागों में विभाजित किया गया है. प्रथम भाग–सामान्य बुद्धि तथा दूसरा भाग–सामान्य जानकारी.

	प्रश्नों की संख्या	अंक	समय
भाग 1–सामान्य बुद्धि	100	100	2 घण्टे
भाग 2–सामान्य जानकारी	100	100	

समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया है. इस भाग में आकृति से सर्वाधिक लगभग 50–60 प्रश्न पूछे गए हैं. नीचे सरल भाषा का प्रयोग कर एक तालिका दी है :

तालिका देखने के बाद हम इसके महत्वपूर्ण भागों (जिससे सर्वाधिक प्रश्न पूछे गए हैं) पर विचार करेंगे.

सामान्य बुद्धि तालिका

	1999 प्रश्न-पत्र	
	प्रथम पाली	द्वितीय पाली
आकृति (शृंखला, सादृश्यता, वर्गीकरण)	22	22
तार्किक आकृति (चित्रों को मिश्रित कर)	06	05
आकृति (मोड़कर, काटकर)	10	10
आकृति, शब्दों या अंकों का आपसी सम्बन्ध	16	16
संख्या, शब्द (श्रेणी को पूरा करें)	10	10
सांकेतिक वर्गीकरण (कूटमाला आदि)	08	09
प्रतिरूपता (दर्पण/जल प्रतिबिम्ब पर आधारित)	01	01
लुप्त अंक	06	06
कथन एवं निष्कर्ष	05	05
अंकगणितीय	05	05
खाली जगह को भरना (वर्णमाला के अनुसार)	02	02
दिशा सम्बन्धी प्रश्न	03	02
विवरण आधारित प्रश्न	01	01
रक्त सम्बन्ध	01	01
विविध (मिश्रित)	04	05

नोट–

(1) उपर्युक्त प्रश्न-पत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होंगे.

(2) प्रश्न बहुविकल्पीय (A, B, C, D) रूप में होंगे.

(3) आयोग के निर्देशानुसार दोनों भागों में अलग-अलग उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा, यह उत्तीर्णांक आयोग अपने विवेकानुसार निर्धारित करेगा.

(4) ऋणात्मक अंक पद्धति नहीं अपनायी जाएगी.

अब आगे कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों (Tips) को देखते हुए, अपनी तैयारी प्रारम्भ करें.

भाग 1: सामान्य बुद्धि

प्रारम्भिक परीक्षा के इस भाग में सामान्य बुद्धि परीक्षण की प्रवृत्ति (Trends) अन्य परीक्षाओं की तरह नहीं रखी गई है. नए पाठ्यक्रम के अनुसार, पहली बार आयोजित (1999) के प्रश्न-पत्र के अनुसार, यह देखा गया है कि आकृति से सम्बन्धित

निर्देश–आकृति शृंखला, सादृश्यता, वर्गीकरण से सर्वाधिक 20–25 प्रश्न पूछे जा सकते हैं. यह आपकी उच्च तार्किक शक्ति की जाँच करता है. यह निम्नलिखित तीन रूपों में सामने आ सकता है–

(1) शृंखला की छूटी हुई आकृति, उत्तर आकृति में से चुनें–

प्रश्न चित्र



उत्तर चित्र



(A) (B) (C) (D)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तर–(A) प्रत्येक अगली प्रश्नाकृति में एक निश्चित क्रम में एक रेखा की वृद्धि होती जा रही है.

(2) उत्तर आकृति चुनिए, जिसमें प्रश्न आकृति निहित है–

प्रश्न चित्र

उत्तर चित्र



(A) (B) (C) (D)

उत्तर–(C)

(3) उसे चुनिए, जो अन्य तीन विकल्पों से भिन्न है–



(A) (B) (C) (D)

उत्तर–(A) अन्य सभी प्रश्नाकृतियों में त्रिभुज 'Δ' के अन्दर स्थित दोनों संख्याओं का योग ऊपर दिए गए आयत में आता है.

निर्देश–मिश्रित तार्किक चित्र भाग में, आपके सामने तीन-चार चित्रों को मिश्रित कर, तीनों-चारों चित्रों पर पृथक्-पृथक् प्रश्न होंगे. इसकी संख्या 5–6 हो सकती है.

(1) निम्नलिखित विकल्पों में से किस संख्या द्वारा, वे मेहनती कर्मचारी प्रदर्शित किए गए हैं, जो न तो अनुभवी हैं और न ही संघ के सदस्य हैं–

◯ संघ के सदस्य कर्मचारी

□ मेहनत से काम करने वाले कर्मचारी

▯ अनुभवी कर्मचारी



(A) 5 (B) 3
(C) 1 (D) 2

उत्तर–(D)

(2) निम्नांकित में से किस रेखाकृति द्वारा ग्राम, जिला और राज्य को निरूपित किया गया है–

(A) (B) (C) (D)

उत्तर–(B) ग्राम, जिला के अन्तर्गत तथा जिला, राज्य के अन्तर्गत आते हैं.

निर्देश–आकृति पर ही एक और भाग है, जिसमें आकृति को विभिन्न कोणों से मोड़कर या काटकर, उन पर चिचार करना, समझना तथा उत्तर देना होता है–

(1) चार उत्तर आकृतियों में से कौनसी नीचे दिए गए कटे टुकड़ों में से बनाई गई है–

कटे टुकड़े

उत्तर चित्र



(A) (B) (C) (D)

उत्तर–(A)

(2) नीचे दिखाए गए चित्र के अनुसार कागज को मोड़ने, पंच करने तथा खोलने के बाद, वह किस आकृति जैसा दिखाई देगा?

प्रश्न चित्र



उत्तर चित्र



(A) (B) (C) (D)

उत्तर–(B)

निर्देश–आकृति, शब्दों तथा अंकों पर आधारित एक और महत्वपूर्ण भाग है, जिस 15–16 प्रश्न ऐसे होते हैं, जो एक श्रेणी में होते हैं तथा उनके बीच आपसी सम्बन्ध को निरूपित करना होता है. जैसे–

नीचे दिए गए विकल्पों से सम्बन्धित अक्षरों/शब्दों/आकृति को चुनिए–

(1) गुरुत्व : कर्ष : : चुम्बकत्व : ?

(A) पृथ्वी (B) स्वर्ण
(C) आकर्षण. (D) भार

उत्तर–(C) जिस प्रकार गुरुत्व हर वस्तु पर अपनी ओर कर्ष (खिंचाव) उत्पन्न करता है. उसी प्रकार चुम्बकत्व हर वस्तु पर अपनी ओर आकर्षण उत्पन्न करता है.

(2) 3, 1, 2, 2 : 9, 1, 4, 4 : : 0, 2, 3, ?

(A) 1, 4, 6, 6 (B) 1, 4, 9, 9
(C) 0, 4, 6, 6 (D) 0, 4, 9, 9

उत्तर–(D) जिस प्रकार

प्रत्येक संख्या का वर्ग करने पर

3, 1, 2, 2 ⟶ 9, 1, 4, 4

उसी प्रकार,

प्रत्येक संख्या का वर्ग करने पर

0, 2, 3, 3 ⟶ 0, 4, 9, 9

प्रश्न चित्र



उत्तर चित्र



(A) (B) (C) (D)

उत्तर–(B) प्रश्नाकृति (1) से (2) प्रश्नाकृति (1) की दोनों डिजाइनें भिन्न प्रश्नाकृति (2) बनाती हैं. यही क्रम प्रश्नाकृति (3) से (4) में होने पर उत्तराकृति B प्राप्त होती है.

निर्देश–तालिका के अनुसार सम्बन्धित शब्द श्रेणी पर आधारित 10–12 प्रश्न पूछे जा सकते हैं. उदाहरण देखें–

(1) 44, 40, 34, ?, 16, 4 (अनुक्रम को पूरा करें)

(A) 28 (B) 26
(C) 21 (D) 19

उत्तर– (B)

44 $\xrightarrow{-4}$ 40 $\xrightarrow{-6}$ 34 $\xrightarrow{-8}$ 26 $\xrightarrow{-10}$ 16 $\xleftarrow{-12}$

अतः ? = 26

(2) DEF, HIJ, MNO, ?

(A) IKJ (B) STU
(C) OPQ (D) XYZ

उत्तर–(B)



अतः ? = STU

निर्देश–महत्वपूर्ण भागों में एक और भाग है–सांकेतिक वर्गीकरण, यह कूट कोड पर आधारित होता है. प्रारूप देखें–

(1) यदि MISTAKE का संकेत वर्गीकरण 9765412 हो और NAKE का संकेत वर्गीकरण 84123 हो, तो MATE का संकेत वर्गीकरण क्या होगा?

(A) 89786145

(B) 78579452

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(C) 79438163
(D) 78698365

उत्तर–(B)

MISTAKE → 9 7 6 5 4 1 2
NAKED → 8 4 1 2 3

अतः INTIMATE → 7 8 5 7 9 4 5 2

(2) दिए गए वैकल्पिक शब्दों में से उस शब्द को चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों में से नहीं बनाया जा सकता?

CLASSIFICATION

(A) FICTION (B) ACTION
(C) NATION (D) LIASION

उत्तर–(C)

(3) यदि किसी सांकेतिक भाषा में 'MONKEY' को XDJMNL' की तरह लिखा जाए, तो 'TIGER' को उसी संकेत भाषा में कैसे लिखा जाएगा?

(A) SHFDQ (B) QDFHS
(C) SDFHS (D) QDHJS

उत्तर–(B) जिस प्रकार,



इसी प्रकार,



इसके अतिरिक्त सामान्य बुद्धि परीक्षण के और जितने भाग हैं, उनमें से प्रश्नों की संख्या तो कम होती है, किन्तु वे भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं. इस पूरे भाग को निर्धारित 1 घण्टे में यदि आप नहीं कर पा रहे हों, तो सामान्य जानकारी में से कुछ समय सुरक्षित कर इसके लिए उपयोग कर सकते हैं. ध्यान रखें कि समय का उचित निर्धारण, एक प्रतियोगी छात्र ही अपने अभ्यास के दौरान अच्छी तरह से कर सकता है. अतः आप जब भी अभ्यास करने बैठें, समय निर्धारित कर अभ्यास करें.

उपर्युक्त पूरे प्रकरण के लिए आप उपकार प्रकाशन के अतिरिक्तांक (बौद्धिक एवं तर्कशक्ति परीक्षा), सामान्य ज्ञान दर्पण मैजिक सीरिज (तर्कशक्ति परीक्षा), उपकार वस्तुनिष्ठ अभ्यास तर्कशक्ति की सहायता लें तथा 'एस. एस. सी. संयुक्त प्रारम्भिक परीक्षा (मैट्रिक स्तर)' की गाइड इस परीक्षा विशेष के लिए ही सरल, सुबोध भाषा में उपकार प्रकाशन द्वारा रखी गई है. इसे अपना सहयोगी बनाएं. नित्य कार्यक्रमबद्ध अभ्यास से आप इस महत्वपूर्ण विषय में आसानी से अच्छे अंक अर्जित कर सकते हैं.

भाग 2: सामान्य जानकारी

यह भाग अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस भाग में आप कम समय में अधिक प्रश्नों को हल कर सकते हैं. जैसा कि प्रारम्भ में उल्लेख किया गया है कि यदि सामान्य बुद्धि हल करने में अधिक समय लग रहा हो, तो इस भाग के लिए निर्धारित कुछ समय को आप सुरक्षित कर, सामान्य बुद्धि में उपयोग कर सकते हैं.

सामान्य जानकारी के लिए आप निम्न तालिका देखें. इससे आप प्रश्नों की प्रवृत्ति (Trends) से परिचित हो जाएंगे.

सामान्य जानकारी तालिका

	1999 प्रश्न-पत्र	
	प्रथम पाली	द्वितीय पाली
इतिहास (प्राचीन, मध्यकालीन, आधुनिक एवं स्वतंत्रता संघर्ष)	17	19
संविधान (राजव्यवस्था)	14	13
आर्थिक (परम्परागत, सामयिक)	07	06
भूगोल	14	13
विज्ञान	33	34
सामयिक	15	15

उपर्युक्त प्रवृत्ति (तालिका) से स्पष्ट संकेत मिलता है कि सामान्य जानकारी के भाग में सामान्य विज्ञान को अधिक महत्व दिया गया है. 100 प्रश्नों में 33–34 प्रश्न विज्ञान से ही पूछे गए हैं. अतः विज्ञान का विशद् अध्ययन अति आवश्यक हो जाता है. विज्ञान के तीन प्रमुख भागों में प्रश्नों का वितरण इस प्रकार है–

	प्रथम पाली (प्रश्न)	द्वितीय पाली (प्रश्न)
(1) रसायन विज्ञान	12	06
(2) भौतिक विज्ञान	10	12
(3) जीव विज्ञान	11	16

विज्ञान की अच्छी तैयारी के लिए प्रतियोगिता दर्पण का सामान्य विज्ञान का अतिरिक्तांक देखें, इसमें विज्ञान के तीनों भागों को समाहित कर अच्छी जानकारी उपलब्ध कराने की कोशिश की गई है.

सामयिक से कुल 15 प्रश्न पूछे गए हैं. सामयिक के महत्वपूर्ण विषय हैं–खेल, प्रसिद्ध स्थान, प्रसिद्ध व्यक्ति, पुस्तकें, लेखक, विज्ञान एवं तकनीकी तथा महत्वपूर्ण वर्ष और तिथियाँ. उपर्युक्त सारे विषय, दो प्रमुख भागों में होते हैं–राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय. पिछले प्रश्न-पत्र के अनुसार राष्ट्रीय से 7–8 प्रश्न तथा अन्तर्राष्ट्रीय से भी 7–8 प्रश्न पूछे गए हैं.

सामयिक की तैयारी के लिए आप नियमित समाचार-पत्र, मासिक पत्रिका (प्रतियोगिता दर्पण/सामान्य ज्ञान दर्पण) का अध्ययन करें. इसकी महत्वपूर्ण सूचनाओं को अपनी नोट बुक में संग्रहीत करें तथा बार-बार देखते रहें. इसमें भी विशेष द्रष्टव्य हैं– खेल (टेनिस, क्रिकेट), अन्तर्राष्ट्रीय प्रमुख पदों (यथा–राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री) में तत्कालिक परिवर्तन.

सामान्य जानकारी के अन्य भागों (जैसे–भूगोल, इतिहास, राजव्यवस्था, आर्थिक इत्यादि) के लिए भी **उपकार ने अतिरिक्तांक प्रकाशित किए हैं,** लेकिन आप अपनी सुविधानुसार, समयानुसार इन्हें देखें. यद्यपि इन पुस्तकों का अध्ययन आपके लिए सभी परीक्षाओं में लाभदायक सिद्ध होगा–ऐसा निश्चित है.

उपकार द्वारा गाइड रूप में प्रकाशित 'एस. एस. सी. प्रारम्भिक परीक्षा (मैट्रिक स्तर)' सम्पूर्ण एस. एस. सी. परीक्षा के लिए उपयोगी है. सभी विषयों, भागों से सम्बन्धित जानकारियों को एक पुस्तक में समेटकर रख दिया गया है. अल्पावधि में भी यह पुस्तक आपकी इस परीक्षा की तैयारी को तीव्रगति और एक नई दिशा दे सकती है. साथ ही दोनों भागों के लिए सामान्य ज्ञान दर्पण में प्रकाशित मैट्रिक स्तरीय मॉडल प्रश्न-पत्रों को भी अवश्य हल करते रहें. इससे आपका मूल्यांकन भी होता रहेगा तथा परीक्षा के समय आप में आत्मविश्वास भी बना रहेगा.

(ब) मुख्य परीक्षा–मुख्य परीक्षा, प्रारम्भिक परीक्षाफल घोषित होने के बाद ली जाएगी, जिसके लिए सभी पदों (क्लर्क, ग्रेड सी, ग्रेड डी स्टेनोग्राफर्स) के लिए अलग-अलग परीक्षा आयोजित की जाएगी. यह परीक्षा वस्तुनिष्ठ न होकर, विषयनिष्ठ होगी. मुख्य परीक्षा के संदर्भ में प्रतियोगिता दर्पण/सामान्य ज्ञान दर्पण के आने वाले अंकों में विस्तृत समीक्षा/आलेख होगा.

(स) कौशल परीक्षण (टंकण/ आशुलिपि)–इसके लिए मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को आवश्यक दिशा निर्देश आयोग द्वारा भेजा जाएगा. ●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बैंकिंग भर्ती बोर्ड चंडीगढ़ द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के लिए चयनित

श्री आनन्द कुमार तिवारी

भारतीय स्टेट बैंक की सेवा के लिए चयनित श्री आनन्द कुमार तिवारी के साथ सामान्य ज्ञान दर्पण की विस्तृत भेंटवार्ता यहाँ मूल रूप में प्रकाशित की जा रही है.

सा.ज्ञा.द.–आपकी शानदार सफलता के लिए बधाई.

आनन्द–बहुत-बहुत धन्यवाद.

सा.ज्ञा.द.–आपको अपनी सफलता का समाचार कैसे प्राप्त हुआ?

आनन्द–चंडीगढ़ से मेरे छोटे भाई मिलनजी ने समाचार दिया.

सा.ज्ञा.द.–परीक्षाफल जानने से पूर्व सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वालों के विषय में आप क्या सोचते थे?

आनन्द–मेरे अगल-बगल से कईयों ने सफलता प्राप्त की थी. मैंने यही अनुभव किया है कि धैर्यपूर्वक संतुलित तैयारी करने वालों को मनोवांछित सफलता अवश्य मिलती है. मैं मानता हूँ कि मनुष्य की रचना सिर्फ एवं सिर्फ सफलता के लिए हुई है.

सा.ज्ञा.द.–आपकी सफलता का मूल मंत्र क्या है?

आनन्द–प्रतियोगिता दर्पण एवं सामान्य ज्ञान दर्पण में प्रकाशित सम्पादकीय से प्राप्त प्रेरणा एवं मेरी धैर्यपूर्ण एकाग्रता ही मेरी सफलता का मूल मंत्र है.

सा.ज्ञा.द.–कितने प्रयासों में आपने यह सफलता अर्जित की?

आनन्द–कमर्चारी चयन आयोग की परीक्षाओं सहित यह मेरा नौवाँ प्रयास था.

सा.ज्ञा.द.–आपकी शैक्षिक पृष्ठभूमि क्या है?

आनन्द–बी. आर. ए. बिहार यूनिवर्सिटी मुजफ्फरपुर से मैंने स्नातक (सम्मान) किया है. अपने महाविद्यालय में प्रथम रहा.

सा.ज्ञा.द.–आपकी तैयारी में उपकार प्रकाशन की पुस्तकें/पत्रिकाएं कितनी सहायक रहीं?

आनन्द–मेरी तैयारी में उपकार प्रकाशन की पुस्तकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. विशेषकर–सामान्य ज्ञान दर्पण, उपकार बैंक साक्षात्कार एवं प्रतियोगिता दर्पण अतिरिक्तांक–अर्थव्यवस्था का.

सा.ज्ञा.द.–हमारी पत्रिका सामान्य ज्ञान दर्पण आपको कैसी लगती है?

आनन्द–एकदिवसीय परीक्षाओं के लिए उपलब्ध तमाम पत्रिकाओं से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण व त्रुटिरहित पत्रिका है. सम्पादकीय, समसामयिकी, सार संग्रह, साक्षात्कार व महत्वपूर्ण सेट्स पत्रिका की जान हैं.



..... जैसे प्रतियोगिता दर्पण सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ एवं अपरिहार्य है वैसे ही सामान्य ज्ञान दर्पण बैंकिंग आदि एकदिवसीय परीक्षाओं के लिए अत्यन्त उपयोगी एवं आवश्यक है.

सा.ज्ञा.द.–आपकी राय में बैंकिंग परीक्षा की तैयारी के लिए कितने समय की आवश्यकता होती है?

आनन्द–सामान्यतया इसके लिए एक वर्ष पर्याप्त है. वैसे प्रत्याशी की व्यक्तिगत क्षमता व उसका भाग्य सफलता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं.

सा.ज्ञा.द.–आपने लिखित परीक्षा व साक्षात्कार की तैयारी किस योजना के अन्तर्गत की?

आनन्द–लिखित परीक्षा के लिए सर्वप्रथम मैंने सामान्य ज्ञान दर्पण व प्रतियोगिता दर्पण के माध्यम से आधारभूत ज्ञान अर्जित किया. तत्पश्चात् दोस्तों के साथ ग्रुप स्टडी के अन्तर्गत समय सीमा में अभ्यास करता रहा व गलतियों को सुधारता रहा. अंग्रेजी में मैंने कभी भी 30–35 से ज्यादा प्रश्न हल नहीं किए.

साक्षात्कार के लिए मैंने उपकार बैंक साक्षात्कार, प्रतियोगिता दर्पण–अतिरिक्तांक अर्थव्यवस्था, सामान्य ज्ञान दर्पण एवं प्रतियोगिता दर्पण में प्रकाशित प्रत्याशियों के अनुभवों पर ध्यान केन्द्रित किया.

व्यक्ति परिचय

नाम–आनन्द कुमार तिवारी
पिता का नाम–श्री भरत तिवारी
माता का नाम–श्रीमती तारा देवी
जन्म तिथि–5–6–1976

शैक्षिक योग्यता–

स्नातक (सम्मान)–66% अंक (विद्यालय में प्रथम) बी. आर. ए. यूनिवर्सिटी मुजफ्फरपुर

पूर्व चयन–

वर्तमान में मैं भारतीय स्टेट बैंक हिमाचल प्रदेश के उदयपुर (जिला-स्पिति) शाखा में कार्यरत.

सा.ज्ञा.द.–आप अपनी सफलता श्रेय किसको देना चाहेंगे?

आनन्द–अपने माता-पिता, मित्रों, ईश्वर व अपने धैर्य को.

सा.ज्ञा.द.–बैंकिंग सेवा परीक्षा तैयारी में प्रतियोगितात्मक पत्रिकाओं क्या योगदान है?

आनन्द–बैंकिंग परीक्षाओं के ट्रेंड निरन्तर बदलता रहता है इसलि तरह की पत्रिकाओं का महत्व कहीं है. विशेषकर मेरी तैयारी में पत्रिकाओं का ही अधिकतम योगदान है पत्रिकाओं की त्रुटिरहितता के कारण योगदान विशिष्ट व अविस्मरणीय है.

व्यक्तिगत विशेषताएं

रुचियाँ–	*ध्यान, कविता लेखन*
आदर्श व्यक्ति–	*श्रीकृष्ण.*
सबल पक्ष–	*ईश्वर, स्वय एवं धैर्य विश्वास.*
दुर्बल पक्ष–	*संकोच एवं अतिभावुकता*

सा.ज्ञा.द.–आप प्रतियोगिता दर्पण सामान्य ज्ञान दर्पण के बारे में क्या रखते हैं? निष्पक्ष रूप से बताएं.

आनन्द–सच कहूँ तो वर्षों पहले शिक्षा के दौरान ही मैंने पहली बार योगिता दर्पण पढ़ी थी. उसके 'चरैवेति-चरैवेति' से मैं बहुत अभिभूत था. आज भी प्रतियोगिता दर्पण एवं ज्ञान दर्पण में प्रकाशित साक्षात्कार सफलता के लिए प्रेरणास्रोत हाँ, जैसे प्रतियोगिता दर्पण सिविल परीक्षाओं के लिए अपरिहार्य है, वैसे सामान्य ज्ञान दर्पण बैंकिंग आदि दिवसीय परीक्षाओं के लिए अत्यन्त एवं आवश्यक है.

सा.ज्ञा.द.–क्या प्रतियोगी के की शैक्षिक, आर्थिक एवं जनांकिकीय का प्रभाव उसकी तैयारी पर पड़ता है?

शेष पृष्ठ 1074

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शेरशाह सूरी

- शेरशाह हुमायूँ का प्रबल प्रतिद्वंद्वी था. उसने हुमायूँ को चौसा और बिलग्राम के युद्धों में हराकर दिल्ली के सिंहासन पर अधिकार कर लिया.
- शेरशाह ने यह उपाधि दिल्ली के तख्त पर अधिकार करने के बाद धारण की. इससे पूर्व इसका नाम शेर खाँ था.
- शेर खाँ का मूल नाम फरीद था. इब्राहीम सूर इसके दादा और हसन इसके पिता थे.
- फरीद का मूल निवास पेशावर के निकट रोह का पहाड़ी क्षेत्र था.
- बहलोल लोदी के शासनकाल में इब्राहीम रोजगार की तलाश में भारत आया.
- इब्राहीम सूर और उसके पिता हसन ने पंजाब के दो जागीरदारों महाबत खाँ सूर और दाउद खाँ साहूखैल के यहाँ नौकरी कर ली.
- फरीद का जन्म 1472 ई. में होशियारपुर के निकट बजवारा में हुआ.
- फरीद के जन्म के बाद हसन जमाल खाँ की सेवा में चला गया.
- बहलोल लोदी ने जमाल खाँ को जौनपुर के साथ सासाराम, खवासपुर और टांडा परगनों की जागीरें भी दे दीं.
- हसन अपने नए मालिक के साथ सासाराम आ गया. यहीं फरीद का बचपन व्यतीत हुआ.
- हसन की चार पत्नियाँ और आठ पुत्र थे.
- फरीद और निजाम सबसे बड़ी पत्नी की संतान थे, जबकि सुलेमान और अहमद सबसे छोटी पत्नी से उत्पन्न पुत्र थे.
- हसन के ऊपर उसकी सबसे छोटी पत्नी का काफी प्रभाव था. वह फरीद से ईर्ष्या रखती थी. अतः फरीद का बचपन कष्टमय व्यतीत हुआ.
- 1494 ई. में फरीद जौनपुर चला गया और अरबी और फारसी साहित्य के अध्ययन में लग गया. उसने गुलिस्तां, बोस्तान और सिकंदरनामा नामक ग्रंथों को पढ़ा.
- जलाल खाँ फरीद की योग्यता से प्रभावित हुआ और हसन को आदेश दिया कि वह फरीद को अपनी जागीर का प्रबंधक नियुक्त करे.
- 1497 ई. से 1518 ई. तक लगभग 21 वर्ष तक फरीद ने अपने पिता की जागीर का प्रबंध किया और प्रशासनिक अनुभव प्राप्त किया.
- अपनी सौतेली माँ के दुर्व्यवहार के कारण 1518 ई. में फरीद को अपने पिता का घर छोड़कर सुल्तान इब्राहीम लोदी के दरबार में जाना पड़ा.
- फरीद ने अपने पिता की जागीर अपने नाम लिखवाने की माँग की जिसे उसके पिता ने ठुकरा दिया, लेकिन इसी समय हसन की मृत्यु हो गई तब सुल्तान ने सासाराम, खवासपुर और टांडा की जागीरें उसके नाम कर दीं, लेकिन फरीद जागीर का आनंद न ले सका.
- फरीद और उसके भाई सुलेमान के बीच जागीर को लेकर झगड़ा हो गया. अतः फरीद जागीर छोड़कर बहार खाँ लोहानी की सेवा में चला गया.
- शेर मारने के कारण बहार खाँ लोहानी ने फरीद को शेर खाँ की उपाधि दी.
- बहार खाँ लोहानी ने शेर खाँ को अपने पुत्र का शिक्षक और दक्षिण बंगाल का नायब सूबेदार नियुक्त किया.
- बहार खाँ अपने दरबारियों के बहकावे में आकर शेर खाँ को सूबेदारी छीन ली और उसे दरबदर भटकने के लिए मजबूर कर दिया.
- शेर खाँ कड़ा और मानिकपुर के सूबेदार जुनैद बरलास की मदद से बाबर की सेवा में 1527 ई. में पहुँच गया.
- बाबर ने मार्च 1528 ई. में शेर खाँ की जागीर शेर खाँ को सौंप दी.
- 1528 ई. के अंत तक शेर खाँ ने मुगलों की नौकरी छोड़ दी.
- बिहार के सुल्तान मुहम्मद ने पुनः उसे अपनी सेवा में ले लिया, परन्तु शीघ्र ही उसकी मृत्यु हो गई.
- सुल्तान मुहम्मद की विधवा दुदुबीबी ने शेर खाँ को अपना वकील नियुक्त किया.
- शेर खाँ ने ईमानदारी से अवयस्क सुल्तान की सेवा की और साथ-ही-साथ अपनी स्थिति को भी मजबूत किया.
- इब्राहीम लोदी के भाई महमूद लोदी के कारण शेर खाँ को 1529 ई. में अपनी जागीर में वापस लौटना पड़ा.
- मई-जून 1529 ई. में दुदुबीबी ने पुनः शेर खाँ को वापस बुला लिया.
- दुदुबीबी की कुछ समय पश्चात् मृत्यु हो गई और शेरशाह ने बिहार में अपनी स्थिति मजबूत कर ली.
- नुसरत शाह से मुकाबला करने के लिए शेर खाँ ने उसके बहनोई मखदूम-ए-आलम से मैत्री सम्बन्ध स्थापित किए.
- नुसरत शाह ने मखदूम-ए-आलम को मार डाला और शेर खाँ पर आक्रमण कर दिया. 1529 ई. में हुए युद्ध में नुसरत शाह शेर खाँ के हाथों बुरी तरह पराजित हुआ.
- लोहानी सरदार शेर खाँ की तरक्की से द्वेष मानने लगे और नाबालिग सुल्तान जलाल खाँ को लेकर नुसरत शाह की शरण में चले गए. इस प्रकार शेर खाँ बिहार का स्वतंत्र शासक हो गया.
- शेर खाँ ने हजरत-ए-आला की उपाधि धारण की.
- चुनारगढ़ को विजित करने के बाद शेर खाँ ने वहाँ के सूबेदार ताज खाँ की विधवा लाडमलिक से विवाह कर लिया.
- बाबर की मृत्यु के बाद अफगानों ने महमूद लोदी के नेतृत्व में मुगलों के विरुद्ध मोर्चा तैयार किया और मजबूरी में शेर खाँ को भी मोर्चे में शामिल होना पड़ा.
- अफगानों ने जौनपुर में जुनैद बरलास को परास्त किया और लखनऊ तक बढ़ आए.
- हुमायूँ और अफगानों का 1532 ई. में वर्तमान बाराबंकी जिले के दौनरुआ नामक स्थान पर युद्ध हुआ जिसमें अफगान बुरी तरह पराजित हुए.
- महमूद लोदी उड़ीसा भाग गया. 1542 ई. में उसकी वहीं मृत्यु हो गई.
- शेर खाँ पुनः बिहार का शासक हो गया.
- हुमायूँ ने 1532 ई. में चुनारगढ़ पर आक्रमण किया और सितम्बर से दिसम्बर तक घेरा डाले रखा.
- गुजरात के बहादुरशाह की गतिविधियों के कारण हुमायूँ को शेर खाँ से संधि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करनी पड़ी. शेर खाँ अपने पुत्र कुतुब खाँ को 5000 सेना सहित हुमायूँ की सेवा में भेजने को तैयार हो गया और हुमायूँ ने भी घेरा उठा लिया.

- शेर खाँ ने 1533 ई. में बंगाल के शासक गियासुद्दीन महमूद पर आक्रमण किया. बंगाल सेना का नेतृत्व इब्राहीम खाँ ने किया.
- शेर खाँ और गियासुद्दीन के बीच 1534 ई. में सूरजगढ़ नामक स्थान पर युद्ध हुआ जिसमें शेर खाँ विजयी हुआ.
- शेर खाँ सूरजगढ़ में बंगाल सेना को हराने के बाद लगातार गियासुद्दीन महमूद पर आक्रमण करता गया.
- तब हारकर गियासुद्दीन महमूद ने शेर खाँ से संधि कर ली और तेरह लाख रुपए का सोना उसे भेंट किया.
- 1537 ई. में शेर खाँ ने पुनः बंगाल पर आक्रमण कर गौड़ के किले में गियासुद्दीन महमूद को घेर लिया.
- गियासुद्दीन महमूद ने हुमायूँ से सहायता माँगी तब हुमायूँ ने हिंदूबेग को परिस्थिति का जायजा लेने के लिए जौनपुर भेजा.
- हुमायूँ के सेनानायक ने 1538 ई. में चुनारगढ़ के दुर्ग को जीत लिया.
- शेर खाँ ने चालाकी से 1538 ई. में रोहतासगढ़ पर अधिकार कर लिया.
- चौसा का युद्ध 26 जून, 1539 ई. को शेर खाँ और हुमायूँ के बीच हुआ जिसमें हुमायूँ की हार हुई.
- चौसा के युद्ध के परिणामस्वरूप शेर खाँ बिहार और बंगाल का अधिपति बन गया.
- बंगाल एवं बिहार का अधिपति बनने के बाद शेर खाँ ने सुल्तान की उपाधि धारण करने पर विचार किया. इसका प्रस्ताव सबसे पहले मसनद-ए-अली ईसा खाँ ने किया उसके बाद आजम हुमायूँ सरबनी और बिबान लोदी ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया.
- एक साधारण से समारोह में शेर खाँ ने शेरशाह की उपाधि धारण की और शेरशाह के नाम का खुतबा पढ़ा गया.
- सिंहासनारोहण के बाद शेरशाह ने गौड़ से मुगल सेना को निकालने के लिए आक्रमण किया. वहाँ हुए युद्ध में मुगल किलेदार जहाँगीर कुली बेग हार गया और मारा गया.
- बिलग्राम का युद्ध 17 मई, 1540 ई. को हुमायूँ और शेरशाह के बीच हुआ जिसमें हुमायूँ की हार हुई. इस युद्ध के परिणामस्वरूप शेरशाह भारत का बादशाह बन गया.
- शेरशाह ने उत्तर-पश्चिमी सीमा की सुरक्षा के लिए झेलम के तट पर रोहतास नामक मजबूत किले का निर्माण कराया और हैबत खाँ नियाजी और खवास खाँ को वहाँ नियुक्त किया.
- शेरशाह ने सबसे पहले खिज्रखाँ को बंगाल का सूबेदार नियुक्त किया था, परन्तु उसने स्वतंत्र शासक की भाँति व्यवहार करना प्रारम्भ कर दिया तब शेरशाह ने उसे हटाकर बंगाल में नई प्रशासन व्यवस्था शुरू की. बंगाल की जिम्मेदारी काजी फजीलात को सौंपी.
- 1542 ई. में शेरशाह ने मालवा पर आक्रमण किया. बिना युद्ध लड़े ही कादिरशाह ने समर्पण कर दिया.
- शेरशाह ने शुजात खाँ को मालवा का सूबेदार नियुक्त किया.
- शेरशाह ने 1543 ई. में रायसिन के राजा पूरणमल पर आक्रमण करने के लिए आगरा से प्रस्थान किया. पूरणमल परास्त हुआ और मारा गया.
- शेरशाह के सेनापति हैबत खाँ ने पाकपट्टन पर आक्रमण कर फतेह खाँ जाट को परास्त किया और कैद कर लिया. इसके पश्चात् उसने मुल्तान पर अधिकार कर लिया.
- शेरशाह ने फतेह जंगखान को मुल्तान का सूबेदार नियुक्त किया.
- शेरशाह ने सिंध को मुल्तान से पहले 1541 ई. में ही विजित कर लिया और स्थानीय सरदार इस्माइल खान को वहाँ का सूबेदार नियुक्त किया.
- चूँकि रेवा के शासक राजा बीरभान बघेला ने कालिंजर के राजा कीरत सिंह के दरबार में शरण ली थी इसी कारण शेरशाह ने कालिंजर पर आक्रमण 1544 ई. में किया.
- 22 मई, 1545 ई. को कालिंजर के किले को जीतने के प्रयास में एक विस्फोट में वह घायल हो गया और उसी दिन किले को जीतने की खबर सुनने के बाद मर गया.
- शेरशाह के केन्द्रीय प्रशासन में चार मंत्री थे यथा—दीवान-ए-विजारत, दीवान-ए-अरीज, दीवान-ए-रसालत और दीवान-ए-इंशा.
- दीवान-ए-विजारत को वजीर भी कहा जाता था. दीवान-ए-विजारत का कार्य भू-राजस्व और वित्त से तो सम्बन्धित था ही साथ-ही-साथ वह अन्य मंत्रालयों का पर्यवेक्षण भी करता था.
- दीवान-ए-अरीज अरीज-ए-मामलिक के नियंत्रण में रहता था.
- यद्यपि अरीज-ए-मामलिक सेना सर्वोच्च सेनापति नहीं था फिर भी सेना में भर्ती, संगठन और अनुशासन बनाए रखने का अधिकार था.
- शेरशाह दीवान-ए-अरीज के कार्य अकसर हस्तक्षेप किया करता था.
- दीवान-ए-रसालत को दीवान-ए-मुहतासिब भी कहा जाता था. शेरशाह का विदेश मंत्रालय था.
- दीवान-ए-इंशा का कार्य सरकारी दस्तावेज तैयार करना और पत्राचार करना.
- काजी दीवान-ए-कजा का सर्वेसर्वा था.
- बरीद-ए-मामलिक गुप्तचर विभाग का अध्यक्ष था.
- शेरशाह के समय में प्रत्येक प्रान्त सरकार में विभाजित था जिसके मुख्य अधिकारी होते थे—शिकदार-ए-शिकदारन और मुंसिफ-ए-मुंसिफान.
- शिकदार-ए-शिकदारन का कार्य सरकार में प्रशासन व्यवस्था बनाए रखना था. वह परगने के शिकदारों पर नियंत्रण रखता था.
- मुंसिफ-ए-मुंसिफान का कार्य न्याय सम्बन्धी था.
- न्याय सम्बन्धी कार्यों के साथ-साथ मुंसिफ-ए-मुंसिफान परगने के अधीन के कार्यों का भी निरीक्षण करता था.
- सरकार से छोटी प्रशासनिक इकाई परगना थी. परगने के मुख्य अधिकारी थे—शिकदार, मुंसिफ या अमीन, फोतदार और दो कारकुन.
- परगने का एक अन्य अधिकारी कानूनगो होता था जो अर्द्ध-सरकारी अधिकारी होता था.
- शिकदार परगने का सैन्य अधिकारी होता था और मुंसिफ न्याय के साथ-साथ भू-राजस्व व्यवस्था भी देखा करता था.
- फोतेदार परगने का खजांची था.
- ग्राम प्रशासन पंचायतों के माध्यम से चलता था. शेरशाह पटवारी और चौकीदार के माध्यम से ग्राम प्रशासन के सम्पर्क में रहता था.
- पंचायतें स्थानीय विवादों का निपटारा करती थीं.
- घुड़सवार सेना शेरशाह की सेना में मुख्य स्थान रखती थी, लेकिन पैदल सेना भी विभिन्न प्रकार के आग्नेय हथियारों से सुसज्जित रहती थी.
- शेरशाह की राजधानी में 15000 घुड़सवार, 25000 पैदल और 30 हाथियों की एक सुसज्जित सेना थी.
- आवागमन की व्यवस्था और रसद पहुँचाने की जिम्मेदारी भी सेना की होती थी.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

- भू-राजस्व दो भागों में विभाजित था– केन्द्रीय भू-राजस्व और स्थानीय भू-राजस्व.
- केन्द्रीय राजस्व के स्रोत थे– अनुत्तराधिकार सम्पत्ति, वाणिज्य, खान, उपहार, नमक, सीमा-शुल्क, जजिया खम्स, भू-राजस्व आदि.
- शाही मुद्रणालय भी राजकीय आय का मुख्य स्रोत था.
- युद्ध के समय सेना द्वारा लूटी गई सम्पत्ति का पाँच प्रतिशत शाही खजाने को जाता था जिसे खम्स कहा जाता था.
- शेरशाह ने कुल उपज का एक-तिहाई भाग भू-राजस्व के रूप में निर्धारित किया.
- भू-राजस्व का भुगतान नकद और वस्तु दोनों में किया जाता था.
- भू-राजस्व निर्धारण की तीन विधियाँ शेरशाह ने निर्धारण की थीं–
  (1) बटाई
  (2) नस्क या मुक्तई या कानकूत
  (3) नकदी या जब्ती या जमाई
- बटाई तीन प्रकार की होती थी–
  (1) लंक बटाई
  (2) खेत बटाई
  (3) रसी बटाई
- नस्क या कानकूत भी भू-राजस्व निर्धारित करने की प्रणाली थी, जो किसानों के हित में नहीं थी.
- नक्दी या जमाई या जब्ती किसानों और सरकार या जमींदारों का समझौता था, जिसमें प्रतिबीघा प्रतिवर्ष भू-राजस्व निर्धारित किया जाता था, चाहे उपज कुछ भी हो.
- भू-राजस्व साधारणतः उपज का एक-तिहाई होता था.
- जरीबाना निरीक्षक की फीस थी और महसीलाना कर संग्रहकर्ता की.
- जरीबाना और महसीलाना भू-राजस्व का $2\frac{1}{2}$ से 5% होते थे.
- शेरशाह ने जागीरदारी प्रथा को भी बरकरार रखा, लेकिन उन पर कुछ अंकुश लगाए.
- शेरशाह की भू-राजस्व प्रणाली रेय्यतवाड़ी पर आधारित थी न कि जमींदारी पर.
- शाही खजाने के खर्चे पर युद्ध लड़े जाते थे, इमारतें एवं सड़कें बनती थीं और दूसरे सार्वजनिक हित के कार्य होते थे, धर्मार्थ चिकित्सालय और भोजनालय चलाए जाते थे.
- अकेले धर्मार्थ भोजनालय पर प्रतिवर्ष 1825000 रुपए खर्च होते थे.
- शेरशाह ने नए चाँदी के सिक्के चलाए जिन्हें दाम कहा गया. शेरशाह ने सभी पुराने मिश्र धातुओं के सिक्कों को समाप्त कर दिया.
- शेरशाह के चाँदी के सिक्के का वजन 180 ग्रेन था जिसमें 175 ग्रेन शुद्ध चाँदी होती थी.
- शेरशाह द्वारा चलाया गया चाँदी का सिक्का 1835 ई. तक बरकरार रहा, केवल उसकी लिखावट में अन्तर होता रहा.
- शेरशाह के अधिकांश सिक्कों पर अरबी भाषा गुदी हुई थी. कुछ सिक्कों पर देवनागरी लिपि उकेरी गई थी.
- शेरशाहकालीन कुछ सिक्कों पर शेरशाह के नाम के साथ चार खलीफाओं के नाम भी पाए गए हैं.
- 166.4 ग्रेन, 167 ग्रेन और 168.5 ग्रेन के शुद्ध सोने के सिक्के पाए गए हैं.
- एक रुपए का मूल्य 64 दाम के बराबर था.
- शेरशाह ने व्यापार को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्यों की सीमाओं पर लगने वाली चुंगी को समाप्त कर दिया.
- शेरशाह ने आयातित सामान पर चुंगी के लिए दो स्थान निर्धारित किए, यथा–सोनारगाँव पूर्वी बंगाल में और रोहतासगढ़ पंजाब में.
- शेरशाह राज्य का सर्वोच्च न्यायाधीश था. बुधवार की शाम को वह दोनों प्रकार के मुकदमों यथा फौजदारी और दीवानी की अपीलों की सुनवाई करता था.
- शेरशाह के पश्चात् मुख्यकाजी राज्य का सर्वोच्च न्यायाधीश होता था, जिसके नियंत्रण में राज्य का न्यायिक प्रशासन चलता था.
- सभी शहरों में काजी होता था, जो फौजदारी मुकदमे सुनते थे और मुंसिफ दीवानी मुकदमे की सुनवाई करता था.
- अमीन परगनों में अपना न्यायिक कर्त्तव्य पूरा करते थे.
- मीर अदल भी न्याय सम्बन्धी अधिकारी था.
- निजामुद्दीन अहमद ने अपनी पुस्तक तबकात-ए-अकबरी में शेरशाह के न्याय के खौफ का उल्लेख करते हुए लिखा है कि व्यापारी मार्ग में अपने कीमती सामान के साथ बेखौफ यात्रा करते थे.
- मुख्य सिकदार का कार्य सरकार में शांति व्यवस्था बनाए रखना था.
- दूसरी सड़क आगरा से बुरहानपुर, तीसरी सड़क आगरा से जोधपुर और चौथी सड़क मुल्तान से लाहौर के लिए बनवाई गई.
- यात्रियों की सुविधा के लिए शेरशाह ने सड़कों के किनारे लगभग 1700 सरायों का निर्माण कराया.

●●●

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएं

2000

20 फरवरी—एसोसिएशन ऑफ इण्डियन मैनेजमेण्ट स्कूल (AIMS) आटमा में प्रवेश परीक्षा.
20 फरवरी—बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड, बंगलौर (कनारा बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक व विजया बैंक में पी.ओ. भर्ती परीक्षा).
27 फरवरी—एस. एस. सी. संयुक्त प्रारम्भिक (स्नातक स्तर) परीक्षा.
5 मार्च—आर.ए.एस./आर.टी.एस. (निलम्बित प्रश्न-पत्रों) की परीक्षा.
12 मार्च—मध्य प्रदेश बी.एड. प्रवेश परीक्षा.
9 अप्रैल—सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा.
16 अप्रैल—होटल प्रबन्धन में त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा.
30 अप्रैल—मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रा. परीक्षा.
7 मई—आई.आई.टी. मुख्य परीक्षा.
7 मई—आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल कॉलेज (AFMC) एम.बी.बी.एस प्रवेश परीक्षा.
7 मई—राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा.
11-12 मई—रुड़की विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग (मुख्य) परीक्षा.
14 मई—सी.बी.एस.ई. मेडीकल प्रवेश परीक्षा.
14 मई—बी.एस.आर.बी. (कलकत्ता) क्लेरीकल परीक्षा.
18-19 मई—उत्तर प्रदेश राज्य इन्जीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (UPSEAT–2000)
21 मई—एस. एस. सी. संयुक्त प्रारम्भिक (मैट्रिक स्तर) परीक्षा.
24–27 मई—राजस्थान प्री. मेडिकल परीक्षा.
28 मई—उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा.
28–30 मई—उत्तर प्रदेश पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा सत्र–2000-2001
29 मई—उत्तर प्रदेश मैनेजमेंट एवं एम.सी.ए. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (UPMCAT).
4 जून—सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2000
4 जून—बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में मेडिकल प्रवेश परीक्षा.
25 जून—विज्ञान विषयों में सी.एस.आई.आर.–यू.जी.सी. परीक्षा (नेट).
30 अक्टूबर—बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (चेन्नई) पी.ओ. परीक्षा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुलभ आन्दोलन : एक परिचय

✍ जितेन्द्र कुमार

सुलभ आन्दोलन का परिचय उसकी सर्वसुलभता ही है. इस आन्दोलन ने अपनी पहचान उन लोगों के दिलों में बनाई है जो स्वयं अपनी पहचान खो चुके थे. सामाजिक आन्दोलनों में अग्रणी सुलभ आन्दोलन आज उन लोगों की अस्मिता के रक्षण के लिए अथक प्रयास कर रहा है जो वर्षों से बहिष्कृत थे. प्रख्यात अंग्रेजी लेखक डॉ. मुल्कराज आनन्द ने सुलभ आन्दोलन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है–"अब्राहम लिंकन ने जो कार्य अश्वेतों के लिए अमरीका में किया है, वही कार्य सुलभ आन्दोलन ने वाल्मीकि समुदाय के लिए भारत में किया है."

1970 में पटना (बिहार) में 'सुलभ शौचालय संस्थान' के लघुतम रूप में 'सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन', नई दिल्ली तक अपने वृहत्तर रूप की यात्रा तय करता हुआ आज यह आन्दोलन अपने विविध रूपों में देश और काल की सीमाओं को पार कर वसुधैव कुटुम्बकम् की प्रेरणा से प्रेरित होकर सम्पूर्ण विश्व के मानव-कल्याण हेतु; विशेषतः उन लोगों के प्रति जो समाज के निचले सोपान पर खड़े हैं, एक ऐसा अभियान संचालित कर रहा है जो मानवतावादी दृष्टिकोण के साथ-साथ सामाजिकता एंव वैज्ञानिकता से आप्लावित है. इस आन्दोलन को आन्दोलित करने का श्रेय पद्मभूषण डॉ. बिन्देश्वर पाठक को है जो गांधी-पथ पर गमन करने वाले एक ऐसे हस्ताक्षर हैं जिन्होंने अपने सुलभ-आन्दोलन के माध्यम से सिर पर मैला ढोने वाले सफाई-कर्मियों के लिए मुक्ति का मार्ग खोला. कथनी और करनी में अन्तर न करने वाले डॉ. पाठक मानव-सेवा को ही ईश्वर-पूजा समझते हैं. परम्परा के विरुद्ध डॉ. पाठक ने एक सम्भ्रात ब्राह्मण परिवार में जन्म लेकर भी समाज के सबसे निम्नवर्गों के लोगों विशेषकर 'वाल्मीकियों' के उत्थान के लिए अपने आपको समर्पित कर दिया है.

सुलभ आन्दोलन : बहुआयामी क्रिया-कलाप–स्वच्छता के इतिहास में एक अध्याय का आरम्भ करते हुए आन्दोलन अपने लक्ष्यों की ओर गतिमान है. इस आन्दोलन के मुख्य आधार-बिन्दु निम्नलिखित हैं–

(क) वाल्मीकियों के लिए मानवाधिकारों की पुनर्स्थापना और सम्मान की प्राप्ति.

(ख) वाल्मीकियों को सिर पर मैला ढोने जैसे अमानवीय कार्यों से मुक्ति

(ग) मुक्त वाल्मीकियों के पुनर्वास एवं सामाजिक-समानत्व के कार्य.

(घ) वाल्मीकियों के पुत्र-पुत्रियों के लिए अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों की स्थापना.

(ङ) वाल्मीकियों को अस्वास्थ्यकर स्थानों से दूर नए आवासों के निर्माण में सहायता.

(च) पर्यावरणीय प्रदूषण की रोकथाम तथा स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पारितन्त्र के विकास के लिए कार्य.

(छ) सामुदायिक शौचालयों का निर्माण जो 'पे एंड यूज' के आधार पर स्नानगृह, सफाई-सुविधा एवं मूत्रालयों से युक्त हों.

(ज) मानव-मल से गैर-परम्परागत ऊर्जा-बायोगैस का उत्पादन, जो ईंधन और वनों के बचाव का विकल्प होगा.

(झ) सुलभ शौचालय परिसरों से बायो उर्वरक की प्राप्ति जिससे खेतों की उर्वरता बढ़ायी जा सकेगी.

(ञ) रोजगारोन्मुखी शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना.

उपर्युक्त लक्ष्यों को आधार बनाकर सुलभ आन्दोलन सामाजिक-सेवा के कई सोपान तय कर चुका है. यह आज विविध स्वरूपों में जन कल्याणार्थ प्रस्तुत है. संप्रति इस आन्दोलन में 50,000 स्वयंसेवक मानवाधिकारों की पुनर्स्थापना, पर्यावरणीय स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सफाई, अपरम्परागत ऊर्जा, मल-व्ययन प्रबन्धन, शिक्षा द्वारा समाज सुधार, प्रशिक्षण तथा सचेतता आदि कार्यों में लगे हुए हैं. इसके साथ ही मानव-मल पर आधारित बायो गैस, बायो उर्वरक एवं प्रदूषित जल उपचारक प्लांटों के माध्यम से विज्ञान को मानव-सेवा से जोड़ने का प्रयास सुलभ आन्दोलन द्वारा संचालित हैं. नई दिल्ली में एक अंग्रेजी माध्यम का विद्यालय और सम्पूर्ण देश में प्रशिक्षण केन्द्र जिसमें गरीब वाल्मीक परिवारों के लड़के-लड़कियाँ प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें, चलाए जा रहे हैं. सुलभ आन्दोलन ने इस प्रकार आधुनिक एवं मानवीय सामाजिक व्यवस्था पर आधारित सद्इच्छा और सहयोग की दुनिया स्थापित की है.

सुलभ आन्दोलन : एक नई सामाजिक क्रान्ति–1974 में सुलभ आन्दोलन के अन्तर्गत पटना (बिहार) में 24 शौचालयों की क्षमता वाले सुलभ शौचालय परिसर के निर्माण से स्वच्छता के इतिहास में एक नई अहिंसक क्रान्ति आई थी. वर्तमान में इस आन्दोलन के आलोक में 8 लाख शौ[चालयों] का निर्माण और रख-रखाव भली-भाँति [किया] है. इस आन्दोलन के तहत् 987 [शहरों] 3,154 सुलभ शौचालय परिसरों के [माध्यम] से 40,500 वाल्मीकियों को मैला ढोने [के] कार्य से मुक्त कराया जा चुका है [और] आर्थिक स्रोतों के लिए आत्मनिर्भर [बनाया] स्वच्छता के क्षेत्र में, पर्यावरण के क्षेत्र [में] तथा सबसे बढ़कर वाल्मीकियों की [मुक्ति] और पुनर्वास के क्षेत्र में इस आन्दोलन [ने] जो असम्भव कार्यों को सम्भव कर दि[खाया] है, वह अविश्वसनीय है.

आज सुलभ आन्दोलन ग्रामीण [विकास] की ओर बढ़ रहा है और इसने दिल्ली [के] स्थित गाँव 'झुलझुली' को मॉडल गाँव [के] रूप में विकसित कर राष्ट्रीय-अन्तर्रा[ष्ट्रीय] सराहना पाई है. 1994 में ही [सुलभ] इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ [सोशल] डेवेलपमेंट–रिसर्च एंड ट्रेनिंग' की स्[थापना] के साथ यह आन्दोलन गाँवों को दि[शा-निर्देश] करने के लिए तकनीकी ज्ञान प्रदान [करने] में प्रयासरत है. इसका उद्देश्य ही है-ग्[रामीण] सेवा में विज्ञान की तकनीकों को [ले] जाकर आम-आदमी तक पहुँचाना. [इस] प्रकार यह आन्दोलन 'सुलभ गाँवों की [ओर]' उद्घोषणा के साथ विज्ञान को मानव-[कल्याण] के लिए प्रयोग करने के लिए संकल्पि[त है]. यह भारत के 630 मिलियन ग्रामीण[वासियों] उत्थान के लिए, जो 5,76,000 गाँव[ों में] बसते हैं; अपने विविध प्रकार के कार्य[क्रमों] को योजनाबद्ध रूपों में गाँवों तक ले [जाने] के लिए प्रयासरत हैं, अपितु इसके [द्वारा] अब तक ग्रामीण-क्षेत्रों में कई कार्यक्रम [चलाए] भी जा चुके हैं. सुलभ आन्दोलन आज [एक] विकल्प के रूप में उभरा है जिससे स्[थानीय] स्वशासी इकाइयों पर जनता की आ[शाओं] सुविधाओं का उत्तरदायित्व कम हुआ है.

सुलभ आन्दोलन : अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप–'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' [की] भावना को अपने अन्तःकरण में समेटे [हुए] आन्दोलन अब भारत की परिधि [से] निकलकर विश्व के कई अन्य देशों में [अपने] क्रियाकलापों से मानवता के प्रति सम[र्पित] होकर निरन्तर नए अध्यायों का सृजन [कर] रहा है. भारत के पड़ोसी देश भूटान [की] सरकार के आमंत्रण पर आन्दोलन के [द्वारा] स्वच्छता के कई कार्य सम्पन्न किए [गए]. इस आन्दोलन का एक प्रतिनिधिमण्डल [भी] सरकार के आमंत्रण पर वहाँ की पर्यावरण, स्वच्छता, मानव-मल विस्थापन एवं [अन्य]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्पादन की स्थिति पर अध्ययन करने वहाँ पहुँचा था. डॉ. पाठक और उनके सहकर्मियों द्वारा 1980 में श्रीलंका, 1983 में थाईलैण्ड और बांग्लादेश, 1986 में चीन, 1989 में स्वीडन, 1990 में स्पेन और पाकिस्तान इत्यादि देशों की यात्राओं से सुलभ आन्दोलन को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक लोकप्रियता मिली है.

इस आन्दोलन को अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा भी मान्यता मिलती रही है, जिसमें– यूनीसेफ, विश्व बैंक, यू. एन. डी. पी., डब्ल्यू. एच. ओ., यू. एन. सी. एच. एस. आदि शामिल हैं. इन सभी संस्थाओं ने इस आन्दोलन के अन्तर्गत बनने वाले सुलभ शौचालयों की योजना और संरचना को मान्यता प्रदान की है. अन्तर्राष्ट्रीय सूचना एजेंसी बी. बी. सी. द्वारा भी सुलभ शौचालयों को कम लागत पर उचित तकनीक से मानव-मल व्ययन की योजना बताया गया है. इस प्रकार सुलभ स्वच्छता आन्दोलन अपने ज्ञान, प्रयोग तथा तकनीक का समाज के सबसे उपेक्षित वर्ग के कल्याण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका निभाने का प्रयास कर रहा है.

सुलभ आन्दोलन के बारे में सारांशतः यह कहा जा सकता है कि आन्दोलन ने अपनी सक्रियता और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि पाई है. 'द न्यूयार्क टाइम्स' ने 1980 में–'लेस डिमेनिंग वर्क एंड गेन्स इन सैनीटेसन' शीर्षक से अपनी टिप्पणी की थी. इसी समाचार-पत्र ने 1989 में 'अनटचेबुल्स गेन द हेल्प ऑफ ए ब्राह्मण' शीर्षक से डॉ. पाठक और सुलभ आन्दोलन को अपनी खबर बनाया. कनाडा के राष्ट्रीय पत्र-'द ग्लोब एंड मेल' ने 1994 में– 'क्लीन रिव्योलूसन बिगिन्स विदाउट हाउस' शीर्षक से समाचार बनाया. इसी प्रकार जर्मनी और थाईलैण्ड के समाचार-पत्रों में भी सुलभ के समाचार आते रहे. राष्ट्रीय स्तर पर 'द हिन्दुस्तान टाइम्स', 'द टाइम्स ऑफ इंडिया', 'द स्टेटस् मैन', 'इंडियन एक्सप्रेस', 'इंडिया टूडे', 'दिनमान', 'गांधी-मार्ग' आदि. पत्र-पत्रिकाओं ने अपनी सुर्खियों मे सुलभ के सुरों को संगीत देकर अपने पाठकों तक पहुँचाया. सुविख्यात पत्रकार एवं विद्वान् खुशवंत सिंह ने इस आन्दोलन के बारे में अपने विचार प्रकट करते हुए कहा था कि– "राष्ट्र डॉ. पाठक का कृतज्ञ है." पूर्व केन्द्रीय मंत्री, राजनयिक एवं विद्वान् डॉ. कर्ण सिंह की उक्ति थी– "अपने समाज-सुधार आन्दोलन के कारण डॉ. पाठक की तुलना दयानंद सरस्वती और राजा राम मोहन राय से की जा सकती है." इन मनीषियों के साथ ही श्री बुतरस बुतरस घाली, पूर्व महासचिव, संयुक्त राष्ट्र संघ, डॉ. वली एनंडो, पूर्व महासचिव, हैबीटेट तथा पूर्व प्रधानमन्त्री इन्द्र कुमार गुजराल जैसे व्यक्तियों ने भी इस आन्दोलन के योगदानों की प्रशंसा की है.

सुलभ आन्दोलन और पद्म भूषण डॉ. बिन्देश्वर पाठक एक-दूसरे के पर्याय हैं. डॉ. पाठक एक महान् मानवतावादी, समाज-सुधारक, सामाजिक चिन्तक, पर्यावरणविद् उत्कृष्ट अभियन्ता, योजना-निर्माता, प्रशासक, विश्व स्तर पर कम लागत वाली स्वच्छता, बायोगैस तथा ग्रामीण विकास के विशेषज्ञ हैं. डॉ. पाठक ने सिर पर मैला ढोने वालों के प्रति अपनी सहज स्फूर्त संवेदना में कहा है–"स्वतन्त्र होना सुंदर होना है; विशेषतः वाल्मीकियों के साथ, जो उनसे भी घृणा पाते हैं, जिनके मल को वे अपने सिर पर ढोते हैं." ●●●

COMPETITION SCIENCE VISION (Monthly)
is indispensable as it is unique

उत्तर प्रदेश
पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा गाइड
उपकार प्रकाशन की उपयोगी पुस्तकें

उ.प्र. पॉलिटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा	104/-
पॉलिटेक्निक प्रवेश (फार्मेसी) (बायलोजी ग्रुप) परीक्षा	225/-
पॉलिटेक्निक प्रवेश (फार्मेसी) (गणित ग्रुप) परीक्षा	160/-
पॉलिटेक्निक प्रवेश (एग्रीकल्चर इंजी.) परीक्षा (उ.प्र.)	120/-
पॉलिटेक्निक कम्प्यूटर एप्लीकेशन (उ.प्र.)	90/-
पॉलिटेक्निक एयर क्रैफ्ट मेन्टी. इंजीनियरिंग	160/-
पॉलिटेक्निक कॉमर्शियल प्रैक्टिस, स्टेनोग्राफी एण्ड सेक्रेट्रियल प्रैक्टिस	74/-

ये पुस्तकें नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित हैं तथा विषय के विशेषज्ञ विद्वानों द्वारा लिखी गई हैं. इनमें पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सभी पहलुओं को समाहित करते हुए नवीन, ज्ञानवर्द्धक एवं विश्लेषणात्मक सामग्री दी गई है जो आपकी सफलता के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी.

अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से खरीदें या 60/- का मनीऑर्डर निम्न पते पर भेजकर वी.पी.पी. द्वारा प्राप्त करें–
उपकार प्रकाशन 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 351238, 351002, 322930; फैक्स : (0562) 351251

New Release
उ प का र
इंगलिश स्पीकिंग कोर्स
लेखक : डॉ. बी. बी. जैन मूल्य : 105/-



वर्तमान में अनेक ऐसे क्षेत्रों में दुनिया बड़ी तेजी से आगे बढ़ रही है जिनमें अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक ही नहीं अपरिहार्य हो गया है. समय के साथ आगे बढ़ने तथा अगली शताब्दी की चुनौतियों का सामना करने के लिए बिना हिचकिचाहट के अंग्रेजी बोलने, पढ़ने तथा लिखने की क्षमता एक महत्वपूर्ण साधन बन गई है.

आपकी इन्हीं आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इस बेजोड़ पुस्तक की रचना की गई है. इसके उपयोग से अंग्रेजी सीखना सुगम ही नहीं रुचिकर एवं मनोरंजक भी होगा.

सभी पुस्तक विक्रेताओं के पास उपलब्ध अथवा 50 रुपए का मनीऑर्डर निम्नलिखित पते पर सीधे भेजकर पुस्तक वी.पी.पी. द्वारा प्राप्त करें–
उपकार प्रकाशन 2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 351238, 351002, 322930; फैक्स : (0562) 351251
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य अध्ययन

1. अक्टूबर 1999 में डीजल की कीमत में वृद्धि की गई–
(A) 25 प्रतिशत
(B) 30 प्रतिशत
(C) 35 प्रतिशत
(D) 40 प्रतिशत

2. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद कल्याण सिंह ने एक नई पार्टी का गठन किया. उस पार्टी का नाम है–
(A) लोकमत पार्टी
(B) राष्ट्रीय जनता दल
(C) राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी
(D) समाजवादी पार्टी

3. उच्चतम न्यायालय ने कर्मचारी भविष्य-निधि योजना (Employees' Provident Fund Scheme) के बारे में हाल ही में एक महत्वपूर्ण आदेश दिया है. वह यह है कि–
(A) उसके अंशदान (Contribution) पर ब्याज की दर बढ़ाकर 13 प्रतिशत की जाए
(B) कर्मचारी को सेवा निवृत्ति के 30 दिनों के अन्दर ही उसकी रकम अदा करनी होगी
(C) यह योजना ग्राहक सुरक्षा अधिनियम (Consumer Protection Act) की मर्यादा के अंदर आएगी
(D) यह योजना स्वैच्छिक (Voluntary) है न कि अनिवार्य (Compulsory)

4. केन्द्रीय सरकार ने पूँजी विनिवेश (Disinvestment) हेतु एक नया विभाग Department) गठित किया है जिसका कार्यभार स्वतंत्र रूप से एक मंत्री को सौंपा है. उस मंत्री का नाम है–
(A) श्री प्रमोद महाजन
(B) श्री अरुण शौरी
(C) श्री अरुण जेटली
(D) श्रीमती सुषमा स्वराज

5. 1999 के 'डूरंड कप फुटबाल' स्पर्धा के विजेता थे–
(A) कलकत्ता के मोहन बगान
(B) पूर्व बंगाल
(C) गोआ का सलगावकर क्लब
(D) पंजाब टीम

6. असंगत महिला को ढूँढ़ो (Odd woman out)–
(A) डायना हैडन (B) ऐश्वर्या राय
(C) सुष्मिता सेन (D) युक्ता मुखी

7. वर्ष 1999 का गांधी शान्ति पुरस्कार किसको दिया गया है?
(A) मेघा पाटकर
(B) बाबा आम्टे
(C) श्री अटल बिहारी वाजपेयी
(D) इनमें से कोई नहीं

8. भारत की अग्रगण्य सायबर कॉर्पोरेशन (Leading Cyber Corporation) इनफॉसिस टेक्नोलोजी लिमिटेड (Infosys Technologies Ltd.) के अध्यक्ष हैं–
(A) श्री अज़ीम प्रेमजी
(B) श्री नारायन मूर्ति
(C) श्री सुनील मित्तल
(D) श्री कँवल रेखी

9. कन्फेडरेशन ऑफ इण्डियन इण्डस्ट्रीज (Confederation of Indian Industries–CII) ने बंद करने के लिए सिफारिश की–
(A) इण्डियन बैंक, यूको बैंक और बैंक ऑफ पंजाब को
(B) यूको बैंक, इण्डियन बैंक और यूनाइटेड बैंक को
(C) यूनाइटेड बैंक, यूको बैंक और ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स को
(D) इनमें से कोई नहीं

10. भारतीय पूँजी बाजार (Indian Capital Market) में एफ. आई. आई. का कुल एकत्रित निवेश (Net Cumulative Investment) 10 करोड़ डॉलर की सीमा को भी पार कर गया–
(A) यह कुल बाजारीय पूँजी (Market Capitalisation) निवेश की 5 प्रतिशत से अधिक राशि है
(B) यह कुल बाजारीय पूँजी निवेश की 10 प्रतिशत से अधिक राशि के बराबर है
(C) यह कुल बाजारीय पूँजी निवेश की ठीक 2 प्रतिशत राशि के बराबर है
(D) इनमें से कोई नहीं

11. पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष हैं–
(A) जाफर अल्ताफ
(B) खालिद महमूद
(C) तौफीक जिया
(D) मुजीब-उर-रहमान

12. बी. बी. सी. के इस सदी के ... महान् खिलाड़ियों में से सर डॉन ... के नाम से आगे (Above the ... of) दो भारतीय खिलाड़ियों के ... रखे गए हैं. वे हैं–
(A) कपिल देव और सचिन तेंदुलकर
(B) सुनील गावस्कर और कपिल ...
(C) सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर
(D) सचिन तेंदुलकर और कुम्बले

13. पाकिस्तान ..... के शासन के अन्तर्गत है.
(A) नवाज़ शरीफ
(B) श्रीमती बेनजीर भुट्टो
(C) जनरल परवेज मुशर्रफ
(D) जिया-उल-हक

14. शॉर्क (SAARC) देशों का ... सम्मेलन (Summit) नवम्बर 199... होना था–
(A) नई दिल्ली में
(B) कोलम्बो में
(C) इस्लामाबाद में
(D) काठमांडू में

15. हाल ही में मौलाना मज़रुल ... विद्यालय की स्थापना हुई है–
(A) तकनीकी शिक्षा के विकास के ...
(B) मेडिकल और फार्मेसी ... विकास के लिए
(C) इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर ... के विकास के लिए
(D) अरबी और पर्शियन भाषा ... विकास के लिए.

16. विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) ... वित्तीय सेवाओं सम्बन्धी बहुउद्देश्य करार (Multilateral agreement ... financial services) लागू हुआ–
(A) जनवरी 1999 से
(B) मार्च 1999 से
(C) अप्रैल 1999 से
(D) इनमें से कोई नहीं

17. अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय इतिहास (... national financial history) में ... के बाद की सबसे महत्वपूर्ण घटना ... में से एक, यूरो (EURO) का ... प्रारम्भ होना था. यह प्रारम्भ हुआ–
(A) जनवरी 1998 में
(B) जनवरी 1999 में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(C) अप्रैल 1998 में
(D) अप्रैल 1999 में

18. बी.बी.सी. की मतगणना के अनुसार शहस्त्राब्दी की श्रेष्ठ महिला (The woman of the Millennium) का नाम दिया गया है–
(A) श्रीमती इंदिरा गांधी को
(B) श्रीमती मारग्रेट थेचर को
(C) श्रीमती गोल्डा मेहर को
(D) इनमें से कोई नहीं

19. विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) का अधिवेशन जो सियेटल (Seattle) में सम्पन्न हुआ, उसमें भारतीय प्रतिनिधि मंडल का प्रतिनिधित्व किया–
(A) श्री बृजेश मिश्र ने
(B) श्री मुरासोलीमारन ने
(C) श्री जशवन्त सिंह ने
(D) श्री प्रमोद महाजन ने

20. असंगत जोड़ी (a pair which is not properly matched) को ढूँढ़ो–
(A) डीगो मारडोना – हॉकी (Diego Maradona)
(B) गेरी कास्पारोव – चैस (Gary Casparov)
(C) पीट सम्प्रास – टेनिस (Pete Sampras)
(D) रोनाल्डो – फुटबाल (Ronaldo)

21. ओटावियो क्वोट्रॉची (Ottavio Quattrocchi) है–
(A) सोनिया गांधी के परिवार से घनिष्ठ रूप से सम्बन्धित इटली का एक नागरिक
(B) स्वीडन की बोफोर्स कम्पनी का स्वीडिश अधिकारी
(C) बोफोर्स मुकदमे से जुड़ा इटली का एक व्यापारी
(D) फ्रांस की 'सोफ्मा' कम्पनी का एक अभिकर्ता

22. केन्द्रीय सरकार में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं–
(A) 6 केबिनेट मंत्री और 6 राज्य मंत्री
(B) 5 केबिनेट मंत्री और 6 राज्य मंत्री
(C) 1 केबिनेट मंत्री और 5 राज्य मंत्री
(D) इनमें से कोई नहीं

23. बिहार में विधान सभा का चुनाव–
(A) फरवरी 2000 में हुआ
(B) अप्रैल 2000 में होगा
(C) जून 2000 में होगा
(D) सितम्बर-अक्टूबर 1999 में सम्पन्न हुआ

24. बिहार राज्य में 1998 के हुए पूर्व चुनाव की तुलना में आर. जे. डी. की स्थिति 1999 के चुनाव के बाद कैसी रही?
(A) उसने 10 सीटें अधिक प्राप्त की
(B) उसे 10 सीटों का नुकसान हुआ
(C) उसे 17 सीटों का नुकसान हुआ
(D) इनमें से कोई नहीं

25. वनांचल को अलग राज्य बनाने के विरोध में बिहार बन्द का ऐलान किया गया–
(A) 14 नवम्बर 1999 को
(B) 14 दिसम्बर 1999 को
(C) 13 दिसम्बर 1999 को
(D) 15 दिसम्बर 1999 को

26. बिहार की जनसंख्या में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (Economically backward classes) का प्रतिनिधित्व है–
(A) 25% (B) 40%
(C) 33% (D) 10%

27. बिहार-भारत का मध्यम आकार वाला राज्य (A medium sized state) है, जो–
(A) क्षेत्रफल में दूसरा सबसे बड़ा तथा जनसंख्या में 9वाँ सबसे बड़ा है
(B) क्षेत्रफल में 9वाँ सबसे बड़ा तथा जनसंख्या में दूसरा सबसे बड़ा है
(C) जनसंख्या एवं क्षेत्रफल दोनों में दूसरा सबसे बड़ा है
(D) इनमें से कोई नहीं

28. पटना हवाई अड्डे को नया नाम दिया गया है–
(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद हवाई अड्डा
(B) डॉ. जगन्नाथ मिश्र हवाई अड्डा
(C) लोकनायक जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डा
(D) इनमें से कोई नहीं

29. बिहार के सबसे अधिक आबादी वाले और सबसे अधिक क्षेत्रफल वाले जिले क्रमशः हैं–
(A) गया और सिंहभूम
(B) पटना और गुमला
(C) पटना और राँची
(D) मुजफ्फरपुर और राँची

30. बिहार के नए जिले हैं–
(A) कोडरमा, लखीसराय, जामुई
(B) कोडरमा, अरारिया, गढ़वा
(C) पाकुर, गढ़वा, शेखपुरा
(D) पाकुर, लखीसराय, शेखपुरा

31. नीचे के जोड़ों में से कौनसा जोड़ा असंगत (Incorrectly matched) है?
(A) इनसेफेलाइटिस – मस्तिष्क
(B) शोथ – मलाशय
(C) हेपेटाइटिस – यकृत
(D) पीलिया – गला

32. बादलों से घिरी रात सामान्य रूप से गर्म होती है, क्योंकि–
(A) धरती और हवा से होने वाले विकिरण (Radiation) को बादल रोक लेते हैं
(B) धरती और हवा से होने वाले विकिरण को बादल रोकते नहीं हैं
(C) बादल गर्म होते हैं
(D) बादलों से वर्षा होती है

33. समान जुड़वें बच्चे (Identical twins) पैदा होते हैं, जब–
(A) दो शुक्राणु (Sperms) एक अण्डकोष (Ovum) का संसेचन (Fertilise) करते हैं
(B) दो शुक्राणु दो अण्डकोषों का एक साथ संसेचन करते हैं
(C) एक शुक्राणु एक अण्डकोष को संसेचित करता है और संयुक्त पिण्ड (Zygote) विभाजित करता है दो कोषाणुओं (Cells) को स्वतंत्र रूप से विकसित होने के लिए
(D) एक शुक्राणु दो अण्डकोषों को संसेचित करता है

34. आइंस्टाइन के समीकरण $E = MC^2$ में 'C' से तात्पर्य है–
(A) ध्वनि की गति (Velocity of sound)
(B) प्रकाश की गति (Velocity of light)
(C) अपरिवर्तित तत्व (A constant factor)
(D) प्रकाश की तरंग लम्बाई (Wavelength of light)

35. गर्म पानी जिसमें अधिक मात्रा में नमक मिला हो उसमें पीड़ित पाँव रखने से पाँव की सूजन (Swelling) कम हो जाती है. इस घटना को हम कहते हैं–
(A) आसमोसिस (Osmosis)
(B) प्लाज्मोलिसिस (Plasmolysis)
(C) इलेक्ट्रोलिसिस (Electrolysis)
(D) इनमें से एक भी नहीं

36. एस्प्रीन (Aspirin) है–
(A) एन्टीबायोटिक (an antibiotic)
(B) हॉर्मोन (a hormone)
(C) एनलजेसिक (an analgesic)
(D) एनजाइम (an enzyme)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

37. पंखे के नीचे बैठा व्यक्ति ठंडक महसूस करता है. अगर थर्मामीटर पंखे के नीचे रख दिया जाए, तो वह कितना ताप दिखाएगा?
(A) यह उच्च ताप दर्शाएगा
(B) यह केवल कमरे का तापमान बताएगा
(C) यह कम तापमान बताएगा
(D) कुछ कहना सम्भव नहीं है

38. कृत्रिम उर्वरक (Artificial fertilizer) में सामान्य रूप से नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और एक तीसरा तत्व कौनसा होता है?
(A) सोडियम (B) कैल्सियम
(C) पोटैशियम (D) बेरियम

39. मानव शरीर प्रतिरक्षित (Immune) है–
(A) चेचक (Small pox) से
(B) मधुमेह (Diabetes) से
(C) तपेदिक (Tuberculosis) से
(D) पीलिया (Jaundice) से

40. अणुबम है–
(A) असीमित आकार का बड़ा विस्फोटक (A highly explosive bomb of unlimited size)
(B) थर्मोन्यूक्लियर बम (A thermo-nuclear bomb)
(C) फिजन बम (A fission bomb)
(D) फ्यूजन बम (A fusion bomb)

41. एक खुली ट्यूब में, मर्करी की मुक्त सतह रहती है–
(A) क्षैतिज (Horizontal)
(B) ऊपर की ओर मुड़ी हुई (Curved upwards)
(C) नीचे की ओर मुड़ी हुई
(D) अनिश्चित

42. वर्षा की तीव्रता (The intensity of rain) किसमें अभिव्यक्त की जाती है?
(A) सेमी/मिनट (B) सेमी/घण्टा
(C) सेमी/दिन (D) सेमी/8 घण्टे

43. धारा की इकाई (The unit of current) होती है–
(A) वाट (Watt)
(B) जूल (Joule)
(C) अश्व शक्ति (Horse power)
(D) एम्पियर (Ampere)

44. पम्प एक साधन है जो परिवर्तित करता है–
(A) विद्युत् ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में (Electrical energy to mechanical energy)
(B) दाब ऊर्जा को वेग ऊर्जा में (Pressure energy to velocity energy)
(C) वेग ऊर्जा को विभव ऊर्जा में (Velocity energy to potential energy)
(D) यांत्रिक ऊर्जा को विभव ऊर्जा में (Mechanical energy to potential energy)

45. स्टेनलेस स्टील किसके कारण संक्षारण (Corrosion) को रोकता है?
(A) कार्बन
(B) गंधक (Sulphur)
(C) मैंगनीज
(D) क्रोमियम (Chromium)

46. रंगों में पिगमेन्ट किसके लिए उत्तरदायी होता है?
(A) टिकाऊपन (Durability)
(B) रंग
(C) चिकनाहट (Smoothness)
(D) स्निग्ध आकृति (Glassy face)

47. गैल्वेनीकरण (Galvanising) का अर्थ किसका पतला लेपन चढ़ाने से है?
(A) टिन (Tin)
(B) जस्ता (Zinc)
(C) ग्लेज (Glaze)
(D) कोलतार (Coaltar)

48. रासायनिक परिवर्तन (Chemical change) में अभिक्रियात्मक पदार्थों (Reacting substances) का कुल वजन उत्पादों के कुल वजन की तुलना में कितना होता है?
(A) कभी भी समान नहीं होता है
(B) हमेशा समान होता है
(C) हमेशा ज्यादा होता है
(D) हमेशा कम होता है

49. किस प्रकार के पदार्थों पर ओस सहज बन जाता है?
(A) जो अच्छे विकिरक (Good radiators) हों
(B) जो कुसंगवाहक (Bad conductors) हों
(C) जो भूमि के नजदीक रखे गए हैं
(D) जो उपर्युक्त सभी शर्तों को पूरा करते हैं

50. एक-दूसरे के अन्दर चिपके हुए दो मग्गों (Tumblers) को ठण्डे पानी के उपयोग से आप कैसे अलग करेंगे?
(A) बाहरी मग्गे पर ठण्डा पानी डालकर
(B) अन्दर के मग्गे में ठण्डा पानी डालकर
(C) दोनों मग्गों को ठण्डे [illegible] रखकर
(D) ठण्डे पानी के उपयोग [illegible] उन्हें अलग नहीं कर सकते

51. ताजमहल का निर्माण भारत [illegible] के विशेषज्ञों ने किया.
(A) सऊदी अरब (S. Arabia)
(B) फारस (Persia)
(C) यूनान (Greece)
(D) चीन (China)

52. निम्नलिखित में से भारत का [illegible] पुराना राजकुल (Dynasty) कौन
(A) मौर्य (B) गुप्त
(C) वर्धन (D) कुशाण

53. अशोक की महानता मुख्यतः है–
(A) कलिंग विजय में
(B) बौद्ध धर्म के प्रचार में
(C) भारत के राजनीतिक एक में (Political Unification of I
(D) विश्व बंधुत्व में (Univ Brotherhood)

54. कुशाणों की राजधानी थी–
(A) पाटलिपुत्र (B) श्रावस्ती
(C) पुरुषपुरा (D) उज्जैन

55. 'संघ' पवित्र स्थल हैं–
(A) जैनों के
(B) बौद्धों के
(C) हिन्दुओं के
(D) पारसियों के

56. नीचे लिखे सम्राटों में से कौन अन्तिम दिनों में अपने पुत्र का (Prisoner) था?
(A) अकबर
(B) बहादुर शाह जफर
(C) शाहजहाँ
(D) औरंगजेब

57. किस वर्ष में सुभाष चन्द्र बोस भारतीय राष्ट्रीय सेना का गठन कि
(A) 1945 (B) 1943
(C) 1936 (D) 1939

58. पटना का प्राचीन नाम क्या है?
(A) कौशाम्बी (B) कन्नौज
(C) पाटलिपुत्र (D) कपिलवस्तु

59. निम्नलिखित में से किसमें वे स्थल हैं, जहाँ शंकराचार्य ने चार (Monasteries) की स्थापना की?
(A) काशी, पुरी, रामेश्वरम्, द्वारि
(B) बद्रीनाथ, सोमनाथ, हरिद्वार
(C) बद्रीनाथ, श्रिंगेरी, पुरी, द्वारि
(D) श्रिंगेरी, पुरी, द्वारिका, ऋषि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

60. मुगल साम्राज्य के दौरान कौनसी भाषा सरकारी काम-काज के उपयोग में लाई जाती थी?
(A) परसियन (B) हिन्दी
(C) उर्दू (D) तुर्की

61. किसने कहा था कि राम और रहीम एक ही ईश्वर के दो अलग-अलग नाम हैं?
(A) अकबर (B) नानक
(C) कबीर (D) रामदास

62. भारत में सार्वजनिक निर्माण विभाग (Public works department) का गठन किसने किया?
(A) लॉर्ड डलहौजी
(B) लॉर्ड वारेन हेस्टिंग्स
(C) लॉर्ड विलियम बेंटिंक
(D) लॉर्ड रिपन

63. भारत के लौह पुरुष (The Iron man of India) के रूप में किसको जाना जाता है?
(A) गोपाल कृष्ण गोखले
(B) महात्मा गांधी
(C) सुभाष चन्द्र बोस
(D) सरदार वल्लभभाई पटेल

64. किस राज्य का व्यक्ति भारतीय गणतंत्र (Indian Republic) का प्रथम राष्ट्रपति था?
(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार
(C) तमिलनाडु (D) गुजरात

65. पाटलिपुत्र को किस शासक ने सर्वप्रथम अपनी राजधानी बनाया?
(A) चन्द्रगुप्त मौर्य
(B) अशोक महान्
(C) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(D) कनिष्क

66. नालन्दा विश्वविद्यालय किसलिए विश्व-प्रसिद्ध था?
(A) चिकित्सा विज्ञान
(B) तर्कशास्त्र (Logic)
(C) बौद्धधर्म दर्शन
(D) रसायन विज्ञान

67. कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की पहली बैठक पटना में हुई, वर्ष–
(A) 1921 में (B) 1934 में
(C) 1937 में (D) 1939 में

68. भारत में प्रथम आम चुनाव हुआ–
(A) 1947 में (B) 1950 में
(C) 1952 में (D) 1957 में

69. वन्दे मातरम् की रचना किसने की?
(A) रबीन्द्रनाथ टैगोर
(B) मुहम्मद इकबाल
(C) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(D) सरोजिनी नायडू

70. 'सत्यमेव जयते' शब्द लिए गए–
(A) वेद से
(B) रामायण से
(C) महाभारत से
(D) किसी में से नहीं

71. इल-निनो (El-nino) है–
(A) दक्षिण अफ्रीका की एक नदी
(B) पूर्वी अफ्रीका की एक भाषा
(C) एक कटाव बहाव का प्रारूप (An erosional flurial feature)
(D) विश्व मौसम से सम्बन्धित (Associated with world weather)

72. उष्ण कटिबंधीय चक्रवात (Tropical cyclone storms) जो फिलीपीन्स, जापान और चीन में आते हैं, उन्हें कहते हैं–
(A) विद्युत् झंझावात (Thunder storms)
(B) प्रचंड बवंडर (Typhoons)
(C) प्रभंजन (Tornado)
(D) झंझावात (Hurricane)

73. संसार में गेहूँ का उत्पादन मुख्यतः सीमित है–
(A) विषुवतीय प्रदेशों (Equatorial lands) में
(B) उष्ण कटिबंधीय मानसून प्रदेशों (The tropical monsoon lands) में
(C) सामान्य घास के प्रदेशों (Temperate grass lands) में
(D) अर्ध शुष्क मैदानों (Semi-arid steppers) में

74. ग्रेनाइट में पर्त उतारने की प्रक्रिया (Exfoliation) को कहते हैं–
(A) यांत्रिक वेदरिंग (Mechanical weathering)
(B) रासायनिक वेदरिंग (Chemical weathering)
(C) फाल्टिंग (Faulting)
(D) फोल्डिंग (Folding)

75. निम्नांकित में से कौनसा जोड़ा सही है?

	नगर		नदी
(A)	रोम	–	सेने
(B)	बोन	–	डेनियू
(C)	बगदाद	–	टाइग्रीस
(D)	पेरिस	–	टाइबर

76. नेफा (NEFA) पुराना नाम है–
(A) अरुणाचल प्रदेश का
(B) मेघालय का
(C) मणिपुर का
(D) त्रिपुरा का

77. जमशेदपुर किस राज्य में है?
(A) पश्चिम बंगाल
(B) बिहार
(C) उड़ीसा
(D) मध्य प्रदेश

78. निम्नलिखित में से कौनसा उद्योग दक्षिण बिहार में स्थित है?
(A) भारी मशीन औजार
(B) कागज
(C) विस्फोटक
(D) लोहा और इस्पात

79. 'साइलेण्ट वेली प्रोजेक्ट' (Silent Valley Project) समाचारों में था, क्योंकि–
(A) इससे प्रदूषण होगा
(B) उस क्षेत्र के पर्यावरण के सन्तुलन को वह बिगाड़ेगा
(C) उस क्षेत्र के लोगों ने इसका विरोध किया
(D) यह देश की सबसे बड़ी योजना है

80. निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में सबसे अधिक संथाल हैं?
(A) केरल
(B) अरुणाचल प्रदेश
(C) बिहार
(D) जम्मू और कश्मीर

81. भारत में सबसे अधिक कोयले के भण्डार (Deposits) हैं–
(A) गोदावरी की घाटी में
(B) सतपुड़ा की घाटी में
(C) गंगा की घाटी में
(D) दामोदर की घाटी में

82. निम्नलिखित में से किसके विश्व के करीब एक चौथाई भण्डार भारत में है?
(A) लोहा (B) ताँबा
(C) प्लूटोनियम (D) एल्यूमिनियम

83. संघीय राज्य लक्षद्वीप में कितने द्वीप हैं?
(A) 7 (B) 12
(C) 27 (D) 36

84. अरुणाचल प्रदेश में वालंग (Walong) देश के अन्तिम पूर्वी छोर पर स्थित है, जबकि द्वारिका गुजरात में देश के अन्तिम पश्चिमी छोर पर है. दोनों स्थानों पर सूर्योदय के समय में क्या अन्तर होगा?
(A) द्वारिका में एक घण्टे पहले

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(B) वालंग में एक घण्टे पहले
(C) द्वारिका में दो घण्टे पहले
(D) वालंग में दो घण्टे पहले

85. भारत में हिमालय की सबसे ऊँची चोटी है–
(A) माउन्ट एवरेस्ट
(B) कंचनजंगा
(C) नंदादेवी
(D) अन्नपूर्णा

86. निम्नांकित में से कौनसा जोड़ा सही नहीं है?

शहर		एयरपोर्ट
(A) मुम्बई	–	सान्तक्रुज
(B) कलकत्ता	–	सफदरजंग
(C) दिल्ली	–	पालम
(D) मुम्बई	–	सहारा

87. भारत में वर्षा को इस तरह सही रूप में वर्णित कर सकते हैं?
(A) जाड़े में कोई वर्षा नहीं
(B) गर्मी में कोई वर्षा नहीं
(C) अनियमित और असन्तुलित (Erratic and ill distributed)
(D) गर्मी में अत्यधिक वर्षा

88. बिहार के कुल भौगोलिक क्षेत्र का वनाच्छादित (Forests cover) प्रतिशत है लगभग–
(A) 19% (B) 23%
(C) 27% (D) 33%

89. भारत में बिहार अग्रणी उत्पादक है–
(A) शीशे (Lead) का
(B) मैंगनीज (Manganese) का
(C) अभ्रक (Mica) का
(D) चूना-पत्थर (Lime stone) का

90. छोटानागपुर में प्रारम्भिक स्तर पर अर्थव्यवस्था आधारित थी–
(A) कृषि पर (B) वनों पर
(C) खानों पर (D) उद्योगों पर

91. आजादी के बाद बिहार में सिंचित क्षेत्र बढ़ा है लगभग–
(A) दो गुना (B) चार गुना
(C) पाँच गुना (D) दस गुना

92. तीन स्तरीय पंचायती राज का मुख्य भाग है–
(A) ग्राम पंचायत
(B) पंचायत समिति
(C) जिला परिषद
(D) जिला समिति

93. विधान परिषद् (Legislative council) की कुल सदस्य संख्या, विधान सभा (Legislative Assembly) की कुल सदस्य संख्या ..... से अधिक नहीं
(A) $\frac{1}{2}$ (B) $\frac{1}{3}$
(C) $\frac{2}{3}$ (D) $\frac{1}{4}$

94. मुस्लिम व्यक्तिगत कानून को अमल में लाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित मामलों में से किसके कारण विवाद उत्पन्न हुआ?
(A) केशवानन्द भारती केस
(B) गोलकनाथ केस
(C) शाहबानू केस
(D) इनमें से किसी के कारण नहीं

95. संघ लोक सेवा आयोग के कार्यों का उल्लेख किस अनुच्छेद के अन्तर्गत है?
(A) 320 (B) 322
(C) 324 (D) 325

96. भारत का राष्ट्रपति किसको सम्बोधित करके अपना त्यागपत्र अपने हाथ से लिखकर दे सकता है?
(A) प्रधानमंत्री को
(B) उपराष्ट्रपति को
(C) लोक सभा के अध्यक्ष को
(D) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को

97. 'समाजवाद' (Socialist) और 'धर्म-निरपेक्ष' (Secular) शब्दों को भारतीय संविधान के आमुख (Preamble) में कौन से संवैधानिक संशोधन द्वारा जोड़ा गया?
(A) 32वाँ (B) 42वाँ
(C) 9वाँ (D) 25वाँ

98. निम्नलिखित में से क्या पंचायतीराज के कार्यक्षेत्र (Purview) में नहीं आता?
(A) ग्रामीण सड़कें
(B) ग्रामोद्योग
(C) कृषि उत्पादन
(D) माध्यमिक शिक्षा

99. किसी शैक्षणिक संस्था में जिसे राज्य द्वारा संचालित किया जाता हो अथवा राज्य के कोष में से आर्थिक सहायता मिलती हो उसमें प्रवेश किस आधार पर नहीं दिया जा सकता है–
(A) लिंग भेद (B) जन्म स्थान
(C) भाषा (D) धर्म

100. उत्तर प्रदेश के बाद सबसे अधिक संसदीय क्षेत्रों (Constituencies) की संख्या किस राज्य में है?
(A) मध्य प्रदेश
(B) बिहार
(C) आन्ध्र प्रदेश
(D) तमिलनाडु

101. भारत में सरकारी सेवाओं (C... Services) के लिए नियुक्ति ... करता है?
(A) संसद (B) राष्ट्रपति
(C) प्रधानमंत्री (D) यू.पी.एस.सी.

102. मुख्यमंत्री किसके लिए जिम्मेदार ... है?
(A) राज्य-प्रशासन चलाना
(B) कानून और व्यवस्था को रखना
(C) राज्य की सुरक्षा
(D) इनमें से कोई नहीं

103. निम्नलिखित में से कौनसे शास्त्रीय नृत्य (Classical Dance) में ... भाग नहीं लेते?
(A) मणिपुरी (B) ओडिसी
(C) कथक (D) कथकली

104. वित्तीय घाटे (Deficit financ...) का तात्पर्य है–
(A) खर्च से अधिक आय
(B) स्फीति (Inflation)
(C) सभी मदों से प्राप्त आय ... से कम
(D) इनमें से कोई नहीं

105. हमारे देश का सेन्ट्रल बैंक कौनसा ...
(A) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
(B) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
(C) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया
(D) इनमें से कोई नहीं

106. भारत में सार्वजनिक क्षेत्र (Pub... sector) में इस्पात के उत्पादन ... प्रतिशत है–
(A) 38 (B) 47
(C) 77 (D) 80

107. विश्व की जनसंख्या के अनुपात ... भारत की जनसंख्या कितने प्रति... है?
(A) 10% (B) 15%
(C) 20% (D) 25%

108. विश्व की खेतिहर भूमि (Cultiva... land) का ..... प्रतिशत भारत में ...
(A) 7·5 (B) 15
(C) 25 (D) 30

109. भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े ..... सहयोगी (Associate) बैंक हैं
(A) 5 (B) 7
(C) 8 (D) 9

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

110. पूँजी निर्माण (Capital formation) की कौनसी दर भारत के सन्तोषप्रद विकास के लिए विश्वसनीय है?
(A) 20% (B) 25%
(C) 30% (D) 40%

111. भारत के निम्नलिखित उद्योगों में से किस उद्योग में सार्वजनिक क्षेत्र में सबसे अधिक पूँजी निवेश हुआ है?
(A) उर्वरक
(B) लोहा और इस्पात
(C) दवाइयाँ
(D) रंग और रोगन

112. भारत सरकार की कुल आय की कितने प्रतिशत आय अप्रत्यक्ष करों (Indirect taxes) द्वारा है?
(A) 70% (B) 75%
(C) 80% (D) 85%

113. किसी तिथि से या उसके बाद उपहार देने पर उपहार कर (Gift tax) लागू नहीं होता–
(A) 1 अप्रैल, 1999
(B) 1 अक्टूबर, 1999
(C) 1 जनवरी, 2000
(D) इनमें से कोई नहीं

114. भारत में आयकर (Income tax) राष्ट्रीय आय का करीब-करीब ..... प्रतिशत है.
(A) 6 (B) 12
(C) 20 (D) 30

115. भारत में न्यूनतम (Lowest) व्यक्तिगत आय किस राज्य में है?
(A) असम
(B) बिहार
(C) उड़ीसा
(D) उत्तर प्रदेश

116. भारत की कुल आबादी का कितना प्रतिशत अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों (Scheduled casted and scheduled tribes) का है?
(A) 5% (B) 7%
(C) 13% (D) 21%

117. वर्ष 1999-2000 के लिए गरीबी रेखा के नीचे (Below the poverty line) रहने वाली आबादी का अनुमानित प्रतिशत है–
(A) 10% (B) 18%
(C) 21·3% (D) 5%

118. 1998 में विश्व भर में आर्थिक विकास दर कितनी कम हो गई थी?
(A) 4·5% (B) 2·5%
(C) 6% (D) 5%

119. कौनसा राज्य सबसे अधिक प्रतिनिधि लोक सभा (House of the people) में भेजता है?
(A) बिहार
(B) मध्य प्रदेश
(C) पश्चिम बंगाल
(D) उत्तर प्रदेश

120. बिहार से लोक सभा सीटों की कुल संख्या है–
(A) 48 (B) 50
(C) 52 (D) 54

121. 1857 के विद्रोह का नेतृत्व बिहार में किसने किया?
(A) खान बहादुर खान
(B) कुँवर सिंह
(C) तांत्या टोपे
(D) रानी राम कुआंरी

122. बिहार के किस नेता ने महात्मा गांधी के साथ किसान आन्दोलन (Peasant movement) का नेतृत्व किया?
(A) बाबा रामचन्द
(B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(C) राजकुमार शुक्ल
(D) रफी अहमद किदवई

123. गांधीजी ने एकाएक असहयोग आन्दोलन (Non-cooperation movement) क्यों स्थगित कर दिया?
(A) उनके सिद्धान्तों के विपरीत यह हिंसात्मक हो गया
(B) जनता द्वारा अच्छी प्रतिक्रिया नहीं हुई
(C) अंग्रेजी सरकार ने इसे क्रूरता से दबा दिया
(D) गांधीजी और कई कांग्रेस नेताओं के बीच कुछ मतभेद हो गए

124. दाण्डी कूच का नेतृत्व किया–
(A) 1942 में महात्मा गांधी ने
(B) 1930 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने
(C) 1930 में महात्मा गांधी ने
(D) 1942 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने

125. दाण्डी कूच का आयोजन किया गया–
(A) साइमन कमीशन के विरोध प्रदर्शन के रूप में
(B) अंग्रेजों के अत्याचार के प्रति विरोध के रूप में
(C) कृषिकर के विरोध के रूप में
(D) इनमें से कोई नहीं

126. 1931 में गांधीजी और ..... के बीच सम्पन्न समझौते का परिणाम सविनय अवज्ञा आन्दोलन (Civil Disobedience Movement) के पराकाष्ठा (Culmination) पर पहुँचने में हुआ.
(A) लॉर्ड माउण्टबेटन
(B) लॉर्ड इरविन
(C) लॉर्ड वेलिंगटन
(D) इनमें से कोई नहीं

127. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (Indian National Congress) की स्थापना हुई–
(A) 1833 में (B) 1885 में
(C) 1931 में (D) 1947 में

128. भारत छोड़ो आन्दोलन (Quit India Movement) शुरू हुआ–
(A) 1935 में (B) 1941 में
(C) 1942 में (D) 1943 में

129. इनमें से कौनसी घटना सत्य नहीं है?
(A) साइमन कमीशन, 1927
(B) नमक सत्याग्रह, 1930
(C) भारत छोड़ो आन्दोलन, 1941
(D) गांधी इरविन समझौता, 1931

130. 'आजाद हिन्द फौज' का गठन किसने किया?
(A) महात्मा गांधी
(B) जयप्रकाश नारायण
(C) सुभाष चन्द्र बोस
(D) लाला लाजपतराय

131. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन सितम्बर 1920 में कलकत्ता में हुआ जिसमें एक प्रस्ताव पारित किया जिसके कारण–
(A) असहयोग आन्दोलन (Non-Cooperation Movement) हुआ
(B) सविनय अवज्ञा आन्दोलन हुआ
(C) भारत छोड़ो आन्दोलन हुआ
(D) होमरूल आन्दोलन हुआ

132. 'जलियाँवाला बाग' हत्याकाण्ड हुआ–
(A) सन् 1921 में, इलाहाबाद में
(B) सन् 1921 में, अमृतसर में
(C) सन् 1919 में, इलाहाबाद में
(D) सन् 1919 में, अमृतसर में

133. किस कारणवश असहयोग आन्दोलन को गांधीजी ने पीछे खींच लिया?
(A) जलियाँवाला बाग की त्रासदी
(B) चौरी चौरा की हिंसा (Chauri Chaura Outrage)
(C) खिलाफत आन्दोलन
(D) अहमदाबाद का दंगा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

134. गांधीजी द्वारा चलाए गए सफल सत्याग्रह के साथ कौनसा स्थान जुड़ा हुआ है?
(A) पोरबंदर (B) चौरी चौरा
☞ सामान्यतः अधोमण्डल में ऊँचाई के साथ तापक्रम घटता जाता है, परन्तु इस सामान्य ताप-पतन के विपरीत कभी-कभी क्षैतिज तथा स्थानीय रूप से ऊँचाई के साथ तापक्रम बढ़ता जाता है. इसे ऋणात्मक ताप पतन दर (Negative lapse Rate) की संज्ञा प्रदान की जाती है. इस क्रिया के कारण नीचे अपेक्षाकृत ठण्डी वायु की परत तथा उसके ऊपर गर्म वायु की परत की स्थिति हो जाती है. इस स्थिति को तापक्रम का प्रतिलोमन कहा जाता है. यह धरातल के निकट तथा अधिक ऊँचाई पर भी हो सकता है. अधिक ऊँचाई पर होने वाला प्रतिलोमन अधिक स्थायी होता है, क्योंकि पार्थिक विकिरण द्वारा ऊपरी गर्म परत को ठण्डा करने में अधिक समय लगता है, जबकि धरातल के निकट होने वाला प्रतिलोमन अल्पकालिक होता है क्योंकि विकिरण द्वारा धरातल के निकट ठण्डी परत का लोप शीघ्र हो जाता है. तापीय प्रतिलोमन ध्रुवीय प्रदेशों, मध्य अक्षांशों के हिमाच्छादित भागों तथा घाटियों में अधिक होता है. गर्म और ठण्डी जलधाराओं के संगम स्थल पर भी यह दशा उपस्थित हो जाती है.

कि लटकती घाटी या निलम्बित घाटी (Hanging Valley) किसे कहते हैं?

☞ जब हिमनद की मुख्य घाटी के तल से उसमें मिलने वाली सहायक घाटियों के तल अधिक ऊँचे होते हैं, तो सहायक घाटियाँ, मुख्य घाटी पर लटकती हुई प्रतीत होती हैं. इसी कारण से उन्हें लटकती घाटियाँ (Hanging Valleys) कहते हैं. लटकती घटियों का निर्माण हिमनद की मुख्य घाटी तथा सहायक घाटी के असमान अपरदन के कारण होता है. मुख्य हिमनद अपनी घाटी को सहायक हिमनदियों की अपेक्षा अधिक गहरा तथा चौड़ा करती है. इस कारण सहायक घाटियों की अपेक्षा मुख्य घाटी अधिक गहरी हो जाती है. परिणाम स्वरूप सहायक घाटियों का तल मुख्य घाटी के तल से अधिक ऊँचा रह जाता है और इस प्रकार वे मुख्य घाटी पर लटकती प्रतीत होती हैं. हिम के पिघल जाने पर जब इन लटकती घाटियों से जल निचली घाटी में गिरता है, तो जलप्रपात का निर्माण होता है.

कि डॉलर कूटनीति क्या है?

☞ डॉलर कूटनीति (Dollar Diplomacy) अमरीका की विदेश नीति को व्यंग में कहा जाता है. अमरीका की मुद्रा डॉलर (Dollar) है और अमरीका की विदेश नीति का मुख्य आधार एवं उद्देश्य अपने व्यापारिक हितों अर्थात् डॉलर की रक्षा करना होता है. इसलिए उसकी विदेश नीति को डॉलर कूटनीति की संज्ञा दी गई है.

कि न्यायालय की अवमानना का क्या अर्थ है?

☞ न्यायालय की अवमानना (Contempt of Court) का अर्थ यह है कि जब कोई व्यक्ति न्यायालय की कार्यवाही में बाधा डालता है अथवा न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करता है, तो उसे न्यायालय की अवमानना माना जाता है जिसके लिए न्यायालय द्वारा समुचित दण्ड की व्यवस्था की जाती है.

कि मतैक्य या आम राय का राजनीति में क्या अभिप्राय है?

☞ मतैक्य अथवा आम राय (Consensus) का अभिप्राय राजनीति में प्रायः उस निर्णय से होता है, जो सामूहिक रूप से सभी संसद सदस्य अथवा समस्त राजनीतिक दल किसी समस्या अथवा प्रश्न पर एक मत हो जाते हैं. बहुमत और मतैक्य में अन्तर होता है. बहुमत में एक प्रश्न पर अधिक संख्या वाले लोगों का निर्णय होता है तथा साथ ही उसमें कम संख्या वालों का तीव्र विरोध बना रहता है, लेकिन मतैक्य में किसी का भी तीव्र विरोध नहीं होता है तथा एक विषय पर नगण्य मतभेद होते हुए भी आम राय बन जाती है.

कि भारत में वर्तमान में कितनी क्रेडिट रेटिंग एजेन्सियाँ कार्यरत हैं और उनका क्या कार्य है?

☞ वर्तमान में भारत में निम्नलिखित चार क्रेडिट रेटिंग एजेन्सियाँ कार्यरत हैं जिनमें से क्रिसिल कम्पनियों की ऋण वचनबद्धता की रेटिंग निर्धारित करने वाला देश का पहला अभिकरण (Agency) है जिसने अपना कार्यकाल जनवरी 1988 में प्रारम्भ किया था.

1. क्रेडिट रेटिंग इन्फॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ इण्डिया लि. (CRISIL)
2. इन्वेस्टमेन्ट इन्फॉर्मेशन एण्ड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ऑफ इण्डिया (ICRA)
3. क्रेडिट एनोलेसिस एण्ड रिसर्च लि. (CARE)
4. डफ फेल्प्स क्रेडिट रेटिंग इण्डिया प्राइवेट लि. (DCR India)

उपर्युक्त क्रेडिट रेटिंग एजेन्सियाँ अपने-अपने तरीके से कम्पनी की वित्तीय स्थिति तथा उसकी भुगतान क्षमता का अध्ययन करके उसके द्वारा जारी किए जाने वाले ऋण-पत्रों के लिए क्रेडिट रेटिंग का निर्धारण करती है. यह क्रेडिट रेटिंग किसी विशिष्ट समय के लिए ही होती है. परिस्थितियों में परिवर्तन होने पर क्रेडिट रेटिंग बदली जा सकती है.

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस्पात मंत्रालय

✍ डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह

- भारतीय इस्पात उद्योग ने 233·7 लाख टन परिसज्जित इस्पात का उत्पादन वर्ष 1998-99 में किया, जो वर्ष 1997-98 की तुलना में 2·8 प्रतिशत अधिक है.
- वर्ष 1997-98 के उत्पादन के अनुसार भारत का विश्व में दसवाँ स्थान था.
- वर्ष 1997-98 में भारत ने 2,937 करोड़ रुपए मूल्य के 30·4 लाख टन लोह-इस्पात का रिकॉर्ड निर्यात किया.
- भारत विश्व में स्पंज लोहे का दूसरा सर्वोच्च उत्पादक देश बना रहा. 1997-98 के दौरान भारत ने 53·25 लाख टन स्पंज लोहे का उत्पादन किया.
- वर्ष 1997-98 के दौरान, सेल ने अपने चार एकीकृत इस्पात संयन्त्रों में तप्त धातु (116 लाख टन), अपरिष्कृत इस्पात (103 लाख टन) और विक्रेय इस्पात (87 लाख टन) अब तक का सर्वाधिक उत्पादन किया. अप्रैल-सितम्बर 1998 के मध्य 53·8 लाख टन तप्त धातु, 47·0 लाख टन अपरिष्कृत इस्पात तथा 38·4 लाख टन विक्रेय इस्पात का उत्पादन हुआ.
- वर्ष 1997-98 में सेल द्वारा नियत परिसम्पत्तियों और अन्य पूँजीगत योजनाओं पर 1,955 करोड़ रुपए की राशि खर्च की. वर्ष 1998-99 की प्रथम छमाही के दौरान पूँजीगत खर्च 996 करोड़ रुपए (अनन्तिम) था.
- वर्ष 1997-98 के मध्य अमरीका, नेपाल, श्रीलंका, यूरोपीय देश व अन्य देशों को सेल द्वारा 1,087 करोड़ रुपए का इस्पात तथा कच्चे लोहे का निर्यात किया गया.
- बी. एस. पी. को इस्पात गलनशाला और डाउन स्ट्रीम इकाइयों के लिए आई. एस. ओ.–9002 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा इस विशिष्ट पुरस्कार को प्राप्त करने वाला यह प्रथम एकीकृत इस्पात संयन्त्र है. वर्ष 1998-99 की प्रथम छमाही (अप्रैल-सितम्बर-1998) के मध्य बी. एस. पी. ने द्रव एवं विक्रेय इस्पात के अपने उत्पादन में गतवर्ष की तुलना में 4 प्रतिशत की वृद्धि की.
- भारत ने वर्ष 1997-98 की अवधि में 298 लाख टन लौह अयस्क का निर्यात किया, जबकि 1996-97 में 270 लाख टन लौह-अयस्क का निर्यात किया था.
- वर्ष 1997-98 में घरेलू आवश्यकता और निर्यात सहित परिसज्जित इस्पात की कुल माँग 245·1 लाख टन की थी, इसकी तुलना में वर्ष 1997-98 की अवधि में घरेलू उत्पादन लगभग 233·7 लाख टन हुआ. अतः 11·4 लाख टन का अन्तर रहा, जिसे आयात के द्वारा पूरा किया गया. वर्ष 1998-99 की अवधि में परिसज्जित इस्पात (कार्बन और मिश्र इस्पात) की माँग 267·3 लाख टन है. इसकी तुलना में परिसज्जित इस्पात की उपलब्धता 277·3 लाख टन प्रक्षेपित है.
- वर्ष 1997-98 में परिसज्जित इस्पात का कुल उत्पादन 233·7 लाख टन था, **भारत विश्व का 10वाँ सर्वाधिक इस्पात उत्पादन करने वाला देश है.** प्रमुख उत्पादकों ने 104·4 लाख टन (45%) और गौण उत्पादकों ने 129·3 लाख टन (55%) उत्पादन किया.
- वर्ष 1997-98 के मध्य सेल के चार एकीकृत संयन्त्रों और विशेष इस्पात संयन्त्रों में 90·43 लाख टन विक्रेय इस्पात का उत्पादन हुआ, जबकि 1996-97 में 92·4 लाख टन विक्रेय इस्पात का उत्पादन हुआ था.
- वर्ष 1997-98 में सेल की सहायक कम्पनी इस्को में 1996-97 में हुए 3·38 लाख टन विक्रेय इस्पात की तुलना में 3·15 लाख टन विक्रेय इस्पात का उत्पादन हुआ.
- दुर्गापुर इस्पात संयन्त्र के आधुनिकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है. मुख्य बल उत्पादन और निर्धारित क्षमता की उपलब्धि को स्थिर रखने पर दिया गया था. इसने लाभ देना शुरू कर दिया है और भविष्य में इसके और बढ़ने की आशा है.
- राउरकेला इस्पात संयन्त्र में आधुनिकीकरण के चरण-II के तहत विश्वव्यापी और स्वदेशी पैकेज पूरे होने वाले हैं. तप्त स्ट्रिप मिल एवम् तप्त स्ट्रिप मिल की पुर्नतापन भट्टी के रूपान्तरण का शेष निर्माणकार्य चल रहा है. राउरकेला इस्पात संयन्त्र में एस. एम. एस. -2 कन्टिनूअस कास्टर में परीक्षण उत्पादन शुरू हो गया है.
- बोकारो इस्पात संयन्त्र (बी. एस. एल.) में दोनों सतत् ढलाई मशीनों, इस्पात शोधन इकाई और कोइलर-4 जैसी आधुनिकीकरण की प्रमुख उत्पादन सुविधाएं संस्थापित की गई हैं. कोइलर-3 के परीक्षण चल रहे हैं. मिल कार्य लगभग पूरे होने वाले हैं.
- भिलाई इस्पात सयन्त्र (बी. एस. रेल और स्ट्रक्चरल मिल (स्टेज-I) के आधुनिकीकरण का कर दिया गया है. ऑक्सीजन का विस्तार और ट्रिवन हर्थ फर्न पूरा करने का कार्य अन्तिम चरण
- लौह अयस्क (सादृण सहित) 1997-98 के दौरान 734·5 उत्पादन हुआ, जो गत वर्ष के लाख टन उत्पादन की तुलना प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है. राज्यवार आँकड़ों से पता चलता मध्य प्रदेश 1997-98 के उत्पादन का 25 प्रतिशत कर अयस्क का प्रमुख उत्पादक रा कर्नाटक ने 21 प्रतिशत, बिहार प्रतिशत, गोवा ने 18 प्रतिशत और ने 16 प्रतिशत उत्पादन कि उत्पादन आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र से है.
- वर्ष 1997-98 के मध्य नेशनल डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटे 145·9 लाख टन लौह अयस्क 30,596 कैरेट हीरों का उत्पाद वर्ष 1997-98 के लिए कम्पनी ने करोड़ रुपए के बराबर साम्य 25 प्रतिशत लाभाश दिया. इस लगातार आठवीं बार लाभाश का किया.

वर्ष	इस्पात का उत्पादन (लाख टन में)
1991-92	143·3
1992-93	152·0
1993-94	152·0
1994-95	178·2
1995-96	214·0
1996-97	272·2
1997-98	233·7

- वर्तमान में भारत विश्व में 10वें बड़ा इस्पात उत्पादक देश है. में लगभग 90 हजार करोड़ रु पूँजी लगी हुई है और यह 5 अधिक लोगों को सीधे रोजगार है. भारतीय इस्पात क्षेत्र पहला क्षेत्र है, जो लाइसेंस प्रणाली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्धारण व वितरण नियंत्रण से पूर्णतः मुक्त है.

अप्रैल 1995 में **इण्डियन ब्यूरो ऑफ माइन्स** (आई. बी. एम.) द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 1,00,530 लाख टन हेमेटाइट अयंस्क और 34,080 लाख टन मैग्नेटाइट अयस्क के प्राप्य भण्डार थे. देश का क्षेत्र 'क' जिसमें बिहार और उड़ीसा हैं, 59,510 लाख टन भण्डार के साथ सर्वाधिक हेमेटाइट अयस्क वाला क्षेत्र है. इस भण्डार में मुख्यतः मध्यम ग्रेड और निम्न ग्रेड के अयस्क (लोहांश 65 प्रतिशत और इससे कम) हैं. मध्य प्रदेश में 5,700 लाख टन भण्डार के साथ देश में सबसे अधिक मात्रा में उच्च ग्रेड के अयस्क भण्डार (लोहांश 65 प्रतिशत से अधिक) हैं. **कर्नाटक में मैग्नेटाइट के सबसे अधिक अर्थात् 27,840 लाख टन के भण्डार हैं, इसके पश्चात् आन्ध्र प्रदेश और गोआ का स्थान है.**

वर्ष 1997-98 के मध्य 352·6 (अनन्तिम) लाख टन लौह अयस्क का निर्यात किया गया, जबकि 1996-97 में 296·5 लाख टन (अनन्तिम) निर्यात किया गया था.

मैंगनीज अयस्क का अनुमानित भण्डार 1,760 लाख टन हैं, भारत में पाए जाने वाले मुख्य निक्षेप धमन भट्टी ग्रेड के हैं. फैरो मैंगनीज ग्रेड के निक्षेप बहुत सीमित हैं, अर्थात् कुल निक्षेप का केवल 12% है. वर्ष 1997-98 के दौरान मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 16 लाख टन था, जबकि 1996-97 में 18·1 लाख टन था. 1997-98 में मैंगनीज अयस्क के कुल उत्पादन में उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक क्रमशः 34%, 22%, 20% और 17% का उत्पादन करने वाले मुख्य उत्पादक राज्य थे. वर्ष 1997-98 के मध्य 16·4 लाख टन मैंगनीज अयस्क का प्रेषण किया गया, जिसमें से 14·1 लाख टन आन्तरिक खपत के लिए और 2·2 लाख टन निर्यात के लिए किया गया था.

क्रोमाइट के कुल 880 लाख टन खनन योग्य भण्डार का अनुमान लगाया गया है. क्रोमाइट अयस्क के उत्पादन में उड़ीसा का प्रथम स्थान है, जिसने कुल उत्पादन का 96 प्रतिशत उत्पादन किया है उसके बाद कर्नाटक राज्य ने कुल उत्पादन का 4 प्रतिशत क्रोमाइट का उत्पादन किया है. वर्ष 1997-98 में 15·64 लाख टन क्रोमाइट का उत्पादन हुआ, जबकि गत वर्ष 1996-97 में 14·56 लाख टन था.

भारत में फैरो मिश्र का उत्पादन छठे दशक के प्रारम्भ में शुरू हुआ और इन चार दशकों में इस उद्योग ने काफी प्रगति की. यह उद्योग मुख्य रूप से चार राज्यों अर्थात् उड़ीसा, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक में है.

- **स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड** (सेल) कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत एक पंजीकृत कम्पनी है तथा यह भारत सरकार का एक उद्यम है. यह भिलाई (मध्य प्रदेश), बोकारो (बिहार), दुर्गापुर (प.बंगाल), राउरकेला (उड़ीसा) और बर्नपुर (प.बंगाल), जो इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड का संयन्त्र है और जो 'सेल' की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी है, में स्थित पाँच एकीकृत इस्पात संयन्त्रों का प्रचालन एवं प्रबंधन करती है.
- प्रधानमंत्री के **श्रम रत्न पुरस्कार** हेतु भिलाई इस्पात संयन्त्र के तीन कर्मचारियों के दल को चुना गया. इसके अतिरिक्त 1997-98 के दौरान राउरकेला इस्पात संयन्त्र के एक कर्मचारी को श्रमवीर पुरस्कार के लिए चुना गया है.
- **महाराष्ट्र इलैक्ट्रोस्मेल्ट लिमिटेड चन्द्रपुर, महाराष्ट्र** में स्थित है और यह सेल की एक सहायक कम्पनी है. यह फैरो मैंगनीज और सिलिका मैंगनीज की प्रमुख उत्पादक है. यह विविधता लाकर फैरो मिश्र क्षेत्र में भी विविधीकरण कर रही है.
- **विश्वेश्वरैया आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड, भद्रावती, कर्नाटक** में स्थित है और 1 अगस्त 1989 से यह स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड की सहायक कम्पनी है. यह कम्पनी विशेष और मिश्र इस्पात की प्रमुख उत्पादक है.
- **नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड** की स्थापना 15 नवम्बर, 1958 को हुई और यह भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व में एक उपक्रम के रूप में देश के खनिज स्रोतों (कोयला, तेल, प्राकृतिक गैस और परमाणु खनिजों से भिन्न) का विकास और दोहन कर रहा है. इस समय इसके कार्यकलाप लौह अयस्क, चूना पत्थर और हीरों के खनन तक ही सीमित हैं. नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड बैलाडिला (मध्य प्रदेश) और दौणिमलै (कर्नाटक) स्थित देश में सबसे बड़ी पंजीकृत और अयस्क खानों का प्रचालन करती है. हीरा खान, चूना पत्थर परियोजना चावंडिया, राजस्थान में और हीरा खान पन्ना (मध्य प्रदेश) में स्थित है.
- वर्ष 1997-98 में 30,591 कैरेट हीरों का उत्पादन किया गया था. वर्ष 1998-99 (सितम्बर 98 तक) में 17,541 कैरेट हीरों का उत्पादन किया गया.
- बैलाडिला निक्षेप-5 को पर्यावरण संरक्षण के लिए अभयराज बालडोता पर्यावरण पुरस्कार और सामाजिक चेतना के लिए सीताराम रुंगटा स्मृति पुरस्कार भारतीय खनिज उद्योग संघ (एफ. आई. एम. आई.) द्वारा नई दिल्ली में 29 जुलाई, 1998 को प्रदान किया गया.
- **कुद्रेमुख आयरन ओर कम्पनी लिमिटेड** (के. आई. ओ. सी. एल.) देश की सबसे बड़ी शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुखी इकाई है. इसकी स्थापना अप्रैल 1976 में ईरान की दीर्घकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की गई थी. कुद्रेमुख में 75 लाख टन वार्षिक क्षमता के लौह अयस्क सान्द्रण संयन्त्र की स्थापना की गई थी. इस परियोजना का पूर्ण निधियन ईरान द्वारा किया जाना था. तथापि, 2,250 लाख अमरीकी डॉलर देने के बाद ईरान ने ऋण का संवितरण बन्द कर दिया था. इसलिए यह परियोजना भारत सरकार द्वारा प्रदत्त निधि से समय सूची के अनुसार पूरी की गई थी.
- **मैंगनीज ओर (इण्डिया) लिमिटेड** (मायॅल), जिसकी स्थापना 1962 में की गई थी, भारत में मैंगनीज अयस्क का उत्पादन करने वाली सबसे बड़ी कम्पनी है.
- **बिसरा स्टोन लाइम कम्पनी लिमिटेड** का निगमन वर्ष 1910 में हुआ था. बी. एस. एल. सी. भारत में चूना पत्थर और डोलोमाइट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है. कम्पनी के पास बिरमिश्रपुर, जिला सुन्दरगढ़ (उड़ीसा) में 2,771·62 हेक्टेयर से अधिक के खनन पट्टे हैं.

●●●

फार्म 4

(नियम 8 के अनुसार)

1. प्रकाशन स्थान–आगरा
2. प्रकाशन अवधि–मासिक
3. मुद्रक का नाम–महेन्द्र जैन (भारतीय)
   पता–2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा-2
4. प्रकाशक का नाम–महेन्द्र जैन (भारतीय)
   पता–2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा-2
5. सम्पादक का नाम–महेन्द्र जैन (भारतीय)
   पता–2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा-2
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार-पत्र के स्वामी हो, जो समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों–

मैसर्स–प्रतियोगिता दर्पण–आगरा

मैं, महेन्द्र जैन एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं.

ह. महेन्द्र जैन
प्रकाशक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम पुरस्कृत

तार्किक प्रतियोगि

विषय : सौभाग्य सदा परिश्रम के साथ दिखाई देता है.

– कु. नीलू गौतम

ऋग्वेद में श्रम की महत्ता बताते हुए कहा गया है, "बिना श्रम के देवों की मैत्री नहीं मिलती है." अर्थात् परिश्रम सफलता-पूर्वक जीवन जीने की कुँजी है. जीवन भर के कठिन परिश्रम द्वारा ही श्रेष्ठता प्राप्त की जा सकती है. भाग्य और परिश्रम में सीधा सम्बन्ध होता है. भाग्य मनुष्य स्वयं निर्मित करता है. जन्म से कोई भाग्यशाली नहीं होता है.

(1) परिश्रम और सौभाग्य का सीधा सूत्र है –

(मनुष्य + परिश्रम) समय = सौभाग्य

हम किसान का उदाहरण लें–किसान, सर्दी, गर्मी, बरसात लगातार सहते हुए खेतों में परिश्रम करता रहता है तब कहीं जाकर उसे सौभाग्य रूपी फसल प्राप्त होती है. दूसरी तरफ हम जापान और जर्मनी जैसे बड़े-बड़े देशों का उदाहरण लें. परमाणु बम और द्वितीय विश्व युद्ध की भीषण विभीषिका सह चुके इन देशों के देशवासियों ने परिश्रम द्वारा ही अपने-अपने देशों को विकसित देशों की शृंखला में खड़ा किया है. दूसरी ओर लगभग 100 करोड़ की जनसंख्या वाला हमारा देश श्रमहीनता का उदाहरण है. स्वतंत्रता प्राप्ति के 52 वर्षों बाद भी वह अविकसित देश है.

(2) हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जन्म से सौभाग्यशाली नहीं थे, अत्यन्त गरीब किसान के बेटे शास्त्रीजी अपने परिश्रम से ही देश के प्रधानमंत्री के पद पर आसीन हुए. महात्मा गांधी जैसे महान् व्यक्ति अपने भाग्य के निर्माता स्वयं बने थे. गांधीजी ने ही कहा है– "परिश्रम न करके रोटी खाने वाले व्यक्ति चोर हैं."

(3) "यदि परिश्रम का प्रयोग विवेकपूर्ण एवं अनवरत हो तो वह प्रतिभा का रूप धारण कर लेता है." बुलवर का यह कथन वर्तमान सन्दर्भ में ही हम देख सकते हैं. उच्च पदों पर चयनित विद्यार्थी परिश्रम को ही सफलता की सीढ़ी मानते हैं. साधारण मानसिक स्तर का विद्यार्थी लगातार परिश्रम करते हुए सफलता प्राप्त कर सौभाग्यशाली कहलाने लगता है.

(4) हम प्रसिद्ध उद्योगपतियों को देखें तो पाएंगे उनकी इस सफलता के पीछे उनका अनवरत परिश्रम ही है. छोटे से निवेश से कारोबार शुरू करने वाले अम्बानी परिवार की गणना आज भारत के सर्वाधिक धनी परिवारों में की जाती है. सफल होने के लिए एक उद्योगपति, भूख, नींद आदि गौड़ आवश्यकताओं को भी भूलकर अथक परिश्रम करता है. तब सफलता की गद्दी प्राप्त करता है. परिश्रम के विषय में सेम्यूल जॉनसन ने कहा है–"जीवन के किसी भी पक्ष में केवल जीवन भर परिश्रम करके ही श्रेष्ठता प्राप्त की जा सकती है."

अतः हम स्पष्ट रूप से कह सकते हैं कि लक्ष्य की नींव पर परिश्रम की ईंटों और समय का मसाला लगाकर जो इमारत तैयार होती है, वही सौभाग्य कहलाती है. भाग्य का निर्माण परिश्रम से ही सम्भव है.

विषय : अहिंसा निर्बल का नहीं वरन् अत्यन्त शक्तिशाली का अस्त्र है.

– मनोज कुमार

पिता पुत्र से कुश्ती में जानबूझकर हारता है और आनन्द का अनुभव करता है, क्योंकि वह पुत्र से प्रेम करता है. यह प्रेम व्यापक रूप में अहिंसा का रूप धारण करता है. इसमें भय और पराजय का लेश भी नहीं होता है. यह आत्मिक शक्ति होती है.

(1) अहिंसा निर्बलों का अस्त्र हो ही नहीं सकती है. जो व्यक्ति मन, वचन तथा कर्म से सबल होगा, वही अहिंसा रूपी अस्त्र का प्रयोग कर सकता है. महात्मा गांधी के अनुसार–"अहिंसा प्रचण्ड शस्त्र है. उसमें पुरुषार्थ है, वह भीरू से दूर भागती है. वह वीर पुरुष की शोभा है, उसका सर्वस्व है, वह शुष्क, नीरस जड़ पदार्थ नहीं है. वह चेतन है. वह आत्मा का विशेष गुण है."

(2) जीवन के संग्राम में विजय प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि हम अहिंसा का गुरुमंत्र सीखें, उसका निर्वाह करें और अपने आचरण में उतारें. यह पुण्य तथा आलोक की ओर ले चलने वाली शुभ्र धारा है. स्वामी शिवानन्दजी महाराज ने कहा था–"मनसा, वाचा, कर्मणा कभी किसी को किसी प्रकार का दुःख न पहुँचाओ. क्रोध को क्षमा से, विरोध को अनुरोध से, घृणा को दया से, द्वेष को प्रेम से और हिंसा को अहिंसा की प्रतिपक्ष भावना से जीतो.

(3) अहिंसा को आत्मा का [illegible] गया है. आत्मशक्ति का प्रभाव [illegible] आत्मा पर पड़ता है. सत्य और [illegible] जो शक्ति प्राप्त होती है, उसमें [illegible] सामना करने की क्षमता होती है [illegible] उतना ही महान् होगा जितना [illegible] आत्मा में सत्य, त्याग, दया, प्रेम [illegible] का विकास करेगा."

(4) महात्मा ईसा, कन्फ्यूसियस [illegible] बुद्ध, महावीर, महात्मा गांधी, आचार्य [illegible] भावे आदि अनेक सन्त पुरुष थे [illegible] जीवन भर अहिंसा की नीति [illegible] आधुनिक काल में ब्रिटिश साम्रा[illegible] उन्माद को महात्मा गांधी ने अपने [illegible] की ताकत के सामने झुकने के लि[illegible] कर दिया. उनके सम्बन्ध में ठीक [illegible] गया है–"बापू इस युग के एक [illegible] पुरुष थे, जिन्होंने प्रमाणित कर दि[illegible] सत्य और अहिंसा जैसे अनुपम [illegible] ताकत से इन्सान देवता बन सकता [illegible]

विषय : सौन्दर्य ही सत्य है और [illegible] सौन्दर्य.

– शशि

(1) "सौन्दर्य विश्वात्मा के [illegible] अभिव्यक्ति है."

"सत्य में सब उच्च दैवी तत्त्व [illegible] –महर्षि

सत्य ईश्वर का रूप है और [illegible] में लोकमंगल का जो तत्त्व है वह [illegible] अन्तर्निहित सौन्दर्य है. इस प्रकार [illegible] आन्तरिक सौन्दर्य का कल्याणकारी [illegible] पर्याय ठहरता है. सौन्दर्य वस्तुतः [illegible] सत्य का अनुवर्ती होता है. कवि [illegible] सत्य ही शिव होता है और सुन्दर [illegible] अभिव्यक्त होता है. सूफी कवि [illegible] मोहम्मद जायसी की रहस्य भाव [illegible] उक्ति भी सौन्दर्य की व्यापकता एवं [illegible] निहित कल्याण की अभिव्यक्ति [illegible] दिखाई देती है–

देखि मानसर रूप सुहावा,
हिय हुलास पुरहन फूई [illegible]
गा अँधियार रैनि मसि छूटी,
भा भिनसार किरन रवि फू[illegible]
अस्ति-अस्ति सब साथी बोले,
अन्ध जो अहै नैन विधि [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(2) सुन्दरम् की अनुभूति और शिवम् ...आवरण सदैव आनन्दमयी हैं. सत्य ...स्थायी भाव जब स्वप्न-सा मनोरम हो ...ता है तब आनंद की अनुभूति होती है. ...कार परिणति की इस अवस्था में ...त्, सुन्दरम् और शिवम् की त्रिवेणी ...रूप में प्रवाहित रहती है. इसकी ...हारिक परम्परा का प्रवर्तन स्वयं भगवान ...ण ने किया–

...द्वेगकरं वाक्यं सत्यं प्रियहितं च यत्।
...ध्यायाभ्यसनं चैव वाङ्मय तप उच्यते।।
(17/15)

अर्थ–जो उद्वेग को न करने वाला प्रिय ...हितकारक एवं यथार्थ भाषण है और ...वेद-शास्त्रों के पढ़ने का एवं परमेश्वर ...नाम जपने का अभ्यास है वह निस्संदेह ...सम्बन्धी तप है.

(3) किसी व्यक्ति ने प्लेटो से प्रश्न ...था, सबसे उत्कृष्ट शिक्षा कौनसी है? ...ने उत्तर दिया, "सच्ची शिक्षा वह है, ...मनुष्य को शारीरिक एवं आत्मिक ...र्य की चरम परिणति करा दे. जिस ...ने सौन्दर्य की साधना की है, वही ...अर्थों में शिक्षित है." आत्मि सौन्दर्य ...आधारशिला है, जहाँ से हमारी सौन्दर्य ...का निर्माण होता है. यदि हमारे ...करण में सौन्दर्य की पृष्ठभूमि बैठ ..., तो हम सृष्टि में सर्वत्र विवेकमय ...र्य के दर्शन करने लगें. महात्मा कबीर ...माज में प्रचलित अन्धविश्वास, छल, ..., पाखण्ड पर गहरा आघात करके ...र्ग का उद्घाटन किया और समाज- ...र के मार्ग में 'शिवम्' की अवतारणा ...यथा–

...मी हूंणां सोहरा दोहरा हूंणां दास।
...डर आंणी ऊन कूं बांधी चरै कपास।।

(4) हमारे जीवन का सारा कार्यक्रम, ...सफलता, सारा उद्देश्य जिस एक शब्द ...पा हुआ है–वह सत्य है. वेदों में सत्य ...प्रतिपादन है–'असतो मा सद्गमय' ...से हम सत्य की ओर चले. सत्य में ...होता है, सत्य में प्रेम निहित है. सत्य ...हिंसा और अस्तेय आदि का समावेश ...ता है. महात्मा गांधी तो सत्य के इतने ...थे कि प्राय: कहा करते थे, सत्य को ...लेने के बाद कुछ बाकी नहीं रह जाता. ...अंग्रेजी के कवि कीट्स ने भी अपनी ...शैली में इस तथ्य को व्यक्त किया

Beauty is truth, Truth beauty
That is all ye know on earth.
And all ye need to know.

अर्थात् सौन्दर्य सत्य है और सत्य ...र्य. यही संसार में मनुष्य जानता है ...यही जानने की उसको आवश्यकता है.

●●●

तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक–138 का परिणाम

विषय : सौभाग्य सदा परिश्रम के साथ दिखाई देता है.

कु. नीलू गौतम
झाँसी (उ. प्र.)

विषय : अहिंसा निर्बल का नहीं, वरन् अत्यन्त शक्तिशाली का अस्त्र है.

मनोज कुमार
पुत्र श्री छत्रधारी मेहरा
ग्राम–आमतल्ला भेड़वा
पो.–मधुपुर, जिला–देवघर
बिहार–815 353

विषय : सौन्दर्य ही सत्य है और सत्य ही सौन्दर्य

शशि शेखरन
ग्राम–खड़वाँ, पोस्ट–कोना
वाया–वार, जिला–औरंगाबाद
बिहार–824 103

संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग (प्रा.) परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण वर्क-बुक

उपकार वर्क-बुक राजनीतिशास्त्र	85/-
उपकार वर्क-बुक अर्थशास्त्र	90/-
उपकार वर्क-बुक भूगोल	95/-
उपकार वर्क-बुक भारतीय इतिहास	95/-

- ☞ पूर्णतया पाठ्यक्रमानुसार
- ☞ नवीन पैटर्न पर आधारित
- ☞ पिछले 10 वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का समावेश
- ☞ कठिन प्रश्नों के व्याख्यात्मक उत्तर

सभी पुस्तक विक्रेताओं के पास उपलब्ध अथवा 50 रुपए का मनीऑर्डर निम्नलिखित पते पर सीधे भेजकर पुस्तक वी.पी.पी. द्वारा प्राप्त करें–

उपकार प्रकाशन
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2
फोन : 351238, 351002, 322930; फैक्स : (0562) 351251
e-mail : upkar @nde.vsnl.net.in

एस. एस. सी. संयुक्त प्रारम्भिक परीक्षा
मैट्रिक स्तर
के परीक्षार्थियों के लिए

प्रतियोगिता दर्पण के अन्य अतिरिक्तांकों की अत्यधिक सफलता तथा पाठकों की माँग को ध्यान में रखते हुए हमने उक्त परीक्षा के लिए प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक का संशोधित एवं परिवर्द्धित संस्करण प्रकाशित किया है. यह अतिरिक्तांक बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध करा दिया गया है. इसका मूल्य मात्र 60 रुपए रखा गया है. परीक्षार्थियों के लिए यह अतिरिक्तांक अत्यधिक उपयोगी सिद्ध होगा. इस अंक की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं–

- भारत : एक नजर में
- भारतीय अर्थव्यवस्था : एक दृष्टि में
- समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य
- सामान्य जानकारी
- सामान्य ज्ञान
- सामान्य बुद्धिमत्ता
- मॉडल हल प्रश्न-पत्र
- हल प्रश्न-पत्र–1999

सभी पुस्तक विक्रेताओं के पास उपलब्ध अथवा 60 रुपए का मनीऑर्डर निम्नलिखित पते पर सीधे भेजकर पुस्तक वी.पी.पी. द्वारा प्राप्त करें–

प्रतियोगिता दर्पण
2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 351238, 351002, 322930; फैक्स : (0562) 351251
e-mail : upkar @nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता

क्रमांक—140

1. निम्नलिखित में से कौनसी संख्या त्रुटिपूर्ण है?
1 5 8 18 23 39 46 69 77
(A) 18 (B) 8
(C) 46 (D) 69
(E) 5

2. जब मेरा जन्म हुआ था तब मेरी माँ की आयु 28 वर्ष थी. जब मेरे चचेरे भाई का जन्म हुआ, **तब मेरी आयु 26 वर्ष की थी.** मेरा दूसरा भाई मेरी बहिन से 7 वर्ष बड़ा है. जब मेरी बहिन का जन्म हुआ था तब मेरी चाची 30 वर्ष की थी. मेरी माँ, मेरी चाची से 4 वर्ष बड़ी है. मैं एक लड़का हूँ. हमारे जन्म का क्रम कौनसा सही है? इसमें मेरी आयु को B से प्रदर्शित किया गया है.
(A) C_1 B C_2 S (B) C_1 C_2 B S
(C) C_1 S C_2 B (D) B C_1 S C_2
(E) इनमें से कोई नहीं

3. निम्नांकित आकृति में x के स्थान पर कौनसी संख्या आएगी?

		11	29	
x		14		
21	23		22	24
		12		52
	53	15		

(A) 27 (B) 32
(C) 34 (D) 33
(E) इनमें से कोई नहीं

4. निम्नांकित आकृति में रिक्त स्थान पर कौनसी संख्या होगी?

(A) 9 (B) 8
(C) 7 (D) 6
(E) 5

5. नीचे दिए गए अक्षर समूहों में से प्रत्येक से सार्थक शब्द बनाओ और फिर उनमें से भिन्न शब्द ज्ञात करो.
(A) GECBBAA
(B) SPNIHCA
(C) UTRPTVI
(D) UTTLEEC
(E) SONMHEDA

6. नीचे एक शब्द के अक्षर अव्यवस्थित क्रम में दिए गए हैं. इसके बाद पाँच अक्षर समूह दिए गए हैं. इन सभी के अक्षर व्यवस्थित करके सार्थक शब्द बनाओ तथा वैकल्पिक उत्तरों में उस शब्द को ज्ञात करो जो ऊपर दिए गए शब्द के विपरीत हों.
AACCRTEU
(A) EENORRSUO
(B) ACEIHNTTU
(C) CEEIPRS
(D) ABEEILLR
(E) ADERSSU

7. नीचे एक शब्द के अक्षर अव्यवस्थित क्रम में दिए गए हैं. इसके बाद पाँच अक्षर समूह दिए गए हैं. इन सभी अक्षरों को व्यवस्थित करके सार्थक शब्द बनाओ तथा वैकल्पिक उत्तरों में से उस शब्द को ज्ञात करो जो ऊपर दिए गए शब्द के समानार्थी हों.
AAGNORRT
(A) AGINNRSSUU
(B) BEINORSTUVU
(C) EPPRSSTOMUU
(D) BEIIMSSUSV
(E) DIIMT

निर्देश—प्रश्न 8 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित जानकारी पर आधारित है—

किसी महिला का नाम अंग्रेजी के दो शब्दों से मिलकर बना है. पहले शब्द में पाँच अक्षर हैं, जबकि दूसरे शब्द में केवल छः. पहला शब्द हिन्दी का एक सार्थक शब्द है जो आकाश पर्यायवाची है. दूसरे शब्द के पहले तीन अक्षरों से अंग्रेजी का एक सार्थक शब्द बनता है. प्रत्येक शब्द में दो-दो स्वर प्रयुक्त हुए हैं. पहले शब्द के पहले और पाँचवें अक्षरों के बीच वर्णमाला के 6 अक्षर लुप्त हैं, जबकि दूसरे शब्द के पाँचवें और पहले अक्षर वर्णमाला के क्रम में हैं. पहले शब्द में P और दूसरे शब्द में Q का प्रयोग नहीं हुआ है.

8. सम्पूर्ण शब्द में निम्नलिखित कौनसा अक्षर प्रयुक्त नहीं हुआ है?
(A) G (B) B
(C) N (D) S
(E) इनमें से कोई नहीं

9. दूसरे शब्द का अन्तिम अक्षर है?
(A) N (B) S
(C) U (D) I
(E) G

10. सम्पूर्ण नाम में सिर्फ एक बार होने वाले कितने अक्षर हैं?
(A) 5 (B) 8
(C) 7 (D) 6
(E) इनमें से कोई नहीं

11. दूसरे शब्द के पहले व दूसरे अक्षर के बीच वर्णमाला के कितने अक्षर हुए हैं?
(A) 9 (B) 8
(C) 7 (D) 6
(E) इनमें से कोई नहीं

12. यदि My = 4, You = 1[illegible] THEIR = 100 हो, तो YOUR
(A) 27 (B) 17
(C) 25 (D) 48
(E) इनमें से कोई नहीं

13. किसी फूल के नाम के अक्षर अव्यवस्थित करके निम्नवत् दिए हैं—
ACINRSSSU
इसको व्यवस्थित करके फिर पाँचवाँ अक्षर कौनसा होगा?
(A) I (B) R
(C) C (D) S
(E) U

निर्देश—प्रश्न 14 से 16 तक प्रश्न निम्नांकित चार्ट पर आधारित हैं. चार्ट की प्रत्येक पंक्ति के अक्षरों से व्यापारिक नाम बनते हैं.

2		T		
	I	C		
	E		P	
		E		A
N			I	

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

14. इस वर्ग में कुल कितने स्वरों का प्रयोग हुआ है?
(A) 3 (B) 8
(C) 7 (D) 6
(E) 9

15. सबसे अधिक किस अक्षर का प्रयोग हुआ है?
(A) E (B) V
(C) C (D) L
(E) इनमें से कोई नहीं

16. किस अक्षर का प्रयोग बिल्कुल नहीं हुआ है?
(A) M (B) Y
(C) B (D) L
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–प्रश्न 17 से 20 तक प्रत्येक इन निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित है.

एक विवाह उत्सव में सात व्यक्ति A, , C, D, E, F और G आमंत्रित किए जाते ये सब एक पंक्ति में सात कुर्सियों पर ाए जाते हैं. A और F बाईं ओर बैठते हैं, ांकि ये जल्दी जाना चाहते हैं तथा दाज बाईं ओर है. B सबसे बीच की र्सी पर बैठता है C और D एक दूसरे से धिकतम दूरी पर बैठते हैं. E और G एक सरे के निकटतम बैठते हैं.

17. B के बगल वाली कुर्सियों पर कौन नहीं बैठ पाएगा?
(A) C (B) D
(C) A (D) E
(E) G

18. निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा अगल-बगल नहीं बैठ पाएगा?
(A) A और G
(B) A और F
(C) G और D
(D) E और C
(E) A और D

19. यदि D और E दोनों ही B के अगल-बगल न बैठें तो कितनी भिन्न प्रकार से कुर्सियों को लगाया जा सकता है?
(A) 1 (B) 3
(C) 5 (D) 4
(E) इनमें से कोई नहीं

20. निम्नलिखित में से कौनसा व्यक्ति किनारे वाली कुर्सी पर न बैठ सकेगा?
(A) A (B) D
(C) F (D) C
(E) G

●●●

शेष पृष्ठ 1039 का

किया. टोरोस-230 (ए) नाम के सतह से सतह पर मार करने वाले इस प्रक्षेपास्त्र की मारक क्षमता 65 किमी तथा टोरोस–260 (ए) मॉडल की मारक क्षमता 100 किमी तक बताई गई है.

गाजियाबाद का नाम दुर्गानगर करने का प्रस्ताव

दिल्ली के सीमावर्ती गाजियाबाद शहर का नाम बदलकर प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी दुर्गा भाभी के नाम पर दुर्गानगर करने का प्रस्ताव इस शहर के नगर निगम ने गत 7 फरवरी को पारित किया है. प्रस्ताव को आगे की कार्यवाही हेतु राज्य सरकार को सन्दर्भित किया गया है. ●●●

शेष पृष्ठ 1045 का

प्रत्येक चरण के तहत लगभग 13.5 करोड़ बच्चों को यह खुराक पिलाई गई. यह लक्षित बच्चों का 108 प्रतिशत है. इसके लिए देश भर में लगभग 6.50 लाख पोलियो टीकाकरण केन्द्र स्थापित किए गए थे.

जिन राज्यों में पोलियो का प्रकोप अधिक है वहाँ पल्स पोलियो टीकाकरण के दो और चरण फरवरी व मार्च 2000 में सम्पन्न होंगे. दो अतिरिक्त चरणों वाले यह राज्य असम, बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, प. बंगाल व उड़ीसा हैं.

उत्तर प्रदेश में राज्यकर्मियों के आर. एस. एस. की गतिविधियों में भाग लेने पर प्रतिबन्ध नहीं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्त ने गत 7 फरवरी को लखनऊ में घोषणा की है कि राज्य में राष्ट्रीय स्वयं-सेवक संघ के अप्रतिबन्धित् होने के नाते राज्यकर्मियों के इस संगठन के क्रियाकलापों में भाग लेने पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोई राजनीतिक संगठन नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक संगठन है.

मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्त ने उपर्युक्त घोषणा गुजरात सरकार द्वारा राज्यकर्मियों के आर एस एस की गतिविधियों में भाग लेने पर प्रतिबन्ध हटाने की घोषणा के कुछ दिन बाद ही की है. गुजरात सरकार के इस निर्णय के प्रति प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी सहमति व्यक्त की थी.

50 वर्षों में संविधान में 79 संशोधन

भारतीय संविधान ने इस वर्ष जनवरी माह में 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं. 26 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा द्वारा स्वीकृत संविधान को 26 जनवरी, 1950 से लागू किया गया था. इन 50 वर्षों की अवधि में संविधान में कुल मिलाकर 79 संशोधन किए गए हैं. 79वाँ संविधान संशोधन विधेयक 26 जनवरी, 2000 से प्रभावी हुआ है. इसके तहत लोक सभा व विधान सभाओं में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षण के प्रावधान को 10 वर्ष और आगे बढ़ाते हुए इसे 25 जनवरी, 2010 तक प्रभावी किया गया है. इसके साथ-साथ इन सदनों में एंग्लो इंडियन समुदाय के लोगों के लिए मनोनयन के प्रावधान को भी इसी अवधि के लिए आगे बढ़ाया गया है. संसद के दोनों सदनों ने इसे 84वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में अक्टूबर 1999 में पारित किया था. 24 जनवरी, 2000 को राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के पश्चात् इसने अधिनियम का रूप ले लिया है.

संक्षिप्तकी

उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद् में व्यापक विभागीय फेरबदल

विभागों के वितरण के सिलसिले में मंत्रिपरिषद् के सदस्यों में व्याप्त असंतोष को दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री राम प्रकाश गुप्त ने इनके विभागों में व्यापक फेरबदल गत 8 फरवरी को की है. इस फेरबदल में 6 कैबिनेट मंत्रियों व 18 राज्य मंत्रियों के विभागों में परिवर्तन किए गए हैं. इसके बावजूद मंत्रियों में असंतोष समाप्त नहीं हुआ है.

●●●

शेष पृष्ठ 1050 का

– लागोस (नाईजीरिया) में संयुक्त मेजबान नाईजीरिया को फाइनल में हराकर कैमरून ने अफ्रीकी नेशंस कप फुटबाल प्रतियोगिता का सिरमौर तीसरी बार जीतने में सफलता प्राप्त की.

– चेन्नई में सम्पन्न अखिल भारतीय वन खेलों (All India Forest Games) में मध्य प्रदेश ने ओवर ऑल चैम्पियनशिप जीती. उत्तर प्रदेश व केरल का स्थान क्रमशः दूसरा व तीसरा रहा.

– पेरिस में फ्रांस की नथाली तॉजियत ने फाइनल में अमरीका की सेरेना विलियम्स को हराकर इंडोर पेरिस ओपन टेनिस टूर्नामेन्ट जीत लिया.

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता क्रमांक : 138 का परिणाम एवं सर्वशुद्ध हल

प्रथम पुरस्कार

(1) कविता शर्मा
C/o श्री जी. आर. शर्मा
जिला–अलवर,
राजस्थान–301 404

(2) संजय कुमार गुप्ता
(क्षेत्रीय वन अधिकारी)
S/o श्री हनुमान प्रसाद गुप्ता
वार्ड न. 29, जगदीश कॉलोनी, सीकर,
राजस्थान–332 001

(3) भूपेन्द्र जांगिड़
S/o श्री जी. आर. शर्मा
वार्ड न.– 15, आनन्द नगर,
खैरथल, जिला–अलवर,
राजस्थान–301 404

नोट–प्रथम व द्वितीय पुरस्कार राशि को जोड़कर विजेताओं में बराबर-बराबर बाँट दिया गया है.

सर्वशुद्ध हल

1. (D) 2. (A) 3. (B) 4. (D) 5. (B)
6. (A) 7. (C) 8. (C) 9. (A) 10. (E)
11. (E) 12. (A) 13. (D) 14. (E) 15. (C)
16. (A) 17. (E) 18. (B) 19. (C) 20. (D)

व्याख्या

1. बनने वाले सार्थक शब्द हैं : CARDAMOM, DRYGINGER, PEPPER, PISTACHIO तथा MYROBALAN.
इनमें से PISTACHIO के अतिरिक्त अन्य सभी मसाले हैं, जबकि यह शब्द मेवा है.

2. मूलशब्द–TROUBLESOME
SMOOTH, FORMIDABLE, INTRICATE, TIRESOME तथा VEXATIOUS.
इनमें से विलोम शब्द SMOOTH है.

3. मूलशब्द– ROMANTIC
DISPASSIONATE, SENTIMENTAL, PRACTICAL, PROSAIC तथा EARTHLY.
इनमें से समानार्थी शब्द SENTIMENTAL है.

4. $132 \rightarrow \frac{1^2+3^2+2^2}{7} = 2$

$263 \rightarrow \frac{2^2+6^2+3^2}{7} = 7$

तथा $456 \rightarrow \frac{4^2+5^2+6^2}{7} = 11$

$\therefore \quad 145 \rightarrow \frac{1^2+4^2+5^2}{7} = 6$

5. चित्र (1) में

11 और 13 $\rightarrow (1)^2 + (1)^2 + (1)^2 + (3)^2 = 12$

13 और 12 $\rightarrow (1)^2 + (3)^2 + (1)^2 + (2)^2 = 15$

12 और 15 $\rightarrow (1)^2 + (2)^2 + (1)^2 + (5)^2 = 31$

तथा

15 और 11 $\rightarrow (1)^2 + (5)^2 + (1)^2 + (1)^2 = 28$

इसी प्रकार चित्र (2) व (3) में है.

$\therefore$ खाली स्थान पर संख्या
$= (1)^2 + (1)^2 + (1)^2 + (4)^2$
$= 19$

प्रश्न 6 से 9 तक के लिए–

व्यक्ति का नाम PADMINI BALLABH है.

10. चित्र (1) से

$\frac{17+11}{2} - 13 = 1,$

$\frac{17+13}{2} - 11 = 4$

तथा $\frac{11+13}{2} - 17 = -5$

चित्र (2) से

$\frac{19+13}{2} - 15 = 1,$

$\frac{19+15}{2} - 13 = 4$

तथा $\frac{13+15}{2} - 19 = -5$

$\therefore$ चित्र (3) से

$x = \frac{12+14}{2} - 18 = -5$

प्रश्न 11 से 14 तक के लिए–

Z	A	M	B	E	Z	I
O	R	I	N	O	C	O
P	E	R	I	Y	A	R
V	I	S	T	U	L	A
S	A	L	W	E	E	N
M	A	D	E	I	R	A
Y	E	N	I	S	E	I

11. सबसे अधिक प्रयुक्त अक्षर E और I हैं.

12. चार बार से अधिक प्रयुक्त होने वाले अक्षर हैं–
A – 6 बार, E – 7 बार तथा I – 7 बार

13. स्वर अक्षरों में
A – 6 बार, E – 7 बार, I – 7 बार, O – 3 बार तथा U–1 बार

प्रश्न 15 से 18 तक के लिए–



इसमें + व – चिह्न क्रमशः पुरुष व महिला के लिए प्रयोग किया गया है. θ व ϕ अज्ञात हैं तथा इनमें से कोई एक पुरुष के लिए तथा दूसरा महिला के लिए प्रयुक्त हुआ है. क्षैतिज रेखाओं से पति-पत्नी, ऊर्ध्वाधर व तिरछी रेखाओं से वंश प्रदर्शित किया गया है.

15. चूँकि C अविवाहित है तथा इसका प्रदर्शित किया गया है. अतः इसका B के अतिरिक्त किसी भी उस उम्र के साथ हो सकता है जो ϕ से हो, परन्तु परिवार का सदस्य नहीं है. अविवाहित केवल M, N हैं. E परिवार का सदस्य है.

16. H की शादी के लिए केवल अविवाहित E व F बचते हैं, क्योंकि M अविवाहित तो हैं, परन्तु ये दोनों परिवार के ही हैं.

17. चूँकि B और C परस्पर भाई-बहिन हैं E, B का लड़का या लड़की है. निश्चित रूप से C का भतीजा या भानजा या भानजी है.

18. E और N के माता-पिताओं का परिवार की इस पीढ़ी में L, G, C, D हैं. इनमें से तीन के अन्त में θ के अन्त में ϕ है. चूँकि इस पीढ़ी में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं संख्या अधिक है. अतः θ महिला और ϕ पुरुषों को प्रदर्शित करता है M के अन्त में ϕ है. अतः M पुरुष

19. ∵ दी हुई संख्या 18 से पूर्णतः हो जाती है.
$\therefore x + 1 + 5 + 6 + 9 + y, 9$ से विभाजित होना चाहिए
या $x + y = 21, 9$ से पूर्णतः होना चाहिए.
$\therefore x + y = 6$ या $x + y = 15$
∵ $x - y = 1$
$\therefore x + y = 6$ सम्भव नहीं है, क्योंकि दशा में x और y पूर्णांक नहीं होंगे
$\therefore x + y = 15$ ही हो सकता है.
$x - y = 1 \quad \therefore x = 8, y = 7$ या और $y = 8$
∵ y का मान 2 से विभाजित होना
$\therefore x = 7.$

20. पहले 8 लीटर वाले बर्तन को भरकर एक बड़े बर्तन में 16 भर लेंगे. फिर उसमें से 7 बर्तन से एक बार भरकर निकालने इस प्रकार 9 लीटर दूध शेष रह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता के नियम

1. अपनी प्रविष्टि केवल दिए हुए प्रारूप पर ही भेजें.
2. लिफाफे के बाईं ओर 'सामान्य ज्ञान दर्पण–मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता' अवश्य लिखें.
3. प्रत्येक प्रश्न के पाँच बॉक्स दिए गए हैं. जिस उत्तर को ठीक समझें उस कॉलम में ☒ का चिह्न लगाएं.
4. सर्वाधिक शुद्ध हल भेजने वाले दो प्रतियोगियों को क्रमशः 400 रु., 300 रु. पुरस्कारस्वरूप दिए जाएंगे.
5. पुरस्कार के विषय में सम्पादक का निर्णय सर्वमान्य होगा.

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता का प्रारूप

मानसिक योग्यता परीक्षा क्रमांक–140 का हल भेजने की अन्तिम तिथि 28 मार्च, 2000 है.

नाम श्री/कु./ श्रीमती _____

_____

पूरा पता _____

_____

राज्य _____ पिन कोड नं. ☐☐☐☐☐☐

उत्तर-पत्र

प्रश्न संख्या	A	B	C	D	E
1.	☐	☐	☐	☐	☐
2.	☐	☐	☐	☐	☐
3.	☐	☐	☐	☐	☐
4.	☐	☐	☐	☐	☐
5.	☐	☐	☐	☐	☐
6.	☐	☐	☐	☐	☐
7.	☐	☐	☐	☐	☐
8.	☐	☐	☐	☐	☐
9.	☐	☐	☐	☐	☐
10.	☐	☐	☐	☐	☐
11.	☐	☐	☐	☐	☐
12.	☐	☐	☐	☐	☐
13.	☐	☐	☐	☐	☐
14.	☐	☐	☐	☐	☐
15.	☐	☐	☐	☐	☐
16.	☐	☐	☐	☐	☐
17.	☐	☐	☐	☐	☐
18.	☐	☐	☐	☐	☐
19.	☐	☐	☐	☐	☐
20.	☐	☐	☐	☐	☐

तार्किक प्रतियोगिता

बैंकिंग सर्विस रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा आयोजित प्रोबेशनरी ऑफीसर्स व क्लर्कस् ग्रेड परीक्षाओं में नवीन पद्धति के वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाते हैं जिससे कि आपकी तार्किक व कल्पना शक्ति में वृद्धि हो.

तार्किक प्रतियोगिता के नियम

1. अपनी प्रविष्टि केवल साधारण डाक से निर्धारित तिथि की सीमा में भेजने की व्यवस्था करें अन्यथा प्रविष्टि अमान्य होगी और इसके लिए उत्तरदायित्व आपका होगा.
2. लिफाफे के ऊपर पत्रिका में दिए गए कूपन को अवश्य चिपकाएं.
3. दिए गए विषय पर आप चार तर्क प्रस्तुत करें. किसी भी दशा में प्रविष्टि कुल 150 शब्दों से अधिक की नहीं होनी चाहिए. अधिक शब्दों में लिखित रचना प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं की जाएगी.
4. भाषा सरल, स्पष्ट एवं प्रवाहमय होनी चाहिए. मूल्यांकन करते समय भाषा का विशेष ध्यान रखा जाएगा.
5. तीन विषय दिए जाएंगे और प्रत्येक विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशी को समान रूप से 150 रुपए पुरस्कार-स्वरूप दिए जाएंगे.
6. आप एक अथवा दो अथवा तीनों विषयों पर लिख सकते हैं. प्रत्येक विषय को अलग-अलग पृष्ठों पर एक ही तरफ लिखें. अन्त में शब्द संख्या अवश्य लिखें.
7. प्रत्येक प्रविष्टि पर अपना नाम व पता स्पष्ट शब्दों में लिखें.
8. पुरस्कृत प्रविष्टि पर पत्रिका-प्रकाशक का कॉपीराइट © होगा. प्रविष्टियों को वापस करने की कोई व्यवस्था नहीं है.
9. पुरस्कार के विषय में अन्तिम निर्णय सम्पादक का होगा. किसी भी दशा में वह न्यायालय का विषय नहीं होगा.
10. सम्पादक को अधिकार है कि किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण वह प्रविष्टि/ प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित न करें.

तार्किक प्रतियोगिता के विषय

1. समर्पण की भावना से किया हुआ कार्य श्रेष्ठ, दैवी, अलौकिक और पवित्र स्तर का हो जाता है.
2. कायरता की अपेक्षा बहादुरी के साथ शरीरबल का प्रयोग करना कहीं अधिक श्रेयस्कर है.
3. धनुर्धारी की परख उसके धनुष से नहीं, लक्ष्य वेध से होती है.

प्रविष्टि भेजने की अन्तिम तिथि–25 मार्च, 2000 है.

(कृपया इसे लिफाफे पर चिपकाएं)

सामान्य ज्ञान दर्पण तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक–140

Now Available
UPKAR'S New Editions
Published by : UPKAR PRAKASHAN 2/11A, Swadeshi Bima Nagar, AGRA–2 Ph. : 351238, 322930, 351002; Fax : (0562) 351251

■ Railway Recruitment Board Exam. *Dr. Lal & Jain*	Rs. 80·00
■ Railway Recruitment Board Exam.	Rs. 70·00
■ Railway Commercial Vocational Course Entrance Exam.	Rs. 62·00
■ Railway Recruitment Board (Technical)	Rs. 110·00
■ S.C.R.A. Exam.	Rs. 215·00

HINDI EDITIONS ARE ALSO AVAILABLE

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पत्रकार बनें

*सफल पत्रकार बनने हेतु घर बैठे पत्राचार द्वारा पत्रकारिता व लेख रचना का सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करें। *डाक द्वारा प्रशिक्षण देने वाला 24 वर्ष पुराना संस्थान। *लेख प्रकाशन सुविधा उपलब्ध *विवरणी हेतु कार्ड लिखें

पत्रकारिता महाविद्यालय
पोस्ट बाक्स 3583 (प),
नई दिल्ली–110024

सूचना

सामान्य ज्ञान दर्पण के निम्नलिखित जिल्द बंधे अंक सीमित संख्या में उपलब्ध हैं. आप 30/- का मनीऑर्डर भेजकर वी.पी.पी. द्वारा कोई भी अंक मँगा सकते हैं. अंकों के मूल्य निम्नलिखित प्रकार हैं–

	मूल्य
☞ जनवरी 95 से जून 95 तक	38·00
☞ जुलाई 95 से दिसम्बर 95 तक	38·00
☞ जनवरी 96 से जून 96 तक	40·00
☞ अगस्त 96 से दिसम्बर 96 तक	46·00
☞ जनवरी 97 से जून 97 तक	50·00
☞ जुलाई 97 से दिसम्बर 97 तक	70·00
☞ जनवरी 98 से जून 98 तक	65·00
☞ जुलाई 98 से दिसम्बर 98 तक	65·00
☞ जनवरी 99 से जून 99 तक	95·00
☞ जुलाई 99 से दिसम्बर 99 तक	98·00

प्रतियोगिता दर्पण
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

UPKAR'S
A Fresh Approach To
Reasoning Tests
(With Logical Reasoning)

[Useful For Various Competitive Exams.]

By : Dr. Lal & Maurya

Price : 48/-

The book has been written in conformity with the most scientific technique of understanding, memorization and reproduction. A panel of highly renowned and experienced experts of the subject have classified the subject matter into parts and have added to their utility.

Purchase from nearest bookseller or get the copy directly by V.P.P. sending M. O. of Rs. 30/- on the following address

UPKAR PRAKASHAN
2/11A, Swadeshi Bima Nagar, Agra–282 002
Phones : 351238, 351002, 350002; Fax : (0562) 351251

उपकार

दिल्ली पुलिस कॉन्स्टेबिल भर्ती परीक्षा

(नवीन परिवर्तित पाठ्यक्रमानुसार)

लेखक : डॉ. लाल एवं जैन — मूल्य : 80/-

लेखक : खन्ना एवं वर्मा — मूल्य : 25/-

विषय के विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा इस पुस्तक में नवीन पाठ्यक्रम के सभी पहलुओं पर प्रामाणिक, ज्ञानवर्द्धक एवं विश्लेषणात्मक सामग्री दी गई है.

उपकार प्रकाशन 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002

New Release

UPKAR'S
True or False & Fill in the Blanks

(Unique for PMT, PET and 10 + 2 students for General Awareness)

Edited by
The Board of Competition Science Vision

Price Rs. 85.0

Questions on 'True or False' statements and 'Fill in the Blanks' are generally asked in all science and competitive examinations. These questions are by no means quite easy questions. To meet the needs of the students in this respect, this unique book has been prepared and published. A large number of typical questions, most of them from various examinations are given along with their answers with clear-cut hints and explanations.

Purchase from nearest bookseller or get the copy by V.P.P. sending M. O. of Rs. 75 the following address

UPKAR PRAKASHAN
2/11A, Swadeshi Bima Nagar, AGRA-282 002
Phone : 351238, 351002, 322930; Fax : (0562) 351251
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

उपकार

राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबिल भर्ती परीक्षा

लेखक : डॉ. लाल एवं जैन — मूल्य : 34 रु.

विषय के विशेषज्ञों द्वारा लिखित इस पुस्तक में परीक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण सामग्री दी गई है. इस पुस्तक को पढ़कर आप अवश्य लाभान्वित होंगे.

आज ही अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से खरीदें अथवा हमें निम्न पते पर 25/- रु. का मनीऑर्डर सीधे भेजकर वी.पी.पी. द्वारा मँगा सकते हैं.

उपकार प्रकाशन
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 351238, 351002, 322930; फैक्स : (0562) 351251
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Errors in English and How to Correct Them

✍ M.C. Agarwal

The test of English language and grammar, more often than not, happens to be the deciding factor of success in a present day examination. Results over the past bear an ample testimony to the fact that a great many students fail to achieve success in examinations on account of weakness in English. The current series of articles aims at dealing with a myriad of problems often faced by students. A short explanatory note follows each problem for a logical understanding of English grammar.

Incorrect : In the reporting of the incident, the media was not totally unbiased.

Correct : In the reporting of the incident, the media were not totally unbiased.

Explanation : The word 'media' which stands for the press is plural. Hence the use of a plural verb 'were'. A mistake often committed even by well-read persons.

Incorrect : If you had despatched the letter timely, it would have reached him by now.

Correct : If you had despatched the letter in time, it would have reached him by now.

Explanation : The word 'timely' is an adjective and what we need is an adverb, not an adjective.

Incorrect : He has declined to accept my offer of partnership in the firm on account of my inability to provide equal share of capital.

Correct : He has declined my offer of partnership in the firm on account of my inability to provide equal share of capital.

Explanation : Why use 'to accept' when the meaning of the term 'decline' already suggests the required meaning. It is a needless repetition and constitutes a mistake.

Incorrect : All his hunting paraphernalia were left behind in another car which came three hours later.

Correct : All his hunting paraphernalia was left behind in another car which came three hours later.

Explanation : The word 'paraphernalia' is a Greek plural which always takes a singular verb by tradition.

Incorrect : There were less people there than usual.

Correct : There were fewer people there than usual.

Explanation : 'Less' is the comparative degree of 'little'. It is used before uncountable nouns. The word 'people' being countable, 'fewer' will be used, being the equivalent of 'less'.

Incorrect : Are there no more informations available on the subject?

Correct : Is there no more information available on the subject?

Explanation : 'Information' is an uncountable noun. It cannot be used in plural. Hence the mistake.

Incorrect : Witnesses say that my car's front wheel needed blowing up.

Correct : Witnesses say that the front wheel of my car needed blowing up.

Explanation : Apostrophe 's' is not given to inanimate objects. The possessive case should be made by using the preposition 'of'.

Incorrect : She was rejected on the ground of having no other qualification but physical beauty.

Correct : She was rejected on the ground of having no other qualification than physical beauty.

Explanation : 'other' is followed by than', not by 'but'. If 'but' is to be used, it should be preceded by 'else' in a negative sentence.

Incorrect : The vexed question is that how these political leaders have amassed the wealth of a Midas if they feel they are honest.

Correct : The vexed question is how these political leaders have amassed the wealth of a Midas if they feel they are honest.

Explanation : 'How' itself is a conjunction. It cannot be preceded by another conjunction 'that'. The use of 'that' is, therefore, redundant and wrong.

Incorrect : If you hear my advice and follow it sincerely, you will never land in the soup.

Correct : If you listen to my advice and follow it sincerely, you will never land in the soup.

Explanation : If someone says something and we pay full attention to what he says, we listen to him, not 'hear' him. 'Hear' is just an ordinary verb of perception.

Incorrect : The film 'Bandit Queen' narrates the life story of a noted dacoit from the ravines of the river Chambal.

Correct : The film 'Bandit Queen' narrates the life story of a notorious dacoit from the ravines of the river Chambal.

Explanation : A person is noted for something good done by him but for his wrongs and nefarious activities he becomes notorious.

Incorrect : Not unoften I have asked you to speak the truth but you never do what I say.

Correct : Not unoften have I asked you to speak the truth but you never do what I say.

Explanation : Negative adverbs of frequency if placed before the subject for the sake of emphasis are to be followed by inversion of the helping verb.

Incorrect : He borrowed some rupees from me so that he may deposit the insurance premium in time.

Correct : He borrowed some rupees from me so that he might deposit the insurance premium in time.

Explanation : It is an error of sequence of tenses. If the main sentence is in the past tense, the subordinate clause will also be in the past. Hence 'may' into 'might'.

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

General English

(Based on Memory)

Synonyms

Directions—In this Section you find a number of sentences, parts of which are underlined. You may also find only a group of words which is underlined. For each underlined part, four words/phrases are listed below. Choose the word/phrase nearest in meaning to the underlined part.

Example 'E' is solved for you.

E. His style is quite transparent.

(A) Verbose (B) Involved
(C) Lucid (D) Witty

Explanation—In item 'E' the word 'lucid' is nearest in meaning to the word 'transparent'. So 'C' is the correct answer.

1. He delivered a lengthy speech in which he committed several ludicrous mistakes.
   (A) Glaring (B) Funny
   (C) Absurd (D) Serious
2. The performance of the candidates was deplorable.
   (A) Horrible
   (B) Contentious
   (C) Laughable
   (D) Lamentable
3. Timely first aid resuscitated the patient.
   (A) Soothed (B) Rescued
   (C) Revived (D) Cured
4. Outside I am nothing but a frolicsome little goat who's broken loose.
   (A) Happy (B) Playful
   (C) Gay (D) Delightful
5. He was accused of graft.
   (A) Corruption
   (B) Inefficiency
   (C) Favouritism
   (D) Negligence

Antonyms

Directions—In this Section each item consists of a word or a phrase which is underlined in the sentence given. It is followed by four words or phrases. Select the word or phrase which is closest to the *opposite in meaning* of the underlined word or phrase.

Example 'F' has been solved for you.

E. Lucy is a smart girl.
   (A) Lazy (B) Active
   (C) Indecent (D) Casual

Explanation—The Word 'lazy' is nearest to the opposite in meaning of the word 'smart' So 'A' is the Correct answer.

6. The principal deprecated the attitude of some student leaders.
   (A) Appreciated
   (B) Tolerated
   (C) Derided
   (D) Ignored
7. Many of the incidents in the autobiography appear to be fictitious.
   (A) Imaginary
   (B) Real
   (C) Creative
   (D) Boring
8. The hall was packed with people who had come to hear the celebrated author speak about his work.
   (A) Obscure (B) Well-known
   (C) Ordinary (D) Up-coming
9. We solicit your co-operation.
   (A) Acknowledge
   (B) Reject
   (C) Refute
   (D) Cherish
10. He is known for his arrogance
    (A) Honesty
    (B) Cheerfulness
    (C) Generosity
    (D) Humility

COMPREHENSION

Directions—In this Section you have four short passages. After each passage you will find several questions based on the passage. First, read Passage I, and answer the questions based on it. Then go on to the passages.

Examples 'I' and 'J' are for you.

PASSAGE

In our approach to life, pragmatic or otherwise, a basic that confronts us squarely unmistakenly is the desire for security and happiness. Different forms of life at different levels existence make up the teeming denizens of this earth of ours, no matter whether they belong to higher groups such as human beings or to the lower groups such animals, all beings primarily peace, comfort and security. as dear to a mute creature as it is man. Even the lowliest insect struggles for protection against dangers threaten its life. Just as each one wants to live and not to die, so other creatures.

I. The author's main point is
   (A) Different forms of life found on earth
   (B) Different levels of existence are possible in nature
   (C) Peace and security are chief goals of all living beings
   (D) Even the weakest creature struggles to preserve life

J. Which one of the following assumptions or steps is essential in developing the author's position ?
   (A) All forms of life have a single overriding goal
   (B) The will to survive in every creature is identified with the desire for peace
   (C) All beings are divided into higher and lower groups
राजस्थान के प्रसिद्ध साहित्यकार जयसिंह 'नीरज' का गत 1 मार्च को 72 वर्ष की आयु में जयपुर में निधन हो गया. वह अनेक पुरस्कारों से सम्मानित थे, जिनमें राजस्थान साहित्य अकादमी का सर्वोच्च मीरा पुरस्कार शामिल है.

चार्ल्स शुल्ज

पीनट्स (Peanuts) के नाम से रविवासरीय समाचार-पत्रों में प्रकाशित होने वाली विश्वप्रसिद्ध कॉमिक पत्रिका के रचयिता चार्ल्स शुल्ज (Charles Schulz) का गत फरवरी माह में अमरीका में निधन हो गया. वह 77 वर्ष के थे.

एम. श्रीनिवासन

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्याय-मूर्ति एम. श्रीनिवासन का गत 25 फरवरी को नई दिल्ली में निधन हो गया.

गीता मुखर्जी

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) की वरिष्ठ नेत्री गीता मुखर्जी का गत 4 ... को दिल का दौरा पड़ने से नई दिल्ली ...

निधन हो गया. वह 76 वर्ष की थीं. 6 मार्च को उनका दाह संस्कार कलकत्ता में किया गया.

ऊषा किरण

हिन्दी व मराठी फिल्मों की बीते वर्षों की प्रसिद्ध अभिनेत्री ऊषा किरण का गत ... मार्च को 71 वर्ष की आयु में नासिक में निधन हो गया. वह मुम्बई की शेरिफ भी रही थीं.

वी. के. नरसिंहम

भारतीय पत्रकारिता जगत के पितामह कहे जाने वाले 88 वर्षीय वी. के. नरसिंहम का गत 9 मार्च को 88 वर्ष की आयु में अनंतपुर जिले में निधन हो गया. इंडियन एक्सप्रेस के प्रधान सम्पादक रहने के ... वह 'हिन्दू', 'डक्कन हेरल्ड' आदि से सम्बद्ध रहे थे.

पी. पी. कुमारमंगलम्

पूर्व थलसेना अध्यक्ष जनरल पी. कुमारमंगलम् का गत 13 मार्च को ... में निधन हो गया. वह 87 वर्ष के थे.

चर्चित व्यक्ति

अब्दुर्रहमान यूसुफी

मोरक्को के प्रधानमंत्री अब्दुर्रहमान यूसुफी गत 23-24 फरवरी को दो दिन की भारत यात्रा पर रहे. उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भारत के साथ आर्थिक सम्बन्धों को सुदृढ़ता लाना था.

सतनाम शाह

वायु सेना के सेवानिवृत्त विंग कमांडर सतनाम शाह को 150 किग्रा हशीश के साथ दिल्ली पुलिस ने गत फरवरी माह में गिरफ्तार किया. पूछताछ के दौरान उन्होंने सी.आई.ए. के एजेंट होने के साथ-साथ अनेक रक्षा सौदों में बिचौलिया होने की बात स्वीकार की है. उन्होंने पुलिस को बताया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि इन सौदों को सम्पन्न कराने हेतु बड़ी बड़ी राशियाँ उन्होंने रिश्वत के रूप में अनेक लोगों को उपलब्ध कराई हैं.

जुआन सोमाविया

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के महानिदेशक जुआन सोमाविया (Juan Somavia) गत 17–21 फरवरी को भारत की यात्रा पर रहे. उनकी इस यात्रा का उद्देश्य 'विश्व अर्थव्यवस्था में मर्यादित रोजगार' (Decent Work in World Economy) को प्रोत्साहित करना था. श्री सोमाविया की उपस्थिति में भारत व आई.एल.ओ. ने एक सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत श्रम संगठन के बाल श्रम उन्मूलन के अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम को 1 जनवरी, 2000 से आगे दो और वर्ष बढ़ाने की बात कही गई है.

रामर पिल्लई

हर्बल ईंधन के आविष्कार के लिए 3 वर्ष पूर्व बहुचर्चित एवं विवादित रहे तमिलनाडु के रामर पिल्लई को गत 11 मार्च को सी.बी.आई. ने चेन्नई में गिरफ्तार कर लिया. मोटर ईंधन के नाम पर औद्योगिक रसायन बेचकर लोगों को ठगने का आरोप सी.बी.आई. ने पिल्लई पर लगाया है.

मिखाइल गोर्बाचोव

पूर्व सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव ने 'यूनाइटेड रशियन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी' नाम से एक नए राजनीतिक दल का गठन गत 11 मार्च को मॉस्को में किया है.

नेकमेटिन एरबाकान

देश में धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था के विरोध में 1994 में दिए एक भाषण के लिए टर्की के एक न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री नेकमेटिन एरबाकान को एक वर्ष के कारावास की सजा गत मार्च में सुनाई है. इस्लाम के समर्थक एरबाकान 1996-97 में टर्की के प्रधानमंत्री रहे थे.

चर्चित स्थान

नलबाड़ी

संदिग्ध उल्फा उग्रवादियों ने गत 27 फरवरी को असम के नलबाड़ी जिले में निजबहजनी गाँव में एक बम विस्फोट करके प्रदेश के लोक निर्माण एवं वन मंत्री नागेन शर्मा की हत्या कर दी. मंत्री के साथ 4 अन्य व्यक्ति भी इस बम विस्फोट में मारे गए.

भरतपुर

राजस्थान में भरतपुर स्थित केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में गत फरवरी के अन्तिम सप्ताह में सूखी घास में आग लगने से असंख्य छोटे वन्य जीव जल कर मारे गए.

अयोध्या व 'किमहाई'

उत्तर प्रदेश के अयोध्या व द. कोरिया के किमहाई नगर के बीच सिस्टर सिटी सम्बन्ध स्थापित करने के लिए एक सहमति पत्र पर गत 29 फरवरी को अयोध्या में हस्ताक्षर सम्पन्न हुए हैं.

बस्तर

पीपुल्स वार ग्रुप (PWG) के संदिग्ध उग्रवादियों ने मध्य प्रदेश के बस्तर जिले के नारायणपुर क्षेत्र में गत 20 फरवरी को बारूदी सुरंग से विस्फोट करके एक पुलिस वाहन पर सवार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित 23 पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी.

त्यागपत्र/पदच्युति

चंदनमल बैद

राजस्थान के वित्त मंत्री चंदनमल बैद ने त्यागपत्र दे दिया है. बताया गया है कि उन्होंने 14 जनवरी, 2000 को ही अपना त्यागपत्र मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सौंप दिया था जिसे गत 18 फरवरी को स्वीकार कर लिया गया है.

सर्गेइ लिंग

बेलारूस के प्रधानमंत्री सर्गेइ लिंग (Sergei Ling) ने गत फरवरी माह में अपने इस पद से त्यागपत्र दे दिया.

पियरे सेलेस्टिन विगेमा

रवांडा (Rwanda) के प्रधानमंत्री पियरे सेलेस्टिन विगेमा ने गत फरवरी माह में अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है. सार्वजनिक कोषों के दुरुपयोग के मामले में उनके विरुद्ध जाँच चल रही है.

वर्ष / दिवस / सप्ताह

अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस–21 फरवरी.

(यूनेस्को द्वारा घोषित)

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क दिवस–24 फरवरी

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस–28 फरवरी

राष्ट्रीय सुरक्षा (Safety) दिवस–4 मार्च

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस–8 मार्च

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का स्थापना दिवस–12 मार्च

विश्व उपभोक्ता दिवस–15 मार्च

महिला अधिकारिता वर्ष–2000

(केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण में घोषित)

पुस्तकें

डिस्पैचेस फ्रॉम कारगिल (Despatches from Kargil)–श्रिंजॉय चौधरी

कारगिल 1999 : पाकिस्तांस फोर्थ वार फॉर कश्मीर (Kargil 1999 : Pakistan's Fourth War for Kashmir)–जसजीत सिंह

इन्दिरा गांधी, द एमरजेंसी एण्ड इंडियन डेमोक्रेसी (Indira Gandhi, The Emergency and Indian Democracy)–पी. एन. धर

ए न्यू वर्ल्ड (A New World)–अमित चौधरी

बिहार इन फ्लेम्स (Bihar In Flames) –एस. के. घोष

द बैटर मैन (The Better Man)–अनिता नायर

द ब्रेद्रेन (The Brethren)–जॉन ग्रीशम

पाटलिपुत्र की नृत्य विरासत–शोभना नारायण

उत्सव/समारोह/महोत्सव

खजुराहो नृत्योत्सव

सप्ताह भर का खजुराहो नृत्य महोत्सव गत 2–8 मार्च को खजुराहो में सम्पन्न हुआ. इसका उद्घाटन कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने किया.

अन्तर्राष्ट्रीय पद्य महोत्सव

भारतीय गणतंत्र के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अन्तर्राष्ट्रीय पद्य महोत्सव (International Poetry Festival) का आयोजन साहित्य अकादमी द्वारा अगले वर्ष किया जाएगा.

साहित्योत्सव

साहित्य अकादमी का एक सप्ताह का साहित्योत्सव-2000 गत 21–26 फरवरी को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ.

सम्मेलन

विश्व भोजपुरी सम्मेलन

मॉरिशस के महात्मा गांधी संस्थान के तत्वावधान में 5 दिवसीय विश्व भोजपुरी सम्मेलन गत 24–28 फरवरी को मॉरिशस में सम्पन्न हुआ.

श्रम संगठनों का विश्व सम्मेलन

वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन का 14वाँ सम्मेलन 24–28 मार्च को नई दिल्ली में होगा. इसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति कृष्णकांत करेंगे.

मैप इंडिया–2000

मानचित्रण प्रौद्योगिकी में नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर विचार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हेतु दो दिवसीय 'मैप इंडिया-2000' सम्मेलन 10-11 अप्रैल, 2000 को नई दिल्ली में सम्पन्न होगा.

ऑपरेशन/अभियान

ऑपरेशन पिंक

जयपुर में चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान को 'ऑपरेशन पिंक' नाम दिया गया है. इसकी सफलता को देखते हुए इसे पूरे राज्य में लागू करने के आदेश मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिए हैं.

ऑपरेशन किल फायर–2000

तेल उद्योग से सम्बन्धित इकाइयों में आग लगने के खतरे का मुकाबला करने के लिए अभ्यास के तौर पर इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन ने गत 11 मार्च को नई दिल्ली में ऑपरेशन किल फायर-2000 सम्पन्न किया.

दुर्घटना

चालू वित्तीय वर्ष में वायु सेना के 16 मिग विमान दुर्घटनाग्रस्त

रक्षा मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 में वायु सेना के 16 मिग विमान विभिन्न दुर्घटनाओं में दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं.

पंजाब मेल की बोगियों में भीषण आग

19 फरवरी को महाराष्ट्र में भुसावल के निकट दुशखेड़ा व सावदा स्टेशनों के बीच मुम्बई-फिरोजपुर पंजाब मेल की 6 बोगियों में भीषण आग लगने से कम-से-कम 18 यात्रियों की जलकर मृत्यु हो गई. 23 अन्य यात्री इस अग्निकांड में गम्भीर रूप से झुलस गए.

चेतक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

भारतीय नौसेना का एक 'चेतक' हेली-कॉप्टर गत 1 मार्च को तटवर्ती रायगढ़ जिले के रेवास (Rewas) बंदरगाह के निकट मोरपाड़ा गाँव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इसके चालक दल के दोनों सदस्य इस दुर्घटना में सुरक्षित बच गए.

बाढ़ से मोजाम्बिक में भारी क्षति

मोजाम्बिक में गत फरवरी के अन्त में हुई भीषण वर्षा व बाढ़ के परिणामस्वरूप जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया. बाढ़ के परिणामस्वरूप 10 लाख से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हुए हैं.

फिलीपींस के 'मेयोन' ज्वालामुखी में विस्फोट

फिलीपींस के सर्वाधिक सक्रिय कहे जाने वाले ज्वालामुखी मेयोन (Mayon) ने गत 21 फरवरी को लावा उगलना प्रारम्भ कर दिया. इससे क्षेत्र के आसपास के लोगों को अन्यत्र शरण लेनी पड़ी.

विज्ञान

क्लोन्ड भेड़ 'डॉली' पुनः गर्भवती

क्लोनिंग से तैयार की गई विश्व की पहली भेड़ 'डॉली' अब तीसरी बार गर्भवती है. एडिनबर्ग स्थित रॉसलिन इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह जानकारी गत फरवरी माह में दी है.

ज्ञातव्य है कि 1998 में एक बच्चे को जन्म देने के अगले वर्ष ही डॉली ने तीन बच्चों को जन्म दिया था.

हेपेटाइटस ई के वायरस का क्लोन बनाने में भारतीय वैज्ञानिकों की सफलता

नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIMS) के वैज्ञानिकों ने घातक रोग हेपेटाइटिस ई के वायरस का क्लोन जैव प्रौद्योगिकीय रीति से बनाने में सफलता प्राप्त की है. यह सफलता विश्व में सर्वप्रथम भारतीय वैज्ञानिकों को ही प्राप्त हुई है. हेपेटाइटिस ई वायरस का क्लोन बन जाने से इस रोग के निदान हेतु उपयुक्त औषधि तथा इसके लिए वैक्सीन तैयार करने में सहायता मिलेगी.

पृथ्वी के भीतर के रहस्यों की खोज हेतु धरातल के नीचे टेलीस्कोप

धरातल के नीचे के रहस्यों को जानने हेतु चीनी वैज्ञानिकों द्वारा पूर्व में पीतसागर क्षेत्र में पृथ्वी के भीतर एक टेलीस्कोप (Telescope Inside the Earth) स्थापित करने की परियोजना कार्यान्वित की जा रही है. इसके लिए 5000 मीटर की गहराई तक ड्रिलिंग की जाएगी. यह परियोजना 5 वर्ष में पूर्ण होने की सम्भावना है.

विंडोस-2000

माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन का नया ऑप-रेटिंग सिस्टम विंडोस-2000 (Windows-2000) गत 17 फरवरी को विश्व भर में जारी किया गया.

विविध

राजस्थान में निजी क्षेत्र में पहला मेडिकल कॉलेज

राजस्थान में निजी क्षेत्र में पहला मेडिकल कॉलेज मई 2001 में स्थापित हो जाने की सम्भावना है. जयपुर में सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में महात्मा गांधी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (MGNIMS) नाम के इस मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास गत 19 फरवरी को मुख्य अशोक गहलोत ने किया.

गुरु गोविन्द सिंह की हस्तलिखित सनद

मध्य प्रदेश के हरदा जिले में होशि तहसील में एक ब्राह्मण परिवार के पास गु गोविन्द सिंह के हाथों से लिखी एक सन होने का मामला हाल ही में प्रकाश में आ है. हल्के पीले रंग के विशेष किस्म के कागज पर गुरमुखी में लिखित इस सनद धारक गोकुल भट्ट का कहना है कि गु गोविन्द सिंह ने यह सनद उनके पूर्वज विद्वान् बोंगर भट्ट को उस समय प्रदान थी जब वह उत्तर भारत से नांदेड़ जा समय हंडिया में ठहरे थे

सर्वाधिक 15 करोड़ रुपए का वैयक्तिक दुर्घटना बीमा

बॉलीवुड के सितारे अमिताभ बच्चन जर्मनी की एक बीमा कम्पनी एलायंस से 15 करोड़ रुपए की वैयक्तिक दुर्घटना बीमा पॉलिसी ली है. भारतीय बीमा कम्पनि द्वारा अधिकतम 10 करोड़ रुपए की ही पॉलिसी दिए जाने के कारण इसका पुनर्ब जर्मनी की बीमा कम्पनी से कराया गया. भारत में किसी व्यक्ति की यह अधिकतम राशि की दुर्घटना बीमा पॉलिसी है.

उल्लेखनीय है कि भारत में सर्वाधिक राशि का जीवन बीमा राजीव नंदा का है, जबकि किसी एक पॉलिसी के तहत सर्वाधिक 11 करोड़ रुपए का जीवन बीमा फिल्म फाइनेंसर भरत शाह का है.

गांधीजी के जीवन पर आधारित फिल्म अमरीका में प्रदर्शन

महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर आधारित एक फिल्म 'अ फोर्स पावरफुल' का गत 29 फरवरी को अमरीकी सांसदों, राजनयिकों व अन्य नेताओं के समक्ष किया गया. इस फिल्म में भारत में अंग्रेजी शासन व द. अफ्रीका में जातीय भेदभाव के विरुद्ध गांधीजी के अहिंसक संघर्ष को दर्शाया गया है.

'ज्वैल्स ऑफ इंडिया' प्रदर्शनी चेन्नई में

स्वर्ण एवं रत्नाभूषणों की प्रदर्शनी 'ज्वैल्स ऑफ इंडिया' का आयोजन 14-16 अप्रैल को चेन्नई में होगा. विश्व स्वर्ण परिषद् के सह तत्वावधान में ऐसी पहली प्रदर्शनी अगस्त 1999 में बंगलौर में शुरू हुई थी.

यू जी सी द्वारा उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों को दर्जा

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री जयसिंह राव गायकवाड़ पाटिल ने

शेष पृष्ठ 1199

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्थिक परिदृश्य

ओजोन नष्टकारक पदार्थों के इस्तेमाल वाले उत्पादों का उत्पादन बन्द करने का प्रस्ताव

पृथ्वी की ओजोन परत की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने उन सभी उत्पादों का देश में उत्पादन बन्द करने का प्रस्ताव किया है जिनके उत्पादन में ओजोन नष्टकारक पदार्थों (Ozone Depleting Substances—ODS) का इस्तेमाल होता है. 1986 के पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम के तहत जारी की जाने वाली इस आशय की अधिसूचना के मसौदे में इन उत्पादों का उत्पादन बन्द करने की समय सीमाएं निर्धारित की गई हैं. इस अधिसूचना के सिलसिले में मंत्रालय द्वारा गत 10 मार्च तक आपत्तियाँ आमंत्रित की गई थीं.

ओजोन नष्टकारक पदार्थ (नियमन) नियम-2000 शीर्षक वाली उपर्युक्त अधिसूचना के तहत जिन उत्पादों का उत्पादन बन्द किया जाना है उनमें कारों के एयरकंडीशनर, हैलोन का इस्तेमाल करके बनाए जाने वाले अग्निशमक, फोम, फोम पार्ट वाले रेफ्रिजिरेटर, मीटर्ड डोज़ वाले चिकित्सकीय इनहेलरों सहित सभी एयरोसोल (Aerosol) उत्पाद तथा मिथाइल ब्रोमाइड आदि शामिल हैं. इनमें से अधिकांश का उत्पादन 1 जनवरी, 2003 तक बन्द करने का प्रस्ताव है, जबकि चिकित्सकीय इस्तेमाल वाले इनहेलरों का उत्पादन 1 जनवरी, 2010 तक बन्द करने का प्रस्ताव किया गया है. मिथाइल ब्रोमाइड का इस्तेमाल 1 दिसम्बर, 2015 तक बन्द करने का प्रस्ताव अधिसूचना के मसौदे में किया गया है.

59 प्रतिशत गाँवों में सार्वजनिक टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध

दूरसंचार मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार देश में 59 प्रतिशत से अधिक गाँवों में सार्वजनिक टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध है. केन्द्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री तपन सिकदर ने गत 7 मार्च को राज्य सभा में बताया कि देश के कुल 6,07,491 गाँवों में से 3,58,536 गाँवों में सार्वजनिक टेलीफोन की सुविधा 1 मार्च, 2000 को उपलब्ध थी. उन्होंने बताया कि शेष 2,48,955 गाँवों में भी यह सुविधा नौवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक उपलब्ध करा दी जाएगी. उन्होंने सदन को बताया कि नौवीं योजना के अन्त तक देश में माँग पर ही फोन उपलब्ध कराने की सरकार की योजना है.

एक अन्य सन्दर्भ में केन्द्रीय संचार मंत्री राम विलास पासवान ने गत 7 मार्च को राज्य सभा में बताया है कि देश में मोबाइल फोन धारकों की संख्या फरवरी 2000 के अंत में लगभग 15 लाख अनुमानित है, जबकि फिक्स्ड फोन धारकों की संख्या 2.49 करोड़ थी.

देश में जाली नोटों के चलन में वृद्धि

हाल ही के महीनों में देश में 500 रुपए के जाली नोटों के अनेक मामले पकड़ में आने से लोग इन नोटों को स्वीकार करने में आनाकानी करने लगे हैं. यह जाली नोट पाकिस्तान तथा नेपाल सीमा से चोरी छुपे देश में लाए जाने के समाचार हैं. पाकिस्तान से आने वाली समझौता एक्सप्रेस रेलगाड़ी से आने वाले यात्रियों के माध्यम से जाली नोटों को भारत लाने के कुछेक मामले पकड़े गए हैं. विगत महीनों में नेपाल स्थित एक पाकिस्तानी राजनयिक के पास भारत के 50 हजार रुपए के जाली नोट पाए गए थे. यह सभी नोट 500-500 रुपए मूल्य के थे.

जाली नोटों की समस्या के बारे में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री आई. डी. स्वामी ने गत 1 मार्च को राज्य सभा में बताया है कि जाली नोटों की जाँच करने से सम्बन्धित उपचारात्मक उपायों की सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए एक समिति का गठन वित्त मंत्रालय ने गत 22 फरवरी को किया है जिसे दो माह में रिपोर्ट देने को कहा गया है. गृह राज्यमंत्री ने सदन को बताया कि गत तीन वर्षों में कुल मिलाकर 6,04,02,691 रुपए की जाली मुद्रा बरामद एवं जब्त की गई है. इसमें सर्वाधिक 3,55,70,249 रुपए की जाली मुद्रा 1997 में पकड़ी गई थी, जबकि 1998 व 1999 में जब्त की गई जाली मुद्रा क्रमशः 64,97,127 रुपए व 1,83,35,315 रुपए की थी.

नई जनसंख्या नीति में सन् 2045 तक स्थिर जनसंख्या प्राप्त करने का लक्ष्य

केन्द्र सरकार द्वारा गत 15 फरवरी को घोषित नई जनसंख्या नीति–2000 के तहत दीर्घकालिक लक्ष्य सन् 2045 तक देश में स्थिर जनसंख्या (Stable Population) को प्राप्त करने का निर्धारित किया गया है. इसका तात्कालिक उद्देश्य (Immediate Objective) कमी वाले क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में गर्भ निरोधकों, स्वास्थ्य सुरक्षा ढाँचे व स्वास्थ्यकर्मियों की आपूर्ति करना है जबकि मध्यमकालीन लक्ष्य कुल प्रजनन दर (Total Fertility Rate—TFR) को सन् 2010 तक 2·1 के प्रतिस्थापन स्तर (Replacement Level) तक लाना है.

जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में राज्यों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नई जनसंख्या नीति में यह कहा गया है कि राज्यों से लोक सभा की सीटों एवं लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण अभी और 25 वर्षों तक सन् 1971 की जनसंख्या के आधार पर ही होगा. मौजूदा व्यवस्था के तहत 1971 की जनसंख्या का यह मानक सन् 2001 तक के लिए ही था. इसे सन् 2026 तक प्रभावी करने को संविधान में आवश्यक संशोधन करना होगा. इससे लोक सभा में निर्वाचित सीटों की संख्या अब 2026 तक 543 ही बनी रहेगी तथा प्रत्येक राज्य से सीटों की संख्या भी पूर्ववत् ही रहेगी भले ही उसकी जनसंख्या में कितनी भी वृद्धि हो अथवा वह नियंत्रित रहे.

जनसंख्या पर नियंत्रण हेतु लोगों को 2 बच्चों के परिवार के मानक को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए 16 विभिन्न उपायों की घोषणा नई जनसंख्या नीति में की गई है. इनमें परिवार नियंत्रण को प्रोत्साहित करने वाली पंचायतों को पुरस्कृत करने, दो बच्चों के जन्म के पश्चात् बंध्याकरण कराने वाले गरीबी की रेखा के नीचे के लोगों को 5 हजार रुपए की स्वास्थ्य बीमा सुविधा उपलब्ध कराने, न्यूनतम निर्धारित उम्र के पश्चात् विवाह करके पहला बच्चा पत्नी की उम्र 21 वर्ष हो जाने के बाद ही पैदा करने वाले गरीबी की रेखा के नीचे के लोगों को पुरस्कृत करने तथा बाल विवाह अधिनियम व प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण सम्बन्धी अधिनियम को कड़ाई से लागू करने की बातें शामिल हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कपास पर प्रौद्योगिकी मिशन

कपास उत्पादकों व कपड़ा उद्योग के कल्याणार्थ भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय एवं कृषि मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कपास प्रौद्योगिकी मिशन (Technology Mission on Cotton) का शुभारम्भ 21 फरवरी, 2000 को किया गया है. 593 करोड़ रुपए की इस महत्वाकांक्षी योजना के दो प्रमुख उद्देश्य बताए गए हैं. पहला, कपास की पैदावार बढ़ाकर व खेती की लागत घटाकर कपास उत्पादकों की आमदनी बढ़ाना तथा दूसरा, कपास के लिए कृषि विपणन यार्डों (Agricultural Market Yards) के बुनियादी ढाँचे को सुधार कर व ओटाई (Ginning) व बिलाई (Pressing) कारखानों के आधुनिकीकरण से कपास की गुणवत्ता सुधारना व कपास के दूषण को कम करना है. कपास के अनुसंधान, विकास, विपणन व प्रसंस्करण के चार लघु मिशन कपास प्रौद्योगिकी मिशन में शामिल हैं.

तथ्य एक दृष्टि में

भारत में खाद्यान्नों का उत्पादन

(मिलियन टन)

फसल	1998-99	1999-2000*
चावल	86·0	87·5
गेहूँ	70·8	68·7
मोटे अनाज	31·5	29·2
दालें	14·8	13·5
कुल खाद्यान्न	**203·0**	**199·1**
जिसमें–		
खरीफ खाद्यान्न	103·3	103·2
रबी खाद्यान्न	99·7	95·9

* अनुमानित

20 हजार मेगावाट नाभिकीय विद्युत उत्पादन का लक्ष्य

परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. आर. चिदम्बरम ने गत 26 फरवरी को जयपुर में बताया है कि सन् 2020 तक देश में 20 हजार मेगावाट नाभिकीय विद्युत (Nuclear Power) के उत्पादन का लक्ष्य है. इसके लिए भविष्य में 500 मेगावाट क्षमता के रिएक्टरों को प्राथमिकता दी जाएगी. नाभिकीय विद्युत कार्यक्रम का खुलासा करते हुए परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि लक्षित 20 हजार मेगावाट में से 7000 मेगावाट का उत्पादन लाइट वाटर रिएक्टरों द्वारा, 2500 मेगावाट का फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों द्वारा तथा शेष 10,500 मेगावाट का उत्पादन हैवी वाटर रिएक्टरों द्वारा किया जाएगा. वर्तमान में तारापुर के अतिरिक्त देश के सभी कार्यशील संयंत्रों में हैवीवाटर रिएक्टर ही इस्तेमाल किए जा रहे हैं.

उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में कारवाड़ में कैगा गाँव में काली नदी के तट पर स्थापित कैगा नाभिकीय विद्युत परियोजना की 220 मेगावाट की दूसरी इकाई को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गत 5 मार्च को राष्ट्र को समर्पित किया है. कैगा परियोजना की पहली इकाई जो संयंत्र में खराबी आ जाने के कारण विलम्बित हो गई है, भी इसी वर्ष के अन्त तक प्रारम्भ किए जाने की सम्भावना है.

भारत के साथ चीन का व्यापार समझौता

भारतीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मुरासोली मारन की गत फरवरी में चीन यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुए हैं. 22 फरवरी को बीजिंग में हस्ताक्षरित इस समझौते से दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक सम्बन्धों का विस्तार होगा. साथ ही इससे चीन के विश्व व्यापार संगठन (WTO) में प्रवेश की एक और अड़चन समाप्त हो गई है. इस संगठन की सदस्यता के लिए चीन को इसके सभी 135 सदस्य देशों के साथ व्यापार समझौते सम्पन्न करने हैं. इस दिशा में उसके मार्ग की सबसे बड़ी बाधा अभी यूरोपीय संघ के साथ समझौता सम्पन्न करने की है.

भारत के साथ सम्पन्न ताजा व्यापार समझौते के तहत चीन भारत के अनेक कृषिगत, औद्योगिक एवं समुद्री उत्पादों के आयात पर प्रशुल्क की दर को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने को सहमत हुआ है.

अंकटाड–X बैंकाक में सम्पन्न

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (United Nations Conference on Trade and Development—UNCTAD) का 10वाँ सत्र गत 12–19 फरवरी को बैंकाक में सम्पन्न हुआ. थाईलैण्ड के सुपाचाई पानिचपकड़ी (Supachai Panitchpakdi) की अध्यक्षता में सम्पन्न इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि-मंडल का प्रतिनिधित्व केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मुरासोली मारन ने किया.

सप्ताह भर के इस सम्मेलन में विश्व व्यापार के मुद्दे पर विकसित एवं विकासशील देशों में टकराव की स्थिति बनी रही तथापि भारत सहित विकासशील राष्ट्र विकास सम्बन्धी मुद्दों को विश्व व्यापार संगठन (WTO) की नए दौर की प्रस्तावित वार्ता का महत्वपूर्ण अंग बनाने में [illegible] रहे. 146 देशों के इस सम्मेलन की [illegible] पर सर्वसम्मति से स्वीकृत बैंकाक [illegible] पत्र में यह स्पष्ट रूप से कहा गया [illegible] बहुपक्षीय व्यापार वार्ताओं के नए दौ[illegible] भूमण्डलीकरण के विकास आयामों [illegible] शामिल किया जाना चाहिए. साथ [illegible] विभिन्न देशों को अपने तौर पर [illegible] अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के ठोस प्रयासों से [illegible] सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि बहुप[illegible] व्यापार प्रणाली सभी देशों को, विशे[illegible] अल्पविकसित देशों को अन्तर्रा[illegible] अर्थव्यवस्था से जोड़ने में सफल [illegible] घोषणा-पत्र के अनुसार अल्पविकसित [illegible] को अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से जोड़े [illegible] विश्व स्तर पर संतुलित एवं स्थायी [illegible] की नींव नहीं डाली जा सकती. इसके [illegible] विवादित मुद्दों को खुली एवं सीधी [illegible] के जरिए आपसी सहमति से सुलझा[illegible] आवश्यक है. तभी सभी देशों के बुनि[illegible] हितों की रक्षा हो सकेगी. घोषणा-प[illegible] भूमण्डलीकरण को आर्थिक वृद्धि [illegible] विकास हेतु एक शक्तिशाली उपकर[illegible] स्वीकार किया गया है.

तथ्य एक दृष्टि में

देश के सर्वाधिक निर्धन व पिछड़े 100 जिलों में विभिन्न राज्यों के जिलों की संख्या*

राज्य	निर्धन व पिछड़े जिलों की संख्या
बिहार	38
मध्य प्रदेश	19
उत्तर प्रदेश	17
महाराष्ट्र	10
प. बंगाल	4
उड़ीसा	4
राजस्थान	2
सिक्किम	2
हरियाणा	1
कर्नाटक	1
हिमाचल प्रदेश	1
दादरा-नगर हवेली	1
योग	**100**

* ग्रामीण विकास मंत्रालय के आकलन के आधार पर

2000–2001 के केन्द्रीय बजट में 6904 करोड़ रुपए के अतिरिक्त कर-भार

केन्द्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा [illegible] गत 29 फरवरी को संसद में प्रस्तुत [illegible] वर्ष 2000–2001 के आम बजट में [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करों की दरों में परिवर्तन व नए करों के माध्यम से कुल मिलाकर 6904 करोड़ रुपए के अतिरिक्त संसाधन वर्ष के दौरान जुटाने का प्रयास किया गया है. इसमें से 5080 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्रत्यक्ष करों से तथा शेष 1824 करोड़ रुपए का अप्रत्यक्ष करों से प्राप्त होगा.

इससे केन्द्रीय कर-राजस्व में प्रत्यक्ष करों का योगदान 1999-2000 में 34.2 प्रतिशत से बढ़कर 2000–2001 में 36 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है. बजट में प्रस्तावित कर संरचना से वित्तीय वर्ष 2000-2001 के दौरान देश में **कर-जीडीपी** अनुपात बढ़कर 9.18 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है, जबकि चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 में यह 8.74 प्रतिशत अनुमानित है.

बजट में वित्तीय वर्ष 2000-2001 के दौरान सरकार का कुल व्यय 338487 करोड रुपए अनुमानित किया गया है जिसमें 88100 करोड़ रुपए योजना व्यय व शेष 250387 करोड़ रुपए गैर-योजना व्यय है. गैर योजना व्यय में 228768 करोड रुपए



राजस्व खाते में तथा शेष 21619 करोड़ रुपए पूँजी खाते में व्यय होगा. इसमें सर्वाधिक 101266 करोड़ रुपए का प्रावधान ब्याज भुगतान के लिए किया गया है. चालू



वित्तीय वर्ष (1999-2000) के लिए मिलने बजट में 88000 करोड़ रुपए का प्रावधान ब्याज भुगतान के लिए किया गया था, किन्तु संशोधित अनुमानों के अनुसार यह 91425 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है. योजना व्यय के लिए निर्धारित 88100 करोड़ रुपए की राशि में से राजस्व खाते में 52330 करोड़ रुपए व पूँजी खाते में 35770 करोड़ रुपए के व्यय का प्रावधान है. इस प्रकार 338487 करोड़ रुपए के कुल व्यय में से 281098 करोड़ रुपए राजस्व खाते में तथा 57389 करोड़ रुपए पूँजी खाते में व्यय होंगे.

वित्तीय वर्ष 2000-2001 में केन्द्र सरकार की 338487 करोड़ रुपए की प्राप्तियों के लिए राजस्व प्राप्तियाँ (Revenue Receipts) 203673 करोड़ रुपए की तथा पूँजीगत प्राप्तियाँ (Capital Receipts) 134814 करोड़ रुपए की अनुमानित की गई हैं. राजस्व प्राप्तियों में 146209 करोड़ रुपए के कर राजस्व (Tax Revenue) तथा 57464 करोड़ रुपए के गैर कर राजस्व (Non-Tax Revenue) की प्राप्ति



सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत है. चालू वित्तीय वर्ष (1999–2000) के दौरान राजकोषीय घाटा 79955 करोड़ रुपए (जीडीपी का 4 प्रतिशत) रहने का अनुमान पिछले बजट में लगाया गया था, किन्तु संशोधित अनुमानों के अनुसार यह 108898 करोड़ रुपए (जीडीपी का 5.6 प्रतिशत) रहने का अनुमान है.

बजट का सार

करोड़ रुपयों में	1998-99 वास्तविक	1999-2000 बजट अनुमान	1999-2000 संशोधित अनुमान	2000-01 बजट अनुमान
राजस्व प्राप्तियां	149510	182840	179504	203673
पूंजी प्राप्तियां	129856	101042	124234	134814
कुल प्राप्तियां	279366	283882	303738	338487
आयोजना भिन्न व्यय	212548	206882	224343	250387
आयोजना व्यय	66818	77000	79395	88100
कुल व्यय	279366	283882	303738	338487
राजस्व घाटा	67909	54147	73532	77425
राजकोषीय घाटा	113349	79955	108898	111275
प्रारंभिक घाटा	35467	-8045	17473	10009

वर्ष 1998-99 की वास्तविक राशि में लघु बचत संग्रहणों के एवज में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को ऋण शामिल है–23,026 करोड़ रु

KBK Infographics

का अनुमान लगाया गया है. 134814 करोड़ रुपए की पूँजीगत प्राप्तियों में 13539 करोड़ रुपए की प्राप्तियाँ ऋणों की वसूली से होंगी, जबकि 10 हजार करोड़ रुपए अनिवेश (Disinvestment) से प्राप्त करने का लक्ष्य है. 10 हजार करोड़ रुपए की इन प्राप्तियों में से एक हजार करोड़ रुपए लोक ऋणों (Public Debts) के शोधन के लिए रखे जाएंगे (चालू वित्तीय वर्ष 1999-2000 में भी अनिवेश प्राप्तियों का लक्ष्य 10 हजार करोड़ रुपए का था, किन्तु संशोधित अनुमानों के अनुसार इस वर्ष अनिवेश प्राप्तियाँ 2600 करोड़ रुपए की ही रही हैं). पूँजी प्राप्तियों में शेष 112275 करोड़ रुपए की राशि को उधारियों से पूरा किया जाएगा. वित्तीय वर्ष 2000-2001 में राजकोषीय घाटा (Fiscal Deficit) 111275 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है. यह

प्रत्यक्ष कर प्रस्ताव

नए बजट में आय कर व निगम कर संरचना में कोई परिवर्तन प्रस्तावित नहीं किया गया है (इससे वित्तीय वर्ष 2000-2001 के दौरान भी आयकर से मुक्त वार्षिक आय 50000 रुपए ही रहेगी तथा कर की दरें भी पूर्ववत् 10%, 20% व 30% ही रहेंगी), किन्तु गैर निगमों (Non Corporates) की 1.50 लाख रुपए से अधिक वार्षिक आय पर आयकर अधिभार (Surcharge) को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है. वयोवृद्ध नागरिकों (Senior Citizens) को सेक्शन 88B के तहत उपलब्ध कर छूट की सीमा को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए कर दिया गया है. इससे इन लोगों की 1.30 लाख रुपए तक की आय आयकर से मुक्त हो जाएगी. इसके साथ-साथ अब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



सभी महिलाओं को आयकर में 5000 रुपए की छूट की सुविधा प्रदान की गई है. इससे महिलाओं को 80000 रुपए की वार्षिक आय तक कोई आयकर नहीं देना होगा. आवासीय ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए 10 हजार रुपए के स्थान पर अब 20 हजार रुपए तक की राशि को आयकर से छूट प्राप्त होगी.

कम्पनियों द्वारा चुकाए जाने वाले न्यूनतम वैकल्पिक कर (Minimum Alternative Tax–MAT) को अब 'बुक प्रॉफिट' के 10.5 प्रतिशत के स्थान पर 7.5 प्रतिशत की दर से लिया जाएगा. बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं द्वारा चुकाए जाने वाले 2 प्रतिशत के ब्याज कर (Interest Tax) को इस बजट में समाप्त कर दिया गया है.

आय कर के कर आधार को विस्तृत करने के उद्देश्य से 'वन बाई सिक्स' (One By Six) योजना का विस्तार 79 अन्य शहरों में करने की घोषणा की गई है. अभी तक यह योजना देश के केवल 54 शहरों में ही लागू थी. इससे अब 2 लाख से अधिक जनसंख्या (1991 की जनगणनानुसार) वाले सभी शहर इस योजना के दायरे में आ जाएंगे.

इस योजना के तहत 6 निर्धारित मानकों में से किसी भी एक को पूरा करने वाले लोगों के लिए आयकर की विवरणी भरना अनिवार्य है.

प्रत्यक्ष कर प्रस्तावों में उपर्युक्त संशोधनों के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2000-2001 में कुल प्रत्यक्ष कर प्राप्तियाँ 72105 करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया है जिसमें 5080 करोड़ रुपए की अतिरिक्त प्राप्तियाँ शामिल हैं.



अप्रत्यक्ष कर प्रस्ताव

अप्रत्यक्ष करों में उत्पाद शुल्क ढाँचे में आमूल परिवर्तन करते हुए गत बजट से इस वर्ष लागू की गई मूल उत्पाद शुल्क (Excise Duty) की तीन दरों (8, 16 प्रतिशत) को 2000-2001 में 16 प्रतिशत की एक मॉडवेट योग्य (Modvatable) (16 प्रतिशत) से प्रतिस्थापित किया जा है. इसे सेंट्रल वैल्यू ऐडेड (CENVAT–सेनवैट) नाम दिया गया वित्त मंत्री के अनुसार इससे राज्यों को अप्रैल, 2001 से अपनी बिक्री कर प्रणा को वैट (VAT) से प्रतिस्थापित करने प्रोत्साहन मिलेगा.

16 प्रतिशत की उपर्युक्त 'सेनवैट' के अतिरिक्त 8, 16 व 24 प्रतिशत की विशेष उत्पाद शुल्क (Special Excise Duty) दरों का प्रस्ताव भी नए बजट किया गया है, जो उत्पाद पिछले बजट प्रतिशत मूल उत्पाद शुल्क (Basic Excise Duty) के तहत लाए गए थे, उन्हें अब प्रतिशत के 'सेनवैट' (CENVAT) के ले आया गया है. इससे इन उत्पादों प्रतिशत का अतिरिक्त कर भार पड़ चिकित्सा सम्बन्धी कुछेक उत्पादों तथा जनसाधारण के उपयोग के कुछेक अन्य उत्पादों को इस भार से मुक्त रखने के लि उत्पाद शुल्क से मुक्त कर दिया गया इनमें कटलरी व चाकू, घरेलू ग्लासवेयर 20 रुपए मूल्य तक के बिजली के हथ 500 रुपए मूल्य तक की घड़ियाँ, पाउडर, सैनिटरी तौलिए तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बेचे जाने वाले साबुन के साथ-साथ चिकोरी भी शामिल है.

दूसरी श्रेणी के उत्पाद जिन्हें पिछले बजट में 16 प्रतिशत मूल उत्पाद शुल्क के दायरे में लाया गया था, वह अब 8 प्रतिशत के ही 'सेनवैट' के तहत रहेंगे जिन पर कोई अतिरिक्त कर भार नहीं पड़ेगा. इनके अतिरिक्त जिन उत्पादों को पिछले बजट में 24 प्रतिशत के मूल उत्पाद शुल्क के दायरे में रखा गया था, उन पर 8 प्रतिशत के सेनवैट के अतिरिक्त 8 प्रतिशत का विशेष उत्पाद शुल्क भी लागू होगा. इन उत्पादों पर भी कोई अतिरिक्त कर भार नहीं होगा. 8 प्रतिशत का यह विशेष उत्पाद शुल्क मॉडवेट योग्य नहीं होगा.

उपर्युक्त तीन श्रेणियों के अतिरिक्त कुछेक उत्पाद ऐसे भी हैं जिन पर 30 प्रतिशत 40 प्रतिशत उत्पाद शुल्क प्रभावी था. प्रतिशत उत्पाद शुल्क वाले उत्पादों पर 32 प्रतिशत शुल्क (16 प्रतिशत सेनवैट + 16 प्रतिशत विशेष उत्पाद शुल्क) प्रभावी होगा, जबकि 40 प्रतिशत उत्पाद शुल्क वाले उत्पादों पर प्रभावी शुल्क यथावत् (प्रतिशत सेनवैट तथा 24 प्रतिशत विशेष आयात शुल्क) रहेगा. उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त कर ढाँचे में केवल 'सेनवैट' मॉडवेट योग्य है, विशेष उत्पाद शुल्क नहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्पाद शुल्क की नई कर संरचना के तहत 'मॉडवेट' (MODVAT) योजना को 1 अप्रैल, 2000 से सेनवैट (CENVAT) योजना के नाम से ही जाना जाएगा. इसके लिए नए सरलीकृत नियम निर्धारित किए गए हैं.

सीमा शुल्क (Customs Duty) संरचना में भी परिवर्तन करते हुए इस शुल्क की उच्चतम दर को 40 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत कर दिया गया है जिससे सीमा शुल्क की दरों की संख्या 5 से घटकर 4 (5, 15, 25 व 35 प्रतिशत) रह जाएगी. सीमा शुल्क पर गत बजट में आरोपित 10 प्रतिशत का अधिभार इस वर्ष भी जारी रहेगा.

मौजूदा परिप्रेक्ष्य में सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार क्षेत्र के महत्व को स्वीकार करते हुए इन क्षेत्रों को आयात शुल्क के मामले में विशेष रियायतें प्रदान की गई हैं. कम्प्यूटरों, मदर बोर्डों व फ्लॉपी डिस्कों पर आयात शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत किया गया है, जबकि कम्प्यूटरों के लिए माइक्रो प्रोसेसरों, मेमोरी स्टोरेज उपकरणों तथा कुछेक अन्य उपकरणों पर इसे 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य किया गया है. सेल्युलर फोनों पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है, जबकि इनके बैटरी पैकों (Battery packs) पर इसे 40 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत किया गया है.

सिनेमा क्षेत्र को राहत प्रदान करते हुए सिनेमैटोग्राफी कैमरों व अन्य सम्बन्धित उपकरणों पर आयात शुल्क को 40 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत किया गया है. जम्बो रोल में रंगीन फिल्मों पर भी आयात शुल्क घटाया गया है. उत्कृष्ट आभूषणों के निर्माण तथा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्लेटीनम व गैर औद्योगिक हीरों पर बुनियादी सीमा शुल्क को 40 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत किया गया है.

सीमा शुल्क सम्बन्धी उपर्युक्त प्रावधानों से एक वर्ष के दौरान 1428 करोड़ रुपए की राजस्व हानि का अनुमान है, जबकि उत्पाद शुल्क सम्बन्धी प्रस्तावों से 3252 करोड़ रुपए के अतिरिक्त राजस्व की वार्षिक प्राप्ति अनुमानित की गई है. इससे अप्रत्यक्ष कर सम्बन्धी विभिन्न प्रावधानों से एक वर्ष में कुल मिलाकर 1824 करोड़ रुपए के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो सकेगी.

अन्य विविध घोषणाएं

बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने कुछेक अन्य नीतिगत घोषणाएं भी की हैं. इनमें से कुछेक महत्वपूर्ण निम्नलिखित हैं–

- आयकरदाताओं को अब सार्वजनिक वितरण प्रणाली की चीनी की सुविधा से वंचित कर दिया गया है.
- ब्याज दरों की मौजूदा संरचना के संदर्भ में 1 अप्रैल, 2000 से जनरल प्रोविडेंट फण्ड (GPF) खातों पर ब्याज दर को 12 प्रतिशत वार्षिक से घटाकर 11 प्रतिशत कर दिया गया है.
- अनिवेश प्राप्तियों के एक भाग को आगे से लोक ऋणों के शोधन हेतु इस्तेमाल करने का निर्णय. पहली बार इसके लिए इस बजट में 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.

बजट सम्बन्धी महत्वपूर्ण स्मरणीय तथ्य एक दृष्टि में

- *केन्द्रीय योजना परिव्यय 103521 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 117334 करोड़ रुपए.*
- *वर्ष 2000-2001 में केन्द्र का राजकोषीय घाटा 111275 करोड़ रुपए (जीडीपी का 5·1 प्रतिशत) रहने का अनुमान.*
- *रक्षा बजट में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि. वर्ष 2000-2001 के लिए सुरक्षा हेतु 58587 करोड़ रुपए का प्रावधान. सर्वाधिक 101266 करोड रुपए का प्रावधान ब्याज भुगतान हेतु*
- *आयकर की दरों में कोई परिवर्तन नहीं, किन्तु 1·50 लाख रुपए से अधिक की वार्षिक आय वालों के लिए अधिभार 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत.*
- *कृषिगत फार्म हाउसों को टैक्स दायरे में लाने का निर्णय.*
- *ब्याज कर की समाप्ति.*
- *सेवा कर (Service Tax) के मामले में फिलहाल कोई परिवर्तन नहीं.*
- *बुनियादी उत्पाद शुल्क की 3 दरों का विलय करके 16 प्रतिशत की नई सेनवैट दर कुछेक उत्पादों के लिए 8, 16 व 24 प्रतिशत की तीन विशेष उत्पाद शुल्क दरें.*
- *सीमा शुल्क की उच्चतम दर 40 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत. तदनुरूप सीमा शुल्क की अब केवल 4 दरें.*
- *खाद्य व चीनी सब्सिडी हेतु 8210 करोड रुपए व उर्वरक सब्सिडी हेतु 12651 करोड़ रुपए का प्रावधान.*
- *1999-2000 में अनिवेश प्राप्तियाँ 2600 करोड़ रुपए रहने का अनुमान. 2000-2001 में अनिवेश प्राप्तियों का लक्ष्य 10000 करोड़ रुपए.*
- *जी पी एफ पर ब्याज दर 12 प्रतिशत वार्षिक से घटाकर 11 प्रतिशत.*

- नाबार्ड द्वारा संचालित 'ग्रामीण आधारिक संरचना विकास निधि-VI' (RIDF-VI) का कॉर्पस 2000-2001 में 4500 करोड़ रुपए रखने की घोषणा.
- वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों व सहकारी बैंकों के माध्यम से मार्च 2001 तक 75 लाख और 'किसान क्रेडिट कार्ड' जारी करने का लक्ष्य अभी तक 50 लाख किसान क्रेडिट कार्ड जारी.
- केन्द्र समर्थित 28 विभिन्न कृषि विकास योजनाओं का एक समन्वित योजना में विलय करने की योजना.
- ग्रामीण लोगों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम चलाने हेतु **'प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना'** नाम से एक नई योजना चलाने की घोषणा.
- प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण हेतु **'सर्व शिक्षा अभियान'** की घोषणा. इसके तहत सन् 2003 तक सभी बच्चों का विद्यालयों में पंजीकरण का लक्ष्य.
- सन् 2005 तक 75 प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के नवीकरण की योजना.
- वर्ष 2001 को **'महिला अधिकारिता वर्ष'** के रूप में मनाने की घोषणा.
- **'सभी के लिए आवास'** के उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु 2000-2001 में ग्रामीण क्षेत्रों में 25 लाख आवासीय इकाइयों के निर्माण का लक्ष्य. इसके लिए 12 लाख से अधिक आवासीय इकाइयों का निर्माण इंदिरा आवास योजना के तहत करने का लक्ष्य.
- निर्धनता रेखा के नीचे जीवनयापन करने वालों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से **'जनश्री बीमा योजना'** नाम से एक नई सामूहिक बीमा योजना प्रारम्भ करने की घोषणा. इसके तहत सामान्य मृत्यु के मामले में 20 हजार रुपए तथा दुर्घटना से मृत्यु के मामले में 50 हजार रुपए का सुरक्षा कवच.
- लघु उद्योगों को पर्याप्त साख उपलब्ध कराने हेतु नियमों में उदारता लाने की घोषणा. टाइनी सेक्टर की इकाइयों को अब एक लाख रुपए के स्थान पर 5 लाख रुपए तक के ऋण हेतु 'कोलेटरल सिक्योरिटी' की आवश्यकता नहीं होगी.
- लघु औद्योगिक इकाइयों के 10 लाख रुपए तक के ऋणों हेतु 'क्रेडिट गारंटी योजना' की घोषणा. इसके लिए बजट में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान.
- बैंकिंग क्षेत्र में सुधार जारी रखने की घोषणा. नरसिंहम समिति की सिफारिशों के अनुरूप ही राष्ट्रीयकृत बैंकों में सरकार की शेयरधारिता को कम करके 33 प्रतिशत तक लाने का इरादा.
- सार्वजनिक उपक्रमों में अनिवेश प्रक्रिया जारी रखने की घोषणा. सभी गैर महत्वपूर्ण सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में सरकारी ईक्विटी घटाकर 26 प्रतिशत या इससे कम करने की घोषणा.

ममता बनर्जी के रेल बजट में यात्री किराए अपरिवर्तित

नई सहस्त्राब्दी के पहले रेल बजट में किसी भी श्रेणी के यात्री किराए में कोई वृद्धि नहीं की गई है, जबकि माल भाड़े में सामान्यतः 5 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है. कोयला, लोहा-इस्पात, सीमेन्ट, लौह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खनिज, लाइम स्टोन व कुछेक पेट्रोलियम उत्पादों जैसी कोर सेक्टर की वस्तुओं पर माल भाड़े की वृद्धि 5 प्रतिशत से भी कम होगी, जबकि खाद्यान्न, चीनी, खाद्य तेल, केरोसिन, रसोई गैस, फलों व सब्जियों जैसी आवश्यक वस्तुओं को मालभाड़े में वृद्धि से मुक्त रखा गया है. यूरिया को भी माल भाड़े में वृद्धि से मुक्त रखा गया है. माल भाड़े में इन वृद्धियों से रेलवे को वर्ष 2000-2001 के दौरान 600 करोड़ रुपए के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी.

रेलमंत्री ममता बनर्जी द्वारा गत 25 फरवरी को लोक सभा में प्रस्तुत वर्ष 2000-2001 के रेल बजट में वर्ष के दौरान रेलवे की सकल राजस्व प्राप्तियाँ 36,529 करोड़ रुपए आकलित की गई हैं, जबकि मूल्यह्रास व पेंशन निधि में प्रावधान के पश्चात् कुल संचालन व्यय 35552 करोड़ रुपए अनुमानित हैं. इनमें वर्ष के दौरान 815 करोड़ रुपए की अन्य विविध प्राप्तियों के समायोजन के पश्चात् वर्ष के दौरान रेलवे को 1792 करोड़ रुपए का शुद्ध राजस्व प्राप्त होगा. 615 करोड़ रुपए का लाभांश सामान्य राजस्व में हस्तांतरित करने के पश्चात् 1176 करोड़ रुपए का आधिक्य रेलवे को उपलब्ध होगा.

अनुमान बजट में लगाया गया है. सन्दर्भित वर्ष में 500 रूट किमी के विद्युतीकरण तथा 300 किमी मार्ग के दोहरीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. वर्ष के दौरान 19 नई रेलगाड़ियाँ चलाने तथा 5 गाड़ियों की आवृत्ति (Frequency) बढ़ाने का प्रस्ताव है. नई चलाई जाने वाली गाड़ियों में लखनऊ - भोपाल एक्सप्रेस (सप्ताह में दो बार), जोधपुर-बंगलौर एक्सप्रेस वाया हुबली, अहमदाबाद (साप्ताहिक) व अजमेर-बंगलौर एक्सप्रेस वाया हुबली, अहमदाबाद (साप्ताहिक) शामिल हैं.

रेलमंत्री ममता बनर्जी ने वर्ष 2000–2001 के रेल बजट में विभिन्न वर्गों को कुछ राहतें भी प्रदान की हैं. इनमें 12वीं कक्षा तक की छात्राओं को अपने घरों से स्कूल जाने के लिए निःशुल्क रेलयात्रा की सुविधा, ऑपरेशन विजय के तहत शहीद सैन्यकर्मियों की विधवाओं को द्वितीय श्रेणी व शयनयान श्रेणी के किराए में 75 प्रतिशत की छूट तथा गणतंत्र की 50वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में सभी स्वतंत्रता सेनानियों को मिलेनियम वर्ष में एक बार राजधानी/शताब्दी एक्सप्रेस गाड़ी से किसी भी स्थान की आने-जाने की एक यात्रा की निःशुल्क सुविधा शामिल हैं.



वर्ष 2000-2001 की रेलवे की वार्षिक योजना 11 हजार करोड़ रुपए की निर्धारित की गई है. सन्दर्भित वर्ष में रेलवे का परिचालन अनुपात 98.8 प्रतिशत अनुमानित किया गया है. इसका तात्पर्य है कि प्रति 100 रुपए राजस्व प्राप्त करने के लिए रेलवे को 98.80 रुपए व्यय करने होंगे. वित्तीय वर्ष 2000-2001 के दौरान रेलों द्वारा 475 मिलियन टन माल ढुलाई का लक्ष्य है. रेलयात्रियों की संख्या में 5 प्रतिशत वृद्धि का

राजस्थान में निवेश प्रोत्साहन हेतु एकल खिड़की योजना

राज्य में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने तथा निजी परियोजनाओं की स्वीकृतियों में लगने वाले समय को कम करने के उद्देश्य से 'एकल खिड़की योजना' (Single Window Scheme) गत 10 मार्च से लागू की गई है. इसके तहत निवेशकों को अपनी निवेश परियोजनाओं के लिए विभिन्न विभागीय स्वीकृतियों के [illegible] अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं [illegible] होंगे, बल्कि यह सभी स्वीकृतियाँ एक [illegible] कार्यालय से उपलब्ध हो सकेंगी. इसके [illegible] सर्वाधिकार प्राप्त तीन अलग-अलग [illegible] की समितियों का गठन प्रदेश शासन [illegible] किया गया है.

योजना के तहत 25 करोड़ रुपए [illegible] अधिक निवेश वाली परियोजनाओं [illegible] स्वीकृति मुख्यमंत्री की अध्यक्षता [illegible] 'आधारभूत ढाँचा व निवेश बोर्ड' [illegible] प्रदान की जाएगी, जबकि 3 करोड़ [illegible] से 25 करोड़ रुपए तक के निवेश [illegible] परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्य सचिव [illegible] अध्यक्षता वाले निवेश सम्वर्द्धन ब्यूरो (BIP) [illegible] द्वारा प्रदान की जाएगी. 3 करोड़ रुपए [illegible] की निवेश परियोजनाओं के आवेदन [illegible] सम्बन्धित जिलों के जिला उद्योग केन्द्र [illegible] प्रस्तुत करने होंगे जहाँ जिलाधिकारी [illegible] अध्यक्षता वाली समिति इन्हें स्वीकृति प्रदान [illegible] करने को अधिकृत होगी.

1926 के श्रम संघ अधिनियम में संशोधन का निर्णय

संसद के चालू सत्र में ही [illegible] विधेयक लाकर 1926 के श्रम [illegible] अधिनियम (Trade Union Act, 1926) [illegible] संशोधन करने का निर्णय केन्द्र सरकार [illegible] गत 7 मार्च को किया है. इसका उद्देश्य [illegible] एक-एक संस्थान में अनेक श्रम संघों [illegible] प्रवृत्ति पर अंकुश लगाकर तथा श्रम संघों [illegible] आंतरिक नेतृत्व को बढ़ावा देकर श्रम [illegible] आंदोलन को मजबूती प्रदान करना है.

सरकार के ताजा निर्णय के तहत [illegible] किसी कम्पनी में केवल उन्हीं श्रम संघों [illegible] मान्यता प्रदान की जाएगी जिनकी सदस्य [illegible] संख्या कम्पनी में कार्यरत् श्रमिकों की [illegible] संख्या का कम-से-कम 10 प्रतिशत हो [illegible] तक केवल 7 सदस्यों वाले श्रम संघ [illegible] मान्यता प्राप्त करने के अधिकारी हैं. [illegible] ही, वर्तमान में किसी श्रम संघ के निर्वाचित [illegible] पदाधिकारियों में संस्थान के बाहर [illegible] व्यक्तियों की संख्या 50 प्रतिशत तक [illegible] सकती है. इसे घटाकर 33 प्रतिशत [illegible] सीमित रखने का प्रावधान संशोधन विधेयक [illegible] में किया गया है. बाहरी पदाधिकारियों [illegible] कुल संख्या भी अब 5 से अधिक न [illegible] सकेगी.

संक्षिप्तकी

भारत में कुपोषितों की संख्या

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट [illegible] हवाले से केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री सत्यनारा[illegible]

शेष पृष्ठ 1199

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



राष्ट्रीय परिदृश्य

उड़ीसा में कांग्रेस सरकार अपदस्थ : बीजू जनता दल-भाजपा गठबंधन की नई सरकार

उड़ीसा विधान सभा के लिए गत फरवरी माह में सम्पन्न चुनावों में सत्तारूढ़ कांग्रेस को भारी पराजय का सामना करना पड़ा है. 147 सदस्यीय विधान सभा में इस बार उसे केवल 26 सीटें ही प्राप्त हुई हैं. इसके विपरीत नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल व भाजपा गठबन्धन को विधान सभा में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त हो गया है. 68 सीटों पर विजय के साथ बीजू जनता दल यद्यपि अकेले ही सरकार बनाने में सक्षम थी तथापि उसने चुनाव में सहयोगी रहे भाजपा के साथ साझा सरकार बनाई है. भाजपा को विधान सभा में 38 सीटें प्राप्त हुई हैं तथा बीजू जनता दल के पश्चात् भारतीय जनता पार्टी विधान सभा में दूसरी बड़ी पार्टी है.

विधान सभा में विभिन्न दलों की स्थिति (पिछले चुनावों की स्थिति के साथ तुलना करते हुए) निम्नलिखित प्रकार रही है–

कुल सीटें : 147			
पार्टी	वर्ष : प्राप्त सीट		
	2000	1995	1990
बीजू जनता दल	68	46 (जद)	123 (जद)
भारतीय जनता पार्टी	38	9	2
कांग्रेस	26	80	10
भाकपा	1	1	5
माकपा	1	–	1
झारखंड मुक्ति मोर्चा	3	4	–
झारखंड पीपुल्स पार्टी	–	1	–
तृणमूल कांग्रेस	1	–	–
जनता दल (सेक्यूलर)	1	–	–
निर्दलीय एवं अन्य	8	6	6

नोट : 1990 एवं 1995 के चुनावों के बाद जनता दल में विभाजन के कारण बीजू जनता दल (बीजद) बना था.

बीजू जनता दल-भाजपा संयुक्त विधायक दल के नेता नवीन पटनायक ने 24 अन्य मंत्रियों के साथ गत 5 मार्च को अपने दिवंगत पिता बीजू पटनायक के जन्म दिवस के दिन राज्य के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की. इनमें 9 मंत्री भाजपा के हैं. यह चौथा अवसर है जब राज्य में गठबंधन सरकार सत्तारूढ़ हुई है. इससे पूर्व 1971 में बिस्वनाथ दास के नेतृत्व में राज्य में गठबंधन सरकार सत्तारूढ़ हुई थी. नई सरकार में मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने से एक दिन पूर्व नवीन पटनायक ने केन्द्रीय खान व खनिज मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था. वह राज्य के 21वें मुख्यमंत्री हैं.

बिहार में नीतिश कुमार का मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र–राबड़ी देवी नई मुख्यमंत्री

बिहार में गत फरवरी माह में सम्पन्न विधान सभाई चुनावों में लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनता दल ने यद्यपि 123 सीटें जीतकर सबसे बड़े राजनीतिक दल का दर्जा प्राप्त किया है तथापि 324 सदस्यीय विधान सभा (बिहार विधान सभा

में सदस्यों की संख्या 325 होती है जिनमें से एक मनोनीत सदस्य होता है.) में सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत किसी भी दल अथवा चुनाव पूर्व गठबन्धन को प्राप्त नहीं हुआ. राष्ट्रीय जनता दल के सहयोगी माकपा को केवल 2 ही सीटें प्राप्त हो सकीं. इसके विपरीत भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) को कुल मिला कर 122 सीटों पर सफलता (भाजपा 67, समता 34 व जद (यू.) 21) प्राप्त हुई. अन्य दलों में कांग्रेस 23, झामुमो (एस) 12, भाकपा 6, भाकपा (माले) 6 व बसपा 5 सीटें प्राप्त करने में सफल रही. 20 सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों ने व शेष 5 अन्य छोटे दलों ने जीतीं.

बाद में सरकार बनाने के लिए की गई जोड़-तोड़ के तहत राष्ट्रीय जनता दल, बसपा व कांग्रेस का समर्थन जुटाने में सफल रही. कुछेक निर्दलीय विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए लालू प्रसाद यादव ने श्रीमती राबड़ी देवी के पक्ष में कुल मिलाकर 161 विधायकों की सूची राज्यपाल विनोद चन्द्र पांडेय को गत 3 मार्च को सौंपी थी (कांग्रेस के समर्थन का औपचारिक पत्र इनमें संलग्न नहीं था). इसके विपरीत समता पार्टी के नेता एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री नीतिश कुमार ने अपने समर्थन में 146 विधायकों के हस्ताक्षर युक्त पत्र राज्यपाल को उसी दिन प्रस्तुत किया था. इसमें झामुमो (सोरेन) के 12 विधायकों के अतिरिक्त 12 निर्दलीय विधायक शामिल थे.

राज्य विधान सभा में विभिन्न दलों की स्थिति निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित है–

कुल निर्वाचित सीटें : 324*			
पार्टी	वर्ष : प्राप्त सीट		
	2000	1995	1990
राष्ट्रीय जनता दल	123	167 (जद)	123 (जद)
भारतीय जनता पार्टी	67	43	39
समता पार्टी	34	8	–
जनता दल (यू.)	21	–	–
कांग्रेस	23	29	70
झारखंड मुक्ति मोर्चा	12	20**	20
भारतीय कम्यु. पार्टी	6	26	23
भाकपा (माले)	6	6	7
बहुजन समाज पार्टी	5	2	–
मार्क्सवादी कम्यु. पार्टी	2	6	6
क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी	2	–	–
यू.जी.डी.पी.	2	–	–
मार्क्सवादी कॉआर्डिनेशन कमेटी	1	2	–
निर्दलीय एवं अन्य	20	15	36

* नोट : बिहार विधान सभा की कुल 325 सीटों में से 324 के लिए ही चुनाव होता है. विधान सभा में एक सदस्य मनोनीत होता है.
** तीनों गुट

दोनों पक्षों के दावों पर विचार करने के पश्चात् राज्यपाल विनोद चन्द्र पाण्डेय ने नीतिश कुमार को सरकार बनाने को आमंत्रित किया. राष्ट्रीय जनता दल के भारी विरोध के बावजूद नीतिश कुमार ने 3 मार्च को अकेले ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की. वह राज्य के 29वें मुख्यमंत्री बने तथा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फिलहाल बिहार विधान मंडल के किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं. मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने केन्द्रीय कृषि मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था. अपनी सरकार का बहुमत सिद्ध करने के लिए राज्यपाल ने उन्हें 10 दिन का समय दिया था. 10 मार्च को विधान सभा में नीतिश कुमार ने विश्वास मत प्रस्तुत करने से पूर्व ही मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र की घोषणा कर दी तथा राज्यपाल को त्यागपत्र सौंप दिया. 11 मार्च को राज्यपाल ने राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई तथा बहुमत सिद्ध करने के लिए 10 दिन का समय प्रदान किया.

सुन्दर लाल पटवा को कृषि मंत्रालय व पी. आर. कुमारमंगलम् को खान मंत्रालय के अतिरिक्त प्रभार

प्रधानमंत्री की सिफारिश के आधार पर राष्ट्रपति भवन से गत 6 मार्च को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार केन्द्रीय कृषि मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार ग्रामीण विकास मंत्री सुन्दर लाल पटवा को तथा खान एवं खनिज मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार विद्युत मंत्री पी. आर. कुमारमंगलम् को सौंपा गया है. मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पूर्व नीतिश कुमार व नवीन पटनायक ने क्रमशः कृषि तथा खान व खनिज मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिए थे.

मणिपुर में निपामाचा सिंह पुनः मुख्यमंत्री

60 सदस्यीय मणिपुर विधान सभा के लिए गत फरवरी माह में सम्पन्न चुनाव में किसी भी दल अथवा चुनाव पूर्व गठबंधन को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं हो सका, किन्तु डब्ल्यू. निपामाचा सिंह के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ यूनाइटेड फ्रंट गठबंधन को सर्वाधिक 29 सीटें प्राप्त हुई थीं. (एक सीट पर मतदान स्थगित कर दिए जाने तथा एक अन्य सीट पर अनेक मतदान केन्द्रों पर पुनर्मतदान के निर्देश के कारण दो सीटों के परिणाम इसमें शामिल नहीं हैं. बाद में अन्य दलों के असन्तुष्टों व निर्दलीय विधायकों के समर्थन से निपामाचा 39 विधायकों का समर्थन प्राप्त करने में सफल रहे. इनमें से 34 को (मुख्यमंत्री सहित) मंत्रिपरिषद् में शामिल किया गया है. राज्य की यह अब तक की सबसे बड़ी मंत्रिपरिषद् है. मुख्यमंत्री सहित इन सभी मंत्रियों ने गत 2 मार्च को इम्फाल में शपथ ग्रहण की.

राज्य विधान सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों की तुलनात्मक स्थिति अग्रलिखित तालिका में दी गई है–

कुल सीटें : 60			
पार्टी	वर्ष : प्राप्त सीट		
	2000	1995	1990
मणिपुर स्टेट कांग्रेस पार्टी	23	–	–
कांग्रेस	10	21	26
फेडरल पार्टी ऑफ मणिपुर	6	2	–
मणिपुर पीपुल्स पार्टी	4	18	11
भारतीय जनता पार्टी	6	1	–
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी	4	–	–
समता पार्टी	1	–	–
जनता दल (एकीकृत)	1	–	–
राष्ट्रीय जनता दल	1	–	–
जनता दल (एस.)	1	–	–
जनता दल	–	7	11
भारतीय कम्यु. पार्टी	–	2	3
भारतीय कांग्रेस समाजवादी	–	1	6
नेशनल पीपुल्स पार्टी	–	2	1
समाजवादी पार्टी	–	2	–
कुकी नेशनल असेंबली	–	–	2
अन्य	1	4	–

ओम प्रकाश चौटाला पाँचवीं बार हरियाणा के मुख्यमंत्री

विधान सभा के गत फरवरी माह में सम्पन्न चुनावों में 90 में से 47 सीटें जीत कर ओम प्रकाश चौटाला के नेतृत्व वाले इंडियन नेशनल लोक दल (INLO) ने हरियाणा में पुनः सरकार बनाई है. पार्टी के नेता एवं निवृत्तमान मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को राज्यपाल महावीर प्रसाद ने गत 2 मार्च को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई. उन्होंने संस्कृत में शपथ ग्रहण की. वह पाँचवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं. उनके साथ 10 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की जो सभी उन्हीं की पार्टी के हैं. इनमें 5 मंत्री कैबिनेट स्तर के तथा शेष 5 राज्य मंत्री हैं. विधान सभा चुनाव में इंडियन नेशनल लोक दल की सहयोगी रही भारतीय जनता पार्टी फिलहाल सरकार में शामिल नहीं हुई है, किन्तु श्री चौटाला ने बाद में इसके सरकार में शामिल होने की आशा व्यक्त की है. भाजपा 6 सीटों पर विजयी रही है. नखाना व रोड़ी दो सीटों पर विजयी रहे ओम प्रकाश चौटाला ने रोड़ी सीट से त्यागपत्र दे दिया है.

राज्य की 90 सदस्यीय विधान सभा में, इन चुनावों में, बंसीलाल के नेतृत्व वाली हरियाणा विकास पार्टी का लगभग सफाया हो गया है. उसे केवल 2 सीटों पर विजय प्राप्त हुई है. 21 सीटें कांग्रेस ने, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय कांग्रेस तथा रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने एक और शेष 11 सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीती हैं.

पिछले चुनावों की तुलनात्मक स्थिति के साथ राज्य विधान सभा में विभिन्न दलों की स्थिति इस प्रकार है–

कुल सीटें : 90			
पार्टी	वर्ष : प्राप्त सीट		
	2000	1996	199
इंडियन नेशनल लोक दल	47	–	–
भारतीय जनता पार्टी	6	11	2
कांग्रेस	21	9	51
हरियाणा विकास पार्टी	2	33	12
समता पार्टी	–	24	–
राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी	1	–	16
रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया	–	–	3
बहुजन समाज पार्टी	1	–	1
कांग्रेस (ति.)	–	3	–
अन्य	11	10	5

उपचुनावों के परिणाम

फरवरी माह में चार राज्यों (बिहार, हरियाणा, मणिपुर व उड़ीसा) में विधान सभाओं के आम चुनावों के साथ-साथ लोक सभा की दो तथा विभिन्न अन्य विधान सभाओं की कुछेक रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव भी सम्पन्न हुए थे. लोक सभा की जिन दो सीटों के लिए उपचुनाव हुए उनमें कर्नाटक की बेल्लारी व उत्तर प्रदेश की कन्नौज सीट शामिल है. यह सीटें क्रमशः सोनिया गांधी व मुलायम सिंह यादव के त्यागपत्र के परिणामस्वरूप रिक्त हुई थीं (अक्टूबर 1999 में सम्पन्न 13वीं लोक सभा के चुनाव में यह दोनों दो-दो सीटों से विजयी रहे थे). फरवरी 2000 में सम्पन्न उपचुनाव में कन्नौज सीट मुलायम सिंह यादव के युवा पुत्र अखिलेश यादव (समाजवादी पार्टी) ने तथा बेल्लारी सीट कांग्रेस के कोंडा बासवनगोडा ने जीती है.

उत्तर प्रदेश विधान सभा की जिन [illegible] सीटों पर उपचुनाव हुए, उनमें से 3 समाजवादी पार्टी ने व 2 भाजपा ने जीती हैं. बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोक दल [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपना दल को एक-एक सीट पर विजय प्राप्त हुई है.

राजस्थान विधान सभा की उपचुनाव वाली छः सीटों में से कांग्रेस ने 3 व भाजपा ने 2 सीटों पर विजय प्राप्त की है. छठी सीट एक निर्दलीय उम्मीदवार ने जीती है. राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में निम्बाहेड़ा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती मधु दाधीच अपने निकटतम भाजपा प्रत्याशी से केवल 11 मत अधिक प्राप्त करके विजयी रही हैं.

मध्य प्रदेश विधान सभा की जिन 4 सीटों के लिए उपचुनाव हुए उनमें से 2 कांग्रेस ने, 1 भाजपा ने व 1 निर्दलीय प्रत्याशी ने जीती हैं. मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के सोहागपुर निर्वाचन क्षेत्र से विजयी निर्दलीय उम्मीदवार शबनम मौसी एक किन्नर (हिजड़ा) हैं. देश की प्रथम किन्नर विधायक के रूप में शबनम मौसी ने गत 6 मार्च को शपथ ग्रहण की है.

महाराष्ट्र की एकमात्र रिक्त सीट पर शिवसेना-भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी को विजय प्राप्त हुई है. हिमाचल प्रदेश की एकमात्र रिक्त सीट भाजपा के खाते में गई है. इस सीट पर विजय से राज्य की 68 सदस्यीय विधान सभा में भाजपा के विधायकों की संख्या अब 35 हो गई है तथा उसे विधान सभा में स्पष्ट बहुमत प्राप्त हो गया है. प्रदेश में भाजपा-हिविकां गठबन्धन की सरकार अभी तक भाजपा के नेतृत्व में हिमाचल विकास कांग्रेस के समर्थन के बल पर चल रही थी.

गुजरात विधान सभा की दो रिक्त सीटों के लिए फरवरी में उपचुनाव सम्पन्न हुए, जिनमें से एक भाजपा को व एक निर्दलीय उम्मीदवार को प्राप्त हुई है.

राज्य सभा के द्विवार्षिक चुनाव

राज्य सभा के 58 सदस्य अपना 6 वर्षीय कार्यकाल आगामी 2 अप्रैल को पूरा कर रहे हैं. रिक्त होने वाली इन 58 सीटों के लिए चुनाव 29 मार्च को सम्पन्न होंगे. इनमें उत्तर प्रदेश की 11, बिहार की 8, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र की 6-6, प. बंगाल की 5, गुजरात व कर्नाटक की 4-4, उड़ीसा व राजस्थान की 3-3 तथा हरियाणा व हिमाचल प्रदेश की 1-1 सीट शामिल हैं.

उपर्युक्त 58 सीटों के अतिरिक्त राज्य सभा की 2 अन्य ऐसी सीटों के लिए भी चुनाव 29 मार्च को ही सम्पन्न होंगे. इनमें से एक सीट गत अगस्त माह में डॉ. कर्णसिंह के त्यागपत्र के परिणामस्वरूप रिक्त हुई तथा दूसरी बिहार के जगदम्बी मंडल के निधन के कारण इसी वर्ष जनवरी माह में रिक्त हुई है.

राज्य सभा की इन 60 सीटों के साथ-साथ बिहार, कर्नाटक व उत्तर प्रदेश की विधान परिषदों की एक-एक रिक्त सीट के लिए भी चुनाव 29 मार्च को ही कराने की चुनाव आयोग ने घोषणा की है.

सुब्रमण्यम समिति की रिपोर्ट का खुलासा

कारगिल संघर्ष के विभिन्न पहलुओं की जाँच हेतु गठित सुब्रमण्यम समिति की रिपोर्ट में देश की गुप्तचर एवं सुरक्षा व्यवस्था की अनेक खामियों का खुलासा किया गया है. इसमें कहा गया है कि कारगिल में पाकिस्तान की सशस्त्र घुसपैठ से केन्द्र व जम्मू-कश्मीर सरकार सहित सेना एवं गुप्तचर एजेंसियाँ अवाक् रह गई थीं तथा इनमें से कोई भी संस्था ऐसी नहीं थी जो इस घुसपैठ की सम्भावना का सही आकलन कर सकी हो. समिति के अनुसार कारगिल में पाकिस्तानी घुसपैठ का समाचार सर्वप्रथम 3 मई, 1999 को चरावाहों के माध्यम से प्राप्त हुआ था. गुप्तचर प्रणाली की खामियों का उल्लेख करते हुए समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सम्भावित बाहरी हमलों की सूचना देने का दायित्व 'अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग' (RAW) का है, किन्तु उसके द्वारा इस क्षेत्र की ओर समुचित ध्यान नहीं दिया गया.

कारगिल मामले के विभिन्न पहलुओं की जाँच हेतु रक्षा विशेषज्ञ के. सुब्रमण्यम की अध्यक्षता में इस समिति का गठन जुलाई 1999 में किया गया था तथा इसने अपनी रिपोर्ट 7 जनवरी, 2000 को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को प्रस्तुत कर दी थी. सुरक्षा सम्बन्धी मामले के अति संवेदनशील होने के कारण समिति ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक न करने का अनुरोध प्रधानमंत्री से किया था, किन्तु कुछेक संवदेनशील अंशों को हटा कर इसे गत 24 फरवरी को लोक सभा में सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया. अपनी रिपोर्ट में समिति ने कहा है कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 20 फरवरी, 1999 की लाहौर बस यात्रा के समय भी पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को 'कारगिल योजना' की जानकारी थी.

*देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने को समिति ने **'आश्चर्य से आकलन तक'** (From Surprise to Reckoning) शीर्षक से प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में 25 विभिन्न सिफारिशें की हैं, जिन्हें सरकार ने सिद्धान्ततः स्वीकार कर लिया है.*

ई. के. मावलोंग मेघालय के नए मुख्यमंत्री

मेघालय में गत 7 मार्च को बी. बी. लिंगदोह के स्थान पर विधान सभा अध्यक्ष ई. के. मावलोंग को सत्तारूढ़ यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDP) विधायक दल का नया नेता चुन लिए जाने के पश्चात् श्री मावलोंग को 8 मार्च को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया गया है. पार्टी नेतृत्व में हुए इस परिवर्तन से यूडीपी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है. इस गठबंधन में यूडीपी के अतिरिक्त भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तथा कुछेक अन्य दलों के एवं निर्दलीय सदस्य शामिल हैं.

पार्टी की आन्तरिक राजनीति का शिकार हुए 78 वर्षीय लिंगदोह ने प्रदेश राजनीति के स्थान पर अब राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने की बात कही है. उनके द्वारा किसी राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दल की सदस्यता ग्रहण करने की सम्भावना है.

भारत से गिनीवर्म का पूर्ण उन्मूलन

चेचक (Small Pox) के पश्चात् गिनीवर्म (Guineaworm) ऐसा दूसरा रोग है जिसे भारत में औपचारिक रूप से समाप्त घोषित कर दिया गया है. इस रोग को 'ड्राकुन्क्यूलिएसिस' (Dracunculiasis) भी कहा जाता है. भारत से गिनीवर्म रोग के पूर्ण उन्मूलन का प्रमाण-पत्र ड्राकुन्क्यूलिएसिस प्रमाणन के चौथे अन्तर्राष्ट्रीय आयोग ने गत 15 फरवरी को जारी किया है. भारत के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य राष्ट्रों को भी इस रोग से रहित घोषित किया गया है. अब यह रोग केवल अफ्रीका के कुछ देशों में विद्यमान है.

गिनीवर्म उन्मूलन हेतु भारत में राष्ट्रीय कार्यक्रम 1983-84 में प्रारम्भ किया गया था. विश्व स्वास्थ्य संगठन व यूनीसेफ के वित्तीय सहयोग से यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, जलापूर्ति एवं ग्रामीण विकास विभागों के समन्वित सहयोग से कार्यान्वित किया गया था. उस समय देश के विभिन्न राज्यों में इस रोग के कुल 39,792 मामले मौजूद थे. 1947 में यह संख्या लगभग 2·5 करोड़ थी. देश में गिनीवर्म का अन्तिम मामला राजस्थान के जोधपुर जिले के आउ (Aau) गाँव में 1996 में दर्ज किया गया था. उसके बाद देश में इस रोग का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है.

रैबीज रोधी स्वदेशी वैक्सीन 'अभय रब' का विकास

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) की हैदराबाद स्थित इकाई ह्यूमन बायो-लॉजिकल इंस्टीट्यूट (HBI) ने रैबीज रोधी टीके (Anti Rabies Veccine) का स्वदेशी विकास करने में सफलता प्राप्त की है. इसे 'अभय रब' नाम दिया गया है. ऊतक सम्वर्द्धन (Tissue Culture) पर आधारित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस टीके के निर्माण में अमेरिका के हैरे बन्दरों के शरीर के अंग का इस्तेमाल किया गया है, जोकि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुमोदित है. अभी तक भारत में इस्तेमाल किए जाने वाले रैबीज रोधी टीके में खरगोश अथवा भेड़ के मस्तिष्क का उपयोग किया जाता है. इस टीके के पूरे कोर्स के लिए 12 टीके पेट में लगवाने पड़ते हैं जो अति कष्टप्रद भी हैं.

नेशनल डेयरी विकास बोर्ड ने दावा किया है कि परम्परागत टीकों की तुलना में नया विकसित 'अभय रब' टीका सस्ता होगा.

कलकत्ता हवाई अड्डे पर टाइम पत्रिका की प्रतियाँ जब्त

महात्मा गांधी व उनके विचारों के प्रति प्रतिकूल टिप्पणियों युक्त एक भेंटवार्ता के प्रकाशन के कारण सीमा शुल्क अधिकारियों ने अमरीकी पत्रिका 'टाइम' (Time) के गत 21 फरवरी के अंक की लगभग 3 हजार प्रतियों को कलकत्ता स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस हवाई अड्डे पर गत 16 फरवरी को जब्त कर लिया. नाथूराम गोडसे के भाई गोपाल गोडसे की 'गांधीस प्रिंसिपल्स वर बोगस' (Gandhi's Principles were Bogus) शीर्षक से प्रकाशित इस भेंटवार्ता में गांधीजी को ढोंगी (Hypocrite) तथा उनके अहिंसा के सिद्धान्त को 'बोगस' बताया गया था.

नक्सलियों द्वारा आन्ध्र प्रदेश के पंचायत मंत्री की हत्या

नक्सलवादियों के विरुद्ध आक्रामक रणनीति अपनाने को केन्द्र सरकार द्वारा दिशा-निर्देश निर्धारित किए जाने के एक दिन बाद ही प्रतिबन्धित पीपुल्स वार ग्रुप (PWG) के नक्सलवादियों ने बारूदी सुरंग विस्फोट से आन्ध्र प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ए. माधव रेड्डी की रंगारेड्डी जिले के घाट केसर क्षेत्र में हत्या कर दी. उनके 3 सुरक्षाकर्मी भी इस विस्फोट में उनके साथ मारे गए. पुलिस के अनुसार नक्सलवादियों ने विस्फोट करके उस कार को उड़ा दिया जिसमें श्री रेड्डी यात्रा कर रहे थे.

नक्सलवादियों द्वारा हाल ही के दिनों में किसी मंत्री की हत्या का यह दूसरा मामला है. कुछ दिन पूर्व ही मध्य प्रदेश के एक मंत्री लिखि राम कांवरे की हत्या भी नक्सलवादियों के हाथों ही हुई थी.

भाकपा प. बंगाल सरकार से बाहर

प. बंगाल से राज्य सभा के लिए होने वाले चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि को प्रत्याशी न बनाने के वाम मोर्चे के निर्णय के विरोध में इस दल ने ज्योतिबसु सरकार से बाहर रहने की घोषणा 7 मार्च को की है. सरकार से बाहर रहने के बावजूद भाकपा ने वाम मोर्चे में बने रहने का निर्णय फिलहाल किया है.

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को प. बंगाल से राज्य सभा की कोई सीट न दिए जाने से 2 अप्रैल, 2000 के पश्चात् उच्च सदन में भाकपा का कोई प्रतिनिधि नहीं होगा. राज्य सभा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एकमात्र सांसद गुरुदास दासगुप्त का कार्य-काल 2 अप्रैल को समाप्त हो रहा है. वाम मोर्चे के बड़े घटक मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक प्रवक्ता ने कहा है कि अगले वर्ष माकपा अपने कोटे की एक राज्य सभा सीट भाकपा को दे सकेगी.

पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुथैया को 25 माह का कारावास

भ्रष्टाचार के मामलों की सुनवाई कर रही चेन्नई की एक विशेष अदालत ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री, तमिलनाडु विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया अन्ना डी.एम.के. (AIADMK) नेता एस. आर. मुथैया को भ्रष्टाचार के मामले में 25 माह के कारावास व 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा गत 8 मार्च को सुनाई है. यही सजा इनके दो पुत्रों को भी अदालत द्वारा सुनाई गई है. विशेष न्यायाधीश एस. संबदम ने उनके विरुद्ध आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक सम्पत्ति रखने का आरोप सही पाते हुए उन्हें यह सजा सुनाई है. उनकी पत्नी को, जो उस मामले में सह अभियुक्त थीं, विशेष न्यायालय ने बरी कर दिया है, जबकि उनकी पुत्री के अस्वस्थ होने के कारण उसके विरुद्ध मामले की सुनवाई 10 अप्रैल, 2000 तक के लिए स्थगित कर दी गई है.

दंडित किए गए अभियुक्तों को उच्च न्यायालय में अपील का समय देते हुए अदालत ने कारावास सम्बन्धी अपने निर्णय को 10 अप्रैल, 2000 तक स्थगित रखा है. भ्रष्टाचार के मामलों की जाँच हेतु प्रदेश की करुणानिधि सरकार द्वारा 1997 में तीन विशेष अदालतें गठित किए जाने के पश्चात् यह पाँचवाँ मामला है जिसमें सजा सुनाई गई है.

संघ की गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति सम्बन्धी गुजरात सरकार की अधिसूचना वापस

राज्यकर्मियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति देने सम्बन्धी गुजरात सरकार का बहुविवादित निर्णय अन्ततः गत 8 मार्च को राज्य की केशुभाई सरकार द्वारा वापस ले लिया गया. इस मामले में विपक्षी दलों के भारी विरोध के चलते लोक सभा [illegible] कार्यवाही लगभग 10 दिनों तक ठप [illegible] थी. इससे प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गुजरात सरकार की इस अधिसूचना को वापस लेने में अपनी असमर्थता व्यक्त [illegible] थी. विपक्ष के भारी दबाव के चलते सरकार इस मामले पर नियम 184 के तहत लोक सभा में बहस कराने को तैयार हो गई [illegible] जिसमें चर्चा के पश्चात् मतदान का प्रावधान है. सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चे के अनेक घटक भी इस मामले में सरकार से भिन्न दृष्टिकोण रखते थे. फिर भी मतदान की स्थिति में उन्होंने सरकार का साथ देने की घोषणा कर दी थी.

लोक सभा में सरकार को विषम स्थिति से उबारने के लिए गुजरात सरकार ने स्वयं ही विवादित अधिसूचना को वापस लेने की घोषणा 8 मार्च को की है.

संक्षिप्तकी

उत्तर प्रदेश में भी जाट अन्य पिछड़े वर्गों में शामिल

दिल्ली व राजस्थान के पश्चात् अब उत्तर प्रदेश सरकार ने भी जाटों को अन्य पिछड़े वर्गों (OBCs) की सूची में शामिल करने का निर्णय किया है. मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्त की अध्यक्षता में प्रदेश मंत्रिमण्डल की गत 2 मार्च को सम्पन्न बैठक में यह निर्णय लिया गया. इससे राज्य सरकार की सेवाओं में जाटों को भी आरक्षण का लाभ उपलब्ध हो सकेगा.

सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के रिक्त पद

विधि मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार [illegible] के विभिन्न उच्च न्यायालयों में 1 मार्च, 2000 को न्यायाधीशों के कुल मिलाकर 159 पद रिक्त थे. इसी तिथि को सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की रिक्तियों की संख्या 3 थी.

UPKAR'S
A Fresh Approach To
Reasoning Test
(With Logical Reasoning)
[Useful For Various Competitive Exams]
By : Dr. Lal & Maurya
Price : 48/-
The book has been written in conformity with the most scientific technique of understanding, memorization and reproduction. A panel of highly renowned and experienced experts of the subject have classified the subject matter into parts and have added to their utility.
Purchase from nearest bookseller or get the copy direct by V.P.P. sending M. O. of Rs. 30/- on the following address
UPKAR PRAKASHAN

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

चिली के पूर्व तानाशाह आगस्टो पिनोशे रिहा

ब्रिटेन ने चिली के पूर्व तानाशाह जनरल आगस्टो पिनोशे को गत 2 मार्च को रिहा कर दिया है. स्पेन की एक अदालत द्वारा जारी वारंट के आधार पर ब्रिटिश सरकार ने उन्हें अक्टूबर 1998 में उस समय निरुद्ध कर लिया था, जब वह अपने इलाज के सिलसिले में ब्रिटेन पहुँचे थे. उन्हें उनके आवास में ही हिरासत में रखा गया था. 84 वर्षीय पिनोशे ने अपने स्पेन प्रत्यर्पण के विरुद्ध एक याचिका लंदन की एक अदालत में दायर की थी (स्पेन में पिनोशे के विरुद्ध उनके शासनकाल में चिली में किए गए अत्याचारों के आरोप के अनेक मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं) जिसे अदालत ने 8 अक्टूबर, 1999 को ठुकरा दिया था. इसके बावजूद ब्रिटिश गृह मंत्रालय ने पिनोशे की वृद्धावस्था व उनके स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए उन्हें स्पेन प्रत्यार्पित न करने का निर्णय किया तथा अन्ततः 2 मार्च को उन्हें रिहा कर दिया. रिहाई के कुछ घण्टों पश्चात् ही चिली की वायु सेना के एक विमान से पिनोशे स्वदेश रवाना हो गए.

उल्लेखनीय है कि स्पेन के अतिरिक्त स्विटजरलैण्ड, फ्रांस व बेल्जियम ने भी पिनोशे के प्रत्यार्पण हेतु ब्रिटेन से अनुरोध किया था. अत्याचारों पर अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशन के हस्ताक्षरकर्ता देशों के किसी भी व्यक्ति को इनमें से कोई भी देश अपने यहाँ गिरफ्तार कर उस पर मुकदमा चला सकता है.

युद्धापराधों के लिए क्रोशियाई जनरल को सजा

यूगोस्लाविया के मामले में संयुक्त राष्ट्र द्वारा गठित युद्धापराध न्यायाधिकरण ने क्रोशिया के जनरल तिहोमिर ब्लास्किक (Tihomir Blaskic) को 1992–95 के दौरान क्रोशियाई मिलिशिया के कमांडर रहते हुए किए गए युद्धापराधों के लिए 45 वर्ष के कारावास की सजा गत 3 मार्च को हेग में सुनाई है. उन्हें युद्धापराध, मानवता के प्रति अपराध व युद्ध के दौरान नागरिकों की सुरक्षा सम्बन्धी 1949 की जेनेवा कन्वेंशन का दोषी पाया गया है. न्यायाधिकरण द्वारा इस मामले में दंडित किए जाने वाले वह 14वें व्यक्ति तथा पहले कमांडर हैं. न्यायाधिकरण द्वारा सुनाई गई यह अब तक की सबसे बड़ी सजा है.

संयुक्त राष्ट्र युद्धापराध न्यायाधिकरण के इस फैसले से युद्ध अपराध सम्बन्धी मामलों में एक नया मोड़ आया है. इससे इस बात की पुष्टि होती है कि युद्ध के दौरान किए गए अत्याचारों के लिए सैनिकों की बजाय उनके कमांडर अधिक जिम्मेदार हैं.

अमरीका से निष्कासित क्यूबाई राजनयिक का हवाना में भव्य स्वागत

जासूसी के आरोप में अमरीका ने एक क्यूबाई राजनयिक जोसे इम्पेराटोरी (Jose Imperatori) को गत फरवरी माह में अपने देश से निष्कासित कर दिया. 46 वर्षीय क्यूबाई राजनयिक इम्पेराटोरी के एक अमरीकी आव्रजन अधिकारी मरियानो फगेट से घनिष्ठ सम्बन्ध बताए गए हैं, जिसे क्यूबा के लिए जासूसी करने के आरोप में उपर्युक्त निष्कासन आदेश के दो दिन पूर्व ही निलम्बित एवं गिरफ्तार किया गया था.

अपने को निर्दोष सिद्ध करने के लिए इम्पेराटोरी ने अमरीका छोड़ने से जब इनकार किया, तो 27 फरवरी को बलपूर्वक उसे कनाडा की उड़ान पर एक विमान में बैठा दिया गया, जहाँ उसने क्यूबाई दूतावास में शरण ली. कनाडा से 3 मार्च को हवाना (क्यूबा) पहुँचने पर निष्कासित राजनयिक का भव्य स्वागत किया गया. स्वागत करने वालों में स्वयं क्यूबाई राष्ट्रपति फिडेल कास्त्रो भी शामिल थे.

बांग्लादेश द्वारा सी.टी.बी.टी. का अनुमोदन

बांग्लादेश ने बहुचर्चित एवं विवादित व्यापक परमाणु परीक्षण निषेध सन्धि (CTBT) का औपचारिक रूप से अनुमोदन कर दिया है. प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सन्धि के अनुमोदन सम्बन्धी दस्तावेज पर गत 7 मार्च को हस्ताक्षर कर दिए.

बांग्लादेश द्वारा सी.टी.बी.टी. का अनुमोदन ऐसे समय में किया गया है जब कुछ दिन बाद ही अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन बांग्लादेश की यात्रा पर आने को हैं.

कम्बोडियाई प्रधानमंत्री हुन सेन की भारत यात्रा

भारत के साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों में सुदृढ़ता लाने के उद्देश्य से दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र कम्बोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन गत 18-19 फरवरी को भारत की सरकारी यात्रा पर रहे. भारत की 'पूर्व की ओर देखो नीति' (Look East Policy) के परिप्रेक्ष्य में उनकी यह यात्रा भारत के लिए भी महत्वपूर्ण थी. कम्बोडिया के आसियान (ASEAN) का सदस्य होने के नाते उसके साथ सम्बन्धों में सुदृढ़ता लाना भारत के लिए महत्वपूर्ण है.

दो दिन की अपनी इस यात्रा के दौरान कम्बोडियाई प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रपति के. आर. नारायणन, प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, विदेश मंत्री जसवंत सिंह, पर्यटन मंत्री अनंत कुमार तथा लोक सभा में विपक्ष की नेता श्रीमती सोनिया गांधी आदि महत्वपूर्ण नेताओं के अतिरिक्त उद्योग व्यापार जगत् के प्रतिनिधियों से भी वार्ताएं कीं तथा भारत के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में रुचि व्यक्त की. कृषि एवं व्यापार के मामले में उन्होंने विशेष रुचि व्यक्त की. भारत ने कम्बोडिया के मीकाँग (Mekong) बेसिन के विकास में भागीदारी में रुचि व्यक्त की तथा साथ ही साथ कम्बोडिया के लिए एक करोड़ डॉलर के ऋण हेतु सहमति प्रदान की.

हुन सेन की इस यात्रा के दौरान भारत व कम्बोडिया के मध्य कृषि एवं पर्यटन क्षेत्र में सहयोग हेतु सहमति-पत्रों पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुए हैं.

ईस्ट तिमोर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के औपचारिक नियंत्रण से इसकी स्वतंत्रता को मार्ग प्रशस्त

गत 23 फरवरी को इण्डोनेशिया में ईस्ट तिमोर प्रान्त पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा गठित **यूनाइटेड नेशंस ट्रांजिशनल एडमिनिस्ट्रेशन इन ईस्ट तिमोर** (UNTAET) का औपचारिक नियंत्रण स्थापित हो जाने के पश्चात् अब इस विवादित प्रदेश की 2-3 वर्षों में पूर्ण स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त हो गया है. इससे पूर्व **यूनाइटेड नेशंस असिस्टेंस मिशन इन ईस्ट तिमोर** *(UNAMET)*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की देखरेख में 30 अगस्त, 1999 को वहाँ कराए गए जनमत संग्रह में स्वतंत्रता के पक्ष में मत प्राप्त होने के पश्चात् वहाँ भड़की हिंसा पर नियंत्रण हेतु बहुराष्ट्रीय सेना **'इंटरनेशनल फोर्स फॉर ईस्ट तिमोर'** (INTERFET) वहाँ तैनात की गई थी. इस बहुराष्ट्रीय सेना का नेतृत्व आस्ट्रेलियाई मेजर जनरल पीटर कोसग्रोव कर रहे थे.

23 फरवरी को UNTAET ने ईस्ट तिमोर की राजधानी डिली (Dili) में एक औपचारिक समारोह में ईस्ट तिमोर का प्रशासन अपने हाथ में ले लिया है तथा इसके साथ ही वहाँ तैनात पीटर कोस्ग्रोव के नेतृत्व वाली INTERFET को भंग कर दिया गया है. ईस्ट तिमोर में शान्ति व्यवस्था के लिए UNTAET के अधीन एक नई संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना वहाँ तैनात की गई है. इस शान्ति सेना का नेतृत्व फिलीपींस के मेजर जनरल जैमी डि लोस सांतोस को सौंपा गया है. संयुक्त राष्ट्र संघ के एक प्रवक्ता के अनुसार 2-3 वर्ष में ईस्ट तिमोर को पूर्ण स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा प्रदान कर दिया जाएगा.

भारत आ रहे जापानी पोत का अपहरण

मलेशिया से खजूर का तेल लेकर प. बंगाल में हल्दिया आ रहे एक जापानी टैंकर का समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया है. 'ग्लोबल मार्स' नाम का यह टैंकर पोत केलांग (मलेशिया) से 6 हजार टन तेल लेकर गत 22 फरवरी को रवाना हुआ था, किन्तु अगले ही दिन अंडमान सागर में प्रवेश करने से पूर्व ही उसका सम्पर्क कट गया. पेरिस के समुद्री डकैती विरोधी संगठन के अन्तर्राष्ट्रीय मेरिटाइम ब्यूरो के अनुसार सम्भवतः मलक्का की खाड़ी में इस पोत का अपहरण किया गया है. मलक्का की खाड़ी पर समुद्री लुटेरों का आधिपत्य बताया जाता है. ब्यूरो ने पोत के बारे में सूचना के लिए एक लाख डॉलर के पुरस्कार की घोषणा की है. पोत पर 17 कर्मचारी बताए गए हैं, जिनमें से 7 द. कोरिया के व 10 म्यांमार के हैं. कुआलालम्पुर स्थित पायरेसी रिपोर्टिंग सेन्टर ने भी पोत के अपहरण की सूचना जारी की है. अपहृत पोत की तलाश के लिए भारतीय नौसेना ने अपने पोतों को अलर्ट जारी किया है.

उत्तरी आयरलैण्ड में प्रोटेस्टेंटों व कैथोलिकों की साझा सरकार निलम्बित

अप्रैल 1998 के ऐतिहासिक **गुड फ्राइडे समझौते** के तहत 1 दिसम्बर, 1999 को गठित उत्तरी आयरलैण्ड की स्वायत्त सरकार की टोनी ब्लेयर सरकार ने गत फरवरी माह में इसे निलम्बित करके उत्तरी आयरलैण्ड को अपने सीधे शासन के तहत ले लिया है. ब्रिटिश सरकार द्वारा यह निर्णय कैथोलिकों की पार्टी 'सिन फीन' (Sinn Fein) की सशस्त्र सहयोगी 'आयरिश रिपब्लिकन आर्मी' (IRA) द्वारा अपने हथियार डालने में आनाकानी करने के कारण लिया गया है.

उत्तरी आयरलैण्ड में अलगाववादी कैथोलिकों व ब्रिटेन समर्थक प्रोटेस्टेंटों की साझा सरकार का गठन जिस बहुचर्चित गुडफ्राइडे समझौते के आधार पर किया गया था, उसके तहत आयरिश रिपब्लिकन आर्मी द्वारा अपने हथियार डालने की प्रक्रिया जनवरी 2000 तक प्रारम्भ की जानी थी तथा यह कार्य पूरा करने की समय सीमा 20 मई, 2000 निर्धारित की गई थी. इसके लिए जनरल जॉन डि चेस्तालेन की अध्यक्षता में एक निःशस्त्रीकरण आयोग का गठन भी किया गया था. निःशस्त्रीकरण के मामले में आई.आर.ए. के प्रतिकूल रवैये की इस आयोग की रिपोर्ट पर ब्लेयर सरकार ने डेविड ट्रिम्बल के नेतृत्व वाली उत्तरी आयरलैण्ड की स्वायत्त सरकार को निलम्बित किया है. निलम्बित सरकार के प्रथम मंत्री एवं प्रोटेस्टेंटों की अल्स्टर यूनियनिस्ट पार्टी के नेता डेविड ट्रिम्बल ने स्वायत्त सरकार के निलम्बन को अस्थायी मानते हुए इसकी वापसी की आशा व्यक्त की है.

वाजपेयी की मॉरिशस यात्रा

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी गत 10–12 मार्च, को तीन दिन की मॉरिशस यात्रा पर रहे. 12 मार्च को मॉरिशस के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वह आमंत्रित किए गए थे. गत डेढ़ वर्ष में उनकी यह दूसरी मॉरिशस यात्रा थी. सितम्बर 1998 में द. अफ्रीका में डरबन में सम्पन्न गुट निरपेक्ष राष्ट्रों के शिखर सम्मेलन के पश्चात् स्वदेश लौटते समय श्री वाजपेयी मॉरिशस रुके थे. मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीन चन्द्र रामगुलाम भी बाद में अक्टूबर 1998 में भारत की यात्रा पर आए थे.

श्री वाजपेयी की तीन दिन की मॉरिशस यात्रा के दौरान भारत व मॉरिशस के बीच व्यापार, समुद्री विज्ञान (Oceanogaphy), तटवर्ती निगरानी व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग हेतु समझौतों एवं सहमति-पत्रों पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुए. मॉरिशस में रबीन्द्रनाथ टैगोर की स्मृति में स्थापित होने वाले केन्द्र की आधारशिला इलॉट गाँव में प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी ने अपनी इस यात्रा के दौरान रखी. मॉरिशस के पोर्ट लुई स्थित विश्वविद्यालय ने भी श्री वाजपेयी को 'डॉक्टर ऑफ सिविल लॉ' की मानद उपाधि सम्मानित किया.

उल्लेखनीय है कि भारत एवं मॉरि के बीच पारस्परिक सम्बन्ध काफी रहे हैं. सुरक्षा परिषद् की स्थायी के मुद्दे के साथ-साथ कश्मीर मामले मॉरिशस हमेशा भारत का समर्थक रहा भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के मामले अमरीका व द. कोरिया के पश्चात् मॉरि का वर्तमान में तीसरा स्थान है.

ईसाइयों के गुनाहों के लिए पोप द्वारा क्षमायाचना

रोमन कैथोलिक चर्च के इतिहास में पहली बार पोप ने अपने धर्मावलम्बियों द्वारा अतीत में किए गए उन गुनाहों के लिए क्षमायाचना गत 12 मार्च को वेटिकन सिटी में की है. इन गुनाहों में अल्पसंख्यकों, महिलाओं व मानवाधिकारों के प्रति किए गए गुनाहों के अतिरिक्त ईसाइयों में आपसी बँटवारा (Division) बलपूर्वक धर्मांतरण, कट्टरपंथियों के विरोधियों का दमन (The Inquisition) व यहूदियों के प्रति वैमनस्य के गुनाह भी शामिल हैं.

पोप के रूप में अपने कार्यकाल के सर्वाधिक महत्वपूर्ण कदम के रूप में इस क्षमायाचना करते हुए पोप जॉन पॉल द्वितीय ने कहा कि कुछ ईसाइयों द्वारा उन्हें के दौरान किए गए हिंसा के इस्तेमाल व उन्हें कभार अन्य धर्मों के अनुयायियों के विरुद्ध शत्रुता व अवहेलना के व्यवहार के लिए वह माफी माँगते हैं. क्षमायाचना का यह कार्यक्रम ईसाई धर्म की तीसरी सहस्त्राब्दी प्रारम्भ होने के उपलक्ष में चर्च द्वारा आयोजित वर्ष भर के कार्यक्रमों का महत्वपूर्ण भाग था.

समान भागीदारी का दर्जा मिलने रूस नाटो में शामिल होने को तैय

पश्चिमी देशों के सैन्य संगठन (NATO) के कट्टर आलोचक रहे रू कार्यवाहक राष्ट्रपति व्लादिमीर पूटि बीबीसी द्वारा प्रसारित एक साक्षात्कार कहकर अमरीका एवं प. यूरोपीय राष्ट्रों चकित कर दिया है कि समान भागीदा दर्जा दिए जाने पर वह नाटो का बनने को तैयार है.

ज्ञातव्य है कि रूस सदा ही प देशों के सैन्य संगठन 'नाटो' का आलोचक रहा है तथा हाल ही के व नाटो की पूर्व की ओर विस्तार की आलोचक रहा है. पिछले वर्ष पोलैण्ड, व चैक गणराज्य को नाटो में शामि जाने के मामले में भी रूस ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी. अब स्वयं शामिल होने की सम्भावना व्यक्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूस ने पश्चिमी देशों को असमंजस में डाल दिया है. पश्चिमी विशेषज्ञ रूसी राष्ट्रपति के उपर्युक्त वक्तव्य को फिलहाल कोई नई कूटनयिक चाल मान रहे हैं.

सिएरा लियोन में संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना में भारतीय वायु सेना की टुकड़ी भी शामिल

पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र सिएरा लियोन में शान्ति स्थापना के लिए गत वर्ष से तैनात संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना में अब भारतीय वायु सेना की एक टुकड़ी को भी शामिल कर लिया गया है. भारतीय थल सेना की दो बटालियनें इस शान्ति सेना में गत वर्ष से ही शामिल हैं. ग्रुप कैप्टेन वी. एस. सिवाच के नेतृत्व में भारतीय वायु सेना की एक टुकड़ी गत 13 मार्च को नई दिल्ली से सिएरा लियोन के लिए रवाना हो गई है. इसे एक वर्ष तक वहाँ रहने को कहा गया है. भारत के अतिरिक्त किसी अन्य देश की वायु सेना को वहाँ स्थित संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना में फिलहाल शामिल नहीं किया गया है.

उल्लेखनीय है कि भारतीय वायु सेना इससे पूर्व 1961-62 में कांगो में तथा 1993-94 में सोमालिया में संयुक्त राष्ट्र शान्ति रक्षक सेना में भूमिका निभा चुकी है.

संक्षिप्तकी

नार्वे सरकार के त्यागपत्र से श्रीलंका शान्ति वार्ता खटाई में

विश्वास मत में पराजय के पश्चात् नार्वे में प्रधानमन्त्री जैल मैगने बोदेविक की सरकार ने गत 10 मार्च को त्यागपत्र दे दिया है. सरकार की यह पराजय देश में गैस आधारित बिजलीघरों के निर्माण के मुद्दे पर उपजे मतभेद के कारण हुई है.

नार्वे सरकार के त्यागपत्र के कारण श्रीलंका सरकार व 'लिट्टे' (LTTE) के बीच ओस्लो में प्रस्तावित शान्ति वार्ता का भविष्य खटाई में पड़ गया है. बोदेविक सरकार में विदेश मंत्री रहे वोलबीक दोनों पक्षों की वार्ता नार्वे की राजधानी ओस्लो में सम्पन्न कराने को प्रयासरत् थे.

पाकिस्तानी मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल 6 वर्ष करने का सुझाव

भारत की तर्ज पर पाकिस्तान में भी मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल 6 वर्ष करने का सुझाव पाकिस्तानी चुनाव आयोग ने सरकार को गत मार्च में प्रस्तुत किया है. वर्तमान में वहाँ मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल 3 वर्ष होता है.

चीनी सेना में कटौती का निर्णय

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) देश के लिए एक छोटी किन्तु अर्थपूर्ण सेना तैयार करने के उद्देश्य से सैनिकों की संख्या में 50 लाख की कटौती का निर्णय किया है. यह घोषणा राष्ट्रपति जियांग झेमिन ने गत 10 मार्च को बीजिंग में की है.

शेष पृष्ठ 1186 का

अनुसार यू जी सी ने देश के चुनींदा 20 विश्वविद्यालयों को उत्कृष्ट विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने का निर्णय किया है. इन विश्वविद्यालयों के नाम अभी घोषित नहीं किए गए हैं.

विमान वाहक पोत 'विराट' का नवीकरण सम्पन्न

भारतीय नौसेना के विमान वाहक पोत आई एन एस विराट का, नवीकरण गत मई 1999–फरवरी 2000 के दौरान कोचीन शिपयार्ड में किया गया. नवीकरण के इस कार्य पर 90 करोड़ रुपए व्यय हुए हैं.

62·3 प्रतिशत मतदाताओं को पहचान-पत्र जारी

सरकारी आँकड़ों के अनुसार देश में पंजीकृत मतदाताओं में से 62·3 प्रतिशत को मतदाता पहचान-पत्र जारी किए जा चुके हैं. राज्य सभा में गत 7 मार्च को एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने बताया कि देश में मतदाताओं की कुल संख्या 60,48,67,664 है जिसमें से 37,67,77,932 मतदाताओं को पहचान-पत्र जारी किए जा चुके हैं.

1·1 लाख भारतीयों द्वारा हज यात्रा

भारत से रिकॉर्ड 1·1 लाख व्यक्तियों ने गत मार्च में हज यात्रा की है. हज यात्रा पर भारत के सद्भावना मिशन का नेतृत्व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री सैयद शाहनवाज ने किया.

सांध्यकालीन विधि महाविद्यालय बन्द करने के निर्देश

सांध्यकालीन विधि महाविद्यालयों में विधि शिक्षा के गिरते हुए स्तर को देखते हुए बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने ऐसे सभी महाविद्यालयों को आगामी सत्र से बन्द करने या उन्हें पूर्णकालिक महाविद्यालयों में परिवर्तित करने के निर्देश जारी किए हैं. ●●●

शेष पृष्ठ 1192 का

राव ने गत 2 मार्च को राज्य सभा में बताया है कि भारत में कुपोषितों की संख्या अनुमानतः 20·44 करोड़ है जो विश्व में कुल कुपोषित जनसंख्या का लगभग एक चौथाई है.

समुद्री ज्वार की ऊर्जा से विद्युत उत्पादन की योजना

समुद्री ज्वार की ऊर्जा से विद्युत उत्पादन करने की एक योजना की रूपरेखा प. बंगाल की अक्षय ऊर्जा एजेंसी द्वारा बनाई जा रही है. यह बिजलीघर सुंदरबन क्षेत्र में दुर्गादवानी क्रीक में स्थापित करने की योजना है. स्थापित होने पर यह समुद्री ज्वार की ऊर्जा पर आधारित देश का पहला बिजलीघर होगा.

भारत से चाय का निर्यात

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री मुरासोली मारन के अनुसार बीते वर्ष 1999 के दौरान भारत से 1848·63 करोड़ रुपए मूल्य की 19·018 करोड़ किग्रा चाय का निर्यात किया गया, जबकि पूर्व वर्ष में 2309·44 करोड़ रुपए की 21·034 करोड़ किग्रा चाय का निर्यात किया गया था. चाय के स्वदेशी उत्पादन में कमी को निर्यात में कमी का मुख्य कारण बताया गया है.

गैस प्राधिकरण की गैस पाइप लाइन परियोजना हेतु एडीबी का ऋण

भारतीय गैस प्राधिकरण लि. (GAIL) की जामनगर-कांडला-लोनी गैस पाइप लाइन के लिए एशियाई विकास बैंक ने 15 करोड़ डॉलर का ऋण गत फरवरी माह में स्वीकृत किया है. 1260 किमी की यह गैस पाइप लाइन विश्व की सबसे लम्बी गैस पाइप लाइन होगी.

लक्ष्मी मित्तल ब्रिटेन में सर्वाधिक धनी एशियाई

लंदन के दैनिक 'संडे टाइम्स' के अनुसार ब्रिटेन में रहने वाले सर्वाधिक धनी एशियाइयों में पहला स्थान लक्ष्मी मित्तल का है. 'इस्पात इंटरनेशनल स्टील' के संस्थापक लक्ष्मी मित्तल ने पिछले वर्ष ब्रिटेन के सर्वाधिक सम्पन्न एशियाई रहे हिन्दुजा भाइयों को इस वर्ष दूसरे स्थान पर विस्थापित कर दिया है. ●●●

उपकार

राजस्थान

पुलिस कॉंस्टेबिल भर्ती परीक्षा

लेखक : डॉ. लाल एवं जैन

मूल्य : 34 रुपए

विषय के विशेषज्ञों द्वारा लिखित इस पुस्तक में परीक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण सामग्री दी गई है. इस पुस्तक को पढ़कर आप अवश्य लाभान्वित होंगे.

आज ही अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से खरीदें अथवा हमें निम्न पते पर 25/- रु का मनीऑर्डर सीधे भेजकर वी पी पी द्वारा प्राप्त करें

उपकार प्रकाशन

2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002

फोन : 351238, 351002, 322930; फैक्स : (0562) 351251

e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रीड़ा जगत

फरवरी 2000

16 कलकत्ता में समाप्त हुई 11वीं गुडरिक अन्तर्राष्ट्रीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता अमरीकी ग्रांड मास्टर ग्रेगरी कैदानोव ने सर्वाधिक 8·5 अंक अर्जित करके जीती.

– सिंगापुर में भारत के चेतन बबूर व एस. रमन की जोड़ी ने राष्ट्रमण्डल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का पुरुष युगल खिताब जीतने में सफलता प्राप्त की.

18 कोझीकोडे में समाप्त हुई महिलाओं की 14वीं जूनियर शतरंज राष्ट्रीय चैम्पियनशिप निशा मोहता ने जीती.

19 लाहौर में खेले गए तीसरे मैच में पाकिस्तान को 104 रन से हराकर श्रीलंका ने मेजबान टीम के विरुद्ध 3 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों की शृंखला 3–0 से जीत ली. श्रीलंका ने शृंखला के पहले दोनों मैच क्रमशः कराची व गुजरांवाला में जीते थे.

– रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला को फाइनल में अवरोधभंजक दौर में 5–3 से हरा कर भारतीय नौसेना ने कोटा में सम्पन्न 20वाँ डीसीएम श्रीराम अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेन्ट जीत लिया.

21 सीमा सुरक्षा बल, जालंधर को फाइनल में 1-0 से हराकर एयर इंडिया, मुम्बई ने नई दिल्ली में सम्पन्न पहला अयूर गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेन्ट जीत लिया.

– गुजरात के रूपेश शाह को फाइनल में हरा कर मुम्बई के यासीन मर्चेन्ट ने बंगलौर में सम्पन्न 66वीं सीनियर राष्ट्रीय स्नूकर प्रतियोगिता का सिरमौर जीत लिया.

23 भोपाल में अन्तर्राष्ट्रीय एथलेटिक सर्किट मीट में भारत की अंजू मार्कोस ने महिलाओं की लम्बी कूद स्पर्धा में 6·59 मी की छलांग लगा कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया.

25 भारत के शक्ति सिंह ने नई दिल्ली में दूसरी अन्तर्राष्ट्रीय एथलेटिक सर्किट प्रतियोगिता में 20·09 मी गोला फेंक कर इस स्पर्द्धा का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया.

– कुआलालम्पुर में ताइवान को फाइनल में हराकर चीन ने महिलाओं की विश्व टीम टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 13वीं बार जीतने में सफलता प्राप्त की.

– कोच्चि में सम्पन्न 55वीं अन्तर-राज्यीय सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (PSCB) ने पुरुष व महिला, दोनों ही वर्गों के खिताब जीते. पुरुष वर्ग में केरल व महिला वर्ग में कर्नाटक उपविजेता रहे.

26 गत विजेता चीन को फाइनल में हराकर स्वीडन ने पुरुषों की विश्व टीम टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का स्वेथलिंग कप कुआलालम्पुर में जीत लिया.

– जयपुर में 21वीं राष्ट्रीय सीनियर सॉफ्टबाल प्रतियोगिता का महिला वर्ग का खिताब पंजाब ने फाइनल में गत विजेता मध्य प्रदेश को हराकर जीत लिया.

– क्राइस्टचर्च में मेजबान न्यूजीलैण्ड को एकदिवसीय क्रिकेट मैच में हराकर आस्ट्रेलिया ने एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में अपनी लगातार 12वीं जीत दर्ज की और एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया. इससे पूर्व लगातार 11 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में विजयी रहने का विश्व रिकॉर्ड वेस्ट इंडीज व इंगलैण्ड के नाम था.

– कुआलालम्पुर में सम्पन्न अजलनशाह कप हॉकी टूर्नामेन्ट का खिताब गत विजेता पाकिस्तान ने फाइनल में द. कोरिया को 1-0 से हराकर जीता. भारत ने इस टूर्नामेन्ट में तीसरा स्थान प्राप्त किया. साफ-सुथरे खेल के लिए फेयर प्ले ट्रॉफी भारत को प्रदान की गई. द. कोरिया के यिओ वून कॉन को टूर्नामेन्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया.

– भारत-अफ्रीका टेस्ट शृंखला का पहला टेस्ट मैच मुम्बई में भारत को 4 विकेट से हरा कर आस्ट्रेलिया ने मैच के तीसरे दिन ही जीत लिया. भारतीय टीम के कप्तान सचिन तेंदुलकर को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया. अनिल कुम्बले अपना 267वाँ टेस्ट विकेट लेकर कपिलदेव के बाद दूसरे सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय खिलाड़ी हो गए.

27 जयपुर में सम्पन्न 21वीं राष्ट्रीय सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश ने पुरुषों का खिताब जीता.

28 कोझीकोडे में पंजाब को फाइनल में हराकर केरल ने महिलाओं की 28वीं राष्ट्रीय हैंडबाल चैम्पियनशिप जीत ली.

मार्च 2000

1 कोच्चि में 64वीं सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष एकल खिताब गत वर्ष के विजेताओं पी. गोपीचंद व अपर्णा पोपट ने जीते. **गोपीचंद ने लगातार चौथी व अपर्णा ने लगातार तीसरी बार यह जीतने में सफलता प्राप्त की है.**

– न्यूजीलैण्ड के दौरे पर आए ने 6 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच शृंखला का पाँचवाँ मैच जीतकर (शृंखला पहला मैच वर्षा के कारण रद्द हो गया एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में 13वाँ मैच जीत कर अपने विश्व रिसुधार किया.

3 अन्तर्राष्ट्रीय एथलेटिक के हिसार में सम्पन्न तीसरे चरण की के. जेबेश्वरी देवी ने हैमर राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया. इस स्पर्द्धा का अपना ही पुराना रिकॉर्ड भंग किया.

– सांगली में समाप्त हुई अन्तर्राष्ट्रीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता खिताब अर्जेन्टीना के ग्रांड मास्टर सोरोकिन ने 8·5 अंक अर्जित करके इसी प्रतियोगिता में शामिल राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का सिरमौर भारत के. शशिकिरन ने जीता.

सन् 2006 के एशियाई खेलों की मेजबानी हेतु चार शहरों की दावेदारी

सन् 2006 में होने वाले एशियाई खेलों की मेजबानी के लिए चार शहर दावेदार हैं. इनमें नई दिल्ली भी शामिल है. इस मेजबानी का दावा करने वाले तीन अन्य शहर हांगकांग, कुआलालम्पुर तथा दोहा (कतर)

पहले अफ्रो-एशियाई खेल नई दिल्ली में

नवम्बर 2001 में होने वाले पहले एशियाई खेलों की मेजबानी भारत को दी गई है. 3–11 नवम्बर, 2001 के दौरान ये खेल नई दिल्ली में सम्पन्न होंगे. इनमें 6 खेलों की स्पर्द्धाएं शामिल की गई हैं. उनके नाम हैं–एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, टेनिस, फुटबाल व तैराकी.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रतियोगिता के दौरान के. शशिकिरन ने ग्रांड मास्टर (दल) व पी. हरिकृष्ण ने इंटरनेशनल मास्टर (IM) के खिताब प्राप्त कर लिए.

विश्वनाथन आनंद, दिब्येंदु बरुआ, प्रवीण थिप्से व अभिजीत कुंटे के पश्चात् शशिकिरन भारत के पाँचवें ग्रांडमास्टर हैं.

– न्यूजीलैण्ड के दौरे पर गई आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम छः एकदिवसीय मैचों की शृंखला के अन्तिम मैच में ऑकलैण्ड में न्यूजीलैण्ड से पराजित हो गई. इससे आस्ट्रेलिया इस शृंखला में 4–1 से विजयी रहा.

6 भारत-द. अफ्रीका टेस्ट शृंखला के बंगलौर में खेले गए दूसरे व अन्तिम टेस्ट मैच में द. अफ्रीका ने पारी व 71 रन से विजय प्राप्त की. सचिन तेंदुलकर के नेतृत्व में भारत ने यह टेस्ट शृंखला 0-2 से खोई. अपने ही देश में भारत 1986-87 के पश्चात् पहली बार किसी टेस्ट शृंखला में पराजित हुआ है. द. अफ्रीका के निकी बोए को बंगलौर टेस्ट का 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया, जबकि 'मैन ऑफ द सीरिज' का पुरस्कार द. अफ्रीका के जैक कॉलिस को प्रदान किया गया.

आई.सी.सी. क्रिकेट सप्ताह
(2–9 अप्रैल, 2000)

विश्व में क्रिकेट के प्रसार एवं इस खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) द्वारा इस वर्ष 2–9 अप्रैल को आई.सी.सी. क्रिकेट सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा. इस सप्ताह में पहली बार एशिया व शेष विश्व के मध्य एक एकदिवसीय मैच आयोजित किया गया है. यह मैच 8 अप्रैल को ढाका में खेला जाएगा.

9 गैरी क्रिस्टेन व हर्शेल गिब्स की शतकीय पारियों के बल पर द. अफ्रीका की तीन विकेट पर 301 रनों की मजबूत पारी के बावजूद सौरभ गांगुली के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम ने कोच्चि में द. अफ्रीकी टीम को पाँच एकदिवसीय मैचों की शृंखला के पहले मैच में 3 विकेट से पराजित कर दिया. भारत के अजय जडेजा को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया.

5 एकदिवसीय मैचों की इस शृंखला में सौरभ गांगुली को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है.

– पेशावर में तीन टेस्ट मैचों की शृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 57 रन से हराकर श्रीलंका ने इस शृंखला में 2-0 की निर्णायक बढ़त प्राप्त कर ली.

11 लिनारेस में समाप्त हुई 17वीं लिनारेस शतरंज प्रतियोगिता का खिताब रूस के गैरी कास्पारोव व रूस के ही व्लादिमीर क्रामनिक ने संयुक्त रूप से जीता. इस टूर्नामेन्ट में पहली बार ही दो खिलाड़ियों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया है.

– कलकत्ता में समाप्त हुई सीनियर राष्ट्रीय ग्रासकोर्ट टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः बंगाल के सैयद फजलुद्दीन व महाराष्ट्र की राधिका तुलपुले ने जीते. इन खिताबों के लिए फजलुद्दीन ने विजय कन्नन को व राधिका ने साई जयलक्ष्मी को फाइनल में हराया.

12 'बंगाल टाइगर' के नाम से प्रसिद्ध कप्तान सौरभ गांगुली की 105 रन की नाबाद पारी के बल पर भारतीय क्रिकेट टीम ने जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में द. अफ्रीका को 6 विकेट से हराकर 5 एकदिवसीय मैचों की शृंखला में 2–0 की बढ़त प्राप्त कर ली. 4 छक्कों व 10 चौकों की मदद से 105 रन (नॉट आउट) की पारी खेलने वाले बंगाल टाइगर सौरभ गांगुली को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया.

13 चेन्नई में समाप्त हुई 11वीं राष्ट्रीय संस्थानिक शतरंज प्रतियोगिता तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) ने जीती. दूसरा स्थान इंडियन एयरलाइंस का रहा.

– विजयवाड़ा में राष्ट्रीय युवा (अंडर 25) शतरंज प्रतियोगिता का खिताब एल.आई.सी. के दिनेश कुमार शर्मा ने जीता.

– बर्मिंघम में ऑल इंगलैण्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के सभी पाँच व्यक्तिगत खिताब एशियाई खिलाड़ियों ने जीते. पुरुषों का एकल खिताब चीन के शिया शुएंज (Xia Xuanze) ने व महिलाओं का एकल चीन की गोंग शिचाओ (Gong Zhichao) ने जीता. ●●●

सूचना

प्रतियोगिता दर्पण के निम्नलिखित जिल्द बंधे अंक सीमित संख्या में उपलब्ध हैं. आप 50/- का मनीऑर्डर भेजकर वी.पी.पी. द्वारा कोई भी अंक मँगा सकते हैं. अंकों के मूल्य निम्नलिखित प्रकार हैं–

	मूल्य
☞ जनवरी 95 से जून 95 तक	65·00
☞ जुलाई 95 से दिसम्बर 95 तक	75·00
☞ जनवरी 96 से जून 96 तक	80·00
☞ जुलाई 96 से दिसम्बर 96 तक	85·00
☞ जनवरी 97 से जून 97 तक	80·00
☞ जुलाई 97 से दिसम्बर 97 तक	90·00
☞ जनवरी 98 से जून 98 तक	80·00
☞ जुलाई 98 से दिसम्बर 98 तक	90·00
☞ जनवरी 99 से जून 99 तक	145·00
☞ जुलाई 99 से दिसम्बर 99 तक	150·00

प्रतियोगिता दर्पण
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएं

2000

9 अप्रैल—सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा.
16 अप्रैल—होटल प्रबन्धन में त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा.
22, 23, 24 अप्रैल—म. प्र. पी. एम. टी. परीक्षा.
23 अप्रैल—स्टेट बैंक प्रोबेशनरी अधिकारी परीक्षा
25 एवं 26 अप्रैल—म. प्र. पी. ई. टी./पी. ए. टी. परीक्षा.
30 अप्रैल—मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रा. परीक्षा.
7 मई—आई.आई.टी. मुख्य परीक्षा.
7 मई—आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल कॉलेज (AFMC) एम.बी.बी.एस. प्रवेश परीक्षा.
11-12 मई—राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा.
14 मई—सी.बी.एस.ई. मेडिकल प्रवेश परीक्षा.
14 मई—बी एस.आर.बी. (कलकत्ता) क्लेरीकल परीक्षा.
18-19 मई—उत्तर प्रदेश राज्य इन्जीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (UPSEAT-2000)
21 मई—एस. एस. सी. संयुक्त प्रारम्भिक (मैट्रिक स्तर) परीक्षा.
24-27 मई—राजस्थान प्री. मेडिकल परीक्षा.
28 मई—उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा.
28-30 मई—उत्तर प्रदेश पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा सत्र–2000-2001
29 मई—उत्तर प्रदेश मैनेजमेंट एवं एम.सी.ए. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (UPMCAT).
4 जून—सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2000
4 जून—बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में मेडिकल प्रवेश परीक्षा.
11 जून—चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ बी. एड. प्रवेश परीक्षा.
25 जून—विज्ञान विषयों में सी.एस.आई.आर.–यू.जी.सी. परीक्षा (नेट).
2 जुलाई—सी. पी. एम. टी. (उ. प्र.) का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर.
2 जुलाई—यू.जी.सी. परीक्षा (नेट)–2000
23 जुलाई—भारतीय वन सेवा परीक्षा.
30 अक्टूबर—बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (चेन्नई) पी.ओ. परीक्षा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य

- उत्तर प्रदेश सरकार ने नया लोकायुक्त किसे नियुक्त किया है? – न्यायाधीश एस. सी.
- वर्तमान में चर्चित गुजरात राज्य सरकार में गृहमंत्री कौन है? – हरेन पं
- उड़ीसा सरकार ने मुख्य सचिव किसे नियुक्त किया है? – सुधांशु मोहन पट
- 15वीं राष्ट्रमण्डल टेबिल टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन मार्च 2001 में कहाँ होगा?
- सन् 2003 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट के निदेशक कौन हैं? – पी
- राष्ट्रमण्डल टेबिल टेनिस महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष का दर्जा जीवनपर्यन्त किसे प्रदान किया गया है? – अली
- चेन्नई में सम्पन्न हुए अखिल भारतीय वन खेलों में प्रथम स्थान किसने प्राप्त किया है? – टी. डी. रंगरामानु
- 15–18 फरवरी, 2000 के मध्य नई दिल्ली में सम्पन्न महिलाओं के राष्ट्रीय खेल महोत्सव में ओवर ऑल चैम्पियनशिप किसने जीती? – मध्य
- उत्तर प्रदेश सरकार ने नवगठित डाइवेस्टमेंट आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया है? – पश्चिम बं
- मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में बेदराडीह में हीरे के खनन के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनी के प्रस्ताव को केन्द्र सरकार ने अन्त अनुमोदन प्रदान कर दिया है? – अशोक
- राजस्थान में निजी क्षेत्र का पहला मेडिकल कालेज कहाँ निर्माणाधीन है? – विजय कुमार छत्तीसगढ़ एक्सप्लोरेशन
- राजस्थान के विश्वविद्यालयी एवं महाविद्यालयी छात्रों का 'महोत्सव संस्कृति–2000' फरवरी माह में कहाँ सम्पन्न हुआ? – जयपुर में सीतापुरा औद्योगिक क्षे
- जोकरों का दो दिवसीय 'क्लाउन सम्मेलन' फरवरी 2000 में कहाँ सम्पन्न हुआ? – उदय
- हैदराबाद में रामोजी फिल्म सिटी में 26 फरवरी, 2000 को किसे मिलेनियम ग्रासिम मिस्टर इंडिया–2000 चुना गया है? – हैदरा
- मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है? – आर्यन वैद (तुर्
- इंडोनेशिया में राष्ट्रपति अब्दुर्रहमान वाहिद का राजनीतिक सलाहकार किसे नियुक्त किया गया है? – न्यायमूर्ति भवानी सि
- किस देश में बहुराष्ट्रीय सेना के स्थान पर अब संयुक्त राष्ट्र की शान्ति सेना तैनात हो गई है? – हेनरी किसिं
- मेयोन ज्वालामुखी, जिसमें हाल ही में विस्फोट हुआ है, किस देश में स्थित है? – पूर्वी ति
- वेनिस फिल्म समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेन्ट पुरस्कार किसे मिला है? – फिलि
- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकार में वित्त मंत्री किसे बनाया है? – क्लिंट ईस्ट
- भारत की पहली हिजड़ा विधायक शबनम मौसी मध्य प्रदेश के किस विधान सभा क्षेत्र से विधायक चुनी गई है? –प्रद्युम
- वर्ष 2000–2001 के बजट में रक्षा मद में आवंटन का प्रावधान कितना है? – सुहागपुर विधान सभा
- मंगलौर पावर प्लांट से अमरीकी कम्पनी कोंजेट्रिक्स के हटने के बाद कौनसी कम्पनी इस परियोजना में शामिल हुई है? – 58,587 करोड़ रु
- रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के टाइम्स बैंक के किस बैंक में विलय की योजना का अनुमोदन कर दिया है? – टाटा इलेक्ट्रिक कं
- भारतीय मूल के किस व्यक्ति को कनाडा के ब्रिटिश कोलम्बिया प्रान्त का प्रधानमन्त्री चुना गया है? – एच डी एफ सी
- संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन का 10वाँ सत्र 12–19 फरवरी तक कहाँ सम्पन्न हुआ? – उज्जल दो
- देश में प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण हेतु केन्द्र सरकार की कौनसी अभियान चलाने की योजना है? – बैंक
- भारतीय वायुसेना व थल सेना का एक संयुक्त युद्धाभ्यास फरवरी में राजस्थान में पंजाब व हरियाणा के सीमावर्ती सूरतगढ़ व रत्न में सम्पन्न हुआ, इसे क्या नाम दिया गया? – सर्व शिक्षा अभि
– ऑपरेशन विजय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एस.एस.सी. द्वारा आयोजित परीक्षा में चयनित

श्री अनिल कुमार सिंह

एस.एस.सी. द्वारा आयोजित परीक्षा में सफल श्री अनिल कुमार सिंह के व्यक्तिगत अनुभवों से अपने आगामी पाठक प्रत्याशियों का मार्गदर्शन करने के लिए हम उनके साथ सामान्य ज्ञान दर्पण की अर्थपूर्ण भेंटवार्ता को मूल रूप में प्रकाशित कर रहे हैं.

सा. ज्ञा. द.–प्रथमतः कृपया अपनी सफलता हेतु 'प्रतियोगिता दर्पण', 'सामान्य ज्ञान दर्पण' तथा 'उपकार प्रकाशन' की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं स्वीकार करें.

अनिल–जी. बहुत-बहुत धन्यवाद.

सा. ज्ञा. द.–आपने कितने प्रयासों में यह सफलता प्राप्त की?

अनिल–इस सेवा हेतु यह मेरा दूसरा प्रयास था.

सा. ज्ञा. द.–अपनी सफलता के पूर्व आप पहले के सफलतम प्रत्याशियों के बारे में क्या सोचते थे?

अनिल–मेरे कई मित्र एस.एस.सी. तथा बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी करते थे. मेरे मित्र धर्मेन्द्र कुमार राय की सफलता ने मुझे काफी प्रेरित किया जो बैंकिंग सेवा के लिए चुने गए थे. मैं समझता हूँ कि आगामी प्रतियोगियों को सफल प्रत्याशियों से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए.

सा. ज्ञा. द.–वर्तमान समय में युवा प्रतियोगियों का आकर्षण 'सिविल सेवाओं' की ओर बढ़ा है. ऐसी स्थिति में आपने इस सेवा में जाने का फैसला कैसे लिया?

अनिल–वर्तमान समय में आपका यह कहना सही हो सकता है, परन्तु पूर्णतया नहीं. यदि मैं कहूँ तो युवा प्रत्याशियों का आकर्षण बैंकिंग/एस.एस.सी./रेलवे आदि परीक्षाओं के प्रति ज्यादा है. आप खुद भी देख सकते हैं कि सिविल सेवा प्रतियोगिता की अपेक्षा इन परीक्षाओं के प्रत्याशियों की संख्या बहुत ज्यादा है. रोजगार प्राप्ति की दृष्टि से इस सेवा में जाकर भी सन्तुष्टि प्राप्त की जा सकती है.

सा. ज्ञा. द.–अपनी सफलता का मूल-मंत्र बताएं?

अनिल–ईश्वर की अनुकम्पा, माता-पिता का आशीर्वाद, प्रिय मित्र धर्मेन्द्र कुमार राय का सहयोग तथा मेरा परिश्रम.

सा. ज्ञा. द.–आपने परीक्षा की तैयारी कैसे की?

अनिल–वर्तमान समय में इस परीक्षा का स्वरूप बदल गया है. अब यह परीक्षा



..... मेरी शत-प्रतिशत तैयारी 'सामान्य ज्ञान दर्पण' एवं 'प्रतियोगिता दर्पण' पत्रिकाओं पर आधारित रही है.

..... इन पत्रिकाओं की इतनी अधिक सामग्री, वह भी त्रुटि रहित, काफी उत्कृष्ट होती है.

..... उपकार की प्रैक्टिस वर्क-बुक मेरी सफलता में मील का पत्थर सिद्ध हुई हैं.

एस.एस.सी. संयुक्त प्रारम्भिक (मैट्रिक स्तर) कहलाने लगी है, लेकिन पिछली परीक्षा जिसमें मैं बैठा था और सफल हुआ (परीक्षा परिणाम दिसम्बर 1999 में इंटरनेट पर उपलब्ध हुआ). उस समय यह परीक्षा दो स्तर पर होती थी. प्रारम्भिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) तथा टंकण कला. वस्तुनिष्ठ परीक्षा की तैयारी मैंने सिर्फ 'प्रतियोगिता दर्पण', 'सामान्य ज्ञान दर्पण' और उपकार की पुस्तकों से की (100 प्रतिशत तैयारी) मुझे अन्य किसी भी पुस्तक और कोचिंग की आवश्यकता महसूस नहीं हुई.

इस प्रतियोगिता परीक्षा में समय का सर्वाधिक महत्व होता है. अतः मैंने इस तथ्य को ध्यान में रखकर लिखित परीक्षा की तैयारी इस ढंग से की कि निर्धारित समय सीमा में ही सभी प्रश्नों को हल कर सकूँ. इस प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हेतु गहन/लगातार अभ्यास में रहना अत्यावश्यक होता है. **इस अभ्यास में मेरा साथ दिया 'प्रतियोगिता दर्पण' और 'सामान्य ज्ञान दर्पण' पत्रिकाओं में प्रकाशित सैटों ने. इनका लगातार अभ्यास मेरी सफलता में मील का पत्थर सिद्ध हुआ.** मैं आगामी प्रतियोगियों से यह भी कहना चाहूँगा कि यदि इस परीक्षा की तैयारी कुछ मित्रों के सहयोग से की जाए तो तैयारी को ठोस स्वरूप प्राप्त होगा.

पाठ्य सामग्री

- *प्रतियोगिता दर्पण, सामान्य ज्ञान दर्पण पत्रिकाएं*
- *प्रतियोगिता दर्पण तथा सामान्य ज्ञान दर्पण के विशेष अतिरिक्तांक*
- *परीक्षा से सम्बन्धित उपकार गाइड तथा उपकार की अन्य पुस्तकें*
- *उपकार की प्रैक्टिस वर्क बुक*
- *उपकार मानक टंकण कला*
- *उपकार व्यावहारिक टंकण कला*

सा. ज्ञा. द.–आपके अनुसार परीक्षा हॉल में प्रतियोगियों को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

अनिल–परीक्षा हॉल में परीक्षार्थियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए. इधर-उधर ध्यान नहीं देकर एकाग्रचित्त होकर प्रश्नों को हल करना चाहिए. जो प्रश्न कठिन लगें, उन्हें बाद में हल करना चाहिए. किसी प्रश्न को छोड़ना नहीं चाहिए.

सा. ज्ञा. द.–हम इस परीक्षा को ध्यान में रखकर समय-समय पर अतिरिक्तांकों/विशेषांकों का प्रकाशन करते हैं. आपकी दृष्टि में यह कितना लाभप्रद होता है?

अनिल–यह भटकते हुए प्रतियोगियों को स्थिरता प्रदान करता है. परीक्षा के कुछ समय पहले इनका प्रकाशन प्रतियोगियों को काफी राहत पहुँचाता है और उनकी तैयारी को अन्तिम रूप प्रदान करता है. **एक साथ इतनी अधिक सामग्री वह भी त्रुटि रहित, काफी उत्कृष्ट होती है.** आज अधिक से अधिक प्रत्याशी इसका लाभ प्राप्त कर रहे हैं. इनका अध्ययन प्रत्याशियों के लिए सामयिक है.

सा. ज्ञा. द.–आपकी दृष्टि में इन परीक्षाओं की तैयारी में प्रतियोगितात्मक पत्रिकाओं का क्या योगदान होता है?

अनिल–ये पत्रिकाएं प्रतियोगियों की सहायक एवं मार्गदर्शक होती हैं, लेकिन सभी प्रतियोगितात्मक पत्रिकाएं इस परीक्षा के लिए उपयुक्त हों, ऐसा नहीं है. **वस्तुतः सही पत्रिका का चयन ही प्रत्याशी की सफलता का आधार हो सकता है.**

सा. ज्ञा. द.–इस दृष्टि से आप 'सामान्य ज्ञान दर्पण' और 'प्रतियोगिता दर्पण' के बारे में क्या विचार रखते हैं? निष्पक्ष रूप से बताएं.

शेष पृष्ठ 1210 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार संचयिका

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

1. सभा, समिति तथा विदथ नामक संस्था किस वैदिक काल में नष्ट हो गई?
   – उत्तर वैदिक काल में
2. अशोक ने किस बौद्ध भिक्षु से बौद्ध धर्म की शिक्षा ग्रहण की थी?
   – उपगुप्त
3. 'माध्यमिक सूत्र' नामक ग्रन्थ की रचना किसने की?
   – नागार्जुन
4. 'महाबलिपुरम' के रथ मन्दिरों का निर्माण किसने करवाया था?
   – नरसिंहवर्मन प्रथम
5. मुगल साम्राज्य की शासकीय भाषा थी–
   – फारसी
6. किस शासक ने 'सिकन्दर द्वितीय' की उपाधि धारण की थी?
   – अलाउद्दीन खिलजी
7. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम सचिव कौन थे?
   – कुंजरू
8. 'न अपील न वकील न दलील' कथन किस एक्ट से सम्बन्धित है?
   – रौलट एक्ट
9. सन् 1936 ई. में 'लेबर पार्टी' की स्थापना किसने की थी?
   – एस. एम. जोशी

राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन

10. 1857 ई. के सिपाही विद्रोह को किसने 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' की संज्ञा दी?'
    – साबरकर
11. भारत का राष्ट्रीय गीत 'वन्देमातरम', 'आनंद मठ' नामक पुस्तक से लिया गया है. इस पुस्तक के लेखक कौन हैं?
    – बंकिम चन्द्र चटर्जी
12. 'स्वराज्य' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस राजनेता ने किया था?
    – बाल गंगाधर तिलक
13. 'युवा बंगाल आन्दोलन' किसने आरम्भ किया था?
    – डेरोजियो
14. 'कांग्रेस के लोग पदों के भूखे हैं'. यह कथन किसका है?
    – लोकमान्य तिलक
15. गांधीजी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन कब प्रारम्भ किया था?
    – 1930 ई. में
16. भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को किस वर्ष फाँसी दी गई?
    – 1931 ई. में
17. ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध कूका आन्दोलन का नेता कौन था?
    – रामसिंह
18. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
    – स्वामी विवेकानन्द
19. रानी लक्ष्मी बाई की समाधि किस नगर में स्थित है?
    – ग्वालियर में

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

20. संसद में कौन शामिल है?
    – राष्ट्रपति, लोक सभा तथा राज्य सभा
21. किस संविधान संशोधन में प्रस्तावना को संशोधित किया गया?
    – 42वाँ संशोधन
22. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् किसके प्रति उत्तरदायी होती है?
    – लोक सभा के प्रति
23. राज्यपाल किसके प्रति उत्तरदायी होता है?
    – राष्ट्रपति
24. वित्तीय आपात की घोषणा राष्ट्रपति किस अनुच्छेद के आधार पर कर सकता है?
    – अनु. 360
25. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में 'संघ सूची, राज्य सूची तथा समवर्ती सूची' का उल्लेख किया गया है?
    – सातवीं अनुसूची में
26. न्यायिक पुनरीक्षण किस देश के संविधान से लिए गए हैं?
    – अमरीका
27. संविधान के प्रारूप पर कुल दिनों की बहस हुई थी?
    – 114
28. सर्वप्रथम किस राज्य में आपात की घोषणा की गई थी?
    –
29. निर्वाचन आयोग का गठन कब गया?
    – 1950

भारत एवं विश्व का भूगोल

30. विश्व का सबसे बड़ा बन्दरगाह स्थित है?
    – न्यूयॉ
31. बांदीपुर सैंक्चुअरी स्थित है–
    – कर्नाटक
32. मृदा का निर्माण किस चट्टान से है?
    – अवसादी च
33. विश्व की सबसे लम्बा रेलमार्ग साइबेरियन की लम्बाई कितनी है?
    – 9438
34. 'विली-विली' एक स्थानीय पवन है, चलती है–
    – आस्ट्रेलिया
35. विश्व की किस जनजाति में वृद्धों जान से मार डालने की प्रथा प्र है?
    –
36. 'Mother of Pearl Clouds' मण्डल में पाए जाते हैं?
    – ओजोन
37. 'सोनोरान' नामक रेगिस्तान कहाँ है?
    – उत्तरी अमरीका
38. सूर्य एवं चन्द्रमा के प्रकाश को तक पहुँचने में क्रमशः कितना लगता है?
    – 8 मिनट 16.6 सेकेण्ड
39. भारत में जूट का सर्वाधिक उत्पा किस राज्य में होता है?
    – प. ब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

40. बिहार राज्य से कुल कितने राज्य सटे हुए हैं?
– 4

41. विश्व में सर्वाधिक चाँदी का उत्पादन किस देश में होता है?
– मैक्सिको

42. हवाई द्वीप समूह की खोज किसने की थी?
– कैप्टन कुक

43. जौनपुर किस नदी के किनारे बसा है?
– गोमती

44. 'हिन्डनवर्ग रेखा' किन दो देशों के बीच सीमा रेखा है?
– जर्मनी-पोलैण्ड

45. लेबनान की राजधानी कहाँ स्थित है?
– बेरूत

46. एशिया का पहला और विश्व का तीसरा मीथेन गैस कुआँ भारत में बिहार राज्य के किस जिले में खोदा गया है?
– बोकारो (चंदन कियारी के पर्वतपुर में)

47. 'ह्वांगहो' नदी का उद्‌गम स्थल है–
– द. क्वांग्सी

48. बिहार की जनजातियाँ सामान्यतः किस प्रजाति वर्ग की हैं?
– प्रोटो आस्ट्रेलायड

भारतीय अर्थव्यवस्था

49. 'आर्थिक शोषण' का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया था?
– दादा भाई नौरोजी ने

50. सेबी (SEBI–Securities and Exchange Board of India) का गठन कब किया गया?
– 12 अप्रैल, 1988 ई. को

51. द्वीप विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष कौन होता है?
– प्रधानमंत्री

52. कृषि जोतों पर कर लगाने का सुझाव किस समिति ने दिया था?
– राज समिति

53. वर्ष 1997-98 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तृतीय क्षेत्र (सेवाएं) का योगदान कितना रहा?
– 46.40%

54. एपेक (APEC) का सातवाँ शिखर सम्मेलन 12-13 सितम्बर, 1999 को कहाँ आयोजित किया गया था?
– ऑकलैण्ड (न्यूजीलैण्ड)

55. 'आर्थर क्लार्क' ने संचार उपग्रह का विचार सर्वप्रथम कब प्रस्तुत किया?
– 20 दिसम्बर, 1991

56. केन्द्र सरकार ने वर्ष 1999-2000 के लिए सामान्य किस्म के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल कितना निर्धारित किया है?
– 490 रु. प्रति क्विंटल

57. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने वर्ष 1999 की मानव विकास रिपोर्ट जारी की है. जिसमें भारत का स्थान विश्व में कौनसा है?
– 132वाँ

58. 'ऑपरेशन फ्लड' किससे सम्बद्ध है?
– दुग्ध उत्पादन से

सामान्य विज्ञान

59. 'बिट' (Bit) क्या है?
– कम्प्यूटर के आँकड़े प्रदर्शित करने का मूल मात्रक

60. डायोड वाल्व के दो प्रमुख अवयव कौन-कौनसे हैं?
– प्लेट तथा कैथोड

61. किस कोशिका को 'आत्म हत्या की थैली' (Suicide bag) कहा जाता है?
– लाइसोसोम

62. शोरा क्या होता है
– पोटेशियम नाइट्रेट (KNO_3)

63. प्रोटॉन की खोज किसने की थी?
– रदरफोर्ड ने

64. विटामिन H का रासायनिक नाम क्या है?
– वायोटिन

65. 'ब्राउन सुगर' क्या है?
– एक मादक द्रव्य

66. मनुष्यों में हरपीस (Herpes) रोग किस विषाणु (Viruses) के द्वारा होता है?
– हरपीस वाइरस (Herpes Viruses)

67. 'हत्फ–I' क्या है?
– पाकिस्तान द्वारा निर्मित एक प्रक्षेपास्त्र

खेलकूद

68. किस जर्मन महिला टेनिस खिलाड़ी ने टेनिस जीवन से संन्यास ले लिया?
– स्टेफी ग्राफ

69. सन् 2002 ई. के विश्व कप फुटबाल का फाइनल मैच जापान के किस शहर में खेला जाएगा?
– याकोहामा में

70. वर्ष 1998 का राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार किस महिला धाविका को दिया गया है?
– ज्योतिर्मयी सिकदर

71. 'विम्बलडन–99' का महिला एकल खिताब किसने जीता?
– लिंडसे डेवनपोर्ट (अमरीका)

72. 'ड्रिबल' शब्द किस खेल से सम्बन्धित है?
– हॉकी

73. 'बेलिंगटन ट्रॉफी' किस खेल से सम्बन्धित है?
– नौका दौड़

74. सातवें विश्व कप क्रिकेट के सेमी फाइनल तथा फाइनल मैच का 'मैन ऑफ द मैच' किसे घोषित किया गया?
– शेनवार्न (आस्ट्रेलिया)

75. वर्ष 1998 का द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे दिया गया?
– हरगोविंद सिंह व बहादुर सिंह

76. सहारा कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट किन दो देशों के बीच खेला जाता है. जिसे रद्द कर दिया गया था?
– भारत और पाकिस्तान के बीच

विविध

77. खाने वाली हल्दी पौधे का कौनसा भाग होती है?
– तना

78. 'आइजाल' भारत के किस राज्य की राजधानी है?
– मिजोरम

79. विसूवियस तथा क्रेकाटोआ किस प्रकार के ज्वालामुखी हैं?
– प्रसुप्त ज्वालामुखी

80. सती प्रथा को कब गैर-कानूनी घोषित किया गया?
– 1829 ई. में

81. सन् 1963 ई. में भारत ने प्रथम रॉकेट का प्रक्षेपण कहाँ से किया?
– थुम्बा से

82. 'अन्तर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?
– 26 जून

83. हिस्टोलॉजी (Histology) में किसका अध्ययन किया जाता है?
– ऊतकों (Tissues) का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

84. 'शिमला क्वीन–99' का ताज किस सुन्दरी ने जीता?
– संहतिप्राणि

85. कृत्रिम गर्भाधान के लिए बैल के वीर्य को किसमें सुरक्षित रखते हैं?
– द्रव नाइट्रोजन में

86. 'विम्बलडन–99' का मिश्रित युगल खिताब किस जोड़ी ने जीता?
– लिएंडर पेस व लीसा रेमण्ड

87. 18-20 जून, 1999 को जर्मनी के किस शहर में जी-8 (Group-8) का शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ?
– कोलोन (Cologne)

88. सीरिया की राजधानी कहाँ स्थित है?
– दमिश्क

89. 'रस्ट गोफ्तार' के लेखक कौन हैं?
– दादा भाई नौरोजी

सामयिक घटनाएँ

90. वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कौन है?
– ब्रजेश मिश्र

91. प. बंगाल के किस रेलवे स्टेशन के समीप दो ट्रेनों की टक्कर में सैकड़ों लोगों की जानें गईं?
– गायेशाल रेलवे स्टेशन

92. जनता दल दो गुटों में विभाजित हो गया है. इन दोनों गुटों का नया नाम क्या है?
– जनता दल यूनाइटेड (शरद यादव गुट) तथा जनता दल सेक्यूलर (देवगौड़ा गुट)

93. गत वर्ष एशिया महाद्वीप के किस देश में जबरदस्त भूकम्प आया. जिसमें हजारों लोगों की जानें गईं?
– तुर्की में

94. कारगिल संघर्ष में भारत को ऐतिहासिक विजय हासिल हुई. यह विजय किस ऑपरेशन के परिणामस्वरूप हुई?
– ऑपरेशन विजय

95. अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति स्व. जॉन एफ. केनेडी के पुत्र की एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई. उनका नाम क्या था?
– जॉन एफ. केनेडी जूनियर

96. डॉ. साम नुजोमा (Dr. Sam N...) किस देश के राष्ट्रपति हैं जिन्होंने ... के उत्तरार्द्ध में भारत की यात्रा ...
– ...

97. आसियान का छठा शिखर सम्मेलन 15-16 दिसम्बर, 1998 को ... सम्पन्न हुआ?
– हनोई (वियत...

98. 46वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में ... अभिनेता का पुरस्कार किसे दिया ...
– अजय देवगन...

99. मदर टेरेसा की स्मृति में स्थापित 2... रुपए का पहला मदर टेरेसा अन्तर्रा... पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?
– ज्योति ...

100. कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया ... 13वीं लोक सभा का चुनाव कहाँ ... लड़ीं?
– अमेठी (उ.प्र.) ... बैल्लारी (कर्नाट...

नवीन संस्करण

उपकार

विश्व के देश



प्रमुख आकर्षण :
- सीमा व विस्तार
- प्राकृतिक दशा
- जलवायु
- वनस्पति
- कृषि
- खनिज सम्पदा
- उद्योग-धन्धे
- परिवहन के साधन
- व्यापार
- जनसंख्या
- शिक्षा

मूल्य : 65/- रुपए मात्र

लेखक : डॉ. बी.एल. शर्मा, डॉ. सी. एल. खन्ना एवं डॉ. वी.पी. सिंह

विषय के विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा इस पुस्तक में नवीन पाठ्यक्रम के सभी पहलुओं पर प्रामाणिक, ज्ञानवर्द्धक एवं विश्लेषणात्मक सामग्री दी गई है.

अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से खरीदें अथवा निम्न पते पर 50 रुपए का मनीऑर्डर सीधे भेजकर वी.पी.पी. द्वारा प्राप्त करें.

उपकार प्रकाशन
2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002

UPKAR'S
New Releases

Assertion and Reason in Science
Rs. 35-

True or False & Fill in the Blanks
Rs. 85-

Tips in Science
Rs. 50-

(Unique for PMT, Engineering and 10+2 students)

Edited by : The Board of Competition Science Vision

- It puts important topics of the syllabus at your finger-tips.
- It crystal-clears the intelligently selected problems with clear-cut hints and explanations.
- It provides indepth knowledge which enables you to solve problems quickly and precisely.
- Only a trial will convince you that it can make you the un-do-able.

Upkar Prakashan
2/11A, Swadeshi Bima Nagar, Agra–282 002
Phone : 351238, 323101, 322930; Fax : (0562) 351251

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शेरशाह के उत्तराधिकारी

इसलाम शाह

- 22 मई, 1545 ई. को जब कालिंजर में विस्फोट में जलने के कारण शेरशाह की मृत्यु हुई उस समय उसका पुत्र आदिल खाँ रणथम्भौर में और जलाल खाँ कालिंजर से 15 मील दूर रीवा में था.
- यद्यपि शेरशाह ने आदिल खाँ को अपना उत्तराधिकारी मनोनीत किया था, लेकिन दरबारियों ने जलाल खाँ को गद्दी पर बैठाना उचित समझा.
- ईसा खाँ हजीब ने एक पत्रवाहक को भेजकर जलाल खाँ को बुलवा लिया.
- जलाल खाँ 27 मई, 1545 ई. को कालिंजर पहुँचा और उसी दिन इसलाम शाह के नाम से सिंहासन पर बैठा.
- इसलाम शाह ने कालिंजर के चंदेल राजा कीरत सिंह और उसके 70 प्रमुख सहयोगियों को मौत के घाट उतारकर अपना शासन शुरू किया.
- इसलाम शाह के समय में आदिल खाँ ने विद्रोह किया, लेकिन उसे बयाना की छोटी-सी जागीर से संतुष्ट होना पड़ा.
- जिन दरबारियों ने आदिल खाँ का साथ दिया था उन्हें इसलाम शाह ने कठोर दण्ड दिए.
- इससे पुराने दरबारी सचेत हो गए और इसलाम शाह से उनका विश्वास उठ गया.
- नियाजियों का प्रमुख विद्रोह इसलाम शाह के शासनकाल में हुआ.
- सैयद खाँ नियाजी ने अपने भाई हैबत खाँ नियाजी के साथ मिलकर इसलाम शाह के खिलाफ विद्रोह कर दिया. हैबत खाँ नियाजी उस समय लाहौर का सूबेदार था.
- नियाजी विद्रोहियों का 1547 ई में अम्बाला के समीप शाही सेना से युद्ध हुआ जिसमें वे पराजित हुए.
- हैबत खाँ नियाजी कश्मीर भाग गया. वहाँ चक्क जनजाति ने गद्दी पर कब्जा करने के बाद सभी नियाजियों को मार डाला.
- चूँकि गक्करों ने नियाजी विद्रोहियों को शरण दी थी इसीलिए इसलाम शाह ने उनके खिलाफ भी कार्यवाही की.
- इसलाम शाह की तानाशाही के कारण मालवा के सूबेदार शुजात खाँ ने भी विद्रोह किया.
- इसलाम शाह ने मालवा पर आक्रमण किया, लेकिन शुजात खाँ वगैर युद्ध किए ही पीछे हट गया और भाग कर डूँगरपुर में शरण ली.
- शुजात खाँ के पुत्र दौलत खाँ उजिआला की प्रार्थना पर इसलाम शाह ने शुजात खाँ को माफ कर दिया और मालवा शहर को छोड़कर पूरी जागीर वापस कर दी.
- खवास खाँ की सिरसी में रात के समय सम्भल के सूबेदार ताज खाँ तर्रानी ने इसलाम शाह के इशारे पर 1546 ई. में हत्या कर दी.
- इसलाम शाह ने काजी फजीलत से बंगाल की सूबेदारी छीन ली और उसके स्थान पर मुहम्मद खाँ सूर को नियुक्त किया.
- इसलाम शाह की हत्या के लिए दो बार असफल प्रयास किए गए. एक बार शासन के प्रारम्भिक दिनों में दूसरी बार ग्वालियर में शासन के अन्तिम दिनों में.
- इसलाम शाह ने शासन के अन्तिम दिन मौज-मस्ती में बिताए. यौन रोग के कारण 30 अक्टूबर, 1553 ई. को उसकी मृत्यु हो गई.

इसलाम शाह द्वारा जारी किए गए आदेश

- *कोई भी दरबारी (Nobleman) नर हाथी नहीं रख सकेगा.*
- *नर्तकियाँ सभी दरबारियों से छीन ली गई थीं.*
- *लाल रंग के तम्बू को कोई भी सरदार इस्तेमाल नहीं कर सकेगा.*
- *अस्सी पृष्ठों की नियम संहिता जारी की जिसे प्रत्येक परगने एवं जिले में भिजवाया गया.*

- इसलाम शाह ने सेना का पुनर्गठन किया, जो अकबर की मनसबदारी पद्धति का आधार बना.
- इसलाम शाह एक सुशिक्षित शासक था उसने फारसी में अनेक कविताएं लिखीं.

मुहम्मद आदिल शाह

- इसलाम शाह की मृत्यु के बाद उसका 12 वर्षीय नाबालिग पुत्र फिरोज शाह बादशाह बना जिसे तीन दिन पश्चात् कत्ल कर दिया गया.
- फिरोज शाह का कातिल उसका मामा मुबारिज खाँ था, जो निजाम खाँ का पुत्र था.
- निजाम खाँ शेरशाह का छोटा भाई था.
- इसलाम शाह मुबारिज खाँ की महत्वाकांक्षा से भलीभाँति परिचित था इसीलिए वह उसे अपने मार्ग से हटाना चाहता था, परन्तु बीबी बाई के कारण ऐसा न कर सका.
- मुबारिज खाँ ने सिंहासन पर कब्जा करके मुहम्मद आदिल शाह की उपाधि धारण की.
- आदिल शाह ने ख्वास खाँ के भाई शमशेर खाँ को अपना वजीर नियुक्त किया.
- आदिल शाह अयोग्य और निकम्मा शासक था. वह सदैव विलासिता में व्यस्त रहता था.

आदिल शाह के शासनकाल में हुए विद्रोह

- *ताजखाँ तर्रानी ने ख्वास खाँ की हत्या कर विद्रोह कर दिया. यद्यपि विद्रोह को छिब्रामऊ में दबा दिया गया, लेकिन तर्रानी ने बिहार में काफी उपद्रव पैदा किया.*
- *दूसरा विद्रोह इब्राहीम खाँ सूर ने किया. इब्राहीम खाँ सूर आदिल शाह की बहन का पुत्र था. इब्राहीम खाँ सूर का पिता गाजी खाँ सूर चुनार से भागकर बयाना पहुँचा. वहाँ उसने शाही सेना को परास्त किया. इसके पश्चात् दिल्ली पर कब्जा कर सुल्तान की उपाधि धारण की.*
- *तीसरा विद्रोह लाहौर के सूबेदार अहमद खाँ सूर ने किया और सिकन्दर शाह की उपाधि धारण की.*
- *चौथा विद्रोह बिहार के सूबेदार मुहम्मद खाँ सूर ने किया और शम्स-उद्-दीन मुहम्मद शाह गाजी की उपाधि धारण की.*

- इन बड़े विद्रोहों के कारण राज्य में अशांति फैल गई और बयाना के गाजी खाँ सूर, अलवर के हाजी खाँ और सम्भल के यहया तुरान ने भी छोटे-छोटे राज्य स्थापित कर लिए.
- लाहौर के सिकन्दर शाह और इब्राहीम के बीच 1555 ई. में फरह में युद्ध

शेष पृष्ठ 1210 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुहरा और प्रदूषण

✍ ललन कुमार प्रसाद

हमारे देश में जाड़े के मौसम में सुबह-सुबह वायुमण्डल की निचली परत में चारों ओर सफेद-सफेद धुआँ-सा आवरण यानि धुंध छा जाती है जिससे पृथ्वी की सतह के वायुमण्डल में बादल जैसा दृश्य दिखाई पड़ने लगता है. इसे ही हम कुहासा (Mist) या कुहरा (Fog) कहते हैं. आज जाड़े के मौसम में सुरक्षित एवं सुचारू यातायात के लिए समस्या बन गई है घना कुहरा. फिर इस कारण महानगरों में प्रतिवर्ष लाखों कार्य-दिवस की कमी हो रही है और हजारों लोग मर रहे हैं.

कुहरा बनता कैसे है?

जब वायुमण्डल की निचली परत में हवा इतनी ठंडी हो जाती है कि उसकी जल-वाष्प उसमें (वायु में) फैली हुई धूल, बालू और अन्य चीजों के अतिसूक्ष्म कणों पर पानी की अत्यन्त नन्हीं-नन्हीं बूँदों के रूप में संघनित (Condensed) हो जाती है, क्योंकि वायुमण्डल में मौजूद अतिसूक्ष्म धूल कण उसके जल-वाष्प के संघनन (Condensation) हेतु संघनक नाभिकों की भूमिका निभाते हैं. अत्यन्त छोटे होने के कारण जल के ये नन्हें-नन्हें कण इतने हल्के होते हैं कि जमीन पर नहीं गिरते, हवा में ही टँगे रहते हैं. इसी कारण हवा धुँधली-धुँधली-सी दिखाई देती है. कुहासा या कुहरा एक तरह का ऐसा बादल है जो पृथ्वी की सतह के समीप बनता है. इससे दृश्यता (Visibility) में कमी आ जाती है. इसलिए धरातल के समीप के वातावरण में चारों ओर धुँधलापन-सा (हल्का-हल्का अँधेरा) छा जाता है. अतः निकट स्थित चीजें भी साफ-साफ दिखाई नहीं पड़ती हैं, लेकिन पहाड़ों पर जो कुहरा बनता है, वह वहाँ की हवा में बनने वाले बादलों से बनता है.

कुहासा केवल जाड़े में ही बनता है, क्यों?

वायुमण्डल में तापमान की वृद्धि से जल-वाष्प ग्रहण करने की क्षमता बढ़ जाती है और इसके विपरीत तापमान की कमी से जल-वाष्प ग्रहण करने की क्षमता घट जाती है. जाड़े के मौसम में सुबह-सुबह धरातल के समीप की जलवाष्पभरी वायु का तापमान गिर जाता है, तो जलवाष्प जल की नन्हीं-नन्हीं बूँदों के रूप में संघनित होकर धूलकणों पर लटक जाता है और धरातल के एकदम समीप ठहर जाता है, जिससे धरातल के समीप के वातावरण में चारों ओर धुँधलापन छा जाता है. इसे ही कुहासा या कुहरा कहते हैं. यही कारण है कि जाड़ा प्रारम्भ होने के साथ कुहासा बनने लगता है और जाड़े की समाप्ति के साथ ही कुहासा बनना बन्द हो जाता है.

यह मानना ठीक नहीं है की कुहासा या कुहरा गिरता है

कुहासे की भाँति ओस (Dew) भी वायु के जलवाष्प के संघनन का फल है, परन्तु यहाँ वायु नहीं, घास, पत्तियाँ आदि इतनी ठंडी हो जाती हैं कि वायु की जलवाष्प उन पर संघनित हो जाती है, लेकिन यह मानना ठीक नहीं है कि कुहासा या कुहरा गिरता है. बात यह है कि जाड़े की रात में बहुधा धरातल अपने से लगी समीप की हवा से अधिक ठंडा हो जाता है. फलतः अपेक्षाकृत इस ठंडे धरातल के सम्पर्क से इसके समीप की हवा में जो जलवाष्प रहती है, वह घनीभूत या संघनित हो जाती है और जल की छोटी-छोटी बूँदों के रूप में घास व अन्य पेड़-पौधों की पत्तियों एवं फूलों, लोहे आदि धातु की बनी वस्तुओं की सतह पर जमा हो जाती है, जो प्रातःकाल घास एवं पेड़-पौधों की पत्तियों व फूलों पर छोटे-छोटे मोती जैसी बूँदों के रूप में दिखती है. यही ओस है. जिस तरह ओस धरातल पर ही बनती है, ऊपर से नहीं गिरती, ठीक उसी तरह धरातल से कुछ ऊपर जलवाष्प घनीभूत होकर जल की नन्हीं-नन्हीं बूँदों के रूप में हवा में लटकी रहती है तो कुहासा कहलाता है.

जाड़े के मौसम में कुहरा अधिक आर्द्रता (Humidity) अर्थात् अधिक जलवाष्प वाले स्थानों पर अधिक बनता है. यही कारण है कि जाड़े के मौसम में प्रातःकाल नदी, तालाब और झील के किनारे तथा पेड़-पौधों के आसपास कुहरा प्रायः दिखाई देता है. बात यह है कि नदी, तालाब और झील की सतह से सदैव वाष्पीकरण (Vaporization) होता रहता है. इसलिए ऐसी जगहों के चारों ओर का वातावरण अधिक आर्द्र होता है.

कुहासा और कुहरा में अन्तर

कुहासा की सघनता वायुमण्डलीय आर्द्रता, वातावरण के तापमान, वायु की गति और जलग्राही नाभिकों की मात्रा पर निर्भर करती है. कुहासा और कुहरा एक ही चीज है. यदि धरातल के समीप की हवा में जलकण अतिसूक्ष्म और कम हों तो धुँधलापन भी कम होगा, जिसे हम कुहासा कहते हैं, परन्तु यदि धरातल के समीप की हवा के जलकण अपेक्षाकृत बड़े और अधिक हों, तो धुँधलापन भी अधिक होगा, जिसे हम कुहरा कहते हैं अर्थात् कुहरे में कुहासे की तुलना में धरातल के समीप की हवा के जलकण अधिक सघन और अधिक बड़े होते हैं. इससे स्पष्ट है कि कुहासा और कुहरे की रचना में कोई भेद नहीं है, भेद केवल उनके घनेपन का है कि कितनी दूर तक देख सकते हैं. यदि 100 मीटर से अधिक दूर की चीजों को देख सकें तो कुहासा कहते हैं और यदि 100 मीटर से कम दूर की चीजें देख सकें तो कुहरा कहते हैं.

कुहासा, कुहरा और धूम-कुहरा

घने कुहासे को कुहरा कहते हैं और घने कुहरे को धूम-कुहरा. इसलिए कुहरे की दृश्यता कुहासे से कम और धूम-कुहरे की दृश्यता कुहरे से भी कम होती है.

कुहरा सुरक्षित एवं सुचारू यातायात के मार्ग में अक्सर मुसीबतें खड़ी कर देता है. कभी-कभी कुहरा इतना सघन होता है कि थोड़ी ही दूर की वस्तु दिखाई नहीं पड़ती है. ऐसा उन महानगरों में जाड़े के मौसम में प्रतिदिन होता है, जहाँ ढेर सारे कारखाने होते हैं. वहाँ जाड़ों में कभी-कभी इतना घना कुहरा छा जाता है कि दिन में भी रात जैसा अँधेरा हो जाता है और सड़कों पर लैम्पों के लगे होने पर भी एक मीटर से अधिक दूर देख पाना कठिन हो जाता है. यही कारण है कि सर्दियों में सड़क पर कभी-कभी वाहनों की टक्कर हो जाती है. सघन कुहरा के चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित हो जाता है. सड़कों पर वाहनों, रेलमार्गों पर रेलगाड़ियों, नदियों, नहरों, झीलों और समुद्रों में नावों एवं जहाजों तथा आकाश में वायुयानों का आना-जाना रुक जाता है. फलस्वरूप ढेर सारे काम-काज ठप्प पड़ जाते हैं. उदाहरणार्थ कनाडा के न्यूफाउण्डलैण्ड के ग्रैण्ड बैंक के आसपास तो साल के 120 दिन घना कुहरा छाया रहता है, जिसके वहाँ के सारे काम-काज ठप्प पड़ जाते हैं. उत्तरी चीन में जाड़े के दिन धुंध भरे होना अब आम बात बन चुकी है. इस कारण वहाँ प्रतिवर्ष 3 लाख 50 हजार कार्यदिवस की कमी आती जा रही है और 6 हजार

शेष पृष्ठ 1227 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना की सार्थकता एवं सम्भावनाएं

✍ डॉ. राकेश सेंगर

हमारे देश की सबसे बड़ी आर्थिक गतिविधि कृषि है, जो लाखों किसानों के लिए कभी-कभी दु:स्वप्न बन जाती है, क्योंकि उड़ीसा की तरह विनाशकारी तूफान तथा बाढ़ प्राय: हर वर्ष देश के किसी न किसी राज्य को ये आपदाएं चपेट में ले लेती हैं. जिसकी सबसे गहरी चोट कृषि में मानसून का जुआ खेल रहा किसान को लगती है. देश के सकल घरेलू उत्पाद (G.D.P. Gross Domestic Product) में 26 फीसदी के हिस्सेदार कृषि क्षेत्र में किस कदर जोखिम है यह प्राकृतिक आपदा के शिकार किसी किसान से पूछा जा सकता है. यह गतिविधि जीविका से जुड़ी है इसलिए अक्सर फसल पर आने वाली आपदाएं जीवन का प्रश्नचिह्न बन जाती हैं. इस जोखिम को कम करने के स्थायी समाधान के रूप में सरकार ने नई राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना लागू की है. यद्यपि इससे पहले सरकार की दो पहली बीमा योजनाएं असफल हो चुकी हैं. इसलिए अब इस नई राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना पर भी सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि कृषि विशेषज्ञ तथा किसान इसमें भी कई खामियाँ बताने लगे.

पहली फसल बीमा योजना (Crop Insurance Planning) की शुरूआत सन् 1985 में हुई थी जिसको व्यापक फसल बीमा योजना का नाम दिया गया था. इस योजना में कई बड़ी कमियाँ थीं. यह योजना देश के केवल 18 फीसदी कृषि क्षेत्र को अपने दायरे में ले सकी. यह योजना कुछ चुनी हुई फसलों पर जैसे–गेहूँ, धान, बाजरा, दलहन और तिलहन पर लागू होती है. इस योजना को लाभ केवल उन किसानों तक सीमित रहा, जो सरकार से ऋण लेते थे. बीमित राशि महज 10,000 रुपए थी, जो किसान के अधिकतम फसल कर्ज के बराबर थी. इसलिए यह योजना केवल छोटे और सीमांत किसानों तक सीमित रही. इसके अलावा यह योजना केवल उन क्षेत्रों के लिए जहाँ सिंचाई की सुविधाएं नहीं थीं. असिंचित क्षेत्रों तक सीमित होने के कारण यह योजना, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में लागू नहीं हो पाई थी. यद्यपि इस योजना में सरकार को काफी नुकसान उठाना पड़ा था. इस योजना में चावल, गेहूँ और बाजरा पर प्रीमियम की दर दो प्रतिशत और दालों व तिलहन के लिए प्रीमियम की दर एक प्रतिशत थी. सन् 1985 से लेकर 1997-98 के रबी मौसम तक इस योजना में 6.45 करोड़ किसान शामिल हुए और प्रीमियम एकत्र हुआ मात्र 313 करोड़ रुपए, जबकि सरकार को 1623 करोड़ रुपए के दावों का भुगतान भी करना पड़ा. इस स्कीम में होने वाली हानि को केन्द्र और राज्य सरकारों ने 2 अनुपात् 1 (अर्थात् 2 : 1) में वहन किया. यह योजना कितनी अव्यवहार्य थी इसका एक उदाहरण गुजरात राज्य है. 1623 करोड़ रुपए के दावों में अकेले इस राज्य ने मूँगफली की फसल के लिए दावों की क्षतिपूर्ति के तौर पर 792 करोड़ रुपए प्राप्त किए.

वर्ष 1997-98 में सरकार ने दूसरी प्रयोगात्मक फसल बीमा योजना शुरू की. जो कुछ चुने हुए जनपदों में लागू करके ऋण लेने वाले छोटे और सीमांत किसानों तक सीमित थी. यह योजना केवल 5 राज्यों के 14 जिलों में लागू की जा सकी. इसका प्रीमियम पूरी तरह सब्सिडी पर आधारित था. प्रीमियम और दावे दोनों में केन्द्र और राज्य का अनुपात 4 : 1 था. इस स्कीम के रबी मौसम में 1997-98 में 4.78 लाख किसानों को शामिल किया गया और उनका 172 करोड़ रुपए का बीमा किया गया. स्कीम में 2.86 करोड़ रुपए के प्रीमियम पर 39.78 करोड़ रुपए के दावों का भुगतान किया गया. कुल मिलाकर इन दोनों बीमा स्कीमों की असफलता की वजह इनका आर्थिक रूप से अव्यवहार्य होना था. इस देश में फसलों की संख्या कृषि क्षेत्र का विस्तार, किसानों की आय, फसलों की उत्पादकता में विविधता जैसे कुछ पहलू जिनका एक साथ संयोजन एक बीमा योजना में संतुलन जरा मुश्किल है. राष्ट्रीय बीमा योजना में यह संतुलन बनाने की कोशिश की गई है.

विगत सत्रह वर्षों के अनुभवों को ध्यान में रखकर भारतीय कृषि बीमा निगम का नया स्वरूप सामने आया. जिसकी घोषणा 22 जून, 1999 को की गई, जिसका कार्य अक्टूबर के शुरू या रबी की फसलों की बुवाई से पूर्व से प्रारम्भ किया जा रहा है. इसे सामान्य बीमा निगम द्वारा चलाया जाएगा. इस बीमा योजना में फसलों के अलावा कृषि पर आधारित ग्रामीण उद्योगों को भी शामिल किया गया है. इसलिए इसे फसल बीमा न कहकर कृषि बीमा कहा जाएगा. इसमें फसलें, पशुपालन, मुर्गीपालन, सूकर पालन, बकरी पालन, मौन पालन (Bee Keeping) आदि को भी शामिल किया गया है. अत: इस कृषि बीमा योजना का उद्देश्य अब फसल उत्पादन ही नहीं रहा, बल्कि फार्मिंग सिस्टम तरीका (Farming System Approach) हो गया है.

फसल बीमा के लागू होने से किसानों को निम्नलिखित लाभ होते हैं.

- फसल बीमा से फसल उत्पादन की विषम परिस्थिति जैसे–सूखा, बाढ़, बीमारी-कीट आदि में किसान को निश्चित रकम प्राप्त हो जाती है.
- फसल बीमा से ऋण ग्रस्तता की समस्या कम हो जाती है.
- उन्नत कृषि तकनीक अपनाने के लिए फसल बीमा प्रोत्साहन देता है.
- व्यावसायिक उद्यानिकी तथा अधिक जोखिम वाली फसलों की खेती हेतु प्रोत्साहन मिलता है.

नई फसल बीमा योजना में ऐसी सभी फसलें सम्मिलित की गई हैं, जिनकी सांख्यिकी जानकारी उपलब्ध होती है. यह नई बीमा योजना कर्जदार किसानों के लिए अनिवार्य कर दी गई है, जबकि कर्जदार किसान अपने विकल्प के आधार पर फसल बीमा का लाभ ले सकेंगे. नई बीमा योजना में बीमा की जाने वाली कुल बीमा राशि का प्रतिबन्ध नहीं है तथा इस योजना में सभी फसलों जैसे–अनाज, दलहन, तिलहन, गन्ना, आलू और कपास आदि को शामिल किया गया है. इस बीमा योजना में व्यावसायिक तथा उद्यानिकी फसलों (Horticultural Crops) को आगामी तीन वर्षों में शामिल किया जाएगा.

फसल बीमा हेतु किस्तों की दरें बाजरा और तिलहनी फसलों के लिए 3.5 प्रतिशत तथा अन्य खरीफ फसलों के लिए 2 से 2.5 प्रतिशत निर्धारित की गई है. फसल बीमा पर किश्त की 50 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा बराबर-बराबर वहन की जाएगी. फसल बीमा की किश्तों में लघु तथा सीमांत किसानों को 50 प्रतिशत छूट देने का प्रावधान किया गया है.

नई राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना पहले की फसल बीमा योजना से इसलिए अच्छी है, क्योंकि यह योजना क्षेत्रीय तथा विभिन्न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थितियों के आधार पर क्रियान्वित की जाएगी. जिसमें नुकसान का आकलन तहसील स्तर पर न करके, बल्कि अब राजस्व वृत्त व पंचायत स्तर पर किया जाएगा. नई बीमा योजना में प्राकृतिक विपदाओं (Natural Calamities) से प्रभावित और परिभाषित क्षेत्र के सभी कर्जदार और गैर-कर्जदार किसानों को शामिल किया जाएगा. इस योजना में किसी भी स्थानीय स्थिति को देखते हुए विशेष आपदाओं के मामले में प्रभावित किसानों के दावे अलग से स्वीकार किए जाएंगे. विशेष आपदाओं में ओलावृष्टि, भूस्खलन (Earth-quake) आँधी, तूफान, बाढ़ (Floods) आदि को शामिल किया गया है तथा किसी क्षेत्र विशेष में उपज स्तर ज्ञात करने के लिए फसल कटाई प्रयोगों (Crop Cutting Experiments) की संख्या उचित सीमा तक बढ़ाई जा सकती है. इस योजना का क्रियान्वयन फिलहाल भारतीय साधारण बीमा निगम (Indian General Life Insurance Corporation) द्वारा किया जाएगा तथा ऐसा प्रस्ताव है कि इसे चलाने के लिए भविष्य में एक स्वतन्त्र संस्था भारतीय कृषि बीमा निगम गठित किया जाएगा.

राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना में नए उद्देश्य शामिल किए गए हैं तथा पुरानी फसल बीमा योजना में विशेष सुधार करते हुए नई योजना को किसान उपयोगी बनाया गया है. नई राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना की विशेषताएं इस प्रकार हैं–

- इस योजना में सभी वर्ग के किसानों को जोखिम (Risk) से सुरक्षा मिल सकेगी.
- इस योजना में कर्जदार और गैर कर्जदार किसान लाभान्वित होंगे.
- यह योजना अधिक व्यवहारिक बनाई गई है तथा यथार्थ लिए हुए है.
- इस येाजना से भारतीय कृषि प्रणाली में जोखिम से दीर्घकालीन सुरक्षा प्राप्त होगी.

नई राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना से आगामी तीन वर्षों में 868 करोड़ 69 लाख रुपए का भार केन्द्र सरकार पर पड़ेगा. इस बीमा योजना से किसानों को ऐसा एक रक्षा कवच प्राप्त होगा, जिससे वे प्राकृतिक विपत्तियों की आशंका से मुक्त हो सकेंगे. किसान निडर होकर जोखिम वाली फसलों की खेती कर सकेंगे. इस योजना में केन्द्र सरकार द्वारा प्रथम वर्ष में 413 करोड़ 18 लाख रुपए, दूसरे वर्ष में 239 करोड़ 47 लाख रुपए तथा तीसरे वर्ष में 216 करोड़, 17 लाख रुपए सहायता दी जाएगी.

आजकल बीमा हमारे जीवन का अनिवार्य अंग बन चुका है, जिसमें वाहन, कृषि यंत्र, पम्पसेट, पशु, मुर्गी एवं मछली पालन, कुआँ का बीमा किया जा सकता है. मानव का जीवन बीमा करना तो आम बात हो गई है, लेकिन अब किसान भी फसलों का बीमा अवश्य कराएं ऐसी सोच आनी चाहिए. जिसके प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है, ताकि अधिक-से-अधिक कृषक लाभ उठाएं. नई राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना किसानों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जिसका लाभ लेने के लिए किसान अपना हक समझें तब ही यह योजना सार्थक हो पाएगी.

किसान कृषि में पूँजी निवेश करने में हिचकिचाने लगे हैं और कृषि में पूँजी निवेश घटने लगा है. इस स्थिति में नई राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना जोखिम के प्रति रामबाण सिद्ध होगी. हमारा देश कृषि प्रधान है. इस उक्ति को हम लम्बे अरसे से करते आए हैं कि कृषि केवल जीवन यापन का साधन बनकर रह गई है. कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने व्यावसायिक नकदी तथा उद्यानिकी की फसलों की खेती फसल बीमा अपनाकर की जा सकती है और हम अपनी खेती के फसल आधारित न रहकर फार्मिंग सिस्टम (Farming System) की ओर बढ़ जाएंगे.

अपने देश में कृषि फसल बीमा का यह तीसरा प्रयोग है जो पिछले प्रयोगों से काफी सुधरा नजर आता है. उ. प्र. जैसे राज्य में पंचायती राज के चलते एव प्रशासनिक ढाँचे का ख्याल करते हुए अभी यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह स्कीम वास्तविक तौर पर किसानों के बीच सफल हो सकेगी. यहाँ पर सफलता का मतलब इसकी आर्थिक व्यवहार्यता भी है साथ ही किसानों को जोखिम से सुरक्षा दे पाना भी है, क्योंकि भारत की आर्थिक दशा को देखकर ऐसा लगता है कि कृषि पर सब्सिडी के भारी बोझ के दौर में अब कोई नई योजना नुकसान के साथ नहीं चलाई जा सकती है.

●●●

शेष पृष्ठ 1203 का

अनिल–देखिए साहब, मैं पहले ही कह चुका हूँ कि मेरी पूरी तैयारी इन्हीं पत्रिकाओं से हुई है. विश्वास सबसे बड़ी बात होती है और किसी का योगदान ही हमें उस पर विश्वास करने पर मजबूर करता है. इन दोनों पत्रिकाओं के साथ यही बात है. मैं ही नहीं बल्कि मेरे सभी मित्र इन्हीं दोनों पत्रि-काओं से अपनी तैयारी करते हैं. मैंने देखा है कि कुछ अन्य पत्रिकाएं जो अपने को परीक्षा विशेषज्ञ बताती हैं, उनमें असन्तुलित, गलत व बार-बार एक ही सामग्री की भरमार होती है. ये पत्रिकाएं प्रतियोगियों से धन ऐंठ रही हैं. प्रतियोगियों को इनसे बचना चाहिए.

व्यक्ति परिचय

नाम–अनिल कुमार सिंह
पिता का नाम–श्री राम बहादुर सिंह
माता का नाम–श्रीमती कान्ती देवी
जन्म तिथि–05-06-1974
शैक्षणिक योग्यता–
(1) हाईस्कूल (1990)–सीतामढी, 66%
(2) इण्टर (1992)–सीतामढी, 58.2%
(3) स्नातक–अध्ययनरत (इग्नू से)

सा. ज्ञा. द.–आपकी तैयारी में 'उपकार प्रकाशन' की पुस्तकें कितनी सहायक सिद्ध हुई?

अनिल–मेरी तैयारी का 100 प्रतिशत 'उपकार प्रकाशन' की पुस्तकों, 'सामान्य ज्ञान दर्पण' और 'प्रतियोगिता दर्पण' से हुआ.

सा. ज्ञा. द.–अन्त में आप पाठकों को क्या सन्देश देंगे?

अनिल–प्रतियोगी अपने लक्ष्य पर लगातार नजर रखें, असफलता से निराश न हों, विषम स्थितियों को मित्र बनाएं, हौसला और विश्वास कायम रखें और परीक्षा ईमानदारी से करें. आप दूसरे को न देखें कि आप कितना पढ़ रहे हैं बल्कि स्वयं देखें कि आप कितना और क्या पढ़ रहे हैं.

शेष पृष्ठ 1207 का

हुआ, जिसमें इब्राहीम पराजित हुआ. सिकन्दर का आगरा और दिल्ली पर अधिकार हो गया.

- हुमायूँ ने 1555 ई. में लाहौर पर अधिकार कर लिया.
- रोहतासगढ़ (झेलम के तट पर) सिकन्दर सूर के सूबेदार तातार खाँ काशी के कब्जे में था. वह मुगलों के आने की खबर सुनकर किला छोड़कर भाग गया.
- हुमायूँ और सिकन्दर सूरि की सेना में दीपलपुर में युद्ध हुआ, जिसमें अफगान सेना पराजित हुई.
- सिकन्दर सूरि स्वयं भी 22 जून 1555 ई. को सरहिंद में हुमायूँ के हाथों पराजित हुआ. दिल्ली पर मुगलों का अधिकार हो गया.
- आदिल शाह के सेनापति हेमू ने इब्राहीम शाह को कालपी और उरई में पराजित किया.
- हेमू ने कालपी के समीप छपरघट्टा में बंगाल के मुहम्मद शाह को परास्त किया.
- आदिल शाह ने शाहबाज खाँ को बंगाल का सूबेदार नियुक्त किया. पानीपत के द्वितीय युद्ध के फलस्वरूप अफगानों की सत्ता दिल्ली से समाप्त हो गई.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान

1. "भारत में अनेकता में एकता और एकता में अनेकता है." यह कथन किसका है?
(A) तिलक (B) विन्सेन्ट स्मिथ
(C) गांधी (D) नेहरू

2. पुराणों की संख्या कितनी है?
(A) चार (B) अठारह
(C) बीस (D) एक सौ आठ

3. किस इतिहासकार ने हिमालय/क्षेत्र और कश्मीर को आर्यों का मूल स्थान कहा है?
(A) अविनाश चन्द्र दास
(B) डी. एल. कालां
(C) तिलक
(D) राजबली पाण्डेय

4. पूर्व वैदिक काल में विनिमय का मुख्य माध्यम क्या था?
(A) सोना (B) चाँदी
(C) गाय (D) धान

5. किस शासक का शासनकाल 187-151 ईसा पूर्व था?
(A) अग्निमित्र (B) पुष्यमित्र
(C) वसुमित्र (D) वासुदेव

6. तराइन की दूसरी लड़ाई में विजयी पक्ष का नेता कौन था?
(A) जयचंद
(B) पृथ्वीराज चौहान
(C) मोहम्मद गोरी
(D) मोहम्मद गजनी

7. कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा स्थापित वंश किस नाम से जाना जाता है?
(A) ऐबक वंश
(B) कुतुबशाही वंश
(C) सल्तनत वंश
(D) गुलाम वंश

8. जो गैर-मुस्लिम प्रजा सुल्तान को जजिया देती थी उसे क्या कहा जाता था?
(A) जमादार (B) जिम्मी
(C) वाशिन्दा (D) सुल्तानी

9. अकबर काल की भूमि व्यवस्था में सर्वोत्तम कोटि की भूमि क्या कहलाती थी?
(A) पोलज (B) पड़ती
(C) चाचर (D) बंजर

10. दिल्ली सल्तनत काल में सबसे लोकप्रिय भाषा क्या थी?
(A) अरबी (B) फारसी
(C) उर्दू (D) संस्कृत

11. बाबर के अतिरिक्त किस मुगल शासक ने अपनी आत्मकथा लिखी है?
(A) अकबर (B) जहाँगीर
(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

12. प्रथम पेशवा कौन था?
(A) बालाजी विश्वनाथ
(B) बाजीराव प्रथम
(C) बाजीराव द्वितीय
(D) मेदिनी राय

13. "शायद संसार भर में कहीं भी ऐसा दृश्य नहीं दिखाई देगा जिसमें प्रकृति और कला का इतनी सुन्दरता के साथ समन्वय हुआ हो जितना कि दूर-दूर तक इस मकबरे में हुआ है." किस मुगलकालीन इमारत के बारे में यह उक्ति कही गई है?
(A) लालकिला
(B) हवामहल
(C) ताजमहल
(D) बीबी का मकबरा

14. उत्तराधिकार-अपहरण के सिद्धान्त (Doctrine of Lapse) अपनाने के लिए कौन प्रसिद्ध है?
(A) लॉर्ड क्लाइव
(B) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(C) लॉर्ड डलहौजी
(D) लॉर्ड वेलेजली

15. ब्रिटिश मंत्रिमण्डल में भारत सचिव का पद कब सृजित किया गया?
(A) 1857 ई. में (B) 1858 ई. में
(C) 1861 ई. में (D) 1892 ई. में

16. बंगाल विभाजन कब वापस लिया गया?
(A) 1910 ई. में (B) 1911 ई. में
(C) 1936 ई. में (D) 1932 ई. में

17. इम्पीरियल कैडेट कोर की स्थापना किसने की थी?
(A) लॉर्ड वेलेजली
(B) लॉर्ड कर्जन
(C) लॉर्ड मिंटो
(D) लॉर्ड एलनबरो

18. अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की नींव किसने रखी थी?
(A) सर सैयद अहमद खाँ द्वारा
(B) सर सैयद अहमद बरेलवी द्वारा
(C) अली बन्धुओं द्वारा
(D) जिन्ना द्वारा

19. होमरूल आंदोलन किस देश से प्रेरित था?
(A) आयरलैण्ड से
(B) अमरीका से
(C) फ्रांस से
(D) रूस से

20. कैबिनेट मिशन योजना को मुस्लिम लीग ने क्या किया ?
(A) स्वीकार किया था
(B) अस्वीकार किया था
(C) पहले अस्वीकार बाद में स्वीकार किया था
(D) इनमें से कोई नहीं

भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन

21. कोलियों ने भारत के किस भाग में विद्रोह किया था?
(A) पंजाब (B) बंगाल
(C) गुजरात (D) महाराष्ट्र

22. किसानों के लिए कौनसी राजस्व व्यवस्था लाभदायक थी?
(A) स्थायी बंदोबस्त
(B) रैयतवाड़ी
(C) महलवाड़ी
(D) इनमें से कोई नहीं

23. रॉलिन्सन के अनुसार 1857 की क्रांति क्या थी?
(A) प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम
(B) सिपाही विद्रोह
(C) मुस्लिम षड्यंत्र
(D) किसानों का विद्रोह

24. मंगल पाण्डे किस इन्फैन्ट्री से सम्बन्धित थे?
(A) 24 वीं नेटिव इन्फैन्ट्री से
(B) 34 वीं नेटिव इन्फैन्ट्री से
(C) 44 वीं नेटिव इन्फेन्ट्री से
(D) 54 वीं नेटिव इन्फैन्ट्री से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

25. अहमदिया आंदोलन के प्रणेता कौन थे?
(A) सैयद अहमद
(B) गुलाम अहमद
(C) मिर्जा अहमद
(D) मौलवी अहमदुल्ला

26. ब्रह्म समाज की स्थापना कहाँ की गई थी?
(A) ढाका (B) कलकत्ता
(C) लाहौर (D) मुम्बई

27. वेद समाज के संस्थापक कौन थे?
(A) केशवचन्द्र सेन
(B) देवेन्द्रनाथ टैगोर
(C) राजा राममोहन राय
(D) स्वामी दयानन्द

28. बंगाल में 'धर्म सभा' का कार्य क्या था?
(A) कट्टर हिन्दू धर्म पर आक्रमण
(B) कट्टर हिन्दू धर्म का बचाव
(C) हिन्दुत्व और इस्लाम का सम्मिलन
(D) इनमें से कोई नहीं

29. किसने कहा—देश प्रेम धर्म है और धर्म भारत प्रेम है?
(A) राजा राममोहन राय
(B) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(C) राधाकांत देव
(D) स्वामी विवेकानन्द

30. वर्नाकूलर प्रेस एक्ट किसने पास कराया?
(A) लॉर्ड लिटन (B) लॉर्ड रिपन
(C) लॉर्ड इल्बर्ट (D) लॉर्ड कर्जन

31. समाचार-पत्र 'हिन्दू' का प्रकाशन कहाँ से होता था?
(A) कलकत्ता से (B) दिल्ली से
(C) बम्बई से (D) मद्रास से

32. पूना सार्वजनिक सभा की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(A) 1850 में (B) 1860 में
(C) 1870 में (D) 1880 में

33. कांग्रेस का उदारवादी काल कब तक है?
(A) 1885 से 1910 तक
(B) 1890 से 1905 तक
(C) 1885 से 1918 तक
(D) 1885 से 1905 तक

34. उग्रवादियों के साधनों में कौन शामिल नहीं था?
(A) निष्क्रिय प्रतिरोध
(B) बहिष्कार
(C) हिंसा
(D) स्वदेशी

35. मुस्लिम लीग की स्थापना किस वर्ष हुई?
(A) 1905 (B) 1906
(C) 1907 (D) 1908

36. किसने कहा था—व्यापारियों का यह राष्ट्र केवल दबाव की भाषा समझता है?
(A) लाला लाजपत राय
(B) महात्मा गांधी
(C) भगत सिंह
(D) अबुल कलाम आजाद

37. गांधीजी ने किस अवसर पर अंग्रेजों की सहायता की?
(A) प्रथम विश्व युद्ध
(B) गोलमेज सम्मेलन
(C) द्वितीय विश्व युद्ध
(D) तृतीय विश्व युद्ध

38. किस अवसर को सुभाष चन्द्र बोस ने राष्ट्रीय संकट की घड़ी माना?
(A) असहयोग आंदोलन वापस लेना
(B) गांधी-इर्विन समझौता
(C) संविधान बनना
(D) स्वतंत्रता प्राप्ति

39. "हम ब्रिटेन के विनाश द्वारा स्वतंत्रता नहीं चाहते हैं." ऐसा किसने कहा?
(A) महात्मा गांधी
(B) सुभाषचन्द्र बोस
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) दादा भाई नौरोजी

40. 1942 ई. में किस देश के राष्ट्रपति भारत आए थे?
(A) अमरीका (B) चीन
(C) फ्रांस (D) इटली

सामान्य विज्ञान

41. एम्फीबियस प्राणी कहाँ रहते हैं?
(A) जल में
(B) थल में
(C) वायु में
(D) इनमें से कोई नहीं

42. कार्बनिक पदार्थों का विघटन किनके कारण होता है?
(A) जीवाणु (B) विषाणु
(C) कवक (D) मच्छर

43. दाद का क्या कारण है?
(A) जीवाणु (B) विषाणु
(C) कवक (D) मच्छर

44. किसी वस्तु का वजन सर्वाधिक होता है—
(A) ध्रुवों पर
(B) विषुवत् रेखा पर
(C) कर्क रेखा पर
(D) मकर रेखा पर

45. फॉस्फोरस और हाइड्रोजन का यौगिक क्या होता है?
(A) फॉस्फोरस (B) फॉस्फीन
(C) अमोनिया (D) नौसादर

46. रोडेन्ट्स क्या होते हैं?
(A) फुदकने वाले
(B) कुतरने वाले
(C) चहकने वाले
(D) महकने वाले

47. मृतिका शिल्प विज्ञान क्या कहलाता
(A) सेरामिक्स (B) कार्टोग्राफी
(C) गैस्ट्रोलॉजी (D) जियोलॉजी

48. क्षारीय मिट्टी का Rh मान क्या होता
(A) 7 (B) 7 से
(C) 7 से कम (D) शून्य

49. हृदय रोगी को किस प्रकार के लेने की मनाही रहती है?
(A) वसा-अम्ल (B) अमीनो
(C) कोलेस्ट्रॉल (D) प्रोटीन

50. वाहनों से निकले धुएँ में मौजूद पदार्थ से वायु प्रदूषण फैलता है?
(A) सीसा (B) सोडियम
(C) पोटेशियम (D) लौह

51. आवर्त सारणी किसने बनाई थी?
(A) मेन्डलीफ ने (B) चैडविक ने
(C) फ्रैंक ने (D) ट्रेवर्स ने

52. घरों में बिजली की खपत मापने इकाई क्या है?
(A) वाट घंटा
(B) जूल
(C) किलोवाट घंटा
(D) किलो जूल्स

53. न्यूमोनिया से प्रभावित अंग कौनसा
(A) रक्त (B) त्वचा
(C) फेफड़े (D) तंत्रिका

54. इन्सुलिन किसके उपापचय (मेटाबोलिज्म) को नियंत्रित करता है?
(A) हार्मोन (B) कार्बोहाइड्रेट
(C) विटामिन (D) जल

55. बैक्टीरिया से होने वाले रोग कौनसा
(A) टिटेनस (B) पोलियो
(C) दाद (D) जुकाम

सामान्य ज्ञान

56. 1991 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या कितनी है?
(A) 7,6338,457
(B) 8,63,38,853
(C) 8,10,25,515
(D) 9,15,30,316

57. बिहार में सबसे कम क्षेत्रफल वाला जिला कौनसा है?
(A) खगड़िया (B) पटना
(C) गुमला (D) देवघर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

58. इत्सिंग ने बिहार की यात्रा कब की?
(A) 737 ई.
(B) 673 ई.
(C) 647 ई.
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

59. बख्तियार खिलजी ने बिहार पर आक्रमण किस वर्ष किया?
(A) 1203-4 ई. (B) 1197-98 ई.
(C) 712 ई. (D) 1026 ई.

60. भारत छोड़ो आन्दोलन के क्रम में पटना सचिवालय पर तिरंगा फहराने के क्रम में सात क्रांतिकारी कब मारे गए?
(A) 5 अगस्त, 1942
(B) 11 अगस्त, 1942
(C) 14 जुलाई, 1942
(D) 9 अगस्त, 1942

61. कोल विद्रोह कब हुआ?
(A) 1931-32 (B) 1833-34
(C) 1855-56 (D) 1799-1800

62. 1934 में पटना में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन किसने किया?
(A) जय प्रकाश
(B) आचार्य नरेन्द्र देव
(C) राम मनोहर लोहिया
(D) उपर्युक्त सभी

63. बिहार का सबसे ठण्डा स्थान कौनसा है?
(A) हजारीबाग (B) नेतरहाट
(C) गया (D) राँची

64. बिहार में सर्वाधिक वर्षा कहाँ होती है?
(A) नेतरहाट
(B) राँची
(C) किशनगंज
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. दामोदर घाटी निगम लिमिटेड के तहत कौन-कौनसे विद्युत उत्पादन केन्द्र हैं?
(A) पतरातु
(B) चन्द्रपुरा
(C) बोकारो
(D) (B) एवं (C) दोनों

66. बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?
(A) शिवजतन ठाकुर
(B) रामाश्रय यादव
(C) लक्ष्मी राय
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. अजय नदी कहाँ से निकलती है?
(A) छोटा नागपुर की पहाड़ियों से
(B) राजमहल की पहाड़ी से
(C) अमरकण्टक से
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

68. संथाल परिवार किन-किन क्षेत्रों से सम्बन्ध रखती है?
(A) बिहार
(B) उत्तर प्रदेश
(C) नेपाल
(D) उपर्युक्त सभी का

69. प्रोजेक्ट टाइगर के तहत बिहार का कौनसा अभ्यारण्य है?
(A) डालमा अभ्यारण्य
(B) बेतला अभ्यारण्य
(C) हजारीबाग अभ्यारण्य
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. वर्तमान रेलमंत्री ममता बनर्जी किस राज्य की सांसद हैं ?
(A) पश्चिम बंगाल की
(B) उत्तर प्रदेश की
(C) मध्य प्रदेश की
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

तर्कशक्ति

71. $\sqrt{?} + 7 = \sqrt{576}$
(A) 16 (B) 289
(C) 19 (D) 17

72. $\frac{1}{2} + \frac{2}{3} + \frac{3}{4} + \frac{4}{5} = ?$
(A) $\frac{7}{14}$ (B) $\frac{1}{2}$
(C) $\frac{163}{60}$ (D) $\frac{7}{60}$

73. 7691 + 309 + 89 = ?
(A) 8098 (B) 8079
(C) 8089 (D) 8090

74. 30·03 – 29·03009 = ?
(A) 0·99991 (B) 0·0009
(C) 1·0009 (D) 1·0999
(E) इनमें से कोई नहीं

75. 16 + 72 ÷ 6 – 4 × 3 = ?
(A) 40 (B) 132
(C) 28 (D) 16
(E) इनमें से कोई नहीं

76. 2 का 20% = 20 का 100%
(A) 80 (B) 120
(C) 100 (D) 20
(E) इनमें से कोई नहीं

77. निम्नलिखित शृंखला में अगला अंक क्या होगा?
2, 7, 4, 13, 8, 27, 16.....
(A) 55 (B) 53
(C) 56 (D) 57
(E) इनमें से कोई नहीं

78. यदि किसी कूट भाषा में SCRIPT को TCQIQT लिखा जाता, है, तो उसी भाषा में DIGEST को लिखा जाएगा–
(A) EIFETT (B) TIHETT
(C) EIFERT (D) EIHETT
(E) इनमें से कोई नहीं

79. निम्नलिखित पाँच में से चार एक समूह बनाते हैं कौनसा एक उस समूह में शामिल नहीं होता?
(A) कक्ष (B) रसोई
(C) स्नानागार (D) अध्ययन कक्ष
(E) फर्श

80. 'बगीचा' जिस प्रकार 'फूलों' से सम्बन्धित है, उसी प्रकार 'ग्रंथालय' निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?
(A) पाठशाला (B) भवन
(C) विद्यार्थी (D) ग्रंथपाल
(E) पुस्तकें

सामान्य जानकारी

81. बी.के.जी. सुब्रह्मण्यम् जो हाल में खबरों में थे वह अपने सृजनात्मक कार्य के कारण बहुत प्रशंसित हुए, वह मूल रूप से निम्नलिखित में से क्या हैं?
(A) लेखक (B) चित्रकार
(C) फोटोग्राफर (D) संगीतकार

82. अंगूरलता किस फसल की प्रजाति है?
(A) अंगूर (B) टमाटर
(C) सेब (D) बैंगन

83. जिस समय भारत के विभाजन की घोषणा हुई उस समय भारत का वायसराय था—
(A) लॉर्ड इरविन
(B) लॉर्ड माउण्टबेटन
(C) लॉर्ड पैट्रिक लारेंस
(D) लॉर्ड बावेल

84. फ्रांस में आयोजित विश्व कप फुटबाल 1998 किस देश ने जीता था?
(A) ब्राजील (B) अर्जेन्टीना
(C) इटली (D) फ्रांस

85. निम्नलिखित में से कौनसा बाँध नर्मदा नदी पर नहीं है ?
(A) इंदिरा सागर परियोजना
(B) महेश्वर पनबिजली परियोजना
(C) जोबत परियोजना
(D) कोयना विद्युत परियोजना

86. निम्नलिखित में से किस राज्य में साक्षरता की दर राष्ट्रीय औसत की अपेक्षा कम है?
(A) उत्तर प्रदेश (B) राजस्थान
(C) उड़ीसा (D) बिहार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

87. युगाण्डा की राजधानी है—
(A) केपटाउन (B) डकार
(C) अंकारा (D) कम्पाला

88. निम्नलिखित में से कौनसे विश्व के प्रसिद्ध नेता ने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है?
(A) बिल क्लिंटन
(B) बेनजीर भुट्टो
(C) टोनी ब्लेयर
(D) नेल्सन मण्डेला

89. निम्नलिखित में से कौनसा देश उत्तर अटलांटिक सहकारिता परिषद् का सदस्य नहीं है?
(A) नार्वे (B) संयुक्त जर्मनी
(C) पुर्तगाल (D) आस्ट्रेलिया

90. भारत का पहला मेरीन राष्ट्रीय पार्क कहाँ स्थित है?
(A) कैम्बे की खाड़ी में
(B) बंगाल की खाड़ी में
(C) कच्छ की खाड़ी में
(D) अरब सागर में

91. भारत द्वारा स्थापित पहला परमाणु स्टेशन कौनसा है?
(A) राणाप्रताप सागर
(B) तारापुर
(C) कलपक्कम
(D) ट्राम्बे

92. वर्ष 1999 के मार्च में हैदराबाद में हुए 59वें राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप में निम्नलिखित में से कौनसी टीम विजयी रही?
(A) एयर इण्डिया
(B) इण्डियन रेलवे
(C) तमिलनाडु
(D) महाराष्ट्र

93. फिल्म 'गॉड मदर' जिसकी हाल ही में चर्चा थी. उसके निम्नलिखित में से कौन लेखक-निर्देशक हैं?
(A) जावेद अख्तर
(B) शबाना आजमी
(C) शेखर कपूर
(D) विनय शुक्ल

94. 'टच ऑफ टेनिस' नामक पुस्तक का लेखक निम्नलिखित में से कौन है?
(A) रामनाथन तथा रमेशकृष्णन
(B) स्टेफी ग्राफ
(C) सेबस्टियन ग्रेसजीन
(D) इनमें से कोई नहीं

95. वर्ष 1999 का सर्वोत्तम फिल्म के लिए अकादमी पुरस्कार निम्नलिखित में से कौनसी फिल्म ने जीता है ?
(A) लाइफ इज ब्यूटीफुल
(B) शेक्सपियर इन लव
(C) सेविंग प्राईवेट हन
(D) शेक्सपियर इन लव

96. गुजरात के राज्यपाल का पद ग्रहण करने के तुरन्त पूर्व श्री एस.एस. भण्डारी थे—
(A) संघ सरकार में मंत्री
(B) बिहार के राज्यपाल
(C) महाराष्ट्र के राज्यपाल
(D) इनमें से कोई नहीं

97. इन दिनों प्रदर्शित फिल्म 'ताल' का निर्देशक निम्नलिखित में से कौन है?
(A) गुलजार (B) शेखर कपूर
(C) हेमामालिनी (D) सुभाष घई

98. लता मंगेशकर और पं. भीमसेन जोशी को हाल ही में निम्नलिखित में से कौनसा पुरस्कार प्रदान किया गया है ?
(A) पद्मश्री
(B) पद्म विभूषण
(C) पद्म भूषण
(D) फिल्म फेयर पुरस्कार

99. जी-8 शिखर सम्मेलन हाल ही में निम्नलिखित में से कहाँ आयोजित किया गया था?
(A) लन्दन (B) पेरिस
(C) वियना (D) कोलोन

100. जो लेखक 1998 के ज्ञानपीठ पुरस्कार के विजेता हैं वे किस भाषा के लेखक हैं?
(A) तेलुगु (B) हिन्दी
(C) उर्दू (D) कन्नड़

101. विशेष ओलम्पिक ग्रीष्म विश्व खेल जून 1994 में कहाँ आयोजित किए गए?
(A) लन्दन
(B) मिलान
(C) उत्तर केरोलिना
(D) पर्थ

102. हाल ही में जारी किए गए आँकड़ों के अनुसार वर्ष 1999-2000 में गेहूँ का अनुमानित उत्पादन (आसन्नत : दस लाख टनों में) क्या होगा?
(A) 71 (B) 83
(C) 96 (D) 105

103. भारतीय श्रम सम्मेलन का पैतीसवाँ अधिवेशन अप्रैल 1999 में निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुआ था?
(A) बंगलौर
(B) भोपाल
(C) नई दिल्ली
(D) अहमदाबाद

104. हाल ही में की गई खुदाई में शताब्दी के चन्देला मंदिर के भग्नावशेष कौनसे स्थान से हुए?
(A) सांची (B) लोथल
(C) खजुराहो (D) जटकरा

105. 'चक्रधर फेलोशिप' किसके लिए जाती है?
(A) लोक कला
(B) शास्त्रीय संगीत
(C) शास्त्रीय नृत्य
(D) साहित्यिक आलोचना

भारतीय अर्थव्यवस्था

106. रेखांकित चैक वह है, जिसके द्वारा जा सकता है, केवल—
(A) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के माध्यम से
(B) चैक निर्गत करने वाले के
(C) किसी बैंक के माध्यम से
(D) दूसरे व्यक्ति को हस्तांतरित देने के पश्चात्

107. 'क्लोज्ड इकॉनोमी' से तात्पर्य अर्थव्यवस्था से है?
(A) केवल निर्यात होता है
(B) मुद्रा की नियंत्रित आपूर्ति हो
(C) घाटे की वित्तीय व्यवस्था हो
(D) आयात अथवा निर्यात नहीं हो

108. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान स्थित है?
(A) शिमला में (B) हैदराबाद
(C) पटना में (D) दिल्ली में

109. एक राष्ट्र के धन में निम्नलिखित से क्या शामिल नहीं है?
(A) उसकी खानें
(B) उसके बाँध
(C) उसकी मुद्रा-पूर्ति
(D) उसका पशु-धन

110. 'विश्व बैंक' का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?
(A) मनीला
(B) वाशिंगटन डी.सी.
(C) न्यूयार्क
(D) जेनेवा

111. शेयर बाजार पर प्रभावपूर्ण नियंत्रण निम्नलिखित में से किसके माध्यम किया जा रहा है?
(A) MRTP Act
(B) FERA
(C) BIFR
(D) SEBI

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

112. वार्षिक बिक्री की दृष्टि से भारत का सार्वजनिक क्षेत्र का सबसे बड़ा उपक्रम कौनसा है?
(A) भेल (BHEL)
(B) सेल (SAIL)
(C) इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL)
(D) कोल इण्डिया लिमिटेड

113. भारत में योजना आयोग कब स्थापित किया गया था?
(A) 1948 (B) 1949
(C) 1950 (D) 1951

114. भारत में शिशु मृत्यु दर कितनी है?
(A) 45 प्रति हजार
(B) 60 प्रति हजार
(C) 80 प्रति हजार
(D) 125 प्रति हजार

115. भारत ने निम्नलिखित में से किसके उत्पादन में आत्म-निर्भरता प्राप्त कर ली है?
(A) उर्वरक (B) अनाज
(C) खाद्य तेल (D) पेट्रोलियम

116. यदि पूँजी स्टॉक सदैव स्थाई है तो मूल्य आय क्या होगा?
(A) ऊँचा (B) नीचा
(C) जीरो (D) अनन्त

117. जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था विकसित होती है राष्ट्रीय आय में तृतीयक क्षेत्र का अंश होता है—
(A) घटता है, तत्पश्चात् बढ़ता है
(B) बढ़ता है, तत्पश्चात् घटता है
(C) बढ़ता जाता है
(D) घटता जाता है

भारतीय राजव्यवस्था

118. राज्य के नीति निर्देशक तत्व किस देश के संविधान के आधार पर निर्मित किए गए हैं?
(A) ब्रिटेन
(B) अमरीका
(C) आयरलैण्ड
(D) पूर्व सोवियत संघ

119. भारत में उपराष्ट्रपति को पद की शपथ कौन दिलवाता है?
(A) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(B) राष्ट्रपति
(C) लोकसभा अध्यक्ष
(D) प्रधानमंत्री

120. राज्य के महाधिवक्ता कितने समय तक अपने पद पर बना रहता है?
(A) 2 वर्ष
(B) 3 वर्ष
(C) 5 वर्ष
(D) राज्यपाल के प्रसाद पर्यन्त

121. भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी कौन होता है ?
(A) भारत का महान्यायवादी
(B) भारत का सॉलीसिटर जनरल
(C) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(D) राष्ट्रपति

122. निम्नलिखित में से किस राज्य के राज्यपाल को आदिवासी क्षेत्रों के संदर्भ में विशेषाधिकार प्राप्त नहीं है?
(A) उड़ीसा (B) मेघालय
(C) मिजोरम (D) असम

123. पंचायती राज किस सूची में है?
(A) समवर्ती सूची में
(B) केन्द्र सूची में
(C) राज्य सूची में
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

124. भारतीय संविधान को किसने बनाया था?
(A) संवैधानिक सभा
(B) ब्रिटिश संसद
(C) भारतीय संसद
(D) गवर्नर जनरल

125. संसद का अधिवेशन प्रारम्भ होने के कितने दिन पश्चात् अध्यादेश अप्रभावी हो जाता है, यदि इस बीच संसद एक प्रस्ताव द्वारा उस पर अपनी स्वीकृति न दे दे?
(A) 6 माह (B) 6 सप्ताह
(C) 6 दिन (D) 14 दिन

126. राज्यपाल के विषय में सही संवैधानिक स्थिति यह है कि?
(A) राज्यपाल प्रधानमंत्री की सलाह पर काम करता है
(B) राज्यपाल राष्ट्रपति की सलाह पर काम करता है
(C) राज्यपाल मुख्यमंत्री की सलाह पर काम करता है
(D) राज्यपाल राज्य की मंत्रिपरिषद् की सलाह पर काम करता है

127. संविधान सभा का चुनाव निम्नलिखित में से किस आधार पर हुआ था?
(A) समान मताधिकार
(B) सर्वमताधिकार
(C) सीमित मताधिकार
(D) वर्गीय मताधिकार

128. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में अन्तरिम सरकार का गठन कब किया गया था?
(A) जुलाई 1946
(B) सितम्बर 1946
(C) अगस्त 1946
(D) अक्टूबर 1946

129. किस अनुच्छेद में न्यायपालिका का कार्यपालिका से अलग करने का उल्लेख किया गया है?
(A) अनुच्छेद 45
(B) अनुच्छेद 48
(C) अनुच्छेद 46
(D) अनुच्छेद 50

130. संविधान में संशोधन कितने प्रकार से किया जा सकता है?
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

131. किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम को लघु संविधान कहा जाता है?
(A) 39वाँ संशोधन
(B) 42वाँ संशोधन
(C) 43वाँ संशोधन
(D) 44वाँ संशोधन

132. किस आरोप के तहत राष्ट्रपति पर महाभियोग प्रस्ताव लाया जा सकता है?
(A) कर्तव्य की अवहेलना
(B) दाण्डिक अपराध
(C) संविधान का अतिक्रमण
(D) उपर्युक्त सभी

133. राष्ट्रपति अपना कार्यकाल पूरा करने के पूर्व हट सकता है—
(A) त्याग पत्र देकर
(B) संसद द्वारा महाभियोग द्वारा
(C) A एवं B दोनों द्वारा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

134. 73वें संविधान संशोधन द्वारा भारत के पंचायती राज व्यवस्था को किस नयी अनुसूची में रखा गया है?
(A) 10वीं (B) 11वीं
(C) 12वीं (D) 13वीं

135. केन्द्र सरकार का संवैधानिक प्रधान कौन होता है?
(A) राष्ट्रपति
(B) प्रधानमंत्री
(C) मन्त्रिपरिषद
(D) कैबिनेट

भारत का भूगोल

136. भारत का सबसे बड़ा बाँध कौनसा है?
(A) भाखड़ा
(B) हीराकुड
(C) राणा प्रताप सागर
(D) तुंगभद्रा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

137. शालीमार बाग कहाँ स्थित है?
(A) जम्मू-कश्मीर में
(B) कर्नाटक में
(C) हिमाचल प्रदेश में
(D) बिहार में

138. किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?
(A) प. बंगाल (B) केरल
(C) बिहार (D) मणिपुर

139. एच.एम.टी. वाच फैक्ट्री कहाँ स्थित है?
(A) जेनाकोट (B) बड़ौदा
(C) लुधियाना (D) सूरियस

140. भारत में ज्वारीय बंदरगाह का उदाहरण कौनसा है?
(A) मर्मुगोआ (B) पारादीप
(C) काँडला (D) कोचीन

141. पारादीप बंदरगाह किस राज्य में स्थित है?
(A) तमिलनाडु में
(B) उड़ीसा में
(C) केरल में
(D) प. बंगाल में

142. हैवी व्हीकल फैक्ट्री कहाँ स्थित है?
(A) आवडी में
(B) अटोविलों में
(C) अम्बाला में
(D) कलकत्ता में

143. नंदा देवी हिमालय के किस भाग में स्थित है?
(A) पंजाब हिमालय
(B) असम हिमालय
(C) नेपाल हिमालय
(D) कुमाऊँ हिमालय

144. भारत के किस नगर में सबसे पहले वर्षा होती है?
(A) मुम्बई (B) कलकत्ता
(C) दिल्ली (D) त्रिवेन्द्रम

145. चिल्का झील किस राज्य में स्थित है?
(A) प. बंगाल (B) राजस्थान
(C) उड़ीसा (D) कश्मीर

विविध

146. प. रविशंकर किस यंत्र से सम्बन्धित हैं?
(A) गिटार (B) संतूर
(C) तबला (D) सितार

147. भरतनाट्यम किस राज्य का शास्त्रीय नृत्य है?
(A) तमिलनाडु
(B) उड़ीसा
(C) उत्तर प्रदेश
(D) बिहार

148. प्रसिद्ध भजन "रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम" किसकी कृति है?
(A) महात्मा गांधी
(B) रविन्द्रनाथ टैगोर
(C) विष्णु दिगम्बर पालुस्कर
(D) उपर्युक्त सभी की

149. निम्नलिखित में से असंगत छाँटिए—
(A) राजा रवि वर्मा
(B) सतीश गुजराल
(C) नंदलाल बोस
(D) पिकासो

150. निम्नलिखित में से किस स्थान पर कुम्भ का मेला नहीं लगता है?
(A) काशी
(B) उज्जैन
(C) प्रयाग
(D) नासिक

उत्तरमाला

1. (B)	2. (B)	3. (B)	4. (C)	5. (B)
6. (C)	7. (D)	8. (B)	9. (A)	10. (B)
11. (B)	12. (A)	13. (C)	14. (C)	15. (B)
16. (B)	17. (B)	18. (A)	19. (A)	20. (C)
21. (C)	22. (D)	23. (B)	24. (B)	25. (B)
26. (B)	27. (A)	28. (B)	29. (B)	30. (A)
31. (D)	32. (C)	33. (D)	34. (C)	35. (B)
36. (A)	37. (A)	38. (A)	39. (A)	40. (B)
41. (D)	42. (A)	43. (C)	44. (A)	45. (B)
46. (B)	47. (A)	48. (B)	49. (C)	50. (A)
51. (A)	52. (C)	53. (C)	54. (B)	55. (A)
56. (B)	57. (A)	58. (B)	59. (B)	60. (B)
61. (A)	62. (B)	63. (B)	64. (C)	65. (D)
66. (C)	67. (B)	68. (D)	69. (B)	70. (A)
71. (B)	72. (C)	73. (C)	74. (A)	75. (D)
76. (C)	77. (A)	78. (A)	79. (C)	80. (E)
81. (B)	82. (B)	83. (B)	84. (D)	85. (D)
86. (D)	87. (D)	88. (D)	89. (D)	90. (C)
91. (B)	92. (D)	93. (D)	94. (D)	95. (D)
96. (B)	97. (D)	98. (B)	99. (D)	100. (D)
101. (C)	102. (C)	103. (C)	104. (D)	105. (C)
106. (C)	107. (D)	108. (B)	109. (C)	110. (B)
111. (D)	112. (C)	113. (C)	114. (C)	115. (B)
116. (C)	117. (C)	118. (C)	119. (A)	120. (D)
121. (A)	122. (A)	123. (C)	124. (A)	125. (B)
126. (D)	127. (D)	128 (B)	129. (B)	130. (B)
131. (B)	132. (C)	133. (C)	134. (B)	135. (A)
136. (A)	137. (A)	138. (A)	139. (A)	140. (C)
141. (B)	142. (A)	143. (D)	144. (D)	145. (C)
146. (D)	147. (A)	148. (C)	149. (D)	150. (A)

संकेत

3. अविनाश चन्द्र दास ने सप्तसिंधु [illegible] और डी.एल. काला ने कश्मीर को [illegible] का मूल स्थान माना है.
5. पुष्यमित्र शुंग, शुंग वंश का प्रथम [illegible] था जिसने अंतिम मौर्य शासक को [illegible] कर गद्दी प्राप्त की.
6. तराइन की पहली लड़ाई में पृथ्वी चौहान ने विजय प्राप्त की थी, [illegible] दूसरी लड़ाई में वह शहाबुद्दीन [illegible] गौरी से पराजित हो गया था.
7. कुतुबुद्दीन ऐबक चूँकि एक गुलाम था [illegible] उसका वंश गुलाम वंश कहलाया. इसे [illegible] को ममलूक वंश भी कहा जाता है.
8. जिम्मियो को शासक द्वारा जजिया [illegible] के बदले में संरक्षण दिया जाता था.
9. पोलज सर्वोत्तम भूमि थी जिस पर [illegible] ऊँची दर से लगान चुकाना पड़ता था.
15. 1858 ई. के अधिनियम द्वारा भारत [illegible] के पद का सृजन किया गया जो [illegible] मंत्रिमण्डल का एक स्थायी सदस्य था.
16. 1911 ई. में बंगाल विभाजन [illegible] गया था और भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित की [illegible] थी.
19. होमरूल आंदोलन आयरलैण्ड में [illegible] होमरूल मूवमेंट से प्रेरित था.
21. कोलियों ने 1824-25, 1828, 1839 [illegible] 1849 में गुजरात में विद्रोह किया था.
24. मंगल पाण्डे बैरकपुर की 34वीं [illegible] इन्फैन्ट्री से सम्बन्धित था जिसने [illegible] क्रांति की शुरूआत की थी.
25. पंजाब के गुरदासपुर जिले के [illegible] नगर में मिर्जा गुलाम अहमद ने अहमदिया आंदोलन शुरू किया था.
28. राधाकांत देव द्वारा गठित धर्म सभा [illegible] मुख्य कार्य था कट्टर हिन्दू धर्म पर [illegible] जा रहे प्रहारों से उसका बचाव. यह [illegible] प्रतिक्रियावादी आंदोलन था.
30. लॉर्ड लिटन ने वर्नाकूलर प्रेस एक्ट [illegible] किया जिसके द्वारा प्रेस पर कई तरह [illegible] प्रतिबंध लगाए गए.
33. 1885 (काँग्रेस की स्थापना) से [illegible] 1905 ई. तक का काल कांग्रेस [illegible] उदारवादी काल कहलाता है.
34. उग्रवादी नेता या गरम दल के नेता [illegible] हिंसा के पक्षधर नहीं थे.
37. गांधीजी ने प्रथम विश्व युद्ध के अवसर [illegible] भारतीयों से अपील की थी कि वे तन-[illegible] धन से ब्रिटिश सरकार की मदद [illegible] द्वितीय विश्व युद्ध के समय गांधीजी [illegible] अंग्रेजों को छेड़ा नहीं था, परन्तु उनकी मदद भी उन्होंने नहीं की थी.
38. जब महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन [illegible] वापस लिया तो सुभाषचन्द्र बोस अत्यन्त क्रुद्ध हुए थे और उन्होंने उस फैसले को राष्ट्रीय संकट का काल माना था.
39. महात्मा गांधी ने द्वितीय विश्व युद्ध के [illegible] यह टिप्पणी की थी.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

40. चीन के राष्ट्रपति च्यांग-काई-शेक 1942 ई. में भारत आए थे.

41. एम्फीबियस या उभयचर प्राणी जल और थल दोनों जगह रहते हैं.

42. जीवाणु सड़ी-गली वस्तुओं और अन्य कार्बनिक पदार्थों का अपघटन करते हैं.

44. ध्रुवों पर गुरुत्वाकर्षण बल अधिक होने के कारण वहाँ किसी पदार्थ का भार अधिक होता है.

46. चूहा, गिलहरी आदि कुतरने वाले प्राणियों को रोडेन्ट्स कहा जाता है.

49. कॉलेस्ट्रॉल से हृदय में आघात बढ़ने की सम्भावना रहती है. अतः हृदय रोगी को वैसा भोजन लेने से मनाही रहती है जिसमें कोलेस्ट्रॉल पाया जाता है.

50. सीसा या लैड जो गाड़ियों के धुएँ से निकलता है, वायु प्रदूषण का एक मुख्य कारक है. अतः वायु प्रदूषण रोकने के लिए शीशा रहित पेट्रोल के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है.

52. घरों में किलोवाट प्रति घण्टा के हिसाब से बिजली की खपत मापी जाती है जिसे आम बोलचाल की भाषा में यूनिट कहा जाता है.

57. खगड़िया जिले का क्षेत्रफल बिहार के जिलों में सबसे कम है.

59. बख्तियार खिलजी ने अपने बिहार अभियान 1197-98 के दौरान बिहार के शिक्षा एवं संस्कृति केन्द्रों को नष्ट कर दिया.

60. पूरे देश में भारत छोड़ो आन्दोलन के प्रारम्भ के दो दिन के बाद 11 अगस्त, 1942 को पटना सचिवालय पर गोलीबारी की घटना हुई.

65. पतरातु-बिहार विद्युत बोर्ड का बिजली उत्पादन केन्द्र है.

66. श्रीलक्ष्मी राय, श्री रामाश्रय प्रसाद के बाद आयोग के अध्यक्ष बनाए गए हैं.

68. गंडक परियोजना उत्तर प्रदेश बिहार तथा नेपाल की संयुक्त परियोजना है.

71. $\sqrt{?} = \sqrt{576} - 7$
$= 24 - 7 = 17$
$\therefore \quad ? = (17)^2$
$= 289$

72. $? = \frac{1}{2} + \frac{2}{3} + \frac{3}{4} + \frac{4}{5}$
$= \frac{30 + 40 + 45 + 48}{60}$
$= \frac{163}{60}$

73. $? = 7691 + 309 + 89$
$= 8089$

74. $? = 30{\cdot}03 - 29{\cdot}03009$
$= 0{\cdot}99991$

75. $? = 16 + 72 + 6 - 4 \times 3$
$= 16 + 12 - 12$
$= 16$

? का 20% = 20 का 100%

या, $\frac{? \times 20}{100} = \frac{20 \times 100}{100}$

$\therefore \quad ? = \frac{20 \times 100 \times 100}{100 \times 20}$
$= 100$

77. दो श्रेणी हैं प्रथम –2, 4, 8, 16...प्रत्येक अगला अंक पिछले अंक का दोगुना है.
द्वितीय 7, 13, 27, 55
प्रत्येक अगला अंक है—
$7 \times 2 = 14 - 1$
$= 13$
5. A एक व्यवसाय 3500 रु. से आरम्भ करता है. 5 महीने बाद B उसका साझीदार बन जाता है. एक वर्ष बाद दोनों के बीच लाभ को 2 : 3 के अनुपात में विभाजित कर दिया जाता है, तो B का पूँजी निवेश ज्ञात कीजिए.
(A) 8000 रुपए (B) 8500 रुपए
(C) 9000 रुपए (D) 7500 रुपए

6. A, B और C एक चरागाह किराए पर लेते हैं. A उस पर 7 महीने तक 10 बैल चराता है. B उस पर 5 महीने तक 12 बैल और C उस पर 3 महीने तक 15 बैल चराता है. अगर चरागाह का किराया 175 रु. हो, तो C को अपने हिस्से का कितना किराया देना होगा?
(A) 45 रुपए (B) 50 रुपए
(C) 55 रुपए (D) 60 रुपए

7. संतरों के मूल्य में 20% कमी हो जाने पर एक आदमी 10 रुपयों में 5 संतरे अधिक खरीद लेता है. संतरे का पहले वाला मूल्य कितना था?
(A) 20 पैसे (B) 40 पैसे
(C) 50 पैसे (D) 60 पैसे

8. एक परीक्षा में अधिकतम अंकों के 20% अंक प्राप्त करने वाला छात्र 5 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है. दूसरा छात्र जिसे अधिकतम अंकों के 30% अंक मिलते हैं. उत्तीर्णांकों से 20 अंक अधिक पा जाता है. उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक प्रतिशत क्या है ?
(A) 32% (B) 23%
(C) 22% (D) 20%

9. यदि किसी संख्या के 60% में से 60 को घटाने पर शेषफल भी 60 आता हो, तो संख्या बताइए.
(A) 120 (B) 150
(C) 180 (D) 200

10. $\left(\frac{1+\sqrt{2}}{\sqrt{5}+\sqrt{3}}+\frac{1-\sqrt{2}}{\sqrt{5}-\sqrt{3}}\right)$ को सरल कीजिए.
(A) $\sqrt{5}+\sqrt{6}$
(B) $2\sqrt{5}+\sqrt{6}$
(C) $\sqrt{5}-\sqrt{6}$
(D) $2\sqrt{5}-3\sqrt{6}$

11. $\left(\sqrt{72}-\sqrt{18}\right)\div\sqrt{12}$ बराबर होगा–
(A) $\sqrt{6}$ (B) $\sqrt{3}/2$
(C) $\sqrt{2}/3$ (D) $\sqrt{6}/2$

12. $\frac{1}{2}, 3\frac{1}{4}, 6, 8\frac{3}{4}$ .....
उक्त अनुक्रम का अगला पद बताइए.
(A) $10\frac{1}{4}$ (B) $10\frac{3}{4}$
(C) $11\frac{1}{4}$ (D) $11\frac{1}{2}$

13. यदि $x=7-4\sqrt{3}$, तो $\left(x+\frac{1}{x}\right)$ का मान बताइए
(A) $3\sqrt{3}$
(B) $8\sqrt{3}$
(C) $14+8\sqrt{3}$
(D) 14

14. यदि 17^{200} को 18 से भाग दे शेषफल क्या होगा ?
(A) 17 (B) 16
(C) 1 (D) 2

15. $3034-(1002\div 20{\cdot}04)$ को सरल करके मान बताइए.
(A) 3029 (B) 2984
(C) 2993 (D) 2543

16. $\frac{\sqrt{80}-\sqrt{112}}{\sqrt{45}-\sqrt{63}}$ का मान बताइए
(A) $\frac{3}{4}$ (B) $1\frac{3}{4}$
(C) $1\frac{1}{3}$ (D) $1\frac{7}{9}$

17. $(100)^{1/2}\times(0{\cdot}001)^{1/3}-(0{\cdot}0016)^{1/2}\times 3^0+\left(\frac{5}{4}\right)^{-1}$ को सरल करके मान बताइए.
(A) 1·6 (B) 0·8
(C) 1·0 (D) 0

18. $\left(\frac{785\times 785\times 785+435\times 435\times 4}{(785)^2+(435)^2-(785)(435)}\right.$ को सरल कीजिए–
(A) 350 (B) 785
(C) 1220 (D) 1320

19. निम्न अनुक्रम में रिक्त संख्या ज्ञात कीजिए–
3, 14, 25, 36, 47, ?
(A) 57 (B) 58
(C) 55 (D) 59

20. $\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)\left(1-\frac{1}{5}\right)\left(1-\frac{1}{n}\right)$ को सरल करके मान बताइए.
(A) $\frac{1}{n}$ (B) $\frac{2}{n}$
(C) $\frac{2(n-1)}{n}$ (D) $\frac{2}{n(n+1)}$

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

21. $(101 + 102 + 103 + ... + 200)$ का योग क्या होगा?
(A) 15000 (B) 15025
(C) 15050 (D) 25000

22. 75 से 97 तक की सभी प्राकृतिक संख्याओं का योग कितना होगा ?
(A) 1598 (B) 1798
(C) 1958 (D) 1978

23. 0·12, 0·21, 8 का चतुर्थानुपाती क्या है ?
(A) 8·9 (B) 56
(C) 14 (D) 17

24. यदि 3 पुरुष या 6 स्त्रियाँ एक काम को 16 दिनों में सम्पन्न कर सकती हैं, तो 12 पुरुष और 8 स्त्रियाँ मिलकर उस काम को कितने दिनों में कर लेंगे?
(A) 4 दिन (B) 5 दिन
(C) 3 दिन (D) 2 दिन

25. वह मूलधन बताइए जिसका 3 वर्षों की अवधि के लिए 10 प्रतिशत वार्षिक की दर पर चक्रवृद्धि और साधारण ब्याज का अन्तर 31 रुपए होगा ?
(A) 1500 रु. (B) 1200 रु.
(C) 1100 रु. (D) 1000 रु.

26. एक भवन निर्माता ने 2550 रुपए उधार लिए, तो उसे 4% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर दो वर्षों के अन्तराल से दो बराबर की वार्षिक किश्तों में लौटाने थे. तब प्रत्येक किश्त कितने रुपए की होगी ?
(A) 1352 रु. (B) 1377 रु.
(C) 1275 रु. (D) 1283 रु.

27. किस वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 3000 रुपए तीन वर्षों में 3993 रुपए हो जाएंगे?
(A) 9% (B) 10%
(C) 11% (D) 13%

28. 15876 के वर्गमूल में इकाई का अंक क्या होगा ?
(A) 8 (B) 6
(C) 4 (D) 2

29. $\sqrt[3]{\frac{72·9}{0·4096}}$ का मान क्या होगा ?
(A) 0·5625 (B) 5·625
(C) 182 (D) 13·6

30. $(5·5)^3 - (4·5)^3$ का मान क्या होगा?
(A) 1 (B) 75
(C) 74·25 (D) 75·25

31. 12345679 × 72 का मान क्या होगा?
(A) 88888888
(B) 999999998
(C) 888888888
(D) 898989898

32. किसी तीन अंकों की संख्या को दोहराकर एक छः अंकों की संख्या बनाई जाती है, जैसे 256, 256 या 678, 678 आदि. तब इस तरह बनी संख्या निम्नलिखित में से किस संख्या से हमेशा पूर्णतः विभाज्य है ?
(A) केवल 7 (B) केवल 11
(C) केवल 13 (D) 1001

33. यदि $0·111 ..... = \frac{1}{9}$; तो 0.444 ..... किसके बराबर होगा?
(A) $\frac{1}{90}$ (B) $\frac{2}{45}$
(C) $\frac{1}{99}$ (D) $\frac{4}{9}$

34. 1000 में कौनसी ऐसी सबसे छोटी संख्या जोड़ी जाए, ताकि वह योग 45 से पूरी तरह विभाजित हो जाए ?
(A) 35 (B) 80
(C) 20 (D) 10

35. 3 से गुणा करके बनी 100 और 200 के बीच की सभी प्राकृतिक संख्याओं का योग क्या होगा ?
(A) 5000 (B) 4950
(C) 4980 (D) 4900

36. 1008 को किस एक अंक वाली संख्या से विभाजित किया जाए कि भागफल एक पूर्ण वर्ग संख्या बन जाए ?
(A) 9 (B) 4
(C) 8 (D) 7

37. एक पुरुष, एक स्त्री और एक लड़का किसी काम को क्रमशः 3, 4 और 12 दिनों में पूरा करते हैं. तब 1 पुरुष और 1 स्त्री की सहायता के लिए कितने लड़के काम पर लगाए जाएं कि वह काम $\frac{1}{4}$ दिन में पूरा हो जाए ?
(A) 1 (B) 4
(C) 19 (D) 41

38. d व्यास वाले एक पाइप के द्वारा कोई पानी की टंकी 40 मिनट में खाली की जा सकती है, तो $2d$ व्यास वाले पाइप को उसे खाली करने में कितना समय लगेगा ?
(A) 5 मिनट (B) 10 मिनट
(C) 20 मिनट (D) 80 मिनट

39. एक ठेकेदार एक सड़क 40 दिनों में बनाने का ठेका लेता है और 25 आदमी काम पर लगाता है. 24 दिनों के बाद उसे पता चलता है कि केवल एक-तिहाई सड़क बनी है. तब ठेकेदार कितने और आदमी काम पर लगाए कि सड़क नियत अवधि से 4 दिन पहले ही बन जाए?
(A) 100
(B) 60
(C) 75
(D) इनमें से कोई नहीं

40. A कोई काम 15 दिनों में कर सकता है और B उसे 20 दिनों में. यदि वे दोनों 4 दिनों तक एक साथ काम करें, तो शेष बचा कार्य, पूरे कार्य का कितना भाग होगा ?
(A) $\frac{8}{15}$ (B) $\frac{7}{15}$
(C) $\frac{1}{4}$ (D) $\frac{1}{10}$

41. एक नलका किसी टैंक को एक घंटे में खाली कर सकता है. दूसरा नलका उसी टैंक को 30 मिनट में खाली कर सकता है. यदि दोनों नलके एक साथ चालू कर दिए जाएं, तो टैंक को खाली करने में कितना समय लगेगा ?
(A) 20 मिनट (B) 30 मिनट
(C) 40 मिनट (D) 45 मिनट

42. किसी आयताकार मेज की ऊपरी सतह का परिमाप 28 मीटर है और उसका क्षेत्रफल 48 मीटर^2 है. उस मेज की कर्णवत् लम्बाई क्या होगी ?
(A) 5 मीटर
(B) 10 मीटर
(C) 12 मीटर
(D) 12·5 मीटर

43. एक लाम्बिक वृत्ताकार बेलन का आयतन क्या होगा, यदि उसकी ऊँचाई 40 सेमी हो और उसके आधार की परिधि 66 सेमी हो ?
(A) 55440 सेमी^{3}
(B) 3465 सेमी^{3}
(C) 7720 सेमी^{3}
(D) 13860 सेमी^{3}

44. ABC एक त्रिभुज है, जिसका आधार AB है. AB पर D एक ऐसा बिन्दु है कि AB = 5 और DB = 3, तो ΔADC के क्षेत्रफल का ΔABC के क्षेत्रफल से अनुपात क्या होगा ?
(A) 3/2 (B) 2/3
(C) 3/5 (D) 2/5

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

45. 1600 रुपए का 2 वर्ष 3 महीने में साधारण ब्याज 252 रुपए है. ब्याज की वार्षिक दर क्या है ?

(A) $5\frac{1}{2}\%$ (B) 8%

(C) 7% (D) 6%

46. 400 रुपयों की राशि 4 वर्षों में 480 रुपए हो जाती है. यदि ब्याज की दर 2% बढ़ा दी जाए, तो वह कितनी हो जाएगी?

(A) 484 रुपए

(B) 560 रुपए

(C) 512 रुपए

(D) इनमें से कोई नहीं

47. एक घड़ी का निर्धारित मूल्य 720 रुपए था. एक व्यक्ति ने दो बार बट्टा कटवाकर वही घड़ी 550 रुपए 80 पैसे में खरीदी. यदि पहली बार का बट्टा 10% था, तो दूसरी बार का कितना था ?

(A) 12% (B) 14%

(C) 15% (D) 18%

48. एक दुकानदार अपने माल की बिक्री-कीमत, लागत कीमत से 20% अधिक निर्धारित करता है. यदि वह 30% बट्टा भी देता है, तो उसे कुल हानि कितनी होती है ?

(A) 8% (B) 10%

(C) 16% (D) 20%

49. एक परीक्षा में छात्रों के एक समूह के प्राप्तांकों का समांतर माध्य 52 था. उनमें सबसे अच्छे 20 प्रतिशत छात्रों को औसतन 80 अंक मिले और सबसे खराब 25 प्रतिशत छात्रों को औसतन 31 अंक. तब शेष 55 प्रतिशत छात्रों के प्राप्तांकों का औसत क्या था ?

(A) 45%

(B) 50%

(C) 51·4% लगभग

(D) 54·6% लगभग

50. एक क्रिकेट खिलाड़ी ने, जिसका गेंद फेंकने का औसत 24·85 रन प्रति विकेट था, एक मैच में 52 रन देकर 5 विकेट गिराए. उसके बाद उसका औसत 0·85 कम हो गया. तब अंतिम मैच खेलने तक उसके द्वारा गिराए गए विकटों की संख्या क्या थी ?

(A) 64 (B) 72

(C) 80 (D) 96

51. दो संख्याओं का योग और गुणनफल क्रमशः 12 और 35 है. तब उनके व्युत्क्रमों का योग क्या होगा?

(A) $\frac{1}{3}$

(B) $\frac{1}{5}$

(C) $\frac{12}{35}$

(D) $\frac{35}{12}$

52. निम्नलिखित में से कौनसी संख्या पूर्ण वर्ग भी है और पूर्ण घन भी?

343, 125, 81, 64

(A) 81 (B) 125

(C) 343 (D) 64

53. यदि दो संख्याओं का योग 3 हो और उनके वर्गों का योग 12 हो, तो उनका गुणनफल कितना होगा ?

(A) $\frac{3}{2}$ (B) $\frac{2}{3}$

(C) $-\frac{3}{2}$ (D) $-\frac{2}{3}$

54. 1 प्रतिशत के आधे को अगर दशमलव में लिखा जाए, तो क्या होगा ?

(A) 0·2

(B) 0·02

(C) 0·05

(D) 0·005

55. एक कक्षा के छात्रों में 800 चाकलेट बाँटे गए. यदि प्रत्येक छात्र को कक्षा में छात्रों की संख्या के दोगुने चाकलेट दिए गए, तो छात्रों की संख्या क्या थी?

(A) 25 (B) 30

(C) 35 (D) 20

56. एक धावक ने 5 पारी वाली दौड़ में से केवल $1\frac{1}{4}$ पारियाँ दौड़ीं. तब बताइए कि उसे दौड़ का कितना भाग दौड़ना शेष रह गया?

(A) 15/4 (B) 4/5

(C) 5/6 (D) 2/3

निर्देश–यहाँ दिए वृत्त लेखाचित्र में एक परिवार द्वारा वर्ष 1998 में विभिन्न मदों पर किए खर्च को दर्शाया गया है. चित्र का अध्ययन करके प्रश्न 57 से 61 के उत्तर दीजिए.

(वर्ष 1998 में एक परिवार का विभिन्न मदों पर किया खर्च)



57. यदि 1998 का कुल खर्च 46,000 रुपए था, तो भोजन की मद में खर्च कितना था ?

(A) 2,000 रु. (B) 10,580 रु.

(C) 23,000 रु. (D) 2,300 रु.

58. यदि कुल खर्च 46,000 रुपए था, वस्त्रों और आवास पर कुल कितना खर्च हुआ?

(A) 11,500 रुपए

(B) 1150 रुपए

(C) 10,000 रु.

(D) 15,000 रु.

59. आवास पर किए कुल खर्च और शिक्षा पर किए कुल खर्च का अनुपात क्या था ?

(A) 5 : 2 (B) 2 : 5

(C) 4 : 5 (D) 5 : 4

60. ग्राफ चित्र से पता चलता है कि सर्वाधिक खर्च वाली मद थी–

(A) भोजन (B) आवास

(C) वस्त्र (D) अन्य

61. यदि परिवार का 1998 का कुल खर्च 46,000 रुपए था, तो परिवार की बचत कितने रुपए थी ?

(A) 1500 रु.

(B) 15000 रु.

(C) 6900 रु.

(D) 3067 रु. लगभग

62. एक प्लॉट की लम्बाई उसकी चौड़ाई की पाँच गुनी है. उस प्लॉट में एक खेल का मैदान भी है जिसका क्षेत्रफल 245 वर्ग मीटर है, और जो पूरे प्लॉट का आधा है. प्लॉट की लम्बाई क्या है?

(A) $35\sqrt{2}$ मीटर

(B) $175\sqrt{2}$ मीटर

(C) 490 मीटर

(D) $5\sqrt{2}$ मीटर

63. 44 सेमी परिमाप वाले एक वर्ग और 44 सेमी परिधि वाले एक वृत्त में किसका क्षेत्रफल अधिक है और कितना ?

(A) वर्ग, 33 सेमी^{2}

(B) वृत्त, 33 सेमी^{2}

(C) दोनों का क्षेत्रफल बराबर है

(D) वर्ग, 495 सेमी^{2}

64. 7 क्रमिक संख्याओं का औसत 20 है, तो उन संख्याओं में सबसे बड़ी संख्या बताइए.

(A) 24 (B) 23

(C) 22 (D) 20

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

65. 14 छात्राओं और उनकी एक शिक्षिका की औसत आयु 15 वर्ष है. यदि शिक्षिका की आयु को हटा दिया जाए, तो औसत में 1 अंक की कमी हो जाती है. शिक्षिका की आयु क्या है ?
(A) 35 वर्ष (B) 32 वर्ष
(C) 30 वर्ष (D) 29 वर्ष

66. चार भाइयों की औसत उम्र 12 वर्ष है. यदि उनकी उम्रों में उनकी माँ की उम्र भी शामिल कर ली जाए, तो कुल औसत में 5 वर्ष की बढ़ोत्तरी हो जाती है. माँ की उम्र (वर्षों में) बताइए.
(A) 37 वर्ष (B) 43 वर्ष
(C) 48 वर्ष (D) 53 वर्ष

67. यदि 3 खिलौने उसी प्रकार के 4 खिलौनों के लागत मूल्य पर बेचे जाएं, तो लाभ बताइए.
(A) 25% (B) $33\frac{1}{3}\%$
(C) $66\frac{2}{3}\%$ (D) 50%

68. A एक साइकिल 20% लाभ पर B को बेचता है. फिर B उसे 25% लाभ पर C को बेच देता है. यदि C अपनी ओर से 225 रुपए का भुगतान करता है, तो A के लिए साइकिल का लागत मूल्य क्या होगा ?
(A) 110 रुपए (B) 125 रुपए
(C) 120 रुपए (D) 150 रुपए

69. किसी वस्तु के मूल्य में 10% की कमी कर दी जाती है. उसे पुराने मूल्य पर लाने के लिए उसकी कीमत में कितनी वृद्धि करनी होगी ?
(A) 10% (B) 11%
(C) $9\frac{1}{11}\%$ (D) $11\frac{1}{9}\%$

70. एक फुटकर विक्रेता, थोक विक्रेता से 40 पेन 36 पेनों की निर्धारित कीमत पर खरीदता है. यदि वह उन्हें 1% बट्टे पर बेचता हो, तो उसका प्रतिशत लाभ क्या होगा ?
(A) 9% (B) 10%
(C) $10\frac{1}{9}\%$ (D) 11%

71. एक पुस्तक की 12 प्रतियाँ 1800 रुपए में बेचने पर 3 प्रतियों के लागत मूल्य के बराबर लाभ हुआ, तो एक प्रति का लागत मूल्य क्या है ?
(A) 120 रुपए
(B) 150 रुपए
(C) 1200 रुपए
(D) 1500 रुपए

72. यदि p का $p\%$ 36 हो, तो p बराबर होगा–
(A) 3600 (B) 600
(C) 60 (D) 15

73. 5 : 4 के अनुपात को यदि प्रतिशत में व्यक्त किया जाए, तो वह किसके बराबर होगा ?
(A) 125% (B) 80%
(C) 40% (D) 12·5%

74. 2 की संख्या 50 की कितने प्रतिशत है?
(A) 2 (B) 2·5
(C) 4 (D) 5

75. एक कक्षा में 60% छात्र हिन्दी में उत्तीर्ण होते हैं और 45% संस्कृत में. यदि उनमें से 25% कम से कम एक विषय में उत्तीर्ण हों, तो दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत क्या होगा?
(A) 80% (B) 75%
(C) 20% (D) 25%

76. यदि A की आय B की आय से 40% कम हो, तो B की आय, A की आय से कितने प्रतिशत अधिक है ?
(A) 60% (B) 40%
(C) 66·66% (D) 33·33%

77. यदि एक रेलगाड़ी की गति 63 किमी प्रति घंटा हो और उसी दिशा में पैदल चलने वाले यात्री की गति 3 किमी प्रति घंटा हो, तो 500 मीटर लम्बी रेलगाड़ी पैदल यात्री को पार करने में कितने सेकण्ड का समय लेगी ?
(A) 25 (B) 30
(C) 40 (D) 45

78. एक आदमी जो 5 किमी प्रति घंटा की गति से चल रहा है, एक पुल को 15 मिनट में पार करता है. पुल की लम्बाई (मीटरों में) ज्ञात कीजिए.
(A) 600 (B) 750
(C) 1000 (D) 1250

79. यदि कोई आदमी अपनी गति $\frac{2}{3}$ घटा देता है, तो उसे एक निर्धारित दूरी तक चलने में एक घंटा अधिक लगता है, तो वह आदमी वहीं दूरी अपनी सामान्य गति से कितने घंटों में तय करेगा ?
(A) 2 (B) 1
(C) 3 (D) 1·5

80. मैं एक नियत दूरी तक पैदल चलता हूँ, लेकिन वापसी में वाहन से यात्रा करता हूँ. इस तरह कुल 37 मिनट लगते हैं. यदि मैं दोनों ओर से पैदल ही जाता हूँ, तो मुझे 55 मिनट लगते हैं. तदनुसार दोनों ओर से वाहन से यात्रा करने में मुझे कितना समय लगेगा ?
(A) 9·5 मिनट (B) 19 मिनट
(C) 18 मिनट (D) 20 मिनट

81. एक पुलिस वाला किसी चोर को 200 मीटर की दूरी से देखता है. चोर भागना शुरू कर देता है और पुलिस वाला उसके पीछे भागता है. चोर की गति 10 किमी प्रति घंटा और पुलिस वाले की 11 किमी प्रति घंटा है. तब 6 मिनट बाद उनके बीच कितनी दूरी रह जाएगी ?
(A) 100 मीटर (B) 190 मीटर
(C) 200 मीटर (D) 150 मीटर

82. यदि 2, 4, 6, 8, ..., 98, 100 को एक साथ गुणा किया जाए, तो उनके गुणनफल के अंत में कितने शून्य होंगे?
(A) 13 (B) 12
(C) 11 (D) 10

83. $(36)^{1/6}$ बराबर होगा–
(A) 1 (B) 6
(C) $\sqrt{6}$ (D) $\sqrt[3]{6}$

84. $(13^7 + 11^7)$ तथा $(13^5 + 11^5)$ के बीच उभयनिष्ठ घटक बताइए.
(A) 24
(B) $13^5 + 11^5$
(C) $13^2 + 11^2$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. यदि $\log_{10} 2 = 0.3010$ हो, तो $\log_2 10$ बराबर होगा–
(A) 0·3010 (B) 0·6990
(C) $\frac{1000}{301}$ (D) $\frac{699}{301}$

86. $\frac{(0.03)^2 - (0.01)^2}{0.03 - 0.01}$ का मान ज्ञात कीजिए.
(A) 0·02 (B) 0·004
(C) 0·4 (D) 0·04

87. 3, 5, 9, 17, 33, ... अनुक्रम की अगली संख्या क्या होगी ?
(A) 65 (B) 60
(C) 50 (D) 49

88. $(64)^{-2/3} \times \left(\frac{1}{4}\right)^{-2}$ का मान बताइए.
(A) 1 (B) 2
(C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{1}{16}$

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

89. दो संख्याओं का म.स.प. 8 है. तब निम्नलिखित में से कौनसी संख्या ऐसी है जो उनका ल.स.प. नहीं हो सकती?
(A) 24 (B) 48
(C) 56 (D) 60

90. यदि दो संख्याओं का योग 22 हो और उनके वर्गों का योग 404 हो, तो उन संख्याओं का गुणनफल बताइए.
(A) 40 (B) 44
(C) 80 (D) 88

91. $\frac{1}{0{\cdot}04}$ का मान बताइए.
(A) $\frac{1}{40}$ (B) $\frac{2}{5}$
(C) $\frac{5}{2}$ (D) 25

92. यदि $1 \times 2 \times 3 \times .... \times n$ को $\lfloor n$ से संकेतित किया जाए, तो ($\lfloor 8 - \lfloor 7 - \lfloor 6$) का मान बताइए.
(A) $6 \times 8 \times \lfloor 6$
(B) $7 \times 8 \times \lfloor 6$
(C) $6 \times 7 \times \lfloor 8$
(D) $7 \times 8 \times \lfloor 7$

93. प्रथम 20 विषम प्राकृतिक संख्याओं का योग क्या होगा ?
(A) 210 (B) 300
(C) 400 (D) 420

94. $\left(\frac{8}{125}\right)^{-4/3}$ को सरलीकृत कीजिए.
(A) $\frac{625}{16}$ (B) $\frac{625}{8}$
(C) $\frac{625}{32}$ (D) $\frac{16}{625}$

95. $(6{\cdot}5 \times 6{\cdot}5 - 45{\cdot}5 + 3{\cdot}5 \times 3{\cdot}5)$ किसके बराबर है ?
(A) 10 (B) 9
(C) 7 (D) 6

96. 15 : 19 के अनुपात को प्रदर्शित करने वाली दोनों संख्याओं में से ऐसी कौनसी एक संख्या घटाई जाए कि अनुपात 3 : 4 हो जाए?
(A) 9 (B) 6
(C) 5 (D) 3

97. यदि $p : q = r : s, t : u = 2 : 3$, तो $(mp + nr + ot) : (mq + ns + ou)$ का मान बताइए.
(A) 1 : 3 (B) 1 : 2
(C) 2 : 3 (D) 3 : 2

98. यदि $a : b = c : d = e : f = 1 : 2$, तो $(pa + qc + re) : (pb + qd + rf)$ का मान बताइए.
(A) $p : (q + r)$ (B) $(p + q) : r$
(C) 2 : 3 (D) 1 : 2

99. यदि $x : y = 3 : 1$, तब $x^3 - y^3 : x^3 + m^3$ किसके बराबर होगा ?
(A) 13 : 14 (B) 14 : 13
(C) 10 : 11 (D) 11 : 10

100. यदि m का 10%, n के 20% के बराबर हो, तो $m : n$ किसके बराबर होगा ?
(A) 2 : 1 (B) 1 : 2
(C) 1 : 10 (D) 1 : 20

उत्तर व्याख्या सहित

1. (C)

2. (D)



वर्ग की भुजा = वृत्त का व्यास
= 28 सेमी

वृत्त की त्रिज्या $= r = \frac{28}{2}$
= 14 सेमी

∴ वृत्त का क्षेत्रफल
$= \pi r^2$
$= \frac{22}{7} \times 14 \times 14$
= 616 वर्ग सेमी

3. (A)



बेलन के आधार तल की परिधि
= π × व्यास
$6\pi = \pi \times h$
h = 6 सेमी

∴ बेलन के आधार तल की त्रिज्या
$= \frac{h}{2} = \frac{6}{2}$ = 3 सेमी

बेलन का आयतन
$= \pi r^2 h$
$= \pi \times 3 \times 3 \times 6$
$= 54\pi$ घन सेमी

4. (B) पहले वृत्त की त्रिज्या
$= r_1 = \frac{4\pi}{2\pi}$
= 2 सेमी
वृत्त का क्षेत्रफल
$= \pi \times 2^2$
$= 4\pi$ वर्ग सेमी
अब वृत्त की त्रिज्या
$= \frac{8\pi}{2\pi} = 4$ सेमी
अब वृत्त का क्षेत्रफल
$= \pi \times 4^2$
$= 16\pi$ वर्ग सेमी
क्षेत्रफल में परिवर्तन
$= \frac{16\pi - 4\pi}{4\pi}$
$= \frac{12\pi}{4\pi}$
= 3 गुना

5. (C) माना B की पूँजी x रुपए है
A और B की पूँजियों में अनुपात
$= 3500 \times 12 : x \times (12-5$
$= 42000 : 7x$
$= 6000 : x$
प्रश्नानुसार लाभ का वितरण पूँजी के अनुपात में है
∴ $\frac{6000}{x} = \frac{2}{3}$
x = 9000 रुपए

6. (A)
A, B तथा C के किराए में अनुपात
$= 7 \times 10 : 5 \times 12 : 3 \times 1$
$= 70 : 60 : 45$
$= 14 : 12 : 9$
C का किराया
$= \frac{9}{(14 + 12 + 9)} \times 175$
= 45 रुपए

7. (C) माना मूल्य में कमी से पूर्व 1 सन्तरे का मूल्य x रुपए था
∴ 10 रुपए में प्राप्त सन्तरे
$= \frac{10}{x}$
मूल्य में 20% कमी होने के कारण,
1 सन्तरे का मूल्य
$= \frac{80x}{100} = \frac{4}{5}x$

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

∴ 10 रुपए में प्राप्त सन्तरे

$$= \frac{10}{\frac{4x}{5}} = \frac{10 \times 5}{4x}$$

$$= \frac{25}{2x} \quad \text{.....(2)}$$

प्रश्नानुसार–

$$\frac{25}{2x} - \frac{10}{x} = 5$$

$$10x = 5$$

या, $x = \frac{5}{10}$ रुपए

x = 50 पैसे

संक्षिप्त विधि

सन्तरों का वास्तविक मूल्य

$$= \frac{x}{(100-x)} \times \frac{A}{B}$$

जहाँ $x \rightarrow$ प्रतिशत कमी

$A \rightarrow$ रुपए

$B \rightarrow$ अधिक खरीदी गई मात्रा

$$= \frac{20}{(100-20)} \times \frac{10}{5}$$

$$= \frac{20}{80} \times \frac{10}{5}$$

$$= \frac{1}{2} \text{ रुपए}$$

= 50 पैसे

8. (C) माना अधिकतम अंक = x

प्रथम स्थिति में–

उत्तीर्ण अंक = $x \times \frac{20}{100} + 5$

दूसरी स्थिति में–

उत्तीर्ण अंक = $x \times \frac{30}{100} - 20$

$\therefore \quad \frac{20x}{100} + 5 = \frac{30x}{100} - 20$

$\frac{30x}{100} - \frac{20x}{100} = 5 + 20$

$\Rightarrow \quad \frac{x}{10} = 25$

$\Rightarrow \quad x = 250$

∴ उत्तीर्ण अंक $= 250 \times \frac{20}{100} + 5$

$= 50 + 5$

$= 55$

उत्तीर्ण होने के लिए, अभीष्ट प्रतिशत

$$= \frac{55}{250} \times 100$$

= 22%

9. (D) माना संख्या x है.

प्रश्नानुसार,

$$x \times \frac{60}{100} - 60 = 60$$

या $\frac{x \times 60}{100} = 60 + 60 = 120$

$\therefore \quad x = 200$

10. (C)

$$\frac{1+\sqrt{2}}{\sqrt{5}+\sqrt{3}} + \frac{1-\sqrt{2}}{\sqrt{5}-\sqrt{3}}$$

$$= \frac{(1+\sqrt{2})(\sqrt{5}-\sqrt{3}) + (1-\sqrt{2})(\sqrt{5}+\sqrt{3})}{(\sqrt{5}+\sqrt{3})(\sqrt{5}-\sqrt{3})}$$

$$= \frac{\sqrt{5}-\sqrt{3}+\sqrt{10}-\sqrt{6}+\sqrt{5}+\sqrt{3}-\sqrt{10}-\sqrt{6}}{5-3}$$

$$= \frac{2\sqrt{5}-2\sqrt{6}}{2} = \frac{2\left(\sqrt{5}-\sqrt{6}\right)}{2}$$

$= \sqrt{5} - \sqrt{6}$

11. (D)

$$\frac{\sqrt{72}-\sqrt{18}}{\sqrt{12}} = \frac{6\sqrt{2}-3\sqrt{2}}{2\sqrt{3}}$$

$$= \frac{3\sqrt{2}}{2\sqrt{3}}$$

$$= \frac{3\sqrt{2}}{2\sqrt{3}} \times \frac{\sqrt{3}}{\sqrt{3}}$$

$$= \frac{3\sqrt{6}}{6} = \frac{\sqrt{6}}{2}$$

12. (D) शृंखला में क्रम इस प्रकार है–

$$\frac{1}{2} + 2\frac{3}{4} = 3\frac{1}{4}$$

$$3\frac{1}{4} + 2\frac{3}{4} = 6$$

$$6 + 2\frac{3}{4} = 8\frac{3}{4}$$

∴ अनुक्रम का अगला पद

$$= 8\frac{3}{4} + 2\frac{3}{4} = 11\frac{1}{2}$$

13. (D) प्रश्नानुसार,

$$x + \frac{1}{x} = \frac{x^2+1}{x}$$

$$= \frac{\left(7-4\sqrt{3}\right)^2+1}{\left(7-4\sqrt{3}\right)}$$

$$= \frac{49+48-56\sqrt{3}+1}{7-4\sqrt{3}}$$

$$= \frac{98-56\sqrt{3}}{7-4\sqrt{3}}$$

$$= \frac{14(7-4\sqrt{3})}{(7-4\sqrt{3})} = 14$$

14. (C)

$17^{100} = (18-1)^{100}$ में 18 का भाग देने पर $= (-1)^{100} + 18$ का गुणज

∴ $n = 100$

= एक सम धन पूर्णांक है,

∴ अभीष्ट शेषफल = 1

15. (B)

16. (C)

$$\frac{\sqrt{80}-\sqrt{112}}{\sqrt{45}-\sqrt{63}} = \frac{4\sqrt{5}-4\sqrt{7}}{3\sqrt{5}-3\sqrt{7}}$$

$$= \frac{4\left(\sqrt{5}-\sqrt{7}\right)}{3\left(\sqrt{5}-\sqrt{7}\right)}$$

$$= \frac{4}{3} = 1\frac{1}{3}$$

17. (A)

$$(100)^{1/2} \times (0.001)^{1/3} - (0.0016)^{1/4} \times 3^0 + \left(\frac{5}{4}\right)^{-1}$$

$$(10^2)^{1/2} \times (10^{-3})^{1/3} - (0.2^4)^{1/4} \times 1 + \frac{4}{5}$$

$$10 \times \frac{1}{10} - \frac{1}{5} + \frac{4}{5}$$

$$\Rightarrow 1 - \frac{1}{5} + \frac{4}{5} = \frac{8}{5} = 1.6$$

18. (C) माना $a = 785, b = 435$

∴ दिया हुआ व्यंजक

$$= \frac{a^3+b^3}{a^2+b^2-ab}$$

$$= \frac{(a+b)(a^2+b^2-ab)}{(a^2+b^2-ab)}$$

$$= a + b$$

$$= 785 + 435 = 1220$$

19. (B)

शृंखला में क्रम निम्न प्रकार है–

$$3 \xrightarrow{+11} 14 \xrightarrow{+11} 25 \xrightarrow{+11}$$

$$36 \xrightarrow{+11} 47 \xrightarrow{+11} (58)$$

∴ रिक्त स्थान पर संख्या

= 47 + 11

= 58

20. (B) $\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)\left(1-\frac{1}{5}\right) \ldots\ldots \left(1-\frac{1}{n}\right)$

$$= \frac{2}{3} \times \frac{3}{4} \times \frac{4}{5} \times \ldots\ldots \frac{(n-1)}{n}$$

$$= \frac{2}{n}$$

21. (C)

$101 + 102 + 103 + \ldots\ldots + 200$

यहाँ प्रथम पद (a) = 101

पदान्तर (d) = 102 – 101 = 1

अन्तिम पद (l) = 200

यदि पदों की संख्या n हो, तो

$200 = 101 + (n-1) \times 1$

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

$200 = 101 + n - 1$

$200 = 100 + n$

$n = 100$

∴ 100 पदों का योगफल

$$S = \frac{n}{2}(a+l)$$

$$= \frac{100}{2}(101+200)$$

$$= \frac{100 \times 301}{2}$$

$$= 15050$$

संक्षिप्त विधि–

$101 + 102 + 103 + \ldots\ldots + 200$

यहाँ $a = 101, b = 200$, तो सूत्र

$\frac{(a+b)(b-a+1)}{2}$ से,

$$\frac{(101+200)(200-101+1)}{2}$$

$= 15050$

22. (D) यहाँ $a = 75, b = 97$

तो सूत्र $\frac{(a+b)(b-a+1)}{2}$ से,

$\frac{(75+97)(97-75+1)}{2} = 1978$

23. (C) माना चतुर्थानुपाती x है.

∴ $0{\cdot}12 : 0{\cdot}21 :: 8 : x$

$\frac{0{\cdot}12}{0{\cdot}21} = \frac{8}{x}$

$x = 14$

24. (C) ∵ 3 पुरुष = 6 स्त्री

∴ 12 पुरुष = 24 स्त्री

∴ 12 पुरुष + 8 स्त्री = 32 स्त्री

∵ 6 स्त्री 1 काम करती हैं

= 16 दिन

∴ 32 स्त्री 1 काम करेंगी

$= \frac{16 \times 6}{32}$

= 3 दिन

25. (D) सिर्फ तीन वर्ष के लिए सूत्र

अन्तर $= P\left(\frac{r}{100}\right)^2\left(3+\frac{r}{100}\right)$

$31 = P\left(\frac{10}{100}\right)^2\left(3+\frac{10}{100}\right)$

$31 = P \times \frac{1}{100} \times \frac{31}{10}$

$P = \frac{31 \times 100 \times 10}{31}$

P = 1000 रुपए

26. (A) प्रत्येक किश्त

$$= \frac{P}{\left(\frac{100}{100+r}\right) + \left(\frac{100}{100+r}\right)^2}$$

$$= \frac{2550}{\frac{100}{104} + \left(\frac{100}{104}\right)^2}$$

$$= \frac{2550}{\frac{100}{104}\left(1+\frac{100}{104}\right)}$$

$$= \frac{2550 \times 104}{100 \times \frac{204}{104}}$$

$$= \frac{2550 \times 104 \times 104}{100 \times 204}$$

= 1352 रुपए

27. (B) $3993 = 3000\left(1+\frac{r}{100}\right)^3$

$\frac{3993}{3000} = \left(1+\frac{r}{100}\right)^3$

$\frac{1331}{1000} = \left(1+\frac{r}{100}\right)^3$

$\Rightarrow \left(\frac{11}{10}\right)^3 = \left(1+\frac{r}{100}\right)^3$

$\frac{11}{10} = 1+\frac{r}{100}$

$\Rightarrow \frac{r}{100} = \frac{1}{10}$

$\Rightarrow r = 10\%$

28. (B) $\sqrt{15876} = 126$

∴ इकाई अंक = 6

29. (B)

$$\left(\frac{72{\cdot}9}{0{\cdot}4096}\right)^{1/3}$$

$$= \left(\frac{729000}{4096}\right)^{1/3}$$

$$= \left\{\left(\frac{90}{16}\right)^3\right\}^{1/3}$$

$$= \frac{90}{16} = 5{\cdot}625$$

30. (D) $(5{\cdot}5)^3 - (4{\cdot}5)^3$

$= (5{\cdot}5 - 4{\cdot}5)(5{\cdot}5^2 + 4{\cdot}5^2 + 5{\cdot}5 \times 4{\cdot}5)$

$= 1\,(30{\cdot}25 + 20{\cdot}25 + 24{\cdot}75)$

$= 75{\cdot}25$

31. (C) 32. (D)

33. (D) $0{\cdot}444 = 4 \times 0{\cdot}111\ldots$

$= 4 \times \frac{1}{9}$

$= \frac{4}{9}$

34. (A)

35. (B)

योग $= \frac{33}{2}(102+198)$

$= \frac{33}{2} \times 300$

$= 4950$

36. (D) $\frac{1008}{7} = 144$

$\Rightarrow (12)^2$

37. (D) माना x लड़के काम पर लगाए

प्रश्नानुसार,

$\frac{1}{3} + \frac{1}{4} + \frac{x}{12} = \frac{1}{\frac{1}{4}}$

$\frac{1}{3} + \frac{1}{4} + \frac{x}{12} = 4$

∴ $\frac{x}{12} = 4 - \frac{7}{12}$

$= \frac{48-7}{12}$

$= \frac{41}{12}$

∴ $x = 41$

38. (B)

माना टंकी का आयतन = V है और

पाइपों द्वारा खाली करने में लगा समय

और T_2 मिनट है.

d व्यास वाले पाइप की त्रिज्या

$= \frac{d}{2}$ सेमी

अब $2d$ व्यास वाले पाइप की त्रिज्या

$= d$ सेमी

∴ $V = \pi\left(\frac{d}{2}\right)^2 \times T_1$

$= \pi(d)^2 \times T_2$

∴ $T_2 = \frac{1}{4} \times T_1$

$= \frac{1}{4} \times 40$

= 10 मिनट

39. (C) माना x व्यक्ति शेष काम (36-24

= 12 दिन में करेंगे

शेष काम $= 1 - \frac{1}{3} = \frac{2}{3}$

दिन	काम	व्यक्ति
24	$\frac{1}{3}$	25
12	$\frac{2}{3}$	x

∴ $\frac{x}{25} = \frac{2/3}{1/3} \times \frac{24}{12}$

$\Rightarrow \frac{x}{25} = 2 \times 2$

$x = 100$

व्यक्ति बढ़ाए गए

$= 100 - 25$

$= 75$

40. (A) A और B का मिलकर 4 दिन

काम $= 4\left(\frac{1}{15} + \frac{1}{20}\right)$

$= \frac{7}{15}$

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शेष कार्य $= 1 - \frac{7}{15}$

$= \frac{8}{15}$

41. (A) 1 मिनट में दोनों टैंकों द्वारा खाली किया भाग

$= \frac{1}{60} + \frac{1}{30}$

$= \frac{1}{20}$

अतः दोनों टैंक 20 मिनट में खाली करेंगे

42. (B) माना मेज की लम्बाई l तथा चौड़ाई b मीटर है.

$\therefore \quad 2(l+b) = 28$

$l+b = 14$ .....(i)

तथा $l \times b = 48$ .....(ii)

$(l-b)^2 = (l+b)^2 - 4lb$

$= (14)^2 - 4 \times 48$

$l-b = 2$ .....(iii)

समी. (i) और (iii) से $l = 8, b = 6$

अतः मेज की कर्णवत् लम्बाई

$= \sqrt{l^2 + b^2}$

$= \sqrt{8^2 + 6^2}$

$= \sqrt{100} = 10$ मीटर

43. (D) $\because \quad 2\pi r = 66$

$\therefore \quad r = \frac{66}{2\pi}$

$\therefore$ बेलन का आयतन

$= \pi r^2 h$

$= \pi \times \left(\frac{66}{2\pi}\right)^2 \times 40$

$= \pi \times \frac{66}{2\pi} \times \frac{66}{2\pi} \times 40$

$= 13860$ सेमी^{3}

44. (D) माना कि त्रिभुज ABC की लम्ब ऊँचाई $= h$ है



Δ ABC का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2} \times AB \times h$

$= \frac{1}{2} \times 5 \times h$ .....(i)

Δ ADC का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2} \times AD \times h$

$= \frac{1}{2} \times (5-3)\, h$

$= \frac{2h}{2} = h$ .....(ii)

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात

$= \frac{\Delta ADC}{\Delta ABC}$

$= \frac{h}{\frac{5}{2}h} = \frac{2}{5}$

45. (C) समय $= 2\frac{3}{12}$

$= 2\frac{1}{4}$

$= \frac{9}{4}$ वर्ष

$\therefore \quad$ दर $= \frac{\text{ब्याज} \times 100}{\text{मूलधन} \times \text{समय}}$

$= \frac{252 \times 100 \times 4}{1600 \times 9}$

$= 7\%$

46. (C)

दर $= \frac{(480-400) \times 100}{400 \times 4}$

$= 5\%$

अब 2% बढ़ने पर ब्याज की दर

$= 5 + 2$

$= 7\%$

अब मिश्रधन

$= P\left(1 + \frac{RT}{100}\right)$

$= 400\left(1 + \frac{7 \times 4}{100}\right)$

$= 400 \times \frac{128}{100}$

$= 512$ रुपए

47. (C) माना दूसरी बार बट्टा

$= x\%$

$\therefore$ प्रश्नानुसार,

$720 \times \frac{(100-10)}{100} \times \frac{(100-x)}{100}$

$= 550{\cdot}80$

हल करने पर,

$x = 15\%$

48. (C) माना लागत कीमत

$= 100$ रुपए

$\therefore$ निर्धारित कीमत

$= 120$ रुपए

30% बट्टा देकर विक्रय मूल्य

$= 120 \times \frac{70}{100}$

$= 84$ रुपए

हानि $= 100 - 84$

$= 16$ रुपए

$\therefore$ प्रतिशत हानि $= 16\%$

49. (C) माना छात्रों की कुल संख्या $= 100$

तथा शेष 55 प्रतिशत छात्रों का औसतन अंक $= x$

$100 \times 52 = 20 \times 80 + 25 \times 31 + 55 \times x$

$5200 = 1600 + 775 + 55x$

$5200 = 2375 + 55x$

$55x = 2825$

$x = 51{\cdot}3636$

$x = 51{\cdot}4$ (लगभग)

50. (C) माना विकेटों की संख्या x है

प्रश्नानुसार,

$\frac{24{\cdot}85 \times x + 52}{(x+5)} = (24{\cdot}85 - 0{\cdot}85)$

हल करने पर,

$x = 80$

51. (C) माना संख्याएं x तथा y हैं.

$\therefore \quad x + y = 12$

तथा $xy = 35$

$\therefore$ व्युत्क्रमों का योग $= \frac{1}{x} + \frac{1}{y}$

$= \frac{x+y}{xy}$

$= \frac{12}{35}$

52. (D) $(8)^2 = 64$

$(4)^3 = 64$

53. (C) माना संख्याएं x तथा y हैं.

$\therefore \quad x + y = 3$

$x^2 + y^2 = 12$

$(x+y)^2 = x^2 + y^2 + 2xy$

$3^2 = 12 + 2xy$

$2xy = -3$

$\Rightarrow \quad xy = -\frac{3}{2}$

54 (D) 1 प्रतिशत $= \frac{1}{100}$

$= 0{\cdot}01$

अभीष्ट संख्या $= \frac{0{\cdot}01}{2}$

$= 0{\cdot}005$

55. (D) माना छात्रों की संख्या $= x$

$\therefore$ प्रश्नानुसार,

$x \times 2x = 800$

$2x^2 = 800$

या, $x^2 = 400$

$\therefore \quad x = 20$

56. (A) शेष भाग $= 5 - \frac{5}{4}$

$= \frac{15}{4}$

57. (B) भोजन की मद में किया गया खर्च

$= 46000 \times \frac{23}{100}$

$= 10580$ रुपए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

58. (A) वस्त्रों तथा आवास में कुल खर्च

$= 46000 \times \frac{(10+15)}{100}$

$= 11500$ रुपए

59. (D) अभीष्ट अनुपात

$= 15 : 12$

$= 5 : 4$

60. (A) सर्वाधिक खर्च वाली मद भोजन है.

61. (C) बचत $= 46000 \times \frac{15}{100}$

$= 6900$ रुपए

62. (A) माना प्लॉट की चौड़ाई $= x$ मीटर

तथा प्लॉट की लम्बाई $= 5x$ मीटर

∴ प्लॉट का क्षेत्रफल

$= x \times 5x$

$= 5x^2$ वर्ग मीटर

प्रश्नानुसार,

$5x^2 = 2 \times 245$

$x^2 = 98$

$x = 7\sqrt{2}$

∴ प्लॉट की लम्बाई

$= 5x$

$= 5 \times 7\sqrt{2}$

$= 35\sqrt{2}$ मीटर

63. (B) वर्ग का क्षेत्रफल

$= \left(\frac{44}{4}\right)^2$

$= 121$ वर्ग सेमी

वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi \times \left(\frac{44}{2\pi}\right)^2$

$= \frac{22}{7} \times (7)^2$

$= 154$ वर्ग सेमी

∴ वृत्त का क्षेत्रफल 33 वर्ग सेमी अधिक है

64. (B) माना 7 क्रमिक संख्याएं x, $x+1$, $x+2$, $x+3$, $x+4$, $x+5$ और $x+6$ हैं.

प्रश्नानुसार,

$\frac{x+x+1+x+2+x+3+x+4+x+5+x+6}{7}$

$= 20$

$7x+21 = 7 \times 20$

$7x = 119$

$x = 17$

∴ सबसे बड़ी संख्या $= x+6$

$= 17+6$

$= 23$

65. (D)

शिक्षिका की आयु

$= 15 \times 15 - 14 \times 14$

$= 225 - 196$

$= 29$ वर्ष

66. (A)

माँ की उम्र $= 5 \times (12+5) - 4 \times 12$

$= 5 \times 17 - 48$

$= 85 - 48$

$= 37$ वर्ष

67. (B) प्रतिशत लाभ

$= \frac{4-3}{3} \times 100$

$= 33\frac{1}{3}\%$

68. (D) माना A के लिए साइकिल का लागत मूल्य $= x$ रुपए

B का क्रय मूल्य $= x \times \frac{120}{100}$

$= \frac{6x}{5}$ रुपए

C का क्रय मूल्य $= \frac{6x}{5} \times \frac{125}{100}$

$= \frac{3x}{2}$ रुपए

प्रश्नानुसार,

$\frac{3x}{2} = 225$

$\Rightarrow \quad x = 150$ रुपए

69. (D) अभीष्ट प्रतिशत वृद्धि

$= \frac{10}{(100-10)} \times 100$

$= \frac{10}{90} \times 100$

$= 11\frac{1}{9}\%$

70. (B) माना 1 पेन का क्रय मूल्य

$= x$ रुपए

36 पेन का क्रय मूल्य $= 36x$ रुपए

36 पेन का विक्रय मूल्य $= 40x$ रुपए

1% बट्टा देने पर विक्रय मूल्य

$= 40x \times \frac{(100-1)}{100}$

$= 39{\cdot}60\,x$ रुपए

लाभ $= 39{\cdot}60\,x - 36x$

$= 3{\cdot}60\,x$ रुपए

प्रतिशत लाभ $= \frac{3{\cdot}60\,x}{36x} \times 100$

$= 10\%$

71. (A)

12 प्रतियों का लागत मूल्य

$= x$ रुपए

∴ 3 प्रतियों का लागत मूल्य

$= \frac{x}{12} \times 3$

$= \frac{x}{4}$ रुपए

विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य + लाभ

$1800 = x + \frac{x}{4}$

$1800 = \frac{5x}{4}$

$x = 1440$ रुपए

∴ 1 प्रति का लागत मूल्य

$= \frac{1440}{12}$

$= 120$ रुपए

72. (C) $p \times \frac{p}{100} = 36$

$\Rightarrow \quad p^2 = 3600$

$\Rightarrow \quad p = 60$

73. (A) $\frac{5}{4} \times 100 = 125\%$

74. (C) $\frac{2}{50} \times 100 = 4\%$

75. (C)



दोनों विषयों में उत्तीर्ण छात्र

$= (60-25) + (45-25) + 25$

$= 35 + 25 + 20$

$= 80\%$

∴ दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण छात्र

$= 100 - 80$

$= 20\%$

76. (C) अभीष्ट प्रतिशत

$= \frac{40}{(100-40)} \times 100$

$= \frac{200}{3} = 66{\cdot}66\%$

77. (B)

अभीष्ट समय

$= \frac{\text{दूरी}}{\text{सापेक्ष चाल}}$

$= \frac{500}{(63-3) \times \frac{5}{18}}$

$= \frac{500 \times 18}{60 \times 5}$

$= 30$ सेकण्ड

78. (D) पुल की लम्बाई

$= 5 \times \frac{1000}{60} \times 15$

$= 1250$ मीटर

79. (A) माना कि व्यक्ति की वास्तविक चाल x किमी/घण्टा एवं तय की गई दूरी d किमी है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

∴ वास्तविक चाल से पहुँचने में लगा समय $= \frac{y}{x}$ घण्टा

प्रश्नानुसार,

$$x \times \frac{2}{3} \times \left(\frac{y}{x} + 1\right) = y$$

$$\frac{2y}{3} + \frac{2x}{3} = y$$

$$\frac{2x}{3} = \frac{y}{3}$$

$$y = 2x$$

∴ वास्तविक चाल से पहुँचने में लगा समय $\frac{y}{x} = \frac{2x}{x}$

$= 2$ घण्टा

संक्षिप्त विधि–

पहुँचने में वास्तविक समय

$$= \frac{a}{b-a} \times t$$

$$= \frac{2}{3-2} \times 1 = 2 \text{ घण्टा}$$

80. (B) माना पैदल जाने में लगा समय $= x$ मिनट

तथा वाहन से जाने में लगा समय $= y$ मिनट

प्रश्नानुसार,

$x + y = 37$ .....(i)

$2x = 55$ .....(ii)

समी. (i) में 2 का गुणा करके समी. (ii) में से घटाने पर

$2x + 2y = 37 \times 2$

$2x = 55$

$- \quad -$

$2y = 74 - 55$

$= 19$ मिनट

81. (A) चोर की चाल

$= 10$ किमी/घण्टा

$= \frac{10 \times 1000}{60}$ मीटर/मिनट

∴ 6 मिनट में चोर द्वारा तय की गई दूरी $= \frac{10000}{60} \times 6$

$= 1000$ मीटर

पुलिस वाले की चाल

$= 11 \times \frac{1000}{60}$

$= \frac{11000}{60}$ मीटर/मिनट

∴ 6 मिनट में पुलिस द्वारा तय की गई दूरी $= \frac{11000}{60} \times 6$

$= 1100$ मीटर

अभीष्ट अन्तर

$= (1000 + 200 - 1100)$

$= 100$ मीटर

82. (B) ∵ 1 से 10 तक, 11 से 20 तक, 21 से 30 तक, 31 से 40 तक, 51 से 60 तक, 61 से 70 तक, 71 से 80 तक, 81 से 90 तक की सम संख्याओं के गुणनफल में प्रत्येक के अन्त में एक शून्य आता है तथा 41 से 50 तथा 91 से 100 तक की सम संख्याओं के गुणनफल में प्रत्येक में अन्त में 2 शून्य आते हैं.

अतः $8 \times 1 + 2 + 2 = 12$

83. (D) $(36)^{1/6} = (6^2)^{1/6}$

$= 6^{1/3}$

$= \sqrt[3]{6}$

84. (A) द्विपद प्रमेय से

$13^7 = (1 + 12)^7$

$= 1 + 12$ का गुणज

$11^7 = [(-1) + 12)]^7$

$= (-1)^7 + {}^7C_1 (-1)^6 12 + {}^7C_2 (-1)^5 12^2 + ...$

$= (-1)^7 + 12$ का गुणज

$= 24$ का गुणजों का योग

इसी प्रकार

$13^5 + 11^5 = 24$ के गुणजों का योग,

∴ उभयनिष्ठ घटक

$= 13 + 11$

$= 24$

85. (C) ∵ $\log_2 10 \times \log_{10} 2$

$= \log_2 2$

$= 1$

$\log_2 10 \times 0.3010 = 1$

$\therefore \quad \log_2 10 = \frac{1}{0.3010}$

$= \frac{10000}{3010}$

$= \frac{1000}{301}$

86. (D)

$$\frac{(0.03)^2 - (0.01)^2}{(0.03 - 0.01)}$$

$$= \frac{(0.03 + 0.01)(0.03 - 0.01)}{(0.03 - 0.01)}$$

$= 0.03 + 0.01$

$= 0.04$

87. (A) शृंखला में क्रम निम्न प्रकार है–

$3 \xrightarrow{+2} 5 \xrightarrow{+2^2} 9 \xrightarrow{+2^3}$

$17 \xrightarrow{+2^4} 33 \xrightarrow{+2^5} (65)$

अनुक्रम की अगली संख्या

$= 33 + 2^5$

$= 33 + 32$

$= 65$

88. (A) $64^{-2/3} \times \left(\frac{1}{4}\right)^{-2}$

$= (4^3)^{-2/3} \times (4^{-1})^{-2}$

$= 4^{-2} \times 4^2$

$= 4^0 = 1$

89. (D) माना कि दो संख्याएँ x और y हैं.

$\therefore$ ल. स. प. $= \frac{x \times y}{\text{म. स. प.}}$

$= \frac{x \times y}{8}$

$= \frac{\text{गुणनफल}}{80}$

अतः ल.स.प. 8 से विभाज्य संख्या होनी चाहिए. 60, 8 से विभाज्य नहीं है.

90. (A) माना संख्याएं x तथा y हैं.

$x + y = 22$

तथा $x^2 + y^2 = 404$

∵ $(x + y)^2 = x^2 + y^2 + 2xy$

$(22)^2 = 404 + 2xy$

$2xy = 80$

$xy = 40$

91. (D) $\frac{1}{0.04} = \frac{100}{4}$

$= 25$

92. (A) $\lfloor 8 - \lfloor 7 - \lfloor 6$

$8 \times 7 \times \lfloor 6 - 7 \times \lfloor 6 - \lfloor 6$

$\lfloor 6 \, (8 \times 7 - 7 - 1) = \lfloor 6 \times 48$

$= 6 \times 8 \times \lfloor 6$

93. (C)

प्रथम 20 विषम प्राकृतिक संख्याओं का योग $= (20)^2$

$= 400$

94. (A) $\left(\frac{8}{125}\right)^{-4/3}$

$= \left\{\left(\frac{2}{5}\right)^3\right\}^{-4/3}$

$= \left(\frac{2}{5}\right)^{-4}$

$= \left(\frac{5}{2}\right)^4$

$= \frac{625}{16}$

95. (B)

$6.5 \times 6.5 - 45.5 + 3.5 \times 3.5$

$= (6.5 - 3.5)^2$

$= 3^2 = 9$

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

96. (D) माना x घटाई जाए

$$\frac{15-x}{19-x} = \frac{3}{4}$$
$$60-4x = 57-3x$$
$$x = 3$$

97. (C) $\frac{p}{q} = \frac{r}{s}$

$$= \frac{t}{u} = \frac{2}{3}$$

$$\left.\begin{array}{l} p=2x,\ q=3x \\ \therefore r=2x,\ s=3x \\ t=2x,\ u=3x \end{array}\right\} \text{माना}$$

$$\therefore \frac{mp+nr+ot}{mq+ns+ou}$$
$$= \frac{m\times 2x + n\times 2x + o\times 2x}{m\times 3x + n\times 3x + o\times 3x}$$
$$= \frac{2mx+2nx+2ox}{3mx+3nx+3ox}$$
$$= \frac{2(mx+nx+ox)}{3(mx+nx+ox)}$$
$$= \frac{2}{3}$$

98. (D) $\frac{a}{b} = \frac{c}{d} = \frac{e}{f} = \frac{1}{2}$

माना $a = x,\ b = 2x,$
$c = x,\ d = 2x,$
$e = x,\ f = 2x,$

$$\therefore \frac{pa+qc+re}{pb+qd+rf}$$
$$= \frac{px+qx+rx}{2xp+2xq+2xr}$$
$$= \frac{x(p+q+r)}{2x(p+q+r)}$$
$$= \frac{1}{2}$$

99. (A) $\frac{x}{y} = \frac{3}{1}$

माना $x = 3k,$
$y = k$

$$\frac{x^3-y^3}{x^3+y^3} = \frac{(3k)^3-(k)^3}{(3k)^3+(k)^3}$$
$$= \frac{27k^3-k^3}{27k^3+k^3}$$
$$= \frac{26k^3}{28k^3}$$
$$= \frac{26}{28}$$
$$= \frac{13}{14}$$

100. (A) $m\times\frac{10}{100} = n\times\frac{20}{100}$

$$10m = 20n$$
$$\frac{m}{n} = \frac{20}{10}$$
$$= \frac{2}{1}$$
$$\therefore \quad m:n = 2:1$$

●●●

शेष पृष्ठ 1247 का

75. (B) शृंखला की प्रत्येक अगली आकृति में आकृति 90° से घड़ी की सुई की दिशा में चल रही है.

76. (A) c a b a / c a b a / c a b a

77. (C) a c b d / a c b d / a c b d / a c b d

78. (A) a b c c / a b c c / a b c c / a b c c

79. (B) a c a b / a c a b / a c a b / a c a b

80. (D) a b b c / a b b c / a b b c / a b b c

81. (A) 82. (D) 83. (B) 84. (C) 85. (B)

86. (C) कोई भी व्यक्ति 'भूतकाल' के कार्यों के लिए अपने आपको 'दोषी' मानता है, जबकि कोई भी व्यक्ति अपने 'भविष्य' के लिए 'आशा' करता है.

87. (B) किसी 'पुरुष' की कहानी को 'जीवनी' कहते हैं, जबकि 'राष्ट्र' की कहानी को 'इतिहास' कहते हैं.

88. (D) बहुत सारे 'अक्षरों' के मिलने पर 'शब्द' बनता है, उसी प्रकार बहुत से 'शब्दों' के मिलने पर 'वाक्य' बनता है.

89. (A) 'विवाह' में 'समारोह' किया जाता है, जबकि 'मृत्यु' में 'विलाप' किया जाता है.

90. (C) 'कुएँ' की माप उसकी 'गहराई' से की जाती है, जबकि 'शब्द' का तात्पर्य उसके 'अर्थ' से लगाया जाता है.

91. (D) 92. (B) 93. (D) 94. (A) 95. (C)

96. (D) अन्य सभी आकृतियों में केवल दो रेखाएं हैं.

97. (B) अन्य सभी में तीरों की दिशा एक है.

98. (C) अन्य सभी आकृतियाँ चार बराबर भागों में विभाजित हैं.

99. (D) अन्य सभी आकृतियों में तीर का निशान समानान्तर भुजाओं पर स्थित है.

100. (B) अन्य सभी आकृतियों के अन्दर ... है.

●●●

UPKAR'S

M.C.A.

MATHEMATICS

By : Anil Kumar Garg

This book has been written for the help of all those students who wish to seek admission through entrance examination to various **M.C.A. Institutes like J.N.U., Pune, D.U., V.H.U., Roorkee, UPMCAT, M.P. Combined, H.C.U., BITS (Ranchi) etc.**

In this book, the author discussed complete theory with suitable illustrations in the beginning of each chapter which is followed by objective and subjective problems. Solutions of these problems have been provided at the end of the chapter.

The first part of this book covers Mathemati-cal Ability and second part covers Logical and Computer Ability.

In short this book is the best and unique of its kinds.

Price : Rs. 340/-

UPKAR PRAKASHAN

2/11A, Swadeshi Bima Nagar, Agra-282 002
Phone : 351238, 323101, 322930; Fax : (0562) 351251
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तर्कशक्ति परीक्षा

(स्मृति पर आधारित)

1. किसी सांकेतिक भाषा में 'A' को 'B', 'B' को 'A', 'C' को 'D', 'D' को 'C' और इसी प्रकार इसके आगे के भी अक्षरों को बदले हुए रूप में लिखा जाता है, तो बताएं कि 'BEAUTIFUL' शब्द को इस भाषा में क्या लिखा जाएगा?
(A) AFBVSJEVK
(B) AFBTSJEVK
(C) AFBVUJEVK
(D) AFBVSJTVK
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 2–4) श्री और श्रीमती नरगुन्दकर के चार लड़के एवं एक लड़की है. तेज, जो उधव से बड़ा है, लेकिन माधव से छोटा है, के दो लड़कियाँ हैं. उधव अविवाहित है. माधव जोकि न तो मेघना से छोटा है और न ही श्रीकान्त से बड़ा है, के दो लड़कियाँ हैं. मेघना, उधव से छोटी नहीं है और उसके एक लड़का एवं एक लड़की है. श्रीकान्त के सिर्फ एक लड़का है.

2. तेज के कितने भतीजे हैं?
(A) एक (B) पाँच
(C) तीन (D) दो
(E) सात

3. उस परिवार में उम्र में सबसे बड़ा कौन है?
(A) तेज (B) माधव
(C) श्रीकान्त (D) उधव
(E) मेघना

4. यदि भाई और बहनों को उम्र की दृष्टि से बढ़ते हुए क्रम में सजाकर लिखा जाए, तो मेघना का क्या स्थान होगा?
(A) पहला (B) तीसरा
(C) चौथा (D) दूसरा
(E) नहीं ज्ञात किया जा सकता

5. 'UNFORGETTABLE' शब्द में प्रयोग किए गए अक्षरों में से तीसरे, सातवें, नौवें तथा दसवें अक्षर को एक और केवल एक बार उपयोग करते हुए कितने अर्थपूर्ण शब्द बनाए जा सकते हैं? यदि एक और केवल एक शब्द बनाए जा सकते हैं, तो उसका उत्तर 'O' अंकित करें. यदि ऐसे अर्थपूर्ण शब्दों की संख्या तीन तक है, तो उत्तर 'L' अंकित करें. यदि तीन से अधिक अर्थपूर्ण शब्द बनाए जा सकते हैं, तो उसका उत्तर 'M' होगा. यदि ऐसा कोई शब्द नहीं बनाया जा सकता है, तो उत्तर 'N' अंकित करें.
(A) N (B) L
(C) O (D) M
(E) इनमें से कोई नहीं

6. किसी फोटो की तरफ इंगित करते हुए मिहिर कहता है–"उसकी बहन मेरे भाई के लड़के तुषार की माँ है". तो बताएं मिहिर तुषार से क्या सम्बन्ध रखता है?
(A) भाई (B) चाचा
(C) भतीजा (D) बहनोई
(E) इनमें से कोई नहीं

7. 14 विद्यार्थी किसी क्षैतिज पंक्ति में बाएं से दाएं खड़े हैं. यदि वे आपस में अपना स्थान इस प्रकार अदल-बदल कर लेते हैं कि पहला विद्यार्थी तेरहवें स्थान पर चला जाता है, दूसरा चौदहवें स्थान पर चला जाता है, तीसरा ग्यारहवें स्थान पर चला जाता है और यह क्रम आगे भी जारी रहता है. यदि रविन्द्र का स्थान परिवर्तन के पूर्व छठा था, तो स्थान परिवर्तन के बाद उसकी क्या स्थिति होगी?
(A) बाएं से दसवाँ
(B) दाएं से नौवाँ
(C) बाएं से पाँचवाँ
(D) दाएं से छठा
(E) दाएं से सातवाँ

8. स्वाति दो दिनों तक यात्रा करने के पश्चात् तीसरे दिन सुबह मुम्बई पहुँची. वह अपने चाचा के साथ तीन दिनों तक वहाँ ठहरी. चौथे दिन सुबह वह मुम्बई से रवाना होकर दोपहर के पूर्व पुणे पहुँची. वह वहाँ चार दिनों तक ठहरी. यदि पुणे में विश्राम करते हुए चौथा दिन गुरुवार था, तो बताएं कि उसने किस दिन मुम्बई के लिए यात्रा प्रारम्भ की थी?
(A) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(B) बुधवार
(C) शुक्रवार
(D) गुरुवार
(E) इनमें से कोई नहीं

9. संग्राम टहलने के लिए उत्तर दिशा में गया. 200 मीटर टहलने के पश्चात् वह अपने बाईं तरफ मुड़ा और पूर्व में तय की गई दूरी का आधी दूरी तय किया वह पुनः अपने बाईं ओर मुड़ा और इसके तुरन्त पहले तय की गई दूरी का तीन-चौथाई दूरी तय किया, तो बताएं कि दूसरी बार बाईं तरफ मुड़ने के पश्चात् संग्राम किस दिशा की ओर अपना मुँह किए हुए खड़ा था?
(A) दक्षिण
(B) पूर्व
(C) उत्तर-पश्चिम
(D) पश्चिम
(E) उत्तर-पूर्व

10. साहिल 15 अगस्त जोकि उस महीने का तीसरा रविवार था, को यात्रा पर गया और 30 सितम्बर को वापस आ गया, तो बताएं कि लौटने की तारीख को उस महीने का कौनसा दिन था?
(A) चौथा रविवार
(B) तीसरा शनिवार
(C) पाँचवाँ गुरुवार
(D) चौथा मंगलवार
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 11–15) निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन कीजिए तथा इसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर बताइए.

4 1 5 C 3 5 E 5 D 3 1 5 U 2 3 5 6 7 A 5 F 9 5 6 P 5 I 9 5 8

11. ऊपर दी हुई शृंखला में ऐसे कितने '5' हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या तथा ठीक बाद में एक सम संख्या है?
(A) सात (B) पाँच
(C) तीन (D) चार
(E) दो

12. उक्त शृंखला में ऐसे कितने '9' हैं जिनके ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद में 5 हैं?
(A) तीन (B) पाँच
(C) दो (D) एक
(E) शून्य

13. यदि शृंखला के पूर्वार्द्ध को पूरी तरह से उलट दें, तो निम्नलिखित में से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कौनसा बाएं से बारहवें स्थान पर आएगा?

(A) D (B) 5
(C) 3 (D) C
(E) इनमें से कोई नहीं

14. कितने मामलों में '3' के ठीक पहले एक वर्णाक्षर तथा ठीक बाद में एक संख्या है?

(A) चार (B) एक
(C) दो (D) पाँच
(E) इनमें से कोई नहीं

15. यदि शृंखला के पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध को आपस में अदल-बदल दें, तो कौन से अक्षर/संख्या का स्थान दाएं से सातवाँ होगा?

(A) E (B) 9
(C) 5 (D) 6
(E) D

16. यदि किसी सांकेतिक भाषा में 'Tod Se Ro' का तात्पर्य 'वह कार्यरत है' 'To Se Sod' का तात्पर्य 'लड़की प्रसन्न है'; 'Ot Suk To' का तात्पर्य 'लड़की मदद चाहिए.' हो, तो उसी सांकेतिक भाषा में 'प्रसन्न' के लिए कौनसा संकेत आएगा?

(A) Ro (B) Sod
(C) To (D) Se
(E) इनमें से कोई नहीं

17. अंग्रेजी वर्णाक्षरों पर आधारित निम्न-लिखित शृंखला में से प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

ZAF, YEH, XIJ, ?, VQN

(A) WML (B) VML
(C) WKL (D) WOL
(E) WLM

18. यदि '+' का तात्पर्य '÷'; '×' का तात्पर्य '+' और '–' का तात्पर्य '×' और '÷' का तात्पर्य '–' हो, तो निम्नलिखित का क्या मान होगा?

$800 + 20 - 4 \times 40 \div 10$?

(A) 3984 (B) 984
(C) 3264 (D) 190
(E) इनमें से कोई नहीं

19. राकेश को सुरेश की अपेक्षा इतिहास में अधिक अंक मिले हैं, किन्तु सन्तोष से कम अंक मिले हैं. रमेश को हरेश की अपेक्षा कम, किन्तु राजेश से अधिक अंक मिले हैं. सन्तोष को राजेश से कम अंक प्राप्त हुए हैं. उन सबमें किसको सर्वाधिक अंक प्राप्त हुए?

(A) सन्तोष (B) राकेश
(C) रमेश (D) राजेश
(E) हरेश

20. 23 पंखे एक पंक्ति में रखे हुए हैं. प्रत्येक एक जोड़े सफेद पंखों के बाद एक कत्थई रंग का पंखा रखा हुआ है. यदि पंक्ति कत्थई रंग के पंखे से शुरू होती हो, तो वहाँ सफेद पंखों के कितने जोड़े हैं?

(A) 8 (B) 6
(C) 7 (D) 5
(E) 4

21. किसी सांकेतिक भाषा में 'HANDSOME' शब्द को 'FCLFQQKG' के तौर पर लिखा जाता है, तो उसी भाषा में 'ULTIMATE' को कैसे लिखा जाएगा?

(A) SNRKKCRG
(B) WNRKKCRG
(C) SNVKKCRG
(D) SNRKKCVG
(E) SNRKKCRC

22. यदि 'A + B' का तात्पर्य 'A माता है B की', 'B – C' का तात्पर्य 'C बहन है B की', 'D × B' का तात्पर्य 'B पुत्र है D का' और 'D ÷ E' का तात्पर्य 'E चाचा है D का' यदि यह सब सत्य हो, तो C का सम्बन्ध E से क्या है?

(A) पुत्री
(B) भतीजी
(C) बहन
(D) पितामह
(E) इनमें से कोई नहीं

23. वैशाली के पास 6 भिन्न-भिन्न रंगों यथा नीली, काली, कत्थई, हरी, नारंगी तथा लाल रंग की विभिन्न फाइलें हैं जिनमें विविध भाँति के दस्तावेज हैं. उसे याद है कि उसने एक दस्तावेज को सुरक्षापूर्वक रखा है, किन्तु उस फाइल का रंग नीला या कत्थई नहीं है. उसके दस्तावेज प्राप्त करने के लिए काले रंग की फाइल अन्य विभाग में भेज दी गई थी. नारंगी तथा हरे रंग की फाइलें पूर्ण रूप से भरी हुई हैं. अतः किस फाइल में उक्त दस्तावेज रखा हुआ है?

(A) काली
(B) या तो नारंगी अथवा काली
(C) या तो काली अथवा हरी
(D) या तो हरी अथवा नारंगी
(E) इनमें से कोई नहीं

24. 'OPERATE' शब्द में अक्षरों के कितने जोड़े हैं जिनके बीच में उतने ही अक्षर हैं जितने वर्णाक्षरों में हैं?

(A) तीन (B) दो
(C) चार (D) पाँच
(E) इनमें से कोई नहीं

25. आठ छात्राएं एक वृत्त (गोलाई) में बैठी हुई हैं. रीना, रीतू के ठीक दाएं तथा शालिनी के ठीक बाएं बैठी हुई है. शालिनी के दाएं से दो छात्राओं को छोड़कर सीमा बैठी हुई है. अतः रीतू और सीमा के बीच कितनी छात्राएं बैठी हुई हैं?

(A) दो (B) चार
(C) तीन (D) तथ्य अधूरे हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 26–45) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में यदि क्रम जारी रहा, तो दाहिनी ओर दी गई पाँच उत्तर आकृतियों में से कौनसी उत्तर आकृति बाईं ओर की प्रश्नाकृतियों के तत्काल बाद आनी चाहिए?

प्रश्न आकृतियाँ **उत्तर आकृतियाँ**

26. 

27. 

28. 

29. 

30. 

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



निर्देश–(प्रश्न 46–50) प्रश्नाकृतियों में से पहली इकाई में की दूसरी आकृति उसी इकाई की पहली आकृति से किसी प्रकार सम्बन्धित है. उसी प्रकार उत्तराकृतियों में से एक आकृति दूसरी इकाई में की दूसरी आकृति से वही सम्बन्ध रखती है. इसलिए, प्रश्नचिह्नों की जगह कौनसी आकृति आएगी यह आपको दिखाना है?

उत्तर व्याख्या सहित

1. (A) प्रश्न से, उस सांकेतिक भाषा में,

$A \xrightarrow{+1} B$ $A \xleftarrow{-1} B$

$C \xrightarrow{+1} D$ $D \xleftarrow{-1} C$

यह क्रम आगे भी जारी रहता है. तात्पर्य यह है कि मूल वर्णमाला क्रम के प्रत्येक विषम स्थान वाले अक्षर को उसके तुरन्त बाद वाला अक्षर कहा जाता है तथा प्रत्येक सम स्थान संख्या वाले अक्षर को उसके तुरन्त पहले वाला अक्षर कहा जाता है. इस सांकेतिक भाषा में 'BEAUTIFUL' को कहा जाएगा–

2	5	1	21	20	9	6	21	12	परिवर्तन के पूर्व
B	E	A	U	T	I	F	U	L	
A	F	B	V	S	J	E	V	K	परिवर्तन के बाद
1	6	2	22	19	10	5	22	11	

अतः 'BEAUTIFUL' को 'AFBVSJEVK' लिखा जाएगा. अभीष्ट उत्तर (A) हुआ.

प्रश्न 2 से 4 तक

श्री एवं श्रीमती नरगुन्दकर

उधव (लड़का)	तेज (लड़का)	माधव (लड़का)	श्रीकान्त (लड़का)	मेघना (लड़की)
अविवाहित				
लड़की	लड़की	लड़की	लड़का	लड़का लड़की

* यहाँ लड़का एवं लड़की क्रमशः बेटा (Son) एवं बेटी (Daughter) को इंगित करता है.

उधव < तेज < माधव ...(i)

मेघना ≯ माधव ≯ श्रीकान्त

⇒ मेघना < माधव < श्रीकान्त ...(ii)

मेघना ≮ उधव

⇒ मेघना > उधव ...(iii)

2. (A)

3. (C) समीकरण (i), (ii) एवं (iii) से स्पष्ट है श्रीकान्त उम्र की दृष्टि से सबसे बड़ा है.

4. (E)

5. (B)

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13

U N E O R G E T T A B L E

दिए गए शब्द का तीसरा, सातवाँ, नौवाँ एवं दसवाँ अक्षर क्रमशः F, E, T एवं A है, जिससे अर्थपूर्ण शब्द बनाया जाना है.

अतः उपर्युक्त चार अक्षरों F, E, T, A से दो अर्थपूर्ण शब्द 'Fate' एवं 'Feat' बनाए जा सकते हैं. अतः अभीष्ट उत्तर (B) हुआ.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

46.



47.



48.



49.



50.



6. (B)



* यहाँ '+' एवं '–' क्रमशः पुरुष एवं स्त्री के द्योतक हैं.

माना कि स्वाति किसी महीने के 1 तारीख को मुम्बई के लिए रवाना हुई जैसाकि उपर्युक्त रेखाचित्र में प्रदर्शित किया गया है. स्पष्ट है कि उस महीने की 9 तारीख को गुरुवार होगा. हमें ज्ञात करना है कि स्वाति ने किस दिन मुम्बई के लिए यात्रा प्रारम्भ की?



स्पष्ट है वह दिन बुधवार होगा, अभीष्ट उत्तर (B) हुआ.

7. (A) बाएं से ↓ रविन्द्र स्थान परिवर्तन के पूर्व बाएं से छठा

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	स्थान परिवर्तन के पूर्व की स्थिति
13	14	11	12	9	10	7	8	5	6	3	4	1	2	स्थान परिवर्तन के बाद की स्थिति

स्पष्ट है स्थान परिवर्तन के पश्चात् रविन्द्र की स्थिति बाएं से दसवीं एवं दाएं से पाँचवीं होगी. अतः अभीष्ट उत्तर (A) हुआ.

8. (B)



9. (A)



संग्राम अन्ततः दक्षिण दिशा की ओर अपना मुँह किए हुए है. अभीष्ट उत्तर (A) हुआ.

10. (C) हम जानते हैं कि अगस्त महीने में कुल दिनों की संख्या = 31, चाहे वह an Ordinary Year हो या Leap Year.

प्रश्न से,

साहिल के यात्रा प्रारम्भ करने की तारीख 15 अगस्त, जो उस महीने का तीसरा रविवार था तथा उसके वापस आने की तारीख = 30 सितम्बर.





स्पष्ट है 30 सितम्बर उस महीने का पाँचवाँ गुरुवार होगा.



दूसरी विधि– प्रश्न से,

15 अगस्त → उस महीने का तीसरा रविवार अगस्त माह में कुल दिनों की संख्या = 31

∴ 15 अगस्त के बाद अर्थात् 16 अगस्त से

∴ 30 सितम्बर तक कुल दिनों की संख्या

$= (31-15)+30$

$= 16+30$

$= 46$

अब $46 \div 7 = 6\frac{4}{7}$,

शेष = 4

अतः 30 सितम्बर, रविवार के बाद चौथा दिन होगा अर्थात् 30 सितम्बर को गुरुवार होगा.

पुनः $30 \div 7 = 4\frac{2}{7}$

शेष = 2

तात्पर्य यह है कि उस महीने सितम्बर में 30 तारीख, गुरुवार के पूर्व भी 4 गुरुवार पड़े होंगे. अतः 30 सितम्बर को उस महीने का पाँचवाँ गुरुवार पड़ेगा. अभीष्ट उत्तर (C) हुआ.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रश्न 11 से 15 तक के लिए–

प्रश्न में दी गई शृंखला निम्नवत् है–

415C35E5D315U23567
A5F956P51958

11. (C) हमें ज्ञात करना है कि उपर्युक्त शृंखला में 'विषम संख्या – 5 – सम संख्या' की कुल संख्या कितनी है.

415C35E5D315U2 3567
A5F 956 P51 958

इनकी संख्या तीन है– 356, 956 एवं 958 अतः अभीष्ट उत्तर (C) हुआ.

12. (D) हमें यह ज्ञात करना है कि मूल शृंखला में 'स्वर – 9 – 5' की कुल संख्या कितनी है

415C35E5D315U23567
A5F956P51958

हम देखते हैं कि दी गई शृंखला में एक 9 है, जिनके ठीक पहले एक स्वर हो तथा ठीक बाद 5 हो. अभीष्ट उत्तर (D) हुआ.

13. (D) यदि मूल शृंखला के पूर्वार्द्ध को पूरी तरह उलट दें, तो उसका स्वरूप निम्नवत् होगा–

32U513D5E53C514567
A5F956P51958

उक्त कथन में सफलता-प्राप्ति का प्रायः सम्पूर्ण जीवन-दर्शन समाहित है, परन्तु इसमें जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंश है, वह है–कठिन श्रम. हम किसी भी काम को करें, उसको पूरी निष्ठा एवं पूरी लग्न के साथ करें. पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने से कई प्रकार के लाभ होते हैं–कार्य के प्रति रुचि में वृद्धि होती रहती है, काम के बारे में पूरी जानकारी होती है तथा हम अपने वरिष्ठ अधिकारी के विश्वास पात्र बन जाते हैं. कारण यह है कि रुचिपूर्वक कार्य करते हुए कार्यकर्त्ता को अपने काम में रस प्राप्त होता है और जहाँ रस होता है, वहाँ कार्य की गुणवत्ता स्वतः उच्च कोटि की हो जाती है.

लग्न और श्रमपूर्वक कार्य करते हुए सफलता के द्वार तो खुलते ही हैं, अन्य कार्य के प्रति कदम बढ़ाने के भी संकेत मिलने लगते हैं. आपने भी देखा होगा कि श्रेष्ठ एवं सक्षम अधिकारियों को शासन विभिन्न विभागों में भेजता रहता है. मैंने स्वयं ऐसे अनेक प्रशासनिक अधिकारी देखे हैं जिनकी माँग प्रत्येक ऐसे स्थान पर होती थी. जहाँ कार्य-पद्धति में सुधार की आवश्यकता का अनुभव किया जाता था. स्वामी विवेकानंद के कथनानुसार–*A square piecs of stone can not remain lying on the street.* पत्थर का चौकोर टुकड़ा सड़क पर पड़ा नहीं रह सकता है. अतएव यदि व्यक्ति योग्य है तो उसकी माँग उच्चतम स्तर से होने लगती है, परन्तु चौकोर पत्थर की भाँति उपयोगी बनने के लिए कठिन श्रम अपेक्षित है. हीरा जैसी मूल्यवान वस्तु का वास्तविक रूप एवं मूल्य तभी निखरते हैं जब वह कई कोणों से तराशा जा चुका होता है. हिना भी तभी रंग लाती है जब पत्थर पर कस कर घिसी या रगड़ी जाती है. जब तक घड़े ने अग्नि में तपकर-जलकर अपने को खरा नहीं बना लिया, तब तक उसमें जल भरने कौन गया? आप किसी भी सफल व्यक्ति की जीवनी पढ़कर देख लीजिए, किसी भी महान व्यक्ति की जीवन-पद्धति का अध्ययन कर लीजिए, आपको एक गुण समान रूप से देखने को मिलेगा और वह है कठिन श्रम. श्रम ही जीवन है और श्रम ही ईश्वर की उपासना है.

अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासकार जौन रस्किन ने श्रम के सन्दर्भ में क्या ही सुन्दर कथन किया है?—*It is only by labour that thought can be made healthy, and only by thought that labour can be made happy, and the two cannot be separated with impunity.* अर्थ–केवल श्रम द्वारा ही विचार को स्वस्थ बनाया जा सकता है और केवल विचार द्वारा श्रम को सुखदायक बनाया जा सकता है तथा आत्म-दण्ड से छुटकारा दिए बिना दोनों को पृथक् नहीं किया जा सकता है.

प्रश्न हो सकता है–किस प्रकार के विचार द्वारा श्रम को सुखदायक बनाया जा सकता है? इसका उत्तर भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वानों ने अपनी-अपनी चिन्ताधारा के अनुरूप दिया है. श्वेता जी ने भी सहज भाव से इसको इंगित किया है और वह है, फल को भगवान पर छोड़ देना. भगवान पर छोड़ देने का अर्थ किसी प्रकार का अंध विश्वास एवं निष्क्रिया नहीं है. मंतव्य केवल यह है कि प्रकृति में कारण-कार्य-फल का नियम सर्वत्र अबाध गति से कार्य करता है. फल कर्म या श्रम के अनुरूप अपने निर्धारित समय पर प्राप्त होता है. अतः उस ओर से निश्चिंत हो जाना चाहिए और अपना अगला कार्य करते रहना चाहिए. कार्य के फल के प्रति चिंतित वे लोग देखे जाते हैं, जो अधूरा श्रम करते हैं और परिणाम के प्रति सदैव अनिश्चित एवं अविश्वासी बने रहते हैं. जिन्हें परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने की आशंका होती है, वे अटैची यात्रा करते देखे जाते हैं. जो परीक्षार्थी अनुकूल परीक्षाफल के प्रति आश्वस्त होते हैं, वे आगामी परीक्षा अथवा प्रतियोगिता के लिए तैयारी करने में व्यस्त हो जाते हैं.

हम यह बात क्यों नहीं समझ लेते हैं कि कार्य करना हमारे अधिकार में होता है, उसके फल पर हमारा वश नहीं रहता है. हाइड्रोजन एवं आक्सीजन के मिश्रण में विद्युत-स्फुलिंग भेजना न भेजना हमारे अधिकार में रहता है, परन्तु ऐसा कर देने के उपरांत उक्त प्रक्रिया में पानी का निर्माण रोकना हमारे हाथ में नहीं रह जाता है. इसी जीवन-सत्य को लक्ष्य करके कहा जाता है कि "माली सींचे सौ घड़ा रित आए फल होय."

निष्कर्ष रूप में सफलता प्राप्ति का सूत्र ठहरता है–अनवरत् एक निष्ठ श्रम. महान विचारक वर्जिल (*Vergil*) का यह कथन याद रखिए–*Labour Conquers every thing.* श्रम प्रत्येक वस्तु पर विजय प्राप्त करता है. ●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक सामान्य ज्ञान

नियुक्तियाँ

अनुपम खेर

जाने-माने फिल्म अभिनेता अनुपम खेर को लखनऊ स्थित भारतेंदु नाट्य अकादमी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उन्होंने अपना यह कार्यभार गत 1 मई को ग्रहण कर लिया है.

चुन्नीलाल करसनदास ठक्कर

गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति चुन्नीलाल करसनदास ठक्कर को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है.

अरिजीत पसायत

केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरिजीत पसायत को दिल्ली उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है.

अरुण भरत राम

जाने-माने उद्योगपति अरुण भरत राम ने गत 27 अप्रैल को नई दिल्ली में भारतीय उद्योग महासंघ के नए अध्यक्ष का कार्यभार

ग्रहण किया है. उन्होंने श्री राहुल बजाज का स्थान लिया है. नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण भरत राम ने चालू वित्तीय वर्ष 2000-2001 में देश में आर्थिक वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की है.

एम. पी. बेजबरुआ

भारत के पर्यटन सचिव एम. पी. बेजबरुआ को सत्र 2000-2001 के लिए पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (PATA) का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है. श्री बेजबरुआ का यह निर्वाचन हांगकांग में गत 3 मई को समाप्त हुए 'पाटा' के 49वें वार्षिक सम्मेलन में हुआ.

बिमल जालान

केन्द्र सरकार ने रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ. बिमल जालान के कार्यकाल में दो वर्ष की वृद्धि कर दी है. उनका तीन वर्षीय कार्यकाल इस वर्ष 22 नवम्बर को समाप्त होने को था. अब वह 22 नवम्बर, 2002 तक इस पद पर रहेंगे.

पड़ोसी राष्ट्रों में राजदूतों/उच्चायुक्तों में व्यापक फेरबदल

पड़ोसी देशों में राजदूतों/उच्चायुक्तों में व्यापक फेरबदल केन्द्र सरकार ने की है. इसके तहत बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त देब मुखर्जी को अब नेपाल में भारतीय राजदूत नियुक्त किया गया है. उनके स्थान पर मणिलाल त्रिपाठी को अब बांग्लादेश में उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है. विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव आलोक प्रसाद को मॉरिशस में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है. इनके अतिरिक्त प्रभात शुक्ल को सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है. श्री शुक्ल इससे पूर्व प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव थे. विदेश मंत्रालय में सयुक्त सचिव (निःशस्त्रीकरण) के रूप में कार्यरत् राकेश सूद को जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र संघ के निःशस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है.

ज्ञातव्य है कि चीन में भारतीय राजदूत विजय के. नम्बियार की जी. पार्थसारथी के स्थान पर पाकिस्तान में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में नियुक्ति के आदेश सरकार द्वारा पहले ही जारी किए जा चुके हैं. श्री पार्थसारथी मई 2000 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं

मौलाना मुजाहिदुल इसलाम कासमी

ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ. बोर्ड की गत 23 अप्रैल को लखनऊ में सम्पन्न हुई बैठक में मौलाना मुजाहिदुल इसलाम कासमी को सर्वसम्मति से इस बोर्ड का नया अध्यक्ष चुना गया है.

गियुलियानो अमाटो

इटली के राष्ट्रपति कार्लो एजेलियो सियाम्पी ने गियुलियानो अमाटो (Giuliano Amato) को देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में गत 26 अप्रैल को शपथ दिलाई है. इससे पूर्व मैसिमो डि अलेमा ने प्रधानमंत्री पद से गत अप्रैल माह में ही त्यागपत्र दिया था.

एहमेट नैक्डेट सेजेर

टर्की में संवैधानिक न्यायालय के नए न्यायाधीश एहमेट नैक्डेट सेजेर को गत मई को देश का नया राष्ट्रपति चुना गया

श्यामल कुमार सेन

न्यायमूर्ति श्यामल कुमार सेन ने गत मई को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार ग्रहण किया है

स्वराज पाल

अनिवासी भारतीय स्वराज पाल को ब्रिटेन के वुल्वर हैंपटन विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है. किसी ब्रिटिश विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्त किए जाने वाले वह पहले एशियाई हैं

निखाइल कास्यानोव

रूस के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति व्लादिमीर पूटिन ने गत 7 मई को अपने इस पद की शपथ ग्रहण करने के पश्चात प्रथम कार्य प्रधानमंत्री मिखाइल कास्यानोव को देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया. ड्यूमा द्वारा उनके इस मनोनयन की पुष्टि के पश्चात् श्री कास्यानोव औपचारिक रूप से रूस के प्रधानमंत्री हो जाएंगे.

के. कालीमुथू

अखिल भारतीय अन्नादमुक (AIADMK) के वरिष्ठ नेता के. कालीमुथू को गत 6 मई को पार्टी कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी का नया अध्यक्ष चुना गया है. उन्होंने वी आर नेदुनषेझियन का स्थान लिया जिनका हाल ही में निधन हो गया था.

पुरस्कार / सम्मान

लॉस एंजेल्स टाइम्स बुक प्राइज (2000)—अंग्रेजी भाषा के प्रसिद्ध भारतीय उपन्यासकार अमित चौधरी को उनके तीसरे उपन्यासों के संकलन 'फ्रीडम सॉंग' के लिए इस वर्ष का अमरीका का प्रतिष्ठित 'लॉस एंजेल्स टाइम बुक प्राइज' प्रदान किया गया है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिस यूनीवर्स–2000

78 राष्ट्रों की चुनी हुई सुन्दरियों को पीछे छोड़ते हुए भारत सुन्दरी लारा दत्ता ने इस सहस्त्राब्दी की पहली ब्रह्मांड सुन्दरी (मिस यूनीवर्स) होने का गौरव प्राप्त किया है. वर्ष 2000 की मिस यूनीवर्स प्रतियोगिता का फाइनल दौर साइप्रस की राजधानी निकोसिया में गत 13 मई को सम्पन्न हुआ, जिसमें बंगलौर की 21 वर्षीया लारा दत्ता को सिरमौर हासिल हुआ. सुष्मिता सेन के बाद लारा मिस यूनीवर्स चुनी जाने वाली वह दूसरी भारत सुन्दरी हैं. सुष्मिता सेन को 1994 में मिस यूनीवर्स चुना गया था.

मिस यूनीवर्स-2000 की इस प्रतियोगिता में वेनेजुएला की क्लाउडिया मोरेनो (Claudia Moreno) को प्रथम उपविजेता तथा स्पेन की हेलेन लिंडेस (Helen Lindes) को द्वितीय उपविजेता चुना गया.

उल्लेखनीय है कि जनवरी 2000 में पुणे में सम्पन्न 'फेमिना मिस इंडिया-2000' प्रतियोगिता में लारा दत्ता को मिस इंडिया-यूनीवर्स, प्रियंका चोपड़ा को मिस इंडिया-वर्ल्ड तथा दीया मिर्जा को मिस इंडिया-एशिया पैसिफिक चुना गया था. मिस इंडिया-यूनीवर्स चुनी गई लारा दत्ता ने मिस यूनीवर्स-2000 प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें वह विजेता रहीं. प्रियंका चोपड़ा इस वर्ष बाद में होने वाली मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में तथा दीया मिर्जा मिस एशिया पैसिफिक प्रतियोगिता में भाग लेंगी. विगत वर्षों में भारत की रीता फारिया (1966), ऐश्वर्य राय (1994), डायना हेडन (1997) व युक्ता मुखी (1999) को विश्व सुन्दरी का खिताब प्राप्त हो चुका है.

नोबेल पुरस्कार राशि में वृद्धि–नोबेल फाउण्डेशन ने इस वर्ष सभी नोबेल पुरस्कारों के तहत दी जाने वाली राशि में लगभग 14 प्रतिशत की वृद्धि करने की घोषणा गत 28 अप्रैल को की है. इस वर्ष प्रत्येक नोबेल पुरस्कार के तहत 79 लाख क्रोनर (7,60,000 डॉलर) के स्थान पर 90 लाख क्रोनर की राशि प्रदान की जाएगी.

छत्रपति तारारानी पुरस्कार–दिल्ली की तिहाड़ जेल को तिहाड़ आश्रम में रूपान्तरित करने के लिए कैदियों के कल्याण हेतु विजेता पुलिस अधिकारी किरन बेदी को गत 21 अप्रैल को कोल्हापुर में छत्रपति तारारानी द्विवार्षिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

जम्बो क्वीन–2000–गत 1 मई को थाइलैण्ड में बैंकाक के निकट एक चिड़िया-घर में भारी भरकम हथिनी जैसे शरीर वाली सुन्दरियों की 'जम्बो क्वीन' प्रतियोगिता में 31 वर्षीया बूनमा खोनकाम (Boonma Khonkam) को इस वर्ष की जम्बो क्वीन चुना गया. बूनमा का वजन 162.5 किग्रा. है. इस प्रतियोगिता का आयोजन थाइलैण्ड में प्रति वर्ष होता है.

महेन्द्रा गोल्फर ऑफ द ईयर (1999-2000)–महू के गोल्फ खिलाड़ी मुकेश कुमार को वर्ष 1999-2000 के लिए 'महेन्द्रा गोल्फर ऑफ द ईयर' पुरस्कार प्रदान किया जाएगा. 7 लाख रुपए का यह पुरस्कार उन्हें अगस्त 2000 में प्रदान किया जाएगा.

राष्ट्रीय सांख्यिकी पुरस्कार–सांख्यिकी के क्षेत्र में पहला राष्ट्रीय पुरस्कार भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कलकत्ता के पूर्व निदेशक जे. के. घोष को गत 28 अप्रैल को नई दिल्ली में प्रदान किया गया. एक लाख रुपए का यह पुरस्कार प्रो. पी. वी. सुखात्मे की स्मृति में स्थापित किया गया है. इस अवसर पर प्रो. घोष ने सुखात्मे स्मारक व्याख्यान भी प्रस्तुत किया.

सिएट इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर (1999-2000)

वर्ष 1999-2000 के लिए 'सिएट इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार भारत के सौरभ गांगुली को गत 6 मई को मुम्बई में एक समारोह में प्रदान किया गया. इसी वर्ष के लिए 'सिएट इंटरनेशनल टीम ऑफ द ईयर पुरस्कार' आस्ट्रेलियाई टीम को प्रदान किया गया.

सौरभ गांगुली 'सिएट इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार जीतने वाले वेंकटेश प्रसाद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं. यह पुरस्कार उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 1 मई, 1999 से 30 अप्रैल, 2000 तक सर्वाधिक 98 अंक अर्जन के आधार पर ज्यूरी ने प्रदान किया है. इस रेटिंग में 95 अंकों के साथ भारत के सचिन तेंदुलकर का दूसरा तथा 95 अंकों के साथ न्यूजीलैण्ड के क्रिस केयर्न्स का तीसरा स्थान रहा.

पूर्व वर्षों में यह पुरस्कार ब्रायन लारा (1995-96), वेंकटेश प्रसाद (1996-97), सनत जयसूर्या (1997-98) व जैक्स कॉलिस (1998-99) को प्रदान किया जा चुका है. इस पुरस्कार के तहत विजेता को ट्रॉफी के अतिरिक्त 5 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है

शतरंज ऑस्कर पुरस्कार (1999)–रूसी पत्रिका चैस रिव्यू–64 ने वर्ष 1999 के शतरंज ऑस्कर पुरस्कार के लिए रूसी खिलाड़ी गैरी कास्पारोव का चयन किया है. इससे पूर्व लगातार दो वर्षों तक यह पुरस्कार भारत के विश्वनाथन आनंद को प्रदान किया गया था.

त्यागपत्र/पदच्युति

जयप्रकाश नारायण यादव

बिहार की मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की सिफारिश पर राज्यपाल विनोद चन्द्र पांडेय ने राज्य के लघु सिंचाई मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव का त्यागपत्र गत 7 मई को स्वीकार कर लिया है. फर्जी बी.एड. डिग्री घोटाला काण्ड में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के पश्चात् श्री यादव ने एक दिन पूर्व ही अपना त्यागपत्र मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किया था.

मासिमो डी' एलेमा

लगभग 18 माह तक इटली के प्रधानमंत्री रहे मासिमो डी' एलेमा ने गत 19 अप्रैल को इस पद से त्यागपत्र दे दिया.

निधन

पर्ल पद्मसी

जानी-मानी रंगकर्मी पर्ल पद्मसी का गत 23 अप्रैल को 68 वर्ष की आयु में मुम्बई में निधन हो गया.

हरप्रीत कौर

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की अध्यक्ष बीबी जागीर कौर की युवा पुत्री हरप्रीत कौर का गत 20 अप्रैल को रहस्यमय परिस्थितियों में निधन हो गया. उनके [illegible]ति होने का दावा करने वाले कमलजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि हरप्रीत को जहर देकर मारा गया है. हरप्रीत की माँ जागीर कौर उनके इस विवाह को मान्यता नहीं देती थीं.

चर्चित व्यक्ति

रूपलाल

भारतीय थल सेना के एक गैर-कमीशंड अधिकारी रूपलाल सहारिया को 26 वर्ष तक कैद में रखने के पश्चात् पाकिस्तान ने गत 14 अप्रैल को रिहा कर दिया. जासूसी के आरोप में उन्हें 1974 में पाकिस्तानी क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया था. 1977 में उन्हें वहाँ मृत्यु की सजा सुनाई गई जिसे बाद में आजीवन कारावास में बदल दिया गया.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जागीर कौर

भारतीय मूल की एक महिला जागीर कौर को गत अप्रैल माह में ब्रिटेन के ग्रेनिज शहर की मेयर चुना गया है. पंजाब के लुधियाना जिले के गाँव हिसोवाल निवासी जागीर कौर 1968 में अपने पति के साथ ग्रेनिज जा बसी थीं. ब्रिटेन के किसी शहर की मेयर चुनी जाने वाली भारतीय मूल की वह प्रथम महिला हैं.

उल्लेखनीय है कि ग्रेनिज शहर घड़ियों के उद्योग के लिए प्रसिद्ध है. 21वीं सदी के स्वागत के लिए मिलेनियम डोम की स्थापना यहीं की गयी थी.

जिम कूरियर

प्रसिद्ध अमरीकी टेनिस खिलाड़ी जिम कूरियर ने पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा गत 9 मई को न्यूयॉर्क में की है. 90 के दशक में कूरियर ने चार ग्रांड स्लैम खिताब जीतने में सफलता प्राप्त की थी जिनमें दो बार आस्ट्रेलियाई ओपन (1992 व 1993 में) तथा दो बार फ्रेंच ओपन (1991 व 1992 में) एकल खिताब शामिल हैं.

चर्चित स्थान

जानकीनाथ भवन

उड़ीसा में कटक स्थित जानकीनाथ भवन वह स्थान है जहाँ नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का जन्म हुआ था. इसे राष्ट्रीय इमारत घोषित करने की माँग के सन्दर्भ में सरकार ने गत 24 अप्रैल को राज्य सभा में सूचित किया है कि इस मामले में कार्यवाही शीघ्र ही की जाएगी.

बेरी

आगरा-मथुरा राजमार्ग पर मथुरा जिले के गाँव बेरी में डीजल के एक 'खुदरा विक्रेता के यहाँ गत 3 मई को दीपक से लगी आग के पश्चात् डीजल से भरे ड्रमों में विस्फोट हो गए जिससे कम-से-कम 35 व्यक्ति जलकर मारे गए.

वर्ष / दिवस / सप्ताह

विश्व हीमोफीलिया दिवस–17 अप्रैल

पृथ्वी दिवस–22 अप्रैल

श्रम दिवस–1 मई

महाराष्ट्र दिवस–1 मई

विश्व अस्थमा दिवस–2 मई

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस–3 मई

अन्तर्राष्ट्रीय थालासीमिया (Thalassemia) **दिवस**–8 मई.

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस–11 मई.

जनसंख्या स्थिरीकरण दिवस (मध्य प्रदेश)–11 मई.

राष्ट्रीय समान वेतन दिवस (अमरीका)–11 मई

(स्त्री-पुरुषों के वेतन में समानता सुनिश्चित करने के लिए अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा 11 मई को इस रूप में मनाने की घोषणा गत 10 मई को ही की है).

वर्ल्ड मदर्स डे–14 मई

विश्व परिवार दिवस–15 मई

पुस्तकें

ए न्यू वर्ल्ड (A New World)–अमित चौधरी

द मेकिंग ऑफ लालू यादव-अनमेकिंग ऑफ बिहार (The Making of Laloo Yadav–Unmaking of Bihar)–संकर्षण ठाकुर

एंशियेंट प्रॉमिसेज़ (Ancient Promises)–जयश्री मिश्र

वेपन्स ऑफ पीस (Weapons of Peace)–राज चेंगप्पा

स्मॉल रेमेडीस् (Small Remedies)–शशि देशपांडे

ऑपरेशन/अभियान

ऑपरेशन ज्ञानोदय

मध्य प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रारम्भ किए गए एक विशेष अभियान को 'ऑपरेशन ज्ञानोदय' नाम दिया गया है.

ऑपरेशन गोल्डन फ्लेम

शान्तिकाल में आस्ट्रेलिया का अब तक का सबसे बड़ा सुरक्षा अभ्यास 'ऑपरेशन गोल्डन फ्लेम' गत 5 मई को प्रारम्भ हुआ एक माह के इस अभ्यास का उद्देश्य 15 सितम्बर, 2000 से सिडनी में होने वाले ओलम्पिक खेलों में शान्ति व्यवस्था की तैयारियों को अन्तिम रूप देना है

ऑपरेशन पाशा

तमिलनाडु के श्रीलंका के निकटवर्ती तट पर भारतीय नौसेना तथा तटरक्षक द्वारा नियमित रूप से निगरानी का कार्य इस ऑपरेशन के तहत किया जाता है इसका उद्देश्य 'लिट्टे' विद्रोहियों को दवाइयों, केरोसिन व अन्य आवश्यक पदार्थों की आपूर्ति पर नियंत्रण लगाना है. इसके साथ-साथ भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई समुद्र की ओर बढ़ने से रोकने का कार्य भी सुरक्षा की दृष्टि से इसके तहत किया जाता है

हाल ही के लिट्टे संघर्ष के परिप्रेक्ष्य में इस अभियान को और गहन बना दिया गया है

समिति/आयोग

लिब्रहान आयोग

6 दिसम्बर, 1992 की अयोध्या की घटनाओं की जाँच कर रहे लिब्रहान आयोग को 30 जून, 2000 तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को केन्द्र सरकार ने कहा है

नानावती आयोग

सन् 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की हत्या के पश्चात् हुए सिख विरोधी दंगों की दोबारा जाँच के लिए एक नए आयोग का गठन केन्द्र सरकार ने मई माह में किया है. सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. टी. नानावती को इस एक सदस्यीय आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है. आयोग को उसकी पहली बैठक के 6 माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है

उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति नानावती की अध्यक्षता में ही अप्रैल 2000 में गठित आयोग फरवरी 2000 में नई दिल्ली में अधिवक्ताओं के प्रदर्शन पर किए गए पुलिस लाठीचार्ज की जाँच फिलहाल कर रहा है

सम्मेलन

किन्नर सम्मेलन

किन्नरों (हिजड़ों) का राष्ट्रीय सम्मेलन गत 28 अप्रैल–8 मई को भोपाल में सम्पन्न हुआ किन्नर विधायक शबनम मौसी तथा किन्नर महापौर कमला जान की इस सम्मेलन में अनुपस्थिति उल्लेखनीय रही. किन्नरों के राजनीति मे प्रवेश के मुद्दे पर समाज में मतभेदों के चलते सम्भवत. उन्हें इस सम्मेलन में आमन्त्रित ही नहीं किया गया.

टैक्सटाइल्स क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

टैक्सटाइल्स के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग के सिलसिले में एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन गत 25-26 अप्रैल को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ. 'टेक्सिन्फोटेक-2000' (TEXINFOTECH–2000) नाम के इस सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय द्वारा किया गया.

विश्व संस्कृत सम्मेलन

12वाँ विश्व संस्कृत सम्मेलन वर्ष 2003 में फिनलैण्ड में हेलसिंकी में आयोजित होगा. यह निर्णय इटली में तुरीनो नगर में गत अप्रैल में सम्पन्न 11वें विश्व संस्कृत सम्मेलन में लिया गया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दक्षेस लेखक सम्मेलन

दक्षेस राष्ट्रों के लेखकों व कवियों का पहला सम्मेलन गत अप्रैल के अन्तिम सप्ताह में नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ.

एशियाई विकास बैंक की वार्षिक बैठक

एशियाई विकास बैंक (ADB) की 33वीं वार्षिक बैठक मई 2000 के दूसरे सप्ताह में थाइलैण्ड में चियांग मई (Chiang Mai) में सम्पन्न हुई

संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दी शिखर सम्मेलन

इस वर्ष सितम्बर माह में प्रारम्भ होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक अधिवेशन से ठीक पूर्व सदस्य राष्ट्रों का 3 दिवसीय शिखर सम्मेलन सम्पन्न होगा. 6-8 सितम्बर, 2000 को होने वाले इस संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन का मूल भाव है- इक्कीसवीं सदी में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका.

अन्तर्संसदीय संघ का सम्मेलन

अन्तर्संसदीय संघ (IPU) का 103वाँ सम्मेलन गत 30 अप्रैल-6 मई को अम्मान में सम्पन्न हुआ पाकिस्तान के सैन्य प्रशासन द्वारा लोकतंत्र की बहाली के लिए कोई समय सीमा निर्धारित न किए जाने के कारण इस सम्मेलन में पाकिस्तान की संघ की सदस्यता निलम्बित कर दी गई. पाकिस्तान के साथ-साथ सूडान तथा आइवरी कोस्ट की सदस्यता भी इस सम्मेलन में निलम्बित की गई.

अन्तरिक्ष

राइटन-4 की उड़ान

प्रक्षेपास्त्रों की चेतावनी देने वाले एक अमरीकी सैन्य उपग्रह का प्रक्षेपण गत 8 मई को केप केनेवरल प्रक्षेपण केन्द्र से राइटन-4 बी रॉकेट द्वारा किया गया. राइटन-4 रॉकेट अमरीका का सर्वाधिक शक्तिशाली रॉकेट बताया जाता है

विज्ञान

लिको वी सैट

सीमाओं की अग्रिम चौकियों पर तैनात भारतीय थल सेना की इकाइयों का सेना मुख्यालय से सीधा, सुरक्षित एवं गुप्त संचार सम्बन्ध स्थापित करने के लिए उपग्रह आधारित लिको वी सैट (LICO-VSAT) संचार प्रणाली की स्थापना सार्वजनिक क्षेत्र की आई टी आई लि. द्वारा की गई है. इसका उद्घाटन थल सेना अध्यक्ष जनरल वी पी मलिक ने गत 19 अप्रैल को किया

'आई लव यू' वाइरस से विश्व भर के कम्प्यूटर प्रोग्राम क्षतिग्रस्त

मनीला (फिलीपींस) से गत 5 मई को ई-मेल के जरिए फैले 'आई लव यू' वाइरस ने विश्व भर के अनेक कम्प्यूटरों के सॉफ्टवेयर को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे अरबों डॉलर की क्षति का अनुमान लगाया गया है. वाइरस को जारी करने के आरोप पर फिलीपींस के नेशनल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशंस ने 27 वर्षीय विद्यार्थी रिओमेल रामोनेस (Reomel Ramones) को गत 9 मई को गिरफ्तार किया, किन्तु पर्याप्त प्रमाणों के अभाव में न्याय विभाग ने उसे फिलहाल रिहा कर दिया है.



दुर्घटना

वायु सेना का मिग–23 दुर्घटनाग्रस्त

तकनीकी खराबी के कारण भारतीय वायु सेना का एक मिग–23 विमान गत 25 अप्रैल को पंजाब के पटियाला जिले के एक गाँव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस दुर्घटना में विमान चालक की भी मृत्यु हो गई.

वायु सेना का एक अन्य मिग-23 विमान बाद में 10 मई को लुधियाना के निकट हलवारा वायु सेना केन्द्र के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुआ. इस दुर्घटना में विमान चालक सुरक्षित रहा.

फिलीपींस का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त

मनीला से दवाओं (Davao) उड़ान पर फिलीपींस का एक बोइंग–737 यात्री विमान गत 19 अप्रैल को दवाओं हवाई अड्डे पर उतरने से कुछ क्षण पूर्व ही निकटवर्ती समाल (Samal) द्वीप पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे विमान पर सवार सभी 131 लोगों की मृत्यु हो गई. मरने वालों में 124 यात्रियों के अतिरिक्त चालक दल के 7 सदस्य भी शामिल थे.

विविध

महात्मा गांधी व कस्तूरबा को मरणोपरांत डॉक्टरेट

अमरीका के जॉर्जिया प्रान्त में अटलाटा स्थित मोरहाउस कॉलेज ने महात्मा गांधी व कस्तूरबा गांधी को मरणोपरान्त डॉक्टरेट की मानद उपाधि से गत अप्रैल माह में सम्मानित किया है.

रविशंकर का नया वाद्य यंत्र– हंस वीणा

जाने-माने सितारवादक प. रविशकर ने गत 6 दशकों के अपने अनुभव के आधार पर संगीत का एक नया यत्र 'हंस वीणा' विकसित किया है. भारतीय गिटार से विकसित इस पहले वाद्य यत्र को पं. रविशंकर ने गत अप्रैल में अपने 80वें जन्म दिवस के अवसर पर अपने एक शिष्य को भेंट किया.

मानव रहित विमान निशांत का परीक्षण

स्वदेश में ही विकसित मानव रहित विमान निशांत का सफल परीक्षण गत 26 अप्रैल को उड़ीसा में चाँदीपुर परीक्षण रेंज से किया गया.

संसद भवन में आन्ध्र केसरी तंगुतुरी प्रकाशम की प्रतिमा

आन्ध्र केसरी के रूप में प्रसिद्ध पत्रकार, स्वतन्त्रता सेनानी एवं राजनेता तंगुतुरी प्रकाशम (1872–1957) की प्रतिमा संसद भवन में स्थापित की गई है. राष्ट्रपति

शेष पृष्ठ 1502 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



आर्थिक परिदृश्य

1981-82 के स्थान पर 1993-94 अब थोक मूल्य सूचकांक का नया आधार वर्ष

केन्द्र सरकार ने 1981-82 के स्थान पर 1993-94 आधार वर्ष वाली थोक मूल्य सूचकांक की नई शृंखला को गत 1 अप्रैल से लागू कर दिया है. थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर की गणना अब आगे से इस नए सूचकांक के आधार पर ही की जाएगी. इससे मुद्रा स्फीति की अपेक्षाकृत अधिक व्यावहारिक दर का आकलन हो सकेगा. प्रारम्भिक सप्ताहों में नए आधार वर्ष (1993-94) वाले सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर पुराने मूल्य सूचकांक (1981-82 = 100) पर आधारित मुद्रा स्फीति दर से कुछ अधिक आकलित की गई है. पुराने सूचकांक के आधार पर 25 मार्च, 2000 को मुद्रा स्फीति की दर 3·74 प्रतिशत थी, जो नए मूल्य सूचकांक के आधार पर 4·16 प्रतिशत आकलित की गई है.

नए थोक मूल्य सूचकांक में प्राथमिक उत्पादों का भारांश 32·30 से घटाकर 22·02; ईंधन, ऊर्जा व लुब्रीकेंट्स का भारांश 10·66 से बढ़ाकर 14·23 तथा विनिर्मित उत्पादों का भारांश 57·04 से बढ़ाकर 63·75 किया गया है.

ज्ञातव्य है कि भारत में राष्ट्रीय आय लेखांकन के लिए भी 1993-94 को ही आधार वर्ष के रूप में चुना गया है. 1993-94 को आमतौर पर एक 'सामान्य वर्ष' होने के कारण आधार वर्ष के रूप में चुना गया है. नब्बे के दशक के पहले दो वर्ष 1991 व 1992 विषम आर्थिक परिस्थितियों के कारण सामान्य वर्ष नहीं थे.

1999-2000 में निर्यातों में 11·58 प्रतिशत की वृद्धि

वाणिज्य मंत्रालय के अनंतिम आँकड़ों के अनुसार, गत वित्तीय वर्ष 1999-2000 में डॉलर मूल्य में भारत के कुल निर्यात 37·54 अरब डॉलर के रहे हैं, जो पूर्व वर्ष के 33·64 अरब डॉलर के निर्यातों से 11·58 प्रतिशत अधिक हैं. डाइरेक्टरेट जनरल ऑफ कॉमर्शियल इंटेलीजेंस एण्ड स्टैटिस्टिक्स (DGCI & S) के हवाले से मंत्रालय द्वारा गत 1 मई को जारी आँकड़ों के अनुसार 1999-2000 में भारत के कुल आयात 46·15 अरब डॉलर के रहे हैं, जो पूर्व वर्ष के 41·89 अरब डॉलर के आयातों की तुलना में 10·19 प्रतिशत अधिक हैं. मंत्रालय के अनुसार, 1999-2000 में 46·15 अरब डॉलर के कुल आयातों में पेट्रोलियम आयात ही 9·66 अरब डॉलर के रहे हैं. पूर्व वित्तीय वर्ष 1998-99 में भारत के पेट्रोलियम आयात 5·88 अरब डॉलर के थे. इस प्रकार सन्दर्भित वर्ष में पेट्रोलियम आयातों के मूल्य में 64·26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि गैर-पेट्रोलियम आयातों में केवल 1·36 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई है. 1999-2000 के दौरान भारत के गैर-पेट्रोलियम आयात 36·50 अरब डॉलर के रहे हैं, जो पूर्व वित्तीय वर्ष 1998-99 में 36 अरब डॉलर के थे. तेल आयात बिल में वृद्धि का मुख्य कारण 1999-2000 के दौरान तेल मूल्यों का काफी ऊँचा रहना रहा है.

आयात निर्यात के उपर्युक्त आँकड़ों के परिप्रेक्ष्य में 1999-2000 के दौरान भारत का व्यापार घाटा निर्यातों की तुलना में आयात मूल्य का आधिक्य) 8·62 अरब डॉलर का रहा है, जो पूर्व वित्तीय वर्ष 1998-99 के 8·25 अरब डॉलर के व्यापार घाटे से मामूली अधिक है.

भारत के विदेशी व्यापार के ताजा आँकड़े

(अरब डॉलर में)

	1998-99	1999-2000
निर्यात	33·64	37·54
आयात	41·89	46·15
व्यापार शेष	8·25	8·61

बैंकों को बीमा क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति

चालू वित्तीय वर्ष 2000-2001 के लिए नई मौद्रिक एवं साख नीति की घोषणा करते हुए रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ. बिमल जालान ने इस वर्ष आर्थिक वृद्धि दर 6·50–7·00 प्रतिशत रहने की आशा व्यक्त की है. गत 27 अप्रैल को घोषित बैंक की नई मौद्रिक नीति के तहत अर्थव्यवस्था में तरलता के प्रवाह को बनाए रखने के लिए कदम उठाए गए हैं. इनमें वित्तीय संस्थाओं को सावधि जमाओं पर ब्याज दर [illegible] निर्धारित करने की छूट देने, कम्पनियों [illegible] जमा प्रमाण-पत्रों की न्यूनतम परिपक्व [illegible] अवधि को 3 माह से घटाकर 15 दिन कर [illegible] तथा विकास वित्त संस्थाओं (Development Financial Institutions) [illegible] यूनीवर्सल बैंक के रूप में रूपांतरित कर [illegible] की अनुमति प्रदान करने के कदम शामिल हैं.

नई नीति के तहत बैंकों को अब बीमा क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति प्रदान कर दी गई है. इसके लिए सम्बन्धित बैंक की नेट वर्थ कम-से-कम 500 करोड़ रुपए तथा पूंजी पर्याप्तता मानक कम-से-कम 10 प्रतिशत होना आवश्यक है.

उल्लेखनीय है कि मौद्रिक एवं साख नीति के प्रमुख मानकों में रिजर्व बैंक द्वारा नई मौद्रिक नीति की घोषणा से लगभग एक माह पूर्व ही परिवर्तन कर दिया था इसके तहत 1 अप्रैल, 2000 से बैंक दर को 8 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत, नकद आरक्षण अनुपात को 9 प्रतिशत से घटाकर गत 22 अप्रैल से 8 प्रतिशत तथा गत 3 अप्रैल से रेपो दर को 6 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया था.

आयकर व उत्पाद शुल्क प्राप्तियों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाने की 11 वें वित्त आयोग की सिफारिश

प्रो. ए. एम. खुसरो की अध्यक्षता वाले 11वें वित्त आयोग ने सरकार को प्रस्तुत अपनी अंतरिम रिपोर्ट में केन्द्र सरकार की आयकर प्राप्तियों में से राज्यों का अंश बढ़ाकर 80 प्रतिशत करने की सिफारिश की है. 10 वें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर अभी तक यह भाग 77·5 प्रतिशत था. इसी प्रकार उत्पाद शुल्क प्राप्तियों में भी राज्यों के अंश को 47·5 प्रतिशत से बढ़ाकर 52 प्रतिशत करने की संस्तुति 11 वें वित्त आयोग ने की है. यह जानकारी केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री धनंजय कुमार ने गत 18 अप्रैल को राज्य सभा में दी है. आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट जनवरी 2000 में सरकार को प्रस्तुत की थी, जबकि इसकी अन्तिम रिपोर्ट पूरी 2000 में प्रस्तुत किए जाने की सम्भावना है. 11वें वित्त आयोग की सिफारिशें 1 अप्रैल 2000 से प्रभावी की जानी हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उल्लेखनीय है कि 11वें वित्त आयोग की उपर्युक्त सिफारिशें 89 वें संविधान संशोधन विधेयक के पारित होने पर ही लागू की जाएगी. ससद में विचाराधीन 89 वें संविधान संशोधन विधेयक के तहत केवल सीमा शुल्कर व उत्पाद शुल्क में से ही हिस्सेदारी के स्थान पर सभी प्रमुख केन्द्रीय करों की शुद्ध प्राप्तियों के 29 प्रतिशत भाग का राज्यों को हस्तांतरण का प्रावधान किया है. इसकी सिफारिश 10वें वित्त आयोग ने की थी.

एयर इंडिया को लगातार पाँचवें वर्ष घाटा

भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कम्पनी एयर इंडिया ने गत वित्तीय वर्ष 1999-2000 के दौरान अपने घाटे पर कुछ अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त की है जिससे सन्दर्भित वर्ष में इसका घाटा 89·75 करोड़ रुपए (अनंतिम) रहा है, जो पूर्व वित्तीय वर्ष 1998-99 के दौरान अर्जित 174·48 करोड़ रुपए के घाटे से लगभग आधा ही है. यह लगातार पाँचवाँ वर्ष है, जब एयर इंडिया ने घाटा दर्ज किया है. 1994-95 में 40·80 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित करने के पश्चात् यह कम्पनी लगातार घाटे में रही है.

एयर इंडिया का घाटा

वर्ष	घाटा (करोड रुपये में)
1995-96	271·84
1996-97	296·94
1997-98	181·01
1998-99	174·48
1999-2000	89·75*

* अनंतिम

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री शरद यादव ने गत 2 मई को राज्य सभा में बताया कि एयर इंडिया की स्थिति में ढाँचागत सुधार के लिए इसके कर्मचारियों की छँटनी की कोई योजना सरकार के विचाराधीन नहीं है.

उल्लेखनीय है कि लगातार पाँच वर्षों से घाटे में चल रही एयर इंडिया में कर्मचारियों की सख्या बहुत अधिक है. कम्पनी के पास यद्यपि केवल 26 विमानों का ही बेड़ा है, तथापि इसके कर्मचारियों की कुल संख्या 17 हजार है. इस प्रकार एयर इंडिया में प्रति विमान कर्मचारियों की संख्या लगभग सात सौ है. कम्पनी की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार ने इसके लिए 10 विमान 'डाई लीज' पर प्राप्त करने का निर्णय किया है.

भारत की जनसंख्या एक अरब के पार

सरकारी प्रक्षेपण के अनुसार 11 मई, 2000 को भारत की जनसंख्या एक अरब के बिन्दु को पार कर गई. आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार इस दिन प्रातः 5 बजे देश के एक अरबवें शिशु ने नई दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में जन्म लिया. अशोक एवं अंजना अरोड़ा की इस बेटी को 'आस्था' नाम दिया गया है. इस बच्ची का अस्पताल में जोरदार स्वागत किया गया. इस अवसर पर अस्पताल परिसर में आयोजित एक स्वागत समारोह को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री एन. टी. षणमुगम ने भी सम्बोधित किया. आस्था की पढ़ाई-लिखाई के लिए दो लाख रुपए की राशि भारतीय उद्योग महासंघ व पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संयुक्त रूप से इसके माता-पिता को प्रदान की गई है. एक अरब जनसंख्या के स्तर को प्राप्त करने वाला भारत चीन के बाद विश्व में दूसरा ही राष्ट्र है. चीन की जनसंख्या 1999 के अंत में लगभग 1.259 अरब थी.

देश की जनसंख्या के एक अरब बिन्दु को पार करने के साथ ही सरकार ने देश में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के कार्यान्वयन, निगरानी एवं समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 100 सदस्यीय राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग का गठन गत 11 मई को किया है. योजना आयोग के उपाध्यक्ष के. सी. पंत को इस आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है. प्रमुख केन्द्रीय मंत्री संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता, राज्यों के मुख्यमंत्री तथा उद्योग जगत् सहित जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों को सदस्य के रूप में इस आयोग में शामिल किया गया है.

परिसम्पत्तियों के मूल्य में गिरावट से सम्पन्नतम व्यक्तियों में 'प्रेमजी' का स्थान नीचा

गत अप्रैल माह में सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों के मूल्यों में आई भारी गिरावट के परिणामस्वरूप भारत के अजीम हाशिम प्रेमजी अब विश्व के दूसरे सर्वाधिक धनी व्यक्ति नहीं रहे हैं. गत माह में 'विप्रो' (Wipro) के 2 रुपए मूल्य का बाजार भाव 9600 रुपए तक पहुँच जाने के कारण इस कम्पनी के अध्यक्ष अजीम प्रेमजी को बिल गेट्स के पश्चात् विश्व का दूसरा सबसे धनी व्यक्ति माना जाने लगा था. उनके पास इस कम्पनी के 75 प्रतिशत शेयर हैं, जिनका बाजार मूल्य 37 अरब डॉलर तक आंका गया था. अप्रैल 2000 के अंत में विप्रो के शेयर का बाजार मूल्य घटकर लगभग 3300 रुपए ही रह गया, जिससे प्रेमजी की कुल सम्पत्ति का मूल्य भी घटकर लगभग 10 अरब डॉलर ही रह गया है. इससे अब वह विश्व के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति नहीं रहे हैं.

एशियाई विकास बैंक की सहायता से राजस्थान के छः शहरों में आधारिक संरचना का विकास

राजस्थान के 6 प्रमुख शहरों में आधारिक संरचना का विकास एशियाई विकास बैंक (ADB) की सहायता से किया जाएगा. 1529 करोड़ रुपए की इस परियोजना के लिए एशियाई विकास बैंक ने 1055 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत किया है. शेष 474 करोड़ रुपए की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाएगी, जिसमें 94 करोड़ रुपए का नगर निकायों का योगदान शामिल होगा. प्रदेश के योजना मंत्री दीपेन्द्र सिंह शेखावत के अनुसार, यह परियोजना अगले वर्ष प्रारम्भ होगी तथा इसमें शामिल किए नए शहरों के नाम हैं—जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर एवं बीकानेर. इनमें सर्वाधिक 547 करोड़ रुपए का व्यय जयपुर के विकास हेतु किया जाएगा.

'इरडा' के गठन हेतु अधिसूचना जारी

बीमा क्षेत्र में घरेलू एवं विदेशी निजी कम्पनियों के प्रवेश हेतु मार्ग प्रशस्त करते हुए केन्द्र सरकार ने 'इरडा' (IRDA–Insurance Regulatory and Development Agency, बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण) के गठन की अधिसूचना गत अप्रैल माह में जारी कर दी है.

अधिसूचना के तहत एन. रंगाचारी इस प्राधिकरण के अध्यक्ष बने रहेंगे. इस पद पर उनका कार्यकाल जून 2003 तक रहेगा.

हर्षद् मेहता पर आयकर का सर्वाधिक बकाया

वित्त मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार बीते वर्ष 1999 की समाप्ति पर आयकर का सर्वाधिक बकाया शेयर दलाल हर्षद् मेहता पर था. वित्त राज्य मंत्री धनंजय कुमार द्वारा गत 28 अप्रैल को लोक सभा में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार 31 दिसम्बर, 1999 को श्री मेहता पर आयकर की 2423·24 करोड़ रुपए की राशि बकाया थी.

म्यांमार से 50 हजार टन चावल आयात का निर्णय

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्वोत्तर राज्यों में वितरण के लिए म्यांमार से 50 हजार टन

शेष पृष्ठ 1501 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रीय परिदृश्य

आयुध डिपो में आग से 3·76 अरब रुपए की क्षति

सेना के भरतपुर स्थित आयुध डिपो (Ammunition Depot) में गत 28 अप्रैल को लगी भीषण आग के परिणामस्वरूप 12·111 टन गोला-बारूद जलकर नष्ट हो गया है. रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस ने इसकी अनुमानित कीमत लगभग 3·76 अरब रुपए बताई है. 28 अप्रैल को लगी आग दो दिन में बुझायी जा सकी तथा इस दौरान विस्फोटकों में हुए विस्फोटों ने समूचे भरतपुर में जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया था. विस्फोटकों के जले हुए अवशेष निकटवर्ती गाँवों में भी गिरे. आग लगने का कारण तात्कालिक रूप से ज्ञात नहीं हो सका है. इसकी उच्च स्तरीय सैन्य जाँच (Court of Enquiry) के लिए सेना ने मेजर जनरल सी. बी. सुकू की अध्यक्षता में जाँच समिति का गठन किया है.



स्थिति का आकलन करने के लिए थल सेना अध्यक्ष जनरल वी. पी. मलिक के अतिरिक्त रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस ने डिपो का 29 अप्रैल को दौरा किया. रक्षा मंत्रालय से अनुमति मिलने के पश्चात् राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी अपने मंत्रि-मंडल के तीन वरिष्ठ सदस्यों तथा राज्य के पुलिस महानिरीक्षक अमिताभ गुप्ता के साथ 30 अप्रैल को डिपो के भीतर गये. रक्षा सलाहकार समिति के सदस्य एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट भी घटनास्थल का निरीक्षण करने 30 अप्रैल को भरतपुर पहुँचे, किन्तु सैन्य प्रशासन ने उन्हें डिपो में प्रवेश करने की अनुमति प्रदान नहीं की. बाद में उन्होंने निकटवर्ती अग्निकांड प्रभावित गांवों का दौरा किया.

उल्लेखनीय है कि कांजोली लाइन स्थित आयुध डिपो में लगी आग से सिविलियन क्षेत्रों में सर्वाधिक क्षति निकटवर्ती माढ़ोनी व ताल का नगला गाँवों में हुई है. दुर्घटना के परिणामस्वरूप मरने वालों की संख्या पहले दो बतायी गयी थी, जो बाद में पाँच तक बतायी गयी है.

सांख्य वाहिनी परियोजना पर पुनर्विचार का सरकार का इनकार

1300 करोड़ की अनुमानित लागत की डाटा नेटवर्क (Data Network) संचार की बहुविवादित एवं बहुचर्चित सांख्य वाहिनी परियोजना पर पुनर्विचार करने से केन्द्र सरकार ने स्पष्ट इनकार कर दिया है. इस मामले में सरकार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ तथा संचार मंत्रालय की स्थायी संसदीय समिति की आपत्तियों को नजरअंदाज करने का फैसला किया है. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ नेता एवं भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने सर्वप्रथम इस परियोजना पर पुनर्विचार की माँग की थी. राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न उठाते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख के. एस. सुदर्शन ने भी इसका खुलकर विरोध किया था. बाद में संचार मंत्रालय की स्थायी संसदीय समिति ने 17 अप्रैल, 2000 को लोक सभा में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में इस परियोजना के प्रति 6 आपत्तियाँ दर्ज कराते हुए इस पर पुनर्विचार की माँग सरकार से की थी. अपनी रिपोर्ट में स्थायी समिति ने कहा था कि परियोजना के कार्यान्वयन के लिये भागीदार के रूप में अमरीकी कम्पनी आई यू नैट (IU Net) का चयन रहस्यपूर्ण है तथा यह गुण-दोष के आधार पर नहीं हुआ है.

उल्लेखनीय है कि देश में डाटा संचार का तेज गति वाला नेटवर्क स्थापित करने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा गठित 'सांख्य वाहिनी इंडिया लि.' का 49 प्रतिशत स्वामित्व अमरीका की जिस आई यू नैट (IU Net) को दिया गया है वह अपनी अंशपूँजी के एवज में उपकरण लाएगी. 5 सितम्बर, 19 को जब इस परियोजना का स्वरूप तै किया गया था, तब तक आई यू नैट कम्प बनी ही नहीं थी. संचार मंत्रालय की स्थ समिति की रिपोर्ट के अनुसार सांख्य वाहि के भागीदार के रूप में आई यू नैट चयन करते समय सचार सेवा विभाग जो सांख्य वाहिनी की दूसरी भागीदार को भी विश्वास में नहीं लिया गया था.

उपर्युक्त तमाम आपत्तियों एवं विरो के बावजूद केन्द्र सरकार इस परियोजना मामले में सम्भवतः इसलिये कोई दूस दृष्टिकोण अपनाने के पक्ष में नहीं है, क्यों इसका कार्यान्वयन चन्द्रा बाबू नायडू नेतृत्व वाले कार्यदल की सस्तुति के आ पर किया गया है.

राजीव गांधी हत्याकांड की महि अभियुक्त नलिनी की सजा रियायत

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी हत्याकांड के सिलसिले में जिन चार अभि युक्तों के मृत्युदंड की पुष्टि सर्वोच्च न्याया द्वारा मई 1999 में की गयी थी, उन शामिल एकमात्र महिला नलिनी के मृत्यु को तमिलनाडु की राज्यपाल फातिमा बी ने आजीवन कारावास में बदल दिया है. राज्यपाल फातिमा बीवी ने यह निर्णय प्रदे मंत्रिपरिषद् की सिफारिश के आधार पर 24 अप्रैल को लिया है. मामले के तीन अ अभियुक्तों–मुरुगन (नलिनी का पति), सं तथा पेरारिवलन के मृत्युदंड में कोई परि प्रदान नहीं की गयी है.

मृत्युदंड के फैसले के सन्दर्भ उपर्युक्त चारों अभियुक्तों ने दया याचि राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत की थीं. पह लिए गए फैसले के तहत राज्यपाल ने द की दया याचिकाओं को अस्वीकार कर दि था, किन्तु अभियुक्तों ने राज्यपाल के फैसले को मद्रास उच्च न्यायालय में चु आधार पर चुनौती दी थी कि फैसला सं समय राज्यपाल ने राज्य मंत्रिपरिषद् स सलाह नहीं ली थी. इस याचिका के आ पर मद्रास उच्च न्यायालय ने राज्यपाल उस फैसले पर रोक लगा दी थी. अब राज्य मंत्रिपरिषद् की सलाह के आधार पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रपाल फातिमा बीवी ने नलिनी की मृत्यु की सजा को आजीवन कारावास में बदल देने है.

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व श्रीमती सोनिया गांधी ने भी नलिनी की बहन ने रियायत की अपील सार्वजनिक रूप से इस आधार पर की थी कि उसकी एक नवजात पुत्री है. हत्याकांड के शेष तीनों अभियुक्तों ने अब अपनी सजा में रियायत के लिये दया याचिका राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत की है.

जयललिता पर पुनः तांसी भूमि घोटाले की तलवार

सर्वोच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय का 13 जनवरी, 2000 का वह फैसला गत 25 अप्रैल को विलोपित कर दिया है, जिसके द्वारा तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री एवं अन्ना द्रमुक नेता सुश्री जयललिता, उनकी मित्र शशिकला व कुछेक अन्य आरोपियों को तांसी भूमि घोटाले में आरोपमुक्त कर दिया गया था. भ्रष्टाचार के मामलों की जाँच कर रही चेन्नई की एक विशेष अदालत ने इन आरोपियों के विरुद्ध 10 जून, 1999 को आरोप निर्धारित किए थे, किन्तु 13 जनवरी, 2000 को मद्रास उच्च न्यायालय ने इन्हें आरोपमुक्त घोषित करते हुए विशेष अदालत की कार्यवाही को रोकने के आदेश दिये थे. उच्च न्यायालय के इस निर्णय के विरुद्ध राज्य सरकार ने विशेष याचिका सर्वोच्च न्यायालय में दायर की थी जिस पर उपर्युक्त फैसला गत 25 अप्रैल को सुनाया गया है. सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से चेन्नई की विशेष अदालत में सुश्री जयललिता आदि के विरुद्ध भ्रष्टाचार का उपर्युक्त मामला पुनः जीवंत हो गया है. अपने निर्णय में इस मामले को यथाशीघ्र निपटाने के निर्देश सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष अदालत को दिये हैं.

उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार के इस मामले के तहत अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया है कि जयललिता व शशिकला की कम्पनियों वाली फर्मों—जया पब्लिकेशंस व साइट एंटरप्राइजेस ने तांसी (TANSI—Tamil Nadu Small Industries Corp.) की भूमि को बहुत कम मूल्य पर खरीद कर प्रदेश राजस्व को 3·5 करोड़ रुपए की हानि पहुंचायी थी. यह मामला उस समय का है जब सुश्री जयललिता प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं.

एक अन्य फैसले के तहत सर्वोच्च न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले को भी गत 9 मई को निरस्त कर दिया है जिसमें सुश्री जयललिता व अन्य अभियुक्तों को 6.5 करोड़ रुपए के कोयला आयात घोटाले से बरी करने के चेन्नई की विशेष अदालत के फैसले की पुष्टि की गई थी. इससे सुश्री जयललिता के विरुद्ध यह मुकदमा पुनः चलाया जाएगा.

अलमाती बाँध की ऊँचाई बढ़ाने की कर्नाटक को अनुमति

कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश व महाराष्ट्र के मध्य कृष्णा नदी के जल के बँटवारे के सम्बन्ध में गत 25 वर्ष से चले आ रहे विवाद का पटाक्षेप सर्वोच्च न्यायालय के गत 25 अप्रैल के निर्णय से हो गया. सर्वोच्च न्यायालय की 5 सदस्यीय संविधान पीठ ने इस मामले में कर्नाटक को अलमाती बाँध की ऊँचाई बढ़ाने की अनुमति प्रदान करने के साथ-साथ बछावत आयोग (कृष्णा नदी जल विवाद न्यायाधिकरण) की 1973 की उस व्यवस्था (योजना) को बरकरार रखा है जिसके तहत नदी के 2060 टी एम सी जल के सुनिश्चित प्रवाह (Dependable Flow) में से कर्नाटक को 700, महाराष्ट्र को 560 तथा आन्ध्र प्रदेश को 800 टी एम सी जल का आवंटन किया गया था. अपने फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि इस मामले में प्रस्तावित नये न्यायाधिकरण के फैसले तक आन्ध्र प्रदेश द्वारा अतिरिक्त जल (2060 टी एम सी के सुनिश्चित प्रवाह के अतिरिक्त जल) का इस्तेमाल किया जा सकता है. बछावत आयोग द्वारा 1976 में बी योजना के तहत दी गयी व्यवस्था को लागू करने से सर्वोच्च न्यायालय ने इंकार कर दिया है. न्यायालय ने इसे न्यायाधिकरण के 'निर्णय' के रूप में स्वीकार नहीं किया है. इस 'व्यवस्था' के तहत सुनिश्चित प्रवाह के साथ-साथ अतिरिक्त जल के इस्तेमाल के सम्बन्ध में भी नियम न्यायाधिकरण द्वारा बनाए गये थे.

अपने इस फैसले के साथ-साथ सर्वोच्च न्यायालय ने कृष्णा नदी पर अलमाती बाँध की ऊँचाई 509 मीटर से बढ़ाकर 519·6 मीटर करने की अनुमति कर्नाटक सरकार को प्रदान कर दी है. कर्नाटक ने बाँध की ऊँचाई 524 मीटर तक ले जाने की अनुमति चाही थी.

अपहृत विमान को प्रदत्त सेवाओं हेतु 49 लाख रुपए का तालिबान का बिल

दिसम्बर 1999 में अपहरण करके कंधार ले जाए गए इंडियन एयर लाइंस के विमान के यात्रियों को प्रदत्त भोजन, सेवाओं एवं विमान के ईंधन आदि के लिए तालिबान प्रशासन ने 1,11,324 डॉलर (लगभग 49 लाख रुपए) का बिल भारत सरकार को भुगतान हेतु प्रेषित किया है. काठमांडू से नई दिल्ली की उड़ान पर इस विमान का अपहरण करके अपहरणकर्त्ता इसे अफगानिस्तान में कंधार ले गये थे जहाँ यात्रियों सहित यह विमान सात दिन तक अपहरणकर्त्ताओं के कब्जे में रहा था. इस अवधि में विमान एवं इसके यात्रियों को भोजन सहित अन्य विभिन्न सुविधाएं तालिबान प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी थीं.

तालिबान प्रशासन पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबन्धों के चलते भारत सरकार ने तालिबान प्रशासन द्वारा प्रेषित उपर्युक्त बिल को संयुक्त राष्ट्र प्रतिबन्ध समिति को सन्दर्भित कर दिया है.

विधान परिषदों के गठन के प्रस्ताव पर अन्तर्राज्यीय परिषद् में विचार के पश्चात् ही निर्णय

राज्य विधानमंडल में विधान सभा के साथ-साथ विधान परिषद् के भी गठन के तीन राज्यों के प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास लम्बित हैं. यह राज्य हैं—असम, पंजाब व तमिलनाडु. केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री आई. डी. स्वामी ने गत 25 अप्रैल को संसद में कहा है कि अन्तर्राज्यीय परिषद् में विचार के पश्चात् ही केन्द्र सरकार द्वारा इस मामले में निर्णय लिया जाएगा.

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में देश के पाँच राज्यों में द्विसदनीय विधानमंडल हैं. जिन राज्यों में विधान सभा के अतिरिक्त विधान परिषद् भी विद्यमान हैं, उनके नाम हैं—उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं जम्मू और कश्मीर.

पृथक् झारखंड की स्थापना हेतु बिहार विधानमंडल की सहमति

बिहार का विभाजन करके एक पृथक् झारखंड राज्य बनाये जाने के प्रस्ताव को राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों ने गत 25 अप्रैल को स्वीकृति प्रदान कर दी है. इसके लिये राष्ट्रपति द्वारा विचारार्थ प्रेषित 'बिहार पुनर्गठन विधेयक-2000' को दोनों सदनों ने कुछेक संशोधन प्रस्तावों के साथ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पारित कर दिया. प्रस्तावित संशोधन में नये राज्य का नाम वनांचल के स्थान पर झारखंड रखना शामिल है. पुनर्गठन विधेयक पर विचार हेतु राज्य विधानमंडल का विशेष सत्र गत 24-25 अप्रैल को आहूत किया गया था.

विधानमंडल के अनुमोदन के पश्चात् अब नये झारखंड राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है. इसमें दक्षिणी बिहार के 18 जिले शामिल होंगे तथा इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 79·71 लाख हेक्टेयर होगा. प्रस्तावित राज्य की कुल जनसंख्या में आदिवासी जनसंख्या का भाग 27·67 प्रतिशत (1991 की जनगणना के आधार पर) आकलित किया गया है.

चार राज्यों में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम निष्प्रभावी

विभिन्न चरणों के 'पल्स पोलियो अभियान' के पश्चात् देश के अधिकांश भागों में जहाँ पोलियो के पूर्ण उन्मूलन की आशा व्यक्त की गयी है, वहीं चार राज्यों में इस घातक रोग का खतरा अभी बना हुआ है. इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार व प. बंगाल के अतिरिक्त केन्द्र शासित क्षेत्र दिल्ली शामिल है. इन राज्यों में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के निष्प्रभावी रहने की आशंका केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष व रोटरी इंटरनेशनल की मई 2000 के प्रथम सप्ताह में नई दिल्ली में सम्पन्न बैठकों में व्यक्त की गयी है. इन राज्यों में पोलियो के निवारण के लिये रैड अलर्ट जारी करते हुए अनेक नये उपायों की घोषणा की गयी है.

कश्मीर में शांति हेतु विद्रोही गुटों से बातचीत की सम्भावना

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार जम्मू-कश्मीर में शांति की स्थापना के लिये केन्द्र सरकार ने विद्रोही गुटों के साथ औपचारिक बातचीत करने की तैयारियाँ प्रारम्भ कर दी हैं. समझा जाता है कि सरकार ने ऐसे कश्मीरी गुटों को विश्वास में लेने की योजना बनायी है जो पाकिस्तान परस्त न हों. विश्लेषकों का मत है कि सम्भवतः इसी सिलसिले में सरकार ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (JKLF) के प्रमुख यासीन मलिक तथा 'ऑल पार्टी हुर्रियत कान्फ्रेंस' के उदारवादी सैयद अली शाह गिलानी, मौलाना अब्बास अंसारी व अब्दुल गनी भट को तिहाड़ जेल से रिहा किया है. यासीन मलिक ने यद्यपि भारतीय संविधान के तहत सरकार के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इंकार कर दिया है. समाचार-पत्रों में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार जून 2000 के अन्तिम सप्ताह में ही हुर्रियत नेताओं के साथ सरकार की औपचारिक बातचीत का सिलसिला प्रारम्भ हो जाएगा. मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री मीर कासिम सरकार व हुर्रियत नेताओं के बीच सूत्रधार की प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं. इस पूरे मामले में जम्मू-कश्मीर के वर्तमान मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला की भी महत्वपूर्ण भूमिका है. बताया गया है कि फारुख अपने स्तर पर हुर्रियत नेताओं से पहले ही सम्पर्क कर चुके हैं.

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हुर्रियत कान्फ्रेंस के अध्यक्ष सैयद अली शाह गिलानी सहित तीन प्रमुख नेताओं को सरकार ने गत अप्रैल माह में रिहा किया है, वे मई के प्रथम सप्ताह में सरकार से बातचीत के लिये नई दिल्ली पहुँचे थे. सरकार इनके साथ तत्काल ही वार्ता प्रारम्भ करना चाहती थी, किन्तु इन नेताओं ने यासीन मलिक व कुछेक अन्य नेताओं की रिहायी की शर्त रखी. समझा जाता है कि इस आग्रह पर ही सरकार ने जे के एल एफ के प्रमुख यासीन मलिक को रिहा किया है.

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार हुर्रियत नेताओं के साथ केन्द्र सरकार की औपचारिक वार्ता अब संसद के मौजूदा बजट सत्र के पश्चात् होने की सम्भावना है. बताया जाता है कि संघ परिवार का दबाव इस मामले में सरकार के आड़े आ रहा है. संघ परिवार का मत है कि कश्मीरी नेताओं के साथ सरकार अपनी शर्तों पर बातचीत करे तथा वार्ता करने वाले दल से यह लिखित आश्वासन पहले ले कि वे कश्मीर की स्वायत्तता की कोई माँग नहीं करेंगे.

सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के राष्ट्रीय मंच का गठन

उच्चतम और उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने अपना एक राष्ट्रीय मंच गठित किया है. राज्यों में इस मंच की शाखाएं होंगी.

राष्ट्रीय मंच के संयोजक न्यायमूर्ति डी. के. बसु के अनुसार नेशनल फोरम ऑफ रिटायर्ड जजेज के गठन का निर्णय दिल्ली में गत 29 अप्रैल को सम्पन्न उच्चतम और उच्च न्यायालयों के अवकाश प्राप्त न्यायाधीशों के एक दिवसीय सम्मेलन में लिया गया. उन्होंने बताया कि मंच देश में मानव अधिकारों के सम्मान की संस्कृति विकसित करने, जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में सुझाव देने, मौलिक अधिकारों और संविधान के निर्देशक सिद्धान्तों की रक्षा तथा राष्ट्र के विकास की दिशा में काम करेगा.

सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पानी का भारी संकट

देश के अनेक क्षेत्रों में गत वर्ष मानसून न्यून रहने के कारण गर्मी के इस मौसम में पेयजल व चारे की गम्भीर समस्या इन क्षेत्रों में उत्पन्न हो गयी है. सूखे की यह स्थिति वैसे तो देश के अनेक भागों में भी है तथापि इसका सर्वाधिक प्रकोप गुजरात व राजस्थान में है. गुजरात में सौराष्ट्र, कच्छ तथा उत्तरी भाग में सूखे को पिछले 100 वर्षों में सबसे गम्भीर सूखा बताया गया है. गुजरात के 17 विभिन्न जिलों के कुल मिलाकर 9421 गाँव सूखे की चपेट में हैं. राजस्थान के कुल 32 जिलों में से 26 जिले सूखे से प्रभावित हैं जहाँ कुल मिलाकर 23406 गाँवों पर सूखे का असर बताया गया है.

राजस्थान व गुजरात के अतिरिक्त सूखे से प्रभावित होने वाले राज्य मुख्यतः आन्ध्र प्रदेश व मध्य प्रदेश हैं. आन्ध्र प्रदेश के 18 जिलों के 17431 गाँवों में तथा मध्य प्रदेश के 7 जिलों के 3240 गाँवों में सूखे की स्थिति है.

सूखे की स्थिति से निपटने के लिए इन राज्यों को नकद वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ रियायती मूल्य पर अधिक अनाज जारी करने की घोषणा केन्द्र सरकार ने की है. केन्द्र सरकार ने सूखा प्रभावित क्षेत्रों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रति परिवार 20 किग्रा खाद्यान्न प्रति माह रियायती मूल्य पर उपलब्ध कराने की घोषणा की है. यह खाद्यान्न इन्हें निर्धनता रेखा से नीचे (Below Poverty Line) वाले निर्गम मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा तथा निर्धनता रेखा से ऊपर के लोग भी इसका लाभ उठा सकेंगे. गुजरात के एक तटीय क्षेत्र में नौसेना के एक पोत के जरिए पेयजल की आपूर्ति की गयी है. सरकार ने यह भी घोषणा की है कि सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति करने वाले वाणिज्यिक वाहनों को निःशुल्क डीजल की आपूर्ति की जाएगी.

हरियाणा में विपक्षी कांग्रेस द्वारा छाया मंत्रिमंडल का गठन

ब्रिटेन की तर्ज पर ही हरियाणा में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने छाया मंत्रिमंडल (Shadow Cabinet) का गठन गत अप्रैल माह में किया है. विधान सभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता एवं विपक्ष के नेता भजन लाल इस छाया मंत्रिमंडल के प्रमुख हैं. कांग्रेस विधायक दल के सभी विधायकों को छाया मंत्रिमंडल में शामिल करते हुए उन्हें किसी न किसी विभाग के काम-काज की निगरानी करने का दायित्व सौंपा गया है.

मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने डेढ़ वर्ष पुरानी मंत्रिपरिषद् का विस्तार करते हुए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विस्तार करते हुए 11 नये मंत्रियों को
गत अप्रैल माह में शामिल किया है.
प्रदेश मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की कुल
48 (मुख्यमंत्री के अतिरिक्त) हो गयी
32 मंत्री कैबिनेट स्तर के हैं तथा
16 राज्य मंत्री हैं. इनमें स्वतंत्र प्रभार
मंत्रियों की संख्या 9 है.

मंत्रिपरिषद् के इस विस्तार के साथ ही
कैबिनेट मंत्रियों–सुभाष यादव तथा जमुना
को उपमुख्यमंत्री का दर्जा प्रदान किया
है. उल्लेखनीय है कि मंत्रिपरिषद् के
को किये गये विभागीय वितरण में
मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने पास कोई
विभाग नहीं रखा है.

ईसाई विवाह अधिनियम का चर्च द्वारा विरोध

ईसाई विवाह अधिनियम में संशोधन के
सरकार के विचाराधीन प्रस्तावित
संशोधन विधेयक का चर्च के नेताओं ने
विरोध किया है तथा उसे प्रस्तावित रूप में
संसद में प्रस्तुत न करने की केन्द्रीय विधि
मंत्री से माँग की है. ईसाइयों के प्रमुख
धार्मिक संगठनों–कैथोलिक विशप कान्फ्रेंस
ऑफ इण्डिया तथा नेशनल काउंसिल ऑफ
चर्चेज इन इंडिया ने प्रस्तावित संशोधन
विधेयक का विरोध करते हुए कहा है कि
इससे ईसाइयों को फिलहाल दी जा रही
सुविधाओं में कटौती का प्रावधान है. इनका
प्रतिनिधित्व करते हुए चर्च के एक प्रवक्ता ने
कहा है पुराने अधिनियम के तहत, विवाह
कर रहे दोनों पक्षों में से किसी एक के
ईसाई होने पर, यदि दोनों पक्ष चर्च में
विवाह के इच्छुक हैं तो ऐसा करना सम्भव
था किन्तु प्रस्तावित अधिनियम के तहत
केवल दो ईसाई पक्ष ही चर्च में विवाह कर
सकते हैं. इस प्रावधान के लागू होने पर
विवाह कर रहे एक पक्ष के ईसाई होने के
बावजूद उन्हें विशेष विवाह अधिनियम के
तहत विवाह करना होगा.

प्रस्तावित संशोधन विधेयक के प्रति
किसी समुदाय के विरोध के परिप्रेक्ष्य में
सरकार ने गत 4 मई को लोक सभा को
अवगत किया है कि इस मामले में समुदाय
की राय जानने के पश्चात् ही निर्णय लिया
जायेगा.

89वें तथा 90वें संविधान संशोधन विधेयक लोक सभा द्वारा पारित

संसद में विचाराधीन 89वें तथा 90वें
संविधान संशोधन विधेयकों को लोक सभा
ने क्रमशः गत 9 व 10 मई को पारित कर
दिया है. 89वें संविधान संशोधन विधेयक के
तहत केन्द्रीय करों से होने वाली निबल
आय के 29 प्रतिशत भाग का हस्तांतरण
राज्यों को किए जाने का प्रावधान किया
गया है. मौजूदा संवैधानिक प्रावधानों के
तहत वर्तमान में केवल आयकर व उत्पाद
शुल्क प्राप्तियों में से ही राज्यों को हिस्सा
देने का प्रावधान है.

समस्त केन्द्रीय करों से होने वाली
प्राप्तियों के आधार पर राज्यों के अंश के
निर्धारण के वैकल्पिक सूत्र का सुझाव 10वें
वित्त आयोग ने 26 नवम्बर, 1994 को प्रस्तुत
अपनी सिफारिशों में दिया था.

10 मई को लोक सभा द्वारा पारित
90वें संविधान संशोधन विधेयक में अनुसूचित
जातियों एवं जनजातियों के लिए आरक्षित
बकाया रिक्तियों को आरक्षण की 50 प्रतिशत
की सीमा से बाहर रखने का प्रावधान है.
लोक सभा ने इस विधेयक को 1 के मुका-
बले 418 मतों से पारित किया है.

संक्षिप्तकी

अनुसूचित जातियों के विरुद्ध आपराधिक मामलों में कमी

नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो के आँकड़ों के अनुसार देश में अनुसूचित जाति के लोगों के विरुद्ध आपराधिक मामलों में विगत वर्षों में कमी आयी है. उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार 1996 में अनुसूचित जाति के लोगों के विरुद्ध 31,440 मामले दर्ज किये गये थे. 1997 में घट कर यह संख्या 27,944 व 1998 में 25,638 रह गयी.

उत्तर प्रदेश में राज्यस्तरीय मानवाधिकार आयोग के गठन का निर्णय

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में राज्य-स्तरीय मानवाधिकार आयोग के गठन का निर्णय कर लिया है. प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री हुकुम सिंह ने सरकार के इस निर्णय की जानकारी विधान सभा मे देते हुए बताया कि पहले सरकार प्रदेश में मानवाधिकार आयोग के गठन के पक्ष में नहीं थी, किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा पुनर्विचार की बात कहे जाने के पश्चात् अब यह निर्णय लिया गया है.

लालू यादव को अस्थायी जमानत

आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को 3 माह की अस्थायी जमानत पर रिहा करने का आदेश पटना उच्च न्यायालय ने जारी किया है. इसके आधार पर श्री यादव को गत 11 मई को बेऊर जेल से रिहा कर दिया गया. उन्हें इस मामले में गत 5 अप्रैल को जेल भेजा गया था.

विश्वनाथ प्रताप सिंह की चिकित्सा पर 7.18 करोड़ रुपए का सरकारी व्यय

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एन टी. षनमुगम ने गत 12 मई को राज्य सभा मे बताया है कि 1996-97 से लेकर अब तक गत चार वर्षों में सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की विदेश में हुई चिकित्सा पर कुल मिलाकर 7.18 करोड़ रुपए से अधिक राशि व्यय की है. इसमें चिकित्सा व्यय के अतिरिक्त होटलों तथा सुरक्षा के लिए किया गया व्यय शामिल है.

शिबू सोरेन की राज्य सभा की सदस्यता अवैध घोषित

पटना उच्च न्यायालय ने गत 10 मई के अपने एक निर्णय के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चे के अध्यक्ष शिबू सोरेन का राज्य सभा के लिए 1998 में हुआ चुनाव अवैध घोषित कर दिया है. अपने फैसले में न्यायालय ने कहा है कि नामांकन-पत्र दाखिल करते समय श्री सोरेन झारखंड क्षेत्रीय स्वायत्त परिषद् (JAAC) के अध्यक्ष थे, जोकि एक लाभ का पद था. इस फैसले के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में अपील के लिए श्री सोरेन को 3 सप्ताह का समय दिया गया है.

●●●

मेडिकल प्रवेश सूचना

GOVT. APPROVED, RECOGNISED, JOB ORIENTED, SELF EMPLOYMENT

चिकित्सा व्यवसाय में प्रवेश हेतु अल्ट्रा मैडिकल सोसाइटी आफ इण्डिया द्वारा अधिकृत पत्राचार प्रशिक्षण कार्यक्रम (प्रयोगात्मक प्रशिक्षण के साथ)

मैडिकल लैबोरेट्री, एक्सरे, आपरेशन थियेटर, अल्ट्रा साउण्ड, ब्लड बैंक, डैन्टल, नर्सिंग, फिजियोथैरापी, ई.सी.जी., आर्थैल्मिक टैक्नीशियन ट्रेनिंग ■ योग्यता हाईस्कूल/समकक्ष ■ माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी ■ प्रॉस्पैक्टस 40/- भेज कर प्राप्त कर सकते है

इण्डियन इन्स्टीट्यूट आफ मैडिको टैक्नीकल्स

"यूनिवर्सल हाउस", 29/218 F- संजय प्लेस, (L.I.C.Road) आगरा–2 उ.प्र. फोन {0562} 352105, 351205 फैक्स 351205 E-Mail : ydari@nde.vsnl.net.in

कैरियर सलाह

आजकल रोजगार के अत्यधिक अवसर उपलब्ध रहने के बावजूद सही निर्णय/निर्देशन के अभाव में अधिकांश युवा दिग्भ्रमित होकर अपना कैरियर बर्बाद कर रहे हैं. इसे देखते हुए प्रतियोगिता दर्पण में कैरियर सलाह स्तम्भ प्रकाशित किया जा रहा है. जिज्ञासु पाठक किसी भी कैरियर से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के प्रश्न पूछ सकते हैं. अपना उत्तर पाने के लिए निम्न-लिखित पते को पोस्टकार्ड पर चिपकाकर भेजें–

कैरियर सलाह
प्रतियोगिता दर्पण
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर
आगरा – 282 002

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

जाफना पर नियंत्रण हेतु लिट्टे का श्रीलंकाई सेना से भीषण संघर्ष

श्रीलंका के उत्तरी भाग में 'जाफना' प्रायद्वीप पर नियंत्रण हेतु 'लिट्टे' (LTTE) विद्रोहियों की बढ़त निरन्तर जारी है तथा श्रीलंका के लगभग 35 हजार सैन्य कर्मी जाफना में फँसे हुए हैं. इन्हें निकालने के लिए श्रीलंका की चन्द्रिका कुमारतुंगे सरकार ने भारत व पाकिस्तान से नौसैनिक सहयोग की अपेक्षा की है, किन्तु भारत सरकार ने सैन्य हस्तक्षेप की सम्भावना को नकार दिया है. इस सिलसिले में श्रीलंकाई विदेश मंत्री लक्ष्मण कादिर गमार ने मई 2000 के प्रथम सप्ताह में नई दिल्ली में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से वार्ता की थी. सैन्य हस्तक्षेप हेतु स्पष्ट इनकार करते हुए भारतीय विदेश मंत्री जसवन्त सिंह ने अलबत्ता यह अवश्य कहा है कि मुक्तिचीतों के फेरे में फँसे 35 हजार सैनिकों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवीय सहायता पहुँचाई जानी चाहिए. उधर पाकिस्तान ने श्रीलंका की सैन्य सहायता की अपील को स्वीकार कर लिया है.

ज्ञातव्य है कि श्रीलंका सरकार के साथ 1987 में सम्पन्न एक समझौते के तहत लिट्टे के विरुद्ध संघर्ष हेतु भारत ने अपनी सेना वहाँ भेजी थी, किन्तु 1990 में उसे भारत ने वापस बुला लिया था. भारतीय सेना के एक हजार से अधिक जवान इस कार्यवाही में मारे गये थे. इसी सन्दर्भ में 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी श्रीपेरुम्बुदूर में हत्या के शिकार हुए थे.

भारत द्वारा सैन्य सहायता नकार दिए जाने के पश्चात् श्रीलंकाई सरकार ने अनेक कड़े कदम युद्ध स्तर पर उठाए हैं. राष्ट्रीय सुरक्षा को हानि पहुँचाने वाली सभी गति-विधियों को प्रतिबन्धित करने के लिए एक अध्यादेश के जरिए जनसुरक्षा अधिनियम (Public Security, Act—PSA) को गत 4 मई से लागू कर दिया गया है. इसके अतिरिक्त 30 वर्ष के अन्तराल के पश्चात् इजराइल के साथ राजनयिक सम्बन्ध पुनर्स्थापित करने की घोषणा भी श्रीलंका सरकार ने की है.



उजबेकिस्तान के साथ प्रत्यर्पण सन्धि के साथ-साथ दस अन्य समझौते

उजबेकिस्तान के राष्ट्रपति इस्लाम अब्दुगानिविच करीमोव की मई 2000 के प्रथम सप्ताह में तीन दिन की भारत यात्रा के दौरान भारत ने उजबेकिस्तान के साथ प्रत्यर्पण सन्धि के साथ-साथ पारस्परिक सहयोग के 10 अन्य समझौतों पर हस्ता किए हैं. इसके अतिरिक्त दोनों देशों बीच सम्बन्धों के सिद्धान्त के एक घोषणा-पत्र पर भी हस्ताक्षर किए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के गत 2 मई को नई दिल्ली स्थित हैदर हाउस में विस्तृत वार्ता के पश्चात् राष्ट्रपति अब्दुगानिविच करीमोव व श्री वाजपेयी ने स्वयं इस घोषणा-पत्र हस्ताक्षर किए.


इस्लाम अब्दुगानिविच करीमोव

पारस्परिक सहयोग के जिन समझौ पर दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर सम्पन्न हैं उनमें आपराधिक मामलों में पार विधिक सहायता; कृषि शोध एवं शि कस्टम प्रशासन तथा सूचना एवं जनसं के क्षेत्रों में सहयोग के समझौते शामि इन्हीं के साथ दोनों देशों के मध्य प्रत्य सन्धि पर भी हस्ताक्षर हुए. प्रत्यर्पण स पर दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने हस्त किए. मध्य एशिया में उजबेकिस्तान सबसे देश है जिसके साथ भारत की प्रत्य सन्धि सम्पन्न हुई है. दो अन्य मध्य एशि राष्ट्रों—कजाखस्तान व किर्गिस्तान के ऐसी सन्धियाँ शीघ्र ही सम्पन्न होने सम्भावना है.

उल्लेखनीय है कि अपने देश के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ 1 मई नई दिल्ली पहुँचे उज्बेक राष्ट्रप अब्दुगानिविच करीमोव का 2 मई राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत गया. उजबेकिस्तान के राष्ट्रपति की तीसरी भारत यात्रा थी. प्रधानमंत्री बिहारी वाजपेयी के साथ अपनी उच्च उजबेक राष्ट्रपति करीमोव ने सीमा पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



होने वाली आतंकी गतिविधियों पर चिन्ता व्यक्त की. उजबेकिस्तान, जो स्वयं सीमा-पार से आतंकवाद से पीड़ित है, यह स्वीकार करता है कि पाकिस्तान व अफगानिस्तान अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद के स्रोत हैं.

रूस द्वारा स्टार्ट-II के अनुमोदन से स्टार्ट-III की वार्ता हेतु मार्ग प्रशस्त

परमाणु हथियारों में कटौती करने के लिये अमरीका व रूस के मध्य जनवरी 1993 में हस्ताक्षरित स्टार्ट-II (START-II) संधि का रूस ने गत 4 मई को अनुमोदन कर दिया है. सात वर्ष पुरानी इस सन्धि को रूस के निचले सदन ड्यूमा ने गत 14 अप्रैल को 133 के मुकाबले 288 मतों से अनुमोदन प्रदान कर दिया था. बाद में 19 अप्रैल को उच्च सदन ने भी इसे अनुमोदित कर दिया था. दोनों सदनों के अनुमोदन की पुष्टि करते हुए राष्ट्रपति व्लादिमीर प्यूटिन ने 4 मई, 2000 को इस पर हस्ताक्षर कर दिये हैं. इस सन्धि के तहत अमरीका व रूस को सन् 2007 तक अपने परमाणु शस्त्रों में कटौती करके उनकी संख्या को 3500 तक लाना है.

उल्लेखनीय है कि कम्युनिस्टों के विरोध के चलते सात वर्ष से रूसी संसद ने इस सन्धि की पुष्टि नहीं की थी. रूसी संसद के गत वर्ष के चुनावों में कम्युनिस्टों की स्थिति कमजोर हो जाने के पश्चात् राष्ट्रपति प्यूटिन इसे संसद में भारी बहुमत से अनुमोदित कराने में सफल रहे हैं. स्टार्ट-II के अनुमोदन से अमरीका व रूस के मध्य नाभिकीय शस्त्र परिसीमन की दिशा में स्टार्ट-III की बातचीत के लिए मार्ग प्रशस्त हो गया है.

समझौता एक्सप्रेस को चालू रखने का निर्णय

भारत व पाकिस्तान के रेल अधिकारियों की समन्वय समिति की गत 26 अप्रैल को वाघा (पाकिस्तान) में सम्पन्न बैठक में लिए गए निर्णय के तहत दोनों देशों के मध्य समझौता एक्सप्रेस के संचालन को जारी रखने का निर्णय लिया गया है. समन्वय समिति में सम्पन्न ताजा सहमति के तहत 4 मई, 2000 से अगले 6 माह तक इस रेलगाड़ी के लिए रैक भारत द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी.

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 4607 अप समझौता एक्सप्रेस प्रति सोमवार व गुरुवार को प्रातः 11·30 बजे अटारी (भारत) से रवाना होकर 12·00 बजे वाघा (पाकिस्तान) पहुचेगी जहाँ से अपरान्ह 3·30 बजे चलकर 4·15 बजे यह लाहौर पहुँचेगी. लाहौर से यह रेलगाड़ी (4608 डाउन) प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को प्रातः 8 बजे चलकर 8·30 बजे वाघा पहुँचेगी जहाँ से 12 बजे चलकर यह 12·30 बजे अटारी (भारत) पहुँचेगी. समझौता एक्सप्रेस के यात्रियों की आगे की यात्रा के लिए 4002 अप अटारी-दिल्ली एक्सप्रेस अब प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को संचालित होगी.

अमरीकी रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद का अड्डा

अमरीकी विदेश विभाग की हाल ही में जारी वार्षिक रिपोर्ट में अफगानिस्तान के साथ-साथ पहली बार पाकिस्तान को भी अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद का अड्डा बताया गया है. रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से यह स्वीकार किया गया है कि पाकिस्तान प्रमुख आतंकवादियों को शरण दिए हुए है तथा उनमें से अनेक कश्मीर में भारत के विरुद्ध सघर्षरत हैं. बावजूद अमरीका की विदेश विभाग की इस रिपोर्ट में पाकिस्तान का नाम आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में यह कहते हुए शामिल नहीं किया गया है कि वह (पाकिस्तान) अमरीका का मित्र देश है तथा इस समस्या से जूझने का प्रयास कर रहा है. रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी प्रकाशित करते हुए अमरीकी समाचार-पत्र 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने लिखा है कि पाकिस्तान व अफगानिस्तान का नाम यद्यपि आतंकवाद प्रायोजक राष्ट्रों की सूची में शामिल नहीं किया गया है तथापि इनके विरुद्ध कड़े प्रतिबन्ध अमरीका ने लागू किए हैं. अमरीकी विदेश विभाग की रिपोर्ट में जिन सात राष्ट्रों के नाम आतंकवाद प्रायोजक राष्ट्रों की सूची में शामिल किए गए हैं, उनके नाम हैं—लीबिया, सीरिया, इराक, ईरान, क्यूबा, सूडान तथा उत्तर कोरिया.

भूमण्डलीकरण से विकसित राष्ट्रों के हित संरक्षण का जी-77 शिखर सम्मेलन में आरोप

विकासशील देशों के समूह जी-77 का शिखर सम्मेलन गत 12-14 अप्रैल को हवाना (क्यूबा) में सम्पन्न हुआ. इस सम्मेलन में यह आमतौर पर स्वीकार किया गया कि मौजूदा विश्व आर्थिक व्यवस्था (Economic Order) उत्तर (विकसित राष्ट्रों) के पक्ष में है तथा हाल ही के वर्षों के उदारीकरण व भूमण्डलीकरण के दौर से दक्षिण (विकासशील राष्ट्र) को यथोचित लाभ प्राप्त नहीं हुए हैं.

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मेजबान राष्ट्रपति फिडेल कास्त्रो ने विकसित राष्ट्रों द्वारा थोपे गए भूमण्डलीकरण के मॉडल की कड़ी आलोचना की. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को समाप्त करने की माँग करते हुए क्यूबाई राष्ट्रपति कास्त्रो ने कहा कि यह धनी राष्ट्रों के हितों का ही संरक्षण करता है. इसके स्थान पर एक ऐसे बहुआयामी वित्तीय संगठन की आवश्यकता उन्होंने बतायी जिसमें केवल धनी देशों का ही बोलबाला न हो.

इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जाने का प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भी पहले कार्यक्रम था, किन्तु किन्हीं कारणों से उनके स्थान पर केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया. पाकिस्तान के सैन्य प्रशासक जनरल परवेज मुशर्रफ स्वयं इस सम्मेलन में उपस्थित रहे, किन्तु आमतौर की तरह कश्मीर का मुद्दा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन्होंने इस सम्मेलन में नहीं लगाया. लोकतंत्र के स्थान पर सैन्य सरकार की मौजूदगी होने के कारण पाकिस्तान की विश्व भर में हो रही आलोचनाओं के चलते इस शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान की भागीदारी बहुत सक्रियतापूर्ण नहीं रही.

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भारत के मानव संसाधन मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने विकासशील देशों के एक पारस्परिक 'दक्षिण-दक्षिण मानव संसाधन बैंक' की स्थापना का सुझाव देने के साथ-साथ वर्ष 2001 को 'मानव संसाधन विकास वर्ष' घोषित करने का भी सुझाव दिया. भूमंडलीकरण के किसी मानक मॉडल (Standard Model) के स्थान पर अपनी-अपनी परिस्थितियों के अनुकूल चयनात्मक भूमंडलीकरण को अपनाने का उन्होंने विकासशील देशों का आह्वान किया. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के मामले में श्रम मानकों का भी उन्होंने विरोध किया तथा कहा कि यह विकसित देशों के संरक्षणवाद को बढ़ावा देंगे.

14 अप्रैल को सम्मेलन की समाप्ति पर जारी हवाना घोषणा-पत्र में समानता पर आधारित ऐसी आर्थिक व्यवस्था पर बल दिया गया है जिसमें विकासशील देशों की समान भागीदारी हो.

घोषणा-पत्र में विकासशील देशों में निर्धनता के निवारण हेतु एक ऐसी नई अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था स्थापित करने का आह्वान किया गया है जो भेदभाव रहित हो. सीमा पार से होने वाली राज्य समर्थित आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने को इसमें बल दिया गया है. इस मामले में आतंकवाद को वित्तीय मदद रोकने सम्बन्धी सन्धि को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसम्बर 1999 में पारित किए जाने का घोषणा-पत्र में स्वागत किया गया है तथा सभी देशों से आग्रह किया गया है कि इस सन्धि को जल्द से जल्द लागू कराने के लिए यथाशीघ्र उस पर हस्ताक्षर करें तथा उसका अनुमोदन करें.

घोषणा-पत्र में कहा गया है कि हर देश को अपनी राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक व्यवस्था कायम रखने का अधिकार है. इस मामले में किसी भी अन्य देश का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए. लोकतंत्र को बढ़ावा देने तथा कानून के राज को मजबूत बनाने के लिए घोषणा-पत्र में प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है.

तीन दिन चले इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता नाइजीरिया के राष्ट्रपति ओलुसेगुन ओबासांजो ने की. उल्लेखनीय है कि 1964 में 77 देशों के साथ गठित समूह-77 में वर्तमान में 133 सदस्य हैं.

अन्य राष्ट्रों द्वारा भारत की सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता हेतु खुला समर्थन

केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री अजीत कुमार पांजा ने गत 19 अप्रैल को लोक सभा में बताया कि अभी तक 8 विभिन्न राष्ट्रों ने भारत के सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता के दावे को खुला समर्थन व्यक्त किया है. सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों में से केवल रूस ही इनमें शामिल है. लोक सभा में यह जानकारी देते हुए विदेश राज्य मंत्री ने सदन को बताया कि द्विपक्षीय वार्ताओं के दौरान फ्रांस ने भी यद्यपि भारत को सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता हेतु समर्थन प्रदान किया है, किन्तु संयुक्त राष्ट्र में विचार-विमर्शों के दौरान भारत को खुला समर्थन प्रदान करने की घोषणा उसने अभी तक नहीं की है. श्री पांजा के अनुसार सुरक्षा परिषद् के शेष तीन स्थायी सदस्यों– ब्रिटेन, अमरीका व चीन ने इस मामले में कोई वचनबद्धता अभी नहीं की है.

सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता के लिए जिन 8 राष्ट्रों का खुला समर्थन भारत को अभी तक प्राप्त हुआ है, उनके नाम हैं—रूस, क्यूबा, भूटान, मॉरिशस, डोमिनिका गणराज्य, वियतनाम, लाओस तथा साइप्रस.

भारत-ब्रिटेन राउंड टेबल की पहली बैठक सम्पन्न

भारत एवं ब्रिटेन के मध्य विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से नवगठित गैर सरकारी 'इंडिया-यू. के. राउंड टेबल' की पहली बैठक गत 18–19 अप्रैल को नई दिल्ली में सम्पन्न हुई. भारत की यात्रा पर आए ब्रिटिश विदेश मंत्री रॉबिन कुक व भारतीय विदेश मंत्री जसवंत सिंह ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया.

'गोलमेज' की इस पहली बैठक में भारत व ब्रिटेन के मध्य पारस्परिक सहयोग बढ़ाने के लिए अनेक क्षेत्रों की पहचान की गई जिनमें सूचना-प्रौद्योगिकी क्षेत्र को सहयोग हेतु विशेषतः चुना गया. भारत एवं ब्रिटेन के बीच लघु एवं मझोले क्षेत्र के लगभग 200 साझा उपक्रम स्थापित करने का निर्णय इस बैठक में लिया गया. यह भी निर्णय लिया गया कि भारत व ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों के बीच निकट के सम्बन्ध स्थापित किए जाएं, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में शोध एवं विकास के लिए आपसी सहयोग में बढ़ोत्तरी हो सके. बैठक में स्वीकार किया गया कि इस नए माहौल में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को 5 अरब पाउण्ड के वार्षिक स्तर तक पहुँचाया जा सकेगा.

उल्लेखनीय है कि दोनों देश[illegible] सरकारों द्वारा गठित गैर सरकारी [illegible] टेबल' में दोनों देशों की विभिन्न क्षेत्र[illegible] प्रमुख हस्तियों को शामिल किया गया [illegible] इन गोलमेज की बैठकों में जो निर्णय [illegible] सरकारी स्तर पर लिए जाएंगे. उन्हें [illegible] स्तर पर लागू करने के प्रयास करने [illegible] बात कही गई है. भारत के योजना [illegible] के उपाध्यक्ष के. सी. पंत व भारतीय मूल [illegible] ब्रिटिश उद्यमी स्वराज पाल को इस गोल[illegible] का संयुक्त रूप से सह-अध्यक्ष बनाया [illegible] है. गोलमेज की अगली बैठक 9-[illegible] अक्टूबर, 2000 को ब्रिटेन में होगी.

भारतीय राष्ट्रपति की फ्रांस यात्रा दोनों देशों के सम्बन्धों में निकटता

भारतीय राष्ट्रपति के. आर. नारायणन की गत अप्रैल माह में 5 दिन की [illegible] यात्रा के परिणामस्वरूप भारत-फ्रांस सम्बन्धों में सुदृढ़ता आई है तथा फ्रांस ने सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता के भारत के दावे को बिना शर्त समर्थन प्रदान करने की घोषणा की है. परिषद् के स्थायी सदस्यों में रूस के पश्चात् फ्रांस ऐसा दूसरा राष्ट्र है जिसने इस मामले में भारत को खुला समर्थन प्रदान किया है. किसी भारतीय राष्ट्रपति की फ्रांस की यह पहली यात्रा थी. राष्ट्रपति नारायणन के साथ फ्रांस जाने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल में उनकी पत्नी श्रीमती उषा नारायणन तथा शहरी विकास मंत्री जगमोहन के अतिरिक्त अनेक भारतीय उच्चाधिकारी भी शामिल थे.

सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता के मुद्दे पर भारत को समर्थन प्रदान करने के मामले में फ्रांस ने यद्यपि कोई शर्त नहीं रखी है, तथापि श्री नारायणन के साथ अपनी बातचीत में फ्रांसीसी राष्ट्रपति जैक शिराक (Jacques Chirac) ने कहा है कि भारत को सी टी बी टी पर हस्ताक्षर देने चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि इन शान्तिपूर्ण कार्यों के लिए नाभिकीय ऊर्जा के उपयोग हेतु भारत को फ्रांसीसी सहयोग उपलब्ध हो सकेगी.

अपनी फ्रांस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति नारायणन ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति जैक शिराक के अतिरिक्त प्रधानमंत्री लियोनिल जोस्पिन के साथ द्विपक्षीय मुद्दों के अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर व्यापक बातचीत की. इन वार्ताओं के दौरान फ्रांस ने विमानन क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग की रुचि प्रदर्शित की तथा भारत को फ्रांसीसी एयर बसों व अल्फा जेट विमानों की बिक्री की पेशकश की. उन्हें फ्रांस के [illegible] विमानन केन्द्र टॉलूस (Toulouse) का अवलोकन भी कराया गया.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय राष्ट्रपति की फ्रांस यात्रा के [illegible] फ्रांसीसी मीडिया द्वारा भारत में [illegible] के प्रचलन को बढ़ा-चढ़ाकर पेश [illegible] गया. भारतीय राष्ट्रपति नारायणन की [illegible] व निपुणता की यद्यपि मीडिया ने [illegible] की तथापि उन्हें एक अछूत राष्ट्रपति [illegible] रूप में निरूपित किया गया. भारतीय [illegible] मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं [illegible] स्थित भारतीय राजदूत द्वारा इसके [illegible] नाराजगी व्यक्त किए जाने पर एक [illegible] फ्रांसीसी समाचार-पत्र 'ले फिगारो' [illegible] Figaro) के प्रधान सम्पादक ने इसके [illegible] श्री नारायणन से लिखित क्षमा याचना [illegible] दी. 21 अप्रैल को उनकी यात्रा की [illegible] के अवसर पर फ्रांसीसी विदेश [illegible] द्वारा जारी एक बयान में श्री [illegible] की फ्रांस यात्रा को ऐतिहासिक [illegible] महत्वपूर्ण बताया गया.

[illegible] आयरलैण्ड की स्वायत्त सरकार की बहाली की सम्भावना

उत्तरी आयरलैण्ड में कैथोलिकों के [illegible] की रक्षा के लिए संघर्षरत् आयरिश [illegible] आर्मी (IRA) द्वारा अपने [illegible] डालने में आनाकानी करने के मुद्दे [illegible] क्षेत्र की कैथोलिकों व प्रोटेस्टेंटों की [illegible] एवं स्वायत्त सरकार को गत 11 [illegible] को ब्रिटिश सरकार द्वारा निलम्बित [illegible] गया था, उसकी बहाली के अब [illegible] आसार बन गए हैं. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री [illegible] ब्लेयर व आयरलैण्ड के प्रधानमंत्री [illegible] हर्न (Bertie Ahern) के मध्य गत 6 [illegible] को बेलफास्ट में हिल्सबोरो कैसल [illegible] Castle) में सम्पन्न वार्ता [illegible] पश्चात् ब्रिटेन एवं आयरलैण्ड की [illegible] कारों ने उत्तरी आयरलैण्ड की स्वायत्त [illegible] सरकार की 22 मई, 2000 से पूर्व ही [illegible] का संकेत दिया है. इसके साथ ही [illegible] लिकों के राजनीतिक दल सिन फीन [illegible] Fein) की सशस्त्र सहयोगी आयरिश [illegible] आर्मी को अपने शस्त्र त्यागने के [illegible] जून 2001 तक का समय दे दिया [illegible] है. पहले यह समय सीमा 22 मई, [illegible] निर्धारित थी.

उल्लेखनीय है कि उत्तरी आयरलैण्ड में [illegible] कैथोलिकों व प्रोटेस्टेंटों के प्रति- [illegible] दलों तथा ब्रिटेन व आयरलैण्ड के [illegible] मंत्रियों के मध्य अप्रैल 1998 में [illegible] समझौते के तहत उत्तरी आयरलैण्ड [illegible] प्रोटेस्टेंटों व कैथोलिकों की साझा एवं [illegible] सरकार का गठन 1 दिसम्बर, [illegible] को किया गया था. 'गुड फ्राइडे [illegible]' के नाम से प्रसिद्ध इस समझौते [illegible] तहत कैथोलिकों के सशस्त्र संगठन आई आर ए को अपने हथियार फेंकने के लिए 22 मई, 2000 तक का समय प्रदान किया गया था. आई आर ए द्वारा अपने शस्त्र त्यागने की प्रक्रिया जब जनवरी 2000 तक भी प्रारम्भ नहीं की गई तो प्रोटेस्टेंटों की 'अल्स्टर यूनियनिस्ट पार्टी' सरकार से बाहर हो जाने की धमकी दे दी थी जिस पर ब्रिटिश सरकार ने साझा स्वायत्त सरकार को निलम्बित कर दिया था.

ब्रिटेन व आयरलैण्ड की सरकारों में सम्पन्न ताजा समझौते के पश्चात् आई आर ए ने अपने फालतू हथियार डालने की घोषणा यद्यपि कर दी है तथापि देखना यह है कि अल्स्टर पार्टी के नेता इन परि-स्थितियों में सिन फीन के मंत्रियों के साथ काम करने को राजी होते हैं या नहीं.

सिएरा लियोन में संयुक्त राष्ट्र शान्ति सैनिक विद्रोहियों के बंधक

गृह युद्ध की आग में जल रहे पश्चिमी अफ्रीकी देश सिएरा लियोन में विद्रोही संगठन रिवोल्यूशनरी यूनाइटेड फ्रंट (RUF) के लड़ाकुओं ने जुलाई 1999 के शान्ति समझौते का उल्लंघन करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के अनेक शान्ति सैनिकों को बन्धक बना लिया है. संयुक्त राष्ट्र सूत्रों के अनुसार ऐसे बंधकों की संख्या 318 बताई गई है जिनमें भारतीय सेना के 35 कर्मी भी शामिल हैं. बन्धक बनाए गए शान्ति सैनिकों में कीनिया, नाइजीरिया व जाम्बिया के सैन्य कर्मी भी शामिल हैं जिनमें सर्वाधिक संख्या जाम्बियाई सैनिकों की है. संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान के अतिरिक्त सुरक्षा परिषद् ने भी इनकी रिहाई के लिए विद्रोही संगठन आर यू एफ से अपील की है. आर यू एफ के नेता फोडे संकोह (Foday Sankoh) पर दबाव डालने के लिए कोफी अन्नान ने प्रभावशाली अफ्रीकी नेताओं से समर्थन माँगा है. उधर संकोह ने किसी को भी बंधक बनाए जाने के आरोप को नकारते हुए कहा है कि यह शान्ति सैनिक घने जंगलों में कहीं रास्ता भटक गए होंगे.



उल्लेखनीय है कि सिएरा लियोन में हिंसा के लिए फोडे संकोह के छापामार सैनिक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी बदनाम रहे हैं. इन्हीं छपामारों ने निर्वाचित राष्ट्रपति अहमद तेजन कबाह की सरकार का तख्ता 1997 में पलट दिया था. बाद में नाइजीरिया के नेतृत्व वाले 'पश्चिम अफ्रीकी हस्तक्षेप बल' ने 1998 में उन्हें पुनः सत्ता पर बैठा दिया था. देश में चल रहे 8 वर्ष पुराने गृहयुद्ध की समाप्ति के लिए संघर्षरत् पक्षों ने 7 जुलाई, 1999 को टोगो में एक शान्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे.

इस शान्ति समझौते की निगरानी के लिए ही सिएरा लियोन में संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना तैनात की गई थी, किन्तु देश में विद्यमान ताजा स्थिति को देखते हुए यह शान्ति समझौता खटाई में प्रतीत होता है. जाम्बियाई राष्ट्रपति फ्रेड्रिक चिलुबा (Fredrick Chiluba) ने मौजूदा बंधक संकट के लिए शान्ति सेना के प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है. प्रशासन की आलोचना करते हुए श्री चिलुबा ने कहा है कि सैन्य कर्मियों को क्षेत्रीय मानचित्रों एवं आवश्यक सामग्री के बिना ही अज्ञात स्थानों पर तैनात कर दिया गया. उल्लेखनीय है कि सिएरा लियोन में संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना की कमान भारतीय मेजर जनरल विजय कुमार जेटली के पास है.

3 वर्ष 3 माह में लोकतंत्र की बहाली का पाकिस्तानी सर्वोच्च न्यायालय का मुशर्रफ को निर्देश

पाकिस्तानी सर्वोच्च न्यायालय ने देश में नवाज शरीफ की सरकार का तख्ता पलटने की सेना द्वारा गत वर्ष 12 अक्टूबर को की गई कार्यवाही को वैध घोषित कर दिया है. इसे चुनौती देने वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग द्वारा दायर याचिका को सर्वोच्च न्यायालय ने गत 12 मई के अपने फैसले में निरस्त कर दिया है. इस याचिका में अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की सरकार की बहाली का अनुरोध किया गया था.

याचिका का निपटारा करते हुए मुख्य न्यायाधीश इरशाद हसन खान ने अपने फैसले में कहा है कि देश के हालातों को देखते हुए सैनिक क्रांति एक सही कदम था. इसके साथ-साथ जनरल मुशर्रफ को राजनीतिक व आर्थिक सुधार के अपने एजेंडे को तीन वर्ष में पूरा करने का समय प्रदान करते हुए उसके पश्चात् 90 दिन में चुनाव कराने का निर्देश न्यायालय ने अपने फैसले में दिया है. इस प्रकार देश में लोकतंत्र की बहाली के लिए कुल मिलाकर 3 वर्ष 3 माह का समय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रदान किया गया है. ●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रीड़ा जगत

अप्रैल 2000

15 रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेन्ट के मुम्बई में समाप्त हुए सेमी फाइनल मुकाबले में मुम्बई ने तमिलनाडु को 8 विकेट से हराकर फाइनल में स्थान बनाया. मुम्बई की ओर से खेलते हुए सचिन तेंदुलकर ने इस मैच की पहली पारी में अविजित 233 रन बना कर रणजी ट्रॉफी में अपना पहला दोहरा शतक बनाया. मुम्बई ने 38वीं बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की. वह 33 बार इस ट्रॉफी का विजेता रहा है.

– रणजी ट्रॉफी क्रिकेट के बगलोर में समाप्त हुए दूसरे सेमीफाइनल में पहली पारी की बढ़त के आधार पर हैदराबाद ने कर्नाटक को पराजित किया. मैच की पहली पारी में हैदराबाद ने 8 विकेट पर 711 रन (पारी घोषित) बनाए थे जिसमें वी वी एस लक्ष्मण ने 353 व मोहम्मद अजहरउद्दीन ने 123 रनों का योगदान किया. **रणजी ट्रॉफी क्रिकेट में वी वी एस लक्ष्मण ने 1997-98 सत्र में बिहार के विरुद्ध भी 301 रन की पारी खेली थी. रणजी ट्रॉफी में दो बार तिहरा शतक बनाने वाले वह एकमात्र बल्लेबाज हैं.**

एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच में सर्वाधिक 6 कैच लपकने का विश्व रिकॉर्ड

15 अप्रैल को केपटाउन में द. अफ्रीका के विरुद्ध खेलते हुए आस्ट्रेलियाई टीम के विकेट कीपर एडम गिलक्रिस्ट ने एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच में 6 कैच लपक कर नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया. (3 एकदिवसीय मैचों की शृंखला के इस दूसरे मैच को जीत कर आस्ट्रेलिया ने शृंखला में 1–1 से बराबरी की).

उल्लेखनीय है कि एक टेस्ट मैच में विकेट कीपर के रूप में सर्वाधिक 11 कैच लपकने का विश्व रिकॉर्ड इंगलैण्ड के जैक रसेल के नाम है.

16 एमेलिया द्वीप (फ्लोरिडा) में अमरीका की मोनिका सेलेस ने स्पेन की कोंचिता मार्टिनेज को फाइनल में हरा कर बॉश एण्ड लॉम्ब क्ले कोर्ट टेनिस टूर्नामेन्ट जीत लिया.

– पर्थ में चार देशों के प्री-ओलम्पिक हॉकी टूर्नामेन्ट में जर्मनी को फाइनल में 3–2 से हरा कर भारत ने सिरमौर जीतने में सफलता प्राप्त की. तीसरा व चौथा स्थान क्रमशः आस्ट्रेलिया व द. अफ्रीका का रहा.

– रेणुकूट में सम्पन्न फेडरेशन कप वॉलीबाल प्रतियोगिता के पुरुष व महिला वर्ग के खिताब क्रमशः कोचीन पोर्ट ट्रस्ट व केरल राज्य विद्युत् परिषद् ने जीते.

17 आस्ट्रेलिया–द. अफ्रीका के मध्य तीन एकदिवसीय मैचों की शृंखला का तीसरा मैच जोहानेसबर्ग में जीत कर द. अफ्रीका ने यह शृंखला 2–1 से जीत ली. हैंसी क्रोनिये की बर्खास्तगी के पश्चात् इस शृंखला में द. अफ्रीकी टीम का नेतृत्व शान पोलाक ने किया था.

– कलकत्ता में तमिलनाडु-XI को फाइनल में हरा कर पंजाब एण्ड सिंध बैंक, जालंधर ने बेटन कप हॉकी टूर्नामेन्ट जीत लिया.

लिएण्डर पेस–महेश भूपति की जोड़ी को एटीपी टूर की 1999 की सर्वश्रेष्ठ जोड़ी का पुरस्कार

लिएण्डर पेस व महेश भूपति की भारतीय टेनिस जोड़ी को 18 अप्रैल को मोंटे कार्लो (मोनाको) में वर्ष 1999 की एटीपी टूर की सर्वश्रेष्ठ जोड़ी के रूप में पुरस्कृत किया गया. एटीपी टूर की सर्वश्रेष्ठ जोड़ी होने का यह सम्मान इस भारतीय जोड़ी को पहली बार ही प्राप्त हुआ है.

इसी समारोह में अमरीका के आन्द्रे अगॉसी को वर्ष 1999 के एटीपी टूर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया.

19 त्रिशूर (केरल) में मेजबान केरल ने गोआ को 2–0 से हरा कर 56वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप (संतोष ट्रॉफी) के फाइनल में प्रवेश कर लिया.

20 संतोष ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में महाराष्ट्र ने प. बंगाल को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया.

23 त्रिशूर (केरल) में मेजबान केरल को फाइनल में 1–0 से हरा कर महाराष्ट्र ने पुरुषों की 56वीं सीनियर राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता (संतोष ट्रॉफी) जीत महाराष्ट्र के ए. अंसारी को इस टूर्नामेन्ट सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया.

– मोहम्मद अजहरउद्दीन के वाली हैदराबाद की टीम को पराजित करके मुम्बई ने राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी मुम्बई में 34वीं बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली की इस टीम का नेतृत्व समीर दिघे ने था.

– हिल्टन हैड द्वीप में स्पेन अरांत्सा सांचेज विकारियो को फाइनल हरा कर फ्रांस की मैरी पियर्स ने सर्किल कप टेनिस टूर्नामेन्ट जीत लिया

– एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों त्रिकोणीय शृंखला का वेस्टइंडीज के तीन मैचों के फाइनल का तीसरा निर्णायक मैच पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला पाकिस्तान ने यह शृंखला जीत पाकिस्तान के इंजमाम उल-हक को ऑफ दी सीरिज' घोषित किया गया.

पोर्ट ऑफ़ स्पेन में खेला गया फाइनल मैच वेस्टइंडीज का 400 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच था. इस पूर्व तीन अन्य राष्ट्र 400 या इससे अधि एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके इनमें पाकिस्तान (468 मैच), आस्ट्रेलि (462) व भारत (442) शामिल हैं.

29 लखनऊ में उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ को फाइनल में 11 रन से हरा कर भारतीय रेलवे ने 50वीं अखिल भारतीय शीशमहल क्रिकेट प्रतियोगिता जीत ली.

– माइकल ग्रांट (अमरीका) न्यूयॉर्क में एक मुक्केबाजी मुकाबले पछाड़ कर ब्रिटेन के लेनोक्स लुइस अन्तर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (IBF) विश्व मुक्केबाजी परिषद् (WBC) हैवीवेट मुक्केबाजी के खिताब अपने बरकरार रखे. एक न्यायिक आदेश के लुइस का विश्व मुक्केबाजी संघ (WBA) का हैवीवेट खिताब गत अप्रैल माह में लिया गया था.

30 ग्लासगो में सम्पन्न बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष एकल खिताब डेनमार्क के क्रमशः पीटर (Peter Gade) व कैमिला मार्टिन (Martin) ने जीते.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

– गत विजेता उत्तर रेलवे ने बंगलौर के रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला को फाइनल में हरा कर पुरुषों का अखिल भारतीय रेलवे हॉकी टूर्नामेन्ट 32वीं बार जीत लिया.

– बार्सीलोना (स्पेन) में स्पेन के जुआन कार्लोस फेरेरो को फाइनल में हरा कर रूस के मरात सफीन ने स्पेन के प्रतिष्ठित ओपन सीट गोडो-2000 टेनिस टूर्नामेन्ट का एकल खिताब जीत लिया.

मई 2000

1 जर्मनी में ब्रेमेन (Bremen) में अन्तर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः पीटर कार्लसन (स्वीडन) व क्वियानहोंग गोटश (जर्मनी) ने जीत लिये.

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का शुभारम्भ

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा बंगलौर में स्थापित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (NCA) ने 1 मई, 2000 से अपना कार्य प्रारम्भ कर दिया. बी सी सी आई के पूर्व अध्यक्ष राजसिंह डूगरपुर की अध्यक्षता वाली इस अकादमी का निदेशक भारत के पूर्व टेस्ट खिलाड़ी हनुमंत सिंह को बनाया गया है. आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेट कीपर रॉडनी मार्श, जो एडीलेड स्थित राष्ट्रमंडल क्रिकेट अकादमी के निदेशक भी हैं, को इस अकादमी का सलाहकार नियुक्त किया गया है.

2 शैफील्ड (Sheffield) में मैथ्यू मॉट्सन को फाइनल में हरा कर वेल्स (Wales) के मार्क विलियम्स ने विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप जीत ली.

– ओसाका (जापान) में एशियाई वेटलोलन चैम्पियनशिप में भारत की कुंजरानी देवी ने 53 किग्रा. वर्ग में स्वर्ण पदक तथा कुंजरानी देवी ने 48 किग्रा. वर्ग में रजत पदक जीतने में सफलता प्राप्त की.

3 नई दिल्ली में चौथे हरिराम स्मारक क्रिकेट टूर्नामेन्ट का खिताब भारतीय इस्पात प्राधिकरण (SAIL) ने फाइनल में इंडियन एयरलाइंस को तीन विकेट से हरा कर जीत लिया.

5 मुम्बई में भारत पेट्रोलियम को फाइनल में हराकर सीमा सुरक्षा बल, जालंधर ने छठा गुरु तेगबहादुर अखिल भारतीय स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेन्ट जीत लिया.

6 दोहा में सम्पन्न एशियाई टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में पुरुष व महिला दोनों वर्गों के टीम खिताब चीन ने जीते. भारत का पुरुष वर्ग में छठा व महिला वर्ग में सातवाँ स्थान रहा.

– दुबई में सम्पन्न दुबई ओपन शतरंज टूर्नामेन्ट का खिताब उजबेकिस्तान के ग्रांडमास्टर एलेक्जेंडर नेनाशेव ने जीत लिया.

7 अरांत्सा सांचेज विकारियो को फाइनल में हराकर स्विट्जरलैण्ड की मार्टिना हिंगिस ने हैम्बर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेन्ट जीत कर विश्व रैंकिंग में पुनः शीर्ष स्थान बना लिया.

– लिएंडर पेस व जॉन सिमेरिन्क की जोड़ी ने ओरलांडो में जस्टिन गिमेल स्टोब व सेबेस्टियन लारेयू की जोड़ी को फाइनल में हराकर यू. एस. क्ले कोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप का युगल खिताब जीत लिया. इस टूर्नामेन्ट का एकल खिताब चिली के फर्नेन्डो गोंजालेज ने फाइनल में अपने ही देश के निकोलस मस्सु को हराकर जीता.

10 इस वर्ष सिडनी में होने वाले ओलम्पिक खेलों की ज्योति यूनान के ओलम्पिया शहर में एक समारोह में प्राचीन रीति-रिवाजों के अनुसार प्रज्ज्वलित कर दी गई.

12 कुआलालम्पुर में तीसरे एशिया कप जूनियर हॉकी टूर्नामेन्ट के एक सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान मलेशिया को 2-1 से हराकर भारत ने इस टूर्नामेन्ट के फाइनल में स्थान सुरक्षित करने के साथ-साथ आगामी जूनियर विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता में खेलने की अर्हता प्राप्त कर ली. इस टूर्नामेन्ट की प्रथम तीन टीमों को जूनियर विश्व कप हॉकी में प्रविष्टि प्राप्त होनी है.

13 कुआलालम्पुर में जूनियर महिला एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप में तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में जापान को 3-1 से हराकर भारत ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत लिया.

– कुआलालम्पुर में थामस कप बैडमिंटन में भारत अपने पहले ही मुकाबले में डेनमार्क से 5-0 से पराजित हुआ.

●●●

शेष पृष्ठ 1491 का

चावल के आयात का निर्णय गत 5 मई को लिया है. मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए केन्द्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रमोद महाजन ने बताया कि म्यांमार से इस चावल की खरीद राज्य व्यापार निगम (STC) द्वारा की जाएगी तथा इसका वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के तहत किया जाएगा. श्री महाजन के अनुसार म्यांमार से चावल खरीदने का यह निर्णय दोनों देशों के मध्य सम्बन्धों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लिया गया है. उन्होंने बताया कि म्यांमार से आयातित चावल की लागत पंजाब से खरीदे जाने की स्थिति में पड़ने वाली लागत के लगभग समान ही रहेगी.

अमरीका को प्रदत्त नीम के तेल का पेटेंट रद्द

जर्मनी में म्यूनिख स्थित यूरोपीय पेटेंट कार्यालय ने नीम के बीज से तेल निकालने के सम्बन्ध में अमरीकी कृषि विभाग तथा एक रसायन कम्पनी डब्ल्यू. आर. ग्रेस को पाँच वर्ष पूर्व दिया गया पेटेंट गत 10 मई को वापस ले लिया है. उपर्युक्त दोनों को 1995 में यह पेटेंट संयुक्त रूप से इसी कार्यालय द्वारा प्रदान किया गया था. इस पेटेंट के विरुद्ध दायर तीन पक्षों की आपत्तियों को सुनने के पश्चात् पेटेंट कार्यालय के चार सदस्यीय पैनल ने यह स्वीकार किया कि पेटेंट प्राप्तकर्त्ताओं द्वारा 1994 में इस पेटेंट के लिए आवेदन करने से काफी समय पूर्व ही भारत में नीम से तेल निकाला जाता रहा था. पेटेंट के विरुद्ध आपत्ति दर्ज कराने वाले तीन पक्षों में भारत की प्रसिद्ध पर्यावरणवादी एवं रिसर्च फाउण्डेशन फॉर साइंस, टेक्नोलॉजी एण्ड इकोलॉजी की निदेशक डॉ. वन्दना शिवा भी शामिल थीं. आपत्ति दर्ज कराने वाला दूसरा पक्ष बेल्जियम सरकार का पर्यावरण मंत्रालय तथा तीसरा पक्ष इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर मूवमेंट था.

8 करोड़ टन कच्चे तेल के आयात का अनुमान

चालू वित्तीय वर्ष 2000-2001 में देश में खनिज तेल व अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का आयात 80 मिलियन टन रहने की संभावना है. अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में खनिज तेल का मूल्य 23 डॉलर प्रति बैरल रहने के आधार पर इसका आयात बिल 60 हजार करोड़ रुपए रहने का अनुमान है. पेट्रोलियम मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार वर्ष के दौरान देश में खनिज तेल की खपत 112 मिलियन टन रहने का अनुमान है, जबकि इसका घरेलू उत्पादन लगभग 32 मिलियन टन ही अनुमानित है.

●●●

A Book for All Candidates
UPKAR
EVER LATEST
GENERAL KNOWLEDGE
(Including Objective Type Questions)
By : Khanna & Verma Price : Rs 60/-
UPKAR PRAKASHAN AGRA–2

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोजगार समाचार

सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (II), 2000

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जुलाई 2001 से प्रारम्भ होने वाले भारतीय सैनिक अकादमी, नौ सेना अकादमी तथा वायु सेना अकादमी के कोर्सों तथा नवम्बर 2001 से प्रारम्भ होने वाले अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई कोर्स में भर्ती हेतु **22 अक्टूबर, 2000** को सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (II), 2000 आयोजित की जाएगी. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की अनुमानित संख्या भारतीय सैनिक अकादमी के लिए 500 (एन. सी. सी. 'सी' प्रमाण-पत्र धारक उम्मीदवारों के लिए 32 रिक्तियाँ सम्मिलित हैं), नौ सेना अकादमी के लिए 20 (एन. सी. सी. 'सी' (नौ सेना स्कन्ध) प्रमाण-पत्र धारक उम्मीदवारों के लिए 32 रिक्तियाँ सम्मिलित हैं), वायु सेना अकादमी के लिए 44 तथा अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के लिए 300 होगी.

पात्रता की शर्तें :

(क) आयु सीमा, लिंग तथा वैवाहिक स्थिति :

(1) भारतीय सैनिक अकादमी के लिए—केवल ऐसे अविवाहित पुरुष उम्मीदवार ही पात्र हैं, जिनका जन्म 2 जुलाई, 1977 से पहले तथा 1 जुलाई, 1982 के बाद न हुआ हो.

(2) नौ सेना अकादमी के लिए—केवल ऐसे अविवाहित पुरुष उम्मीदवार ही पात्र हैं, जिनका जन्म 2 जुलाई, 1979 [एन. सी. सी. 'सी' (नौ सेना स्कन्ध) प्रमाण-पत्र धारकों के लिए 2 जुलाई, 1977] से पहले तथा 1 जुलाई, 1982 के बाद न हुआ हो.

(3) वायु सेना अकादमी के लिए—केवल ऐसे अविवाहित पुरुष उम्मीदवार ही पात्र हैं, जिनका जन्म 2 जुलाई, 1978 से पहले तथा 1 जुलाई, 1982 के बाद न हुआ हो.

(4) अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के लिए—केवल ऐसे पुरुष उम्मीदवार (विवाहित या अविवाहित) ही पात्र हैं, जिनका जन्म 2 जुलाई, 1976 से पहले तथा 1 जुलाई, 1982 के बाद न हुआ हो.

(ख) शैक्षिक योग्यताएं :

(1) भारतीय सैनिक अकादमी तथा अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के लिए—किसी मान्यता प्राप्त विश्व-विद्यालय की डिग्री या समकक्ष योग्यता.

(2) नौ सेना अकादमी के लिए—भौतिकी और गणित विषयों सहित बी. एस-सी. डिग्री अथवा इंजीनियरी के स्नातक.

(3) वायु सेना अकादमी के लिए—भौतिकी और/या गणित विषयों सहित बी. एस-सी. डिग्री अथवा इंजीनियरी के स्नातक.

जो उम्मीदवार डिग्री परीक्षा के अन्तिम वर्ष में पढ़ रहे हैं तथा उन्हें डिग्री के अन्तिम वर्ष की परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा अभी उत्तीर्ण करनी है, वह भी इसी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं, लेकिन [illegible] आयोग के परीक्षा के नोटिस में निर्धारित तिथियों तक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा.

इस प्रतियोगिता परीक्षा के संबन्ध में आवश्यक शारीरिक मानक, परीक्षा पाठ्यक्रम व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए 6 मई, 2000 का एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार देखें. अभ्यर्थियों के पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन-पत्र संघ लोक सेवा आयोग के नई दिल्ली स्थित कार्यालय में 5 जून, 2000 तक स्वीकार किए जाएंगे. दूरदराज के चुनींदा निर्दिष्ट स्थानों के अभ्यर्थियों से डाक से प्रेषित आवेदन-पत्र स्वीकार किए जाने की अन्तिम तिथि 12 जून, 2000 है.

शेष पृष्ठ 1489 का

के. आर. नारायणन ने इसका अनावरण 5 मई को किया. श्री प्रकाशम को 1946 में मद्रास प्रान्त का मुख्यमंत्री चुना गया था. उसी वर्ष वह संविधान सभा के लिए निर्वाचित हुए. 1953 में आन्ध्र प्रदेश के गठन के पश्चात् वह इसके पहले मुख्यमंत्री बनाए गए.

'आब्जर्वर' का प्रकाशन बन्द

कोलम्बो से प्रकाशित होने वाले एशिया के सबसे प्राचीन अंग्रेजी समाचार-पत्र 'द ऑब्जर्वर' (The Observer) का प्रकाशन गत 1 मई से बन्द हो गया है. समाचार-पत्र को प्रकाशित करने वाली सरकारी कम्पनी 'एसोसिएटेड न्यूज पेपर्स ऑफ सीलोन लि.' ने अपने समाचार-पत्र की पुनर्संरचना की योजना के तहत 161 वर्ष पुराने इस समाचार-पत्र के प्रकाशन को बन्द करने का निर्णय किया था.

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएं

2000

24-27 मई—राजस्थान प्री. मेडिकल परीक्षा.
28 मई—उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा.
28-30 मई—उत्तर प्रदेश पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा सत्र–2000-2001.
29 मई—उत्तर प्रदेश मैनेजमेंट एवं एम.सी.ए. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (UPMCAT).
4 जून—सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2000.
4 जून—बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में मेडिकल प्रवेश परीक्षा.
4 जून—अम्बेदकर विश्वविद्यालय बी.एड. प्रवेश परीक्षा (फार्म भरने की अन्तिम तिथि 25 मई, 2000).
11 जून—चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ बी. एड. प्रवेश परीक्षा.
11 जून—बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (बम्बई) क्लेरीकल परीक्षा.
11 जून—बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2000.
25 जून—विज्ञान विषयों में सी.एस.आई.आर.–यू.जी.सी. परीक्षा (नेट).
25 जून—एस.एस.सी. कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक परीक्षा.
2 जुलाई—सी.पी.एम.टी. (उ. प्र.) का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर.
2 जुलाई—यू.जी.सी. परीक्षा (नेट)–2000.
6 जुलाई—बी.एड. प्रवेश परीक्षा कानपुर विश्वविद्यालय.
15-16 जुलाई—एस.एस.सी. संयुक्त मुख्य (मैट्रिक स्तर) परीक्षा.
16 जुलाई—स्टेट बैंक पी.ओ. परीक्षा (स्टेट बैंक समूह).
23 जुलाई—बी.एड. प्रवेश परीक्षा (झाँसी).
23 जुलाई—बी.एड. प्रवेश परीक्षा (बीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर)
23 जुलाई—भारतीय वन सेवा परीक्षा.
3 सितम्बर—संघ लोक सेवा आयोग भारतीय आर्थिक एवं सांख्यिकीय सेवा.
24 सितम्बर—राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा.
30 अक्टूबर—बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (चेन्नई) पी.ओ. परीक्षा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य

वर्तमान में नेपाल के विदेश मंत्री कौन हैं, जिन्होंने हाल ही में भारत की यात्रा की है? – चक्र प्रसाद बस्तोला

भारत और बांग्लादेश ने बंगाल की खाड़ी के समीप कहाँ पर बाघों की संरक्षण की परियोजना शुरू की है? – मानग्रोव में

इलाहाबाद उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है? – न्यायमूर्ति श्यामल कुमार सेन

बांग्लादेश के क्रिकेट कोच एडी बार्लो के स्थान पर किसे कोच नियुक्त किया गया है? – सरवर इमरान

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर प्यूटिन ने किसे कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया है? – मिखाइल कास्यानोव

संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को के प्रतिष्ठित प्रेस स्वतंत्रता पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है? – सीरियाई पत्रकार निजार नयूफ

अमरीका के कैलीफोर्निया में 35वें वार्षिक अकादमी संगीत अवार्ड कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ गायिका का पुरस्कार किसे प्रदान किया गया? – लेती फेथ हिल

आस्ट्रेलिया में लगभग एक माह पूर्व प्रथम पैदा हुए प्रथम क्लोन बछड़े का क्या नाम है? – सूजी

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ किसे दिलाई गई है? – चुन्नीलाल करसनदास ठक्कर

हाल ही में पश्चिम बंगाल के किस मंत्री ने जलकर आत्महत्या की है? – व्यापार एवं उद्योग मंत्री विद्युत गांगुली

भारतेन्दु नाटक अकादमी लखनऊ के अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? – फिल्म अभिनेता अनुपम खेर

ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौन हैं? – मौलाना मुजाहिद-उल-इस्लाम

वर्तमान में लोक-लेखा समिति के अध्यक्ष कौन हैं? – नारायण दत्त तिवारी

300 मेगावाट क्षमता वाले कोल डैम पनबिजली परियोजना का निर्माण किस नदी पर हो रहा है? – सतलज नदी

गुजरात के अकालग्रस्त क्षेत्रों में पानी पहुँचाने का काम भारतीय नौसेना के किस जलयान से किया जा रहा है? – आई. एन. एस. शक्ति

राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने 5 मई, 2000 को संसद भवन में किसकी प्रतिमा का अनावरण किया? – आन्ध्र केसरी तंगुतुरी प्रकाशम

28 मई से 7 जून, 2000 तक आयोजित होने वाले एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान किसे नियुक्त किया गया है? – सौरभ गांगुली

28 अप्रैल से 8 मई, 2000 तक किन्नरों का राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ? – भोपाल (मध्य प्रदेश)

कुआलालम्पुर स्थित एशियाई फुटबाल कॉनफेडरेशन ने वर्ष 1999 के एशिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ी के रूप में किसे पुरस्कृत किया है? – अली देई (ईरान)

रणजी ट्रॉफी में दो बार तिहरा शतक लगाने वाले पहले व एकमात्र बल्लेबाज कौन हैं? – वी. वी. एस. लक्ष्मण

मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने वार्षिक रियायती यात्रा की कौनसी योजना प्रारम्भ की है? – केटकार्ड योजना

11 मई, 2000 से एक वर्ष के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने कौनसा वर्ष मनाने का निर्णय लिया है? – जनसंख्या स्थिरीकरण वर्ष

ब्रिटेन की तर्ज पर भारत के किस राज्य ने छाया मंत्रिमण्डल का गठन किया है? – हरियाणा

अप्रैल 2000 में विश्व शिक्षा फोरम का कहाँ आयोजन किया गया? – डकार (सेनेगल)

आन्ध्र प्रदेश के किस प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्य कलाकार का अप्रैल 2000 में निधन हो गया? – किल्लादा सत्यम्

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने वर्ष 2001 को कौनसा वर्ष घोषित किया है? – अन्तर्राष्ट्रीय विश्वव्यापी स्वयंसेवक वर्ष

स्वर्णाभूषणों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो ने कौनसी एक नई योजना 12 अप्रैल से शुरू की है? – हॉलमार्क

मध्य प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा 'ऑपरेशन ज्ञानोदय' का क्रियान्वयन किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है? – जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार के लिए

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार संचयिका

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

1. संगम काल में 'विरैलियर' (Viraliyar) किसे कहा जाता था?
– नर्तकियों को

2. रजिया बेगम का कृपापात्र मलिक जलालुद्दीन याकूत, जोकि 'अमीर-ए-आखूर' के पद पर नियुक्त किया गया था, किस देश का निवासी था?
– अबीसीनिया

3. "एक मलिक होते हुए भी वह खान हो गया और फिर सुल्तान बन गया." वह कौन था?
– बलबन

4. वह स्तम्भ कहाँ है जिस पर अशोक का शान्ति सन्देश तथा समुद्रगुप्त की सैन्य विजयों का विवरण दोनों अंकित हैं?
– प्रयाग

5. टोडरमल के बन्दोबस्त में कौनसी धरती सर्वश्रेष्ठ मानी गई?
– पोलज

6. बोध गया में स्थित वह बोधिवृक्ष, जिसके नीचे बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था, किस शासक द्वारा कटवाया गया?
– गौड़ के राजा शशांक द्वारा

7. महावीर स्वामी 'यती' कब कहलाए?
– घर त्यागने के बाद

8. कहाँ पर प्राप्त अशोक के अभिलेख (स्तम्भ) के निचले भाग में मयूर का चिह्न अंकित है?
– लौरियानन्दनगढ़

9. कपाटपुरम् या अलवै में सम्पन्न द्वितीय संगम का एकमात्र शेष ग्रन्थ कौनसा है?
– तोल्काप्पियम्

10. पल्लव वंशी नरसिंह वर्मन प्रथम ने किस चालुक्य नरेश को युद्ध में परास्त कर उसकी पीठ पर 'विजय' अक्षर अंकित करवाया?
– पुलकेशिन द्वितीय

11. 9वीं शताब्दी में भारत आए अरब यात्री सुलेमान नें किस साम्राज्य को 'रूहमा' कह कर सम्बोधित किया?
– गुर्जर प्रतिहार वंश

12. थानेश्वर में स्थित किस मन्दिर की मूर्तियों को तोड़कर महमूद गजनवी ने गजनी भेज दिया?
– चक्रस्वामी

13. दिल्ली सल्तनत के किस सुल्तान को 'अन्तर्विरोधों का विस्मयकारी मिश्रण' कहा गया?
– मुहम्मद तुगलक

14. अकबर किसे 'शेखोबाबा' के नाम से पुकारता था?
– सलीम को

15. काशी के किस प्रसिद्ध विद्वान ने शिवाजी का राज्याभिषेक करवाया?
– श्री गंगाभट्ट ने

राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन

16. किस आन्दोलन के दौरान तिलक ने प्रसिद्ध नारा दिया "स्वराज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा."
– होमरूल लीग आन्दोलन

17. 1878 के 'वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट' ने भाषाई समाचार-पत्रों की स्वाधीनता समाप्त कर दी. इस एक्ट के प्रावधानों से बचने के लिए किस भाषाई अखबार ने अपने को अंग्रेजी अखबार के रूप में रातों-रात परिवर्तित कर लिया?
– अमृत बाजार पत्रिका

18. 'अभिनव भारत' क्या था?
– गुप्त क्रान्तिकारी संगठन

19. 'कामागाटामारू' की घटना किस वर्ष हुई?
– 1914

20. यह कथन 'पूर्व एक ऐसा विश्वविद्यालय है जहाँ विद्यार्थी को कभी प्रमाणपत्र नहीं मिलता' किसका है?
– लार्ड कर्जन

21. साइमन कमीशन का वह कौन सदस्य था जो बाद में ब्रिटेन का प्रधानमंत्री भी बना?
– क्लीमेंट एटली

22. 'सत्याग्रह समिति' की स्थापना "भारत-छोड़ो' आन्दोलन के दौरान की गई थी. इसका संस्थापक कौन था?
– सुचेता कृपलानी

23. जवाहर लाल नेहरू ने किसे 'देशभक्त' की संज्ञा दी थी?
– आजाद हिन्द फौ

24. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने अधिवेशन में सर्वप्रथम मुफ्त आवश्यक प्राइमरी शिक्षा की माँग
– लाहौर, 19

25. 1938 में कांग्रेस के अनुरोध पर 'राष्ट्रीय योजना समिति' का किसको नियुक्त किया गया था?
– जवाहर लाल

26. 1908 में बाल गंगाधर तिलक वर्ष के लिए देश से निष्कासित किस जेल में बन्दी बनाकर रखा था?
– मांडले

27. कांग्रेस के अधिवेशन के साथ प्रदर्शनी का आयोजन किस आरम्भ हुआ?
– 19

28. कांग्रेस अधिवेशन की कार्यवाही आमतौर पर अंग्रेजी भाषा का होता था, परन्तु 1887 के अधिवेशन में पहली बार किस भाषा में भाषण दिए गए?
– तमि

29. 'अखिल भारतीय किसान कांग्रेस' प्रथम अध्यक्ष कौन था?
– सहजानन्द सरस्व

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

30. 'राज्य के नीति निदेशक तत्व एक चेक है जो बैंक की सुविधानुसार की जाएगी' यह किसका कथन है?
– के. टी.

31. देशी नरेशों के प्रिवी पर्सों और विशेषाधिकारों को किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा समाप्त किया गया?
– 26वाँ संशोधन

32. कौन राष्ट्रपति 'द्वितीय पसन्द' के मत की गणना के फलस्वरूप अपना निर्वाचित हुआ?
– वी. वी. गि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत के संपरीक्षा और लेखा प्रणालियों का प्रधान कौन होता है?

– भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक

लोक सभा का विरोधी दल का पहला मान्यता प्राप्त नेता कौन है?

– रामसुभग सिंह

संसद के दोनों सदनों का सत्रावसान कौन करता है?

– राष्ट्रपति

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला कौन हैं?

– अन्ना चण्डी

विवाह, संविदा, श्रम, कल्याण, बीमा, आर्थिक व सामाजिक योजना जैसे विषय किस सूची के अन्तर्गत आते हैं?

– समवर्ती सूची

1955 में गठित राजभाषा आयोग के पहले अध्यक्ष कौन थे?

– बी. जी. खेर

किस साधारण निर्वाचन में भारत में पहली बार मत (Ballot Paper) और अमिट स्याही (Indelible Ink) का इस्तेमाल किया गया?

– तीसरा साधारण निर्वाचन 1962

1952 में भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत किस देश के तकनीकी सहयोग से सम्भव हुई?

– सं. रा. अमरीका

किस राष्ट्रपति ने अपने कार्यकाल के दौरान एक वर्ष में सर्वाधिक अध्यादेश (29) जारी किए?

– फखरुद्दीन अली अहमद

लोक सभा में किस सदस्य को सदन के विशेषाधिकारों के उल्लंघन एवं अवमानना के लिए लोक सभा से सत्रावसान होने तक निष्कासित और जेल भेजा गया था?

– इंदिरा गांधी

किस विधेयक पर विचार-विमर्श के लिए राष्ट्रपति ने पहली बार लोक सभा एवं राज्यसभा की संयुक्त बैठक बुलायी थी?

– दहेज निषेध विधेयक (1956 में)

भारत एवं विश्व का भूगोल

'ऑक्टास' (Oktas) मापनी का प्रयोग किसके मापन के लिए किया जाता है?

– मेघाच्छादन की मात्रा

किस फसल को चमत्कारिक फसल (Miracle Crop) के रूप में जाना जाता है?

– सोयाबीन

'उमियाक' (Umiak) क्या है?

– एस्किमो लोगों की शिकार करने वाली नौका

यदि नदी के वेग को दोगुना कर दिया जाए तो उसकी परिवहन शक्ति कितने गुना हो जाएगी?

– 4 गुना

किस उद्योग को 'धुरी उद्योग' या 'उद्योगों का आधार' कहा जाता है?

– लौह इस्पात उद्योग

कोचीन का जुड़वाँ नगर कौनसा है?

– एर्नाकुलम

'फेयरवेल केप' (Fairwell Cape) किस देश का सबसे दक्षिणी बिन्दु है?

– न्यूजीलैण्ड

भारत में आधुनिक तकनीक पर आधारित ऊनी कपड़े का प्रथम कारखाना कानपुर में 'लाल इमली' के नाम से स्थापित किया गया था. इसकी स्थापना कब हुई थी?

– 1876 में

नार्वे को 'अर्धरात्रि के सूर्य का देश' कहा जाता है. यहाँ अर्धरात्रि के समय सूर्य कब दिखाई पड़ता है?

– 21 जून को

'बिहार पहाड़' किस देश में स्थित है?

– रोमानिया

इण्डोनेशिया की राजधानी जकार्ता किस द्वीप पर स्थित है?

– जावा

कनाड़ियल नेशनल रेलमार्ग कहाँ से कहाँ तक जाता है?

– हैलीफैक्स से बैंकूवर

उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्रों में सूर्य की किरणों का आपतन कोण कितने अंशों के बीच पाया जाता है?

– $43\frac{1^\circ}{2}$ से 90°

विश्व में सर्वाधिक ऊँचाई पर स्थित नगर कौनसा है?

– ल्हासा

भारतीय अर्थव्यवस्था

1951 में गठित प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष.

– के. सी. नियोगी

स्वतन्त्रता के पश्चात् किस वर्ष का बजट सर्वप्रथम पूर्वाह्न में प्रस्तुत किया गया?

– वित्तीय वर्ष 1999–2000

कृषि कीमत आयोग का नाम परिवर्तित कर, क्या कर दिया गया है?

– कृषि लागत एवं कीमत आयोग

बोनस पुनरीक्षण पर मदान समिति की सिफारिशों को स्वीकार करके बोनस भुगतान अधिनियम, 1972 पारित किया गया था. इस अधिनियम में बोनस की न्यूनतम राशि कितनी निर्धारित की गई है?

– 8.33%

12 जुलाई, 1999 को जारी मानव विकास रिपोर्ट में मानव विकास सूचकांक की दृष्टि से भारत का क्या रैंक था?

– 132वाँ

शेयर बाजार में 'बियर मार्केट' क्या होता है?

– शेयर कीमतों में गिरावट की दीर्घ अवधि

सामान्य विज्ञान

'इन्द्र धनुष' बनने का कारण है–

– प्रकाश का पूर्ण आन्तरिक परावर्तन व प्रकीर्णन

अस्पतालों में कृत्रिम सांस के लिए प्रयुक्त ऑक्सीजन किन गैसों का मिश्रण होता है?

– ऑक्सीजन-हीलियम

प्याज-लहसुन में गंध किस तत्व के कारण आती है?

– सल्फर यौगिक

फ्लैश बल्बों में किस गैस के वायुमण्डल में मैग्नीशियम का तार रखा जाता है?

– नाइट्रोजन

किस अम्ल को 'कसीस का तेल' कहा जाता है?

– सल्फ्यूरिक अम्ल

चाय में लाल-रस्ट रोग किसके कारण होता है?

– लाइकेन

कौनसा खनिज 'बेवकूफों का सोना' (Fool's gold) के नाम से जाना जाता है?

– पायराइट

सूर्य का द्रव्यमान किस दर से कम हो रहा है?

– 4×10^9 किग्रा. प्रति सेकेण्ड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खेलकूद

72. चीन का राष्ट्रीय खेल क्या है?
– टेबिल टेनिस

73. 'वैजयंती ट्राफी' किस खेल से सम्बन्धित है?
– ब्रिज

74. 'एंडी फ्लावर' किस देश के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी हैं?
– जिंबाब्वे

75. काशन, बाडी प्रेस एवं स्लैम आदि शब्द किस खेल से सम्बन्धित हैं?
– कुश्ती

76. 'सरदार पटेल स्टेडियम' कहाँ पर स्थित है?
– अहमदाबाद में

77. 20वें शीतकालीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन सन् 2006 में कहाँ होगा?
– इटली में

78. सन् 2001 में होने वाली जूनियर विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षक किसे नियुक्त किया गया है?
– वासुदेव भास्करन

79. भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच कपिलदेव की नियुक्ति कितने वर्षों के लिए की गई है?
– दो वर्षों के लिए

विविध

80. दिल्ली के लाल किले का प्रारम्भिक नाम क्या था?
– किला-ए-मुबारक

81. संयुक्त राष्ट्र की आम सभा का वार्षिक अधिवेशन किस माह के तीसरे मंगलवार से शुरू होता है?
– सितम्बर

82. विश्व स्वास्थ्य दिवस किस दिन मनाया जाता है?
– 7 अप्रैल

83. 'अंगूर लता' किस फसल की प्रजाति है?
– टमाटर

84. 'श्री निकेतन' योजना किसने चलाई थी?
– रवीन्द्र नाथ टैगोर ने

85. 'सेन्ट्रल टोबैको रिसर्च सेन्टर' कहाँ पर स्थित है?
– राजमुन्दरी

86. विश्व का एक मात्र देश कौन है, जहाँ महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है?
– इजरायल

87. प्रत्येक दिन सूर्योदय और सूर्यास्त के समय अपना रंग बदल कर लाल हो जाने वाला 'आयर्स रॉक' किस देश में स्थित है?
– आस्ट्रेलिया

88. भारत के किस शहर को मरुस्थल की राजधानी कहा जाता है?
– जैसलमैर

89. भैंस का गर्भकाल कितने दिनों का होता है?
– 308 दिन

90. राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की स्थापना कब हुई?
– 1966 में

91. किस राजधानी में स्थित अमरीकी दूतावास को 'रूजवेल्ट हाउस' के नाम से जाना जाता है?
– नई दिल्ली

92. विश्व के एकमात्र देश का नाम क्या है जिसके राष्ट्रीय ध्वज पर उसका मानचित्र अंकित रहता है?
– साइप्रस

93. किस देश के डाक टिकट पर 'हेलवेशिया' लिखा होता है?
– स्विट्जरलैण्ड

94. भारत के किस राज्य का सचिवालय भवन 'राइटर्स बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है?
– पश्चिम बंगाल

95. कोच्चि शिपयार्ड किस देश के सहयोग से निर्मित किया गया है?
– जापान

96. किस देश की राजधानी को 'सिटी ऑफ रैट्स' (चूहों का शहर) कहा जाता है?
– मैक्सिको

97. 'यक्षगान' नामक नृत्य का सम्बन्ध किस राज्य से है?
– कर्नाटक

98. भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संस्थान का सेटेलाइट ट्रेकिंग एण्ड रेजिंग स्टेशन कहाँ स्थित है?
– कवालूर

सामयिक घटनाएँ

99. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के वर्तमान प्रबन्ध निदेशक कौन हैं?
– मिशेल कैमडेसस

100. यूनेस्को ने 'अन्तर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस' (Mother Language Day) किस तिथि को घोषित किया है?
– 21 फरवरी

101. 'राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग' के अध्यक्ष कौन हैं?
– न्यायमूर्ति जगदीश शरण

102. किस बैंक ने 19 नवम्बर, 199[illegible] 'स्वर्ण जमा योजना' (Gold Deposit Scheme) प्रारम्भ की?
– स्टेट बैंक ऑफ इंडि[illegible]

103. वह प्रथम भारतीय एवं एशि[illegible] अभिनेता कौन है, जिसे स्विट्जरलै[illegible] की 'ओमेगा घड़ियों' का एम्बे[illegible] चुना गया है?
– शाहरुख ख[illegible]

104. सन् 2006 में होने वाली जू[illegible] फुटबाल चैम्पियनशिप की मेजब[illegible] कौनसा देश करेगा?
– [illegible]

105. विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) [illegible] सिएटल सम्मेलन में कितने [illegible] देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लि[illegible]
– [illegible]

106. भारत सरकार के प्रधान देड़[illegible] सलाहकार के पद पर किसे नि[illegible] किया गया है?
– ए. पी. जे. अब्दुल [illegible]

107. मारूति उद्योग द्वारा बाजार में [illegible] 1600 C.C. की उस लक्जरी [illegible] का नाम क्या है, जिसकी कीम[illegible] सात लाख पच्चीस हजार [illegible] घोषित की गई है?
– बेलीनो (Baleno)

108. न्यूजीलैण्ड के वर्तमान प्रधानमंत्री [illegible] नाम क्या है?
– सुश्री हेलन क[illegible]

पत्रकार बनें
* सफल पत्रकार बनने हेतु पत्राचार द्वारा पत्रकारिता व लेख [illegible] का सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करें। * [illegible] द्वारा प्रशिक्षण देने वाला 24 वर्ष पुराना संस्थान। * लेख प्रकाशन सुविधा उपलब्ध * विवरणी हेतु कार्ड लिखें
पत्रकारिता महाविद्यालय
पोस्ट बाक्स 3583 (प),
नई दिल्ली–110024

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अकबर

(1542 – 1605 ई.)

पाठक से आगे

- जौनपुर पर नियंत्रण स्थापित करने के बाद अकबर ने आसफ खाँ को चुनारगढ़ विजय के लिए भेजा. आसफ खाँ ने अगस्त 1561 ई. में चुनारगढ़ पर आधिपत्य स्थापित कर लिया.
- नवम्बर 1561 ई. में अकबर ने शम्स-उद्-दीन अत्गा खाँ को अपना वजीर नियुक्त किया.
- अकबर ने जनवरी 1562 ई. में अजमेर शरीफ के दर्शन किए और लौटते समय आमेर के भारमल्ल को अपने अधीनस्थ किया और भारमल्ल की पुत्री से विवाह किया.
- अजमेर में ही अकबर ने मिर्जा सर्फुद्दीन को मेड़ता विजय के लिए भेजा.
- मेड़ता उस समय जयमल के अधीन था उसने बगैर प्रतिरोध के समर्पण कर दिया, लेकिन कुछ लोगों ने वीरता-पूर्वक असफल सामना किया.
- 1562 ई. में बाज बहादुर ने पीर मुहम्मद को परास्त करके मालवा पर पुनः अधिकार कर लिया, परन्तु थोड़े समय के लिए.
- अब्दुल्ला खाँ उजबेग ने बाज बहादुर को परास्त कर भगा दिया. बाद में बाज बहादुर ने समर्पण कर दिया और अकबर का मनसबदार बन गया.
- 1564 ई. में अकबर ने गोंडवाना की रानी दुर्गावती के विरुद्ध आसफ खाँ को भेजा. आसफ खाँ ने दुर्गावती को परास्त किया. वह मारी गई.
- अकबर ने सितम्बर 1567 ई. में मेवाड़ की राजधानी चित्तौड़ पर आक्रमण करने के लिए अभियान प्रारम्भ किया.
- उस समय राणा उदय सिंह मेवाड़ का शासक था. वह चित्तौड़ की रक्षा का भार जयमल और फत्ता पर सौंपकर अरावली के जंगलों में जा छिपा.
- जयमल और फत्ता ने दुर्ग की वीरता-पूर्वक रक्षा की परन्तु वीरगति को प्राप्त हुए और दुर्ग पर अकबर का अधिकार हो गया.
- अकबर ने जयमल और फत्ता की वीरता को सम्मान देते हुए आगरा में अपने महल के दरवाजे पर उनकी मूर्तियों का निर्माण कराया.
- फरवरी 1568 ई. में आसफ खाँ को अकबर ने मेवाड़ का सूबेदार नियुक्त किया, जबकि मेवाड़ का अधिकांश भाग अब भी राणा के अधिकार में था.
- चित्तौड़ के पतन से विचलित होकर पटना के शासक सुलेमान खाँ ने अकबर का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और अकबर को अपना बादशाह मानते हुए उसके नाम का खुतबा पढ़ा.
- अकबर ने रणथम्भौर के हाड़ा शासक सुर्जन राय पर 1569 ई. में आक्रमण किया और एक माह के घेरे के बाद उस पर अधिकार कर लिया.
- मेवाड़ और रणथम्भौर विजय से उत्साहित होकर अकबर ने कालिंजर के शासक राजा रामचंद के विरुद्ध मजनून खाँ कशल को भेजा.
- रामचंद ने थोड़ा प्रतिरोध किया और बाद में समर्पण कर दिया. रामचन्द को इलाहाबाद के समीप जागीर दे दी गई और मजनून खाँ को कालिंजर का सूबेदार नियुक्त किया.
- 1570 ई. में नागौर में अकबर के समक्ष जोधपुर और बीकानेर रियासतों ने भी समर्पण कर दिया.
- जोधपुर के शासक चन्द्रदेव और बीकानेर के शासक कल्याणमल के साथ जैसलमेर के रावल हरराय ने भी अकबर के समक्ष समर्पण किया.
- अकबर ने जैसलमेर और बीकानेर के राजघरानों से वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किए.
- अकबर ने 1573 ई. में गुजरात में हुए विद्रोह को शान्त करके गुजरात पर पूर्ण आधिपत्य स्थापित किया.
- सुलेमान कर्रानी ने 1572 ई. में अपनी मृत्यु से पूर्व अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली थी, लेकिन उसके पुत्र दाउद ने स्वयं को स्वतंत्र घोषित कर दिया.
- अकबर ने 1574 ई. में बिहार पर आक्रमण कर उसे मुगल साम्राज्य में मिला लिया.
- मुनीम खाँ ने दाउद को 3 मार्च, 1575 ई. को स्वर्णरेखा के तट पर टुक्रा नामक स्थान पर परास्त किया और टांडा को अपना मुख्यालय बनाया.
- दाउद ने पुनः आवाज उठाई लेकिन जुलाई 1576 ई. को राजमहल के समीप हुए युद्ध में वह मारा गया.
- 18 जून, 1576 ई. को महाराणा प्रताप और अकबर की सेनाओं के बीच हल्दीघाटी का युद्ध हुआ जिसमें प्रताप पराजित हुए.
- हल्दीघाटी के युद्ध में मुगल सेना का नेतृत्व आमेर के कछवाहा राजा मानसिंह ने किया था.
- 1585 ई. में मिर्जा मोहम्मद हकीम की मृत्यु के बाद काबुल को मुगल साम्राज्य में सम्मिलित कर लिया गया.
- काबुल अभियान पर अकबर ने जैन खाँ कोकलताश, हकीम अब्दुल फतेह और राजा बीरबल को भेजा. अभियान असफल हुआ और राजा बीरबल मारे गए.
- दूसरा अभियान टोडरमल और मानसिंह के नेतृत्व में भेजा जो सफल रहा.
- 1586 ई. में कश्मीर के शासक यूसुफ शाह से सन्धि हो गई और कश्मीर मुगल साम्राज्य का हिस्सा बन गया.
- अकबर ने सिन्ध में स्थित भक्कर द्वीप को 1574 ई. में ही विजित कर लिया था, लेकिन सिन्ध पर विजय पाने में वह 1591 ई. में ही सफल हो सका.
- अकबर के सेनापति अब्दुर्रहीम खान खाना ने मिर्जा जानी बेग को दो युद्धों में परास्त करके सिन्ध पर विजय प्राप्त की और उसे मुगल साम्राज्य का एक अंग बनाया.
- मिर्जा जानी बेग ने दीन-ए-इलाही धर्म अपनाया.
- 1590 ई. में बिहार के सूबेदार राजा मानसिंह ने उड़ीसा के शासक कुतुलू खाँ लोहानी पर आक्रमण किया, परन्तु कुतुलू खाँ युद्ध के मैदान में आने से पूर्व ही मर गया.
- कुतुलू खाँ लोहानी के पुत्र निसार खाँ ने थोड़े विरोध के बाद समर्पण कर दिया. अकबर ने उसे उड़ीसा का सूबेदार नियुक्त कर दिया.
- दो वर्ष बाद निसार खाँ ने विद्रोह कर दिया जिसे राजा मानसिंह ने दबाया. इसके बाद उड़ीसा को बंगाल सूबे का एक हिस्सा बना दिया गया.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

- अकबर के सेनापति मीर मासूम ने 1595 ई. में बलूचिस्तान पर कब्जा कर लिया.
- कंधार के ईरानी सूबेदार मुजफ्फर हुसैन मिर्जा ने अप्रैल 1595 ई. में अकबर के प्रतिनिधि शाह बेग को कंधार सौंप दिया.
- मुजफ्फर हुसैन मिर्जा को 5000 की मनसबदारी और संभल की जागीर सौंप दी गई.
- अकबर ने 1591 ई. में दक्षिण के चार राज्यों यथा–अहमदनगर, बीजापुर और गोलकुंडा राजनीतिक मिशन भेजे. खानदेश के राजा अलीखान को छोड़कर प्रत्येक ने अकबर की अधीनता स्वीकार करने से इनकार कर दिया.
- अकबर ने 1593 ई. में अब्दुर्रहीम खान खाना को मुराद के साथ अहमदनगर विजय के लिए भेजा. चाँदबीबी ने किले की वीरतापूर्वक रक्षा की. अंततः 1596 ई. में खानखाना को शान्ति सन्धि करनी पड़ी.
- अहमदनगर ने शीघ्र ही शान्ति सन्धि भंग कर दी अतः खानखाना को 1597 ई. में पुनः सैन्य अभियान छेड़ना पड़ा. यह अभियान खानखाना और मुराद के बीच हुए मतभेदों के कारण सफल न हो सका.
- अकबर ने खानखाना और मुराद, के स्थान पर अबुल फजल को नियुक्त किया. अहमदनगर 1600 ई. में जीत लिया गया.
- बहादुर निजाम शाह को बंदी बनाकर ग्वालियर भेज दिया गया.
- अलीखान की मृत्यु के बाद खानदेश के मीरन बहादुरशाह ने स्वयं को स्वतंत्र घोषित कर दिया और असीरगढ़ के मजबूत किले में स्वयं को सुरक्षित कर लिया.
- अकबर ने 6 जनवरी, 1601 ई. को असीरगढ़ जीतकर खानदेश को मुगल साम्राज्य में मिला लिया.
- मीरन बहादुर को बंदी बनाकर ग्वालियर भेजा गया और उसे 40,000 अशर्फी सालाना का भत्ता मुकर्रर किया गया.
- 1564 ई. में अब्दुल्लाह उजबेग का विद्रोह हुआ.
- 1565 ई. में काबुल के सूबेदार मिर्जा मुहम्मद हकीम ने लाहौर पर आक्रमण किया. वहाँ खान कलां ने उसका सामना किया. अकबर ने भी सेना भेजी. जनवरी 1567 के अन्त तक हकीम वापस लौट गया.
- 1566 ई. में ही सम्भल और आजमपुर जिलों में मिर्जाओं का विद्रोह हुआ. 1580 ई. के बाद मिर्जाओं के विद्रोह नहीं हुए (अकबर के शासनकाल में)
- अकबर का संरक्षक बैरम खाँ शिया मुसलमान था.
- अकबर के शिक्षक अब्दुल लतीफ ने अकबर को सुलहकुल का पाठ पढ़ाया.
- अकबर ने 1563 ई. में तीर्थयात्रा कर हटा दिया.
- अकबर ने 1564 ई. में जजिया कर और व्यक्ति कर (Poll tax) समाप्त कर दिया.
- 1575 ई. में अकबर ने फतेहपुर सीकरी में इबादतखाने का निर्माण कराया. प्रत्येक बृहस्पतिवार की शाम को यहाँ धार्मिक चर्चा होती थी.
- सुल्तानपुर के मुल्ला अब्दुल्लाह और मुख्य सद्र शेख अब्दुन नबी कट्टर सुन्नी मुसलमान थे जो इबादतखाने की धार्मिक परिचर्चा में भाग लेते थे.
- शीघ्र ही इबादतखाने की धार्मिक चर्चाओं में मुल्लाओं के बीच तीखा वाद-विवाद होने लगा. इससे अकबर का मन खट्टा हो गया और कट्टर इस्लाम वाद से उसका विश्वास उठ गया.
- बाद में उसने सभी धर्मों के प्रमुखों के बीच धार्मिक बहस कराई.
- 22 जून, 1579 ई. को फतेहपुर सीकरी की प्रमुख मस्जिद से अकबर के नाम खुतबा पड़ा गया जिसकी इबारत फैजी ने लिखी थी.
- फैजी और अबुल फजल के पिता शेख मुबारक ने सितम्बर 1579 ई. में बादशाह के इशारे पर एक दस्तावेज (महजर) तैयार किया जिसने अकबर को सभी नागरिक एवं धार्मिक अधिकार प्रदान किए.
- मजहर पर मखदूम-उल-मुल्क और अब्दुन नबी सहित सभी प्रमुख उलेमाओं ने हस्ताक्षर किए.
- महजर को गलती से Infallibility Decree भी कहा जाता है.
- मुल्ला मोहम्मद यज्दी ने अकबर को शिया बनाने का प्रयास किया, लेकिन अकबर का झुकाव सूफीवाद की तरफ हुआ.
- शेख फैजी और बदख्शां के मिर्जा सुलेमान को "साहिब-ए-हाल" की संज्ञा दी गई. उन्होंने अकबर को सूफी सिद्धान्तों के रहस्यों से अवगत कराया.
- अकबर सूर्य की पूजा किया करता था.

दीन-ए-इलाही

- दीन-ए-इलाही का पूर्व नाम तौहीद-ए-इलाही था.
- यह कोई धर्म नहीं था यह सभी धर्मों के बीच भाई चारे की भावना पैदा करने वाला संगठन था.
- दीन-ए-इलाही सुलहकुल के सिद्धान्त पर आधारित था और इसमें सभी धर्मों के अच्छे गुण सम्मिलित थे.
- दीन-ए-इलाही में एकेश्वरवाद को प्राथमिकता दी गई थी और हिन्दू, जैन एवं पारसी धर्मों के महत्वपूर्ण सिद्धान्तों को इसमें स्थान दिया गया.
- बदायूँनी एवं बार्टोली के अनुसार अकबर ने काबुल अभियान से वापस लौटकर 1582 ई. में तौहीद-ए-इलाही को दीन-ए-इलाही नाम दिया.
- अबुल फजल दीन-ए-इलाही का प्रमुख धर्माचार्य (High Priest) था. वह व्यक्तियों को सदस्य के रूप में नामजद करता था.
- अल्लाहु अकबर या जल्ल-ए-जलाल-ए-हु अभिवादन के लिए बोला जाता था.
- सदस्य जन्मदिन मनाते थे और इस अवसर पर गरीबों को दान देते थे.
- सदस्य न तो वृद्ध महिला से और न ही नाबालिग कन्या से विवाह कर सकते थे.
- सदस्यों से उम्मीद की जाती थी कि वे अपना धन, जीवन सम्मान और धर्म बादशाह की सेवा में समर्पित कर दें.
- बीरबल ही एक प्रमुख हिन्दू था जिसने दीन-ए-इलाही स्वीकार किया था.
- अकबर की मृत्यु के साथ ही दीन-ए-इलाही समाप्त हो गया.

- अकबर के दरबार में तीन ईसाई मिशनरियों का आगमन हुआ.
- पहला मिशन 19 फरवरी, 1580 ई. को फतेहपुर सीकरी पहुँचा और 1582 ई. तक रहा. इस मिशन के सदस्य थे–रिडोल्फो एक्वावीवा, एंटोनियो मोंसोरेट और एन्रिक्वेज.
- दूसरा मिशन 1591-92 ई. के बीच मुगल दरबार में रहा. इसके सदस्य थे–एडवर्ड लिओटन और क्रिस्टोफर डि वागा.
- तीसरा मिशन 1595 ई. में आया जो अकबर की मृत्यु के बाद भी मुगल दरबार में रहा. इस मिशन में जेरोम जेवियर, इमेनुअल फिनहीरो और बेनोडिक्ट डि गोस.
- अकबर ने ईसाईयों को आगरा और लाहौर में चर्च बनाने की अनुमति दी.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिन्दी राजभाषा हो–क्यों और कैसे?

✍ प्रो. राजेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी (डी. लिट्. विद्यावाचस्पति)

किसी भी देश में भाषा का प्रश्न केवल अक्षर या शब्दों का प्रश्न नहीं होता, बल्कि यह उस देश की नियति, उसकी संस्कृति एवं उसकी संस्कृति से जुड़े होने के कारण उसकी अस्मिता का प्रश्न होता है. यही कारण था कि राजदूत के रूप में (स्व.) श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित ने सोवियत संघ के तानाशाह (स्व.) जॉसेफ स्टेलिन को अपने परिचय-पत्र अंग्रेजी में प्रस्तुत किए थे, तब उन्होंने उन्हें स्वीकार नहीं किया था–यह कहकर कि यह तो इंगलैण्ड की भाषा है– मतलब आपकी अपनी कोई भाषा नहीं है? अब यही कारण है कि विदेशीजन भारत आने के पहले हिन्दी भाषा का ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं और जब वे भारतवासियों को अंग्रेजी बोलते हैं और हमारी मानसिक दासता पर मन-ही-मन हँसते हैं एवं क्षुब्ध होते हैं.

भारतीय संस्कृति के प्रति आकर्षित होकर आने वाले विदेशी लोग यहाँ आकर कृष्ण या राम भक्त बन जाते हैं और यहाँ की भाषा हिन्दी को अपनी भाषा ही नहीं बना लेते हैं, अपितु अपने नाम भी भारतीय संस्कृति के अनुरूप–कृष्णदास, कृष्णदासी, द्रौपदी, चन्द्रिया, बलराम, चन्द्रावली आदि रख लेते हैं. दूसरी ओर हम वर्मा होकर बर्मन (Warman), सक्सेना होने पर सेक्सटेण्ट (Sextent) आदि कहलाने में गर्व का अनुभव करते हैं. पाठकों को याद होगा कि विश्व हिन्दी सम्मेलन के प्रथम तीन कन्वेंशन–नागपुर, मॉरीशस एवं नई दिल्ली में कितने उत्साहपूर्वक मनाए गए थे, परन्तु तदुपरान्त वे एकदम ढीले पड़ गए. वे अभी भी आयोजित किए जाते हैं, परन्तु औपचारिकता का निर्वाह मात्र करने के लिए, मन लकीर पीटने के लिए. कारण? नई दिल्ली में आयोजित विश्व हिन्दी सम्मेलन के राज्य सरकारी स्तर पर होने वाली समस्त कार्यवाही अंग्रेजी में देखकर, विदेशी प्रतिनिधियों के मन में वितृष्णा उत्पन्न हो गई और उन्होंने समझ लिया कि हिन्दी के नाम पर इतना बड़ा आयोजन मात्र दिखावा तथा धन, समय एवं शक्ति का दुरुपयोग है. जब हिन्दी भारत में ही स्वीकृत नहीं है, तब अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर उसे कौन ले जा सकेगा?

दिलचस्प बात यह है कि जिस संविधान में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया, उस संविधान ही मूलरूप में अंग्रेजी में लिखा गया था. स्पष्ट है कि इसमें नए हुक्मरानों (अधिकारियों) का भारतीय भाषाओं के प्रति दृष्टिकोण निहित था, जो कालान्तर में अंग्रेजी के पक्ष में खुलकर सामने आ गया. कहने की आवश्यकता नहीं है कि प्रधानमंत्री (स्व.) पं. जवाहरलाल नेहरू के हृदय में अंग्रेज व अंग्रेजी के प्रति एक बहुत ही कोमल स्थान सुरक्षित था. भारत का नाम इण्डिया रखना, भारत का प्रथम गवर्नर जनरल एक अंग्रेज को बनाना, भारत को राष्ट्रकुल (Commonwealth) का सदस्य बनाना, अंग्रेजी को भारत की राजभाषा बनाना उनके अंग्रेजीयत के प्रति मोह के प्रमाण हैं. वह वस्तुतः सांस्कृतिक क्षेत्र में इंगलैण्ड की तथा आर्थिक क्षेत्र में सोवियत संघ की कलमें लगाने के लिए लालायित थे और अपने इस प्रयत्न में वह बहुत कुछ सफल भी हुए.

वस्तुतः सन् 1947 में सत्ता हस्तांतरण के बाद भारत में भाषा के प्रश्न को आम जनता की आजादी, समता एवं लोकतंत्र के व्यापक परिप्रेक्ष्य में रखकर देखने की कोशिश ही नहीं की गई. पं. नेहरू एवं उनकी संस्था कांग्रेस को तो छोड़िए, किसानों, मजदूरों एवं तमाम निचले वर्गों की राजनीति करने वाले वामपंथियों ने भी भारत में अंग्रेजी भाषा के जनविरोधी शोषणपरक प्रयोग को समझने की कोशिश नहीं की और न इसके विरुद्ध किसी प्रकार का आन्दोलन करने की आवश्यकता का अनुभव ही किया. इतना ही नहीं, वे लोग भी अंग्रेजी के मोह द्वारा ग्रसित बने रहे. प्रधानमंत्री (स्व.) लालबहादुर शास्त्री ने जब हिन्दी को प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया तब वामपंथियों के गढ़ दक्षिण भारत में उसका इतना प्रबल एवं उग्र विरोध हुआ कि उन्हें अपना कदम वापस लेना पड़ा और साथ ही यह वचन भी देना पड़ा कि जब तक भारत का एक भी राज्य हिन्दी का विरोध करेगा, तब तक हिन्दी को राजभाषा घोषित नहीं किया जाएगा. इस संदर्भ में एक दुःखद पक्ष यह भी द्रष्टव्य है कि अपने को स्वतन्त्र भारत के स्वतन्त्र नागरिक कहने वाले अनेक स्वनामधन्य नेता हिन्दी का विरोध तो करते रहे, परन्तु किसी ने भी अपनी क्षेत्रीय भाषा के पक्ष में आवाज नहीं उठाई. राजभाषा का प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी के मध्य विवाद बन कर रह गया. हिन्दी की प्रतिस्पर्धा में यदि किसी भारतीय भाषा को खड़ा किया जाता, तो कम-से-कम भारतीय अस्मिता का प्रश्न तो सुरक्षित बना रहता. हिन्दी विरोधियों ने वस्तुतः अपनी नाक कटा कर हिन्दी का अपशकुन करने जैसा अकृत्य कर डाला. भाषाई आत्महत्या का ऐसा उदाहरण विश्व इतिहास में खोजने पर भी नहीं मिल सकेगा. ये लोग यह बात अभी तक नहीं समझ पाए हैं कि राजनीति, शासन, प्रशासन आदि में अगर अंग्रेजी का वर्चस्व टूटता है, तो निचले वर्ग के ही लोग आगे आएंगे, जिनकी लड़ाई लड़ने का दावा वे सब करते हैं. इस संदर्भ में हिन्दी के पक्षधर नेताओं की एक भूल की ओर पाठकों का ध्यान आकर्षित करना आवश्यक समझता हूँ. स्वतन्त्रता के बाद कान्स्टीट्यूशन भवन नई दिल्ली में राष्ट्रभाषा परिषद् का आयोजन किया गया था. डॉ. गोदबोलेकर ने उसकी अध्यक्षता की थी. महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन, डॉ. अमरनाथ झा, पद्मभूषण, पं श्रीनारायण चतुर्वेदी प्रभृति हिन्दी सेवी विद्वान उसमें उपस्थित थे. बंगाल के स्वनामधन्य विद्वान श्री सजनीकांत ने बंगला में भाषण करना ज्यों-ही आरम्भ किया, प्रयाग के बान्धवों की ओर से आवाज आई–हिन्दी में बोलिए आदि. अध्यक्ष की व्यवस्था के अनुसार सजनीकांत जी ने बंगला में ही अपना भाषण पूरा किया. उनके बाद कोई भी वक्ता हिन्दी में नहीं बोला, हिन्दी के पुरोधा राहुल जी ने संस्कृत में भाषण किया. हिन्दी के साम्राज्यवाद का नारा सर्वप्रथम कम-से-कम मैंने वहीं सुना था.

हम जानते हैं कि आजादी की लड़ाई के दौरान हिन्दी को अखिल भारतीय संपर्क भाषा के रूप में स्वीकार करने की मानसिकता विकसित हुई थी. यदि स्वतन्त्रता के बाद उस मानसिकता– माहौल –का उपयोग ईमानदारी से किया जाता, तो दक्षिण भारत में हिन्दी के विरोध की स्थिति उत्पन्न कदापि नहीं होती, लेकिन तत्कालीन सत्ताधीशों को अंग्रेजी के जारी रहने में अपनी भलाई दिखाई दी और उन्होंने हिन्दी के विरुद्ध अनेक षड्यन्त्र रचे. उनका परिणाम सामने है.

हिन्दी अपनी व्यापकता एवं लोकप्रियता के कारण भारत की स्वयंसिद्ध राष्ट्रभाषा है. प्रश्न है उसको राजभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करने का. इस संदर्भ में वास्तविक स्थिति को स्पष्ट करने के लिए मैं एक घटना का उल्लेख करना आवश्यक समझता हूँ. एक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वयोवृद्ध स्वतन्त्रता सेनानी आचार्य पं. जुगल किशोर चतुर्वेदी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के सम्मुख इस आशय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था कि संघ का समूचा कामकाज हिन्दी के माध्यम से ही किया जाने की कोई अवधि निश्चित की जानी चाहिए जिससे हमारी दीर्घकालीन दासता की द्योतिका विदेशी अंग्रेजी भाषा यहाँ अनन्त काल तक अपना अस्तित्व बनाए नहीं रख सके. इस प्रतिवेदन के उत्तर में प्रस्तुत टिप्पणी इस प्रकार है–

"संविधान के अनुच्छेद 343/1 के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी है तथा अनुच्छेद 343/2 के अन्तर्गत संविधान के प्रारम्भ में 15 वर्ष की अवधि तक अंग्रेजी के प्रयोग को जारी रखा गया है. राजभाषा अधिनियम 1983 की धारा 3/1 के अधीन हिन्दी के अतिरिक्त अंग्रेजी के प्रयोग को राजकीय प्रयोजनों के लिए जारी रखने का प्रावधान है तथा अधिनियम की धारा 3/5 में यह प्रावधान है कि अंग्रेजी का प्रयोग तब तक जारी रहेगा जब तक अंग्रेजी भाषा का प्रयोग समाप्त कर देने के लिए ऐसे सभी राज्यों के विधानमण्डलों द्वारा जिन्होंने हिन्दी को अपनी राज्यभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, संकल्प पारित नहीं किए जाते तब तक उन संकल्पों पर विचार कर लेने के पश्चात् ऐसी समाप्ति के संसद के दोनों सदनों द्वारा संकल्प नहीं कर लिया जाता. इन व्यवस्थाओं के अन्तर्गत संघ का समूचा कामकाज हिन्दी के माध्यम से किए जाने की कोई अवधि निश्चित नहीं की जा सकती."

स्पष्ट है कि वर्तमान व्यवस्था के अन्तर्गत निकट भविष्य में हिन्दी के राजभाषा बनने की कोई सम्भावना नहीं है. तब दो प्रश्न उठते हैं–(1) हिन्दी-दिवस मनाने का क्या उपयोग है तथा (2) हिन्दी राजभाषा किस प्रकार बने प्रथम प्रश्न के उत्तरस्वरूप यही कहा जा सकता है कि जिस रूप में हम हिन्दी-दिवस मनाते हैं, वह सर्वथा व्यर्थ है, हिन्दी का स्यापा (शोकसभा) करना है अथवा अपनी नपुसकता का ढिंढोरा पीटना है.

द्वितीय प्रश्न के उत्तर के स्वरूप हमारे सामने दो मार्ग हैं–हम लोकसभा में ऐसे प्रतिनिधि भेजें जो हिन्दी को बनवास देने वाली संविधान की धाराओं को समाप्त कर सकें, अथवा हम सरकार को प्रत्येक पत्र हिन्दी में भेजें और उसका उत्तर अंग्रेजी में प्राप्त होने पर विरोधस्वरूप उसको वापस भेज दें और आग्रह करें कि हिन्दी में लिखे गए पत्र का उत्तर हिन्दी में ही प्राप्त होना चाहिए.

प्रसन्नता का विषय है कि प्रायः समस्त प्रतियोगिताओं में हिन्दी माध्यम स्वीकृत है तथा अनेक परीक्षार्थी एवं प्रतियोगी माध्यम के रूप में हिन्दी को अपनाने लगे हैं और उच्च स्थान प्राप्त कर रहे हैं. अतः हमें आशा करनी चाहिए कि सरकारी स्तर पर के बावजूद हिन्दी को राजभाषा का हो जाएगा–कम-से-कम व्यावहारिक स्मरणीय यह है कि हिन्दी को कभी प्राप्त नहीं हुआ है. मुसलमा आक्रमणों के मध्य उसका जन्म हुआ उनके शासनकाल में वह अनपढ़ों की रही, क्योंकि फारसी शासन की ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजी का रहा और अंग्रेजों के मानसपुत्र हिन्दी पिछड़ेपन की निशानी बताते रहे.

हिन्दी जनता की भाषा रही है प्रकृति उस दूब की तरह है जो उखाड़े जाने पर भी उग आती है सीमेण्ट का प्लास्टर कर देने पर दरारें बनाकर झाँकने और लहराने है. हमें पूर्ण विश्वास है कि हिन्दी भविष्य में जनता द्वारा प्रयुक्त राजभाषा का मुकुट धारण करेगी. हिन्दी शब्द भण्डार इस बात का प्रमाण है कि एक ऐसा समुद्र है जिसमें समस्त एवं अनेक विदेशी भाषारूपी नदियाँ जल उँड़ेलती रही हैं.

गांधी शांति प्रतिष्ठान से जुड़ी कार्यकर्ता अमृता शर्मा का यह कथन महत्वपूर्ण है "स्कूल में हिन्दी बोलने पर जुर्माना राष्ट्र और राष्ट्रभाषा का अपमान है. हम क्यों भूल जाते हैं कि हिन्दी से कट हिन्दुस्तान में रहने वाले का अस्तित्व क्या रहेगा?"

एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा
कक्षा 8 के परीक्षार्थियों के लिए
मूल्य : 110/-

उपकार

परिशिष्ट
वस्तुनिष्ठ प्रकार
मूल्य : 20/-

पाठकों के लिए विशेष

उत्तर प्रदेश शासन के निर्णय के अनुसार इस वर्ष एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा 2000 में प्रश्न-पत्रों की एक बुकलेट होगी जिसमें चार खण्ड होंगे.

प्रथम खण्ड (हिन्दी), द्वितीय खण्ड (गणित), तृतीय खण्ड (सामाजिक अध्ययन), चतुर्थ खण्ड (सामान्य विज्ञान)

प्रत्येक खण्ड में 50 प्रश्न होंगे, कुल 200 प्रश्न होंगे. सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे, प्रश्नों की बुकलेट के साथ उत्तर पत्रक दिया जाएगा. परीक्षार्थियों को प्रश्नों के अनुरूप उत्तर पत्रक पर सही स्थान पर गोला (○) लगाकर उत्तर देने होंगे. इनका मूल्यांकन कम्प्यूटर द्वारा किया जाएगा. अतः उत्तर-पत्रक पर सही स्थान पर गोला (○) बनाने में विशेष सतर्कता अपनानी होगी. परीक्षा के पूर्णांक 200 (दो सौ अंक) होंगे. समय तीन घण्टे प्रातः 7 से प्रातः10 बजे होगा.

परीक्षा के इस परिवर्तन से परीक्षार्थियों को पूर्ण अवगत कराने तथा शासन द्वारा स्वीकृत मानदण्डों के अनुसार उनका मार्गदर्शन करने के लिए दो मॉडल प्रश्न-पत्र, पूर्ण हल एवं व्याख्या सहित, परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित किए जा रहे हैं. परीक्षार्थियों को उनके हित में यह परामर्श दिया जाता है कि वह इन मॉडल प्रश्न-पत्रों को मनोयोग से हल करें तथा उत्तर अंकित करने का अभ्यास करें. इसके साथ ही हमारी 'उपकार एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा' का अध्ययन अवश्य करें, जिसमें पूरे पाठ्यक्रम के साथ पिछले 10 वर्षों के प्रश्न-पत्र दिए गए हैं जिनके अनुसार ही इस परीक्षा के प्रश्न-पत्रों का निर्माण किया जाएगा.

उपकार प्रकाशन 2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002

नवीन प्रस्तुति

उपकार
संस्कृत
निबन्ध-निकर

[संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षाओं तथा बी.ए. और एम.ए. की परीक्षाओं हेतु]

लेखक
डॉ. मिथिलेश पाण्डेय

मूल्य
50 रुपए

सभी पुस्तक विक्रेताओं के पास उपलब्ध अथवा 25 रुपए का मनीऑर्डर निम्नलिखित पते पर भेजकर पुस्तक वी.पी.पी. द्वारा प्राप्त करें–

उपकार प्रकाशन
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा-3
फोन : 323966, 323101, 322930; फैक्स : (0562) 351
e-mail : upkar @nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत में कागज उद्योग

✍ शैलेन्द्र कुमार मिश्र

प्राचीनकाल से ही भारत को साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में विश्व का गुरु माना जाता है. यहाँ पर ताड़पत्रों, भोजपत्रों एवं हस्त पत्रियों को लिखने के काम लाया जाता था. ऐसा माना जाता है कि मुगलकाल में भारत में कागज बनाने का काम आरम्भ हुआ था.

उद्योग की उत्पत्ति एवं विकास

भारत में पहला आधुनिक कागज कारखाना सन् 1812 में सीरामपुर, हुगली (पश्चिम बंगाल) में स्थापित हुआ था, परन्तु यह सफल नहीं रहा. इसके बाद सन् 1867 में हावड़ा जिले के बाली नामक स्थान पर कागज का कारखाना स्थापित हुआ. जिसका उत्पादन सन् 1870 में शुरू हुआ. इसके पश्चात् तो देश में कई बड़ी मिलों की स्थापना हुई. जिनमें टीटागढ़ पेपर मिल (1881) टीटागढ़ (पश्चिम बंगाल) अपर इण्डिया पेपर मिल-लखनऊ, बंगाल पेपर मिल-रानीगंज (पश्चिम बंगाल) प्रमुख थीं. बम्बई, मद्रास एवं पूना में भी कागज मिलों की स्थापना की गई, परन्तु वे सफल नहीं हो सकीं.

प्रथम विश्व के पूर्व तक कागज की माँग की पूर्ति विदेशों से कागज का आयात करके होती थी. प्रथम विश्व युद्ध के समय अचानक विदेशों से आपूर्ति ठप्प हो गई. माँग के अनुसार आपूर्ति नहीं हो पा रही थी. इस स्थिति के बाद ही कागज उद्योग को अपना विकास करने का अवसर प्राप्त हो सका. प्रथम विश्व युद्ध के बाद स्टार पेपर मिल सहारनपुर, गोपाल पेपर मिल-जगधारी, कर्नाटक पेपर मिल-राज महेन्द्री में स्थापित हुई सन् 1925 तक पेपर मिलों की संख्या भारत में 9 हो गई तथा उत्पादन क्षमता 33 हजार टन वार्षिक हो गई. सन् 1925 में ही कागज उद्योग को सरकार द्वारा संरक्षण दिया गया, जो 1947 तक जारी रहा. बीच के वर्षों में संरक्षण की अवधि समय-समय पर बढ़ाई गई.

कागज उद्योग का सर्वाधिक विकास योजनाकाल में हुआ. इस काल में नई-नई मिलें स्थापित की गईं एवं पुरानी मिलों को अपना विकास करने का अवसर दिया गया. योजनाकाल की एक और विशेषता यह रही कि कई मिलें सार्वजनिक क्षेत्र में सरकार द्वारा स्थापित की गईं जिनमें नेशनल न्यूजप्रिंट एण्ड पेपर मिल्स लिमिटेड (नेपा) की स्थापना 1955 में नेपानगर (मध्य प्रदेश) एवं सिक्योरिटी पेपर मिल–होशंगाबाद (मध्य प्रदेश) की स्थापना प्रमुख है. योजनाकाल में कागज उद्योग का विकास तालिका नं. 1 से स्पष्ट है–

तालिका नं. 1

वर्ष	उत्पादन (हज़ार टन में)
1950–51	116
1960–61	349
1970–71	755
1980–81	1,149
1990–91	2,088
1994–95	3,100
1995–96	3,540

वर्तमान समय (1996 के अन्त में) में भारत में 302 मिलें हैं जिनकी राज्यवार स्थिति एवं उत्पादन क्षमता तालिका नं. 2 में दी जा रही है–

तालिका नं. 2

राज्य	पेपर मिलों की संख्या	उत्पादन क्षमता (टन प्रति वर्ष) 31–12–1996
आन्ध्र प्रदेश	22	5,61,750
असम	04	2,28,000
बिहार	05	28,100
गुजरात	39	2,81,580
हरियाणा	15	1,31,160
हिमाचल प्रदेश	10	36,800
कर्नाटक	17	2,67,800
केरल	03	1,88,000
मध्य प्रदेश	14	2,65,850
महाराष्ट्र	49	5,35,370
नागालैण्ड	01	33,000
उड़ीसा	08	1,96,600
पंजाब	18	1,84,400
राजस्थान	07	35,450
तमिलनाडु	21	2,63,800
उत्तर प्रदेश	49	3,52,300
पश्चिम बंगाल	19	2,71,635
पांडिचेरी	01	9,000
कुल	302	38,70,195

अखबारी कागज

इस समय (1996 तक) देश में 26 मिलें अखबारी कागज का उत्पादन कर रही हैं. इनकी वार्षिक क्षमता 6.40 लाख टन है. 20,000 टन वार्षिक क्षमता वाली रॉयल सीमा पेपर मिल बन्द पड़ी है. वैसे तो भारत में अखबारी कागज की खपत का ज्यादा भाग भारतीय मिलों के उत्पादन से ही पूरा हो जाता है बाकी जो थोड़ी कमी होती है उसका आयात करना पड़ता है.

उद्योग की समस्याएं

कागज उद्योग की कई समस्याएं हैं जिनमें कच्चे माल की कमी, ऊँची उत्पादन लागत, आधुनिक मशीन एवं उपकरणों का अभाव, उत्पादन लागत अधिक होने से लाभ की मात्रा में कमी, अखबारी कागज का अभाव, कच्चे माल की कमी से पूरी क्षमता का उपयोग न हो पाना आदि समस्याएं प्रमुख हैं.

कागज के उत्पादन में बाँस एवं सवाई घास प्रमुख कच्चा माल है. इन दोनों ही वस्तुओं की भारत में कमी है और बढ़ती हुई माँग की आपूर्ति करने में असमर्थ है. कच्चे माल के अभाव के कारण यह उद्योग अपनी पूरी क्षमता का 60% भाग ही प्रयोग कर पाता है.

दूसरी प्रमुख समस्या ऊँची लागत की है. यह उद्योग अपनी क्षमता का कच्चे माल या बिजली की कमी या मजदूरों की हड़ताल के कारण पूरा-पूरा उपयोग नहीं कर पाता. इसके साथ ही उत्पादन कर का भार अधिक है. इन सब कारणों से लागत ऊँची पड़ती है.

तीसरी समस्या आधुनिक मशीनों का अभाव है. आज अधिकांश मिलों में पुरानी मशीनें हैं. उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिकीकरण बहुत आवश्यक है. यद्यपि भारत में ही मशीनें बनने लगी हैं फिर भी कमी है, विदेशों से नई मशीनें मँगाने में विदेशी मुद्रा का विनिमय भी एक समस्या है.

चौथी समस्या लाभ की कमी है. अपनी क्षमता का पूरा उपयोग न हो पाना, ऊँची लागत एवं विद्युत् व्यय, मजदूरों की बढ़ती मजदूरी इसके प्रमुख कारण हैं. लाभ की कमी की वजह से नया विनियोग प्रोत्साहित नहीं हो पा रहा है.

पाँचवीं समस्या अखबारी कागज का अभाव है. सरकारी मिल नेपा इसका उत्पादन

शेष पृष्ठ 1582 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृषि लेख

भारत में तिलहन उत्पादन
(एक सिंहावलोकन)

✍ डॉ. सरिता पाण्डेय

भारत एक कृषि प्रधान राष्ट्र है. यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि से सम्बन्धित विविध कार्य हैं. आज भारत कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है. हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने कृषि में नए-नए अनुसंधान कार्य कर काफी उपलब्धियाँ हासिल कर ली हैं. देश की स्वतंत्रता के बाद हम देश के कृषि उत्पादन का यदि तुलनात्मक अध्ययन करें, तो देखते हैं कि अस्सी के दशक से अब तक के कृषि उत्पादन में बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है. हरित, श्वेत एवं नीली क्रान्ति के साथ **पीत क्रांति** भी तिलहन के उत्पादन की उस वृद्धि की तरफ संकेत करती है जिससे कि हम तिलहन के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर हो गए हैं. यह वृद्धि नब्बे के दशक में लगभग दोगुनी हो गई है. अस्सी के दशक में जो भारत तिलहन का बहुत बड़ा आयातक था. आज तिलहन उत्पादन में विश्व में तीसरे स्थान पर है. भारत की कृषि जलवायु सम्बन्धी स्थितियाँ नौ वार्षिक तिलहनों के अनुकूल हैं जिनमें सात खाद्य तिलहन (सरसों, सूरजमुखी, मूँगफली, सोयाबीन, तिल, कुसुम एवं रामतिल) तथा दो अखाद्य तिलहन (अरंडी एवं अलसी) हैं. इनके अलावा भी यहाँ की जलवायु तिलहन के अन्य स्रोतों के अनुकूल भी है, जैसे–पाम आइल एवं नरियल आदि. इतना ही नहीं अन्य अपरम्परागत स्रोतों से भी, जैसे महुआ, बिनौला, चावल की भूसी, नीम एवं आम की गुठली के बीज, मक्का, बाजरा, करंज, कुसुम, नींबू प्रजाति के फलों के छिलके आदि से 2.5 मिलियन टन तेल प्राप्त किया जा सकता है.

प्राप्त आँकड़ों का आकलन करें तो देखते हैं कि वर्ष 1998–99 के दौरान लगभग 256 लाख टन तिलहन का उत्पादन हुआ, जो पिछले 1996-97 तथा 1997-98 के वर्षों की तुलना में बहुत अधिक है. इन सबके बावजूद जबकि भारत लक्षित उत्पादन के इतने अधिक समीप था फिर भी इसने 16 लाख टन के लगभग वनस्पति तेल का आयात किया. इस प्रकार विदेशी तेलों के आयात का प्रतिकूल प्रभाव देशी तिलहनों के उत्पादन पर पड़ा. इतना ही नहीं पूरे देश में लोगों को निम्न स्तर के मिलावटी खाद्य तेलों का प्रयोग करना पड़ा जिससे पिछले वर्ष कई लोग ड्रॉप्सी नामक जानलेवा बीमारी के शिकार हुए. यदि अब हम सजग नहीं रहेंगे तो आने वाली सदी में भी इसी प्रकार के दुष्परिणाम सामने चुनौती बन खड़े रहेंगे. आखिर इन सबका जिम्मेदार है कौन? शायद इसका उत्तर प्रत्यक्ष रूप से मिल पाना मुश्किल है. इस विषय पर गहन चिंतन की आवश्यकता है. इसके कई तकनीकी एवं गैर तकनीकी, जैसे–संस्थागत, कृषिगत, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक, कई जैविक एवं अजैविक कारण हो सकते हैं. इन समस्याओं का निदान करना अति आवश्यक हो गया है.

तिलहनों की खेती के क्षेत्र–भारत में 14 राज्य तिलहन उत्पादक क्षेत्र हैं जिनमें आठ राज्यों में भारत के कुल तिलहन उत्पादन का लगभग 90 प्रतिशत भाग पैदा होता है. ये राज्य क्रमिक रूप से मध्य प्रदेश, राजस्थान, आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश एवं तमिलनाडु हैं. इनमें भी मध्य प्रदेश मुख्य तिलहन उत्पादक राज्य है, इन राज्यों में तोरिया-सरसों की पैदावार सबसे अधिक होती है. चूँकि बढ़ती आबादी एवं औद्योगिकीकरण के कारण कृषि क्षेत्र प्रभावित एवं संकुचित हुए हैं अतः क्षेत्र में शीघ्रता से तो विस्तार की सम्भावना सीमित है. आज के दौर में माँग एवं आपूर्ति के मध्य दूरी घटाने हेतु उत्पादकता में ही वृद्धि करना उचित होगा. इसके लिए कृषकों को प्रौद्योगिकी का खुलकर उपयोग करना होगा. हालांकि भारत जैसे विकासशील देश में प्रौद्योगिकी सम्बन्धी कोई विशेष समस्या आड़े नहीं आती. यहाँ बात तो प्राथमिकता देने की आती है, यहाँ मुख्य अनाजों एवं अन्य नकदी फसलों के लिए जितने उत्साहपूर्वक प्रौद्योगिकी के प्रयोग में [illegible] आगे. आते देखे गए हैं. तिलहन के [illegible] में उतनी रुचि नहीं दिखाते. शायद [illegible] कारण भी है कि इसकी खेती के [illegible] अधिकतर किसान मानसून पर निर्भर [illegible] हैं जिसकी वजह से तिलहन के उत्पादन [illegible] अस्थिरता उत्पन्न हो गई है. देश के [illegible] तिलहन क्षेत्र का करीब 24 प्रतिशत [illegible] सिंचित है. फसल वृद्धि के समय सिंचाई [illegible] अति आवश्यक है अतः तिलहन [illegible] उत्पादकता बढ़ाने के लिए सिंचित क्षेत्र [illegible] विस्तार करना बहुत आवश्यक है. [illegible] अलावा समय-समय पर मृदा की जाँच [illegible] करके उसे पोषित करते रहना जरूरी है. [illegible] अक्सर देखा गया है कि एक ही प्रकार [illegible] फसल खेत से बराबर लेते रहने पर [illegible] मृदा में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है. [illegible] इसके समाधान हेतु कृषक उस क्षेत्र में [illegible] किसी अन्य फसल चक्र को अपनाकर [illegible] सीमा तक मृदा उपचारित कर सकते हैं.

उन्नत तिलहन उत्पादन तकनीकें–तिलहन की खेती के लिए जिस स्तर [illegible] तकनीकी एवं परम्परागत फसलों का उत्पादन [illegible] किया जाता है उनके अलावा कुछ [illegible] व्यवसायिक स्तर पर लाभान्वित करने [illegible] फसलें भी हैं जिनको अब तक या तो [illegible] उपयोग में नहीं लिया गया है. अथवा उत्पादन [illegible] व्यावसायिक एवं व्यावहारिक स्तर पर उत्पादन [illegible] नहीं किया जाता है. उन्नत तिलहन उत्पादन [illegible] प्रौद्योगिकियों की उत्पादन क्षमता वर्तमान में [illegible] प्राप्त होने वाले उत्पादन से बहुत ज्यादा है. [illegible] किसानों द्वारा इनका उपयोग करने पर [illegible] परम्परागत कृषि की तुलना में 25 से 15[illegible] प्रतिशत तक की वृद्धि आँकी गई है. पिछले [illegible] दो दशकों में वार्षिक तिलहनों की 240 [illegible] लगभग उन्नत या संकर किस्में विकसित की [illegible] गईं (सारणी–1). इन किस्मों से स्थानीय [illegible] किस्मों की तुलना में 9–38 प्रतिशत तक [illegible] उत्पादन में वृद्धि हुई. हमारे वैज्ञानिकों [illegible]

सारणी–1

तिलहनों की विकसित किस्में/संकरों की सूची

फसल	किस्में/संकर
तोरिया-सरसों	वाई. एस. बी. एन. सी.-1, पी. बी. आर.–91, पी. बी. टी.–37, पी. [illegible] आर.–7, बी. आई. ओ.–902, 321–92, 322–93, जी. एस. एल.–2, शीतल [illegible] पी. सी.–5, वरुना.
सूरजमुखी	पी. ए. सी.–36, ज्वालामुखी, एम. एस. एफ. एच.–17, के. बी. एस. एच.–1 [illegible] टी. एन. ए. यू. एस. यू. एफ.–7, पी. एस. एफ. एच.–67.
मूँगफली	टी. जी.–26, बी–95, के–134, बी. ए. यू.–13, टी. के. जी.–19ए, टी [illegible] जी.–24, आई. सी. जी. एस.–5, डी. आर. जी.–12.
सोयाबीन	पी. के.–1024, 1029, वी. एल. एस.–21, जे. एस.–335, एम. ए. सी. एस.– [illegible] 57, 124.
तिल	आर. टी.–125, टी.–78, आर. टी.–103, 54.
अरण्डी	डी. सी. एच.–32, जी. सी. एच.–4 डी. सी. एस.–9 (ज्योति), 30 संकर.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दर्शाया है कि अभी अन्य किस्मों को विकसित करके 50 प्रतिशत से अधिक पैदावार बढ़ाने में भा. कृ. अ. सं. द्वारा तैयार की गई तोरिया की पूसा बोल्ड किस्म को किसानों ने व्यापक रूप से अपनाया है. इससे तेलों के आयात पर प्रतिवर्ष 60 करोड़ 40 लाख रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है. इसी संस्थान द्वारा जारी की गई सरसों की एक पूर्व व्यावसायिक किस्म **पूसा जयकिसान** जिसकी उपज क्षमता 18.7 क्वि/हे. तथा तेलांश 37.4 प्रतिशत है. इतना ही नहीं इसी संस्थान के जैव तकनीकी विभाग द्वारा जारी दो अन्य किस्में **बायो-321-93** एवं **बायो 322-93** क्रमशः 20 एवं 26 प्रतिशत पूसा जयकिसान से अधिक उपज देती हैं तथा फसल तैयार होने में हफ्ता भर समय भी कम लगता है (सारणी–2). वैज्ञानिकों ने तिलहनों में तेल के अंश बढ़ाने, पौधों में प्रतिरोधन क्षमता बढ़ाने एवं फसलों के पकने का समय कम करने सम्बन्धी प्रयासों में काफी सफलता प्राप्त कर ली है. हमारे देश में विभिन्न दशाओं की तिलहनों की उन्नत किस्मों से अधिकाधिक पैदावार बढ़ाने हेतु कुशल फसल प्रबन्धन किए गए हैं जो कृषकों को सुगमता से उपलब्ध हो जाते हैं. पैदावार बढ़ाने के लिए आनुवंशिक संसाधनों के प्रयोग के साथ-साथ इनका संग्रह एवं विकास भी जरूरी है. इस समय हमारे देश के राष्ट्रीय-पौध आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो नई दिल्ली ने अकेले ही तिलहनी फसलों की 18,000 से अधिक प्रजातियाँ संगृहीत कर रखी हैं.

वैकल्पिक एवं पूरक स्रोत–जैसा कि हम पहले भी वर्णन कर चुके हैं कि परम्परागत तिलहनों के अलावा अन्य स्रोतों से भी तेल प्राप्त किया जा सकता है एवं इन्हें रोज़मर्रा का मुख्य अंग बनाया जा सकता है, लेकिन स्थिति यह है कि इतने विकासशील देश में जबकि तिलहन की माँग तुरन्त के मुख की भाँति लगातार बढ़ती जा रही है. इन स्रोतों का उपयोग तुलनात्मक दृष्टि से बहुत कम है. आई. सी. एम. आर. द्वारा सस्तुति की गई है कि प्रति सामान्य व्यक्ति को प्रतिदिन 20 ग्राम वसा/तेल की खपत है, जबकि आँकड़े बताते हैं कि सन् 1960–61 में कुल 11 ग्राम वसा/तेल प्रति व्यक्ति प्रतिदिन बहुत मुश्किल से उपलब्ध था, जो सन् 1995–96 में ये खपत बढ़कर 22.5 ग्राम तक हो गई. तिलहन की माँग दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तथा दूसरी तरफ इसकी उत्पादकता वृद्धि में अस्थिरता एवं समस्याएं हैं. अतः हमें सर्व-प्रथम उत्पादकता वृद्धि में स्थिरता लानी होगी एवं तेलों के अन्य स्रोतों पर भी ध्यान देना होगा. भारत में पूरक/गौण स्रोतों की क्षमता 32 लाख टन के आस-पास है जिसमें से कुल 14 लाख टन की क्षमता का उपयोग हो पा रहा है. इनसे खाद्य एवं अखाद्य दोनों प्रकार के तेल प्राप्त किए जा सकते हैं. इनमें से कुछ के नाम हैं–बिनौला, महुआ, धान की भूसी, मक्का, यूकेलिप्टस, नींबू, लौंग, चन्दन, बन अजवाइन, चकोतरा, गुलाब, चमेली आदि. इसके अलावा खाद्य तेल के दो अन्य महत्वपूर्ण वैकल्पिक एवं दीर्घकालिक स्रोत हैं, ये हैं–ताड़ (पाम) एवं नारियल. इस समय देश के वनस्पति तेलों के उत्पादन में नारियल तेल की 6 प्रतिशत की भागीदारी है. आजकल देश के 11 राज्य इसकी खेती के प्रयास में संलग्न हैं. परम्परागत क्षेत्रों, जैसे–केरल, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक एवं पश्चिमी बंगाल के अलावा अब इसे अपरम्परागत क्षेत्रों, जैसे, उत्तरी एवं उत्तरी-पूर्वी राज्यों (मध्य प्रदेश, बिहार, असम, त्रिपुरा एवं अरुणाचल प्रदेश) में भी इसका विस्तार हो रहा है. दो दशक पहले के नारियल की उत्पादकता की तुलना करने पर हम देखते हैं कि 4,985 नट/हे. से उत्पादकता बढ़कर वर्ष 1996-97 तक 6,865 नट/हे. हो गई. पाम उत्पा-दित क्षेत्र वर्तमान में 8 लाख हे. के लगभग है तथा इसे भी 11 राज्यों में प्रोत्साहन मिला है. खाद्य तेलों की आपूर्ति वृद्धि के साथ ही साथ अखाद्य तेलों की पैदावार को भी बढ़ाना अति आवश्यक हो गया है, क्योंकि खाद्य तेलों के साथ-साथ अखाद्य तेलों के अन्य स्रोतों का उपयोग नहीं होगा, तो शायद इसकी बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए खाद्य तेलों से उसकी आपूर्ति करनी पड़ेगी जो आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यन्त हानि-कारक है.

आज जबकि समग्र नीतियों के कारण तिलहन उत्पादन में जो बदलाव आया है, जैसे–

- वनस्पति तेलों में आत्मनिर्भरता,
- उत्पादकता वृद्धि की अस्थिरता में कमी,
- विदेशी मुद्रा में बढ़त,
- स्पष्ट नीति प्रबन्धन,

उपर्युक्त बदलाव के बावजूद भी हमें आने वाले वर्षों में कुछ नीतिगत उपाय अपनाने होंगे, जैसे–

- अप्रत्यक्ष कर सुधारों एवं उनमें एक-रूपता की आवश्यकता,
- समर्थन मूल्य की घोषणा में कृषकों एवं अनुसंधानकर्त्ताओं को सही दिशा देने हेतु सिद्धान्त रूप में गुणवत्ता पर विचार करना चाहिए,
- मौसम के अनुसार परिवर्तनशील आयात शुल्क की अनुमति,
- आयात में उदारीकरण की सीमा निर्धारित करना,
- प्रौद्योगिकी विकास के द्वारा उत्पादकता की वृद्धि में स्थिरता बनाए रखना,
- कुशल सिंचाई जल नीति,
- संकर किस्मों के विकास एवं अनुसंधान पर अतिरिक्त ध्यान.

उपर्युक्त कुछ उपायों पर ध्यान देने से तिलहन उत्पादन एवं उत्पादकता वृद्धि में दीर्घकालिक स्थायित्व आने की सम्भावना है.

●●●

सारणी–2

सरसों की कुछ संकर किस्मों का चार वर्षों की उत्पादिता का तुलनात्मक विवरण

हेतु/किस्में	उत्पादिता (किग्रा/हे.)				औसत उत्पादिता (किग्रा/हे.)
	1996-97	1995-96	1994-95	1993-94	
बी. आई.ओ. 321–93	4092.3	3841	2986	3483	3600.6
बी.आई.ओ. 322–93	4137.0	3831	3590	3483	3760.3
पूसा जयकिसान	3561.6	3414	2604	2370	2987.4
स्वरना	3512.0	2813	2604	2370	2824.7

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य अध्ययन

1. कौनसा स्थान वर्द्धमान महावीर के महाप्रयाण से जुड़ा है?
(A) वैशाली (B) कुण्डग्राम
(C) पावापुरी (D) नालंदा

2. अश्वघोष किनके दरबार में थे?
(A) अशोक (B) कनिष्क
(C) हर्षवर्द्धन (D) चन्द्रगुप्त II

3. किस वंश के पतन में हूणों का आक्रमण एक प्रमुख कारण रहा?
(A) मौर्य वंश (B) गुप्त वंश
(C) कुषाण वंश (D) कलचुरि वंश

4. किसने 'अष्टांग मार्ग' अपनाने की शिक्षा दी?
(A) महावीर (B) बुद्ध
(C) कृष्ण (D) चार्वाक

5. 'कर्ज लेकर घी पियो' यह किनका दर्शन था?
(A) घोषाल (B) अजित
(C) चार्वाक (D) नागार्जुन

6. मिलिन्दपन्हो पुस्तक में प्रश्नों का उत्तर देने वाले कौन हैं?
(A) नागार्जुन (B) नागसेन
(C) अश्वघोष (D) चरक

7. 'सकलोत्तरापथनाथ' किसे कहा गया है?
(A) हर्षवर्द्धन
(B) समुद्रगुप्त
(C) चन्द्रगुप्त
(D) अशोक

8. किस आक्रमणकारी ने नालंदा विश्व-विद्यालय को नष्ट किया?
(A) कुतुबुद्दीन ऐबक
(B) बख्तियार खिलजी
(C) यल्दौज
(D) कुबाचा

9. मोहम्मद तुगलक अपनी राजधानी को दिल्ली से कहाँ ले गया था?
(A) पाटलिपुत्र (B) देवगिरि
(C) कलकत्ता (D) आगरा

10. अकबर के शासनकाल में भूमि-व्यवस्था किसके जिम्मे थी?
(A) मानसिंह (B) बीरबल
(C) टोडरमल (D) अबुलफजल

11. पुर्तगालियों ने किस वर्ष गोआ पर अधिकार किया था ?
(A) 1500 ई. (B) 1600 ई.
(C) 1510 ई (D) 1610 ई.

12. शारदा एक्ट किससे सम्बन्धित है?
(A) विधवा विवाह से
(B) बाल विवाह से
(C) दहेज प्रथा से
(D) सती प्रथा से

13. दिल्ली की गद्दी पर बैठने वाली पहली महिला शासिका कौन थी?
(A) नूरजहाँ (B) रजिया
(C) ताराबाई (D) येसूबाई

14. शिवाजी की मृत्यु किस वर्ष हुई थी?
(A) 1774 ई. में (B) 1780 ई. में
(C) 1784 ई. में (D) 1790 ई. में

15. ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(A) 1500 ई. में (B) 1600 ई. में
(C) 1700 ई. में (D) 1800 ई. में

16. शिकागो अधिवेशन में किस भारतीय ने हिन्दू धर्म का प्रचार-प्रसार किया?
(A) स्वामी दयानन्द
(B) स्वामी रामतीर्थ
(C) स्वामी सहजानन्द
(D) इनमें से कोई नहीं

17. अगस्त 1947 में भारतीय संघ में निम्नलिखित में से कौन-कौन से क्षेत्र शामिल नहीं थे?
(A) हैदराबाद
(B) जम्मू-कश्मीर
(C) उपर्युक्त दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

18. 1946 ई. में भारत में आने वाले मिशन में निम्नलिखित में से कौन शामिल थे?
(A) लॉर्ड पैथिक लारेंस
(B) स्टीफन क्रिप्स
(C) ए.वी. अलेक्जेन्डर
(D) उपर्युक्त तीनों शामिल थे

19. 1919 ई. के भारत शासन अधिनियम को किस बात के लिए याद किया जाता है?
(A) प्रान्तीय स्वशासन
(B) द्वैध शासन
(C) मौलिक अधिकार
(D) मौलिक कर्त्तव्य

20. स्वराज्य पार्टी के नेताओं में कौन नहीं थे?
(A) मोतीलाल नेहरू
(B) चितरंजन दास
(C) वल्लभ भाई पटेल
(D) विट्ठल भाई पटेल

21. नासिक षड्यंत्र केस के मुख्य अभियुक्त कौन थे?
(A) रास बिहारी बोस
(B) अनन्त लक्ष्मण कान्हारे
(C) बाल गंगाधर तिलक
(D) भगत सिंह

22. हन्टर कमेटी का गठन क्यों किया गया था?
(A) भारतीय कृषकों की स्थिति का अध्ययन करने के लिए
(B) जलियाँवाला बाग कांड की जांच करने के लिए
(C) भारत में जेलों का अध्ययन करने के लिए
(D) इनमें से कोई नहीं

23. मुक्ति दिवस किस दल ने मनाया?
(A) कांग्रेस
(B) स्वराज्य दल
(C) होमरूल लीग
(D) मुस्लिम लीग

24. भारत में पहली बार स्वाधीनता दिवस कब मनाया गया?
(A) 15 अगस्त, 1947
(B) 26 जनवरी, 1930
(C) 15 अगस्त, 1930
(D) 26 जनवरी, 1947

25. मदन मोहन मालवीय किस पत्र से सम्बन्धित थे?
(A) रस्ट गुफ्तर (B) लीडर
(C) महामना (D) आर्यावर्त

26. 'हिन्ट्स फॉर सेल्फ कल्चर' पुस्तक के लेखक कौन थे ?
(A) लाला लाजपत राय
(B) लाला हरदयाल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(C) वीर सावरकर
(D) दादा भाई नौरोजी

27. किस अधिनियम में साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था की थी?
(A) 1909 का (B) 1919 का
(C) 1935 का (D) किसी में नहीं

28. ताल कुर्त्ती का गठन भारत में किसने किया था?
(A) भगतसिंह ने
(B) खान अब्दुल गफ्फार खान ने
(C) सर सैयद अहमद खान ने
(D) सुभाष चन्द्र बोस ने

29. 'वेदों की ओर लौटो' का नारा किसने दिया था?
(A) स्वामी विवेकानन्द ने
(B) स्वामी दयानन्द ने
(C) रामकृष्ण परमहंस ने
(D) राजा राममोहन राय ने

30. 1857 की क्रांति में कानपुर का नेतृत्व किसने किया था?
(A) नाना साहब (B) तात्या टोपे
(C) कुँवरसिंह (D) लक्ष्मीबाई

31. बम्बई प्रेसीडेन्सी एसोसिएशन की स्थापना किसने की थी?
(A) फिरोजशाह मेहता
(B) बदरुद्दीन तैयबजी
(C) के. टी. तैलंग
(D) उपर्युक्त तीनों ने

32. विलियम एडम ने किस संस्था की स्थापना की थी?
(A) ईस्ट इण्डिया सोसाइटी
(B) ब्रिटिश इण्डिया सोसाइटी
(C) इण्डिया लीग
(D) ईस्ट इण्डिया लीग

33. महात्मा गांधी किस आन्दोलन से सम्बन्धित नहीं थे?
(A) होमरूल आन्दोलन से
(B) असहयोग आन्दोलन से
(C) भारत छोड़ो आन्दोलन से
(D) सविनय अवज्ञा आन्दोलन से

34. विधवा विवाह को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण योगदान किसका रहा था?
(A) राजा राममोहन राय का
(B) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर का
(C) महात्मा गांधी का
(D) विवेकानन्द का

35. मुस्लिम लीग द्वारा की गई सीधी कार्रवाई के बाद महात्मा गांधी कहाँ गए?
(A) बम्बई (B) लंदन
(C) नोआखली (D) कलकत्ता

36. महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन में किसे शामिल नहीं किया?
(A) हड़ताल (B) अनशन
(C) सत्याग्रह (D) जुलूस

37. बारडोली सत्याग्रह किससे सम्बन्धित है?
(A) विट्ठलभाई पटेल से
(B) बल्लभ भाई पटेल से
(C) महात्मा गांधी से
(D) सुभाषचन्द्र बोस से

38. असहयोग आन्दोलन वापस लिए जाने पर क्या प्रतिक्रिया हुई?
(A) अनेक नेताओं ने इसका स्वागत किया
(B) अनेक नेताओं ने इसकी आलोचना की
(C) ब्रिटिश सरकार निराश हो गई
(D) गांधीजी ने राजनीति से संन्यास ले लिया

39. ब्रिटिश उपनिवेशवाद का क्या परिणाम रहा था?
(A) भारत की आर्थिक उन्नति
(B) भारत की आर्थिक अवनति
(C) भारत की समृद्धि में वृद्धि
(D) दस्तकारी को बढ़ावा

40. उन्नीसवीं शताब्दी में हुए अनेक धार्मिक सामाजिक सुधार आन्दोलनों में पहला कौन था?
(A) रामकृष्ण मिशन
(B) आर्य समाज
(C) ब्रह्म समाज
(D) प्रार्थना समाज

41. समुद्र जल में अशुद्धियाँ मिली रहने के कारण उसका घनत्व क्या होता है?
(A) ज्यादा
(B) कम
(C) समान
(D) इनमें से कोई नहीं

42. कोयला खान में प्रयुक्त सेफ्टी लैम्प के आविष्कारक कौन थे?
(A) हम्फ्री डेवी
(B) मिल्टन
(C) ओटिस
(D) बटलर

43. बल्ब का तंतु (फिलामेंट) किसका बना होता है?
(A) टंगस्टन (B) नाइक्रोम
(C) क्रोमियम (D) ताँबा

44. हीटर का तंतु किसका बना होता है?
(A) ताँबा (B) क्रोमियम
(C) नाइक्रोम (D) एल्युमिनियम

45. मलेरिया की चिकित्सा में काम आने वाला कौनसा पदार्थ पौधों से प्राप्त होता है?
(A) एस्पिरिन (B) कुनैन
(C) इन्सुलिन (D) अल्वा

46. क्षुद्रग्रह किन दो ग्रहों के बीच पाए जाते हैं?
(A) बुध और मंगल
(B) मंगल और बृहस्पति
(C) बृहस्पति और शुक्र
(D) शुक्र और शनि

47. ब्लाटिंग पेपर द्वारा स्याही सोखने का क्या कारण है?
(A) केशिका कर्षण के कारण
(B) श्यानता के कारण
(C) घनत्व के कारण
(D) इनमें से कोई नहीं

48. वर्षा की बूँदें गोल क्यों होती हैं?
(A) केशिका कर्षण के कारण
(B) पृष्ठ तनाव के कारण
(C) इनमें से कोई नहीं
(D) A एवं B के कारण

49. आर.एच. फैक्टर कहाँ होता है?
(A) रक्त में (B) त्वचा में
(C) अस्थि में (D) हृदय में

50. मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी कहाँ पाई जाती है?
(A) आँख में (B) कान में
(C) दाँत में (D) जीभ में

51. विद्युत धारा किसमें प्रवाहित हो सकती है?
(A) पी.वी.सी. में (B) ग्रेफाइट में
(C) शीशा में (D) रबर में

52. शरीर की सूक्ष्मतम इकाई क्या है?
(A) ऊतक (B) कोशिका
(C) अंग (D) अंग तंत्र

53. मोटर गाड़ी के इंजन को ठण्डा रखने का काम कैसे होता है?
(A) रेडियेटर (B) रेनगेज
(C) टिन (D) डब्बा

54. अंधों के लिए लिपि की खोज किसने की थी?
(A) मोन्टेसरी (B) बैल
(C) मारिया (D) हनसन

55. घनत्व राशि है—
(A) एक सदिश राशि
(B) एक अदिश राशि
(C) सदिश और अदिश दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

56. जनसंख्या की दृष्टि से बिहार का स्थान भारत में कौनसा है?
(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) चतुर्थ

57. जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक किस जिले का है?
(A) लोहारदग्गा (B) पटना
(C) गया (D) सारण

58. पटना प्रांतीय राजधानी कब बना?
(A) 1541 में (B) 1522 में
(C) 1705 में (D) 1911 में

59. बिहार मुगल साम्राज्य प्रांत के रूप में कब गठित हुआ ?
(A) 1580 में (B) 1522 में
(C) 1541 में (D) 1706 में

60. बिहार में 1857 का विद्रोह कब प्रारम्भ हुआ?
(A) 12 जून, 1857 देवघर से
(B) 10 जुलाई, 1857 पटना से
(C) मई 1857 जगदीशपुर से
(D) 12 जून, 1857 रोहणी से

61. बिहार के इतिहास में अब तक का विनाशकारी भूकम्प कब आया?
(A) 1988 में (B) 1978 में
(C) 1934 में (D) 1936 में

62. स्वदेशी आन्दोलन के प्रचार के लिए देवधर में गोल्डन लीग की स्थापना किसने की?
(A) सचीन्द्र सन्याल
(B) वारीन्द्र घोष
(C) अशफाक खाँ
(D) नवीन दास

63. अनुसूचित जनजातियों के जनसंख्या की दृष्टि से देश में बिहार का स्थान कौनसा है?
(A) द्वितीय (B) तृतीय
(C) चतुर्थ (D) पंचम

64. गौतम बुद्ध वन्यजीव अभयारण्य कहाँ है?
(A) राँची (B) हजारीबाग
(C) गया (D) पटना

65. पावापुरी क्यों प्रसिद्ध है?
(A) बुद्ध के जन्म स्थान होने से
(B) महावीर के जन्म स्थान होने से
(C) यहाँ महावीर को निर्वाण प्राप्त हुआ
(D) उपर्युक्त सभी

66. बिहार पंचायती राज अधिनियम कब लागू हुआ था?
(A) 1993 में (B) 1992 में
(C) 1994 में (D) 1995 में

67. झारखंड अलग होने के बाद बिहार में कुल कितने जिले आएंगे?
(A) 20 (B) 18
(C) 16 (D) 22

68. बिहार में कृषि सघनता कितनी है?
(A) 139% (B) 150%
(C) 100% (D) 89%

69. बिहार में होली के अवसर पर गाए जाने वाले गीत हैं—
(A) फाग (B) चैवा
(C) विरहा (D) पूरबी

70. ''नगमत असफी'' नामक संगीत की पुस्तक के रचयिता कौन हैं?
(A) रजाशाह
(B) पीर अली
(C) मुबारकशाह
(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

71. $(40 - 24)^2 = ?$
(A) 8 (B) 12
(C) $\frac{1}{2}$ (D) 4
(E) इनमें से कोई नहीं

72. $20111 \times 21 \times 11 = ?$
(A) 4645641 (B) 4645461
(C) 4645611 (D) 46·45645
(E) इनमें से कोई नहीं

73. $54\sqrt{?} + 166 = 598$
(A) 49 (B) 16
(C) 9 (D) 64
(E) इनमें से कोई नहीं

74. $508 \div \frac{1}{50} = ?$
(A) 51·4 (B) 51·04
(C) 2540 (D) 25400
(E) इनमें से कोई नहीं

75. $4900 \div 70 + 70 \div 5 = ?$
(A) 175 (B) 84
(C) 28 (D) 59·75
(E) इनमें से कोई नहीं

76. $? + \sqrt{196} = 32$
(A) 324 (B) 32
(C) 289 (D) 1024
(E) इनमें से कोई नहीं

77. नीचे दी गई अंक शृंखला में ऐसे कितने 7 हैं जिनके ठीक पहले 5 है, लेकिन तुरन्त बाद 3 नहीं है?
3 7 5 7 4 5 7 3 9 7 8 5 7 7 8 9 7 1 5 7 6 5 7 4 3 7 5 7 3 8
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4
(E) 5

78. 'लिखना' जिस प्रकार पेंसिल से सम्बन्धित है, उसी प्रकार साफ करना किससे सम्बन्धित है?
(A) फलक से (B) शिक्षक से
(C) झाड़ना से (D) कक्षा से
(E) विद्यार्थी से

79. नीचे दी गई संख्याओं के अंकों को अगर विपरीत क्रम में लिख दिया जाए तो कौनसा अंक बीच वाली संख्या के दाईं ओर वाली संख्या का बीच का अंक होगा?
389 675 493 728 536
(A) 7 (B) 8
(C) 9 (D) 2
(E) 3

80. निम्नांकित शृंखला में से लुप्त संख्या कौनसी है?
289, 196, 256, 169, ?
(A) 324 (B) 225
(C) 256 (D) 144
(E) इनमें से कोई नहीं

81. 'लुफ्तहांसा' किस देश की विमान सेवा का नाम है?
(A) फ्रांस (B) ब्रिटेन
(C) जर्मनी (D) रूस

82. देश में कार्यरत बैंकों में सर्वाधिक प्राचीन बैंक कौनसी है?
(A) भारतीय स्टेट बैंक
(B) पंजाब नेशनल बैंक
(C) ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स
(D) इलाहाबाद बैंक

83. भारत में अफीम का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में होता है?
(A) बिहार (B) बंगाल
(C) उड़ीसा (D) मध्य प्रदेश

84. हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय का स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया. इस समारोह का आयोजन निम्नलिखित में से किस तिथि को मनाया गया?
(A) 20 नवम्बर, 1999
(B) 23 नवम्बर, 1999
(C) 25 नवम्बर, 1999
(D) 26 नवम्बर, 1999

85. भारत में रूस के नए राजदूत के पद पर अलेक्जेंडर कुदाफीन की नियुक्ति की गई. श्री कुदाफीन ने निम्नलिखित में से किसके स्थान पर अपना पद ग्रहण किया ?
(A) बिल रिचर्डसेफ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(B) अल्बर्ट चेर्नोसेफ
(C) रिचर्ड सेल्सेट
(D) जॉन रूसेल

इटली के छः बार रह चुके प्रधानमंत्री की मृत्यु हाल ही में रोम में हो गई. उस प्रधानमंत्री का नाम बताएँ?
(A) हैनरी मार्क्वोविच
(B) डेविड कॉपरफील्ड
(C) असलन मासकाडोह
(D) लमितोर फनानी

'ईस्ट तिमोर' किस देश में है?
(A) इण्डोनेशियां (B) युगाण्डा
(C) मलेशिया (D) नार्वे

निम्नलिखित में से किस राज्य में हिन्दुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त है?
(A) केरल
(B) मिजोरम
(C) जम्मू-कश्मीर
(D) किसी भी राज्य में नहीं

भारत-बांग्लादेश के बीच प्रारम्भ होने वाली बस सेवा की उद्घाटन बस का नाम था—
(A) सदा-ए-सरहद
(B) सौहार्द
(C) बंग मित्र
(D) मित्र बंधु

पाकिस्तान के भूतपूर्व क्रिकेट कप्तान इमरान खान निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल से सम्बन्धित हैं?
(A) पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी
(B) जम्हूरि-ए-इस्लाम
(C) आवाम लीग
(D) तहरीक-ए-इंसाफ

फिल्म 'मेकिंग ऑफ महात्मा' में युवा कस्तूरबा के रूप में अभिनय किस अभिनेत्री ने किया था?
(A) विजया शांति
(B) वीना पाठक
(C) पल्लवी जोशी
(D) मीनाक्षी शेषाद्री

आसियान (ASEAN) का दसवाँ सदस्य देश है—
(A) थाइलैण्ड (B) इण्डोनेशिया
(C) कम्बोडिया (D) वियतनाम

'प्रोग्रेसिव गवर्नेंस फॉर टवेन्टी फर्स्ट सेंचुरी' सम्मेलन का आयोजन निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित हुआ?
(A) फ्लोरेंस (इटली)
(B) जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड)
(C) लंदन (ब्रिटेन)
(D) कुआलालम्पुर (मलेशिया)

94. सिंगतालुर सिंचाई परियोजना का सम्बन्ध किस राज्य से है?
(A) उड़ीसा (B) केरल
(C) तमिलनाडु (D) कर्नाटक

95. निम्नलिखित में से किस लोकसभा के कार्यकाल में चार प्रधानमंत्री रहे?
(A) चौथी (B) पाँचवीं
(C) तीसरी (D) नौवीं

96. मिस्र का एक बोइंग विमान अटलांटिक समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. यह दुर्घटना अमरीका के किस द्वीप समूह के पास हुई?
(A) सैण्ट सिंमस द्वीप समूह
(B) वुल्फ द्वीप समूह
(C) नौनटकते द्वीप समूह
(D) हावलैण्ड द्वीप समूह

97. हाल ही में बाबा आम्टे को गांधी शांति पुरस्कार प्रदान किया गया. बाबा आम्टे को यह पुरस्कार किस क्षेत्र में योगदान के लिए दिया गया?
(A) नर्मदा बचाओ आंदोलन के लिए
(B) आदिवासियों में शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार के लिए
(C) कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिए
(D) पर्यावरण सुरक्षा हेतु विशेष कार्य के लिए

98. हाल ही में ग्रामीण विकास में पुनरोत्थान के लिए किस संस्था को फिल्की पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
(A) IAC पलवल
(B) FMS दिल्ली
(C) IIM अहमदाबाद
(D) RUDSET इंस्टीट्यूट

99. कोरू शहर किसके लिए प्रसिद्ध है?
(A) पत्तन की सुविधा
(B) जातीय समस्याएँ
(C) उपग्रह प्रक्षेपण
(D) ज्वालामुखी

100. सिडबी (SIDBI) क्या है?
(A) क्रेडिट रेटिंग एजेंसी
(B) बैंक
(C) निर्धनता निवारण कार्यक्रम
(D) बाल एवं महिलाओं के कल्याण का संगठन

101. काकरापार योजना किस राज्य की है?
(A) उड़ीसा (B) मध्य प्रदेश
(C) मिजोरम (D) गुजरात

102. हाल ही में प्रसिद्ध वैज्ञानिक और रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. ए. वी. जे. अब्दुल कलाम को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है. डॉ. कलाम को किस पद पर नियुक्त किया गया है?
(A) प्रधान परमाणु शस्त्र सलाहकार
(B) प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार
(C) प्रधान ऊर्जा आयोग सलाहकार
(D) प्रधान गैर पारम्परिक ऊर्जा आयोग सलाहकार

103. हाल ही में विश्व व्यापार संगठन (WTO) का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित हुआ था?
(A) विएना (B) सिएटल
(C) नैरोबी (D) हेग

कागज उद्योग की समस्याओं का निराकरण आवश्यक है. इसकी मुख्य समस्या कच्चे माल की आपूर्ति की है. भारत में कच्चे सम्पदा का अभाव नहीं है जरूरत है नए अनुसन्धान की. वन सम्पदा का सर्वेक्षण करके यह पता लगाना चाहिए कि कच्चा माल कहाँ-कहाँ उपलब्ध है. इस सम्बन्ध में कागज उद्योग एवं चीनी मिलों की गतिविधियों में तालमेल बिठाया जाना चाहिए, क्योंकि गन्ने की छोई को कच्चे माल के रूप में प्रयोग किया जाता है. इसके अतिरिक्त अन्य पदार्थों से भी कागज बनाने का अनुसंधान करना चाहिए.

यदि कच्चे माल की आपूर्ति समुचित मात्रा में होगी, तो उत्पादन लागत में भी कमी आ जाएगी. लाभ की मात्रा बढ़ेगी. उत्पादन लागत कम करने के लिए बचत करना भी आवश्यक है.

आधुनिकीकरण के लिए सरकार को अपनी नीति में परिवर्तन करना चाहिए. विदेशों से नई मशीनें मँगाने के लिए विदेशी मुद्रा उपलब्ध करानी चाहिए जिससे कागज का उत्पादन बढ़ेगा एवं माँग की पूर्ति के लिए कागज का आयात नहीं करना पड़ेगा. साथ में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना भी करनी चाहिए.

उत्पादन की लाभ प्रदत्ता को बढ़ाने के लिए सरकार को कागज उत्पादन सम्बन्धी नीति में सुधार करना चाहिए. बचत को प्रोत्साहित करना चाहिए.

भारत में अन्य देशों की तुलना में प्रति व्यक्ति कागज का उपयोग बहुत ही कम है. भारत में प्रति व्यक्ति 3.5 किलोग्राम कागज की वार्षिक की खपत है, जबकि उन्नत देशों अमरीका में 300 किलोग्राम, ब्रिटेन में 151 किलोग्राम, जापान में 153 किलोग्राम कागज की प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष खपत है. विद्वानों के अनुसार सन् 2000 तक भारत में कागज की कुल खपत 42.5 लाख टन वार्षिक हो जाने की उम्मीद है. ●●●

शेष पृष्ठ 1580 का

एक-एक भुजा दक्षिणावर्त सरकते हुए क्रमशः बाहर-अन्दर आती जा रही है तथा डिजाइन पंचभुज के बाहर स्थित उभरक रेखा 'II' क्रमशः एक-एक भुजा दक्षिणावर्त सरकते हुए एक विशेष क्रम में बाहर-अन्दर-अन्दर-बाहर, आती जा रही है. ●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य अध्ययन

प्रश्न 1. (A) धर्म के विषय में महात्मा गांधी का दृष्टिकोण क्या था?

(लगभग 100 शब्द)

अथवा

नेहरू के गुटनिरपेक्षता के विषय में क्या विचार थे?

(लगभग 100 शब्द)

(B) IDBI, SIDBI के एक्जिम बैंक के साथ हुए समझौते पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए.

(लगभग 75 शब्द)

अथवा

इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए.

(लगभग 75 शब्द)

उत्तर–(A)

गांधीजी का धर्म के प्रति दृष्टिकोण

गांधीजी का धर्म और नैतिकता में गहरा विश्वास था. धर्म से तात्पर्य गांधीजी रीति-रिवाजों, आडम्बर, धार्मिक कर्मकाण्ड आदि से नहीं लगाते थे. उनका धर्म तो नैतिकता का पर्यायवाची था. उन्होंने न केवल व्यक्तियों, अपितु राष्ट्रों को भी धर्म के मार्ग पर चलने हेतु कहा और न केवल व्यक्तिगत जीवन में, अपितु राजनीति में भी. उन्होंने राजनीति में धर्म का प्रवेश कराया और इस प्रकार राजनीति का आध्यात्मीकरण किया. वे उन लोगों से तनिक भी सहमत नहीं थे जो यह कहते हैं कि धर्म का राजनीति से कुछ लेना-देना नहीं है. उनके अनुसार धर्महीन राजनीति एक मृत्यु जाल है जोकि आत्मा का हनन करती है. युगों-युगों से राजनीति ने इतने अत्याचार और रक्तपात देखे हैं, ऐसा राजनीति को धर्म से पृथक् करने के कारण हुआ.

अथवा

जवाहरलाल नेहरू गुटनिरपेक्षता के बड़े ही पक्षधर थे. उनके समय में दुनिया दो गुटों में बँटी हुई थी, एक का नेतृत्व लोकतांत्रिक अमरीका करता था तथा दूसरे का नेतृत्व साम्यवादी सोवियत संघ. दोनों के बीच शीत युद्ध जारी था और यह कभी भी गर्म युद्ध का रूप धारण कर सकता था. इस परिदृश्य में, यह आवश्यक समझा गया कि भारत गुटनिरपेक्ष रहे. नेहरू के लिए गुटनिरपेक्षता (non-alignment) केवल राम में ही ऋणात्मक है, किन्तु यह अर्थ में सकारात्मक है. नेहरू के लिए गुटनिरपेक्षता का उद्देश्य शान्ति, विकास और निशस्त्रीकरण था. गुटनिरपेक्षता के विषय में नेहरू केवल सिद्धान्तवादी नहीं थे. उन्होंने कहा था कि यदि भारत पर आक्रमण हुआ और उसकी स्वतंत्रता और प्रादेशिक अखंडता खतरे में पड़ी तो वह गुटनिरपेक्ष नहीं रहेगा. गुटनिरपेक्ष आन्दोलन ने अपना महत्व सिद्ध कर दिया हे, क्योंकि बहुत से देश इसमें शामिल हो गए हैं.

(B) **IDBI, SIDBI का एक्जिम बैंक (Export-Import Bank) से समझौता**

द स्मॉल इन्डस्ट्रीज डवलपमेन्ट बैंक ऑफ इण्डिया और इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट बैंक ऑफ इंडिया ने राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के भारत दौरे के समय 24 मार्च, 2000 को अमरीका की एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक, जोकि अमरीका की सरकारी एक्सपोर्ट क्रेडिट एजेंसी है, के साथ एक मेमोरेडम ऑफ अंडरस्टेडिंग (MOU) पर हस्ताक्षर किए. इसका उद्देश्य लघु और मध्य उद्योग और सूचना और प्रौद्योगिकी को वित्त पोषित करना था. इस MOU के तहत अमरीका 500 बिलियन डॉलर की सीमा तक निर्यात समर्थन सहायता उपलब्ध कराने हेतु वचनबद्ध है.

अथवा

इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च

भारत के कृषि मंत्रालय के कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग के प्रमुख संगठन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (Indian Council of Agricultural Research) ने कृषि प्रौद्योगिकी के विकास, निवेश सामग्री तथा खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता लाने के लिए प्रमुख वैज्ञानिक जानकारियों को आम लोगों तक पहुँचाने के मामले में प्रमुख भूमिका निभाई है. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार, शिक्षा के क्षेत्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देने में राष्ट्रीय स्तर की एक स्वायत्त शीर्ष संस्था है. परिषद् संरक्षण और संसाधनों के प्रबन्ध तथा फसलों की उत्पादकता, पशुओं और मछलियों आदि के सम्बन्ध में समस्या का हल करने के लिए परंपरागत और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी तथा व्यावहारिक अनुसंधानों में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होती है, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की गतिविधियाँ मुख्य रूप से आठ विषयों में विभक्त हैं, जैसे–फसल विज्ञान, प्रभाग, बागवानी, मृदा, कृषि विज्ञान और कृषि वानिकी, कृषि इंजीनियरी, पशु विज्ञान, मत्स्यिकी, कृषि विस्तार और कृषि शिक्षा. परिषद् के अधीन अनेक संस्थान देश भर में कार्य कर रहे हैं.

प्रश्न 2. (A) बौद्ध धर्म के विषय में संक्षिप्त जानकारी दीजिए.

(लगभग 75 शब्द)

अथवा

सिन्धुघाटी सभ्यता के नगरीय जीवन के विषय में आप क्या जानते हैं?

(लगभग 75 शब्द)

(B) व्यापारिक हवाएं क्या हैं?

(लगभग 50 शब्द)

अथवा

ग्रह और तारा में क्या अन्तर है?

(लगभग 50 शब्द)

उत्तर–(A)

बौद्ध धर्म की संस्थापना एक क्षत्रिय राजकुमार सिद्धार्थ के द्वारा हुई, जिनका जन्म 567 ई. पू. नेपाल की तराई में लुम्बिनी नामक गाँव में हुआ था. सिद्धार्थ, जिनको बाद में बुद्ध के नाम से पुकारा जाने लगा, कपिलवस्तु के राजा शुद्धोधन के पुत्र थे. जैन धर्म की तरह बौद्ध धर्म का भी वेदों में विश्वास नहीं था, किन्तु आत्मा के आवागमन में विश्वास था. अहिंसा इसका आधारभूत सिद्धान्त है. जीवन में मध्यमार्ग का अनुसरण करना इसका सबसे बड़ा उपदेश है. 'निर्वाण', इच्छाओं की संख्या कम करके प्राप्त किया जा सकता है. बौद्ध धर्म के दो मुख्य पंथ हैं–(1) महायान तथा (2) हीनयान.

अथवा

सिंधुघाटी सभ्यता का नगरीय जीवन

–सिंधुघाटी सभ्यता में नगर सुनियोजित ढंग से बनाए गए थे. 33 फीट चौड़ी गलियाँ थीं. सड़कें एक-दूसरे को समकोण पर काटती थीं. मकान बनाने के लिए जिप्सम और पकी हुई ईंटों का उपयोग किया जाता था. पानी के निकलने की अच्छी व्यवस्था थी. लोग कपास और ऊन के बने हुए कपड़े पहनते थे. मोहनजोदड़ो नगर के मध्य में जनता

. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का सभा हेतु खम्भों पर खड़ा एक बड़ा हॉल बना है.

(B) **व्यापारिक हवाएं (Trade Winds)** – उपोष्ण उच्च दाब क्षेत्र से भूमध्य रेखीय निम्न दाब क्षेत्र की ओर चलने वाली हवाएं जो उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तर-पूर्व और दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिण-पूर्व दिशाओं में चलती हैं. इसीलिए इन हवाओं को उत्तरी-पूर्वी तथा दक्षिणी-पूर्वी व्यापारिक हवाएं कहते हैं.

अथवा

ग्रह और तारा (Planet and Star)– तारा वह आकाशीय पिण्ड है, जो एक स्थान पर नियत है और अपना प्रकाश रखता है. ग्रह वह आकाशीय पिण्ड है, जो तारा से टूटकर बना है, अपने अण्डाकार मार्ग पर उस तारे के चारों ओर चक्कर लगाता है और अपना कोई प्रकाश नहीं रखता, बल्कि तारे के प्रकाश से प्रकाशित होता है. सूर्य एक तारा है, जबकि पृथ्वी एक ग्रह है.

प्रश्न 3. निम्नांकित शब्द-संक्षेपों का क्या अर्थ है ?

(A) A E R B

✓(B) A S E A N

(C) C. W. P. R. S.

(D) I. T. E. S.

✓(E) N. C. E. R. T.

उत्तर—(A) एटॉमिक इनर्जी रेग्यूलेटरी बोर्ड

(B) एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशन्स

(C) सेन्ट्रल वाटर एण्ड पॉवर रिसर्च स्टेशन

(D) इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इनेब्ल्ड सर्विसिज़

(E) नेशनल काउंसिल ऑफ एजूकेशनल रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग

प्रश्न 4. निम्नलिखित व्यक्तियों का सम्बन्ध किन क्रिया क्षेत्रों से है ?

(A) बर्नार्ड क्रिश्चियन

(B) रॉबर्ट मुगाबे

(C) वोल सोइन्का

(D) डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन

(E) डॉ. इन्दिरा पार्थसारथी

उत्तर—(A) चिकित्सा

(B) राजनीति

(C) साहित्य

(D) कृषि वैज्ञानिक

(E) साहित्य

प्रश्न 5. निम्नलिखित में रिक्त स्थानों को भरिए.

(A) 'राजतरंगिणी' ... की रचना है.

(B) वांदियावाश का युद्ध सन् 1760 में भारत में अंग्रेजों और ... के मध्य लड़ा गया.

(C) भारत की राजधानी को कलकत्ता से दिल्ली को ... वायसराय/गवर्नर जनरल के शासनकाल में लाया गया.

(D) 'शानदार क्रान्ति' जोकि 'रक्तहीन क्रान्ति' के नाम से भी प्रसिद्ध है इंगलैण्ड में वर्ष ... में हुई.

(E) भारतीय संविधान में संशोधन की व्यवस्था संविधान के ... में की गई है.

उत्तर—(A) कल्हण (B) फ्रांसीसियों (C) लॉर्ड हार्डिंग द्वितीय (D) सन् 1688 (E) अनु. 368

प्रश्न 6. निम्नलिखित का उत्तर दीजिए.

(A) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा-कोष का प्रधान कार्यालय कहाँ है ?

(B) क्या कारण है कि स्वच्छ पानी के अन्दर भी गोताखोर को सही दिखाई नहीं देता?

(C) 'नैसर्गिक चयन सिद्धान्त' के रचयिता कौन हैं ?

(D) वायु का दाब मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है ?

(E) डांडी किसलिए प्रसिद्ध है ?

उत्तर— (A) वाशिंगटन

(B) पानी के अन्दर पुतली की फोकस दूरी बदल जाती है, जिससे रेटिना पर स्पष्ट प्रतिबिम्ब नहीं बन पाता.

(C) चार्ल्स डार्विन

(D) बेरोमीटर

(E) महात्मा गांधी द्वारा 1930 में किए गए नमक सत्याग्रह के लिए प्रसिद्ध है.

प्रश्न 7. निम्नलिखित से संक्षिप्त परिचय कराइए.

(A) एलीफेंटा

(B) मोंटेकार्लो

(C) पलायन वेग (escape velocity)

(D) रिकनाइसांस (Reconaissance)

(E) केलीग्राफी

उत्तर—(A) **एलीफेंटा**—मुम्बई बन्दरगाह में एक, द्वीप है जो चट्टानों से कटे मन्दिरों के लिए प्रसिद्ध है.

(B) **मोंटेकार्लो**—मोनाको में रिवीरा नदी के तट पर एक प्रसिद्ध जुआ खेलने का केन्द्र है.

(C) **पलायन वेग**—किसी अन्तरिक्ष यान को पृथ्वी के गुरुत्वीय क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए जितने वेग की आवश्यकता होती है, उसे पलायन वेग कहते हैं. इसका मान 11·2 किमी प्रति सेकेण्ड होता है.

(D) **रिकनाइसांस**—शत्रु प्रदेश या क्षेत्र में सैनिक ठिकानों की टोह लेने के लिए किया जाने वाला गुप्त निरीक्षण रिकनाइसांस कहलाता है.

(E) **केलीग्राफी**—सुन्दर लेखन की कला.

प्रश्न 8. निम्नलिखित के संक्षिप्त उत्तर दीजिए.

(A) राष्ट्रपति का निर्वाचन एक निर्वाचक मण्डल द्वारा होता है. इसके निर्वाचक कौन होते हैं ?

(B) सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय किस वाद में दिया था कि संविधान के मूल स्वरूप में परिवर्तन नहीं किया जा सकता.

(C) लोक सभा के अध्यक्ष (स्पीकर) को कितना वेतन मिलता है ?

(D) संविधान के किस अनुच्छेद में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की गई है.

(E) सिकन्दर ने भारत पर कब आक्रमण किया ?

उत्तर—(A) निर्वाचक मण्डल में लोक सभा व राज्य सभा के निर्वाचित व राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य होते हैं.

(B) केशवानन्द भारती केस

(C) 40,000 रु. प्रति माह

(D) अनुच्छेद 324

(E) 326 ई. पू.

प्रश्न 9. निम्नांकित में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए.

(A) बास्केटबाल में प्रत्येक पक्ष में खिलाड़ियों की संख्या 5.. होती है.

(B) जापान का राष्ट्रीय खेल ... है

✓(C) ग्रीनपार्क स्टेडियम ... में स्थित है

✓(D) रंगास्वामी कप ... से सम्बन्धित है

(E) आस्ट्रेलियाई ओपन (2000) में टेनिस पुरुष एकल खिताब ... ने जीता

उत्तर—(A) 5 (B) जूडो (C) कानपुर (D) नेशनल हॉकी चैम्पियनशिप (E) अजय आगासी

प्रश्न 10. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए—

(A) 24 फरवरी, 2000 को लोक सभा में प्रस्तुत सुब्रमण्यम समिति की रिपोर्ट का सम्बन्ध किससे है ?

(B) 12 वाँ गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन कब और कहाँ आयोजित हुआ ?

(C) संविधान की समीक्षा हेतु गठित राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष कौन हैं ?

(D) 15 फरवरी, 2000 को केन्द्र सरकार द्वारा घोषित नई जनसंख्या नीति में

शेष पृष्ठ 1586 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संख्यात्मक अभियोग्यता

प्रश्न 1. किसी संख्या को किसी विभाजक से भाग देने पर **41** शेष बचता है, जब उस संख्या के दोगुने को उसी विभाजक से भाग दिया जाता है, तो **33** शेष बचता है. यह विभाजक संख्या कौनसी है?

उत्तर–माना संख्या x तथा विभाजक y

$$\therefore \quad x = Ky + 41$$

$$\because \quad 2x = 2Ky + 82$$

$$\therefore \quad 2x = 2Ky + y + 33$$

परन्तु, $2Ky + 82 = 2Ky + y + 33$

$$\therefore \quad y = 82 - 33$$

$$= 49$$

प्रश्न 2. एक नौकर इस शर्त पर रखा गया कि उसे वर्ष के अन्त में **1500** रुपए तथा एक साईकिल दी जाएगी. उसने 8 माह काम किया तथा उसको 900 रुपए मजदूरी तथा एक साईकिल दी गई. उस साईकिल का क्या मूल्य है?

उत्तर–माना साईकिल का मूल्य x रुपए है

$$\therefore \frac{2}{3}(x + 1500) = x + 900$$

$$\therefore \quad 2x + 3000 = 3x + 2700$$

$$\therefore \quad x = 300 \text{ रु.}$$

प्रश्न 3. कोई व्यापारी **28** किग्रा चाय 6.20 रुपैसे प्रति किग्रा की दर से तथा **12** किग्रा चाय 8.40 रुपए प्रति किग्रा की दर से खरीदता है. यदि वह दोनों प्रकार की चाय मिश्रित कर देता है, तो उस मिश्रण का लागत क्रय मूल्य प्रति किग्रा क्या होगा?

उत्तर–28 किग्रा चाय का 6.20 रु. की दर से मूल्य $= 28 \times 6.20$

$= 173.60$ रु.

तथा 12 किग्रा चाय का 8.40 रु. की दर से मूल्य $= 12 \times 8.40$

$= 100.80$ रु.

∴ मिश्रण का कुल लागत मूल्य

$= 173.60 + 100.80$

$= 274.40$ रु.

∴ मिश्रण का लागत मूल्य प्रति किग्रा

$$= \frac{274.40}{12 + 28}$$

$= 6.86$ रु.

प्रश्न 4. एक ही घण्टे में पाँच घण्टियाँ कितनी बार एक साथ बजेंगी यदि वे एक साथ बजना प्रारम्भ होकर क्रमशः **2, 3, 4, 5** एवं **6** सेकण्ड के अन्तर पर बजती हैं?

उत्तर–2, 3, 4, 5 और 6 का ल. स. प.

$= 60$ सेकण्ड

$= 1$ मिनट

∴ वे एक मिनट बाद पुनः एक साथ बजेंगी.

अतः वे एक घण्टे में 60 बार एक साथ बजेंगी.

प्रश्न 5. एक नाव धारा के सापेक्ष **5** घण्टे में **60** किमी जाती है तथा वापसी यात्रा में एक घण्टा अतिरिक्त समय लेती है. धारा की बहने की गति की दर क्या है?

उत्तर–माना नाव की गति x किमी/घण्टा तथा धारा की गति y किमी प्रति घण्टा है. तब–

$$\frac{60}{x + y} = 5$$

या, $x + y = 12 \quad \ldots(i)$

तथा $\frac{60}{x - y} = 6$

या, $x - y = 10 \quad \ldots(ii)$

अतः समीकरण (i) व (ii) से,

$$2x = 22$$

$$x = 11$$

तथा $y = 1$

अतः धारा की गति 1 किमी/घण्टा होगी.

प्रश्न 6. यदि किसी समद्विबाहु त्रिभुज की ऊँचाई में **5%** की कमी और उसके आधार में **10%** की वृद्धि कर दी जाए, तो उस त्रिभुज के क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी होगी?

उत्तर–माना त्रिभुज की ऊँचाई

$= 100$ इकाई

तथा आधार

$= 100$ इकाई

∴ त्रिभुज का क्षेत्रफल

$$= \frac{1}{2} \times 100 \times 100$$

$= 5000$ वर्ग इकाई

परिवर्तन के बाद त्रिभुज का क्षेत्रफल

$$= \frac{1}{2} \times 95 \times 110$$

$= 5225$ वर्ग इकाई

∴ अतः त्रिभुज के क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{5225 - 5000}{5000} \times 100$

$= 4.5\%$

प्रश्न 7. किसी नगर के **15** प्रतिशत परिवारों की आय **25000** रुपए या अधिक है. **25000** रुपए या अधिक आय के $\frac{2}{3}$ परिवारों के पास मारुति डीलक्स कार है. उस नगर में किस अंश के पास मारुति डीलक्स कार है?

उत्तर–माना नगर की जनसंख्या 100 है.

∴ 25000 रुपए या अधिक आय वाले परिवारों की संख्या $= 100$ का 15%

$= 15$

तथा मारूति कार वाले परिवारों की संख्या $= \frac{2}{3} \times 15 = 10$

$$\therefore \text{अभीष्ट अंश} = \frac{10}{100}$$

$$= \frac{1}{10}$$

प्रश्न 8. एक विनिर्माणकर्ता किसी थोक खरीददार को **20%** के लाभ पर अपना सब माल बेचता है जो बाद में उस माल को खुदरा व्यापारी को **15%** लाभ पर बेच देता है. यदि वह खुदरा व्यापारी **30%** लाभ पर उस माल को किसी ग्राहक को **897** रुपए में बेचता है, तो विनिर्माणकर्ता को उस माल की क्या लागत होगी?

उत्तर–माना विनिर्माणकर्ता की लागत

$= 100$ रु.

∴ 20% लाभ पर विनिर्माणकर्ता का विक्रय मूल्य $= \frac{100 \times 120}{100}$

$= 120$ रु.

तथा 15% लाभ से थोक खरीददार का विक्रय मूल्य $= \frac{115 \times 120}{100}$

$= 138$ रु.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और 30% लाभ से खुदरा व्यापारी का

विक्रय मूल्य $= \frac{130 \times 138}{100}$

$= 179.40$ रु.

∵ 179.40 रु. जब खुदरा व्यापारी का विक्रय मूल्य है, तो विनिर्माणकर्ता का क्रय मूल्य

$= 100$ रु.

∴ 897 रु. जब खुदरा व्यापारी का विक्रय मूल्य है, तो विनिर्माणकर्ता का क्रय मूल्य

$= \frac{100 \times 897}{179.40}$

$= 500$ रु.

निर्देश—नीचे दिया गया प्रश्न निम्नलिखित चार्ट पर आधारित है जहाँ वर्ष 1980 तथा 1985 में किसी कम्पनी में विभिन्न शाखा में इंजीनियरों की संख्या का संगठन दर्शाया गया है. छात्रों की कुल संख्या 1980 में 40000 तथा 1985 में 50000 थी.



1980



1985

प्रश्न 9. पाँच वर्षों में मापयन्त्रण इंजीनियरी की संख्या में कितनी वृद्धि हुई?

उत्तर– 40000 का 25%

$= 10000$

तथा 50000 का 40%

$= 20000$

∴ पाँच वर्ष में मापयन्त्रण इंजीनियरों की वृद्धि $= 20000 - 10000$

$= 10000$

निर्देश—नीचे दिया गया प्रश्न निम्नलिखित आरेख पर आधारित है, जहाँ 1984 से 88 तक किसी कम्पनी की बिक्री कार्यपालक और गैर-कार्यपालक कर्मचारियों की संख्या दर्शाई गई है।



प्रश्न 10. वर्ष 1984–85 से 1987–88 में कम्पनी की कुल बिक्री में औसत वार्षिक वृद्धि कितनी हुई?

उत्तर–वर्ष 1984–85 से 1987–88 में कुल बिक्री में औसत वार्षिक वृद्धि

$= \frac{70 - 20}{4}$

$= 12.5$ करोड़ रु.

●●●

शेष पृष्ठ 1584 का

अनुसार, किस वर्ष तक स्थिर जनसंख्या के लक्ष्य को प्राप्त करना बताया गया है ?

(E) संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (United Nations Conference on Trade and Development—UNCTAD—अंकटाड) का 10 वाँ सत्र कब और कहाँ आयोजित हुआ ?

उत्तर—(A) कारगिल में पाकिस्तानी घुसपैठियों से सम्बन्धित जाँच

(B) सितम्बर 1998 में डरबन (द. अफ्रीका) में

(C) न्यायमूर्ति वेंकटचलैया

(D) सन् 2045 तक

(E) फरवरी 2000 में बैंकाक (थाइलैंड) में

प्रश्न 11. निम्नलिखित पुस्तकों के लेखकों के नाम बताइए.

(A) ए स्यूटेबल बॉय

(B) नेहरू एण्ड हिज़ विज़न

(C) डिस्ग्रेस

(D) हर्षचरित

(E) सत्यार्थ प्रकाश

उत्तर—(A) विक्रम सेठ

(B) डॉ. के. आर. नारायणन

(C) जे. एम. कोइट्ज़ी

(D) बाण भट्ट

(E) स्वामी दयानन्द सरस्वती

प्रश्न 12. निम्नलिखित कथन किन द्वारा कहे गए हैं ?

(A) स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार

(B) सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा

(C) अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी आँचल में है दूध और आँखों में पानी

(D) अधिकार सुख कितना मादक किन्तु सारहीन है.

(E) Better to reign in hell than to serve in heaven.

उत्तर—(A) लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

(B) मुहम्मद इकबाल

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) जयशंकर प्रसाद

(E) जॉन मिल्टन

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषा परिज्ञान

प्रश्न 1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 500 शब्दों में निबंध लिखिए–

1. किसी यात्रा का वर्णन
2. सूरदास का शृंगार-वर्णन
3. विज्ञान के लाभ व हानि

उत्तर–इस प्रश्न के उत्तर के लिए देखें उपकार प्रकाशन, आगरा द्वारा प्रकाशित—(i) सामयिक निबंध (ii) उपकार निबंध तथा (iii) श्रेष्ठ निबंध

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

वसंत ऋतु के आगमन से ही शीत का हरकर कोप भाग गया. पतझड़ से पश्चिम पवन ने जीर्ण-शीर्ण पत्तों को गिराकर लता-कुंजों, पेड़-पौधों को, स्वच्छ और निर्मल बना दिया. वृक्षों और लताओं के अंग में नूतन पत्तियों के प्रस्फुटन से यौवन की मादकता आ गई. कनेर, कनवीर, मंदार, पारिजात इत्यादि पुष्पों की सुगंध दिग्दिगंत में अपनी मादकता का संचार करने लगी. न शीत की कठोरता, न ग्रीष्म का ताप. सर्वत्र सुखद वातावरण में प्रत्येक प्राणी की नस-नस में उत्फुल्लता और उमंग की लहर उठ रही है. गेहूँ के सुनहले बालों से स्पर्श के कारण पवन रुन-झुन का संगीत फूट रहा है. पत्तों के अधरों पर सोया हुआ संगीत मुखरित हो गया है. पलाश वन अपनी अरुणिमा में फूला नहीं समाता है. ऋतुराज वसंत के सुशासन और सुव्यवस्था की छटा हर ओर दिखाई पड़ती है. कलियों के यौवन की अँगड़ाई भ्रमरों को आमंत्रण दे रही है. अशोक के अग्निकर्म एवं नवीन पत्ते वायु के स्पर्श से तरंगित हो रहे हैं. शीतकाल के ठिठुरे अंगों में नई स्फूर्ति उमड़ रही है. वसंत के आवागमन के साथ ही जैसे जीर्णता और पुरातनता का प्रभाव तिरोहित हो गया है. प्रकृति के प्रांगण में नए जीवन का संचार हो गया है. आम्र मंजरियों की मीनी सुगंध और कोयल का पंचम आलाप, भ्रमरों का गुंजन और कलियों की चटक उनों और उद्यानों के अंगों में शोभा का संचार ऐसा लगता है जैसे जीवन में सुख ही लक्ष्य है, आनन्द के एक क्षण का मूल्य पूरे जीवन को अर्पित करके भी नहीं चुकाया जा सकता है.

(क) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए.

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का संक्षेपण लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखिए.

(ग) काले मोटे छपे अंशों की व्याख्या कीजिए.

(घ) (i) वसंत ऋतु किन महीनों में होती है?

(ii) "पत्तों के अधरों पर सोया हुआ संगीत मुखरित हो रहा है." से क्या तात्पर्य है ?

(iii) अशोक के अग्निकर्म द्वारा लेखक क्या इंगित करता है ?

(iv) वसंत ऋतु को सुखदायी क्यों माना जाता है ?

उत्तर–(क) शीर्षक–वसंत की महिमा.

(ख) संक्षेपण–

वसंत के आगमन के साथ ही शीत की कठोरता जाती रही. पश्चिम के पवन ने जीर्ण-शीर्ण पत्ते गिरा दिए. वृक्षों एवं लताओं में नए पत्ते प्रकट होने लगे हैं. रंग-बिरंगे फूलों की सुगंध से समस्त दिशाएं महक रही हैं. नई कोपलों और कलियों पर भौंरें गूँजने लगे हैं. प्राणियों में नवजीवन एवं नवस्फूर्ति का संचार होने लगा है. कोयल पंचम स्वर में आलाप ले रही है. प्रकृति में सर्वत्र आनन्द का वातावरण है, जो अमूल्य है.

(ग) काले मोटे छपे अंशों की व्याख्या :

(i) नूतन पत्तियों के प्रस्फुटन से यौवन की मादकता आ गई.

व्याख्या–प्रत्येक वृक्ष एवं लता में नई पत्तियाँ प्रकट होने लगी हैं. चारों ओर मस्ती का वातावरण हो गया है. ऐसा लगता है कि प्रकृति में युवावस्था का समावेश हो गया है, जिसने उसको जवानी की अल्हड़ता दे दी है.

(ii) न शीत की कठोरता, न ग्रीष्म का ताप.

व्याख्या–वसंत में वातावरण सर्वत्र अनुकूल है, क्योंकि इस समय न तो सर्दी की ठिठुरन है और न कड़ी गर्मी की तपन है. मौसम मातदिल है.

(iii) पलाश वन अपनी अरुणिमा में फूला नहीं समाता है.

व्याख्या–पलाश के लाल फूल चारों ओर फूल रहे हैं. पलाश के वृक्षों के समूह में लगने वाले लाल फूलों की गणना नहीं. उनको देखकर नर-नारी अत्यधिक आनंदित हैं. पलाश वन भी अपने फूलों की लालिमा पर रीझकर आनंदित हो रहा है.

(iv) जीर्णता और पुरातनता का प्रभाव तिरोहित हो गया है.

व्याख्या–वसंत में प्रकृति में प्रत्येक वस्तु, पत्ते, कलियाँ, फूल आदि नवीन हैं. ऐसा लगता है कि इसके प्रभाव ने पुरानेपन और जाड़े की ठिठुरन को पीछे धकेल दिया है, जिस प्रकार नए विचार प्राचीन रूढ़ियों के प्रभाव को बहुत कुछ कम कर देते हैं.

(घ) (i) वसंत ऋतु हिन्दू संवत्सर के चैत्र एवं वैशाख के महीनों में होती है–मार्च के आरम्भ से मई के आरम्भ तक.

(ii) वसंत की पश्चिम वायु का स्पर्श पाकर नए पत्ते हिलने लगते हैं और उनके हिलने-डुलने से एक विचित्र प्रकार की ध्वनि होने लगी है. इस ध्वनि में संगीत है, जो अभी तक सुनाई नहीं दे रहा था.

(iii) अशोक के पत्तों की मादक गंध विरहियों के विरह को जगा देती है. इस प्रकार वह विरहाग्नि को उत्पन्न करने वाली मानी जाती है. अशोक को अग्निकर्म करने वाला कहने का यही तात्पर्य है.

(iv) वसंत ऋतु को सुखदायी मानने के दो कारण हैं–(i) मौसम में न तो अत्यधिक ठण्डक होती है और न गर्मी की तपन. अतएव यह ऋतु सबको अनुकूल लगती है तथा

(ii) प्रकृति में सर्वत्र सौन्दर्य की छटा दिखाई देती है–नए-नए पत्ते, नए-नए रंग-बिरंगे फूल, आम्रबौर, कोयल की कूक, भ्रमरों का गुंजार सभी कुछ सुखदायक.

प्रश्न 3. निम्नलिखित सूक्तियों का पल्लवन / वृद्धिकरण / विस्तारण कीजिए–

(i) महत्वाकांक्षा का मोती निष्ठुरता की सीपी में रहता है.

(ii) आचरण सज्जनता की कसौटी है.

(iii) न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी.

(iv) नाच न जाने, आँगन टेढ़ा.

उत्तर–(i) महत्वाकांक्षा का मोती निष्ठुरता की सीपी में रहता है.

पल्लवन/वृद्धिकरण/विस्तारण—समाज में महत्वपूर्ण स्थान एवं प्रसिद्धि प्राप्त करने की इच्छा को महत्वाकांक्षा कहते हैं. यह उपलब्धि इच्छा मात्र से, मनमोदक बाँधने मात्र से प्राप्त नहीं की जाती है. इसके लिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यक्ति को श्रम, तप, सहिष्णुता, दृढ़ता आदि के साथ सार्थक प्रयत्न करना पड़ता है. इस प्रयत्न के दो पक्ष होते हैं–अपने मन पर काबू पाना तथा मार्ग में आने वाली विघ्न-बाधाओं को दूर करना. दोनों ही दशाओं में साधक को निर्मम या कठोर बनना पड़ता है. लेखक ने महत्वाकांक्षा की तुलना मोती से करते हुए लिखा है कि जिस प्रकार मोती को पालने वाली तथा सुरक्षित रखने वाली सीपी होती है, उसी प्रकार कठोर व्यक्तित्व ही महत्वाकांक्षा को फलवती बना सकता है–कठोर का अर्थ निर्दयी अथवा आततायी न होकर दृढ़ संयम एवं दृढ़ निश्चय है. ध्यातव्य है कि हर सीपी में मोती नहीं पलता है–मोती को जन्म देने वाली सीपी एक विशिष्ट प्रकार की सीपी होती है. इसी प्रकार महत्वाकांक्षी होने के लिए व्यक्ति को उक्त प्रकार के गुणों से युक्त होना होता है. हम किसी भी महापुरुष के जीवन को देख लें. उसको परिजन के प्रति मोह एवं समाज की मान्यताओं के प्रति निर्मम होना पड़ा है.

(ii) **आचरण सज्जनता की कसौटी है.**

पल्लवन/वृद्धिकरण/विस्तारण–मधुर वाणी एवं सद्व्यवहार सामान्यतः सज्जनता के लक्षण माने जाते हैं. इनके प्रभाव में व्यक्ति विद्वान्, धनाढ्य, बलवान, महान् आदि सब कुछ हो सकता है, परन्तु सज्जन नहीं कहा जा सकता है. सज्जन वह है जो अपनी वाणी तथा अपने व्यवहार द्वारा अपने सम्पर्क में आने वालों को प्रसन्न करता है. जो व्यक्ति कपटी एवं धूर्त हो, कटुवाणी बोले, किसी के काम न आए, वह कुछ भी हो सज्जन नहीं हो सकता है. ऐसे व्यक्ति को लक्ष्य करके कवि घाघ ने लिखा है–

आठ गाँव का चौधरी बीस गाँव का राव ।
अपने काम न आवई, ऐसी-तैसी में जाव ॥

आदर्शों की बात करके व्यक्ति अपने को विद्वान् एवं श्रेष्ठ वक्ता सिद्ध कर सकता है, परन्तु सज्जन कहलाने के लिए उसे आचरण की कसौटी पर खरा उतरना होगा.

(**नोट**–शेष दो के पल्लवन / वृद्धि-करण / विस्तारण के लिए देखें उपकार प्रकाशन आगरा द्वारा प्रकाशित पुस्तक)

प्रश्न 4. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए—

(i) मेरे को पाठ याद करना है.

(ii) विरोधियों के द्वारा आलोचना की जाने पर भी महात्मा गांधी का महत्व कम नहीं होगा.

(iii) यद्यपि उसने पूरे वर्ष कुछ नहीं पढ़ा, परन्तु वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया.

(iv) राम का आचरण बुरा आचरण है.

(v) वहाँ कोई एक चित्र नहीं है.

(vi) आज दिन में बेशुमार गर्मी है.

(vii) आजकल वस्तुओं पर भारी महँगाई है.

(viii) श्यामलाल आजकल बड़ा दुःखी है.

(ix) उपरोक्त गद्यांश का अर्थ लिखिए.

(x) माता और पुत्र का अथाह सम्बन्ध होता है.

उत्तर– (i) **अशुद्ध वाक्य**–मेरे को पाठ याद करना है.

शुद्ध वाक्य–मुझे पाठ याद करना है.

(ii) **अशुद्ध वाक्य**–विरोधियों के द्वारा आलोचना की जाने पर भी महात्मा गांधी का महत्व कम न होगा.

शुद्ध वाक्य–विरोधियों द्वारा आलोचना की जाने पर भी महात्मा गांधी का महत्व कम न होगा.

(iii) **अशुद्ध वाक्य**–यद्यपि उसने पूरे वर्ष कुछ नहीं पढ़ा, परन्तु वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया.

शुद्ध वाक्य–यद्यपि उसने पूरे वर्ष कुछ नहीं पढ़ा, तथापि वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया.

(iv) **अशुद्ध वाक्य**–राम का आचरण बुरा आचरण है.

शुद्ध वाक्य–राम का आचरण बुरा है.

(v) **अशुद्ध वाक्य**–वहाँ कोई एक चित्र नहीं है.

शुद्ध वाक्य–वहाँ कोई चित्र नहीं है.

(vi) **अशुद्ध वाक्य**–आज दिन में बेशुमार गर्मी है.

शुद्ध वाक्य–आज दिन में बहुत/अधिक गर्मी है.

(vii) **अशुद्ध वाक्य**–आजकल वस्तुओं पर भारी महँगाई है.

शुद्ध वाक्य–आजकल वस्तुओं पर बहुत महँगाई है.

(viii) **अशुद्ध वाक्य**–श्यामलाल आजकल बड़ा दुःखी है.

शुद्ध वाक्य–श्यामलाल आजकल बहुत दुःखी है.

(ix) **अशुद्ध वाक्य**–उपरोक्त गद्यांश का अर्थ लिखिए.

शुद्ध वाक्य–उपर्युक्त गद्यांश का अर्थ लिखिए.

(x) **अशुद्ध वाक्य**–माता और पुत्र का अथाह सम्बन्ध होता है.

शुद्ध वाक्य–माता और पुत्र का घनिष्ठ सम्बन्ध होता है.

संकेत–(i) **मेरे को** के स्थान पर कर्मकारक **मुझे** होगा.

(ii) के द्वारा में के अनावश्यक है.

(iii) यद्यपि के साथ तथापि अनावश्यक है.

(iv) आचरण की पुनरावृत्ति अनावश्यक है.

(v) एक का प्रयोग अनावश्यक कोई में एक का भाव निहित है.

(vi) गर्मी के संख्यावाचक विशेषण प्रयोग न होकर परिमाणवाचक विशेषण का प्रयोग होगा.

(vii) भारी के स्थान पर बहुत प्रयोग वांछित है.

(viii) बड़ा आकारवाचक है. परिमाण वाचक बहुत का प्रयोग वांछित है.

(ix) उपरोक्त वर्तनी अशुद्ध है. उसका शुद्ध रूप है.

(x) सम्बन्ध अथाह नहीं घनिष्ठ हो है. सम्बन्ध की माप-तौल नहीं की जा सकती है.

प्रश्न 5. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

(i) अंगार सिर पर रखना.

(ii) अक्ल बड़ी या भैंस.

(iii) आम के आम गुठलियों के दाम.

(iv) आधा तीतर आधा बटेर.

(v) आ बैल मुझे मार.

उत्तर–मुहावरा–(i) अंगार सिर पर रखना.

अर्थ–कठिन कार्य करना.

वाक्य में प्रयोग–गोडसे ने भारी भीड़ के बीच महात्मा गांधी पर गोली चलाई, सचमुच अंगार सिर पर रखने जैसा था.

मुहावरा–(ii) अक्ल बड़ी या भैंस.

अर्थ–शारीरिक शक्ति की अपेक्षा बुद्धि के बल का महत्व अधिक होता है.

वाक्य में प्रयोग–लोहे की अलमारी को आठ आदमी भी नहीं उठा पा रहे थे, तब से राम प्रसाद आ गए. उन्होंने दो आदमी को नीचे लगाए और एक आदमी का काम लेकर अलमारी को खड़ा कर दिया और उसको यथास्थान पहुँचा दिया. राम प्रसाद ने हँसकर कहा–अब आप ही बताएं–अक्ल बड़ी या भैंस ?

मुहावरा–(iii) आम के आम गुठलियों के दाम.

अर्थ–हर प्रकार से (दोहरा) लाभ होना.

वाक्य में प्रयोग–कचरे से बिजली बनाकर वैज्ञानिकों ने आम के आम गुठलियों के दाम वाली बात चरितार्थ कर दी है.

मुहावरा–(iv) आधा-तीतर आधा बटेर.

अर्थ–अनमेल मिश्रण.

वाक्य में प्रयोग–गठ-बंधन वाली केन्द्र सरकार में परस्पर विरोधी विचारधारा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शामिल हैं. आधा तीतर आधा बटेर वाली स्थिति है. देखें कब तक गाड़ी चलती है.

मुहावरा–(v) आ बैल मुझे मार.

अर्थ–जानबूझकर मुसीबत/झंझट में पड़ना.

वाक्य में प्रयोग–पुलिस का एक सिपाही रिक्शा चालक की पिटाई कर रहा था. गोविन्दराम रिक्शा चालक की हिमायत में एकाएक वहाँ पहुँच गया. सिपाही ने रिक्शा चालक को तो छोड़ दिया और गोविन्दराम पर सरकारी काम में हस्तक्षेप का आरोप लगाकर उनको हवालात के हवाले कर दिया. इसको कहते हैं **आ बैल मुझे मार.**

प्रश्न 6. निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर उनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

(i) आसमान से गिरा, खजूर पर अटका.

(ii) अपना दाम (पैसा) खोटा, तो परखैया का क्या दोष है?

(iii) ऊँट बिलाई ले गई तो हाँजू-हाँजू कहना.

(iv) उधार का खाना, फूस का तापना.

(v) आप न जावै सासुरे, औरन कूँ सिख देइ.

उत्तर–लोकोक्ति–(i) आसमान से गिरा. खजूर पर अटका.

अर्थ–एक के बाद दूसरी बाधा आ जाना.

वाक्य में प्रयोग–चार प्रयत्नों के बाद ठेकाराम प्रतियोगिता में सफल हुए. नियुक्ति के प्रश्न को लेकर सरकार ने आदेश कर दिया कि सरकारी खजाने की स्थिति को देखते हुए चार वर्ष के लिए समस्त नियुक्तियाँ स्थगित की जाती हैं. बेचारे ठेकाराम ने अपना माथा पीट लिया–आसमान से गिरा, खजूर पर अटक गया.

लोकोक्ति–(ii) अपना दाम (पैसा) खोटा, तो परखैया का क्या दोष है ?

अर्थ–यदि स्वयं दोषी हैं, तो बुरा कहने वालों को क्यों दोष दिया जाए ?

वाक्य में प्रयोग–अवधेश एक आवारा किस्म सिहड का लड़का था. एक दिन रतजगे में एक पड़ोसी ने अवधेश के पिताजी श्यामजी से कह दिया–आप बुरा न मानें ! आपका बेटा अवधेश बहुत बुरी संगत में पड़ गया है. किसी दिन पुलिस वाले इसको पकड़ न ले जाएं. बाद में अवधेश की माताजी को जब यह बात मालूम हुई, तो वह पड़ोसी से लड़ने को चल दीं. श्यामजी ने पत्नी को समझाया–बुरे को जो बुरा कहे, उसकी बात का बुरा क्यों माना जाए. हमारे बेटे में खोट है तभी तो सब उसको बुरा कहते हैं. यह तो तुम भी जानती हो कि **अपना माल/दाम/पैसा खोटा, तो परखैया का क्या दोष ?**

लोकोक्ति–(iii) ऊँट बिलाई ले गई, तो हाँजू-हाँजू कहना.

अर्थ–किसी अनुचित बात का भी समर्थन करना.

वाक्य में प्रयोग–चाटुकार लोग अधिकारियों की हर बात की प्रशंसा कर देते हैं. वे जानते हैं कि इनको खुश रखकर ही हम खुश रह सकते हैं. उनका तो सीधा सा सिद्धान्त रहता है कि जाट कहै जाटनी, तोइ या ही गाँव में रहना. **ऊँट बिलाई ले गई, तो हाँजू-हाँजू कहना.**

लोकोक्ति–(iv) उधार का खाना, फूस का तापना.

अर्थ–दूसरे के भरोसे कोई काम करने वाले का जीवन अनिश्चित होता है.

वाक्य में प्रयोग–रामेश्वर ने उधार माँगकर बहुत दिन तक गृहस्थी चलाई. अन्त में भूखों मरने की नौबत आ गई, क्योंकि उधार मिलना बन्द हो गया. तब रामेश्वर की समझ में यह बात आई कि **उधार का खाना, फूस का तापना होता है.**

लोकोक्ति–(v) आप न जावै सासुरे, औरन कूँ सिख देइ.

अर्थ–किसी काम को स्वयं न करना और अन्य लोगों से उसको करने को कहना.

वाक्य में प्रयोग–भगवान दास अपने प्रत्येक दोस्त से तालाब में तैरने का आग्रह कर रहा था. अपने नाम पर बात को टाल जाता था. कोने में बैठे यह तमाशा देख रहे मिश्रजी बोले–क्यों भाई भगवान दास–आप **न जावै सासरे, औरन कूँ सिख देइ.**

प्रश्न 7. नीचे दिए गए वाक्यों में प्रत्येक में एक स्थान रिक्त है. उसकी पूर्ति के लिए विकल्पस्वरूप दो शब्द दिए गए हैं. आपको सही शब्द का चयन करना है–

(i) राम और श्याम में ..... मित्रता है.

(घनिष्ठ/महान्)

(ii) आगरा की गर्मी में ..... अंडा दे देती है.

(चिड़िया/चील)

(iii) कपिल देव ..... के प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं.

(हॉकी/क्रिकेट)

(iv) उपकार को न मानने वाला व्यक्ति ..... कहा जाता है.

(कृतज्ञ/कृतघ्न)

(v) न्यायालय के आदेश की अवज्ञा करने वाला दण्ड का ..... होता है.

(अधिकारी/भागी)

उत्तर–(i) राम और श्याम में घनिष्ठ मित्रता है.

(ii) आगरा की गर्मी में चील अण्डा दे देती है.

(iii) कपिल देव क्रिकेट के प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं.

(iv) उपकार को न मानने वाला व्यक्ति कृतघ्न कहा जाता है.

(v) न्यायालय के आदेश की अवज्ञा करने वाला दण्ड का भागी होता है.

प्रश्न 8. किसी समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम पत्र लिखिए जिसमें नगर में बिजली की समस्या के बारे में विचार प्रकट किए गए हों.

उत्तर–

सम्पादक

नवभारत टाइम्स

दिल्ली

विषय–आगरा नगर में बिजली की समस्या

महोदय,

आगरा नगर में बिजली की समस्या दिनोंदिन बद से बदतर होती जा रही है. पहले तो घोषित कटौती के नाम पर प्रतिदिन 3-4 घण्टे बिजली गायब रहती है. फिर अघोषित रूप से चाहे जब बिजली बन्द कर दी जाती है. शिकायत करने जाएं तो कोई अधिकारी मिलता ही नहीं है ? यदि संयोग से किसी कर्मचारी के दर्शन हो जाएं, तो वह बात को सुनी-अनसुनी कर देता है. बहुत पीछे पड़ा जाए तो उत्तर मिलेगा–ठीक करा देंगे. गैंग अभी जरूरी काम से गया हुआ है.

इसके अलावा ट्रांसफार्मर फुक जाने की घटनाएं सामान्य हो गई हैं. कहने की आवश्यकता नहीं है कि ट्रांसफार्मर ठीक करने में या बदलने में दो दिन लग जाना साधारण-सी बात है. बिजली यदि आती है, तो वोल्टेज एकदम कम रहते हैं. 60 वाट का बल्ब दीपक की तरह टिमटिमाता हुआ प्रतीत होता है. आँधी-पानी के आते ही बिजली इस प्रकार गुल हो जाती है मानो उसके तार साधारण तागे के बने हों.

कहने का तात्पर्य यह है कि बिजली की समस्या ने जीवन दूभर कर दिया है. सर्वाधिक कष्ट भोगते हैं परीक्षार्थीगण. बिजली की रोशनी के अभाव में उनकी पढ़ाई में कितना हर्ज होता है, हम उसका अनुमान सहज ही लगा सकते हैं.

यदि हिसाब लगाकर देखा जाए कि बिजली चौबीस घण्टों में कितने घण्टे ठीक तरह से काम करने देती है, तो यही कहना पड़ता है–रहे अचम्भा होत है, गए अचम्भा कौन?

बिजली की समस्या से त्रस्त होकर यदाकदा जनता सड़क पर आने लगी है.

शेष पृष्ठ 1596 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

S.S.C. Combined (Main) Examination (Stenographer Grade 'C' & 'D')
Model Paper (Matric Level)

General English/Language Comprehension

Q. 1. Write a letter to your friend suggesting to him how both of you can organise village service work during vacation.

Ans.

25, Happy Cottage
Mahatma Gandhi Road,
Agra - 282 005
28 April, 2000

Dear Ratna,

Hope this finds you in the best of health and cheers. This year both of us have worked very hard and that is why we have achieved very good success in the examination.

Now we are free to enjoy our vacation this summer in the best possible way. My suggestion is that we should undertake some social work and for that it would be proper for us to organise village service work during this vacation. During the period of freedom struggle Gandhiji had exhorted students to undertake village uplift work during their vacations in order to improve the condition of villages. Though more than fifty years have passed since we achieved independence, our villages still need that service. Their lot still leaves much to be desired. Let us contribute our humble bit to the task of rural uplift.

I suggest that we should go to the village Rampur, which is situated about 20 km. from Agra, and contact people there. We should talk to them and try to identify their problems. We cannot remove those problems, but we can certainly study them and suggest to them ways as to how they themselves can solve those problems. We can undertake the work of adult education which is certainly of great importance. A sizable percentage of rural population is still shrouded in illiteracy. For this purpose we can organise night classes for illiterate adults.

It would be better if we reside in the village itself for the period of the vacation so that we may establish good rapport with the villagers and may serve them in a real manner.

Hope you would appreciate my suggestion and get prepared for the task to be undertaken.

With good wishes,

Yours sincerely,

Ravi

Q. 2. Rewrite the following sentences correctly.

(A) Either the Principal or the teachers failed to do his duty.

(B) Of drama and poetry the last is more important.

(C) Rightly it has been said that eternal vigilance is the price of liberty.

(D) The teacher caused the boy leave the room and made him to run.

(E) The question is very difficult to be solved.

Ans. (A) Either the Principal or the teachers failed to do their duties.

(B) Of drama and poetry, the latter is more important.

(C) Rightly has it been said that eternal vigilance is the price of liberty.

(D) The teacher caused the boy to leave the room and made him run.

(E) The question is too difficult to be solved.

Q. 3. Change the voice of each of the following sentences.

(A) He was completing his work.

(B) Your work will have been finished by you by now.

(C) Bring the pen.

(D) Who had deceived you ?

(E) A thief has been caught by me.

Ans. (A) His work was being completed by him.

(B) You will have finished your work by now.

(C) Let the pen be brought.

(D) By whom had you been deceived ?

or

Who had you been deceived by ?

(E) I have caught a thief.

Q. 4. Give the meanings of following idioms and phrases and them in your own sentences,

(A) An apple of discord

(B) To be hand and glove with

(C) At one's beck and call.

(D) Crocodile tears

(E) To make both ends meet.

Ans. (A) **An apple of discord**—Cause of quarrel.

The Himalayan range is an **apple of discord** between India and China.

(B) **To be hand and glove with**—Intimate friends

Ritesh and Sharif are hand and glove with each other.

(C) **At one's beck and call**—one's command.

I want my servants to be at my beck and call.

(D) **Crocodile tears**—False show of grief

She shed crocodile tears at the death of her step-mother.

(E) **To make both ends meet**—To live within one's income without difficulty.

A school teacher hardly makes both ends meet.

Q. 5. Make a Precis of the following passage in about one third of its length and give a suitable title to it.

Democracy is the most difficult of all forms of government and yet it is one to which most nations now aspire. This is because it seems to most people to be the form of government which provides the best hope of making a world in which privilege, good fortune or the accidents of history will no longer determine the spheres of opportunity. In this the human spirit will develop the best. A successful democratic system requires a number of pre-conditions most of them difficult in themselves to establish. It requires the active

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

operation of the community for the common good. It requires institutions which can ensure that those who obey the law will not become the victims of those who do not. It requires a mutual respect and shared pride in the objectives and traditions of the community as a whole. It requires the absence of any form of discrimination based on race, sex, belief or opinion. It requires especially from those who have power and influence, restraint and patience.

Ans.

Title : The Spirit of Democracy

Democracy is the most difficult, yet the most sought after form of government. It promises to provide equal opportunities and privileges to all for the best development of the human spirit. But for this the precondition is that all people are law-abiding, mutually respectful and tolerant, proud of their traditions and free from all kinds of prejudices and discrimination.

or

Write a report in about 150 words on the law and order situation in your town.

Ans. The greatest abuse of democracy and the freedom that it has brought is the violation of law. With every passing day, we witness a progressive deterioration of law and order situation everywhere in the country. Our own town, Agra, is no exception to it. The crime graph in the town shows a steep rise. Life has become unsafe and insecure, kidnapping of persons for appropriating handsome ransom from the members of the families of those kidnapped, day light burglary and highway robbery have now become a common thing. Rape cases are on the rise. It is highly unsafe for young ladies to go out of their home all alone. Incidents of chain snatching are taking place day in and day out. Several banks of the town have been looted by the intrepid day light robbers. The police administration finds itself utterly helpless. The blame for the failure of the police to curb crime is laid on the exchequer by way of paucity of funds to equip the police with the state-of-art equipment to deal with crime. Things are really bad and require drastic steps to be taken to eradicate crime and restore people's confidence in the law and order machinery of the government. Any delay in this matter will spell disaster for the peaceful living of the community in the town.

Rajendra Jha
Reporter

or

Read the following passage carefully and answer the questions given at the end of it.

Does economic progress **clash with** real progress ? By economic progress, I take it, we mean material advancement without limit, and by real progress we mean moral progress, which again is the same thing as progress of the **permanent element in us.** The subject may therefore be stated thus : Does not moral progress increase in the same proportion as material progress ? I know that this is **a wider proposition** than the one before us. But I venture to think that we always mean the wider one even when we lay down the smaller. For we know enough of science to realize that there is no such thing as perfect rest or repose in **this visible universe** of ours. If, therefore, material progress does not clash with moral progress, it must necesssarily advance the latter.

Q. 1. Give a suitable title to the above passage.

Q. 2. Write the summary of the above passage in about one third of its length.

Q. 3. What is the relationship between real and economic progress?

Q. 4. Explain the words and phrases in bold letters in the above passage.

Ans. 1. Title : "Economic *Vs.* Real Progress".

Ans. 2. The author refers to the relationship between economic progress and real progress. Economic progress means material advancement. Real progress is moral and spiritual progress. These two are opposed to each other. This problem has a wider application and must be studied in its wider perspective.

Ans. 3. The author says that economic progress does not promote real progress. On the contrary economic progress hinders real progress.

Ans. 4. Clash with—Opposed to, run counter to

Permanent element in us—Our moral and spiritual faculty.

Wider Proposition—Wider meaning.

This visible universe—The material world before us.

पहली बार प्रकाशित आधुनिक तकनीकी एवं नवीनतम स्टाइल से शुद्धता के साथ स्पीड बढ़ाने के लिए अद्वितीय पुस्तक

उपकार

प्रैक्टिस वर्क-बुक

बी.एड.

प्रवेश परीक्षा

[उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा एवं दिल्ली आदि राज्यों के लिए विशेष]

सम्पादक मण्डल : प्रतियोगिता दर्पण मूल्य : 135/-

अतिविशिष्ट वस्तुनिष्ठ प्रश्न और उनके विस्तृत उत्तरों सहित

स्व-दक्षता की जाँच हेतु अत्युपयोगी वर्क-बुक

शीघ्र ही अपने निकटतम बुकसेलर से सम्पर्क करें अथवा हमें 100/- रु. का मनीऑर्डर भेजकर वी. पी. पी. द्वारा प्राप्त करें :

उपकार प्रकाशन

2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा-282 002; फोन : 323966, 323101, 322930; फैक्स : (0562) 351251

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य अध्ययन

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(i) मनसबदारी प्रथा किसने प्रारम्भ की थी?

(ii) 'मैकमोहन' रेखा से कौन से देश अलग होते हैं?

(iii) सन् 1893 में स्वामी विवेकानन्द ने विश्व धर्मों की पार्लियामेण्ट में कहाँ भाग लिया था?

(iv) हल्दीघाटी की लड़ाई किसके बीच हुई थी?

(v) ड्यूश मार्क किस देश की मुद्रा है?

(vi) इब्नबतूता किसके समय भारत आया?

(vii) महात्मा गांधी ने डाण्डी मार्च कहाँ से प्रारम्भ किया था?

(viii) जलियाँवाला बाग नरसंहार काण्ड किस नगर में हुआ था?

उत्तर–(i) अकबर

(ii) भारत और चीन

(iii) शिकागो में

(iv) महाराणा प्रताप और अकबर के सेनापति मान सिंह

(v) जर्मनी

(vi) मुहम्मद तुगलक

(vii) साबरमती आश्रम

(viii) अमृतसर

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों में उपयुक्त जानकारी से रिक्त स्थानों की पूर्ति करिए.

(i) 'ब्लेक होल्स' के बारे में सर्वप्रथम जानकारी ..... ने दी.

(ii) ..... से समुद्र की गहराई नापी जाती है.

(iii) वायुमण्डल की ओजोन पर्त ..... किरणों को अवशोषित कर लेती है.

(iv) भारत का कृत्रिम उपग्रह निर्माण केन्द्र ..... में है.

(v) विश्व के प्रथम इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल कम्प्यूटर का नाम ..... है.

(vi) स्कर्वी रोग (Scurvy) ..... की कमी के कारण होता है.

(vii) मानव शरीर में सबसे लम्बी हड्डी होती है .....

(viii) रानीखेत रोग सम्बन्धित है .....

(ix) भोपाल दुर्घटना में ..... गैस का रिसाव हुआ था.

(x) ..... वैज्ञानिक ने रेडियम की खोज की थी.

उत्तर–(i) आइन्सटाइन

(ii) फेदोमीटर

(iii) पराबैंगनी

(iv) बंगलौर

(v) एनीयक

(vi) विटामिन सी

(vii) ऊर्विका (फीमर)

(viii) कुक्कुट (Poultry)

(ix) मिथाइल आइसो सायनेट

(x) मैडम क्यूरी

प्रश्न 3. निम्नलिखित पुरस्कार किस क्षेत्र हेतु दिए जाते हैं.

(i) भारत रत्न

(ii) भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार

(iii) सरस्वती सम्मान

(iv) अर्जुन पुरस्कार

(v) तिलक पुरस्कार

(vi) इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार

(vii) गोपाल रत्न

उत्तर–(i) कला, साहित्य, विज्ञान एवं सार्वजनिक सेवा या जीवन में असाधारण एवं अत्युत्तम कोटि की उपलब्धि हेतु.

(ii) देश की मान्यता प्राप्त किसी भी भारतीय भाषा में लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान हेतु.

(iii) आठवीं अनुसूची में शामिल किसी भी भाषा में गत 10 वर्ष में प्रकाशित उत्कृष्ट साहित्यिक कृति पर.

(iv) विभिन्न खेलों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को.

(v) समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु.

(vi) वन लगाने एवं परती भूमि के विकास में योगदान हेतु.

(vii) देश में सबसे अधिक दूध देने वाली गायों एवं भैंसों के स्वामी को.

प्रश्न 4. निम्नलिखित पुस्तकों के लेखकों के नाम बताएं.

(a) कादम्बरी

(b) राजतरंगिणी

(c) इण्डिका

(d) गीत गोविन्द

(e) सेटेनिक वर्सेज

(f) माई प्रेसिडेंसियल ईयर्स

(g) भारत पतन की ओर

उत्तर–(a) बाणभट्ट

(b) कल्हण

(c) मैगस्थनीज

(d) जयदेव

(e) सलमान रश्दी

(f) आर. वेंकट रमण

(g) टी. एन. शेषन

प्रश्न 5. निम्नलिखित व्यक्ति ... गतिविधि के किस क्षेत्र से सम्बन्धित हैं?

(i) रोनाल्डो.

(ii) रुक्मिणी देवी अरूण्डेल

(iii) दीपा मेहता

(iv) उपेन्द्रनाथ अश्क

उत्तर–(i) फुटबाल

(ii) शास्त्रीय नृत्य

(iii) सिनेमा

(iv) लेखन

प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों में ... किन्ही तीन का उत्तर दीजिए.

(a) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहाँ है?

(b) स्वतंत्र भारत के प्रथम लोक ... अध्यक्ष कौन थे?

(c) भारतीय संविधान के किस ... को उसकी आत्मा माना जाता है?

(d) वह कौनसा देश है जहाँ ... राष्ट्रपति चुना जाता है.

(e) नेताजी सुभाष नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स कहाँ है?

(f) जसपाल राणा का सम्बन्ध किस खेल से है.

उत्तर–(a) हेग (नीदरलैंड)

(b) गणेश वासुदेव मावलंकर

(c) प्रस्तावना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(d) स्विट्जरलैण्ड
(e) पटियाला
(f) निशानेबाजी

प्रश्न 7. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–

(a) भारत में छोटी इलाइची का सर्वाधिक उत्पादन केरल राज्य में होता है.

(b) विश्व की सबसे बड़ी ताजे जल की झील (सुपीरियर झील) ..... में स्थित है.

(c) रोबर्ट पियरी ने सन् 1909 में उत्तरी ध्रुव की खोज की थी.

(d) कृषि में 'हरित क्रान्ति' के जनदाता ..... माने जाते हैं.

(e) हरा सोना ..... को कहा जाता है.

(f) भारत में चन्दन की लकड़ी के सर्वाधिक वन नीलगिरी की पहाड़ियों में पाए जाते हैं.

उत्तर–(a) केरल
(b) अमरीका
(c) 1909
(d) नोरमान ई. बोरलॉग
(e) चाय
(f) नीलगिरि

प्रश्न 8. निम्नलिखित के बारे में बताएं.

(a) फरवरी 2000 में प्रकाशित विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत में गरीबों की वर्तमान संख्या है–

(b) वर्ष 1999 का के. के. बिड़ला फाउण्डेशन का सरस्वती सम्मान किसे दिया गया.

(c) 20 दिसम्बर, 1999 को पुर्तगाल ने 'मकाऊ' को 442 वर्षों बाद किसे वापस किया.

(d) किस भारतीय सितार वादक को दक्षिण अफ्रीका में जुलाई 2001 में होने वाले रंगभेद के विरुद्ध विश्व सम्मेलन के आयोजन के लिए संयुक्त राष्ट्र सद्भावना राजदूत नियुक्त किया गया है.

(e) इण्डोनेशिया के राष्ट्रपति कौन है?

उत्तर–(a) 30 करोड़.
(b) डॉ. इन्दिरा पार्थसारथी (तमिल साहित्यिक कृति (नाटक)-रामानुजार)
(c) चीन को
(d) पंडित रविशंकर
(e) अब्दुर्रहमान वाहिद

प्रश्न 9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए.

(a) माइकल फैराडे
(b) हॉकी कार्ड
(c) राजदूत
(d) वेलूर मठ

उत्तर–(a) यह ब्रिटिश वैज्ञानिक थे. इनका जन्म 1791 में व मृत्यु 1867 में हुई. इन्होंने इलेक्ट्रोलिसिस के नियमों का प्रतिपादन किया. इन्हें प्रत्यावर्ती धारा का जनक भी कहा जाता है. इन्होंने विद्युत चुम्बकीय प्रेरण सम्बन्धी नियमों का प्रतिपादन किया.

(b) हॉकी खेल में अनुशासन बनाए रखने के लिए हरा, पीला व लाल कार्ड होता है. तीनों रंग के कार्ड पृथक्-पृथक् संकेत देते हैं. हरा कार्ड खिलाड़ी को चेतावनी व पीला कार्ड खिलाड़ी को कम-से-कम पाँच मिनट निलम्बित करने के लिए होता है. लाल कार्ड मिलने पर खिलाड़ी को पूरे समय के लिए खेल से बाहर कर दिया जाता है.

(c) स्वतंत्र देश दूसरे देशों में अपना आधिकारिक प्रतिनिधि भेजते हैं जिससे कि वह अपने देश का प्रतिनिधित्व करके वार्ता कर सके. इस प्रकार के प्रतिनिधि को जो उस देश द्वारा वैधानिक रूप से नियुक्त किया जाए उसे राजदूत कहते हैं. ब्रिटिश राष्ट्रमण्डल के अन्तर्गत इस प्रकार के आधिकारिक प्रतिनिधि को हाई कमिश्नर (उच्च आयुक्त) कहते हैं.

(d) पश्चिम बंगाल के कलकत्ता नगर में गंगा नदी के तट पर स्थित वेलूर मठ की स्थापना सन् 1899 ई. में स्वामी विवेकानन्द ने की थी. यहीं पर रामकृष्ण मिशन का मुख्यालय स्थित है. मानवीय कल्याण, समाज सुधार तथा शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए यह स्थल जाना जाता है.

प्रश्न 10. निम्नलिखित की पिछले दिनों किस कारण चर्चा थी?

(i) भरतपुर
(ii) निर्माला देशपाण्डे

उत्तर–(i) भरतपुर–राजस्थान के भरतपुर स्थित सेना के आयुध डिपो में 28 अप्रैल, 2000 को हुए भीषण अग्निकांड के परिणामस्वरूप अरबों रुपए की क्षति का अनुमान है. आयुध डिपो में रखी लगभग 8–10 हजार टन विस्फोटक सामग्री इस अग्निकाण्ड में नष्ट हो गई. इसमें रॉकेट लांचर, गोले, बम व अन्य विस्फोटक सामग्री शामिल है. उल्लेखनीय है कि यहाँ भारत का प्रसिद्ध घाना पक्षी अभयारण्य स्थित है.

(ii) निर्मला देशपांडे–गांधीवादी सुश्री निर्मला देशपांडे के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख भारतीय महिलाओं के एक 41 सदस्यीय दल ने मार्च 2000 के अन्तिम सप्ताह में पाकिस्तान की यात्रा की. "दक्षिण एशिया में शान्ति हेतु महिलाओं की पहल" मिशन पर महिलाओं की इस पाकिस्तान की यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के सम्बन्धों में मधुरता लाना था.

प्रश्न 11. (a) **भारत को बौद्ध धर्म की देन पर प्रकाश डालिए.**

अथवा

मानसून क्या है? वे भारत में कैसे चलते हैं?

(b) **माइक्रोवेव क्या है तथा इनका क्या उपयोग है?**

अथवा

वित्त आयोग का गठन एवं कार्य बताइए?

उत्तर–(a) बौद्ध धर्म ने भारत को अनेक क्षेत्रों में प्रभावित किया. छठवीं एवं पाँचवीं शताब्दी ई. पू. में व्यापार के कारण उत्पन्न हुई आर्थिक असमानता को दूर करने का प्रयास बौद्ध धर्म द्वारा किया गया. बौद्ध धर्म के प्रति व्यक्तियों के आकर्षण के कारण, हिन्दू धर्म में भी अनेक परिवर्तन हुए. मूर्ति पूजा, धर्म की सरलता, कर्मकाण्ड से मुक्ति आदि बौद्ध धर्म के कारण सम्भव हुए. बौद्ध धर्म के कारण प्राकृत भाषा का विकास हुआ. अहिंसा के पालन के कारण पशुधन की वृद्धि हुई. बौद्ध धर्म ने शिक्षा का विकास किया और नालन्दा, विक्रमशिला और वल्लभी विहार विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुए. अहिंसा के प्रचार के कारण सैन्य शक्ति क्षीण हो गई. भारत ने आक्रमणकारियों के समक्ष घुटने टेक दिए. मूर्तिकला व स्थापत्यकला का विकास हुआ.

अथवा

अरबी भाषा में 'मौसिम' शब्द से व्युत्पन्न शब्द 'मानसून' मौसमी हवाओं के लिए प्रयुक्त होता है. मानसून हवाएं वर्ष में छः माह दक्षिण-पश्चिमी दिशा से और छः माह उत्तर-पूर्व दिशा से चलती हैं. भारत में दक्षिण-पश्चिमी मानसून उस समय चलती है जब मध्य एशिया तथा भारत के उत्तर-पश्चिम में अत्यधिक गर्मी के कारण निम्न दाब क्षेत्र उत्पन्न हो जाता है. उत्तर-पूर्वी मानसून मध्य एशिया तथा भारत के उत्तर-पश्चिम में अधिक सर्दी के कारण उच्च दाब का क्षेत्र उत्पन्न हो जाने के कारण चलती हैं, दक्षिण-पश्चिमी मानसून (ग्रीष्म मानसून) से भारत में गर्जन-तर्जन के साथ वर्षा होती है. इसका भारत की कृषि पर गहरा प्रभाव पड़ता है.

(b) विद्युत चुम्बकीय स्पैक्ट्रम में माइक्रोवेव का क्षेत्र अवरक्त तरंगों (या ऊष्मीय तरंगों) एवं लघु तरंगों के मध्य होता है. माइक्रोवेव की आवृत्ति 1 गीगा हर्ट्ज से 100 गीगा हर्ट्ज तक होजी है. आजकल माइक्रोवेव का उपयोग पाकक्रिया में बहुतायत से हो रहा है. घरेलू कामकाजी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महिलाओं के लिए माइक्रोवेव ओवन एक बहुत उपयोगी उपकरण सिद्ध हो रहा है. माइक्रोवेव ओवन में एक ओर जहाँ भोजन कम-से-कम समय में पक जाता है, दूसरी ओर वहीं तेल या घी का खर्च भी लगभग आधा रह जाता है. इतना ही नहीं, खाद्य सामग्री का रंग, स्वाद एवं गंध भी सुरक्षित रहती हैं. इसके अतिरिक्त इसके अन्य उपयोग भी हैं, जैसे–फ्रीजर में रखी वस्तु को एकदम सामान्य तापक्रम पर लाना और ठण्डी वस्तुओं को पुनः शीघ्रातिशीघ्र गर्म करना आदि कार्यों हेतु भी माइक्रोवेव ओवन को प्रयुक्त किया जाता है. रडार तरंगों के रूप में भी माइक्रोवेव का उपयोग होता है.

माइक्रोवेव से सम्बन्धित अनुसंधान तथा विकास कार्य 'समीर' नामक प्रयोग-शाला में सम्पन्न किए जाते हैं. समीर के केन्द्र मुम्बई और चेन्नई में स्थित हैं. गंडकी स्थित 'एम. एस. टी.' रडार द्वारा माइक्रोवेव की सहायता से विमानन, कृषि एवं तूफान सम्बन्धी सूचनाएं प्रेषित की जाती हैं.

अथवा

अनुच्छेद 270, 273, 275 और 280 एक वित्त आयोग के गठन का उपबन्ध करते हैं. राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक प्राँच वर्ष के अन्तराल पर (और इससे पूर्व भी) गठित किया जाता है. इसमें एक अध्यक्ष तथा अन्य चार सदस्य होते हैं. यह चार सदस्य निम्नलिखित में से नियुक्त किए जाते हैं–

(क) एक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अथवा ऐसा व्यक्ति, जोकि इस कार्य के लिए योग्य हो, (ख) एक ऐसा व्यक्ति, जिसे सरकार के वित्त एवं लेखाओं का पूर्ण ज्ञान हो, (ग) एक ऐसा व्यक्ति, जिसे वित्तीय प्रशासन एवं विषयों का व्यापक अनुभव हो, (घ) एक ऐसा व्यक्ति, जिसे अर्थशास्त्र का विशेष ज्ञान हो.

आयोग के निम्नलिखित कर्तव्य हैं–

1. राज्यों एवं केन्द्र के मध्य करों के शुद्ध आगम के वितरण के विषय में एवं तत्सम्बन्धी भाग के आवंटन के विषय में.

2. भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्वों में सहायता अनुदान को शासित करने वाले सिद्धांतों के विषय में.

3. सुदृढ़ वित्त के लिए राष्ट्रपति द्वारा आयोग को सौंपे गए किसी अन्य विषय के बारे में, राष्ट्रपति को सिफारिश करे.

संक्षेप में वित्त आयोग संघ एवं राज्यों के मध्य वित्तीय संसाधनों के वितरण के सम्बन्ध में संस्तुति करता है. आयोग की रिपोर्ट पर केन्द्र सरकार विचार करती है. केन्द्र की सरकार को यह अधिकार है कि वह पूर्ण अथवा आंशिक रूप से रिपोर्ट को स्वीकार करे.

प्रश्न 12. गांधी-इर्विन समझौता क्या था? इसकी मुख्य शर्तें क्या-क्या थीं?

अथवा

'काली मिट्टी' क्या होती है? भारत में इसका वितरण बताइए. इनके क्या उपयोग हैं और उनकी समस्याएं क्या हैं? समझाइए.

उत्तर–राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास में 1930-1931 का वर्ष महत्वपूर्ण स्थान रखता है. 1930 में बापू को विवश होकर सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ करना पड़ा. इसकी प्रतिक्रिया में सभी जगह हड़तालें व सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन हुआ. प्रथम गोलमेज सम्मेलन लन्दन में नवम्बर 1930 में आयोजित हुआ, लेकिन उसमें विरोधस्वरूप कांग्रेस ने भाग नहीं लिया था. ब्रिटिश भारत के प्रतिनिधियों में सर तेज बहादुर सप्रू, श्रीनिवास शास्त्री, डॉ. जयकर, सी. वाई. चिंतामणि, डॉ. अम्बेडकर जैसे व्यक्ति थे. वास्तविकता यह थी कि बिना कांग्रेस की उपस्थित के भारत की स्वाधीनता से सम्बन्धित अनेक समस्याओं के समाधान की आशा करना ही व्यर्थ था. प्रथम गोलमेज सम्मेलन से लौटने के बाद सर तेज बहादुर सप्रू और डॉ. जयकर ने अपने मध्यस्थता प्रयत्न फिर से प्रारम्भ कर दिए. इन मध्यस्थता प्रयत्नों के परिणामस्वरूप 17 फरवरी, 1931 को महात्मा गांधी और लॉर्ड इर्विन की बातचीत प्रारम्भ हुई जिसके परिणामस्वरूप 5 मार्च, 1931 को एक समझौता हुआ, जो इतिहास में गांधी-इर्विन समझौते के नाम से प्रसिद्ध है.

इस समझौते के अनुसार सरकार ने निम्नलिखित आश्वासन दिए–

1. उन हिंसात्मक कार्य करने वाले अपराधियों को, जिन पर अपराध सिद्ध हो चुका है, छोड़कर अन्य राजनीतिक बन्दियों को मुक्त कर दिया जाएगा.

2. वह सभी अध्यादेशों और चालू मुकदमों को वापस ले लेगी.

3. आन्दोलन के दौरान जब्त सम्पत्ति उनके स्वामियों को वापस कर देगी.

4. वह समुद्र तट से एक निश्चित दूरी में रहने वाले लोगों को बिना किसी कर (tax) के नमक इकट्ठा करने तथा बनाने देगी.

5. सरकार ऐसे लोगों को बन्दी न बनाएगी, जो शराब, अफीम तथा विदेशी वस्त्रों की दुकानों पर शान्तिपूर्ण पिकेटिंग करेंगे.

6. जो जमानतें और जुर्माने अभी वसूल नहीं हुए हैं, उन्हें वसूल नहीं किया जाएगा और अतिरिक्त पुलिस वापस ले ली जाएगी.

7. जिन सरकारी नौकरों ने आन्दोलन के समय नौकरी से त्यागपत्र दे दिए थे, उन्हें नौकरी में वापस लेने में सरकार उ... नीति अपनाएगी.

कांग्रेस की ओर से महात्मा गांधी निम्नलिखित बातें स्वीकार कीं–

1. कांग्रेस अपने सविनय अ... आन्दोलन को स्थगित कर देगी.

2. कांग्रेस द्वितीय गोलमेज सम्मेल... भाग लेगी.

3. कांग्रेस अपनी इस माँग को ... देगी कि आन्दोलन के दौरान पुलिस ... द्वारा जो जयादतियाँ की गईं, उनकी ... जाँच होनी चाहिए.

4. कांग्रेस ब्रिटिश माल के ब... को राजनीतिक हथियार के रूप में ... नहीं करेगी.

5. कांग्रेस द्वारा यह समझौता न ... जाने पर सरकार शान्ति और व्यवस्था ... लिए आवश्यक कार्यकाही करने हेतु स्व... होगी.

अथवा

काली मिट्टी की उत्पत्ति प्राचीन ... के लैगूनों में नदियों द्वारा लाकर ल... जमावों हुई है. आधुनिक मान्यता ... अनुसार यह मिट्टी ज्वालामुखी उद्गार ... निकले हुए लावा के जम जाने से ... यह गुजरात व महाराष्ट्र के अधिकां... मध्यवर्ती और पश्चिमी मध्य प्रदेश, द... के दक्षिणी भाग, कर्नाटक के उत्तरी ... आन्ध्र प्रदेश के दक्षिणी व तटवर्ती ... तमिलनाडु के कुछ जिलों, राजस्थान ... दक्षिणी-पूर्वी जिलों और उत्तर प्रदेश ... बुन्देल खण्ड के सम्भाग में पाई जाती है.

इस मिट्टी में पोटाश, मैग्नीशि... एल्यूमिना, लौह व चूने के अंशों की ... अधिक होती है. यह मिट्टी अत्यधि... उपजाऊ है. इसमें कपास का उत्पा... अधिक होता है. कपास के अतिरिक्त ... गन्ना, मूँगफली, सोयाबीन, मक्का, ... आदि की कृषि भी अच्छी होती है.

इस मिट्टी की कुछ समस्याए भी ... इसमें रासायनिक तत्वों की मात्रा अधि... होती है. मिट्टी के सूख जाने पर इसमें ... पड़ जाती हैं. अतः हल चलाना कठिन ... जाता है. इस मिट्टी में फॉस्फोरस, नाइट्रोजे... तथा जीवांशों की कमी भी होती है ... उर्वरकों के प्रयोग से ही उत्पादन ठीक ... जा सकता है.

A Book for All Candidates
UPKAR EVER LATEST
GENERAL KNOWLEDGE
(Including Objective Type Questions)
By : Khanna & Verma Price : R. 60/-
UPKAR PRAKASHAN AGRA-2

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



संख्यात्मक अभियोग्यता

प्रश्न 1. आलोक ने एक ट्राँजिस्टर उसकी मूल कीमत से 25% कम मूल्य पर खरीदा. उसने उसे खरीद मूल्य से 40% अधिक पर बेच दिया. नया विक्रय मूल्य उसकी मूल कीमत से कितना प्रतिशत अधिक है?

उत्तर–माना ट्राँजिस्टर की मूल कीमत 100 रुपए है.

∴ आलोक के लिए क्रय मूल्य

$= 100 - 25$

$= 75$ रु.

∴ आलोक के लिए विक्रय मूल्य

$= 75 \times \frac{100+40}{100}$

$= 75 \times 1.4$

$= 105$ रु.

अतः विक्रय मूल्य मूल कीमत से 5% अधिक है.

प्रश्न 2. एक संख्या अपने तीन-चमांश से 14 अधिक है, वह संख्या क्या है?

उत्तर–माना संख्या x है.

$\therefore \quad x - \frac{3x}{5} = 14$

$\therefore \quad 2x = 14 \times 5$

$\therefore \quad x = \frac{14 \times 5}{2}$

$= 35$

प्रश्न 3. एक कक्षा के 30 बच्चों की औसत आयु 16 है. यदि अध्यापक की आयु भी मिला लें तो औसत आयु में एक की वृद्धि हो जाती है, अध्यापक की आयु क्या है?

उत्तर–30 बच्चों की आयु का कुल योग

$= 30 \times 16$

$= 480$ वर्ष

तथा 30 बच्चों व एक अध्यापक की आयु का कुल योग

$= 31 \times 17$

$= 527$ वर्ष

∴ अध्यापक की आयु $= 527 - 480$

$= 47$ वर्ष

प्रश्न 4. छः वर्ष पहले कमल और सुरेश की आयु का अनुपात 6 : 5 है. चार वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 11 : 10 होगा. सुरेश की वर्तमान आयु क्या है?

उत्तर–माना कमल और सुरेश की वर्तमान आयु क्रमशः x और y वर्ष हैं.

$\therefore \quad \frac{x-6}{y-6} = \frac{6}{5}$

$\Rightarrow \quad 5x - 6y = -6 \quad \ldots(i)$

तथा $\quad \frac{x+4}{y+4} = \frac{11}{10}$

$\Rightarrow \quad 10x - 11y = 4 \quad \ldots(ii)$

समीकरण (i) व (ii) को हल करने पर,

$y = 16$

अतः सुरेश की वर्तमान आयु 16 वर्ष होगी.

प्रश्न 5. यदि किसी आयताकार खेत की केवल लम्बाई 50% बढ़ा दी जाए, तो उसका क्षेत्रफल कितने प्रतिशत बढ़ जाएगा?

उत्तर–आयत का क्षेत्रफल

= लम्बाई × चौड़ाई

केवल लम्बाई को 50% बढ़ा देने से स्पष्टतः क्षेत्रफल 50% बढ़ जाएगा.

प्रश्न 6. एक काम को 12 आदमी 18 दिनों में पूरा करते हैं. काम शुरू होने के छः दिन बाद चार आदमी और उसमें शामिल हो जाते हैं. वे सब मिलकर बचे हुए काम को पूरा करने में कितने दिन लेंगे?

उत्तर–∵ 12 आदमियों का एक दिन का काम $= \frac{1}{18}$

∴ 12 आदमियो का 6 दिन का काम

$= \frac{1}{18} \times 6$

$= \frac{1}{3}$

∴ शेष काम $= 1 - \frac{1}{3}$

$= \frac{2}{3}$ भाग

∵ 12 आदमी 1 काम करते हैं 18 दिन में

∴ 1 आदमी 1 काम करेगा

$= 18 \times 12$

∴ 16 आदमी $\frac{2}{3}$ काम करेंगे

$= 18 \times 12 \times \frac{1}{16} \times \frac{2}{3}$

$= 9$ दिन में

प्रश्न 7. एक धनराशि तीन व्यक्तियों में 4 : 6 : 9 के अनुपात में वितरित की गई. यदि सबसे बड़ा हिस्सा सबसे छोटे हिस्से से 1000 रुपए अधिक है, तो कुल धन-राशि क्या होगी?

उत्तर–अनुपाती संख्याओं का योग

$= 4 + 6 + 9$

$= 19$

तथा सबसे बड़ी व सबसे छोटी अनुपाती संख्याओं का अन्तर

$= 9 - 4$

$= 5$

∴ कुल धनराशि $= \frac{19 \times 1000}{5}$

$= 3800$ रु.

प्रश्न 8. तीन वर्ष बाद 10105 रुपए पर 10% वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज आसन्नतः कितना होगा?

उत्तर–चक्रवृद्धि ब्याज

$= \text{मू.}\left[\left(1 + \frac{\text{दर}}{100}\right)^{\text{समय}} - 1\right]$

$= 10105\left[\left(1 + \frac{10}{100}\right)^3 - 1\right]$

$= 10105\left[\left(\frac{11}{10}\right)^3 - 1\right]$

$= \frac{10105 \times 331}{1000}$

$= 3344.76$ रु.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्देश–(प्रश्न 9–10) नीचे दी गई तालिका का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

बीमार औद्योगिक इकाइयों की कुल संख्या ('000 में) तथा बकाया बैंक ऋण

(सौ करोड़ रुपयों में)



प्रश्न 9. वर्ष 1983 में प्रति बीमार इकाई के आधार पर औसत आसन्नतः बैंक ऋण क्या था?

उत्तर–1983 में प्रति बीमार इकाई के आधार पर औसत आसन्नतः बैंक ऋण

$$= \frac{31000000000}{80000} \text{ रुपए}$$

= 387500 रुपए

= 4 लाख रुपए (लगभग)

प्रश्न 10. यदि वर्ष 1981 में ... घटाकर आधा कर दिया जाए तो ... बीमार इकाई का बैंक ऋण ... कितना होगा?

उत्तर–वर्ष 1981 में घटा हुआ ...

$$= \frac{1}{2} \times 2000 \text{ करोड़ ...}$$

= 1000 करोड़ रु...

तथा 1981 में कुल बीमार इकाइ... संख्या = 30000

∴ प्रति बीमार इकाई बैंक ऋण

$$= \frac{1000}{30000}$$

= 0.0333 करोड़ रु...

= 3.33 लाख

= 3 लाख रु. (लग...

शेष पृष्ठ 1589 का

सड़कों पर जाम लगाकर, अधिकारियों का घिराव करके वह अपना रोष एवं विरोध प्रकट करने लगी है. हम चाहते हैं कि जनता की सड़क पर आने की प्रवृत्ति को बढ़ावा न मिले और बिजली की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम शीघ्रातिशीघ्र उठाए जाएं. जनता के धैर्य का बाँध टूटने पर बिजली के कर्मचारियों एवं जनता के मध्य सीधे टकराव की स्थिति बन सकती है, जो प्रत्येक दृष्टि से हानिकर होगी.

हमें विश्वास है कि सम्बन्धित अधिकारी मेरी इस गुहार को ध्यानपूर्वक सुनने की और आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करेंगे.

पता– - - - - - भवदीय

दिनांक– - - - - क ख ग.

प्रश्न 9. किसी रेल दुर्घटना के बारे में एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत कीजिए.

उत्तर–

रेल दुर्घटना की रिपोर्ट

राजा की मण्डी रेलवे स्टेशन के निकट दो ट्रेनों में आमने-सामने की टक्कर के फलस्वरूप भीषण दुर्घटना हुई जिसमें सरकारी आँकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या 25 के लगभग तथा घायल होने वाले यात्रियों की संख्या 150 बताई गई है. मृत एवं घायलों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं. गैर सरकारी सूत्रों के अनुसार ये संख्याएं कहीं अधिक हैं. मृत यात्रियों के शवों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है तथा घायलों को सरोजिनी नायडू अस्पताल आगरा में भर्ती करा दिया गया है.

आगरा कैन्ट होकर मुम्बई जाने वाली पंजाब मेल ने राजामण्डी स्टेशन का प्लेटफार्म छोड़ा ही था कि सामने से मालगाड़ी आ गई. लाइन की कैंची गलत मिला दी गई थी. दोनों ट्रेनों के इंजन आमने-सामने टकरा गए. हालाँकि दोनों गाड़ियों की गति हल्की थी, परन्तु रेलवे ट्रेन तो रेलवे ट्रेन है. दोनों की टक्कर से राजामण्डी और लोहामण्डी के पूरे बाजार हिल गए.

मालगाड़ी का इंजन पंजाब मेल के इंजन के ऊपर चढ़ गया और उसने इंजन के बराबर लगे हुए पहले तीन डिब्बे चकनाचूर कर दिए. चारों ओर हाहाकार का वातावरण हो गया. सरकारी मदद तो अपने तरीके से आती रही. आसपास रहने वाले लोग सैकड़ों की संख्या में सहायतार्थ आ गए. कुछ लोग कुल्हाड़ियों से डिब्बों को काटकर उनमें फँसे हुए यात्रियों को निकालने में लग गए. कुछ लोग बाल्टि... पानी लाकर यात्रियों को पानी पिलाने ... गए. चार-छः व्यक्ति ऐसे भी थे, जो ... में पहुँच गए और उन्होंने कैबिन में ... कर्मचारी की धुनाई कर डाली.

पुलिस ने आते ही घायलों एवं ... की जेबें खाली करना शुरू कर दि... उनकी घड़ियाँ और अँगूठियाँ आदि ... कब्जे में ले लीं. स्थिति के सामान्य हो... लगभग 4 घण्टे का समय लगा. उसके ... नए इंजनों द्वारा दोनों गाड़ियों को ... अपने गन्तव्य की ओर रवाना किय... सका.

रेल मंत्रालय ने प्रत्येक मृतक के ... दो लाख रुपए तथा प्रत्येक घायल के ... 25 हजार रुपए की धनराशि देने की ... की है. साथ ही समस्त घटनाक्रम के ... पूरी रिपोर्ट देने के लिए एक जाँच ... की नियुक्ति कर दी गई है जो एक सप्ता... भीतर अपनी रिपोर्ट देगा. सेन्ट्रल रेल ... महाप्रबन्धक के वक्तव्य के अनुसार दु... के लिए दोषी पाए जाने वाले कर्मचारि... कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषा परिज्ञान

प्रश्न 1. नीचे दिए हुए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 500 शब्दों में निबंध लिखिए–

1. मेरा प्रिय कवि / लेखक
2. साहित्य और समाज
3. किसी त्यौहार का वर्णन

उत्तर–(देखें उपकार प्रकाशन, आगरा द्वारा प्रकाशित—(i) सामयिक निबंध (ii) साकार निबंध तथा (iii) श्रेष्ठ निबंध.

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

करुणा अपना बीज अपने आलम्बन या पात्रों में नहीं फेंकती जिस पर करुणा की जाती है, वह बदले में करुणा नहीं करता, जैसाकि क्रोध और प्रेम में होता है बल्कि कृतज्ञ होता है अथवा श्रद्धा या प्रीति करता है. बहुत-सी औपन्यासिक कथाओं में यह बात दिखायी गई है कि युवतियाँ हाथ के उद्धार करने वाले युवकों के प्रेम में फँस जाती हैं. कोमल भावों की योजना में बंगला के उपन्यास लेखक करुणा और प्रीति के मेल से बड़े ही प्रभावोत्पादक दृश्य उपस्थित करते हैं.

(क) उपर्युक्त गद्यांश का संक्षेपण कीजिए.

(ख) गद्यांश का शीर्षक लिखिए.

(ग) काले मोटे छपे अंशों की व्याख्या कीजिए.

(घ) (i) करुणा और अन्य भावों में क्या अन्तर होता है ?

(ii) बंगला के उपन्यास लेखकों की किस विशेषता के प्रति संकेत किया गया है?

उत्तर–(क) संक्षिप्तीकरण

करुणा बदला नहीं चाहती है. करुणा के कारण करुणा उत्पन्न नहीं होती है, बल्कि कृतज्ञता, श्रद्धा अथवा प्रीति उत्पन्न होती है. करुणा करने वाले के प्रति आकर्षित होकर युवतियाँ प्रायः अपने उद्धारकर्ता के प्रेम में फँस जाती हैं. करुणा और प्रीति के मेल से उत्पन्न प्रभावोत्पादक दृश्य बंगला के उपन्यासकारों ने उत्पन्न किए हैं.

(ख) शीर्षक–करुणा का स्वरूप.

(ग) काले मोटे छपे अंशों की व्याख्या

(i) **करुणा अपना बीज अपने आलम्बन या पात्रों में नहीं फेंकती.**

व्याख्या–करुणा जिस पर की जाती है, वह करुणा का आलम्बन या पात्र होता है. करुणा उस बीज की भाँति नहीं है जो जिस मिट्टी में गिरता है, वहाँ अपने सदृश अंकुर या पौधा उत्पन्न करता है. करुणा जिस पर अथवा जिन पर की जाती है, उनमें करुणा उत्पन्न नहीं करती है. करुणा करने वाला व्यक्ति कभी नहीं चाहता है कि जिस पर मैं करुणा कर रहा हूँ वह बदले में मुझ पर करुणा करे अथवा मुझ पर संकट आए और संकट के समय मेरी सहायता करे.

(ii) **कृतज्ञ होता है अथवा श्रद्धा या प्रीति करता है.**

व्याख्या–क्रोध आदि भाव आलम्बन में समान धर्मा भाव उत्पन्न करते हैं यानी जिस पर क्रोध या प्रेम किया जाता है वह क्रोध या प्रेम करने वाले पर क्रोध या प्रेम करता है, परन्तु करुणा के सन्दर्भ में यह नियम लागू नहीं होता है. जिस पर करुणा की जाती है, वह करुणा करने वाले पर करुणा नहीं करता है, वह या तो उसके प्रति पूज्य भाव रखने लगता है अथवा उसका शुभचिंतक एवं प्रेमी बन जाता है.

(iii) **कोमल भावों की योजना.**

व्याख्या–प्रेम करुणा कोमल भाव हैं. ये आलम्बन का हित-चिन्तन एवं हित की रक्षा करने वाले भाव हैं. इन्हें कोमल भाव कहा गया है. इनका स्वरूप प्रकट करने के लिए प्रेम अथवा करुणा करने वाले तथा बदले में प्रेम एवं श्रद्धा करने वाले पात्रों का वर्णन किया जाता है.

(घ) (i) **करुणा एवं अन्य भावों में अन्तर**–करुणा अपने आलम्बन में करुणा उत्पन्न नहीं करती है, जबकि अन्य भाव आलम्बन में समान भाव उत्पन्न करते हैं. लेखक के शब्दों में करुणा अपना बीज आलम्बन अथवा करुणा के पात्र में नहीं फेंकती है, जबकि अन्य भाव आलम्बन अथवा अपने पात्रों में अपना बीज फेंकते हैं. अन्य भाव आलम्बन में समान भाव उत्पन्न करते हैं, जबकि करुणा अपने आलम्बन या पात्र में करुणा उत्पन्न न करके श्रद्धा या प्रीति उत्पन्न करती है.

(ii) **बंगला के उपन्यास लेखकों की इंगित विशेषता**– बंगला भाषा के उपन्यास लेखकों की यह विशेषता इंगित की गई है कि उन्होंने करुणा और प्रेम के इन मेल दो कोमल भावों के संयोग दिखाकर उच्च कोटि की प्रेम कथायें अपने उपन्यासों में प्रस्तुत की हैं. वे दिखाते हैं कि जिस युवती की रक्षा कोई युवक करता है, वह उसके प्रति पूज्य एवं समर्पण भाव का विकास करती हुई, उससे प्रेम करने लगती है. प्रेम के विकास को लेकर इन लेखकों ने उच्चकोटि के प्रेमपरक उपन्यासों की रचना की है.

प्रश्न 3. निम्नलिखित सूक्तियों / कथनों में किन्हीं दो का पल्लवन / विस्तारण / वृद्धिकरण कीजिए–

(i) संसार एक रंगमंच है.

(ii) चमक-दमक वाली प्रत्येक वस्तु स्वर्ण नहीं होती है.

(iii) नाच न आवै आँगन टेढ़ा.

(iv) कानी के विवाह में नौ सौ जोखिम.

उत्तर–(i) सूक्ति–संसार एक रंगमंच है.

पल्लवन/वृद्धिकरण/विस्तारण—रंगमंच वह स्थान होता है जहाँ पात्र विभिन्न रूप धारण करके–अभिनेता एवं अभिनेत्रियाँ बन कर अभिनय करती हैं. वे सूत्रधार द्वारा निर्धारित भूमिकाओं का निर्वाह करते हैं और उसके इशारे के अनुसार कार्य करते हैं. पात्रों में कोई राजा-रानी बनता है, कोई भिखारी-भिखारिन बनता है, आदि. कोई पात्र सुख एवं आनंद में हँसता है, प्रसन्न होता है, जबकि अन्य दुःख के कारण दुःखी होते हुए अथवा रोते हुए दिखाए जाते हैं. यह दुनिया भी वस्तुतः ऐसा ही एक रंगमंच है. यहाँ अनेक स्त्री-पुरुष विभिन्न रूप धारण करके जन्म लेते हैं और अनेक प्रकार की भूमिकाओं का निर्वाह करते हुए आचरण करते हैं. इन नर-नारियों के जीवन एवं आचरण को देखकर ऐसा लगता है कि वे किसी अज्ञात शक्ति की इच्छानुसार, किसी अज्ञात सूत्रधार के इशारों पर आते-जाते हैं और आचरण करते रहते हैं. जगत के नर-नारियों के जीवन की अवधि अनिश्चित रहती है तथा उनके जीवन में सुख-दुःख का फेरा भी उनके वश में नहीं होता है. अतएव जीवन और जगत की तुलना नाटक के रंगमंच से करना सर्वथा उपयुक्त है. 'न अपनी खुशी आए, न अपनी खुशी चले,' वाली बात रहती है.

(ii) **सूक्ति–चमक दमक वाली प्रत्येक वस्तु स्वर्ण नहीं होती है.**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पल्लवन/वृद्धिकरण/विस्तारण–वस्तु के बाह्य रूप-रंग को देखकर प्रायः उसके गुणों या उसकी गुणवत्ता का आकलन कर लिया जाता है. ऐसा करते हुए प्रायः धोखा होता है. बाहर से आकर्षक दिखाई देने वाले व्यक्ति प्रायः हृदय के कठोर होते हैं. इनसे व्यवहार करने वाले व्यक्ति प्रायः धोखा खा जाते हैं, कहा भी जाता है–''भोली-भाली शक्ल वाले होते हैं जल्लाद भी.''

धूर्त और दुष्ट व्यक्ति प्रायः सदुपदेश देते हुए देखे जाते हैं. सुवर्ण की पालिश वाले पीतल के बर्तन धड़ल्ले से सोने के बर्तन कहकर बेचे जाते हैं, जिन्हें केवल बाहरी रूप-रंग लुभा लेता है, वे धोखा खा जाते हैं. कहने का तात्पर्य यह है कि सुवर्ण की भाँति बाहर से आकर्षक दिखाई देने वाली प्रत्येक वस्तु सुवर्ण की भाँति गुणवान एवं मूल्यवान नहीं होती है. व्यक्तियों के सन्दर्भ में भी यह नियम लागू होता है.

(नोट–शेष दो के पल्लवन / वृद्धिकरण / विस्तारण के लिए देखें उपकार प्रकाशन आगरा द्वारा प्रकाशित पुस्तक)

प्रश्न 4. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए—

(i) हरि, प्रमोद और विनोद महेश का भाई है.

(ii) राकेश, नवीन और राधा गाना गाती हैं.

(iii) चाचा-चाची आगरा जाती हैं.

(iv) गाय और बैल चरता है.

(v) कौवा और कोयल बोलती हैं.

(vi) हमारे पूज्यनीय गुरुजी आज आ रहे है.

(vii) वह तेरे को बिलकुल पसंद नहीं करता है.

(viii) दलाईलामा ने भारत में राजनैतिक शरण माँगी थी.

(ix) कोयल का कण्ठ सबसे मधुरतम होता है.

(x) वह तुम्हारी वाली पुस्तक है.

उत्तर– (i) **अशुद्ध वाक्य**–हरि, प्रमोद और विनोद महेश का भाई है.

शुद्ध वाक्य–हरि, प्रमोद और विनोद महेश के भाई हैं.

(ii) **अशुद्ध वाक्य**–राकेश, नवीन और राधा गाना गाती हैं.

शुद्ध वाक्य–राकेश, नवीन और राधा गाना गाते हैं.

(iii) **अशुद्ध वाक्य**–चाचा-चाची आगरा जाती हैं.

शुद्ध वाक्य–चाचा-चाची आगरा जाते हैं.

(iv) **अशुद्ध वाक्य**–गाय और बैल चरता है.

शुद्ध वाक्य–गाय और बैल चरते हैं.

(v) **अशुद्ध वाक्य**–कौवा और कोयल बोलती हैं.

शुद्ध वाक्य–कौवा और कोयल बोलते हैं.

(vi) **अशुद्ध वाक्य**–हमारे पूज्यनीय गुरुजी आज आ रहे है.

शुद्ध वाक्य–हमारे पूज्य गुरुजी आज आ रहे हैं.

(vii) **अशुद्ध वाक्य**–वह तेरे को बिलकुल पसंद नहीं करता है.

शुद्ध वाक्य–वह मुझे बिलकुल पंसद नहीं करता है.

(viii) **अशुद्ध वाक्य**–दलाईलामा ने भारत में राजनैतिक शरण माँगी थी.

शुद्ध वाक्य–दलाईलामा ने भारत में राजनीतिक शरण माँगी.

(ix) **अशुद्ध वाक्य**–कोयल का कण्ठ सबसे मधुरतम होता है.

शुद्ध वाक्य–कोयल का कण्ठ सबसे मधुर (अथवा मधुरतम) होता है.

(x) **अशुद्ध वाक्य**–वह तुम्हारी वाली पुस्तक है.

शुद्ध वाक्य–वह तुम्हारी पुस्तक है.

प्रश्न 5. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

(i) अंगार बनना.

(ii) अंधों में काना राजा.

(iii) अंधे के हाथ बटेर लगना.

(iv) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता.

(v) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना.

उत्तर–(i) **मुहावरा**–अंगार बनना.

अर्थ–नाराज होना.

वाक्य में प्रयोग–बेटे की आवारागर्दी को देखकर माता-पिता का **अंगार बनना** सर्वथा स्वाभाविक है.

(ii) **मुहावरा**–अंधों में काना राजा.

अर्थ–अज्ञानियों में अल्पज्ञ ही विद्वान् हो जाता है.

वाक्य में प्रयोग–रामलाल दसवाँ दर्जा पास है. वह समस्त गाँववासियों को उपदेश देते रहते हैं. ऐसे ही लोग **अंधों में काने राजा** कहलाते हैं.

(iii) **मुहावरा**–अंधे के हाथ बटेर लगना.

अर्थ–बिना परिश्रम सफलता मिल जाना.

वाक्य में प्रयोग–देवीराम की दो लाख की लॉटरी खुल गई. उनके दिन एकदम बदल गए. **लग गई न अंधे के हाथ बटेर?**

(iv) **मुहावरा**–अकेला चना भाड़ फोड़ सकता.

अर्थ–अकेला व्यक्ति कम होता है.

वाक्य में प्रयोग–कमाने वाला राम है. खाने वाले हैं दस व्यक्ति का खर्च क्योंकर चल सकता है? **चना भाड़ नहीं फोड़ सकता है.**

(v) **मुहावरा**–अपने मुँह मिया बनना.

अर्थ–अपनी प्रशंसा स्वयं करना

वाक्य में प्रयोग–मोहन को एक विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हो गया. वह अपनी भाषण-कला की अपनी तारीफों के पुल बाँधने लगा दोस्त आपस में कहने लगे कि मोहन व्यक्तियों के लिए ही अपने मुँह मिया बनने का मुहावरा कहा जाता है.

प्रश्न 6. निम्नलिखित लोकोक्ति के अर्थ लिखकर उनका अपने वाक्यों प्रयोग कीजिए–

(i) आधी छोड़ पूरी को धावै, आधी मिले न पूरी पावै.

(ii) अपनी गरज पड़ने पर गधे भी बाप बनाया जाता है.

(iii) अधजल गगरी छलकत जाए.

(iv) अपनी करनी पार उतरनी.

(v) इस हाथ दे, उस हाथ ले.

उत्तर–(i) **लोकोक्ति**–आधी छोड़ को धावै, आधी मिले न पूरी पावै

अर्थ–अधिक लालच करने से लाभ अपेक्षा हानि की सम्भावना अधिक रहती

वाक्य में प्रयोग–श्यामलाल दवाइयों की दुकान ठीक-ठाक चल रही अधिक कमाई के चक्कर में उन्होंने पुस्त की एक और दुकान खोल ली. पूरा समय देने के कारण पुस्तकों की दुकान तो नहीं सकी, दवाइयों की दुकान का काम हल्का पड़ गया. किसी ने ठीक ही कहा है–**आधी छोड़ पूरी को धावै, आधी न पूरी पावै.**

(ii) **लोकोक्ति**–अपनी गरज पड़ने गधे को भी बाप बनाया जाता है.

अर्थ–स्वार्थ साधने के लिए व्यक्ति की भी खुशामद/प्रशंसा करनी है.

वाक्य में प्रयोग–काम निकालने लिए लोग क्या नहीं करते ? बड़े-बड़े की तुलना बृहस्पति और गणेश तक दे देते हैं. ठीक ही है–**अपनी गरज पड़ने गधे को भी बाप बनाया जाता है.**

(iii) **लोकोक्ति**–अधजल छलकत जाए.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थ–कम साधन-सम्पन्न व्यक्ति इतराने लगता है.

वाक्य में प्रयोग–छोटे-छोटे पदों पर काम करने वाले लोग रिश्वत की कमाई करके अपने आगे किसी को गिनते नहीं हैं. वे इतना क्यों न हो ? अधजल गगरी छलकत जाए.

(iv) लोकोक्ति–अपनी करनी पार उतरनी

अर्थ–व्यक्ति अपने ही कर्मों का फल पाता है.

वाक्य में प्रयोग–अच्छे काम करने वाले सुख पाते हैं और बुरे काम करने वाले सदा दुःख पाते हैं. प्रकृति का नियम अबाध है–अपनी करनी पार उतरनी.

(v) लोकोक्ति–इस हाथ दे उस हाथ

अर्थ–हिसाब-किताब साफ रखना.

वाक्य में प्रयोग–रुपए-पैसे के मामले में आदमी को एकदम साफ एवं खरा व्यवहार करना चाहिए. इस हाथ दे उस हाथ ले के नियम का पालन करने वाले व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं.

प्रश्न 7. नीचे दिए गए वाक्यों में प्रत्येक में एक रिक्ति है. उसकी पूर्ति के लिए दो शब्द दिए गए हैं ? आपको सही शब्द का चयन करना है–

(i) ..... द्वारा ही हमारा उत्थान सम्भव है.

(चरित्र निर्माण/वैज्ञानिक विकास)

(ii) न्यायालय ने अपराधी की मुक्ति का ..... दिया.

(आदेश/निर्देश)

(iii) ..... रखना हमारे देश की सबसे बड़ी समस्या है.

(अनुशासन/धन-संग्रह)

(iv) जयशंकर प्रसाद ..... के श्रेष्ठ कवि हैं.

(ब्रजभाषा/खड़ी बोली)

(v) हमको चाहिए कि दीन-दुःखियों पर ..... करें.

(सहायता/दया)

उत्तर–(i) चरित्र निर्माण द्वारा ही हमारा उत्थान सम्भव है.

(ii) न्यायालय ने अपराधी की मुक्ति का आदेश दिया.

(iii) अनुशासन रखना हमारे देश की सबसे बड़ी समस्या है.

(iv) जयशंकर प्रसाद खड़ी बोली के श्रेष्ठ कवि हैं.

(v) हमको चाहिए कि दीन-दुःखियों पर दया करें.

प्रश्न 8. किसी समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम पत्र लिखिए जिसमें लाउडस्पीकर से उत्पन्न समस्या पर विचार प्रकट किए गए हों.

उत्तर–

सम्पादक

दैनिक हिन्दुस्तान

दिल्ली

विषय–लाउडस्पीकर की समस्या

महोदय,

आजकल जहाँ देखो वहाँ लाउडस्पीकर बजते हुए देखे जाते हैं. दूकानों पर सामान का विज्ञापन करने के लिए रिक्शों, मोटरों में बैठकर वस्तुओं का विज्ञापन करके ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए, कथा कहते समय, पूजा करते समय, नमाज पढ़ते समय, जनता का उद्धार करने के लिए, गाना गाते समय, कैसेट बजाते समय आदि अवसरों पर राहगीरों का मनोरंजन करते समय आदि. इनके कारण इतना शोर होता है. कि आपस में बात करना, एक-दूसरे की बात सुनना दूभर हो जाता है. जब कई लाउडस्पीकर एक साथ बजते हैं तब तो ऐसा लगता है कि कान के पर्दे फट जाएंगे.

इनके कारण नींद आना हराम हो जाता है. पढ़ाई-लिखाई की तो बात ही कौन करे. इनके शोर के कारण पढ़ाई में पड़ने वाली बाधा के नाम पर परीक्षार्थी प्रायः माथा पीट लेते हैं. बुरी तरह खीझ उठते हैं, परन्तु क्या करें ? एकदम विवश रहते हैं. बजाने वाले से लाउडस्पीकर बन्द करने को कहा जाए, तो वह मरने-मारने तक को तैयार हो जाता है.

इनके द्वारा उत्पन्न शोर कितना ध्वनि-प्रदूषण करता है, इसका हिसाब लगाना सर्वथा असम्भव है.

संक्षेप में हम कह सकते हैं कि लाउडस्पीकरों ने जन-जीवन को दूभर बना दिया है. इनके कारण हमारा सांस्कृतिक जीवन भी व्याधिग्रस्त हो गया है.

सम्बन्धित अधिकारियों से हमारा निवेदन है कि लाउडस्पीकरों का प्रयोग सर्वथा प्रतिबन्धित कर देना चाहिए. यदि ऐसा करना सम्भव नहीं है, तो यह व्यवस्था कर दी जाए– (i) उनके प्रयोग की अवधि निश्चित कर दी जाए, (ii) उनकी ध्वनि की तेजी का स्वर सीमित कर दिया जाए तथा (iii) ऊँचे स्थानों से उनका प्रसारण गैर-कानूनी घोषित कर दिया जाए.

भवदीय

पता–

क ख ग

दिनांक–

प्रश्न 9. सड़क पर होने वाली आँखों देखी किसी दुर्घटना के बारे में एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत कीजिए.

उत्तर–भगवान टाकीज (आगरा) के चौराहे पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. आज एक दुर्घटना में दो बच्चों सहित पाँच व्यक्तियों की तत्काल मृत्यु हो गई तथा तीन महिलाओं सहित दस व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए जिनमें तीन की हालत गम्भीर बताई जाती हैं. मृत व्यक्ति शवविच्छेदन हेतु विच्छेदन-गृह भेज दिए गए तथा घायलों को सरोजिनी नायडू अस्पताल के आपात कक्ष में दाखिल करा दिया गया.

यमुना पुल की ओर से आने वाले ट्रक संख्या उ. प्र. 80 E 754 तथा दयालबाग की ओर से आने वाले टैम्पो संख्या उ. प्र. 80 A 57 के मध्य टक्कर हो गई. चौराहे पर खड़े सिपाही ने दोनों वाहनों को चौराहा पार करने का संकेत दे दिया था. दोनों के मध्य टक्कर इतनी भयंकर थी कि लगभग 1 किलोमीटर तक टक्कर की आवाज सुनाई दी और टैम्पो के परखचे उड़ गए. पुलिस तो अपने स्वभाव के अनुसार अपने समय पर ही पहुँची. राहगीरों ने पूरा प्रयत्न करके टैम्पो में फँसे हुए यात्रियों को बाहर निकाला. ऐसा न होने पर सम्भवतः दो-तीन अन्य यात्री भी मर जाते. ट्रक का ड्राइवर कूद कर भाग गया. ट्रक का क्लीनर पकड़ा गया. जनता ने उसकी जमकर धुनाई कर दी. टैम्पो का ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गया. वह अस्पताल में भर्ती है और मरणासन्न है.

ट्रक फिरोजाबाद से आ रहा था. उसमें चूड़ियों के बण्डल भरे हुए थे. पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और वह ट्रक के मालिक एवं चूड़ियों के व्यापारी की प्रतीक्षा कर रही है. ट्रक का क्लीनर हरी पर्वत थाने में बन्द है.

चौराहे का दृश्य अत्यन्त हृदय-विदारक था. मृत व्यक्तियों के परिजनों–विशेषकर बच्चों का करुण-क्रन्दन सुनकर देखने वालों की आँखों में आँसू आ रहे थे. कुछ लोग दुर्घटना को तमाशा समझकर देख रहे थे.

इस चौराहे पर आए दिन इस प्रकार की दुर्घटनाएं होती रहती हैं, परन्तु ट्रैफिक पुलिस सतर्कता बढ़ाने में असमर्थ दिखाई देती है.

रिपोर्टर

क ख ग

●●●

As you deserve the best, we present you the
COMPETITION SCIENCE VISION (Monthly)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तर्कशक्ति परीक्षा

निर्देश—(प्रश्न 1 और 2 के लिए) नीचे दी गई अक्षर/संकेत शृंखला का अध्ययन कीजिए और फिर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

T □ * G M + C D × B E ⇑ > H < J @ ≠ A # $ S N

1. यदि ऊपर दी गई शृंखला में सर्वप्रथम अक्षरों को वर्णमाला के विपरीत क्रम में व्यवस्थित किया जाए फिर उसके बाद संकेतों को उसी क्रम में व्यवस्थित किया जाए जिस क्रम में शृंखला में दिया गया है, तो ठीक मध्य के अक्षर से दाएं दूसरा संकेत/अक्षर कौनसा होगा?
   (A) × (B) B
   (C) * (D) □
   (E) इनमें से कोई नहीं
2. ऊपर दी गई शृंखला में बाईं ओर से प्रारम्भ करके प्रत्येक तीसरे तत्व यदि शृंखला में से निकाल दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई शृंखला में बाएं से आठवें अक्षर/संकेत से दाएं तीसरा अक्षर/संकेत क्या होगा?
   (A) H (B) #
   (C) @ (D) J
   (E) इनमें से कोई नहीं
3. अगर किसी महीने के 19वें दिन से आठवाँ दिन मंगलवार है, तो उसी महीने की 5वीं तारीख से आठवाँ दिन कौनसा होगा?
   (A) मंगलवार (B) बुधवार
   (C) सोमवार (D) रविवार
   (E) इनमें से कोई नहीं
4. निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
   CS, CES, CESU, CEGSU, CEG SUW, ?
   (A) CEGHSUW
   (B) CEGSUWY
   (C) CEGJSUW
   (D) CEGISUW
   (E) इनमें से कोई नहीं
5. PROTECTION शब्द के बीच अक्षरों के कितने ऐसे जोड़े हैं जिनके बीच उतने ही अक्षर हैं जितने कि वर्णमाला में उनके बीच होते हैं?
   (A) तीन (B) पाँच
   (C) चार (D) दो
   (E) इनमें से कोई नहीं
6. यदि किसी सांकेतिक भाषा में COMBINED को EQPEMRJI लिखा जाता है, तो उसी सांकेतिक भाषा में EMPLOYMENT को कैसे लिखा जाएगा?
   (A) GOSPSCRJTY
   (B) GOSOSCRJTY
   (C) GOSOTCRJTZ
   (D) GOSOSCRJTZ
   (E) इनमें से कोई नहीं
7. यदि 12–4 का अर्थ है 48, 18 ÷ 6 का अर्थ है 24, 15 + 7 का अर्थ है 8, 9 × 3 का अर्थ है 3, तो
   40000 – 400 × 4000 + 4000 ÷ 4 = ?
   (A) 40 (B) 400
   (C) 4 (D) 4000
   (E) इनमें से कोई नहीं
8. यदि DISTERBANCE शब्द में प्रत्येक स्वर अक्षर को बाएं से शुरू करके क्रमशः सम संख्या (2, 4, 6, 8 ...) तथा प्रत्येक व्यंजन को दाएं से शुरू करके क्रमशः विषम संख्या (1, 3, 5, 7, ...) से अंकित किया जाए, तो BANDS शब्द का कुल आंकिक मान कितना होगा?
   (A) 38 (B) 34
   (C) 32 (D) 42
   (E) 28
9. एक क्षैतिज पंक्ति में कुछ लड़के तथा लड़कियाँ उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हैं. यदि लड़कियों में राधा का स्थान बाएं से छठवाँ तथा दाएं से 9वाँ है तथा उसके बाएं 8 लड़के तथा दाएं 5 लड़के बैठे हैं. यदि रश्मि राधा से दाएं 9वें स्थान पर बैठी है और रश्मि तथा राधा के बीच 3 लड़के और 5 लड़कियाँ बैठी हैं, तो रश्मि का दाएं से स्थान क्या होगा?
   (A) छठवाँ (B) चौथा
   (C) आठवाँ (D) पाँचवाँ
   (E) इनमें से कोई नहीं
10. नीचे दी गई शृंखला में ऐसे कितने 4 हैं जिनके ठीक पहले की दो संख्याओं का गुणनफल, ठीक बाद की संख्याओं के योग से कम है?
    2 3 4 5 2 4 3 2 4 1 9 4 5 4 3 2
    2 3 4 5 8 2 4 7 5 4 6 5 4 3 7
    (A) चार (B) पाँच
    (C) तीन (D) दो
    (E) एक

निर्देश—(प्रश्न 11 से 15 तक लिए) दी हुई जानकारियों का अध्ययन निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

एक विद्यालय में सात विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, अर्थशास्त्र और इतिहास की 10 बजे प्रातः से 5 बजे दोपहर तक है. प्रत्येक विषय की परीक्षा की अवधि घण्टे की है. परीक्षा ठीक 10 बजे शुरू जाती है. गणित की परीक्षा 12 बजे बजे के बीच होती है. हिन्दी की परीक्षा बजे से 4 बजे के बीच होती है. सामाजिक विज्ञान की परीक्षा 10 बजे से 3 बजे बीच होती है. अंग्रेजी की परीक्षा 12 बजे 5 बजे के बीच होती है. जीव विज्ञान परीक्षा 11 बजे से 3 बजे के बीच होती इतिहास की परीक्षा 1 बजे से 2 बजे होती है. अर्थशास्त्र की परीक्षा 2 बजे होती है.

11. गणित की परीक्षा कब शुरू होती है?
    (A) 11 बजे (B) 12 बजे
    (C) 4 बजे (D) 3 बजे
    (E) 10 बजे
12. 3 बजे किस विषय की परीक्षा होती है?
    (A) गणित (B) हिन्दी
    (C) इतिहास (D) जीव विज्ञान
    (E) इनमें से कोई नहीं
13. सामाजिक विज्ञान की परीक्षा कब होती है?
    (A) 11 बजे (B) 1 बजे
    (C) 12 बजे (D) 3 बजे
    (E) इनमें से कोई नहीं
14. 4 बजे किस विषय की परीक्षा होती है?
    (A) जीव विज्ञान (B) अर्थशास्त्र
    (C) गणित (D) अंग्रेजी
    (E) इनमें से कोई नहीं
15. हिन्दी की परीक्षा कब शुरू होती है?
    (A) 3 बजे (B) 2 बजे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(D) 1 बजे
(C) 12 बजे
(E) इनमें से कोई नहीं

नीचे तीन अंकों वाली पाँच संख्याएं दी गई हैं. इन अंकों में अक्षर तथा मूल अंक (1 से 9 तक) सम्मिलित हैं. अंग्रेजी वर्णमाला में अंग्रेजी अक्षर का स्थिति क्रमांक उसका अंकमान बताता है. यदि सर्वप्रथम प्रत्येक संख्या में दोनों अक्षरों को एक दूसरे से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और अंक का स्थान अपरिवर्तनीय रहता है. यदि अब अक्षरों को उनका अंग्रेजी वर्णमाला में उनके स्थान के क्रम अनुसार अंक प्रदान करके सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मध्य की संख्या का मध्य अंक क्या होगा?

DA5, E4C, HI8, 7FG, B9H

(A) 4 (B) 8
(C) 6 (D) 7
(E) इनमें से कोई नहीं

17. रोहन ने एक स्कूल में प्रवेश के लिए मंगलवार को अपना आवेदन-पत्र क्लर्क को दिया. अगले दिन छुट्टी होने के कारण क्लर्क ने आगामी कार्य दिवस पर उसके आवेदन-पत्र में कार्यवाही करके प्रधानाचार्य को दे दिया. प्रधानाचार्य ने उसी दिन उसे चेक किया पर स्कूल मैनेजर को अगले दिन भेजा. स्कूल मैनेजर ने तय किया कि वह अगले दिन उन पर कार्यवाही करेगा. स्कूल मैनेजर किस दिन उस पर कार्यवाही करेगा?

(A) शनिवार (B) शुक्रवार
(C) रविवार (D) बुधवार
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश—(प्रश्न 18 से 23 तक के लिए) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए दी गई जानकारियों को पढ़िए—

शब्दों को व्यवस्थित करके लगाने वाली एक मशीन को जब शब्दों की कोई आउटपुट लाइन दी जाती है, तो वह उन्हें हर चरण पर एक विशेष नियम का अनुसरण करते हुए पुनर्व्यवस्थित करती है. नीचे इनपुट का एक उदाहरण और पुनर्व्यवस्था के चरण दिए गए हैं—

इनपुट—I am going where you went last year.

I चरण—am I going where you went last year.

II चरण—going I am where you went last year.

III चरण—where am I going you went last year.

IV चरण—you going I am where went last year.

V चरण—went where am I going you last year.

VI चरण—last you going I am where went year.

VII चरण—year went where am I going you last.

(चरण VII इस आउटपुट का अन्तिम चरण है)

ऊपर दिए गए चरणों में जो नियम लगाया गया है, उसके अनुसार नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दिए गए आउटपुट के लिए क्या चरण होंगे ज्ञात कीजिए.

18. इनपुट : he was knocked down by a car.

इस इनपुट के लिए अन्तिम चरण क्या होगा?

(A) car by knocked was he down.
(B) car by knocked he was down a
(C) car a by down knocked was he
(D) car by knocked he a was down
(E) इनमें से कोई नहीं

19. यदि इनपुट my name has been left out from the list है, तो इस इनपुट का कौनसा चरण left has my name been out from the list होगा?

(A) II चरण (B) V चरण
(C) IV चरण (D) VII चरण
(E) इनमें से कोई नहीं

20. यदि इनपुट का चौथा चरण I am looking for a new house है, तो इनपुट क्या होगा?

(A) for looking am a I new house
(B) am looking house new a for I
(C) looking for am a new I house
(D) looking for am a I new house
(E) इनमें से कोई नहीं

21. यदि किसी इनपुट का दूसरा चरण has the traffic been held up by agitators है, तो कौनसा V चरण होगा?

(A) held has the traffic been up by agitators
(B) up been traffic the has held by agitators
(C) been traffic the has held up by agitators
(D) up been traffic the held has by agitators
(E) इनमें से कोई नहीं

22. यदि किसी इनपुट का छठवाँ चरण bad is to book it down the upon poor है, तो तीसरा चरण कौनसा होगा?

(A) down it book to is the bad upon poor
(B) is to book it down the bad upon poor
(C) the down it book to is bad upon poor
(D) the is to book it down bad upon poor
(E) इनमें से कोई नहीं

23. यदि इनपुट It is not easy to get back your money from him का अन्तिम चरण निम्नलिखित में से कौनसा होगा?

(A) IV चरण (B) VIII चरण
(C) IX चरण (D) X चरण
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश—(प्रश्न 24 से 28 तक के लिए) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक प्रश्न और उसके नीचे दो कथन I और II दिए गए हैं. आपको यह निश्चय करना है कि क्या कथन में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है. दोनों कथनों को पढ़िए और—

उत्तर (A) दीजिए यदि केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है.

उत्तर (B) दीजिए यदि केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है.

उत्तर (C) दीजिए यदि या तो केवल कथन I में दी गई जानकारी अथवा केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है.

उत्तर (D) दीजिए यदि दोनों कथन I और II में दी गई जानकारी मिलाकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है.

उत्तर (E) दीजिए यदि कथन I और II दोनों में दी गई जानकारी मिलाकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

24. G, F के किस दिशा में स्थित है?
   I. F, T के उत्तर-पश्चिम दिशा में है, जोकि A के पश्चिम में है.
   II. H.T के दक्षिण-पश्चिम में है, जोकि G के उत्तर-पश्चिम में है.

25. संजय का राधा से क्या सम्बन्ध है?
   I. राम, सुनीता का पुत्र है, जोकि राधा की बहन है.
   II. मोहन, राधा का लड़का है, जोकि संजय का भतीजा है.

26. सबसे बड़ा कौन है?
   I. राम, श्याम से लम्बा है, लेकिन मोहन से छोटा है, जोकि रमेश से लम्बा है.
   II. रमेश, श्याम से छोटा है.

27. A और D की आयु में कितना अन्तर है?
   I. A की उम्र, B से 3 वर्ष अधिक है, जोकि C से चार वर्ष छोटा है, जबकि D की उम्र 28 वर्ष है.
   II. C की उम्र, D की उम्र से 5 वर्ष अधिक है.

28. चार आदमी A, B, C और D कैरमबोर्ड खेल रहे हैं. A के ठीक सामने कौन बैठा है?
   I. A, D के तुरन्त बाएं तथा C के तुरन्त दाएं बैठा है.
   II. B, D के तुरन्त दाएं बैठा है, जोकि A के तुरन्त दाएं बैठा है.

निर्देश—(प्रश्न 29 से 35 तक के लिए) नीचे दी गई जानकारियों को पढ़िए और फिर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

केन्द्रीय विद्यालय में सभी विषय के लिए प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक पद के चुनाव हेतु निम्नलिखित कसौटियाँ तय की गई हैं. अभ्यर्थी को चाहिए कि—

(a) वह कम-से-कम 60% अंकों के साथ स्नातक या 55% अंकों के साथ परास्नातक हो.
(b) वह हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा C.B.S.E. बोर्ड से उत्तीर्ण हो.
(c) वह अंग्रेजी बोलने में धारा प्रवाह हो.
(d) वह किसी भी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कम-से-कम 3 वर्ष का पढ़ाने का अनुभव रखता हो.
(e) 1-4-2000 को उसकी आयु 21 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो.
(f) बी.एड. की उपाधि रखता हो तथा बी.एड. की प्रयोगात्मक परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो.

तथापि अगर कोई अभ्यर्थी इनको छोड़कर अन्य शर्तें/कसौटियाँ पूरी करता है जैसे—

(i) उपर्युक्त (b) को छोड़कर, पर उत्तर प्रदेश बोर्ड से हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में 70% से अधिक अंक प्राप्त किए हों, तो उसका मामला स्कूल के प्रधानाचार्य को भेजा जाए.
(ii) उपर्युक्त (d) को छोड़कर उसने किसी भी विश्वविद्यालय में Ph.d के लिए रजिस्ट्रेशन करा रखा हो तथा वह शोधरत में अध्ययनरत है, तो उसका मामला स्कूल के मैनेजर को भेजा जाए.
(iii) उपर्युक्त (e) को छोड़कर, पर वह अगर आरक्षण श्रेणी में आता है, तो उसका मामला स्कूल के चेयरमैन को भेजा जाए.

उपर्युक्त मापदण्डों तथा नीचे दिए गए प्रत्येक केस में दी गई जानकारी के आधार पर आपको निर्णय लेना है. आपको कोई भी पूर्वधारणा नहीं बनानी है. अगर आपको लगता है कि दिए गए 'तथ्य अधूरे हैं' तो आपका उत्तर 'तथ्य अधूरे हैं' होगा.

29. क्षितिज 58% अंकों के साथ परास्नातक है. उसकी जन्मतिथि 2-11-1970 है. वह अंग्रेजी बोलने में धारा प्रवाह है. अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पिछले 32 महीनों से पढ़ा रहा है. बी.एड. की प्रयोगात्मक परीक्षा में वह प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण है. हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा C.B.S.E. बोर्ड से उत्तीर्ण की है. वर्तमान में वह M.B.A. कर रहा है
(A) उसका मामला स्कूल मैनेजर को भेजा जाए
(B) चयन कर लिया जाए
(C) उसका मामला स्कूल के चेयरमैन को भेजा जाए
(D) उसका मामला स्कूल के प्रधानाचार्य को भेजा जाए
(E) चयन नहीं किया जाए

30. सोनाली शर्मा ने 55% अंकों के साथ स्नातक तथा इतने ही प्रतिशत अंकों के साथ परास्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की है. वह अंग्रेजी फर्राटे से बोल लेती है. अंग्रेजी माध्यम स्कूल में उसे $3\frac{1}{2}$ वर्ष का पढ़ाने का अनुभव है. उसकी जन्मतिथि 30-11-1969 है तथा बी.एड. की उपाधि में उसने प्रयोगात्मक परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त की.
(A) उसका मामला स्कूल मैनेजर को भेजा जाए
(B) उसका मामला स्कूल चेयरमैन को भेजा जाए
(C) उसका मामला प्रधानाचार्य को भेजा जाए
(D) चयन नहीं किया जाए
(E) इनमें से कोई नहीं

31. संजय कुलश्रेष्ठ 60% अंकों के [illegible] परास्नातक है. वह अंग्रेजी [illegible] प्रवाह बोलता है. हाईस्कूल [illegible] इण्टरमीडिएट दोनों परीक्षा [illegible] प्रदेश बोर्ड से 75% से अधिक [illegible] प्राप्त किए है. बी.एड. की [illegible] परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त [illegible] अंग्रेजी माध्यम स्कूल में वह [illegible] महीनों से पढ़ा रहा है. वह [illegible] 25 साल का हो गया था.
(A) स्कूल के चेयरमैन को [illegible]
(B) स्कूल के प्रधानाचार्य को [illegible] जाए
(C) स्कूल के मैनेजर को [illegible]
(D) चयन कर लिया जाए
(E) चयन नहीं किया जाए

32. नीलम ने हाईस्कूल C.B.S.E. [illegible] 46% तथा इण्टरमीडिएट C.B.S.E. बोर्ड से 48% अंकों के साथ [illegible] की. 65% अंकों से स्नातक की [illegible] उत्तीर्ण की है. वर्ष 2000 में [illegible] अपना 29वाँ जन्मदिन मनाया [illegible] अंग्रेजी बोलने में धारा प्रवाह [illegible] बी.एड. की उपाधि सन् 1998 में [illegible] की. बी.एड. की प्रयोगात्मक परीक्षा [illegible] द्वितीय श्रेणी तथा लिखित परीक्षा [illegible] प्रथम श्रेणी प्राप्त की है. [illegible] माध्यम स्कूल में उसे पढ़ाने का [illegible] वर्ष का अनुभव है.
(A) स्कूल के मैनेजर को भेज [illegible]
(B) चयन कर लिया जाए
(C) स्कूल के चेयरमैन को भेजा [illegible]
(D) चयन नहीं किया जाए
(E) इनमें से कोई नहीं

33. वन्दना ने वर्ष 1999 में 55% [illegible] साथ परास्नातक की परीक्षा [illegible] है. अंग्रेजी बोलने में धारा प्रवाह [illegible] हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट [illegible] 58% अंकों के साथ C.B.S.E. [illegible] से उत्तीर्ण की. उसकी जन्मतिथि [illegible] 2-1970 है. बी.एड. की प्रयोगात्मक [illegible] परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त [illegible] आरक्षण श्रेणी के अन्तर्गत आता [illegible] उसे 3 साल का अंग्रेजी माध्यम [illegible] में पढ़ाने का अनुभव है.
(A) उसका चयन नहीं किया जाए
(B) उसका मामला स्कूल के [illegible] को भेजा जाए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(C) उसका मामला स्कूल के मैनेजर को भेजा जाए
(D) चयन कर लिया जाए
(E) इनमें से कोई नहीं

नीरज गांगुली ने हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा तो C.B.S.E. बोर्ड से उत्तीर्ण की है और परास्नातक परीक्षा 60% अंकों के साथ आगरा विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है. वर्तमान में वह शोधरत में अध्ययनरत है. वह हिन्दी और बंगला बोलने में धारा प्रवाह है. हिन्दी माध्यम स्कूल में उसे पढ़ाने का 4 साल का अनुभव है. बी.एड. की प्रयोगात्मक परीक्षा में उसे प्रथम श्रेणी प्राप्त है. वह वर्तमान में 28 वर्ष का है.

(A) स्कूल के प्रधानाचार्य को भेजा जाए
(B) स्कूल के चेयरमैन को भेजा जाए
(C) चयन नहीं किया जाए
(D) चयन कर लिया जाए
(E) इनमें से कोई नहीं

35. सरोज भटनागर की जन्मतिथि 28-11-1970 है. वह 50% अंकों के साथ स्नातक तथा 55% अंकों के साथ परास्नातक है. हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा उसने C.B.S.E. बोर्ड से उत्तीर्ण की. हिन्दी माध्यम स्कूल में पढ़ाने का उसे 5 वर्षों का अनुभव है. उसने लखनऊ विश्वविद्यालय में Ph.d. का रजिस्ट्रेशन करा रखा है. वर्तमान में वह शोधरत में अध्ययनरत है. बी.एड. की प्रयोगात्मक परीक्षा में उसने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है. वह अंग्रेजी बोलने में धारा प्रवाह है.

(A) उसका मामला स्कूल के मैनेजर को भेजा जाए
(B) उसका मामला स्कूल के चेयरमैन को भेजा जाए
(C) उसका चयन नहीं किया जाए
(D) चयन कर लिया जाए
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश—(प्रश्न 36 से 40 तक के लिए) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन दिए गए हैं जिनके बाद I, II, III और IV निष्कर्ष दिए गए हैं. आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है और फिर यह देखना है कि कौनसे निष्कर्ष उन दिए गए सर्वमान्य तथ्यों से अलग दिखते हों सभी निष्कर्ष पढ़िए और फिर तय कीजिए कि कौनसे निष्कर्ष उन दिए गए कथनों के आधार पर तर्कसंगत रूप से निकाले जा सकते हैं. ऐसा करते समय उन सर्वमान्य तथ्यों की अवहेलना कर दीजिए.

36. **कथन :** कुछ हिन्दू होशियार हैं.
सभी हिन्दू बहरे हैं.
सभी होशियार गूँगे हैं..

निष्कर्ष :
I. कुछ बहरे गूँगे हैं.
II. सभी हिन्दू गूँगे हैं.
III. कुछ होशियार बहरे हैं.
IV. सभी होशियार बहरे हैं.
(A) केवल निष्कर्ष I और II निकलते हैं
(B) केवल निष्कर्ष II निकलता है
(C) केवल निष्कर्ष I और III निकलते हैं
(D) केवल निष्कर्ष II और III निकलते हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

37. **कथन :** सभी चाकू पिस्तौल हैं.
सभी पिस्तौल तलवार हैं.
कुछ चाकू हथियार हैं.

निष्कर्ष :
I. कुछ पिस्तौल चाकू हैं.
II. कुछ पिस्तौल हथियार हैं.
III. कुछ तलवार हथियार हैं.
IV. कुछ तलवार चाकू हैं.
(A) केवल निष्कर्ष I, II और III निकलते हैं
(B) केवल निष्कर्ष II, III और IV निकलते हैं
(C) केवल निष्कर्ष I, III और IV निकलते हैं
(D) सभी चारों निष्कर्ष निकलते हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

38. **कथन :** कोई हरा, पीला नहीं है.
कुछ लाल, पीले हैं.
कुछ काले, लाल हैं.

निष्कर्ष :
I. कोई काला, हरा नहीं है
II. कुछ काले, पीले है.
III. कुछ पीले, काले हैं.
IV. कुछ हरे लाल हैं.
(A) केवल निष्कर्ष I और II निकलते हैं
(B) केवल निष्कर्ष I और III निकलते हैं
(C) केवल निष्कर्ष II और III निकलते हैं
(D) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(E) इनमें से कोई नहीं

39. **कथन :** कुछ बच्चे लड़के हैं.
कुछ लड़के लड़कियाँ हैं.
सभी लड़कियाँ औरत हैं.

निष्कर्ष :
I. कुछ बच्चे लड़कियाँ हैं
II. कुछ बच्चे औरत हैं
III. कुछ लड़के औरत हैं
IV. कुछ औरत लड़कियाँ हैं
(A) केवल निष्कर्ष II और III निकलते हैं
(B) केवल निष्कर्ष III और IV निकलते हैं
(C) केवल निष्कर्ष III निकलता है
(D) केवल निष्कर्ष IV निकलता है
(E) इनमें से कोई नहीं

40. **कथन :** कुछ चाक कैलीपर्स हैं.
सभी कैलीपर्स हाथ हैं.
कुछ हाथ तराजू हैं.

निष्कर्ष :
I. कुछ चाक तराजू हैं.
II. कुछ कैलीपर्स तराजू नहीं हैं.
III. कुछ चाक हाथ हैं.
IV. कुछ हाथ कैलीपर्स हैं.
(A) केवल निष्कर्ष III निकलता है
(B) केवल निष्कर्ष II और IV निकलते हैं
(C) केवल निष्कर्ष III और IV निकलते हैं
(D) केवल निष्कर्ष I, III और IV निकलते हैं
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश—(प्रश्न 41 से 45 तक के लिए) निम्नलिखित प्रश्नों में 2, 3, 4, 5 और 6 अंकों का प्रयोग किया गया है, जिनका अभिप्राय इस प्रकार है—

S 4 T से तात्पर्य है S बड़ा है T से
S 6 T से तात्पर्य है S या तो बड़ा है अथवा बराबर है T से
S 3 T से तात्पर्य है S छोटा है T से
S 2 T से तात्पर्य है S या तो छोटा है अथवा बराबर है T से
S 5 T से तात्पर्य है S बराबर है T से

अब निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के दिए हुए कथन को सत्य समझते हुए नीचे दिए हुए निष्कर्षों I और II में से कौन निश्चित रूप से सत्य है/हैं, पता लगाइए?

उत्तर (A) दीजिए यदि केवल निष्कर्ष I सत्य हो
उत्तर (B) दीजिए यदि केवल निष्कर्ष II सत्य हो
उत्तर (C) दीजिए यदि या तो निष्कर्ष I अथवा II सत्य हो
उत्तर (D) दीजिए यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है
उत्तर (E) दीजिए यदि निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

41: **कथन :** * 6 Δ, □ 6 ⇑, ⇑ 4 *

निष्कर्ष :

I. □ 4 * II. Δ 3 ⇑

42. **कथन :** + 6 ×, × 6 Δ, * 5 +

निष्कर्ष :

I. Δ 2 * II. * 2 ×

43. **कथन :** * 6 ×, * 3 +, * 4 T

निष्कर्ष :

I. T 3 × II. + 4 T

44. **कथन :** ⊕ 2 O, * 2 C, C 4 O

निष्कर्ष :

I. ⊕ 5 C II. O 6 *

45. **कथन :** ⊗ 5 *, * 4 ×, × 2 +

निष्कर्ष :

I. ⊗ 4 + II. * 5 +

निर्देश—(प्रश्न 46 से 50 तक के लिए) महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय लेते समय यह वांछनीय है कि ठोस और कमजोर तर्कों के बीच अन्तर किया जाए, जहाँ तक कि उनका प्रश्न से सम्बन्ध है, ठोस तर्क वे तर्क हैं, जोकि महत्वपूर्ण तो हैं ही साथ ही प्रश्न से सीधे सम्बन्धित हो सकते हैं. कमजोर तर्क वे हैं जो कम महत्वपूर्ण हैं और हो सकता है कि प्रश्न से सीधे सम्बन्धित न हों या उससे कम जरूरी पक्ष से जुड़े हों. प्रत्येक प्रश्न के बाद तर्क I और II दिए गए हैं. आपको तय करना है कि कौनसा तर्क ठोस है और कौनसा तर्क कमजोर.

उत्तर (A) दीजिए, अगर केवल तर्क I ठोस हो

उत्तर (B) दीजिए, अगर केवल तर्क II ठोस हो

उत्तर (C) दीजिए, अगर या तो तर्क I या II ठोस हो

उत्तर (D) दीजिए, अगर न तो तर्क I और न ही II ठोस है

उत्तर (E) दीजिए, अगर तर्क I और II दोनों ठोस हों

46. **कथन :** क्या सरकार को उचित वाहनों में ईंधन के रूप में गैस सिलेण्डरों का प्रयोग करने की अनुमति देनी चाहिए

तर्क :

I. हाँ, इससे पेट्रोल की खपत में राहत मिलेगी

II. नहीं, इससे पेट्रोल पम्प के मालिकों के व्यवसाय पर बुरा असर पड़ेगा

47. **कथन :** क्या चौदह साल से कम उम्र के बच्चों को कारखाने या अन्य किसी जगह काम पर लगाना चाहिए?

तर्क :

I. हाँ, इससे वे अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे जिससे वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकेंगे.

II. नहीं, इससे शिक्षा के अभाव में उनका भविष्य अंधकारमय हो जाएगा.

48. **कथन :** क्या ट्रेनों में बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए सरकार को ट्रेनों में सामान्य बोगियों के डिब्बों की सख्या में और अधिक वृद्धि करनी चाहिए?

तर्क :

I. नहीं, इससे ट्रेनों की गति पर प्रभाव पड़ेगा.

II. हाँ, इससे लोग अब सामान्य बोगी में सोकर यात्रा कर सकेंगे.

49. **कथन :** क्या क्रिकेट में मैच फिक्सिंग काण्ड की जाँच सी.बी.आई. द्वारा करवानी चाहिए?

तर्क :

I. हाँ, इससे खेल प्रेमियों के सामने सच्चाई उजागर होगी और दोषी खिलाड़ियों के खिलाफ न्यायिक कार्यवाही होगी.

II. नहीं, इससे खिलाड़ियों के मान-सम्मान को ठेस पहुँचेगी.

50. **कथन :** क्या भारत में बेरोजगारी की गम्भीर समस्या को देखते हुए पूर्व में बी.एड. किए हुए बेरोजगार छात्रों को पहले रोजगार देने के उद्देश्य से आगामी तीन वर्ष तक बी.एड. प्रवेश परीक्षा को स्थगित कर देना चाहिए?

तर्क :

I. हाँ, इससे पूर्व में बी.एड. किए हुए छात्रों को रोजगार मिल सकेगा.

II. नहीं, यह वर्तमान पीढ़ी के छात्रों के साथ अन्याय होगा.

निर्देश—(प्रश्न 51 से 55 तक के लिए) नीचे एक गद्यांश दिया गया है और उसके साथ कुछ ऐसे सम्भावित अनुमान दिए गए हैं, जोकि गद्यांश में दिए गए तथ्यों की सहायता से निकाले जा सकते हैं. आपको प्रत्येक अनुमान का गद्यांश के सन्दर्भ में अलग-अलग परीक्षण करना है और फिर उसकी सत्यता या असत्यता की सीमा निर्धारित करनी है.

उत्तर (A) दीजिए, अगर आप समझते हैं कि अनुमान निश्चित रूप से सत्य है' अर्थात् वह कथन में दिए गए तथ्यों से ठीक प्रकार से निकल आता है.

उत्तर (B) दीजिए, अगर आप समझते हैं कि अनुमान 'सम्भवतः सत्य है' यद्यपि दिए गए तथ्यों के [illegible] में निश्चित रूप से सत्य [illegible]

उत्तर (C) दीजिए, अगर आप समझते कि 'दी गई जानकारी अपर्याप्त' अर्थात् दिए गए तथ्य सहायता से यह नहीं कह सकते हैं कि अनुमान सत्य हो सकता है अथवा असत्य.

उत्तर (D) दीजिए, अगर आप समझते कि अनुमान 'सम्भवतः असत्य है' यद्यपि दिए गए तथ्यों के सन्दर्भ में निश्चित रूप से असत्य नहीं है.

उत्तर (E) दीजिए, अगर आप समझते कि अनुमान 'निश्चित रूप से असत्य है' अर्थात् दिए गए तथ्यों से उसका निष्कर्ष सम्भवतः नहीं है अथवा तथ्यों के विरुद्ध जाता है.

देश में मुद्रा स्फीति की नियंत्रित [illegible] को देखते हुए अर्थव्यवस्था में तरलता [illegible] प्रसार हेतु रिजर्व बैंक ने बैंक दर व [illegible] आरक्षण अनुपात में एक-एक प्रतिशत [illegible] की कटौतियाँ कर दी हैं. बैंक दर [illegible] प्रतिशत से घटा कर 7 प्रतिशत किया [illegible] है तथा नई दर 1 अप्रैल, 2000 से [illegible] हो गई है. नकद आरक्षण अनुपात (CR) में 1 प्रतिशत बिन्दु की कटौती दो चरणों प्रभावी होगी. गत 8 अप्रैल से यह अनुपात प्रतिशत से घटकर 8·5 प्रतिशत हो गया [illegible] तथा 22 अप्रैल, 2000 से यह 8 प्रतिशत [illegible] गया है. नकद आरक्षण अनुपात में प्रतिशत बिन्दु की इस कटौती से वाणिज्यिक बैंकों के पास ऋण उपलब्ध कराने के लिए 7200 करोड़ रुपए के अतिरिक्त [illegible] उपलब्ध हो जाएंगे. इससे निवेश हेतु [illegible] को अधिक मात्रा में ऋण उपलब्ध [illegible] सकेंगे, जबकि बैंक दर में कमी किए [illegible] से बैंक ऋणों पर ब्याज की दरें कम [illegible] रिजर्व बैंक ने रेपो दर में भी एक प्रतिशत बिन्दु की कमी करते हुए इसे 6 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है.

51. बैंक दर में कमी, ब्याज की दरों [illegible] प्रभाव डालती है.

52. नकद आरक्षण अनुपात की 1% [illegible] वाणिज्यिक बैंकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाती है.

53. बैंक दर व नकद आरक्षण अनुपात [illegible] कटौती व वृद्धि देश में मुद्रा स्फीति [illegible] निर्भर है.

54. 8% की बैंक दर 1 अप्रैल, 2000 [illegible] प्रभावी हो गई है.

55. बैंक दर में वृद्धि या कमी आम [illegible] के जन-जीवन में प्रभाव डालती है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्देश–(प्रश्न 56 से 60 तक के प्रश्नों) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन दिया गया है और, फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएं जिन्हें I और II क्रमांक दिए गए हैं. कोई पूर्वगृहीत या मान ली गई बात पूर्वधारणा कहलाती है. आपको कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करना है और फिर तय करना है कि कौनसी पूर्वधारणाएं कथन में अन्तर्निहित हैं?

उत्तर (A) दीजिए, अगर केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है.

उत्तर (B) दीजिए, अगर केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है.

उत्तर (C) दीजिए, अगर या तो पूर्वधारणा I या फिर II अन्तर्निहित है

उत्तर (D) दीजिए, अगर न तो पूर्वधारणा I न ही II अन्तर्निहित है.

उत्तर (E) दीजिए, अगर पूर्वधारणा I और II दोनों अन्तर्निहित हैं.

पनामा का एक मालवाहक पोत एन. वी. 'प्राइम वैल्यू' गत 19 जुलाई को हल्दिया बंदरगाह के निकट बंगाल की खाड़ी में डूब गया. इस पर सवार चालक दल सहित सभी 21 व्यक्तियों को भारतीय तटरक्षक दल व मछुआरों ने बचा लिया.

दिवस / सप्ताह / माह / वर्ष

कारगिल विजय दिवस–26 जुलाई

मैत्री दिवस (Friendship Day)–6 अगस्त

हिरोशिमा दिवस–6 अगस्त

अगस्त क्रांति दिवस–9 अगस्त

अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस– 12 अगस्त

अन्तर्राष्ट्रीय पर्वत वर्ष–2002

(खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा घोषित)

विविध

एक माह में तीन ग्रहण

एक ही माह में तीन ग्रहण पड़ने की दुर्लभ खगोलीय घटना गत जुलाई माह में घटी. इनमें दो सूर्य ग्रहणों के अतिरिक्त एक पूर्ण चन्द्र ग्रहण शामिल था. 16 जुलाई को पड़ा पूर्ण चन्द्र ग्रहण गत 150 वर्षों में सर्वाधिक अवधि (1 घंटा 47 मिनट) का पूर्ण चन्द्र ग्रहण था. खग्रास चन्द्र ग्रहण का दृश्य पूर्वोत्तर व पूर्व भारत में देखा जा सका.

ईरानी प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण

ईरान ने मध्यम दूरी के प्रक्षेपास्त्र शहाब–III का सफल परीक्षण गत जुलाई माह में किया है.

'सिन्धु-शस्त्र' नौसेना में शामिल

नौसेना अध्यक्ष एडमिरल सुशील कुमार ने गत 19 जुलाई को सेंटपीटर्स बर्ग (रूस) में आयोजित एक समारोह में युद्धपोत पर प्रक्षेपास्त्र युक्त पनडुब्बी आईएनएस सिन्धु-शस्त्र को भारतीय नौसेना में शामिल किया. इस पर तैनात 'क्लब' मिसाइल लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तक मार कर सकती है.

जीव विज्ञान ओलम्पियाड में भारत को चार पदक

गत जुलाई माह में अंताल्या (टर्की) में सम्पन्न 11वें अन्तर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान ओलम्पियाड में भारतीय विद्यार्थियों की टीम ने पहली बार ही भाग लेकर 1 रजत व 3 कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की.

दिल्ली पुस्तक मेला

छठा दिल्ली पुस्तक मेला 12-21 अगस्त, 2000 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में सम्पन्न हुआ. इसका आयोजन भारतीय प्रकाशकों के परिसंघ व भारतीय व्यापार सम्वर्द्धन संगठन (ITPO) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.

एशिया की सबसे बड़ी खगोलीय दूरबीन

एशिया की सबसे बड़ी खगोलीय दूरबीन उत्तर प्रदेश में नैनीताल में 'देवस्थल' पर स्थापित की जा रही है. मुंबई स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (TIFR) की सहायता वाली इस परियोजना की कुल लागत 34·80 करोड़ रुपए आकलित की गई है जिसमें 50 प्रतिशत योगदान टीआईएफआर का होगा.

पासपोर्ट के लिए लम्बित मामले

विदेश मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार गत जुलाई माह में देश के विभिन्न पासपोर्ट कार्यालयों में पासपोर्ट के लिए लम्बित आवेदनों की संख्या 26931 थी.

वर्ष 1998 के दौरान इन पासपोर्ट कार्यालयों द्वारा कुल मिलाकर 22·23 लाख पासपोर्ट जारी किए गए थे, जबकि 1999 में यह संख्या 25–80 लाख थी.

भारत–फ्रांस संयुक्त नौसैनिक अभ्यास

भारत व फ्रांस के नौसैनिक पोतों द्वारा छठा संयुक्त नौसैनिक अभ्यास अगस्त 2000 के उत्तरार्द्ध में फ्रांस के जिबौती (Djibouti) तट पर किया जाएगा. इसमें

शेष पृष्ठ 317 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्थिक परिदृश्य

बैंक दर व सी आर आर में वृद्धि

डॉलर की तुलना में रुपए के गिरते हुए मूल्य को सँभालने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंक दर व नकद आरक्षण



अनुपात में वृद्धि करने की घोषणा गत 21 जुलाई को की है. इसके तहत बैंक दर को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत कर दिया गया है तथा यह वृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है.

बैंकों के लिए नकद आरक्षण अनुपात (Cash Reserve Ratio–CRR) में 0.50 प्रतिशत बिन्दु की वृद्धि की गई है, जोकि दो चरणों में प्रभावी हुई है. पहले चरण में, गत 29 जुलाई से, नकद आरक्षण अनुपात को 8.00 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत किया गया है, जबकि दूसरे चरण में गत् 12 अगस्त से इसे 8.50 प्रतिशत कर दिया गया है. इन दरों में वृद्धियों से अर्थव्यवस्था में उपलब्ध नकदी में कुछ कमी आएगी. ज्ञात रहे कि तरलता की उपलब्धि को बढ़ाने के उद्देश्य से 1 अप्रैल, 2000 से बैंक दर को 8 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत व नकद आरक्षण अनुपात को 9 प्रतिशत से घटाकर 8 प्रतिशत किया गया था.

चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में निर्यातों में 27.65 प्रतिशत की वृद्धि

चालू वित्तीय वर्ष 2000–01 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2000) में भारत के निर्यातों में डॉलर मूल्य में 27.65 प्रतिशत की उत्साहजनक वृद्धि दर्ज की गई है. सन्दर्भित अवधि में देश के कुल निर्यात 10.19 अरब डॉलर के रहे हैं, जबकि पूर्व वर्ष की समान अवधि (अप्रैल-जून 1999) में यह निर्यात 7.99 अरब डॉलर के रहे थे. सन्दर्भित तिमाही में भारत के आयातों में भी 27.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. अप्रैल-जून 2000 के दौरान देश के कुल आयात 13.17 अरब डॉलर केरहे हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 10.35 अरब डॉलर के थे. इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में व्यापार घाटा 2.98 अरब डॉलर का रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 2.37 अरब डॉलर का था. विदेशी व्यापार के यह अनंतिम आँकड़े वाणिज्य मंत्रालय द्वारा गत 1 अगस्त को जारी किए गए हैं.

चालू वित्तीय वर्ष के पहले तीन महीनों में 13.17 अरब डॉलर के कुल आयातों में पेट्रोलियम आयात 3.93 अरब डॉलर के तथा गैर-पेट्रोलियम आयात 9.24 अरब डॉलर के रहे हैं. गैर पेट्रोलियम आयातों का मूल्य पूर्व वर्ष की समान अवधि के आयातों की तुलना में 10.95 प्रतिशत अधिक है, वहीं पेट्रोलियम आयातों के मूल्य में इस अवधि में 94.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है.

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नई 'सर्वप्रिय योजना' का शुभारम्भ

खाद्यान्नों के अतिरिक्त बुनियादी आवश्यकता की 11 अन्य वस्तुएं राशन की दूकानों के माध्यम से लोगों को कम मूल्य



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर उपलब्ध कराने की 'सर्वप्रिय योजना' की घोषणा केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री शांता कुमार ने गत 21 जुलाई को नई दिल्ली में की है. इसके तहत दालें, नमक, चाय की पत्ती, नहाने का साबुन, तेल व टूथपेस्ट जैसी आवश्यक वस्तुएं उपभोक्ताओं को 'न लाभ न हानि' (No Profit No Loss) के आधार पर उपलब्ध कराई जाएंगी. खुले बाजार की तुलना में राशन की दूकानों पर यह वस्तुएं उपभोक्ताओं को अपेक्षाकृत कम मूल्य पर तथा राशन कार्ड के बिना ही उपलब्ध होंगी.

योजना की घोषणा करते हुए श्री शांता कुमार ने कहा है कि इस योजना के तहत किसी प्रकार की सब्सिडी सरकार द्वारा प्रदान नहीं की जाएगी. योजना के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारिता महासंघ (NCCF), जो इस योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगी, द्वारा कम्पनियों से थोक में माल खरीद कर न लाभ न हानि के आधार पर राज्य सरकारों को उपलब्ध कराया जाएगा, जहाँ से सार्वजनिक वितरण विभाग के माध्यम से इसे राशन की दूकानों तक पहुँचाया जाएगा.



'वैट' लागू करने की समय सीमा में वृद्धि

देश के सभी राज्यों में बिक्रीकर में समरूपता लाने के लिए मूल्यवर्द्धित कर (VAT) प्रणाली को लागू करने की समय सीमा को 1 अप्रैल, 2001 से बढ़ाकर अब 1 अप्रैल, 2002 कर दिया गया है. समय-सीमा बढ़ाने का यह निर्णय राज्यों के वित्तमंत्रियों की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की गत 21 जुलाई को नई दिल्ली में सम्पन्न बैठक में लिया गया. समिति ने राज्यों को यह छूट भी प्रदान की है कि यदि वे चाहें तो अप्रैल 2002 की समय सीमा से पूर्व ही 'वैट' को लागू कर सकते हैं. कम से कम दो राज्यों– महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश ने इसे समय सीमा से पूर्व ही लागू करने की इच्छा व्यक्त की थी.

तथ्य एक दृष्टि में:

भारत के प्रमुख नगरों में इंटरनेट कनेक्शनों की संख्या

(30 जून, 2000 की स्थिति)

नगर	कनेक्शनों की संख्या (लाख में)
मुम्बई	2.26 से अधिक
दिल्ली	2.26
चेन्नई	1.12
बंगलौर	0.85
कलकत्ता	0.80
हैदराबाद	0.45

ग्यारहवें वित्त आयोग की प्रमुख सिफारिशें

ग्यारहवें वित्त आयोग ने केन्द्र के विभाजनीय करों के निवल कर राजस्व का 28 प्रतिशत भाग राज्यों के हिस्से के रूप राज्यों को प्रदान करने को भी उसने कहा है. इस प्रकार केन्द्र के विभाजनीय कर राजस्व का कुल 29.5 प्रतिशत भाग राज्यों को हस्तांतरित करने की 11वें वित्त आयोग की सिफारिश है, परन्तु राज्यों को दिए जाने वाले कुल राजस्व को केन्द्र की सकल कर एवं गैर कर राजस्व प्राप्तियों के 37.5 प्रतिशत भाग तक ही सीमित रखने को उसने कहा है. राज्यों को हस्तांतरित की जाने वाली कर राजस्व राशि के अन्तर्राज्यीय विभाजन का जो सूत्र आयोग ने अपनाया है, उसके तहत सर्वाधिक 19.798 प्रतिशत भाग उत्तर प्रदेश को व दूसरे स्थान पर 14.597 प्रतिशत भाग बिहार को प्राप्त हो सकेगा. 8.838%, 8.116% तथा 7.701% भाग के साथ मध्य प्रदेश, प. बंगाल तथा आन्ध्र प्रदेश का इस मामले में क्रमशः तीसरा, चौथा व पाँचवाँ स्थान होगा. सबसे कम 0.184 प्रतिशत भाग सिक्किम को प्राप्त होगा. 11वें वित्त आयोग की यह सिफारिशें 2000-05 की पाँच वर्षीय अवधि के लिए प्रभावी हैं.

भारत विश्व का नौवाँ सर्वाधिक ऋणी राष्ट्र

बीते दशक के दौरान भारत पर विदेशी ऋणभार में यद्यपि वृद्धि हुई है तथापि तुलनात्मक दृष्टि से उसकी स्थिति में इस मामले में सुधार हुआ है. वित्त मंत्रालय के ताजा आँकड़ों के अनुसार 1991 में भारत, ब्राजील एवं मेक्सिको के पश्चात् विश्व का तीसरा बड़ा ऋणी राष्ट्र था. बाद में 1998 में यह विश्व का नौवाँ सर्वाधिक ऋणी राष्ट्र हो गया था. वित्त मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार दिसम्बर 1999 के अन्त में भारत पर कुल विदेशी ऋण 99 अरब डॉलर था.

ज्ञातव्य है कि संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत राष्ट्रपति ने ग्यारहवें वित्त आयोग का गठन 3 जुलाई, 1998 को प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ए. एम. खुसरो की अध्यक्षता में किया था. आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट इसी वर्ष 15 जनवरी को व मुख्य रिपोर्ट गत



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जुलाई को प्रस्तुत की थी. मंत्रिमंडल में इस पर विचार के पश्चात् विचाही रिपोर्ट के साथ गत 27 जुलाई को इसे संसद में प्रस्तुत का गया. आयोग की अधिकांश सिफारिशों को सरकार ने स्वीकार लिया है, जबकि कुछेक सिफारिशों पर निर्णय लिया जाना अभी है.

आयोग की रिपोर्ट में राज्यों से कहा गया है कि पानी तथा का नागरिक सेवाओं के क्षेत्र में सेवा शुल्क बढ़ाकर, कर प्रणाली सुधार करके, भूमि व कृषि से प्राप्त आय पर कर लगाकर तथा शराब बिक्री कर पर अतिरिक्त शुल्क लगाकर वे अपने राजस्व में वृद्धि करें. आयोग की सिफारिश है कि बिजली व रेलवे जैसी सेवाओं की दरें उनके लागत मूल्यों के आधार पर रखी जानी चाहिए तथा इनके निर्धारण के लिए स्वायत्त आयोगों का गठन किया जाना चाहिए. आयोग ने खनिजों पर रायल्टी में नियमित संशोधन करने तथा इसमें देरी होने पर राज्यों को क्षतिपूर्ति प्रदान करने की सिफारिश की है. आयोग का मत है कि रायल्टी दरों का निर्धारण संसद निकाय को सौंपा जाना चाहिए. पिछले वेतन आयोग की सिफारिशों के कारण राज्यों पर पड़े भारी वित्तीय बोझ के परिप्रेक्ष्य में आयोग का सुझाव है कि हर दसवें वर्ष वेतन आयोग का गठन करने की आवश्यकता नहीं है. अपनी रिपोर्ट में 11वें वित्त आयोग ने कहा है कि वेतन आयोग की सिफारिशें चूँकि राज्यों पर भी लागू होती हैं, अतः इसके गठन के लिए राज्यों से भी परामर्श किया जाना चाहिए. राजकोष पर पेंशन का बोझ हलका करने के उपाय सुझाने के लिए भी आयोग ने कहा है. इस सम्बन्ध में एक सुझाव यह दिया गया है कि सेनाओं से सेवानिवृत्त व्यक्तियों को अन्य सरकारी विभागों में लगाने की योजना तैयार की जानी चाहिए, क्योंकि पेंशन का एक बड़ा भाग रक्षा क्षेत्र में व्यय होता है.

जनश्री बीमा योजना का शुभारम्भ

निर्धनता रेखा के नीचे व निर्धनता रेखा की सीमा से थोड़ा ऊपर रहने वाले 18-60 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों के परिवारों और आश्रितों को दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय जीवन बीमा निगम की एक नई 'जनश्री बीमा योजना' का शुभारम्भ केन्द्रीय मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गत 10 अगस्त को किया. इस योजना का उल्लेख केन्द्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने चालू वित्तीय वर्ष 2000-2001 का बजट प्रस्तुत करते समय अपने बजट भाषण में किया था.

योजना के तहत बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर नामांकित व्यक्ति को 20 हजार रुपए की राशि बीमा कम्पनी द्वारा प्रदान की जाएगी. दुर्घटना द्वारा मृत्यु या स्थायी विकलांगता होने की स्थिति में यह राशि 50 हजार रुपए होगी. बीमा के लिए देय प्रीमियम 200 रुपए प्रतिवर्ष होगा, किन्तु इसकी आधी राशि भारत सरकार द्वारा स्थापित सामाजिक सुरक्षा निधि द्वारा वहन की जाएगी. इस प्रकार बीमित व्यक्ति को केवल 100 रुपए प्रतिवर्ष ही प्रीमियम का भुगतान करना होगा.

प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के तहत ग्रामीण आवास कार्यक्रम की घोषणा

केन्द्र सरकार की नई प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना (PMGY), जिसका उल्लेख केन्द्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने चालू वित्तीय वर्ष 2000-01 का बजट प्रस्तुत करते समय अपने बजट भाषण में किया था, के तहत एक 'ग्रामीण आवास कार्यक्रम' की घोषणा ग्रामीण विकास मंत्रालय ने गत जुलाई माह में की है. इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धनता रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों को आवास उपलब्ध कराए जाएंगे. कार्यक्रम के तहत आवासों के निर्माण के लिए मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम 20 हजार रुपए व पहाड़ी दुर्गम क्षेत्रों में अधिकतम 22 हजार रुपए की सहायता सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी. इसके लिए लाभार्थियों का चयन ग्राम सभाओं द्वारा किया जाएगा तथा लाभार्थियों में कम से कम 60

हाईट एट 35 विद् हर्बो-हाईट-थैरेपी

▶ **हर्बो-हाईट-थैरेपी : एक फोकस**

▷ हमारी रेगुलर फूड-एनर्जी-फीड हाईट-ग्रोथ-प्रोसिस का मूल आधार है। यह फीड प्रायः प्योबर्टी - प्रोसिस में, विशेषतः हाईट-ग्रोथ-मैकेनिज्म के लिए आवश्यक एनर्जी फीड जुटाने में असमर्थ पड़ जाती है और हाईट क्षमता होने के बावजूद भी गतिरोध (बॉडी रिजिस्टेंस एवं प्रीमेच्योर हॉल्ट) उत्पन्न हो जाता है। यह गतिरोध प्राकृतिक हर्बल-एनर्जी-फीड से दूर हो जाता है और हाईट-ग्रोथ-प्रोसिस पुनः नैचुरल वे से क्रियाशील हो जाता है। अतः लगभग 5 से 10 सेंमी हाईट संसार के सभी स्त्री-पुरुष, नैचुरल स्टॉप के बाद 35 वर्ष तक अपनी पर्सनैल्टी में कभी भी और जोड़ सकते हैं हर्बो-हाईट-थैरेपी से। यह मात्र कन्सैप्ट ही नहीं, पचास हजार से अधिक उपभोक्ताओं का विश्वास है। मैडिकल हिस्ट्री में ऐसा सफल क्लेम अपने-आप में पहला है।

Herbo-Height-Therapist
Dr. O. P. BAGGA



▶ **नैचुरल हाईट-स्टॉप : मिसलीडिंग!**

▷ मैडिकल वर्ल्ड ने हाईट-स्टॉप को एक प्राकृतिक-प्रक्रिया माना है। प्रायः देखा भी जाता है कि हाईट-ग्रोथ लड़कियों में प्योबर्टी—12 वर्ष तक लड़कों में एडोलसन्स—14 वर्ष तक हो पाता है। बोन-फ्यूज़न और जैनेटिक रीजिन भी इसके साथ जुड़े हुए हैं। साइंस के अनुसार हाईट-ग्रोथ अधिक से अधिक 18 वर्ष तक होती है और रूक कभी भी सकती है। इसके आगे साइंस ने यह कहकर फुलस्टॉप (.) लगा दिया कि हाईट-ग्रोथ का आगे कोई विकल्प भी नहीं।

▷ हर्बो-हाईट-थैरेपी के सफल क्लेम के सामने नैचुरल हाईट-स्टॉप आज अधूरा, एक तरफा और भ्रामक सिद्ध हो गया है।

▶ **स्टैंडर्ड हाईट : केयर एण्ड क्योर**

▷ स्टैंडर्ड हाईट भारत में, पुरूष की 165/170 सेंमी और महिला की 150/155 सेमी है। परन्तु सभी व्यक्ति स्टैंडर्ड हाईट तक नहीं पहँच पाते। बड़े छोटे रह जाते हैं, छोटे लम्बे निकल जाते हैं। पैरेन्ट छोटे होते है, बच्चे लम्बे निकल जाते हैं, बच्चे छोटे रह जाते है, पैरेन्ट लम्बे होते हैं। हाईट क्षमता वंश दर वंश घटती जा रही है।

▷ स्टैंडर्ड हाईट बढाने के लिए प्योबर्टी के प्रभाव से पहले यानि 9 वर्ष तक की गई स्ट्रैचिंग व हैंगिंग एक्सरसाईजस, बैलेन्स्ड व न्यूट्रिशयस डाईट, कैलशियम व आयरन का आवश्यक सेवन, प्रदूषण व स्ट्रैस-फ्री वातावरण सहायक सिद्ध होता है। शार्ट कट में हर्बो-हाईट-थैरेपी एक वरदान साबित हुई है। इसका एक कोर्स बच्चे को प्योबर्टी के प्रभाव से पहले यानि 7-8-9 वर्ष की आयु तक सेवन करा दिया जाये तो बच्चा वशानुगत प्रभाव के आधीन स्लो-स्लगश-स्टॉप नही होता और कद-विकास-क्षमता बढ जाती है। मैचोरिटी तक फिगर आवश्यक हाईट और आकर्षक व्यक्तित्व के साथ उभरता है।

▶ **हाईट-ग्रोथ-स्ट्रैटजी—तुलनात्मक दृष्टिकोण एच-एच-टी से :**

▷ हाईट बाई बर्थ करीब 50 + 50 सेंमी बाई बर्थ-प्लस, ये 100 सेंमी हर व्यक्ति की बेसिक-ग्रोथ होती है। इसके बाद वाले सेंमी नॉर्मल-ग्रोथ के होते हैं। नॉर्मल-ग्रोथ को आयु के वर्षो से भाग दें तो लगभग दो से तीन सेंमी वार्षिक और दो से तीन एम.एम मासिक ग्रोथ-रेशो निकलेगी।

▷ एच-एच-टी की सहायता से हाईट के रुक जाने के बाद भी, विवाह हो जाने के बाद भी, बच्चा हो जाने के बाद भी, युवाकाल 35-40 वर्ष तक 15-30 एम एम (1.5 से 3 सेंमी) 3 मास के शॉर्ट कोर्स में, 30-50 एम एम (3 से 5 सेंमी) 6 मास के हॉफ कोर्स से, 50-100 एम एम (5 से 10 सेंमी) एक वर्ष के फुल कोर्स मे और 5 से 10 एम एम एक मास के ट्रायल डोज से भी कद-विकास होता है, जो ऐवरेज ग्रोथ-रेशो से फास्ट है।

▶ **चुनौतियों की कसौटियों पर :**

▷ मैडिकल वर्ल्ड में हाईट-ग्रोथ-क्लेम एक चुनौती है, इसका उपभोक्ता महाचुनौती ! दूसरी और हाईट एक माइक्रो-ग्रोथ सब्जैक्ट है, रूटीन में बढती हुई नजर नहीं आती और बॉडी की लचक में सिमट जाती है। एम.एम. की ग्रोथ से भूख नही मिटती, नजरअंदाज कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में, स्कैल की कसौटी पर, पचास हजार से अधिक उपभोक्ता, चौथे दशक मे चल रही हाईट-ग्रोथ-सर्विस अपने-आप में अपनी सत्यता का प्रमाण है। इतना ही नहीं यह हाईट क्लेम कभी झूठा साबित नही हुआ विभिन्न चुनौतियों, परीक्षणों, कसौटियों पर—जुडिशियल एक्जामिनेशन में, डैमो टैस्ट मे, कन्ज्यूमर सैल मे तथा विभिन्न डॉक्टरों एव वैज्ञानिको की कोर्ट मे।

▶ **नैचुरल अपरोच फॉर नैचुरल ग्रोथ :**

▷ यह फार्मूला प्राकृतिक जडी-बूटियों का सार है (कोई हार्मोन नही) प्राकृतिक रूप से ही कद-विकास के साथ-साथ ओवरवेट, अन्डरवेट, अन्डरडिवैल्पड, ओवरडिवैल्पड अंगों (महिला वक्षस्थल आदि) को नार्मल रखने मे और पिम्पल रिमूव, कम्पलैक्शन इम्प्रूव, स्किन सॉफ्ट, फीचर शार्प, फिगर शेप-अप करने में भी सहायक है। यह बिना हानि, बिना व्यायाम, बिना चार्ट, बिना परहेज, बिना कडुवाहट कैपसूल और ड्रॉप्स की सूरत मे घर पर प्रयोग किये जाते हैं। बार-बार आने की जरूरत नही होती।

▶ **प्रोसीजर हमारे क्लीनिक का :**

▷ प्रोस्पैक्टस देने के साथ आवश्यक जानकारी का आदान-प्रदान किया जाता है। उपभोक्ता की हाईट स्कैल पर कन्फर्म की जाती है और परस्पर सन्तुष्ट होने के बाद भविष्य मे तसल्ली के लिए फाईल बनाई जाती है। रजिस्ट्रेशन नम्बर दिया जाता है। आवश्यक डोजज डायरेक्शन के साथ दी जाती है। तीन मास के शार्ट कोर्स के बाद चैक-अप होता है। शंकित उपभोक्ता ट्रायल-डोज 1 मास का चैक-अप लेकर आगे बढ़ सकते हैं। दिल्ली के बाहर के उपभोक्ता बाद मे पोस्ट द्वारा मंगवा सकते हैं। यह आयुर्वेदिक इलाज है इसमे किसी टैस्ट रिपोर्ट की जरूरत नहीं होती।

▶ **नार्मल चार्जेज :**

▷ शॉर्ट कोर्स 3 मास रू 6000/-, हाफ कोर्स 6 मास रू. 12000/-, फुल कोर्स 1 वर्ष रू 23000/-, ट्रायल डोज 1 मास 2000/-, + रजिन. / पोस्ट / कुरियर रू 100/- भारत मे, विदेश में रू 500/-, जोडकर मनीआर्डर अथवा डी.डी. द्वारा **डॉ० ओ.पी.बग्गा**, बाजार लाल कुआँ (सामने कूंचा पडित) दिल्ली-110006 (इन्डिया) के पते पर भेजें। आवश्यक डोजज रजिस्टर्ड पोस्ट डायरेक्शन के साथ भेज दी जाती है। वी.पी.पी. नही की जाती। अन्य जानकारी के लिए फोन : **011-3262426** प्रातः 11 से 6 रात्रि 9 से 10 बजे तक सम्पर्क करें या टिकट लगा पता लिखा लिफाफा के साथ लिखें (रविवार अवकाश)

www.indiadoctors.org/drbagga.html

REVOLUTION

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति/ जनजाति के व मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूरों में से होंगे. इसके लिए राज्यों को केन्द्रीय सहायता का आवंटन दो चरणों में किया जाएगा.

उल्लेखनीय है कि नई प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के दो घटकों में से एक ग्रामीण सड़कों से सम्बन्धित होगा, जबकि दूसरा घटक प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण व आवास जैसी समस्याओं से सम्बन्धित होगा.

तथ्य एक दृष्टि में :

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शुद्ध लाभ

(करोड़ रुपए में)

बैंक	1998-1999	1999-2000
इलाहाबाद बैंक	135	69
आन्ध्र बैंक	90	121
बैंक ऑफ बड़ौदा	421	503
बैंक ऑफ इंडिया	201	173
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	52	90
कनारा बैंक	225	236
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	146	151
कॉर्पोरेशन बैंक	192	232
देना बैंक	110	63
इंडियन बैंक	–778	–427*
इंडियन ओवरसीज बैंक	55	40
ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स	230	279
पंजाब नेशनल बैंक	372	408
पंजाब एण्ड सिंध बैंक	56	61
सिंडीकेट बैंक	143	216
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	160	101
यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	15	31
यूनाइटेड कॉमर्शियल बैंक	–68	37
विजया बैंक	30	53
भारतीय स्टेट बैंक	1028	2052
स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	101	132
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	112	128
स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर	92	120
स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र	25	89
स्टेट बैंक ऑफ ट्रावनकोर	43	66
स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	34	48
स्टेट बैंक ऑफ इंदौर	31	45

* 1999-2000 के दौरान घाटे में रहे सार्वजनिक क्षेत्र के इस एकमात्र बैंक ने सन्दर्भित वर्ष में 23.86 करोड़ रुपए का संचालन लाभ (Operating Profit) अर्जित किया है. चार वर्षों के अंतराल के पश्चात् यह बैंक इस वर्ष संचालन लाभ अर्जित करने में सफल रहा है.

राष्ट्रीय कृषि नीति के तहत कृषि क्षेत्र में 4 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का लक्ष्य

केन्द्रीय कृषि मंत्री नीतिश कुमार द्वारा गत 28 जुलाई को संसद में प्रस्तुत राष्ट्रीय कृषि नीति-2000 के तहत अगले दो दशकों के लिए कृषि क्षेत्र में 4 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इस लक्ष्य को सन् 2005 तक ही प्राप्त करने की बात नीति के 17 पृष्ठों के दस्तावेज में कही गई है.

नीतिगत दस्तावेज के अनुसार बंजर भूमि का कृषि और वनारोपण के लिए प्रयोग किया जाएगा तथा बहुफसलन और अंतः-फसलन के जरिए फसल गहनता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा. सरकार कृषि क्षेत्र में जैव प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए हरसम्भव उपाय करेगी. इसके तहत देश की विशाल जैव विविधता की सूची बनाने तथा उसे वर्गीकृत करने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम बनाया जाएगा. खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के तहत एक राष्ट्रीय पशु प्रजनन नीति भी बनाई जाएगी, ताकि दूध, माँस, अंडा एवं पशु उत्पादों की आवश्यकता की पूर्ति की जा सके. इसके अलावा सरकार का प्रयास उच्च गुणवत्ता वाले आदानों–बीज, उर्वरक, पौध संरक्षण, रसायन, जैव कृमि-नाशी, कृषि मशीनरी एवं कर्ज को उचित दरों पर तथा समय से एवं पर्याप्त मात्रा में किसानों पर पहुँचाना होगा. इससे स्पष्ट है कि सरकार किसानों के लिए सब्सिडी को जारी रखेगी.

ट्रिप्स समझौते के अंतर्गत भारत की जिम्मेदारियों के अनुसार विशेषकर निजी क्षेत्र में नई किस्मों के प्रजनन और अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के लिए पौध किस्मों को संरक्षण दिया जाएगा. कृषि नीति में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि किसानों को वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए संरक्षित किस्मों के ब्रांडयुक्त बीजों को छोड़कर अपनी कृषि में बचाए हुए बीजों के बचत, उपयोग, विनिमय, लेन-देन एवं बिक्री के पारम्परिक अधिकार बने रहेंगे, लेकिन साथ ही नई किस्मों के विकास के लिए मालिकाना किस्मों पर अनुसंधान करने सम्बन्धी शोधार्थियों के हितों की सुरक्षा की जाएगी. नई कृषि नीति में सरकार ने माना है कि इस क्षेत्र में पूँजी की बेहद कमी रही है. इसलिए सार्वजनिक निवेश के अलावा विशेषकर कृषि अनुसंधान, मानव संसाधन विकास, फसलोपरांत प्रबंधन व विपणन जैसे क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा. इस नीति की एक बड़ी खासियत इसमें उल्लिखित ग्रामीण विकास व भूमि सुधार हैं. भूमि सुधार के तहत नीति में कहा गया है कि उत्तर-पश्चिमी राज्यों की तरह पूरे देश में जोतों को समेकन किया जाएगा. निर्धारित सीमा से अधिक और परती भूमि को भूमिहीन किसानों, बेरोजगार युवकों में प्राथमिकता के साथ फिर से बाँटा जाएगा. बटाई पट्टेदारों तथा फसल हिस्सेदारों के अधिकारों को मान्यता देने के लिए पट्टेदारी कानून किए जाएंगे. नीति में किसान के ऋण प्रबन्ध का भी ध्यान रखते हुए कहा गया कि कृषि उत्पादों के मूल्यों में बाजारी कारक चढ़ाव सहित बुवाई से फसल कटने तक किसानों को बीमा पॉलिसी पैकेज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा.

संक्षिप्तकी

हरियाणा व राजस्थान की वार्षिक योजना

हरियाणा के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के साथ विचार-विमर्श के पश्चात् योजना आयोग ने चालू वित्तीय वर्ष 2000-2001 के लिए प्रदेश की वार्षिक योजना का आकार 1920 करोड़ रुपए निर्धारित किया है. आयोग के अनुसार अपने स्वयं के बल पर अतिरिक्त संसाधन जुटा कर प्रदेश इस योजना के आकार का विस्तार करने में स्वतंत्र होगा.

योजना आयोग ने चालू वित्तीय वर्ष 2000-2001 के लिए राजस्थान की वार्षिक योजना का आकार 4146 करोड़ रुपए निर्धारित किया है.

विश्व बैंक की सहायता से राजस्थान में निर्धनता उन्मूलन की पाँच वर्षीय परि-योजना

विश्व बैंक की सहायता से राजस्थान में निर्धनता उन्मूलन की एक नई परियोजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री अशोक गहलौत ने गत 25 जुलाई को किया है. 'जिला निर्धनता उन्मूलन परियोजना' नाम की परियोजना राज्य के दुर्गम 7 जिलों में लागू की जाएगी. इनमें बारा, टोंक, दौसा, राजसमंद, धौलपुर, टोंक व झालावाड़ शामिल हैं. 644 करोड़ रुपए की यह परियोजना इन जिलों के 42 विकास खंडों के 6912 गाँवों में जुलाई 2000 से दिसम्बर 2005 के दौरान लागू की जाएगी.

परियोजना के तहत निर्धनों के 'स्वयं सहायता समूह' योजनाएं बनाएंगे तथा स्वयं ही उनका कार्यान्वयन करेंगे. परियोजना में भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि, ग्रामीण आधारभूत सुविधाएं व लघु उपक्रमों को लिए जाने की व्यवस्था है. विश्व बैंक की सहायता से चल रही जिला निर्धनता उन्मूलन परियोजना प्रारम्भ करने वाला राजस्थान देश का दूसरा राज्य है.

भूल सुधार

अंक जुलाई 2000

पृष्ठ संख्या 1694 पर प्रश्न 1 का सही उत्तर (B) पढ़ें

स्पष्टीकरण

(पृष्ठ 1707 प्रश्न 41)

महावीर के पिता सिद्धार्थ सात्रिक कुण्ड के क्षत्रिय थे तथा माँ त्रिशाली लिच्छवि वंश की थीं. अतः उत्तर (B) सही है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रीय परिदृश्य

कारगिल विजय की पहली वर्षगाँठ धूमधाम से सम्पन्न

एक वर्ष पूर्व के कारगिल संघर्ष में विजय की पहली वर्षगाँठ देश भर में गत 26 जुलाई को धूमधाम से मनाई गई. इस संघर्ष में कुर्बानी देने वाले 522 रणबांकुरों को नमन करते हुए समूचे देश ने इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया. इसके लिए मुख्य समारोह नई दिल्ली स्थित इण्डिया गेट पर हुआ जहाँ प्रातः ही राष्ट्रपति के. आर. नारायणन उपराष्ट्रपति कृष्णकान्त, प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित की. रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस, रक्षा राज्य मंत्री हीरेन पाठक, थल सेनाध्यक्ष जनरल वी पी. मलिक, नौसेनाध्यक्ष एडमिरल सुशील कुमार व उप-वायुसेनाध्यक्ष पी एस. बरार ने भी इस अवसर पर आयोजित समारोह में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की. समारोह में शहीदों की स्मृति में दो मिनट के मौन के पश्चात् वायु सेना के तीन एम आई हेली-कॉप्टरों व तीन जगुआर विमानों ने 'मिसिंग मैन फॉर्मेशन' बनाते हुए इण्डिया गेट के ऊपर से उडान भरी. समारोह के तुरन्त पश्चात् रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस ने इण्डिया गेट के निकट लगाई रक्षा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया.

कारगिल संघर्ष में शहीद हुए सैन्य कर्मियों के सम्मान में रात को देश भर में मोमबत्तियाँ जलाई गईं व दीप प्रज्ज्वलित किए गए. राष्ट्रपति भवन परिसर में अन्य लोगों के सहयोग से 522 मोमबत्तियाँ राष्ट्रपति ने प्रज्ज्वलित कीं. यह मोमबत्तियाँ विजय के चिह्न वी (V) का स्वरूप प्रदर्शित कर रही थीं. पिछले वर्ष 26 मई से 26 जुलाई तक दो माह चले इस संघर्ष में भारत के 522 रणबांकुरों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, जबकि पाकिस्तान के 700 से अधिक सैनिक इस संघर्ष में मारे गए थे.

तीन नए राज्यों के गठन सम्बन्धी विधेयक संसद में पारित

देश में तीन नए राज्यों के गठन का मार्ग अगस्त 2000 के पूर्वार्द्ध में उस समय प्रशस्त हो गया जब इनसे सम्बन्धित तीनों पुनर्गठन विधेयक संसद के दोनों सदनों ने पारित कर दिए. मध्य प्रदेश के 16 जिलों को अलग करके छत्तीसगढ़ राज्य बनाने सम्बन्धी मध्य प्रदेश पुनर्गठन विधेयक–2000 लोक सभा ने गत 31 जुलाई को ध्वनि मत से पारित कर दिया है. आदिवासी बहुल इस नए राज्य की कुल 1.76 करोड़ जनसंख्या में 78 लाख जनसंख्या जनजातियों की होगी. इसकी विधान सभा में 90 सीटें होंगी, जबकि लोक सभा के लिए इस राज्य से 11 सीटें होंगी.

इसके गठन के पश्चात् मध्य प्रदेश विधान सभा में सीटों की संख्या 320 से घटकर 230 रह जाएगी, जबकि लोक सभा की सीटों की संख्या 40 से घटकर 29 रह जाएगी. राज्य सभा के लिए मध्य प्रदेश से 16 सदस्य वर्तमान में चुनकर जाते हैं. छत्तीसगढ़ के गठन के पश्चात् 11 सदस्य मध्य प्रदेश से व 5 छत्तीसगढ़ से चुने जाएगे. कुल मिलाकर 1,35,194 वर्ग किमी क्षेत्रफल वाले नये छत्तीसगढ़ राज्य का गठन होने से मध्य प्रदेश का क्षेत्रफल 4,43,486 वर्ग किमी से घटकर 3,08,292 वर्ग किमी रह जाएगा तथा क्षेत्रफल की दृष्टि से देश के सबसे बड़े राज्य का दर्जा राजस्थान को प्राप्त हो जाएगा जिसका कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किमी है.

तीन नए राज्यों–छत्तीसगढ़, उत्तरांचल व झारखण्ड के गठन के पश्चात् देश में राज्यों की कुल संख्या 25 से बढ़कर 28 हो जाएगी जिनमें क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य राजस्थान होगा. जनसंख्या की दृष्टि से देश के सबसे बड़े राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश का दर्जा बरकरार रहेगा, किन्तु इस मामले में अब तक दूसरे स्थान पर रहे बिहार का स्थान अब पाँचवाँ हो जाएगा. जनसंख्या की दृष्टि से अब महाराष्ट्र दूसरे, प. बंगाल तीसरे व आन्ध्र प्रदेश चौथे स्थान पर होगा. नए राज्यों के गठन के पश्चात् गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों की सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश में ही रहेगी, किन्तु इस दृष्टि से दूसरे स्थान पर रहे बिहार का यह स्थान अब महाराष्ट्र ले लेगा.

हरिद्वार व ऊधमसिंह नगर सहित उत्तर प्रदेश के कुल 13 जिलों को लेकर बनने वाले उत्तरांचल राज्य के गठन सम्बन्धी उत्तर प्रदेश पुनर्गठन विधेयक–2000 को लोक सभा ने 1 अगस्त को ध्वनि मत से पारित किया है. सदस्यों की माँग पर इस नए प्रस्तावित राज्य की विधान सभा की सीटों की संख्या 60 से बढ़ाकर 70 करने की घोषणा गृहमंत्री लालकृष्ण आडवानी ने लोक सभा में की है. ऊधमसिंह नगर को उत्तरांचल में शामिल करने के मुद्दे पर विचार करने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा गठित जॉर्ज फर्नांडिस समिति के निष्कर्षों को राजग का आंतरिक मामला बताते हुए सरकार ने लोक सभा में इसका खुलासा नहीं किया है

तीसरे नए राज्य 'झारखण्ड' की स्थापना के लिए बिहार पुनर्गठन विधेयक को लोक सभा में 2 अगस्त को पारित किया गया. प्रस्तावित झारखण्ड राज्य में रांची, लोहरदगा, गुमला, पलामू, गढवा, हजारीबाग, धनबाद, गिरडीह, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, दुमका, देवघर, गोड्डा, चतरा, कोडरमा, पाकुड, साहेबगंज व बोकारो सहित कुल 18 जिले होंगे. इसकी राजधानी रांची ही होगी. इसकी 81 सदस्यीय विधान सभा में 9 सीटें अनुसूचित जाति के लिए व 28 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित होंगी. शेष 44 सीटें अनारक्षित होंगी. प्रदेश से लोक सभा की सीटों की संख्या 14 होगी जिनमें 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए व 1 अनुसूचित जनजाति के लिए होगी. शेष 8 सीटें अनारक्षित होंगी.

तीनों राज्यों के गठन से सम्बन्धित उपर्युक्त विधेयक बाद में राज्य सभा ने भी ध्वनिमत से पारित कर दिए हैं.

पटना में भीषण विमान दुर्घटना

इंडियन एयरलाइंस की सहयोगी विमान सेवा एलायंस एयर का एक यात्री विमान गत 17 जुलाई को पटना में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. कलकत्ता से पटना व लखनऊ होकर दिल्ली की उड़ान पर यह बोइंग–737 विमान पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डे पर उतरने से कुछ क्षण पूर्व ही आकाश में अपना संतुलन खो बैठा तथा निकटवर्ती घनी बस्ती गर्दनीबाग में जा गिरा. विमान के नीचे दबने से अनेक मकान भी क्षतिग्रस्त हुए तथा इनमें रहने वाले 5 लोग भी इसके नीचे दबकर मारे गए हैं. विमान पर चालक दल के 6 सदस्यों के अतिरिक्त 52 यात्री सवार थे जिनमें से केवल 7 भाग्यशाली यात्री मृत्यु का शिकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होने से बच गए. बचे हुए इन सात यात्रियों में से एक की बाद में 22 जुलाई को नई दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मृत्यु हो गई. विमान पर सवार यात्रियों में राष्ट्रीय ताप विद्युत् निगम व केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण के 8 वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे. जो सभी इस दुर्घटना में मारे गए.

एलायंस एयर का दुर्घटनाग्रस्त बोइंग विमान 20 वर्ष पुराना था तथा इसी वर्ष इसे रिटायर किया जाना था. विमान को अनुभवी चालक कैप्टेन सोहनपाल उड़ा रहे थे.

सिविल सेवा परीक्षा पद्धति के मूल्यांकन हेतु यू.पी. एस.सी. द्वारा उच्चस्तरीय समिति का गठन

अर्थव्यवस्था के उदारीकरण एवं भूमण्डलीकरण तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए भारी उन्नयन के परिप्रेक्ष्य में देश के प्रशासनिक वातावरण में व्यापक परिवर्तन आए हैं तथा प्रशासन की भूमिका अब नियंत्रक के स्थान पर सुविधा एवं आधारिक संरचना प्रदान करने वाली हो गई है. प्रशासकीय वातावरण में दो दशकों में आए ऐसे परिवर्तनों के कारण प्रशासनिक सेवाओं में भर्ती हेतु मौजूदा परीक्षा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता संघ लोक सेवा आयोग द्वारा महसूस की जा रही है. इसी सन्दर्भ में, प्रशासनिक सेवाओं में भर्ती के लिए आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा की पद्धति का मूल्यांकन करने व इसमें सुधार के लिए सुझाव देने के लिए नौ सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने गत जुलाई माह में किया है. जाने-माने अर्थशास्त्री एवं शिक्षाविद् वाई. के. अलघ को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है.

विशेष अपराधों के लिए केन्द्रीय कानून व एजेंसी का सुझाव राज्यों को अमान्य

राजद्रोह, विमान अपहरण, जाली नोटों के प्रचलन व साइबर अपराधों जैसे–विशेष किस्म के अपराधों से निपटने के लिए एक नए केन्द्रीय कानून व इसके प्रवर्तन के लिए केन्द्रीय कानून व इसके प्रवर्तन के लिए केन्द्रीय प्रवर्तन एजेंसी के गठन के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सुझाव को राज्यों ने स्वीकार नहीं किया है. कानून व्यवस्था की स्थिति को राज्यों का आंतरिक मामला बताते हुए मुख्यमंत्रियों ने इसे राज्यों के अधिकारों का हनन बताया है. सीमापारीय आतंकवाद के तहत जनित इन विशेष अपराधों का उल्लेख प्रधानमंत्री ने गत 5 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में किया. इसका आयोजन केन्द्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर किया गया था.

आतंकवाद से निपटने के लिए कानून बनाने के मुद्दे पर महाराष्ट्र, असम व मध्य प्रदेश सहित कुछेक राज्यों ने यद्यपि अपनी सहमति व्यक्त की तथापि इसके दुरुपयोग को रोकने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव इन्होंने दिया. इस मुद्दे पर भी कोई आम सहमति न बन पाने के कारण गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने बाद में घोषणा की कि सभी राजनीतिक दलों से राय लेने के बाद ही सरकार आतंकवाद विरोधी कानून बनाने के बारे में कोई निर्णय लेगी. उन्होंने बताया कि विशेष अपराधों के लिए केन्द्रीय कानून व केन्द्रीय एजेंसी के गठन के मामले में राज्यों के विरोध को केन्द्र सरकार ने स्वीकार कर लिया है तथा इनके लिए अपना इरादा त्याग दिया है.

पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के लिए केन्द्रीय आवंटन की राशि को गत वर्ष के 200 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1000 करोड़ रुपए सालाना करने की घोषणा प्रधानमंत्री ने इस सम्मेलन में की है.

संघर्ष विराम की घोषणा के बाद हिजबुल मुजाहिदीन ने कदम लौटाए

जम्मू-कश्मीर में सक्रिय अलगाववादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन द्वारा गत जुलाई को की गई संघर्ष विराम की घोषणा एक पखवाड़े के भीतर ही वापस ले ली गई है. अत्यन्त नाटकीय तरीके से संघर्ष विराम की इकतरफा घोषणा करने की संगठन ने गत 24 जुलाई को की थी तथा कश्मीर में शान्ति स्थापना के सिलसिले में भारत सरकार के साथ वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की थी. संघर्ष विराम की हिजबुल मुजाहिदीन की पेशकश का स्वागत करते हुए भारत सरकार ने भी इस अलगाववादी उग्रवादी संगठन के विरुद्ध सैन्य कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा कर दी. हिजबुल मुजाहिदीन की उपर्युक्त घोषणा के पीछे पाकिस्तानी षड्यन्त्र की गंध शीघ्र ही उस समय आने लगी जब भारत सरकार के साथ प्रस्तावित बातचीत में पाकिस्तान को भी शामिल करने की शर्त उसने लगा दी जिसे भारत सरकार द्वारा अस्वीकार कर दिया गया. इसी बीच 1-2 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग स्थानों पर व्यापक नरसंहार की अनेक घटनाएं भी घटित हुईं जिनकी विश्व भर में व्यापक तौर पर निन्दा हुई है.

शांति वार्ता में पाकिस्तान को शामिल किए जाने की शर्त को भारत सरकार द्वारा अस्वीकार कर दिए जाने के पश्चात् हिजबुल के सुप्रीम कमांडर सैयद सलाउद्दीन ने संघर्ष विराम की संगठन की घोषणा को वापस ले लिया है. सलाउद्दीन द्वारा संघर्ष विराम भंग करने करने की यह घोषणा 1 अगस्त को इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में की है. इसके साथ ही उसने कमांडर ने कश्मीर में सक्रिय अपने कमांडरों को निर्देश दिया है कि वे कश्मीर में लक्ष्य हासिल करने के मिशन में जुट जाएं. संवाददाता सम्मेलन में सलाउद्दीन ने धमकी दी है कि यदि कश्मीर मामले में सुलझा तो क्षेत्र में एक और युद्ध होगा जिसमें परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता. नई परिस्थितियों में भारत सरकार ने आतंकवादी बन्दूकों का मुँहतोड़ जवाब देने की घोषणा की है.

कश्मीर में उग्रवादी हिंसा का तांडव

जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान प्रायोजित उग्रवादियों ने दशक की सर्वाधिक विकराल खून की होली गत 1-2 व 10 अगस्त को खेली है. सशस्त्र उग्रवादियों ने इन तीनों दिनों में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न घटनाओं में सौ से अधिक निर्दोष लोगों को अंधाधुंध गालियाँ चलाकर मौत के घाट उतार दिया. इस समूचे घटनाक्रम में सामूहिक हत्याकांड की पहली घटना 1 अगस्त को हुई जब पहलगाम में अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों के एक आधार शिविर पर अंधाधुंध गोलीबारी करके 37 तीर्थयात्रियों को उग्रवादियों ने मृत्यु का शिकार बना दिया. इस हत्याकांड के 13 घण्टे के भीतर ही डोडा, कुपवाड़ा व अनंतनाग जिलों में अलग-अलग स्थानों पर सामूहिक हत्याकांड की विभिन्न घटनाओं से मरने वालों की संख्या सौ से ऊपर पहुँच गई. मरने वालों में हिन्दू मजदूरों के अतिरिक्त कुछेक मुस्लिम भी शामिल हैं. इन नरसंहारों के पीछे पाकिस्तान परस्त संगठन लश्कर-ए-तोइबा का हाथ होने का सन्देह केन्द्रीय गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने व्यक्त किया है.

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान को इन घटनाओं के लिए सीधे ही जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि कश्मीर में शान्ति बहाली के प्रयासों को ठेस पहुँचाने के लिए वह ऐसा कर रहा है. सामूहिक नरसंहारों का यह कांड ऐसे समय में हुआ है जब हिजबुल मुजाहिदीन के संघर्ष विराम व शान्ति वार्ता के प्रस्ताव को सरकार ने स्वीकार किया है. निर्दोष नागरिकों की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने कहा है कि पाकिस्तानी नेताओं के साथ इस मुद्दे पर बातचीत करके वह इस प्रकार की हिंसक गतिविधियों को रुकवाने का हरसम्भव प्रयास करेंगे. संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुमान ने भी इन हत्याओं की कड़ी निंदा की है.

पहलगाम में अमरनाथ यात्रियों की हत्या के विरोध में 4 अगस्त के राष्ट्रव्यापी बन्द का आह्वान विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा किया गया. प. बंगाल, उड़ीसा, मेघालय व कुछेक दक्षिणी राज्यों में बन्द का जहाँ कोई विशेष असर नहीं हुआ, वहीं महाराष्ट्र व समस्त उत्तरी राज्यों में यह बन्द अभूतपूर्व रहा. बन्द के परिप्रेक्ष्य में सूरत में हुई हिंसा में कम-से-कम 5 लोग मारे गए हैं. नरसंहार की उपर्युक्त घटना के बावजूद अमरनाथ यात्रा का कार्यक्रम जारी रहा.

मध्य प्रदेश विधान सभा में मुख्यमंत्री प्रहर

देश में पहली बार ब्रिटेन की तर्ज पर मध्य प्रदेश विधान सभा में 'मुख्यमंत्री प्रहर' की परम्परा की शुरूआत गत 7 अगस्त से की गई है. इसके तहत विधान सभा सत्रों के दौरान प्रत्येक सोमवार को मुख्यमंत्री विधायकों के नीतिगत प्रश्नों के स्वय उत्तर देंगे. प्रत्येक सोमवार को आधे घण्टे तक चलने वाले इस प्रहर हेतु न तो विधायकों से पहले प्रश्न लिए जाएंगे और न ही प्रश्नकर्ता विधायकों की सूची ही तैयार की जाएगी. प्रश्नकाल के पश्चात् पूर्वाह्न 11.30 बजे से 12 बजे तंक चलने वाले इस मुख्यमंत्री प्रहर के कारण अब सोमवारों को सदन में शून्यकाल नहीं होगा. किसी सोमवार को मुख्यमंत्री की सदन में अनुपस्थिति की स्थिति में यह प्रहर अगले दिन हुआ करेगा.

प्रदेश में 'मुख्यमंत्री प्रहर' की यह व्यवस्था राज्य विधान सभा की नियम सम्बन्धी समिति के अनुमोदन के पश्चात् प्रारम्भ की गई है.

पुरुलिया में हथियार गिराने वाले विमान के चालकों की सजा माफ

रूस के राजनीतिक दबाव के चलते राष्ट्रपति ने उस विवादित विमान के रूसी मूल के पाँचों लाटवियाई चालकों की आजीवन कारावास की सजा को गत जुलाई माह में माफ कर दिया है, जिससे 17-18 दिसम्बर, 1995 की मध्य रात्रि को प. बंगाल के पुरुलिया जिले में बड़ी मात्रा में घातक हथियारों व गोला बारूद का जखीरा गिराया गया था. इस मामले के 14 आरोपियों में से 7 अभी तक फरार हैं, जबकि पकड़े गए 7 आरोपियों में से 6 को आजीवन कारावास की सजा कलकत्ता की एक अदालत ने गत 2 फरवरी को सुनाई थी सन्देह का लाभ प्रदान करते हुए एक अनदमार्गी अभियुक्त को अदालत ने रिहा कर दिया था. जिन 6 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा कलकत्ता की मूल के यह पाँचों विमान चालक शामिल थे जिन्हें राष्ट्रपति के क्षमादान के पश्चात् गत 22 जुलाई को रिहा कर दिया गया है.

रूसी मूल कें उपर्युक्त पाँचों चालकों की रिहाई के लिए रूसी सरकार ने भारत सरकार से अनुरोध किया था. गत जून माह में विदेश मंत्री जसवंत सिंह की रूस यात्रा के दौरान रूस सरकार ने इनकी रिहाई के मुद्दे को पुनः उठाया तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर प्यूटिन की अक्टूबर 2000 में प्रस्तावित भारत यात्रा से पूर्व ही इनकी रिहाई की अपेक्षा भारत सरकार से की थी.

इटानगर में गुवाहाटी उच्च न्यायालय की खंडपीठें

गुवाहाटी उच्च न्यायालय की एक स्थायी खंडपीठ इटानगर में स्थापित की गई है. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी में स्थापित इस खंडपीठ ने गत 12 अगस्त से कार्य प्रारम्भ कर दिया है. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं प्रदेश के राज्यपाल से सलाह मशविरा करने के पश्चात् इस खंडपीठ की स्थापना के लिए औपचारिक अधिसूचना राष्ट्रपति ने गत जुलाई माह में निर्गत की थी.

उल्लेखनीय है कि कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर कर्नाटक उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ प्रदेश के उत्तरी हुबली-धारवाड़ क्षेत्र में स्थापित करने का निर्णय भी केन्द्र सरकार ने किया है. इसके लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व प्रदेश के राज्यपाल से विचार-विमर्श भी सरकार द्वारा किया जा चुका है. इस खंडपीठ की स्थापना के लिए राष्ट्रपति की अधिसूचना शीघ्र ही जारी किए जाने की सम्भावना है.

बाल ठाकरे के विरुद्ध आरोप पत्र रद्द

वर्ष 1992-93 के दौरान हुए मुम्बई में साम्प्रदायिक दंगों के सिलसिले में शिव सेना प्रमुख बाल ठाकरे के विरुद्ध एक मुकदमे को मुम्बई की एक अदालत ने गत 25 जुलाई को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि इसे दायर करने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है. पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में भड़काऊ लेख लिखने के इस मामले में बाल ठाकरे के विरुद्ध मुकदमा चलाने की महाराष्ट्र सरकार द्वारा दी गई अनुमति के पश्चात् समूचे महाराष्ट्र में ही नहीं, केन्द्र में भी राजनीतिक सरगर्मियाँ तेज हो गई थीं. प्रदेश की विलासराव देशमुख की सरकार द्वारा इस मामले में ठाकरे के विरुद्ध मुकदमा चलाने की अनुमति के पश्चात् श्री ठाकरे की सम्भावित गिरफ्तारी को रोकने के लिए केन्द्र पर दबाव बनाने के उद्देश्य से वाजपेयी सरकार में शामिल शिव सेना के तीनों मंत्रियों–भारी उद्योग मंत्री मनोहर जोशी, उर्वरक एवं रसायन मंत्री सुरेश प्रभु तथा वित्त राज्य मंत्री बाला साहब विखे पाटिल ने अपने त्यागपत्र श्री वाजपेयी को सौंप दिए थे, जिन्हें प्रधानमंत्री ने स्वीकार नहीं किया था. इसी मामले में न्यायपालिका के विरुद्ध टिप्पणी करने के लिए केन्द्रीय विधि मंत्री राम जेठमलानी से प्रधानमंत्री ने त्यागपत्र ले लिया था. श्री ठाकरे के विरुद्ध सम्भावित कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में महाराष्ट्र में जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया था.

मुकदमे के सन्दर्भ में अदालत में पेश करने के लिए महाराष्ट्र पुलिस ने बाल ठाकरे को 25 जुलाई को जब हिरासत में लिया तो महाराष्ट्र विधान सभा एवं विधान परिषद् में भाजपा-शिव सेना विधायकों ने अराजकता की स्थिति पैदा कर दी जिस पर विधान सभा अध्यक्ष अरुण गुजराती ने शिव सेना के 6 विधायकों को एक वर्ष के लिए व 6 को छः माह के लिए सदन से निलम्बित कर दिया है.

इस समूचे घटनाक्रम का पटाक्षेप गत 25 जुलाई को उस समय हुआ जब मुम्बई के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट बी. पी. काम्बले ने श्री ठाकरे के विरुद्ध मामले को 'समय सीमा निकला हुआ' बताते हुए इसे खारिज कर दिया. अदालत के इस फैसले को महाराष्ट्र सरकार ने मुम्बई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है. महाराष्ट्र सरकार की इस अपील को बम्बई उच्च न्यायालय ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है.

घरेलू नौकरों को साप्ताहिक अवकाश व बोनस

असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की स्थिति का अध्ययन करने को गठित समिति की सिफारिशों के आधार पर महाराष्ट्र सरकार ने घरों पर काम करने वाले नौकरों के नियोजकों के लिए आचार संहिता निर्धारित की है. इसके तहत घरेलू नौकरों के लिए साप्ताहिक अवकाश के प्रावधान को अनिवार्य बना दिया गया है. इसके अतिरिक्त वर्ष में एक बार अपने घर जाने के लिए 15 दिन का अवकाश यात्रा भत्ता देने व हर दिवाली पर एक माह का वेतन बोनस के रूप में देने की भी व्यवस्था इसमें की गई है. प्रयोग के तौर पर इस आचार संहिता को फिलहाल मुम्बई, ठाणे, पुणे व नागपुर में ही लागू किया गया है.

घरेलू नौकरों की स्थिति सुधारने के लिए ऐसे कदम उठाने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रिकेटरों के यहाँ छापों में भारी सम्पत्ति का खुलासा

आयकर विभाग व केन्द्रीय जाँच ब्यूरो द्वारा एक संयुक्त कार्यवाही के तहत मैच फिक्सिंग व प्रसारण अधिकारों के आवंटन में हुए घोटालों के सिलसिलों में क्रिकेट जगत् की देश की अनेक जानी-मानी हस्तियों के देश भर में स्थित आवासों व कार्यालयों पर बड़े पैमाने पर छापे गत 20 जुलाई को मारे गए. 'ऑपरेशन जैंटलमैन' के तहत की गई इस कार्यवाही के दौरान करोड़ों रुपए की अघोषित सम्पत्ति का खुलासा होने का अनुमान आयकर विभाग के सूत्रों ने लगाया है. इसके अतिरिक्त मैच फिक्सिंग व प्रसारण अधिकारों के आवंटन से सम्बद्ध अनेक महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अधिकारियों को प्राप्त हुए हैं. इस सम्बन्ध में सम्बन्धित क्रिकेटरों व अधिकारियों से पूछताछ व विस्तृत जाँच का आयकर विभाग का कार्य अभी जारी है. इसके पश्चात् सीबीआई अपना कार्य प्रारम्भ करेगी.

जिन हस्तियों के यहाँ उपर्युक्त छापे मारे गए उनमें भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशिक्षक कपिल देव, पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन व उनकी पत्नी संगीता बिजलानी, नयन मोंगिया, नवजोत सिंह सिद्दू, अजय जडेजा, अजय शर्मा, निखिल चोपड़ा, आई सी सी के पूर्व अध्यक्ष जगमोहन डालमिया, भारतीय क्रिकेट कट्रोल बोर्ड (BCCI) के कोषाध्यक्ष किशोर रुंगटा तथा कुछेक सट्टेबाज शामिल हैं. छापों की कार्यवाही के दौरान 60 से अधिक बैंक लॉकरों तथा अनेक ऐसे बैंक खातों को सील कर दिया गया है जिनका इस्तेमाल सट्टेबाजी की राशियों के लेन-देन में होने का सन्देह है. इस छापे के बाद आयकर अधिकारियों के हवाले से मिली जानकारी के आधार पर अजहरुद्दीन व संगीता बिजलानी की सम्पत्ति का कुल मूल्य 170 करोड़ रुपए होने का दावा किया है.

कन्नड़ फिल्मों के अभिनेता राजकुमार का वीरप्पन द्वारा अपहरण

कन्नड़ फिल्मों के जाने-माने अभिनेता डॉ. राजकुमार व उनके तीन निकट सम्बन्धियों का चंदन के कुख्यात तस्कर वीरप्पन ने अपहरण कर लिया है. उनका अपहरण गत 30 जुलाई को तमिलनाडु के गजानूर स्थित उनके नए फार्म हाउस से किया गया. अपने इस नवनिर्मित फार्म हाउस में गृह प्रवेश के सिलसिले में एक दिन पूर्व ही वह वहाँ गए थे. उनके साथ जिन तीन अन्य लोगों का अपहरण किया गया, उनमें उनके दामाद एस. ए. गोविंद राज, एक अन्य सम्बन्धी नागेश तथा एक सहायक निर्देशक नागप्पा शामिल हैं. इनकी रिहाई के लिए वार्ता करने की सरकार के एक दूत को भेजने की माँग वीरप्पन ने की थी, जिसके परिप्रेक्ष्य में पाक्षिक तमिल पत्रिका 'नक्कीरन' के सम्पादक आर. आर. गोपाल को दूत के रूप में भेजने का निर्णय कर्नाटक व तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों द्वारा किया गया. जिनका सत्यमंगलम् के घने जंगलों में 3 अगस्त को वीरप्पन से सम्पर्क हो सका.

डॉ. राजकुमार व अन्य बंधकों की रिहाई के लिए श्री गोपाल के माध्यम से चार बार अलग-अलग कैसेटों में अपनी माँगों का ब्यौरा वीरप्पन ने दिया है. इनमें से दो में अपनी कुशल क्षेम प्रेषित करते हुए राजकुमार ने वीरप्पन की माँगों को मानने की अपील भी तमिलनाडु व कर्नाटक सरकारों से की है.

वीरप्पन की माँगों में कावेरी जल विवाद के स्थायी समाधान व तमिलनाडु को तत्काल 205 टीएमसी जल की आपूर्ति करने, 1991 में कर्नाटक में हुए कावेरी दगा पीड़ितों को उचित मुआवजे का भुगतान करने, कर्नाटक में तमिल को अतिरिक्त प्रशासनिक भाषा का दर्जा प्रदान करने, बंगलौर में तमिल संत कवि थिरुवल्लुवार की प्रतिमा स्थापित करने, नीलगिरि की पहाड़ियों के चाय किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए इनकी हरी पत्तियों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 15 रुपए निर्धारित करने, तमिलनाडु की जेलों में बन्द अपने पाँच सहयोगियों को रिहा करने तथा टाडा के तहत कर्नाटक की जेलों में बन्द निर्दोषों को रिहा करने आदि की माँगें शामिल हैं. इनमें से अधिकांश माँगों को स्वीकार करते हुए कुछेक के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण दोनों प्रदेशों की सरकारों ने विशेष दूत गोपाल के माध्यम से वीरप्पन को भेजा है, किन्तु अभी तक बंधकों की रिहाई सम्भव नहीं हो सकी है. इस सम्बन्ध में श्री गोपाल के माध्यम से प्रयास अभी जारी है.

संक्षिप्तकी

नगालैण्ड में संघर्ष विराम की अवधि में वृद्धि

पूर्वोत्तर के राज्य नगालैण्ड में शान्ति प्रक्रिया को जारी रखने के उद्देश्य से संघर्ष विराम की अवधि में एक वर्ष की वृद्धि करने की घोषणा की गई है. केन्द्र सरकार व नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैण्ड (NSCN–IM Group) के मध्य हुई सहमति के पश्चात् संघर्ष विराम को लगातार चौथे वर्ष के लिए बढ़ाया गया है. दोनों पक्षों के बीच 1997 में 28–30 जुलाई को सम्पन्न वार्ता के पश्चात् संघर्ष विराम को पहले एक वर्ष के लिए लागू किया गया था जिसे इससे पूर्व एक-एक वर्ष के लिए दो बार बढ़ाया जा चुका था [illegible] की तीसरे वर्ष की अवधि गत 31 जुलाई [illegible] पूरी हो रही थी

महाराष्ट्र विधान परिषद् में शिवसेना-भाजपा गठबंधन का बहुमत

महाराष्ट्र विधान परिषद् के लिए [illegible] अगस्त को सम्पन्न 11 सीटों के चुनाव के [illegible] इस उच्च सदन में शिव सेना-भाजपा [illegible] का बहुमत हो गया है.

राजस्थान में सार्वजनिक स्थलों [illegible] धूम्रपान पर प्रतिबन्ध

राजस्थान सरकार ने प्रदेश में [illegible] अगस्त से सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान [illegible] तथा सिगरेट के विज्ञापनों पर प्रतिबन्ध [illegible] कर दिया है. इसके लिए एक विधेयक [illegible] के प्रारम्भ में ही पारित किया गया था [illegible] विधेयक के प्रावधानों को 1 अगस्त से [illegible] की गजट अधिसूचना जारी की गई है. [illegible] संस्थाओं की 100 मीटर की परिधि में 18 [illegible] कम उम्र के युवाओं को बीड़ी-सिगरेट की [illegible] को भी इस अधिनियम के तहत प्रतिबन्धित किया गया है. अधिनियम का उल्लंघन करने [illegible] 100 रुपए से 500 रुपए तक के जुर्माने [illegible] माह तक के कारावास का प्रावधान है.

सार्वजनिक अवकाशों में कटौती

पाँचवें वेतन आयोग की संस्तुति के [illegible] पर सरकार ने यह निर्णय ले लिया है [illegible] सेवारत् प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के [illegible] किसी भी अन्य अति विशिष्ट व्यक्ति के [illegible] पर छुट्टी नहीं होगी.

बैंकों में भी एक वर्ष की अवधि में [illegible] की संख्या को 15 तक सीमित रखने का [illegible] सरकार ने लिया है.

सूचना

प्रतियोगिता दर्पण के निम्नलिखित जिल्द बंधे अंक सीमित संख्या में उपलब्ध हैं. आप 50/- का मनीऑर्डर भेजकर वी.पी.पी. द्वारा कोई भी अंक मँगा सकते हैं. अंकों के मूल्य निम्नलिखित प्रकार हैं–

	मूल्य
जनवरी 95 से जून 95 तक	65.00
जुलाई 95 से दिसम्बर 95 तक	75.00
जनवरी 96 से जून 96 तक	80.00
जुलाई 96 से दिसम्बर 96 तक	85.00
जनवरी 97 से जून 97 तक	80.00
जुलाई 97 से दिसम्बर 97 तक	90.00
जनवरी 98 से जून 98 तक	80.00
जुलाई 98 से दिसम्बर 98 तक	90.00
जनवरी 99 से जून 99 तक	145.00
जुलाई 99 से दिसम्बर 99 तक	150.00
जनवरी 2000 से जून 2000 तक	160.00

प्रतियोगिता दर्पण
2/11 ए, खदेशी चीमा नगर, आगरा-2

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

फिजी में जॉर्ज स्पेट की गिरफ्तारी के पश्चात् अंतरिम सरकार को शपथ

फिजी में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री महेन्द्र पाल चौधरी की सरकार का तख्ता पलटकर 56 दिन तक उन्हें बंधक बनाकर रखने वाले विद्रोही नेता जॉर्ज स्पेट को सेना ने गत 26 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया है. सेना के साथ हुई गोलाबारी के पश्चात् स्पेट व उनके कुछ साथियों को राजधानी सुवा के बाहरी क्षेत्र में स्थित उनके ठिकाने कलाबू स्कूल के निकट से गिरफ्तार किया है. सेना के एक प्रवक्ता के अनुसार देश की बिगडती कानून व्यवस्था के मद्देनजर दो गिरफ्तारियाँ की गई हैं. उनकी रिहाई से अव्यवस्था फैलने की आशंका व्यक्त करते हुए सुवा की एक अदालत ने उनकी जमानत की याचिका को गत 5 अगस्त को अस्वीकार कर दिया है.

उल्लेखनीय है कि स्पेट समर्थकों ने राष्ट्रपति इलोइला द्वारा घोषित मंत्रिमंडल के प्रति असंतुष्टि व्यक्त करते हुए गृहयुद्ध की धमकी दे दी थी. इलोइला द्वारा घोषित मंत्रिमंडल में लाइसेनिया करासे को प्रधानमंत्री पद पर बरकरार रखा गया था जिन्हें सेना का भी समर्थन प्राप्त था. स्पेट समर्थकों ने मलेशिया स्थित उच्चायुक्त जनानुतु चाकोबाउ को प्रधानमंत्री बनाने की माँग की थी. साथ ही कम-से-कम पाँच महत्वपूर्ण विभाग वह अपने समर्थकों के लिए चाहते थे. नवनियुक्त राष्ट्रपति इलोइला द्वारा घोषित सरकार का जॉर्ज स्पेट द्वारा विरोध किए जाने के पश्चात् इस सरकार का शपथ ग्रहण समारोह स्थगित कर दिया गया था, किन्तु उनकी गिरफ्तारी के पश्चात् नए मंत्रिमंडल को 28 जुलाई को शपथ दिला दी गई. इस सरकार में स्पेट के किसी समर्थक को शामिल नहीं किया गया है. शपथ ग्रहण के पश्चात् अंतरिम प्रधानमंत्री करासे ने कहा है कि यह सरकार तीन वर्ष तक कार्य करेगी.

सिएरा लियोन में बन्धक सभी भारतीय सैनिक रिहा

सिएरा लियोन में दो माह से भी अधिक समय बन्धक रहे शेष सभी 222 भारतीय सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र शांति सेना द्वारा की गई एक सैन्य कार्यवाही के द्वारा गत 15 जुलाई को विद्रोहियों के कब्जे से मुक्त करा लिया गया. इससे पूर्व लाइबेरियाई राष्ट्रपति की मध्यस्थता से 21 भारतीय सैनिकों को रिवोल्यूशनरी यूनाइटेड फ्रंट (RUF) के विद्रोहियों ने गत जून के अंतिम सप्ताह में रिहा कर दिया था. संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के अंग के रूप में सिएरा लियोन में तैनात यह भारतीय सैनिक गत मई माह से ही विद्रोहियों के कब्जे में थे. इन्हें रिहा करने के लिए विद्रोहियों के साथ शांति सेना का संघर्ष कैलाहुन (Kailahun) शहर में हुआ जो राजधानी फ्रीटाउन से लगभग 300 किमी दूर स्थित है. इस संघर्ष में अनेक विद्रोही हताहत हुए हैं.

नवाज शरीफ को 14 वर्ष के कारावास की एक और सजा

विभिन्न भ्रष्टाचार के मामलों में आजीवन कारावास की दो सजाएं भोग रहे पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को अब भ्रष्टाचार के एक मामले में 14 वर्ष की एक और सजा इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने गत 22 जुलाई को सुनाई है. देश की सैन्य सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (National Accountability Bureau) ने नवाज शरीफ के विरुद्ध भ्रष्टाचार का यह आरोप लगाया था कि 1993–97 के दौरान अपने रूसी हेलीकॉप्टर की खरीद व उसके रख-रखाव के लिए बडी मात्रा में किए अपने व्यय का कोई लेखा-जोखा उन्होंने अपनी आयकर विवरणी में प्रस्तुत नहीं किया था. इस सम्बन्ध में अदालत में सम्पन्न कार्यवाही के दौरान विशेष न्यायाधीश द्वारा उठाए गए किसी भी प्रश्न का जवाब नवाज शरीफ ने नहीं दिया.

अभियोजन पक्ष के आरोप को सही मानते हुए अदालत ने उपर्युक्त मामले में 14 वर्ष के कारावास की सजा के अतिरिक्त 2 करोड़ रुपए का जुर्माना भी नवाज शरीफ पर आरोपित किया है जिसे न भरने की स्थिति में 3 वर्ष का और कारावास उन्हें भोगना होगा. इसके अतिरिक्त 21 वर्ष तक कोई सार्वजनिक पद स्वीकार न करने का प्रतिबन्ध भी अदालत ने नवाज शरीफ पर आरोपित किया है. इसी मामले में नवाज शरीफ के एक निकट सहयोगी व मामले के सहअभियुक्त सैफुर रहमान को अदालत ने बरी कर दिया है.

अपहृत टैंकर पोत चीनी तटरक्षक दल द्वारा बरामद

खजूर का तेल लेकर मलेशिया से भारत आ रहे जिस टैंकर पोत का अपहरण गत फरवरी माह में अंडमान सागर में कर लिया गया था, उसे चीनी तटरक्षक दल ने बरामद कर लिया है. इसका अपहरण करने वाले सभी 20 समुद्री लुटेरों को चीनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इनमें 11 फिलीपींस के तथा शेष 9 लुटेरे म्यांमार के हैं. पनामा में पंजीकृत 'ग्लोबल मार्स' (Global Mars) नाम के इस टैंकर पोत का अपहरण गत 23 फरवरी को उस समय कर लिया गया था जब यह 6000 टन खजूर का तेल (Palm Oil) लेकर भारत आ रहा था. जापान की 'अलावांका कम्पनी ऑफ जापान' के स्वामित्व वाले इस पोत को चीनी पुलिस ने इसकी मालिक कम्पनी को गत 3 अगस्त को लौटा दिया है.

मलेशिया के पूर्व उपप्रधानमंत्री अप्राकृतिक यौनाचार के दोषी: 9 वर्ष की सजा

मलेशिया के उच्च न्यायालय ने देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को अपने ड्राइवर के साथ अप्राकृतिक यौनाचार का दोषी पाते हुए नौ वर्ष के कारावास की सजा गत 8 अगस्त को उन्हें सुनाई है. उनके 39 वर्षीय भाई सुकमा दरमावन को भी इसी मामले में छः वर्ष के कारावास व चार बार

मैडीकल प्रवेश सूचना
GOVT. APPROVED-RECOGNISED-JOB ORIENTED
SELF EMPLOYMENT-SERVICE-PROMOTION सेवा-प्रोन्नति
चिकित्सा व्यवसाय में प्रवेश हेतु अल्ट्रा मैडीकल सोसाइटी ऑफ इण्डिया द्वारा अधिकृत पत्राचार प्रशिक्षण कार्यक्रम
प्रयोगात्मक प्रशिक्षण सहित
मैडीकल लैबोरेट्री टैक्नीशियन, एक्स-रे आपरेशन थियेटर, अल्ट्रा साउण्ड, ब्लड बैंक, डैन्टल, नर्सिंग, फिजियोथैरापी, ई.सी.जी, आप्थैल्मिक टैक्नीशियन ट्रेनिंग ☐ योग्यता हाईस्कूल/मैट्रिक
☐ माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी ☐ प्रोस्पैक्टस 40/- ☐ भारत के प्रमुख सरकारी हॉस्पीटल में प्रशिक्षणोपरान्त अध्यर्थी भर्ती।
इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मैडिको टैक्नीकल्स
(GOVT. APPROVED TRAINING CENTRE)
यूनीवर्सल हाउस 29/218F-मजय प्लेम, (L.I.C. Road)
आगरा-2 उ.प्र. फोन 352105, 351205 फैक्स 351205

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेंत से पिटाई की सजा अदालत ने सुनाई है. 53 वर्षीय अनवर इब्राहिम को बेंत की पिटाई से इसलिए मुक्त रखा गया है, क्योंकि यह सजा केवल 48 वर्ष तक की आयु वालों को ही दी जा सकती है. उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार अनवर इब्राहिम के लिए घोषित 9 वर्ष की सजा छः वर्ष के उस कारावास की समाप्ति के पश्चात् प्रारम्भ होगी जो वह भ्रष्टाचार के एक मामले में अप्रैल 1999 से भुगत रहे हैं.

अप्राकृतिक यौनाचार के दोषी पाए गए उपर्युक्त दोनों आरोपियों ने उच्च न्यायालय के इस फैसले के विरुद्ध ऊपरी अदालत में अपील करने की घोषणा की है.

संयुक्त राष्ट्र के एड्स आँकड़ों का भारत द्वारा विरोध

भारत में एड्स के सम्बन्ध में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी आँकड़ों के प्रति केन्द्र सरकार ने कड़ा विरोध व्यक्त किया है तथा इन आँकड़ों को यहाँ के अधिकारिक आँकड़ों के अनुरूप संशोधित करने को कहा है. इस सम्बन्ध में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. सी. पी. ठाकुर ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न एजेंसियों ने भारत में एड्स/एच.आई.वी. के कुल मामलों की संख्या लगभग 80 लाख बताई है, जबकि भारत के आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार यह संख्या लगभग 35 लाख ही है.

इजराइल व फिलीस्तीन के मध्य शिखर वार्ता निष्कर्षहीन समाप्त

फिलीस्तीनी समस्या के समाधान के लिए इजराइली व फिलीस्तीनी नेताओं के मध्य गत जुलाई माह में सम्पन्न शिखर वार्ता बिना किसी निष्कर्ष के 25 जुलाई को समाप्त हो गई. अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की मध्यस्थता से यह वार्ता वाशिंगटन के निकट कैंप डेविड में लगभग 15 दिन तक चली तथा फिलीस्तीनी नेता यासर अराफात व इजराइल के प्रधानमंत्री एहुद बराक ने इस वार्ता में भाग लिया. वार्ता को सफल बनाने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे बिल क्लिंटन को इस वार्ता के कारण ही 21–31 जुलाई को जापान में हुए जी–8 शिखर सम्मेलन में अपने कार्यक्रम में कुछ कटौती करनी पड़ी.

वार्ता की विफलता का मुख्य कारण येरुशलम पर अधिकार का मुद्दा रहा. फिलीस्तीनी येरुशलम के एक बड़े भाग पर नियंत्रण की माँग कर रहे थे जिसके लिए बराक तैयार नहीं थे. वैसे भी फिलीस्तीनियों को बड़ी रियायतें देने के लिए इजराइली प्रधानमंत्री को अपने देश में व्यापक विरोध का सामना करना पड़ रहा है. उनके सत्तारूढ गठबंधन के तीन घटकों ने गठबंधन से बाहर हो जाने की घोषणा कर दी है जिसके कारण संसद में उनकी सरकार अल्पमत में रह गई है. फिलीस्तीनियों को अत्यधिक रियायतें प्रदान करने के कारण ही इजराइल के विदेश मंत्री डेविड लेवी ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है.

कैम्प डेविड में पश्चिम एशिया शांति वार्ता विफल हो जाने के प्रति संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान ने चिन्ता व्यक्त की है तथा आशा व्यक्त की है कि यह वार्ता शीघ्र ही पुनः प्रारम्भ होगी जिसमें समस्या का स्थायी समाधान निकल आएगा. फिलीस्तीनी नेताओं ने भी 13 सितम्बर से पूर्व ही किसी समझौते की आशा व्यक्त की है. ज्ञातव्य है कि फिलीस्तीनी नेता यासर अराफात ने फिलीस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित करने की समय सीमा 13 सितम्बर निर्धारित की हुई है. हाल ही में उन्होंने संकेत दिया है कि इस समय सीमा में वृद्धि की जा सकती है.

जी-8 शिखर सम्मेलन में ऋण माफी योजना पर संतोष

औद्योगिक दृष्टि से विकसित विश्व के 8 प्रमुख राष्ट्रों के समूह जी-8 का 26वाँ वार्षिक सम्मेलन गत 21–23 जुलाई को जापान के दक्षिणी ओकिनावा (Okinawa) द्वीप में नागो में सम्पन्न हुआ. इसमें मेजबान जापान के अतिरिक्त अमरीका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली, कनाडा व रूस के राष्ट्राध्यक्षों ने भाग लिया. विश्व के अति-निर्धन राष्ट्रों के ऋण भार, बहुपक्षीय व्यापार, परमाणु अप्रसार, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की क्रांति व विकासशील राष्ट्रों की समस्याओं सम्बन्धी मुद्दे इस सम्मेलन में [illegible] प्रमुख बिन्दु रहे.

गत वर्ष के कोलोन (Cologne) [illegible] सम्मेलन में प्रारम्भ किए गए ऋण [illegible] राष्ट्रों की ऋण माफी की पहल [illegible] जी-7 राष्ट्रों ने संतोष व्यक्त किया [illegible] माफी की धनी राष्ट्रों की इस पहल में [illegible] शामिल नहीं है). शिखर नेताओं ने [illegible] किया कि विश्व के 9 विभिन्न राष्ट्रों [illegible] अरब डॉलर के ऋणों की माफी के [illegible] विभिन्न शर्तों को पूरा कर लिया है. [illegible] यह पहल 41 देशों के 100 अरब [illegible] ऋणों की माफी के लिए की गई है.

विश्व शांति के लिए परमाणु [illegible] को आवश्यक करते हुए जी-8 के नेताओं [illegible] भारत व पाकिस्तान से सीटीबीटी [illegible] हस्ताक्षर करने का आह्वान किया. [illegible] चले इस शिखर सम्मेलन की समाप्ति [illegible] जारी संयुक्त घोषणा पत्र में 20वीं [illegible] विश्व में हुई आर्थिक प्रगति पर [illegible] व्यक्त करते हुए 21वीं सदी को [illegible] लिए समृद्धि का काल बनाने का [illegible] किया गया है. सम्पूर्ण विश्व में सन् [illegible] तक सार्वभौमिक शिक्षा के लक्ष्य को [illegible] करने, एच आई वी से प्रभावित युवाओं [illegible] संख्या में सन् 2010 तक 25 प्रतिशत [illegible] कमी लाने, तपेदिक से होने वाली मौतों [illegible] संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाने [illegible] मलेरिया से सम्बन्धित रोगों के भार में [illegible] इतनी ही कमी लाने के प्रति जी-8 [illegible] प्रतिबद्धता घोषणा पत्र में व्यक्त की गई [illegible] बहुपक्षीय व्यापार की सिएटल वार्ता [illegible] विफलता के परिप्रेक्ष्य में इसी वर्ष [illegible] व्यापार वार्ता का एक और दौर [illegible] करने का विश्व व्यापार सगठन से [illegible] भी इस घोषणा पत्र में किया गया है.

तथ्य एक दृष्टि में :

पिछली सदी की ऊँची इमारतें

	नाम व स्थान	बनकर तैयार हुई	ऊँचाई (मीटर में)
1.	एफिल टॉवर, पेरिस (फ्रांस)	1889	330
2.	वाशिंगटन मेमोरियल, वाशिंगटन (अमरीका)	1885	169
3.	उतम कैथेड्रिल, उल्म (जर्मनी)	1890	161
4.	लिंकन कैथेड्रिल, लिंकन (इंगलैण्ड)	1307	160
5.	कोलोन कैथेड्रिल, कोलोन (जर्मनी)	1880	156.4
6.	रॉइन कैथेड्रिल, रॉएन (फ्रांस)	1530	156
7.	सै. पियरे चर्च, ब्यूवायस (फ्रांस)	1568	153
8.	लिन हे पगोदा हेंग, जोख (चीन)	970	150
9.	सै. पॉल कैथेड्रिल, लंदन (इंगलैण्ड)	1315	149
10.	रॉइन कैथेड्रिल 11, रॉइन (फ्रांस)	1876	148

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



क्रीड़ा जगत

जुलाई 2000

15 चैलेंजर फ्रैंकोइस बोथा को लंदन में आसानी से पराजित करके विश्व हैवीवेट मुक्केबाजी चैम्पियन लेनॉक्स लेविस ने अन्तर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (IBF) व विश्व मुक्केबाजी परिषद् (WBC) के खिताबों की रक्षा की.

मार्टिना नवरातिलोवा टेनिस के अन्तर्राष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में शामिल

चैक मूल की अमरीकी खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा को गत 15 जुलाई को न्यूपोर्ट में टेनिस के अन्तर्राष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में शामिल कर लिया गया. 18 ग्राड स्लैम एकल खिताब विजेता नवरातिलोवा ने 1973–94 के दौरान अपने टेनिस कैरियर में रिकॉर्ड 9 विम्बलडन एकल खिताब जीते हैं. उसके अन्य ग्रांड स्लैम एकल खिताबों में 4 अमरीकी ओपन, 3 आस्ट्रेलियाई ओपन व 2 फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं. अपने टेनिस कैरियर में मार्टिना ने कुल मिलाकर 167 डब्ल्यू.टी.ए. एकल व 165 युगल खिताब जीते हैं जो दोनों ही विश्व रिकॉर्ड हैं.

नवरातिलोवा के अतिरिक्त जिन दो अन्य टेनिस खिलाड़ियों को हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है, उनके नाम हैं– आस्ट्रेलिया के माल एंडरसन व कैलीफोर्निया के रॉबर्ट केलेहर.

16 गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने ब्रिसबेन में सम्पन्न सेमीफाइनल में ब्राजील को 5-0 से पराजित करके इस वर्ष के डेविस कप टेनिस टूर्नामेन्ट के फाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया. टेनिस के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेन्ट में आस्ट्रेलिया ने 45वीं बार स्थान बनाया है.

– इंगलैण्ड में त्रिकोणीय क्रिकेट शृंखला (इंगलैण्ड, वेस्टइंडीज व जिम्बाब्वे) के एक मैच में मेजबान इंगलैण्ड ने वेस्टइंडीज को 10 विकेट से पराजित किया. **इंगलैण्ड द्वारा खेले गए 314 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में 10 विकेट से उसकी यह पहली विजय थी.**

– स्पीलबर्ग (आस्ट्रिया) में फॉर्मूला-वन ग्राड प्रिक्स रेस का खिताब दो बार के विश्व विजेता माइका हक्किनेन (फिनलैण्ड) ने जीता.

– हॉलैण्ड के पीटर वेसल्स ने न्यूपोर्ट में सम्पन्न हॉल ऑफ फेम टेनिस का खिताब फाइनल में जर्मनी के जेंस निपशिल्ड को हरा कर जीता.

17 डॉर्टमंड (जर्मनी) में समाप्त हुई स्पार्कासेन शतरंज प्रतियोगिता में भारत के विश्वनाथन आनंद व रूस के व्लादिमीर क्रामनिक 6-6 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहे, किन्तु बेहतर टाई ब्रेक के आधार पर क्रामनिक को इस टूर्नामेन्ट का विजेता घोषित किया गया.

23 लॉर्डस् के मैदान पर जिम्बाब्वे को फाइनल में 6 विकेट से हराकर इंगलैण्ड ने तीन देशों (इंगलैण्ड, जिम्बाब्वे व वेस्ट-इंडीज) की एकदिवसीय मैचों की त्रिकोणीय शृंखला की नैटवेस्ट ट्रॉफी जीत ली. इंगलैण्ड के एलेक स्टीवर्ट को फाइनल मैच में 'मैन ऑफ द मैच' के पुरस्कार के साथ-साथ 'मैन ऑफ द सीरिज़' का पुरस्कार भी प्रदान किया गया.

23 बस्टाड (स्वीडन) में भारत को 5-0 से हराकर मेजबान स्वीडन ने डेविस कप के 16 देशों के विश्व ग्रुप में स्थान प्राप्त कर लिया.

– सैन टैंडर (स्पेन) में अमरीका को सेमीफाइनल में 5-0 से हराकर स्पेन ने इस वर्ष के डेविस कप टूर्नामेन्ट के फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया. 8–10 दिसम्बर को बार्सीलोना में खेले जाने वाले फाइनल में स्पेन का मुकाबला आस्ट्रेलिया से होगा जिसने पहले सेमीफाइनल में ब्राजील को पराजित किया है.

– उमैग (क्रोशिया) में अर्जेन्टीना के मारियानो पुएर्ता को फाइनल में हराकर चिली के मार्सेलो रियोस ने क्रोशियाई ओपन टेनिस का खिताब जीत लिया.

– बील (स्विट्जरलैण्ड) में रैपिड शतरंज टूर्नामेन्ट का सिरमौर ग्रांडमास्टर क्लोवांस ने जीता..

– लिबर्टीविले (अमरीका) में महिलाओं की अमरीकी ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप आस्ट्रेलिया की कैरी वैब (Karrie Webb) ने जीती.

– स्कॉटलैण्ड में सेंट एंड्रयूज में 129वीं ब्रिटिश ओपन गोल्फ प्रतियोगिता का सिरमौर जीतकर अमरीका के टाइगर वुड्स ने इतिहास रचा. **यह खिताब जीतकर टाइगर वुड्स विश्व के ऐसे पाँचवें खिलाड़ी हो गए जिन्होंने गोल्फ के सभी चार बड़े टूर्नामेन्ट– अमरीकी ओपन (2000), अमरीकी पीजीए (1999), अमरीकी मास्टर्स (1997) व ब्रिटिश ओपन (2000) जीते हैं. इन पाँचों में से टाइगर वुड्स ने यह उपलब्धि सबसे कम उम्र में प्राप्त की है.**

अन्तर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स से पी. टी. उषा का संन्यास

लगभग दो दशक तक एशियाई ट्रैक पर छाई एवं 'पायोली एक्सप्रेस' व 'उड़न परी' जैसे नामों से प्रसिद्ध पी. टी. उषा ने अन्तर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स से संन्यास लेने की घोषणा गत 25 जुलाई को नई दिल्ली में की है. घुटने की चोट के कारण उषा पिछले कई माह से ट्रैक से दूर थीं. अनेक राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करने वाली पी. टी. उषा 1984 के लॉस एजिल्स ओलम्पिक खेलों में 400 मी बाधा दौड़ में सेकण्ड के सौवें हिस्से से पिछड़ कर कास्य पदक से वंचित रह गई थीं.

उल्लेखनीय है कि 1990 के बीजिंग एशियाड के पश्चात् भी पी. टी. उषा ने एथलेटिक्स से संन्यास लेने की घोषणा की थी, किन्तु 1993 में उनकी ट्रैक पर वापसी हो गई थी.

26 हैदराबाद में विप्रो अन्तर्राष्ट्रीय ग्रांडमास्टर शतरंज प्रतियोगिता का सिरमौर कजाखस्तान के ग्रांडमास्टर एवगेनी ब्लादिमिरोव ने प्रतियोगिता के दो राउंड बाकी रहते जीत लिया.

एस. विजयलक्ष्मी भारत की प्रथम महिला ग्रांडमास्टर

भारत की चार बार की राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियन एवं इंडियन एयर लाइंस में कार्यरत् एस. विजयलक्ष्मी भारत की पहली महिला ग्रांडमास्टर (WGM) हो गई हैं. सुश्री विजयलक्ष्मी ने इस उपाधि के लिए आवश्यक मानकों को हैदराबाद में सम्पन्न विप्रो अन्तर्राष्ट्रीय ग्रांडमास्टर्स शतरंज में पूरा कर लिया. इसके लिए आवश्यक तीनों महिला ग्रांडमास्टर नॉर्म उन्हें पहले से ही प्राप्त थे.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

29 लंदन में ओवल के मैदान पर स्टेडियम पुनरुद्धार सहायतार्थ प्रदर्शनी क्रिकेट मैच में शेष विश्व एकादश ने एशिया एकादश को 15 रन से पराजित कर दिया. इस मैच में एशिया एकादश की टीम की कप्तानी भारत के सचिन तेंदुलकर को सौंपी गई थी, किन्तु छोटी चेचक हो जाने के कारण वह इस मैच में भाग नहीं ले सके तथा एशिया एकादश का नेतृत्व पाकिस्तान के वसीम अकरम ने किया.

छठे राष्ट्रीय खेल अब मार्च 2001 में

छठे राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अब मार्च 2001 में होगा. यह खेल नवम्बर 2000 में पंजाब में होने को थे, किन्तु तैयारियाँ पूर्ण न होने के कारण इन्हें स्थगित करने का अनुरोध पंजाब ओलम्पिक एसोसिएशन ने भारतीय ओलम्पिक संघ से किया था.

– चेन्नई में तीन दिवसीय अन्तर्राज्यीय एथलेटिक चैम्पियनशिप के पहले दिन 6 नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित हुए. इनमें से अधिकांश रिकॉर्ड पूर्व रिकॉर्डधारियों द्वारा अपने ही पिछले रिकॉर्डों में सुधार करके स्थापित किए गए.

30 चेन्नई में अन्तर्राज्यीय एथलेटिक चैम्पियनशिप में पुरुष व महिला वर्गों की 100-100 मी की दौड़ें क्रमशः अनिल कुमार (केरल) व रचिता मिस्त्री (महाराष्ट्र) ने जीतीं.

– हॉकेन हीम (जर्मनी) में सम्पन्न जर्मन ग्रांड प्रिक्स फार्मूला-I रेस ब्राजील के रूबेंस बैरिशेलो ने जीती.

– विशाखापट्टनम् में सम्पन्न 17वीं फेडरेशन कप बास्केटबाल चैम्पियनशिप का पुरुष वर्ग का खिताब पंजाब पुलिस ने व महिला वर्ग का रेलवे ने जीता.

31 चेन्नई में समाप्त हुई तीन दिवसीय इंडियन ऑइल-सर्वो अन्तर्राज्यीय एथलेटिक चैम्पियनशिप में पुरुष व महिला वर्गों में क्रमशः पंजाब व केरल अग्रणी रहे. ओवरऑल चैम्पियनशिप केरल ने जीती.

अगस्त 2000

3 इंगलैण्ड के एलेक स्टीवर्ट व माइकल एथर्टन अपने देश के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने वाले विश्व के क्रमशः 22वें व 23वें खिलाड़ी हो गए. मैनचेस्टर में ओल्ड ट्रेफर्ड में वेस्टइंडीज के विरुद्ध प्रारम्भ हुआ टेस्ट शृंखला का यह तीसरा टेस्ट मैच इन दोनों ही खिलाड़ियों के टेस्ट जीवन का 100वाँ टेस्ट मैच था. टेस्ट मैच की पहली पारी में ही स्टीवर्ट जहाँ शतक बनाने में सफल रहे वहीं एथर्टन पहली पारी में केवल एक रन ही बना सके.

4 जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में खिपोरा में भारतीय सेना की 4 राष्ट्रीय रायफल्स व आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के बीच खेले गए एक मैत्री क्रिकेट मैच में हिजबुल 24 रनों से विजयी रहा.

5 स्विट्जरलैण्ड में बील (Biel) में अन्तर्राष्ट्रीय ओपन शतरंज टूर्नामेन्ट के अन्तिम दौर में सभी खिताबी आवश्यकताओं को पूरा करके भारत के सुंदरराजन किदाम्बी नए अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर (IM) हो गए हैं. इस टूर्नामेन्ट का सिरमौर अरबुख (Arvukh) ने जीता, जबकि भारत के आर. बी. रमेश संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे.

6 बंगलौर में सम्पन्न छठी अखिल भारतीय बीपीएल ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष व महिला वर्ग के खिताब क्रमशः पी. गोपीचन्द व अपर्णा पोपट ने जीते.

– कैलीफोर्निया में कार्ल्सबैड (Carlsbad) में मोनिका सेलेस को फाइनल में हराकर अमरीका की वीनस विलियम्स ने कार्ल्सबैड टेनिस का खिताब जीत लिया.

– टोरंटो (कनाडा) में इजराइल के हारेल लेवी को फाइनल में हराकर रूस के मराट सफीन ने मास्टर्स टेनिस शृंखला जीतने में सफलता प्राप्त की.

सिडनी ओलम्पिक्स के शुभंकर– सिड, मिली एवं ऑली

आस्ट्रेलिया के तीन दुर्लभ जन्तुओं– प्लेटीपस (Platypus), इशिन्दा (Echinda) व कूकाबुरा (Kookabura) को विभिन्न नाम प्रदान करके 27वें ओलम्पिक खेलों के शुभंकर (Muscats) के रूप में चुना गया है. इन खेलों का आयोजन इस वर्ष 15 सितम्बर–1 अक्टूबर के दौरान सिडनी में होगा. इन खेलों के तीन शुभंकर क्रमशः सिड (Syd), मिली (Mille) व ऑली (Olly) हैं.

सिड (Platypus) जो वास्तव में एक जलचर है, को यह नाम आयोजन स्थल सिडनी के नाम पर दिया गया तथा यह जल का प्रतीक है. 'मिली' (Echinda) को यह नाम नई सहस्त्राब्दी (Millennium) के नाम पर दिया गया है तथा यह वास्तव में एक पृथ्वी का प्रतिनिधित्व कर रहा है. तीसरे शुभंकर 'ऑली' (Kookabura) को, जोकि एक पक्षी है, यह नाम ओलम्पिक आन्दोलन के नाम पर दिया गया है तथा यह वायु का प्रतिनिधित्व कर रहा है.

– मुम्बई की 16 वर्षीया कादंबरी ठाकुर फ्रांस एवं इंगलैण्ड के मध्य इंगलिश चैनल को तैरकर पार करने में सफल रहीं. इंगलैण्ड के डोवर (Dover) से फ्रांस के कैलाइस (Calais) तट के मध्य की ठण्डे पानी की 18 किमी की दूरी कादंबरी ने 14·06 घण्टे में तय की. इंगलिश चैनल को तैरकर पार करने वाली वह इस वर्ष की अब तक की सबसे युवा तैराक हैं.

10 कोलम्बो में श्रीलंका एवं दक्षिण अफ्रीका के मध्य तीन टेस्ट मैचों की शृंखला का तीसरा व अन्तिम मैच अनिर्णीत समाप्त होने से यह शृंखला 1–1 से बराबरी पर समाप्त हुई. इस मैच के साथ ही श्रीलंका की टीम के पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है.

– लॉर्ड्स के मैदान पर पाकिस्तान ने फाइनल में दो विकेट से हराकर वेस्टइंडीज को 15 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों के विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट जीत लिया.

11 तिरुअनंतपुरम् में सम्पन्न हुई ट्रावनकोर अखिल भारतीय मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में मद्रास रेजीमेंटल सेन्टर के टी. जी. नानैया विजेता रहे. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के इंस्पेक्टर दुर्गा ओराव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया. देश में सम्पन्न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इनामी राशि वाली इस मेराथन दौड़ में इन विजेताओं को क्रमशः 2 लाख रुपए व 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई.

इस दौड़ में पहली बार ही शामिल की गई महिलाओं की अर्द्धमैराथन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) की पुष्पा देवी ने जीती.

12 तिरुअनंतपुरम् में चौथी राष्ट्रीय सर्किट एथलेटिक मीट में महिलाओं की डिस्कस थ्रो में नीलम जे. सिंह ने व पुरुषों के शॉट पुट में शक्ति सिंह ने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किए. इस मीट में पुरुषों की 100 मी. की 'ए' दौड़ सेना के अनिल कुमार ने व 'बी' दौड़ एल. आई. सी. के एच. जयचन्द्रन ने जीती. महिलाओं की 100 मी. दौड़ में महाराष्ट्र की रचिता मिस्त्री विजेता रहीं.

– लास वेगास में हुए एक विवादास्पद मुकाबले में अपने ही देश के जॉन रुईज को पराजित करके अमरीका के इवांडर हॉलीफील्ड ने विश्व मुक्केबाजी संघ (WBA) का हैवीवेट मुक्केबाजी खिताब रिकॉर्ड चौथी बार जीतने में सफलता प्राप्त की.

13 नई दिल्ली में समाप्त हुई तीसरी एशियाई जूनियर कुश्ती चैम्पियनशिप में पुरुषों के ग्रीको रोमन वर्ग में चार स्वर्ण, एक रजत व दो कांस्य पदक जीत कर भारत ने टीम चैम्पियनशिप जीती. महिला वर्ग में फ्री स्टाइल में भी भारत ने 3 स्वर्ण, 3 रजत व 2 कांस्य पदक जीते. पुरुषों की फ्री स्टाइल कुश्ती में भारत ईरान के बाद दूसरे स्थान पर रहा. प्रतियोगिता में कुल मिला कर 9 स्वर्ण, 7 रजत व 6 कांस्य (कुल 22 पदक) जीत कर भारत पदक तालिका में सर्वोच्च रहा.

– फार्मूला वन रेसों के विश्व चैम्पियन माइका हैकिनन (फिनलैण्ड) ने बुडापेस्ट में हंगरी ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला-वन रेस जीतने में सफलता प्राप्त की. जर्मनी के माइकल शूमाकर इस रेस में दूसरे स्थान पर रहे.

– मैसन (अमरीका) में ब्रिटेन के टिम हेनमैन को फाइनल में हरा कर स्वीडन के थॉमस एंक्विस्ट ने मास्टर्स टेनिस शृंखला की सिनसिनाटी ट्रॉफी जीत ली.

– मैनहटन बीच (कैलीफोर्निया) में लिंडसे डवेनपोर्ट को फाइनल में हरा कर अमरीका की वीनस विलियम्स ने लॉस एंजिलस ओपन हार्डकोर्ट टेनिस का खिताब पुनः जीत लिया.

14 भारत के विक्रम ओबेराय व विक्रम मल्होत्रा ने हांगकांग जूनियर स्क्वैश चैम्पियनशिप में लड़कों के क्रमशः अंडर-19 व अंडर-11 वर्गों में खिताब जीतने में सफलता प्राप्त की.

●●●

बैंक प्रोबेशनरी ऑफ़ीसर परीक्षा

उपकार प्रकाशन की उपयोगी पुस्तकें

कोड नं.		मूल्य
20	उपकार स्टेट बैंक प्रोबेशनरी ऑफीसर परीक्षा	170·00
324	**Upkar State Bank Probationary Officers Exam.**	180·00
325	**Upkar Banks' Probationary Officers Examination**	155·00
619	**उपकार प्रैक्टिस वर्क-बुक बैंक पी. ओ.**	**165·00**
405	Upkar Objective English Language (Question Papers)	35·00
353	Upkar New Pattern Test of Objective English	82·00
394	Upkar Learn to Write Correct English (English-Hindi)	125·00
448	Upkar Correct English : How to Write It (English)	115·00
251	उपकार क्वान्टिटेटिव एप्टीट्यूड टेस्ट (Question Papers)	44·00
583	उपकार ऑब्जेक्टिव इन्सटेंट अरिथमेटिक	135·00
520	उपकार क्विकर वस्तुनिष्ठ अंकगणित	140·00
447	Quicker Objective Arithmatic	110·00
480	Quantitative Aptitude Test	55·00
252	उपकार रीजनिंग टेस्ट (Question Papers)	95·00
599	**उपकार प्रैक्टिस वर्क-बुक सामान्य अध्ययन**	**85·00**
135	उपकार बौद्धिक एवं तर्कशक्ति परीक्षा	80·00
237	न्यू तार्किक योग्यता परीक्षा	45·00
482	Reasoning Test	70·00
373	A Fresh Approach to Reasoning Tests	48·00

उपकार प्रकाशन 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 323966, 323101, 322930; फैक्स : (0562) 323966

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएं

2000

20 अगस्त—स्टेट बैंक पी.ओ. परीक्षा (स्टेट बैंक समूह)

3 सितम्बर—संघ लोक सेवा आयोग भारतीय आर्थिक एवं सांख्यिकीय सेवा.

9-10 सितम्बर—नवोदय विद्यालय समिति प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक परीक्षा

15 सितम्बर—मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग मुख्य परीक्षा, 2000

24 सितम्बर—बी.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित प्रथम कार्यालय (प्रा.) परीक्षा

24 सितम्बर—राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा.

1 अक्टूबर—राजस्थान प्री. बी. एड. प्रवेश परीक्षा.

15 अक्टूबर—म. प्र. राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति (प्रथम चयन) परीक्षा.

30 अक्टूबर—बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (चेन्नई) पी.ओ. परीक्षा

5 नवम्बर—बी.एस.आर.बी. भोपाल (क्लर्क) परीक्षा.

12 नवम्बर—नेशनल सैम्पल सर्वे ऑर्गेनाइजेशन में अन्वेषकों की भर्ती.

26 नवम्बर—बी.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय (प्रा.) परीक्षा.

10 दिसम्बर—स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेन्टिसेज परीक्षा.

10 दिसम्बर—आई.आई.टी. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (स्क्रीनिंग टेस्ट)

24 दिसम्बर—एस.एस.सी. संयुक्त (मैट्रिक) मुख्य परीक्षा.

29 दिसम्बर—रुडकी इंजीनियरिंग प्रवेश (प्रा.) परीक्षा.

2001

जनवरी—बी.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय (प्रा.) परीक्षा.

21 जनवरी—बी.एस.आर.बी. (लखनऊ) क्लर्क परीक्षा.

21 जनवरी—बी.एस.आर.बी. (पटना) क्लर्क परीक्षा.

6 मई—आई.आई.टी. संयुक्त प्रवेश (मुख्य) परीक्षा.

9-10 मई—रुड़की इंजीनियरिंग (मुख्य) परीक्षा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रश्न–मैं एयरक्राफ्ट मेंटीनेंस इंजीनियरिंग का कोर्स करना चाहता हूँ. कृपया इसकी विस्तृत जानकारी के साथ मुख्य संस्थानों का पता दें? ** शिवशंकर सुमन', दुमका*

उत्तर–एयरक्राफ्ट मेंटीनेंस इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता भौतिकी, गणित विषयों के साथ 10+2 (इंटर) है तथा 10+2 स्तर पर अंग्रेजी विषय होना भी अनिवार्य है. यह पाठ्यक्रम साढ़े तीन वर्षीय है. प्रवेश के लिए चयन, प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है. इस प्रवेश परीक्षा में बारहवीं कक्षा के स्तर के प्रश्न पूछे जाते हैं. संस्थानों का पता– इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोनॉटिक्स, पटना एयरपोर्ट, पटना-800014, दिल्ली फ्लाइंग क्लब लिमिटेड, स्कूल ऑफ एविएशन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली-110003, नेहरू कॉलेज ऑफ एयरोनॉटिक्स एण्ड एप्लायड साइसेज, कानियामुथुर, कोयम्बटूर-641008.

प्रश्न–मैं स्नातक पार्ट–I का छात्र हूँ. मैं जानना चाहता हूँ कि होटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में क्या सम्भावनाएं हैं तथा इसमें प्रवेश की योग्यता व प्रमुख संस्थानों की जानकारी दें?
** योगेन्द्र प्रसाद, छपरा, * पवन कुमार, नालंदा*

उत्तर–आज के कठिन प्रतियोगिता भरे समय में कैरियर चयन एक अत्यन्त कठिन एवं चुनौती भरा कार्य है. अब जबकि बहुत अधिक वेतन देने वाली नौकरियाँ सामने नजर आने लगी हैं तो उचित दिशा में कैरियर बनाना एक कला प्रदर्शन जैसा कार्य बन गया है. होटल मैनेजमेंट एक ऐसा ही कार्य क्षेत्र है, जो अच्छा वेतन तो देता ही है साथ ही एक दिलचस्प एवं रोमांचक वातावरण भी देता है. यदि आप खुशमिजाज, मिलनसार और चुस्त-दुरुस्त हैं और आपको भ्रमण का शौक है तो निःसन्देह यह कैरियर आप ही के लिए है. होटल मैनेजमेंट में अच्छे वेतन के अलावा अन्य सुविधाएं भी हैं. यह पाठ्यक्रम लगभग सभी बड़े शहरों में उपलब्ध है. इसमें मुख्यतः दो तरह के पाठ्यक्रम होते हैं–डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्स. इस कोर्स के लिए आवेदक की आयु 16–22 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा है. अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान व धाराप्रवाह होना अत्यन्त आवश्यक है. देश में उक्त पाठ्यक्रम सिखाने वाले प्रमुख संस्थान निम्नलिखित हैं जहाँ से आप पत्राचार द्वारा विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं–

➡ इंस्टीट्यट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग एण्ड न्यूट्रिशन, लाइब्रेरी एवेन्यू, पूसा, नई दिल्ली–110012

➡ इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लायड न्यूट्रिशन, 18-बी, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

➡ इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लायड न्यूट्रिशन, 31 इंडस्ट्रियल एस्टेट, पटना–800015

➡ फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट माडल इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग. इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कैम्पस, गोविंदपुरा, भोपाल–462023

➡ इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लायड न्यूट्रिशन, जयपुर (राजस्थान)

➡ वेलकम ग्रुप, ग्रेजुएट स्कूल ऑफ होटल एडमिनिस्ट्रेशन, वैली व्यू, मनीपाल–576119 (कर्नाटक)

➡ इण्डियन इस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, ताज ग्रुप ऑफ होटल्स, रोजाबाग, औरंगाबाद–413001 (महाराष्ट्र)

होटल प्रबन्धन के डिग्री/डिप्लोमाधारी छात्रों के लिए सिर्फ होटलों में ही नहीं, अस्पताल, हवाई कम्पनियों, रेस्तरां, क्लब, होटल मार्केटिंग व सेल्स, अध्यापन, रेलवे पर्यटन निगम आदि में भी भर्ती के पर्याप्त अवसर हैं.

प्रश्न–मैं कक्षा 10 में पढ़ता हूँ और आई.ए.एस. अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहता हूँ. मुझे इसके लिए क्या करना होगा? कृपया सुझाव दें.

** अजय कुमार, सिवान*

उत्तर–आपने अभी से आई.ए.एस. अधिकारी बनने की मन में ठान ली है, यह एक अच्छा लक्षण है. इसके लिए आपको संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होना होगा जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में स्नातक है तथा योग्यता की कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं है. आप स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने तक मन लगाकर पढ़ें तथा कक्षा 11 व 12 की एनसीईआरटी पुस्तकों को न केवल ध्यान से पढ़ें वरन् स्कूल तथा कॉलेज में होने वाली विभिन्न शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर आत्मविश्वास पैदा करने तथा व्यक्तित्व व शारीरिक विकास की ओर भी ध्यान दें. आपको स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में बैठना होगा.

प्रश्न–मैं बी.ए. द्वितीय वर्ष का छात्र हूँ. मैं पत्रकारिता में अपना कैरियर बनाना चाहता हूँ. कृपया पत्राचार के माध्यम से पत्रकारिता में डिग्री देने वाले संस्थानों के बारे में बताएं.

** ए. एस., सुल्तानपुरा*

उत्तर–पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से निम्नलिखित विश्वविद्यालय पत्रकारिता सम्बन्धी डिग्री/डिप्लोमा प्रदान कर रहे हैं– कोटा खुला विश्वविद्यालय, कोटा (राज-स्थान); इंस्टीट्यूट ऑफ कोरेसपोन्डेंस कोर्स एण्ड कन्टीन्यूइंग एजुकेशन, यूनिवर्सिटी ऑफ मैसूर, मनसा गंगोत्री, मैसूर–570006; इन्दिरा गांधी खुला विश्वविद्यालय–'इग्नू'. मुख्यालय–मैदानगढ़ी, नई दिल्ली–110068; कोचीन विश्वविद्यालय (कोच्चि) आदि.

प्रश्न–एल.एल.बी. (लॉ) करने के बाद वकालत करने के अलावा और क्या सम्भावनाएं हैं?

** अमित कुमार मिश्र, कटिहार*

उत्तर–विश्वविद्यालयों के विधि संकाय शिक्षक कार्य करने के अलावा सरकारी निजी कम्पनियों के लीगल एडवाइजर के भी नौकरी पाने के काफी अच्छे अवसर सकते हैं. राज्य प्रशासन की न्यायिक सेवा चयन परीक्षा के अतिरिक्त सेना के लिए के लिए विधि स्नातकों के अनुरूप पदों भी आवेदन कर सकते हैं. कुछ अनुभव करने के बाद स्वतंत्र रूप से कानूनी के रूप में भी आप कार्य कर सकते हैं

प्रश्न–मुझे मर्चेंट नेवी में प्रवेश लेना इसके लिए निर्धारित योग्यता क्या है कहाँ से सम्पर्क कर इसमें प्रवेश लिया सकता है?

** निरंजन कुमार, नवगछिया*

उत्तर–मर्चेंट नेवी से सम्बन्धित प्रवेश के लिए कम-से-कम 10+2 परीक्षा मुख्यतः भौतिकी, रसायनशास्त्र व गणित के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए तथा नौकरी के लिए शारीरिक रूप से पूर्ण होना चाहिए. विस्तृत जानकारी के लिए 'रोजगार समाचार' पर नजर रखें. आप 'जहाजरानी महानिदेशालय, जहाज भवन, वल्लार्ड एस्टेट, इंडियन डॉक के पास (रेड गेट), वीर हीराचन्द मार्ग, मुम्बई–400038' से भी सम्पर्क कर सकते हैं.

प्रश्न–मैं लाइब्रेरी डिप्लोमा कोर्स करना चाहता हूँ. कृपया बताएं यह कैसे व कहाँ कर सकता हूँ तथा प्रवेश योग्यता भी बताएं?

** विजय कार्म्बोज, उधमसिंह नगर*

उत्तर–पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में अध्ययन निम्नलिखित विश्वविद्यालयों से किया जा सकता है–

(1) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी –221005, (2) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ, (3) काशी विद्यापीठ, वाराणसी-221002, (4) लखनऊ विश्वविद्यालय, बादशाह बाग, लखनऊ–226007, (5) बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी–284001, (6) दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली–110007 आदि. विश्वविद्यालयों में 'बैचलर इन लाइब्रेरी एण्ड इन्फॉर्मेशन साइंस' तथा 'मास्टर इन लाइब्रेरी एण्ड इन्फॉर्मेशन साइंस' तथा मास्टर इन लाइब्रेरी एण्ड इन्फॉर्मेशन साइंस. जहाँ तक प्रवेश के लिए अनिवार्य योग्यताओं का प्रश्न है बैचलर (स्नातक) डिग्री में प्रवेश के लिए किसी भी विषय में स्नातक तथा मास्टर (स्नातकोत्तर) डिग्री में प्रवेश के लिए बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता है.

विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रवेश की अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं. अधिकांश में प्रवेश का आधार मेरिट है, जबकि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय जैसे कुछ विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार संचयिका

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

1. सिन्धु घाटी सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहाँ मिले?
   – सुरकोटडा
2. महात्मा बुद्ध का जन्म कब हुआ था?
   – 567 ई. पू.
3. जैन धर्म के ग्रन्थों की मुख्य भाषा क्या थी?
   – प्राकृत
4. महरौली अभिलेख से किस सम्राट् के विषय में जानकारी मिलती है?
   – चन्द्रगुप्त द्वितीय के विषय में
5. सर्वप्रथम किस गुप्त शासक ने शकों को पराजित करने के बाद चाँदी का सिक्का जारी किया था?
   – चन्द्रगुप्त द्वितीय ने
6. तुजुक- ए - जहाँगीरी के 16 से 19 वें वर्ष का विवरण किसने लिखा है?
   – मोतमिद खाँ ने
7. शेरशाह की मृत्यु उसकी अपनी अन्तिम विजय के समय हो गई थी. यह अन्तिम विजय थी–
   – कालिंजर विजय
8. कृष्णदेव राय के पुर्तगालियों से कैसे सम्बन्ध थे?
   – तटस्थता एवं मित्रता के
9. हिन्दू-पद-पादशाही का आदर्श किस पेशवा ने रखा था?
   – बाजीराव प्रथम ने
10. अंग्रेजों का सबसे पहला संघर्ष किस मुगल सम्राट् के साथ हुआ था?
    – औरंगजेब के साथ

राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन

11. 'ठीक उस समय जब उत्साह अपनी पराकाष्ठा पर था पीछे हटने का आदेश देना राष्ट्रीय विपत्ति से कुछ कम नहीं था.' असहयोग आन्दोलन के सम्बन्ध में यह विचार किसका था?
    – सुभाष चन्द्र बोस का
12. सरकार द्वारा नाभा के महाराजा को हटने के लिए बाध्य करने का विरोध किस आन्दोलन ने किया?
    – जैतो मोर्चा
13. 1921 में मोपला विद्रोह कहाँ हुआ था?
    – मालाबार में
14. चौरी-चौरा काण्ड, स्वराज पार्टी की स्थापना तथा प्रिन्स ऑफ वेल्स की भारत यात्रा का बहिष्कार (1921) किस वाइसराय के कार्यकाल की घटनाएं हैं?
    – लॉर्ड रीडिंग के कार्यकाल की
15. 1946–47 के तेभागा आन्दोलन का केन्द्र था–
    – उत्तरी बंगाल
16. मैक्डोनाल्ड द्वारा प्रस्तावित 'कम्यूनल अवार्ड' को गांधीजी द्वारा ठुकराने का प्रमुख कारण था–
    – दलित वर्ग को हिन्दुओं से अलग करना
17. केन्द्रीय असेम्बली के प्रथम भारतीय अध्यक्ष कौन थे?
    – विट्ठल भाई पटेल
18. उराव जनजाति के 1914 के प्रभार का नायक कौन था?
    – जात्रा भगत
19. 16 अगस्त, 1946 को 'प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किस पार्टी ने किया था?
    – मुस्लिम लीग ने
20. भारत की संवैधानिक समस्या के समाधान के लिए 1946 में एक 'कैबिनेट मिशन' भारत आया था. उसके सदस्य थे–
    – पैथिक लारेन्स, सर स्टैफर्ड क्रिप्स और ए. वी. अलैक्जेण्डर

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

21. संविधान सभा से मुस्लिम लीग के बहिष्कार का प्रमुख कारण था–
    – मुस्लिम लीग मुसलमानों के लिए एक अलग संविधान सभा चाहती थी
22. संविधान सभा प्रथम बार कब समवेत हुई?
    – 9 दिसम्बर, 1946
23. संविधान के भाग तीन में वर्णित मौलिक अधिकारों का प्रावधान किस देश के संविधान से लिया गया है?
    – अमरीका के संविधान से
24. संविधान की प्रस्तावना में वर्णित लोकतंत्र को किस रूप में स्वीकार किया गया है?
    – सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक लोकतंत्र के रूप में
25. भारत का 'मेग्ना कार्टा' (Magna Carta) संविधान के किस भाग को कहा जाता है?
    – भाग III को
26. जम्मू-कश्मीर का अपना पृथक् संविधान है. इस संविधान के अनुसार जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है?
    – भारत का राष्ट्रपति
27. ब्रिटिश संसद के लिए सर्वप्रथम किस भारतीय का चुनाव हुआ?
    – दादाभाई नौरोजी का
28. संविधान की प्रस्तावना में वर्णित शब्द 'पंथनिरपेक्ष' (Secular) का क्या अर्थ है?
    – सभी नागरिकों को धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता
29. 1953 में गठित राज्य-पुनर्गठन आयोग का अध्यक्ष कौन था?
    – न्यायमूर्ति फजलअली
30. भारत की स्वतंत्रता के समय ब्रिटेन में किस दल का प्रधानमंत्री सत्तारूढ़ था?
    – लेबर पार्टी (प्र. मं. क्लीमेंट एटली)

भारत एवं विश्व का भूगोल

31. उत्तरी-पूर्वी भारतीय रेलवे का मुख्यालय कहाँ है?
    – गोरखपुर
32. रेलवे स्टाफ कॉलेज कहाँ स्थित है?
    – बड़ौदा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

33. भारतीय जनजाति मुख्य रूप से किस प्रजाति से निकली है?
– प्रोटो आस्टेलाइड से

34. कोरबा का एल्युमीनियम उद्योग किस राज्य में स्थित है?
– मध्य प्रदेश में

35. अंकलेश्वर तेल क्षेत्र किस राज्य में स्थित है?
– गुजरात में

36. कर्नाटक राज्य में स्थित बाबा बूदान की पहाड़ियों से कौनसा खनिज पदार्थ निकाला जाता है?
– लौह-अयस्क

37. चम्बल किस नदी की सहायक नदी है?
– यमुना नदी की

38. नासिक महाराष्ट्र का एक नगर है. यह किस नदी के तट पर स्थित है?
– गोदावरी नदी के तट पर

39. अन्तर्देशीय सागर 'काला सागर' कहाँ स्थित है?
– एशिया माइनर एवं दक्षिणी रूस में

40. सुवा किस देश की राजधानी है?
– फिजी की

भारतीय अर्थव्यवस्था

41. योजना में कोर सेक्टर का मतलब किससे होता है?
– चयनित आधार उद्योगों से

42. भारत का सबसे बड़ा मुचुअलफण्ड ऑर्गेनाइजेशन कौन है?
– यूनिट ट्रस्ट ऑफ इण्डिया

43. ओपेक क्या है?
– पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन

44. निगम कर किस पर लगाया जाता है?
– कम्पनियों की आय पर

45. नाथपा झाकरी पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड किसका संयुक्त उपक्रम है?
– भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार का

46. न्यूयार्क स्टॉक एक्सचेंज से सूचीबद्ध होने वाली पहली भारतीय कम्पनी है–
– आई. सी. आई. सी. आई.

47. व्यय सुधार आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?
– के. पी. गीताकृष्णानन

48. केन्द्र सरकार ने वर्ष 2001 को घोषित किया है–
– महिला अधिकारिता वर्ष

49. कोयले का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में होता है?
– बिहार में

50. विश्व व्यापार संगठन (WTO) का मुख्यालय कहाँ है?
– जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड)

सामान्य विज्ञान

51. सभी अम्लों का आवश्यक तत्व है–
– हाइड्रोजन

52. रेडियो तथा माइक्रोवेव क्षेत्र के बीच स्पेक्ट्रम का कौनसा भाग स्थित होता है?
– अवरक्त क्षेत्र

53. पोलोरायड की कार्य विधि प्रकाश के किस गुण पर आधारित है?
– ध्रुवण पर

54. कृत्रिम उपग्रह में 10 किग्रा भार के पिण्ड का भार होगा–
– शून्य

55. 1 कैलोरी ऊष्मा कितने जूल कार्य के तुल्य होती है?
– 4.2 जूल

56. पूर्णा कृष्णा पिण्ड की अवशोषक क्षमता कितनी होती है?
– 1

57. ओजोन (O_3) अपचायक है या आक्सीकरण?
– अपचायक और ऑक्सीकारक दोनों

58. क्लोरोफार्म को हवा और सूर्य के प्रकाश में रखने पर प्राप्त होती है–
– फॉस्जीन ($COCl_2$)

59. विटामिन के खोजकर्ता हैं–
– लूनिन (Lunin)

60. मनुष्य द्वारा संचित आयोडीन का संग्रह किसमें होता है?
– थाइराइड ग्रन्थि में

खेलकूद

61. जापान का राष्ट्रीय खेल क्या है?
– जूडो

62. 'गोल्डन गर्ल' किस भारतीय एथलीट की आत्मकथा है?
– पी. टी. ऊषा की

63. ब्लैक हीथ (रगबी फुटबाल) मैदान स्टेडियम कहाँ है?
– लन्दन

64. भारत के बंगलौर स्थित स्टेडियम का क्या नाम है?
– चिन्ना स्वामी स्टेडियम

65. भरत-राम कप किस खेल से सम्बन्धित है?
– गोल्फ

66. राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार प्रथम विजेता कौन हैं?
– विश्वनाथ आनन्द (शतरंज)

67. लेगबाई (Leg bye) शब्द किस में प्रयुक्त किया जाता है?
– क्रिकेट

68. बेगम हजरत महल ट्रॉफी का सम्बन्ध है–
– राष्ट्रीय महिला फुटबाल

69. हॉकी में गोल की ऊँचाई कितनी होती है?
– 7 फीट (2.13 मीटर)

70. पाकिस्तान के जानशेर खाँ और जहाँगीर खाँ किस खेल के प्रख्यात खिलाड़ी हैं?
– स्क्वैश

विविध

71. खजुराहो के प्रसिद्ध मन्दिर किस राज्य में स्थित हैं?
– मध्य प्रदेश

72. 'जेट्रो' क्या है?
– विदेश व्यापार से सम्बन्धित एक जापानी एजेंसी

73. आन्ध्र प्रदेश की दीपम योजना क्या है?
– आन्ध्र प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वालों को मुफ्त एल. पी. जी. कनेक्शन देना

74. किसके विकास के लिए के. सी. पन्त की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा किया गया है?
– परती भूमि के विकास के लिए

75. वाटरशेड विकास से किस समिति का सम्बन्ध है?
– मोहन धारिया समिति का

76. वाटरशेड विकास की दिशा में प्रशिक्षण देने में जुटी समिति है–
– ईश्वरन समिति

77. डी. डी. पी. का किस कार्यक्रम से सम्बन्ध है?
– मरुस्थल विकास कार्यक्रम से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

78. बॉम्बे हाई से हमें क्या प्राप्त होता है?
– कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस

79. एलिजाबेथ टेलर को हाल ही में ब्रिटेन की कौनसी उपाधि देकर सम्मानित किया गया है?
– डेम

80. सुरक्षा सम्बन्धी बातचीत के लिए किस देश के रक्षा मंत्री एलेन रिचर्ड भारत आए?
– फ्रांस के

81. 'टी-81' क्या है?
– भारतीय तट रक्षक जहाज

82. अग्निनृत्य किस राज्य के लोक नृत्यों में प्रमुख लोक नृत्य है?
– राजस्थान के

83. प्रसिद्ध हजारा मन्दिर कहाँ है तथा यह किसको समर्पित है?
– हम्पी (कर्नाटक) में, भगवान राम को समर्पित

84. 'फॉर द वूमेन ऑफ सब्स्टेंस' (For the Women of Substance) किस पत्रिका की विज्ञापन लाइन है?
– फेमिना की

85. मदर टैरेसा की स्मृति में स्थापित 2 लाख रुपए का पहला मदर टैरेसा अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?
– ज्योति बसु को

86. वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कौन हैं?
– ब्रजेश मिश्र

87. हिस्टोलॉजी (Histology) में किसका अध्ययन किया जाता है?
– ऊतकों (Tissues) का

88. पुराणों की संख्या कितनी है?
– 18

89. इन्सुलिन किसके उपापचय (मेटाबोलिज्म) को नियंत्रित करता है?
– कार्बोहाइड्रेट के

90. जिस समय भारत के विभाजन की घोषणा हुई उस समय भारत का वायसराय कौन था?
– लॉर्ड माउण्टबेटन

91. भारत का पहला मेरीन राष्ट्रीय पार्क कहाँ स्थित है?
– कच्छ की खाड़ी में

92. भारत द्वारा स्थापित पहला परमाणु स्टेशन कौनसा है?
– तारापुर

93. चर्चित फिल्म 'गॉड मदर' का लेखक-निर्देशक कौन है?
– विनय शुक्ल

94. विश्व विख्यात अनुदान आयोग (UGC) के अध्यक्ष कौन हैं?
– डॉ. हरिप्रताप गौतम

95. पद्मावत की भाषा क्या है?
– अवधी

96. वर्ष 1999 में 71वें ऑस्कर सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार किस फिल्म को मिला?
– 'शेक्सपियर इन लव' को

97. किस भारतीय समाचार एजेंसी ने हाल ही में स्वर्ण जयन्ती समारोह का आयोजन किया?
– पी. टी. आई. ने

98. जिन्ना हाउस किस नगर में है?
– मुम्बई में

99. 'मिलेनियम आइलैण्ड', जहाँ सन् 2000 की पहली सूर्य किरण पड़ी, कहाँ है?
– प्रशान्त महासागर में

100. भारत की अन्तरिम सरकार में कृषि मंत्री कौन थे?
– डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

सामयिक घटनाएँ

101. शान्ति अभियान के तहत आस्मां जहाँगीर के नेतृत्व में 39 सदस्यीय पाकिस्तानी महिला प्रतिनिधि मण्डल भारत आया. आस्मां जहाँगीर पाकिस्तान में क्या है?
– मानवाधिकार आयोग की अध्यक्ष

102. संयुक्त राज्य अमरीका की सेना में प्रवेश पाने वाला प्रथम एशियाई कौन है?
– बिनीका बाली (Beneka Bali) दिल्ली की 21 वर्षीय युवती

103. बिहार की मुख्यमंत्री राबड़ी देवी कहाँ से विधायक चुनी गई हैं?
– राघोपुर (जिला वैशाली) विधान सभाई क्षेत्र से

104. हाल ही में सम्पन्न उप चुनाव में आस्का (ASKA) लोक सभा सीट किसने जीती है?
– कुमुदनी पटनायक (BJD) ने

105. फीजी में सेना ने सत्ता संभाली, वहाँ मार्शल लॉ की घोषणा किसने की थी?
– सेना प्रमुख कमोडोर फ्रैंक बैनीमरामा ने

106. गृह युद्ध के कारण तबाही के कगार पर पहुँचे किस अफ्रीकी देश में भारतीय थल सेना के जवानों को संयुक्त राष्ट्र की शान्ति सेना में भेजा गया?
– सियरा लियोन में

107. न्यायमूर्ति सैम नरीमन वरियावा के स्थान पर दिल्ली उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है?
– न्यायमूर्ति अरिजीत पसायत (उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) को

108. सरकारी तौर पर भारत का एक अरब वाँ नागरिक किसे घोषित किया?
– आस्था (सफदरजंग अस्पताल में 11 मई गुरुवार को प्रातः 5.05 बजे जन्मी बालिका) को

109. आबादी पर काबू पाने के लिए गठित आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?
– प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी

110. '173 Hours in Captivity' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
– नीलेश मिश्र (असोसियेटेड प्रेस के सम्वाददाता)

●●●

आधुनिक तकनीकी एवं नवीनतम स्टाइल से शुद्धता के साथ स्पीड बढ़ाने के लिए अद्वितीय पुस्तक

उपकार

कॉम्प्रीहेन्सिव वर्क-बुक

बैंक क्लेरीकल

सम्पादक मण्डल
प्रतियोगिता दर्पण

मूल्य : 175/-

नवीन परीक्षा प्रणाली
एवं
पाठ्यक्रमानुसार

स्व-दक्षता की जाँच हेतु अत्युपयोगी वर्क बुक

शीघ्र ही अपने निकटतम बुकसेलर से सम्पर्क करें अथवा हमें 100 रु का मनीऑर्डर भेजकर वी. पी. पी. द्वारा प्राप्त करें :

उपकार प्रकाशन
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा-282 002
फोन : 323966, 323101, 322930; फैक्स : (0562) 351251

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य

- भारतीय नौसेना के चर्चित युद्धपोत आई एन एस ब्रह्मपुत्र (प्रचंड गैंडे) को शीघ्र ही सतह से सतह पर मार करने वाले किस प्रक्षेपास्त्र से युक्त किया जाएगा? – त्रिशूल प्रक्षेपास्त्र
- हैंसी क्रोनिए व कुछेक अन्य दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों के मैच फिक्सिंग में लिप्त होने की जाँच के लिए गठित आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? – न्यायाधीश एडविन दिव
- असम के जोरहट जिले में चारों ओर नदियों से घिरा हुआ विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप का नाम क्या है? – माजु
- मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध अन्तर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है? – 26 जू
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पौत्र गोपालकृष्ण गांधी को भारत का उच्चायुक्त कहाँ नियुक्त किया गया है? – श्रीलंक
- जम्मू-कश्मीर विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष बाबू परमानन्द को किस राज्य का राज्यपाल बनाया गया है? – हरियाण
- निर्धनता निवारण हेतु आंध्र प्रदेश में विश्व बैंक की सहायता से किस नाम से एक नया कार्यक्रम 16 जून 2000 से प्रारम्भ किया गया है? – वेलुगु (Velugu)
- न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने वाली भारत की प्रथम सॉफ्टवेयर कम्पनी कौनसी है? – मुम्बई की सिल्वर लाइन टेक्नोलॉजीज
- मानव संसाधनों से सम्बन्धित अमरीकी फर्म 'विलियम एम मर्सरक' के ताजा वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार विश्व का सबसे महँगा शहर कौनसा है? – टोकियो (जापान
- इस वर्ष विम्बलडन महिला एकल टेनिस का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता? – वीनस विलियम्स
- हाल ही में मिस्र में सम्पन्न जी-15 शिखर सम्मेलन में किन दो राष्ट्रों को सदस्यता प्रदान की गई है? – कोलम्बिया और ईरा
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में किस राज्य का प्रथम स्थान है? – उत्तर प्रदे
- संसद में महिलाओं की भागीदारी के मामले में विश्व में प्रथम स्थान किस देश का है? – स्वीडन (42.7 प्रतिशत
- शतरंज के प्रथम विश्व कप टूर्नामेन्ट की मेजबानी किस देश को सौंपी गई है? – घाँ
- विश्व का ऐसा पहला क्रिकेट मैदान कौनसा है, जहाँ 100 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं? – लंदन स्थित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउण्ड
- हाल ही में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) के अध्यक्ष पद का कार्यभार किसने ग्रहण किया है? – मैलकम ग्रे (आस्ट्रेलिय
- राष्ट्रीय फिल्म विकास परिषद् (एनएफडीसी) का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? – हेमामालिनी
- आई. सी. सी. की क्रिकेट विकास समिति का अध्यक्ष किस भारतीय क्रिकेटर को बनाया गया है? – सुनील मनोहर गावस्क
- अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) के द्वारा बनाई गई भ्रष्टाचार निरोधी समिति का प्रभारी किसे नियुक्त किया गया है? – पॉल कॉंडन (लन्द
- हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव में कलकत्ता नगर निगम का मेयर किसे चुना गया है? – सुव्रत मुखर्ज
- अपने देश के लिए पहला और सौवाँ टेस्ट मैच खेलने वाले विश्व के एकमात्र खिलाड़ी कौन हैं? – अर्जुन रणतुं
- राजीव गांधी खेलरत्न पुरस्कार (1999) से किसे सम्मानित करने की घोषणा की गई है? – धनराज पिल्लै (हॉकी
- 26-जनवरी, 2001 से किस राज्य में ग्राम सरकारें कार्य करने लगेंगी? – मध्य प्रदे
- जम्मू-कश्मीर में भारत व पाकिस्तान के मध्य नियंत्रण रेखा की निगरानी करने वाले संयुक्त राष्ट्र मिशन का नया प्रमुख सैन्य पर्यवेक्षक किसे नियुक्त किया गया है? – मेजर जनरल मैनुएल सावेद्रा (उरुग्वे
- हाल ही में भारत के किस अभ्यारण्य में लगभग एक दर्जन बाघों की रहस्यमयी बीमारी के कारण मौत हो गई? – नन्दनकानन अभ्यारण्य (भुवनेश्व
- मथुरा मिशनरी हत्याकांड की जाँच के लिए किसकी अध्यक्षता में एक सदस्यीय जाँच आयोग गठित किया है? – न्यायमूर्ति पर्वतोष रा
- 71 वर्ष के बाद मैक्सिको में विपक्षी नेशनल एक्शन पार्टी के किस प्रत्याशी ने राष्ट्रपति का चुनाव जीत लिया है? – विनसेंट फॉक्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जहाँगीर

- जहाँगीर का जन्म 30 अगस्त, 1569 ई. में फतेहपुर सीकरी के सूफी संत शेख सलीम चिश्ती के आशीर्वाद से हुआ था.
- जहाँगीर की माँ जयपुर की राजकुमारी मरियम-उस-जामिनी थी.
- जहाँगीर के बचपन का नाम सलीम था. अकबर उसे प्यार में शेखोबाबा पुकारता था.
- सलीम की प्रारम्भिक शिक्षा की व्यवस्था फतेहपुर सीकरी में की गई.
- सलीम को शिक्षित करने के लिए अनेक शिक्षक रखे गए, लेकिन सलीम पर सर्वाधिक प्रभाव अब्दुर-रहीम खान-ए-खाना का पड़ा.
- सलीम ने अब्दुर रहीम से फारसी, तुर्की और हिन्दी की शिक्षा प्राप्त की.
- सलीम ने बारह वर्ष की अवस्था में 1581 ई. में काबुल अभियान के दौरान सेना की एक टुकड़ी का नेतृत्व किया.
- पंद्रह वर्ष की आयु में 13 फरवरी, 1585 ई. को सलीम का विवाह राजा भगवान दास की पुत्री मानबाई से हुआ.
- मानबाई ने 1604 ई. में अफीम खाकर आत्महत्या कर ली.

सलीम द्वारा की गई बगावतें

1. ऐसा कहा जाता है कि सलीम ने 1591 ई. में अकबर को जहर देने का प्रयास किया. स्पष्ट साक्ष्यों का अभाव रहा.
2. 1599 ई. में अकबर ने सलीम को मेवाड़ पर आक्रमण करने के लिए भेजा, परन्तु वह अजमेर में ही रुक गया और विद्रोह कर दिया. सलीम ने आगरा के खजाने को लूटने का असफल प्रयास किया और इलाहाबाद जाकर अपना दरबार आयोजित किया. अकबर ने असीरगढ़ से ख्वाजा मोहम्मद शरीफ को सलीम के पास शान्ति संधि के लिए भेजा, परन्तु वह सलीम से जा मिला और उसका बजीर बन गया. हरम की महिलाओं के हस्तक्षेप से पिता-पुत्र में सुलह हो गई.
3. 1603 ई. में इलाहाबाद जाकर सलीम ने पुनः बगावत कर दी. अकबर अपनी माँ की मृत्यु के कारण उसके खिलाफ सैन्य कार्यवाही न कर सका. सलीम जब दादी की मृत्यु पर आगरा आया, तो अकबर ने उसे बन्दी बना लिया.

- राजा उदय सिंह की पुत्री जोधाबाई (जगत गोसाई) सलीम की अन्य प्रमुख बेगम थी.
- सत्ता हथियाने के उद्देश्य से सलीम ने मुगल बादशाह के खिलाफ 1599–1604 के मध्य बगावत कर दी.
- खुसरो सलीम और मानबाई का पुत्र था. उसका विवाह मिर्जा अजीज कोका की पुत्री के साथ हुआ था.
- अकबर के पुत्र दानियाल की 10 अप्रैल, 1604 ई. को मृत्यु हो गई.
- अकबर को 3 अक्टूबर, 1605 ई. को डायरिया का भीषण प्रहार हुआ उसकी हालत दिन पर दिन बिगड़ती गई. 21 अक्टूबर, 1605 ई. को अकबर ने अपना मुकुट सलीम को सौंप दिया और उसे अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया.
- 25–26 अक्टूबर, 1605 ई. की मध्य रात्रि को अकबर की मृत्यु हो गई.
- 3 नवम्बर, 1605 ई. को जहाँगीर आगरा में मुगल सिंहासन पर बैठा और नूरुद्दीन मुहम्मद जहाँगीर पादशाह गाजी की उपाधि धारण की.
- सिंहासनारोहण के अवसर पर जहाँगीर ने 12 नियमों की एक संहिता की घोषणा की.
- जहाँगीर ने आगरा किले के शाह बुर्ज में सोने की जंजीर (न्याय की जंजीर) लटकवाई जिसे खींचकर कोई भी फरियादी अपनी फरियाद सीधे बादशाह तक पहुँचा सकता था.
- जहाँगीर ने नूरजहाँ के पिता मिर्जा गियास बेग को ऐत्माद्दौला का खिताब दिया और अपना दीवान नियुक्त किया.
- जमनबेग को जहाँगीर ने 1500 का मनसब प्रदान किया और साथ ही महाबत खाँ के खिताब से नवाजा.
- जहाँगीर के शासन काल में पहला विद्रोह अप्रैल-मई 1606 ई. में शहजादा खुसरो का हुआ.
- खुसरो 6 अप्रैल, 1606 ई. की शाम को 350 घुड़सवारों के साथ आगरा किले से अकबर की समाधि पर जाने का बहाना लेकर भाग निकला और दिल्ली की ओर बढ़ चला.
- मार्ग में हुसैन बेग बदख्शी 300 घुड़सवारों समेत शहजादे के साथ हो लिया. धीरे-धीरे खुसरो के समर्थकों की संख्या 12000 तक पहुँच गई.
- लाहौर पहुँचकर खुसरो ने वहाँ के दीवान अब्दुर्रहमान को अपना वजीर नियुक्त किया.
- तरन तारण में खुसरो ने गुरु अर्जुन देव का आशीर्वाद प्राप्त किया.
- जब खुसरो तरन तारण से लाहौर पहुँचा तब उसने किले के दरवाजे को बंद पाया. किले पर दिलावर खाँ ने अधिकार कर लिया था.
- जब खुसरो किले पर घेरा डाले हुए था तभी शाही फौज शेख फरीद के नेतृत्व में वहाँ पहुँच गई. पीछे-पीछे बादशाह भी पहुँच गया.
- खुसरो और जहाँगीर के बीच भैरोवाल का युद्ध हुआ जिसमें खुसरो पराजित हुआ.

जहाँगीर के 12 नियम

1. *अनेक प्रकार के करों जैसे तमगा, मीर, बाहरी आदि पर रोक लगा दी.*
2. *सड़कों के किनारे सराय, मस्जिद और कुएं खुदवाने का आदेश दिया गया.*
3. *व्यापारियों की गाँठें बिना उनकी इजाजत के खोलने को मनाही हो गई.*
4. *अगर कोई मरता है, तो उसकी सम्पत्ति उसके वंशज को दी जाएगी. अगर उत्तराधिकारी नहीं है, तो सम्पत्ति राज्य लेगा.*
5. *शराब के उत्पादन और बिक्री पर रोक लगा दी गई.*
6. *सरकारी कर्मचारियों को किसी के घर पर अधिकार न करने का आदेश दिया गया.*
7. *नाक-कान काटने के दंड को समाप्त कर दिया गया.*
8. *किसानों की भूमि पर अवैध कब्जे को समाप्त कर दिया.*
9. *जागीरदार वगैर शाही इजाजत के परगने के लोगों से वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित नहीं कर सकते थे.*
10. *गरीबों के इलाज के लिए शहरों में अस्पताल खुलवाने का आदेश दिया गया.*
11. *बृहस्पतिवार एवं रविवार को जानवरों की हत्या प्रतिबंधित कर दी गई.*
12. *अकबर के समय के सभी जागीरदारों और दरबारियों को बरकरार रखा.*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

- जब खुसरो अपने समर्थकों हुसैन बेग और अब्दुर्रहमान के साथ काबुल की ओर भाग रहा था, पकड़ा गया और कैद कर लिया गया.
- खुसरो के पतन के बाद जहाँगीर गुरु अर्जुन देव को दंडित करने के लिए गया. उसने गुरु पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया.
- गुरु अर्जुन देव ने जुर्माना देने से मना कर दिया तब बादशाह ने गुरु को मृत्यु दण्ड दे दिया.
- खुसरो के विद्रोह से प्रोत्साहित होकर बीकानेर के रायसिंह, बिहार के संग्राम ने विद्रोह किया और पर्शिया के शाह ने कांधार पर कब्जा करने का प्रयास किया.
- राय सिंह का विद्रोह राय जगन्नाथ कछवाहा ने, संग्राम का व्रिदोह जहाँगीर कुली खाँ ने दबा दिया.
- जिस समय पर्शिया के शाह ने कांधार पर आक्रमण किया उस समय शाह बेग खान ने किले की रक्षा की. जहाँगीर ने शाह बेग की मदद के लिए मिर्जा गाजी को भेजा.
- पर्शिया का शाह डरकर बिना लड़े ही भाग खड़ा हुआ.
- जहाँगीर ने मई 1611 ई. में मेहरुन्निसा से विवाह किया.

नूरजहाँ

मिर्जा गियास बेग की पुत्री नूरजहाँ का मूलनाम मेहरुन्निसा था जिसका प्रथम विवाह शेरखाँ नामक अफगान से हुआ था. 1611 ई. में जहाँगीर से विवाह के बाद पहले उसे नूरमहल के खिताब से नवाजा गया. बाद में उसे नूरजहाँ कहने लगे. शेर अफगान का मूल नाम अली कुली इस्ताज्लु था. वह अब्दुर्रहीम खानखाना की सेवा में था.

- मिर्जा गियास बेग की मुलाकात अकबर से मलिक मसूद नामक व्यापारी ने करवाई.
- 1595 ई. में मिर्जा गियास बेग को 300 की मनसबदारी मिली और उसे काबुल का सूबेदार नियुक्त कर दिया गया.
- जब सलीम 1599 ई. में मेवाड़ अभियान पर गया तब शेर अफगान उसके साथ गया.
- 1613 ई. में नूरजहाँ को पादशाह बेगम का रुतबा मिला.
- शीघ्र ही नूरजहाँ के नाम से भी सिक्के ढाले जाने लगे और नूरजहाँ ने अपना एक गठबन्धन बनाया जिसे नूरजहाँ जुनता के नाम से जाना जाता था.
- नूरजहाँ जुनता के सदस्य थे–नूरजहाँ, ऐत्माद्दौला, आसफ खाँ और खुर्रम.
- नूरजहाँ की माँ अस्मत बेगम एक सुशिक्षित और होशियार महिला थी. वे नूरजहाँ की सलाहकार के रूप में कार्य करती थीं.
- नूरजहाँ ने अपनी पुत्री लाडली बेगम का विवाह जहाँगीर के पुत्र शहरयार से किया.
- नूरजहाँ के प्रशासन के परिणामस्वरूप मुगल साम्राज्य में महाबत खाँ और खुर्रम के विद्रोह हुए.

●●●

|| मेहनत, लगन, दृढ़-संकल्प

जिसने इस मूलमंत्र को अपनाया है



सितम्बर 2000 मूल्य रु. 35/-

वही, सिर्फ वही, सफलता की सीढ़ी चढ़ पा

40.5 लाख से भी अधिक (सर्वे रिपोर्ट : आई आर एस 2000) शिक्षित
अनूठी चहेती पत्रिका-प्रतियोगिता दर्पण आज सफलता का एक इतिहास
इसके सम-सामयिक विषयों पर लेख, विभिन्न विषयों के अतिरिक्तांक
बहुमूल्य पाठ्य सामग्री सफल परीक्षार्थियों की सफलता, में बहुत उपयोगी
इसीलिए आज हर परीक्षार्थी अपनी परीक्षा-तैयारी में इसके विशेष योगदान
नहीं पाता है. सीढ़ी-दर- सीढ़ी उसकी सफलता में इसका ज़िक्र अवश्य आता

हल प्रश्न पत्र
एस. एस. सी. संयुक्त मुख्य (एल. डी. सी.) 2000
म.प्र. पी. एस. सी. मुख्य 1999
आई. ए. एस. (प्रा.) 2000
उ.प्र. पी. सी. एस. (प्रा.) 2000
मॉडल हल
बी.एस.आर.बी. (पी.ओ.)

दिल्ली बुक फेयर में आपका स्वागत
12-20 अगस्त, 2000, बूथ नं. 6, हाल नं. 9, प्रगति मैदान, नं.
2/11A, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा - 282 002. e-mail: upkar@nde.vsnl

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य ज्ञान

1. आर्यों ने भारत में किस घाट (दर्रे) से प्रवेश किया था?
(A) खैबर (B) बोलन
(C) काराकोरम (D) शिप्की

2. शुद्धोधन किस राज्य के राजा थे?
(A) कपिलवस्तु (B) जनकपुर
(C) मिथिला (D) अयोध्या

3. महावीर स्वामी का जन्म किस गाँव में हुआ था?
(A) गया (B) लुम्बनी
(C) कुण्डलग्राम (D) सारनाथ

4. नदवंश का अन्तिम राजा कौन था?
(A) कनिष्क (B) हर्ष
(C) विक्रमादित्य (D) घनानंद

5. श्रीलंका में बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए अशोक ने किसे भेजा था?
(A) अमिता (B) आनंदकुमार
(C) संघमित्र (D) विष्णु गोपाल

6. "भारतीय नेपोलियन" नाम से किस भारतीय राजा को जाना जाता है?
(A) समुद्रगुप्त (B) चन्द्रगुप्त
(C) स्कन्दगुप्त (D) हर्षवर्धन

7. गुप्तकालीन युग में आयुर्वेद के सबसे प्रसिद्ध वैद्य कौन थे?
(A) चरक (B) च्यवन
(C) धन्वन्तरि (D) कन्डुप

8. हिन्दू धर्म के प्रचार के लिए चार मठों को किसने स्थापित किया था?
(A) शंकराचार्य (B) गोविन्दाचार्य
(C) माधवाचार्य (D) केशवाचार्य

9. 'मिलिन्द पह्नों' किस भाषा का प्रसिद्ध ग्रंथ है?
(A) मागधी (B) अर्धमागधी
(C) पाली (D) सिंघली

10. चित्तौड़ के विजय स्तम्भ का निर्माण किसने करवाया था?
(A) राणाकुंभ (B) राणा सांगा
(C) राणा प्रताप (D) रत्नसेन

11. कौटिल्य ने किस प्रसिद्ध ग्रंथ की रचना की थी?
(A) नीतिशास्त्र (B) समाजशास्त्र
(C) अर्थशास्त्र (D) राजनीतिशास्त्र

12. अकबर के समय भूमि का सर्वोत्तम प्रबन्ध किसने किया था?
(A) बीरबल
(B) राजा टोडरमल
(C) मानसिंह
(D) फजलखान

13. जहाँगीर के दरबार में आनेवाला प्रथम अंग्रेज राजदूत कौन था?
(A) हेस्टिंग्स
(B) सरटामसराय
(C) लार्ड विलियम
(D) लार्ड कर्जन

14. शिवाजी के गुरु कौन थे?
(A) नामदेव
(B) तुकाराम
(C) रामदास
(D) दादाजी कोणदेव

15. सिखधर्म के दसवें और अन्तिम गुरु कौन थे?
(A) गुरु गोविन्दसिंह
(B) गुरुश्री हरिगोक्न्दि
(C) गुरुश्री हरराय
(D) गुरुश्री हरकिशन

16. किस युद्ध के बाद अंग्रेजों को दीवानी सत्ता प्राप्त हो गई थी?
(A) प्लासी (B) बक्सर
(C) कर्नाटक (D) बंगाल

17. प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बिहार का नेतृत्व करने वाला नेता कौन था?
(A) कुँवर सिंह (B) नाना साहब
(C) तात्यांटोपे (D) मंगल पाण्डेय

18. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक कौन थे?
(A) लोकमान्य तिलक
(B) मदनमोहन मालवीय
(C) विपिनचन्द्र पाल
(D) राजाराम मोहन राय

19. स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे?
(A) लार्ड माउन्ट बेटन
(B) सर आगाखान
(C) लार्ड रिपन
(D) जिन्ना

20. 30 अप्रैल, 1930 को गांधीजी ने किस स्थान पर नमक कानून को भंग किया था?
(A) भटवाड़ (B) दाण्डी
(C) नवसारी (D) सूरत

21. बिहार के उत्तरी मैदानी खण्ड को कौनसी नदी दो भागों में बाँटती है?
(A) बूढ़ी गंडक (B) गंडक
(C) गंगा (D) वागमती

'चैम्पियन गोल्फर ऑफ द ईयर'–महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा द्वारा प्रायोजित वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोल्फ खिलाड़ी का वर्ष 1999-2000 का 'चैम्पियन गोल्फर ऑफ द ईयर' पुरस्कार गत 18 अगस्त को मुम्बई में एक समारोह में मऊ (Mhow) के मुकेश कुमार को प्रदान किया गया.

सर्वाधिक नवप्रवर्तक आर्थिक राजनीतिज्ञ का पुरस्कार–केन्द्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा को विश्व गुणवत्ता परिषद् द्वारा स्थापित सर्वाधिक नवप्रवर्तक आर्थिक राजनीतिज्ञ (Most Innovative Economic Statesman) के पुरस्कार से गत 22 अगस्त को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया.

शिक्षकों के राष्ट्रीय पुरस्कार की राशि में वृद्धि–शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूली शिक्षकों को दिए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार की राशि को इस वर्ष से 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 25 हजार रुपए कर दिया गया है. इस वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने देश भर के चुनींदा 284 शिक्षकों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया.

सत्येन मैत्र साक्षरता पुरस्कार–साक्षरता में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए वर्ष 2000 का सत्येन मैत्र साक्षरता पुरस्कार पंजाब के नवांशहर व उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले को गत 8 सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसी के साथ ही यूनेस्को के सहयोग से राष्ट्रीय साक्षरता मिशन द्वारा स्थापित यूनेस्को राष्ट्रीय साक्षरता पुरस्कार कर्नाटक, केरल, राजस्थान व उत्तर प्रदेश के साक्षरता मिशनों को प्रदान किया गया है.

दादा साहब फाल्के पुरस्कार–1999

भारतीय सिनेमा के विकास में समग्र योगदान के लिए वर्ष 1999 का दादा साहब फाल्के पुरस्कार जाने-माने निर्माता, निर्देशक एवं सम्पादक हृषिकेश मुखर्जी को प्रदान किया गया है. भारतीय सिनेमा जगत् का यह सर्वोच्च पुरस्कार राष्ट्रपति के. आर. नारायणन उन्हें गत 18 सितम्बर को नई दिल्ली में 47वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान करेंगे. इस पुरस्कार के तहत स्वर्णकमल एव शॉल के साथ दो लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है.

नेहरू साक्षरता पुरस्कार–श्रम मंत्रालय के सचिव डॉ. लक्ष्मीधर मिश्र को नेहरू राष्ट्रीय साक्षरता पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है. श्री मिश्र राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के प्रथम महानिदेशक रह चुके हैं.

विश्व खाद्य पुरस्कार–भारतीय कृषि वैज्ञानिक सुरिंदर के. वसल को मेक्सिको के एक अन्य वैज्ञानिक के साथ संयुक्त रूप से वर्ष 2000 के विश्व खाद्य पुरस्कार के लिए चुना गया है. मेक्सिको के 'इंटरनेशनल मेज़ एण्ड व्हीट इम्प्रूवमेंट सेन्टर' के बैंकाक स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत् सुरिंदर के. वसल को यह पुरस्कार मक्के की प्रोटीन सम्पन्न किस्म के विकास के लिए दिया जाएगा.

त्यागपत्र/पदच्युति

तिलक रावल

नेपाल सरकार ने देश की केन्द्रीय बैंक के गवर्नर तिलक रावल को बर्खास्त कर दिया है.

निधन

कल्याणजी

हिन्दी फिल्मों के जाने-माने संगीत निर्देशक कल्याणजी का गत 24 अगस्त को मुम्बई के बीच कैंडी अस्पताल में 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया. अपने भाई आनंदजी के साथ जोड़ी बनाकर उन्होंने फिल्म जगत् में ख्याति प्राप्त की थी.

एस.सी.सी. एथनी पिल्लई

हिन्द मजदूर सभा (HMS) से सम्बद्ध श्रमिक नेता एस.सी.सी. एथनी पिल्लई का गत 16 अगस्त को 86 वर्ष की आयु में मुम्बई में निधन हो गया. श्रीलंकाई मूल के तमिल श्री पिल्लई तमिलनाडु विधान सभा के सदस्य तथा लोक सभा के सदस्य भी रह चुके थे. भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में भी उन्होंने सक्रियता से भाग लिया था.

पी. आर. कुमारमंगलम

48 वर्षीय केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री पी. आर. कुमारमंगलम का गत 23 अगस्त को नई दिल्ली में निधन हो गया. वह ब्लडकैंसर से पीड़ित थे.

तमिलनाडु के प्रतिष्ठित राजनीतिक घराने में जन्मे श्री कुमारमंगलम मद्रास उच्च न्यायालय में अधिवक्ता रहे थे. उनके दादा नेहरू मंत्रिमण्डल में तथा पिता इन्दिरा गांधी के मंत्रिमण्डल में रहे थे. मित्रमण्डली में प्यार से 'रंगा' के नाम से पुकारे जाने वाले पी. आर. कुमारमंगलम 1984 में कांग्रेस के टिकट पर 'सेलम' निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के लिए निर्वाचित हुए थे. लगातार तीन बार यहाँ से निर्वाचित होने के पश्चात् 1998 व 1999 में त्रिचुरापल्ली से भाजपा के टिकट पर वह लोक सभा के लिए चुने गए. केन्द्र में पी. वी. नरसिंह राव के मंत्रिमण्डल में वह पहले संसदीय मामले, विधि व न्यायमंत्री रहने के पश्चात् विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री रहे थे. उनके निधन को राष्ट्रीय शोक मानते हुए 23 अगस्त को देश भर में सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज झुका दिया गया. श्री कुमारमंगलम की मृत्यु के पश्चात् ऊर्जा मंत्रालय का प्रभार प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने फिलहाल अपने पास रखा है.

मनोरमा वागले

मराठी सिनेमा व रंगमंच की जानी-मानी अभिनेत्री मनोरमा वागले का गत 27 अगस्त को 72 वर्ष की आयु में मुम्बई में निधन हो गया.

मुकरी

बीते वर्षों के जाने-माने हास्य अभिनेता मुकरी का गत 4 सितम्बर को 78 वर्ष की आयु में मुम्बई में निधन हो गया. उनका पूरा नाम मोहम्मद उमर मुकरी था.

महावीर शाह

गुजराती रंगमंच एवं हिन्दी फिल्मों के अभिनेता महावीर शाह का 40 वर्ष की आयु में गत 1 सितम्बर को अमरीका में शिकागो में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया.

शिवदान सिंह चौहान

प्रमुख हिन्दी साहित्यकार व [illegible] सेनानी शिवदान सिंह चौहान का [illegible] अगस्त को नई दिल्ली में निधन हो [illegible] हिन्दी की अनेक पुस्तकों के लेखक [illegible] साथ-साथ अनेक रूसी पुस्तकों का हिंदी अनुवाद भी उन्होंने किया था.

पांडुरंग पुरुषोत्तम शिरोडकर

गोआ के स्वाधीनता संघर्ष के [illegible] राज्य विधान सभा के पहले अध्यक्ष [illegible] पुरुषोत्तम शिरोडकर का गत 3 सितम्बर [illegible] निधन हो गया. वह 88 वर्ष के थे.

हिगनस आनुगो

नाइजीरिया की ओलम्पिक टीम [illegible] 400 मी दौड़ के धावक हिगनस आनुगो (Hygnus Anugo) की गत 8 सितम्बर [illegible] सिडनी में सड़क पार करते समय [illegible] से कुचल कर मृत्यु हो गई. अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष [illegible] एंटोनियो समारांच ने इस दुर्घटना [illegible] नाइजीरियाई ओलम्पिक समिति [illegible] व्यक्त किया है.

वीरासामी रिंगाडू

मॉरिशस के पूर्व राष्ट्रपति वीरासामी रिंगाडू (Veerasamy Ringadoo) का 9 सितम्बर को 80 वर्ष की आयु में लुई में निधन हो गया.

चर्चित व्यक्ति

भीष्म नारायण सिंह

यूगोस्लाविया में 24 सितम्बर [illegible] को होने वाले चुनाव में पर्यवेक्षक के [illegible] पूर्व केन्द्रीय मंत्री भीष्म नारायण सिंह [illegible] आमंत्रित किया गया है.

राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के प्रशिक्षक पद से कपिल देव का त्यागपत्र : गायकवाड़ नए प्रशिक्षक

मैच फिक्सिंग विवाद के चलते भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशिक्षक कपिल देव ने 12 सितम्बर को इस पद से त्यागपत्र दे दिया है तथा क्रिकेट के साथ अपने सम्बन्ध पूर्णतः विच्छेदित करने की घोषणा की है. मैच फिक्सिंग के आरोपों के सिलसिले में सी.बी.आई. ने गत 7 सितम्बर को ही कपिल देव से गहरी पूछताछ नई दिल्ली में की थी. किन्तु इसके बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने कपिलदेव को प्रशिक्षक बनाए रखने का निर्णय लिया था.

उनके त्यागपत्र को स्वीकार करते हुए बोर्ड ने पूर्व टेस्ट खिलाड़ी अशुमन गायकवाड़ को नैरोबी में होने वाली आई.सी.सी. की आउट क्रिकेट टूर्नामेन्ट के लिए भारतीय टीम का नया प्रशिक्षक नियुक्त किया है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंकज उधास

गजल गायकी के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त पंकज उधास अब उद्योग जगत् में प्रवेश करने जा रहे हैं. दो अन्य सहयोगियों के साथ 'वैल्वेट विज़न' (Velvet Vision) नाम की एक कम्पनी की स्थापना वह कर रहे हैं. यह कम्पनी मनोरंजन के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी कारोबार करेगी.

सीमा भदौरिया

मध्य प्रदेश में दतिया की 18 वर्षीया सीमा भदौरिया ने राज्य सरकार के एक विमान को दाँतों से खींचने का प्रदर्शन गत 30 अगस्त को भोपाल में किया. किसी विमान को दाँतों से खींचने वाली वह सम्भवतः देश की प्रथम महिला हैं. वह अभी कक्षा 10 की छात्रा हैं.

ए. ई. पिंटो

133 करोड़ रुपए के बहुचर्चित यूरिया घोटाले के एक अभियुक्त ए. ई. पिंटो की गत अगस्त माह में ब्रिटेन से प्रत्यार्पण के बाद सी.बी.आई. ने गिरफ्तार कर लिया. सी.बी.आई. सूत्रों के अनुसार ब्राजील के नागरिक पिंटो ने इस सौदे में लगभग 12 लाख डॉलर की दलाली ली थी.

वर्ष / दिवस / सप्ताह

राष्ट्रीय खेल दिवस–29 अगस्त (हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र का जन्म दिवस)

अखिल भारतीय लघु उद्योग दिवस–30 अगस्त

शिक्षक दिवस–5 सितम्बर (भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस)

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह–1–7 सितम्बर, 2000 (महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस सप्ताह का इस वर्ष मूल भाव था–कुपोषण–राष्ट्रीय विकास में बाधा).

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस–8 सितम्बर

हिन्दी दिवस–14 सितम्बर

अभियन्ता दिवस–15 सितम्बर

पुस्तकें

फर्स्ट पर्सन (First Person)– व्लादिमीर पूटिन

कस्तूरबा-ए लाइफ (Kasturba–A Life)–अरुण गांधी

टाइम आफ्टर टाइम (Time After Time)–मुकुल देवा

इंडिया एनदर मिलेनियम–रोमिला थापर (सम्पादक)

समिति/आयोग

क्रोनिए की मैच फिक्सिंग में लिप्तता की किंग आयोग द्वारा पुष्टि

मैच फिक्सिंग के मामले की जाँच कर रहे द. अफ्रीका के एडविन किंग आयोग की रिपोर्ट में हैंसी क्रोनिए के मैच फिक्सिंग में लिप्त होने की पुष्टि की गई है. 66 पृष्ठों की इस रिपोर्ट को गत 25 अगस्त को जोहान्सबर्ग में सार्वजनिक रूप से जारी कर दिया गया.

महोत्सव

घूमर–2000

राजस्थान की कला एवं संस्कृति पर आधारित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव 'घूमर-2000' गत 17–19 अगस्त को जयपुर में सम्पन्न हुआ. राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में देश के सभी विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त दक्षेस राष्ट्रों के विश्वविद्यालयों को भी आमंत्रित किया गया था.

अन्तर्राष्ट्रीय उर्दू महोत्सव

चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय उर्दू महोत्सव का आयोजन नवम्बर माह में लखनऊ में होगा. इसका आयोजन उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के तत्वावधान में किया जाएगा.

वेनिस फिल्म महोत्सव

बर्लिन एवं कांस फिल्म महोत्सवों के पश्चात् यूरोप का तीसरा प्रमुख वेनिस फिल्म महोत्सव गत 30 अगस्त–9 सितम्बर को वेनिस में सम्पन्न हुआ. क्लिंट ईस्टवुड को इस महोत्सव में 'जीवनपर्यन्त उपलब्धियों के लिए 'गोल्डन लायन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया. ईस्टवुड की ही 'स्पेस काउबॉयज' इस महोत्सव की उद्घाटन फिल्म थी.

इस महोत्सव में भारतीय सिने-निर्देशक बुद्धदेव दासगुप्त को उनकी फिल्म 'उत्तरा' के लिए विशेष निर्देशक का पुरस्कार प्रदान किया गया. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का 'गोल्डन लॉयन' पुरस्कार जफर पनाही द्वारा निर्देशित ईरानी फिल्म 'द सर्किल' को प्रदान किया गया.

सम्मेलन

संसदाध्यक्षों का सहस्त्राब्दी सम्मेलन

अन्तर्संसदीय संघ (IPU) व संयुक्त राष्ट्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में संसदाध्यक्षों का तीन दिवसीय सहस्त्राब्दी सम्मेलन गत 31 अगस्त–2 सितम्बर को न्यूयॉर्क में सम्पन्न हुआ. इसमें भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व लोक सभा अध्यक्ष जी. एम. सी. बालयोगी ने किया. विपक्ष की नेता की हैसियत से श्रीमती सोनिया गांधी को भी इस प्रतिनिधिमण्डल में शामिल किया गया था, किन्तु उन्होंने इसमें भाग लेने की असहमति व्यक्त की. यह पहला अवसर था जब श्रीमती सोनिया गांधी को किसी भारतीय प्रतिनिधिमण्डल में औपचारिक रूप से शामिल किया गया था.

राष्ट्रकुल के राष्ट्रों का शिखर सम्मेलन

स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रकुल (CIS) का दो दिवसीय शिखर सम्मेलन गत 18–19 अगस्त को यूक्रेन में याल्टा में सम्पन्न हुआ.

विश्व राजस्थानी सम्मेलन

देश-विदेश में रह रहे विशिष्ट उपलब्धियों वाले राजस्थानी मूल के व्यक्तियों का दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 23–24 सितम्बर, 2000 को जयपुर में आयोजित किया गया है.

विश्व हिन्दू सम्मेलन

त्रिनिडाड की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में गत 17–20 अगस्त को विश्व हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न हुआ. हिन्दू प्रचार केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख के. एस. सुदर्शन व विश्व हिन्दू परिषद् के अशोक सिंघल ने भी भाग लिया.

महिला आयोगों का क्षेत्रीय सम्मेलन

उत्तर के छः राज्यों के महिला आयोगों व राष्ट्रीय महिला आयोग का तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन गत 26–28 अगस्त को जयपुर में सम्पन्न हुआ.

अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन

पर्यावरण संस्थाओं के अन्तर्राष्ट्रीय संगठन 'विश्व संरक्षण संघ' का आठ दिवसीय सम्मेलन 4–11 अक्टूबर, 2000 को जॉर्डन में अम्मान में होगा. इसका उद्घाटन जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला करेंगे.

विज्ञान

हृदय में भी शॉर्ट सर्किट की सम्भावना

इण्डियन सोसायटी ऑफ इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी के संयुक्त सचिव डॉ. ए. एम. वोरा के अनुसार विद्युत् लाइनों की भाँति मनुष्य के हृदय में भी शॉर्ट सर्किट की सम्भावना विद्यमान है. चिकित्सा विज्ञान में इस रोग को 'अराएथेमस' कहा गया है.

इस रोग के तहत हृदय की धड़कन इतनी तेज हो जाती है कि वह स्वयं को भी सुनाई देने लगती है. डॉ. वोरा के अनुसार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

80-90 प्रतिशत मामलों में इस रोग का उपचार आसानी से हो जाता है.

डॉली द्वारा लगातार तीसरे वर्ष मेमनों को जन्म

क्लोनिंग के जरिए पैदा की गई डॉली नाम की भेड़ ने लगातार तीसरे वर्ष मेमनों को जन्म दिया है. डॉली को अस्तित्व में लाने वाले प्रो. इयान विल्मुट ने यह जानकारी देते हुए रोम में बताया है कि पाँच वर्षीय डॉली पूर्णतः स्वस्थ है.

अन्तरिक्ष

बृहस्पति के उपग्रह पर नमकीन पानी के सागर की सम्भावना

बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा पर नमक वाले पानी का सागर विद्यमान होने की सम्भावना नासा (NASA) के वैज्ञानिकों ने हाल ही में 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित एक शोध पत्र में व्यक्त की है. वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति मिशन पर गए यान गैलीलियो ने यूरोपा की बर्फीली पर्त के नीचे विद्युत् संचालन पर्त' का पता लगाया है जिससे वहाँ नमकीन पानी के सागर की सम्भावना को बल मिला है.

मंगल के अध्ययन हेतु नासा के वैज्ञानिक दल में शामिल भारतीय

भारतीय भूगर्भशास्त्री अमिताभ घोष को अमरीकी अन्तरिक्ष एजेंसी नासा (NASA) ने मंगल ग्रह के पाथ फाइंडर अभियान आँकड़ों के अध्ययन हेतु गठित 70 वैज्ञानिकों के दल में शामिल किया गया है. मंगल ग्रह अभियान से सम्बद्ध किए जाने वाले वह पहले एशियाई हैं.

जी.एस.एल.वी. की परीक्षण उड़ान अगले वर्ष होने की सम्भावना

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की इसी वर्ष जी.एस.एल.वी. (भूस्थैतिक कक्षा में उपग्रह स्थापित करने में सक्षम रॉकेट) की स्वदेशी उड़ान सम्पन्न करने की योजना थी, किन्तु 'इसरो' के एक प्रवक्ता के अनुसार अब यह परीक्षण उड़ान सम्भवतः अगले वर्ष सम्पन्न होगी.

दुर्घटना

महाराष्ट्र में भूकम्प के झटके

महाराष्ट्र के अनेक क्षेत्रों एवं गोआ में गत 5 सितम्बर को भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए. रिक्टर पैमाने पर 5.0 तीव्रता वाले मुख्य झटके का केन्द्र सतारा जिले में कोयना बाँध क्षेत्र में 'वारना' (Warna) था. इन झटकों मे किसी जन हानि का समाचार नहीं है.

टूण्डला में लोकोशेड ध्वस्त

फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) जिले के टूण्डला रेलवे स्टेशन का ब्रिटिशकालीन लोकोशेड गत 2 सितम्बर को ध्वस्त हो जाने से 26 लोगों की मलबे में दबकर मृत्यु



हो गई. स्टेशन के नवीकरण के लिए लगभग 150 वर्ष पुराने तथा वर्षों से बन्द पड़े इस लोकोशेड को बुलडोजर की मदद से गिराया जा रहा था. अचानक ही इसके ध्वस्त हो जाने से अनेक मजदूर व दर्शक इसके मलबे में दब गए.

मॉस्को स्थित टी.वी. टॉवर आग से क्षतिग्रस्त

मॉस्को स्थित ऑस्टेंकिनो (Ostankino) टी.वी. टॉवर में गत 27 अगस्त को लगी आग से यह टॉवर गम्भीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है. आग के परिणामस्वरूप रूस के लगभग सभी टी.वी. चैनलों का प्रसारण अवरुद्ध हुआ.

जापान में ज्वालामुखी विस्फोट

जापान के मियोकेजिमा द्वीप स्थित ओयामा पर्वत शिखर पर कई दिन धुआँ उगलने के बाद ज्वालामुखी में गत 20 अगस्त को विस्फोट हो गया. ज्वालामुखी से 1800 मीटर की ऊँचाई तक लावा निकलने के समाचार हैं. इस क्षेत्र के लोगों को पहले ही अन्यत्र पहुँचा दिया गया था.

जर्मनी का लड़ाकू विमान कनाडा में दुर्घटनाग्रस्त

जर्मनी का एक लड़ाकू विमान उत्तरी कनाडा के दूरदराज के एक क्षेत्र में गत 31 अगस्त को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे इस पर सवार दोनों चालकों की मृत्यु हो गई.

नौका दुर्घटना से सूडान में 50 स्कूली बच्चों की मृत्यु

पूर्वी सूडान में गत 25 अगस्त को ब्लू नाइल नदी में एक नौका डूब जाने से उसमें सवार 50 स्कूली बच्चों की मृत्यु हो गई. 10–17 वर्ष आयु समूह के यह बच्चे नौका में बैठकर नदी पार कर रहे थे

गल्फ एयर विमान दुर्घटना में 143 की मृत्यु

काहिरा से बहरीन की उड़ान पर गल्फ एयर की एयरबस ए-320 यात्री विमान 23 अगस्त को बहरीन की राजधानी के अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने से कुछ क्षण पूर्व ही दुर्घटनाग्रस्त होकर ही अरब की खाड़ी में जा गिरा. विमान सवार चालक दल सहित सभी 143 की इस दुर्घटना में मृत्यु हो गई. एक परिचारिका इन्द्रजीत कौर भारतीय जो इस दुर्घटना में मारी गई.

विविध

दिल्ली शृंखला का तीसरा युद्धपोत आई.एन.एस. मुम्बई

आई.एन.एस. दिल्ली व आई.एन.एस. मैसूर के पश्चात् दिल्ली शृंखला का तीसरा बहुउद्देश्यीय विध्वंसक स्वदेश निर्मित युद्धपोत आई.एन.एस. मुम्बई अब नौसेना में शामिल किए जाने के लिए तैयार हो गया है. इसका जलावतरण महाराष्ट्र के राज्यपाल पी. सी. एलेक्जेंडर द्वारा 25 नवम्बर को किया जाएगा. आई.एन.एस. दिल्ली व आई.एन.एस. मैसूर की भाँति आई.एन.एस. मुम्बई को भी नौसेना की पश्चिमी कमान में शामिल किया जाएगा.

आई.एन.एस. इकसिला का राष्ट्र को समर्पण

भारतीय नौसेना के विशाखापत्तनम स्थित तकनीकी प्रतिष्ठान आई.एन.एस. इकसिला को तमिलनाडु की राज्यपाल फातिमा बीबी ने गत 26 अगस्त को राष्ट्र को समर्पित किया.

भारत-चीन के मध्य पहला संयुक्त नौसैनिक अभ्यास

भारत एवं चीन के मध्य पहली बार संयुक्त नौसैनिक अभ्यास 15-18 सितम्बर 2000 को शंघाई में होगा. भारत के दो स्वदेश निर्मित युद्धपोत–आई.एन.एस. दिल्ली व आई.एन.एस. कोरा चार दिन की सद्भावना यात्रा पर 15-18 सितम्बर को शंघाई जाएंगे पारस्परिक विश्वास सृजन के प्रतीक के रूप में इसी दौरान वह नौसैन्याभ्यास सम्पन्न होगा.

'त्रिशूल' का परीक्षण

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा स्वदेश में विकसित से हवा में मार करने वाले कम दूरी प्रक्षेपास्त्र 'त्रिशूल' का एक और परीक्षण उड़ीसा में बालासोर के चांदीपुर अन्तरिक्ष परीक्षण केन्द्र से गया.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लड़ाकू हैलीकॉप्टर 'लैंसर' की आपूर्ति

भारतीय वायु सेना के लिए लैंसर (Lancer) नाम के लड़ाकू हैलीकॉप्टरों का निर्माण हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (HAL) द्वारा किया जा रहा है. अपेक्षाकृत कम लागत वाले ऐसे 12 हैलीकॉप्टरों की आपूर्ति इसी वर्ष के अन्त तक सेना को किए जाने की सम्भावना है. यह हैलीकॉप्टर मशीनगनों एवं रॉकेट लांचरों से युक्त होंगे.

राष्ट्रीय नेताओं की स्मृति में डाक टिकट

राष्ट्र निर्माण में प्रेरक की भूमिका निभाने वाली चार दिवंगत हस्तियों की स्मृति में 3-3 रुपए के विशेष डाक टिकट गत 15 अगस्त को, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डाक विभाग द्वारा जारी किए गए. इन राष्ट्रीय नेताओं में संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम महिला अध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित, दीवान बहादुर, आर. श्रीनिवासन, जगलाल चौधरी एवं राधा गोविंद बरुआ (असम ट्रिब्यून के संस्थापक) शामिल हैं.

पृथ्वीराज चौहान की समाधि भारत लाने की लोक सभा में माँग

भाजपा के सांसद छत्रपाल सिंह ने गत 22 अगस्त को लोक सभा में यह माँग की कि मोहम्मद गौरी को 17 बार पराजित करने वाले पृथ्वीराज चौहान की समाधि को कंधार से भारत लाया जाए. शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए श्री सिंह ने कहा कि कंधार में यह समाधि अपमानजनक अवस्था में है.

काजी नजरुल इस्लाम जन्म शताब्दी समारोह

बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम के जन्मशती समारोह के उपलक्ष्य में वर्ष भर के कार्यक्रमों का उद्घाटन कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने गत 16 अगस्त को नई दिल्ली में किया.

पाकिस्तानी सेना का युद्धाभ्यास

पाकिस्तान की थल सेना व वायु सेना ने राजस्थान के बाड़मेर व जैसलमेर जिलों से लगी भारत-पाकिस्तान सीमा के 10-15 किमी के भीतर गत अगस्त माह में व्यापक स्तर पर युद्धाभ्यास किया.

अन्तर्राष्ट्रीय एबिलम्पिक्स में भारत को 6 पदक.

विकलांगों में सृजनात्मक प्रतिभा उभारने के उद्देश्य से प्राग (चैकोस्लोवाकिया) में गत 13-19 अगस्त को आयोजित पाँचवें अन्तर्राष्ट्रीय एबिलम्पिक्स में भारतीय टीम ने 3 स्वर्ण पदक सहित कुल 6 पदक जीतने में सफलता प्राप्त की. इस आयोजन में चित्रकला, सिलाई, कढ़ाई व आभूषण निर्माण जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन विकलांगों के लिए किया गया था.

तिरुअनन्तपुरम् में 'भारतीय मधुमेह संस्थान' की स्थापना का निर्णय

केरल सरकार ने राजधानी तिरुअनन्तपुरम् में एक भारतीय मधुमेह संस्थान की स्थापना का निर्णय किया है. इसके लिए अमरीका में रोशेस्टर स्थित मेयो क्लीनिक की सहायता ली जाएगी.

BANK
(P.O./CLERK)
पत्राचार कोर्स–हिन्दी माध्यम

Bank एवं SSC की प्रतियोगिता परीक्षाओं में बिहार के छात्र हमेशा आगे रहते हैं क्योंकि उन्हें हिन्दी माध्यम में भी उचित मार्गदर्शन के साथ अप-टू-डेट नोट्स मिलती रहती है।

उचित मार्गदर्शन एवं Computer–printed अप-टू-डेट नोट्स के साथ **हिन्दी माध्यम में क्लास कोचिंग एवं पत्राचार कोर्स** द्वारा बैंक (पी० ओ० एवं क्लर्क) परीक्षाओं की सम्पूर्ण तैयारी कराने वाली बिहार की एकमात्र संस्थान से रजिस्टर्ड डाक द्वारा **सम्पूर्ण पत्राचार कोर्स** प्राप्त करने के लिए Head Office के पते पर निम्नलिखित Fees भेजें (Crossed Bank Draft द्वारा)–

Bank P.O.	**: Rs. 1650**
Bank Clerk	**: Rs. 1250**
Combined Course	**: Rs. 1550**
(Bank Clerk, SSC-PT, Rly.)	

अथवा, पत्राचार कोर्स की सम्पूर्ण जानकारी के लिए Head Office के पते पर Rs. 10/- का डाक टिकट भेजें।

EXCELLENT BANK COACHING

HEAD OFFICE : Road No. 7, Rajendra Nagar, Patna-16. Ph.No.-668667. **E-mail :** excellentbc1@hotmail.com
MAIN BRANCH: Bengali Tola, Samastipur. Ph. No.-22569.
BRANCHES : PATNA : (i) Behind Quality Corner, Boring Road Chauraha; (ii) Haque Market, Near Petrol Pump, Raza Bazar. **RANCHI :** Tourist Complex, Birsa Vihar, 5-Main Road. **MUZAFFARPUR :** Opposite Thakur Nursing Home, Pankhatoli. **BEGUSARAI :** Power House Road. **DARBHANGA :** Mishratola, Hanumanganj.

Note : Bihar एवं UP में शाखा खोलने के इच्छुक तथा योग्य व्यक्ति/संस्थान अविलम्ब सम्पर्क करें।

पं. जसराज की सुर साधना पर वृत्तचित्र

संगीत के क्षेत्र में पं. जसराज के योगदान के परिप्रेक्ष्य में उनकी सुर साधना पर एक वृत्तचित्र का निर्माण सूचना प्रसारण मंत्रालय के फिल्म प्रभाग ने किया है. इस फिल्म का निर्देशन उनकी पत्नी मथुरा जसराज ने किया है.

जेटली व प्रभु के नाम तीन भारतीय भावी नेताओं में

आर्थिक पत्रिका एशिया वीक ने अपने हाल ही के एक अंक में भारत के तीन भावी नेताओं (Indian Future Leaders) में विधि, न्याय एवं कम्पनी मामलों के मंत्री अरुण जेटली तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री सुरेश पी. प्रभु का नाम शामिल किया है. तीसरे भावी नेता के रूप में पत्रिका ने ऊर्जा मंत्री पी. आर. कुमारमंगलम को शामिल किया है, जिनका हाल ही में निधन हो गया है.

तिरुअनंतपुरम् में ही हाथी संग्रहालय की स्थापना का प्रस्ताव

एशियाई हाथियों के संरक्षण के लिए केरल सरकार की तिरुअनंतपुरम् में एक 'हाथी संग्रहालय' स्थापित करने की योजना है. इसके लिए विश्व बैंक से वित्तीय सहायता ली जा रही है. संग्रहालय में हाथियों से सम्बन्धित साहित्य का एक पुस्तकालय भी स्थापित किया जाएगा.

तिरुवल्लुवर की प्रतिमा स्थापना की घोषणा

कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन की माँग को स्वीकार करते हुए कर्नाटक सरकार ने प्रसिद्ध तमिल कवि तिरुवल्लुवर की प्रतिमा की बंगलौर में स्थापना के लिए अगले वर्ष 14 जनवरी को पोंगल का दिन निर्धारित किया है. वीरप्पन ने अपहृत सिने स्टार राजकुमार की रिहाई के लिए जो माँगें प्रस्तुत की हैं, उनमें से एक माँग बंगलौर में इस प्रतिमा की स्थापना की भी है.

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय

भूमण्डलीकरण के परिणामस्वरूप उभरती चुनौतियों का सामना करने तथा देश में विधि शिक्षा के गिरते स्तर को ऊपर उठाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने एक राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय किया है. इसका मुख्यालय नई दिल्ली में होगा.

आर्कटिक में संयुक्त सैन्य अभ्यास

कनाडा, रूस व अमरीका की सेनाओं ने गत 15–19 अगस्त को आर्कटिक में एक संयुक्त सैन्य अभ्यास किया. इसका उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय अन्तरिक्ष केन्द्र के यात्रियों के आपात स्थिति में उतरने की स्थिति में उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना था.

'द हिन्दू' का कोच्चि से भी प्रकाशन प्रारम्भ

अंग्रेजी दैनिक समाचार-पत्र 'द हिन्दू' ने गत 10 सितम्बर को ओणम के अवसर पर अपना प्रकाशन केरल में कोच्चि से भी प्रारम्भ किया है. इससे पूर्व 8 शहरों से इस समाचार-पत्र का प्रकाशन होता रहा है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्थिक परिदृश्य

प्रधानमंत्री द्वारा लघु उद्योगों हेतु अनेक राहतों की घोषणा

लघु उद्योग क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक नई राहतों की घोषणा प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लघु उद्योगों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए गत 30 अगस्त को नई दिल्ली में की है. इनमें लघु उद्योगों को उत्पाद शुल्क में दी जाने वाली छूट की सीमा को 50 लाख रुपए से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए करने, लघु उद्योगों के लिए मिश्रित ऋण की सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने तथा आई.एस.ओ. 9000 प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाली इकाइयों को 75 हजार रुपए के अनुदान की योजना को अगले छः वर्षों तक जारी रखने तथा लघु इकाइयों को इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने की घोषणाएं शामिल हैं. हथकरघा क्षेत्र को प्रोत्साहन एवं मजबूती प्रदान करने के लिए 447 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा भी उन्होंने सम्मेलन में की है. यह पैकेज **दीनदयाल हथकरघा प्रोत्साहन योजना** के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा हथकरघा क्षेत्र के बुनकरों व संगठनों को उपलब्ध कराया जाएगा.

लघु उद्योगों के लिए **क्रेडिट गारंटी योजना** को तत्काल प्रभाव से लागू करने की घोषणा लघु उद्योग राज्य मंत्री वसुंधरा राजे ने सम्मेलन में की. 125 करोड़ रुपए के प्रारम्भिक कोष से प्रारम्भ की जाने वाली इस योजना के तहत लघु उद्योगों को एक निर्धारित राशि तक के ऋणों के लिए किसी जमानत या रहन की आवश्यकता नहीं होगी. इस योजना का संचालन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) द्वारा किया जाएगा.

ग्यारहवें वित्त आयोग की पूरक रिपोर्ट प्रस्तुत

प्रो. अली मोहम्मद खुसरो की अध्यक्षता वाले ग्यारहवें वित्त आयोग ने अपनी पूरक रिपोर्ट गत 31 अगस्त को राष्ट्रपति के. आर. नारायणन को प्रस्तुत की है. इसके साथ ही इस आयोग का कार्य अब समाप्त हो गया है. आयोग की पूरक रिपोर्ट राज्यों के अपूरित घाटों को पूरा करने के लिए केन्द्रीय अनुदानों के सम्बन्ध में है. समझा जाता है कि वित्तीय सुधारों को बेहतर तरीके से लागू करने वाले राज्यों को पुरस्कृत किए जाने का प्रावधान इसमें शामिल है. इससे उन 'अगड़े राज्यों' को सन्तुष्टि प्रदान की जा सकेगी जो आयोग की गत जुलाई माह में प्रस्तुत रिपोर्ट से असन्तुष्ट हैं.

उल्लेखनीय है कि 11वें वित्त आयोग की पिछली रिपोर्ट से प्रतिकूल रूप से प्रभावित होने वाले राज्यों ने आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्राबाबू नायडू के नेतृत्व में गत 21 अगस्त को नई दिल्ली में बैठक करके एक ज्ञापन के द्वारा अपनी असन्तुष्टि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समक्ष प्रस्तुत की थी. 'आठ राज्यों' की ओर से प्रस्तुत इस ज्ञापन में यह कहा गया था कि 11वें वित्त आयोग की रिपोर्ट में पिछड़े राज्यों को संसाधनों का अधिक हस्तान्तरण अगड़े राज्यों को क्षति पहुँचाकर किया गया है. ज्ञापन देने वाले आठ असन्तुष्ट राज्यों का मत है कि यह बेहतर निष्पादन करने वाले राज्यों को पुरस्कृत करने की बजाय दण्डित करने के समान है.

आयोग की पूरक रिपोर्ट का खुलासा अभी नहीं किया गया है. वित्त मंत्रालय के अध्ययन के पश्चात् इसे संसद में प्रस्तुत किया जाएगा.

आर्थिक वृद्धि दर 6·5 प्रतिशत रहने का रिजर्व बैंक का अनुमान

चालू वित्तीय वर्ष 2000-2001 में आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत या इससे अधिक रहने की केन्द्र सरकार की आशा के बावजूद रिजर्व बैंक ने इसके 6·5 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की है. यह पिछले वित्तीय वर्ष 1999-2000 में रही 6·4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर से मामूली अधिक होगी. आर्थिक वृद्धि दर का यह पूर्वानुमान रिजर्व बैंक की वर्ष 1999-2000 की वार्षिक रिपोर्ट में प्रस्तुत किया गया है, जो गत 30 अगस्त को जारी की गई है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि औद्योगिक उत्पादन व सेवा क्षेत्र में उच्चतर वृद्धि दर को जारी रखा जा सका, तो वित्तीय वर्ष 2000-2001 की समाप्ति पर देश की आर्थिक वृद्धि दर 6·5 प्रतिशत से रिपोर्ट में यह भी स्वीकार किया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में 7 से 8 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की सम्भावनाएं विद्यमान हैं बशर्ते यहाँ आवश्यकता के अनुरूप वास्तविक निवेश तथा कार्यक्षमता व प्रौद्योगिकी में सुधार लाया जा सके.

आई.एस.डी. सेवाओं में वी.एस.एन.एल. के एकाधिकार की दो वर्ष पूर्व समाप्ति

अन्तर्राष्ट्रीय टेलीफोन सेवा (ISD) उपलब्ध कराने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी विदेश संचार निगम लि. (VSNL) को 31 मार्च, 2004 तक के लिए प्रदत्त एकाधिकार को अब 31 मार्च, 2002 तक ही सीमित करने का निर्णय केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने गत 6 सितम्बर को लिया है. इससे आई.एस.डी. सेवाओं में 1 अप्रैल, 2002 से निजी कम्पनियों का प्रवेश हो सकेगा तथा इस क्षेत्र में विदेशी निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा. विदेश संचार निगम लि. को इस क्षेत्र में 10 वर्ष के लिए एकाधिकार 1994 में प्रदान किया गया था.

केन्द्र सरकार के उपर्युक्त ताजा निर्णय के परिणामस्वरूप विदेश संचार निगम लि. को होने वाली हानि की भरपाई के लिए लगभग 700 करोड़ रुपए के राहत पैकेज की घोषणा केन्द्र सरकार ने की है. पैकेज के तहत वी.एस.एन.एल. को राष्ट्रीय लम्बी दूरी की टेलीफोन सेवा (STD सेवाएं) उपलब्ध कराने को लाइसेंस प्रदान किया जाएगा, जिसका 100 करोड़ रुपए की प्रवेश शुल्क उसे वापस कर दिया जाएगा. लाइसेंस के लिए आवश्यक 400 करोड़ रुपए की गारंटी भी उसे नहीं देनी होगी (यह सुविधा वी.एस.एन.एल. को तभी तक उपलब्ध रहेगी जब तक उसे सार्वजनिक उपक्रम का दर्जा प्राप्त रहेगा). एस.टी.डी. सेवा के लिए राजस्व सहभागिता की राशि चुकाने से भी उसे 5 वर्ष के लिए छूट रहेगी. इनके अतिरिक्त इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने के लिए ए श्रेणी का लाइसेंस वी.एस.एन.एल. को प्रदान किया जाएगा. हानि की भरपाई के लिए उपर्युक्त पैकेज के अपर्याप्त रहने की स्थिति में अतिरिक्त राहत पर भी सरकार द्वारा विचार किया जाएगा.

उल्लेखनीय है कि घरेलू सर्किलों में बेसिक टेलीफोन सेवा क्षेत्र में निजी कम्पनियों के प्रवेश की अनुमति पहले ही प्रदान की जा चुकी है तथा देश के 6 सर्किलों में निजी कम्पनियों द्वारा यह सेवा वर्तमान में प्रदान की जा रही है. इस क्षेत्र में भी प्रतियोगिता को बढ़ावा देने की सरकार की योजना है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किसान क्रेडिट कार्ड

किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने का उद्देश्य किसानों को सभी आदानों की खरीद सहित उनकी खेती संबंधी जरुरतों के लिए बैंकिंग प्रणाली से पर्याप्त मात्रा में और समय पर एक उदार तथा लागत प्रभावी तरीके से सहायता प्रदान करना है.



स्रोत: राज्य सभा, तारांकित प्रश्न संख्या 423 (कृषि मंत्रालय)

भारत से डीजल का निर्यात

भारत जो गत वित्तीय वर्ष तक बड़ी मात्रा में डीजल का आयात करता रहा है, अब इसके निर्यात की स्थिति में आ गया है. विगत वर्ष में देश में तेलशोधन क्षमता में हुई वृद्धि के कारण डीजल का उत्पादन घरेलू आवश्यकता से अधिक होने लगा है. डीजल के सर्वप्रथम निर्यात का श्रेय प्राप्त किया है निजी क्षेत्र की रिलायंस पेट्रोलियम लि. ने. रिलायंस ने किसी यूरोपीय कम्पनी के माध्यम से लगभग दो लाख टन डीजल के निर्यात का सौदा किया है. उद्योग सूत्रों के अनुसार आंशिक निर्यात बांग्लादेश को किया गया है. इसकी 34 हजार टन की पहली खेप गत 29 अगस्त को चटगाँव बन्दरगाह के लिए रवाना हुई है. कम्पनी द्वारा डीजल की कुछ मात्रा पश्चिमी देशों को भी निर्यात की जाएगी.

उल्लेखनीय है कि रिलायंस पेट्रोलियम द्वारा पेट्रोल, नाफ्था तथा एल.पी.जी. की कुछ मात्रा का निर्यात पहले से ही गत 4 महीनों से किया जा रहा है.

तथ्य एक दृष्टि में :

खरीफ उपजों के नए न्यूनतम समर्थन मूल्य (फसल वर्ष आधार पर)

जिन्स	किस्म	न्यूनतम समर्थन मूल्य (रुपए प्रति क्विंटल)		समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल वृद्धि (रुपए)
		1999-2000	2000-2001	
धान	सामान्य	490	510	20
धान	ए ग्रेड	520	540	20
मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा, मक्का व रागी)	औसत	415	445	30
अरहर (तुअर), उड़द, मूँग	औसत	1105	1200	95
मूँगफली (छिलके सहित)	औसत	1155	1220	65
सोयाबीन	पीली	845	865	20
सोयाबीन	काली	755	775	20
सूरजमुखी	औसत	1155	1170	15
तिल (Sesamum)	औसत	1205	1300	95
रामतिल (Nigerseed)	औसत	915	1025	110
कपास	एफ-414/एच-777/जे-34	1575	1625	50
कपास	एच-4	1775	1825	50

जामनगर-लोनी गैस पाइप लाइन वर्षान्त में पूर्ण होने की सम्भावना

गुजरात में जामनगर व उत्तर प्रदेश में लोनी के मध्य भारतीय गैस प्राधिकरण (GAIL) द्वारा बिछाई जा रही गैस पाइप लाइन दिसम्बर 2000 तक पूरी हो जाने की सम्भावना है. इसके दो माह के भीतर ही जामनगर से लोनी के लिए एलपीजी की रवानगी की जा सकेगी. इस पाइप लाइन के जरिए गैस की ढुलाई से परिवहन लागत में कम-से-कम 130 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत होने का अनुमान लगाया गया है.

भारतीय गैस प्राधिकरण के अध्यक्ष सी. आर. प्रसाद के अनुसार 1230 किमी लम्बी यह पाइप लाइन विश्व की सबसे लम्बी गैस पाइप लाइन होगी. पाँच राज्यों से होकर गुजरने वाली इस पाइप लाइन से लोनी के अतिरिक्त राजस्थान में अजमेर व जयपुर में, हरियाणा में पियाला में तथा दिल्ली में मदनपुर खादर में गैस की निकासी की जा सकेगी. पाइप लाइन की क्षमता को बढ़ाने के लिए एक बूस्टर स्टेशन जयपुर में स्थापित किया जा रहा है.

बैंककर्मियों हेतु स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर वित्तीय भार कम करने के उद्देश्य से इनके कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (VRS) को वित्त मंत्रालय ने मंजूरी प्रदान कर दी है. योजना को लागू करना या न करना बैंकों के प्रबन्धक मण्डलों पर निर्भर करेगा. लागू किए जाने की स्थिति में यह योजना 31 मार्च, 2001 तक ही खुली रहेगी. सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मचारियों के स्थान पर कोई नई नियुक्ति बैंकों द्वारा नहीं की जा सकेगी.

स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा अनुमोदित पैकेज के तहत 40 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे कर्मचारी योजना का लाभ उठा सकेंगे, जो कम-से-कम 15 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हों. प्रत्येक पूर्ण वर्ष की प्रदत्त सेवा के लिए उन्हें 60 दिन का वेतन (मूल वेतन + महँगाई भत्ता) अथवा शेष बची सेवा के लिए प्रत्येक माह के वेतन (इनमें से जो भी कम हो) का भुगतान उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पर किया जाएगा. बैंकों द्वारा यह भुगतान उन्हें अधिकतम दो किश्तों में किया जा सकेगा. इसमें से कम-से-कम 50 प्रतिशत राशि की पहली किश्त का भुगतान कर्मचारियों को तुरन्त ही नकद करना होगा, जबकि दूसरी किश्त का भुगतान 6 माह के भीतर नकद या बाँडों के रूप में करना होगा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार बैंकों के लिए अनुमोदित स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पैकेज उसी प्रकार का है जैसा सार्वजनिक क्षेत्र के लाभ प्रदान कर रहे उपक्रमों के लिए स्वीकृत किया गया है.

तेल उत्पादन में पुनः वृद्धि को ओपेक सहमत

अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में खनिज तेल की कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए तेल निर्यातक देशों का संगठन– 'ओपेक' (OPEC) तेल उत्पादन में प्रतिदिन आठ लाख बैरल की वृद्धि करने को सहमत हो गया है. ओपेक के सदस्य राष्ट्र इससे पूर्व 262 लाख बैरल तेल का प्रतिदिन उत्पादन करते रहे हैं. इसमें अब लगभग 3 प्रतिशत वृद्धि को वह सितम्बर 2000 के पूर्वार्द्ध में सहमत हुए हैं. भारी अन्तर्राष्ट्रीय दबाव के चलते ओपेक ने इस वर्ष तीसरी बार तेल उत्पादन में वृद्धि का निर्णय किया है. उत्पादन में वृद्धि का यह निर्णय 1 अक्टूबर, 2000 से प्रभावी होगा. उत्पादन में वृद्धि का यह निर्णय ओपेक राष्ट्रों के तेल मंत्रियों की गत 10 सितम्बर को विएना में सम्पन्न बैठक में लिया गया.



उल्लेखनीय है कि सितम्बर 2000 के प्रथम सप्ताह में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में खनिज तेल का मूल्य 35 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच गया था, जो दिसम्बर 1998 में लगभग 11 डॉलर प्रति बैरल व मार्च 1999 में 12·40 डॉलर प्रति बैरल ही था. ओपेक द्वारा तेल उत्पादन में वृद्धि के निर्णय के बावजूद विश्व में तेल की कीमतों में कमी फिलहाल नहीं आँकी गई है. अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में तेल मूल्यों में इस वृद्धि के चलते देश में पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों में वृद्धि की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता. अनेक यूरोपीय देशों में डीजल व पेट्रोल की कीमतों में हो रही वृद्धि के चलते ट्रक ड्राइवरों ने हड़ताल करके मार्ग अवरुद्ध कर दिए हैं. फ्रांस से शुरू हुई ट्रक ड्राइवरों की यह हड़ताल अब अन्य देशों में भी फैल गई है. कीमतों में वृद्धि के कारण ब्रिटेन में पेट्रोल की बड़ी किल्लत हो रही है.

भारत में विद्युत् क्षेत्र में सुधार असन्तोषजनक : वोलफेनसोन

विश्व बैंक के अध्यक्ष जेम्स वोलफेन-सोन ने भारत में विद्युत् क्षेत्र में हुए सुधारों को असन्तोषजनक बताते हुए इसे इस क्षेत्र में निवेश न्यूनता का कारण बताया है. इस सम्बन्ध में उन्होंने भारत को आगाह किया है कि देश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार को विद्युत् संयंत्रों के आर्थिक संचालन का वातावरण तैयार करना चाहिए.

वाशिंगटन में गत 2 सितम्बर को पत्रकारों से वार्ता करते हुए विश्व बैंक अध्यक्ष ने कहा कि भारत में विद्युत् क्षेत्र की संरचना को देखते हुए वहाँ किसी विद्युत् संयंत्र की स्थापना करना लगभग असम्भव है. उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक विद्युत् के लिए पूरा मूल्य नहीं चुकाया जाएगा तब तक इस क्षेत्र में निवेश नहीं हो सकेगा तथा पर्याप्त विद्युत् उत्पादन के अभाव में सभी क्षेत्रों का विकास अवरुद्ध रहेगा. बिजली की चोरी को उन्होंने देश में विद्युत् क्षेत्र की एक बड़ी समस्या बताया है.

पोखरण परीक्षणों के परिप्रेक्ष्य में भारत पर आरोपित अमरीकी प्रतिबन्धों का जिक्र करते हुए श्री वोलफेनसोन ने स्पष्ट किया है कि इससे भारत को ऋण प्रदान करने में विश्व बैंक को कोई कठिनाई नहीं है, क्योंकि भारत को दिए जाने वाले अधिकांश ऋण मानवीय आवश्यकताओं पर आधारित हैं व प्रतिबन्ध से मुक्त हैं.

दूरसंचार सेवा विभाग को निगम बनाने का निर्णय

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा लिए गए एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत दूरसंचार सेवा विभाग का निगमीकरण कम्पनी अधिनियम के तहत किया जाएगा. इसके परिणामस्वरूप गठित किए जाने वाले निगम को भारत संचार निगम लि. (BSNL) कहा जाएगा.

सरकार ने इसकी अधिकृत पूंजी (Authorised Capital) 10,000 करोड़ रुपए रखने का निर्णय किया है. जबकि चुकता पूँजी (Paid up Capital) 5000 करोड़ रुपए होगी. 10-10 रुपए मूल्य के इसके सभी शेयर फिलहाल केन्द्र सरकार के पास ही होंगे. सरकार ने प्रस्तावित निगम के 1 अक्टूबर, 2000 से अस्तित्व में आ जाने की आशा व्यक्त की है.

क्रय शक्ति समता की दृष्टि से भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

क्रय शक्ति समता के आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है. विश्व बैंक की 2000-2001 की विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार क्रय शक्ति की दृष्टि से भारतीय अर्थव्यवस्था का स्थान अब अमरीका, चीन व जापान के पश्चात् आता है. इससे पूर्व भारत का इस मामले में पाँचवाँ स्थान था.

निर्धनता पर केन्द्रित इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 1990-98 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वार्षिक वृद्धि दर 6·1 प्रतिशत रहने के बावजूद निर्धनता निवारण की गति सुस्त रही है. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए निर्धनता को तेजी से दूर करने का अर्थ है विकास की दौड़ में आगे निकलना. इसके लिए विकासोन्मुख कृषि क्षेत्र में उदारीकरण को गति प्रदान करनी होगी तथा आधारभूत ढाँचे की बेहतर व्यवस्था करनी होगी जो देश के अविकसित क्षेत्रों में उपेक्षित अर्थव्यवस्था में है. रिपोर्ट में बैंक ने स्वीकार किया है कि हाल के वर्षों में भारत में आर्थिक विकास ने गति पकड़ी है तथा निर्धनता कम हुई है, किन्तु निर्धनता उन्मूलन पर विकास का वास्तविक प्रभाव विवाद के घेरे में है.

घटिया चावल की वसूली के कारण करोड़ों की हानि

पिछले वर्ष खरीफ विपणन मौसम में पंजाब में सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीदे गए धान के एक बड़े भाग के घटिया किस्म के

शेष पृष्ठ 354 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रीय परिदृश्य

निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्सीमन से आरक्षित सीटों की संख्या में वृद्धि का अनुमान

लोक सभा एवं विधान सभाओं की सीटों की वर्तमान संख्या को सन् 2026 तक यथावत् बनाए रखने के लिए आवश्यक संविधान संशोधन विधेयक को संसद के शीतकालीन सत्र में लाने का निर्णय केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने गत 31 अगस्त को लिया है. निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या को मौजूदा स्तर पर रखते हुए ही इन निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्सीमन 1991 की जनगणना के आधार पर इस प्रकार किया जाएगा जिससे प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या लगभग समान हो. वर्तमान में मतदाताओं की संख्या के मामले में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में गम्भीर असन्तुलन है. निर्वाचन क्षेत्रों का मौजूदा परिसीमन 1971 की जनगणना के आधार पर किया गया है.

निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए 1971 के स्थान पर 1991 की जनगणना को आधार बनाने से अनुसूचित जातियों व जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या में वृद्धि होगी. लोक सभा में आरक्षित सीटों की संख्या में 7 सीटों की वृद्धि होने का अनुमान है.

अनुसूचित जातियों के सम्बन्ध में दो संविधान संशोधन विधेयक

अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के मामलों में दो संविधान संशोधन विधेयक संसद ने गत अगस्त माह में पारित किए हैं. सन्दर्भित 86वें व 88वें संविधान संशोधन विधेयकों को लोक सभा ने गत 22 अगस्त को पारित किया है, जबकि राज्य सभा द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही इन्हें पारित किया जा चुका था.

88वें संविधान संशोधन विधेयक के द्वारा सरकारी नौकरियों में प्रोन्नति के मामलों में अनुसूचित जाति व जनजातियों के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम प्राप्तांकों में छूट प्रदान करने की अनुमति राज्य सरकारों को पुनः प्रदान की गई है. सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्णय के परिणामस्वरूप यह छूट प्रदान करने का अधिकार वापस ले लिया गया था.

86वें संविधान संशोधन विधेयक के द्वारा अरुणाचल प्रदेश को पंचायती राज संस्थाओं में अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान न करने की छूट प्रदान की गई है. जनजाति बहुल अरुणाचल प्रदेश में कोई भी अनुसूचित जाति न होने के कारण उसे यह छूट प्रदान की गई है.

16वें विधि आयोग का गठन

15वें विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बी. पी. जीवन रेड्डी को ही सरकार ने नवगठित 16वें विधि आयोग का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है. नए विधि आयोग का तीन वर्षीय कार्यकाल 1 सितम्बर, 2000 से प्रभावी हो गया है. 15वें विधि आयोग के एक अन्य सदस्य डॉ. एन. एम. घटाटे को 16वें आयोग में भी सदस्य के रूप में बरकरार रखा गया है. 15वें विधि आयोग के सदस्य सचिव टी. के. विश्वनाथन ही 16वें आयोग के भी सदस्य सचिव होंगे. अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव के अतिरिक्त इस आयोग में कुल मिलाकर तीन पूर्णकालिक व तीन अंशकालिक सदस्य होंगे.

15वें विधि आयोग का कार्यकाल गत 31 अगस्त को समाप्त हो गया था. 15वें विधि आयोग ने अपने तीन वर्षीय कार्यकाल में कुल मिलाकर 18 प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत किए हैं जिनमें से 14 को संसद में प्रस्तुत किया जा चुका है. न्यायमूर्ति बी. पी. जीवन रेड्डी ऐसे दूसरे व्यक्ति हैं जिन्हें दूसरे कार्यकाल के लिए विधि आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है. इससे पूर्व प्रथम विधि आयोग के अध्यक्ष एम. सी. शीतलवाड़ को दूसरी बार भी आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था.

उल्लेखनीय है कि देश में पहले विधि आयोग का गठन 1955 में किया गया था. अब तक इन 15 विधि आयोगों ने कुल मिला कर 174 प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत किए हैं.

वायु सेना के लिए दस मिराज-2000 एच विमान खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकृति

भारतीय वायु सेना के लिए फ्रांस से दस बहुउद्देश्यीय मिराज-2000 एच लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्ताव को केन्द्र सरकार ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है. रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता के अनुसार इन विमानों को प्राप्त करने की अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के पश्चात् फ्रांस के साथ इनके लिए सौदे को अन्तिम रूप दिया जाएगा. विमानों की आपूर्ति अगले 34 माह में होने की आशा प्रवक्ता ने व्यक्त की है.

भारतीय वायु सेना में मिराज-2000 एच विमान 1986 में शामिल किए गए थे. इन विमानों के दो स्क्वैड्रन वायु सेना के पास वर्तमान में हैं. दुर्घटनाओं तथा अन्य कारणों से हुई कमी को पूरा करने के लिए ऐसे दस नए विमान खरीदने के वायु सेना के प्रस्ताव को सरकार ने 1996 में ही सिद्धान्ततः स्वीकार कर लिया था. तभी से इनकी खरीद के बारे में बातचीत चल रही है. समझा जाता है कि इन विमानों की खरीद का सौदा लगभग 1500 करोड़ रुपए का होगा.

उल्लेखनीय है कि वायु सेना के लिए ब्रिटेन के एडवांस्ड जैट ट्रेनर (AJT) विमानों की खरीद के लिए मंजूरी सरकार ने पहले ही प्रदान कर दी है. इनकी खरीद के लिए ब्रिटिश एयरोस्पेस लि. के साथ वार्ता अग्रिम चरणों में है.

चुनाव खर्च सरकार द्वारा वहन किए जाने की इन्द्रजीत गुप्त समिति की संस्तुति

चुनाव सुधारों के मामले में वरिष्ठ सांसद इन्द्रजीत गुप्त की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने सिफारिश की है कि चुनावों का खर्च सरकार के द्वारा वहन किया जाना चाहिए. इसके लिए एक चुनाव कोष के गठन का सुझाव देते हुए समिति ने कहा है कि इसमें प्रतिवर्ष केन्द्र व राज्य सरकारें 600-600 करोड़ रुपए का योगदान करें. देश में मतदाताओं की संख्या 60 करोड़ मानते हुए प्रति मतदाता 10 रुपए के हिसाब से चुनाव कोष में 600 करोड़ रुपए का वार्षिक योगदान केन्द्र द्वारा किए जाने की संस्तुति इन्द्रजीत समिति ने की है. इतनी ही राशि का योगदान इसमें सभी राज्यों द्वारा मिलाकर किए जाने की संस्तुति समिति ने की है. संसद के गत मानसून सत्र में प्रस्तुत इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चुनाव प्रक्रिया को अपराधीकरण से मुक्त करने के लिए उसे तुरन्त चुस्त-दुरुस्त किए जाने की आवश्यकता है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपनी रिपोर्ट में समिति ने कहा है कि चुनावों का खर्च सरकार द्वारा वहन किए जाने की माँग पूर्णतः संवैधानिक है एवं सामाजिक न्याय की दृष्टि से उचित है. समिति के अनुसार लोकतंत्र को बनाए रखने में राजनीतिक दल महत्वपूर्ण लोक दायित्व का निर्वहन करते हैं. इसलिए इनका वित्तीयन लोक-कोष (Public Fund) से ही किया जाना चाहिए. समिति ने केवल मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं उनके प्रत्याशियों के चुनाव खर्च का वित्तीयन सरकारी कोष से करने का सुझाव दिया है. साथ ही अपनी रिपोर्ट में समिति ने यह भी कहा है कि चुनाव खर्च के रूप में सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता नकद राशि के रूप में न होकर संसाधनों यथा–चुनाव सामग्री छपवाने को कागज, लाउडस्पीकर, मतदाता सूचियाँ, डाक टिकटें, पेट्रोल व डीजल, कार्यकर्ताओं के लिए जलपान आदि के रूप में हो. इसके अतिरिक्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सम्बन्धित राजधानियों में किराया मुक्त कार्यालय, किराया मुक्त टेलीफोन व चुनाव प्रचार के लिए आकाशवाणी व दूरदर्शन पर निःशुल्क एयर टाइम उपलब्ध कराने का सुझाव समिति ने दिया है.

उल्लेखनीय है चुनाव सुधारों के सिलसिले में एक सर्वदलीय बैठक के निर्णय के तहत इस समिति का गठन 3 जून, 1998 को किया गया था.

जयललिता के विरुद्ध भ्रष्टाचार का एक और मामला

तमिलनाडु के सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (DVAC) ने प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं अन्नाद्रमुक नेत्री जयललिता के विरुद्ध भ्रष्टाचार का एक और मामला दर्ज किया है. यह मामला अघोषित सम्पत्ति से ब्रिटेन में दो आलीशान होटलों की खरीद से सम्बन्धित है. इन होटलों को अब बेचा जा चुका है. सुश्री जयललिता के अतिरिक्त अन्नाद्रमुक के मौजूदा सांसद टी.टी.वी. दिनकरन को इस मामले में अभियुक्त बनाया गया है. दिनकरन सुश्री जयललिता की निकटस्थ मित्र शशिकला के भतीजे हैं.

आरोप-पत्र के अनुसार अपने मुख्यमंत्री काल में पद का दुरुपयोग करते हुए जयललिता ने अपनी अघोषित आय से दिनकरन के नाम पर लंदन के निकट एक होटल को खरीदा, जबकि एक अन्य का वहीं निर्माण कराया गया. इनमें 248 करोड़ रुपए की राशि लिप्त होने का आरोप लगाया गया है. 1994 में खरीदे/बनाए गए इन होटलों को 1998 में बेच दिया गया. दोनों होटलों के अस्तित्व का खुलासा प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने हाल ही में किया है, जो दिनकरन के विदेशी लेन-देन की जाँच कर रहे हैं.

मानवाधिकारों के घोषणा पत्र की व्याख्या का विवाद

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसम्बर, 1948 को स्वीकृत मानवाधिकारों के ऐतिहासिक घोषणा-पत्र की कुछेक ईसाई संगठनों द्वारा मनमाने तरीके से की जा रही व्याख्या के प्रति हिन्दू, बौद्ध, जैन व सिख धर्मों के प्रतिनिधियों ने आपत्ति व्यक्त की है. घोषणा-पत्र की व्याख्या करते हुए ईसाई संगठनों ने तर्क दिया है कि इसके तहत उन्हें इच्छानुसार धर्मान्तरण का अधिकार प्राप्त है. भारतीय धर्म प्रतिनिधियों ने गत 28–31 अगस्त को न्यूयॉर्क में सम्पन्न धर्माचार्यों के विश्व शान्ति सम्मेलन के पश्चात् न्यूयॉर्क में ही अलग से एक प्रस्ताव पारित करके इस सम्बन्ध में संयुक्त राष्ट्र संघ के स्पष्टीकरण की माँग की है.

मानवाधिकारों के घोषणा-पत्र के एक अनुच्छेद में बताया गया है कि सभी को विचार, विवेक व धर्म की स्वतंत्रता है तथा इस अधिकार में धर्म या आस्था को बदलने की स्वतंत्रता भी शामिल है. इस सिलसिले में हिन्दू, बौद्ध, जैन व सिख प्रतिनिधियों द्वारा पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि घोषणा-पत्र या मानवाधिकार सम्बन्धी कोई अन्य प्रावधान यह नहीं कहता कि धार्मिक समुदायों के बीच तनाव व संघर्ष की स्थितियाँ पैदा करने वाली किसी संस्था या व्यक्ति को धर्म परिवर्तन का अधिकार है. भारत के प्रख्यात अधिवक्ता एल. एम. सिंघवी सहित भारत व जापान के कानूनी विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए इस प्रस्ताव को इन नेताओं ने जल्दबाजी में बुलाई गई एक बैठक में पारित कर दिया. विश्व हिन्दू परिषद् के अशोक सिंहल भी इन नेताओं में शामिल थे.

रासायनिक हथियार प्रस्ताव विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित रासायनिक हथियार प्रस्ताव विधेयक–2000 को राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने अपनी मंजूरी गत 31 अगस्त को प्रदान कर दी है. इस विधेयक को पारित करके भारत रासायनिक हथियारों के निर्माण, विकास, भण्डारण व इनके इस्तेमाल पर रोक लगाने वाली रासायनिक हथियार सन्धि (CWC) का अनुमोदन करने वाले देशों में शामिल हो गया है.

संसद द्वारा पारित उपर्युक्त अधिनियम के तहत एक राष्ट्रीय प्राधिकरण गठित किया जाना है, जो रासायनिक हथियारों के सम्बन्ध में सभी सूचनाएं एकत्र करते हुए इस अधिनियम के अनुपालन से सम्बन्धित दायित्वों को पूरा करेगा. रासायनिक हथियारों पर रोक सम्बन्धी संगठन (Organisation for Prohibition of Chemical Weapons–OPCW) तथा सदस्य हस्ताक्षरकर्ताओं के साथ सम्पर्क सूत्र का कार्य भी प्रस्तावित प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा.

ताजमहल की निर्माण अवधि को विवाद

ऐतिहासिक दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग व पुरातत्व विभाग के अनेक प्रकाशनों में ऐतिहासिक इमारत ताजमहल के निर्माण का काल 1631 ई. से 1653 ई. के दौरान बताया जाता रहा है. इस प्रकार आगरा स्थित इस विश्व प्रसिद्ध इमारत के निर्माण में कुल 22 वर्ष लगे, ऐसा उल्लेख पर माना जाता रहा है, किन्तु पुरातत्व विभाग के ही एक नए शिलालेख ने इसके निर्माण की अवधि में विवाद की स्थिति उत्पन्न कर दी है. ताजमहल परिसर में पुरातत्व विभाग द्वारा लगाए गए एक पत्थर में इस इमारत के निर्माण की अवधि 17 वर्ष तथा निर्माण की लागत 4 करोड़ रुपए बताई गई है. लागत की यह गणना उस दिनों के सोने के मूल्य (15 रुपए प्रति तोला) के आधार पर की गई है.

आगरा के अधीक्षण पुरातत्वविद धर्मवीर शर्मा के अनुसार ताजमहल के निर्माण में लगे समय की गणना शाहजहाँ के दरबारी रहे हामिद लाहौरी द्वारा रचित 'बादशाहनामा' व अन्य समकालीन साहित्य के आधार पर की गई है. इसकी निर्माण लागत के लिए हामिद लाहौरी की पुस्तक को आधार नहीं माना गया है. ताजमहल की निर्माण लागत पहले से ही विवाद का मुद्दा रही है.

ओलम्पिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार की घोषणा

15 सितम्बर-1 अक्टूबर के दौरान सिडनी में हो रहे 27वें ओलम्पिक खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा केन्द्र एवं राज्य सरकारों नें की है.

केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने इन ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को 15 लाख रुपए, रजत पदक विजेताओं को 9 लाख रुपए तथा कांस्य पदक विजेताओं को 7 लाख रुपए की नकद पुरस्कार में प्रदान करने की घोषणा की है. मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को जो ओलम्पिक्स में कोई भी पदक जीतेंगे, इन्दिरा गांधी नहर परियोजना के कमान क्षेत्र में 25 बीघा भूमि निःशुल्क आवंटित करने की घोषणा की है. मध्य प्रदेश सरकार की यह योजना एशियाई व राष्ट्रमण्डल खेलों में पदक विजेताओं के लिए भी लागू है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस मामले में सर्वाधिक उत्साह का प्रदर्शन हरियाणा सरकार ने किया है. हरियाणा के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने घोषणा की है कि सिडनी ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए की राशि पुरस्कार-स्वरूप प्रदान की जाएगी. रजत व कांस्य पदक विजेताओं के लिए यह राशि क्रमशः 50 लाख रुपए व 25 लाख रुपए होगी.

निजी क्षेत्र की कम्पनी सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स लि. ने सिडनी ओलम्पिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को 14-14 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की है. रजत एवं कांस्य पदक विजेताओं के लिए यह राशि क्रमशः 8 लाख रुपए व 5 लाख रुपए होगी.

प्वाइंट 5353 का विवाद गहराया

जम्मू-कश्मीर में कारगिल सेक्टर में प्वाइंट 5353 नाम की चोटी विगत माह में चर्चा एवं विवाद का विषय रही है. इस मामले में समाचार-पत्रों ने यह रिपोर्ट प्रकाशित की थी कि कारगिल क्षेत्र की इस चोटी पर अभी भी पाकिस्तानी सेना का कब्जा है, जबकि इससे कुछ दिन पूर्व ही कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में रक्षामंत्री जॉर्ज फर्नांडिस ने संसद में यह घोषणा की थी कि इस सेक्टर में सभी चोटियों को पाकिस्तानी कब्जे से पूरी तरह मुक्त कराया जा चुका है. मीडिया द्वारा विवाद को उठाए जाने के पश्चात् सेना द्वारा यह स्पष्टीकरण जारी किया गया कि प्वाइंट 5353 नाम की चोटी कारगिल संघर्ष से पहले ही पाकिस्तानी कब्जे में थी तथा इस संघर्ष से पहले या बाद में कभी भी भारतीय सेना का इस पर नियंत्रण नहीं रहा.

30 अगस्त को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा है कि द्रास सेक्टर से लगी प्वाइंट 5353 चोटी नियंत्रण रेखा से लगभग 300 मीटर अन्दर भारतीय सीमा में स्थित है तथा सामरिक दृष्टि से अत्यधिक उपयोगी इस चोटी पर 1992-93 में तत्कालीन कोर कमांडर ने स्थायी चौकी का निर्माण किया था. श्री आनंद ने दावा किया है कि शिमला समझौते के परिशिष्टों में नियंत्रण रेखा के इंच-इंच का चित्र है तथा इन्हें देखकर आसानी से पता लगाया जा सकता है कि यह चोटी भारतीय सीमा में है. श्री आनंद ने रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस पर यह आरोप लगाया है कि भारत की किसी भी चोटी पर पाकिस्तान का कब्जा न होने की बात कह कर उन्होंने देश को गुमराह किया है. मामले की लीपा-पोती करने के लिए सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की उन्होंने माँग की है. श्री आनंद ने आरोप लगाया है कि प्वाइंट 5353 के अतिरिक्त कारगिल सेक्टर की पाँच अन्य चोटियाँ– प्वाइंट आफताब (1), प्वाइंट सैंडल रिज, प्वाइंट बंकर रिज, धालुनाग व शांगरूटी अभी पाकिस्तान के कब्जे में हैं. पूरे मामले की सच्चाई को देशवासियों के सामने लाने के लिए संसदीय समिति के गठन की माँग भी उन्होंने की है.

श्री आनंद के उपर्युक्त आरोपों पर टिप्पणी करते हुए थलसेना अध्यक्ष जनरल वी. पी. मलिक ने कहा है कि सेना के पास आनंद के आरोपों का जवाब है, किन्तु आरोप चूँकि एक राजनीतिक व्यक्ति द्वारा लगाए गए हैं इसलिए इनके उत्तर के लिए उन्हें रक्षा मंत्री की हरी झण्डी की प्रतीक्षा है.

प्वाइंट 5353 के मामले में बाद में रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह बताया गया है कि यह चोटी नियंत्रण रेखा पर स्थित है तथा भारतीय नियंत्रण में नहीं है.



सेना के उपर्युक्त स्पष्टीकरण को गलत बताते हुए राज्य सभा के सदस्य एवं प्रसिद्ध अधिवक्ता आर. के. आनंद ने गत

जम्मू-कश्मीर में जनगणना का उग्रवादी संगठनों द्वारा विरोध

उग्रवादी संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में जनगणना का विरोध करते हुए इसे रोकने की अपील सरकार से की है. जनगणना के विरोध की हिजबुल मुजाहिदीन की पहल के पश्चात् लश्कर-ए-तोएबा भी उसकी इस मुहिम में शामिल हो गया है. लश्कर-ए-तोएबा ने जनगणना के लिए प्रशिक्षित किए गए 22 हजार कर्मचारियों को धमकी दी है कि इस कार्य से वे दूर रहें अन्यथा उन्हें गोली मार दी जाएगी. इससे पूर्व हिजबुल ने कहा था कि कश्मीर में जनगणना के लिए यह उपयुक्त समय नहीं है, क्योंकि अधिकांश लोग राज्य से बाहर गए हुए हैं.

उग्रवादी संगठनों की धमकियों के बावजूद प्रदेश सरकार ने राज्य में जनगणना का दूसरा दौर 11–30 सितम्बर को सम्पन्न कराने की घोषणा की है. इस दौर के तहत लोगों की गणना का कार्य सम्पन्न किया जाना है. इससे पूर्व इसी वर्ष 15 मई–6 जून को सम्पन्न पहले दौर के तहत मकानों के सूचीकरण आदि का कार्य सम्पन्न किया गया था. जम्मू-कश्मीर में जनगणना का कार्य इससे पूर्व 1980 में सम्पन्न किया गया था.

26 जनवरी से मध्य प्रदेश में ग्राम सरकारें

प्रदेश में गतवर्ष जिला सरकारों के गठन के पश्चात् मध्य प्रदेश में अब 26 जनवरी, 2001 से ग्राम सरकारें कार्य करना प्रारम्भ कर देंगी. इस प्रकार का प्रयोग करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य होगा.

ग्राम सरकार की प्रदेश की नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण स्तर की सभी योजनाओं के आर्थिक एवं संचालनात्मक अधिकार गाँवों को सौंप दिए जाएंगे. गाँवों में इनका संचालन किसी एक सरपंच या एक प्रतिनिधि के माध्यम से नहीं बल्कि ग्राम समिति व समुदाय द्वारा किया जाएगा. इस समिति अथवा समुदाय को ही गाँव में सड़क

मेडीकल प्रवेश
GOVT. APPROVED-RECOGNISED-JOB ORIENTED
SELF EMPLOYMENT-SERVICE-PROMOTION सेवोन्नति
चिकित्सा क्षेत्र में 100% रोजगार हेतु अल्ट्रा मैडीकल सोसाइटी ऑफ इण्डिया द्वारा अधिकृत पत्राचार प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रयोगात्मक प्रशिक्षण सहित
मैडीकल लैबोरेट्री टैक्नीशियन, एक्स-रे आपरेशन थियेटर, अल्ट्रा साउण्ड, ब्लड बैंक, डैन्टल, नर्सिंग, फिजियोथैरापी, इ.सी.जी., ओपैल्मिक टैक्नीशियन WITH LATEST TECHNOLOGY
योग्यता हाईस्कूल/समकक्ष-माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी प्रॉस्पैक्टस 40/-
भारत के प्रमुख सरकारी हॉस्पीटल में प्रशिक्षणोपरान्त अभ्यर्थी सेवारत
इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मैडिकल टैक्नीकल्स
(GOVT. APPROVED TRAINING CENTRE)
यूनीवर्सल हा उस 29/218F-संजय प्लेस, आगरा-2 उ.प्र.
फोन 352105, 351205, 358374, 357786 फैक्स 351205

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्माण, स्कूल निर्माण, शिक्षकों की नियुक्ति, अस्पताल के संचालन, कृषि, सिंचाई, पेयजल व वाटरशेड आदि मूलभूत विकास सुविधाओं सम्बन्धी अधिकार प्रदान किए जाएंगे.

लोक सभा हेतु श्रीमती सोनिया गांधी के चुनाव को चुनौती

उत्तर प्रदेश के अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से अक्टूबर 1999 में पराजित एक प्रत्याशी हरी शंकर जैन ने इस क्षेत्र से विजयी घोषित की गईं श्रीमती सोनिया गांधी के चुनाव को इस आधार पर चुनौती दी है कि श्रीमती गांधी संविधान के अनुच्छेद 84 व 326 के अर्थों में भारत की नागरिक नहीं हैं इस कारण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत मतदाता के रूप में उनका पंजीकरण नहीं किया जा सकता. श्रीमती सोनिया गांधी की भारतीय नागरिकता के मुद्दे पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए याचिकाकर्ताओं ने इस आधार पर उनका चुनाव अवैध घोषित करने की याचना की है. इनका कहना है कि श्रीमती सोनिया गांधी के पास भारत के साथ-साथ इटली की नागरिकता भी है.

इससे पूर्व इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस मामले में श्री जैन व दो अन्य पराजित प्रत्याशियों की याचिका को गत 20 मई को खारिज कर दिया था. उच्च न्यायालय के इस निर्णय के विरुद्ध ही श्री जैन ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है.

संक्षिप्तकी

ओ. राजगोपाल को रेल राज्य मंत्री का प्रभार

संसदीय कार्य मंत्री ओ. राजगोपाल को अब रेल राज्य मंत्री का कार्यभार भी सौंप दिया गया है. रेल राज्य मंत्री के रूप में श्री राजगोपाल ने बंगारू लक्ष्मण का स्थान लिया है, जिन्होंने भाजपा के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने से पूर्व इस पद से त्यागपत्र दे दिया था.

उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री पी. आर. कुमारमंगलम के निधन के पश्चात् ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने पास ही रखा है.

असम में 288 उग्रवादियों का औपचारिक समर्पण

असम में कार्यशील विभिन्न उग्रवादी संगठनों से सम्बद्ध 288 उग्रवादियों का मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत के समक्ष औपचारिक समर्पण गत 14 अगस्त को गुवाहाटी में सम्पन्न हुआ. इनमें सर्वाधिक 242 उग्रवादी उल्फा (ULFA) से सम्बन्धित रहे थे.

विष्णु भागवत की याचिका रद्द

सर्वोच्च न्यायालय ने गत 18 अगस्त के एक निर्णय के तहत पूर्व नौसेनाध्यक्ष विष्णु भागवत की उस याचिका को रद्द कर दिया है, जो उन्होंने अपनी बर्खास्तगी के सिलसिले में बम्बई उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध दायर की थी. अपनी बर्खास्तगी तथा 'एडमिरल' के खिताब से वंचित करने के सरकार के निर्णय के विरुद्ध श्री भागवत की याचिका को बम्बई उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही रद्द किया जा चुका है.

वनीकरण प्रोत्साहित करने को हिमाचल प्रदेश की नई योजना

प्रदेश में वनीकरण को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की घोषणा हिमाचल प्रदेश सरकार ने गत अगस्त माह में की है. **'परिश्रम हमारा, वन हमारा'** नाम की इस योजना के तहत प्रदेश में वृक्षारोपण के कार्य में गैर सरकारी संगठनों तथा शैक्षणिक व पचायती राज संस्थाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा.

क्षेत्रीय दल के रूप में लोक शक्ति की मान्यता समाप्त

चुनाव आयोग ने रामकृष्ण हेगड़े के नेतृत्व वाली पार्टी 'लोक शक्ति' की क्षेत्रीय दल के रूप में कर्नाटक एवं नगालैण्ड में प्राप्त मान्यता को गत 7 सितम्बर को समाप्त कर दिया है. आयोग द्वारा यह निर्णय 1999 के लोक सभा एवं विधान सभा के चुनावों में पार्टी के निष्पादन के आधार पर लिया गया है.

●●●

शेष पृष्ठ 350 का

होने के कारण सरकार को कम-से-कम 100 करोड़ रुपए की हानि होने का अनुमान लगाया जा रहा है. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार गत विपणन मौसम में पंजाब में विभिन्न एजेंसियों ने 63 लाख टन धान की सरकारी खरीद की थी. वर्षा आदि से खराब होने के नाम पर खरीदे गए धान में नमी की मात्रा 16 प्रतिशत के स्थान पर 18 प्रतिशत तक रहने की छूट एजेंसियों ने प्राप्त कर ली थी. इस नमी की आड़ में चावल मिल मालिकों, भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों एवं राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से केन्द्रीय पूल में अत्यन्त घटिया किस्म का चावल जमा करा दिया गया जिसे खरीदने के लिए कोई भी राज्य तैयार नहीं है.

पंजाब से खरीदे गए घटिया स्तर के चावल में से 15 लाख टन चावल को जैसे-तैसे पूर्वोत्तर तथा दक्षिण के राज्यों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण के लिए भेज दिया गया, किन्तु शेष बचे चावल को खरीदने के लिए अब कोई तैयार नहीं है. उत्तर-पूर्व के राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने केन्द्रीय खाद्य, उपभोक्ता मामलों एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री शांता कुमार को पत्र लिख कर उन्हें भेजे गए चावल के बहुत घटिया होने की शिकायत करते हुए आगे से ऐसा चावल न भेजने को कहा है.

उधर केन्द्र सरकार गत रबी में खरीदे गए गेहूँ के भण्डारण की समस्या से पहले ही जूझ रही है तथा ताजा खरीद के उपजों के विपणन का भी समय आ गया. ऐसी स्थिति में सरकार ने 30 लाख टन चावल की बिक्री खुली नीलामी के जरिए करने का निर्णय किया है. चालू विपणन वर्ष में बेहतर धान की खरीद सुनिश्चित करने के लिए पंजाब एवं हरियाणा में इसकी कीमत 1 अक्टूबर, 2000 की बजाए 21 सितम्बर 2000 से ही करने की घोषणा केन्द्रीय कृषि मंत्री ने की है. इस निर्णय को केवल इस वर्ष के लिए किया हुआ उन्होंने बताया. धान की खरीद में नमी का मापदण्ड इस वर्ष भी 18 प्रतिशत रखने की घोषणा की है.

संक्षिप्तकी

विदेशी पर्यटक आगमन में वृद्धि

सरकारी आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2000 जनवरी से अगस्त के दौरान आठ महीने अवधि में 16·64 लाख विदेशी पर्यटकों ने की यात्रा की. पिछले वर्ष (1999) की अवधि में यह संख्या 15·55 लाख थी.

बिहार की वार्षिक योजना के आकार वृद्धि

बिहार की मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी विचार-विमर्श के पश्चात् योजना आयोग ने की चालू वित्तीय वर्ष 2000-2001 की योजना का आकार 3100 करोड़ रुपए किया है. इससे पूर्व बजट प्रस्तुत करते प्रदेश सरकार ने सन्दर्भित वर्ष की योजना 2510 करोड़ रुपए की रखने का किया था.

●●

पत्रकार बनें
* सफल पत्रकार बनने हेतु पत्राचार द्वारा पत्रकारिता व लेख का सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करें। * द्वारा प्रशिक्षण देने वाला 24 वर्ष संस्थान। * लेख प्रकाशन उपलब्ध * विवरणी हेतु
पत्रकारिता महाविद्यालय
पोस्ट बाक्स 3583 (पी)
नई दिल्ली-110024

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

कुर्स्क पनडुब्बी के नौसैनिकों की मृत्यु पर रूस में राष्ट्रीय शोक

रूसी नौसेना की नाभिकीय पनडुब्बी कुर्स्क (Kursk) के उत्तरी आर्कटिक क्षेत्र में बेरेंट्स सागर में डूबने से उसमें सवार 118 नौसैनिकों की गत अगस्त माह में मृत्यु हो गई. पनडुब्बी के डूबने के कारणों के बारे में यद्यपि कुछ निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता, तथापि प्रारम्भिक आकलन में यह अनुमान लगाया गया है कि बेरेंट्स सागर में नौसैनिक अभ्यास के दौरान यह पनडुब्बी किसी अज्ञात वस्तु से टकरा गई थी. वह अज्ञात वस्तु अमरीका की जासूसी पनडुब्बी होने की सम्भावना से रूसी नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने इनकार नहीं किया है. गत 12 अगस्त को तारपीडो में एक विस्फोट के पश्चात् यह परमाणु पनडुब्बी बेरेंट्स सागर में 108 मीटर नीचे तलहटी में जा समाई थी. पनडुब्बी व उसमें सवार 118 नौसैनिकों को समुद्र से बाहर निकालने के रूसी बचाव दल के सभी प्रयास असफल होने के पश्चात् इस कार्य के लिए ब्रिटेन व नॉर्वे की सहायता ली गई. इन दोनों पश्चिमी देशों के संयुक्त अभियान के तहत नॉर्वे के गोताखोर 24 घण्टे के प्रयास में ही समुद्र की तलहटी में फँसी पनडुब्बी का एक द्वार खोलने में गत 22 अगस्त को सफल हुए, किन्तु तब तक सभी 118 रूसी नौसैनिकों की मृत्यु हो चुकी थी. पनडुब्बी में पानी भरा होने के कारण किसी भी शव को उस समय नहीं निकाला जा सका तथापि परिस्थितियों के अनुरूप सभी को मरा हुआ मान लिया गया.

118 नौसैनिकों की इस प्रकार से हुई दुःखद मृत्यु के शोक में 23 अगस्त को रूस में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया तथा राष्ट्रीय ध्वज झुका दिए गए. नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों–नौसेनाध्यक्ष एडमिरल व्लादिमीर कुरेयेदोव तथा उत्तरी बेड़े के प्रमुख वी. पोपोव के साथ रूसी रक्षा मंत्री इगोर सेरगेव ने इस दुर्घटना का दायित्व अपने ऊपर लेते हुए अपने त्यागपत्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पूटिन को भेज दिए, किन्तु राष्ट्रपति ने यह कहकर कि किसी भी निर्दोष को इसकी सजा नहीं दी जाएगी, इन्हें स्वीकार नहीं किया है. इस हादसे के लिए उन्होंने स्वयं को जिम्मेदार मानते हुए अपने मन में अपराध बोध होने की बात कही है. सभी मृतकों के आश्रितों को सात-सात हजार डॉलर के तुल्य मुआवजे के भुगतान की घोषणा राष्ट्रपति पूटिन ने की है.

बचाव कार्य में शिथिलता बरतने तथा समय रहते नौसैनिकों को समुद्र से निकालने में असफल रहने के लिए रूसी राहत दल की बड़े पैमाने पर देश में आलोचना हुई है. दो नाभिकीय रिएक्टरों से युक्त इस पनडुब्बी के समुद्र में बने रहने से नाभिकीय विकिरण की चेतावनी भी पर्यावरणविदों ने दी है, किन्तु रूसी राष्ट्रपति ने कहा है कि इन रिएक्टरों को शीघ्र ही बाहर निकाल लिया जाएगा. पनडुब्बी में फँसे नौसैनिकों के शवों को निकालने के लिए भी राहत कार्य पुनः प्रारम्भ कराने की घोषणा उन्होंने की है.

अमरीका की विवादित प्रक्षेपास्त्र प्रतिरक्षा प्रणाली स्थगित

अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपने देश की प्रस्तावित किन्तु अत्यधिक विवादित रही प्रक्षेपास्त्र प्रतिरक्षा प्रणाली की तैनाती को फिलहाल स्थगित करने की घोषणा की है तथा इस बारे में अंतिम निर्णय नए आने वाले राष्ट्रपति पर छोड़ दिया है. श्री क्लिंटन ने इस परियोजना से सम्बन्धित प्रौद्योगिकी के अभी पूर्ण रूप से विकसित न हो पाने के कारण इसकी मंजूरी को स्थगित किया है तथा कहा है कि जब तक यह पूर्ण रूप से भरोसा न हो जाए कि प्रणाली काम करने के लिए तैयार है तब तक इस दिशा में आगे कदम नहीं बढ़ाना चाहिए.

ज्ञातव्य है कि उत्तर कोरिया व इराक जैसे राष्ट्रों के सम्भावित प्रक्षेपास्त्री हमलों से बचाव के लिए अमरीका ने सन् 2005 तक राष्ट्रीय प्रक्षेपास्त्र प्रतिरक्षा प्रणाली तैनात करने की योजना बनाई थी जिसका रूस व चीन ने कड़ा विरोध किया था. इस प्रणाली के जनवरी व जुलाई 2000 में किए गए दो परीक्षण असफल हो गए थे. इनसे पूर्व अक्टूबर 1999 में इसका पहला परीक्षण सफल रहा था. प्रणाली को फिलहाल मंजूरी न प्रदान करने के राष्ट्रपति क्लिंटन के फैसले को सुविचारित बताते हुए रूस व चीन ने इसका स्वागत किया है.

अमरीका में राष्ट्रपति पद के लिए नए चुनाव इसी वर्ष नवम्बर में होने हैं. राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन प्रत्याशी जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने क्लिंटन के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यदि वह विजयी रहे तो यथाशीघ्र प्रक्षेपास्त्र प्रतिरक्षा प्रणाली की तैनाती का प्रयास करेंगे. उनके प्रतिद्वन्द्वी डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी एवं वर्तमान में उपराष्ट्रपति अल गोर ने इस सम्बन्ध में कहा है कि वह प्रौद्योगिकी के व्यापक परीक्षण के लिए आवश्यक समय उपलब्ध कराएंगे. उनका कहना है कि वह यह प्रयास करेंगे कि प्रौद्योगिकी अचूक रूप से कार्य करे.

तुवालु बना संयुक्त राष्ट्र संघ का 189वाँ सदस्य

प्रशांत महानगर स्थित छोटा द्वीपीय राष्ट्र तुवालु (Tuvalu) संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) का 189वाँ सदस्य हो गया है. गत 5 सितम्बर को, संयुक्त राष्ट्र महासभा के 55वें अधिवेशन के पहले सत्र में ही प्रधानमंत्री आयोनाताना आयोनाताना (Ionatana Ionatana) की उपस्थिति में तुवालु को औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य घोषित किया गया.

बाद में संयुक्त राष्ट्र प्रांगण में तुवालु का ध्वज लगाने के समय संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान ने कहा कि तुवालु संयुक्त राष्ट्र संघ के सबसे छोटे सदस्यों में होने के साथ-साथ सर्वाधिक शांतिप्रिय देशों में भी है. 10 हजार से भी कम जनसंख्या वाले राष्ट्र तुवालु का क्षेत्रफल केवल 26 वर्ग किमी है.

युद्धक प्लूटोनियम नष्ट करने सम्बन्धी रूस-अमरीका समझौता लागू

परमाणु हथियारों में इस्तेमाल किए जाने योग्य 68 टन प्लूटोनियम को नष्ट करने या उसे ऐसे रूप में रूपांतरित करने जिससे हथियारों में इनका इस्तेमाल न हो सके, सम्बन्धी अमरीका व रूस के मध्य सम्पन्न समझौता गत 1 सितम्बर से लागू हो गया है. अमरीकी प्रशासन की ओर से उपराष्ट्रपति अल गोर ने 1 सितम्बर को वाशिंगटन में इसे अनुमोदन प्रदान कर दिया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है. रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल कसायनाव ने 29 अगस्त को ही इस पर हस्ताक्षर कर दिए थे. 34-34 टन प्लूटोनियम के सम्बन्ध में अमरीका व रूस के मध्य यह समझौता अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की रूस यात्रा के दौरान गत 4 जून को सम्पन्न हुआ था.

इस समझौते के लागू होने से विश्व सुरक्षा के लिए घातक प्लूटोनियम के विशाल भण्डारों को कम करने की प्रक्रिया तेज होगी नष्ट किए जाने या ईंधन के रूप में परिवर्तित किए जाने वाला प्रस्तावित 68 टन प्लूटोनियम हजारों बम बनाने के लिए पर्याप्त होता. वैज्ञानिकों के अनुसार एक बम बनाने के लिए 6-7 किग्रा प्लूटोनियम की आवश्यकता होती है.

मालदीव के राष्ट्रपति गयूम की भारत यात्रा

मालदीव के राष्ट्रपति अब्दुल गयूम ने गत 21-22 अगस्त को भारत की यात्रा की. अपनी दो-दिन की भारत-यात्रा के दौरान श्री गयूम ने भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत बातचीत की.

21 अगस्त को राष्ट्रपति भवन में उनके सम्मान में आयोजित भोज में राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने भारत व मालदीव को अच्छे मित्र बताते हुए कहा कि महत्वपूर्ण मामलों पर दोनों ही देश एक-दूसरे से हमेशा विचार-विमर्श करते हैं. आधुनिक परिस्थितियों के अनुरूप ही अपने देश के लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के श्री गयूम के प्रयासों की उन्होंने सराहना की. भोज के दौरान अपने सम्बोधन में श्री नारायणन ने कहा कि भारत अपने सभी पड़ोसी राष्ट्रों के साथ शान्ति, मित्रता एवं सहयोगपूर्ण सम्बन्ध चाहता है. आतंकवाद, विशेषतः राज्य समर्थित आतंकवाद को सभ्य समाज तथा विश्वशांति एवं सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताते हुए श्री नारायणन ने कहा कि भारत विगत एक दशक से इस समस्या से जूझ रहा है.

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ श्री गयूम ने क्षेत्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों के साथ-साथ रक्षा सम्बन्धी मामलों व मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में सहयोग पर बातचीत की. इन क्षेत्रों में मालदीव को सहयोग जारी रखने का श्री वाजपेयी ने आश्वासन दिया. इसके लिए मालदीव को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति, उसके साथ संयुक्त अभ्यास व मालदीव के सुरक्षा अधिकारियों को भारत में प्रशिक्षण की सुविधाएं जारी रखने को श्री वाजपेयी ने सहमति दी. मानव संसाधन विकास के लिए माले में एक तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान के अतिरिक्त इंदिरा गांधी स्मारक चिकित्सालय की स्थापना भारत द्वारा पहले ही की जा चुकी है. मालदीव में अब एक होटल कैटरिंग संस्थान स्थापित करने को वित्तीय एवं तकनिकी सहायता उपलब्ध कराने का श्री वाजपेयी ने आश्वासन दिया, जहाँ मालदीव के उभरते हुए पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कर्मियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा. उल्लेखनीय है कि केवल 2.60 लाख की जनसंख्या वाले मालदीव में प्रतिवर्ष 4 लाख से अधिक पर्यटकों का आगमन होता है.

उत्तर व दक्षिण कोरिया के बिछड़े परिवारों का ऐतिहासिक मिलन

आधी शताब्दी पूर्व के कोरियाई विभाजन के परिणामस्वरूप उत्तर व दक्षिण कोरिया में विभाजित हुए परिवारों में से कुछेक भाग्यशाली परिवारों का ऐतिहासिक मिलन गत 15 अगस्त को सम्भव हो सका. 1950-53 के कोरिया युद्ध के पश्चात् उत्तर व दक्षिण कोरिया के मध्य सभी प्रकार के संचार सम्पर्क विच्छेदित होने के कारण इन देशों में बँटे परिवारों को यह तक नहीं मालूत था कि सीमा पार उनके सगे-सम्बन्धी अब जीवित भी हैं या नहीं. इस प्रकार से बिछुड़े परिवारों में से दोनों ओर के 100-100 व्यक्तियों का मिलन कराने को दोनों देशों में सहमति द. कोरिया के राष्ट्रपति किम दाइ जुंग की गत जून में सम्पन्न उत्तर कोरिया यात्रा के दौरान हुई थी. इसके लिए 15 अगस्त का दिन निर्धारित किया गया था, जो कोरिया की जापानी शासन से मुक्ति की 55वीं वर्षगाँठ थी. बिछुड़े परिवारों के सौ-सौ व्यक्तियों को मिलन के लिए 4 दिन का समय प्रदान किया गया.

पाकिस्तान द्वारा गौरी–III के परीक्षण की रिपोर्ट भारतीय सैन्य सूत्रों द्वारा खारिज

भारतीय सूत्रों के खुफिया आकलन ने अमरीकी खुफिया सलाहकार कम्पनी स्ट्रैट-फोर (Stratfor) के उस दावे को अस्वीकार कर दिया है कि गत 15 अगस्त को, भारत के स्वतंत्रता दिवस के दिन पाकिस्तान ने क्वेटा क्षेत्र में गौरी-III प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण गुप्त रूप से किया था. इससे पूर्व पाकिस्तानी समाचार-पत्रों ने 16 अगस्त के अंक में इसी क्षेत्र में कुछेक 'अज्ञात उड़नशील पदार्थों' (UFOs) के देखे जाने के समाचार प्रकाशित किए थे. इन्हीं उड़नतश्तरियों के वास्तव में गुप्त रूप से परीक्षित गौरी–III प्रक्षेपास्त्र होने का सन्देह 'स्ट्रैटफोर' ने व्यक्त किया था. स्ट्रैटफोर के अनुसार [illegible] इंजन का परीक्षण 30 सितम्बर [illegible] ही 'काहुटा' में किया गया था.

खुफिया रिपोर्टों के आधार पर [illegible] सैन्य सूत्रों ने उपर्युक्त अज्ञात [illegible] पदार्थों को कोई खगोलीय घटना [illegible] इनके गौरी–III प्रक्षेपास्त्र होने की [illegible] से इनकार किया है.

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में [illegible] भारत के साथ सहयोग का [illegible]

जापान के प्रधानमंत्री योशिरो (Yoshiro Mori) ने गत अगस्त [illegible] अपनी पाँच दिन की भारत यात्रा [illegible] भारत के साथ सूचना प्रौद्योगिकी [illegible] सहयोग की इच्छा व्यक्त की है. 21 [illegible] से प्रारम्भ हुई श्री मोरी की यह [illegible] उनकी चार दक्षिण एशियाई देशों [illegible] के कार्यक्रम का एक भाग थी. इस [illegible] के तहत भारत आने से पूर्व उन्होंने [illegible] व पाकिस्तान की यात्रा की, जबकि [illegible] प्रवास के पश्चात् वह नेपाल गए.

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी [illegible] रुचि के कारण ही जापानी प्रधान[illegible] अपनी भारत यात्रा बंगलौर से, जिसे [illegible] की 'सूचना प्रौद्योगिकी राजधानी' [illegible] Capital of India) कहा जाता है [illegible] की.

बंगलौर में सूचना प्रौद्योगिकी [illegible] कुछ इकाइयों का श्री मोरी ने [illegible] किया तथा इन उद्यमियों को [illegible] का निमंत्रण दिया. इसके लिए [illegible] में कुछ ढील की भी उन्होंने [illegible] बंगलौर में उद्यमियों की एक [illegible] सम्बोधित करते हुए श्री मोरी ने [illegible] किया कि सॉफ्टवेयर क्षेत्र में [illegible] सहयोग की विपुल सम्भावनाएं [illegible] जबकि इस क्षेत्र में पारस्परिक [illegible] स्तर अभी काफी नीचा है.

श्री मोरी का भारत में [illegible] स्वागत 23 अगस्त को प्रातः नई [illegible] राष्ट्रपति भवन में हुआ जिसके [illegible] राष्ट्रपति ने उनके सम्मान में [illegible] का आयोजन किया. उसी दिन [illegible] आर. नारायणन व प्रधानमंत्री [illegible] वाजपेयी के साथ द्विपक्षीय [illegible] अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर उनकी [illegible] अलग वार्ताएं हुईं. भारतीय [illegible] साथ उनकी बातचीत में 21 [illegible] भारत व जापान के मध्य एक [illegible] भागीदारी (Global Partnership [illegible] 21st. Century) के लिए [illegible] सीटीबीटी के मुद्दे पर मतभेद [illegible] बावजूद दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय [illegible] सम्बन्धों को मजबूत बनाने के [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करने को सहमति व्यक्त की. सीटीबीटी के मुद्दे पर विदेश मंत्री जसवंत सिंह ने उन्हें पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि भारत न्यूनतम प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के पक्ष में है तथा नए परमाणु परीक्षणों पर उसने स्वत: ही रोक लगा ली है. बाद में 24 अगस्त को नई दिल्ली में ही 'फिक्की' (FICCI) द्वारा आयोजित उद्यमियों की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री मोरी ने भारत के सीटीबीटी पर हस्ताक्षर करने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि भारत के इस निर्णय पर हस्ताक्षर न होने के कारण ही जापान भारत को भरपूर सहायता नहीं दे पा रहा. दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग सम्वर्द्धन के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों एवं विशिष्ट व्यक्ति के एक संयुक्त मंच के गठन की उन्होंने इस बैठक में घोषणा की.

द. एशिया की अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव से नेपाल के लिए प्रस्थान करने से पूर्व श्री मोरी ने आगरा में ताजमहल का अवलोकन भी किया.

संयुक्त राष्ट्र संघ का ऐतिहासिक सहस्त्राब्दी शिखर सम्मेलन सम्पन्न

तीन दिवसीय संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दी शिखर सम्मेलन गत 6–8 सितम्बर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राज्य प्रांगण में सम्पन्न हुआ. विश्व शान्ति सम्मेलन के नाम से भी जाने जाने वाले इस ऐतिहासिक सम्मेलन में चार को छोड़कर संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य राष्ट्रों ने भाग लिया. भाग लेने वाले देशों में 147 देशों का प्रतिनिधित्व वहाँ के राष्ट्राध्यक्षों ने किया. इतने राष्ट्राध्यक्षों का इतना विशाल जमावड़ा इससे पूर्व कभी किसी मंच पर नहीं देखा गया. सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया. छोटे-बड़े सभी राष्ट्रों को इस सम्मेलन में '21वीं सदी में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका' पर अपने विचार रखने के लिए 5-5 मिनट का ही समय प्रदान किया गया था. इन वक्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का उल्लेख अपने सम्बोधनों में किया. सम्मेलन का उद्घाटन संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान ने 6 सितम्बर को किया. इस उपलक्ष्य में 6 सितम्बर को 'अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस' घोषित किया गया.

सम्मेलन में भाग लेने जा रहे उत्तर कोरियाई राजनयिकों की मार्ग में फ्रैंकफुर्त हवाई अड्डे पर अमरीकी वायु सुरक्षा अधिकारियों द्वारा तलाशी लिए जाने की घटना के विरोध में उत्तर कोरिया ने इस सम्मेलन का बहिष्कार किया. इस घटना को छोटा बताते हुए अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने इसके लिए बाद में क्षमा याचना भी की.

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने संयुक्त राष्ट्र संघ को अत्यधिक सार्थक बताते हुए कहा कि उनके अपने देश में या किसी अन्य देश में जो लोग यह सोचते हैं कि इस संगठन के बिना वह चल सकते हैं, या अपनी इच्छा उस पर थोप सकते हैं, तो उनके ख्याल से उन्होंने इतिहास को गलत पढ़ा है तथा भविष्य को भी गलत समझा है. चीनी राष्ट्रपति जियांग झेमिन ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व को शीत युद्ध की अपनी मानसिकता त्याग देनी चाहिए. जर्मनी के चांसलर श्रोएडर ने कहा कि उनकी सरकार इस बारे में कार्यनीति तैयार करेगी कि किस प्रकार यह संगठन अपने बलबूते पर विशेष लक्ष्यों को पूरा करने में मददगार सिद्ध हो सकता है. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अन्तरिक्ष के सैन्यीकरण की निन्दा करते हुए इसे रोकने के उपायों पर विचार करने के लिए 12 अप्रैल, 2001 को एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन रूस में आयोजित करने की पेशकश की (12 अप्रैल 2001 पहले अंतरिक्ष यात्री यूरी गगारिन की अन्तरिक्ष यात्रा की 40वीं वर्षगांठ है). सम्मेलन के अवसर पर रूस व अमरीका के राष्ट्रपतियों ने विश्व में सामरिक स्थिरता (Strategic Stability) बनाए रखने के एक संयुक्त घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर भी किए.

पाकिस्तानी सैन्य प्रशासक जनरल परवेज मुशर्रफ ने सम्मेलन में अपने सम्बोधन में कश्मीर का मुद्दा बड़े जोरदार तरीके से उठाया तथा इस मामले में संयुक्त राष्ट्र संघ के हस्तक्षेप की अपील की. कश्मीर में जनमत संग्रह की माँग को दोहराते हुए जनरल मुशर्रफ ने आरोप लगाया कि भारत कश्मीर समस्या को बातचीत से हल नहीं करना चाहता. जनरल मुशर्रफ के इन आरोपों का भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बाद में अपने सम्बोधन में कड़ा जवाब दिया तथा कहा कि 'आतंकवाद' तथा 'संवाद' दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते. सीमापारीय आतंकवाद को विश्व शान्ति के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए विश्व समुदाय से इसके विरुद्ध ठोस कदम उठाने का उन्होंने आह्वान किया. सीटीबीटी के मामले में भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए श्री वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में संरचनात्मक सुधारों का भी आह्वान किया तथा सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी उन्होंने दोहराई. मानवता के प्रति अपनी भावना व्यक्त करने के लिए वाजपेयी ने हिन्दी में किए अपने सम्बोधन की समाप्ति संस्कृत श्लोक–सर्वे भवन्तु सुखिन : ..... से की.

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी ने अपने 12 पृष्ठों के भाषण का सार ही सम्बोधन के लिए उपलब्ध कराए गए 5 मिनट में पढ़ा. उनका विस्तृत भाषण बाद में सभी को वितरित किया गया ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन की समाप्ति पर जारी सहस्त्राब्दी घोषणा-पत्र में मानव समाज को युद्ध की विभीषिका, चरम निर्धनता एवं पर्यावरण ह्रास के खतरों से मुक्त कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है. ग्लोबल वार्मिंग, एड्स, निर्धनता व युद्ध जैसी बुराइयों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ का आधुनिकीकरण करने का आह्वान इसमें किया गया है. एड्स के साथ-साथ मलेरिया व अन्य प्रमुख रोगों के प्रसार को नियंत्रित करने व इसे कम करने का संकल्प घोषणा-पत्र में व्यक्त किया गया है. घोषणा-पत्र में सन् 2015 तक विश्व में सुरक्षित पेयजल से वंचित जनसंख्या के प्रतिशत में 50 प्रतिशत की कमी लाने, मातृत्व मृत्यु दर में 75 प्रतिशत की व शिशु मृत्यु दर में दो-तिहाई की कमी लाने तथा सभी बच्चों के लिए अनिवार्य स्कूली शिक्षा सुनिश्चित करने के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं.

इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी 6 सितम्बर की रात्रि को नई दिल्ली से रवाना हुए थे. मार्ग में ज्यूरिख में रात्रि विश्राम के पश्चात् 7 सितम्बर को वह न्यूयॉर्क पहुँचे थे. सम्मेलन में श्री वाजपेयी की भागीदारी उनकी 12 दिन की अमरीका यात्रा का एक भाग थी. अमरीका प्रवास के दौरान 13–17 सितम्बर को वह अमरीका सरकार के मेहमान होंगे. इस दौरान 14 सितम्बर को वाशिंगटन में अमरीकी संसद को सम्बोधित करने का भी उनका कार्यक्रम है.

पश्चिमी तिमोर में संयुक्त राष्ट्र कार्यकर्ताओं की हत्या

पूर्वी तिमोर को इण्डोनेशिया से पृथक् करने के प्रस्ताव के विरोधी उग्रवादियों ने गत 6 सितम्बर को पूर्वी व पश्चिमी तिमोर की सीमा पर स्थित अताम्बुआ (Atambua) में शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (UNHCR) के एक कार्यालय में हमला करके तीन संयुक्त राष्ट्र कर्मियों की हत्या कर दी. इण्डोनेशिया सरकार के एक मंत्री ने इस घटना के पीछे राजनीतिक कारण होने का संदेह व्यक्त किया है. इस घटना के पश्चात् 'शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त' (UNHCR) के कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों को वापस बुला लिया है. उच्चायुक्त के एक प्रवक्ता के अनुसार सुरक्षा की गारंटी के पश्चात् ही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन्हें वापस तैनात किया जाएगा. इण्डोनेशियाई राष्ट्रपति अब्दुर्रहमान वाहिद ने इस हत्याकाण्ड की निन्दा करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दी शिखर सम्मेलन से ठीक पूर्व यह काण्ड उन्हें व्याकुल करने के लिए किया गया है.

बाद में सशस्त्र उग्रवादियों ने पश्चिम तिमोर में 20 अन्य निर्दोष व्यक्तियों की हत्या 8 सितम्बर को की है. समझा जाता है कि पूर्वी तिमोर से भाग कर पश्चिम तिमोर में शरण लिए लोग इस नरसंहार का शिकार हुए हैं.

फिजी में नए संविधान निर्माण प्रक्रिया का भारतीय मूल के लोगों द्वारा बहिष्कार

फिजी में अंतरिम सरकार ने 1997 में स्वीकार किए गए संविधान के स्थान पर एक नए संविधान निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है तथा इसके लिए 12 सदस्यीय संविधान समिति के गठन की घोषणा की है. इस समिति में 7 सदस्य फिजी मूल के, 4 भारतीय मूल के तथा एक सदस्य रॉटमन समुदाय का रखने का प्रावधान किया गया है, किन्तु भारतीय मूल के लोगों के दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने संविधान निर्माण की इस प्रक्रिया का बहिष्कार करने की घोषणा की है. समिति की अध्यक्षता के लिए फिजी के मूल निवासियों की महापरिषद् (Great Council of Chiefs) ने एक विश्वविद्यालयी प्रोफेसर आसीसेला राबुबु (Asesela Ravuvu) को मनोनीत किया है.

संविधान समिति में भारतीय मूल के चार लोगों के मनोनयन के लिए महेन्द्र चौधरी की फिजी लेबर पार्टी व नेशनल फेडरेशन पार्टी से अंतरिम सरकार ने अनुरोध किया है, किन्तु इन दोनों ही दलों ने सरकार के इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है. उल्लेखनीय है कि मई 2000 में सरकार के तख्ता पलट के पश्चात् फिजी के 1997 के बहुजातीय संविधान को रद्द कर दिया गया था. नया बनने वाला संविधान 1970 में फिजी की स्वतंत्रता के पश्चात् बनने वाला देश का चौथा संविधान होगा.

स्वतंत्र फिलीस्तीन की घोषणा स्थगित

फिलीस्तीनी नेताओं ने 13 सितम्बर को स्वतंत्र फिलीस्तीन राष्ट्र की घोषणा का अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया है. फिलीस्तीनियों की इस घोषणा का इजराइल ने स्वागत किया है.

स्वतंत्र राष्ट्र की घोषणा के कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय फिलीस्तीनी मुक्ति संगठन की केन्द्रीय परिषद् की गत 9-10 सितम्बर को सम्पन्न बैठक में लिया गया. स्वतंत्र राष्ट्र की घोषणा के लिए कोई नई तिथि अभी निर्धारित नहीं की गई है. बैठक के पश्चात् परिषद् के अध्यक्ष सलीम जानून ने एक वक्तव्य में कहा है कि आने वाले समय में स्वतंत्र फिलीस्तीन की घोषणा के लिए कदम उठाए जाएंगे जिसकी राजधानी येरूशलम हो.

ज्ञातव्य है कि येरूशलम के मुद्दे पर मतभेद बने रहने के कारण ही इजराइल के साथ फिलीस्तीनियों का शान्ति समझौता अभी नहीं हो सका है.

संक्षिप्तकी

श्रीलंकाई संसद भंग : 10 अक्टूबर को नए चुनाव

श्रीलंकाई राष्ट्रपति चन्द्रिका कुमारतुंग ने देश की संसद को भंग करके 10 अक्टूबर को नए चुनाव कराने की घोषणा गत 18 अगस्त को की है. श्रीलंका की 225 सदस्यीय संसद का 6 वर्षीय कार्यकाल 24 अगस्त को समाप्त होने को था.

श्रीमती कुमारतुंग देश में नए चुनाव कराने से पूर्व नया संविधान लागू करना चाहती थीं जिसके लिए उन्होंने कड़े प्रयास भी किए, किन्तु विपक्षी दलों तथा बौद्धों के भारी विरोध के चलते वह नए संविधान पर संसद में मतदान न करा सकीं. नए चुनावों की घोषणा के पश्चात् श्रीमती कुमारतुंग ने कहा है कि इन चुनावों में यदि किसी भी दल को संविधान संशोधन के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत न मिला, तो नई संसद को ही संविधान सभा में बदला जा सकता है जिससे सामान्य बहुमत से ही नया संविधान पारित किया जा सके.

श्रीलंका के प्रस्तावित नये संविधान में इस द्वीपीय राष्ट्र को एक ऐसे अर्द्धसंघीय राज्य (Quasi Federal State) में परिवर्तित करने का प्रावधान है जिसमें तमिल व मुस्लिम अल्प-संख्यकों को अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी. राष्ट्रपति के स्थान पर प्रधानमंत्री को इसका कार्यकारी प्रमुख (Executive Head) बनाने का प्रस्ताव है. नये प्रस्तावित संविधान में श्रीलंका को एक एकात्मक (Unitary) राज्य के स्थान पर संघीय राज्य बनाना है जिसमें केन्द्र एवं क्षेत्रों की संस्थाओं के अलग-अलग कार्यक्षेत्र भी संविधान में निर्धारित किए गए हैं.

जाफना में लिट्टे एवं सेना में संघर्ष

देश में संसदीय चुनावों से पूर्व आक्रमक कार्यवाही करते हुए श्रीलंकाई सेना ने लिट्टे के नियंत्रण वाले जाफना प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों पर नियंत्रण का प्रयास सितम्बर के प्रथम सप्ताह में किया. तीन दिन चले इस संघर्ष में दोनों पक्षों के तीन सौ से अधिक सैनिकों के मारे जाने का समाचार है. वावुनिया से संचालित लिट्टे के गुप्त रेडियो प्रसारण 'वॉइस ऑफ टाइगर्स' में सौ से अधिक श्रीलंकाई सैनिकों के इस संघर्ष में मारे जाने का समाचार प्रसारित किया गया है, जबकि सरकार ने लिट्टे के लगभग दो सौ विद्रोहियों की मृत्यु का दावा किया है. [illegible] कुछेक क्षेत्रों पर नियंत्रण में सफलता की [illegible] भी किया है.

पाकिस्तान में राष्ट्रीय महिला आयोग का [illegible]

पाकिस्तान में महिलाओं के [illegible] के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग का [illegible] की सैन्य सरकार ने किया है. [illegible] सीमांत प्रांत की एक मंत्री शाहीन [illegible] को इस 21 सदस्यीय आयोग की [illegible] गया है. आयोग ने गत 1 [illegible] प्रारम्भ किया है.

श्रीलंका की हवाई यात्रा हेतु वैध [illegible] अनिवार्य

भारत एवं नेपाल के मध्य हवाई [illegible] लिए यात्रियों को अब अपने पास वैध [illegible] पत्र रखना अनिवार्य होगा. सुरक्षा [illegible] कारणों से किया गया यह प्रावधान 1 [illegible] 2000 से लागू होगा. 10 वर्ष से अधिक [illegible] यात्रियों पर ही यह प्रावधान लागू होगा.

जर्मनी के राष्ट्रपति की भारत यात्रा स्थगित

जर्मनी के राष्ट्रपति जोहान्नेस [illegible] स्वास्थ्य सम्बन्धी कारणों से सितम्बर 2[illegible] अंतिम सप्ताह में होने वाली अपनी भारत [illegible] को स्थगित कर दिया है. श्री राउ भारत [illegible] माह के जर्मन महोत्सव के उद्घाटन [illegible] भारत आने वाले थे. उनकी प्रस्तावित [illegible] यात्रा अब सम्भवतः अगले वर्ष होगी.

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा

उपकार प्रकाशन की उपयोगी पुस्तकें

उपकार एन. डी. ए. परीक्षा 220/-
Upkar N. D. A. Exam. 180/-
Upkar N. D. A./C.D.S. Mathematics 115/-

Practice Work-Book
N.D.A. Exam.
Rs. 160/-

Edited by a team of
Pratiyogita Darpan

HINDI EDITION IS ALSO AVAILABLE

उपकार प्रकाशन
2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, [illegible]
फोन : 323966, 323101, 32[illegible]
फैक्स : (0562) 323966

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



क्रीड़ा जगत

अगस्त 2000

16 विश्व का पहला अधिकारिक इनडोर अन्तर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट मैच मेलबोर्न (आस्ट्रेलिया) के नए कोलोनियल स्टेडियम में मेजबान आस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया. स्टीव वॉ व माइकल बेवन के शतकों के बल पर आस्ट्रेलिया इसमें 94 रन से विजयी रहा.

18 मेलबोर्न में इनडोर स्टेडियम में आस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के मध्य दूसरा एकदिवसीय क्रिकेट मैच टाई हो गया.

– लीड्स में वेस्टइंडीज-इंगलैण्ड टेस्ट शृंखला के चौथे मैच का फैसला मैच के दूसरे दिन ही हो गया. इस मैच में इंगलैण्ड ने वेस्टइंडीज को पारी व 39 रन से पराजित किया. वेस्टइंडीज की पूरी टीम दूसरी पारी में केवल 61 रन ही बना सकी तथा उसके पाँच खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए. द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यह पहला अवसर है जब किसी टेस्ट मैच में हार-जीत का फैसला दो दिन में ही हो गया.

इस टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के कर्टली एम्ब्रोस ने अपने टेस्ट विकेटों की कुल संख्या 400 से अधिक कर ली. टेस्ट क्रिकेट में 400 या इससे अधिक विकेट लेने वाले वह विश्व के पाँचवें गेंदबाज हैं. इससे पूर्व कूर्टनी वाल्श, कपिल देव, रिचर्ड हैडली व वसीम अकरम को यह उपलब्धि प्राप्त है.

19 चेन्नई में राष्ट्रीय जूनियर हार्डकोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप के लड़के व लड़कियों के वर्गों के एकल खिताब क्रमशः कमल कन्नन (तमिलनाडु) व सोनल फड़के (महाराष्ट्र) ने जीते.

20 अम्बाला में 41वीं सीनियर राष्ट्रीय जिमनास्टिक चैम्पियनशिप में गत विजेता रेलवे को दूसरे स्थान पर छोड़ते हुए प. बंगाल ने महिला वर्ग की व उत्तर प्रदेश ने पुरुष वर्ग की टीम चैम्पियनशिप जीती.

– मेलबोर्न के कोलोनियल स्टेडियम में एकदिवसीय क्रिकेट की द. अफ्रीका-आस्ट्रेलिया इनडोर शृंखला का तीसरा मैच द. अफ्रीका ने 8 विकेट से जीता जिससे क्रिकेट के इतिहास की यह पहली अधिकारिक इनडोर शृंखला 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई.

– अमरीका में लुइसविले (Louis Ville) में 82वीं यू.एस.पी.जी.ए. गोल्फ चैम्पियनशिप की वानमेकर ट्रॉफी (Wanamaker Trophy) गत विजेता टाइगर वुड्स ने जीती. इस विजय के साथ टाइगर वुड्स विश्व के ऐसे दूसरे खिलाड़ी हो गए हैं जिन्होंने एक ही सत्र में गोल्फ के तीन बड़े खिताब जीते हैं. इस खिताब से पूर्व टाइगर वुड्स अमरीकी ओपन व ब्रिटिश ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप जीत चुके हैं.

21 नई दिल्ली में सम्पन्न हुई अन्तर्मंत्रालय शतरंज प्रतियोगिता का सिरमौर रेल मंत्रालय ने सर्वाधिक अंक अर्जित करके जीता. रक्षा मंत्रालय व संचार मंत्रालय क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे.

22 अम्बाला में 41वीं सीनियर राष्ट्रीय जिमनास्टिक चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत मुकाबलों में सर्वश्रेष्ठ जिमनास्ट का खिताब पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के विकास पाण्डे ने व महिला वर्ग में प. बंगाल की 15 वर्षीया तुम्पा देबनाथ ने जीता.

23 इंडियन बैंक के जी. बी. प्रकाश चेन्नई के निकट कलम्बकम में पेंटा मीडिया ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेन्ट में अपना दूसरा ग्रांड मास्टर्स नॉर्म (GM Norm) प्राप्त करने में सफल रहे.

26 बंगलौर में सम्पन्न 12वीं विश्व अंडर-21 स्नूकर चैम्पियनशिप का सिरमौर इंगलैण्ड के ल्यूक फिशर ने जीता. स्कॉटलैण्ड के स्टीवन बेनी इसमें उपविजेता रहे.

– काहिरा में सम्पन्न हुई अल अहराम अन्तर्राष्ट्रीय स्क्वैश प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग के खिताब क्रमशः पीटर निकोल (स्कॉटलैण्ड) व लीलानी जॉयस (न्यूजीलैण्ड) ने जीते.

– चेन्नई में सम्पन्न हिन्दू ओपन गोल्फ प्रतियोगिता में लखनऊ के विजय कुमार विजेता रहे. वह इस प्रतियोगिता के चारों चक्रों में अग्रणी रहे. इस प्रतियोगिता के इतिहास में ऐसा पहली बार ही हुआ है कि विजेता रहे खिलाड़ी ने चारों चक्रों में अग्रता बनाए रखी. इस विजय के परिणामस्वरूप उन्हें 1,21,500 रुपए की राशि प्रदान की गई जबकि उपविजेता रहे गौरव घई (दिल्ली) को 84 हजार रुपए प्राप्त हुए.

– भारत के लिएंडर पेस व महेश भूपति की जोड़ी न्यूयॉर्क में लॉंग आइलैण्ड में हैमलेट कप टेनिस टूर्नामेन्ट की युगल स्पर्द्धा में सेमीफाइनल में स्वीडन की जोड़ी से पराजित हो गई.

9 माह के पश्चात् (हार्टफोर्ड में विश्व युगल चैम्पियनशिप के पश्चात्) यह पहला अवसर था जब पेस व भूपति ने जोड़ी बनाकर युगल टेनिस में भाग लिया.

27 चेन्नई के निकट केलम्बकम में सम्पन्न पेंटामीडिया ग्रांडमास्टर शतरंज का सिरमौर भारत के ग्रांड मास्टर के. शशिकरण ने अन्तिम मुकाबले में ग्रांड मास्टर सैदाली युलदाशेव को हराकर तथा सर्वाधिक 9·5 अंक अर्जित करके जीता.

– फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर द. अफ्रीका ने सिंगापुर चैलेंज क्रिकेट टूर्नामेन्ट जीत लिया. एकदिवसीय मैचों के तीन देशों के इस टूर्नामेन्ट में तीसरा देश न्यूजीलैण्ड था.

नौवें सैफ खेलों के आयोजन स्थल में परिवर्तन

पाकिस्तान ने नौवें दक्षिण-एशियाई फैडरेशन (SAF) खेलों के आयोजन स्थल को पेशावर के स्थान पर इस्लामाबाद कर दिया है. अक्टूबर 1999 में आठवें सैफ खेलों के आयोजन के पश्चात् नौवें खेलों की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई थी तथा यह खेल पेशावर में कराने का प्रस्ताव पाकिस्तान ने पहले किया था

28 जकार्ता (इण्डोनेशिया) में मद्या स्टेडियम में 13वीं एशियाई एथलेटिक चैम्पियनशिप के पहले दिन भारत के शक्ति सिंह ने शॉटपुट में व नीलम जे. सिंह ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीते. भारत के गुलाब सिंह व एल. अरुणा देवी क्रमशः पुरुष व महिला वर्ग में 10 हजार मीटर की दौड़ों में रजत पदक जीतने में सफल रहे.

29 13वीं एशियाई एथलेटिक चैम्पियनशिप में भारत की बॉबी एलायसिस ने ऊँची कूद में स्वर्ण व जी.सी. प्रमिला ने हेप्टेथलॉन मे रजत पदक जीता.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

– इंदौर में 30वीं अखिल भारतीय अन्तर्संस्थानिक टेबल टेनिस प्रतियोगिता में महिला वर्ग की टीम चैम्पियनशिप रेलवे ने फाइनल में पेट्रोलियम स्पोर्टस् कंट्रोल बोर्ड (PSCB) को हराकर जीती, जबकि पुरुष वर्ग की टीम चैम्पियनशिप पेट्रोलियम स्पोर्टस् कंट्रोल बोर्ड ने रेलवे को फाइनल में हरा कर जीती.

बांग्लादेश का पहला टेस्ट मैच भारत के साथ

दो माह पूर्व ही टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले देश का दर्जा प्राप्त बांग्लादेश अपना पहला टेस्ट मैच भारत के विरुद्ध खेलेगा. यह टेस्ट मैच इस वर्ष 10–14 नवम्बर को ढाका में बंगबंधु राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा.

30 जकार्ता में 13वीं एशियाई एथलेटिक चैम्पियनशिप में पुरुष व महिला वर्ग की 100 मी की दौड़ें क्रमशः जमाल अल सदर (सऊदी अरब) व लियुबोव पेरेपेलोवा (उजबेकिस्तान) ने जीती.

13वीं एशियाई एथलेटिक चैम्पियनशिप (जकार्ता) में भारतीय पदक विजेता

पुरुष वर्ग :

स्वर्ण पदक–शक्ति सिंह (शॉट पुट), जगदीश बिश्नोई (जेवलिन थ्रो), अनिल कुमार (डिस्कस थ्रो)

रजत पदक–गुलाब चंद (10,000 मी), अनिल कुमार (100 मी), संजय कुमार (लम्बी कूद), 4 × 400 मी (पी. रामचन्द्रन, मनोज लाल, लिजो डेविड व परमजीत सिंह)

कांस्य पदक–हृदयानंद सिंह (डिस्कस थ्रो)

महिला वर्ग :

स्वर्ण पदक–नीलम जसवंत सिंह (डिस्कस थ्रो), बॉबी एलायसिस (ऊँची कूद), 4 × 400 मी रिले (परमजीत कौर, जिंसी फिलिप्स, रोजा कुट्टी व के. एम. बीनामोल).

रजत पदक–एल. अरुणा देवी (10,000 मी), जी. सी. प्रमिला (हैप्टेथलान), सरस्वती डे (100 मी), के. एम. बीनामोल (400 मी), गुरमीत कौर (जेवलिन थ्रो), 4×100 मी रिले.

कांस्य पदक–रचिता मिस्त्री (100 मी), अनुराधा बिस्वाल (100 मी बाधा दौड़), विनीता त्रिपाठी (200 मी), रोजा कुट्टी (800 मी).

भारतीय पुरुष एथलीटों में जगदीश बिश्नोई जेवलिन थ्रो में भारत के लिए चौथा स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे, जबकि अनिल कुमार ने 100मी दौड़ में रजत पदक जीता. भारतीय महिला एथलीटों में सरस्वती डे व रचिता मिस्त्री ने 100 मी दौड़ में क्रमशः रजत व कांस्य पदक जीते. भारत की के. एम. बीनामोल 400 मी दौड़ में व गुरमीत कौर जेवलिन थ्रो में रजत पदक जीतने में सफल रहीं. अनुराधा बिस्वाल ने 100 मी बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता.

31 जकार्ता में 13वीं एशियाई एथलेटिक चैम्पियनशिप के अन्तिम दिन भारत ने 2 स्वर्ण, 3 रजत व 3 कांस्य पदक जीतकर अपने कुल पदकों की संख्या 21 (6 स्वर्ण, 10 रजत व 5 कांस्य) कर ली. इससे पदक तालिका में भारत का स्थान चीन के बाद दूसरा रहा. भारत के लिए अन्तिम दिन के दो स्वर्ण पदक क्रमशः अनिल कुमार (डिस्कस थ्रो) व महिलाओं की 4 × 400 मी रिले टीम ने जीते. 3 रजत पदक क्रमशः संजय कुमार (लम्बी कूद) तथा पुरुषों की 4 × 400 मी रिले टीम व महिलाओं की 4 × 100 मी रिले टीम ने जीते. तीन कांस्य पदक क्रमशः हृदयनाथ (डिस्कस थ्रो), विनीता त्रिपाठी (200 मी) व रोजा कुट्टी (800 मी) ने जीते.

– गत विजेता उड़ीसा ने कर्नाटक को टाई ब्रेकर में हराकर पुनः जीत ली.

– न्यूयॉर्क में अमरीकी ओपन टेनिस में भारत के महेश भूपति व लिएंडर पेस की जोड़ी युगल स्पर्द्धा में अपने पहले ही मुकाबले में डेनियल ऑर्सेनिक (अर्जेंटीना) व जैमी ऑन्सिस (ब्राजील) की जोड़ी से पराजित हो गई. लगभग 9 माह के अन्तराल के पश्चात् विश्व की नम्बर एक रहीं इस जोड़ी की ग्राडस्लैम टेनिस में यह इस की पहली भागीदारी थी.

सितम्बर 2000

1 चेन्नई में 30वीं अखिल भारतीय अन्तर्संस्थान टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग के एकल खिताब पेट्रोलियम स्पोर्टस् कंट्रोल बोर्ड (PSCB) ने क्रमशः सौम्यदीप राय व मौमा दास ने जीते.

ओलिम्पिक खेल : तब से अब तक

ओलिम्पिक खेल पहली बार एथेन्स (यूनान) में 1896 में आयोजित हुए. दो विश्व युद्धों की वजह से ओलिम्पिक खेल 1916, 1940 व 1944 में आयोजित नहीं हो पाए थे. इन खेलों में दो बार हिंसक घटनाएं हुईं. 1972 के म्युनिख ओलिम्पिक में फिलिस्तीनी छापामारों के हमले में 11 इसराइली खिलाड़ी मारे गए और 1996 के अटलांटा ओलिम्पिक में एक बम विस्फोट में तुर्की फोटोग्राफर की जान गयी.

			खिलाड़ियों की संख्या	राष्ट्र	स्पर्धा
I	1896	एथेंस (यूनान)	245	14	43
II	1900	पेरिस (फ्रांस)	1,225	24	86
III	1904	सेंट लुई (अमेरिका)	689	13	89
IV	1908	लंदन (इंग्लैंड)	2,035	22	107
V	1912	स्टाकहोम (स्वीडन)	2,547	28	102
VI	1916	बर्लिन (जर्मनी)	पहले विश्व युद्ध के कारण रद्द		
VII	1920	एंटवर्प (बेल्जियम)	2,669	29	151
VIII	1924	पेरिस (फ्रांस)	3,092	44	126
IX	1928	एम्सटर्डम (होलैंड)	3,014	46	109
X	1932	लॉस एंजिल्स (अमेरिका)	1,408	37	117
XI	1936	बर्लिन (जर्मनी)	4,066	49	129
XII	1940	हेलसिंकी (फिनलैंड)	दूसरे विश्व युद्ध के कारण रद्द		
XIII	1944	लंदन (इंग्लैंड)	दूसरे विश्व युद्ध के कारण रद्द		
XIV	1948	लंदन (इंग्लैंड)	4,099	59	136
XV	1952	हेलसिंकी (फिनलैंड)	4,925	69	149
XVI	1956	मेलबोर्न (आस्ट्रेलिया)	3,184	67	145
XVII	1960	रोम (इटली)	5,248	83	150
XVIII	1964	टोक्यो (जापान)	5,140	93	163
XIX	1968	मैक्सिको सिटी (मैक्सिको)	5,530	112	172
XX	1972	म्युनिख (प. जर्मनी)	7,123	121	195
XXI	1976	मांट्रियल (कनाडा)	6,028	92	198
XXII	1980	मास्को (सोवियत संघ)	5,217	80	203
XXIII	1984	लॉस एंजिल्स (अमेरिका)	6,797	140	221
XXIV	1988	सियोल (दक्षिण कोरिया)	8,465	159	237
XXV	1992	बार्सिलोना (स्पेन)	9,367	169	257
XXVI	1996	अटलांटा (अमेरिका)	10,310	197	271
XXVII	2000	सिडनी (आस्ट्रेलिया)	10,321	200	300

KBK SportsGraphics

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिडनी का ओलिम्पिक दावा

मोट कारलो में अंतरराष्ट्रीय ओलिम्पिक कमेटी की 101वीं बैठक में 23 सितंबर 1993 को सिडनी को 23वें ओलिम्पिक खेलों की मेजबानी सौंपी गयी. सिडनी ने पहले तीन चक में पिछड़ने के बावजूद चौथे चक में पेइचिंग को पीछे छोड़ दिया.

- आठ शहर – सिडनी, पेइचिंग, बर्लिन, इस्तबुल, मेनचेस्टर, ब्रासीलिया, मिलान और ताशकंद ने भी ओलिम्पिक खेलों के दावे प्रस्तुत किए थे.
- मिलान, ताशकंद और ब्रासीलिया ने अपने दावे वापिस लिए.
- प्रमुख दावेदार आस्ट्रेलिया और चीन में से आस्ट्रेलिया ने 1896 से अब तक ओलिम्पिक के प्रत्येक आयोजन में भाग लिया.
- शीर्षक 'शेयर द स्प्रिट' के साथ सिडनी को आस्ट्रेलिया की 90 प्रतिशत जनता का समर्थन मिला.
- अंतरराष्ट्रीय ओलिम्पिक कमेटी ने सिडनी में 1 से 5 मार्च 1993 तक और पेइचिंग में 5 से 9 मार्च 1993 में वहा की सभी खेल सुविधाओं का मुआयना किया.

वोट मिले: (प्रत्येक चक में एक दावेदार हटा)

शहर	चक I	II	III	IV
सिडनी	30	30	37	**45**
पेइचिंग	32	37	40	**43**
मेनचेस्टर	11	13	11	
बर्लिन	9	9		
इस्तंबुल	7			



KBK SportsGraphics

2 बर्लिन में सम्पन्न 22वीं विश्व एमेच्योर गोल्फ चैम्पियनशिप का टीम खिताब अमरीका ने जीता. ब्रिटेन के पॉल केजी ने व्यक्तिगत रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया.

3 गत विजेता पीटर निकोल ने हांगकांग में कनाडा के जोनाथन पॉवर को फाइनल में हराकर कैथे पैसिफिक स्क्वैश चैम्पियनशिप पुनः जीत ली.

– पहली पारी की बढ़त के आधार पर तेल एव प्राकृतिक गैस आयोग (ONGC) को फाइनल में हराकर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (बगलौर) ने चेन्नई में आयोजित बुची बाबू क्रिकेट प्रतियोगिता जीत ली.

4 इंगलैण्ड-वेस्टइंडीज टेस्ट शृंखला का लंदन में ओवल में सम्पन्न पाँचवाँ और अन्तिम टेस्ट मैच जीत कर इंगलैण्ड ने यह टेस्ट शृंखला 3-1 से जीत ली.

5 जालंधर में 30वीं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय कैरम प्रतियोगिता के पुरुष व महिला दोनों ही वर्गों की टीम चैम्पियनशिप तमिलनाडु ने फाइनल में क्रमशः महाराष्ट्र व हैदराबाद को हराकर जीती.

7 न्यूयॉर्क में अमरीकी ओपन टेनिस टूर्नामेन्ट का मिश्रित युगल खिताब स्पेन की अरांत्सा सांचेज विकारियो व अमरीका के जैरेड पाल्मेर की जोड़ी ने फाइनल में अन्ना कूर्निकोवा (रूस) व मैक्स मिर्नी (बेलारूस) की जोड़ी को हराकर जीता.

8 अमरीकी ओपन टेनिस की महिला एकल स्पर्द्धा के सेमीफाइनल मुकाबलों में लिंडसे डवेनपोर्ट (अमरीका) ने एलेना डेवेंतीवा (रूस) को तथा वीनस विलियम्स (अमरीका) ने मार्टिना हिंगिस (स्विट्जरलैण्ड) को पराजित करके फाइनल में स्थान बनाया. **1984 के बाद यह पहला अवसर है जब यू.एस. ओपन में महिला एकल खिताब के लिए फाइनल में पहुँचने वाली दोनों खिलाड़ी अमरीकी हैं.**

– अमरीकी ओपन टेनिस का पुरुष युगल खिताब लीटन हेविट (आस्ट्रेलिया) व मैक्स मिर्नी (बेलारूस) की जोड़ी ने फाइनल में एलिस फेरेरा (द. अफ्रीका) व रिक लीच (अमरीका) की जोड़ी को हराकर जीत लिया.

9 नई दिल्ली में टी-सीरिज आई.टी.एफ. महिला टेनिस के दूसरे चरण में भारत की मनीषा मल्होत्रा ने फाइनल में चैक गणराज्य की वेरोणिका रेमिरोवा को पराजित करके खिताब जीता. एक सप्ताह पूर्व जयपुर में इस सर्किट के पहले चरण में मनीषा आस्ट्रेलिया की मोनिका एडम जेक से फाइनल में पराजित हुई थी.

– इस वर्ष की विम्बलडन चैम्पियन वीनस विलियम्स (अमरीका) ने न्यूयॉर्क में अपने ही देश की लिंडसे डवेनपोर्ट को फाइनल में हराकर अमरीकी ओपन टेनिस का महिला एकल खिताब जीत लिया.

– यू.एस. ओपन टेनिस की पुरुष एकल स्पर्द्धा के सेमीफाइनल मुकाबलों में अमरीका के पीट सम्प्रास ने आस्ट्रेलिया के लीटन हैविट को हराकर तथा रूस के मरात सफिन ने अमरीका के टॉड मार्टिन को हराकर फाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया.

10 अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर तेजस बाकरे व कोनेरू हम्पी ने मुम्बई में सम्पन्न एशियाई जूनियर शतरंज प्रतियोगिता के क्रमशः बालक व बालिका वर्ग के खिताब जीत लिए. बालक वर्ग में भारत के ही पी. हरिकृष्ण व एस. किदाम्बी का स्थान क्रमशः दूसरा व तीसरा रहा, जबकि बालिका वर्ग में दूसरा स्थान चीन की यू तिंग ने व तीसरा स्थान भारत की स्वाति घाटे ने प्राप्त किया.

– ताइपै में सम्पन्न ताइवान ओपन गोल्फ प्रतियोगिता फिजी मूल के भारतीय विजय सिंह ने जीती.

– ओकविले में ग्रांट वेट को फाइनल में हराकर अमरीका के टाइगर वुड्स ने कनाडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेन्ट जीत लिया.

– अमरीकी ओपन टेनिस का पुरुष एकल खिताब रूस के मरात साफिन ने फाइनल में अमरीका के पीट सम्प्रास को हराकर जीता. **यह खिताब जीतने वाले वह पहले रूसी खिलाड़ी हैं. वह पहली बार ही टेनिस की किसी ग्रांड स्लैम स्पर्द्धा के फाइनल में पहुँचे थे.**

– अमरीकी ओपन टेनिस का महिला युगल फ्रांस की जूली हालार्ड-डेक्यूजिस व जापान की आई सुगियामा की जोड़ी ने फाइनल में कारा ब्लैक (जिम्बाब्वे) व एलेना लिखोवत्सेवा (रूस) की जोड़ी को हराकर जीता.

अमरीकी ओपन टेनिस–2000 के प्रमुख विजेता

स्पर्द्धा	*विजेता*
पुरुष एकल	*मरात साफिन (रूस)*
महिला एकल	*वीनस विलियम्स (अमरीका)*
पुरुष युगल	*लीटन हैविट (आस्ट्रेलिया) व मैक्स मिर्नी (बेलारूस)*
महिला युगल	*जूली हालार्ड डेक्यूजिस (फ्रांस) व आई सुगियामा (जापान)*
मिश्रित युगल	*अरांत्सा सांचेज विकारियो (स्पेन) व जैरेड पाल्मेर (अमरीका)*

11 हैदराबाद में सीमित ओवरों का मोइनुद्दौला गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट कैम्पलास्ट एकादश ने फाइनल में इंडिया पिस्टन्स को सात विकेट से हराकर जीत लिया.

शेष पृष्ठ 518 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा (उप अधीक्षक/ जिला परिवीक्षण अधिकारी) में प्रथम स्थान पर चयनित

डॉ. संजय कुमार सिंह

हरियाणा लोक सेवा आयोग की उक्त प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही प्रथम स्थान पर चयनित होकर डॉ. संजय कुमार सिंह ने एक अत्यन्त गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है. अपने आगामी पाठक प्रत्याशियों के लाभार्थ हम उनकी महत्वपूर्ण भेंटवार्ता को यहाँ मूल रूप में प्रकाशित कर रहे हैं:

सा. ज्ञा. द.–आपकी शानदार सफलता के लिए बधाई.

डॉ. सं. कु. सिंह–धन्यवाद.

सा. ज्ञा. द.–परीक्षाफल जानने से पूर्व सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वालों के विषय में आप क्या सोचते थे?

डॉ. सं. कु. सिंह–जितने भी सिविल सर्विसेज में टॉपर्स होते हैं. वह जन्मजात बुद्धिमान एवं अच्छे अकेडमिक कैरियर से होते हैं, परन्तु अब यह अनुभव करता हूँ कि उद्यमशीलता से असम्भव को भी सम्भव किया जा सकता है.

सा. ज्ञा. द.–आपने पूर्व वर्षों के 'टॉपर्स' के साक्षात्कार में पढ़ा होगा कि उन्होंने किस प्रकार अपने-अपने ढंग से सिविल सेवाओं को 'कैरियर' बनाने की अभिव्यक्ति की है, लेकिन वर्तमान में अनेक पथों (Avenues) के खुल जाने के साथ, अब इस विषय में आपकी क्या राय है?

डॉ. सं. कु. सिंह–सिविल सर्विसेज में कैरियर की शुरूआत ही ऊँचाइयों से होती है, और यह सत्य है कि उच्च व्यवसायिक ज्ञान के पश्चात् कैरियर के विभिन्न पथ खुल जाते हैं, परन्तु समाज में प्रतिष्ठा और चुनौतीपूर्ण दायित्व जैसे कारकों के विद्यमान होने के कारण सिविल सेवा वर्तमान में भी प्रभावशाली व आकर्षक बनी हुई है.

सा. ज्ञा. द.–आपकी सफलता का मूलमंत्र क्या है?

डॉ. सं. कु. सिंह–कठोर परिश्रम, लक्ष्य को हमेशा मस्तिष्क में रखकर ईमानदारी से प्रयत्न करना.

सा. ज्ञा. द.–कितने प्रयासों में यह सफलता आपने अर्जित की? अपने पहले प्रयास के बारे में आपकी क्या राय है?

डॉ. सं. कु. सिंह–हरियाणा लोक सेवा आयोग में मेरा यह प्रथम प्रयास है.

सा. ज्ञा. द.–सिविल सेवाओं को कैरियर चुनने की प्रेरणा आपको कब और कहाँ से मिली?

डॉ. सं. कु. सिंह–मेरे पिताजी एवं मामा ने सदैव मुझे इसके लिए प्रेरित किया.



..... सभी पत्रिकाओं में 'सामान्य ज्ञान दर्पण एवं प्रतियोगिता दर्पण' विशेष रूप से उच्चस्तरीय पत्रिकाएं हैं. इनके बिना सिविल सर्विस की सही तैयारी कल्पनातीत है.

..... उपकार प्रकाशन की 'सामान्य ज्ञान दिग्दर्शन' भी एक उच्चकोटि की पुस्तक है.

सा. ज्ञा. द.–आपकी शैक्षिक पृष्ठभूमि क्या है?

डॉ. सं. कु. सिंह–मैंने मैथमेटिक्स में राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से पी-एच. डी. किया है.

सा. ज्ञा. द.–आपके ऐच्छिक विषय (Optionals) क्या थे? उनके चयन का आपका आधार क्या था?

डॉ. सं. कु. सिंह–मेरा ऐच्छिक विषय एक तो गणित ही था. अध्यापन के क्षेत्र में होने के कारण विषय को समृद्ध बनाने के बड़े अच्छे अवसर मिले, एक प्राचीन इतिहास जो मेरा प्रिय विषय रहा है.

सा. ज्ञा. द.–प्रारम्भिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार के लिए आपने क्या कार्य- योजना बनाई?

डॉ. सं. कु. सिंह–इसके लिए गम्भीरता से गहन तैयारी की थी, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय विषयों पर आर्थिक मामलों पर, भारत की विदेश नीति पर अच्छी तैयारी की थी. छोटे भाई अभिषेक के साथ छद्म इंटरव्यू इसमें बड़े सहायक रहे हैं तथा मित्रों विजेन्द्र, धरम ने इंटरव्यू की तैयारी में योगदान दिया.

व्यक्ति परिचय

नाम–डॉ. संजय कुमार सिंह
पिता का नाम–श्री चत्तर सिंह
माता का नाम–श्रीमती सावित्री देवी
आयु–30 वर्ष
शैक्षिक योग्यता–
बी. एस-सी.–एन. एम. पी. जी., हनुमानगढ़ जक्शन.
एम. एस-सी (गणित)–एस. जी. एन. खालसा कॉलेज, श्री गंगानगर (राजस्थान)
पी-एच. डी. (गणित)–राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर.

सा. ज्ञा. द.–आपने संघ[illegible] प्राथमिकता दी है?

डॉ. सं. कु. सिंह–[illegible] (D.S.P.)

सा. ज्ञा. द.–आपकी राय में [illegible] सर्विस परीक्षा की तैयारी के लिए [illegible] समय की आवश्यकता होती है?

डॉ. सं. कु. सिंह–आठ से [illegible] का समय पर्याप्त होता है.

सा. ज्ञा. द.–आपने साक्षात्कार [illegible] लिए तैयारी कैसे की? आपका साक्षात्कार कब था? आपसे साक्षात्कार में [illegible] प्रश्न पूछे गए?

डॉ. सं. कु. सिंह–साक्षात्कार के [illegible] सामान्य ज्ञान दर्पण एवं प्रतियोगिता दर्पण [illegible] बड़ी सहायता मिली. समसामयिक घटनाओं के लिए विदेश नीति के बारे में, आर्थिक मामलों के लिए मैं पूर्णतया, सामान्य ज्ञान दर्पण एवं प्रतियोगिता दर्पण पर ही निर्भर था.

मेरा साक्षात्कार 8 दिसम्बर को एल. डी. मेहता के बोर्ड में था. मुझसे प्रश्न पूछे गए उसमें मानवाधिकार, [illegible] जेलों की मुख्य समस्याएं, कोसोवो [illegible] सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा किए गए मापदण्ड, मुख्य आर्थिक [illegible] विदेश नीति की कमियाँ इत्यादि प्रश्न [illegible] गए. गणित में प्रक्षेप्य (Projectile) [illegible] कैलेन्डर, पंचांग गणित, त्रिकोणमिति [illegible]

सा. ज्ञा. द.–साक्षात्कार की [illegible] का कौनसा पहलू/पक्ष आपको [illegible] सहायक हुआ?

डॉ. सं. कु. सिंह–प्रत्येक [illegible] लिए सकारात्मक दृष्टिकोण व धैर्य [illegible]

सा. ज्ञा. द.–सिविल सर्विसेज [illegible] परीक्षा की तैयारी में प्रतियोगिता [illegible] पत्रिकाओं का क्या योगदान है?

डॉ. सं. कु. सिंह–सभी पत्रिकाएं [illegible] प्रतियोगिता दर्पण एवं सामान्य ज्ञान [illegible] विशेष रूप से सहायक होती है. [illegible] उच्चस्तरीय पत्रिका है. मेरा निजी [illegible] यह है कि 'आप प्रतियोगिता दर्पण [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिविल सर्विसेज की तैयारी की कल्पना ही नहीं कर सकते.'

व्यक्तिगत विशेषताएं

रुचियाँ–	विश्व के महान् व्यक्तियों के जीवन-चरित्र एवं आत्म-कथा पढ़ना, क्रिकेट देखना, टी. वी. पर संसदीय बहस को सुनना.
आदर्श व्यक्ति–	श्री जी. एच. यादव (प्राचार्य) एवं श्री जितेन्द्र सिंह पंवार.
सबल पक्ष–	कठोर परिश्रम एवं किसी भी कार्य के लिए सम्पूर्ण शक्ति लगाना, सीखने को सदैव लालायित रहना.
दुर्बल पक्ष–	अत्यधिक भावुक एवं कभी-कभी निराश हो जाना.

सा. ज्ञा. द.–कृपया कुछ समाचार-पत्रों एवं पुस्तकों के नाम बताइए, जिन्हें आपने अपनी तैयारी में इस्तेमाल किया हो.

डॉ. सं. कु. सिंह–पत्रिकाएं

1. प्रतियोगिता दर्पण एवं सामान्य ज्ञान दर्पण
2. इण्डिया टुडे

समाचार-पत्र–

1. हिन्दुस्तान टाइम्स
2. टाइम्स ऑफ इण्डिया
3. नवभारत टाइम्स

सा. ज्ञा. द.–आपको 'प्रतियोगिता दर्पण' एवं 'सामान्य ज्ञान दर्पण' मासिक पत्रिकाएं कैसी लगीं? इन सेवाओं के लिए इसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए क्या किया जाए?

डॉ. सं. कु. सिंह–जैसाकि मैं पूर्व में भी कह चुका हूँ प्रतियोगिता दर्पण एवं सामान्य ज्ञान दर्पण सभी पत्रिकाओं में 'नक्षत्रों में सूर्य' की भाँति हैं, परन्तु अभी भी सुधार की और आवश्यकता है, जैसे–गम्भीर से गम्भीर विषयों को भी ग्राह्य बनाकर प्रस्तुत करना चाहिए.

सा. ज्ञा. द.–क्या प्रतियोगी के परिवार की शैक्षिक, आर्थिक एवं जनांकिकीय (Demographic) स्थिति का प्रभाव उसकी तैयारी पर पड़ता है?

डॉ. सं. कु. सिंह–परिवार की पृष्ठभूमि का असर अवश्य पड़ता है, आज प्रतियोगी परीक्षाएं प्रारम्भ से लेकर अन्त तक बड़ी महँगी हो गई हैं. तैयारी के लिए विभिन्न प्रकार की पुस्तकों की आवश्यकता होती है. इसलिए आर्थिक रूप से प्रभाव अवश्य होता है.

इसी प्रकार से शैक्षिक पृष्ठभूमि को भी उपेक्षित नहीं कर सकते. यदि परिवार की शैक्षिक पृष्ठभूमि है तो तैयारी में विशेष सहायता मिलती है.

शेष पृष्ठ 364 पर

किसी भी तैयारी का आरम्भ ही कठिन होता है, अंत नहीं
परीक्षा की तैयारियों में भी यह बात है बिल्कुल सही

'परीक्षा के लिए पढ़ाई कैसे करें'? इस प्रश्न पर अधिकांश परीक्षार्थी मुश्किल में पड़ जाते हैं और जो ज़रूरी नहीं है, वह पढ़ डालते हैं. नतीजा, उन्हें निराश होना पड़ता है. प्रतियोगिता दर्पण 1978 से आपकी परीक्षा तैयारियों में आपका सहयोग कर रही है. कब, क्या, किस परीक्षा के लिए कितना पढ़ना है – इस सन्दर्भ में आपका उचित मार्गदर्शन कर रही है. 40.5 लाख पाठक (रिपोर्ट: IRS 2000) इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है.

परीक्षा विशेषांक
प्रतियोगिता दर्पण
हिन्दी मासिक

मूल्य रू. 35/-

हल प्रश्न पत्र
एस.एस.सी संयुक्त मुख्य (स्टेनोग्राफर ग्रेड सी), 2000
स्टेट बैंक पी.ओ., 2000
बी.पी.एस.सी. प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय(प्रा.)2000
सिविल सेवा (प्रा.) 2000
आर.ए.एस./आर.टी.एस., 1999
बी.एस.आर.बी. (कलकत्ता) क्लेरिकल, 2000
मॉडल हल
बी.एस.आर.बी. (पी.ओ. एवं क्लर्क) परीक्षा

अब उपलब्ध
अक्तूबर 2000

प्रतियोगिता दर्पण
हिन्दी मासिक
निरन्तर प्रगति ....1978 से

APPROACH PD/10-2000

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रश्न–मैं शारीरिक शिक्षा (Physical Education) के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहता हूँ. यह कोर्स कहाँ से किया जा सकता है तथा कोर्स पूर्ण होने के बाद किस रूप में भविष्य सँवारा जा सकता है?

** अजनी नंदन तिवारी, गाजीपुर (यू. पी.)*

उत्तर–तेजी से हो रहे शहरीकरण और उससे जुड़ी समय की किल्लत तथा स्वास्थ्य समस्याओं ने देश में शारीरिक शिक्षा के प्रति नई जागरूकता पैदा की है. इस क्षेत्र में कैरियर का उज्ज्वल भविष्य है.

शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम को सफलता-पूर्वक समाप्त कर लेने के पश्चात् विभिन्न स्कूलों में शारीरिक शिक्षक (पी. टी. आई.), महाविद्यालयों में क्रीड़ा अधिकारी और विश्व-विद्यालयों में व्याख्याता (शारीरिक शिक्षा) के रूप में भविष्य सँवारा जा सकता है. इसके अतिरिक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय, डी. ए. वी. तथा बड़े-बड़े औद्योगिक संगठनों द्वारा संचालित विद्यालयों, रेलवे स्कूलों तथा अन्य निजी स्कूलों में भी अनुदेशकों की काफी माँग है.

प्रमुख संस्थान–

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्टस, पटियाला (पंजाब)
- लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर (मध्य प्रदेश)
- डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजूकेशन, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी (यू. पी.)
- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ हेल्थ एण्ड फिजिकल एजूकेशन, राजेन्द्र नगर, पटना (बिहार)
- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजूकेशन, जोधपुर (राजस्थान)
- क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ फिजिकल एजूकेशन, गोलगंज, लखनऊ (यू. पी.)

प्रश्न–मैंने वर्ष 1992 में विज्ञान विषय के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी. परिस्थितियों के कारण मैं बी. ए. रेगुलर नहीं कर सका. अब मैं आगे पढ़ना चाहता हूँ. कृपया स्नातक के लिए पत्राचार कोर्स हेतु बेहतर संस्थान का पता बताएं तथा स्नातक करने के बाद मेरे लिए कौनसी प्रतियोगिता परीक्षा सर्वाधिक सटीक रहेगी?

** सुमन मल्लिक, सुपौल (बिहार)*

उत्तर–आप पत्राचार द्वारा स्नातक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), स्थित अध्ययन केन्द्रों के अलावा डायरेक्टरेट ऑफ डिस्टेंस एजूकेशन, अन्नामलाई विश्व-विद्यालय, अन्नामलाई नगर-608002, पटना वि. वि., इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरेसपोण्डेंस कोर्सेज, पटना, कुरुक्षेत्र वि. वि., डिपार्टमेंट ऑफ डिस्टेंस एजूकेशन, कुरुक्षेत्र-19, मदुरैकामराज वि. वि., इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरेसपोण्डेंस एजूकेशन, यूनिवर्सिटी बिल्डिंग, पाल्कालै नगर, मदुरै-625021 से कर सकते हैं.

स्नातक करने के बाद आपके पास बैंक, रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में शामिल होने के अलावा निजी कम्पनियों में नौकरी करने या स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने जैसे तमाम विकल्प हैं.

प्रश्न–फिल्म क्षेत्र में जाना चाहता हूँ. क्या इसके लिए मुझे कहीं कोर्स करना पड़ेगा? क्या उचित होगा, मार्गदर्शन करें?

** रामबाबू कुमार, मोतिहारी*

** रमेन्द्र कुमार, रोहतास*

उत्तर–फिल्मों में हालांकि रोजगार के अच्छे अवसर हैं, लेकिन इस क्षेत्र में लम्बे अर्से तक संघर्ष करना पड़ सकता है. यदि संघर्ष कर सकते हों, तो किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित होकर जाना उचित होगा.

फिल्म क्षेत्र में प्रशिक्षण देने वाले अनेक संस्थान कार्यरत् हैं. प्रवेश हेतु इन प्रमुख संस्थानों से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं–

- फिल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, लॉ कॉलेज रोड, पुणे (महाराष्ट्र),
- राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बहावलपुर हाउस, भगवानदास रोड, नई दिल्ली-110001,
- सत्यजीत रे फिल्म एण्ड टेलीविजन संस्थान, ईएम वाईपास रोड पीओ, गेरिया, कलकत्ता-94,
- फिल्मवेज, 39/307, मोतीनगर, नं.-3 गोरेगाँव, मुम्बई-400062.

प्रश्न–कृपया एन. डी. ए. (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) परीक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दें.

** लालजी प्रसाद, पश्चिमी चम्पारण*

उत्तर–राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा का आयोजन संघ लोक सेवा आयोग करता है. इसके लिए केवल वे ही अविवाहित पुरुष उम्मीदवारी के पात्र हैं जिनकी आयु साढ़े सोलह से उन्नीस वर्ष के बीच है तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 10+2 है. इसके लिए वर्ष में दो बार आवेदन मँगाए जाते हैं. पहले अप्रैल/मई में और दूसरी बार अक्टूबर/नवम्बर में.

एन. डी. ए. परीक्षा में दो वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्र होते हैं–पहला गणित का व दूसरा सामान्य बुद्धि परीक्षा (अंग्रेजी एवं सामान्य ज्ञान सहित). ये प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी में ही तैयार किए जाते हैं. गणित के लिए 300 अंक व सामान्य बुद्धि परीक्षा के लिए 600 अंक निर्धारित किए गए हैं. प्रत्येक प्रश्न-पत्र को हल करने के लिए ढाई घंटे की निश्चित अवधि दी जाती है. समय की कमी और प्रश्नों की संख्या को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी है कि उत्तर का शीघ्रतापूर्वक सही आकलन करने की क्षमता होनी चाहिए. यह कार्य अधिक-से-अधिक अभ्यास द्वारा ही सम्भव है.

प्रश्न–दूरदर्शन समाचारवाचक कैसे बन जा सकता है?

** चिमनानी जीतेन्द्र उद्यभ, वाहूद, (गुजरात)*

** अमित कुमार, पटना*

उत्तर–समाचारवाचक के लिए आवश्यक योग्यता स्नातक की डिग्री है. आयु सीमा 21 से 35 वर्ष है. नियुक्ति अस्थायी तौर पर अनुबंध के द्वारा होती है. इस पद हेतु सबसे पहले लिखित परीक्षा ली जाती है तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं का ज्ञान होना चाहिए. लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के पश्चात् मेरिट लिस्ट के आधार पर नियुक्ति होती है. इन पदों के लिए विज्ञापन विभिन्न समाचार-पत्रों रोजगार समाचार में समय-समय पर निकलते रहते हैं.

प्रश्न–आई. टी. आई. के बाद क्या सम्भावनाएं हैं? जानकारी दें.

** गणेश चन्द्र, मुजफ्फरपुर*

उत्तर–सर्वप्रथम आप रोजगार कार्यालय के तकनीकी शाखा में रजिस्ट्रेशन करा दीजिए, जब आपका नम्बर आएगा तो सूचित किया जाएगा. साथ ही, रोजगार समाचार तथा अखबारों के विज्ञापनों पर नजर रखिए. रिक्तियाँ प्रकाशित होने पर आवेदन कीजिए. जीवन परिचय (बायोडाटा) बनाकर प्राइवेट औद्योगिक इकाइयों से सम्पर्क करें तथा जॉब प्लेसमेंट की मदद ले सकते हैं.

प्रश्न–जर्नलिज्म कोर्स करने के बाद क्या-क्या रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं?

** मनीष कुमार, तमकुहीराज*

उत्तर–पत्रकारिता में अभिरुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं. आकाशवाणी व दूरदर्शन में उद्घोषक, रेडियो कमेंटेटर, स्तम्भ लेखक, जनसम्पर्क अधिकारी, सूचना अधिकारी, विज्ञापन अधिकारी, प्रचार अधिकारी के पद होते हैं. इसके अलावा केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में लेकर बड़ी-बड़ी प्रचार (विज्ञापन) एजेंसियों, रेलवे, बीमा कम्पनियों में जनसम्पर्क अधिकारी, प्रचार अधिकारी, गृह पत्रिका के सम्पादन हेतु सम्पादक, उप-सम्पादक, प्रूफ रीडर, सहायक के अनेक महत्वपूर्ण पद होते हैं.

शेष पृष्ठ 363 का

सा. ज्ञा. द.–आगामी प्रत्याशियों के लिए आप क्या सुझाव/सलाह देना चाहेंगे?

डॉ. सं. कु. सिंह–यदि हम अपनी शक्ति से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में जुट जाएं तो कठिन-से-कठिन लक्ष्य भी आसान हो जाता है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार संचयिका

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

1. 'आयुर्वेद' किस वेद का उपवेद है?
– ऋग्वेद का

2. 'गीतगोविन्द' किस भाषा में रचित काव्य-रचना है?
– संस्कृत

3. कार्तिकेय तथा उसके वाहन मोर की आकृति किसके सिक्कों पर मिलती है?
– कुमारगुप्त के सिक्कों पर

4. ऋग्वेद में 'जन' और 'विश' का उल्लेख क्रमशः कितनी बार हुआ है?
– 275, 170

5. 'इब्नबतूता' किसके समय में दिल्ली आया था?
– मुहम्मद बिन तुगलक

6. 'अब्दुल-कादिर-अल-जिलानी' ने किस सम्प्रदाय की स्थापना की थी?
– कादिरी सम्प्रदाय की

7. अलाउद्दीन खिलजी द्वारा समाप्त की गई जागीर प्रथा को पुनः किसने चलाया?
– फिरोजशाह तुगलक ने

8. 'तख्त-ए-ताउस' (Takhate–Taus) जिसके निरीक्षण से बना, उसका नाम था–
– बेबादल खाँ

9. किस अंग्रेज गवर्नर जनरल ने भारतीय स्मारकों के संरक्षण में रुचि दिखाई है?
– लॉर्ड कर्जन

10. 'गुलरूखी' उपनाम से कौनसा सुल्तान काव्य रचना करता था?
– सिकन्दर लोदी

राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन

11. आजाद हिन्द फौज (I.N.A.) पर ऐतिहासिक मुकदमा कहाँ चला था?
– दिल्ली के लाल किले में

12. 1857 ई. के विद्रोह के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौन थे?
– पामर्स्टन

13. "मेरा अन्तिम उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के आँख से आँसू पोछना है"–यह प्रसिद्ध कथन किस महान नेता का है?
– पं. जवाहरलाल नेहरू का

14. दिसम्बर 1885 में बम्बई में कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन हुआ, जिसमें कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया?
– 72 (इस अधिवेशन में प्रायः सभी अंग्रेजी पढ़े-लिखे लोग विशेषकर वकील, कुछ बम्बई के व्यापारी और बंगाल के जमींदार थे)

15. स्वतंत्रता से पहले लोक सभा को किस नाम से जाना जाता था?
– केन्द्रीय विधान सभा (Central Legislative Assembly) के नाम से

16. किस भारतीय नेता ने गोलमेज कांफ्रेन्स की तीनों बैठकों में भाग लिया?
– डॉ. भीमराव अम्बेडकर

17. होमरूल आन्दोलन के नेताओं ने 'होमरूल' शब्द कहाँ के सदृश आन्दोलन से ग्रहण किया था?
– आयरलैण्ड

18. वह कांग्रेस प्रेसीडेण्ट कौन था जिसने 1942 में क्रिप्स के साथ तथा शिमला कान्फ्रेन्स में वावेल के साथ वार्ता की थी?
– अबुल कलाम आजाद

19. कांग्रेस के किस अधिवेशन में हिन्दी को सर्वप्रथम राष्ट्रभाषा के रूप में प्रस्तुत किया गया था?
– बेलगाँव अधिवेशन, 1924 में

20. 1946 में पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा गठित भारत की अन्तरिम सरकार में गृहमंत्री कौन थे?
– सरदार वल्लभ भाई पटेल

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

21. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उपाधियों का अन्त करने का प्रावधान किया गया है?
– अनुच्छेद 18 में

22. किसी विधायक के चुनाव के विरुद्ध याचिका कहाँ दायर की जाती है?
– सम्बन्धित उच्च न्यायालय में

23. राष्ट्रपति पद के रिक्त हो जाने के पश्चात् कितनी अवधि के भीतर उसका भरा जाना आवश्यक है?
– 6 माह के भीतर

24. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राष्ट्रपति को मन्त्रिपरिषद् द्वारा लिए जा रहे नियमों की सूचना प्राप्त करने का अधिकार है?
– अनुच्छेद–78

25. किस समिति की संस्तुतियों के आधार पर संविधान में मूल कर्त्तव्यों को सम्मिलित किया गया?
– स्वर्ण सिंह समिति की संस्तुतियों के आधार पर

26. किसका कथन है कि "भारतीय संविधान में राष्ट्रपति का वही स्थान है, जो इंगलैण्ड के संविधान में वहाँ के सम्राट का है?"
– डॉ. भीमराव अम्बेडकर

27. यदि संसद में किसी मतदान के समय किसी राजनीतिक दल के सदस्य अपने दल के आदेश और नीति के विरुद्ध मतदान करते हैं, तो उसे क्या कहते हैं?
– क्रॉस वोटिंग

28. संविधान का कौनसा भाग संविधान निर्माताओं के मनोभाव एवं आदर्शों को व्यक्त करता है?
– प्रस्तावना

29. पंचायती राज संस्थाएं अपनी निधि के लिए किस पर निर्भर करती हैं?
– सरकारी अनुदान एवं राज्य द्वारा प्राधिकृत कर, शुल्क पथकर आदि का संग्रह

30. 7वाँ संविधान संशोधन का उद्देश्य क्या था?
– राज्य के चार वर्गों को समाप्त कर राज्यों तथा संघ राज्यों की स्थापना करना

भारत एवं विश्व का भूगोल

31. बंगाल की खाड़ी व अरब सागर में उष्ण कटिबंधीय चक्रवात को किस नाम से जाना जाता है?
– उष्ण चक्रवात

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

32. कनाडा का सडबरी (Sudbery) क्षेत्र किस खनिज के लिए विख्यात है?
– निकिल

33. कराकोरम पर्वत श्रेणी, जो जम्मू-कश्मीर राज्य में स्थित है, का पूर्व नाम क्या था?
– कृष्णागिरी

34. पैनगंगा, वर्धा और बेनगंगा किसकी सहायक नदियाँ हैं?
– गोदावरी की

35. भारत के किस राज्य में काजू का सबसे अधिक उत्पादन किया जाता है?
– केरल में

36. किस जलविद्युत परियोजना को भारत के मानव निर्मित सबसे बड़ी झील से जलापूर्ति की जाती है?
– रिहन्द परियोजना से

37. मैटूर जलविद्युत परियोजना किस राज्य में स्थित है?
– तमिलनाडु में

38. ब्रिज टाउन किस देश की राजधानी है?
– बारबाडोज की

39. अमरीका के कुल लौह अयस्क उत्पादन का कितना प्रतिशत सुपीरियर झील क्षेत्र से प्राप्त होता है?
– 80 प्रतिशत

भारतीय अर्थव्यवस्था

40. आर. एन. मलहोत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी?
– बीमा क्षेत्र से सम्बन्धित

41. भारत में कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम किस वर्ष पास किया गया?
– 1948 में

42. विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) के वर्तमान महानिदेशक कौन हैं?
– माइक मूर

43. नीली क्रान्ति का सम्बन्ध किससे है?
– मत्स्य उत्पादन

44. 1955 में भारतीय इम्पीरियल बैंक का राष्ट्रीयकरण करके उसे किस बैंक में बदल दिया गया?
– भारतीय स्टेट बैंक

45. मूल्य संवर्धित कर (VAT) को लागू करने की सिफारिश किस समिति ने की थी?
– लक्ष्मीकान्त झा समिति ने (1976 में)

46. वर्ष 2000-2001 के आम बजट में रक्षा मद में कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है?
– 58,587 करोड़ रुपए

47. कृषि मन्त्रालय के संशोधित अनुमान के अनुसार वर्ष 1999–2000 में भारत में कितने मिलियन टन गेहूँ का उत्पादन होने का अनुमान है?
– 74.25 मिलियन टन

सामान्य विज्ञान

48. मनुष्य न्यूनतम कितनी आवृत्ति तक की ध्वनि सुन सकता है?
– 20 हर्ट्ज तक की

49. चाय का रासायनिक नाम क्या है?
– कैल्सियम कार्बोनेट

50. पैलाग्रा रोग किस पोषक पदार्थ की लगातार कमी से होता है?
– नियासिन

51. 'न्यूटन/किग्रा.' किस भौतिक राशि का मात्रक है?
– त्वरण (Acceleration) का

52. मनुष्य के शरीर से त्वचा का अत्यन्त सूक्ष्म रूप से झड़ना क्या कहलाता है?
– कैरेटिनाइजेशन (Keratinization)

53. 4–क्लोरोफॉर्म का आविष्कार किसने किया था?
– जेम्स सिम्पसन ने

54. राष्ट्रपति द्वारा हाल ही में डॉ. बी. सी. राय पुरस्कार किस मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया है?
– डॉ. फारुख अब्दुल्ला को

55. फोटोग्राफी में 'स्थायीकर' के रूप में प्रयुक्त होने वाला रसायन है–
– सोडियम थायोसल्फेट

56. 'पीडियाट्रिक्स' किसके अध्ययन से सम्बन्धित है?
– शिशु रोग के अध्ययन से

खेलकूद

57. भारत और द. अफ्रीका के बीच खेले गए पाँच एकदिवसीय क्रिकेट शृंखला में 'मैन ऑफ द टूर्नामेन्ट' किसे घोषित किया गया?
– सचिन तेंदुलकर को

58. कलकत्ता के खेल पत्रकार क्लब ने वर्ष 1999 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए किसे चुना है?
– सौरभ गांगुली

59. 'बैक हैंड ड्राइव' शब्द किस खेल से सम्बन्धित है?
– लान टेनिस

60. 'वाइंटन कप' किस खेल से सम्बन्धित है?
– हॉकी

61. वर्ष 2002 के शीतकालीन ओलम्पिक खेल कहाँ आयोजित होंगे?
– साल्ट लेक सिटी, यू. एस. ए.

62. पाकिस्तान की क्रिकेट टीम का कोच किसे नियुक्त किया गया है?
– मोइन खान को

63. आस्ट्रेलियाई ओपन–2000 का मिश्रित युगल खिताब किस जोड़ी ने जीता?
– रेन स्टब्स (आस्ट्रेलिया) और जैरेड पाल्मेर (अमरीका) की मिश्रित युगल जोड़ी

64. ढाका में श्रीलंका को फाइनल में हराकर किस देश ने दक्षेस गेम्स चैम्पियनशिप जीतने में सफलता प्राप्त की?
– भारत

65. स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) की स्थापना कब हुई?
– 1984

66. विश्व की वह प्रथम महिला मुक्केबाज जिसने पहली बार अक्टूबर 1999 में सिएटल में आयोजित पुरुष-महिला मुकाबले में विजय प्राप्त की?
– मार्गरेट मैक ग्रेगर (Margaret Mac Gregor)

विविध

67. "I want unwanted people" किसका कथन है?
– मदर टेरेसा का

68. सन् 1971 के बांग्लादेश युद्ध में भारत की ओर से किसने हस्ताक्षर किए?
– जनरल जे. एस. अरोड़ा ने

69. भारत-पाकिस्तान के बीच सीमांकन का कार्य किसने किया था?
– सिरिल रैडक्लिफ ने

70. नेशनल जिओफिजीकल रिसर्च इंस्टीट्यूट कहाँ स्थित है?
– हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)

71. किसने कहा था– "We have a tryst with destiny?"
– जवाहरलाल नेहरू

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

72. सिडनी ओलम्पिक्स में भारतीय दल के प्रमुख (Chief-de-mission) कौन हैं?
– अशोक कुमार मट्टू

73. फॉकलैण्ड द्वीप स्थित है–
– अटलांटिक महासागर में

74. विश्व उपभोक्ता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?
– 15 मार्च को

75. 'द रोमांटिक्स' नामक पुस्तक किसने लिखी है?
– पंकज मिश्र ने

76. सिन्धु घाटी सभ्यता में धान की भूसी के ढेर कहाँ मिले थे?
– रंगपुर में

77. राबिआ बीबी का मकबरा कहाँ बनाया गया था?
– औरंगाबाद में

78. भुवनेश्वर तथा पुरी के मन्दिर किस शैली में निर्मित है?
– नागर शैली में

79. औद्योगिक विकास एवं इसकी रणनीति किस पंचवर्षीय योजना की महत्वपूर्ण अंग थी?
– द्वितीय पंचवर्षीय योजना की

80. पृथ्वी का वह क्षेत्र जो कर्क और मकर रेखा के बीच स्थित है, क्या कहलाता है?
– उष्ण कटिबन्ध

81. 'द ओल्ड मैन एण्ड द सी' किसने लिखी है?
– अर्नेस्ट हेमिंग्वे

82. 'साइलेन्ट वैली' का उष्णकटिबंधी वन किस राज्य में स्थित है?
– केरल

83. नई दिल्ली में गत फरवरी माह में 14वाँ विश्व पुस्तक मेला सम्पन्न हुआ. इस पुस्तक मेला का आयोजन किया गया था–
– नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा
(यह पुस्तक मेला विशेष रूप से बाल साहित्य पर केन्द्रित था)

84. 26 जनवरी, 2000 को नई दिल्ली के गणतन्त्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कौन थे?
– ओलुसेगुन ओबासांजो

85. परमाणु ऊर्जा आयोग के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं–
– डॉ. अनिल काकोडकर

86. अलकनन्दा और मन्दाकिनी नदियों का सगम किस जगह होता है?
– रुद्र प्रयाग में

87. जापान की राजधानी 'टोक्यो' किस द्वीप पर स्थित है?
– होंशू द्वीप पर

88. भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष कौन हैं?
– जी. जी. बैद्य

89. भारत के पूर्व डेविस कप टेनिस खिलाड़ी गौरव नाटेकर ने हाल ही में किस प्रसिद्ध महिला टेनिस खिलाड़ी से विवाह कर लिया है?
– आरती पोनप्पा से

90. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किसकी आत्मकथा है?
– हरिवंशराय बच्चन की

91. शरीर में सबसे अधिक मजबूत पेशीं होती है–
– जबड़ा

92. संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य होने के लिए किसकी सिफारिश का होना आवश्यक है?
– सुरक्षा परिषद् का

93. वह भारतीय अर्थशास्त्री जो संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम में मानव विकास सलाहकार है?
– प्रो. अमर्त्य सेन

94. 'पूसा हाइब्रिड–10' किस फसल की पहली संकर प्रजाति है?
– बासमती चावल की

95. शतरंज में इंटरनेशनल वीमेंस का दर्जा पाने वाली एशिया की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी कौन हैं?
– कोनेरू हम्पी

सामयिक घटनाएं

96. वर्ष 2000 की मिस यूनीवर्स का खिताब जीतने वाली 21 वर्षीया 'लारा दत्त' किस देश से सम्बन्ध रखती हैं?
– भारत से

97. विकासशील राष्ट्रों के समूह G–77 का शिखर सम्मेलन अप्रैल 2000 में कहाँ सम्पन्न हुआ?
– हवाना (क्यूबा) में

98. भारतीय उद्योग महासंघ के वर्तमान अध्यक्ष हैं–
– अरुण भरतराम

99. भारतीय मूल की किस महिला को उनके पहले ही कहानी संग्रह 'इंटरप्रेटर ऑफ मैलाडीस' (Interpreter of meladies) के लिए इस वर्ष का पुलित्जर पुरस्कार प्रदान किया गया है?
– झुम्पा लाहिड़ी को

100. हिन्दी के प्रख्यात कथाकार निर्मल वर्मा व पंजाबी के प्रसिद्ध उपन्यासकार गुरुदयाल सिंह को वर्ष 1999 का संयुक्त रूप से किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
– ज्ञानपीठ पुरस्कार से

101. वित्तीय वर्ष 2000-2001 में केन्द्र का राजकोषीय घाटा कितने करोड़ रुपए तक रहने का अनुमान है?
– 111275 करोड़ रुपए
(जी. डी. पी. का 5.1%)

102. भारत के किस पड़ोसी देश ने बहुचर्चित एवं विवादित व्यापक परमाणु परीक्षण निषेध सन्धि (C.T.B.T.) का औपचारिक रूप से अनुमोदन कर दिया है?
– बांग्लादेश

103. 'अमरीकन ब्यूटी' को इस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फिल्म घोषित करते हुए पाँच ऑस्कर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है. इस फिल्म के निर्देशक कौन हैं?
– साम मेंडेस (Sam mendes)

104. झारखण्ड विधेयक लोक सभा और राज्य सभा में पारित हो गया है. इस नए राज्य में कितने जिले शामिल किए जाने प्रस्तावित हैं?
– 18 जिले

105. अमरीका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा समाप्त हुई. इस यात्रा में उनके साथ उनकी एक पुत्री आई थी, जिसका नाम था–
– चेलेसा विक्टोरिया

●●●

कैरियर सलाह

आजकल रोजगार के अत्यधिक अवसर उपलब्ध रहने के बावजूद सही निर्णय/निर्देशन के अभाव में अधिकांश युवा दिग्भ्रमित होकर अपना कैरियर बर्बाद कर रहे हैं. इसे देखते हुए सामान्य ज्ञान दर्पण में कैरियर सलाह स्तम्भ प्रकाशित किया जा रहा है. जिज्ञासु पाठक किसी भी कैरियर से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के प्रश्न पूछ सकते हैं. अपना उत्तर पाने के लिए निम्नलिखित पते को पोस्टकार्ड पर चिपकाकर भेजें–

कैरियर सलाह
प्रतियोगिता दर्पण
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर
आगरा–282 002

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य

- स्लोवाक गणराज्य में भारत का राजदूत किसे नियुक्त किया गया है?
- सन् 2006 के विश्व कप फुटबाल टूर्नामेन्ट का आयोजन कहाँ होगा? – उपेन्द्र बख्श
- मलेशियाई क्रिकेट टीम का प्रशिक्षक किस भारतीय को बनाया गया है? –
- बिहार राज्य खेल प्राधिकरण का महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया है? – पूर्व टेस्ट खिलाड़ी जवाहर
- प्रदेश के निरक्षर बच्चों को साक्षर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने जुलाई 2000 में कौनसा अभियान प्रारम्भ किया है? – जे. बी. मुखर्जी
- मध्य प्रदेश में राज्यकर्मियों की सेवा शर्तों व महँगाई भत्ते आदि के लिए गठित किस समिति ने अपनी रिपोर्ट मई 1999 में – स्कूल चलो अभि
को प्रस्तुत की थी?
- मध्य प्रदेश में वित्तीय वर्ष 1999-2000 में किस योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छोटे एवं सीमांत किसा – ब्रह्मस्वरूप शर्मा
लिए बीजों की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है? – अन्नपूर्णा योजना
- उत्तर प्रदेश सरकार ने सिर पर मैला ढोने वाले प्रदेश के लगभग 1.5 लाख कर्मियों के पुनर्स्थापन हेतु कौनसी योजना चला
घोषणा की है? – सेनेटरी
- विकलांगों के ग्यारहवें ओलम्पिक 18–29 अक्टूबर, 2000 को कहाँ सम्पन्न होंगे? – सिडनी
- पटना विमान दुर्घटना की जाँच के लिए किसकी अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है? – एयर मार्शल पी. राजकु
- ब्रुसेल्स में भारतीय राजदूत किसे नियुक्त किया गया है? – पी. के. दे
- भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बंगारू लक्ष्मण किस राज्य से राज्यसभा के सदस्य हैं? – तेल
- इंडियन बैंक की अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक (CMD) पद पर किसकी नियुक्ति की गई है? – श्रीमती रंजना कु
- भारतीय नाभिकीय ऊर्जा निगम का अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक किसे नियुक्त किया गया है? – विजय कुमार सा
- खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के द्वारा सन् 2002 को किस वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की गई है? – अन्तर्राष्ट्रीय पर्वत
- राष्ट्रव्यापी स्तर पर विभिन्न क्रिकेट खिलाड़ियों के यहाँ की गई छापों की कार्यवाही को क्या नाम दिया गया? – ऑपरेशन जैंटलमै
- सितम्बर 2000 में ऑल इण्डिया हिन्दू महासभा का 56वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया जा रहा है? – नई दि
- सेवा कर के लिए जून 2000 में गठित विशेषज्ञ समिति का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? – गोविन्द
- देश की आम जनता को बुनियादी आवश्यकताओं की वस्तुएं सस्ते मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए किस नाम से एक
योजना की घोषणा केन्द्र सरकार ने की है?
- अखिल भारतीय एवं केन्द्रीय सेवाओं में भर्ती के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा की
के मूल्यांकन एवं इसमें सुधार के लिए गठित समिति का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? – प्रो. वाई. के.
- पाकिस्तानी नौसेना का युद्धाभ्यास 'हैमर हैड–2000' जुलाई माह में कहाँ सम्पन्न हुआ? – भारत
- 'वैलफेयर स्टेट एण्ड ग्लोबलाइजेशन' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं? – डरबन (द.
- 13वाँ अन्तर्राष्ट्रीय एड्स सम्मेलन जुलाई 2000 में कहाँ सम्पन्न हुआ? – बिजनेस
- मोबाइल फोन पर उपलब्ध होने वाला पहला समाचार-पत्र कौनसा है? – 14
- उत्तर प्रदेश राज्य के कितने जिलों को शामिल कर उत्तरांचल राज्य का गठन किया गया है? –
- हाल ही में ईरान ने अपने किस प्रक्षेपास्त्र के उन्नत संस्करण का परीक्षण किया है? –
- विश्व भर के धार्मिक एवं आध्यात्मिक नेताओं का एक शिखर सम्मेलन 28–31 अगस्त, 2000 को कहाँ सम्पन्न हुआ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जहाँगीर

हल्दीघाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने अपनी मृत्यु से पूर्व (1597 ई.तक) मेवाड़ के खोए हुए एक बड़े क्षेत्र को पुनः प्राप्त कर लिया था.

जहाँगीर ने 1605 ई. में शहजादा परवेज को मेवाड़ के राणा अमरसिंह को परास्त करने के लिए भेजा. आसफ खाँ बेग को शहजादे की सहायता के लिए भेजा गया.

राणा और मुगल सेना का दीवर में युद्ध हुआ जिसमें विशेष सफलता किसी को नहीं मिली.

मुगलों ने चित्तौड़ की गद्दी पर सगर को बैठा दिया, ताकि राजपूतों में फूट पड़ जाए.

1608 ई. में जहाँगीर ने महाबत खाँ को राणा अमरसिंह के विरुद्ध भेजा. महाबत खाँ ने अमरसिंह को जंगलों तक खदेड़ दिया, परन्तु पूरी तरह समाप्त न कर सका.

1609 ई. में अब्दुल्ला खाँ को मेवाड़ भेजा. वह भी राणा को पकड़ने में असफल रहा.

अब्दुल्ला खाँ को राजपूतों ने रणपुरा में करारी शिकस्त दी.

अब्दुल्ला खाँ के बाद क्रमशः राजा बसु और मिर्जा अजीज कोका को भेजा गया.

1614 ई. में शहजादा खुर्रम को मेवाड़ अभियान पर भेजा गया.

1615 ई. में राणा और खुर्रम के बीच संधि हो गई. राणा ने जहाँगीर की प्रभु सत्ता स्वीकार कर ली.

राणा अमरसिंह ने अन्य राजपूतों की तरह मुगलों से कोई वैवाहिक संधि नहीं की.

1608 ई. में जहाँगीर ने खान-ए-खाना को 12000 सैनिकों के साथ दक्कन अभियान के लिए भेजा जो मलिक अंबर के कारण सफल नहीं हो सका.

मलिक अंबर अहमदनगर का सुविख्यात वजीर था. उसने अपनी प्रशासनिक और भू-राजस्व नीति से जनसाधारण के हृदय को जीत लिया था.

मलिक अंबर ने निजामशाही में मराठों की भूमिका को स्वीकारा और उन्हें प्रशासन में सम्मिलित किया.

खान-ए-खाना के असफल होने के बाद जहाँगीर ने शहजादा परवेज को आसफ खाँ के संरक्षण में दक्खन की कमान सौंपी.

- शहजादा परवेज को खानदेश एवं बरार का सूबेदार 1610 ई. में नियुक्त किया. वह भी दक्खन में ज्यादा कुछ न कर सका.
- परवेज के बाद खान-ए-जहान लोदी और अब्दुल्ला खाँ के प्रयास भी असफल रहे.
- मुगलों की हार का मुख्य कारण यह था कि मलिक अंबर ने मराठा सैनिकों की सहायता से गुरिल्ला नीति को अपनाया था और मुगल इस नीति से अनभिज्ञ थे.
- मलिक अंबर के हाथों लगातार मुगलों की पराजय से खिन्न जहाँगीर ने नूरजहाँ की सलाह पर परवेज को इलाहाबाद स्थानांतरित किया और खुर्रम को दक्खन का सूबेदार बनाकर भेजा.
- 1616 ई. में खुर्रम को शाह सुल्तान के खिताब से नवाजा गया.
- 1617 ई. में खुर्रम बुरहानपुर पहुँच गया और उसने मलिक अंबर से समझौते के लिए वार्ता प्रारम्भ कर दी.
- अपने समक्ष मुगलों की विशाल सेना देखकर मलिक अंबर समझौते के लिए तैयार हो गया और बालाघाट का वह क्षेत्र जो उसने मुगलों से छीना था उन्हें वापस कर दिया.
- मलिक अंबर ने अहमदनगर का किला भी मुगलों को सौंप दिया.
- आदिलशाह ने 16 लाख रुपए की कीमत के उपहार खुर्रम को भेंट किए.
- दक्षिण में प्राप्त सफलता ने खुर्रम की प्रतिष्ठा बढ़ा दी और जहाँगीर ने उसे शाहजहाँ की उपाधि से विभूषित किया.
- 1617 ई. में की गई संधि को अंबर ने 1620 ई. में मानने से इनकार कर दिया और बीजापुर एवं गोलकुंडा राज्यों से मिलकर खान-ए-खाना पर आक्रमण कर दिया.
- खान-ए-खाना को अहमदनगर छोड़कर बुरहानपुर जाना पड़ा.
- शाहजहाँ को पुनः दक्षिण अभियान पर भेजा गया. उसने सफलता प्राप्त की और 1621 ई. में संधि कर ली.
- अहमदनगर, बीजापुर और गोलकुंडा राज्यों ने जहाँगीर को क्रमशः बारह लाख, अठारह लाख और चौबीस लाख रुपए भेंट किए.
- शाहजहाँ ने 1621 ई. में खुसरो को रजा नामक आदमी से मरवा दिया.
- खुर्रम ने जहाँगीर को सूचना दी कि खुसरो पेट के दर्द से मर गया.
- 1622 ई. में पर्शिया के शाह अब्बास ने कांधार पर आक्रमण किया और पैंतालीस दिन के घेरे के बाद किले पर अधिकार कर लिया.
- जहाँगीर ने शहजादा परवेज को कांधार पर पुनः कब्जा करने के लिए भेजा, परन्तु वह शाहजहाँ के विद्रोह के कारण सफल न हो सका.
- नूरजहाँ और उसके दल ने 1612 ई. से सत्ता में हस्तक्षेप करना प्रारम्भ किया और 1621 ई. तक लगातार किया.
- शाहजहाँ ने 1623 ई. में और महाबत खाँ ने 1626 ई. में विद्रोह किया.
- शाहजहाँ के समर्पण के बाद नूरजहाँ ने महाबत खाँ का तबादला कर उसे बंगाल की सूबेदारी सौंपी और महाबत खाँ के स्थान पर खान जहान लोदी को शहजादा परवेज का सलाहकार नियुक्त किया.
- मलिक अंबर की मृत्यु मई 1626 ई. में हुई. हमीद खाँ मलिक अंबर का उत्तराधिकारी बना. हमीद खाँ बहादुर सेनापति और चतुर प्रशासक था.
- मलिक अंबर की मृत्यु के बाद नूरजहाँ ने खान जहान लोदी को दक्खन का सूबेदार बनाकर अहमदनगर पर विजय करने के लिए भेजा.
- हमीद खाँ ने खान जहान लोदी को भारी घूस देकर शांति संधि कर ली. खान जहान ने बालाघाट पर उसका अस्तित्व स्वीकार कर लिया.
- इस प्रकार जहाँगीर अपने दक्षिण अभियान के परिणामों से काफी दुःखी हुआ और 7 नवम्बर, 1627 ई. को भीमबार के समीप मर गया.
- जहाँगीर को लाहौर के समीप शाहदरा में दफना दिया गया.
- जहाँगीर आम को सबसे अधिक बेहतरीन फल मानता था और काबुल की चेरि उसे काफी पसंद थी.

शेष पृष्ठ 392 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साक्षात्कार की तैयारी और व्यक्तित्व विकास

✍ नारायण सिंह

आधुनिक युग प्रतिस्पर्धा का है. नौकरी उच्च शिक्षा व्यवसाय आदि सभी कार्यों के लिए प्रत्येक व्यक्ति को साक्षात्कार की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है. आज साक्षात्कार के लिए चयन बहुत मुश्किल से हो पाता है.

साक्षात्कार ज्ञान की परीक्षा नहीं है, अपितु यह प्रत्याशी के व्यक्तित्व विकास (Personality Development) की परीक्षा है. साक्षात्कार और व्यक्तित्व विकास को एक-दूसरे का पर्यायवाची शब्द कहा जाए, तो अधिक उपयुक्त होगा, क्योंकि साक्षात्कार में प्रत्याशी की भाषा शैली वाक कला अपने को प्रस्तुतीकरण, बौद्धिक स्तर, विषय पर पकड़, आत्मविश्वास, उसका दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता, धैर्य, साहस और सहिष्णुता की परीक्षा मुख्य रूप से ली जाती है.

यही नहीं साक्षात्कार में सफलता अर्जित करने के लिए आकर्षक व्यक्तित्व, श्रेष्ठ शैक्षणिक योग्यता, सम्बन्धित विषय में तथा सामान्य ज्ञान की जानकारी भी आवश्यक है, वैसे पूर्णरूप व एकाग्र मन से विचार किया जाए, तो साक्षात्कार देना अपने आप में एक कला है, क्योंकि मैंने देखा है, अच्छे-अच्छे बुद्धिमान प्रतियोगी साक्षात्कार की कला नहीं जानने के कारण असफल हो गए. मैं इस साक्षात्कार की बात मुख्य रूप से सिविल सेवाओं के लिए कर रहा हूँ.

साक्षात्कार की तैयारी कमरे के अन्दर नहीं, अपितु कमरे से बाहर समाज के बीच में की जाती है. साक्षात्कार के लिए किसी विशेष पुस्तक का अध्ययन नहीं, अपितु अपने जीवन व्यवहार अर्थात् व्यक्तित्व में सुधार लाकर किया जाता है. इसीलिए साक्षात्कार की तैयारी के लिए व्यक्तित्व विकास आवश्यक है और साक्षात्कार के लिए व्यक्तित्व विकास की तकनीक को समझें, क्योंकि व्यक्तित्व का विकास एक या दो दिन में नहीं किया जा सकता है, अपितु यह विकास जीवन-पर्यन्त चलता रहता है.

साक्षात्कार की तैयारी

साक्षात्कार के लिए घिसी-पिटी लीक पर मत चलो. हमेशा जोखिम उठाने का प्रयास करो और अपने लिए एक नई शैली ईजाद करो और साक्षात्कार के हर चरण में अपने ढंग से निपटने की कोशिश करो. साक्षात्कार की तैयारी में अग्रलिखित बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए—

आत्मविश्वास—आत्मविश्वास बनाए रखना सबसे अहम बात है क्योंकि आत्म-विश्वास की कमी के कारण कई लोग पहले ही मैदान छोड़कर भाग जाते हैं, इसीलिए सरदार वल्लभ भाई पटेल का यह कथन है **"हमारी जितनी मानसिक और शारीरिक शक्तियाँ हैं आत्मविश्वास उन सबका सरदार है"** जिसने आत्मविश्वास खोया समझो उसके अन्दर निराशा घर कर गई है.

आशावादिता—हमेशा आशावादी दृष्टि-कोण अपनाएं और अपने चयन के प्रति हमेशा आशा रखें, क्योंकि आपसे एक दो प्रश्न पूछे गए आप उत्तर नहीं दे पाए, तो आप निराशावादी दृष्टिकोण नहीं अपनाएं, बल्कि आशावादी दृष्टिकोण अपनाएं, क्योंकि यह मुख्य रूप से ज्ञान की परीक्षा नहीं है, अपितु यह आपके व्यक्तित्व से ज्यादा प्रभावित होती है, क्योंकि एक प्रतियोगी उ.प्र. पी.सी.एस. की परीक्षा में छठी बार सफल हुआ इसका यह कथन था **"इनकी शाम हो गई और मेरी सुबह होने वाली है"** इसलिए आप भी आशावादी बनें.

सत्यवादिता—साक्षात्कार में सत्यवादी होना आवश्यक है, क्योंकि जो सदस्य साक्षात्कार में बैठे होते हैं वे अनुभवी और विषय विशेषज्ञ होते हैं. यदि आपको किसी विषय में जानकारी नहीं है, तो झूठ या गलत उत्तर देने की कोशिश ना करें. इससे आपके चयन पर प्रभाव पड़ेगा, इसलिए विख्यात अंग्रेजी कवि विलियम शेक्सपियर ने कहा है **"सबसे मुख्य बात यह है कि अपने साथ सच्चे बनो."**

विनम्रता—साक्षात्कार कक्ष में प्रवेश से पहले अनुमति लें फिर अनुमति मिलने पर ही प्रवेश करें. उसके पश्चात् बोर्ड के सभी सदस्यों को अभिवादन करें और विनम्र बनें रहें और अपनी विनम्रता से आप बोर्ड के सदस्यों पर अच्छा प्रभाव डाल सकते हैं. विनम्रता की पहचान आपके परिधानों से, आपकी भाषा शैली व वाक् शैली से आसानी से पता लगाया जा सकता है. परिधानों में जो आपको विनम्र बनाने में सहायक होंगे निम्नलिखित प्रकार के रंगों का चयन करें. नीला आत्मविश्वास की पहचान है. हरा प्रकृति प्रेमी, बैंगनी सरल व्यक्ति, आसमानी सौम्य, लाल हल्का साहसी, सफेद शान्त-प्रिय. भाषा शैली में सही शब्दों का चयन करें और वाक् कला में ना तो इतना तेज बोलें कि लगे आप हड़बड़ाहट में बोल रहे हैं, ... ही इतना धीमा कि सुनाई न दे. ... सामान्य बोलचाल की आवाज में, क्योंकि **"जिसने स्वयं को अपने वश में कर लिया हो संसार की कोई वस्तु उसकी विजय ... पराजय में नहीं बदल सकती है."**

धैर्य—कभी-कभी बोर्ड के सदस्य ... व्यक्तित्व परीक्षण के लिए आपसे ऐसे प्रश्न भी पूछ लेंगे जो आपको उत्तेजित करने ... होंगे. इसलिए ऐसे प्रश्न पूछे जाने पर ... और सहनशीलता का परिचय दें. जिससे ... के सदस्यों पर आपका अच्छा प्रभाव पड़े ... क्योंकि **"बातचीत का पहला अंग है ... दूसरा समझदारी, तीसरा खुशमिजाज ... चौथा हाजिर जवाब."**

सहजता—साक्षात्कार में आप जिस ... सहजता महसूस करते हैं वही तौर-तरीके अपनाएं और आपके चेहरे पर मुस्कराहट ... नई आभा चमकनी चाहिए, जिससे बोर्ड ... सदस्य आपके साथ सहयोगात्मक ... अपनाएंगे. खिला चेहरा किसे अच्छा ... लगता है, क्योंकि **"मुस्कान ही पहली ... है, जो दो व्यक्तियों को दोस्ती करने ... लिए प्रेरित करती है."**

साहस—कई प्रतियोगी साक्षात्कार ... नाम सुनते ही तनावग्रस्त और असंतुलित ... जाते हैं और उनके पास योग्यता होते ... भी सफल नहीं हो पाते हैं. इसलिए साक्षात्कार के लिए साहस होना चाहिए क्योंकि नेपोलियन कहने से ही किसी ... भाग को जीत लेता था **"दुनिया में प्रत्येक आदमी विजयी नहीं हो सकता, विजयी वही है जो विजयी होने का साहस करता है."**

साक्षात्कार में निम्नलिखित बातों को ... अपनाएं—

1. हड़बड़ाहट 2. आवेश 3. अस्थिरता 4. नकारात्मकता 5. पूर्वाग्रह 6. निराशा 7. हठधर्मिता 8. अक्खड़ता 9. ... 10. अस्पष्टता.

साक्षात्कार कक्ष में आराम से बैठें ... उबासी लेना, उँगलियाँ चटकाना, ... लेना, हाथ पैर हिलाना, नजरें इधर-उधर घुमाना, तनाव रहित होकर बोर्ड के ... सदस्य प्रश्न पूछते हैं उनके आँखों में ... डालकर बात करना, परफ्यूम ... खुशबूदार पदार्थ डालकर प्रदर्शन न ... जिससे गलत प्रभाव पड़ता है ... अनुसार ही परिधान पहनें. चप्पल या ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में साक्षात्कार देने न जाएं. सही उच्चारण में बोलें, स्पष्ट रूप से बोलें, कृत्रिमता को दूर रखें, सरल और स्पष्ट शब्दों में उत्तर दें, जिस भाषा में प्रश्न पूछा जाए उसी भाषा में उत्तर दें.

साक्षात्कार में सफलता के लिए अनिवार्य गुण

1. प्रसन्न मुद्रा 2. स्वाभाविक व्यवहार 3. प्रभावशाली अभिव्यक्ति 4. विनम्रता 5. धैर्य 6. सहनशीलता 7. समयानुकूल परिधान 8. उदार खुला एवं स्पष्ट दृष्टिकोण 9. तनाव रहित 10. शिष्टाचार एवं समुचित व्यवहार 11. विषय का समुचित ज्ञान 12. आशावादी 13. आत्मविश्वास 14. सत्य-वादिता 15. अच्छा स्वास्थ्य अच्छी स्मरण शक्ति.

साक्षात्कार में निषेधात्मक पक्ष

1. साक्षात्कार कक्ष में बिना अनुमति के प्रवेश न करें.

2. साक्षात्कार कक्ष में आज्ञा मिलने पर ही कुर्सी पर बैठें.

3. बैठने का आदेश मिलने पर 'धन्यवाद' अवश्य कहें.

4. साक्षात्कारकर्ताओं के मध्य चल रही वार्ता में हस्तक्षेप न करें चाहे आपको उस विषय में अधिक ज्ञान क्यों न हो.

5. साक्षात्कार कक्ष में टोपी या कमीज की बाहें मोड़कर न जाएं

6. साक्षात्कार सदस्यों के सामने रखी मेज पर अपनी अटैची, प्रमाण-पत्र या फाइल, टोपी न रखें.

7. जब तक प्रश्न न किया जाए तब तक बोलने का प्रयास न करें.

8. अपने उत्तर में किसी संस्था, राज-नीतिक दल या व्यक्ति विशेष पर कटाक्ष न करें.

9. साक्षात्कार कक्ष में हतोत्साहित न हों, ना ही उदासीनता का भाव प्रकट होने दें.

10. वार्तालाप में 'श्रीमान जी' का प्रयोग अवश्य करें.

11. किसी प्रश्न को नहीं समझ पाने या नहीं सुन पाने की दशा में उसी समय पुनः प्रश्न पूछ लें और उसी समय क्षमा करें शब्द अवश्य कहें. बिना समझे प्रश्न का उत्तर न दें.

12. साक्षात्कार कक्ष में तीव्र गति से प्रवेश या तीव्र गति से कक्ष छोड़ना उचित नहीं है. यह घबराहट प्रदर्शित करता है, अतः आराम से प्रवेश लें व आराम से ही कक्ष छोड़ें.

व्यक्तित्व विकास (Personality Development)

व्यक्तित्व विकास के अन्तर्गत जीवन व्यवहार की सभी बातें आती हैं जिनमें आत्म-विकास, आशावादी, सत्यप्रिय, अच्छे गुण ग्रहण करना, आध्यात्मिक एवं मानसिक विकास, महापुरुषों का अनुसरण, अपना लक्ष्य निर्धारित करना, अच्छे व्यक्तित्व का हर जगह प्रभाव एवं माँग रहती है, क्योंकि जो किसी काम को अपना काम समझकर उसमें अपनी आत्मा उड़ेल पूजा की भावना से करते हैं. उसमें अपने व्यक्तित्व की सारी शक्ति लगाकर करते हैं. उन्हें ही लोग पसन्द करते हैं उनकी हर जगह माँग रहती है. हर काम में मौलिकता एवं नयापन दिखाना चाहिए. तभी दूसरे आकर्षित हो सकते हैं. काम को प्यार करने से लगन पैदा होती है. लगन योग्यता से अधिक महत्वपूर्ण है. योग्य-से-योग्य व्यक्ति लगन के अभाव में विफल होते देखे गए हैं. स्वामी विवेकानन्द लिखते हैं–"जीवन का पहला और स्पष्ट लक्षण है–विस्तार. यदि तुम जीवित रहना चाहते हो, तो तुम्हें फैलना होगा, विकसित होना होगा. जिस समय तुम जीवन का विकास बन्द कर दोगे, उसी क्षण जान लेना कि विपत्तियाँ तुम्हारे सामने हैं."

ये व्यक्तित्व विकास की बातें मुख्य रूप से सिविल सेवाओं के हिसाब से लिख रहा हूँ, क्योंकि परीक्षार्थियों का एक वर्ग ऐसा भी है जो परीक्षाएं चाहता है-दूसरा वर्ग ऐसा भी है जो चाहता है कि परीक्षाएं कुछ समय के लिए टल जाएं, महापुरुषों का अनुसरण करना चाहिए–त्याग, तपस्या, सदाचार आदि का उपदेश तो सभी देते हैं, परन्तु अपने कथन के अनुसार आचरण विरले जन ही करते हैं, फिर भी जो लोग महापुरुषों के सद्गुणों को धारण करते हैं, वही समाज की दृष्टि से महापुरुष बनते हैं.

किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिए व्यक्ति को आशा का सिम्बल (Symbol) लेकर चलना चाहिए, क्योंकि भविष्य की आशंकाओं से चिंतित और आतंकित कभी नहीं होना चाहिए. आज की अपेक्षा कल और भी अच्छी परिस्थितियों की आशा करना यही वह सिम्बल है जिसके आधार पर प्रगति के पथ पर मनुष्य सीधा चलता रह सकता है, जो निराश हो गया जिसकी हिम्मत टूट गई, जिसकी आशा का दीपक बुझ गया, जिसे अपना भविष्य अंधकारमय दिखता रहता है, वह तो मृतक के समान है. जिन्दगी उसके लिए भार बन जाएगी और वह काटे नहीं कटेगी यह दुनिया कायरों और डरपोकों के लिए नहीं साहसी और शूरवीरों के लिए बनी है. हमें साहसी और निर्भीक होकर ही जीना चाहिए.

●●●

बैंक प्रोबेशनरी ऑफीसर परीक्षा

उपकार प्रकाशन की उपयोगी पुस्तकें

कोड नं.		मूल्य
20	उपकार स्टेट बैंक प्रोबेशनरी ऑफीसर परीक्षा	170·00
324	**Upkar State Bank Probationary Officers Exam.**	180·00
325	**Upkar Banks' Probationary Officers Examination**	155·00
619	**उपकार प्रैक्टिस वर्क-बुक बैंक पी. ओ.**	**165·00**
405	Upkar Objective English Language (Question Papers)	35·00
394	Upkar Learn to Write Correct English (English-Hindi)	135·00
448	Upkar Correct English : How to Write It (Eng.-Eng.)	115·00
251	उपकार क्वान्टिटेटिव एप्टीट्यूड टेस्ट (Question Papers)	44·00
583	उपकार ऑब्जेक्टिव इन्सटेंट अरिथमेटिक	135·00
520	उपकार क्विकर वस्तुनिष्ठ अंकगणित	140·00
447	Quicker Objective Arithmetic	140·00
480	Quantitative Aptitude Test	55·00
252	उपकार रीजनिंग टेस्ट (Question Papers)	95·00
599	**उपकार प्रैक्टिस वर्क-बुक सामान्य अध्ययन**	**85·00**
135	उपकार बौद्धिक एवं तर्कशक्ति परीक्षा	80·00
237	न्यू तार्किक योग्यता परीक्षा	45·00
482	Reasoning Test	70·00
373	A Fresh Approach to Reasoning Tests	48·00

उपकार प्रकाशन 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 323966, 323101, 322930; फैक्स : (0562) 323966

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रकूट कला

राष्ट्रकूट शासकों ने आठवीं-नवीं शताब्दी में पाषाण काट कर गुफा मन्दिरों के रूप में द्रविड़ वास्तुकला को अपने श्रेष्ठतम रूप में प्रस्तुत किया. राष्ट्रकूट कला के ये स्मारक एलोरा, एलिफेंटा एवं सालसेट द्वीप में विद्यमान हैं.

राष्ट्रकूट वास्तुकला की विशेषताएं

राष्ट्रकूट कला चट्टान-वास्तुकला के श्रेष्ठतर रूप में प्रस्फुटित हुई. प्रो. नीलकण्ठ शास्त्री इसे 'गुप्तकालीन चट्टान स्थापत्यकला की अगली परिमार्जित कड़ी' मानते हैं. राष्ट्रकूट कला की शैलीगत विशेषताएं सामान्यतः इस प्रकार हैं–

(1) विशाल गोपुरम् (प्रवेश द्वार)

(2) चौकोर गर्भगृह के चारों ओर प्रदक्षिणा पथ.

(3) पिरामिडाकार विमान (शीर्ष भाग)

(4) उत्तरोत्तर छोटे होते हुए खण्डों (तल्लों) से निर्मित विमान के ऊपर स्तूपी गुम्बद.

(5) अलंकृत स्तम्भ जिनका ऊपरी भाग प्रायः मंगलघट से युक्त होता था.

(6) पौराणिक आख्यान का शिल्पकला के रूप में अंकन.

(7) पाषाण काटकर गुफा के रूप में मन्दिर निर्माण.

राष्ट्रकूट कला में द्रविड़ स्थापत्य शैली की प्रायः सभी विशेषताएं मौजूद हैं. इस समय के गुफा मन्दिर मुख्यतः चार शैलियों में निर्मित है–

(अ) प्रथम शैली में सबसे साधारण किस्म के मन्दिर आते हैं जो 'बौद्ध विहार कला' से प्रभावित हैं. इनमें खम्भों वाला द्वारमण्डप है और उसके पीछे मंदिर का भीतरी कक्ष बना है. इस प्रकार के मन्दिरों में दशावतार का मन्दिर प्रमुख है.

(ब) द्वितीय शैली के मन्दिर प्रथम शैली की ही भाँति हैं अन्तर केवल इतना है कि इनमें भीतरी कक्ष के चारों ओर एक प्रदक्षिणा मार्ग है. इस किस्म के मन्दिरों में रावण की खाई एवं रामेश्वर मन्दिर प्रमुख हैं.

(स) तीसरी शैली के मन्दिरों में देव-स्थान स्वस्तिकाकार विशाल कक्ष में रहता है. जिसमें प्रवेश के लिए एक से अधिक द्वार होते हैं. इसके उदाहरण एलिफेंटा का शैव एवं सालसेट द्वीप का जोगेश्वर मन्दिर है.

(द) चौथी शैली के रूप में राष्ट्रकूट भवन निर्माण कला का सर्वोच्च रूप कैलाश के एकाश्म (एक ही पाषाण से बने) मन्दिर में दिखलाई पड़ता है, जो मानो अपने में ही एक वर्ग की भाँति खड़ा हुआ है. पूरे मन्दिर का निर्माण एक ही चट्टान को काटकर किया गया है.

राष्ट्रकूट कला के उदाहरण

राष्ट्रकूट शासकों ने औरंगाबाद के समीप एलोरा तथा बम्बई के समीप एलिफेंटा एवं सालसेट द्वीप में अनेक गुफा मन्दिरों का निर्माण कराया जिनका विवरण निम्नानुसार है–

एलोरा

एलोरा में गुफाओं की संख्या 34 है जिसमें 12 बौद्ध गुफाओं का निर्माण गुप्तकाल में 450 ई. से 650 ई. के मध्य हुआ था. 17 हिन्दू गुफाएं हैं जिनका निर्माण राष्ट्रकूट राजाओं द्वारा आठवीं-नवीं शताब्दी में कराया गया था. 5 जैन गुफाएं हैं जिनका निर्माण नवीं शताब्दी में हुआ. सम्भवतः इनके निर्माण के लिए भी राष्ट्रकूट नरेशों द्वारा ही प्रोत्साहन दिया गया था. यहाँ पर राष्ट्रकूटों द्वारा एलोरा में बनवाए गए प्रमुख हिन्दू एवं जैन गुफा मन्दिरों का उल्लेख किया जा रहा है–

कैलाश मन्दिर–एलोरा का सबसे प्रसिद्ध मन्दिर कैलाश मन्दिर है जिसका निर्माण राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण प्रथम ने आठवीं शताब्दी में कराया था. यह सम्पूर्ण मन्दिर एक ही पाषाण को काट कर बनाया गया है. यह 276 फुट लम्बा, 154 फुट चौड़ा तथा अन्दर 107 फुट गहरा है. मन्दिर के चार भाग हैं–मुख्य पवित्र स्थल, पश्चिम का प्रवेश द्वार, नंदी मण्डप तथा दालान के चारों ओर वृक्षों से ढका मार्ग.

मन्दिर में विशाल स्तम्भ बने हैं तथा छत मूर्तिकारी से भरी पड़ी है. मन्दिर के ऊपर का वृहत शिखर 95 फुट ऊँचा है तथा यह चार तल्ला है. मन्दिर के अलंकृत प्रवेश द्वार अत्यंत दर्शनीय हैं.

मन्दिर के समीप ही पाषाण काट कर एक लम्बी पंक्ति के रूप में हाथियों की मूर्तियाँ बनाई गई हैं. मन्दिर की दीवारें भी अनेक देवी-देवताओं की चित्ताकर्षक मूर्तियाँ उत्कीर्ण की गई हैं. इनमें गोवर्धन-धारी कृष्ण, भगवान विष्णु, शिव के विभिन्न रूपों, महिषासुर का वध करती दुर्गा, कैलाश पर्वत उठाए रावण, रावण द्वारा सीता हरण, रावण-जटायु युद्ध आदि पौराणिक दृश्यों का अंकन अत्यन्त कुशलता से किया गया है.

मन्दिर का प्रवेश द्वार पश्चिम में है. उसके मुख्य भाग की लम्बाई 150 फुट और चौड़ाई 100 फुट है एवं ढाँचे की ऊँचाई के बीच-बीच में प्रक्षेपण (बाहर की ओर निकले हुए भाग) हैं.

मन्दिर के विभिन्न भागगत अंग, जैसे कोर्निस, भित्ति स्तम्भ, आले एवं द्वार मण्डप आदि सभी व्यवस्थित एवं क्रमबद्ध रूप से बने हैं. मन्दिर की 75 फुट ऊँची ठोस स्तरीय अटारी के ऊपर आकर्षक बुर्जी है. भीतर खम्भों वाला एक विशाल कक्ष है जो 70 फुट लम्बा और 62 फुट चौड़ा है. इसमें 16 वर्गाकार स्तम्भ हैं जो कक्ष के हर चौथाई भाग में चार-चार के समूह में खड़े हुए हैं.

मन्दिर के शेष भागों में प्रमुख हैं ध्वजस्तम्भ हैं, जो 51 फुट ऊँचे हैं और नंदी देवस्थान के दोनों ओर हैं. पर्सी ब्राउन इन्हें 'उत्कृष्ट कलाकृतियाँ' मानते हैं. ये 'दक्षिणी स्तम्भ शैली के विकास में एक महत्वपूर्ण स्थिति की द्योतक हैं.'

प्रसिद्ध कला मर्मज्ञ फर्गुसन कैलाश मन्दिर को 'भारत की वास्तुकला में अपने ढंग का एकमात्र उदाहरण' बताते हैं और इतिहासकार स्मिथ 'पत्थर काटकर बनाए गए मन्दिरों में सबसे वृहत् एवं भव्य' तथा 'भारत की स्थापत्यकला की अनमोल धरोहर' बताते हैं.

दशावतार मन्दिर–इसका निर्माण आठवीं शताब्दी के मध्य में दन्तिदुर्ग द्वारा कराया गया था. इस विशालकाय मन्दिर पर बौद्ध कला का स्पष्ट प्रभाव है. इसका आकार बौद्ध-विहार के समान है. इसमें एक स्तम्भ वाला बरामदा तथा साथ में गर्भगृह है. मन्दिर के सामने का हिस्सा दो मंजिला है. हर मंजिल में खम्भों वाला एक कक्ष है जिसके स्तम्भ वर्गाकार (प्रिज्म) आकार में निर्मित हैं तथा सबसे ऊपर लगा पत्थर और ऊपर से चौरस है. अन्तराल के सामने के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दो अलंकृत स्तम्भ हैं. शेष सादे हैं. इसकी छत बिलकुल समतल है. दीवारों पर ऊँचे-ऊँचे आकारों में भगवान विष्णु के दस अवतारों की गाथाएं एवं शैव धर्म के दृश्य उत्कीर्ण हैं. इनमें सबसे दर्शनीय दृश्य हिरण्यकश्यप का है. डॉ. कुमार स्वामी इसकी प्रशंसा करते हुए लिखते हैं, ''नृसिंह भगवान के हाथों मारे गए राक्षस राज (हिरण्यकश्यप) की प्रसिद्ध कहानी के इतने अधिक सुन्दर आलेखन की कल्पना करना भी कठिन है.''

रावण की खाई–यह आयताकार मन्दिर है. इसमें स्तम्भयुक्त मण्डप, गर्भगृह तथा प्रदक्षिणापथ है. स्तम्भों का ऊपरी भाग मंगलघट से युक्त है. इसमें एक ही पाषाण से निर्मित भीतरी कक्ष के प्रवेश-द्वार के दोनों ओर अनेक मूर्तियाँ गढ़ी गई हैं जिसमें दो द्वारपालों की मूर्तियाँ भी शामिल हैं. भीतरी भाग में दुर्गा की एक खण्डित मूर्ति है. स्तम्भों वाले बड़े कक्ष की दीवारों पर बने आलों पर उभरी हुई मूर्तियाँ अत्यन्त सजीव एवं चित्ताकर्षक दिखाई देती हैं. दक्षिण में ये मूर्तियाँ शैव धर्म से सम्बन्धित हैं तथा उत्तर में वैष्णव धर्म से सम्बन्धित दृश्यों पर आधारित हैं.

रामेश्वर मन्दिर–यह मन्दिर बारीक नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है. इसका चप्पा-चप्पा मूर्तिकारी से सजा हुआ है. भीतरी कक्ष में एक शिवलिंग है. मन्दिर की दीवारों पर उत्कीर्ण मूर्तियों में अप्सराओं की मूर्तियाँ विशेष दर्शनीय हैं. ग्राउसेट के अनुसार ''इन मूर्तियों में मुद्रा के लालित्य एवं विषयासक्त सौन्दर्य की एक सहज भावना है.''

इसके अलावा हिन्दू मन्दिरों में देववाड़ा, लंबेश्वर, नीलकण्ठ आदि प्रमुख हैं.

जैन गुफाएं–एलोरा में पाँच जैन गुफाएं भी हैं, जो सम्भवतः परवर्ती राष्ट्रकूट राजाओं के संरक्षण में नवीं शताब्दी में निर्मित हुई थीं. इनमें केवल तीन ही उल्लेखनीय हैं– छोटा कैलाश मन्दिर, इन्द्रसभा एवं जगन्नाथ सभा.

छोटा कैलाश मन्दिर मोटेतौर पर कैलाश मन्दिर की ही अनुकृति है, जो आकार में उसका चौथाई है, परन्तु इसके निर्माण में वह कुशलता परिलक्षित नहीं होती जो कैलाश मन्दिर में है. जैन तीर्थंकारों के दृश्य भी सजीव एवं प्रभावकारी नहीं हैं. मन्दिर की वास्तु योजना में अनुपातशीलता एवं अलंकृत स्तम्भों व आलों की बनावट दर्शनीय है.

इंद्रसभा गुफा की ऊपरी मंजिल की मूर्तिकला एवं सामने का हिस्सा जिसमें चतुष्कोणीय भवन के तीन किनारे पड़ते हैं. और जो भवन के सामने के हिस्से के रूप में दो मंजिलों के साथ निर्मित किया गया है, अत्यंत दर्शनीय है. इसकी दूसरी मंजिल को रंगमहल कहा गया है. उसमें दालान की छत पर भित्ति चित्रों के अवशेष दिखाई देते हैं.

दक्षिण भारत के प्रमुख मन्दिर

आंध्र प्रदेश के मन्दिर	
तिरुपति मन्दिर	तिरुपति
श्रीराम मन्दिर	भद्राचलम
मल्लिकार्जुन स्वामी मन्दिर	श्री सैलम
कलाहस्तिश्वर मन्दिर	कलाहस्ति
नरसिंह मन्दिर	अहोबलं
भगवान नरसिंह मन्दिर	सिंहाचलम
शिव मन्दिर	लापाक्षी
कर्नाटक के मन्दिर	
नंदी बैल मन्दिर	बंगलौर
चन्ना केशव मन्दिर	बैलूर
होयसालेश्वर मन्दिर, केदारेश्वर मन्दिर	हेलबिड
गोमतेश्वर मन्दिर	श्रवणबेलगोला
नंदी मन्दिर	मैसूर
केरल के मन्दिर	
पद्मनाभ स्वामी मन्दिर	त्रिवेंद्रम
श्रीकोइल मन्दिर	त्रिकाथीमानम
सचिंद्रम मन्दिर	त्रावणकोर
तमिलनाडु के मन्दिर	
रथ मन्दिर, तट मन्दिर	महाबलीपुरम
एकाबरेश्वर मन्दिर, कैलाश मन्दिर, श्री बैकुंठनाथ पेरूमल मन्दिर	कांचीपुरम
मीनाक्षी मन्दिर	मदुरई
वृहदेश्वर मन्दिर	थंजाबुर
सुचिंद्रम मन्दिर	कन्याकुमारी
रामेश्वरम मन्दिर	रामेश्वरम्
नटराज मन्दिर	चिदंबरम
पार्थसार्थी मन्दिर	चेन्नई (मद्रास)

एलिफेंटा

एलिफेंटा का शैव मन्दिर आकार में 130 फुट लम्बा एवं 129 फुट चौड़ा है. इसकी दीवारों पर उत्कीर्ण मूर्तियाँ अत्यन्त दर्शनीय हैं. भित्ति स्तम्भों द्वारा पृथक् किए तीन बड़े वर्गाकार आलों में से हर एक में एक विशाल द्वारपाल है. बायीं ओर अर्द्धनारीश्वर की मूर्ति है जो शिव का एक उभयलिंगी रूप है, दाहिनी ओर शिव और पार्वती की मूर्तियाँ हैं. बीच के बड़े आलों में तीन सिरों वाली प्रसिद्ध ऊर्ध्वकाय मूर्ति है जिसे पहले त्रिमूर्ति कहा गया था, परन्तु वास्तव में वह शिव की ही तीनमुखी मूर्ति है. ग्राउसेट ने इसकी प्रशंसा करते हुए लिखा है, ''इसमें एक ही देवता के तीन चेहरों के बीच बिना आयाम के सामंजस्य उपस्थित किया गया है. पूरे विश्व की कला में एक पवित्र सिद्धान्त का ऐसा मूर्तिकरण कम ही हुआ होगा जो ऐसा शक्तिशाली एवं इस प्रकार संतुलित हो.''

सालसेट का जोगेश्वरी मन्दिर

बम्बई के निकट सालसेट द्वीप में स्थित जोगेश्वरी मन्दिर का निर्माण लगभग 800 ई. में हुआ था. यह विशाल मन्दिर एक लम्बी रेखा में 250 फुट लम्बा है, परन्तु इसके स्थापत्य में कोई उल्लेखनीय तत्व नहीं है.

निष्कर्ष

निश्चय ही राष्ट्रकूट शासक महान् कलाप्रेमी थे. उन्होंने पाषाण काट कर बनाए गए भव्य मन्दिरों के रूप में भारतीय वास्तुकला को गौरवपूर्व भेंट प्रदान की है, जो उसी शैली के अनेक पूर्ववर्ती गुप्त शासकों के मन्दिरों से कहीं अधिक श्रेष्ठतर बने हैं. पर्सी ब्राउन के मतानुसार, ''ये गुफा मन्दिर भारत में पाषाण में खोदी कला का भले ही सर्वश्रेष्ठ उदाहरण न हो परन्तु शिल्प निर्माण के ये निश्चय ही अद्वितीय उदाहरण हैं.''

●●●

पहली बार प्रकाशित आधुनिक तकनीकी एवं नवीनतम स्टाइल से शुद्धता के साथ स्पीड बढ़ाने के लिए अद्वितीय पुस्तक

उपकार
न्यू प्रैक्टिस
वर्क-बुक

नवोदय विद्यालय
प्रवेश परीक्षा

लेखक : डॉ. शर्मा एवं गोयल
मूल्य : 108/-

अतिविशिष्ट वस्तुनिष्ठ प्रश्न
और
उनके विस्तृत उत्तरों सहित

स्व-दक्षता की जाँच हेतु अत्युपयोगी वर्क बुक

शीघ्र ही अपने निकटतम बुकसेलर से सम्पर्क करें अथवा हमें 100- रु का मनीऑर्डर भेजकर वी. पी. पी. द्वारा प्राप्त करें :

उपकार प्रकाशन
2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 323966, 323101, 322930; फैक्स : (0562) 351251

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्थिक विकास में मानव पूँजी की भूमिका

✍ डॉ. अभय कुमार एवम् डॉ. पी. के. [illegible]

किसी भी राष्ट्र का आर्थिक विकास, प्रगति एवं समृद्धि प्रकृति द्वारा प्रदत्त साधनों एवं भौतिक साधनों के बिना सम्भव नहीं है. इस दृष्टि से राष्ट्र का आर्थिक विकास और समृद्धि का निर्धारण मानव पूँजी के श्रेष्ठ, प्रभावी एवं कुशल उपयोग पर निर्भर करता है. किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था अपने उद्देश्यों की प्राप्ति कहाँ तक करती है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसके पास कितनी मात्रा में विविध प्रकार की शक्ति एवं कौशल उपलब्ध है? यदि मानव पूँजी का उपयोग सही ढंग से किया जाए, तो इसके द्वारा उत्पादन के सभी साधनों का अधिकतम विदोहन किया जा सकता है एवं आर्थिक विकास की गति तीव्र हो सकती है. इसके विपरीत यदि मानव-पूँजी का दुरुपयोग होता है, तो इससे राष्ट्र के आर्थिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. हमारे देश में प्राकृतिक एवं भौतिक संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, यदि हमें आर्थिक एवं सामाजिक विकास को द्रुत गति से बढ़ाना है तथा वर्तमान उदारीकरण के इस प्रतिस्पर्धी युग में अपने पैर जमाए रखना है, तो यह जरूरी है कि मानव पूँजी को गतिशील बनाया जाए और उन्हें प्रभावी ढंग से वस्तुओं एवं सेवाओं के अनुकूलतम उत्पादन में लगाया जाए.

अतः आर्थिक विकास को गतिशील बनाए रखने में और बदलती प्रौद्योगिकी के वर्तमान युग में भावी आर्थिक विकास सुनिश्चित करने में मानव पूँजी का विकास एक आवश्यकता है. परिवर्तिति आर्थिक विकास के वातावरण की जरूरतों को पूरा करने के लिए देश के सम्पूर्ण प्रौद्योगिक क्षेत्र में परिवर्तन की आवश्यकता है, ताकि भारत का इक्कीसवीं सहस्त्राब्दि में उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके. इसके लिए औद्योगिक क्षेत्र में ढाँचागत सुधार, मशीनों एवं उत्पादन के अन्य साधनों में परिवर्तन की आवश्यकता है तथा यह भी निश्चित है कि भारत के आर्थिक विकास को गति देने के लिए मानव पूँजी को प्रेरणात्मक बनाना अनिवार्य है.

मानव पूँजी में विनियोग के क्षेत्र

शिक्षा—*प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रबन्धकीय शिक्षा, प्रशिक्षण क्षेत्र आदि.*

चिकित्सा—स्वास्थ्य सुविधाएं जो मानव-शक्ति के जीवन, उत्साह एवं कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकें.

खेलकूद एवं मनोरंजन—खेलकूद एवं मनोरंजन से मानव पूँजी की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और स्फूर्ति भी बनी रहती है.

भोजन एवं आवास—मानव पूँजी की प्राथमिकता भोजन एवं आवास सर्वोपरि होती है. देश के आर्थिक विकास में प्रत्येक मनुष्य को भोजन एवं आवास सुनिश्चित करना प्रथम प्राथमिकता होना चाहिए जिससे मानव पूँजी देश के आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभा सके.

उपर्युक्त सभी क्षेत्र मानव पूँजी का अनुकूलतम उपयोग करने में सहायक सिद्ध होते हैं. निम्नलिखित बिन्दु मानव पूँजी की भूमिका को स्पष्ट करते हैं—

1. आधुनिक उद्योगों के विकास एवं समृद्धि को निर्धारित करने में मानव पूँजी एक अनिवार्य घटक है.

2. आज के औद्योगिक विकास को देखते हुए वाणिज्यिक गतिविधियों के प्रत्येक स्तर के प्रबन्ध हेतु सुप्रशिक्षित मानव पूँजी की उपलब्धता अनिवार्य है, जिसका भारत में अभाव है.

भारतीय अर्थव्यवस्था तीव्र गति से औद्योगिक अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो रही है. फिर भी यह चिन्तनीय है कि एक-तिहाई से अधिक जनसंख्या गरीबी की रेखा से नीचे वसर कर रही है तथा बेरोजगारी की मार सहने को मजबूर है. आँकड़ों से स्पष्ट होता है कि अमरीका में 5·2 प्रतिशत, ब्रिटेन में 3·3 प्रतिशत और जापान में 1·3 प्रतिशत श्रमिक बेरोजगार हैं, परन्तु भारत में 12 प्रतिशत के लगभग श्रमिक बेरोजगार हैं, किन्तु यह भी सही है कि भारतीय अर्थ-व्यवस्था के विकास को गति देने के लिए ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें मानव पूँजी की आवश्यकता न पड़ती हो.

भारत की जनसंख्या का व्यावसायिक वितरण

कुल जनसंख्या में कार्यशील जनसंख्या का अनुपात प्रत्येक देश में भिन्न-भिन्न है तथा एक ही राष्ट्र में अलग-अलग समयों पर अलग-अलग है. इसके प्रमुख कारण—प्रत्याशित आयु, रोजगार अवसरों की उपलब्धि, कार्य के प्रति जनता का दृष्टिकोण आदि. वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार भारत की कार्यशील जनसंख्या 37·4 प्रतिशत थी. यह प्रतिशत विगत वर्षों में कम बढ़ होता रहा है.

यदि हम अन्य देशों से कार्यशील जनसंख्या अर्थात् मानव पूँजी की तुलना करें तो पाते हैं कि हमारा प्रतिशत 37·4 प्रतिशत, जो बहुत ही कम है. जैसे जर्मनी की 73 प्रतिशत, जापान की 50 प्रतिशत, ब्रिटेन की 43 प्रतिशत, फ्रांस की 43 प्रतिशत जनसंख्या कार्यशील जनसंख्या है. 1991 के आँकड़ों के अनुसार भारत में कुल श्रमिकों का 68·2 प्रतिशत कृषि में, 13·3 प्रतिशत खनन व उद्योगों में व शेष 17·7 प्रतिशत सेवाओं जैसे—परिवहन, संचार, व्यापार आदि में लगा हुआ है.

भारत में जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है और अनुमान है कि लगभग 60 लाख व्यक्ति प्रतिवर्ष श्रम बाजार में बढ़ जाते हैं. देश की प्रत्याशित आयु में निरंतर वृद्धि हो रही है. इन सबसे रोजगार चाहने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है. अतः भारत में उद्योगों व सेवाओं के क्षेत्र में विस्तार किया जाना आवश्यक है जिससे कृषि में श्रमिकों का अनुपात कम हो सके तथा श्रम उत्पादिता में वृद्धि हो सके.

मानव पूँजी—सम्पत्ति या दायित्व

मानव पूँजी का आशय राष्ट्र की जनसंख्या, उसकी शिक्षा, कुशलता, दूरदर्शिता एवं उत्पादकता से है अर्थात् मानव पूँजी की गणना करते समय न केवल वहाँ रहने वालों की संख्या वरन् उनके गुणों पर भी विचार किया जाता है. मानव पूँजी एवं भौतिक संसाधन एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं जिनका किसी राष्ट्र के विकास के लिए होना अनिवार्य है.

जनसंख्या किसी भी राष्ट्र के लिए सम्पत्ति और दायित्व दोनों ही है. विद्वानों का कहना है कि किसी राष्ट्र की उन्नती मानव पूँजी को संगठित करने की क्षमता पर निर्भर करती है. जनशक्ति या मानवीय राष्ट्र की पूँजी है. यदि किसी प्रकार से उपलब्ध जनशक्ति का उचित प्रकार से उपयोग हो सके, तो यह एक भार बन जाती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानव पूँजी के द्वारा ही प्राकृतिक साधनों का अधिकतम विदोहन, राष्ट्र की रक्षा, व्यापक बाजार व्यवस्था, शोध एवं विकास, श्रम विभाजन के लाभ आदि के द्वारा राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान किया जाता है. भारत में भी मानव पूँजी का उपयोग उपर्युक्त तत्वों में किया जाता है. इसलिए मानव पूँजी राष्ट्र के लिए सम्पत्ति है.

मानव पूँजी हेतु खाद्यान्नों की पूर्ति, आवास, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएं, शिक्षा सुविधाएं, रोजगार के अवसर, यातायात की सुविधाएं, शान्ति एवं सुरक्षा, व्यापारिक व्यवस्थाएं आदि का विकास करना अनिवार्य होता है इसलिए मानव पूँजी एक दायित्व भी है.

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर यह बात स्पष्ट हो जाती है कि मानव पूँजी एक ओर आर्थिक विकास के लिए एक आवश्यक तत्व है वहीं दूसरी ओर एक दायित्व भी है. सामान्यतया सीमित मानव पूँजी की स्थिति में कोई विशेष दायित्व नहीं होता, परन्तु जब जनसंख्या अधिक होती है, तो उत्तरदायित्व में वृद्धि हो जाती है जो भविष्य में राष्ट्र के विकास में बाधा उत्पन्न करती है.

मानव पूँजी एवं आर्थिक विकास का सम्बन्ध

प्रारम्भ में जनसंख्या वृद्धि का आर्थिक विकास पर अच्छा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि इससे प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग होने लगता है. ऐसा होने पर प्रतिव्यक्ति आय बढती जाती है और यह क्रम कुछ समय तक ही चलता है. एक समय ऐसा आ जाता है कि प्रतिव्यक्ति आय अपनी उच्चतम सीमा पर पहुँच जाती है और यदि इस स्थिति के बाद भी जनसंख्या में वृद्धि होती है, तो इसका राष्ट्र के आर्थिक विकास पर बुरा प्रभाव पड़ता है और प्रतिव्यक्ति आय कम होने लगती है.

जिस राष्ट्र की जनसंख्या पहले से ही अत्यधिक है और वह अल्पविकसित या विकासशील राष्ट्र है वहाँ जनसंख्या आर्थिक विकास में बाधा ही उत्पन्न करती है. इस बाधा को दूर करने के लिए मानवशक्ति का नियोजन होना आवश्यक है.

मानव पूँजी एवं आर्थिक विकास की अवस्थाएं

प्रथम अवस्था—इस अवस्था में देश अविकसित होता है तथा अशिक्षा, बाल-विवाह एवं धार्मिक अन्धविश्वासों के कारण जन्म-दर अधिक होती है एवं मृत्यु-दर भी अधिक होती है. मृत्यु-दर बढ़ने का कारण स्वास्थ्य सुविधाओं का अपर्याप्त होना होता है.

द्वितीय अवस्था—इस अवस्था में राष्ट्र विकासशील स्थिति में होता है जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं के बढ़ने के कारण मृत्यु-दर कम होती है, लेकिन जन्म-दर में कोई विशेष कमी नहीं होती है. अतः इस अवस्था को जनसंख्या विस्फोट की अवस्था भी कहा जाता है.

तृतीय अवस्था—इस अवस्था में शिक्षा में वृद्धि व रहन-सहन के स्तर में वृद्धि होने लगती है, रूढ़िवादी दृष्टिकोण समाप्त होने लगते हैं, उत्पादन बढ़ने लगता है जिससे जन्म-दर व मृत्यु-दर दोनों में कमी होने लगती है. इससे जनसंख्या की वृद्धि-दर में भी कमी होने लगती है और समाज में आर्थिक सन्तुलन होने लगता है.

बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याएं

भारत के सभी विचारक, समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री व राजनीतिज्ञ यह स्वीकारते हैं कि भारत के सम्पूर्ण विकास में बढ़ती हुई जनसंख्या ही सबसे बड़ी समस्या है, जोकि विविध प्रकार की समस्याओं को जन्म दे रही है. उदाहरणस्वरूप—पूँजी निर्माण की धीमी गति, खाद्यान्न पूर्ति की समस्या, भुगतान सन्तुलन की समस्या, भूमि पर बढ़ता हुआ दबाव, बेरोजगारी की समस्या, मूल्य स्तर में वृद्धि, उत्पादन तकनीक पर प्रभाव आदि. अतः भारत का आर्थिक विकास तीव्र गति से तभी सम्भव हो सकता है, जबकि जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाई जाए.

विश्व के बदले हुए परिवेश में भारत भी अपना आर्थिक विकास मानव पूँजी को कुशलतम बनाकर ही कर सकता है. मानव पूँजी विकास से आशय होता है कि—"मानव में जो सर्वोत्तम है, उसे उजागर करना." मानव में निहित सर्वोत्तम को बाहर लाने का अर्थ है कि सभी स्तरों पर कार्यरत कर्मचारियों के निष्पादन को बेहतर बनाना. वस्तुतः बेहतर निष्पादन या उच्च उत्पादकता लोगों के ज्ञान-कौशल, क्षमता एवं सकारात्मक कार्य मनोवृत्ति एवं मूल्यों पर निर्भर होता है. अतएव यह कहना कोई अतिशयोक्ति न होगी कि मानव पूँजी की उत्पादक सम्भावनाओं में वृद्धि करने की प्रक्रिया मानव संसाधन विकास है.

मानवीय पूँजी निर्माण का एक आधारभूत घटक शिक्षा है. दुर्भाग्य से भारत में पंचवर्षीय योजनाओं में शिक्षा पर व्यय का प्रतिशत, कुल योजना परिव्यय में प्रत्येक पंचवर्षीय योजना में बढ़ने के बजाए घटता गया है. जिसका विवरण तालिका में दर्शाया गया है—

पंचवर्षीय योजनाएं	कुल योजना परिव्यय में शिक्षा का प्रतिशत
प्रथम योजना	8·62
द्वितीय योजना	5·82
तृतीय योजना	6·53
चतुर्थ योजना	5·21
पंचम योजना	3·21
छठी योजना	2·59
सातवीं योजना	3·55
आठवीं योजना	4·89

आर्थिक विकास एवं मानव पूँजी—कुछ सुझाव

आर्थिक विकास एक निरंतर एवं बहु-आयामी प्रक्रिया है जिसे मानव संसाधन विकास योजना प्रभावित करती है. अतः यह जरूरी है कि भावी विकास के संदर्भ में मानवशक्ति का नियोजन किया जाए. औद्योगीकरण एवं आधुनिकीकरण की रणनीति से तालमेल बिठाकर जनसंख्या नियंत्रण नीति प्रगति में सहायक होती है तथा विकास का लाभ अधिक-से-अधिक लोगों को मिल सकता है.

भारत के आर्थिक विकास में मानवीय पूँजी को संलिप्त करने या उन्हें रोजगार उपलब्ध होने के परिप्रेक्ष्य में मानवशक्ति के मानसिक दृष्टिकोण में यह परिवर्तन लाया जाना चाहिए कि वे उच्च शिक्षा के उपरांत स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित हों, तभी मानवीय पूँजी भारत के आर्थिक विकास के अनुकूल प्रदर्शन कर सकेगी अन्यथा पढ़े-लिखे लोग अपने को धरती पर बोझ समझेंगे तथा देश में अनेक समस्याएं खड़ी करते रहेंगे. भारत में इस दृष्टि से काम के अधिकार को संवैधानिक स्वरूप करने एवं युद्ध स्तर पर रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की आवश्यकता है. इस काम में लघु एवं कुटीर उद्योगों के विकास की नीति प्रमुख भूमिका अदा कर सकती है.

भारत में बढ़ती हुई मानवशक्ति आर्थिक विकास की गति में रोड़ा अटका रही है. आर्थिक विकास में मानवीय पूँजी अपने योगदान को निभाए इसके लिए जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगानी होगी तथा छोटे परिवार के आदर्श को स्वीकारना होगा. यह तथ्य है कि एक निरक्षर महिला में जहाँ प्रजनन दर 5·1 है वहीं एक साक्षर, किन्तु माध्यमिक स्कूल से कम शिक्षा प्राप्त महिला में प्रजनन दर 4·5 है, माध्यमिक स्कूल तक, किन्तु मैट्रिक से कम पढ़ी महिला में प्रजनन दर 4·0, मैट्रिक, किन्तु स्नातक स्तर तक से कम महिला में 3·1 तथा स्नातक स्तर की

शेष पृष्ठ 392 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्या आप बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड की

बैंक क्लैरीकल परीक्षाओं

में सम्मिलित हो रहे हैं ?

तो आपकी तैयारी चाहे कितनी ही अच्छी क्यों न हो, आपको ध्यान रखनी हैं तीन जरूरी बातें

समय, गति और शुद्धता

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उपकार प्रकाशन द्वारा इन वर्क बुक्स को प्रकाशित किया गया है. प्रत्येक मॉडल टेस्ट पेपर को निर्धारित समय में हल करें फिर उसका मूल्यांकन करें. अब आप यह जान जाएंगे कि आप इस परीक्षा के लिए कितने तैयार हैं तथा अभ्यास के द्वारा आप अपनी कमियों को भी दूर कर पाने में सफल हो पायेंगे.



कॉम्प्रीहेन्सिव वर्क-बुक
मूल्य : 175/-

- पूर्णतया पाठ्यक्रमानुसार
- नवीन पैटर्न पर आधारित
- पिछले वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का समावेश
- प्रचुर मात्रा में मॉडल टेस्ट पेपर्स
- कठिन प्रश्नों के व्याख्यात्मक हल

प्रैक्टिस वर्क-बुक
मूल्य :240/-



Comprehensive Work-Book
Price : Rs. 135/-

न्यू प्रैक्टिस वर्क-बुक
मूल्य : 110/-

स्व-दक्षता की जाँच हेतु अत्युपयोगी वर्क-बुक

शीघ्र ही अपने निकटतम बुकसेलर से सम्पर्क करें अथवा हमें 50.00 रु. का अग्रिम मनीऑर्डर भेजकर सीधे प्राप्त करें :

उपकार प्रकाशन 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002 फोन :323966, 323101, 322930; फैक्स :(0562) 323966

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य ज्ञान

1. निम्नलिखित में से कौनसे ग्रन्थ वेदों या श्रुतियों के अंग नहीं थे?
(A) संहिता (B) ब्राह्मण
(C) उपनिषद् (D) पुराण

2. 'एसियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल' की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की?
(A) मैक्समूलर ने
(B) सचिन्द्र नाथ सान्याल ने
(C) विलियम जोन्स ने
(D) सत्येन्द्र नाथ टैगोर ने

3. हड़प्पाकालीन सभ्यता की दो सबसे महत्वपूर्ण फसलें कौनसी थीं?
(A) गेहूँ और जौ
(B) तिल और सरसों
(C) धान और मटर
(D) कपास और गन्ना

4. शान्ति हेतु पहला नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया—
(A) हेनरी दुनांत
(B) फ्रेड्रिक पासी
(C) (A) और (B) दोनों को
(D) इनमें से कोई नहीं

5. सुमेलित करें—

देश
(a) अजरबैजान
(b) अल्बानिया
(c) आस्ट्रिया
(d) उरुग्वे
(e) घाना

मुद्रा
1. केडी (Cedi)
2. पेसो
3. शिलिंग
4. लेक
5. मनट

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)	(e)
(A)	5	4	3	2	1
(B)	4	5	3	2	1
(C)	5	4	3	1	2
(D)	5	4	2	1	3

6. वर्ष 1954 के संदर्भ में सही कथन का चयन करें—
(A) इस वर्ष भारत और श्रीलंका के मध्य एक समझौता हुआ
(B) इस वर्ष पाकिस्तान और भारत ने आपसी सद्भाव हेतु 20 वर्षीय शान्ति समझौता किया
(C) इस वर्ष भारत और चीन के मध्य सामरिक सम्बन्ध स्थापित हुए
(D) इस वर्ष भारत और चीन के बीच पंचशील समझौता हुआ

7. किन दो शहरों के बीच सर्वप्रथम टेली-फोन की S.T.D. सेवा आरम्भ की गई?
(A) नागपुर और कानपुर
(B) मुम्बई और नागपुर
(C) कानपुर और लखनऊ
(D) इलाहाबाद से लखनऊ

8. अशोक ने अपने अभिलेख में निम्न-लिखित लिपियों का प्रयोग किया—
(A) ब्राह्मी लिपि
(B) खरोष्ठी लिपि और ब्राह्मी लिपि
(C) यूनानी (ग्रीक) लिपि और खरोष्ठी लिपि
(D) यूनानी (ग्रीक) लिपि, आरामाइक लिपि, खरोष्ठी लिपि और ब्राह्मी लिपि

9. फीरोजशाह तुगलक को अशोक के स्तम्भ लेख कहाँ से प्राप्त हुए थे?
(A) टोपरा से
(B) मेरठ से
(C) टोपरा व मेरठ दोनों जगहों से
(D) सारनाथ से

10. खड़गपुर के संदर्भ में सही तथ्य का चयन करें—
(A) यहाँ एशिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक सिटी होगी, जोकि निर्माणाधीन है
(B) यहाँ विश्व का सबसे लम्बा रेलवे प्लेटफार्म स्थित है
(C) यह कम्प्यूटर उद्योग हेतु प्रसिद्ध है
(D) इनमें से कोई नहीं

11. 'एवरेस्ट' पर चढ़ने वाले विश्व के प्रथम व्यक्ति हैं—
(A) शेरपा तेनसिंग
(B) एडमंड हिलेरी
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

12. "यह एक आनुवंशिक रोग है. इसमें रोगियों में चोट या कटे स्थान पर रुधिर का थक्का नहीं जमता और रुधिर बराबर बहता रहता है." यह कथन निम्नलिखित में से किस रोग के संदर्भ में सत्य हो सकता है?
(A) डायरिया (B) एनिमिया
(C) टाइफाइड (D) हीमोफीलिया

13. सहारा मरुस्थल के संदर्भ में गलत तथ्य का चयन करें—
(A) यह दक्षिण अफ्रीका में स्थित है
(B) यह उत्तरी अफ्रीका में स्थित है
(C) यह विश्व का सबसे विशाल मरु-स्थल है
(D) यह लगभग 84,00,000 वर्ग किमी क्षेत्र में विस्तृत है

14. राष्ट्रगीत जन, गण, मन ..... को पहली बार कब गाया गया?
(A) 1911 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में
(B) 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन आरम्भ करते समय
(C) 1922 में कांग्रेस के गया (बिहार) अधिवेशन में
(D) 26 जनवरी, 1950 को

15. 'महान्यायवादी' (Attorney General of India) के संदर्भ में सर्वाधिक उपयुक्त तथ्य का चयन करें—
(A) यह भारत सरकार की ओर से भारत के किसी भी न्यायालय में उपस्थित होता है
(B) इसे कानून सम्बन्धी सलाह हेतु संसद के किसी भी सदन में बुलाया जा सकता है
(C) इसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है
(D) उपर्युक्त (A), (B) और (C) तीनों ही तर्कसंगत तथ्य हैं

16. दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जाता है—
(A) सांस्कृतिक उपलब्धि हेतु
(B) संगीत के क्षेत्र में
(C) रंगमंच के क्षेत्र में
(D) इनमें से कोई नहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

17. सर्वप्रथम भारत रत्न प्रदान किया गया—
(I) आचार्य कृपलानी
(II) सी. राजगोपालाचारी
(III) डॉ. राधाकृष्णन
(IV) डॉ. सी.वी. रमण
(A) (I) और (III)
(B) (II) और (IV)
(C) (II), (III) और (IV)
(D) (III) और (IV)

18. फीफा (FIFA)—
(A) खेल जगत् से सम्बद्ध है
(B) सांस्कृतिक जगत् से सम्बद्ध है
(C) फिल्म जगत् से सम्बद्ध है
(D) व्यापार जगत् से सम्बद्ध है

19. राज्य सभा हेतु अधिकतम कितने सदस्य राज्यों तथा संघ क्षेत्रों से निर्वाचित किए जाते हैं?
(A) 250 (B) 238
(C) 225 (D) 236

20. 'ऋग्वेद' का रचनाकाल माना जाता है—
(A) 1800—1500 ई.पू.
(B) 1000—500 ई.पू.
(C) 800—500 ई.पू.
(D) 1500—1000 ई.पू.

21. उपनिषदों में हम पाते हैं—
(A) जादू-टोने के मंत्र
(B) दार्शनिक चिंतन
(C) वैदिक कर्मकांड
(D) यज्ञ विधि

22. सुमेलित करें—

देश		राजधानी
(I) जमैका	(a)	किगाली
(II) नाइजीरिया	(b)	रबात
(III) मोरक्को	(c)	अबुजा
(IV) रूवाण्डा	(d)	किंगस्टन

कूट :

	(I)	(II)	(III)	(IV)
(A)	(d)	(c)	(b)	(a)
(B)	(d)	(b)	(a)	(c)
(C)	(c)	(d)	(b)	(a)
(D)	(a)	(c)	(b)	(d)

23. निम्नलिखित में से कौनसे युद्ध में सिकन्दर ने राजा पुरु को पराजित किया था?
(A) दाशराज युद्ध में
(B) झेलम के युद्ध में
(C) सिन्धु युद्ध में
(D) कालिंजर युद्ध में

24. 'इंदिरा प्वाइंट' स्थित है—
(A) अंडमान निकोबार द्वीप समूह में
(B) लक्षद्वीप में
(C) कन्याकुमारी में
(D) कोवलम में

25. 'राष्ट्रीय आवास बैंक' की स्थापना हुई थी—
(A) 1982 में (B) 1978 में
(C) 1986 में (D) 1988 में

26. भारत के मानचित्र का अध्ययन करके बताइए कि लौरिया नंदनगढ़, ऐलोरा, खजुराहो, वैशाली, अजंता के लिए निम्नलिखित में से कौनसा कूट सही है?



(A) 2, 4, 5, 3, 1 (B) 4, 2, 3, 5, 1
(C) 2, 4, 3, 5, 1 (D) 2, 4, 1, 5, 3

27. चन्द्रमा के तल पर खड़े व्यक्ति को आकाश किस रंग का दिखाई पड़ता है?
(A) गहरा नीला
(B) गहरा आसमानी
(C) हल्का नीला
(D) इनमें से कोई नहीं

28. ज्योतिबा फूले ने स्थापना की थी—
(A) 'सत्यवादी समाज' की
(B) 'सत्य समाज' की
(C) 'सत्य शोधक समाज' की
(D) 'आर्य सत्य समाज' की

29. जुंको ताबेई (Junko Tabei) के संदर्भ में सही तथ्य का चयन करें—
(A) ये विश्व प्रसिद्ध महिला भारोत्तोलक हैं
(B) ये एवरेस्ट शिखर पर पहुँचने वाली विश्व की प्रथम महिला हैं
(C) ये इंगलिश चैनल पार करने वाली विश्व की प्रथम महिला हैं
(D) ये पैदल विश्व भ्रमण करने वाली विश्व की प्रथम महिला हैं.

30. भारतीय नौसेना कितने कमानों में विभक्त है?
(A) तीन (B) चार
(C) पाँच (D) छः

31. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इतिहास में अब तक कितनी महिलाओं को कांग्रेस अध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त है?
(A) छः (B) पाँच
(C) चार (D) तीन

32. अण्टार्कटिका पहुँचने वाले प्रथम भारतीय निम्नलिखित में से कौन है?
(A) डॉ. एस. जैड. कासिम
(B) डॉ. उपेन्द्र राय
(C) फैजल शाह अली
(D) गिरिराज सिरोही

33. 'हरिओम आश्रम ट्रस्ट पुरस्कार' प्रदान किया जाता है—
(A) अध्यात्म के क्षेत्र में
(B) दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में
(C) कृषि क्षेत्र में
(D) शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में

34. सुमेलित करें—

पुस्तक		लेखक
(a) अन्ना कोरेनिना	1.	लुई फिशर
(b) ए पैसेज टु इंगलैण्ड	2.	ई. एम. फार्स्टर
(c) ए पैसेज टु इण्डिया	3.	नीरद सी. चौधरी
(d) ग्रेट चैलेंज	4.	लियो टालस्टॉय

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	4	2	3	1
(B)	4	3	2	1
(C)	3	2	1	4
(D)	1	2	3	4

35. हमने देखा है कि तालाबों के रुके हुए जल या दलदली स्थानों पर बुलबुले निकलते हैं. इस संदर्भ में सही तथ्य का पता लगाएं—
(A) यह मछलियों के सांस लेने और छोड़ने की क्रिया का परिणाम है
(B) यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है
(C) उन बुलबुलों में मीथेन (CH₄) गैस होती है
(D) इस संदर्भ में कुछ निश्चित नहीं कहा जा सकता

36. भारत के ऐसे राज्य जिनकी सीमाएं तो समुद्र को स्पर्श करती है और न किसी अन्य देश की सीमा को—
(A) मध्य प्रदेश
(B) हिमाचल प्रदेश
(C) हरियाणा
(D) (A) और (C) दोनों

37. भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त थे—
(A) सुकुमार सेन
(B) के.वी.के. सुन्दरम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(C) गणेश मावलंकर
(D) यू.के. राय

38. एक झील के मध्य में 'जिब्राल्टर चट्टान' है जिस पर 60 फीट की भगवान बुद्ध की विशालकाय प्रतिमा लगी है. यह तथ्य किस झील के संदर्भ में है?
(A) लोणार झील (महाराष्ट्र)
(B) चिल्का झील (उड़ीसा)
(C) मोती झील (कश्मीर)
(D) हुसैन सागर झील (आन्ध्र प्रदेश)

39. सुमेलित करें—

पुस्तक/रचना		लेखक
1. साखी	(a)	कबीरदास
2. चंद रायसा	(b)	चंदवरदाई
3. गीत गोविंद	(c)	जयदेव
4. रसरत्नाकर	(d)	नागार्जुन

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	2	1	3	4
(B)	1	2	4	3
(C)	4	3	2	1
(D)	1	2	3	4

40. महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) के संदर्भ में सही तथ्य का चयन करें—
(A) यह अधिवक्ताओं का अधिवक्ता होता है
(B) यह राज्य का विधि अधिकारी होता है
(C) इसकी नियुक्ति राष्ट्रपति करता है
(D) उपर्युक्त सभी तथ्य सही हैं

41. 'महामाया' के संदर्भ में सही तथ्य है—
(A) ये महावीर की माता थीं
(B) ये महात्मा बुद्ध की माता थीं
(C) ये पार्श्वनाथ की माता थीं
(D) इनमें से कोई नहीं

42. 'सांस्कृतिक क्रांति' (Cultural Revolution) हुई थी—
(A) ब्रिटेन में (B) भारत में
(C) फ्रांस में (D) चीन में

43. राष्ट्रमण्डल खेलों का आयोजन कितने वर्षों पर किया जाता है?
(A) चार वर्ष (B) तीन वर्ष
(C) दो वर्ष (D) प्रत्येक वर्ष

44. 'कृष्णअष्टम' सम्बन्धित है—
(A) आन्ध्र प्रदेश से
(B) तमिलनाडु से
(C) केरल से
(D) कर्नाटक से

45. 'पंचअणुव्रत' सम्बन्धित है—
(A) जैन धर्म से
(B) बौद्ध धर्म से
(C) भागवत धर्म से
(D) शैव पंथ से

46. 'रावणवध' के रचनाकार हैं—
(A) अजेय भट्टी (B) उपेन्द्र भट्टी
(C) अज्ञेय भट्टी (D) वत्स भट्टी

47. वराहमिहिर था—
(A) ज्योतिष तथा धातु विज्ञान का प्रकाण्ड पंडित
(B) 'वृहत्संहिता' का रचनाकार
(C) 'पंच सिद्धांत' का रचनाकार
(D) उपर्युक्त सभी

48. $1 + \frac{1}{2} + \frac{1}{4} + \frac{1}{7} + \frac{1}{14} + \frac{1}{28}$ का मान होगा—
(A) 1 (B) 2
(C) $2\frac{1}{3}$ (D) $2\frac{1}{2}$

49. नीचे दी गई संख्या-शृंखला में प्रश्न-सूचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
[?], 6, 12, 20, 30, 42, 56
(A) 1
(B) 3
(C) 4
(D) इनमें से कोई नहीं

50. रिया की माताजी की उम्र रिया की उम्र की तीन गुनी, पाँच वर्ष पूर्व थी, पाँच वर्ष पश्चात् वह रिया की उम्र की दो गुनी होगी. अभी रिया की उम्र क्या है?
(A) 12 वर्ष (B) 10 वर्ष
(C) 6 वर्ष (D) 15 वर्ष

51. अ, ब, स और द ताश खेल रहे हैं, अ और ब साझी हैं, 'द' का मुख उत्तर की ओर है, यदि 'अ' का मुख पश्चिम की ओर है, तो दक्षिण की ओर कौन मुख करेगा?
(A) अ (B) ब
(C) स (D) द

52. केतन स्टेशन पहुँचा, तो पता चला कि वह गाड़ी छूटने के समय से आधा घण्टा पहले पहुँच गया था. गाड़ी 1·30 घण्टा विलम्ब से होने के कारण 6·20 बजे आई. केतन कितने बजे स्टेशन पहुँचा था?
(A) 4·40 बजे (B) 5·10 बजे
(C) 5·20 बजे (D) 4·20 बजे

53. यदि 4 भैंसें, 4 दिन में, 4 डिब्बे दूध देती हैं, तो 8 भैंसें 8 डिब्बे दूध कितने दिन में देंगी?
(A) 16 दिन (B) 4 दिन
(C) 2 दिन (D) 8 दिन

54. एक व्यक्ति ने एक स्त्री से कहा "तुम्हारी माताजी के पति की बहन मेरी फुआ है" तो उस स्त्री का उस व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है?
(A) पुत्री (B) पौत्री
(C) माता (D) बहन

55. पप्पू अपनी आय का 40% भोजन पर व्यय करता है, शेष का 1/3 आने-जाने पर खर्च करता है. शेष का 10% किताबों पर खर्च करता है. यदि वह किताबों पर 250 रुपए खर्च करता हो, तो पप्पू की आय कितनी है?
(A) 6250 रु. (B) 3250 रु.
(C) 6000 रु. (D) 7250 रु.

56. नीचे दी गई संख्या शृंखला में एक संख्या असंगत है. वह संख्या कौनसी है, ज्ञात करें?
11, 12, 21, 46, 110, 176, 297
(A) 12 (B) 110
(C) 21 (D) 176

57. रवि सूर्योदय की दिशा की ओर मुँह करके 15 मीटर चलता है तत्पश्चात् वह अपने बाईं ओर मुड़ता है और 13 मीटर चलता है. इसके बाद दाईं ओर मुड़ता है और 10 मीटर चलता है. बताइए, इस समय वह अपनी पूर्व स्थिति से किस दिशा में है?
(A) पूर्वोत्तर
(B) पश्चिमोत्तर
(C) उत्तर-पश्चिम
(D) दक्षिण

58. 'फेरीवाला' का 'खरीददार' से जो सम्बन्ध है वही सम्बन्ध 'वकील' का ..... से है.
(A) मुकदमा (B) न्यायाधीश
(C) गवाह (D) मुवक्किल

59. रिक्त-स्थान की पूर्ति करें—
8 : 36 : : (?) : 18
(A) 6 (B) 4
(C) 1/3 (D) 9

60. वायुमण्डल की सबसे निचली सतह को कहा जाता है—
(A) समताप मण्डल
(B) क्षोभमण्डल
(C) आयन मण्डल
(D) इनमें से कोई नहीं

61. निम्नलिखित में से कौनसी रचना 'पाणिनि' की है?
(A) अष्टाध्यायी
(B) भवसागर
(C) व्याकरण सागर
(D) ज्ञानद्वीप

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

62. 'अनेग्जीमेंण्डर' था—
(A) एक पुर्तगाली नाविक
(B) एक इतिहासकार
(C) एक यूनानी दार्शनिक
(D) रोम का दार्शनिक

63. विश्व की सबसे लम्बी नदी नील की लम्बाई है—
(A) 6690 किमी (B) 5120 किमी
(C) 7110 किमी (D) 6180 किमी

64. 'हाथी गुम्फा' स्थित है—
(A) राजमहल पहाड़ी में
(B) कैमूर की पहाड़ी में
(C) उदयगिरि की पहाड़ी में
(D) इनमें से कहीं नहीं

65. 'मृत सागर' स्थित है—
(A) ईरान और इराक के बीच
(B) जॉर्डन और इजरायल के बीच
(C) तुर्की और फ्रांस के बीच
(D) इनमें से कोई नहीं

66. भौतिकी का प्रथम नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?
(A) लुई सी. ग्रेसिया
(B) एस. अलेक्जेंडर
(C) डब्ल्यू. सी. रॉनजन
(D) रॉबिन डीकोव

67. विश्व की सबसे विशाल खाड़ी निम्नलिखित में से कौनसी है?
(A) ईराक की खाड़ी
(B) अफ्रीका की खाड़ी
(C) मेक्सिको की खाड़ी
(D) इनमें से कोई नहीं

68. 'सहारा मरुस्थल' के संदर्भ में सही है—
(A) यह संसार का सबसे बड़ा रेगिस्तान है
(B) इसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल 84,00,000 वर्ग किमी है
(C) उपर्युक्त (A) और (B) दोनों सही हैं
(D) इनमें से कोई नहीं

69. हिन्दी भाषा का प्रथम समाचार-पत्र निम्नलिखित में से कौनसा था?
(A) हिन्दी पत्रिका
(B) हिन्द समाचार
(C) भारत-भारती
(D) उदंत मार्तंड

70. 1 मई (एक मई) के संदर्भ में सही कथन है—
(A) यह तम्बाकू निषेध दिवस है
(B) इस दिन महाराष्ट्र दिवस मनाया जाता है
(C) यह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है
(D) उपर्युक्त सभी कथन सही हैं

71. भारत ने अपना पहला अधिकृत क्रिकेट टैस्ट मैच किसके विरुद्ध खेला था?
(A) आस्ट्रेलिया
(B) न्यूजीलैण्ड
(C) इंगलैण्ड
(D) द. अफ्रीका

72. 'शारदा कानून' किस वर्ष पारित किया गया?
(A) 1917 (B) 1923
(C) 1925 (D) 1929

73. 'बुशमैन' प्रजाति मुख्यतः निवास करती है—
(A) दक्षिणी अमरीका में
(B) कालाहारी मरुस्थल में
(C) दक्षिणी आस्ट्रेलिया में
(D) उत्तरी रूस में

74. 'मंगल ग्रह' के संदर्भ में सही कथन का चयन करें—
(A) इसे 'नीला ग्रह' कहा जाता है
(B) इसे 'लाल ग्रह' कहा जाता है
(C) इसे 'पीला ग्रह' कहा जाता है
(D) इनमें से कोई नहीं

75. 'विश्व समुद्री आयोग' की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(A) 1965 (B) 1975
(C) 1985 (D) 1995

76. पानी का अधिकतम घनत्व किस ताप पर होता है?
(A) 4K पर (B) 4°C पर
(C) –4°C पर (D) –40°C पर

77. नियाग्रा जल प्रपात स्थित है—
(A) संयुक्त राज्य अमरीका और मेक्सिको की सीमा पर
(B) मेक्सिको में
(C) संयुक्त राज्य अमरीका और कनाडा की सीमा पर
(D) इनमें से कोई नहीं

78. कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद का निर्माण निम्नलिखित में से किसने किया?
(A) गयासुद्दीन तुगलक ने
(B) हुमायूँ ने
(C) फिरोजशाह तुगलक ने
(D) इनमें से कोई नहीं

79. विश्व की दूसरी सबसे ऊँची पर्वत चोटी है—
(A) गाडविन ऑस्टिन
(B) कंचनजंगा
(C) ग्रेशरब्रम
(D) मकालू

80. 'भारतीय जनजातीय सहकारी विकास परिसंघ' की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(A) 1985 (B) 1987
(C) 1989 (D) 1983

81. एन्थ्रेक्स (Anthrax) के संदर्भ में सही कथन का चयन करें—
(A) यह एक घातक और संक्रामक रोग है
(B) यह कम्प्यूटर की एक भाषा है
(C) यह खगोल विज्ञान से संबंधित एक शब्द है
(D) इनमें से कोई नहीं

82. धनगाधरा (Dhangadhra) वन्य जीव अभयारण्य स्थित है—
(A) महाराष्ट्र में (B) मध्य प्रदेश में
(C) कर्नाटक में (D) गुजरात में

83. 'आयुर्वेद दीपिका' किसकी रचना है?
(A) चक्रपाणि (B) चरक
(C) सुश्रुत (D) उपेंद्रपाणि

84. वार्साय की संधि हुई थी—
(A) 1917 में (B) 1915 में
(C) 1918 में (D) 1919 में

85. कोबोल (COBOL) के संदर्भ में सही कथन का चयन करें—
(A) यह मलेरिया के इलाज में प्रयोग लाई जाने वाली दवा है
(B) यह कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग की एक भाषा है
(C) ग्रहों को देखने में इस यंत्र का प्रयोग किया जाता है
(D) इनमें से कोई नहीं

86. 'लामा' नामक जीव निम्नलिखित में से कहाँ पाए जाते हैं?
(A) दक्षिणी अमरीका में
(B) दक्षिणी अफ्रीका में
(C) आस्ट्रेलिया में
(D) दक्षिणी रूस में

87. चिपको आन्दोलन सम्बद्ध है—
(A) भ्रष्टाचार विरोध से
(B) जनजातीय उत्थान से
(C) वन संरक्षण से
(D) महिला उत्थान से

88. महमूद गजनवी के सोमनाथ आक्रमण के समय वहाँ का शासक कौनसा था?
(A) रामदेव (B) भीमदेव
(C) सामदेव (D) उपेंद्रदेव

89. निम्नलिखित में से किस जलडमरूमध्य को 'भूमध्यसागर का प्रकाश स्तंभ' कहा जाता है?
(A) एटना (B) एस्ट्राकोनो
(C) वैल्केनो (D) क्राकाटाओ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

90. दलविहीन लोकतंत्र (Partyless Democracy) की अवधारणा सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत की थी?
(A) यू. के. राय
(B) जयप्रकाश नारायण
(C) मोतीलाल नेहरू
(D) एम. एन. राय

91. 'यक्षगान' का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस राज्य से है?
(A) महाराष्ट्र (B) राजस्थान
(C) आन्ध्र प्रदेश (D) असम

92. 'डिप्थीरिया' रोग से प्रभावित होने वाला अंग है—
(A) छाती
(B) पेट
(C) आँख
(D) इनमें से कोई नहीं

93. 'खाद्य एवं कृषि सगठन' का मुख्यालय निम्नलिखित में कहाँ स्थित है?
(A) क्यूबेक (B) रोम
(C) बर्लिन (D) पेरिस

94. यूनेस्को (UNESCO) की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(A) 1946 (B) 1948
(C) 1944 (D) 1951

95. भारत में प्रथम कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कहाँ की गई थी?
(A) भुसावल (महाराष्ट्र)
(B) राँची (बिहार)
(C) पंतनगर (उत्तर प्रदेश)
(D) कटक (उड़ीसा)

96. गोमतेश्वर बाहुबली की विशाल मूर्ति निम्नलिखित में कहाँ स्थित है?
(A) बंगलौर (कर्नाटक)
(B) माउंटआबू (राजस्थान)
(C) औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
(D) श्रवणवेलगोला (कर्नाटक)

97. निम्नलिखित में से किस शासक की मृत्यु किसी खेल के खेलने की बजह से हुई थी?
(A) मुहम्मद गौरी
(B) कुतुबुद्दीन ऐबक
(C) इल्तुतमिश
(D) कैकुबाद

98. 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना किसने की थी?
(A) सुभाष चन्द्र बोस
(B) जगदीश चन्द्र बोस
(C) उपेन्द्र बोस
(D) अजय दास गुप्ता

99. पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने के दौरान किस तिथि को सूर्योच्च (Aphelion) की स्थिति आती है?
(A) 3 जनवरी (B) 4 जुलाई
(C) 21 सितम्बर (D) 23 दिसम्बर

100. निम्नलिखित में से किसे भारत का मॉनचेस्टर कहा जाता है?
(A) कानपुर (उत्तर प्रदेश)
(B) मुम्बई (महाराष्ट्र)
(C) अहमदनगर (महाराष्ट्र)
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

1. (D)	2. (C)	3. (A)	4. (C)	5. (A)
6. (D)	7. (C)	8. (D)	9. (C)	10. (B)
11. (C)	12. (D)	13. (A)	14. (A)	15. (D)
16. (D)	17. (C)	18. (A)	19. (B)	20. (D)
21. (B)	22. (A)	23. (B)	24. (A)	25. (D)
26. (C)	27. (D)	28. (C)	29. (B)	30. (A)
31. (B)	32. (D)	33. (C)	34. (B)	35. (C)
36. (D)	37. (A)	38. (D)	39. (D)	40. (B)
41. (B)	42. (D)	43. (A)	44. (C)	45. (A)
46. (D)	47. (D)	48. (B)	49. (D)	50. (D)
51. (C)	52. (D)	53. (B)	54. (D)	55. (A)
56. (B)	57. (A)	58. (D)	59. (B)	60. (B)
61. (A)	62. (C)	63. (A)	64. (C)	65. (B)
66. (C)	67. (C)	68. (C)	69. (D)	70. (B)
71. (C)	72. (D)	73. (B)	74. (B)	75. (D)
76. (B)	77. (C)	78. (D)	79. (A)	80. (B)
81. (A)	82. (D)	83. (A)	84. (D)	85. (B)
86. (A)	87. (C)	88. (B)	89. (B)	90. (D)
91. (C)	92. (D)	93. (B)	94. (A)	95. (C)
96. (D)	97. (B)	98. (A)	99. (B)	100. (D)

संकेत

2. ईस्ट इण्डिया कम्पनी के सर विलियम जोन्स ने 1784 में कलकत्ता में 'एसियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल' की स्थापना की.

4. शान्ति हेतु नोबेल पुरस्कार 1901 से प्रारम्भ किया गया. शान्ति का पहला नोबेल पुरस्कार स्विट्जरलैण्ड के हेनरी दुनांत व फ्रांस के फ्रेड्रिक पासी को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया. ज्ञातव्य है कि वर्ष 1901 से ही नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जाता है.

6. भारत-चीन मित्रता के संदर्भ में बहुचर्चित पंचशील समझौता सन् 1954 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने चीन के तत्कालीन प्रधानमंत्री चाऊ-एन-लाई के साथ मिलकर इसकी घोषणा की थी. इसके अन्तर्गत पाँच सिद्धान्त बताए गए थे.

7. भारत में टेलीफोन की S.T.D. सेवा का शुभारम्भ 26 नवम्बर, 1960 को हुआ था. यह सेवा सर्वप्रथम कानपुर और लखनऊ के मध्य प्रारम्भ हुई थी.

8. अशोक ने भिन्न क्षेत्रों में यूनानी (ग्रीक) आरामाइक, खरोष्ठी और ब्राह्मी (चारों लिपि) का प्रयोग किया. (संदर्भ–प्राचीन भारत, N.C.E.R.T, रामशरण शर्मा, पृ.सं.–14)

9. फिरोजशाह तुगलक को अशोक के दो स्तम्भ लेख मिले थे–एक टोपरा में और दूसरा हरियाणा के टोपरा में. उसने इन्हें दिल्ली मँगवाया और अपने राज्य के पंडितों से पढ़वाने का प्रयास किया, परन्तु असफल रहा. इन अभिलेखों को पढ़ने में सर्वप्रथम 1837 में जेम्स प्रिन्सेप को सफलता मिली जो उस समय बंगाल में ईस्ट इण्डिया कम्पनी की सेवा में कार्यरत् थे.
(संदर्भ–प्राचीन भारत, N.C.E.R.T, रामशरण शर्मा, पृ.सं.–15)

10. खड़गपुर (प. बंगाल) का रेलवे प्लेटफार्म विश्व का सबसे लम्बा प्लेटफार्म है. इसकी लम्बाई 833 मीटर है.

11. विश्व के सबसे ऊँचे पर्वत शिखर एवरेस्ट (8848 मीटर) पर सबसे पहले चढ़ने वाले भारत के शेरपा तेनसिंग और न्यूजीलैण्ड के एडमण्ड हिलेरी थे. इन दोनों ने 29 मई, 1953 को इस शिखर पर पहुँचने में सफलता प्राप्त की.

12. मनुष्य में हीमोफीलिया एक आनुवंशिक रोग है. हीमोफीलिया के रोगियों में चोट या कटे स्थान पर काफी समय तक रुधिर का थक्का नहीं जमता है और रुधिर का स्राव लगातार होता रहता है. इसे रक्तस्रावण रोग (Bleeder's disease) भी कहते हैं.

13. विश्व का सबसे विशाल मरुस्थल उत्तरी अफ्रीका में स्थित सहारा मरुस्थल है जो लगभग 84,00,000 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है.

14. रबीन्द्रनाथ टैगोर रचित जन, गण, मन ..... को सर्वप्रथम 27 दिसम्बर, 1911 को कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था. ज्ञातव्य है कि इस गीत को 24 जनवरी, 1950 को राष्ट्रीय गान के रूप में अपना लिया गया.

15. भारत में राष्ट्रपति और संघीय सरकार को कानूनी परामर्श देने वाला सर्वोच्च अधिकारी 'महान्यायवादी' होता है. यह भारत सरकार की ओर से भारत के किसी भी न्यायालय में उपस्थित होता है. इसे कानून सम्बन्धी सलाह के लिए संसद के किसी भी सदन में बुलाया जा सकता है. यह संसद की समितियों में भी भाग ले सकता है. इसे राष्ट्रपति नियुक्त करता है तथा वही इसे पदच्युत भी कर सकता है.

16. भारतीय फिल्म उद्योग के संस्थापक धुंधिराज गोविन्द फाल्के (दादा साहब) की स्मृति में भारतीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 1969 से यह पुरस्कार फिल्म जगत् में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्ति को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है. देविका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रानी को सर्वप्रथम यह पुरस्कार प्रदान किया गया. विकल्प (A), (B) और (C) में कोई भी तर्क संगत नहीं है इसलिए उत्तर (D) होगा.

17. 'भारत रत्न' भारत का सर्वोच्च सम्मान है. यह भारत सरकार द्वारा उस व्यक्ति को प्रदान किया जाता है जिसकी सामाजिक सेवाएं सर्वमान्य एवं अति उच्चस्तर की हों अथवा जिन्होंने कला, साहित्य एवं विज्ञान के क्षेत्र में अति उल्लेखनीय योगदान दिया हो. सर्वप्रथम यह पुरस्कार 1954 में सी. राजगोपालाचारी, डा. राधाकृष्णन तथा डॉ. सी.वी. रमण को प्रदान किया गया.

18. फुटबाल (सॉकर) से सम्बन्धित 'फीफा' सर्वोच्च अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है. इसका पूरा नाम 'Federation International de Football Association' (FIFA) है. इस संस्था की स्थापना 21 मई, 1904 को पेरिस में की गई थी. इस प्रकार 'फीफा' खेल जगत् से सम्बद्ध है.

19. वर्तमान संविधानिक व्यवस्था के अनुसार राज्य सभा की अधिकतम सदस्य संख्या 250 हो सकती है. इसमें 238 सदस्य राज्यों तथा संघ क्षेत्रों से चुने जाते हैं, जबकि 12 सदस्य राष्ट्रपति मनोनीत करता है.

20. 'ऋग्वेद' को 1500-1000 ई. पू. के काल में रचित माना जाता है, जबकि अन्य वेदों का रचनाकाल 1000-500 ई.पू. माना जाता है. (संदर्भ–N.C.E.R.T. प्राचीन भारत, पृ. सं. –16)

21. (N.C.E.R.T., प्राचीन भारत, पृ.सं.16)

23. हाइडेस्पीज के युद्ध को ही झेलम का युद्ध भी कहते हैं. यह युद्ध सिकन्दर व राजा पुरु (पोरष) के मध्य झेलम नदी के पास 'हाइडेस्पीज' नामक स्थान पर हुआ था. इसलिए इसे 'झेलम का युद्ध' या 'हाइडेस्पीज का युद्ध' कहा जाता है. इस युद्ध में राजा पुरु को सिकन्दर के हाथों पराजित होना पड़ा.

24. 'इन्दिरा प्वाइंट' भारत का दक्षिणतम स्थल-स्थान है. यह अंडमान निकोबार द्वीप समूह में स्थित है.

25. राष्ट्रीय आवास बैंक की स्थापना 1987 में संसद में पारित एक अधिनियम के अन्तर्गत 9 जुलाई, 1988 को की गई थी. इसका उद्देश्य गृह-निर्माण हेतु लोगों को सुलभ शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराना है.

26. ● **लौरिया नंदनगढ़**–यह बिहार राज्य के प. चम्पारण जिले में स्थित है. यहाँ पर अशोक का एक स्तम्भ पाया गया है.
● **ऐलोरा**–यह महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित है. यह स्थान शैलकृत गुफा मन्दिरों के लिए प्रसिद्ध है.
● **खजुराहो**–यह मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित है. खजुराहो अपने मन्दिरों एवं वास्तुकला के लिए विश्व विख्यात है.
● **वैशाली**–प्राचीन ऐतिहासिक नगर वैशाली की खुदाई 1958 में बिहार राज्य के वैशाली जिले में बसाढ़ गाँव से की गई है. यह गंगा नदी से सटा हुआ है.
● **अजंता**–यह महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित है. अजंता गुफा-कला और चित्र-कला के लिए विश्व प्रसिद्ध है.

27. पृथ्वी से आकाश नीला दिखाई पड़ता है, जबकि चन्द्रमा से आकाश काला दिखाई पड़ता है. ज्ञातव्य है कि पृथ्वी के ऊपर वायुमण्डल में वाष्प, धूलकण आदि रहते हैं. जब सूर्य का प्रकाश इस वायुमण्डल से गुजरता है तो उसके सातों रंगों में से नीले रंग का तरंगदैर्घ्य सबसे कम होने के कारण सबसे अधिक प्रसारित होता है. शेष रंगों का तरंग दैर्घ्य अधिक होने के कारण वायुमण्डल में से वगैर प्रकीर्णन के निकल जाते हैं. इस प्रकार वायुमण्डल के जलवाष्प और धूलकणों द्वारा केवल नीले रंग का प्रकीर्णन (Scattering) होता है और आकाश नीला दिखाई पड़ता है, चूँकि चन्द्रमा के ऊपर वायुमण्डल नहीं है. अतः वायुमण्डल न होने के कारण सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन नहीं होता है और आकाश काला दिखाई पड़ता है.

28. महाराष्ट्र के ज्योतिबा फूले जो 19वीं सदी के एक समाज सुधारक हुए, ने दक्षिण भारत में ब्राह्मण श्रेष्ठता को चुनौती देने के उद्देश्य से 24 सितम्बर, 1873 को 'सत्य-शोधक समाज' की स्थापना की थी.

29. 22 सितम्बर, 1939 को जन्मी जापान की जुंको ताबेई एवरेस्ट शिखर पर पहुँचने वाली विश्व की प्रथम महिला हैं ताबेई ने 16 मई, 1975 को एवरेस्ट शिखर पर पहुँचने में सफलता प्राप्त की.

30. प्रशासन की दृष्टि से भारतीय नौ सेना को तीन कमानों में बाँटा गया है–पश्चिमी, पूर्वी तथा दक्षिणी कमान. इनके मुख्यालय क्रमशः मुम्बई (महाराष्ट्र) विशाखापत्तनम (आन्ध्र प्रदेश) तथा कोचीन (केरल) हैं.

31. अभी तक पाँच महिलाएं कांग्रेस अध्यक्ष होने का गौरव पा चुकी हैं–
1. श्रीमती ऐनी बीसेन्ट—1917 का कलकत्ता अधिवेशन
2. सरोजिनी नायडू—1925 का कानपुर अधिवेशन
3. नेल्ली सेनगुप्ता—1933 का कलकत्ता अधिवेशन (कार्यवाहक)
4. इंदिरा गांधी—1969 से 1970 तथा 1978 से मरणोपरांत
5. सोनिया गांधी—वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष.

32. यद्यपि भारत का पहला अण्टार्कटिका अभियान दल डॉ. एस.जेड. कासिम के नेतृत्व में जनवरी 1982 में अण्टार्कटिका पहुँचा था, परन्तु उससे पहले ही एक भारतीय अण्टार्कटिका पर कदम रख चुका था. वह भारतीय था–गिरिराज सिरोही. 1967 में अण्टार्कटिका पहुँचने वाला यह भारतीय-अमरीकी अभियान दल के [illegible] के रूप में गया था. उल्लेखनीय है कि [illegible] सिरोही के सम्मान में ही अण्टार्कटिका [illegible] ब्रेडमोर ग्लेशियर के एक स्थान को [illegible] 'सिरोही पॉइन्ट' रखा गया है.

33. 'हरिओम आश्रम ट्रस्ट पुरस्कार' [illegible] काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर [illegible] (ICAR) द्वारा कृषि विकास के लिए [illegible] वाले अनुसंधानों के लिए प्रदान [illegible] जाता है.

35. मीथेन (CH_4) संतृप्त हाइड्रोकार्बन [illegible] का सर्वप्रथम सदस्य है. बुलबुलों के [illegible] में यह तालाबों के रुके हुए जल [illegible] दलदली स्थानों से निकलती है. [illegible] इन स्थानों पर नीचे दबे हुए वनस्पति [illegible] जीव पदार्थों के जीवाणु विच्छेदन [illegible] इसकी उत्पत्ति होती है. इसे 'मार्श गैस' [illegible] इसी कारण से कहा जाता है.

36. भारत के केवल दो राज्य ऐसे हैं, जिनकी सीमा न तो समुद्र को स्पर्श करती है और न किसी अन्य देश की सीमा को [illegible] राज्य हैं–मध्य प्रदेश व हरियाणा.

37. श्री सुकुमार सेन भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त (Chief Election Commissioner) थे. उनका कार्यकाल 21 मार्च 1950 से 19 दिसम्बर, 1958 तक रहा. के.वी.के. सुन्दरम् दूसरे मुख्य चुनाव आयुक्त थे.

38. हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश) की हुसैन सागर झील के मध्य में 'जिब्राल्टर चट्टान' है जिस पर 60 फीट की विशालकाय भगवान बुद्ध की प्रतिमा लगी है. ज्ञातव्य है कि यही चट्टान हैदराबाद और सिकंदराबाद नगरों को पृथक् करती है.

40. महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) राज्य का विधि अधिकारी होता है. इसका मुख्य कार्य राज्य की ओर से विधि सम्बन्धी मामलों को सम्पादित करना है. यह न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से पक्ष प्रस्तुत करता है. यह राज्य विधानमण्डल की कार्यवाही में भाग ले सकता है, लेकिन इसे किसी भी विषय पर मतदान में भाग लेने का अधिकार नहीं है.

41. सिद्धार्थ (महात्मा बुद्ध) की माता का नाम महामाया था. महामाया शाक्य राजा [illegible] की पुत्री थी. महामाया ने कपिलवस्तु के पास लुम्बिनी वन में गौतम बुद्ध को जन्म दिया.

42. सांस्कृतिक क्रान्ति जनवादी चीन में 1965 में प्रारम्भ हुई. इस क्रान्ति के प्रणेता चीन के क्रांतिकारी नेता [illegible] जनवादी चीन के प्रमुख माओ-त्से-तुंग. इस क्रांति का उद्देश्य चीन के [illegible] व्याप्त पूँजीपति संस्कारों एवं [illegible] सांस्कृतिक परम्पराओं को नष्ट [illegible] समाजवादी सोच एवं विचारों को [illegible]

43. राष्ट्रमण्डल खेल, राष्ट्रकुल देशों का [illegible] मेला है. इन खेलों का आयोजन हर [illegible] में एक बार, किन्तु ओलम्पिक खेलों [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में किया जाता है. प्रथम राष्ट्रकुल खेल ब्रिटिश अम्पायर गेम्स के नाम से 1930 में कनाडा के हैमिल्टन नामक स्थान पर आयोजित किए गए. 1954 में इसका नाम बदलकर ब्रिटिश अम्पायर व कॉमनवेल्थ गेम्स रखा गया. 1966 के बाद से इसका नाम केवल राष्ट्रकुल खेल (Commonwealth Games) रखा गया.

44. कृष्णअट्टम केरल प्रान्त का नाट्य नृत्य है. यह नाट्य नृत्य भगवान श्रीकृष्ण और उनकी लीलाओं से सम्बन्धित है. यह केरल का प्राचीनतम नाट्य नृत्य है. इसी से कथकली का विकास हुआ. इसके नाटक संस्कृत भाषा में लिखे जाते हैं.

45. 'पंचअणुव्रत' जैन धर्म से सम्बन्धित है. प्रत्येक जैन श्रावक एवं भिक्षु को पंच अणुव्रतों या पाँच आवश्यक प्रतिज्ञाओं का अनुसरण करना पड़ता है.

46. प्रसिद्ध कवि वत्स भट्टी गुप्तकालीन था जो गुप्त सम्राट् कुमारगुप्त-I व कुमारगुप्त-II का समकालीन था. इन्होंने ही 'रावण वध' नामक महाकाव्य की रचना की.

47. वराहमिहिर ज्योतिष तथा धातु विज्ञान का प्रकाण्ड पण्डित था. वह गुप्तकालीन विद्वान् था. वराहमिहिर ने अपने ग्रंथ 'वृहत्संहिता' में प्राकृतिक इतिहास, नक्षत्र विज्ञान, प्राणि विज्ञान, भौतिक भूगोल, वनस्पति विज्ञान आदि विविध विषयों पर सारगर्भित विवरण दिया है. वराहमिहिर ने 'पंच सिद्धांत' नामक ग्रंथ भी लिखा.

48. दिया हुआ व्यंजक—

$$= \left(1+\frac{1}{2}+\frac{1}{4}\right)+\frac{1}{7}\left(1+\frac{1}{2}+\frac{1}{4}\right)$$

$$= \left(1+\frac{1}{2}+\frac{1}{4}\right)\left(1+\frac{1}{7}\right)$$

$$= \frac{7}{4}\times\frac{8}{7}$$

$$= 2$$

49. संख्या शृंखला इस प्रकार है—



50. माना कि रिया की माताजी की उम्र x वर्ष तथा रिया की उम्र y वर्ष है

अतः प्रश्नानुसार,

$x-5 = 3(y-5)$ ...(i)

तथा $x+5 = 2(y+5)$...(ii)

(i) से,

$x-5 = 3y-15$

या, $x-3y = -15+5$

$= -10$

(ii) से,

$x+5 = 2y+10$

$\therefore x-2y = 10-5$

$= 5$

(i) और (ii) को घटाने पर,

$y = 15$ वर्ष

अतः रिया की वर्तमान उम्र 15 वर्ष है

51. ताश खेलते वक्त व्यक्तियों के बैठने की दिशा इस प्रकार है—



उपर्युक्त स्थिति देखने से स्पष्ट है कि 'स' दक्षिण की ओर मुख करेगा.

52. स्टेशन पहुँचने का निश्चित समय

$= (6{\cdot}20-1{\cdot}30)-0{\cdot}30$

$= 4{\cdot}50-0{\cdot}30$

$= 4{\cdot}20$ बजे

53. ∵ 4 भैंसें 4 डिब्बे दूध 4 दिन में देती हैं

∴ 4 भैंसें 1 डिब्बा दूध 1 दिन में देंगी

∴ 8 भैंसें 2 डिब्बा दूध 1 दिन में देंगी

∴ 8 भैंसें 8 डिब्बे दूध देंगी 4 दिन में

54.



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि स्त्री उस व्यक्ति की बहन है.

55. माना कि पप्पू की आय $= x$ रु.

$\therefore$ भोजन पर खर्च $= \frac{40x}{100}$

$= \frac{2x}{5}$ रु.

$\therefore$ आने-जाने पर खर्च

$= \left(x-\frac{2x}{5}\right)$ का $\frac{1}{3}$

$= \frac{3x}{5}\times\frac{1}{3}$

$= \frac{x}{5}$ रु.

$\therefore$ पप्पू का किताबों पर खर्च

$= \left(x-\frac{2x}{5}-\frac{x}{5}\right)$ का 10%

$= \frac{2x}{5}\times\frac{1}{10}$

$= \frac{x}{25}$ रु.

प्रश्नानुसार, $\frac{x}{25} = 250$

$\therefore x = 6250$ रु.

56.



$\therefore$ गलत संख्या 110 है.

57. रवि के चलने की दिशा का क्रम निम्नवत् है—



अतः अब रवि अपनी प्रारम्भिक स्थिति से पूर्वोत्तर (पूर्व और उत्तर के बीच) दिशा में है.

58. फेरी वाले खरीददार को माल बेचकर धनराशि प्राप्त करता है, उसी प्रकार वकील, मुवक्किल का मुकदमा लड़कर धनराशि प्राप्त करता है.

59. $\frac{8}{36} = \frac{(?)}{18}$

$\therefore (?) = \frac{8\times 18}{36}$

$= 4$

60. वायुमण्डल के सबसे निचले भाग को 'क्षोभमण्डल' (Troposphere) कहा जाता है. इसकी धरातल से औसत ऊँचाई 12 किमी है. विषुवत् रेखा से ध्रुवों की ओर बढ़ने पर इसकी ऊँचाई कम होती जाती है. विषुवत् रेखा पर इसकी ऊँचाई 16 किमी है, जबकि ध्रुवों पर इसकी ऊँचाई केवल 6 किमी है. मानव जीवन इसी क्षोभमण्डल में है. वायुमण्डल की इसी परत में मौसमी घटनाएं घटित होती हैं.

61. 'अष्टाध्यायी' एक प्राचीन व्याकरण ग्रंथ है जिसकी रचना ईसा पूर्व पाँचवीं शताब्दी में प्रसिद्ध विद्वान् 'पाणिनि' ने की थी. इस ग्रंथ में व्याकरण के साथ-साथ तत्कालीन समाज की स्थिति का वर्णन भी मिलता है.

62. अनेग्जीमैण्डर एक यूनानी दार्शनिक था जिसने ब्रह्माण्ड विज्ञान (Cosmology) को विकसित किया था. उसने ब्रह्माण्डोत्पत्ति सिद्धान्त व नक्षत्रों का उल्लेख किया. उसने पृथ्वी पर जीवोत्पत्ति के सिद्धान्त का भी प्रतिपादन किया था. उसे संसार का सर्वप्रथम मानचित्र निर्माता कहा जाता है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

63. विश्व की सबसे लम्बी नदी नील है जो अफ्रीका महाद्वीप में बहती है. यह नदी भूमध्यरेखा के दक्षिण में उच्च भूमि से निकलती है. इसकी लम्बाई 6690 किमी है.

64. हाथी गुम्फा उड़ीसा में भुवनेश्वर के पास स्थित उदयगिरि की पहाड़ी में पत्थर की चट्टान को काटकर बनाई गई एक गुफा है. इसका निर्माण सम्भवतः शुंग-सातवाहन युग में किया गया.

65. 'मृत सागर' (Dead Sea) एक खारे पानी की झील है जो जॉर्डन और इजराइल के बीच स्थित है. यह संसार में सबसे अधिक खारे पानी की झील है. नमक (23 से 25 प्रतिशत) और दूसरे जहरीले पदार्थों की उपस्थिति के कारण इस सागर में कोई भी जीव-जन्तु जीवित नहीं रह पाता. जीव इस जल में प्रवेश करते ही मर जाते हैं.

66. भौतिकी में प्रथम नोबेल पुरस्कार जर्मन वैज्ञानिक डब्ल्यू. सी. रॉनजन (W.C. Roentgen) को सन् 1901 में X-किरणों की खोज के लिए प्रदान किया गया था. ज्ञातव्य है कि नोबेल पुरस्कार प्रदान करना सन् 1901 से ही प्रारम्भ हुआ था.

67. संसार की सबसे विशाल खाड़ी मेक्सिको की खाड़ी है. संयुक्त राज्य अमरीका के फ्लोरिडा राज्य में स्थित केप सैबल से केप कैतोचे (मेक्सिको) तक इसकी तट रेखा 4,990 किमी (3100 मील) लम्बी है और इसका क्षेत्रफल 15,00,000 वर्ग किमी (5,80,000 वर्ग मील) है.

68. उत्तरी अफ्रीका का सहारा मरुस्थल संसार का सबसे बड़ा रेगिस्तान है. इसकी सर्वाधिक लम्बाई (पूर्व से पश्चिम में) 5,150 किमी (3,200 मील) है, जबकि चौड़ाई (उत्तर से दक्षिण तक) 1,275 से 2,250 किमी के बीच है. इसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल 84,00,000 वर्ग किमी (3,250,000 वर्ग मील) है.

69. हिन्दी भाषा का प्रथम समाचार-पत्र 'उदंत मार्तण्ड' था जो 30 मई, 1826 से कलकत्ता से प्रारम्भ हुआ. यह एक साप्ताहिक समाचार-पत्र था तथा इसके सम्पादक पं. युगल किशोर शुक्ल थे.

70. वैसे तो 1 मई को 'मई दिवस' पूरे विश्व में ही मनाया जाता है, किन्तु महाराष्ट्र के लिए इस दिवस का विशेष महत्व है. 1 मई को बम्बई पुनर्गठन कानून, 1960 के अन्तर्गत बम्बई प्रान्त का पुनर्गठन करके इसे दो राज्यों (महाराष्ट्र और गुजरात) में बाँट दिया गया. इस प्रकार 1 मई, 1960 को ही वर्तमान महाराष्ट्र व गुजरात राज्य अस्तित्व में आए. इसलिए 1 मई को महाराष्ट्र दिवस मनाया जाता है.

72. ब्रिटिश भारत में सन् 1929 में भारतीय विधानमण्डल द्वारा यह कानून पारित किया गया, चूँकि यह राय साहब 'हरविलास शारदा' द्वारा पेश किए विधेयक पर आधारित था, इसीलिए इसका नाम 'शारदा कानून' पड़ा. इस कानून का उद्देश्य विवाह की उम्र बढ़ाकर बाल विवाह पर अंकुश लगाना था.

73. दक्षिण-पश्चिम अफ्रीका के यायावार आखेटकों की एक प्रजाति 'बुशमैन' कहलाती है. यह प्रजाति मुख्यतः कालाहारी मरुस्थल में निवास करती है. इस प्रजाति के लोगों का कद छोटा, चेहरा चपटा एवं त्रिकोणीय होता है.

74. मंगल को लाल ग्रह भी कहा जाता है. वस्तुतः मंगल ग्रह की चट्टानें व शिलाखण्ड लाल रंग के हैं. इस ग्रह का लाल रंग इसलिए है कि मंगल का धरातल लाल-गेरुए रंग की मिट्टी और गुलाबी धूल का है. मंगल ग्रह पर इस धूल की भयानक आँधियाँ चलती हैं जो सम्पूर्ण ग्रह को धूल से ढक लेती है और सम्पूर्ण ग्रह लाल रंग का प्रतीत होता है.

75. विश्व समुद्री आयोग (The Independent World Commission on the Oceans) की स्थापना दिसम्बर 1995 में टोकियो (जापान) में हुई तथा 12 से 15 दिसम्बर, 1995 को वहीं इसका प्रथम अधिवेशन सम्पन्न हुआ. इस आयोग की स्थापना U.N.O. के महासचिव, यूनेस्को के डाइरेक्टर जनरल तथा माल्टा स्थित इंटरनेशनल ओसेनोग्राफिक इंस्टीट्यूट के प्रयासों से हुई है. इसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी के पारिस्थितिक सन्तुलन में समुद्रों की उपयोगिता तथा इसकी सामाजिक-आर्थिक विकास में सम्भाव्यता की ओर विश्व का ध्यान दिलाना है.

77. नियाग्रा जल प्रपात संयुक्त राज्य अमरीका और कनाडा की सीमा पर नियाग्रा नदी पर स्थित है. यह कनाडा में दक्षिण-पूर्व ओण्टोरियो की नियाग्रा नगरपालिका क्षेत्र की वैललैण्ड काउण्टी और U.S.A. में पश्चिमी न्यूयार्क की नियाग्रा काउण्टी में ओण्टेरियो और ईरी झीलों के मध्य 43°–45' उत्तरी अक्षाश व 79°–04' पश्चिमी देशान्तर पर स्थित है. इस प्रपात के किनारे जल विद्युत केन्द्र स्थापित किए हैं.

78. कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद् का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने दिल्ली पर विजय के उपलक्ष्य में दिल्ली में 1191 ई. में कराया था. 1230 ई. में इल्तुतमिश ने इसको दो गुना बड़ा कर दिया. इसके पश्चात् अलाउद्दीन खलजी ने भी इसके क्षेत्र में विस्तार किया.

79. माउण्ट गॉडविन ऑस्टिन अर्थात् K-2 विश्व की दूसरी सबसे ऊँची पर्वत चोटी है. इसे डपसांग (Dapasang) और चौगौरी (Chogori) भी कहते हैं. यह हिमालय पर्वत की काराकोरम श्रेणी का सर्वोच्च शिखर है जो जम्मू और कश्मीर के गिलगिट-लद्दाख जिले में स्थित है और पाकिस्तान के नियंत्रण क्षेत्र में है. ज्ञातव्य है कि कारा-कोरम श्रेणी में विश्व की दूसरी सर्वोच्च श्रेणी होने के कारण इसे K-2 कहा जाता है. इसकी ऊँचाई 8,611 मीटर है.

80. जनजातीय लोगों का शोषण करने वाले निजी व्यापारियों से छुटकारा दिलाने और उनके द्वारा तैयार की गई वस्तुओं [illegible] रूप से वन पदार्थों से बनाई गई [illegible] का अच्छा मूल्य दिलाने के उद्देश्य [illegible] सरकार ने अगस्त 1987 में [illegible] जनजातीय सहकारी विपणन विकास [illegible] संघ (Tribal Co-operative Marketing Development Federation of India) की स्थापना की थी. इसने अप्रैल 1988 [illegible] कार्य करना प्रारम्भ कर दिया था.

81. 'एन्थ्रेक्स' एक घातक और संक्रामक [illegible] है, जो 'बैसिल्स एन्थ्रेक्स' (Bacillus Anthrasis) नामक जीवाणु के कारण [illegible] है. इस रोग का अस्तित्व प्राचीनकाल [illegible] ही है. ज्ञातव्य है कि यह रोग मनुष्य [illegible] पशुओं दोनों में पाया जाता है.

82. 1973 में स्थापित धनगाधरा वन्य [illegible] अभयारण्य गुजरात राज्य के लिटिल [illegible] ऑफ कच्छ के 4,840 वर्ग किमी [illegible] विस्तृत है. यह अभयारण्य विशेषतः [illegible] गधों के लिए स्थापित किया गया [illegible] हालांकि इसमें अन्य जीव भी पाए जाते [illegible]

83. चक्रपाणि ग्यारहवीं शताब्दी में चिकित्सा शास्त्र का एक प्रसिद्ध विद्वान् था [illegible] प्रख्यात चिकित्सक चरक और सुश्रुत [illegible] चिकित्सा पद्धति एवं उनकी पुस्तकों [illegible] विद्वतापूर्ण टिप्पणी की है. चक्रपाणि [illegible] रचित 'आयुर्वेद दीपिका' और 'भानुमती' चिकित्साशास्त्र की महत्वपूर्ण धरोहर है.

84. वार्साय की संधि प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात् पेरिस में हुए शान्ति सम्मेलन (जनवरी 1919) का परिणाम थी. यह संधि [illegible] विचार-विमर्श के पश्चात् 28 जून, 19[illegible] को अस्तित्व में आई. पेरिस के [illegible] वार्साय स्थान पर जर्मनी के प्रतिनिधियों [illegible] शान्ति सम्मेलन में तैयार किए गए [illegible] प्रारूप पर 28 जून, 1919 को हस्ताक्षर किए.

85. कोबोल (COBOL) कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग [illegible] एक भाषा है. कोबोल का शब्द [illegible] 'कॉमन बिजनेस ओरिएण्टेड लैंग्वेज' [illegible] इस भाषा का प्रयोग व्यापारिक कार्यों [illegible] प्रयुक्त होने वाले आँकड़ों को [illegible] तरीके से रखने एवं विश्लेषण के लिए किया जाता है. कोबोल का प्रयोग व्यापारिक संस्थानों द्वारा अधिक किया जाता है.

86. 'लामा' दक्षिणी अमरीका का विचित्र [illegible] है. ये एण्डीज पर्वतमाला के ऊँचे [illegible] रहते हैं. इन पर्वतीय क्षेत्रों में इसी [illegible] पर बोझ ढोया जाता है. यह लम्बी [illegible] वाला पशु ऊँट प्रजाति का है. ऊँट [illegible] भाँति यह भी कई दिनों तक [illegible] रह सकता है.

87. चिपको आन्दोलन वन संरक्षण हेतु [illegible] गया एक आन्दोलन था जिसके [illegible] सुन्दर लाल बहुगुणा थे. सन् 19[illegible] अहिंसक प्रदर्शन तथा लोक कविताओं [illegible] माध्यम से जनता को वन संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया. सन् 1974 में [illegible] कटाई रोकने के लिए महिलाओं ने [illegible] चिपककर अपना विरोध प्रदर्शित किया.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

88. 1025 ई. में जब महमूद गजनवी ने जब सोमनाथ पर आक्रमण किया था उस समय अन्हिलवाड़ा का शासक भीमदेव था. ज्ञातव्य है कि सोमनाथ उस समय अन्हिलवाड़ा के राज्य में सम्मिलित था. इस आक्रमण के समय भीमदेव अपनी राजधानी छोड़कर भाग गया.

90. दलविहीन लोकतंत्र, लोकतंत्र का एक प्रकार है जिसकी अवधारणा सर्वप्रथम एम.एन. राय ने दी थी तथा जय प्रकाश नारायण ने इसका समर्थन किया था. श्री राय का विचार था कि राजनीतिक दलों से जनता तथा सरकार के मध्य अवरोध उत्पन्न होता है. अतः राजनीतिक दलों को समाप्त करके छोटे-छोटे सहकारी मण्डल स्थापित किए जाने चाहिए जो मतदाता या जनता तथा सरकार के मध्य सम्पर्क-सूत्र का काम करेंगे. ज्ञातव्य है कि नेपाल में सर्वप्रथम दलविहीन लोकतंत्र की स्थापना की गई थी, लेकिन वह असफल रही.

91. 'यक्षगान' आन्ध्र प्रदेश के प्राचीन संगीत नाट्यों में से एक 'बहु नाटक' है. इसकी रचना पक्कुरिकी सोमनाथ ने लगभग 1250 ई. में की. इसमें 10 प्रकार की शिव लीलाएं की जाती हैं. यक्षगान आन्ध्र प्रदेश में बहुत ही प्रचलित है. इसमें एक ही कलाकार सम्पूर्ण नाटक खेलता है और पूरी कहानी भी गाता है.

92. डिप्थीरिया बच्चों में होने वाली एक बीमारी है, जोकि दूषित फल, सब्जी, वायु आदि में पाए जाने वाले बैक्टीरिया द्वारा होती है. इस रोग में बच्चों के गले में अन्दर एक जाली-सी बनने लगती है जिससे साँस लेने में परेशानी होती है और गला अवरुद्ध हो जाता है. फलतः बच्चे की मृत्यु भी हो जाती है. इस रोग की रोकथाम हेतु D.P.T. के टीके लगते हैं.

93. 'खाद्य एवं कृषि संगठन '(Food and Agriculture Organization—FAO) U.N.O. का एक संगठन है. इसका मुख्यालय रोम (इटली) में है, जिसकी स्थापना 10 अक्टूबर, 1945 को क्यूवेक (अमरीका) में हुई थी. जिसे बाद में रोम (इटली) स्थानान्तरित किया गया. इस संगठन के प्रमुख कार्य विश्व में कृषि, खाद्य से सम्बन्धित विविध पहलुओं से सम्बद्ध हैं.

94. यूनेस्को (UNESCO) U.N.O. की एक शाखा है जिसका पूरा नाम 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन' (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organisation) है. 4 नवम्बर, 1946 को इस संगठन की स्थापना की गई. इसका प्रधान कार्यालय पेरिस (फ्रांस) में है. इसका मुख्य सम्बन्ध शिक्षा विज्ञान एवं संस्कृति के विकास से है.

95. भारत में प्रथम कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना 1960 में पंतनगर, जिला ऊधमसिंह नगर, उ.प्र. (उस समय नैनीताल जिला) में हुई. वर्तमान में इसका नाम गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर है, जबकि स्थापना के समय इसका नाम 'उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर' था.

96. श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) जैन धर्म का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है. यहाँ एक ही चट्टान को तराशकर विंध्यागिरि पहाड़ी पर गोमतेश्वर बाहुबली की लगभग 57 फीट ऊँची मूर्ति है. इस मूर्ति का निर्माण गंगवंश के शासक के एक मंत्री चामुण्डराय ने 983 ई. में कराया था. प्रति बारह वर्ष पश्चात् इस मूर्ति के पीछे से एक ऊँचा मचान बनवाकर इसका महाभिषेक कराया जाता है.

97. कुतुबुद्दीन ऐबक गुलाम वंश का संस्थापक था (1206-1210). 1206 में लाहौर में इसका राज्याभिषेक हुआ. 1210 में कुतुबुद्दीन ऐबक की चौगान (पोलो) खेलते समय घोड़े से गिरकर मृत्यु हो गई.

98. 'फारवर्ड ब्लॉक' भारत का एक वामपंथी दल है जिसका उदय 1939 ई. में कांग्रेस की कार्यशैली के विरोध में हुआ. इसकी स्थापना सुभाष चन्द्र बोस और उनके वामपंथी अनुयायियों ने कांग्रेस से निष्कासित होने के बाद की.

99. पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने के दौरान 4 जुलाई को पृथ्वी अपनी कक्षा में सूर्य से अधिकतम दूरी (15·2 करोड़ किमी) पर स्थित होती है. इस स्थिति को सूर्योच्च (Aphelion) कहते हैं, जबकि 3 जनवरी को पृथ्वी सूर्य से निकटतम दूरी (14·73 करोड़ किमी) पर होती है. इस स्थिति को उपसौर (Perihelion) कहते हैं.

100. अहमदाबाद (गुजरात) को 'भारत का मानचेस्टर' कहा जाता है. अहमदाबाद नगर सूती वस्त्र मिलों का सर्वश्रेष्ठ केन्द्र है. इस नगर में देश के सूती वस्त्रोत्पादन का 25% वस्त्र तैयार होता है. इस कारण इसे 'भारत का मानचेस्टर' कहते हैं. ज्ञातव्य है कि इंगलैण्ड में 'मानचेस्टर' एक प्रख्यात सूती वस्त्र उत्पादक केन्द्र है. याद रहे कि कानपुर को 'उत्तरी भारत का मानचेस्टर' कहा जाता है.

●●●

नवीन संस्करण

बी.पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा

उपकार प्रकाशन की उपयोगी पुस्तकें

उपकार वी.पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा सामान्य अध्ययन	295/-
उपकार प्रैक्टिस वर्क-बुक– वी.पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा सामान्य अध्ययन	85/-
उपकार बी.पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा सामान्य अध्ययन	205/-
उपकार प्रैक्टिस वर्क-बुक सामान्य अध्ययन	85/-
उपकार बिहार सामान्य ज्ञान	68/-
उपकार बिहार क्विज	28/-
उपकार बिहार एक दृष्टि में	30/-
उपकार बिहार का इतिहास एवं संस्कृति	35/-
उपकार सामान्य ज्ञान एवं व्यक्ति परिचय	65/-
उपकार सामान्य ज्ञान दिग्दर्शन	195/-
उपकार कृषि सामान्य ज्ञान कोश	36/-
उपकार भारतीय अर्थव्यवस्था–एक दृष्टि में	54/-
उपकार भारतीय राजव्यवस्था–एक दृष्टि में	50/-
उपकार भूगोल–एक दृष्टि में	40/-
उपकार भारतीय इतिहास–एक दृष्टि में	65/-
उपकार कृषि–एक दृष्टि में	65/-

पता — भवदीय

दिनांक — क ख ग

प्रश्न 4. (क) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण 80 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए.

(ख) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए.

श्रीमती गांधी के चुनाव के विरुद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्णय तथा बिहार में जयप्रकाश नारायण द्वारा सम्पूर्ण क्रांति के आह्वान ने जनता के मन में उत्साह की एक नई लहर उत्पन्न कर दी और ऐसा लगा कि स्थिति में परिवर्तन होने वाला है, परन्तु उत्साह एवं नवाशा की यह लहर उठने के पहले दबा दी गई. हाई कोर्ट के निर्णय के 48 घण्टों के भीतर ही श्रीमती इन्दिरा गांधी ने आपातकालीन स्थिति लागू कर दी. देश में एकदम सन्नाटा छा गया. सब लोग, विशेषकर राजनेता हतप्रभ रह गये. वे लोग कुछ सोचते या आपस में मिल-बैठकर विचार-विमर्श करते, उसके पहले ही उन्हें जेल के भीतर पहुँचा दिया गया. दहशत का ऐसा वातावरण सन् 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन के दमन के दौरान भले ही रहा हो.

जहाँ चाह है वहाँ राह है. विरोधी नेता जेल में ही मिलते-जुलते रहे, विचार-विनिमय करते रहे. आपस में समझौता करके उन लोगों ने जेल में ही जनता पार्टी नामक एक नए राजनीतिक दल का गठन किया. जनता पार्टी के झण्डे के नीचे कई विरोधी दल तो आ ही गये, बाबू जगजीवन राम, हेमवती नन्दन बहुगुणा आदिक कई महत्वपूर्ण कांग्रेसी नेता भी जनता पार्टी में आ गये.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आपातकालीन स्थिति हटाने के साथ ही इन्दिरा जी ने लोकसभा चुनावों की घोषणा कर दी. आशा के प्रतिकूल चुनावों में कांग्रेस पार्टी की अप्रत्याशित हार हुई, स्वयं इन्दिरा गांधी राजनारायण के विरुद्ध पराजित हुईं. एक प्रकार से सत्ता से कांग्रेस का पत्ता साफ हो गया.

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहली बार सन् 1977 में केन्द्र में किसी गैर-कांग्रेस पार्टी जनता पार्टी ने मोरारजी देसाई के नेतृत्व में शासन की बागडोर सँभाली. सत्ता में आते ही जनता पार्टी के घटक शक्ति की राजनीति में उलझ गये. दल-बदल की राजनीति के पुरोधा चौ. चरण सिंह के मन में भारत के प्रधानमंत्री बनने की साध ने मोह मारा. उन्होंने राजनारायण के माध्यम से इन्दिरा जी का समर्थन पक्का किया. उन्होंने समर्थन वापस लेकर जनता पार्टी की सरकार को गिरा दिया और भारत के प्रधानमंत्री बनने का निमंत्रण प्राप्त कर लिया, परन्तु लोक-सभा में जाने के पूर्व ही इंदिरा जी ने उनसे समर्थन वापस ले लिया. जनता पार्टी को शीरजा बिखर गया. इंदिरा जी नए चुनाव लड़कर पुनः सत्ता में आ गईं.

उत्तर—(क) गद्यांश का संक्षेपण 80 शब्दों में—

उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा इन्दिरा गांधी के चुनाव के विरुद्ध निर्णय एवं जयप्रकाश नारायण द्वारा सम्पूर्ण क्रांति के आन्दोलन ने जनता को परिवर्तन का स्वप्न दिखाया, परन्तु इन्दिरा जी द्वारा देश में आपातकाल की घोषणा के कारण सब कुछ जहाँ का तहाँ रह गया. विरोधी दलों के नेताओं ने जेल में जनता पार्टी को जन्म दिया. लोकसभा चुनावों में जनता पार्टी को आशातीत सफलता प्राप्त हुई. मोरारजी देसाई के नेतृत्व में सन् 1977 में पहली बार गैर कांग्रेसी पार्टी, जनता पार्टी सत्ता में आई. जनता पार्टी के घटकों में शक्ति की राजनीति चल पड़ी. इंदिरा जी ने इसका लाभ उठाया और वह पुनः सत्ता में आ गईं.

(ख) शीर्षक—श्रीमती इन्दिरा गांधी की कुटिल राजनीति.

प्रश्न 5. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

हमने मातृभाषा का अपमान किया है. इस पाप का कड़वाफल हमें जरूर भोगना पड़ेगा. हममें और हमारे घर के लोगों के बीच कितना ज्यादा व्यवधान पैदा हो गया है, इसके साक्षी इस सम्मेलन में आने वाले हम सभी हैं. हम जो कुछ सीखते हैं, वह अपनी माताओं को नहीं समझाते और न समझा सकते हैं. जो शिक्षा हमें मिलती है उसका प्रचार हम अपने घर में नहीं करते और न कर सकते हैं. ऐसा दुःखद परिणाम अंग्रेज कुटुम्बों में कभी नहीं देखा जाता. इंगलैण्ड में और दूसरे देशों में जहाँ शिक्षा मातृभाषा में दी जाती है, वहाँ विद्यार्थी विद्यालयों में जो कुछ पढ़ते हैं, वह घर आकर अपने-अपने माता-पिता को सुनाते हैं और घर के नौकर-चाकरों एवं अन्य लोगों को भी यह मालूम हो जाता है. इस तरह जो शिक्षा बच्चों को स्कूल में मिलती है, उसका लाभ घर के लोगों को भी मिल जाता है. हम तो स्कूल-कालेज में जो कुछ पढ़ते हैं, वह वहीं छोड़ आते हैं विद्या हवा की तरह बहुत आसानी से फैल सकती है, किन्तु कंजूस जैसे अपना धन गाड़ कर रखता है वैसे ही हम विद्या को अपने मन में ही भरे रहते हैं और इसलिए उसका फायदा औरों को नहीं मिलता. मातृभाषा का अनादर माँ के अनादर के समान है. जो मातृभाषा का अपमान करता है, वह स्वदेश भक्त कहलाने लायक नहीं. बहुत से लोग ऐसा कहते हुए सुने जाते हैं कि हमारी भाषा में ऐसे शब्द नहीं जिनसे हमारे ऊँचे विचार प्रकट किए जा सकें, किन्तु यह कोई भाषा का दोष नहीं भाषा को बनाना और बढ़ाना हमारा ही कर्त्तव्य है. एक समय ऐसा था जब अंग्रेजी भाषा की भी यही हालत थी. अंग्रेजी का विकास इसलिए हुआ कि अंग्रेज आगे बढ़े और उन्होंने भाषा की उन्नति की. यदि हम मातृभाषा की उन्नति नहीं कर सके और हमारा यह सिद्धान्त रहा कि अंग्रेजी के जरिए ही हम अपने ऊँचे विचार प्रकट कर सकते हैं, तो इसमें जरा भी शक नहीं कि हम सदा के लिए उनके गुलाम बने रहेंगे. जब तक हमारी मातृभाषा में हमारे सारे विचार प्रकट करने की शक्ति नहीं आ जाती और जब तक वैज्ञानिक विषय मातृभाषा में नहीं समझाए जा सकते, तब तक राष्ट्र को क्या ज्ञान कहीं मिल सकेगा ?

(क) लेखक ने हमारे किस पाप की ओर संकेत किया है ?

(ख) भारत में शिक्षा के प्रसार में सबसे बड़ी बाधा क्या है ?

(ग) मातृभाषा के प्रति हमारा क्या कर्त्तव्य है ?

(घ) ऊँचे विचार व्यक्त करने के लिए क्या अंग्रेजी की वैशाखी आवश्यक है ?

उत्तर—(क) **हमारा पाप**—लेखक ने स्पष्टतः इंगित किया है कि हम अपनी मातृभाषा की अपेक्षा एक विदेशी भाषा अंग्रेजी को अधिक महत्व देते हैं. इसे लेखक मातृभाषा का अपमान मानता है. यह अपमान उतना ही बड़ा पाप है जितना बड़ा पाप अपनी माँ का अपमान करने पर होता है. लेखक ने हमारे इसी पाप की ओर संकेत किया है. विडम्बना यह है कि हम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विचार व्यक्त करने लगेंगे, तो नए आवश्यक शब्द अपने आप दिमाग में आ जाएँगे. हम अन्य भाषा-परिवारों के शब्दों के साथ करते चलें तथा नए शब्दों का निर्माण करते चलें. भाषा की उन्नति एवं समृद्धि सहज रूप से होती चली जाएगी.

जिन देशों में अंग्रेजी शिक्षा का माध्यम नहीं है, वहाँ के निवासी क्या अज्ञानी हैं, वे अपने ऊँचे विचार क्या व्यक्त नहीं कर पाते हैं ? रूस, फ्रांस, जापान, चीन आदि अनेक ऐसे देश हैं जो इंगलैण्ड की अपेक्षा अधिक उन्नत एवं विकसित हैं और वहाँ शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी न होकर मातृभाषा है.

अपनी मातृभाषा में शिक्षा न देना और एक विदेशी भाषा को अधिक आदर देना परिवर्तित रूप से दासता का लक्षण है. यदि हमने अपनी इस मानसिकता को न बदला और अंग्रेजी में शिक्षा देना जारी रखा, तो हम अंग्रेजों के गुलाम हो जाएँगे. अतएव यह कहना विडम्बनापूर्ण है कि अपने उच्च विचारों को व्यक्त करने के लिए अंग्रेजी का माध्यम अपनाना अनिवार्य है.

English (Language Comprehension)

Q. 1. Write an essay in about 300 words on any one of the following topics—

(a) Life and Literature.

(b) Art of public speaking.

(c) Handsome is that handsome does.

(d) Horrors of modern warfare.

(e) Love knows no barrier.

Ans. 1. (a) More than once it has been said that literature springs from the soil of life, that it is a vital record of what men have seen in life, what they have experienced of it, and which has the most immediate and enduring interest for all of us. The true aim of an artist or a literary man ought to be providing in his works, as faithful a replica as may be possible of a human scene which either has actually occurred or has been conceived in such terms as to make it life-like.

But this does not mean that an artist is merely a recording gramophone. No doubt, literature is a mirror in which nature is reflected but if this mirror be an ordinary mirror, a flat and polished surface it will produce only a poor image of the object. The truth which the artist gives is different from the truth of a historian. An artist tells us not so much what he saw or learnt, but the thoughts and feelings which the scenes of natural objects, or his contact with other men, produced in his mind. And it may well be that he can give us a more real, and therefore, more truthful picture of men and manners. Again, there is the truth which we require in creative literature, whether fiction or poetry. This is the truth of art, for the character and events of the poet or the novelist are typical not actual. The originals are the creations of his mind, as well as the representations and the truth which belongs to fiction is the truth of idea.

We always expect from a true literary artist not merely a photographic presentation of life but a picture of life, at once real and ideal, that is to say not a copy of what it is but what it ought to be. Also, it does not mean that the artist ought to be an escapist who leaves the familiar earth and weaves a magnificent tapestry borrowing all the colours of the heaven. In fact, all art springs from life and no literary product can be a mere separate creation carved in on an ivory tower.

The personality of or the collective experiences of an artist through which he observes life are greatly influenced by life around him. Even the greatest genius is moulded by the culture, ideals, mental and moral tendencies of the world into which he is born. Even such a genius as Shakespeare was not totally free from the impress of time. Whatever melodrama, the scenes of murder, madness and intrigue we find in his plays is the result of his attempt to cater to the low taste of his contemporary audience.

We should not forget that the worth and excellence of literature is superior to life. It is the peculiar glory of great literature that it lasts longer than kings and dynasties. History bears witness to the power of human spirit which endures longer than dynasties or creeds. The political world of Homer is dead while his creations are living today. The splendour of Rome has vanished but the glory of Virgil is yet alive. The dreams of Kalidas still move us like the cry of a living voice with their poignant sense of tears in human relations. The great medieval potentates are forgotten but the song of Dante is still cherished : and the Elizabethan age will be remembered as long as the English language lives on account of its Shakespeare.

Q. 2. Imagine that you are a press reporter. Write a report on the damage totalling $ 1 billion due to "love bug" that hit the computers all over the world.

Ans. Bangalore : "Love Bug" that hit millions of computers, crippled private, corporate and government networks across the world, may have caused damage worth more than one billion dollars. This includes the man-hours needed to run them again, money paid to the security agencies and measures taken to erect fire wall to prevent future infections. American officials admitted the infection of the classified computer a day after they had denied it and said a small part of national security agency's internal e-mail system was affected. Reports say that someone using a floppy containing the bug probably accidentally introduced the virus. The revelation came when investigators in Manila, Philippines were trying to locate the person who wrote the virus programme. He is believed to be 23 years old and perhaps used an Internal e-mail card which is like phone card. However, the virus did not damage data files, but overwrote only on image and music files making them irretrievable. What, however, gave the virus the potency was its ability to access the address book of the user and within seconds send mails to all those in the address book.

Q. 3. Write a precis of the following passage in your own words in about 100 words. The precis should be written on the special sheets provided to you. Suggest a suitable title to your precis—

It is a measure of the north-south divide on English that while the governments of five Hindi speaking States have resolved to revive the "Angrezi hatao" campaign, some 72

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Congress-I MLAs in Karnataka submitted a memorandum to Chief Minister Veerendra Patil last week, pressing for more English medium schools in rural areas. But if the pro-Hindi lobby's misguided zeal has largely gone unopposed in the north, the move to lift the unwise ban imposed on the opening of new English medium schools in Karnataka by the previous Janta Government has prompted Kannada chauvinists to step into the scene with the threat of massive agitation. The Chief Minister, who was rightly inclined to consider the demand for starting English medium schools in the private sector when the issue cropped up in the Assembly earlier, has chosen to keep a guarded silence on the memorandum. Despite his earlier endorsement of the move, Education Minister K. H. Ranganath has also thought it fit to remain non-committal. The reason for their reticence obviously is the linguistic fervour sought to be whipped up, with Kannada Chaluvali leader Vital Nagaraj threatening "rivers of blood", if the Government diluted the "accepted language policy".

In case the advocates of English persist with their case, the State might well be plunged into another linguistic turmoil of the kind which rocked it four years ago when fanatical elements like Patil Puttappa of the Kannada Watchdog Panel induced even a section of the intelligentsia to make common cause with the rabble rousers. They suffered a setback last year when the Karnataka High Court struck down the 1982 government order, making the study of Kannada compulsory for the linguistic minorities at the primary stage and as the sole first language in secondary schools. Though the V. K. Gokak Committee Report, cited as Bible by Kannada zealots, advocated primacy for the language from the primary to the secondary stage of education, recognition of the dominant status of Kannada cannot be allowed to trample upon the rights of people to educate their children in the language of their choice in a multilingual State like Karnataka. The case for opening more English medium school is strengthened by the increasing demand for such education, which the few overcrowded schools in rural and semi-urban areas cannot cope with. It will be a great tragedy if the southern States go about promoting the regional language on the lines of the senseless campaign unleashed periodically in the north against English in the belief that unless this "alien tongue" is banished Hindi will never get its due. While most nations of the non-English-speaking world are spending money to learn English. India unfortunately is making efforts to spurn an asset that it already possesses.

Ans. Title : Why hate English.

Our country is again going to be divided into the north and south blocks on the language issue. The resolution of the Chief Ministers of the five Hindi speaking states to remove English in favour of Hindi has provoked the southern states to advocate the cause of English and their regional languages. A few years ago, an attempt was made to make the study of the regional language compulsory even for minorities. If this thing happens, the southern states will be linguistically cut off from the rest of the country. It will be an unwise step to remove English particularly when a number of countries are spending money on learning English. English, in fact, is an asset for our country.

Q. 4. Read the following passage and answer the questions that follow—

The essence of central banking is discretionary control of the monetary system. The purpose of central banking has been defined in various ways : to maintain stability of price level, to keep the economy on even keel and so on. These aims could be varied in literature. Under some circumstances the purpose of central banking might be defined as the maintenance of the gold standard, the maintenance of a sterling standard or the maintenance of a dollar standard. But these varieties are of purpose : central banking is an institutional arrangement that may be made to serve any one of a number of purposes. The choice of purpose—the object of monetary policy—is not irrelevant to the choice of method : a community might hope more reasonably in some cases than in others to attain its ends by making its

monetary system work to ... working to rule is the ... central banking. A central ... necessary only when the ... decides that a discretionary ... is desirable. The central ... man who exercises discretion ... machine that works accord... Most economists now-a-day ... for granted that there ... central bank, at any rate ... highly developed country. ... banks are comparative ... Even in England central ... history falls within the ... hundred years, while in U... and most other countries ... practically confined to the ... century. The very term ... banking' is not as old as ... Before we take such a ... entirely for granted, ... should look rather critically ... foundation on which it ... has the world apparently ... the attempt to leave its ... systems to work by rule?

An automatic monetary ... does have certain seductive ... tages. The monetary unit is ... of crucial importance in all ... tual relationships in the ... and a long tradition in ... Political economy lies ... view that any tampering ... monetary unit is a fraud ... debtors or creditors.

(a) What are the various ... pursued by central banking?

(b) State the circumstances ... which the need for central ... becomes necessary.

(c) In what respects ... emergence of central ... England differ from that ... banking in the U.S.A.?

(d) Bring out the ... the monetary unit.

(e) Explain the meaning ... following—

Discretionary, even ... tive, antithesis, novelties, ...

Ans. (a) The various ... pursued by central banks ... taining the stability of price ... keeping the country's ... balanced. Under certain ... the purpose of central ... be the maintenance ...

शेष पृष्ठ ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्या आप परिचित हैं?

मेड़ता का युद्ध कब व किसके बीच हुआ?

मेड़ता का युद्ध 10 सितम्बर, 1790 को जोधपुर के राठौर शासक और सिंधिया कौंसों के बीच हुआ. सिंधिया की सेना नेतृत्व डी बोइन (De Boigne) ने की. इस युद्ध में राठौर पराजित हुए. इस शासक को अजमेर, सांभर और पर्वती जिले सिंधिया को देने पड़े.

डोलड्रम (Doldrum) या शान्त पेटी क्या है?

भूमध्य रेखा के दोनों ओर 5° उत्तर एवं दक्षिण का क्षेत्र डोलड्रम कहलाता है जहाँ सूर्य की किरणों के लम्बवत् पड़ने के कारण तापमान अधिक रहता है. गर्मी के ऊपर की ओर फैलती है अर्थात् वायु धरातल भूपृष्ठ से ऊपर आकाश की ओर जाती है. यहाँ साधारणतः वायु शान्त रहती है इसके परिणामस्वरूप पवन के चलने की दिशा निश्चित नहीं होती. इसलिए इस क्षेत्र को डोलड्रम या शान्त पेटी कहा जाता है.

शान्त पेटी या डोलड्रम का विस्तार ऋतु के अनुसार परिवर्तित होता रहता है. भूमध्यरेखा के निकट इसके तीन प्रमुख भाग हैं–(1) भूमध्यरेखा के निकट अफ्रीका के पश्चिमी किनारे का क्षेत्र, (2) प्रशान्त डोलड्रम और (3) भूमध्यरेखीय दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी किनारे का क्षेत्र.

वोलेटाइल शेयर (Volatile Share) किसे कहते हैं?

जिन शेयरों की कीमतों में अधिक उतार-चढ़ाव होते रहते हैं. उन्हें वोलेटाइल शेयर कहते हैं. इनके अधिकतम तथा न्यूनतम मूल्य में काफी अन्तर होता है. इनकी कीमतों में होने वाले परिवर्तन को निम्नलिखित सूत्र से ज्ञात किया जा सकता है–

$$\text{परिवर्तनशीलता प्रतिशत} = \frac{\text{अधिकतम मूल्य} - \text{न्यूनतम मूल्य}}{\text{न्यूनतम मूल्य}} \times 100$$

सांख्य दर्शन क्या है?

सांख्य दर्शन कपिल मुनि द्वारा प्रवर्तित है. सांख्य दर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष दो प्रधान तत्व हैं. पुरुष मूल रूप से प्रकृति के क्रियाकलाप से अनासक्त होते हुए भी बँधा हुआ प्रतीत होता है. मनुष्य यदि अपने ज्ञान द्वारा इस प्रकृति के बंधन से निकलकर अपने अस्तित्व की पहचान कर लेता है तभी उसे मोक्ष प्राप्त हो जाता है. यह ईश्वर की सत्ता को महत्व प्रदान नहीं करता. इस दर्शन के अनुसार प्रकृति का निर्माण आकाश आदि पाँच भूतों एवं ग्यारह इन्द्रियों से हुआ है जिससे सारे विश्व की उत्पत्ति हुई है. इसका प्राचीनतम उपलब्ध ग्रंथ 'सांख्यकारिका' है. कपिल मुनि का समय बुद्ध से पहले लगभग 700 ई. पू. माना जाता है.

कि इंग्लिश चैनल क्या है? इसमें तैराक को कितनी दूरी पार करनी होती है तथा यह कहाँ पर स्थित है?

☛ इंग्लिश चैनल फ्रांस और ग्रेट ब्रिटेन के मध्य एटलांटिक महासागर की एक शाखा है, जोकि इंगलैण्ड के दक्षिणी तट को फ्रांस के उत्तरी तट से अलग करती है इसको फ्रांसीसी भाषा में ला मेंक (La Manche) के नाम से भी जाना जाता है. यह एटलांटिक महासागर को उत्तरी सागर से जोड़ती है.

इंग्लिश चैनल पार करने वाले (लाइफ जैकेट के बिना) प्रथम व्यक्ति मर्चेंट नेवी के कैप्टन मैथ्यू वेब थे. इन्होंने डोवर (इंगलैण्ड) तथा कैले (फ्रांस) के मध्य 38 मील की दूरी (तट के अनुदिश, सीधी दूरी 21 मील) 24-25 अगस्त, 1875 को 21 घण्टे 45 मिनट में पार की.

इंग्लिश चैनल को विभिन्न तैराकों ने अलग-अलग स्थानों के मध्य पार किया है. मई 1993 तक इंग्लिश चैनल को 423 व्यक्तियों ने एक या अधिक बार पार किया है. भारतीयों में मिहिर सेन ने 27 सितम्बर, 1958 को इंग्लिश चैनल को सर्वप्रथम बार पार किया. आरती साहा इंग्लिश चैनल को पार करने वाली प्रथम भारतीय महिला थीं.

कि 'रैनिन' की हमारे शरीर में क्या उपयोगिता है?

☛ रैनिन (Renin) गुर्दे (Kidney) में बनने वाला हारमोन जैसा पदार्थ है जो जक्साटाग्लोमरूलर (Juxtaglomerular) कोशिकाओं द्वारा स्रावित किया जाता है. रक्त में आने के बाद यह प्लाज्मान्जिओं टैन्सिनोजन (Plasma angiotensinogen) को एन्जिओटैन्सिन (Angiotensin) में बदलने के लिए प्रेरित करता है. एल्जिओटैन्सिन एडरीनल जोनालोमेरूलोसा (Adrenal Zonaglomerulosa) को एल्डोस्टेरोन स्रावित करने के लिए बाध्य करता है. इधर एन्जिओटैन्सिन भी कुछ सामान्य दैहिक धमनिकाओं में संकुचन उत्पन्न करती है जिससे धमनियों में दाब बढ़ जाता है. एल्डोस्टेरोन सोडियम तथा क्लोराइड्स के पुनः अवशोषण (Reabsorption) को उत्तेजित कर देता है. परिणामस्वरूप मूत्र तथा पसीना ग्रन्थियों द्वारा इनका उत्सर्जन कम हो जाता है.

कि रोसेटा स्टोन (The Rosetta Stone) क्यों प्रसिद्ध है?

☛ रोसेटा स्टोन (The Rosetta Stone) प्रकाश में तब आया जब 1800 ई. में फ्रांस ने मिस्र पर आक्रमण किया. उस समय एक फ्रांसीसी सैनिक को एक बड़ा काला पत्थर मिला जिस पर तीन विभिन्न लिपियों में अभिलेख खुदे हुए थे. एक ऐसी ग्रीक भाषा थी जिसे केवल विद्वान ही पढ़ सकते थे. दूसरी लिपि मिस्रवासियों की बोलचाल की भाषा की थी. इसे जनसाधारण आसानी से पढ़ सकता था. तीसरी लिपि हीरोग्लिफिक लिपि (Hierogliphics) थी हीरोग्लिफिक लिपि को पढ़ने का वर्षों प्रयास किया गया. अन्ततः शेंपोलिओन (Champollion) 21 वर्ष बाद इस लिपि को पढ़ने में सफल हुआ.

कि वी.आई.पी. (V.I.P.) शब्द का प्रयोग कब किया गया तथा इसका क्या अभिप्राय है?

☛ वी. आई. पी. (Very Important Person) का अर्थ हिन्दी में अतिविशिष्ट व्यक्ति है. इस शब्द का प्रयोग संयोगवश 1944 में लॉर्ड माउंटबेटन एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों को ले जा रहे एक जहाज के सन्दर्भ में किया गया. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान परिवहन कमान के स्टेशन कमांडर को महत्वपूर्ण व्यक्तियों से भरा हुआ एक जहाज मध्यपूर्व की ओर भेजने का कार्य सौंपा गया था. सुरक्षा कारणों से इन व्यक्तियों का नाम बताना सम्भव नहीं था अतः उसने वी. आई. पी. शब्द का प्रयोग किया.

वर्तमान में यह शब्द राजनीतिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक जीवन के प्रमुख व्यक्तियों के लिए प्रयोग किया जाता है. अतिविशिष्ट व्यक्ति की कोई निश्चित परिभाषा नहीं है, लेकिन फिर भी जो व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण समझे जाते हैं वह इस श्रेणी में आते हैं.

●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत का अन्तरिक्ष कार्यक्रम
(India's Space Programme)

संगठन
(Organisation)

अन्तरिक्ष आयोग और अन्तरिक्ष विभाग (DOS) की स्थापना के साथ ही जून 1972 में राष्ट्रीय अन्तरिक्ष कार्यक्रम की औपचारिक रूप में शुरूआत हुई. भारतीय अन्तरिक्ष संगठन (इसरो), जिसका गठन परमाणु ऊर्जा विभाग के अन्तर्गत 1969 में किया गया था, को अन्तरिक्ष विभाग के अन्तर्गत लाया गया. अन्तरिक्ष विभाग का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक लाभ के लिए अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी और अन्तरिक्ष विज्ञान के विकास और उपयोग को बढ़ावा देना है.

अन्तरिक्ष विभाग अन्तरिक्ष आयोग द्वारा बनाई गई नीतियों का क्रियान्वयन करता है. अनुसंधान तथा विकास सम्बन्धी क्रिया-कलाप, भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), राष्ट्रीय सुदूर संवेदन एजेंसी (NRSA), भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (PRL), राष्ट्रीय मध्यमण्डल-समतापमण्डल–क्षोभमण्डल रडार सुविधा (National Meso-sphere - Stratosphere - Troposphere (MST) Radar Facility-NMRF) तथा अन्य एजेंसियों द्वारा निष्पादित किए जाते हैं.

स्थापित की गई दो मुख्य राष्ट्रीय अन्तरिक्ष प्रणालियों अर्थात् भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली (INSAT) तथा राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधन प्रणाली (National Natural Resources Management System–NNRMS) का समन्वय और प्रबन्ध क्रमशः सचिव स्तर की इन्सैट समन्वय समिति (ICC) तथा एन. एन. आर. एम. एस. का आयोजन समिति (PC-NNRMS) द्वारा किया जाता है. अन्तरिक्ष विज्ञान पर सलाहकार समिति (Advisory Committee on Space Science–ADCOS) अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान कार्यक्रमों का मार्गदर्शन करती है. यह इसरो द्वारा गठित समिति है. 1992 में बंगलौर में स्थापित एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड अन्तरिक्ष उत्पादों और सेवाओं के वाणिज्यिक विपणन के लिए एक पूर्ण स्वामित्व वाली भारत सरकार की कम्पनी है.

अन्तरिक्ष विभाग का सचिवालय तथा भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के मुख्यालय बंगलौर में स्थित हैं.

भारत में अन्तरिक्ष केन्द्र और यूनिटें



अन्तरिक्ष विभाग के मुख्य संस्थान
(Major Establishments of Department of Space)

विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र
(Vikram Sarabhai Space Centre-VSSC)

तिरुवनन्तपुरम् में स्थित विक्रम साराभाई अनुसंधान केन्द्र सभी रॉकेट तथा प्रमोचक यान कार्यक्रमों के लिए एक अग्रणी केन्द्र है. इस केन्द्र में विमानन, वैमानिकी, द्रव्य, यांत्रिक इन्जीनियरिंग, ठोस नोदन, यौगिकों, प्रणोदकों, बहुतकों और प्रमोचक रॉकेट, कम्प्यूटर और प्रणाली विश्वसनीयता के क्षेत्र में तथा विकास सम्बन्धी क्रिया-कलाप जाते हैं. अनुसंधान तथा सुविधाएं मुख्य रूप से वलियामाला में अवस्थित है परक्लोरेट प्रायोगिक सयत्र स्थापित किया गया है. अन्तरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला वायुमण्डलीय और इससे रिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में करती है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विकास सम्बन्धी क्रियाकलाप बंगलौर, तिरुवनन्तपुरम् में आयोजित किए जाते हैं. इनकी जाँच सुविधाएं महेन्द्रगिरि तमिलनाडु में स्थापित की गई हैं. परिशुद्ध संविरचन सुविधाएं, ट्रांसड्यूसरों का विकास तथा उपग्रह नोदन प्रणालियों का समाकलन कार्य बंगलौर में किया जाता है.

अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र (Space Application Centre–SAC)

अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र, अहमदाबाद अन्तरिक्ष उपयोग के क्षेत्र में अनुसंधान तथा विकास कार्य आयोजित करता है. इस केन्द्र में अनुसंधान और विकास के दो मुख्य क्षेत्र हैं; अर्थात् उपग्रह संचार तथा माइक्रोवेव सुदूर संवेदन सहित सुदूर संवेदन. इस केन्द्र में यांत्रिकी संविरचन (Mechanical Fabrication), माइक्रोवेव समाकलित सर्किटों सहित इलेक्ट्रॉनिकी संविरचन, अन्तरिक्षयान नीतिभार संविरचन तथा पर्यावरणीय जाँचों के लिए सुविधाएं स्थापित की गई हैं. सैक उपग्रह संचार के लिए दिल्ली भू-केन्द्र (Delhi Earth Centre) का संचालन भी करता है.

विकास तथा शैक्षिक संचार यूनिट (Development and Educational Communication Unit–DECU)

विकास तथा शैक्षिक संचार यूनिट (डेकू), अहमदाबाद अन्तरिक्ष उपयोग सम्बन्धी कार्यक्रमों की संकल्पना, परिभाषा, आयोजना, क्रियान्वयन और सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन कार्य में लगी हुई है. डेकू विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रयोक्ताओं के साथ निकटता से कार्य करती है. डेकू के प्रमुख कार्यों में अन्तरिक्ष उपयोग सम्बन्धी परीक्षणों/प्रदर्शनों की आयोजना, उपयोग परियोजनाओं के लिए संचार सहायता प्रदान करना, शिक्षा और विकास के लिए वीडियो कार्यक्रमों का निर्माण, दूरदर्शन कार्यक्रम निर्माण कार्मिकों को प्रशिक्षण तथा समाज-प्रौद्योगिकी अन्तरा-पृष्ठ (Interface) पर उपयोग के क्षेत्रों में सामाजिक विज्ञान सम्बन्धी अनुसंधान कार्य शामिल हैं.

इसरो दूरमिति, अनुवर्तन और आदेश नेटवर्क (ISRO Tepemetry, Tracking and Command Network–ISTRAC)

इस्ट्रैक की मुख्य जिम्मेदारी प्रमोचक रॉकेट मिशनों और निम्न भू-कक्षा वाले उपग्रहों को मिशन सहायता प्रदान करना है. इस्ट्रैक द्वारा बंगलौर में स्थित बहुमिशन अन्तरिक्षयान नियंत्रण केन्द्र सहित, बंगलौर, लखनऊ, पोर्टब्लेयर, श्रीहरिकोटा, तिरुवनन्तपुरम् और मॉरीशस में भू-केन्द्रों का एक समाकलित नेटवर्क स्थापित किया गया है. बंगलौर स्थित अपने मुख्यालय सहित इस्ट्रैक अन्तरिक्षयानों की समयानुसूची तथा नियंत्रण के साथ-साथ टी टी सी (Telemetry, Tracking and Command) केन्द्रों तथा अन्तरिक्षयान प्रचालनों के अनुरक्षण सहित नेटवर्क प्रचालन का कार्य करता है.

इस्ट्रैक उपग्रह आधारित खोज और बचाव के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय प्रयोक्ता टर्मिनल (Local User Terminal–LUT) तथा मिशन नियंत्रण केन्द्र (Mission Control Centre–MCC) के प्रचालन का कार्य भी करता है.

इन्सैट मुख्य नियंत्रण (INSAT MASTER Control Facility–MCF)

कर्नाटक स्थित हासन में मुख्य नियंत्रण सुविधा अन्तरिक्षयानों के कक्षीय युक्ति-चालन, स्थान अनुसरण सौर कक्षीय प्रचालन सहित इन्सैट उपग्रहों पर सभी उड़ानोत्तर प्रचालन के लिए उत्तरदायी हैं.

इसरो जड़त्वीय प्रणाली यूनिट ISRO Inertial System Unit–IISU)

आई. आई. एस. यू., तिरुवनन्तपुरम्, उपग्रहों और प्रमोचक रॉकेटों के लिए अपेक्षित जड़त्वीय संवेदकों और प्रणालियों से सम्बन्धित अनुसंधान तथा विकास का कार्य करती है. आई. आई. एस. यू. के नौवहन प्रणालियों, उपग्रह जड़त्वीय प्रणालियों, बियरिंग और अन्तरिक्ष अनुवांशिकी तथा जड़त्वीय प्रणाली समाकलन और अनुकार के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास प्रभागों के रूप में आयोजित किया गया है. परिशुद्ध संविरचन, समुच्चय, समाकलन और जाँच के लिए सुविधाएं स्थापित की गई हैं.

राष्ट्रीय सुदूर संवेदन एजेंसी (National Remote Sensing Agency–NRSA)

हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय सुदूर संवेदन एजेंसी अन्तरिक्ष विभाग द्वारा समर्थित एक स्वायत्त संस्थान है. यह एजेंसी सुदूर संवेदन उपग्रहों से प्राप्त आँकड़ों के अभिग्रहण, संसाधन (Processing) और वितरण के

शेष पृष्ठ 514 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लघु उद्योग तथा कृषि एवं ग्रामीण उद्योग

- लघु उद्योग तथा कृषि एवं ग्रामीण उद्योग मंत्रालय 14 अक्टूबर, 1999 को स्थापित किया गया. इसके अन्तर्गत लघु उद्योग विकास संगठन (SIDO–Small Industry Development Organisation), खादी एवं ग्रामोद्योग कमीशन (KVIC–Khadi & Village Industries Commission), कोयर बोर्ड (सरकारी सेक्टर), राष्ट्रीय लघु उद्योग कारपोरेशन (NSIC–National Small Industries Corporation), 3 ट्रेनिंग संस्थान–नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ स्माल इन्डस्ट्री एक्सटेंशन ट्रेनिंग (NISIET) हैदराबाद, नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर इन्टरप्रिन्योरशिप एण्ड स्माल विजनेस डव्लपमेण्ट (NIESBUD) नई दिल्ली तथा इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्टरप्रिन्योरशिप (IIE) गुवाहाटी हैं. यद्यपि यह मंत्रालय हाल ही में स्थापित किया गया है, लेकिन इससे जुड़ी इकाइयाँ काफी समय से कार्यरत् हैं.
- खादी एवं ग्रामोद्योग कमीशन (KVIC) की स्थापना 1957 में हुई जिसके अन्तर्गत 30 राज्य/संघीय क्षेत्र के. वी. आई. बोर्ड, 4969 रजिस्टर्ड संस्थान तथा 30,129 कोओपरेटिव, 188 विभागीय इकाइयाँ तथा 15,441 बिक्री केन्द्र हैं जिन पर 1998-99 में 346.23 करोड़ रुपए खर्च हुए.
- खादी एवं ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवकों को ट्रेनिंग दी जाती है. वर्तमान में 46 विभागीय तथा वगैर विभागीय ट्रेनिंग सेन्टर इस कमीशन के अन्तर्गत हैं तथा 8865 व्यक्तियों को नियमित ट्रेनिंग कोर्स के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 33% महिलाएं, 18% ओ. बी. सी, ज, 14% अनुसूचित जाति तथा 6% अनुसूचित जनजाति के रहे. विगत 2 वर्षों की प्रगति निम्नवत् रही–

जाति वर्ग	वर्ष	
	1997-98	1998-99
अनुसूचित (SC)	891	1234
अनुसूचित जन. (ST)	515	571
अन्य पिछड़ी (OBC)	1155	1590
सामान्य (GEN)	1921	5470

- नेशनल स्माल इन्डस्ट्रीज कारपोरेशन लि. (NSIC) की स्थापना भारत सरकार द्वारा 1955 में की गई ताकि देश में लघु उद्योगों का विकास तेजी से हो सके.
- देश में लघु उद्योग (SSI) इकाइयों की उपलब्धियाँ 1998-99 में इस प्रकार रहीं–

देश में वर्ष 1998-99 के अन्तर्गत लघु उद्योग की उपलब्धियाँ

- *लघु उद्योग इकाइयों की संख्या –31.21 लाख (पूर्वानुमान)*
- *उत्पादन –527575 करोड़ रु. (अनु.)*
- *रोजगार –171.58 लाख व्यक्ति (अनु.)*
- *निर्यात –49481 करोड़ रु. (अनु.)*

- प्रधानमंत्री रोजगार योजना (PMRY) 2 अक्टूबर, 1993 में शुरू हुई ताकि 10 लाख व्यक्तियों को रोजगार दिया जा सके. वर्ष 1999-2000 में 2.2 लाख लाभार्थी रखे गए.
- सेन्ट्रल इन्स्टीट्यूट ऑफ हैन्डटूल्स (CIHT) जालन्धर (पंजाब) में 1983 में, हैन्ड टूल डिजाइन डव्लपमेण्ट एण्ड ट्रेनिंग सेन्टर (HTDD & TC) नागपुर (महाराष्ट्र) में 1986 में, इन्स्टीट्यूट फॉर डिजाइन ऑफ इलेक्ट्रीकल मैजरिंग इन्स्ट्रूमेन्ट्स (IDEMI) मुम्बई में 1969 में यू. एन. डी. पी. (UNDP) सहायता से शुरू किए गए जिनमें आई. डी. ई. एम. आई. की उल्लेखनीय सेवाएं हैं.
- **फाउण्ड्री क्षेत्र में** 'प्रोसेस एण्ड प्रोडक्ट डव्लपमेण्ट सेन्टर' (PPDC) आगरा, जो वर्ष 1985 में भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार/यू. एन. डी. पी. की सहायता से खोला गया, ने फाउण्ड्री, फोर्जिंग, टूल्स आदि के निर्माण एवं प्रशिक्षण सम्बन्धी कार्य किए तथा 1999-2000 में सामान्य सुविधा एवं परामर्श से 40 लाख रुपए कमाएं ऐसी ही फाउण्ड्री मेरठ में उसी वर्ष खोली गई.
- जूता उद्योग के क्षेत्र में फुटवीयर ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट आगरा (उ. प्र.) एवं चेन्नई वर्षों (1997-98–1998-99) सरकारी मालगुजारी earning) आमदनी निम्नवत्

केन्द्र (CFTI)	आमदनी (लाख रु.	
	1997-98	1998-99
आगरा	5.17	9.31
चेन्नई	8.75	8.96

- सुगन्ध एवं सुरस (Fragrance & Flavour) के क्षेत्र में 'फ्लेवर डव्लपमेण्ट सेन्टर' कन्नौज (उ. प्र.) 1991 सरकार/उ. प्र. सरकार/ पी./यू. एन आई. डी. सहायता से कार्यरत् है जि वर्षों में निम्नलिखित उपल की हैं–

वर्ष	प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या	परामर्श से (लाख
1996-97	168	1
1997-98	230	2
1998-99	263	3
1999-2000 (अनु.)	275	3

- काँच उद्योग में 'सेन्टर फॉर ऑफ ग्लास इन्डस्ट्री फिरोजाबाद (उ. प्र.) सरकार एवं यू. एन. सहायता (9.33 करोड़ किया गया, ने वर्ष 1 (सितम्बर 1999 के लाख रु. कमाए तक 15 लाख रु. है जिसने लगभग तकनीकी सलाह, यह केन्द्र ग्लास बर्तन सम्बन्धी कार्य

शेष पृष्ठ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता क्रमांक : 145 का परिणाम एवं सर्वशुद्ध हल

10. राधेश्याम सिंह
S/o श्री रामराज सिंह 'महतो'
ग्रा.+पो.–तरारी (मेहता टोली)
अनुमण्डल–पीरो,
जिला–भोजपुर (आरा)
बिहार–802 209

11. आभा गुप्ता
हजारीबाग, बिहार
पिन–825 301

12. वीर बहादुर प्रसाद
S/o श्री चन्द्रदेव प्रसाद
ग्रा.+पो.–तरारी (ब्लॉक)
थाना–तरारी
अनुमण्डल–पीरो
जिला–भोजपुर (आरा),
बिहार–802 209

नोट–प्रथम व द्वितीय पुरस्कार राशि को जोड़कर सभी में बराबर-बराबर बाँट दी गई है.

सर्वशुद्ध हल

1. (E)	2. (C)	3. (C)	4. (C)	5. (A)
6. (D)	7. (E)	8. (C)	9. (A)	10. (C)
11. (E)	12. (A)	13. (C)	14. (E)	15. (A)
16. (A)	17. (B)	18. (D)	19. (A)	20. (E)

व्याख्या

1. शब्दों को व्यवस्थित करने पर निम्नलिखित सार्थक शब्द बनते हैं–
KAMPUCHEA, AFGHANISTAN, CAMEROUN, LUXEMBOURG, तथा CRUZEIRO
इनमें से पहले चार राज्यों के नाम हैं जबकि पाँचवाँ शब्द ब्राजील देश की मुद्रा है.

2. बनने वाले सार्थक शब्द हैं–VIOLATION, ENCROACHMENT, INFRINGMENT, COMPLIANCE TRANSGRESSION, तथा INFRACTION.
इनमें से विपरीत शब्द COMPLIANCE है.

3. बनने वाले सार्थक शब्द हैं– VALUABLE, VALUELESS, WORTHLESS, EXPENSIVE, ORDINARY तथा BASE.
इनमें से समानार्थी शब्द EXPENSIVE है.

प्रश्न 4 से 7 तक के लिए
महिला का नाम MALHARIKA है.

प्रश्न 8 से 12 तक के लिए
संख्या = 7 2 9 6 5 7 6 4

8. भाज्य अंकों का योग
= 9 + 6 + 6 + 4
= 25

9. 7 + 4 = 11

13. अन्य सभी के दो-दो अर्थ होते हैं, जबकि Boat का एक ही अर्थ है–नाव Ring–अंगूठी तथा मुक्केबाजी का मैदान,
Table–पहाड़े तथा मेज
Vessel–बर्तन और समुद्री जहाज
Wood–लकड़ी और जंगल

14. लड़कों को निम्नवत् खड़ा किया जाएगा–



15. प्रत्येक शब्द के अक्षरों के वर्णमाला के अनुसार मान को क्रमशः + और – लिखकर जोड़ने पर
VEER = 22 – 5 + 5 – 18 = 4,
AMIT = 1 – 13 + 9 – 20 = –23
इसी प्रकार,
BAIJAL = 2–1+9 = 10 + 1 – 12
= – 11

प्रश्न 16 से 19 तक के लिए
गोयल के पास 17 रु. जैन के पास 20 रु. तथा शर्मा के पास 22 रु. हैं.

17. अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{22 \times 100}{17 + 20}$
= 59·46

20. शब्द INDIVISIBILITY है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम पुरस्कृत

तार्किक प्रतियोगि

विषय : भारत यदि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेना बन्द कर दे.

– आदित्य कुमार गौरव

(1) पिछली कई ओलम्पिक प्रतियोगिताओं में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक ही नहीं, अपमानजनक रहा है. इस कारण कुछ लोगों का कहना है कि भारत को उच्च-स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेना चाहिए. ऐसा करके वह अपमानित होने से बचेगा और साथ ही उसके धन, समय एवं शक्ति की भी बचत होगी. परन्तु ऐसा करना ठीक नहीं है.

(2) प्रतियोगिताओं में भाग न लेने से क्रीड़ा के क्षेत्र में भारत की पहचान समाप्त हो जाएगी.

(3) खेल विभिन्न देशों के बीच मैत्री सम्बन्ध को प्रगाढ़ करते हैं, भारत द्वारा पाकिस्तान से इस वर्ष भी 'सहारा कप' क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं खेलने का निर्णय दोनों देशों के बीच आपसी कटुता ही प्रदर्शित करता है. यदि भारत अन्य खेलों में भी भाग लेना बन्द कर दे, तो वह शेष विश्व से अलग-थलग पड़ जाएगा.

(4) ओलम्पिक, एशियाड इत्यादि खेलों में विशाल जनसंख्या वाले इस देश का करोड़ों रुपया बर्बाद होने के बावजूद निराशाजनक प्रदर्शन के कारण यह निर्णय काफी हद तक सही प्रतीत होता है, पर इसका समाधान खेलों में सुधार लाना है न कि इसमें भाग न लेना.

(5) भारत में ध्यानचंद, सचिन तेंदुलकर, विश्वनाथन आनंद आदि अनेक प्रतिभाएं होती रही हैं. प्रतियोगिताओं में भाग न लेने के अभाव में उनकी सारी प्रतिभाएं धरी-की-धरी रह जाएंगी. विभिन्न खेलों से जुड़े अनेक खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक भुखमरी के कगार पर पहुँच जाएंगे.

विषय : यदि केवल नारियाँ ही शासक-प्रशासक बनें.

– जगन्नाथ पटैरिया

(1) यदि केवल नारियाँ ही शासक-प्रशासक बनेंगी, तो स्त्रियों की वर्तमान स्थिति में बहुत सुधार होगा. वर्तमान में स्त्रियों की दशा सोचनीय है. उनके साथ बलात्कार एवं शोषण की घटनाएं बहुतायत में हो रही हैं. इन घृणित कृत्यों के खिलाफ बहुत सख्त कदम उठाए जाएंगे एवं अभियुक्त को कड़ी सजा दी जाएगी जिससे इन घटनाओं में कमी आएगी एवं स्त्रियों को समान अधिकार एवं उन्नति के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकेंगे तथा उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के समान दर्जा दिया जाएगा.

(2) यदि केवल नारियाँ ही शासक-प्रशासक बनेंगी तो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर युद्धों में कमी आएगी तथा विश्व शान्ति का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा, क्योंकि महिलाएं स्वभावतः मिलनसार एवं शान्तिप्रिय होती हैं. सभी राष्ट्रों में जब महिलाएं ही शासक-प्रशासक होंगी, तो सभी राष्ट्रों में परस्पर सहयोग की भावना में वृद्धि होगी एवं विकसित राष्ट्र, अविकसित एवं विकासशील राष्ट्रों को ज्यादा सहयोग देंगे, क्योंकि महिलाएं दयामयी स्वभाव की होती हैं.

(3) यदि केवल नारियाँ ही शासक-प्रशासक होंगी तो कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में वर्तमान स्थिति की तुलना में ज्यादा विकास होंगे. विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को ज्यादा महत्व दिया जाएगा. देश का औद्योगिक विकास तीव्रगति से होगा तथा प्रबन्धन के क्षेत्र में कुशलता में वृद्धि होगी, क्योंकि महिलाएं प्राकृतिक रूप से प्रबन्धन में कुशल होती हैं. लघु उद्योगों जैसे–टोकरी उद्योग, अगरबत्ती उद्योग, अचार-मुरब्बा उद्योग आदि का बहुत अधिक विकास होगा, क्योंकि महिलाएं इन कार्यों में स्वभावतः दक्ष होती हैं जिससे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा.

(4) कुछ लोग शारीरिक बनावट एवं कोमल स्वभाव के नाम पर नारियों को मैदान में नहीं भेजना चाहते हैं, परन्तु श्रीमती इन्दिरा गांधी, मारग्रेट थैचर, किरन बेदी आदि ने सिद्ध कर दिया है कि अवसर पड़ने पर वे पुरुषों से अधिक दृढ़ता के साथ अपने कर्तव्य का पालन करने में समर्थ हो सकती हैं.

विषय : भारत में यदि अंग्रेजी भाषा का प्रयोग निषिद्ध कर दिया जाए.

– निर्मल तिवारी

(1) किसी देश की राष्ट्रीयता की भावना विकसित करने के लिए आवश्यक है कि उस देश के नागरिक अपनी भाषा प्रयोग करने पर जोर दें. अपनी भाषा का प्रयोग कामकाज में करने पर आत्मस्वाभिमान जाग्रत होता है. व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है. यदि भारत में अंग्रेजी को प्रयोग

से बाहर कर दिया जाए, तो
राष्ट्रीयता को बढ़ावा मिलेगा

(2) अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर
अपनी बात रखने के लिए
भाषा उपयोग में लाता है, लेकि
प्रतिनिधि अपने विचारों को
पेश करते हैं जिससे देश की
पर लगी प्रतीत होती है. हिंद
भाषा उस देश की धड़कन होती
आवश्यक है कि भारत में अंग्रे
प्रयोग निषिद्ध कर दिया जाए

(3) भारत की करीब 70%
अंग्रेजी भाषा से अनभिज्ञ है जि
अंग्रेजी भाषी व्यक्ति के सम्प
निम्न महसूस करते हैं जिसके
हीन भावना विकसित होती है
भाषा का प्रयोग निषिद्ध कर दि
वे व्यक्ति भी अपने क्षेत्र में
सकेंगे, साथ ही देश की भाष
होगा.

(4) आज जब देश को
पिरोने के लिए राष्ट्रीय मंचों से
रही हैं उस समय यह कार्य
बखूबी निभा सकती है. अंग्रेजी
अपनाने पर व्यक्ति के भीतर
आ पाता. भारत यदि कर्तव्यत
उठाकर अंग्रेजी भाषा का प्रयोग
तो स्वतः स्फूर्त राष्ट्रीय एकता
होगा.

कुछ लोगों का कहना है कि
अभाव में अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों
लगेगा. हमारा निवेदन है कि
जर्मनी जैसे विकसित देशों में
संचार का माध्यम है, न कि
जनसाधारण की बोलचाल की

UPKAR
Towards New Horizons
MODERN ESSAYS
(For Academic and Competitive Examinations particularly for Indian Civil Services Examination)
By : Brij Kishore Gour
Price : Rs. 55/-
UPKAR PRAKASHAN

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता

क्रमांक–147

...दिए गए पाँच अक्षर समूहों में से ...क से सार्थक शब्द बनाओ और ...उनमें से भिन्न शब्द ज्ञात करो–

(A) DHIOPTY
(B) ELOPRSY
(C) EGIIIMNNST
(D) BCEILORSSTUU
(E) ACEEHIINPSTL

...एक शब्द के अक्षर अव्यवस्थित ...में लिखे गए हैं. इसके बाद पाँच ...समूह दिए गए है इन सभी के ...व्यवस्थित करके सार्थक शब्द ...ओ तथा वैकल्पिक उत्तरों में से ...शब्द को ज्ञात करो जो ऊपर दिए ...शब्द के विपरीत हो.

CEEIPQRSTUU
ACIIINRSTT
ABEFILTUU
ACHIGPR
ACEEIHSTT
AACEIRTTTV

...एक शब्द के अक्षर अव्यवस्थित ...में लिखे गए हैं. इसके बाद पाँच ...समूह दिए गए हैं. इन सभी के ...व्यवस्थित करके सार्थक शब्द ...ओ तथा वैकल्पिक उत्तरों में से ...शब्द को ज्ञात करो जो ऊपर दिए ...शब्द के समानार्थी हो.

ABEEILLR
ABEEILNOSTUQ
ABEEILLNRU
ACEINNRTU
ABDEIINSTLPU
BDIOSUU

...वाद्ययंत्र के अक्षरों को ...व्यवस्थित क्रम में रखने पर ...CEILNRT हैं. अक्षरों को क्रम में ...पर बाईं ओर से चौथा अक्षर ...होगा?

(A) R (B) I
(C) A (D) N
(E) C

...का लुप्त पद ज्ञात करो–

...1, 246, ..., 1286, 2391
...751 (B) 615

(C) 923 (D) 252
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 6 से 9 तक) प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित वक्तव्य पर आधारित है–

किसी व्यक्ति का नाम अंग्रेजी के 10 अक्षरों से मिलकर बना है. अन्तिम दो अक्षरों से अंग्रेजी का एक सार्थक शब्द बनता है. तीसरे व चौथे अक्षर वर्णमाला के क्रम में हैं. सातवें व आठवें अक्षर एक से हैं. पाँचवें व छठवें अक्षरों के बीच अंग्रेजी वर्णमाला के दो अक्षर लुप्त हैं. अन्तिम अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला का 14वाँ अक्षर है. सम्पूर्ण शब्द में दो स्वर एक-से हैं.

6. नाम का पहला अक्षर कौनसा है?
(A) P (B) Q
(C) T (D) D
(E) J

7. कौनसा व्यंजन अक्षर इस नाम में प्रयुक्त नहीं हुआ है?
(A) J (B) H
(C) K (D) R
(E) D

8. निम्नलिखित में से कौनसा व्यंजन अक्षर सम्पूर्ण नाम में सबसे अधिक प्रयुक्त है?
(A) K (B) P
(C) L (D) T
(E) इनमें से कोई नहीं

9. नाम के पहले और अन्तिम अक्षरों के बीच अंग्रेजी वर्णमाला कितने अक्षर छूटे हुए हैं?
(A) 9 (B) 8
(C) 7 (D) 6
(E) 3

10. निम्नलिखित संख्या श्रेणी में कौनसा पद त्रुटिपूर्ण है?

10, 17, 28, 34, 48, 51

(A) 28 (B) 17
(C) 48 (D) 51
(E) 34

11. यदि $\begin{array}{|c|c|}\hline 3 & 5 \\ \hline 4 & 2 \\ \hline\end{array} = 5$ तथा $\begin{array}{|c|c|}\hline 4 & 6 \\ \hline 2 & 3 \\ \hline\end{array} = 8$

तो $\begin{array}{|c|c|}\hline 6 & 13 \\ \hline 8 & 7 \\ \hline\end{array} = ?$

(A) 9 (B) 8
(C) 1 (D) 6
(E) 5

12. यदि निम्नांकित त्रिभुजों में संख्याएं किसी नियमानुसार भरी हैं, तो इसमें x के स्थान पर कौनसी संख्या होगी?



(A) 5 (B) 8
(C) 7 (D) 6
(E) इनमें से कोई नहीं

13. निम्नांकित आकृतियों में x का मान ज्ञात करो–



(A) 9 (B) 12
(C) 16 (D) 15
(E) 14

निर्देश–(प्रश्न 14 से 18 तक) प्रत्येक प्रश्न निम्नांकित वर्ग पर आधारित है–

निम्नलिखित वर्ग में खाली खानों में अक्षर भर कर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दो.

	A		H		N	A
K		O	N			
	H		V			I
		A		A	K	
	A		C		N	I

14. पहली पंक्ति से बनने वाले लेखक ने निम्नांकित में से कौनसी पुस्तक लिखी है?
(A) अकबरनामा (B) कादम्बरी
(C) गोदान (D) मेघदूत
(E) राजतरंगिणी

15. दूसरी पंक्ति से बनने वाली मुद्रा किस देश में प्रचलित है?
(A) डेनमार्क
(B) नार्वे
(C) अफगानिस्तान
(D) टर्की
(E) हंगरी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

16. तीसरी पंक्ति से बनने वाला व्यक्ति किसका पुत्र था?
(A) शम्भाजी (B) जसवन्त सिंह
(C) तारा बाई (D) शाहजी भौसले
(E) जयसिंह

17. चौथी पंक्ति से बनने वाला व्यक्ति किस क्षेत्र का विशेषज्ञ था?
(A) दर्शन (B) अर्थशास्त्र
(C) न्याय (D) औषधि
(E) गणित

18. पाँचवीं पंक्ति से बनने वाले व्यक्ति ने किसकी खोज की है?
(A) बेतार का तार
(B) एटम बम
(C) विद्युत बल्ब
(D) न्यूट्रॉन
(E) कैंसर

निर्देश–(प्रश्न 19 एवं 20) प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित सूचनाओं पर आधारित है–

लव किसी नगर की पैदल यात्रा 8 दिन में कर सकता है. मोहन उसी नगर की यात्रा पहली बार 11 दिन में और दूसरी बार 13 दिन में कर सकता है. यही क्रम उसका आगे के लिए भी रहता है. नितिन उसी नगर की यात्रा 5 दिन में पूरी कर सकता है. अमित उसी यात्रा को 7 दिन में पूरी कर सकता है. लव 23 दिसम्बर इतवार के दिन सायं 4 बजे यात्रा पर चल देता है. मोहन भी उसी दिन लव से आधा घण्टे बाद चलना शुरू करता है, नितिन भी उसी दिन, परन्तु मोहन से आधा घण्टे बाद चलना शुरू करता है. अमित अगले दिन अर्थात् सोमवार को प्रस्थान करता है. प्रत्येक व्यक्ति एक ही स्थान से चलना प्रारम्भ करता है तथा उसी स्थान पर प्रातःकाल तक लौट आता है और फिर उस दिन शाम को पुनः यात्रा पर चल देता है.

19. 24 दिसम्बर से 28 फरवरी के बीच कितनी बार लव अन्य यात्रियों के साथ चलने के स्थान पर होगा?
(A) एक बार भी नहीं
(B) 5 बार
(C) 4 बार
(D) 3 बार
(E) 6 बार

20. निम्नलिखित में से कौनसे व्यक्ति 31 दिसम्बर को प्रस्थान करेंगे?
(A) लव और मोहन
(B) मोहन और नितिन
(C) मोहन और अमित
(D) केवल अमित
(E) लव और अमित

●●●

शेष पृष्ठ 506 का

standard or a sterling standard or a dollar standard.

(b) The circumstances, under which a central bank becomes necessary, arise when a country decides to use discretionary powers in obtaining a purpose.

(c) While in England central banking emerged in the eighteenth century, in the United States it is yet a novelty.

(d) A monetary unit is of great importance in all contractual relationships in the economy. It is useful for the growth of money market in a country.

(e) (i) having freedom to act according to one's own judgement; (ii) even balance, steady; (iii) attractive; (iv) direct opposite; (v) things strange and unfamiliar; (vi) of the nature of binding agreement.

●●●

शेष पृष्ठ 509 का

लिए उत्तरदायी है. एन. आर. एस. ए. ने भारतीय सुदूर संवेदन उपग्रहों, अमरीकी लैण्डसैट तथा एन. ओ. ए. ए. (National Oceanic and Atmospheric Administration–USA) उपग्रहों, फ्रेंच स्पॉट (French SPOT) उपग्रहों से आँकड़ों के अभिग्रहण और यूरोपियन सुदूर संवेदन उपग्रह ई. आर. एस. (European Remote Sensing Satellite) से माइक्रोवेव आँकड़ों के अभिग्रहण के लिए हैदराबाद के निकट शादनगर में एक उपग्रह भू-केन्द्र स्थापित किया है. एन. आर. एस. ए. देहरादून स्थित भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान की भी देख-रेख करती है.

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (Physical Research Laboratory-PRL)

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद, अन्तरिक्ष और इससे सम्बद्ध विज्ञान में अनुसंधान के लिए प्रमुख राष्ट्रीय केन्द्र है. यह अन्तरिक्ष विभाग द्वारा मुख्य रूप में समर्थित एक स्वायत्त संस्थान है. इसे उदयपुर सौर बेधशाला के प्रबंध की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है. भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के अनुसंधान कार्यक्रमों को मुख्य रूप से चार क्षेत्रों अर्थात् खगोलिकी और खगोलभौतिकी, ग्रहीय वायुमण्डल तथा वायुविज्ञान, भू-विज्ञान और सौर प्रणाली

अध्ययन तथा सैद्धान्तिक [illegible] में आयोजित किया जाता है.

राष्ट्रीय मध्यमण्डल क्षोभमण्डल रडार सुविधा (National Mesosphere-Troposphere Radar Facility-NMRF)

तिरुपति के निकट [illegible] में स्थित एन. एम. आर. एफ. सुविधा है. यह एक स्वदेशी [illegible] यह सुविधा राष्ट्रीय तथा [illegible] वैज्ञानिकों को वायुमण्डलीय [illegible] आयोजित करने के लिए उपलब्ध

एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (Antrix Corporation Ltd.)

इसरो के ससाधनों [illegible] अन्तरिक्ष उद्योग तक ऊपर [illegible] वाला एवं बंगलौर में अन्तरिक्ष [illegible] स्थित एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड [illegible] विभाग के अन्तर्गत एक [illegible] एजेन्सी है. एन्ट्रिक्स उपग्रहों [illegible] प्रणालियों तथा अवयवों का [illegible] का प्रयोक्ता विनिर्देशनों [illegible] संविरचन प्रमोचन सेवाएं तथा [illegible] सुविधाएं और मानवशक्ति [illegible] विकास में प्रशिक्षण प्रदान करना

शेष पृष्ठ 510 का

- कोयर बोर्ड (Coir Board) [illegible] बोर्ड इन्डस्ट्री एक्ट 1953 [illegible] बना, ने कोयर फाइबर [illegible] वर्ष 1999-2000 में 3.35 [illegible] टन उत्पादन किया तथा [illegible] कोयर उत्पाद का निर्यात [illegible] रुपए का हुआ.

'महिला कोयर योजना' [illegible] है जो ग्रामीण महिलाओं को [illegible] को धागे (Yarn) में बदलने [illegible] रोजगार के अवसर प्रदान [illegible]

- बेरोजगार युवकों के [illegible] करने में वर्ष 1965 में [illegible] केन्द्र (ITC) नीलोखेड़ी [illegible] तथा स्माल इन्टरप्रिन्योर [illegible] ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट (SIET) [illegible] (आ. प्र.) 1994 से उपलब्ध [illegible] कर रहे हैं.

भूल सुधार

अंक अगस्त 2000

पृष्ठ संख्या 27 के [illegible] गुस्तावो कुएर्टन (ग्वाटेमाला [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता के नियम

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता के नियम

अपनी प्रविष्टि केवल दिए हुए प्रारूप पर ही भेजें.

लिफाफे के बाईं ओर 'सामान्य ज्ञान दर्पण–मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता' अवश्य लिखें.

प्रत्येक प्रश्न के पाँच बॉक्स दिए गए हैं. जिस उत्तर को ठीक समझें उस कॉलम में ☒ का चिह्न लगाएं.

सर्वाधिक शुद्ध हल भेजने वाले दो प्रतियोगियों को क्रमशः 800 रु., 400 रु. पुरस्कारस्वरूप दिए जाएंगे.

पुरस्कार के विषय में सम्पादक का निर्णय सर्वमान्य होगा.

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता का प्रारूप

मानसिक योग्यता परीक्षा क्रमांक–147 का हल भेजने की अन्तिम तिथि 28 अक्टूबर, 2000 है.

श्री/कु./ श्रीमती _____

_____

पता _____

_____

_____ पिन कोड नं. ☐☐☐☐☐☐

उत्तर-पत्र

संख्या	A	B	C	D	E
1.	☐	☐	☐	☐	☐
2.	☐	☐	☐	☐	☐
3.	☐	☐	☐	☐	☐
4.	☐	☐	☐	☐	☐
5.	☐	☐	☐	☐	☐
6.	☐	☐	☐	☐	☐
7.	☐	☐	☐	☐	☐
8.	☐	☐	☐	☐	☐
9.	☐	☐	☐	☐	☐
10.	☐	☐	☐	☐	☐
11.	☐	☐	☐	☐	☐
12.	☐	☐	☐	☐	☐
13.	☐	☐	☐	☐	☐
14.	☐	☐	☐	☐	☐
15.	☐	☐	☐	☐	☐
16.	☐	☐	☐	☐	☐
17.	☐	☐	☐	☐	☐
18.	☐	☐	☐	☐	☐
19.	☐	☐	☐	☐	☐
20.	☐	☐	☐	☐	☐

तार्किक प्रतियोगिता

बैंकिंग सर्विस रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा आयोजित प्रोबेशनरी ऑफीसर्स व क्लर्कस् ग्रेड परीक्षाओं में नवीन पद्धति के वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाते हैं जिससे कि आपकी तार्किक व कल्पना शक्ति में वृद्धि हो.

तार्किक प्रतियोगिता के नियम

1. अपनी प्रविष्टि केवल साधारण डाक से निर्धारित तिथि की सीमा में भेजने की व्यवस्था करें अन्यथा प्रविष्टि अमान्य होगी और इसके लिए उत्तरदायित्व आपका होगा.
2. लिफाफे के ऊपर पत्रिका में दिए गए कूपन को अवश्य चिपकाएं.
3. दिए गए विषय पर आप चार तर्क प्रस्तुत करें. किसी भी दशा में प्रविष्टि कुल 150 शब्दों से अधिक की नहीं होनी चाहिए. अधिक शब्दों में लिखित रचना प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं की जाएगी.
4. भाषा सरल, स्पष्ट एवं प्रवाहमय होनी चाहिए. मूल्यांकन करते समय भाषा का विशेष ध्यान रखा जाएगा.
5. तीन विषय दिए जाएंगे और प्रत्येक विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशी को समान रूप से 150 रुपए पुरस्कार-स्वरूप दिए जाएंगे.
6. आप एक अथवा दो अथवा तीनों विषयों पर लिख सकते हैं. प्रत्येक विषय को अलग-अलग पृष्ठों पर एक ही तरफ लिखें. अन्त में शब्द संख्या अवश्य लिखें.
7. प्रत्येक प्रविष्टि पर अपना नाम व पता स्पष्ट शब्दों में लिखें.
8. पुरस्कृत प्रविष्टि पर पत्रिका-प्रकाशक का कॉपीराइट © होगा. प्रविष्टियों को वापस करने की कोई व्यवस्था नहीं है.
9. पुरस्कार के विषय में अन्तिम निर्णय सम्पादक का होगा. किसी भी दशा में वह न्यायालय का विषय नहीं होगा.
10. सम्पादक को अधिकार है कि किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण वह प्रविष्टि/ प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित न करें.

तार्किक प्रतियोगिता के विषय

1. युद्ध मनुष्य के भीतर बैठे आसुरी और देवी प्रवृत्तियों के संघर्ष का परिणाम होता है.
2. संयमी और सच्चे आचरण वाला ही अजेय होता है.
3. अपने भीतर शत्रुओं से जूझने में ही मनुष्य की चरम परीक्षा है.

प्रविष्टि भेजने की अन्तिम तिथि–25 अक्टूबर, 2000 है.

(कृपया इसे लिफाफे पर चिपकाएं)

सामान्य ज्ञान दर्पण तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक–147

Now Available

UPKAR'S New Editions

Published by :
UPKAR PRAKASHAN 2/11A, Swadeshi Bima Nagar, AGRA–2 Ph. : 323966, 323101, 322930; Fax : (0562) 351251

- Railway Recruitment Board Exam. Dr. Lal & Jain — Rs. 88.00
- Railway Recruitment Board Exam. — Rs. 75.00
- Railway Commercial Vocational Course Entrance Exam. — Rs. 65.00
- Railway Recruitment Board (Technical) — Rs. 125.00
- S.C.R.A. Exam. — Rs. 245.00

HINDI EDITIONS ARE ALSO AVAILABLE

कम खाने के समान कम गम खाना भी हमारे व्यक्तित्व निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है. जो व्यक्ति असहिष्णु होते हैं वे सदैव आवेश एवं क्रोध में भरे रहते हैं. क्रोध उनके विवेक को नष्ट कर देता है. विवेक-नष्ट व्यक्ति हर प्रकार से अपनी हानि करता है तथा अपने सम्पर्क में आने वालों के कष्ट एवं दुःख का कारण बनता है. इंगर रसेल ने ठीक ही कहा है कि क्रोध मस्तिष्क के दीपक को बुझा देता है. भारतीय संस्कृत सूक्तिकार ने तो यहाँ तक लिख दिया है कि क्रोध साक्षात् यमराज यानी मृत्यु होता है. विद्यार्थी के समस्त कार्य बुद्धि/विवेक/मस्तिष्क प्रधान होते हैं. क्रोध करने वाले विद्यार्थी सदैव आवेश में भरे रहते हैं और अपने अध्ययन में कमी तो करते ही हैं, साथ ही अपने चिन्तन को दूषित कर देते हैं. क्रोध वस्तुतः क्षणिक पागल होता है (होरेस) *La senera* ने एक स्थान पर लिखा है *Anger makes a rich man hated and a poor scorned* अर्थात् क्रोध धनवान व्यक्ति को घृणा का पात्र बना देता है और एक निर्धन को तिरस्कार का. क्रोध का उपचार अक्रोध एवं मौन तथा सहनशील बना रहना है. व्यक्ति क्रोध के कुप्रभाव से तभी बच सकता है, जब वह सहनशील बन जाता है और प्रत्येक क्रोध करने वाले को दया का पात्र समझता है. सहनशील सर्वोत्तम बल है, क्योंकि सहनशील व्यक्ति की की तरह होता है, जो कल एवं उसकी जल-धारा को करता रहता है. वह कभी काम नहीं करता है. उसके और विवेकहीन होने का सहनशील व्यक्ति के में विकृति के लिए कम है. इस प्रकार सहनशील के प्रति जागरूक एवं वान बना रहता है. हमारे जितने ही अधिक सहनशील अधिक वे विवेकशील एवं प्रति निष्ठ बने रहेंगे और कार्यक्षमता एवं चित्त की वृद्धिगत होती रहेगी. सहनशील गुण को लक्ष्य करके अंग्रेज है कि सहन-शीलता सबसे बड़ा क्षमा प्रतिशोध का सर्वोत्तम *Forgiveness is the noblest* सहनशील बन कर अपने मित्रों उठा सकेंगे तथा टेढ़े स्वभाव द्वारा लाभान्वित हो सकेंगे अनुभव बताता है कि जिह खुरखुरेपन को हम जितना अधिक वह अन्त में हमारे लिए उपर हितकारी सिद्ध होता है. इस निवेदन करना आवश्यक है कि स्तर पर अन्याय अथवा बुराई अन्याय या पाप है, क्योंकि ने बुराई और बुराई करने वाले हैं और उसकी जड़ जमाते हैं

संतजन क्षमाशीलता और का पाठ युग-युगान्तर से पढ़ा वे जानते हैं कि जीवन में लिए, कुछ करने के लिए व्यक्तियों से ज्ञान राशि का चाहिए और यह कार्य सहिष्णुता होता है. आधुनिककाल में एक नई दिशा देने वाले तथा परम्परा से हटाकर विषयगत वाले प्रसिद्ध नाटककार कहना है कि "जब तुम दिल तब सहिष्णु होना सरल है उन्नति सहिष्णुता की नींव पर

(Alesis canell)

सहिष्णुता हमारे करके हमारी चेतना को सहिष्णुतारूपी अमोघ हमारी ग्रहणशीलता एवं परिवर्तन करेगी. उसको आपके शुभैषी आश्चर्य क्रोध पर विजय प्रदान मानस रोगों से मुक्त और गम खाना जीवन अमोघ सूत्र है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक सामान्य ज्ञान

नियुक्तियाँ

सी. मुथैया

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) अध्यक्ष ए. सी. मुथैया को गत 29 ...बर को चेन्नई में सम्पन्न बैठक में एक ...पुन: इस बोर्ड का अध्यक्ष चुना गया है. ...की सामान्य सभा की इस 71वीं बैठक ...यन्त लेले व किशोर रुंगटा को पुन: ...का क्रमश: सचिव एवं कोषाध्यक्ष चुना ...है.

उल्लेखनीय है कि बी.सी.सी.आई. के ...श्री मुथैया को भारतीय उद्योग ...र जगत के प्रमुख संगठन फिक्की ...CCI) के अध्यक्ष पद हेतु भी चुना ...है. नवम्बर 2000 में फिक्की के 73वें ...क अधिवेशन में वह इसके अध्यक्ष का ...ार ग्रहण करेंगे.

...अहमद बुखारी

...नायब इमाम सैयद अहमद बुखारी को ...की ऐतिहासिक जामा मस्जिद का ...इमाम मनोनीत किया गया है. गत 14 ...र को एक धार्मिक समारोह में सैयद ...बुखारी ने निवर्तमान इमाम सैयद ...बुखारी से यह पदभार ग्रहण किया.

...सिन्हा

...इन्द्र कुमार गुजराल के प्रधानमंत्री ...में विदेश राज्य मंत्री रहीं सुश्री कमला ...को सूरीनाम में भारत की नई राजदूत ...किया गया है.

...सुथरलैण्ड

...पीटर सुथरलैण्ड को भारत में कनाडा ...उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है. ...में वह पीटर वाकर का स्थान लेंगे.

...डायस भंडारनायके

...सेनाके भंडारनायके को भारत में ...का नया राजदूत नियुक्त किया ...है.

...जोशी

...क्रिकेम में 1967 में एक बारूदी ...क्रिकेट में अपनी दोनों टाँगें गवाँ देने ...जन. पकज जोशी थल सेना की ...के जनरल कमांडिंग इन चीफ ...है.

वीना सीकरी

विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी वीना सीकरी को मलेशिया में भारतीय उच्चायुक्त बनाया गया है.

सीरिलाल वीरासूर्या

श्रीलंका के पूर्व सैन्य प्रमुख ले. जन. सीरिलाल वीरासूर्या को पाकिस्तान में श्रीलंका का नया राजदूत नियुक्त किया गया है.

विजय ओबेराय

थल सेना की पश्चिमी कमान के प्रमुख ले. जन. विजय ओबेराय को थल सेना का उपप्रमुख बनाया गया है. थल सेना के उप-प्रमुख के रूप में ले. जन. ओबेराय ने ले. जनरल चन्द्रशेखर का स्थान लिया है, जो गत 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त हुए हैं.

सुशील कुमार

नौसेना प्रमुख एडमिरल सुशील कुमार ने सेनाध्यक्षों की समिति के अध्यक्ष का कार्यभार 1 अक्टूबर को सँभाल लिया है. वरिष्ठतम सेनाध्यक्ष होने के नाते थल-सेनाध्यक्ष जनरल वी. पी. मलिक इससे पूर्व इस समिति के अध्यक्ष थे, जो 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त हो गए.

ए. डब्ल्यू. खान

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व-विद्यालय (IGNOU) के कुलपति ए. डब्ल्यू. खान को कनाडा में वैंकुवर स्थित कॉमनवैल्थ ऑफ लर्निंग (COL) का निदेशक नियुक्त किया गया है.

अरुण अरोरा

बेनेट कोलेमन एण्ड कम्पनी के अध्यक्ष अरुण अरोरा को यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (UNI) का अध्यक्ष गत सितम्बर माह में चुना गया है.

विजय कुमार चोपड़ा

हिन्द समाचार समूह के विजय कुमार चोपड़ा को इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी (INS) का नया अध्यक्ष चुना गया है.

ई. वी. चिटनिस–एन रवि के स्थान पर प्रो. ई. वी. चिटनिस को सर्वसम्मति से पी टी आई का नया अध्यक्ष गत 11 अक्टूबर को चुना गया है. प्रो. चिटनिस प्रख्यात भौतिकशास्त्री हैं तथा पीटीआई के प्रबन्धक मण्डल के सदस्य रहे हैं.

टी.पी. श्रीनिवासन–टी.पी. श्रीनिवासन को आस्ट्रिया में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है. वर्तमान अमरीका में भारतीय दूतावास में कार्यरत् श्रीनिवासन स्लोवेनिया में भारतीय राजदूत का कार्यभार भी देखेंगे.

प्रिंस हेनरी

लगभग 36 वर्षों तक लक्जेमबर्ग के ग्रांड ड्यूक (राष्ट्र प्रमुख) रहे 79 वर्षीय जीन ने गत 7 अक्टूबर को यह पदभार अपने ज्येष्ठ पुत्र प्रिंस हेनरी को सौंप दिया है.

एलेक्सांडर क्वासनीव्स्की

पोलैण्ड के राष्ट्रपति एलेक्सांडर क्वास-नीव्स्की अक्टूबर के पूर्वार्द्ध में सम्पन्न चुनावों में 5 वर्ष के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गए हैं.

दीपांकर मुखोपाध्याय

भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी दीपांकर मुखोपाध्याय को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (NFDC) का प्रबन्ध निदेशक नियुक्त किया गया है. जानी-मानी अभिनेत्री एवं नृत्यांगना हेमा मालिनी को पहले ही इस निगम के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जा चुका है.

पुरस्कार / सम्मान

गांधी शान्ति पुरस्कार–गांधी प्रतिष्ठान केन्द्र का वर्ष 2000 का गांधी शान्ति पुरस्कार ब्रिटेन के. ब्राडफोर्ड विश्वविद्यालय में शान्ति अध्ययन के प्रो. एडम कर्ले को प्रदान किया गया है.

डॉ. कुरियन एवार्ड–इंडियन डेयरी एसोसिएशन के वर्ष 1995-96 के डॉ. कुरियन पुरस्कार के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) की अध्यक्षा डॉ. अमृता पटेल का तथा 1997-98 के इस पुरस्कार के लिए कोल्हापुर जिला दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष डॉ. नारके का चयन किया गया है. डेयरी उद्योग से सम्बन्धित देश का यह सर्वाधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार दो वर्ष में एक बार प्रदान किया जाता है.

सी. के. नायडू पुरस्कार–भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का इस वर्ष का सी.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के नायडू पुरस्कार भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान हेमू अधिकारी को गत 29 सितम्बर को प्रदान किया गया है.

भारत के चार गांधीवादी मूल्यों के प्रोन्नयन हेतु–डेसमंड टू टू (द. अफ्रीका) (जमनालाल बजाज अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार)

नोबेल पुरस्कार–2000

शान्ति–शान्ति के लिए सहस्त्राब्दी का पहला नोबेल पुरस्कार द. कोरिया के राष्ट्रपति किम दाइ-जुग (Kim Dae-Jung) को प्रदान किया जाएगा. नोबेल समिति ने इस पुरस्कार हेतु उन्हें उत्तर कोरिया के साथ शान्ति एवं मित्रतापूर्ण सम्बन्ध स्थापित करने की दिशा में किए गए उनके प्रयासों के लिए चुना है.

गाओ शिंग जियान

साहित्य–साहित्य के वर्ष 2000 के नोबेल पुरस्कार हेतु स्वीडिश एकेडमी ने चीनी मूल के (अब फ्रांसीसी नागरिक) गाओ शिंग जियान (Gao Xingjian) को चुना है. चीन के असन्तुष्ट साहित्यकार गाओ चीनी सरकार द्वारा उनके एक नाटक पर प्रतिबन्ध लगा दिए जाने के पश्चात् भागकर फ्रांस गए थे.

चिकित्सा–चिकित्सा के क्षेत्र का इस वर्ष का नोबेल पुरस्कार स्वीडन के अरविड कार्लसन (Arvid Carlsson), अमरीका के एरिक कैंडल (Eric Kandel) व आस्ट्रियाई मूल के अमरीकी वैज्ञानिक पॉल ग्रीनगर्ड (Paul Greengard) को प्रदान किया जाएगा. कैरोलिस्का इस्टीट्यूट की विज्ञप्ति के अनुसार इनके द्वारा किए गए शोध कार्य से मस्तिष्क की कार्यप्रणाली समझने तथा इससे सम्बन्धित रोगों के निदान की दिशा में कार्य करने में प्रगति हुई है.

भौतिक विज्ञान–भौतिक विज्ञान का वर्ष 2000 का नोबेल पुरस्कार रूस के झोरेस आई. एल्फेरोव (Zhores I. Alferov), अमरीका के जैक किल्बी (Jack Kilby) व जर्मन मूल के अमरीकी वैज्ञानिक हरबर्ट क्रोइमर (Herbert Kroemer) को प्रदान किया जाएगा. रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइसेज की विज्ञप्ति के अनुसार पुरस्कार की आधी राशि जैक किल्बी को प्रदान की जाएगी, जबकि आधी राशि का वितरण शेष दोनों वैज्ञानिकों में बराबर-बराबर किया जाएगा.

रसायन विज्ञान–रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों–एलन हीगर (Alan Heegar), एलन मैक्डियार्मिड (Alan Macdiarmid) व हिडेकी शिराकावा (Hideki Shirakawa) को संयुक्त रूप से प्रदान किया जाएगा.

अर्थशास्त्र–दो अमरीकी अर्थशास्त्रियों– जेम्स हैक्मैन (James Heckman) व डेनियल मैकफेडन (Daniel Mcfadden) को संयुक्त रूप से वर्ष 2000 का अर्थशास्त्र के क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा.

90 लाख स्वीडिश क्रोनर (9·15 लाख डॉलर) के उपर्युक्त सभी पुरस्कार आगामी 10 दिसम्बर को एल्फ्रेड नोबेल की पुण्य तिथि के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे. शान्ति का नोबेल पुरस्कार ओस्लो में तथा अन्य सभी पुरस्कार स्टॉकहोम में प्रदान किए जाते हैं.

मजलिस फरोघ-ए-उर्दू अदब के पुरस्कार–दुबई स्थित मजलिस फरोघ-ए-उर्दू अदब ने इस वर्ष का उर्दू कविता का पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित भारत के जाने-माने शायर बशीर बद्र को तथा उपन्यास का पुरस्कार भारतीय उपन्यासकार जोगिंदर पाल व पाकिस्तान के बानो कुदसिया को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया है.

जमनालाल बजाज पुरस्कार–2000

रचनात्मक कार्यों में योगदान हेतु–सोमदत्त वेदालंकार (खादी आश्रम पानीपत के सचिव)

ग्रामीण विकास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग हेतु–भास्कर हीर जी सावे (बलसाड, गुजरात).

महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान हेतु–श्रीमती विद्या देवी (जानकी देवी पुरस्कार) (बिहार के पिछड़े क्षेत्र में बालिका विद्यापीठ की संचालिका)

दो-दो लाख रुपए के उपर्युक्त सभी पुरस्कार दिसम्बर 2000 में आयोजित एक समारोह में प्रदान किए जाएंगे.

शान्तिस्वरूप भटनागर पुरस्कार–2000

विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए युवा वैज्ञानिकों को दिए जाने वाले वर्ष. 2000 के शान्तिस्वरूप भटनागर पुरस्कारों की घोषणा गत 26 सितम्बर को सी.एस.आई.आर. की स्थापना दिवस के अवसर पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) के महानिदेशक डॉ. आर. ए. माशलेकर ने की है. पुरस्कृत किए जाने वाले वैज्ञानिकों के नाम इस प्रकार हैं–

जीव विज्ञान–डॉ. दुनाकर एम. सांलुके (राष्ट्रीय टीकाकरण संस्थान, नई दिल्ली) एवं जयंत बी. उडगांवकर (राष्ट्रीय जीव विज्ञान केन्द्र, बंगलौर)

गणित विज्ञान–प्रो. राहुल मुकर्जी (भारतीय प्रबन्ध संस्थान, कलकत्ता)

रसायन विज्ञान–
(आई.आई.टी., मुंबई)
(राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला

इंजीनियरिंग विज्ञान–
चक्रवर्ती (आई.आई.टी.
कुमारन (भारतीय विज्ञान

चिकित्सा विज्ञान–
(अन्तर्राष्ट्रीय जीन सस्थान,

भौतिक विज्ञान–डॉ.
(भारतीय विज्ञान संस्थान
वरुण साहनी (इंटर यूनिवर्सिटी
एस्ट्रोनॉमी एण्ड एस्ट्रोफिजिक्स

इस वर्ष से इनमें से
के तहत दी जाने वाली
करते हुए इसे एक-एक
दिया गया है.

लता मंगेशकर पुरस्कार
क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान
माने संगीतकार अनिल विश्वास
के लता मंगेशकर पुरस्कार
करने की घोषणा महाराष्ट्र
27 सितम्बर को की है.
के इस पुरस्कार के तहत
की राशि प्रदान की जाती है.

धन्वंतरि पुरस्कार–देश
ट्यूब बेबी को जन्म दिलाने
विश्व प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
हिन्दुजा को चिकित्सा के क्षेत्र
का धन्वंतरि पुरस्कार प्रदान

एम. विश्वेश्वरैया
कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष
कर्नाटक चैम्बर ऑफ कॉमर्स
ने एम. विश्वेश्वरैया पुरस्कार
माह में सम्मानित किया है.

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय
(1999)–जाने-माने वैज्ञानिक
प्रो. सतीश धवन को वर्ष 1999
गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार
है. कांग्रेस द्वारा स्थापित 1
का यह पुरस्कार उन्हें 31
श्रीमती इन्दिरा गांधी की
प्रदान किया जाएगा.

त्यागपत्र/पदच्युति

तांग फी

स्वास्थ्य सम्बन्धी कारणों
प्रधानमंत्री तांग फी (Tang
पद से त्यागपत्र दे दिया है.
चेंग चुन सियांग को उनके
का नया प्रधानमंत्री नियुक्त

जे. डब्ल्यू. सिंह

मुम्बई उच्च न्यायालय
न्यायाधीश जे. डब्ल्यू. सिंह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्षांत में ही सांसद, केन्द्रीय सामाजिक न्याय मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस के साथ उनकी द्विपक्षीय नौसैनिक सहयोग के विषय पर बातचीत हुई.

पीट सम्प्रास

अमरीकी टेनिस स्टार पीट सम्प्रास अपनी मंगेतर एवं फिल्म अभिनेत्री ब्रिगेट विल्सन के साथ दाम्पत्य सूत्र में बँध गए हैं. उनका यह विवाह लॉस एंजिल्स में ब्रेवरी हिल्स स्थित उनके निवास पर गत 30 सितम्बर को सम्पन्न हुआ है.

वेन हो ली

ताइवानी मूल के वैज्ञानिक डॉ. वेन हो ली (Wen Ho Li) को अमरीका के एक नाभिकीय ऊर्जा संस्थान से गुप्त सूचनाएं चुराने के आरोप पर दिसम्बर 1999 माह में न्यू मेक्सिको में अल्बुकर्क (Albuqurque) में गिरफ्तार किया गया था. अमरीका की एक जिला अदालत ने इस आरोप से मुक्त करते हुए उन्हें गत सितम्बर माह में ससम्मान रिहा कर दिया.

चर्चित स्थान

चवाकघेरी

श्रीलंका में जाफना प्रायदीप के उत्तरी भाग में स्थित चवाकघेरी गत सितम्बर माह में श्रीलंकाई सेना व लिट्टे उग्रवादियों के बीच संघर्ष का केन्द्र रहा. सेना ने आक्रामक रुख अपनाते हुए जाफना प्रायदीप के इस दूसरे बड़े शहर को लिट्टे के कब्जे से मुक्त करा लिया.

महेन्द्रगढ़

हरियाणा के महेन्द्रगढ़ जिले की जेल से गत 27 सितम्बर को 15 कुख्यात कैदी फरार हो गए. यह कैदी जेल की दीवार के लोहे के जंगले को आरी से काटकर भागने में सफल रहे हैं.

धार

मध्य प्रदेश के धार जिले के बाग गाँव में डायनासोर के 6·5 करोड़ वर्ष पुराने अण्डे गत सितम्बर माह में खोजे गए हैं. अब तक के विशालतम एवं रहस्यमयी जीव के अण्डे एवं जीवाश्म मिलने से यह क्षेत्र सम्बन्धित वैज्ञानिकों के लिए अनुसंधान का केन्द्र बन गया है.

वर्ष / दिवस / सप्ताह

रेलवे सुरक्षा बल का स्थापना दिवस–20 सितम्बर

विश्व हृदय रोग दिवस–24 सितम्बर

विश्व पर्यटन दिवस–27 सितम्बर

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस–1 अक्टूबर

समारांच का गत 16 सितम्बर को स्पेन में बार्सीलोना में निधन हो गया. वह कैंसर से पीड़ित थीं. उनका निधन सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेलों के उद्घाटन के अगले ही दिन हुआ. उनके निधन के समाचार पर सिडनी में सभी ओलम्पिक ध्वज 24 घण्टे के लिए आधे झुका दिए गए.

पियरे ट्रूडो

कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री पियरे एलियोट ट्रूडो (Pierre Elliott Trudeau) का गत 29 सितम्बर को मांट्रियल में निधन हो गया. वह 80 वर्ष के थे. लगभग 15 वर्षों तक कनाडा के प्रधानमंत्री रहे ट्रूडो देश के सर्वाधिक प्रभावशाली राजनीतिज्ञों में से एक थे.

सिरिमाओ भंडारनायके–श्रीलंका की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती सिरिमाओ भंडारनायके का गत 10 अक्टूबर को 84 वर्ष की आयु में कोलम्बो में निधन हो गया. वह राष्ट्रपति चन्द्रिका कुमारतुंगे की माँ थीं. 10 अक्टूबर को संसदीय चुनाव में अट्टनगल्ला में मतदान करके कोलम्बो लौटते हुए उन्हें दिल का दौरा पड़ा था. अट्टनगल्ला निर्वाचन क्षेत्र से उनके पुत्र अनुरा भंडारनायके विपक्षी दल यूनाइटेड नेशनल पार्टी के प्रत्याशी थे.

यशपाल–हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार एवं गांधीवादी विचारक यशपाल जैन का लम्बी बीमारी के पश्चात् गत 10 अक्टूबर को नागदा (मध्य प्रदेश) के एक अस्पताल में निधन हो गया. वह 88 वर्ष के थे. वह पद्मश्री से सम्मानित थे.

चर्चित व्यक्ति

आफताब हुसैन

पाकिस्तान से भाग कर भारत आए पाकिस्तानी कवि आफताब हुसैन के वीसा की अवधि को भारत सरकार ने 6 माह के लिए बढ़ा दिया है. प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं को प्रकाशित करने पर सैन्य प्रशासन द्वारा परेशान किए जाने पर श्री हुसैन भारत आ गए थे तथा उन्होंने भारत सरकार से राजनीतिक शरण की याचना की है.

आकमद सुजीप्तो

भारतीय नौसेना के अध्यक्ष एडमिरल सुशील कुमार के निमंत्रण पर इण्डोनेशियाई नौसेनाध्यक्ष आकमद सुजीप्तो ने गत सितम्बर माह में भारत की यात्रा की. एडमिरल सुशील कुमार के अतिरिक्त रक्षा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गांधी जयंती–2 अक्टूबर

वन्य जीव सप्ताह–2–8 अक्टूबर

विश्व वन्य जीव दिवस–4 अक्टूबर

विश्व शिक्षक दिवस–5 अक्टूबर

(यूनेस्को ने 5 अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस के रूप में घोषित किया है)

वायु सेना दिवस–8 अक्टूबर

विश्व डाक दिवस–9 अक्टूबर

राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस–11 अक्टूबर

पुस्तकें

बैकग्राउंड टु ग्लोबलाइजेशन (Background to Globalisation)–अविनाश झा

द ग्रेट आर्क (The Great Arc)–जॉन की

सर्वाइविंग विमेन (Surviving Women)–जेरी पिंटो

नाइट रिवर (Night River)–केकी एन. दारूवाला

बुकर पुरस्कार के लिए प्रारम्भिक तौर पर चयनित छः पुस्तकें

ब्रिटेन के सर्वाधिक प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार 'बुकर पुरस्कार' के लिए इस वर्ष जिन छः पुस्तकों को प्रारम्भिक तौर पर चुना गया (Shortlisted) है, उनके नाम निम्नलिखित हैं–

पुस्तक	*लेखक*
द ब्लाइंड एसेसिन	*मारग्रेट एटवुड*
द हाइडिंग प्लेस	*ट्रेजा एज्जोपार्डी*
द कीपर्स ऑफ ट्रुथ	*माइकल कोलिंस*
व्हैन वी वर ऑरफन्स	*काजुओ इशिगुरो*
इंगलिश पैसेंजर्स	*मैथ्यू नील*
द डिपोजिशन ऑफ फादर मैकग्रीवी	*ब्रियान ओ' दोहेर्ती*

इन्हीं छः पुस्तकों में से किसी एक को इस वर्ष का बुकर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा.

फॉलेन हीरोज़ (Fallen Heroes)–मैच फिक्सिंग के मामलों में क्रिकेट जगत की हस्तियों के 'कारनामों' का खुलासा करके तहलका मचाने वाले वैबसाइट तहलका डॉट कॉम के द्वारा इसी विषय पर अब यह पुस्तक तैयार की गई है. पुस्तक का प्रकाशन दिल्ली के एक प्रकाशक द्वारा किया गया है.

मिस्टेकन मॉडरनिटी (Mistaken Modernity)–दीपांकर गुप्ता

द अदरनेस ऑफ सेल्फ (The Otherness of Self)–फिरोज वरुण गांधी

समिति/आयोग

खादी एवं ग्रामोद्योग पर समिति

खादी व ग्रामोद्योग से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए योजना आयोग के उपाध्यक्ष के. सी. पत की अध्यक्षता में एक समिति का गठन केन्द्र सरकार ने गत 6 अक्टूबर को किया है.

महोत्सव

भारत में जर्मन महोत्सव

भारत में 6 माह के जर्मन महोत्सव 2000-2001 का उद्घाटन भारत व जर्मनी के विदेश मंत्रियों क्रमशः जसवंत सिंह व जोश्का फिशर ने गत 30 सितम्बर को नई दिल्ली में किया. जर्मन कला एवं कार्यक्रमों का सतरंगी इन्द्रधनुष समेटे इस महोत्सव का आयोजन मार्च 2001 तक देश के 26 विभिन्न शहरों में किया जाएगा. इस महोत्सव से एशिया व यूरोप की दो प्रभावशाली संस्कृतियों का आपसी मिलन होगा. नई दिल्ली के अतिरिक्त जिन अन्य 25 शहरों में इस महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, उनके नाम हैं–अहमदाबाद, इलाहाबाद, अमृतसर, बंगलौर, भोपाल, भुवनेश्वर, कलकत्ता, चंडीगढ़, चेन्नई, कोच्चि, गोआ, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, मुम्बई, मसूरी, पटना, पुणे, शिलांग, शिमला, तिरुवनंतपुरम्, वड़ोदरा एवं वाराणसी.

द. कोरियाई फिल्मों का महोत्सव

द. कोरियाई फिल्मों का 5 दिवसीय महोत्सव गत 28 सितम्बर-2 अक्टूबर को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ.

फूल वालों की सैर

राष्ट्रीय एकता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का दिल्ली का परम्परागत 'फूल वालों की सैर महोत्सव' अक्टूबर के पूर्वार्द्ध में सम्पन्न हुआ. यह महोत्सव गैर सरकारी संगठन अंजुमन-सैर-ए-गुल फरोशां द्वारा प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है.

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का 788वाँ उर्स

सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का 788वाँ उर्स अक्टूबर 2000 में अजमेर में सम्पन्न हो गया.

अन्तर्राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव

प्रदेश व केन्द्र सरकार के सहयोग से उड़ीसा के एक गैर सरकारी संगठन द्वारा **इंडिया थिएटर ओलम्पियाड–2000** नाम से एक अन्तर्राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आयोजन कटक में गत 10 अक्टूबर से किया गया है. यह महोत्सव 45 दिन तक चलेगा.

अभियान

नाटो का युद्धाभ्यास

तुर्की के निकट [illegible] बड़ा युद्धाभ्यास नाटो (N[illegible] अक्टूबर 2000 में सम्पन्न [illegible] नाटो के सात सदस्य देशों के [illegible] में 21 हजार सैनिक, 70 [illegible] लड़ाकू विमान भाग ले रहे हैं.

स्कीइंग द्वारा एवरेस्ट से [illegible]

स्लोवेनिया के डावो कर्नि[illegible] करते हुए बिना रुके एवरेस्ट [illegible] आधार शिविर तक पहुँचने में [illegible] की है. ऐसी उपलब्धि प्राप्त [illegible] कार्नीकर विश्व के पहले [illegible] इससे पूर्व हिमालय की [illegible] अन्नपूर्णा चोटियों से स्कीइंग [illegible] सफलतापूर्वक उतर चुके हैं. [illegible] शिखर से इस प्रकार नीचे उतरने [illegible] एक प्रयास 1996 में असफल [illegible]

सम्मेलन

'नाम' शिखर सम्मेलन स्थगित

गुटनिरपेक्ष आन्दोलन (N[illegible] सितम्बर 2001 में ढाका (ब[illegible] प्रस्तावित 13वें शिखर सम्मेलन [illegible] कारणों से कम-से-कम 6 म[illegible] स्थगित कर दिया गया है. यह [illegible] मार्च 2002 में होने की सम्भाव[illegible]

महिलाओं की स्थिति पर [illegible] क्षेत्रीय सम्मेलन

सितम्बर 1995 के विश्व महिला [illegible] (बीजिंग) के सन्दर्भ में महिलाओं [illegible] पर एशिया प्रशान्त क्षेत्रीय [illegible] 26-28 सितम्बर को कुआलालम्पुर [illegible] में सम्पन्न हुआ. इसमें भारतीय [illegible] मण्डल का नेतृत्व देश की [illegible] श्रीमती उषा नारायणन ने किया.

कन्नड़ साहित्यिक एवं सांस्कृतिक [illegible]

आठवाँ अखिल भारतीय [illegible] त्यिक एवं सांस्कृतिक सम्मेलन [illegible] अक्टूबर को काठमाडू में सम्पन्न [illegible]

राष्ट्रमण्डल के वित्त मंत्रियों का [illegible]

राष्ट्रमण्डल राष्ट्रों के वित्त [illegible] तीन दिवसीय सम्मेलन गत 2[illegible] को माल्टा में सम्पन्न हुआ.

सिख धर्म पर अन्तर्राष्ट्रीय [illegible]

तख्त दमदमा साहेब के [illegible] केवल सिंह द्वारा सिख धर्म पर [illegible] अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का [illegible] के निकट तलवंडी साबो में 2[illegible] 2000 को किया गया है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उर्दू अकादमियों का राष्ट्रीय अधिवेशन–देश भर की उर्दू अकादमियों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन गत 14–15 अक्टूबर को जयपुर में सम्पन्न हुआ.

अन्तर्संसदीय संघ का अधिवेशन–अन्तर्संसदीय संघ (IPU) का 104वाँ अधिवेशन 15–21 अक्टूबर, 2000 को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में सम्पन्न हुआ. इसमें 9 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व लोक सभा अध्यक्ष जी.एम.सी. बालयोगी ने किया.

अन्तर्राष्ट्रीय कबीर सम्मेलन

संत कबीर की छठी जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में विश्व शान्ति व एकता को समर्पित अन्तर्राष्ट्रीय कबीर सम्मेलन त्रिनिदाद एवं टोबेगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में 27 जनवरी, 2001 को आयोजित किया जाएगा.

अन्तर्राष्ट्रीय राजस्थानी सम्मेलन

राजस्थान के विकास में राजस्थानी मूल की विश्व प्रसिद्ध हस्तियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय राजस्थानी सम्मेलन 23-24 सितम्बर को जयपुर में हुआ. इसका उद्घाटन राज्यपाल अंशुमान सिंह ने किया. सम्मेलन में देश विदेश में स्थापित राजस्थानी मूल की ख्याति प्राप्त हस्तियों ने राजस्थान प्रदेश के विकास एवं निर्धनों की सहायता के लिए एक 'राजस्थान फाउण्डेशन' की स्थापना इसमें की गई.

विज्ञान

गुजरात के 1·80 करोड़ वर्ष पुराने जीवाश्म खोजे

वैज्ञानिकों को केरल की चीनी मिट्टी की खान में मच्छर का 1·80 करोड़ वर्ष पुराना जीवाश्म प्राप्त हुआ है. इसके डी.एन.ए. अध्ययन से देश में कीटों के विकास के बारे में विविध जानकारियाँ प्राप्त होने की सम्भावना है.

केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान को हैजे की वैक्सीन तैयार करने में सफलता

लखनऊ स्थित केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (CDRI) ने हैजे से बचाव की वैक्सीन विकसित करने में सफलता प्राप्त की है. संक्रामक रोगों में केवल यही एक रोग था जिसकी वैक्सीन अभी तक उपलब्ध नहीं थी. इसे विकसित करने वाला विश्व का पहला संस्थान है.

पौधे के तेलों को ठोस रूप में बदलने में वैज्ञानिकों की सफलता

कानपुर स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों ने पेट्रोल व अन्य तेलों को सामान्य ताप पर ही ठोस रूप में बदलने की प्रक्रिया विकसित की है. भारत में पाए जाने वाले एक पौधे कोकूम के फल के बीज से एक विशेष पदार्थ अलग करके तेलों में मिलाकर इन्हें ठोस रूप देने में सफलता उन्हें प्राप्त हुई है. इससे तेलों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाने ले जाने व उनका भण्डारण करने में सुविधा हो सकेगी, किन्तु खाद्य तेलों में इसका इस्तेमाल स्वास्थ्य मंत्रालय से अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा. सम्बन्धित वैज्ञानिकों द्वारा अपनी खोज का पेटेंट कराने के प्रयास किए जा रहे हैं.

अन्तरिक्ष

रूसी रॉकेट द्वारा अमरीकी उपग्रह का प्रक्षेपण

रूसी रॉकेट प्रोटोन की सहायता से अमरीका के एक दूरसंचार उपग्रह जी ई-1 ए का प्रक्षेपण गत 2 अक्टूबर को कजाखस्तान स्थित बैकानूर प्रक्षेपण केन्द्र से किया गया है. एशिया के ऊपर भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित इस उपग्रह से भारत, चीन, फिलीपींस व अन्य एशियाई भागों में दूरदर्शन कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जा सकेगा.

डिस्कवरी का 100वाँ अभियान–अन्तरिक्ष में अपने 100वें मिशन के लिए अमरीकी स्पेस शटल डिस्कवरी ने गत 12 अक्टूबर को फ्लोरिडा में केप केनेवरल स्थित केनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से सात अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरी है. यह यात्री अंतरिक्ष में निर्माणाधीन अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पर नवम्बर में पहुँचने वाले अंतरिक्ष यात्रियों के लिए कुछ प्रारम्भिक कार्य करेंगे. अपने मिशन को पूरा करके डिस्कवरी 22 अक्टूबर को पृथ्वी पर लौटेगा.

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत डिस्कवरी का यह प्रक्षेपण 5 अक्टूबर को किया जाना था किन्तु प्रतिकूल मौसम व तकनीकी खराबी के कारण चार बार इस प्रक्षेपण को टाला गया.

दुर्घटना

इंडियन एयरलाइंस का विमान आपात परिस्थितियों में उतारने से अनेक यात्री घायल

गत 26 सितम्बर को चेन्नई से सिंगापुर की उड़ान वाले इंडियन एयरलाइंस के एक यात्री विमान को 30 हजार फुट की ऊँचाई पर एयर पॉकेट में फँस जाने के कारण आपात परिस्थितियों में वापस चेन्नई हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा. इस आपात लैंडिंग में कुछ यात्री घायल हो गए.

बाद में इंडियन एयरलाइंस की सहायक विमान सेवा एलायंस एयर के एक अन्य विमान को 1 अक्टूबर को चेन्नई हवाई अड्डे पर ही आपात परिस्थितियों में उतरना पड़ा. चेन्नई से पोर्ट ब्लेयर जा रहे इस विमान के चालक को सन्देह हुआ था कि विमान का एक पहिया उड़ान के कुछ देर बाद ही सम्भवतः फट कर अलग हो गया था, जिससे इस विमान को वापस चेन्नई में आपात लैंडिंग का निर्देश दिया गया. विमान उतारते समय ईंधन की टंकी के धरती से टकराने की सम्भावना को देखते हुए इसका अधिकांश ईंधन बंगाल की खाड़ी के ऊपर लगभग डेढ़ घण्टे तक विमान को उड़ाते हुए खपा लिया गया तथा कुछ ईंधन समुद्र में भी बहाया गया.

युद्धपोत उदयगिरि में हल्का अग्निकाण्ड

भारतीय नौसेना के युद्धपोत आई.एन.एस. उदयगिरि में गत 20 सितम्बर को मुम्बई बंदरगाह के निकट मरम्मत के दौरान आग लग गई. मामूली रूप से लगी आग को तुरन्त बुझा लिया गया.

वायु सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

भारतीय वायु सेना का एक हेलीकॉप्टर हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में कावांग क्षेत्र में गत 27 सितम्बर को दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

स्विट्जरलैण्ड में आकाश में दो हेलीकॉप्टरों की टक्कर

स्विट्जरलैण्ड में एल्पस पहाड़ियों के ऊपर आकाश में गत 26 सितम्बर को 'एयर ग्लेशियर' के दो हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए जिससे इन पर सवार सभी पर्यटक मारे गए. मरने वालों में सात भारतीय भी शामिल थे.

यूनानी पोत एजियन सागर में डूबा

यूनान का एक यात्री पोत देश के पारोस द्वीप के निकट एजियन सागर (Aegean Sea) में डूब गया. 'समीना एक्सप्रेस' नाम के इस पोत पर चालक दल के 64 सदस्यों सहित कुल 511 लोग सवार थे जिनमें से 430 को बचा लिया गया. जीवित बचाए गए यात्रियों में से एक के अनुसार यह पोत किसी चट्टान से जा टकराया था. दुर्घटना को चालक दल की लापरवाही मानते हुए पोत के कप्तान को गिरफ्तार किया गया है.

मिग–21 दुर्घटना में पायलट व युवती की मृत्यु–भारतीय वायु सेना का एक मिग-21 विमान गत 13 अक्टूबर को बीकानेर जिले के ढींगसरी गाँव में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से इसके चालक स्क्वैड्रन लीडर मोहन कुमार की तत्काल मृत्यु हो गई. दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे के नीचे दब कर एक 18

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्षीय युवती की भी मृत्यु हो गई. इसके अनेक घर इस विमान के टकराने से पूरी तरह नष्ट हुए हैं.

रन वे से फिसल कर विमान घरों से टकराया

एयर मेक्सिको का एक यात्री विमान गत 6 अक्टूबर को उत्तरी मेक्सिको के रेयनोसा शहर में उतरते समय भारी वर्षा के कारण रन वे से फिसल कर निकटवर्ती वाहनों एवं मकानों से जा टकराया जिससे कम-से-कम 6 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई. विमान पर सवार सभी 83 यात्री सुरक्षित रहे.

विविध

नंदन कानन से बाघों का स्थानान्तरण

नंदन कानन चिड़ियाघर में जानवरों की भारी भीड़-भाड़ को देखते हुए केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के निर्देश पर कुछेक सिंहों व बाघों को यहाँ से विशाखापट्टनम व तिरुपति चिड़ियाघरों में स्थानान्तरित किया गया है. ज्ञातव्य है कि नंदन कानन में कुछ माह पूर्व बीमारी के कारण अनेक बाघों की मृत्यु हो गई थी.

हर्षवर्द्धन नवाठे बने 'कौन बनेगा करोड़पति' के पहले करोड़पति

मुम्बई के युवक हर्षवर्द्धन नवाठे को स्टार प्लस चैनल के बहुचर्चित एवं लोकप्रिय धारावाहिक 'कौन बनेगा करोड़पति' के तहत पहले करोड़पति बनने का श्रेय प्राप्त हुआ है. इससे पूर्व सामान्य ज्ञान के इस खेल में अधिकतम 50 लाख रुपए की राशि कलकत्ता के एक प्रतिभागी रमेश दुबे ने जीती थी. मुम्बई में गोरेगाँव में फिल्मसिटी स्थित स्टूडियो में गत 29 सितम्बर को हुई रिकॉर्डिंग में सभी 15 प्रश्नों का सही उत्तर देकर हर्षवर्द्धन नवाठे ने एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि जीतने में सफलता प्राप्त की.

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार एक करोड़ रुपए के पुरस्कार के लिए उनसे पूछा गया अन्तिम 15वाँ प्रश्न था–भारतीय संसद की कार्यवाही में कौन भाग ले सकता है? उत्तर के लिए चार विकल्प थे–एटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल, केबिनेट सचिव तथा मुख्य न्यायाधीश. भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रहे नवाठे इस प्रश्न के सही उत्तर के लिए आश्वस्त नहीं थे. लाइफ लाइन का इस्तेमाल करके अपने मित्र से उन्होंने इसका उत्तर जानना चाहा, किन्तु इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली. अन्ततः अनुमान के आधार पर ही उन्होंने इसका उत्तर एटॉर्नी जनरल बताया, जो सही निकला. नवाठे पर की गई रिकॉर्डिंग का प्रसारण 19 अक्टूबर को किया जाएगा.

राजीव गांधी के नाम पर रणथम्भौर राष्ट्रीय पार्क का नामकरण

राजस्थान सरकार ने राज्य के सवाई माधोपुर जिले में स्थित रणथम्भौर राष्ट्रीय पार्क का नाम बदल कर राजीव गांधी राष्ट्रीय पार्क रणथम्भौर कर दिया है.

प्रक्षेपास्त्ररोधी प्रक्षेपास्त्र ऐरो-II का इजरायल द्वारा परीक्षण

इजरायल ने गत सितम्बर माह में अपने प्रक्षेपास्त्ररोधी प्रक्षेपास्त्र ऐरो-II का परीक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न किया. इस प्रक्षेपास्त्र परियोजना को अमरीका की सहायता प्राप्त है.

'आकाश' का परीक्षण

सतह से हवा में मार करने वाले अत्याधुनिक 'आकाश' प्रक्षेपास्त्र का एक सफल परीक्षण गत 19 सितम्बर को उड़ीसा के चाँदीपुर परीक्षण केन्द्र से किया गया. अमरीका की पेट्रियाट मिसाइल जैसे इस प्रक्षेपास्त्र का विकास भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा किया गया है.

द. अफ्रीका में महात्मा गांधी के समाचार-पत्र का पुनः प्रकाशन

द. अफ्रीका में प्रवास के दौरान महात्मा गांधी द्वारा वहाँ प्रारम्भ किए गए समाचार-पत्र 'ओपिनियन' का प्रकाशन गत 15 अक्टूबर से पुनः प्रारम्भ हो गया है. मूलतः 'इंडियन ओपिनियन' नाम से इस समाचार-पत्र का प्रकाशन महात्मा गांधी ने 1903 में प्रारम्भ किया था तथा 1913 में भारत वापसी तक वह इसके सम्पादक रहे. भारत लौटते समय इस समाचार-पत्र के प्रकाशन के लिए एक ट्रस्ट का गठन करके अपने तृतीय पुत्र मणिलाल गांधी को इसका सम्पादक उन्होंने बनाया. 1956 में मणिलाल की मृत्यु के पश्चात् उनकी पत्नी सुशीला बेन इसकी सम्पादक बनीं किन्तु वित्तीय कठिनाइयों के चलते इसका प्रकाशन अन्ततः बंद हो गया था.

पाकिस्तान द्वारा शाहीन–I का नियमित उत्पादन प्रारम्भ

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पाकिस्तान ने सतह से सतह पर मार करने वाले देश में विकसित कम दूरी के प्रक्षेपास्त्र शाहीन-I का अपनी सेना के लिए नियमित उत्पादन प्रारम्भ कर दिया है.

ईरान द्वारा शहाब–3 डी का परीक्षण

ठोस तरल ईंधन पर आधारित अपने पहले प्रक्षेपास्त्र शहाब-3 डी का सफल परीक्षण ईरान द्वारा गत सितम्बर माह में किया गया.

हैदराबाद से भी 'टाइम्स ऑफ ...' प्रकाशन

गत 22 सितम्बर से ... समाचार-पत्र 'द टाइम्स ऑफ ...' प्रकाशन हैदराबाद से भी प्रारम्भ ... है.

आई.सी.डी.एस. कार्यक्रम के ... वर्ष पूर्ण

छोटे बच्चों, किशोरियों, ... स्तनपान कराने वाली महिलाओं ... प्रारम्भ किए गए 'समेकित बाल ... सेवा' (ICDS) कार्यक्रम ने गत ... को 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं. ... संसाधन मंत्रालय के महिला ... विकास विभाग के इस कार्यक्रम ... में प्रवेश कर लिया है.

राजस्थान में निजी क्षेत्र में ... कॉलेज

राजस्थान में निजी क्षेत्र ... मेडिकल कॉलेज की स्थापना ... गई है. इंडिया एजूकेशन ट्रस्ट ... महात्मा गांधी नेशनल इंस्टीट्यूट ... मेडिकल साइंसेज नाम के ... कॉलेज एवं अस्पताल का ... के राज्यपाल न्यायमूर्ति अनुराग ... 2 अक्टूबर को किया.

इंडिया कैम-2000

रसायन एवं उर्वरक ... इंडिया कैम-2000 का ... अक्टूबर को नई दिल्ली में ... सरकार के रसायन एवं पेट्रो ... द्वारा फिक्की (FICCI) के ... आयोजित इस प्रदर्शनी में ... अमरीका व भागीदार राज्य ...

मिशनरी ऑफ चैरिटी की ... वर्ष

मदर टेरेसा द्वारा ... ऑफ चैरिटी ने गत 7 अक्टूबर ... स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण कर ...

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ... वर्ष पूर्ण

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ... 1925 में विजयादशमी के ... वर्ष अक्टूबर माह में विजयादशमी ... इसकी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण ... इस उपलक्ष्य में एक विशेष ... शिविर का आयोजन गत 1-10 ... को आगरा में किया गया. ... के इस विशालतम महाशिविर ... 1971 के भारत-पाक युद्ध ... ले. जन. (सेवानिवृत्त) ... ने किया. शिविर को ... सुदर्शन ने भी सम्बोधित ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्थिक परिदृश्य

पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में वृद्धि

विगत महीनों में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में मूल्यों में हुई भारी वृद्धि के कारण सरकार ने घरेलू बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में गत 30 सितम्बर से वृद्धि कर दी है. जिन उत्पादों की कीमतों में वृद्धि की गई हैं उनमें पेट्रोल, डीजल, मिट्टी तेल, हवाई जहाज का ईंधन (एटीएफ) तथा रसोई गैस (एलपीजी) शामिल हैं. पेट्रोल के मूल्य (एक्स-स्टोरेज मूल्य) में 2·50 रुपए प्रति लिटर, डीजल के मूल्य में 2·00 रुपए प्रति लिटर, केरोसिन में 2·50 रुपए प्रति लिटर, एटीएफ में 2·00 रुपए प्रति किलोलिटर तथा रसोई गैस के मामले में 31 रुपए प्रति सिलेण्डर की वृद्धि की गई है. इन मूल्य वृद्धियों के परिणामस्वरूप सरकार को 11,600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त प्राप्तियाँ होंगी जिससे तेल पूल खाते के घाटे को कम करने में मदद मिलेगी.

पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में की गई वृद्धियों के पश्चात् केरोसिन पर सब्सिडी घटकर 8·21 रुपए प्रति लिटर से घटकर 5·29 रुपए प्रति लिटर, डीजल (HSD) पर सब्सिडी की मात्रा 5·29 रुपए प्रति लिटर से घटकर 2·99 रुपए प्रति लिटर तथा रसोई गैस के मामले में यह 171 रुपए प्रति सिलेंडर से घटकर 140 रुपए प्रति सिलेंडर रह गई. पहले पेट्रोल पर कोई सब्सिडी पहले भी सरकार द्वारा नहीं दी जा रही थी, उलटे तेल पूल में 0·48 रुपए प्रति लिटर का योगदान कर रहा था. यह योगदान बढ़कर 1·08 रुपए प्रति लिटर हो जाएगा. इस पर पहले 1·66 रुपए प्रति लिटर सब्सिडी दी जा रही थी. अब इसके तेल पूल में 0·34 रुपए प्रति लिटर का योगदान किया जा रहा है.

उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में तेल की कीमतों में गत सितम्बर माह में कमी आ जाने के बावजूद तेल पूल वित्तीय वर्ष के अन्त तक 23,600 करोड़ रुपए का घाटा आकलित किया जा रहा है. इसमें से 8000 करोड़ रुपए की राशि में की गई उपर्युक्त वृद्धियों से जुटाकर शेष 4000 करोड़ रुपए की पेट्रोलियम पदार्थों पर सीमा शुल्क व उत्पाद शुल्क में कटौतियों के जरिए की जा सकेगी. शेष 11,600 करोड़ रुपए

की आपूर्ति के लिए तेल बाँड जारी करने की सरकार की योजना है. यह बाँड चालू वित्तीय वर्ष के अन्त में जारी किए जाएंगे.

पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में की गई उपर्युक्त वृद्धियों का विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चे के कुछ घटकों द्वारा भी विरोध किया गया है. तृणमूल कांग्रेस की सुश्री ममता बनर्जी व अजीत पांजा ने तो इसके विरोध में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल से अपने त्यागपत्र ही प्रधानमंत्री को प्रस्तुत कर दिए थे, जो भारी समझाने-बुझाने व इस आश्वासन के पश्चात् वापस लिए गए कि प्रधानमंत्री इन मूल्य वृद्धियों पर पुनर्विचार करेंगे.

मूल्यों में की गई इन वृद्धियों के पश्चात् विभिन्न राज्य परिवहन निगमों ने बसों के किराए बढ़ा दिए हैं. ट्रक व टैक्सी ऑपरेटरों ने भी किराए-भाड़ों में वृद्धियाँ कर दी हैं. इनके परिणामस्वरूप मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि होना निश्चित है.

खरीफ उपजों के उत्पादन में कमी

मौसम की प्रतिकूलता, विशेषत: मध्य अगस्त के पश्चात् मानसून की अनियमितता एवं नमी के दबाव के चलते चालू वित्तीय वर्ष 2000-2001 में अधिकांश खरीफ उपजों के उत्पादन में कमी रहने की सम्भावना कृषि मंत्रालय के प्रारम्भिक आकलन में व्यक्त की गई है. मंत्रालय के आकलन के अनुसार जिन उपजों के उत्पादन में कमी आने की सम्भावना है, उनमें खरीफ खाद्यान्न, तिलहन, गन्ना तथा जूट एवं मेस्ता शामिल हैं. इनके विपरीत कपास के उत्पादन में चालू वित्तीय वर्ष में वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है.

गत सितम्बर के अन्तिम सप्ताह में जारी सरकारी अधिसूचना के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में खरीफ खाद्यान्नों का उत्पादन 102·68 मिलियन टन रहने की सम्भावना है, जो गत वित्तीय वर्ष में 103·90 मिलियन टन रहा है. खरीफ खाद्यान्नों में चावल का उत्पादन 75·63 मि. टन से घटकर 74·07 मि. टन व मोटे अनाजों का 23·47 मि. टन से घट कर 23·11 मि. टन रहने का अनुमान है, जबकि दालों का उत्पादन 4·8 मि. टन से बढ़ कर 5·7 मि. टन रहने की सम्भावना है. तिलहनों में सोयाबीन के उत्पादन में जहाँ कमी का अनुमान (6·75 मि. टन से घट कर 5·25 मि. टन) लगाया गया है, वहीं मूँगफली का उत्पादन बढ़ने (4·08 मि. टन से बढ़ कर 4·91 मि. टन) की सम्भावना है. तिलहनों का कुल उत्पादन गत वर्ष के 12·55 मि. टन से घट कर इस वर्ष 12·11 मि. टन ही रहने का अनुमान कृषि मंत्रालय ने लगाया है. प्रमुख खरीफ उपजों के उत्पादन के आँकड़े निम्नलिखित हैं–

खरीफ उत्पादन (मि. टन)

उपज	1999-2000	2000-2001*
चावल	75·63	74·07
मोटे अनाज	23·47	23·11
दालें	4·80	5·50
कुल खरीफ खाद्यान्न	**103.90**	**102.68**
मूँगफली	4·08	4·91
सोयाबीन	6·75	5·25
कुल तिलहन	**12·55**	**12·11**
गन्ना	309·00	300·58
कपास@	11·99	13·16
जूट एवं मेस्ता@	10·57	9·95

* सम्भावित उत्पादन, @ मिलियन गाँठें

'पानी पंचायतों' के माध्यम से सिंचाई प्रणालियों के रखरखाव का दायित्व किसानों को

नहरों एवं अन्य लघु सिंचाई प्रणालियों का पूरा लाभ किसानों तक पहुँचाने के उद्देश्य से उड़ीसा में 'पानी पंचायत' योजना का शुभारम्भ प्रदेश के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गत 29 सितम्बर को किया है. इस योजना के तहत 'पानी पंचायत' नाम से पंजीकृत सोसायटियों का गठन करके प्रत्येक ऐसी पंचायत को 500 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई प्रणाली के रखरखाव का दायित्व सौंपा जाएगा. इसके लिए 35 रुपए प्रति हेक्टेयर की सालाना रखरखाव राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी.

योजना की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा है कि 50 हजार से अधिक कर्मचारियों के बावजूद प्रदेश का जल संसाधन विभाग किसानों को सिंचाई प्रणालियों का पूरा लाभ नहीं पहुँचा पा रहा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है. पानी पंचायत योजना के कार्यान्वयन से किसानों व सिंचाई के पानी के बीच निकटता का सम्बन्ध स्थापित करने के साथ-साथ सरकार के वेतन भार को भी कम किया जा सकेगा.

भारत संचार निगम लि. की स्थापना

दूरसंचार सेवा विभाग (DTS) व दूरसंचार संचालन विभाग (DTO) को निगम के रूप में परिवर्तित करते हुए केन्द्र सरकार ने भारत संचार निगम लि. (BSNL) की स्थापना गत 1 अक्टूबर को की है. दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराने वाली यह अब देश की सबसे विशाल कम्पनी है. साथ ही, किसी सरकारी विभाग से कम्पनी के रूप में रूपान्तरित हुआ यह देश का पहला निगम है. भारतीय दूरसंचार सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डीपीएस सेठ को इस निगम का अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक नियुक्त किया गया है.

निगम का शुभारम्भ करते हुए केन्द्रीय संचार मंत्री राम विलास पासवान ने कहा है कि इसे बुनियादी दूरसंचार एवं इंटरनेट जैसे किसी भी संचार क्षेत्र में संयुक्त उद्यम का अधिकार होगा. वर्तमान में लगभग 2·4 करोड़ टेलीफ़ोन कनेक्शन तथा लगभग 4 लाख कर्मचारी इस नवगठित निगम के अधीन हैं. इसकी चुकता पूँजी 5000 करोड़ रुपए होगी तथा इसकी परिसम्पत्तियों की बुक वैल्यू 68,000 करोड़ रुपए आकलित की गई है. परिसम्पत्तियों की दृष्टि से यह देश का सबसे बड़ा निगम है.

विश्व बैंक की ऋण स्वीकृतियों में कमी

पूर्व वर्ष की तुलना में लेखा वर्ष 2000 (जुलाई 1999–जून 2000) के दौरान विश्व बैंक की उधारियों में बड़े पैमाने पर कमी आई है. यह कमी ऋणों की स्वीकृति एवं वितरण, दोनों ही मामलों में दर्ज की गई है. यह जानकारी विश्व बैंक की वर्ष 2000 की वार्षिक रिपोर्ट में प्रस्तुत की गई है, जिसे गत सितम्बर के अन्तिम सप्ताह में 'प्राग' (Prague) में विश्व बैंक व अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की संयुक्त बैठक में जारी किया गया.

विश्व बैंक रिपोर्ट के अनुसार लेखा वर्ष 1999 में बैंक ऋणों की स्वीकृतियाँ एवं वास्तविक वितरण क्रमशः 20 अरब डॉलर व 24 अरब डॉलर के थे. लेखा वर्ष 2000 में यह घटकर क्रमशः 15·3 अरब डॉलर व 18·3 अरब डॉलर के रहे हैं.

रिपोर्ट के अनुसार लेखा वर्ष 2000 में विश्व बैंक ऋणों का सर्वाधिक भाग (4·063 अरब डॉलर) लेटिन अमरीकी व कैरिबियाई देशों के लिए स्वीकृत किया गया है. 3·042 अरब डॉलर की ऋण स्वीकृतियों के साथ यूरोप एवं मध्य एशिया का स्थान दूसरा तथा 2·979 अरब डॉलर के साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र का तीसरा स्थान रहा है. दक्षिण एशिया के लिए सन्दर्भित वर्ष में 2·112 अरब डॉलर के ऋण स्वीकृत किए गए हैं तथा इस मामले में इसका स्थान द. अफ्रीका (2·159 अरब डॉलर) के बाद है.

रिपोर्ट के अनुसार लेखा वर्ष 2000 में विश्व बैंक ऋणों का सर्वाधिक 22 प्रतिशत भाग मानव विकास के क्षेत्र में स्वीकृत किया गया है. इनमें एड्स व मलेरिया जैसे संक्रामक एवं घातक रोगों पर नियंत्रण हेतु ऋण स्वीकृतियाँ शामिल हैं.

मध्यावधि समीक्षा के अनुसार नौवीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य अप्राप्त

नौवीं पंचवर्षीय योजना की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए योजना आयोग की पूर्ण बैठक गत 30 सितम्बर को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो योजना आयोग के अध्यक्ष भी हैं, की अध्यक्षता में नई दिल्ली में सम्पन्न हुई. 1997–2002 की अवधि वाली इस पंचवर्षीय योजना के तीन वर्ष गत 31 मार्च को पूरे हो चुके हैं. इन तीन वर्षों की उपलब्धियों का लेखा-जोखा बैठक में प्रस्तुत मध्यावधि समीक्षा रिपोर्ट में प्रस्तुत किया गया. रिपोर्ट में बताया गया है कि योजना के प्रारम्भिक तीन वर्षों में अधिकांश क्षेत्रों में इसकी उपलब्धियाँ लक्ष्य से कम रही हैं जिनके कारण इन तीन वर्षों में औसत आर्थिक वृद्धि दर 6·1 प्रतिशत ही रही है, जबकि योजना का लक्ष्य 6·5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर का है. वृद्धि दर के इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजना के शेष दो वर्षों में 7·1 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को प्राप्त करना होगा.

नौवीं योजना की मध्यावधि समीक्षा रिपोर्ट में बताया गया है कि योजना के पहले तीन वर्षों (1997–2000) के दौरान कृषि क्षेत्र में 2·7 प्रतिशत, विनिर्माणी क्षेत्र (Manufacturing) क्षेत्र में 5·0 प्रतिशत तथा परिवहन क्षेत्र में 5·1 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि ही प्राप्त की जा सकी है, जबकि इन क्षेत्रों में योजना के लक्ष्य क्रमशः 3·9 प्रतिशत, 7·1 प्रतिशत व 6·2 प्रतिशत के हैं. रिपोर्ट के अनुसार निर्माण (Construction), संचार व सेवाओं के क्षेत्रों में इन तीन वर्षों की उपलब्धियाँ योजना लक्ष्य से बेहतर रही हैं. इन क्षेत्रों में क्रमशः 6·8 प्रतिशत, 11·9 प्रतिशत व 8·5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के लक्ष्य नौवीं योजना में निर्धारित हैं, जबकि योजना के पहले तीन वर्षों में इन क्षेत्रों में प्राप्त की गई औसत वार्षिक वृद्धि दरें क्रमशः 8·3 प्रतिशत, 14·1 प्रतिशत व 10·4 प्रतिशत रही हैं.

योजना आयोग ने प्रारम्भ होने वाली 10वीं पंचवर्षीय योजना के लिए विकास दर का वार्षिक लक्ष्य 8 प्रतिशत रखने के पक्ष में है, जबकि योजना आयोग के अध्यक्ष श्री वाजपेयी ने इसे 9 प्रतिशत रखने के लिए कहा है तथा इसी के अनुरूप लक्ष्य पहचान करने को उन्होंने निर्देश दिया है.

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की 25 वर्ष पूर्ण

समाज के कमजोर वर्गों को बैंकिंग सेवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने गत 2 अक्टूबर को अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण किए. सर्वप्रथम ऐसे पाँच बैंकों की स्थापना 2 अक्टूबर, 1975 को की गई थी. देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या 196 है. गोआ तथा सिक्किम दो राज्य हैं जिनमें कोई भी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थापित नहीं है. शेष 23 राज्यों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाएं हैं. 14 से अधिक शाखाएं कार्यरत हैं. कर्मचारी संगठनों की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मार्च 2000 इन बैंकों के पास कुल जमा करोड़ रुपए की तथा इनके 13,197 करोड़ रुपए की थी.

विगत वर्षों में अधिकांश बैंकों ने बड़ी मात्रा में हानि किन्तु घाटे में चल रहे क्षेत्रीय की संख्या वर्तमान में 32 है. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना जयंती के अवसर पर इन कर्मचारियों एवं अधिकारियों घाटे में चलने वाले सभी 32 में लाने के लिए हर सम्भव इरादा व्यक्त किया है. इन अक्टूबर, 2000 से 2 अक्टूबर रजत जयंती वर्ष को उत्साहपूर्वक करते हुए इस वर्ष में क्षेत्रीय लाभ को शत प्रतिशत बढ़ाने किया है.

सामान्य मानसून का बारहवाँ वर्ष

मौसम विभाग के अनुसार चालू वर्ष 2000 में देश में मानसून रहा है. विभाग द्वारा गत 6 जारी विज्ञप्ति के अनुसार पूरे में दक्षिण-पश्चिम मानसून के दीर्घकालिक औसत का 92 मानसून को सामान्य तब कहा जून–सितम्बर माह में कुल वर्ष

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...सत के ±10 प्रतिशत सीमाओं के भीतर ... 1988 में 'सामान्य से बेहतर' रहने के ...पश्चात् यह लगातार 12वाँ वर्ष है जब देश ...मानसून सामान्य रहा है

मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के ...नुसार चालू वर्ष में मानसून 'सामान्य' रहने ...बावजूद देश के विभिन्न भागों में इसका ...वितरण असमान रहा है. क्षेत्रफल की दृष्टि ...देश के 30 प्रतिशत भाग में तथा जिलों ...दृष्टि से देश के 34 प्रतिशत जिलों में ...वर्षा 'न्यून' रही है. न्यून वर्षा वाले क्षेत्रों में ...सौराष्ट्र, कच्छ, पूर्वी व पश्चिमी मध्य प्रदेश, ...अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, गुजरात तथा ...पूर्वी व पश्चिमी राजस्थान शामिल हैं. इनमें ...सौराष्ट्र, कच्छ व गुजरात, पूर्वी एवं ...पश्चिमी मध्य प्रदेश तथा पूर्वी राजस्थान में, ...वर्षा की न्यूनता सामान्य से 25 प्रतिशत ...भी अधिक है, सूखे जैसी स्थिति रिपोर्ट ...बताई गई है.

...रत-ब्रिटेन राउण्ड टेबल की दूसरी बैठक

भारत एवं ब्रिटेन के मध्य आर्थिक-...ज्यिक व अन्य सम्बन्धों की मजबूती के ...विभिन्न क्षेत्रों की पहचान करने तथा ...मामलों में दोनों सरकारों को सलाह देने ...लिए अप्रैल 2000 में गठित 'इंडिया-यू.के. राउण्ड टेबल की दूसरी बैठक गत 9-10 अक्टूबर को लंदन में सम्पन्न हुई. योजना आयोग के उपाध्यक्ष के. सी. पंत व ब्रिटेन के स्वराज पाल की सहअध्यक्षता वाले इस राउण्ड टेबल की पहली बैठक गत 18-19 अप्रैल को नई दिल्ली में सम्पन्न हुई थी.

के. सी. पंत व स्वराज पाल की सह-अध्यक्षता में लंदन में सम्पन्न राउण्ड टेबल की दूसरी बैठक में सूचना-प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स, व्यापार एवं निवेश तथा शिक्षा के क्षेत्रों को सहयोग के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के रूप में निर्धारित किया गया. ब्रिटिश विश्वविद्यालयों में भारत-पीठों (India Chairs) की स्थापना का सुझाव भी इस बैठक में दिया गया.

सूरतगढ़ सुपरतापीय विद्युत्गृह परियोजना की दूसरी इकाई का लोकार्पण

1000 मेगावाट की राजस्थान की महत्वाकांक्षी सूरतगढ़ सुपर तापीय विद्युत् गृह परियोजना के पहले चरण की दूसरी इकाई का लोकार्पण लोक सभा में विपक्ष की नेता श्रीमती सोनिया गांधी ने गत 13 अक्टूबर को किया. 250 मेगावाट क्षमता की इस दूसरी इकाई द्वारा वाणिज्यिक स्तर पर विद्युत् उत्पादन गत जुलाई माह में ही प्रारम्भ किया जा चुका है. 250 मेगावाट की ही इसकी पहली इकाई में फरवरी 1999 में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ हुआ था. पहली इकाई का लोकार्पण मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक वर्ष पूर्व, 3 अक्टूबर, 1999 को किया था.

कुल मिलाकर 1000 मेगावाट की इस परियोजना के तहत 250-250 मेगावाट की चार इकाइयाँ स्थापित की जानी हैं. तीसरी व चौथी इकाइयाँ परियोजना के दूसरे चरण में स्थापित की जाएंगी तथा इनके द्वारा क्रमशः मार्च 2002 में व सितम्बर 2002 में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ किए जाने की सम्भावना है. सूरतगढ़ परियोजना की स्थापना के पश्चात् राजस्थान की अपनी विद्युत् उत्पादन क्षमता 1000 मेगावाट से बढ़कर 2000 मेगावाट हो जाएगी.

'इंडिया मिलेनियम बाँड' योजना

विगत वर्षों में एन.आर.आई. बाँड, इंडिया डेवलपमेंट बाँड व रिसर्जेण्ट इंडिया बाँड जारी करने के पश्चात् भारतीय स्टेट बैंक की अब 'इंडिया मिलेनियम बाँड' जारी करने की योजना है. अमरीकी डॉलर, ब्रिटिश पाउण्ड, स्टर्लिंग व यूरोपीय यूरो में

...टा मैक्ग्रॉ-हिल की उपयोगी पुस्तकें

भारत का इतिहास
के. कृष्ण रेड्डी
(सिविल सेवा प्रारमभिक परीक्षा के लिए)
ISBN 0-07-463838-6
मूल्य : रु. 325/-

...क क्लेरिकल परीक्षा मास्टर
ISBN 0-07-463622-7
मूल्य : रु. 150/-

बैंक क्लेरिकल परीक्षा मास्टर
कमल कुमार गर्ग

अंग्रेजी में वार्तालाप
- स्वयं अंग्रेजी सीखने हेतु एक मार्गदर्शिका
ISBN 0-07-463896-3
मूल्य : रु. 75/-

यह पुस्तक ऑडियो कैसेट के साथ भी उपलब्ध है
मूल्य : रु 135/-

TATA McGRAW-HILL टाटा मैक्ग्रॉ-हिल
...Patel Nagar, New Delhi - 110008
...5732918, 5732935, 5819304-7 Fax : 011-5819302/3
...marketing_india@mcgraw-hill.com Website : www.tatamcgrawhill.com
मैक्ग्रॉ-हिल कंपनियों का एक डिविजन

UPKAR'S
U.G.C.
JRF/ NET EXAMINATION
LIFE SCIENCES
[Also Useful for State Level Lectureship Exam.]
By : Dr. A.P. Singh & Kumar Puskar
Price : Rs. 175·00
Highlights
- Objective Questions with Explanatory Answers.
- Comprehensive diagrammatic representations.
- Quick Revision of Entire Syllabus.
- Helps to Remember all Important Facts.
- Strictly according to Latest Syllabus.

Purchase from nearest bookseller or get the copy by V.P.P. sending M. O. of Rs. 100/- on the following adoress
UPKAR PRAKASHAN
2/11A, Swadeshi Bima Nagar, Agra–282 002
Phone : 323966, 323101, 322930; Fax : (0562) 323966

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जारी किए जाने वाले इन पाँचवर्षीय बाँडों की बिक्री 21 अक्टूबर, 2000 से प्रारंभ होगी तथा अधिकतम 30 दिन तक यह बिक्री जारी रहेगी. अमरीका में इन बाँडों की बिक्री नहीं की जाएगी.

इन बाँडों पर ब्याज की दरें अलग-अलग हैं. डॉलर मूल्य वाले बाँडों पर 8·50 प्रतिशत, पाउण्ड स्टर्लिंग मूल्य वाले बाँडों पर 7·85 प्रतिशत तथा यूरो मूल्य वाले बाँडों पर 6·85 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज दिया जाएगा, जिसकी गणना छमाही आधार पर होगी. बाँडों के तहत जमा किए गए मूलधन व ब्याज का प्रत्यर्पण किया जा सकेगा.

इस योजना के माध्यम से अनिवासी भारतीयों (NRIs) व समुद्रपारीय निगमित निकायों (Overseas Corporate Bodies–OCBs) से 2 अरब डॉलर (लगभग 9 हजार करोड़ रुपए) की विदेशी मुद्रा जुटाने का स्टेट बैंक का लक्ष्य है.

संक्षिप्तकी

मॉस्को में कार्यालय स्थापित करने की भारतीय उद्योग महासंघ की योजना

भारत एवं रूस के मध्य आर्थिक-वाणिज्यिक सम्बन्धों में और प्रगाढ़ता लाने के लिए भारतीय उद्योग महासंघ (CII) की मॉस्को में अपना कार्यालय स्थापित करने की योजना है. विदेश में इस महासंघ का यह नौवाँ कार्यालय होगा.

एक हजार रुपए के नोट पुनः जारी

भारतीय रिजर्व बैंक ने लम्बे समय से बन्द एक हजार रुपए के नोट गत 9 अक्टूबर से पुनः जारी किए हैं. 177 मिमी लम्बे व 73 मिमी चौड़े महात्मा गांधी शृंखला के इन नोटों पर वाटर मार्क में भी महात्मा गांधी का चित्र है.

वर्ष के पहले आठ महीनों में 3 अरब डॉलर का विदेशी निवेश

केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री मुरासोली मारन के अनुसार चालू कैलेंडर वर्ष के पहले आठ महीनों (जनवरी-अगस्त 2000) के दौरान देश में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) का वास्तविक अन्तर्प्रवाह 3 अरब डॉलर का रहा है, जबकि बीते वर्ष 1999 में पूरे वर्ष के दौरान यह 4 अरब डॉलर का था. श्री मारन ने आशा व्यक्त की है कि चालू वर्ष 2000 में देश में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश गत वर्ष की तुलना में अधिक रहने की सम्भावना है.

पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर घटी

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के ताजा आँकड़ों के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2000) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में केवल 5·8 प्रतिशत की वृद्धि ही दर्ज की गई है. गत वर्ष की समान अवधि में यह वृद्धि दर 6·9 प्रतिशत थी.

राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार

केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा अक्टूबर 2000 में राज्य मार्गों के 5700 किमी लम्बे विभिन्न खण्डों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए जाने से देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई अब 57,700 किमी हो गई है. 1997 में आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई 34 [illegible] थी.

डेनमार्क द्वारा यूरो को अपनाने से इंकार

डेनमार्क ने यूरोप की नई [illegible] यूरो को अपनाने से इंकार कर दिया. इसके लिए एक प्रस्ताव गत सितम्बर माह में कराए गए जनमत संग्रह में 46·5 प्रतिशत के मुकाबले 53·1 प्रतिशत से गिर गया है.

तथ्य एक दृष्टि में

दीन-ए-इलाही

अकबर धार्मिक सहिष्णुता का समर्थक और मुस्लिम कट्टरवाद का कटु आलोचक था. सभी धर्मों में एकता एवं आत्मीयता स्थापित करने के उद्देश्य से 1582 ई. के प्रारम्भ में 'दीन-ए-इलाही' नामक एक नये धर्म को प्रारम्भ किया. बाद में इस धर्म का नाम बदलकर 'तौहीद-ए-इलाही' हो गया. दीन-ए-इलाही प्रचलित करने का अभिप्राय एक राष्ट्रीय धर्म की स्थापना करना था जो मुख्यतः हिन्दू और मुसलमानों दोनों को ही मान्य हो.

यद्यपि अकबर ने सभी धर्मों के अच्छे विचारों को दीन-ए-इलाही में सम्मिलित किया लेकिन स्वयं अच्छा धर्म प्रचारक न होने के कारण इसका प्रचार-प्रसार न कर सका. अकबर के प्रमुख हिन्दू दरबारियों भगवानदास एवं मानसिंह ने भी इस धर्म को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया. बीरबल ही अकेला प्रमुख हिन्दू दरबारी था जिसने 'दीन-ए-इलाही' धर्म स्वीकार किया. अनेक प्रमुख मुसलमान दरबारियों ने भी 'दीन-ए-इलाही' धर्म अस्वीकार कर दिया. इस प्रकार अकबर की मृत्यु के साथ ही दीन-ए-इलाही धर्म का अस्तित्व भी समाप्त हो गया.

अकबर ने अबुल फजल को मुख्य पुजारी (Chief Priest) नियुक्त किया. उसने इस धर्म के विषय में विस्तार से लिखा है.

शिक्षाएं एवं नियम

'दीन-ए-इलाही' धर्म की शिक्षाएं एवं नियम निम्नलिखित थे–

1. अगर कोई व्यक्ति दीन-ए-इलाही का सदस्य बनना चाहता था तो उसे अकबर (Chief Priest) द्वारा प्रवेश दिया जाता था. प्रवेश के बाद सदस्य अपनी पगड़ी अकबर के पैरों पर रखता था तत्पश्चात् अकबर पगड़ी पुनः उसके सिर पर रखता था और एक रस्म अदा करता था जिस पर अल्लाहो अकबर लिखा रहता था.

2. नए सदस्य के लिए प्रवेश का दिन रविवार निश्चित था.

3. अकबर को धर्म का सर्वोच्च माना जाता था और 'अल्लाहो अकबर' या 'अल्लाहो अकबर हू' शब्दों का उच्चारण अभिवादन के समय किया जाता था.

4. सूर्य पूजा को दीन-ए-इलाही में स्थान दिया गया था.

5. सदस्यों के लिए अकबर का आदेश था कि वे मृत्यु भोज के स्थान पर अपने जन्म में ही भोज दें और अपना जन्म दिन उत्साहपूर्वक मनाया करें.

6. सदस्यों के लिए माँस खाना स्वीकृत नहीं था. अकबर ने यह भी आदेश दिया कि सदस्य बाहर के लोगों को माँस खाने के लिए मना न करें. सदस्यों के लिए उनके जन्म के माह में माँस के दर्शन तक के लिए मनाही थी. सदस्यों द्वारा कसाई, मछुआरे और बहेलियों का प्रयोग निषिद्ध था.

7. गर्भवती, बूढ़ी एवं अल्पवयस्क महिलाओं के साथ विवाह निषिद्ध था.

8. सदस्य का अन्तिम संस्कार एक विशेष रीति से किया जाता था. मृतक के मुंह में अन्न के दाने और एक ईंट बाँध कर डुबो दिया जाता था फिर लाश को निकाल कर दफनाया जाता था.

दफनाने की प्रक्रिया में सिर पूर्व की ओर तथा पैर पश्चिम की ओर रखे जाते थे.

9. सदस्यों से उम्मीद की जाती थी कि वे अपनी सम्पत्ति, जीवन, सम्मान और बादशाह के समक्ष समर्थन करें.

10. इस धर्म में विधवा पुनर्विवाह की अनुमति दी गई और सती प्रथा को समाप्त करने की व्यवस्था कहा गया.

11. शराब पीना और बेचना दोनों ही वर्जित कार्य थे.

12. प्रार्थना के समय रेशमी वस्त्र और गहने पहनने आवश्यक थे.

13. दीन-ए-इलाही एकेश्वरवाद पर आधारित था.

14. दीन-ए-इलाही में अहिंसा के सिद्धान्तों को स्वीकार किया गया.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रीय परिदृश्य

केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् का विस्तार

लगभग एक वर्ष पुरानी मंत्रिपरिषद् का दूसरी बार विस्तार करते हुए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 6 नए मंत्रियों को गत 30 सितम्बर को शामिल किया है. विस्तार से एक दिन पूर्व ही कृषि राज्य मंत्री एस. वी सत्यनारायण राव से प्रधानमंत्री ने त्यागपत्र ले लिया था. मंत्रिपरिषद् में शामिल किए गए 6 नए मंत्रियों में दो को कैबिनेट मंत्री तथा शेष चार को राज्य मंत्री बनाया गया है. कैबिनेट मंत्री के रूप में श्रीमती सुषमा स्वराज व एम. वेंकैया नायडू को तथा राज्यमंत्री के रूप में पी. राधाकृष्णन, यू. वी. रामराजू, सत्यव्रत मुखर्जी व श्रीपाद नाइक को मंत्रिपरिषद् में शामिल किया गया है. यह सभी भारतीय जनता पार्टी के हैं तथा इन्हें शामिल करके केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की कुल संख्या (प्रधानमंत्री के अतिरिक्त) 77 हो गई है जिसमें 28 मंत्री कैबिनेट स्तर के, 7 स्वतन्त्र प्रभार वाले राज्य मंत्री तथा 42 अन्य राज्य मंत्री शामिल हैं.

मंत्रिपरिषद् में शामिल किए गए नए मंत्रियों को विभागों का आबंटन करने के साथ विभिन्न मंत्रियों के विभागों में व्यापक फेरबदल भी प्रधानमंत्री ने किए हैं. श्रीमती सुषमा स्वराज को सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनाया गया है, जबकि पहली बार ही मंत्रिपरिषद् में शामिल किए गए वेंकैया नायडू को ग्रामीण विकास मंत्रालय सौंपा गया है. ग्रामीण विकास मंत्रालय पहले सुन्दर लाल पटवा के पास था जिन्हें अब रसायन एवं उर्वरक मंत्री बनाया गया है. शिव सेना के अनन्त गीते को, जिनके पास पहले रसायन व उर्वरक मंत्रालय था, अब ऊर्जा (विद्युत्) मंत्रालय का भार सौंपा गया है.

मंत्रिपरिषद् में नए शामिल किए गए राज्य मंत्रियों में तमिलनाडु के राधाकृष्णन को युवा मामलों व खेलकूद का राज्यमंत्री बनाया गया है. इसके लिए सैयद शहनवाज हुसैन को युवा व खेल विभाग से हटाकर मानव संसाधन विकास विभाग में राज्यमंत्री बना दिया गया है. गोआ से पहली बार सांसद बने श्रीपाद नाइक को सत्यनारायण राव के स्थान पर कृषि राज्यमंत्री बनाया गया है. इन्हें शामिल किए गए राज्यमंत्रियों में सत्यव्रत मुखर्जी पश्चिम बंगाल के धुरंधर वकील रहे हैं. इन्हें रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में तथा आन्ध्र प्रदेश के कृष्णमराजू को विदेश मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाया गया है.

राज्यमंत्रियों के विभागों में की गई अन्य फेर-बदलों के तहत वी. धनंजय कुमार को वित्त मंत्रालय से हटाकर कपड़ा मंत्रालय में व जी. एन. रामचन्द्रन को कपड़ा मंत्रालय से हटाकर वित्त मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाया गया है. बिहार की रीता वर्मा को कोयला मंत्रालय से हटाकर ग्रामीण विकास मंत्रालय में तथा मध्य प्रदेश के रमेश बैस को रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय से हटाकर सूचना प्रसारण मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाया गया है. ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्यमंत्री रहे द्रमुक के ए. राजा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाया गया है.

माकपा की राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में मान्यता समाप्त : देश में राष्ट्रीय दलों की संख्या अब केवल पाँच

एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत चुनाव आयोग ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (CPM) की राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता को गत 30 सितम्बर को समाप्त कर दिया है तथा संख्या की दृष्टि से संसद में इस तीसरे बड़े राजनीतिक दल को अब केवल तीन राज्यों—प. बंगाल, केरल व त्रिपुरा में ही इसे राज्य स्तरीय दल के रूप में मान्यता प्रदान की गई है. यद्यपि 12 राज्यों की विधान सभाओं में अस्तित्व वाले इस दल की तीन राज्यों में सरकारें भी हैं. 1999 के लोक सभा एवं विधान सभा चुनावों में खराब निष्पादन के कारण माकपा ने राष्ट्रीय दल का अपना यह दर्जा खोया है. राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता के लिए कम-से-कम चार राज्यों में राज्य-स्तरीय दल की मान्यता होना आवश्यक है.

उपर्युक्त के साथ-साथ 'जनता दल' का नाम तथा उसका चुनाव चिह्न 'चक्र' के इस्तेमाल पर भी चुनाव आयोग ने रोक लगा दी है तथा शरद यादव के नेतृत्व वाले इसके घटक जनता दल (यूनाइटेड) को अब केवल बिहार एवं कर्नाटक में तथा एच. डी. देवगौड़ा के नेतृत्व वाले घटक जनता दल (सेक्युलर) को केवल कर्नाटक में ही राज्य स्तरीय दल के रूप में मान्यता चुनाव आयोग ने प्रदान की है. जनता दल के विभाजन के पश्चात् इसके इन दोनों घटकों को अनंतिम रूप से राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा इस आशय के साथ प्रदान किया गया था कि इस मामले में अन्तिम निर्णय चुनावों में इनके प्रदर्शन के आधार पर लिया जाएगा. चुनावी परिणामों के आकलन के पश्चात् दोनों ही घटकों को राज्य स्तरीय दल का दर्जा ही चुनाव आयोग ने प्रदान किया है.

चुनाव आयोग के इन निर्णयों से देश में राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दलों की संख्या अब 5 ही रह गई है. चुनाव आयोग द्वारा यह निर्णय ऐसे समय में लिए गए हैं जब 5 राज्यों में विधान सभा चुनावों में अब कुछ माह ही शेष हैं.

एक अन्य निर्णय के तहत चुनाव आयोग ने सुब्रमण्यम स्वामी के नेतृत्व वाली जनता पार्टी की राज्य स्तरीय दल के रूप में मान्यता को समाप्त कर दिया गया है तथा इस दल का दर्जा अब गैर मान्यता प्राप्त पंजीकृत दल का ही रह गया है. इस दल को अभी तक अरुणाचल प्रदेश में राज्य स्तरीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त थी.

भारत में राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दल

- *भारतीय जनता पार्टी*
- *कांग्रेस*
- *बहुजन समाज पार्टी*
- *राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी*
- *भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)*

बाढ़ के परिणामस्वरूप प. बंगाल में एक हजार से अधिक लोगों की मृत्यु

प. बंगाल में आई भीषण बाढ़ से प्रदेश के 9 जिलों में भारी क्षति हुई है. सिलाबती नदी के बाँध में आई दरार के कारण मिदनापुर जिले एवं उससे लगे जिलों में बाढ़ की स्थिति अति गम्भीर हो गई. बाढ़ के परिणामस्वरूप एक हजार से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु के समाचार हैं, जबकि 1·8 करोड़ लोग इससे प्रभावित हुए हैं. सर्वाधिक क्षति मुर्शिदाबाद जिले में हुई है जहाँ कंडी उपखण्ड में 15 फुट की ऊँचाई तक पानी का बहाव हो गया था. इस जिले में 500 से भी अधिक व्यक्ति मृत्यु का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिकार हुए हैं. बीरभूम जिले में मरने वालों की संख्या तीन सौ से अधिक बताई गई है. बाढ़ के परिणामस्वरूप प्रभावित होने वाले अन्य जिलों में नाडिया, 24 परगना, हावड़ा, वर्द्धमान, मिदनापुर व हुगली शामिल हैं. राहत कार्यों के तहत सेना ने 60 लाख से भी अधिक लोगों को राहत शिविरों में पहुँचाया है. 6000 से अधिक राहत शिविर इस कार्य के लिए स्थापित किए गए हैं. बाढ़ की स्थिति के आकलन के लिए केन्द्र सरकार की ओर से कृषि मंत्री नीतीश कुमार ने गत 30 सितम्बर को प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया है.

लोक सभा की एक व विधान सभा की आठ सीटों के लिए उपचुनाव सम्पन्न

लोक सभा की एक (दौसा, राजस्थान) व आठ विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं की 1-1 सीट के लिए उपचुनाव गत 29 सितम्बर को सम्पन्न हुए. उपचुनाव वाले विधानसभाई क्षेत्रों में करहल (उत्तर प्रदेश), लखनादोन (मध्य प्रदेश), सुनाम (पंजाब), सहरकोटड़ा (गुजरात), शाहुबाड़ी (महाराष्ट्र), कागवाड़ (कर्नाटक), लुणकरनसर (राजस्थान) तथा केइसमथोंग (मणिपुर) शामिल थे.

लोक सभा की दौसा सीट भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट के निधन के कारण रिक्त हुई थी. कांग्रेस ने इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है. स्व. श्री पायलट की पत्नी रमा पायलट को कांग्रेस ने इस सीट से प्रत्याशी बनाया था जो 65 हजार से अधिक मतों से विजयी रही हैं. 1999 में श्री पायलट ने यह सीट लगभग 6000 मतों के अन्तर से जीती थी. **उल्लेखनीय है कि दौसा राजस्थान का ऐसा पहला व एकमात्र ऐसा लोक सभाई निर्वाचन क्षेत्र है जहाँ से तीन बार लोक सभा के लिए उपचुनाव कराया जा चुका है.**

विधान सभाई सीटों के लिए सम्पन्न उपचुनाव में कांग्रेस 3 सीटें अपने पास बरकरार रखने में सफल रही है, जबकि 3 अन्य सीटों से उसे हाथ धोना पड़ा है. गुजरात की सहरकोटडा, मध्य प्रदेश की लखनादोन तथा महाराष्ट्र की शाहुवाड़ी सीटें कांग्रेस ने पुनः जीत ली हैं, जबकि कर्नाटक की कागवाड़ सीट जनता दल (यू) ने, राजस्थान की लुणकरनसर सीट भाजपा ने तथा पंजाब की सुनाम सीट शिरोमणि अकाली दल ने उससे छीन ली है. सुनाम सीट से केन्द्रीय खेल मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा के पुत्र अकाली दल के प्रत्याशी के रूप में विजयी रहे हैं.

विधान सभाओं की दो अन्य सीटों में मणिपुर की केइसमथोंग सीट फेडरल पार्टी ऑफ मणिपुर ने जीती है, जबकि उत्तर प्रदेश की करहल सीट पर समाजवादी पार्टी का कब्जा बरकरार रहा है.

केरल व गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों में सत्तारूढ़ दलों को करारा झटका

केरल में विधान सभा चुनावों से छः माह पूर्व सम्पन्न स्थानीय निकायों के चुनावों के परिणामों ने सत्तारूढ़ वामपंथी लोकतांत्रिक मोर्चे की एकतरफा जीत की आशाओं पर तुषारापात कर दिया है. गत सितम्बर माह में सम्पन्न शहरी व ग्रामीण निकायों के इन चुनावों में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे के प्रत्याशियों व निर्दलीय प्रत्याशियों को आशा से अधिक सफलता प्राप्त हुई है. 13 में से 8 जिला पंचायतों पर कब्जा करके सत्तारूढ़ मोर्चा यद्यपि गाँवों में अपना प्रभुत्व बरकरार रखने में सफल हुआ है, तथापि उसका यह निष्पादन 1995 के चुनावों में किए गए प्रदर्शन की तुलना में काफी असन्तोषजनक है. शहरी निकायों में सत्तारूढ़ मोर्चे का प्रदर्शन इससे भी खराब रहा है. इससे 6 माह बाद होने वाले विधान सभाई चुनावों के लिए कांग्रेसी खेमे में नई स्फूर्ति सृजित हुई है.

गुजरात में भी सितम्बर में सम्पन्न स्थानीय निकाय चुनावों में सत्तारूढ़ दल (भाजपा) को करारा झटका लगा है, जबकि विपक्षी कांग्रेस ने इसमें बेहतरीन प्रदर्शन किया है. चुनावी समाचारों के अनुसार कांग्रेस ने 23 जिला पंचायतों में से 21 पर अपना प्रभुत्व स्थापित किया है. तालुका पंचायतों में भी कांग्रेस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है, जबकि नगर निगमों में भाजपा की स्थिति मजबूत बनी रही है.

राष्ट्रीय बाल आयोग का गठन 6 माह में

बच्चों के अधिकारों के संरक्षण और विकास के लिए राष्ट्रीय बाल आयोग की स्थापना केन्द्र सरकार द्वारा छः माह के भीतर ही की जाएगी. यह जानकारी केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सुमित्रा महाजन ने गत 3 अक्टूबर को नई दिल्ली में 'अर्ली चाइल्डहुड केयर फॉर सरवाइवल ग्रोथ एण्ड डेवलपमेंट' विषय पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर दी है. केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के महिला एवं बाल विकास विभाग, विश्व बैंक व यूनीसेफ के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय संगोष्ठी में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों सहित केन्द्र एवं राज्य सरकारों की एजेंसियों के अतिरिक्त गैर सरकारी संगठनों ने भी भाग लिया.

भारत सरकार द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के हवाले से इस संगोष्ठी में बताया गया कि देश में 60 प्रतिशत से भी अधिक बच्चे रक्त की कमी से पीड़ित है
प्रस्तुत एक अन्य जानकारी
भारत में 30 प्रतिशत
ही औसत से कम
यहाँ गर्भवती महिलाओं
आवश्यकता है.

देहरादून होगी उत्तरांचल की अस्थायी राजधानी

केन्द्र सरकार ने देहरादून
उत्तरांचल राज्य की
बनाने का निर्णय किया है
के सम्बन्ध में निर्णय
गठित होने वाली सरकार
जाएगा. नवगठित राज्य
को अस्तित्व में आने

नए राज्य में मुख्यमंत्री
सरकारी कार्यालयों
भवनों के अधिग्रहण
कार्य प्रगति पर है

नए गठित किए गए दो
छत्तीसगढ़ 1 नवम्बर
नवम्बर से अस्तित्व

वनरोपण की दर में कमी के बावजूद देश में वन क्षेत्र में वृद्धि

1997-99 के दौरान दो वर्षों
में देश में वनरोपण (Forest
की दर में कमी आने के बावजूद
क्षेत्र में लगभग चार हजार वर्ग
की वृद्धि हुई है. यह जानकारी
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की
में दी गई है. देश में '1999
स्थिति' (State of Forest Report
शीर्षक वाली इस रिपोर्ट को
वन मंत्री टी. आर. बालू ने गत
को नई दिल्ली में जारी किया है

उन राज्यों/केन्द्रशासित क्षेत्रों में जिनमें 1997-99 की अवधि में वन कमी आई है–असम, बिहार, गोवा, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैण्ड, सिक्किम, अण्डमान निकोबार द्वीप समूह तथा दादरा एवं नगर हवेली

वन क्षेत्र में वृद्धि वाले राज्य/केन्द्रशासित क्षेत्र–आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, कर्नाटक, पंजाब, उत्तर प्रदेश, केरल, प. बंगाल, जम्मू-कश्मीर एवं दिल्ली

अपरिवर्तित वन क्षेत्र–हिमाचल प्रदेश, दियु, लक्षद्वीप एवं पांडिचेरी

मंत्रालय की उपलब्ध
अनुसार 1997 में देश में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...397 वर्ग किमी था, जो बढ़कर 1999 ...37,293 वर्ग किमी हो गया. इन दो ...में देश में वनरोपण की वार्षिक दर ...28,000 हेक्टेयर रही है, जो 1992-97 ...अवधि में 15,90,000 हेक्टेयर प्रतिवर्ष ...थी.

...देश में वनों की स्थिति के सम्बन्ध में ...वरण एवं वन मंत्रालय की उपर्युक्त ...र्ट में बताया गया है कि संसाधनों की ...के कारण सन्दर्भित दो वर्षों में देश में ...रोपण की दर में कमी आई है.

...हत्याकाण्ड में 13 वर्ष के लड़के 14 वर्ष की सजा

...आस्ट्रेलियाई मिशनरी ग्राह्म स्टेंस व ...दो पुत्रों की जनवरी 1999 में उड़ीसा ...ओंझर जिले के मनोहरपुर गाँव में हुई ...हत्या के मामले में सर्वप्रथम एक 13 ...लड़के चेंचू को 14 वर्ष के कारावास ...जा भुवनेश्वर की सीबीआई की एक ...अदालत ने गत 30 सितम्बर को ...है. उम्र कम होने के कारण सजा की ...में उसे सुधार गृह में रखा जाएगा.

...इस मामले में कुल 15 अभियुक्तों में ...चेंचू' की उम्र कम होने के कारण ...सुनवाई अलग से की गई थी. शेष ...क्तों के मामले में सुनवाई अभी तक ...है. इनमें मुख्य अभियुक्त दारा भी ...है. इस हत्याकाण्ड के सिलसिले में ...विशेष कार्यबल ने घटना के एक ...गिरफ्तार किया था.

...3 वर्षीय बालक को 14 वर्ष के ...की सजा को भारतीय कानून के ...में अभूतपूर्व घटना बताते हुए चेंचू ...दर्शन हंसदाह के वकील ने इस ...के विरुद्ध उड़ीसा उच्च न्यायालय में ...करने की घोषणा की है.

...धिकारों के हनन के एवज में ...जा

...नवाधिकारों के हनन की शिकायत ...के एक शिकायतकर्ता प्रभाकर ...हता को 50 हजार रुपए का ...प्रदान करने के अंतरिम निर्देश ...नवाधिकार आयोग ने गत सितम्बर ...दिए हैं. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ...में यह पहला अवसर है जब ...कारों के हनन की क्षतिपूर्ति के लिए ...के भुगतान के निर्देश आयोग ...किए गए हैं.

...नवाधिकार आयोग को प्रेषित अपनी ...में प्रभाकर मेहता ने आरोप लगाया ...उनके किसी रिश्तेदार से सम्बन्धित ...उल्लंघन के मामले में पूछताछ के ...निदेशालय के अधिकारियों ने अपने कार्यालय में ले जाकर उनसे (मेहता से) अनेक कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए तथा पूछताछ के नाम पर उनकी पिटाई की गई. मानवाधिकारों के इस हनन के लिए उन्हें क्षतिपूर्ति का भुगतान करने का आदेश देते हुए मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि ऐसा कोई कानून नहीं है जो 'फेरा' उल्लंघन के सन्देह के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को मानवाधिकारों के उल्लंघन का अधिकार प्रदान करे.

पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण

पोलियो के भारत से पूर्ण उन्मूलन के लिए इस वर्ष विशेष प्रकोप वाले चार राज्यों में पल्स पोलियो अभियान के चार चरण आयोजित किए गए हैं. यह राज्य हैं–दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार एवं प. बंगाल. इन राज्यों में पल्स पोलियो टीकाकरण का एक चरण गत 24 सितम्बर को सम्पन्न हुआ. शेष तीन चरण क्रमशः 5 नवम्बर, 10 दिसम्बर व 21 जनवरी को सम्पन्न होंगे. 5 नवम्बर के चरण में असम, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात में भी 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो से बचाव की खुराक पिलाई जाएगी. देश के शेष राज्यों में इस बार पल्स पोलियो अभियान के दो ही चरण क्रमशः 10 दिसम्बर, 2000 व 21 जनवरी, 2001 को सम्पन्न होंगे.

विगत वर्षों में राष्ट्रव्यापी स्तर पर चलाए गए पल्स पोलियो अभियान के परिणामस्वरूप भारत में पोलियो के मामलों में भारी कमी दर्ज की गई है. वर्ष 1998 में देश में ऐसे मामलों की कुल संख्या 1934 थी जो घटकर 1999 में 1126 व 2000 में (19 अगस्त, 2000 तक) 108 ही रह गई है. भारत से चेचक व नारू रोगों का पूर्ण उन्मूलन पहले ही किया जा चुका है.

चावल जीनोम परियोजना में भारत भी शामिल

चावल के गुणसूत्र की संरचना के अध्ययन के लिए 1997 में प्रारम्भ हुई पाँच वर्षीय अन्तर्राष्ट्रीय जीनोम परियोजना में भारत भी शामिल हो गया है. भारत इस परियोजना का नौवाँ सदस्य है. अन्य सदस्य राष्ट्र हैं–अमरीका, ब्रिटेन, कनाडा, कोरिया, थाईलैण्ड, फ्रांस, ताइवान व चीन.

केन्द्र सरकार के बायो टेक्नोलॉजी विभाग के सचिव के अनुसार 1997 में प्रारम्भ हुई इस परियोजना में भारत इसी वर्ष जून में शामिल हुआ है. परियोजना में भागीदारी से चावल के गुणसूत्र की संरचना के अध्ययन तथा इस सिलसिले में अन्य सदस्य राष्ट्रों में हो रहे शोध आँकड़ों को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी. चावल के गुणसूत्र के अध्ययन के पश्चात् अन्य अनाजों के गुणसूत्रों का अध्ययन करने में भी मदद मिलेगी.

तांसी भूमि घोटाले में जयललिता को सजा

तमिलनाडु के 1992 के बहुचर्चित तांसी भूमि घोटाले से सम्बन्धित दो अलग-अलग मामलों में चेन्नई की एक विशेष अदालत ने ऑल इंडिया अन्नाद्रमुक (AIADMK) की महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री जयललिता को क्रमशः तीन वर्ष व दो वर्ष के कारावास की दो अलग-अलग सजाएं गत 9 अक्टूबर को सुनाई हैं. इन मामलों में उनके सहअभियुक्तों को भी यही सजाएं विशेष न्यायाधीश पी. अंबाझगन ने सुनाई हैं. इनमें जयललिता की घनिष्ठ मित्र सुश्री शशिकला तथा राज्य के पूर्व ग्रामीण उद्योग मंत्री मोहम्मद आसिफ तथा तीन पूर्व अधिकारी शामिल हैं. (श्री आसिफ को एक ही मामले में सजा सुनाई गई है). अभियुक्तों के इन फैसलों के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील का समय प्रदान करते हुए विशेष न्यायाधीश अंबाझगन ने इनके कार्यान्वयन को 7 नवम्बर तक स्थगित रखा है.

अदालत के इस फैसले से सुश्री जयललिता के राजनीतिक भविष्य पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया है, क्योंकि उच्च न्यायालय द्वारा यदि कोई राहत प्रदान न की गई तो सुश्री जयललिता 6 वर्ष के लिए चुनाव लड़ने की अपात्र हो जाएंगी. तमिलनाडु में अगले ही वर्ष विधान सभा चुनाव होने को हैं तथा जयललिता मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदारों में से हैं.

उल्लेखनीय है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8(3) के तहत किसी अभियुक्त को दो वर्ष या इससे अधिक की सजा सुनाए जाने की स्थिति में सजा सुनाए जाने के दिन से ही वह चुनाव के लिए अपात्र हो जाता है तथा यह अपात्रता सजा की अवधि पूरी होने के 6 वर्ष बाद तक प्रभावी रहती है.

भ्रष्टाचार का यह दूसरा मामला है जिसमें जयललिता को निचली अदालत द्वारा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सजा सुनाई गई है. इससे पूर्व प्लीजेंट स्टे होटल के मामले में विशेष अदालत ने एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा उन्हें जनवरी 2000 में सुनाई थी. अदालत के उस फैसले के विरुद्ध जयललिता की याचिका चेन्नई उच्च न्यायालय में विचाराधीन है.

3-3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के पश्चात् नरसिंह राव व बूटा सिंह को अंतरिम जमानत

सांसदों को भारी भरकम रिश्वत देकर कांग्रेस की अल्पमत सरकार को अविश्वास प्रस्ताव से बचाने के बहुचर्चित रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद मामले में नई दिल्ली की विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिंह राव व उनके मंत्रिमंडल के सदस्य रहे बूटा सिंह को आपराधिक षड्यन्त्र एवं भ्रष्टाचार का दोषी करार देते हुए 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपए के जुर्माने की दो अलग-अलग सजाएं गत 12 अक्टूबर को सुनाई हैं. इसी मामले के 9 अन्य अभियुक्तों को संदेह का लाभ देते हुए अदालत ने गत 29 सितम्बर को बरी कर दिया था. इनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री सतीश शर्मा एवं अजीत सिंह, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली एवं मंत्री एच. एम. रेवन्ना व रामलिंग रेड्डी, राज्य सभा के पूर्व सदस्य वी. राजेश्वर राव तथा कर्नाटक के शराब व्यवसायी डी. के. आदिकेसवुलु व एम. थिम्मेगौड़ा शामिल हैं.

पी. वी. नरसिंह राव

बूटा सिंह

स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी पूर्व प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के मामले में अदालत द्वारा सजा सुनाई गई है. श्री राव व बूटा सिंह को यह सजाएं सी बी आई की विशेष अदालत के न्यायाधीश अजीत भरिहोक ने भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र) व भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7, 11, 12 व 13 के तहत दोषी पाते हुए सुनाई हैं तथा दोनों सजाओं को साथ-साथ चलाने को कहा है. उच्च न्यायालय में अपील का समय प्रदान करते हुए दोनों को अंतरिम जमानत भी विशेष अदालत ने प्रदान की है.

इस मामले में आरोप लगाया गया था कि 28 जुलाई, 1993 को लोक सभा में अविश्वास प्रस्ताव में अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने अन्य अभियुक्तों की सांठ-गाँठ से झारखण्ड मुक्ति मोर्चे के चार सांसदों–सूरज मंडल, साइमन मरांडी, शिबू सोरेन व शैलेन्द्र महतो तथा जनता दल के अजीत सिंह को भारी रिश्वतें दी थी. अजीत सिंह को दी गई रिश्वत का मामला सिद्ध न हो पाने के कारण उन्हें अदालत ने जहाँ बरी कर दिया है वहीं शैलेन्द्र महतो इस मामले में सरकारी गवाह बन गए थे. झामुमो के इन सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105 के तहत सर्वोच्च न्यायालय ने संरक्षण प्रदान कर दिया था किन्तु ताजा फैसले में विशेष न्यायाधीश अजीत भरिहोक ने कहा है कि यह संरक्षण उन्हें संसद में वोट देने व पैसे लेने के मामले में ही प्रदान किया गया था, आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक सम्पत्ति रखने के लिए नहीं. अपने फैसले में श्री भरिहोक ने सी बी आई को निर्देश दिया है कि आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक सम्पत्ति रखने के कारण सूरज मंडल, साइमन मरांडी व शिबू सोरेन के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1) (ई) के तहत प्राथमिकी दर्ज करके नया मुकदमा इनके विरुद्ध चलाए.

वीरप्पन से वार्ता हेतु तीन नए दूत

कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन के पास विगत लगभग ढाई माह से बंधक कन्नड अभिनेता डॉ. राजकुमार की रिहाई हेतु वीरप्पन से वार्ता के लिए तीन नए दूत भी आर. आर. गोपाल के साथ गत 11 अक्टूबर को जंगलों में प्रस्थान कर गए हैं. राजकुमार की रिहाई हेतु तमिलनाडु व कर्नाटक सरकारों के विशेष दूत आर. आर. गोपाल इससे पूर्व चार बार घने जंगलों में वीरप्पन से भेंट कर चुके हैं, किन्तु अपने मिशन में सफलता उन्हें प्राप्त नहीं हो सकी है. नक्कीरन के सम्पादक आर. आर. गोपाल के अनुसार राजकुमार के साथ ही अपहृत सहायक निर्देशक नागप्पा मारडागी के वीरप्पन के साथियों को चकमा देकर गत सितम्बर को भाग निकलने से राजकुमार की रिहाई में बाधा उत्पन्न हुई है.

रिहाई वार्ता में शामिल किए गए तीन नए दूतों में लिट्टे समर्थक तमिल राष्ट्रवादी पार्टी के नेता पी. नेदुमरान तथा उनके दो सहयोगी जी. सुकुमारन तथा प्रो. पी. कल्याणी शामिल हैं. सरकार के एक प्रवक्ता के अनुसार इन तीनों को सरकार के अधिकृत दूत के रूप में नहीं बल्कि वीरप्पन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

...रिया विश्व का भ्रष्टतम राष्ट्र : ...र्राष्ट्रीय रिपोर्ट

...तर्राष्ट्रीय संस्था 'ट्रांस्परेंसी इंटर-...' की वर्ष 2000 की रिपोर्ट में ...र के मामले में नाइजीरिया को विश्व ...ष्टाचारी राष्ट्र बताया गया है. इसके ...इस मामले में क्रमशः यूगोस्लाविया, ...अजरबैजान, इण्डोनेशिया, अंगोला, ...व रूस का स्थान है. रिपोर्ट मे ...र के मामले में भारत का स्थान ...21वाँ बताया गया है.

...सितम्बर माह में जारी संस्था की ...रिपोर्ट में विश्व के 90 देशों की ...ष्टाचार की स्थिति के आकलन के ...गई है. सूचकांक पर आधारित इस ...के तहत फिनलैण्ड में भ्रष्टाचार ...बताया गया है. सबसे कम भ्रष्ट ...फिनलैण्ड के बाद क्रमशः डेनमार्क, ...ड, स्वीडन, कनाडा व आइसलैण्ड ...हैं.

...ा व यूक्रेन के मंत्रियों की ...लग हवाई दुर्घटनाओं में मृत्यु

...सितम्बर माह में दो अलग-अलग ...र्घटनाओं में श्रीलंका व यूक्रेन के ...मंत्री मारे गए हैं. दोनों ही दुर्घटनाएं ...सर को हुई हैं. दुर्घटना का शिकार ...कोई मंत्री एम.एच.एम. अशरफ हैं ...हेलीकॉप्टर एम.आई.-17 कोलम्बो ...की उत्तर-मध्य में केगाल जिले में ...क्रस हो गया. हेलीकॉप्टर पर पत्तन ...पुनर्स्थापन एवं पुनर्संरचना मंत्री ...के अतिरिक्त 14 अन्य लोग सवार ...नमें इस दुर्घटना में मारे गए. श्री ...मीकन मुस्लिम कांग्रेस (SLMC) ...नेता थे.

...सितम्बर को ही यूक्रेन के डिप्टी ...मिनिस्टर लियोनिड बोरोडिच ...Borodich) राजधानी कीव में ...प्रदर्शनी में एक 'स्टंट' प्रदर्शन के ...समय मृत्यु का शिकार हुए जब ...सेस्ना वाला याक-52 (Yak-52) ...दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस विमान को ...स्वयं उड़ा रहे थे. श्री बोरोडिच ...का लाइसेंस प्राप्त था तथा वह ...कलाबाजी में माहिर थे.

चंगेज खान का मकबरा खोज लेने का दावा

चीनी पुरातत्वविदों ने प्राचीन मंगोल साम्राज्य के संस्थापक चंगेज खान के असली मकबरे को खोज लेने का दावा किया है. यह मकबरा उत्तर-पश्चिम चीन के शिनजियांग उगुर स्वायत्त प्रान्त के क्विंघे काउंटी में है.

शिनजियांग संग्रहालय के एक शोध छात्र के अनुसार यही चंगेज खान का असली मकबरा है. उसके अनुसार दक्षिण पश्चिम मंगोलिया के गंडेली स्टेपी में स्थित मकबरे में चंगेज को दफन नहीं किया गया था.

चंगेज खान का बीमारी के कारण 1227 ई. में लियुपेनशाह में निधन हो गया था. मंगोलियाई परम्पराओं के अनुसार उसके सैनिक अधिकारियों ने उसे किसी गुप्त स्थान पर दफन कर दिया था. तभी से उसकी कब्र के स्थान को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जाती रही हैं. खोजे गए इस नए मकबरे से 400 मीटर की दूरी पर एक 20 मीटर ऊँचा मकबरा और है. चीनी इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के अनुसार यह चंगेज खान के किसी पोते का मकबरा है.

प्रधानमंत्री की अमरीका यात्रा से भारत-अमरीका सम्बन्धों में निकटता

गत मार्च माह में अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के छह महीनों के बाद ही भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अमरीका यात्रा से भारत व अमरीका के सम्बन्धों में निकटता आई है तथा दोनों देशों के बीच विभिन्न मुद्दों पर बेहतर समझदारी विकसित हुई है. श्री वाजपेयी की गत 13–17 सितम्बर की अमरीका की राजकीय यात्रा उनके 8–18 सितम्बर के उनके अमरीका प्रवास का ही एक भाग थी. 11 दिन के इस अमरीका प्रवास में कुछ समय उनकी निजी यात्रा के लिए निर्धारित था. संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दी शिखर सम्मेलन में भागीदारी भी उनके इस लम्बे अमरीका प्रवास का एक कार्यक्रम था.

न्यूयॉर्क में सम्पन्न उपर्युक्त सम्मेलन व अपनी निजी यात्रा के कार्यक्रमों के पश्चात् अमरीका की सरकारी यात्रा के लिए 13 सितम्बर की शाम को श्री वाजपेयी वाशिंगटन पहुँच गए थे, जहाँ उनका सबसे पहला कार्यक्रम अमरीकी कांग्रेस के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करने का था. 14 सितम्बर की इस बैठक की कार्यवाही हिन्दू विधि विधान से की गई पूजा-अर्चना से प्रारम्भ हुई. अमरीकी कांग्रेस के भवन में हिन्दू धर्म की यह पहली प्रार्थना कार्यवाही थी. शिव-विष्णु मन्दिर के पुजारी वेंकट चलपति समुलद्रला द्वारा सम्पन्न कराई गई पूजा अर्चना के पश्चात् श्री वाजपेयी ने बैठक में अपने सम्बोधन में भारत-अमरीकी सम्बन्धों पर पड़े ग्रहण को अनावश्यक बताते हुए कहा कि दोनों देशों के हितों के बीच कोई टकराव नहीं है, बल्कि बहुत कुछ साझा है. इस सम्बन्ध में परमाणु अप्रसार का उल्लेख करते हुए श्री वाजपेयी ने स्पष्ट किया कि दोनों ही देश परमाणु हथियारों को समाप्त करने के लिए वचनबद्ध हैं तथा दोनों ने ही इसके लिए स्वेच्छा से स्वघोषित रोक लगाई हुई है. सीटीबीटी पर हस्ताक्षर का कोई आश्वासन दिए बिना श्री वाजपेयी ने स्पष्ट किया कि परमाणु अप्रसार के अमरीकी प्रयासों में भारत बाधक नहीं है, किन्तु अमरीका को भी भारत के सुरक्षा हितों को समझना चाहिए. पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसकी कड़ी आलोचना करते हुए श्री वाजपेयी ने उसे आतंकवाद का सबसे बड़ा स्रोत बताया तथा कहा कि विश्व का कोई देश आतंकवादी हिंसा का उतना शिकार नहीं है जितना भारत को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है. अमरीकी सांसदों को उन्होंने बताया कि सीमापार समर्थित आतंकवाद के परिणामस्वरूप विगत दो दशकों में पंजाब में 21 हजार व जम्मू-कश्मीर में 16 हजार लोग मारे जा चुके हैं. आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष के लिए श्री वाजपेयी ने भारत व अमरीका के बीच निकट सहयोग का आह्वान किया.

अमरीकी कांग्रेस में अपने सम्बोधन में श्री वाजपेयी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती, आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया तथा सूचना-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हुई क्रान्ति का हवाला देते हुए बेहतर आर्थिक सम्बन्धों का आह्वान किया तथा इसके लिए एक व्यापक वैश्विक वार्ता (Global Dialogue on Development) नई दिल्ली में कराने की उन्होंने पेशकश की. अमरीकी सांसदों को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन्होंने बताया कि विगत दशक में 5 प्रतिशत की सालाना आर्थिक वृद्धि दर प्राप्त करने के पश्चात् अगले दशक में 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को भारत प्राप्त करेगा ताकि 10 वर्षों में देश में प्रति व्यक्ति आय को दोगुना किया जा सके.

15 सितम्बर को अमरीकी राष्ट्रपति भवन में भव्य औपचारिक स्वागत के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात् राष्ट्रपति क्लिंटन ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री का स्वागत करने का श्रेय उन्हें प्राप्त हुआ है. देश में लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत बनाने, सूचना-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में असाधारण प्रगति करने तथा परमाणु परीक्षणों पर एकतरफा रोक लगाने के लिए उन्होंने भारत की प्रशंसा की. बाद में ह्वाइट हाउस में दोनों नेताओं की द्विपक्षीय, क्षेत्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई. बातचीत के बाद जारी संयुक्त बयान में भारत ने इस बात के लिए सहमति प्रदान की है कि सीटीबीटी पर हस्ताक्षर के लिए वह देश में आम राजनीतिक सहमति के प्रयास जारी रखेगा तथा इस सन्धि पर हस्ताक्षर होने तक परमाणु परीक्षणों पर स्वघोषित रोक को वह जारी रखेगा. अमरीका ने इसमें यह स्पष्ट किया है कि कश्मीर विवाद में वह कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा.

प्रधानमंत्री की अमरीका यात्रा के दौरान, पारस्परिक आर्थिक सहयोग के पाँच व्यावसायिक समझौतों पर हस्ताक्षर वाशिंगटन में सम्पन्न हुए हैं. इनमें उडीसा, तमिलनाडु व उत्तर प्रदेश में तीन मेगा-विद्युत परियोजनाओं की स्थापना तथा अमरीकी उत्पादों की खरीद के लिए अमरीकी आयात-निर्यात बैंक से 90 करोड़ डॉलर के ऋण के समझौते शामिल हैं. वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के सामने मेसाच्युसेट्स एवेन्यू स्थित पार्क में महात्मा गांधी की एक विशाल प्रतिमा का अनावरण भी श्री वाजपेयी ने किया. 8 फुट 8 इंच ऊँची ताँबे की इस प्रतिमा में महात्मा गांधी को नमक सत्याग्रह के लिए कूच करते हुए दिखाया गया है. अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भी प्रतिमा के अनावरण समारोह में उपस्थित थे.

अमरीकी राष्ट्रपति श्री क्लिंटन ने प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी के सम्मान में एक भव्य एवं विशाल भोज का आयोजन 17 सितम्बर की रात्रि को किया. राष्ट्रपति के रूप में श्री क्लिंटन के दो कार्यकालों में यह उनके द्वारा आयोजित विशालतम् एवं अन्तिम औपचारिक भोज था. भारतीय मूल की अनेक अमरीकी हस्तियों सहित लगभग सात सौ लोग इस भोज में शामिल हुए. 18 सितम्बर को वाशिंगटन से स्वदेश रवाना हुए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग में रात्रि विश्राम के लिए कुछ घण्टे फ्रैंकफर्ट में रुके तथा 19 सितम्बर को वह नई दिल्ली पहुँचे. भारतीय मूल के अमरीकियों ने अपनी इस अमरीका यात्रा को बेहद सफल बताया है.

सुरक्षा परिषद् के पाँच नए अस्थायी सदस्य

सयुक्त राष्ट्र संघ की 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद् के 5 अस्थायी सदस्यों के लिए गत 10 अक्टूबर को सम्पन्न चुनाव में मॉरिशस, कोलंबिया, आयरलैण्ड, नार्वे व सिंगापुर चुने गए हैं. सुरक्षा परिषद् में इनका दो वर्षीय कार्यकाल 1 जनवरी, 2001 से प्रारम्भ होगा. परिषद् में यह देश नामीबिया, अर्जेन्टीना, मलेशिया, कनाडा व नीदरलैण्ड्स का स्थान लेंगे जिनका दो वर्षीय कार्यकाल इस वर्ष 31 दिसम्बर, 2000 ई. को समाप्त हो रहा है.

उल्लेखनीय है कि अफ्रीकी क्षेत्र से परिषद् की सदस्यता के लिए सूडान भी दावेदार था, किन्तु आतंकवाद को प्रश्रय देने के कथित आरोप पर सूडान पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबन्ध आरोपित होने के कारण अमरीका ने सूडान के विरुद्ध जोरदार अभियान चलाते हुए मॉरिशस का पक्ष लिया था.

श्रीलंकाई चुनावों में किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं : विक्रमनायके पुनः प्रधानमंत्री

श्रीलंका में गत 10 अक्टूबर को सम्पन्न संसदीय चुनावों में श्रीमती चन्द्रिका कुमारतुंग का पीपुल्स एलायंस (PA) व प्रमुख विपक्षी दल यूनाइटेड नेशनल पार्टी (UNP), दोनों ही स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में विफल रहे हैं. 225 सदस्यीय संसद में 107 सीटें जीतकर पीपुल्स एलायंस सबसे बड़े दल के रूप में बना रहा है यद्यपि स्पष्ट बहुमत के लिए 6 सीटों की उसके पास कमी रही है. छोटे दलों के साथ गठबन्धन करके पीपुल्स एलायंस ने इस कमी को पूरा कर लिया है. इनमें ईलम पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (EPDP) तथा नेशनल यूनिटी एलायंस (NUA) शामिल हैं जिन्हें क्रमशः 5 व 4 सीटें इन चुनावों में प्राप्त हुई हैं. प्रमुख विपक्षी दल यूनाइटेड नेशनल पार्टी 89 सीटों पर ही विजय प्राप्त कर सका है, जबकि तीसरे स्थान पर 10 सीटें लेकर 'जनता विमुक्ति पेरुमाना' तीसरी बड़ी शक्ति के रूप में उभरी है.

इस प्रकार पीपुल्स एलायंस के गठबन्धन को स्पष्ट बहुमत प्राप्त हो जाने पर उसे सरकार बनाने को राष्ट्रपति ने आमंत्रित किया. पीपुल्स एलायंस के रत्नश्री विक्रमनायके को गत 13 अक्टूबर को एक सादा समारोह में राष्ट्रपति के निवास 'टेम्पल ट्रीज़' पर प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई. विक्रमनायके निवर्तमान मंत्रिमण्डल में भी प्रधानमंत्री थे. उन्हें इसी वर्ष 10 अगस्त को उस समय प्रधानमंत्री बनाया गया था जब खराब स्वास्थ्य के कारण [illegible] भण्डारनायके ने प्रधानमंत्री पद [illegible] दे दिया था. श्रीमती सिरिमाओ [illegible] की बाद में 10 अक्टूबर को [illegible] श्रीमती भण्डारनायके [illegible] कुमारतुंग की माँ थीं [illegible] कारण ही शपथ ग्रहण [illegible] सादगी से सम्पन्न किया [illegible] के इस शपथ ग्रहण [illegible] प्रधानमंत्री ने ही शपथ ग्रहण [illegible]

पुतिन की भारत यात्रा से महत्वपूर्ण रक्षा समझौते

रूसी राष्ट्रपति [illegible] (Vladimir Putin) की गत [illegible] की भारत यात्रा के दौरान [illegible] के राजनीतिक, आर्थिक एवं [illegible] में और दृढ़ता आई है. इस [illegible] भारत एवं रूस के बीच [illegible] के ऐतिहासिक घोषणा-पत्र [illegible] on Strategic Partnership) [illegible] विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि [illegible] व्यापार, विधि तथा तेल एवं [illegible] की खोज आदि क्षेत्रों में [illegible] अतिरिक्त रक्षा क्षेत्र में सहयोग [illegible] समझौतों पर हस्ताक्षर [illegible] राष्ट्रपति चुने जाने के पश्चात् [illegible] यह पहली भारत यात्रा थी. [illegible] राष्ट्रपति की यह साढ़े सात [illegible] के पश्चात् सम्पन्न भारत की [illegible] पुतिन की इस विदेश यात्रा के [illegible] भारत की यात्रा का ही कार्यक्रम था. उनकी पत्नी ल्यूदिमिला पुतिन [illegible] रिक्त उप प्रधानमंत्री इलया क्लेबानोव [illegible] मंत्री इगोर इवानोव व रक्षा [illegible] सेर्गेयेव उनके साथ भारत आए [illegible] शिष्टमण्डल में शामिल थे.

भारत के साथ सम्पन्न हुए [illegible] अरब डॉलर के रक्षा समझौते [illegible] वाहक युद्धपोत एडमिरल गोर्शकोव [illegible] नवीकरण के पश्चात् भारत को [illegible] 310 टी-90 युद्धक टैंकों व [illegible] विमानों की आपूर्ति करने [illegible] शामिल हैं. इन युद्धक विमानों [illegible] रूसी लाइसेंस के तहत [illegible] एच ए एल द्वारा किया जाएगा. [illegible] टैंकों में से 100 टैंकों को [illegible] स्थिति में की जाएगी तथा [illegible] असेम्बली भारत में अगली [illegible] तहत की जाएगी. भारत को [illegible] पूर्व 'गोर्शकोव' पर रूसी निर्मित [illegible] सी हैरियर्स विमानों के [illegible] सी किंग हेलीकॉप्टर तथा [illegible] 31 व कामोव-28 हेलीकॉप्टर [illegible] जाएंगे. विमान वाहक पोत के [illegible] सिलसिले में भारत को [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यूगोस्लाविया में रक्तहीन क्रान्ति : कोस्तुनिका नए राष्ट्रपति

एक प्रभावपूर्ण रक्तहीन क्रान्ति के तहत यूगोस्लाविया में राष्ट्रपति स्लोबोदान मिलोसेविक ने गत 6 अक्टूबर को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया तथा सर्बियाई विपक्षी मोर्चे के वोजिस्लाव कोस्तुनिका (Vojislav Kostounica) ने देश के नए राष्ट्रपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया है. 13 वर्षों से राष्ट्रपति पद पर सत्तारूढ़ मिलोसेविक गत 24 सितम्बर के चुनावों में पराजय के बावजूद राष्ट्रपति पद पर बने हुए थे. प्रारम्भिक समाचारों के अनुसार इन चुनावों में मिलोसेविक को 38·82 प्रतिशत तथा कोस्तुनिका को 48·96 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे, किन्तु देश के संविधान न्यायालय द्वारा चुनावों को आंशिक रूप से रद्द करने की घोषणा किए जाने पर बड़ी संख्या में उनके विरोधियों ने 5 अक्टूबर को बेलग्रेड में संसद भवन को घेर लिया. तीन लाख से भी अधिक इन प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन के साथ-साथ रेडियो तथा टेलीविजन केन्द्रों पर भी कब्जा कर लिया था. जनता के भारी दबाव को देखते हुए मिलोसेविक ने पद त्यागने की घोषणा 6 अक्टूबर को कर दी तथा वोजिस्लाव कोस्तुनिका ने 7 अक्टूबर को विधिवत् राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की. मिलोसेविक के पुत्र मार्को मिलोसेविक इस जन विद्रोह के दौरान अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रूस भाग गए हैं, जबकि मिलोसेविक ने अन्यत्र शरण लेने की सम्भावना से इनकार किया है, क्योंकि कोसोवो मामले में संयुक्त राष्ट्र न्यायाधिकरण ने उन्हें युद्ध अपराधी घोषित किया हुआ है.

यूगोस्लाविया में हुए इस सत्ता परिवर्तन का अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय ने स्वागत किया है तथा उस पर आरोपित प्रतिबन्धों में ढील का सिलसिला शुरू हो गया है. सत्ता परिवर्तन के बावजूद सयुक्त राष्ट्र संघ में गत 8 वर्षों से रिक्त यूगोस्लाविया की सीट की बहाली की सम्भावना से संघ के एक प्रवक्ता ने फिलहाल इनकार किया है. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 सितम्बर, 1992 को यह सीट तब रिक्त घोषित की थी जब मोन्टेनेग्रो व सर्बिया ने सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ यूगोस्लाविया से अलग होकर स्वयं को फेडरल रिपब्लिक ऑफ यूगोस्लाविया घोषित कर दिया था. राष्ट्रपति का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् कोस्तुनिका ने कहा है कि मोन्टेनेग्रो व सर्बिया के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्धों की स्थापना उनकी पहली प्राथमिकता होगी.

फिजी के संविधान समीक्षा आयोग में भारतीय मूल के चार व्यक्ति शामिल

फिजी में 1997 के सर्वसम्मत बहुजातीय संविधान, जिसके तहत सम्पन्न चुनावों में भारतीय मूल के महेन्द्र चौधरी प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे, जिन्हें बाद में जार्ज स्पेट द्वारा सम्पन्न क्रान्ति में पदच्युत कर दिया गया था, की समीक्षा के लिए 12 सदस्यीय संविधान समीक्षा आयोग का गठन अंतरिम प्रधानमंत्री लाइसेनिया करासे (Laisenia Qarase) ने गत सितम्बर माह में किया है. फिजी के मूल निवासियों की महापरिषद् की संस्तुति के आधार पर एक विश्वविद्यालयी प्रोफेसर आसीसेला रावुवु को इस आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है. संविधान समीक्षा आयोग में भारतीय मूल के 4 लोगों को शामिल करने का प्रावधान किया गया था तथा इसके लिए भारतीय मूल के लोगों के दोनों प्रमुख दलों—नेशनल फेडरेशन पार्टी (NFP) व फिजी लेबर पार्टी (FLP) को 2-2 व्यक्तियों का मनोनयन करने को कहा गया था. संविधान समीक्षा प्रक्रिया का बहिष्कार करते हुए इन दोनों ही दलों ने आयोग हेतु भारतीय मूल के लोगों के मनोनयन से गत सितम्बर माह में ही इनकार कर दिया था.

भारतीय मूल के लोगों के दोनों ही राजनीतिक दलों द्वारा संविधान समीक्षा प्रक्रिया के बहिष्कार के पश्चात् अंतरिम प्रधानमंत्री करासे ने स्वयं ही भारतीय मूल के चार लोगों का मनोनयन इस आयोग के लिए किया है. इनके नाम हैं—सर्वश्री फ्रेड अचारी, जो सिंह, बेंजामिन भगवान तथा जोसेफ महाराज. आयोग के सदस्य के रूप में इन चारों को गत 6 अक्टूबर को शपथ ग्रहण कराई गई है. आयोग में शामिल होने वाले इन चारों को भारतीय मूल के लोगों के राजनीतिक दलों ने देशद्रोही अथवा गद्दार (Traitors) घोषित किया है तथा कहा है कि यह लोग भारतीय मूल के समुदाय के वास्तविक प्रतिनिधि नहीं हैं. आयोग या इसके सदस्यों द्वारा लिए गए किसी निर्णय को स्वीकार न करने की घोषणा भी इन दलों ने की है.

सुरक्षा परिषद् की टीम का सिएरा लियोन दौरा

अफ्रीकी महाद्वीप के तनावग्रस्त सिएरा लियोन में स्थिति का आकलन करने, वहाँ तैनात संयुक्त राष्ट्र मिशन की भूमिका की समीक्षा करने तथा क्षेत्र में शान्ति एवं स्थिरता बहाल करने के उपायों का पता लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के ग्यारह सदस्यीय दल ने अक्टूबर के पूर्वार्द्ध में इस देश का दौरा किया है. संयुक्त राष्ट्र संघ में ब्रिटेन के राजदूत सर जेरेमी ग्रीनस्टॉक के नेतृत्व में इस दल ने सिएरा लियोन के अतिरिक्त निकटवर्ती गुनिया, माली, नाइजर व लाइबेरिया की भी यात्रा की तथा इनके प्रमुख नेताओं से बातचीत की है.

उल्लेखनीय है कि सिएरा लियोन में तैनात संयुक्त राष्ट्र मिशन (United

शेष पृष्ठ 554 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रीड़ा जगत

सितम्बर 2000

16 सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेलों का पहला स्वर्ण पदक अमरीका की नैंसी जॉनसन ने महिलाओं की 10 मी एयर रायफल स्पर्द्धा में जीता. **भारत की अंजलि वेदपाठक (महाराष्ट्र) ने इस स्पर्धा में 8 निशानेबाजों के फाइनल दौर तक पहुँच कर भारतीय खेलों के लिहाज से इतिहास रचा. ओलम्पिक्स में फाइनल तक पहुँचने वाली वह भारत की पहली निशानेबाज हैं.**

– ईस्ट बंगाल ने कलकत्ता में मोहन बगान को फाइनल में हराकर आई.एफ.ए. शील्ड फुटबाल टूर्नामेन्ट जीत लिया.

17 सिडनी ओलम्पिक्स में भारतीय हॉकी टीम ने अपने पहले मैच में अर्जेन्टीना को 3-0 से पराजित किया. टेबल टेनिस में भारत के चेतन बबूर व पालोमी घटक अपने पहले मैचों में पराजित हो गए. रोविंग में पुरुषों की कॉक्सलेस पेयर में भारत के कासम खान व इंदर पाल की जोड़ी प्रारम्भिक हीट में पाँचवें अन्तिम स्थान पर रही. पुरुषों की ट्रैप निशानेबाजी में भारत के अनवर सुलतान 26वें स्थान पर रहे. महिला जूडो में ब्रोजेश्वरी देवी दो बाउट जीतने के पश्चात् चीन की लियु से पराजित हो गईं. भारत के युवा मुक्केबाज एस. सुरेश सिंह लाइट फ्लाइटवेट वर्ग में दक्षिण कोरियाई मुक्केबाज से हारकर मुकाबले से बाहर हो गए.

– न्यूजीलैण्ड ने जिम्बाब्वे के विरुद्ध दो टेस्ट मैचों की शृंखला का बुलावायो में सम्पन्न पहला क्रिकेट टेस्ट मैच जीतकर शृंखला में 1–0 से बढ़त प्राप्त कर ली.

18 पहले मैच में बाई मिलने के बाद भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी गोपीचन्द ने दूसरे दौर के मैच में यूक्रेन के खिलाड़ी के विरुद्ध विजय दर्ज की. मुक्केबाज जितेन्द्र ने 75 किग्रा वर्ग में कनाडा के डोनाल्ड को पराजित किया. निशा मिलेट महिलाओं की 200 मी फ्रीस्टाइल तैराकी में तथा 17 वर्षीय अभिनव बिन्द्रा जो सिडनी ओलम्पिक्स में सबसे कम उम्र का निशानेबाज था, मुख्य मुकाबलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए. निशा 39 तैराकों में 37वें स्थान पर रही, जबकि बिन्द्रा निशानेबाजी में 47 प्रतियोगियों में संयुक्त 11वें स्थान पर रहे.

टेबल टेनिस में भारत के चेतन बबूर ग्रुप सी के अपने दूसरे मैच में विजयी रहे, जबकि पालोमी घटक लगातार दूसरी बार हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई. महिला भारोत्तोलक सानामाचा चानू को 53 किग्रा वर्ग में छठा स्थान प्राप्त हुआ.

20 सिडनी ओलम्पिक्स के [illegible] भारत के लिएंडर पेस व महेश [illegible] जोड़ी पहले दौर में रूमानियाई [illegible] पराजित करके युगल टेनिस में दूसरे [illegible] पहुँचने में सफल रही, किन्तु [illegible] पेस अपने पहले ही मुकाबले में [illegible] हुए मुक्केबाज गुरचरण सिंह [illegible] प्रतिद्वन्द्वी को पराजित करके दूसरे [illegible]

सिडनी ओलम्पिक्स में भारत का पहला पदक : भारोत्तोलन में कर्णम मल्लेश्वरी की सफलता



सिडनी ओलम्पिक्स में भारत [illegible] पहला पदक (कांस्य) कर्णम [illegible] भारोत्तोलन में 69 किग्रा वर्ग में [illegible] ने कुल 240 किग्रा (स्नैच में 110 [illegible] क्लीन एण्ड जर्क में 130 [illegible] उठाकर यह उपलब्धि 19 सितम्बर [illegible] की. पहले व दूसरे स्थान पर रही [illegible] की लिन वी निंग व हंगरी की एर्जेबेट [illegible] ने 242·5–242·5 किग्रा वजन [illegible] वजन की होने के कारण लिन को [illegible] का स्वर्ण पदक प्रदान किया गया.

आन्ध्र प्रदेश मूल की 24 वर्षीय [illegible] मल्लेश्वरी ओलम्पिक खेलों में पदक [illegible] वाली पहली महिला हैं. ओलम्पिक्स [illegible] व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक जीतने [illegible] तीसरी भारतीय हैं. इससे पूर्व [illegible] हेलसिंकी में के. डी. जाधव ने कुश्ती [illegible] 1996 में अटलांटा में लिएंडर पेस [illegible] कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त [illegible]

हरियाणा में यमुनानगर में [illegible] निगम के कार्यालय में कार्यरत कर्णम [illegible] को इस सफलता के लिए 25 लाख [illegible] पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा हरियाणा सरकार ने की है. 51 लाख रुपए का [illegible] पुरस्कार उन्हें महाराष्ट्र के खेल राज्य मंत्री ने तथा 10 लाख रुपए का पुरस्कार [illegible] के मुख्यमंत्री ने प्रदान करने की घोषणा की है. 6 लाख रुपए की पुरस्कार राशि [illegible] सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाएगी. 5 लाख रुपए की पुरस्कार राशि [illegible] की घोषणा केन्द्रीय खाद्य मंत्रालय ने की है. आन्ध्र प्रदेश के कैटरागड्डा वेंकटनारायण [illegible] एक लाख रुपए का पुरस्कार कर्णम मल्लेश्वरी को प्रदान करने की घोषणा की है.

19 सिडनी में ओलम्पिक हॉकी में भारत व आस्ट्रेलिया के मध्य ग्रुप बी का मैच 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ. राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियन पी. गोपीचन्द तीसरे दौर के अपने मैच में विश्व के नम्बर दो खिलाड़ी हैडरावान (इण्डोनेशिया) से हार कर मुकाबलों से बाहर हो गए. टेबल टेनिस में चेतन बबूर व पालोमी घटक अपने एकल मुकाबलों में पुनः पराजित हुए.

प्रवेश कर गए. घुड़सवारी में [illegible] अनीस का प्रदर्शन अत्यन्त [illegible] रहा. महिला निशानेबाज [illegible] 50 मी स्मॉल बोर राइफल [illegible] 42 प्रतियोगियों में 33वें स्थान [illegible]

पुरुषों की तैराकी में 100 [illegible] स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक नए [illegible] साथ जीतकर नीदरलैण्ड्स [illegible] डेन हूगेनबैंड विश्व के सबसे [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...ग्रुप ई में मैरियन ग्रोंस (दोनों अमरीका) ने जीती.

24 भारत की के. एम. बीनामोल सिडनी ओलम्पिक में 400 मी दौड़ में एक सेमीफाइनल में अन्तिम आठवें स्थान पर रह कर पदक स्पर्द्धा से बाहर हो गईं. प्रारम्भिक हीट्स में बीनामोल इस स्पर्द्धा की सभी 57 प्रतियोगियों में सबसे आगे रही थीं. भारतीय मुक्केबाज गुरचरण सिंह ने 81 किग्रा वर्ग में अपने दूसरे दौर के मुकाबले में द. अफ्रीकी प्रतिद्वन्द्वी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. ओलम्पिक खेलों में उतरे भारत के एकमात्र पहलवान गुरविंदर सिंह 63 किग्रा वर्ग (ग्रीको रोमन शैली) में अपने ग्रुप में 3 में से केवल 1 मुकाबला जीतकर स्पर्द्धा से बाहर हो गए.

ओलम्पिक में महिलाओं की मैराथन दौड़ (42·2 किमी) 2 घण्टे 23 मिनट 14 सेकण्ड में पूरी करके जापान की नाओको ताकाहाशी इस स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली जापानी महिला हो गईं.

– इंडियाना पोलिस में सम्पन्न अमरीकी ग्रांड प्रिक्स फार्मूला-1 रेस माइकल शूमाकर ने जीती.

25 सिडनी ओलम्पिक में भारत की नीलम जसवंत सिंह चक्का फेंक में 32 प्रतिभागियों में 26वाँ स्थान प्राप्त कर सकीं. पुरुषों की लम्बी कूद के संजय कुमार राय की कूद को दर्ज ही नहीं किया गया. इस आयोजन में पुरुष व महिला वर्गों की 400 मी की दौड़ें क्रमशः माइकल जॉनसन (अमरीका) व कैथी फ्रीमैन (आस्ट्रेलिया) ने जीतीं. महिलाओं की पोल वॉल्ट में अमरीका की स्टैसी ड्रैगिला ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया. सॉफ्टबाल का स्वर्ण पदक अमरीका ने फाइनल में आस्ट्रेलिया को हराकर तथा महिलाओं की बीच वॉलीबाल का आस्ट्रेलिया ने फाइनल में ब्राजील को हराकर जीता. (बीच वॉलीबाल की प्रत्येक टीम में दो खिलाड़ी ही शामिल होते हैं).

26 ओलम्पिक हॉकी में भारत का ग्रुप बी में अन्तिम मैच पोलैण्ड के साथ 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ. जिससे भारत सेमीफाइनल में प्रवेश करने से वंचित हो गया. इस ग्रुप में भारत ने कुल 5 मैच खेले जिनमें से 2 में वह विजयी रहा, जबकि 1 में वह पराजित हुआ. भारत के दो मैच बराबरी पर छूटे. **ग्रुप बी में भारत व द. कोरिया, दोनों ने ही 8-8 अंक अर्जित किए तथा दोनों द्वारा किए गए व खाए गए गोल भी बराबरी पर रहे, किन्तु द. कोरिया को इस आधार पर सेमीफाइनल में प्रवेश मिला कि उसने ग्रुप मैच में भारत को पराजित किया था.**

27 सिडनी ओलम्पिक की लाइट हैवीवेट मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में भारत के गुरचरण सिंह व यूक्रेन के आन्द्री फेड चोक ने समान 12-12 अंक अर्जित किए, किन्तु अंकों की गणना प्रणाली की प्रतिकूलता के चलते फेड चोक को विजेता घोषित किया गया. इसके साथ ही भारत की सिडनी ओलम्पिक में कोई दूसरा पदक जीतने की सम्भावनाएं समाप्त हो गईं.

ओलम्पिक टेनिस की महिला एकल स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक अमरीका की वीनस विलियम्स ने फाइनल में रूस की एलेना डिमेंतिएवा को हराकर जीता. पुरुष युगल का स्वर्ण कनाडा के डेनियल नेस्टर व सेबेस्टियन लारेयू की जोड़ी ने फाइनल में आस्ट्रेलियाई जोड़ी 'वुडीज' को हराकर स्वर्ण पदक जीता. बेसबाल का स्वर्ण पदक अमरीका ने फाइनल में क्यूबा को हराकर जीता. साइक्लिंग में पुरुषों की रोड रेस का स्वर्ण पदक जर्मनी के जॉन उलरिच ने जीता.

28 ओलम्पिक हॉकी में पाँचवें व छठे स्थान के लिए भारत व ब्रिटेन के मध्य खेले गए मैच में ब्रिटेन विजयी रहा. इसके साथ ही चैम्पियंस ट्रॉफी में भागीदारी के लिए भी भारत की दावेदारी समाप्त हो गई. गोल्डन गोल की मदद से नार्वे ने अमरीका की 'गोल्डन गर्ल्स' की फुटबाल टीम को फाइनल में हराकर महिला फुटबाल का स्वर्ण पदक जीत लिया.

29 ओलम्पिक हॉकी में अर्जेन्टीना को 3–1 से पराजित करके भारत ने इस स्पर्द्धा में सातवाँ स्थान प्राप्त किया. एथलेटिक्स में पुरुषों व महिलाओं की 4 × 100 व 4 × 400 मी दौड़ों में तथा महिलाओं की जेवलिन थ्रो में भारतीय प्रतियोगी क्वाली-फाइंग दौर में ही बाहर हो गए. इसके साथ ही 27वें ओलम्पिक खेलों में भारतीय अभियान कर्णम मल्लेश्वरी के एकमात्र कांस्य पदक के साथ समाप्त हो गया.

महिला हॉकी में अर्जेन्टीना को फाइनल में हराकर आस्ट्रेलिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया. लयबद्ध तैराकी की युगल स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीतने के पश्चात् टीम स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक भी रूस ने ही जीता. पोलैण्ड के राबर्ट कोरजीनिओस्की 20 किमी पैदल चाल का स्वर्ण पदक जीतने के पश्चात् 50 किमी पैदल चाल का भी स्वर्ण पदक जीतने वाले विश्व के पहले एथलीट हो गए.

30 नीदरलैण्ड्स की साइकिल चालक लियोंटिन वान मूर्सेल ने महिलाओं की टाइम ट्रायल स्पर्द्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर सिडनी ओलम्पिक में साइकिलिंग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीत लिया. वह महिलाओं की रोड रेस व 3000 मी में दो स्वर्ण पदक पहले ही जीत चुकी हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुरुषों की हॉकी में द. कोरिया को फाइनल में हराकर नीदरलैण्ड्स ने, फुटबाल में स्पेन को हराकर कैमरून ने, महिला बास्केटबाल में आस्ट्रेलिया को हराकर अमरीका ने, महिला वॉलीबाल में रूस को हराकर क्यूबा ने स्वर्ण पदक जीते हैं.

अक्टूबर 2000

1 सिडनी ओलम्पिक में पुरुषों की बास्केटबाल का स्वर्ण पदक अमरीका ने फाइनल में फ्रांस को हराकर, वॉलीबाल का यूगोस्लाविया ने फाइनल में रूस को हराकर, वाटरपोलो का हंगरी ने फाइनल में रूस को हराकर तथा महिलाओं की हैंडबाल का डेनमार्क ने फाइनल में हंगरी को हराकर जीता. महिलाओं की पेंटाथलॉन का स्वर्ण ब्रिटेन की स्टेफनी कुक ने तथा लयबद्ध जिमनास्टिक्स का रूस की यूलिया बार्स्लूकोवा ने जीता.

इन खेलों का अन्तिम स्वर्ण पदक पुरुषों की मैराथन दौड़ में इथोपिया के गेजाग्ने अबेरा ने जीता.

– 27वें ओलम्पिक खेलों का सिडनी में स्टेडियम ओलम्पिया में एक भव्य समारोह में समापन हो गया. खेलों के समापन की औपचारिक घोषणा के पश्चात् अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष ने आगामी ओलम्पिक खेलों के मेजबान शहर एथेंस के मेयर को सौंप दिया. इन खेलों में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतकर अमरीका ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि रूस व चीन क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे.

– लक्जेमबर्ग में डब्ल्यू.टी.ए. टेनिस टूर्नामेन्ट का खिताब अमरीका की जेनिफर कैप्रियाती ने फाइनल में बुल्गारिया की मैगडालेना मालीवा को हराकर जीत लिया.

– बुलावायो (जिम्बाब्वे) में न्यूजीलैण्ड की टीम को तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में हराकर जिम्बाब्वे ने तीन एकदिवसीय मैचों की यह शृंखला 2-1 से जीत ली. शृंखला का पहला मैच हरारे में न्यूजीलैण्ड ने व दूसरा मैच बुलावायो में जिम्बाब्वे ने जीता था.

2 जयपुर में सम्पन्न हुए विश्व कप पोलो के योग्यता चक्र मुकाबलों में अपने अन्तिम मुकाबले में पाकिस्तान को पराजित करके भारत ने अगले वर्ष आस्ट्रेलिया में होने वाली विश्व कप पोलो प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है. अर्हता दौर में अपने सभी मैच जीत कर भारत ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है.

3 नैरोबी में 11 देशों के आई.सी.सी. नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेन्ट (मिनी विश्व कप) के उद्घाटन मैच में भारत ने कीनिया को 8 विकेट से पराजित कर दिया.

6 नई दिल्ली में सम्पन्न दसवीं राष्ट्रीय जूनियर थ्रो बाल चैम्पियनशिप के लड़के व लड़कियों के वर्गों के खिताब प. बंगाल व बिहार ने जीते.

सिडनी ओलम्पिक्स की पदक तालिका

देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य
अमरीका	39	25	33
रूस	32	28	28
चीन	28	16	15
आस्ट्रेलिया	16	25	17
जर्मनी	14	17	26
फ्रांस	13	14	11
इटली	13	8	13
हालैंड	12	9	4
क्यूबा	11	11	7
ब्रिटेन	11	10	7
रोमानिया	11	6	9
द. कोरिया	8	9	11
हंगरी	8	6	3
पोलैण्ड	6	5	3
जापान	5	8	5
बुल्गारिया	5	6	2
यूनान	4	6	3
स्वीडन	4	5	3
नार्वे	4	3	3
इथोपिया	4	1	3
उक्रेन	3	10	10
कजाकिस्तान	3	4	0
बेलारूस	3	3	11
कनाडा	3	3	8
स्पेन	3	3	5
तुर्की	3	0	1
ईरान	3	0	1
चेक गणराज्य	2	3	3
डेनमार्क	2	3	1
केन्या	2	3	2
फिनलैण्ड	2	1	1
आस्ट्रिया	2	1	0
लिथुआनिया	2	0	3
अजरबेजान	2	0	1
स्लोवेनिया	2	0	0
स्विट्जरलैण्ड	1	6	2
इण्डोनेशिया	1	3	2
स्लोवाकिया	1	3	1
मेक्सिको	1	2	3
अल्जीरिया	1	1	3
उज्बेकिस्तान	1	1	2

देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य
यूगोस्लाविया	1	1	0
लातविया	1	1	0
बहामास	1	1	0
न्यूजीलैण्ड	1	1	0
एस्तोनिया	1	1	0
थाईलैण्ड	1	0	0
क्रोएशिया	1	0	0
मोजाम्बिक	1	0	0
कोलम्बिया	1	0	0
कैमरून	1	0	0
ब्राजील	1	0	0
जमैका	0	6	3
नाइजीरिया	0	4	3
बेल्जियम	0	3	2
दक्षिण अफ्रीका	0	2	2
अर्जेन्टीना	0	2	1
ताइवान	0	1	1
मोरक्को	0	1	1
उत्तर कोरिया	0	1	1
त्रिनिडाड	0	1	1
मोल्डोवा	0	1	1
सऊदी अरब	0	1	1
वियतनाम	0	1	1
उरुग्वे	0	1	1
आयरलैण्ड	0	1	1
जॉर्जिया	0	0	1
पुर्तगाल	0	0	1
आर्मेनिया	0	0	1
कतर	0	0	1
भारत	0	0	1
कोस्टारिका	0	0	1
आइसलैण्ड	0	0	1
मकदूनिया	0	0	1
लातविया	0	0	1
चिली	0	0	1
इजरायल	0	0	1
कुवैत	0	0	1
बारबडोस	0	0	1
श्रीलंका	0	0	1
किर्गिस्तान	0	0	1

पुरुषों की पचास मीटर फ्रीस्टाइल में दो स्वर्ण पदक दिए गए रजत नहीं. महिलाओं की मीटर फ्रीस्टाइल में दो कांस्य पदक बाँटे. दो कांस्य जूडो और मुक्केबाजी के सभी वर्गों में दिए गए. एथलेटिक्स महिला ऊँची कूद में दो कांस्य दिए गए.

सिडनी ओलम्पिक्स के प्रमुख परिणाम एक दृष्टि में

स्पर्धा	स्वर्ण	रजत	कांस्य
हैण्डबाल			
पुरुष	रूस	स्वीडन	स्पेन
महिला	डेनमार्क	हंगरी	नॉर्वे
फुटबाल			
पुरुष	कैमरून	स्पेन	चिली
महिला	नॉर्वे	अमरीका	चीन
बेसबाल*			
	अमरीका	क्यूबा	कनाडा

* यह स्पर्धा केवल पुरुषों के लिए थी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...स्केटबाल		
...अमरीका	फ्रांस	लिथुआनिया
...अमरीका	आस्ट्रेलिया	ब्राजील
...लीबाल		
...यूगोस्लाविया	रूस	इटली
...क्यूबा	रूस	ब्राजील
...वॉलीबाल		
...अमरीका	ब्राजील	जर्मनी
...आस्ट्रेलिया	ब्राजील	
...की		
...नीदरलैण्ड्स द. कोरिया आस्ट्रेलिया (भारत का सातवाँ स्थान)		
...आस्ट्रेलिया	अर्जेन्टीना	नीदरलैण्ड्स
...टपोलो		
...हगरी	रूस	यूगोस्लाविया
...आस्ट्रेलिया		

प्रमुख व्यक्तिगत स्पर्द्धाएं

	स्वर्ण पदक
...थलन	
...	साइमन किटफील्ड (कनाडा)
...	ब्रिगिट मैकमोहन (स्विट्जरलैण्ड)
...र्न पेंटाथलन	
...	डमित्री स्वातकोव्स्की (रूस)
...	स्टेफनी कुक (ब्रिटेन)
...द्ध जिमनास्टिक्स	
...गत स्पर्द्धा	यूलिया बासुकोवा (रूस)
...स्पर्द्धा	रूस
...टन	
...एकल	जी शिनपेंग (चीन)
...एकल	गोंग शिकाओ (चीन)
...युगल	कांडा विजया व लोनी गुनावल (इण्डोनेशिया)
...युगल	गुफी व गु जुन (चीन)
...युगल	झांग जुन व गाओ लिंग (चीन)
...एकल	येवगेनी कैफेलनिकोव (रूस)
...एकल	वीनस विलियम्स (अमरीका)
...युगल	डेनियल नेस्टॉर एवं सेबेस्तीएन लारियू (कनाडा)
...युगल	वीनस विलियम्स एवं सेरेना विलियम्स (अमरीका)
...टेनिस	
...एकल	कॉंग लिंग हुई (चीन)
...एकल	वांग नान (चीन)
...युगल	वांग लिगुइन व यान सेन (चीन)
...युगल	वांग नान व ली जु (चीन)

तैराकी

पुरुष वर्ग :

50 मी फ्रीस्टाइल	गैरी हॉल व एंथोनी एर्विन (दोनों अमरीका, संयुक्त विजेता)
100 मी फ्रीस्टाइल	पीटर वान डेम हूगेनबैंड (नीदरलैण्ड्स)*
200 मी फ्रीस्टाइल	पीटर वान डेम हूगेनबैंड (नीदरलैण्ड्स)*
400 मी फ्रीस्टाइल	इयान थोर्पे (आस्ट्रेलिया)*
1500 मी फ्रीस्टाइल	ग्राट हैकेट (आस्ट्रेलिया)
4 × 100 मी फ्रीस्टाइल रिले	आस्ट्रेलिया* (माइकल क्लिन, क्रिस फिडलर, ऐस्ले काल्हस, इयान थोर्पे)
100 मी बैक स्ट्रोक	लैनी क्रायजेल्बर्ग (अमरीका)
100 मी ब्रैस्ट स्ट्रोक	डोमेनिका फियोरावंती (इटली)
400 मी व्यक्तिगत मेंडले	टॉम डोलान (अमरीका)*
200 मी ब्रैस्ट, स्ट्रोक	डोमेनिको फियोरावंती (इटली)
200 मी बैक स्ट्रोक	लैनी क्रायजेल्बर्ग (अमरीका)
200 मी व्यक्तिगत मेडले	मैसीमिलिआनो रोजोलिनो (इटली)
100 मी बटरफ्लाई	लार्स फ्रोएलैंडर (स्वीडन)
4 × 100 मी मेडले	अमरीका*
4 × 100 मी फ्री स्टाइल	आस्ट्रेलिया

महिला वर्ग :

	स्वर्ण पदक
50 मी फ्रीस्टाइल	इंगे डि ब्रुजिन (नीदरलैण्ड्स)
400 मी व्यक्तिगत मेडले	याना क्लोश्कोवा (यूक्रेन)
4 × 100 मी मेडले	अमरीका
4×100 फ्रीस्टाइल रिले	संयुक्त राज्य अमरीका* (एमी कान डिकेन, डारा टोरैस, कूर्टनी शीले, जैनी थॉम्पसन)
400 मी फ्रीस्टाइल	ब्रूक बेनेट (अमरीका)
100 मी फ्रीस्टाइल	इंगे डि ब्रुजिन (नीदरलैण्ड्स)*
100 मी बैक स्ट्रोक	डायना मोकानु (रूमानिया)

भारोत्तोलन

पुरुष वर्ग :

वर्ग	स्वर्ण पदक
56 किग्रा	हलील मुतलु (टर्की)
62 किग्रा	निकोले पेचालोव (क्रोशिया)
77 किग्रा	झान शुगान (चीन)
85 किग्रा	पाइरोस दिमास (यूनान)
94 किग्रा	अकाकिओस काकियास विलिस (यूनान)
105 किग्रा	हुसैन तवा को ली (ईरान)
105 किग्रा से अधिक	हुसैन रेजाजा रेह

महिला वर्ग :

48 किग्रा	इजाबेला ड्रागनेवा (बुल्गारिया)*
53 किग्रा	यांग शिया (चीन)
58 किग्रा	सोराया जिमेनेज (मेक्सिको)
75 किग्रा	मारिया इसाबेल उरुटिया (कोलम्बिया)
75 किग्रा से अधिक	डिंग मेल्युअन (चीन)

* मादक द्रव्यों के सेवन की पुष्टि के बाद स्वर्ण पदक छीना गया.

मुक्केबाजी

वर्ग	स्वर्ण पदक
48 किग्रा (लाइट फ्लाइवेट)	ब्राहिक असलम (फ्रांस)
51 किग्रा (फ्लाइवेट)	विजान पोनलिड (थाईलैण्ड)
54 किग्रा (बेंटम वेट)	गुईलमोर रिगोडि-याक्स (क्यूबा)
57 किग्रा (फेदरवेट)	बेकजात सत्तार खार्नोव (अजरबेजान)
60 किग्रा (लाइटवेट)	माटियो किंर्डेलन (क्यूबा)
63·5 किग्रा (लाइट वेल्टर वेट)	मोहम्मद कादिस अब्दुलाएव (उज्बेकिस्तान)
67 किग्रा (वेल्टरवेट)	ओलेग सेतोव (रूस)
71 किग्रा (लाइट मिडिल वेट)	यमनिवान इब्राइमोव (कजाखस्तान)
75 किग्रा (मिडिल वेट)	जॉर्ज गुतिएरेज (क्यूबा)
81 किग्रा (लाइट हैवीवेट)	एलेक्जेंडर लेबंसियाक (रूस)
91 किग्रा (हैवी वेट)	फेलिक्स सेवोन (क्यूबा) (लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक)

नोट : मुक्केबाजी की प्रत्येक स्पर्द्धा में 2-2 कांस्य पदक प्रदान किए जाते हैं.

कुश्ती (ग्रीको रोमन)

वर्ग	स्वर्ण पदक
54 किग्रा	सिम क्वोन हो (कोरिया)
58 किग्रा	आर्मेन नजारियन (बुल्गारिया)
63 किग्रा	वेटेरस समोरगाचेव (रूस)
69 किग्रा	फिलीबर्टो एजक्यू (क्यूबा)
76 किग्रा	मोउरात कार्डानोव (रूस)
85 किग्रा	हमजा येरिकाया (टर्की)
97 किग्रा	माइकेल ल्जुंगबर्ग (स्वीडन)
130 किग्रा	रुलोन गार्डनर (अमरीकी)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुश्ती (फ्रीस्टाइल)

वर्ग	स्वर्ण पदक
54 किग्रा	हामिद अब्दुल्लायेव (अजरबैजान)
58 किग्रा	अलिरेजा दाबिर (ईरान)
63 किग्रा	मुराद उमाखनोव (रूस)
69 किग्रा	डेनियल इगली (कनाडा)
76 किग्रा	एलेक्जेंडर लीपोल्ड (जर्मनी)
85 किग्रा	एडम ऐइलिएव (रूस)
97 किग्रा	साघिद मूर्ता सालियेव (रूस)
130 किग्रा	डेविड मुसोल्वेस (मेसीडोनिया)

एथलेटिक्स

पुरुष वर्ग :

100 मी	मॉरिस ग्रीन (अमरीका) (9.87 सेकण्ड)
110 मी बाधा	एनियर गार्सिया (क्यूबा)
200 मी	कांस्टैटिनोस केंटरिस (यूनान)
400 मी	माइकल जॉनसन (अमरीका)
400 मी बाधा	एंजेलो टेलर (अमरीका)
800 मी	नील्स शूमान (जर्मनी)
1500 मी	नोआ किपरोनो एन्गेनी (कीनिया)
5000 मी	मिलिऑन वोल्डे (इथोपिया)
10000 मी	हैली गेब्रसिलासी (इथोपिया)
4 × 100 मी	अमरीका
4 × 400 मी	अमरीका
3000 मी स्टेपल चेज़	रूबेन कोसगेई (कीनिया)
20 किमी पैदल चाल	रॉबर्ट कोर्जेनिओव्स्की (पोलैण्ड)
50 किमी पैदल चाल	रॉबर्ट कोर्जेनिओव्स्की (पोलैण्ड)
लम्बी कूद	इवान पेडरोसो (क्यूबा)
ऊँची कूद	सेरगेय क्ल्यूजिन (रूस)
तिहरी कूद	जोनाथन एडवर्डस् (ब्रिटेन)
शॉट पुट	आरसी हरजू (फिनलैण्ड)
जेवलिन थ्रो	जान जेलेज्नी (चैक)
हैमर थ्रो	जाइमोन जिओल्कोव्स्की (पोलैण्ड)
डिस्कस थ्रो	वर्जिलीजस अलेक्ना (लिथुआनिया)
पोल वाल्ट	निक हाईसाँग (अमरीका)
डेकाथलन	एरकी नूल (एस्टोनिया)
मैराथन	गेजाग्ने अबेरा (इथोपिया)

महिला वर्ग :

100 मी	मेरियन जोंस (अमरीका) (10.75 सेकण्ड)
110 मी बाधा	ओल्गा शिशिजिना (कजाखस्तान)
200 मी	मेरियन जोंस (अमरीका)
400 मी	कैथी फ्रीमैन (आस्ट्रेलिया)
400 मी बाधा	आइरीना प्रिवालोवा (रूस)
800 मी	मारिया मुटोला (मोजाम्बिक)
1500 मी	नूरिया मेराह बेनिडा (अल्जीरिया)
5000 मी	गैब्रिएला जाबो (रोमानिया)
10000 मी	डेरार्ट बुलु (इथोपिया)
4 × 100 मी	बहामास
4 × 400 मी	अमरीका
20 किमी पैदल चाल	वांग लीपिंग (चीन)
ऊँची कूद	येलेना येलेसना
तिहरी कूद	टेरेजा मारिनोवा (बुल्गारिया)
लम्बी कूद	हैक ड्रेशलर (जर्मनी, मैरियन जोंस को कांस्य)
शॉट पुट	यानिना कोरोलचिक (बेलारूस)
हैमर थ्रो	कामिला स्कोलिमोवस्का (पोलैण्ड)
डिस्कस थ्रो	एलिना ज्वेरेवा (बेलारूस)
जेवलिन थ्रो	ट्राइन हैटेस्टेड (नॉर्वे)
पोल वाल्ट	स्टेसी ड्रैगिला (अमरीका)
हैप्टाथलन	डेनिस लेविस (ब्रिटेन)
मैराथन	नाओको ताकाहाशी (जापान)

7 नैरोबी में आई.सी.सी. नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेन्ट के क्वार्टर फाइनल में विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया को 20 रन से हराकर भारत ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया.

भारत के पूर्व टेस्ट खिलाड़ी योगराज सिंह के पुत्र युवराज सिंह ने अपना पहला ही अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेलते हुए इस मैच में 80 गेंदों पर 84 रन की पारी खेली. एक-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में अपने पहले ही मैच में वह सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हो गए हैं. टूर्नामेन्ट के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराया.

8 अमरीका की सेरेना विलियम्स ने जापान में पहली बार ही खेलते हुए फ्रांस की जूली हेलार्ड-डेक्यूजिस को फाइनल में हराकर डब्ल्यू.टी.ओ. प्रिंसेज कप टेनिस टूर्नामेन्ट जीत लिया. इस टूर्नामेन्ट का युगल खिताब जूली हेलार्ड-डेक्यूजिस ने जापान की आई सुगियामा के साथ जोड़ी बनाकर जीता.

– आस्ट्रेलिया के मार्क फिलिपोसिस को हांगकांग में फाइनल में हराकर जर्मनी के निकोलस कीफर ने हांगकांग ओपन टेनिस का खिताब जीत लिया.

– सुजुका (जापान) में फेरारी पर सवारी करके जर्मनी के माइकल शूमाकर ने जापानी ग्रांड प्रिक्स फार्मूला-वन रेस जीत ली तथा 1994 व 1995 के बाद तीसरी बार इन रेसों के विश्व चैम्पियन होने का श्रेय प्राप्त किया.

9 कलकत्ता में 40वीं राष्ट्रीय एथलेटिक चैम्पियनशिप में पुरुषों की 100 मी दौड़ महाराष्ट्र के सचिन नवाले ने, 800 मी दौड़ बिहार के पी. जयकुमार ने तथा पोल वाल्ट चैम्पियनशिप पुलिस के श्याम शेखर सिंह ने जीती.

महिला वर्ग में 200 मी दौड़ वी. पंदेश्वरी ने व 5000 मी दौड़ ही मौली बीजू ने जीती. एलआईसी की हरदीप कौर ने रिकॉर्ड के साथ चैम्पियनशिप

– मडगाँव में चल रही नेशनल लीग फुटबाल चैम्पियनशिप अंक प्राप्त करके गत विजेता टूर्नामेन्ट की समाप्ति से पूर्व ही

– नैरोबी में आईसीसी ट्रॉफी आउट क्रिकेट टूर्नामेन्ट के फाइनल में जिम्बाब्वे को हराकर ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया

10 नैरोबी में आई.सी.सी. ट्रॉफी टूर्नामेन्ट में एक अन्य क्वार्टर इंगलैण्ड को हराकर द. अफ्रीका फाइनल में स्थान प्राप्त किया

– कलकत्ता में 40वीं राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में महिला वर्ग की 10 रेलवे की सरस्वती डे ने जीती

11 कलकत्ता में 40वीं ओपन एथलेटिक चैम्पियनशिप में पुरुष व वर्गों के टीम खिताबों के साथ-साथ ऑल चैम्पियनशिप भी रेलवे ने

– सईद अनवर के शतक के न्यूजीलैण्ड ने नैरोबी में आई.सी.सी. क्रिकेट टूर्नामेन्ट के सेमी पाकिस्तान को 4 विकेट से हरा टूर्नामेन्ट में सईद अनवर ने मैच में शतक बनाया.

13 कप्तान सौरभ गांगुली के शतक (141 रन) के बल पर द को सेमी फाइनल में 95 रनों से भारत ने नैरोबी में आई.सी.सी. क्रिकेट टूर्नामेन्ट के फाइनल में लिया.

14 गत चैम्पियन सुनीत फाइनल में हराकर महाराष्ट्र कीर्तने ने नई दिल्ली में डीएलटीए हार्डकोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप एकल खिताब तीसरी बार जीत 1996 व 1998 में इस खिताब रह चुके हैं. प. बंगाल के साथ मिलकर कीर्तने ने इस युगल खिताब भी जीता है

टूर्नामेन्ट का एकल खिताब ऑइल की रश्मि चक्रवर्ती ने साई जयलक्ष्मी को हराकर महिला युगल रश्मि चक्रवर्ती जयलक्ष्मी की जोड़ी ने जीता है

15 कप्तान सौरभ गांगुली दूसरी शतकीय पारी (117 रन)

शेष पृष्ठ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

संघ लोक सेवा आयोग

वर्ष 2001 के दौरान आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं का कार्यक्रम

परीक्षा का नाम	अधिसूचना की तारीख/ आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तारीख	परीक्षा प्रारम्भ होने की तारीख और उसकी अवधि	निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएं	आयु सीमा	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
(1) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2001	21·10·2000 20·11·2000	22·04·2001 (एक दिन)	(1) **राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के थल सेना स्कन्ध के लिए :** किसी राज्य शिक्षा बोर्ड या किसी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्कूली शिक्षा प्रणाली की 10+2 पैटर्न की 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या समकक्ष. (2) **राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के वायु सेना एवं नौसेना स्कन्धों तथा 10+2 नौसेना अकादमी की कार्यपालक शाखा पाठ्यक्रम हेतु :** किसी राज्य शिक्षा बोर्ड अथवा किसी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्कूली शिक्षा प्रणाली की 10+2 पैटर्न की 12वीं कक्षा भौतिकी और गणित विषयों के साथ उत्तीर्ण या समकक्ष	01·01·2002 को $16\frac{1}{2}$ से 19 वर्ष	स्कूली शिक्षा की 10+2 पैटर्न की 12वीं कक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा के अन्तर्गत बैठ रहे उम्मीदवार भी कुछ शर्तों पर प्रतियोगिता में बैठने के पात्र हैं.
...सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2001	25·11·2000 26·12·2000	20·05·2001 (एक दिन)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री या समकक्ष	01·08·2001 को 21–30 वर्ष	डिग्री परीक्षा में बैठ रहे उम्मीदवार भी कुछ शर्तों के अधीन प्रतियोगिता में बैठने के पात्र हैं.
...इंजीनियरिंग ...परीक्षा, 2001	06·01·2001 05·02·2001	16·06·2001 (तीन दिन)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग में डिग्री या समकक्ष. केवल कुछ सेवाओं/पदों के लिए बेतार सचार, इलेक्ट्रॉनिकी, रेडियो भौतिकी या रेडियो इंजीनियरी के विशेष विषय सहित एम.एससी. डिग्री या समकक्ष भी स्वीकार्य है.	01·08·2001 को 21–30 वर्ष	इंजीनियरिंग डिग्री या समकक्ष परीक्षा में बैठ रहे उम्मीदवार भी कुछ शर्तों के अधीन प्रतियोगिता में बैठने के पात्र हैं.
...वनपाल ...परीक्षा, 2001	10·02·2001 12·03·2001	14·07·2001 (दस दिन)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूविज्ञान, गणित, भौतिकी, सांख्यिकी तथा प्राणि विज्ञान में से कम-से-कम एक विषय के साथ स्नातक डिग्री या कृषि विज्ञान या वानिकी अथवा इंजीनियरी में डिग्री अथवा समकक्ष.	01·07·2001 को 21–30 वर्ष.	डिग्री परीक्षा में बैठ रहे उम्मीदवार (निर्धारित विषयों सहित) भी कुछ शर्तों के अधीन प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र हैं.
...संयुक्त ...परीक्षा, 2001	10·03·2001 09·04·2001	19·08·2001 (एक दिन)	– – तदैव – –	01·07·2002 को **भा.से.अ. के लिए :** 19–24 वर्ष; **नौसेना अकादमी के लिए :** 19–22 वर्ष; **वायु सेना अकादमी के लिए :** 19–23 वर्ष; तथा **अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के लिए :** 19–25 वर्ष.	डिग्री या समकक्ष परीक्षा में बैठ रहे उम्मीदवार भी कुछ शर्तों के अधीन प्रतियोगिता में बैठने के पात्र हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(6) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (II), 2001	07·04·2001 08·05·2001	16·9·2001 (एक दिन)	— — तदैव — —	01·07·2002 को $16\frac{1}{2}$ से 19 वर्ष	स्कूली शिक्षा की [illegible] की बारहवीं कक्षा [illegible] परीक्षा के [illegible] उम्मीदवार भी [illegible] प्रतियोगिता में [illegible]
(7) भूविज्ञानी परीक्षा, 2001	26·05·2001 25·06·2001	06·10·2001 (तीन दिन)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भूविज्ञान या अनुप्रयुक्त भूविज्ञान या समुद्री भूविज्ञान में मास्टर डिग्री अथवा समकक्ष	01·01·2001 को 21–32 वर्ष	मास्टर डिग्री [illegible] परीक्षा में [illegible] (निर्धारित विषयों [illegible] शर्तों के [illegible] भाग लेने के [illegible]
(8) सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2001	— —	19·10·2001 (इक्कीस दिन)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री या समकक्ष	01·08·2001 को 21–30 वर्ष	केवल ऐसे [illegible] परीक्षा देने के [illegible] प्रारम्भिक परीक्षा के [illegible] आधार पर [illegible] कर दिया गया है
(9) स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिसेज परीक्षा, 2001	23·06·2001 23·07·2001	25·11·2001 (एक दिन)	गणित तथा भौतिकी एवं रसायन विज्ञान में कम-से-कम एक विषय सहित प्रथम या द्वितीय श्रेणी में इंटरमीडिएट या स्कूली शिक्षा के 10+2 पैटर्न के अन्तर्गत सीनियर सेकण्डरी (12 वर्ष) परीक्षा या समकक्ष.	01·08·2001 को 17–21 वर्ष	निर्धारित विषयों [illegible] मीडिएट/स्कूली [illegible] पैटर्न के अन्तर्गत [illegible] ण्डरी (12 वर्ष) [illegible] डिग्री कोर्स के [illegible] परीक्षा या समकक्ष [illegible] वाले उम्मीदवार [illegible] अधीन परीक्षा में [illegible]
(10) भारतीय अर्थ सेवा/ भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2001	28·07·2001 27·08·2001	08·12·2001 (तीन दिन)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भारतीय अर्थ सेवा के लिए अर्थ-शास्त्र/अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र/ व्यव-साय अर्थशास्त्र/अर्थमिति में स्नात-कोत्तर डिग्री और भारतीय सांख्यिकी सेवा के लिए सांख्यिकी/गणितीय सांख्यिकी/अनुप्रयुक्त सांख्यिकी में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष	01·01·2001 को 21–30 वर्ष	संगत विषयों में स्नातक [illegible] अथवा समकक्ष परीक्षा [illegible] उम्मीदवार भी [illegible] अधीन प्रतियोगिता में [illegible] पात्र हैं.
(11) अनुभाग अधिकारी/आशु-लिपिक (ग्रेड 'ख'/ ग्रेड-1) सीमित विभागीय प्रतियो-गिता परीक्षा, 2001	07·07·2001 03·09·2001	26·12·2001 (चार दिन)	—	—	यह विभागीय परीक्षा [illegible] सरकारी कर्मचारियों [illegible] कुछ ही वर्षों के लिए [illegible]

नोट : 1. परीक्षाओं के अधिसूचित होने और प्रारम्भ होने की तारीखों तथा उपर्युक्त योग्यता शर्तों में परिस्थितिवश परिवर्तन हो सकता है.

2. विभिन्न परीक्षाओं के लिए विस्तृत विवरण सहित आयोग के विज्ञापन एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार तथा देश के [illegible] समाचार पत्रों के सामान्यतः शनिवारीय संस्करणों में प्रकाशित किए जाते हैं. विस्तृत सूचना के लिए आप कृपया परीक्षा के [illegible] को अधिसूचित होने के बाद देखें.

3. क्र.सं. 1, 2, 6 और 7 में दी गई रक्षा सेवा परीक्षाओं को छोड़कर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी श्रेणियों तथा [illegible] समय-समय पर अधिसूचित कुछ अन्य वर्गों के उम्मीदवारों के मामले में ऊपरी आयु सीमा में छूट है.

4. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा तथा सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा के लिए महिला उम्मीदवार पात्र नहीं हैं.

शेष पृष्ठ 547 का

Nations Mission in Sierra Leone–UNAMSIL) की भूमिका में परिवर्तन की सम्भावना के परिप्रेक्ष्य में भारत ने वहाँ तैनात शान्ति सेना में से अपने सैनिकों को हटा लेने का निर्णय गत सितम्बर माह में किया है. UNAMSIL की भूमिका को 'पीस कीपिंग' के स्थान पर 'पीस एन्फोर्समेन्ट' की करने का सुरक्षा परिषद् का विचार है जिसमें भारत की रुचि नहीं है. वहाँ तैनात शान्ति सेना के कमांडर मेजर जनरल वी. के. जेटली के शान्ति सेना में शामिल नाइजीरियाई स्टाफ के साथ मतभेद भी सम्भवतः इस निर्णय के पीछे एक कारण है. शान्ति सेना में भारतीय सैनिकों के बाद दूसरी बड़ी संख्या नाइजीरियाई सैनिकों की ही है.

संक्षिप्तकी

एम.आई.-6 के मुख्यालय पर प्रक्षेपास्त्री हमला

ब्रिटेन की विदेशी गुप्तचर सेवा एम.आई.-6 के लंदन स्थित मुख्यालय के भवन पर गत 20 सितम्बर की रात्रि को एक छोटे प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया जिससे भवन की आठवीं मंजिल क्षतिग्रस्त हुई है. हमले की इस कार्यवाही में उत्तरी आयरलैण्ड के रिपब्लिकन समर्थक गुटों का हाथ होने की सम्भावना व्यक्त की है.

जैविक हमलों से सुरक्षा हेतु चेचक के टीकों का आयात

व्यापक टीकाकरण [illegible] अमरीका में चेचक का [illegible] पूर्व ही किया जा चुका है तथापि [illegible] पूर्व सोवियत संघ में जैविक [illegible] के तहत तैयार किए हुए चेचक [illegible] के हाथ लग सकते हैं. [illegible] अमरीका पर जैविक हमला [illegible] सकता है. इस आशंका के [illegible] ब्रिटेन की एक फर्म से बड़ी [illegible] टीके उपलब्ध कराने को [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार संचयिका

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

ऋग्वेद में वर्णित आर्यों के पाँच कबीलों में से किसे 'दास' भी कहा जाता है?
– यदु एवं तुर्वस नामक कबीले को

ऋग्वेद में मरुस्थल के लिए कौनसा शब्द उपयोग हुआ है?
– धन्व

तृतीय संगम के अध्यक्ष कौन थे?
– नक्कीरर (यह उत्तरी मदुरा में 49 सदस्यों की उपस्थिति में हुई थी जिसमें 449 रचनाएं प्रस्तुत की गई थी)

नीतिशतक एवं वैराग्यशतक पुस्तकों के रचयिता कौन थे?
– भर्तृहरि

22 जून, 1555 ई. को मुगलों और अफगानों के बीच कहाँ युद्ध हुआ?
– सरहिंद

किस मुगल शासक द्वारा हिन्दू व्यापारियों के माल पर कर मुस्लिम व्यापारियों पर लगाए कर का दोगुना कर दिया गया था?
– औरंगजेब

महमूद गजनवी ने जब 1006 ई. में मुल्तान पर आक्रमण किया उस समय वहाँ का शासक कौन था?
– दाउद करमाथी

मध्यकालीन का वह कौनसा सम्राट था जिसने 'उल-वासिक बिल्लाह' की उपाधि धारण की थी?
– कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी

अकबर ने मेडता पर कब अधिकार किया?
– 1562 ई. में

डलहौजी के समय में सरकारी ऋण पर ब्याज की दर 5% से घटा कर कितने प्रतिशत कर दी गई?
– 4%

राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन

'यूनाइटेड इंडियन कमेटी' के संस्थापक कौन थे?
– योगेश चन्द्र बनर्जी (1853)

12. मद्रास में श्रीधरालु नायडू द्वारा 'ब्रह्म समाज ऑफ साउथ इंडिया' की स्थापना कब हुई?
– 1871 ई. में

13. गोदावरी पहाड़ियों में 1916 एवं 1922–24 में हुए रम्पा विद्रोह का नेतृत्वकर्ता कौन था?
– अल्लूरी सीताराम राजू

14. गांधीजी द्वारा कब 'असहयोग आंदोलन' स्थगित करने का निर्णय लिया गया था?
– 1922 में बारदोली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में

15. महात्मा गांधी ने किसे 'पोस्ट डेटेड चेक' कहा था?
– क्रिप्स मिशन को

16. बंगाल में 'राष्ट्रीय शोक दिवस' कब मनाया गया था?
– 16 अक्टूबर, 1905

17. ''ब्रिटिश सरकार अब प्रशासन के रूसी (जारशाही) तरीके अपनाने लगी है. प्रेस का गला घोंटने का नतीजा उसके लिए आत्मघाती साबित होगा.?'' यह कथन किसका है?
– दादाभाई नौरोजी (लंदन में)

18. भारत में 'राजनीतिक शिक्षा का जनक' किसे कहा जाता है?
– जॉर्ज थाम्पसन को

19. मेल्कम शिष्टमण्डल ब्रिटिश सरकार द्वारा 1808 ई. में कहाँ भेजा गया?
– ईरान

20. 1915 ई. में बम्बई (मुंबई) में हुए राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?
– सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

21. संविधान के किस अनुच्छेद में राज्यों द्वारा ग्राम पंचायतों का संगठन करने का वर्णन है?
– अनुच्छेद 40 में

22. 'दल-बदल विरोधी कानून' किस अनुसूची में वर्णित है?
– दसवीं अनुसूची

23. वित्तीय आपात (अनुच्छेद 360) की न्यूनतम अवधि कितनी होती है?
– दो माह

24. राष्ट्रपति पर महाभियोग का प्रस्ताव किसी भी सदन के कितने सदस्यों द्वारा पारित होना चाहिए?
– दो-तिहाई

25. किन राज्यों में लोक सभा एवं राज्य सभा के लिए क्रमशः 2 एवं 1 सीटों की व्यवस्था की गई है?
– मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं त्रिपुरा

26. डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में वर्णित किस भाग को 'सर्वाधिक आलोचित भाग' कहा था?
– भाग–3

27. 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत कितने क्षेत्रीय परिषदों (Zonal Councils) की स्थापना की गई?
– 5 (उत्तर, मध्य, पूर्वी, दक्षिणी एवं पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद्)

28. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 600 देशी रियासतों में से 552 रियासतों का भारत संघ में विलय करने का श्रेय किसे था?
– बल्लभ भाई पटेल (तत्कालीन गृहमंत्री)

29. किस देश के संविधान द्वारा भारत के संविधान में 'नीति-निर्देशक तत्व' को समाहित किया गया है?
– आयरलैण्ड

30. किस संविधान संशोधन अधिनियम के अन्तर्गत मौलिक कर्तव्यों को संविधान में समाहित किया गया?
– 42वें (1976)

भारत एवं विश्व का भूगोल

31. रावी नदी का उद्गम स्थल कहाँ है?
– पीरपंजाल श्रेणी के मध्य

32. भारत का जोग या गरसोप्पा जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?
– शरावती नदी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

33. भारत के सम्पूर्ण क्षेत्र का कितना प्रतिशत भू-भाग लगभग पठारी है?

– 28%

34. वर्तमान में हिमालय की उत्पत्ति का सबसे स्वीकृत सिद्धान्त कौनसा है?

– भू-विवर्तनिकी सिद्धान्त (Plate Tectonics)

35. गल्फस्ट्रीम (ऊष्ण) एवं लैब्रेडोर धारा (शीत) किस महासागर की जलधाराएं हैं?

– आंध्र महासागर की धाराएं

36. प्रेयरी (उत्तरी अमरीका) वेल्ड (अफ्रीका), केन्टरबरी (न्यूजीलैण्ड) किस कटिबंध के घास के मैदान हैं?

– शीतोष्ण कटिबंधीय

37. ग्रेट बेसिन रेंज किस प्रकार के पर्वत का उदाहरण है?

– ब्लॉक पर्वत

38. पृथ्वी की घूर्णन गति प्रति घण्टा कितने देशांतर हैं?

– 15° देशान्तर

39. सूर्य से दूरी के क्रम में बृहस्पति ग्रह का कौनसा स्थान है?

– पाँचवा

भारतीय अर्थव्यवस्था

40. कृषि मूल्य आयोग का गठन किस वर्ष किया गया था?

– 1965 में

41. जब किसी वस्तु के वास्तविक मूल्य के बजाय मौद्रिक मूल्य से प्रतिक्रिया व्यक्त की जाती है तब उसे क्या कहा जाता है?

– मुद्रा भ्रम (Money Illusion)

42. नवम् पंचवर्षीय योजना (1997–2002) में औद्योगिक उत्पादन लक्ष्य कितना रखा गया है?

– 8.5%

43. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक का मुख्यालय कहाँ है?

– लखनऊ में

44. उपभोक्ता के बचत का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया?

– अल्फ्रेड मार्शल

45. लघु क्षेत्र के उद्योगों का विकास एवं संवर्द्धन के उद्देश्य से किस वर्ष भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) की स्थापना की गई थी?

– अप्रैल 1990 में

46. केन्द्र सरकार के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की निवल साख में होने वाली वृद्धि क्या कहलाती है?

– मौद्रिकृत घाटा (Monetized Deficit)

47. भारतीय स्टेट बैंक (State Bank of India) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

– 1955 में

48. भारत में भूमि विकास बैंक की स्थापना सर्वप्रथम कब एवं कहाँ की गई थी?

– वर्ष 1929 में मद्रास में

सामान्य विज्ञान

49. लोहे पर जंग लगने से रोकने हेतु किस तत्व की पतली परत लोहे पर चढाई जाती है?

– जिंक

50. शुष्क सेल में किन तत्वों के मिश्रण से तैयार काला पेस्ट भरा जाता है?

– कार्बन का चूर्ण, मैंगनीज डाइ-ऑक्साइड एवं अमोनियम क्लोराइड का मिश्रण

51. आयोडीन एवं क्लोरीन तत्वों को किस वर्ग के अन्तर्गत रखते हैं?

– हैलोजन वर्ग

52. चन्द्रमा पर किसी वस्तु का भार, उसके पृथ्वी के भार का कितना होता है?

– $\frac{1}{6}$ गुना

53. ऊष्मा का सर्वाधिक मान्य मात्रक क्या है?

– जूल

54. विशिष्ट ऊष्मा सबसे अधिक किस द्रव्य की होती है?

– पानी की

55. गोलकृमि किस समुदाय या वर्ग का जन्तु है?

– हैलमिन्थस

56. कोशिका विभाजन (Cell Division) के किस अवस्था में प्रत्येक ध्रुव पर केन्द्रक सूत्रों (Chromosomes) के समूह चारों ओर केन्द्रक कला बन जाती है?

– टेलोफेज (अर्द्धसूत्रण विभाजन)

57. दाद (Ringworm) किस फफूँदी से उत्पन्न होता है?

– ट्राईकोफीटोन एवं माइक्रोस्पोरम (*Trichophyton and Microsporum*)

58. विटामिन D की कमी से [illegible] रोग का कारण बनती है [illegible] आती है एवं उल्टी होती है?

– [illegible] (Hy[illegible])

खेलकूद

59. वॉलीबाल के कोर्ट की [illegible] होता है?

– 18 [illegible]

60. क्रिकेट का पहला टेस्ट मैच [illegible] कब एवं किन दो देशों [illegible] गया था?

– 1877 में [illegible] इंगलैण्ड के बीच खेला

61. मई 2000 में क्वालालम्पुर [illegible] थॉमस कप बैडमिंटन [illegible] इण्डोनेशिया ने किसे [illegible] जीता?

62. मई 2000 में खेले गए [illegible] शतरंज चैम्पियनशिप [illegible] किसने जीता?

– अलेक्सांद्र नेनाशेव (रूस)

63. सेंटर फारवर्ड एवं रिवर्स [illegible] वलियाँ किस खेल से [illegible]

64. कर्टिस कप तथा यू [illegible] चैम्पियनशिप किस खेल [illegible] है?

65. क्रिकेट में बल्ले की [illegible] होती है?

66. शतरंज के किस खिला[illegible] 1999 का चैस ऑस्कर [illegible] किया गया है?

– गैरी कास[illegible]

विविध

67. भास्कर–2 को सोवियत [illegible] किस वर्ष अन्तरिक्ष में [illegible] गया था?

– [illegible]

68. मेगावाट क्षमता धारक [illegible] रिएक्टर की स्थापना [illegible] गई?

– 1956 [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यक्ति कौन थे?

– ई. ए. वॉन बेहरिंग (Emil A. Von Behring) (Germany)

78. दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित प्रथम महिला (अभिनेत्री-निर्मात्री) कौन थी?

– श्रीमती देविका रानी रोरिका (1969)

79. वर्ष 1999–2000 के लिए 'सीएट इंटरनेशनल क्रिकेट ऑफ द ईयर' पुरस्कार किस खिलाड़ी को दिया गया है?

– सौरभ गांगुली

सामयिक घटनाएं

80. चर्चित पुस्तक 'ए सोल्जर्स डायरी : कारगिल-द इनसाइड स्टोरी' के लेखक कौन हैं?

– हरेन्द्र बवेजा

81. वित्त राज्य मंत्री कौन हैं?

– बालासाहब विखे पाटिल

82. पूर्वोत्तर परिषद् में किस राज्य को शामिल किए जाने से इस परिषद् की सदस्य संख्या 8 हो गई है?

– सिक्किम

83. वित्तीय वर्ष 1999-2000 के दौरान भारत के निर्यातों में डॉलर मूल्य में कुल मिलाकर कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?

– 11.58%

84. गत अप्रैल 2000 को पहला राष्ट्रीय सांख्यिकीय पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?

– प्रो. जे. के. घोष

●●●

इस त्योहार पर अपने होनहार को दीजिये एक खास उपहार



दूर कर सके ताकि वह अज्ञान का अंधकार

प्रतियोगिता दर्पण 40.5 लाख से भी अधिक परीक्षार्थियों के ज्ञान का आधार है. यह 1978 से अज्ञान के अंधेरों को दूर कर रही है, देश की युवा शक्ति में एक नया विश्वास- नया जोश भर रही है.

हल प्रश्न-पत्र
आर.ए.एस./आर.टी.एस (मुख्य) 1999
म. प्र. व्याख्याता पात्रता (SLET) 1999
यू.जी.सी. 1999
सिडबी ऑफिसर्स 2000
एस.बी.आई (पी.ओ.) 2000
सिविल सेवा परीक्षा (प्रा.) 2000
मॉडल हल
बी.एस.आर.बी. (पी.ओ.)

विशेष आकर्षण

प्रतियोगिता दर्पण हिन्दी मासिक
2/11A, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा - 282 002. फोन : 323101, 323966, 322653
ज्ञान का उजाला..1978 से

APPROACH_PD/10.2000

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य

- बांग्लादेश की क्रिकेट टीम अपना प्रथम टेस्ट मैच किस टीम के विरुद्ध खेलेगी?
- बांग्लादेश की क्रिकेट टीम का नया कप्तान किसे नियुक्त किया है?
- प्रदेश में वनीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश सरकार ने किस योजना की घोषणा की है?
- विकलांगों में सृजनात्मक प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से पाँचवें अन्तर्राष्ट्रीय एबिलम्पिक्स का आयोजन अगस्त 2000 में कहाँ
- गुजरात के किस नगर को हाल ही में 'फ्लावर सिटी' के रूप में विकसित करने की योजना राज्य सरकार की है?
- हाल ही में भारत व फ्रांस के युद्धपोतों का छठा संयुक्त युद्धाभ्यास अगस्त 2000 में कहाँ सम्पन्न हुआ?
- सोवियत संघ से विघटित स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रकुल (CIS) का शिखर सम्मेलन 18-19 अगस्त, 2000 को कहाँ सम्पन्न हुआ?
- पहला अन्तर्राष्ट्रीय राजस्थानी सम्मेलन 23-24 सितम्बर, 2000 को कहाँ आयोजित होगा?
- चूहों के पेशाब में पाए जाने वाले कीटाणुओं के परिणामस्वरूप होने वाले 'लेप्टोसिपरोसिस' नामक रोग को देखते हुए किस में एक व्यापक चूहा मार अभियान चलाया गया था?
- 'कस्तूरबा-ए-लाइफ' नामक पुस्तक किसने लिखी है?
- भारतीय रेलवे बोर्ड का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?
- उत्तर प्रदेश सरकार ने नवगठित राज्य अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया है?
- इजराइल का नया राष्ट्रपति किसे चुना गया है?
- दिल्ली एड क्लब पुरस्कारों के अन्तर्गत किस विज्ञापन एजेन्सी को एजेंसी ऑफ द ईयर घोषित किया गया है?
- न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (NYSE) में सूचीबद्ध होने वाली भारत की प्रथम सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी कौनसी है?
- देश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वालों की स्थिति सुधारने के लिए कौनसा नीतिगत दस्तावेज केन्द्र सरकार किया जा रहा है?
- संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दि शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने के लिए किसे चुना गया है?
- तमिलनाडु की राज्यपाल एम. फातिमा बीबी ने भारतीय नौसेना के विशाखापट्टनम स्थित किस तकनीकी संस्थान को राष्ट्र किया?
- भोपाल शहर की पेयजल आपूर्ति किस परियोजना से प्रस्तावित है?
- फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन ने इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार किसे प्रदान किया
- इंगलैण्ड में क्वीन एलिजाबेथ के जन्म दिन के अवसर पर घोषित सम्मानों की सूची में इंगलैण्ड एण्ड वेल्स क्रिकेट बोर्ड की कमेटी के पूर्व चेयरमेन ब्रायन डाउनिंग को किस सम्मान से सम्मानित किया गया है?
- नवनिर्वाचित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंगारू लक्ष्मण किस राज्य से राज्य सभा के सदस्य हैं?
- वर्तमान में भारतीय बाल फिल्म सोसाइटी की चेयरमैन कौन हैं?
- विधि आयोग का राष्ट्रीय अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?
- 'वीमेन एण्ड इस्लाम' नामक चर्चित पुस्तक के लेखक कौन हैं?
- चन्दन तस्कर वीरप्पन से अपहृत फिल्म अभिनेता राजकुमार की रिहाई के लिए बातचीत कर रहे आर. आर. गोपाल पत्र के सम्पादक हैं?
- योजना आयोग ने वर्ष 2000-2001 के लिए मध्य प्रदेश के लिए कितने रुपए की वार्षिक योजना निर्धारित की है?
- राष्ट्रीय महिला आयोग व छः उत्तरी राज्यों के महिला आयोगों का तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन 26-28 अगस्त सम्पन्न हुआ?
- राजस्थान के लिए वर्ष 2000-2001 की वार्षिक योजना कितने रुपए की निर्धारित की गई है?
- चालू वित्तीय वर्ष 2000-2001 के लिए योजना आयोग ने बिहार राज्य हेतु कितने रुपए निर्धारित किए हैं?
- राजस्थान राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शाहजहाँ

शाहजहाँ का मूल नाम खुर्रम था. उसका जन्म राजपूत राजकुमारी जगत गोसाई के गर्भ से 5 जनवरी, 1592 ई को लाहौर में हुआ.

खुर्रम को फारसी भाषा का अच्छा ज्ञान था, जबकि तुर्की भाषा में उसकी कोई रुचि नहीं थी.

1607 ई. में खुर्रम को 8000 जाट और 5000 सवार का मनसबदार बनाया गया.

1603 ई. में उसे हिसार फिरोजा की जागीर सौंपी गई. जिसे गद्दी का उत्तराधिकारी समझा जाता था उसे ही हिसार फिरोजा की जागीर सौंपी जाती थी.

1610 ई. में खुर्रम का विवाह मुजफ्फर हुसैन सफावी की पुत्री से हुआ.

1612 ई. में आसफ खाँ की पुत्री अर्जुमंद बानो बेगम से उसका विवाह हुआ वही अर्जुमंद बानो मुमताज महल के नाम से विख्यात हुई.

इस विवाह के फलस्वरूप खुर्रम शाहजहाँ जुनता का सदस्य बन गया. शाहजहाँ जुनता नामक इस दल ने दस वर्ष तक शासन की बागडोर अपने हाथ में रखी.

इस दौरान खुर्रम को जहाँगीर का उत्तराधिकारी समझा जाने लगा और उसे 30,000 जाट और 20,000 सवार का मनसब दिया गया.

1614 ई में खुर्रम ने मेवाड़ के राणा अमर सिंह को परास्त कर सन्धि करने के लिए मजबूर किया.

1615 ई में खुर्रम को दक्खन की सूबेदारी सौंपी गई और शाह की उपाधि दी गई.

दक्खन में खुर्रम ने मलिक अम्बर को शिकस्त दी. इससे खुश होकर जहाँगीर ने उसे गुजरात की जिम्मेदारी सौंप दी.

1622 ई में नूरजहाँ ने अपनी पुत्री लाडली बेगम का विवाह जहाँगीर के पुत्र शहरयार से कर दिया. अब वह शहरयार को बादशाह बनाने का प्रयत्न करने लगी.

शाहजहाँ खुर्रम विद्रोह करने पर मजबूर हुआ और एक स्थान से दूसरे स्थान पर मारा-मारा फिरता रहा.

- 1626 ई. में पिता-पुत्र में मेल हो गया.
- जहाँगीर की मृत्यु के बाद गद्दी पर अपने-अपने दावेदार बैठाने के लिए आसफ खाँ और नूरजहाँ के बीच संघर्ष शुरू हो गया.
- समय का लाभ उठाते हुए आसफ खाँ ने कुछ समय के लिए खुसरो के पुत्र दावर बख्श को सिहासन पर बैठाया और खुर्रम को दक्खन से आमंत्रित किया.
- इसी दौरान शहरयार ने स्वयं को लाहौर में बादशाह घोषित कर दिया.
- आसफ खाँ और शहरयार के बीच लाहौर के समीप युद्ध हुआ जिसमें शहरयार पराजित हुआ और कैद कर अन्धा कर दिया गया.
- फरवरी 1628 ई. में खुर्रम का राज्यारोहण हुआ और उसके नाम का खुतबा पढ़ा गया.
- शाहजहाँ ने आसफ खाँ को 8000 जाट और 8000 सवार का और महाबत खाँ को 7000 जाट और 7000 सवार का मनसब प्रदान किया.
- नूरजहाँ को पेंशन दे दी गई. उसने शेष जीवन लाहौर में व्यतीत किया 1645 ई. में उसकी मृत्यु हो गई.
- शाहजहाँ के शासनकाल में पहला विद्रोह खान जहान लोदी का हुआ. दक्खन में उसने रिश्वत लेकर बालाघाट निजाम को सौंप दिया था.
- खान जहान लोदी ने नूरजहाँ के समर्थन में बगावत की, लेकिन शीघ्र ही समर्पण कर दिया.
- खान जहान लोदी को दक्खन की सूबेदारी पुनः सौंपकर बालाघाट पुनः प्राप्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गई. लोदी इस जिम्मेदारी को पूरा करने में असफल रहा.
- खान जहान को आगरा बुला लिया गया और महाबत खाँ को दक्खन की सूबेदारी सौंपी गयी.
- खान जहान लोदी ने पुनः विद्रोह किया जिसे बड़ी मुश्किल से दबाया गया. 1631 ई. में खान जहान लोदी सिहोंदा के समीप मारा गया.
- शाहजहाँ के शासनकाल में बुन्देलखण्ड में दो विद्रोह क्रमशः 1628-29 और 1635-36 ई. में हुए. दोनों ही विद्रोह वीर सिंह देव बुन्देला के पुत्र जुझार सिंह द्वारा किए गए.
- जुझार सिंह ने जब स्वयं को स्वतंत्र घोषित किया उस समय कुछ समय के लिए शाहजहाँ उसके खिलाफ कोई कार्यवाही न कर सका, क्योंकि काबुल की सीमा पर ट्रांस आक्सियाना के शासक जामिद के आक्रमण हो रहे थे.
- शाहजहाँ ने जुझार सिंह को दबाने के लिए तीन सेनाएं एक साथ महाबत खाँ, अब्दुल्लाह खाँ और खान जहान के नेतृत्व में भेजीं.
- जुझार सिंह ने समर्पण कर दिया और बादशाह ने उसे माफ कर दक्खन में सेवा में ले लिया.
- पाँच वर्ष तक ईमानदारी से मुगलों की सेवा करने के बाद जुझार सिंह बुंदेलखण्ड वापस आ गया और उसने गोंडवाना जो मुगलों के अधीन नहीं था, को विजित करने की योजना बनाई.
- जुझार सिंह ने वहाँ के राजा प्रेम नारायण को धोखे से मार डाला.
- प्रेम नारायण के पुत्र की प्रार्थना पर शाहजहाँ ने जुझार सिंह को गोंडवाना वापस करने का आदेश दिया.
- जुझार सिह ने आदेश मानने से इनकार कर बगावत कर दी.
- औरंगजेब ने जुझार सिंह को अनेक युद्धों में हराया. अन्त में गौंडों ने जुझार सिंह और उसके पुत्र विक्रमजीत की हत्या कर दी.
- जुझार सिंह के पश्चात् चंपतराय के पुत्र छत्रसाल ने स्वतंत्रता के लिए संघर्ष जारी रखा.
- 17 जून, 1631 ई. को दक्षिण में मुमताज महल की मृत्यु हो गई. उसे पहले बुरहानपुर में दफनाया गया तत्पश्चात् आगरा में.
- मुमताज महल को मलिका-ए-जमानी की उपाधि दी गई थी.
- सती-उन-निसा खानुम मुमताज महल की प्रमुख मित्र और सलाहकार थीं.
- दक्खन में मलिक अम्बर के पुत्र फतेह खाँ ने आसफ खाँ के उकसाने पर

शेष पृष्ठ 581 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत में नियोजन प्रक्रिया

योजना का निर्माण कार्य निश्चय ही एक कठिन कार्य है तथा इसे विभिन्न प्रक्रियाओं से होकर गुजरना पड़ता है. इसके लिए अत्यधिक अध्ययन, शोध तथा वाद-विवाद की भी आवश्यकता होती है. सर्वप्रथम, व्यापक सामाजिक एवं राजनीतिक उद्देश्यों को ध्यान में रखकर योजना आयोग (Planning Commission) द्वारा दीर्घ-कालीन परिप्रेक्ष्य में योजना निर्माण का कार्य शुरू होता है जो 15-20 वर्षीय होता है. इस दीर्घकालीन उद्देश्यों की पृष्ठिभूमि में ही पंचवर्षीय योजनाएं बनाई जाती हैं.

भारत की आयोजन प्रणाली पूँजीवादी नियोजन एवं समाजवादी नियोजन के मध्य की स्थिति अर्थात् मिश्रित नियोजन की स्थिति है जिसमें 'सामाजिक हितों' के साथ-साथ 'व्यक्तिगत हितों' और 'सार्वजनिक क्षेत्र' के विस्तार के साथ-साथ 'निजी क्षेत्र' को प्रोत्साहन एक साथ दिए जाते हैं. भारत में पंचवर्षीय योजना को अन्तिम रूप देने से पूर्व छः निर्माण अवस्थाओं से होकर गुजरना पड़ता है, जोकि निम्नलिखित हैं–

(I) प्रथम अवस्था (First Stage)– किसी भी योजना का निर्माण कार्य साधारण-तया तीन वर्ष पूर्व ही शुरू कर दिया जाता है. योजना आयोग (Planning Commission) सर्वप्रथम अर्थमिति तथा अन्य तकनीकी अध्ययनों के आधार पर एक दीर्घकालीन नियोजन की रूपरेखा तैयार करता है जिसमें आर्थिक, सामाजिक व संस्थागत अवगुणों को दूर करने के उपाय सम्मिलित किए जाते हैं. इस रूपरेखा का निर्माण चक्रीय आधार (rolling basis) पर किया जाता है ताकि भूत, वर्तमान और भविष्य की स्थितियों का तुलनात्मक ढंग से विश्लेषण किया जा सके. प्रत्येक योजना के साथ उसका एक विकास मॉडल भी तैयार किया जाता है. उदाहरणार्थ, द्वितीय एवं तृतीय पंचवर्षीय योजना में महालोनोविस मॉडल का उपयोग किया गया था. योजना आयोग अपनी यह रिपोर्ट 'केन्द्रीय मंत्रिमण्डल' (Cabinet) तथा 'राष्ट्रीय विकास परिषद्' (National Development Council) के समक्ष पर्यवेक्षण व विचार-विमर्श हेतु प्रस्तुत करता है. तत्पश्चात् केन्द्रीय मंत्रिमण्डल व विकास परिषद् द्वारा योजना आयोग को उद्देश्यों, विकास की दर तथा विभिन्न दृष्टिकोणों के सम्बन्ध में प्रारम्भिक सुझाव दिए जाते हैं ताकि योजना आयोग उन पर पुनः विचार कर सके. याद रहे, इस अवस्था में योजना का भौतिक स्वरूप निश्चित नहीं किया जाता है.

(II) द्वितीय अवस्था (Second Stage)–इस अवस्था में योजना के भौतिक आकार के आधार पर एक प्रारम्भिक 'स्मरण लेख' (Draft Memorandum) तैयार किया जाता है. योजना आयोग इस कार्य हेतु विभिन्न क्षेत्रों के लिए, अपने विशेषज्ञों व सम्बन्धित मंत्रालयों के विशेषज्ञों को सम्मिलित कर अनेक कार्यकारी दलों (Working groups) व उपदलों (sub-groups) की स्थापना करता है. प्रत्येक कार्यकारी दल व उपदलों को अपने-अपने क्षेत्र से सम्बन्धित विकास आवश्यकताओं की रिपोर्ट योजना आयोग को देनी होती है. इस प्रकार कार्यकारी दल व उपदल केन्द्र व राज्य स्तर पर भी स्थापित किए जाते हैं.

योजना आयोग योजना का अस्थायी रूप तैयार करते समय अर्थव्यवस्था के विभिन्न परस्पर प्रतिस्पर्धात्मक पक्षों जैसे, वस्तुओं की माँग व पूर्ति, आयात व निर्यात, उपभोग व उत्पादन, बचत व विनियोग आदि विषयों का विश्लेषण करके संतुलन की प्रक्रिया (Process of balancing) लागू करता है. पंचवर्षीय योजनाओं का निर्माण करते समय योजना आयोग द्वारा विभिन्न प्रकार की तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है, जैसे–बजट प्रणाली, संतुलन प्रक्रिया तथा रेखीय प्रोग्रेमिंग आदि. कार्यकारी रिपोर्टों के आधार पर योजना आयोग योजना का प्रारम्भिक स्मरण लेख तैयार करता है जिसे सर्वप्रथम केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के समक्ष विचार-विमर्श के लिए प्रस्तुत किया जाता है. इसके बाद इस 'स्मरण लेख' पर राष्ट्रीय विकास परिषद् अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त करती है.

(III) तृतीय अवस्था (Third Stage)–राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा की गई समीक्षा व दिए गए सुझावों के बाद योजना की रूपरेखा (Draft Outline) तैयार की जाती है. योजना की रूपरेखा स्मरण-लेख की अपेक्षा अत्यधिक विस्तृत अभिलेख (Document) है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित उद्देश्यों, लक्ष्यों, नीतियों व विकास कार्यक्रमों का व्यापक उल्लेख किया जाता है. योजना की तैयार रूपरेखा विभिन्न मंत्रालयों व राज्य सरकारों में प्रसारित की जाती है ताकि वे अपने सुझाव प्रस्तुत कर सके. याद रहे, स्मरणलेख की भाँति ही योजना की रूपरेखा [illegible] परिषद् से पहले केन्द्रीय [illegible] समक्ष प्रस्तुत की जाती है [illegible] की स्वीकृति मिल जाने [illegible] अभिलेख जनता के लिए [illegible] जाता है. योजना के इस [illegible] सभा व राज्य सभा में [illegible] विभिन्न राजनीतिक दलों [illegible] अनुमोदन, उसमें आवश्यक [illegible] प्रत्यादेश (rejection) सम्बन्धी [illegible] किए जाते हैं.

(IV) चतुर्थ अवस्था [illegible] Stage)–चतुर्थ अवस्था में [illegible] का प्रारूप राष्ट्रीय स्तर पर [illegible] है, योजना आयोग विभिन्न [illegible] सरकारों के साथ मिलकर [illegible] लिए योजना की रूपरेखा [illegible] विचार-विमर्श मुख्यतः [illegible] अतिरिक्त साधनों की गतिशीलता [illegible] कार्यक्रमों से सम्बन्धित होते हैं.

(V) पाँचवीं अवस्था [illegible] इस अवस्था में योजना [illegible] सरकारों के साथ हुए [illegible] कार्यकारी दलों की रिपोर्ट [illegible] समितियों के सुझाव के [illegible] तरीके से योजना के [illegible] तैयार करता है, जिसमें [illegible] तत्वों, नीतियों व अन्य [illegible] समावेश किया जाता है [illegible] स्मरण लेख अर्थात् ड्राफ्ट [illegible] की भाँति केन्द्रीय मंत्रिमण्डल [illegible] विकास परिषद् के समुख [illegible]

(VI) षष्टम् अवस्था [illegible] इस अवस्था में योजना [illegible] विकास परिषद् द्वारा निकट [illegible] आधार पर पंचवर्षीय योजना [illegible] प्रतिवेदन तैयार करता है [illegible] उद्देश्यों, विकास कार्यक्रमों [illegible] का पूर्ण ब्यौरा दिया जाता [illegible] इस प्रारूप पर पुनः [illegible] राज्य सरकारों द्वारा [illegible] जाती हैं. इसके बाद [illegible] मंत्रिमण्डल व राष्ट्रीय [illegible] अन्तिम स्वीकृति के लिए [illegible] है. विकास परिषद् की [illegible] देश का प्रधानमंत्री [illegible] संसद के समक्ष प्रस्तुत [illegible] पर खुलकर बहस होती [illegible] की स्वीकृति मिलते ही [illegible] का रूप ले लेती है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानव जाति का विकास

(Evolution of Man)

✍ निमाई कृष्ण राय

मानव की उत्पत्ति का विषय विशेष
पूर्ण है. मानव जाति की उत्पत्ति और
त के सम्बन्ध में उन्नीसवीं शताब्दी में
र्विन द्वारा रचित पुस्तक 'प्राणी
त का सिद्धान्त' (1860) पाश्चात्य
में प्रथम पुस्तक थी. यद्यपि भारतवर्ष
एवं पुराणों में सोलह अवतारों के
म से अजैव से जैव, जलचर से
र व नभचर एवं पशु से मानव के
म को प्राचीन काल में (2 से 7
वर्ष पूर्व) भी समझा दिया गया था.
ने मानव की उत्पत्ति के सम्बन्ध में
के विकास को स्पष्ट करते हुए
द्धांत प्रतिपादित किए–

(1) रूपान्तरण के सिद्धांत–प्रत्येक
का रूप अनेक दिशाओं में बदलता
है. रूपान्तरण की दिशाएँ होने के
परिवर्तित रूप भी अनेक प्रकार के

(2) अनुकूलन का सिद्धांत–इस प्रक्रिया
रूपों में अपने पर्यावरण में जीवित
ने की क्षमता अन्य जीवों की अपेक्षा
होती है.

(3) प्राकृतिक चुनाव–जिन जीवों में
न की क्षमता होती है वे जीवित
शेष नष्ट हो जाते हैं जिनमें जीवन
धिक होती है. प्रकृति उन्हीं को
रखती है.

डार्विन ने क्रमिक विकास की अव-
जैविक संदर्भ में प्रस्तुत की. डार्विन
तिपादित सिद्धांत का अनुमोदन टी.
क्सले ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक
में मानव का स्थान' (Man's Place
ture) में किया. हक्सले की विचार-
धारा थी जिसके द्वारा मनुष्य की
अन्य प्राणियों से मानी गई है.

मानव के निकटतम पूर्वजों में जिस वर्ग
जीवों को सम्मिलित किया जाता है,
उच्च-स्तन्य मानव अथवा प्राइमेट
mates) अथवा प्राथमिक वर्ग कहा
है. यही प्राथमिक वर्ग की शाखा ही
जाति की शाखा थी. इसी शाखा पर
मानव जाति कई लाख वर्ष पूर्व पुष्पित
हुआ. विकास के कुछ समय बाद ही
अपनी बुद्धि एवं आविष्कार शक्ति से
वातावरण में महत्वपूर्ण परिवर्तन करना
प्रारंभ कर दिया. अतः प्राणी वर्ग के इस
विशेष वर्ग के पूर्व पितामह एक ही शाखा से थे. शरीर रचना तथा मस्तिष्क की दृष्टि से मानव को हम एक विशेष प्रकार का वानर (Ape) मान सकते हैं. इसे हम निम्न प्रकार से स्पष्ट कर सकते हैं–



इस वर्ग के प्राणियों के जितने भी परिवार हैं उन सभी में निम्नलिखित सामान्य विशेषताएँ पाई जाती हैं–

1. सामान्यतः यह सभी स्तनधारी (Mammal) वर्ग के होते हैं.

2. इनमें दो ही स्तन ग्रन्थियाँ होती हैं.

3. वस्तुओं की पकड़ के लिए अँगूठा अन्य उँगलियों से भिन्न होता है.

4. इस वर्ग के जीवों में कन्धे की हड्डियों का समुचित विकास हुआ है. कन्धे से जुड़े हाथ वस्तुओं को पकड़ने के लिए उपयोग में लिए जाने लगे.

5. हाथ को किसी भी दिशा में घुमाया जा सकता है, यह इस वर्ग की विशेषता है.

6. हाथ और पैरों में समान रूप से पाँच-पाँच उँगलियाँ होती हैं जो वस्तु को पकड़ने तथा उसे मुँह तक पहुँचाने में सहायता करती हैं.

7. जबड़े का भाग आगे की ओर अधिक उभरा हुआ नहीं होता है जबकि अन्य निम्न वर्ग स्तन्य प्राणियों में पाया जाता है.

8. आँखें खोपड़ी के मध्य भाग में होती हैं. इस कारण इनमें समदर्शिता का विकास होता है.

9. नासिका क्षेत्र छोटा होता है.

10. इनका मस्तिष्क अपेक्षतः 1,100 से 1,500 cc तक दीर्घ होता है.

11. दाँतों की संख्या 28 से 36 तक पाई जाती है.

मानव उत्पत्ति के समय

यह अत्यन्त दुष्कर कार्य है मानव के विकास का क्रमबद्ध इतिहास लिखना. प्रागैतिहासिक काल के लगभग 6 प्रकार के प्राचीन प्राइमेट (उच्च-स्तन्य) वर्गीय प्राणियों के अवशेष मिलते हैं. सबसे प्राचीन मानव के अवशेष आदि नूतन युग (Oligocene Period) के मिस्र देश से प्राप्त हुए हैं. इसके बाद बड़े-बड़े बन्दरों के वंशजों के अवशेष पूर्वमध्य नूतन युग (Upper Miocene Period) तथा अति नूतन युग (Pliocene) के यूरोप तथा भारत में विशेष रूप से पाए जाते हैं. इन सभी प्रस्तरीय अवशेषों से पता चलता है कि ओलिगोसीन युग के उत्तरार्द्ध में ही वानर के उद्भव के चिह्न दिखाई देने लग गए थे. मिस्र के फय्यूम (Fayum) क्षेत्र में पाए जाने वाले 'पेरापिथेकस' (Parapithecus) और प्रोपमायोपिथेकस के जीवाश्मों से इन वानरों के पूर्वजों का सम्बन्ध जोड़ा जाता है. दक्षिण-पूर्वी एशिया में पाए जाने वाले गिबन, ओरांग-उटान, अफ्रीका के गोरिल्ला और चिंपाजी ऐसे ही वानर वर्ग के सदस्य थे.

जीवाश्म प्राइमेट्स (उच्च स्तन्य अथवा प्राथमिक वर्ग के प्राणी-Fossil Primates)

जीवाश्म विज्ञान (Palaeontology) से मानव के उद्विकास और होमीनीड (Hominide) की उत्पत्ति के सम्बन्ध में अनेक महत्वपूर्ण प्रमाण मिले हैं. भू-वैज्ञानिक इतिहास के आरंभिक तृतीय महाकल्प (650 लाख वर्ष पूर्व) में आदिम 'प्राइमेट्स' के होने के संकेत मिलते हैं. यद्यपि यह शारीरिक दृष्टि से 'प्राइमेट्स' की अवस्था में शामिल नहीं किए जा सकते हैं, परन्तु इन्हें उन्नत प्राणी माना जा सकता है. इस काल की जलवायु उष्ण थी. ओलिगोसीन काल (650 लाख से 546 लाख वर्ष पूर्व) में अनेक प्राइमेट्स पाए जाते थे. इनके 60 वंशों (Genera) का पता लगाया गया है तथा इनको 8 परिवारों में वर्गीकृत किया गया है. ऑलिगोसीन (Oligocene) और इओसीन काल (650 लाख से 380 लाख वर्ष पूर्व) में उन्नत प्रकार के प्राथमिक वर्ग के प्राणी (Primates) पाए जाने लगे. मायोसीन (Miocene) काल (380 लाख से 260 लाख वर्ष पूर्व) आदिम एन्थ्रोपोइड कपि (Primitive Anthropoid Ape) पाया जाता था जिसके अवशेष मिस्र देश में फय्यूम (Fayum) नामक स्थान से प्राप्त हुए हैं. इन प्रथम अवशेष प्राइमेट्स को 'पेरापिथेकस' कहा गया है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मायोसीन काल में लगभग 260 लाख वर्ष पूर्व विकसित इन प्राथमिक वर्ग के प्राणी को उच्च-स्तन्य मानव के विकास में महत्वपूर्ण माना जाता है. बड़े आकार के 'प्राइमेट्स' उस समय प्राचीन संसार के सभी भागों में पाए जाते थे. उनके अनेक जीवाश्म मिले हैं जिनको 20 वंशों (Genera) में वर्गीकृत किया गया है. अनेक विद्वानों के मतानुसार यह बड़े आकार के कपि यदि पूर्णरूप से मानव के पूर्वज नहीं थे तो उसकी कोई प्रजाति अवश्य ही आगे के आने वाले समय में विकसित होमीनीड (Hominide) के विकास में उसकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही होगी.

प्लीस्टोसीन काल (Pleistocene Period) में मानव जीवन का विकास विभिन्न भौतिक अवस्थाओं के परिवर्तन के कारण संभव हो सका. यह काल अशांति काल माना जाता है. इस काल की सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपज अभिनव मानव के पूर्वज हैं. समस्त जीवित वस्तुएँ आपस में सम्बन्धित हैं. कुछ जीव अन्य की तुलना में अधिक सम्बन्धित होते हैं. मनुष्य अन्य जैविक पदार्थों की तुलना में स्तनपोषी पशुओं के अधिक निकट है. मनुष्य रीढ़धारी, स्तनधारी और उच्च-स्तन्य (प्राइमेट्स) है. इन 'प्राइमेट्स'. ने अपना भोजन व्यवस्थित किया, जिन कुछ माँसाहारी उच्च स्तन्य (Primates) को अपने शिकार के लिए समय लगता था, वह खड़ा होकर चलता था. यहीं से मनुष्यों के पूर्वजों ने अपनी दो टाँगों पर चलना प्रारम्भ किया तथा हाथों का उपयोग भोजन को इकट्ठा करने और मस्तिष्क का प्रयोग प्रारंभ किया. समुद्री जीवों को पकड़ने के लिए भी उसे हाथों की आवश्यकता हुई.

सबसे पहले प्रस्तरीय अवशेष जो मानव समान जीव के उत्तरी पाकिस्तान में प्राप्त हुए तथा उसी प्रकार के अवशेष भारत में शिवालिक पहाड़ियों से प्राप्त हुए उसे रामपिथेकस (Ramapithecus) के नाम से सम्बोधित किया गया है. इन अवशेषों को 100 से 140 लाख वर्ष पूर्व का माना गया है. इन्हें मानव समान 'उच्च स्तन्य' (Primates) कहा गया है. यह मानव के उद्विकास में मानव के सबसे प्राचीन पूर्वज माने गए हैं. इनके जबड़े व कुछ दाँत प्राप्त हुए हैं. इसी प्रकार के प्रस्तरीय अवशेष पूर्वी अफ्रीका में पाए गए हैं जिनके आधार पर इन्हें 'कीनिया पिथेकस' (Kenya Pithecus) कहा गया है. यह अपनी पिछली दोनों टाँगों पर सीधा होकर चलता था. इसके दाँतों से इसके भोजन और जीवन के बारे में ज्ञान होता है जो वर्तमान मानव के साथ समानता रखता है.

ऑस्ट्रालोपिथेकस (Australopithecus–The First Man Ape)

दक्षिण अफ्रीका में टाँग (Taung) स्थान से 1924 में रेयमाण्ड डार्ट ने एक बालक की खोपड़ी के ऊपरी भाग की खोज की, उसके पश्चात् अनेक खोपड़ी, जबड़े, शरीर के अंग की वहाँ से अस्थियाँ प्राप्त की गई हैं. इसके आधार पर तथा इसी प्रकार के मिलते-जुलते आकृति वाले प्राणियों को 'ऑस्ट्रालोपिथेसिन' (Australopithecinae) के उप-परिवार में सम्मिलित किया गया. ऑस्ट्रालोपिथेसिन प्राथमिक वर्ग के प्राणी की निम्नलिखित विशेषताएँ थीं–

1. छोटी मस्तिष्क धारिता जो आज बड़े आकार के कपि (apes) में पाई जाती है, उसी आकार की थी,

2. बाहर की ओर निकले हुए जबड़े,

3. बड़े आकार के चवर्णक (Molar), अग्र-चवर्णक (Pre-molar), दाँत तथा छोटे कृन्तक (Incisors) तथा रदनक (Canines) तथा

4. कूल्हे की हड्डी (Pelvis) तथा हाथ-पैरों की हड्डियों की बनावट मानव के समान.

5. छोटे शरीर के लगभग 4 फीट ऊँचाई वाले प्राणी

6. कमर पर रीढ़ की हड्डी कुछ मुड़ी हुई

7. दाँत तथा जबड़े आधुनिक मानव की अपेक्षा अधिक बड़े

8. ठोढ़ी नहीं थी

9. भौहें बाहर की ओर निकली हुई थीं.

10. मस्तिष्क धारिता (Brain capacity) 450 से 600 cc से कुछ अधिक थी.

सन् 1925 में डार्ट ने दक्षिण-अफ्रीका में पाए गए प्रस्तरीय अवशेषों के आधार पर 'ऑस्ट्रालोपिथेसिन' को दो वर्गों में विभाजित किया–

1. ऑस्ट्रालोपिथेकस अफ्रीकनस (Australopithecus Africanus)

2. ऑस्ट्रालोपिथेकस रोबस्टस (Australopithecus Robustus)

1. ऑस्ट्रालोपिथेकस अफ्रीकनस (Australopithecus Africanus)—यह छोटा चार फीट के लगभग ऊँचाई का तथा इसका भार 47 से 50 पौण्ड था, मस्तिष्क-धारिता 500 cc के लगभग होती थी. मुखाकृति कुछ बड़ी होती थी. इसकी भुजाओं और कमर की हड्डियों से पता चलता है कि यह प्राणी पिछले पैरों के सहारे चलता था. दाँतों की बनावट से पता चलता है कि यह जाति विशेष मानव के पूर्वजों के अधिक निकट थी.

2. ऑस्ट्रालोपिथेकस (Australopithecus
अफ्रीका के दक्षिणी भाग में
कई स्थानों पर खोज की
अवशेषों से प्राप्त जानकारी
उनका निष्कर्ष था कि
'होमीनिड्स' (Hominids)
दी गई परिभाषा के
इन्हें 'ऑस्ट्रालोपिथेकस
है. इन प्राणियों की
अधिक और 100 पौण्ड
होता था. मस्तिष्क धारिता
500 cc तथा शरीर की
माथा, जबड़ा भारी तथा
दाँत छोटे होते थे. कुछ
इसका समय प्रथम की
का माना गया है.

होमो इरेक्टस (मानव पूर्व Erectus)

इसके अंतर्गत पिथेकेन्थ्रोपस canthropus in Java) ऊपर
चीन में सिनएन्थ्रोपस (Sinan
China) अथवा पीकिंग मानव
अफ्रीका का एटलान्थ्रोपस (Atl
आते हैं. मध्य प्रतिनूतन
Pleistocene Period) के
आपस में समानता पाई
'होमो इरेक्टस' (Homo Erec
दी गई है.

इस वंश के मानव के
महाद्वीपों में पाए गए हैं, जि
चीन एव जावा, अफ्रीका
इसके अवशेष प्राप्त हुए हैं
मानव जाति के विकास की
है. आज से 5 से 10 लाख
प्रकार के मानव समान प्राणी
के इन महाद्वीपों में निवास
वास्तव में वर्तमान मानव के
हैं. यद्यपि 'होमोइरेक्टस'
लुप्त हो चुका है परन्तु उसके
प्राप्त हुए हैं और उनसे जो
है, वह मानव उद्विकास की
है. इस समय (मध्य प्लीस्टो
की मस्तिष्क-धारिता वर्तमान
लगभग समान 1,000 cc
गई है. जबड़े और दाँतों
भिन्नताएँ पाई गई हैं जो
मानव (Homo sapiens)
दाँतों से उनकी लम्बाई

(1) जावा मानव (
in Java)—होमो इरेक्टस
सर्वप्रथम खोज मध्य
घाटी में ट्रिनिल नामक
की गई थी. इसके
के निक्षेप से प्राप्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के समकालीन समय के माने जाते हैं. ...ी छोपड़ी छोटी परन्तु मस्तिष्क-धारिता ...र की तुलना में विस्तृत थी. यहाँ प्राप्त ...शेषों से पता चलता है कि इस प्राणी को ...ा चलना आता था और दो पैरों से ...ता था. अर्नेस्ट हेकल के अनुसार यह ...व तथा बन्दर के मध्य की कड़ी है और ...ाढ़ी रहित वानर-मानव के नाम से ...ाता जाता है.

(2) पीकिंग मानव (Sinanthropus)—...किंग के निकट चाउ-को-टिन की निचली ...ाओं में सन् 1927 में कई अवशेष पाए ...ीकिंग मानव का समय द्वितीय हिमयुग ...ाख से 2 लाख वर्ष पूर्व) माना जाता है. ...ा विकसित कपाल है जिसकी मस्तिष्क-...ता 1,000 cc से अधिक पाई गई है. ...स्तिष्क की दीवारें कठोर हड्डियों से ...ित पाई गई हैं. इसके जबड़े तथा दाँत ...होते थे. ठोड़ी की हड्डी का अभाव ...जाता था. इनके दाँत मुख्यतः वर्तमान ...के समान थे. खुदाई से प्राप्त अवशेषों ...आधार पर यह पता चलता है कि ये ...के पूर्वज 'होमो इरेक्टस' पत्थरों और ...ड्डियों का उपयोग औजारों के रूप में ...ते थे. ये लोग अग्नि का उपयोग करते ...शुओं का शिकार करते थे तथा ...दिक जीवन व्यतीत करते थे.

हिडलबर्ग मानव–होमो इरेक्टस के ...लीन, मानव समान प्राणी का जबड़ा 1907 में जर्मनी में हिडलबर्ग के निकट ...र (Mauer) नामक स्थान से 24 मीटर ...हराई से प्राप्त किया गया था. यह ...गुफाओं में निवास करते थे. इसके ...की बनावट मानव व बानरों के आकार ...दिखाई देती है.

नियण्डरथल मानव (Neanderthal ...)—इस वर्ग के मानव के अवशेष ...क यूरोप तथा अफ्रीका में पाए गए हैं. ...अवशेष सर्वप्रथम 1856 में जर्मनी के ...र्फ (Dusseldorf) के निकट ...स घाटी में पाए गए थे. इसके पश्चात् ...अवशेष फ्रांस, इटली, बेल्जियम, ...चेकोस्लोवाकिया, पूर्व सोवियत संघ, ...अफ्रीका तथा मध्य पूर्व के ...लेस्टाइन आदि में प्राप्त हुए. यह ...विशेष छोटे आकार की, शक्तिशाली, ...शरीर वाले प्राणी तथा शीत जलवायु ...सकने की क्षमता रखती थी. इसकी ...1.55 मीटर और स्त्रियों की ऊँचाई ...9 इंच के लगभग थी. मस्तिष्क-...1,280 cc के लगभग थी.

...हुआ आधुनिक मानव से अधिक ...नाक चौड़ी, उठी हुई. इस मानव के ...की हड्डियाँ आधुनिक मानव से ...हैं इसके शरीर पर अधिक बाल ...कन्दराओं और गुफाओं में निवास करते थे. ऐसे प्राणी ईसा-पूर्व 7,50,000 से 40,000 वर्ष तक यूरोप में निवास करते थे.

होमो-सेपियन्स (मेधावी मानव-Homo Sapiens)

मेधावी मानव का विकास नियण्डरथल मानव के पश्चात् हुआ. अनेक भू-वैज्ञानिकों ने इस युग का समय 35 से 50 हजार वर्ष पूर्व माना है. यह मानव अपने पूर्ववर्ती नियण्डरथल मानव से श्रेष्ठ था. प्राप्त अवशेषों के आधार पर यह कहा जाता है कि होमो-सेपियन्स की उत्पत्ति उत्तरी अफ्रीका अथवा यूरोप में हुई होगी. कुछ मानवशास्त्रियों के अनुसार नियण्डरथल और होमो-सेपियन्स जातियाँ आपस में मिल गई होंगी और उसके परिणामस्वरूप नई मानवजाति 'क्रो मेगनन मानव' का विकास संभव हुआ होगा जो वर्तमान मानव का पूर्वज है जो यूरोप के अधिकांश भाग पर ही नहीं वरन् पुरानी दुनिया में भी सभी स्थानों पर मेधावी मानव पाया जाता था.

होमो-सेपियन्स की निम्नलिखित विशेषताएँ पाई जाती हैं–

(i) इसकी मस्तिष्क-धारिता 1,350 cc खोपड़ी में गोलाकार अनुकपाल भाग

(ii) मस्तिष्क को रीढ़ से जोड़ने वाला हिस्सा पतला और छोटा (गर्दन छोटी और पतली)

(iii) जबड़ा और दाँत का आकार छोटा

(iv) छोटे रदनक दाँत

(v) नुकीली और बाहर निकली हुई ठोड़ी

(vi) हाथ-पैर की हड्डियाँ उसे सीधा करने में सक्षम

यूरोप महाद्वीप में होमो-सेपियन्स की दो शाखाएँ पाई जाती हैं–

(1) ग्रीमाल्डी मानव (Grimaldi man)

(2) क्रो मेगनन मानव (Cro Magnon Man)

इसी प्रकार के प्रस्तरी अवशेष रोडेशिया में सन् 1921 में प्राप्त हुए. इस होमो सेपियन्स की तीन शाखाओं को मूल शाखा माना गया है.

(1) **ग्रीमाल्डी मानव**–इटली में प्राप्त जीवावशेषों के आधार पर यह पता चलता है कि इस प्रकार की एक मानव जाति भूमध्यसागर के तटवर्ती देशों में निवास करती थी. ग्रीमाल्डी कन्दराओं से प्राप्त अवशेषों से प्रतिनूतन काल के मानव के विषय में जानकारी मिलती है. इन लोगों का माथा लम्बा, ठोढ़ी आगे की ओर निकली हुई, दाँत बहुत बड़े थे. नीग्रो लोगों की भाँति टाँगें और बाँहें कुछ लम्बी थी.

अनेक मानवशास्त्री यह मानते हैं कि ग्रीमाल्डी मानव क्रो मेगनन मानव के पूर्वज थे.

(2) **क्रो मेगनन मानव**–फ्रांस के डोडोन प्रान्त की क्रो मेगनन चट्टानों से इस मानव के अवशेष 1868 में प्राप्त हुए. इसी मानव के मिलते-जुलते अवशेष दक्षिणी और पूर्वी यूरोप के अनेक देशों से प्राप्त हुए. इससे यह पता चलता है कि होमो सेपियन्स की यह अंतिम जाति यूरोप, एशिया और अफ्रीका महाद्वीपों में अधिक विस्तृत भाग में निवास करती थी. इनका काल 30,000 वर्ष पूर्व माना जाता है. यह नियण्डरथल मानव की अपेक्षा अधिक विकसित थे. अतः इन्हें मेधावी मानव कहा गया है. इनकी ऊँचाई 180 cm तथा मस्तिष्क-धारिता 1660 cc तथा अच्छे आखेटक थे. इनके अवशेषों के निकट ही अनेक प्रकार के पाषाण औजार तथा हाथी दाँत से निर्मित वस्तुएँ प्राप्त हुई हैं. ये लोग शिकार के लिए तीर और कमान का उपयोग करते थे. यह आधुनिक मानव का पूर्वज है.

अनेक मानवशास्त्री इस मत के हैं कि नियण्डरथल मानव लुप्त नहीं हुए वरन् क्रो मेगनन मानव में मिल गए. क्रो मेगनन मानव के पश्चात् मानव में शारीरिक विकास की अपेक्षा सांस्कृतिक विकास अधिक होने लगा.

(3) **रोडेशियाई मानव**–उत्तरी रोडेशिया में सन् 1921 में जो अवशेष पाए गए वे भी होमो सेपियन्स वर्ग के थे. इन अवशेषों में एक कपाल तथा कुछ टाँगों की हड्डियाँ प्राप्त हुई हैं. यद्यपि इन मानव के कपाल और नियण्डरथल मानव के कपालों में अंतर अधिक था. इसी कारण सर आर्थर स्मिथ ने इस मानव का नाम 'होमो रोडेशियनसिस' दिया. अनेक मानवशास्त्री रोडेशियाई मानव को नवीन मानव की श्रेणी में रखते हैं, जबकि कुछ अन्य मानवशास्त्री पुरातन मानव की श्रेणी में रखते हैं.

●●●



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजनीति में महिलाएं

✍ डॉ. श्यामसुन्दर

राजनीति शताब्दियों से पुरुषों का एकाधिकारिक क्षेत्र रहा है तथापि समय-समय पर भाग्यवश या बाध्यतावश राजनीति में प्रवेश करने वाली महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि सत्ता संचालन में वे किसी भी अर्थ में पुरुषों से कम नहीं हैं. प्रारम्भिक काल में, जबकि लोकतंत्रात्मक शासन-प्रणाली शैशवावस्था में ही रही होगी, राजतंत्रात्मक शासन-प्रणाली के अन्तर्गत राजगद्दी पर आमतौर पर राजा या सम्राट् का बड़ा पुत्र ही बैठता रहा. जहाँ कहीं भी उसकी सत्ता को चुनौती मिली, तो वह पुरुषों के द्वारा ही मिली. उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में जब व्यक्तिवादी स्वतंत्रता के समर्थक विचारकों के विचारों को मान्यता मिली, तो अचानक ही सैकड़ों वर्ष पूर्व के विचारक अरस्तू द्वारा प्रतिपादित लोकतंत्रात्मक शासन-प्रणाली को नए सिरे से जीवनदान मिला. यूनाइटेड किंगडम सहित अनेक देशों में लोकतांत्रिक प्रणाली के आधार पर जनता द्वारा चुनी गई विधायिकाएं तथा सरकारें कार्य करने लगीं, लेकिन इन सभी संस्थाओं—विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका पर पुरुषों का आधिपत्य यथावत् रहा. यहाँ तक कि महिलाओं को मत देने तक अधिकार प्रदान नहीं किया गया. धीरे-धीरे लोकतंत्रात्मक शासन-प्रणाली विकसित हुई. वैयक्तिक स्वतंत्रता के समर्थक और अधिक सक्रिय हुए. महिलाओं में साक्षरता तथा जागरूकता बढ़ी, तो राजनीति में उनका प्रारम्भिक एवं औपचारिक प्रवेश उन्हें प्रदत्त मताधिकार के रूप में हुआ. बीसवीं शताब्दी के मध्य तक पहुँचते-पहुँचते उपनिवेशवाद मरणासन्न होता गया तथा ग्रेट-ब्रिटेन, फ्रांस, पुर्तगाल, जर्मनी आदि के अधीन तृतीय विश्व के देश स्वतंत्र होते गए. पाश्चात्य देशों का राजतंत्र नाममात्र का रह गया तथा वास्तविक सत्ता जनता द्वारा चुनीं गई सरकारों में समाहित हो गईं. लम्बी पराधीनता से मुक्ति पाए देशों ने अन्ततः लोकतांत्रिक शासन-प्रणाली को अपनाना ही श्रेयस्कर समझा. ऐसे में धीरे-धीरे राजनीति में महिलाओं का प्रवेश हुआ.

भारत में अहिल्याबाई होल्कर, रजिया सुल्ताना, महारानी लक्ष्मीबाई आदि नारियाँ सत्ता के शीर्ष तक पहुँचीं तो पाश्चात्य देशों में ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने लम्बे समय तक शासन किया. आधुनिककाल में इजरायल में गोल्डामायर, श्रीलंका में सिरमावो भण्डारनायके तथा चन्द्रिका कुमार तुंगे, भारत में इन्दिरा गांधी, पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो, फिलीपीन्स में कोरासीन एक्वीनो, बांग्लादेश में खालिदा जिया तथा शेख हसीना वाजेद, आइलैण्ड की वी. फिनबोगाडोतिर, आयरलैण्ड की मैरी रोबिन्सन, निकरागुआ की वायलेटा बैरियस डा कैमारो, डोमिनिका की यूजेनिया चार्लेस, नार्वे की ग्रो हार्लेम ब्रन्टलैण्ड तथा तुर्की की तान्सू सिलर, ब्रिटेन की मारग्रेट थैचर ने पुरुष प्रधान समाज में उन्हें चुनौती देते हुए सत्ता के शिखर तक पहुँचने का काँटों भरा रास्ता पार किया तथा अपनी दूरदर्शिता, कुशलता, कूटनीति से कुशल शासक होने का परिचय दिया. इस तरह से अब राजनीति महिलाओं के लिए कोई अपरिचित क्षेत्र नहीं है. विश्व के अनेक देशों में अभी भी उन्हें पुरुषों के बराबर प्रतिनिधित्व हासिल नहीं है तथापि वे काफी सक्रियता के साथ राजनीति जैसी जटिलताओं से परिपूर्ण क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं.

महिलाओं को मताधिकार

बीसवीं शताब्दी महिला-उत्थान का नया सन्देश लेकर आई. इस शताब्दी में महिलाओं को मत देने का अधिकार काफी लम्बे संघर्ष के बाद प्राप्त हुआ. सन् 1893 में सर्वप्रथम न्यूजीलैण्ड में और फिर आस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय स्तर की विधायिका के लिए होने वाले चुनावों में मताधिकार के द्वारा महिलाओं की नागरिकता को स्वीकार किया. औद्योगिक रूप से विकसित देशों में जो स्वयं को सभी नागरिकों को समानता के आधार पर मौलिक अधिकार प्रदान करने की वकालत करते रहे हैं. महिलाओं को मताधिकार हाल ही के वर्षों में प्राप्त हो सका है. महिलाओं को मत देने का अधिकार सन् 1906 में फिनलैण्ड में, सन् 1907 में नार्वे में, सन् 1915 में डेनमार्क में, सन् 1918 में जर्मनी में, स्वीडन तथा यूनाइटेड किंगडम में, सन् 1920 में संयुक्त राज्य अमरीका में प्राप्त हुआ. मताधिकार प्राप्त करने के लिए फ्रांस की महिलाओं को सन् 1944 तक, इटली की महिलाओं को सन् 1945 तक तथा स्विट्जरलैण्ड की महिलाओं को सन् 1971 तक प्रतीक्षा करनी पड़ी. इनमें से अधिकांश देशों में भी सभी महिलाओं को एकसमान रूप से मताधिकार प्रदान नहीं किया गया, बल्कि केवल वही महिलाएं मत दे सकतीं थीं जो भू-स्वामित्व, नृजातीयता आदि के मानदंडों को पूरा करती थीं. अधिकांश विकासशील देशों में [illegible] प्राप्ति के साथ ही महिलाओं को [illegible] का अधिकार बिना किसी संघर्ष के [illegible] हुआ. इसका प्रमुख कारण [illegible] स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु [illegible] में महिलाओं की सक्रिय [illegible] मध्य-पूर्व के एशियाई देशों [illegible] मताधिकार प्राप्त करने के लिए [illegible] संघर्षरत हैं. कुवैत जैसे देश [illegible] को आज भी मत देने का [illegible] नहीं है.

मताधिकार प्राप्ति से संसद [illegible] तक का मार्ग

मताधिकार प्राप्त कर लेने [illegible] कदापि नहीं था कि सभी [illegible] अधिकार का प्रयोग कर [illegible] स्वाभाविक तौर पर बड़ी संख्या [illegible] संसद में पहुँच सकती थी [illegible] एकाधिकार समझे जाने वाले [illegible] (राजनीति) में पुरुष प्रधानता [illegible] लाँघने में कई पीढ़ियों को संघर्ष [illegible] है. बहुत सारे देशों की राष्ट्रीय [illegible] प्रथम महिला के पहुँचने तथा [illegible] महिलाओं को नागरिक मताधिकार [illegible] के बीच की अवधि काफी लम्बी [illegible] महिलाओं को मताधिकार प्रदान [illegible] अग्रणी भूमिका निभाने वाले देश [illegible] में महिलाओं को मताधिकार [illegible] 40 वर्ष बाद भी कोई महिला [illegible] पार्लियामेन्ट के लिए नहीं चुनी [illegible] न्यूजीलैण्ड की महिलाओं को [illegible] प्राप्त होने के 26 वर्ष तक संघर्ष [illegible] करने के लिए संघर्ष करना पड़ा [illegible]

विभिन्न स्तर की विधायिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को [illegible] तालिका में प्रस्तुत किया गया है-

तालिका : विधायिका एवं [illegible] महिलाओं का प्रतिनिधित्व (सन् 1994) (कुछ [illegible]

देश	स्थानीय नगर निकाय	संसद उच्च एवं निम्न सदन
औद्योगिक देश	30	[illegible]
फिनलैण्ड	28	[illegible]
नार्वे		

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

			30
	34	34	29
	28	33	31
	22	29	9
	25	7	
			15
	21	10	
			7
	17	6	16
	20	16	13
	19	28	8
	35	21	
			31
	—	27	7
	—	24	4
	14	23	6
	—	21	3
	33	7	4
	—	2	3
	1	5	8
	—	10	—
	1	3	—
	—	—	—
	—	—	—
	—	—	—
	—	—	—
	—	—	—
	—	11	4
	—	2	4
	N.A.	10	5
	N.A.	12	8
	N.A.	10	6
	"	4	1
	"	19	6
	4	10	8
	N.A.	5	3
	"	9	3
	"	8	6
	"	6	5
	5	14	16
	17	35	
	6	13	31
			15

सम्पूर्ण विश्व की राष्ट्रीय संसदों के कुल सदस्यों में से मात्र 10 प्रतिशत स्थान ही महिलाओं के कब्जे में हैं, जबकि विश्व के 55 देश ऐसे हैं जहां की राष्ट्रीय विधायिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 5 प्रतिशत या इससे भी कम है. ब्रूनेई दारुस्सलाम, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतार, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, पापुआ न्यूगिनी, म्यांमार, मॉरीटोनिया, भूटान आदि ऐसे देश हैं जिनकी राष्ट्रीय विधायिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व शून्य है. राष्ट्रीय विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मामले में नार्डिक देश (फिनलैण्ड, स्वीडन, डेनमार्क, नार्वे तथा नीदरलैण्ड्स) सबसे आगे हैं जहाँ 35 प्रतिशत स्थान महिलाओं के पास हैं. ग्रीस, दक्षिण कोरिया, जापान तथा सिंगापुर जैसे विकसित और सुशिक्षित देशों की राष्ट्रीय विधायिका में महिलाओं की भागीदारी 5 प्रतिशत या इससे कम है. आर्थिक दृष्टि से अत्यधिक विकसित तथा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक दृष्टि से सर्वाधिक शक्तिशाली समझे जाने वाले देशों (स. रा. अमरीका ग्रेट-ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी आदि) देशों में मात्र लगभग 13 प्रतिशत स्थान ही महिलाओं के पास हैं. स्पष्ट है कि राष्ट्रीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी का किसी देश के आर्थिक विकास के स्तर से कोई सीधा-साधा सम्बन्ध नहीं है, क्योंकि यदि ऐसा होता, तो औद्योगिक रूप से विकसित देशों की विधायिकाओं में मात्र 12 प्रतिशत स्थान ही महिलाओं के पास न होते और दूसरी ओर क्यूबा, जमैका, सिसलैस, दक्षिण अफ्रीका, चीन जैसे विकासशील देशों की राष्ट्रीय विधायिका में महिलाओं की भागीदारी 20 प्रतिशत या इससे अधिक होना यह सिद्ध करता है कि समतामूलक समाज की स्थापना की दिशा में वे विकसित देशों से कहीं आगे हैं.

जहाँ तक स्थानीय नगर निकायों में महिलाओं की भागीदारी का प्रश्न है, तो नार्डिक देशों में 22-34 प्रतिशत तक पार्षद महिलाएं हैं, जबकि यूरोपीय संघ में मात्र 5 प्रतिशत महिलाएं ही नगर निकायों की पार्षद हैं. इस मामले में भारत की उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है जहाँ स्थानीय निकायों के सभी पदों में से $33\frac{1}{3}$ प्रतिशत स्थानों पर महिलाएं काबिज हैं. इसमें भी विशेष बात यह कि उनकी जनसंख्या के अनुपात में शताब्दियों से शोषित और उपेक्षित दलित महिलाएं इन निकायों में चुनकर पहुँची हैं. इतना ही नहीं भारत की संसद एवं राज्य विधान सभाओं के एक-तिहाई स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाने की मुहिम जारी है. ऐसा करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लोक सभा में पेश किया जा चुका है.

शासन-प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी

संघर्ष के पहले दौर में महिलाओं को मताधिकार प्राप्त हुआ, तो दूसरे दौर में वे निर्वाचित होकर स्थानीय नगर निकायों, राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय संसदों में पहुँचीं. तीसरा दौर सरकार में भागीदारी प्राप्त करके सत्ता के शिखर तक पहुँचने का था इसमें महिलाओं को अभी तक कोई विशेष सफलता नहीं मिली है, सिवाय इसके कि मारग्रेट थैचर तथा इन्दिरा गांधी जैसी महिलाओं ने विश्व के दो प्रतिष्ठित लोकतंत्रात्मक शासन-प्रणाली वाले देशों –क्रमशः ब्रिटेन तथा भारत के प्रधानमंत्री पद पर कार्य करते हुए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित की. समग्र रूप से विश्व के सभी देशों की मंत्रिपरिषद् (कैबिनेट) के मात्र 6 प्रतिशत स्थान महिलाओं के पास हैं. विकासशील देशों में जहाँ 5 प्रतिशत कैबिनेट मंत्री महिलाएं हैं, वहीं विकसित देशों में 8 प्रतिशत कैबिनेट मंत्री महिलाएं हैं. नोर्डिक देश, नीदरलैण्ड्स तथा सिसलेस द्वीप इस दिशा में काफी आगे हैं जहाँ 30 प्रतिशत या इससे भी अधिक कैबिनेट मंत्री महिलाएं हैं. स्वीडन को यह गौरव प्राप्त है कि सन् 1995 में वहाँ की कैबिनेट पूरी तरह से लिंग-सन्तुलित थी अर्थात् 50 प्रतिशत कैबिनेट मंत्री महिलाए थीं.

भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान तथा बांग्लादेश को यह गौरव भले ही प्राप्त हो कि उन्होंने पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अपना प्रधानमंत्री/राष्ट्रपति चुना है तथापि इन देशों में भी राष्ट्रीय सरकारों में क्रमशः 3 प्रतिशत, 3 प्रतिशत, 4 प्रतिशत तथा 8 प्रतिशत कैबिनेट मंत्री महिलाएं हैं.

सम्पूर्ण विश्व में जहाँ तक महिलाओं के शासनाध्यक्ष अथवा और राष्ट्राध्यक्ष होने का प्रश्न है, तो अब तक मात्र 21 महिलाएं ही राष्ट्रपति/प्रधानमंत्री के पद पर चुनी जा चुकी हैं तथा इनमें से भी 6 महिलाएं केवल दक्षिण एशिया से हैं.

संयुक्त राष्ट्रसंघ में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व न के बराबर है. दिसम्बर 1994 को 185 स्थायी सदस्य देशों में से मात्र 6 देशों की स्थायी प्रतिनिधि महिलाएं थीं.

भारतीय राजनीति में महिलाएं

भारतीय राजनीति में महिलाओं का प्रवेश स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान औपचारिक रूप से हुआ. भारतीय समाज के लिए यह निश्चित तौर पर क्रान्तिकारी घटना थी, क्योंकि परम्परागत रूप से भारत में महिलाओं को बच्चे पैदा करने, उनका लालन-पालन करने, पति तथा उसके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिवारीजनों की सुख-सुविधा का ध्यान रखने वाली भोग-विलास की वस्तु माना जाता था. उनकी शिक्षा-दीक्षा पर ध्यान दिए बिना उन्हें घर की चहारदीवारी में कैद रखा जाना एक परम्परा-सी बन गई थी. कम आयु में विवाह, पति की मृत्यु पर सती होना था. समस्त सुख-सुविधाएं त्याग कर विधवा के रूप में कष्टकारक जीवन व्यतीत करना ही इनकी नियति थी. ऐसे में स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु सड़कों पर उतर आना, शराब की दुकानों तथा इंगलैण्ड से आयातित कपड़े एवं अन्य वस्तुएं बेचने वाली दुकानों पर धरना भारतीय नारियों के लिए सर्वथा नया अनुभव था कस्तूरबा गांधी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, कमला नेहरू, विजयलक्ष्मी पंडित, राजकुमारी अमृतकौर आदि महिलाएं इसी आन्दोलन की देन थीं. स्वातंत्र्योत्तर काल में भारतीय राजनीति में आमूलचूल परिवर्तन हुए. संवैधानिक तौर पर महिलाओं के विरुद्ध किए जाने वाले सभी प्रकार के भेदभाव समाप्त किए गए. उन्हें बिना किसी भेदभाव के पुरुषों के समान मताधिकार प्राप्त हुआ. लोक सभा तथा राज्य विधान सभाओं के पहले आम चुनाव में ही कुछ महिलाएं चुनकर पहुँचीं. उसके बाद से महिलाओं का राजनीति में प्रवेश कोई अनहोनी घटना नहीं रही. श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित ने संयुक्त राष्ट्रसंघ में, सुचेता कृपलानी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में, नन्दिनी सत्पथी ने उड़ीसा के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका पूरी योग्यता के साथ निभाई. सुश्री मायावती, गिरिजा व्यास, सुषमा स्वराज, मेनका गांधी, जयललिता, गीता मुखर्जी, सुमित्रा महाजन आदि महिलाओं ने स्वयं अपने प्रयासों से राजनीति में स्थान बनाया तथा उच्च पदों पर पहुँचीं, तो दूसरी ओर विजयराजे सिंधिया, गायत्री देवी आदि महिलाओं ने राजमहलों को त्यागकर गलियों की राजनीति का दामन थामा.

संविधान के 73वें तथा 74वें संशोधन से स्थानीय स्तर की राजनीति में महिलाओं को स्थायी तथा सुरक्षित भूमिका प्रदान कर दी गई. सभी स्तर की पंचायत राज संस्थाओं तथा स्थानीय नगर निकायों के एक-तिहाई स्थान/पद महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं. इससे देश की लगभग 80,000 महिलाएं विभिन्न पदों पर निर्वाचित हुईं. इनमें से आधी महिलाएं तो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग की हैं जो शताब्दियों से दबी-कुचली स्थिति में रही हैं. भारतीय राजनीति के लिए यह अनुभव काफी सुखद रहा है. इन निर्वाचित महिलाओं को भले ही लिखना-पढ़ना न आता हो, उन्हें भारतीय संविधान तथा देश में प्रचलित अन्य कानूनों/नियमों की विधिवत जानकारी हो या न हो, वे बजट की बारीकियां भी न जानती हों, परन्तु उन्होंने अपनी सूझ-बूझ, घर-परिवार-समाज से प्राप्त अनुभवों के आधार पर नगर अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, ग्राम प्रधान आदि के दायित्वों का निर्वाह सफलतापूर्वक करते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि राजनीति का क्षेत्र उनके लिए अपराजेय नहीं है.

निष्कर्ष

राजनीति में महिलाओं का प्रवेश तो हो गया है लेकिन पुरुषों के समान स्थान प्राप्त कर पाना अभी भी कल्पनातीत है. विश्व में जहाँ एक ओर नार्वे जैसा देश है जो लिंग-सन्तुलित राजनीतिक प्रणाली के लिए अग्रणी माना जाता है, क्योंकि यहाँ की राष्ट्रीय कैबिनेट में 50 प्रतिशत मंत्री महिलाएं हैं, तो वहीं दूसरी ओर कुवैत जैसा देश भी है जो अभी भी महिलाओं को मताधिकार से वंचित किए हुए है. कुल जनसंख्या में [illegible] के बराबर हिस्सा रखते हुए भी [illegible] को राजनीति और शासन में [illegible] स्थान प्राप्त न होना एक [illegible] पुरुषों के समान प्रतिनिधित्व [illegible] महिलाओं को स्वयं ही सक्रिय [illegible] तभी राजनीति में सफल होकर [illegible] महिला जाति का उत्थान कर [illegible]

India's Largest Selling Competition Books
UPKAR'S
Published By
UPKAR PRAKASHAN
2/11A, Swadeshi Bima Nagar, Agra-282...
Phone : 323966, 323101, 322630, Fax : (0562)...

Prepare with CSV
The specialized magazine for Medical Entrance
and 10+2 Exams
It will be the right beginning



Subscription Rates
One Year
Ordinary Post
Rs. 335/-
Registered Post
Rs.535/-

Solved Papers
BCECE (Re), 2000
BIT MESRA, 2000
AP, EAMCET, 2000
PMT, PET (Orissa), 1999
& Typical Model Papers

Pratiyogita Darpan: 2/11A, Swadeshi Bima Nagar, Agra-282...
e-mail: upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गांधीजी और उनका एकादश-व्रत

✍ विपिन कुमार

महात्मा गांधी आधुनिक विश्व की महानतम विभूतियों में से एक थे. उन्होंने अपने व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय जीवन में कई प्रयोग किए. महात्मा बुद्ध, महावीर एवं ईसा के बताए सत्य, अहिंसा का प्रयोग उन्होंने महापुरुषों से भी आगे बढकर राजनीतिक स्तर के रूप में किया.

गांधीजी परम्परागत सन्त नहीं थे, किन्तु उनका व्यक्तिगत जीवन किसी भी संत से कम पवित्र नहीं था. वे दार्शनिक भी नहीं थे, किन्तु समय-समय पर उन्होंने धर्म तथा दर्शन पर काफी कुछ लिखा. गांधीजी के महाआयामी व्यक्तित्व को समझने के लिए 'गांधी-साहित्य' का विपुल भण्डार उपलब्ध है. किन्तु सूत्र रूप में गांधीजी ने अपने समग्र चिन्तन को अपने 'एकादश-व्रत' में गूँथ दिया है. गांधीजी का 'एकादश-व्रत' राष्ट्रोत्थान की नींव एवं व्यक्तिगत मोक्ष का साधन है.

गांधीजी ने अपने 'एकादश-व्रत' को निम्नलिखित रूपों में प्रस्तुत किया–

अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, असंग्रह
शरीर-श्रम, अस्वाद, सर्वत्र भय वर्जन;
सर्वधर्म समानत्व, स्वदेशी स्पर्श भावना,
नियम व्रत निष्ठा से ये एकादश सेव्य हैं."

आइए गांधीजी के एकादश व्रत के विविध आयामों पर दृष्टिपात करें–

अहिंसा

महात्मा गांधी के अनुसार 'अहिंसा' 'एकादश-व्रत' का प्रथम सोपान है. अहिंसा का मूल अर्थ–किसी की हिंसा न करना है. भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार–"आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्" ही पूर्ण अहिंसा है. लेकिन गांधीजी की अहिंसा का सूक्ष्मार्थ गुम्फित है. उनके शब्दों में, "विचार, मिथ्या भाषण, द्वेष और ईर्ष्या हिंसा के अंग हैं." अर्थात् संवेगहीनता (संवेग की अवहेलना) ही हिंसा है. गांधीजी के अनुसार अहिंसा की ध्वनि मानव के शुद्ध अन्तःकरण से निकलती है और मानव के अन्दर ऐसा भाव आ जाने पर वह दूसरे के कर्मों को भी अपने जैसा मानता हुआ लोक-व्यवहार और कर्म में अपने जीवन को व्याप्त करता है.

वे आगे कहते हैं– "अहिंसा के पुरुषार्थ को लोक-परलोक, मान-अपमान आदि का कोई भय नहीं रहता. वह भगवान बुद्ध की तरह यह मानकर चलता है कि संसार के प्रत्येक महापुरुष (!) का मानापमान होता ही है. गांधीजी की राय में "अहिंसक को साहसी भी होना चाहिए."

सत्य

गांधीजी ने 'सत्य' को 'एकादश-व्रत' का द्वितीय सोपान कहा. उनके अनुसार किसी घटना या दृश्य को हू-ब-हू उस रूप में कह देना ही सत्य नहीं है जिसे जिस रूप में देखा या सुना गया हो. सत्य का अर्थ अत्यंत विस्तृत है. उनके ही शब्दों में– "विचार, वाणी और आचार में अपनाया गया सत्य ही पूर्ण सत्य है." ऐसा सत्य ही गांधीजी की नजर में वैदिक आस्तिकता की कसौटी था. गांधीजी 'ईश्वर' को 'सत्य' के अतिरिक्त कुछ नहीं मानते हैं. उनकी राय में ईश्वरीय विश्वास एक 'नैतिक सत्य' है. वे भोगमय जीवन को सत्य के मार्ग में बाधक मानते थे, इसलिए त्याग का जीवन जीने पर बल देते थे.

गांधीजी सत्य और अहिंसा में अन्योन्याश्रय सम्बन्ध मानते थे. उनके शब्दों में–"व्यक्ति अहिंसा के आचरण एवं अन्य अभ्यासों के पुरुषार्थ से समाधिस्थ होकर सत्य का अनुभव करता है. समाज सत्य के चिन्तन व आचरण से अहिंसा की ओर उन्मुख होता है." उनकी दृष्टि में सत्य और अहिंसा को अपनाकर न सिर्फ व्यक्ति बल्कि सम्पूर्ण समाज ही 'सम्प्रज्ञात समाधि' को प्राप्त कर सकता है.

अस्तेय

'अस्तेय' एक तरह से सत्य का विस्तार है. यह एक मिथ्या रहित सत्य है. जो वस्तु हमारे श्रम से अर्जित नहीं, उसे किसी भी साधन के सहारे लेना 'स्तेय' है. इसके विपरीत स्वार्जित स्वार्थ को ग्रहण करना ही 'अस्तेय' है. गांधीजी की नजर में यह एक ऐसा व्रत है जिसके पालन से न सिर्फ व्यक्ति का अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है, बल्कि इससे सम्पूर्ण मानव-समाज को आरोग्यपूर्ण बनाने का महान् गुण है. वर्तमान आर्थिक विषमता का कारण 'अस्तेय' व्रत का भंग होना ही है. आज का 'साम्यवाद' जिस आर्थिक समानता को कानून (सत्ता परिवर्तन) एवं हिंसा द्वारा कायम करने की बात करता है, वह 'अस्तेय' के पालन से सहज ही सम्भव है. सर्वोदय विचारधारा में अपनी आवश्यकता से अधिक अपने पास रखना ही 'स्तेय' और उसे समाज को सौंप देना ही 'अस्तेय' है.

ब्रह्मचर्य

गांधीजी के अनुसार अहिंसा, सत्य एवं अस्तेय आदि व्रतों के पूर्ण पालन के लिए ब्रह्मचर्य की अनिवार्य आवश्यकता है. गांधीजी के ब्रह्मचर्य का अर्थ सिर्फ शुद्ध मानस एवं शुद्धाचरण से वीर्य रक्षण करना नहीं, बल्कि सूक्ष्म चिन्तन का सहारा लेकर सर्वेन्द्रिय संयम अपनाना है. 'ब्रह्मचर्येण तपसा' वैदिक ऋषियों की भाँति बापू के लिए भी एक सत्य था. उपनिषद् की यह विचारधारा है कि 'ब्रह्मचर्य व्रत का पालन भोगेच्छा से नहीं, सर्वव्यापी प्रेम के लिए किया जाना चाहिए' से गांधीजी पूर्णरूपेण सहमत थे. उनकी नजर में किसी एक व्यक्ति पर अपने सम्पूर्ण प्रेम का अर्पण भी ब्रह्मचर्य का खण्डन था. कारण यह मोह को जन्म देता है. ब्रह्मचर्य का पालन मनसा-वाचा-कर्मणा से होना चाहिए. भगवान श्रीकृष्ण का विचार है कि–मन से चिन्तन व शरीर को संयम नियम की फाँसी चढ़ाना 'मिथ्याचरण' है, से गांधीजी पूर्णतः सहमत थे. गांधीजी कहते हैं–"ब्रह्म की ओर ले जाने वाला प्रत्येक संयम ही ब्रह्मचर्य है, जिसके पालन से व्यक्ति को समाधि-सुख मिल सकता है."

असंग्रह

"यह संसार वास्तव में सत्य नहीं है, यह नश्वर है..." 'जगन्मिथ्या' के भाव के साथ किसी भी वस्तु में अहंजनित आत्मभाव के प्रतिबिम्ब को न देखना ही असंग्रह व्रत है. व्यक्ति जब इस संसार, इसकी वस्तुओं और स्वयं को अनश्वर मानकर इसका संग्रह शुरू कर देता है, तो सर्वत्र लूट प्रारम्भ हो जाती है. असंग्रह की प्रवृत्ति आते ही मनुष्य इन समस्त सांसारिक वस्तुओं से अपना मोह तोड़ लेता है. उसके अन्दर से 'इदम् न मम्' की आवाज आने लगती है. शंकराचार्य की भाँति वह सब-कुछ ईश्वरार्पित कर देता है– "त्वदीयं वस्तु गोविन्दम्, तुम्येव समर्पये." बिनोवा की तरह उसे सारी भौतिक सम्पदा का स्वामी ईश्वर दिखने लगता है– "सबै भूमि गोपाल की." गांधीजी के ही शब्दों में– *"असंग्रह की प्रवृत्ति के अभाव के कारण ही व्यक्ति-व्यक्ति*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के बीच अमीरी और गरीबी की कभी न भरने वाली खाई खुदी हुई है. इसी के कारण संग्रही व्यक्ति को दीन-हीन लोग दया के नहीं, घृणा के पात्र नजर आते हैं." वे आगे कहते हैं–"व्यक्ति को मोह-त्याग के लिए जंगल जाने की जरूरत नहीं है. वह अपने गृहस्थ-जीवन में ही इसे अपनाकर राजर्षि जनक की तरह आध्यात्मिक जीवन बिता सकता है."

शरीर श्रम

गांधीजी ने एकादश-व्रत में शरीर-श्रम को स्थान देकर जीवनोत्थान के लिए शरीर श्रम की आवश्यकता का ही नहीं, इसकी महत्ता का भी प्रतिपादन किया है. गांधीजी के अनुसार पुरातन वर्णाश्रम व्यवस्था इसी शरीर-श्रम पर आधारित थी. तभी तो वैदिक ऋषियों ने कर्म करते हुए सौ वर्ष तक जीने की कामना की थी. वे कहते हैं.– "जीवन में प्रगति के लिए मनुष्य को अपनी अन्तिम साँस तक सतत् प्रत्यनशील रहना चाहिए." उनकी दृष्टि में सच्चा आध्यात्मिक व्यक्ति किसी भी काम को घृणित नहीं मानता. प्राचीनकाल में गुरुकुल में शरीर-श्रम को काफी महत्व दिया जाता था. यह जीवन शिक्षा का एक अनिवार्य अंग था. यही कारण था कि गुरुकुल की गायों को चराना, आश्रम कि लिए समिधा जुटाना, खेतों की देख-रेख करना राजकुमार श्रीकृष्ण के लिए उतना ही आवश्यक था, जितना कि दीन-हीन सुदामा के लिए.

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भी श्रम की नितान्त आवश्यकता पड़ती है. गांधीजी के शब्दों में–"शरीर-श्रम में किसी भी राष्ट्र की कायापलट कर देने का गुण है.." गांधीजी वैदिक ऋषियों के आदर्श वाक्य– "कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतसमा" से पूरी तरह सहमत प्रतीत होते हैं. उनका विश्वास था कि शरीर-श्रम को महत्व देने वाला व्यक्ति 'रैक्व' की तरह ब्रह्मज्ञानी बन सकता है. गांधीजी का चर्खा आंदोलन, बुनियादी शिक्षा कार्यक्रम, ग्राम-विकास, हरिजन एवं कुष्ठ सेवा 'सब के सब' का मूल भाव शारीरिक श्रम को सम्मान ही था. मशीनी सभ्यता शरीर-श्रम का दोहन ही नहीं, उसका अपमान करती है, इसलिए उन्होंने इसका विरोध किया.

अस्वाद

सामान्यतया 'अस्वाद' का अर्थ होता है– 'स्वाद-रहित'. अर्थात् किसी वस्तु (खाद्य) को तले-भुने बिना उसे सादे ढंग से प्राकृतिक रूप में ग्रहण करना ही अस्वाद है, परन्तु गांधीजी के 'अस्वाद' व्रत का अर्थ है– "भोजन को शरीर की आवश्यकता समझकर उसे स्वाद के लिए न खाकर पोषण के लिए खाना. अन्न को ब्रह्म मानकर उसका औषधि की तरह शरीर की आवश्यकतानुसार प्रयोग करने से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहेगा, बल्कि यह आध्यात्मिक उन्नति में भी सहायक होगा. कारण है कि– "अन्न ही मन का निर्माण करता है." मांसाहार, मद्यपान अत्यधिक मिर्च-मसाले, गुड़, चीनी, तेल, घी एवं नमक आदि का अपने भोजन से क्रमशः त्यागकर देना भी अस्वाद के अन्तर्गत आता है. गांधीजी के अनुसार, "ब्रह्मचर्य तथा शरीर-श्रम जैसे व्रतों के पूर्ण निर्वहन के लिए तो अस्वाद व्रत का पालन अत्यन्त आवश्यक है."

अभय

गांधीजी के मतानुसार शारीरिक शक्ति और शौर्य ही वीरता नहीं है. वास्तव में दुनिया के प्रत्येक भय (मौत आने, धन-दौलत लुट जाने, कुटुम्ब परिवार के मर जाने, रोग-दुःख हो जाने आदि) से मुक्त होना ही अभय की अवस्था है. वे कहते हैं– "अहिंसक को तो बिल्कुल ही निर्भय होना चाहिए, ताकि वह सुकरात की तरह सत्य की रक्षा के लिए हँसकर विषपान कर सके और ईसा मसीह की तरह मानवता के हित में अपनी मृत्यु के लिए अपना क्रूस अपनी ही पीठ पर ढो सके." गांधीजी की राय में अहिंसा कभी भी कायरता नहीं हो सकती. एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा था– "हिंसा और कायरता में से मैं हिंसा को चुनूँगा." वे कहते थे– "अभय मोह रहित स्थिति की पराकाष्ठा है जो सत्य और अहिंसा के आलम्बन से पैदा होने के बावजूद उसकी जड़ को खाद-पानी भी जुटाना है." गांधीजी के अनुसार गीता में वर्णित 'अनासक्त कर्मयोग' इसी अभय का एक रूप है. (प्रतिकूल परिणामों से भयभीत नहीं होना). 'अभय' न सिर्फ आध्यात्मिक, बल्कि भौतिक जीवन की सफलता के लिए भी अनिवार्य है. वास्तव में अभय एक उच्चस्तरीय मनःस्थिति का नाम है.

सर्वधर्म-समभाव

गांधीजी का यह नौवाँ व्रत पूर्णरूपेण वेदान्त की 'अद्वैत' मान्यता पर आधारित है. उनकी राय में संसार के सारे धर्म मानव की मुक्ति के लिए ही बने हैं. इसलिए सभी सत्य हैं. सभी धर्मों/पंथों के सिद्धान्तों एवं सन्तों में उन्होंने एकसा सत्य देखा. गांधीजी के शब्दों में–"प्रत्येक धर्म मानवता को दिशा दिखाने वाले प्रदीप है. जिसके प्रकाश में अपना जीवन-निर्माण करना ही 'सर्वधर्म समानत्व' है." भगवान श्रीकृष्ण के कथन– "सारे धर्म अंततः हम तक पहुँचने के ही मार्ग हैं." को गांधीजी परम् सत्य मानते हैं.

गांधीजी के अनुसार 'हम और हमारा धर्म' के भाव का त्याग हमें सर्वधर्म समभाव की ओर बढ़ाता है. इस [illegible] कर व्यक्ति देवत्व को प्राप्त कर [illegible] गांधीजी के 'धर्म' में राम-रहीम [illegible] नहीं बड़े ही सूक्ष्म ढंग से [illegible] को भी एक राष्ट्र-धर्म बना दिया [illegible] राष्ट्र व मानव-प्रेम इसी धर्म के [illegible] थे.

स्पर्श भावना

स्पर्श के आधार पर किसी [illegible] ऊँच-नीच न समझना ही 'स्पर्श-[illegible] है. इस व्रत का उद्देश्य मनुष्य की [illegible] की मनोवृति को समाप्त करना [illegible] के अनुसार, "अस्पृश्यता' ईश्वर [illegible] के प्रति अपराध है, लेकिन एक [illegible] अनुयायी से यह अपराध नहीं होता [illegible] व्रतधारी इससे सहज ही बच जाते [illegible] इनकी समत्व, दृष्टि में सृष्टि [illegible] प्राणी एक-सा दिखाई पड़ता है."

स्वदेशी

गांधीजी कोरे वेदान्ती नहीं थे [illegible] उन्होंने सर्वधर्म समभाव आदि की [illegible] के बावजूद स्वदेशी के भाव को [illegible] को एक व्रत कहा. उनके [illegible] "स्वदेशी-व्रत राष्ट्र का एक [illegible] धर्म है. जो अपना स्वधर्म है [illegible] श्रीकृष्ण के 'स्व धर्मे निधन श्रेय [illegible] भयावहः" के स्वर में ही गांधीजी ने [illegible] व्रत का पालन न करने को [illegible] समान घातक बताया. स्वदेशी से [illegible] का तात्पर्य– वस्त्र, विचार और [illegible] उन मूलभूत तत्वों से है, जो देश [illegible] 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' [illegible] भाव जगा सके.

आज जब गांधीजी हमारे बीच [illegible] उनके इस एकादश-व्रत की उपयो[illegible] बढ़ गई है. सचमुच ये ऐसे महाव्रत हैं [illegible] पालन से व्यक्ति, परिवार, समाज [illegible] विश्व-सर्वत्र शान्ति एवं सुख कायम [illegible] है. यह व्रत व्यक्ति और राष्ट्र दोनों [illegible] दिलाने वाले हैं.

UPKAR'S
Towards New Horizons
MODERN ESSAYS
(For Academic and Competitive Examinations particularly for Indian Civil Services and other Services Examinations)
By : Brij Kishore Goel
Price : Rs. 55
UPKAR PRAKASHAN, AGRA

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य ज्ञान

(स्मृति पर आधारित)

अवस्था परिवर्तन की अवधि में ताप-क्रम–
(A) बढ़ता है
(B) घटता है
(C) स्थिर रहता है
(D) बढ़ या घट सकता है

रेल की पटरियों के बीच में थोड़ी खाली जगह छोड़ी जाती है–
(A) ऊष्मा के दौरान प्रसारण देने हेतु
(B) धातु की कीमत बचाने हेतु
(C) धातु को सिकुड़ने देने हेतु
(D) इनमें से कोई नहीं

निम्नलिखित में से कौनसा एक सही ढंग से सुमेलित है?
(A) बल आघूर्ण – वाट
(B) कार्य – जूल-से
(C) शक्ति – न्यूटन-मीटर
(D) बल की इकाई – न्यूटन

एक गाड़ी सड़क पर चल रही है. जब वर्षा ऊर्ध्वाधर बरस रही है, तो वर्षा प्रभावित करेगी–
(A) केवल सामने के शीशे पर
(B) केवल पिछले शीशे पर
(C) दोनों शीशों पर
(D) किसी भी शीशे पर नहीं

किस उपकरण को समुद्र की गहराई मापने के लिए व्यवहार किया जाता है, कहा है–
(A) रेडार (B) फैदोमीटर
(C) सोनार (D) हाइड्रोमीटर

किसी तरंग के ..... के कारण ध्वनि उत्पन्न होती है–
(A) विवर्तन (B) अपवर्तन
(C) परावर्तन (D) प्रकीर्णन

+1 डाइऑप्टर शक्ति वाले लेंस की फोकस दूरी बराबर होनी चाहिए–
(A) 1 सेमी (B) 10 सेमी
(C) 100 सेमी (D) 1000 सेमी

जल का घनत्व अधिकतम होता है–
(A) 0°C पर (B) 4°C पर
(C) 100°C पर (D) –10°C पर

9. एक वस्तु जब एक तरल में निमज्जित की जाती है, तो उसके द्वारा हटाए गए तरल के वजन के बराबर प्रणोद का अनुभव होता है. यह है–
(A) न्यूटन का गति का नियम
(B) डूलाँग एवं पेटिट का नियम
(C) प्लवन का नियम
(D) आर्किमिडीज का सिद्धान्त

10. स्वचालित वाहनों में द्रवचालित ब्रेक कार्य करते हैं–
(A) बर्नोली के सिद्धान्त पर
(B) प्वायज के सिद्धान्त पर
(C) पास्कल के सिद्धान्त पर
(D) आर्किमिडीज के सिद्धान्त पर

11. निम्नलिखित में से कौनसा इलेक्ट्रॉनिक विन्यास स्थायी है?
(A) d^2 (B) p^2
(C) s^2 (D) f^2

12. किस अम्ल में –COOH समूह नहीं रहता है?
(A) एथेनॉइक अम्ल
(B) ऑक्जेलिक अम्ल
(C) थैलिक अम्ल (Phthalic Acid)
(D) पिक्रिक अम्ल

13. ब्लीचिंग चूर्ण का प्रयोग मुख्य रूप से होता है–
(A) क्लोरीन बनाने में
(B) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल बनाने में
(C) सोडियम बाइसल्फाइट बनाने में
(D) जल को विसंक्रमित करने के लिए

14. D.D.T. एक ..... है.
(A) कीटनाशी
(B) पीड़कनाशी
(C) साबुन बनाने का संघटक
(D) परिरक्षी का जैविक नमूना

15. निम्नलिखित में से कौनसा एक हाइड्रोजन का समस्थानिक नहीं है?
(A) प्रोटियम (B) ट्रीटियम
(C) इट्रियम (D) ड्यूटेरियम

16. निम्नलिखित में से कौनसी गैस हवा से हल्की है?
(A) कार्बन डाइऑक्साइड
(B) ऑक्सीजन
(C) अमोनिया
(D) क्लोरीन

17. निम्नलिखित में रेडियोधर्मी तत्व है–
(A) रेडियम (B) ऑर्गन
(C) हीलियम (D) क्रिप्टॉन

18. निम्नलिखित में से कौनसा एक तत्व है?
(A) माणिक्य (B) नीलमणि
(C) पन्ना (D) हीरा

19. न्यूट्रॉन की खोज की गई थी–
(A) जे. जे. थॉमसन द्वारा
(B) गोल्डस्टाइन द्वारा
(C) नील बोर द्वारा
(D) चैडविक द्वारा

20. पेन्सिल में निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?
(A) चारकोल (B) सिलिकॉन
(C) फॉस्फोरस (D) ग्रेफाइट

21. द्विपद नाम पद्धति का प्रचलन किसने किया?
(A) बेंथम (B) हूकर
(C) डार्विन (D) लिनीयस

22. इसे जैविक खाद के रूप में प्रयोग किया जाता है–
(A) एजोला
(B) खोइ (Bagasse)
(C) यूरिया
(D) क्लॉस्ट्रीडियम

23. निम्नलिखित विभाजन द्वारा एक जीव में गुणसूत्रों की संख्या को कायम रखा जाता है–
(A) सूत्री विभाजन
(B) असूत्री विभाजन
(C) अर्धसूत्री विभाजन
(D) इनमें से सभी

24. यीस्टों के किण्वन क्रियाकलाप में प्रयुक्त होने वाला कच्चा पदार्थ है/हैं–
(A) शर्करा एवं फल-रस
(B) शर्करा
(C) ऐल्कोहॉल
(D) सैकरीन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

25. जैविक-कीटनाशी के रूप में एक उत्कृष्ट उदाहरण है–
(A) थुरिंजीएनसिस दण्डाणु
(B) सब्टिलिस दण्डाणु
(C) मेगाटेरियम दण्डाणु
(D) रैमोसस दण्डाणु

26. लाइसोजोम को जाना जाता है–
(A) स्रावी सूक्ष्म गोलिका के रूप में
(B) आत्मघाती थैलों के रूप में
(C) डिकटियोसोम के रूप में
(D) राइबोसोम के रूप में

27. निम्नलिखित में से कौनसा एक सही ढंग से सुमेलित नहीं है?
(A) बीजाणु – प्रजनन
(B) वाहिका – शर्करा का स्थानान्तरण
(C) रंध्र – वाष्पोत्सर्जन
(D) प्रकाश संश्लेषण – ऑक्सीजन का विकास

28. एक पादप कोशिका का एक जन्तु कोशिका से विभेदन किया जाता है–
(A) माइटोकॉण्ड्रिया की उपस्थिति द्वारा
(B) कोशिका भित्ति की उपस्थिति द्वारा
(C) कोशिका झिल्ली की उपस्थिति द्वारा
(D) केन्द्रक की उपस्थिति द्वारा

29. कृत्रिम रेशम तैयार किया जाता है–
(A) फ्लोएम तंतुओं से
(B) लकड़ी के गूदे से
(C) संश्लिष्ट तंतुओं से
(D) ऊन से

30. रेशम कीटपालन से सम्बन्धित पौधा है–
(A) यूकेलिप्टस (B) सिनकोना
(C) मॉलबरी (D) मकई

31. यदि एक गोलक के अर्द्धव्यास को 50% द्वारा बढ़ाया जाए, तो गोलक के पृष्ठ क्षेत्रफल में वृद्धि होती है–
(A) 100% (B) 125%
(C) 150% (D) 200%

32. आठ संख्याओं का औसत 14 है. इनमें से प्रथम छः संख्याओं का औसत 16 है. बाकी बची दो संख्याओं का औसत है–
(A) 4 (B) 8
(C) 16 (D) 12

33. यदि एक खाई को पाँच आदमियों द्वारा खोदने में 2 घण्टे लगते हों, तो उसी खाई को 12 आदमियों द्वारा खोदने में कितना समय लगेगा?
(A) 45 मिनट (B) 50 मिनट
(C) 54 मिनट (D) 60 मिनट

34. यदि दो संख्याओं का समान्तर माध्य 10 एवं उनका गुणोत्तर माध्य 8 हो, तो वे संख्याएं हैं–
(A) 20, 5 (B) 16, 4
(C) 15, 5 (D) 12, 8

35. 60 का कौनसा प्रतिशत 45 होता है?
(A) 75 (B) 80
(C) 90 (D) 85

36. एक सामान 240 रु. में बेचा जाता है. यदि लाभ क्रय मूल्य का 1/5वाँ भाग हो, तो क्रय मूल्य है–
(A) 192 रु. (B) 200 रु.
(C) 180 रु. (D) 164 रु.

37. प्रथम 50 प्राकृतिक संख्याओं का योगफल है–
(A) 2525 (B) 1725
(C) 1275 (D) 2550

38. कितने समय में 2000 रु. 10% चक्रवृद्धि ब्याज प्रतिवर्ष की दर से 2420 रु. होंगे?
(A) 3 वर्ष (B) 2 वर्ष
(C) 4 वर्ष (D) 5 वर्ष

39. बिम्बिसार ने शासन किया था–
(A) सुवन्ती पर (B) मगध पर
(C) काशी पर (D) अवध पर

40. अलीगढ़ आन्दोलन आरम्भ किया गया था–
(A) मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा
(B) सर सैयद अहमद खान द्वारा
(C) डॉ. ज़ाकिर हुसैन द्वारा
(D) सर मुहम्मद इकबाल द्वारा

41. भारत के किस राज्य में नालन्दा विश्वविद्यालय के ध्वंसावशेष पाए जाते हैं?
(A) उत्तर प्रदेश
(B) बिहार
(C) पश्चिम बंगाल
(D) आन्ध्र प्रदेश

42. मौर्य राजवंश की राजधानी थी–
(A) दिल्ली (B) पटना
(C) आगरा (D) इलाहाबाद

43. कुतुब मीनार की नींव किसने डाली?
(A) इल्तुतमिश
(B) मुहम्मद गोरी
(C) कुतुबुद्दीन ऐबक
(D) इनमें से कोई नहीं

44. बुद्धचरित का ग्रंथकार है–
(A) अशोक (B) कनिष्क
(C) अश्वघोष (D) कल्हण

45. अष्टप्रधान ..... की राजधानी थी.
(A) हरिहर I
(B) कृष्णदेवराय
(C) शिवाजी
(D) बालाजी बाजीराव

46. संविधान सभा के सभापति थे–
(A) जवाहरलाल नेहरू
(B) सरदार पटेल
(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(D) महात्मा गांधी

47. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना किस वर्ष हुई?
(A) 1884 ई. (B) 1885
(C) 1906 ई. (D) 1907

48. ..... के समय फाह्यान नालन्दा भारतीय विश्वविद्यालय आया था.
(A) हर्ष
(B) कनिष्क
(C) चन्द्रगुप्त मौर्य
(D) अशोक

49. ..... एक वाणिज्यिक फसल है.
(A) जौ (B) चावल
(C) तम्बाकू (D) गेहूँ

50. नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर बनाया गया है?
(A) नर्मदा (B) गोदावरी
(C) मूसी (D) कृष्णा

51. बिहार का ..... भाग उर्वरक मैदान का फैलाव है, जो सरयू, गण्डक एवं कोसी नदियों के बहाव के कारण है.
(A) दक्षिणी (B) उत्तरी
(C) पूर्वी (D) पश्चिमी

52. निम्नलिखित में से कौनसा उद्योग दक्षिण बिहार में स्थित है?
(A) उर्वरक
(B) लोहा तथा इस्पात
(C) कागज
(D) विस्फोटक

53. भारत के निम्नलिखित प्रमुख बन्दरगाहों में से किस बन्दरगाह में सर्वाधिक यातायात सँभालता है?
(A) कोचीन (B) कलकत्ता
(C) मुम्बई (D) विशाखापत्तनम

54. निम्नलिखित राज्यों में से किसकी भूमि द्वारा सिंचाई उसके सम्पूर्ण सिंचित क्षेत्र का उच्चतम प्रतिशत है?
(A) आन्ध्र प्रदेश (B) कर्नाटक
(C) उड़ीसा (D) तमिलनाडु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत का कौनसा राज्य अधिकतम वनाच्छद वाला क्षेत्र है?
(A) मध्य प्रदेश (B) केरल
(C) असम (D) कर्नाटक

बिहार का सम्पूर्ण क्षेत्रफल (हजार वर्ग किमी में) कितना है?
(A) 155·7 (B) 173·9
(C) 130·1 (D) 191·8

खनिज उत्पादन में, बिहार भारत के सम्पूर्ण खनिज उत्पादन का ..... प्रतिशत का हिस्सेदार है.
(A) 40 (B) 50
(C) 30 (D) 20

किस शहर में पहला ओलम्पिक खेल हुआ था?
(A) बर्लिन (B) एथेन्स
(C) सिओल (D) अटलांटा

एक राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता पाने के लिए एक राजनीतिक दल को कम-से-कम ..... राज्यों में मान्यता प्राप्त दल होना आवश्यक है.
(A) तीन (B) चार
(C) पाँच (D) छः

झारखंड राज्य की प्रस्तावित राजधानी कौनसी है?
(A) गुमला (B) सिंहभूम
(C) राँची (D) पटना

बिहार से राज्य सभा के कितने सदस्य हैं?
(A) 54 (B) 22
(C) 34 (D) 42

बिहार विधान सभा ने एक नए राज्य झारखण्ड के निर्माण के लिए सिफारिश की थी–
(A) वर्ष 1996 में
(B) वर्ष 1997 में
(C) वर्ष 1998 में
(D) वर्ष 1999 में

लोकतंत्र सरकार का आवश्यक लक्षण निम्नलिखित में से कौनसा नहीं है?
(A) लिखित संविधान
(B) दोहरी नागरिकता
(C) लचीला संविधान
(D) संविधान की सर्वोच्चता

राष्ट्रपति लोक सभा को भंग कर सकता है–
(A) प्रधानमंत्री की सलाह पर
(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश की सलाह पर
(C) उपराष्ट्रपति की सलाह पर
(D) लोक सभा की सिफारिश पर

65. भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति कौन करता है?
(A) प्रधानमंत्री
(B) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(C) कानून मंत्री
(D) राष्ट्रपति

66. संविधान सभा का पहला अधिवेशन हुआ था–
(A) बम्बई में (B) कलकत्ता में
(C) लाहौर में (D) नई दिल्ली में

67. निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य का संविधान अलग है?
(A) असम
(B) अरुणाचल प्रदेश
(C) जम्मू एवं कश्मीर
(D) सिक्किम

68. भारतीय राष्ट्रीय झण्डा के 'चक्र' में कितनी आरियाँ हैं?
(A) 20 (B) 36
(C) 30 (D) 24

69. एक समुदाय की सम्पत्ति संचय का लेखा किया जाता है–
(A) पूँजी एवं उपभोज्य वस्तुओं के समुच्चयन द्वारा
(B) सकल निवेश – मूल्य ह्रास द्वारा
(C) लोगों के रहन-सहन के स्तर द्वारा
(D) अदृश्य एवं अमूर्त वस्तुओं में शुद्ध वृद्धि द्वारा

70. 'चुंगी कर'–
(A) एक नगरीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाली वस्तुओं पर लगाया गया एक कर है
(B) एक देश से दूसरे देश में प्रवेश करने वाली वस्तुओं पर लगाया गया कर है
(C) निगम क्षेत्र पर लगाया गया कर है
(D) इनमें से कोई नहीं

71. 1997-98 में चालू मूल्यों पर बिहार की प्रति व्यक्ति आमदनी क्या है?
(A) 2500 रु. (B) 4654 रु.
(C) 3500 रु. (D) 2650 रु.

72. 'दि तारापुर कमेटी' ..... के निर्गम की जाँच करने के लिए आर.बी.आई. द्वारा नियुक्त किया गया था.
(A) रुपए की पूँजी खाता विनिमेयता
(B) रुपए की चालू खाता विनिमेयता
(C) रुपए की पूँजी खाता विनिमेयता एवं चालू खाता विनिमेयता
(D) व्यापार क्षेत्र सुधार

73. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना की गई थी–
(A) 1 जनवरी, 1934 को
(B) 1 अप्रैल, 1934 को
(C) 1 जनवरी, 1935 को
(D) 1 अप्रैल, 1935 को

74. निम्नलिखित उद्योगों में से कौनसा वनों पर आधारित नहीं है?
(A) सीमेन्ट
(B) खेल सामग्रियाँ
(C) कागज
(D) लाख

75. सन् 2000 के आरम्भ में भारत सरकार ने अपने ईक्विटी अंशों का विनिवेश करने का निश्चय किया–
(A) इण्डियन एयरलाइन्स एवं मॉडर्न फूड इण्डस्ट्रीज में
(B) VSNL एवं IIMT में
(C) MMTC एवं NTC में
(D) एयर इण्डिया एवं गेल (GAIL) में

76. किस पंचवर्षीय योजना में कृषि तकनीकी के विकास पर प्राथमिकता दी गई?
(A) पहली (B) दूसरी
(C) तीसरी (D) पाँचवीं

77. सन् 1999-2000 में बिहार की वार्षिक योजना राशि क्या थी?
(A) 3768·74 करोड़ रु.
(B) 2786·47 करोड़ रु.
(C) 3630·00 करोड़ रु.
(D) 2678·74 करोड़ रु.

78. बिहार में मुद्रा स्फीति का प्रतिशत क्या है?
(A) 20% (B) 30%
(C) 10% (D) 5%

79. किस फिजी मुक्ति नेता पर देशद्रोह का अभियोग लगा है?
(A) महेन्द्र पाल चौधरी
(B) जॉर्ज स्पेट
(C) जोसेफा इलोयला
(D) जॉर्ज शिव राज

80. 'ग्रैण्ड स्लाम' शब्द किससे सम्बन्धित है?
(A) टेबल टेनिस (B) बैडमिंटन
(C) ब्रीज (D) शतरंज

81. किस दिन राष्ट्र में 'चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है?
(A) 1 जुलाई को (B) 30 जून को
(C) 1 अप्रैल को (D) 31 मार्च को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

82. नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की सर्वप्रथम महिला अध्यक्षा कौन होने जा रही है?
(A) आशा पारेख
(B) हेमा मालिनी
(C) वैजयन्तीमाला
(D) शबाना आजमी

83. संगीत की दुनिया में जाकिर हुसैन किसमें विशिष्ट हैं?
(A) वायलिन (B) बाँसुरी
(C) सरोद (D) तबला

84. जिस सिने प्रोड्यूसर का नाम 'गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्डस्' में दर्ज हुआ था, वह है–
(A) सत्यजीत राय
(B) डब्ल्यू. वी. टेनिंग
(C) डी. रामा नायडू
(D) जेम्स कोमेरोन

85. 47वाँ राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में किस फीचर फिल्म को सर्वोत्तम फीचर फिल्म पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था?
(A) सरफरोश
(B) वाणप्रस्थ
(C) संगमम्
(D) कनूरू हेग्गदीथी

86. प्रस्तावित झारखण्ड राज्य ..... जिलों से बना है.
(A) 16 (B) 17
(C) 18 (D) 19

87. अपहृत आई.सी. 814 वायुयान के बंधकों को कहाँ रखा गया था?
(A) लाहौर (B) कंधार
(C) इस्लामाबाद (D) ढाका

88. आठवें राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार के लिए किसे चुना गया है?
(A) दिलीप कुमार
(B) राजकुमार
(C) राम जेठमलानी
(D) डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

89. सन् 1999-2000 के राजीव गांधी खेल-रत्न पुरस्कार के लिए किसे नामांकित किया गया?
(A) धनराज पिल्लई
(B) ध्यानचन्द
(C) भास्करन
(D) रमनदीप सिंह

90. भारतवर्ष में किनके जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है?
(A) मिल्खा सिंह
(B) ध्यानचन्द
(C) लाला अमरनाथ
(D) अप्पा राव

91. अगला फुटबाल विश्व कप (2000 A.D.) होना निश्चित हुआ है–
(A) चीन में
(B) आस्ट्रेलिया में
(C) जर्मनी में
(D) दक्षिण अफ्रीका में

92. 15 वर्ष के कम का क्रिकेट विश्व चैम्पियन कौन हुआ?
(A) भारत (B) श्रीलंका
(C) पाकिस्तान (D) वेस्टइंडीज

93. निम्नलिखित में से कौन बिलियर्ड से सम्बन्धित नहीं है?
(A) विलियम जोन्स
(B) माइकल फरेरा
(C) गीत सेठी
(D) प्रकाश पादुकोन

94. ग्रैण्डमास्टर विश्वनाथन् आनन्द द्रुत शतरंज फुजीत्सु सीमेन्स जायंट टूर्नामेन्ट को निम्नलिखित में से किसको हराकर जीता?
(A) गैरी कास्पारोव
(B) कारपोव
(C) बॉबी फिशर
(D) एलेक्स कोरेत्जा

95. निम्नलिखित स्थानों में से कौनसा क्रिकेट के साथ जुड़ा हुआ नहीं है?
(A) गली (B) शॉर्ट लेग
(C) सिली लेग (D) एक्सट्रा कवर

96. भारत के विरुद्ध निम्नलिखित में से किस क्रिकेट खिलाड़ी ने तीन शतक (Triple Century) बनाए थे?
(A) ब्रायन लारा
(B) लेन हाटन
(C) गैरी सोबर्स
(D) सनत जयसूर्या

उत्तरमाला

1. (C)	2. (A)	3. (D)	4. (A)	5. (B)
6. (C)	7. (C)	8. (B)	9. (D)	10. (C)
11. (C)	12. (D)	13. (D)	14. (A)	15. (C)
16. (C)	17. (A)	18. (D)	19. (D)	20. (D)
21. (D)	22. (A)	23. (A)	24. (A)	25. (A)
26. (B)	27. (D)	28. (B)	29. (B)	30. (C)
31. (B)	32. (B)	33. (B)	34. (B)	35. (A)
36. (B)	37. (C)	38. (B)	39. (B)	40. (B)
41. (B)	42. (B)	43. (C)	44. (C)	45. (C)
46. (C)	47. (B)	48. (A)	49. (C)	50. (D)

51. (D) 52. (B) 53. (C) 54. (D)
56. (B) 57. (C) 58. (B) 59. (B)
61. (B) 62. (D) 63. (B) 64. (A)
66. (D) 67. (C) 68. (D) 69. (A)
71. (B) 72. (A) 73. (D) 74. (A)
76. (A) 77. (C) 78. (D) 79. (B)
81. (A) 82. (B) 83. (D) 84. (C)
86. (C) 87. (B) 88. (A) 89. (A)
91. (C) 92. (D) 93. (D) 94. (A)
96. (A)

संकेत

25. भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र ... मुम्बई के Centre of Excellence ... Basic Molecular Biology ... के द्वारा एक उत्कृष्ट जैविक ... (Typical bio-pesticide) बैसीलस ... जिएन्सिस (Bt) से Entomotoxin ... को सरसों, तम्बाकू, चना ... स्थानान्तरित कर कीट प्रतिरोधिता ... resistance) पैदा कर दी है ... Technology क्षेत्र की नई उपलब्धि ...

26. लाइसोसोम बाह्य भोज्य पदार्थों ... तथा पाचन और पुरानी कोशिकाओं ... नष्ट करना होता है. इसके ... प्रोटीन की एकक कला तथा ... ओर एक गुहा होती है, जो ... साधारण रचनाएं होती हैं.

27. अब रेडियोएक्टिव तत्वों की ... Tracer Technique द्वारा पूर्ण ... हो गया है कि प्रकाश संश्लेषण ... synthesis) के समय पत्ती ... वाली ऑक्सीजन CO_2 से नहीं ... पानी से प्राप्त होती है, जो ...

$$6CO_2 + 6H_2O \xrightarrow[\text{Chlorophyll}]{\text{Light}} C_6H_{12}O_6 + 6O_2$$

द्वारा प्रदर्शित की जाती ... पुरानी विचारधारा को अब ... गया है.

34. माना दो संख्याएं x तथा y हैं ...

$\therefore \frac{x+y}{2} = 10$

$\Rightarrow x+y = 20$

$\sqrt{xy} = 8$

$\Rightarrow xy = 64$

$\therefore x-y = \sqrt{(x+y)^2 - 4xy}$

$= \sqrt{400 - 2\ldots}$

$= \sqrt{144} = \ldots$

$\Rightarrow x-y = 12$

समी. (1) और (3) को जोड़ने ... पर–

$x = 16$ ...

$\therefore$ अभीष्ट संख्याएं = 16, 4 ...

शेष पृष्ठ ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य ज्ञान

(B) दोनों अहिंसा का उपदेश देते थे, जिससे व्यापार वाणिज्य में उन्नति अवश्यंभावी था

(C) दोनों ने व्यापार वाणिज्य में लेन-देन कारोबार में पैसों की भागीदारी को उचित बताया था

(D) उपर्युक्त सभी

7. सल्लेखन हैं—

(A) कर्मों का जीव की ओर बहाव रुक जाना

(B) अन्न-ज़ल त्याग द्वारा निर्वाण प्राप्त करना

(C) पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति

(D) धार्मिक एवं सामाजिक रूढ़ियों और पाखंड़ों का विरोध

8. जजिया कर किस मुगल बादशाह द्वारा हटाया गया ?

(A) अकबर (B) जहाँगीर

(C) औरंगजेब (D) बाबर

9. अशोक के शिलालेखों में उल्लिखित 'परिषा' का अर्थ है—

(A) मंत्रिपरिषद् (B) महामात्र

(C) रज्जुक (D) प्रतिवेदक

10. यूनानी आक्रमण (सिकन्दर) को रोकने के लिए पश्चिमोत्तर भारत में किसी प्रकार के 'सयुक्त मोर्चे' (United alliance) की स्थापना नहीं हो सकी, क्योंकि—

(A) सभी छोटे-छोटे राज्य अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए आतुर थे

(B) सभी छोटे-छोटे राज्यों में परस्पर वैमनस्य एवं संघर्ष की परम्परा कायम थी

(C) यह क्षेत्र अनेक राजतंत्रों और कबायली गणराज्यों में बँटा हुआ था

(D) उपर्युक्त सभी

11. चीनी बौद्ध यात्री फाह्यान ने 405 से 411 तक भारत का भ्रमण (दौरा) क्यों किया?

(A) बौद्ध पांडुलिपियों और पाठों का संग्रह करने

(B) बौद्ध बिहारों का अध्ययन करने

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) भारत के तत्कालीन सामाजिक अध्ययन और बुद्ध एवं महावीर के उपदेशों का विश्लेषण करने

12. सिल्पयदिकरम और मणिमेकलै है—

(A) तमिल व्याकरण

(B) तमिल नाटक

(C) तमिल अलंकारशास्त्र

(D) तमिल महाकाव्य

13. तारा सम्प्रदाय आज भी विद्यमान है–

(A) नेपाल और तिब्बत में

(B) भारत और नेपाल में

(C) इण्डोनेशिया और तिब्बत में

(D) भारत और तिब्बत में

14. निम्नांकित में कौनसा जोड़ा असत्य है?

(A) भाग–6 — सघ

(B) भाग–14 — संघ और राज्यों के. अधीन सेवाएं

(C) भाग–17 — राजभाषा

(D) भाग–20 —संविधान का संशोधन

15. संसदीय लोकतंत्र में प्रत्येक राजनीतिक दल 'सचेतक' (Whip) की नियुक्ति करते हैं, ताकि—

(A) वह अपने दल में अनुशासन बनाए रखें

(B) वह अपने दल के सदस्यों को मतदान विषयक निर्देश दे सकें

(C) वह अपने दल के सदस्यों की स्थिति तैयार रखें

(D) उपर्युक्त सभी

16. आज सम्पत्ति का अधिकार (Right of Property) है—

(A) एक मौलिक अधिकार

(B) एक विधिक अधिकार

(C) एक संसदीय अधिकार

(D) इनमें से कोई नहीं

17. दिल्ली में विधान सभा का गठन हुआ है–

(A) 68 वें संविधान संशोधन द्वारा

(B) 69 वें संविधान संशोधन द्वारा

(C) 70 वें संविधान संशोधन द्वारा

(D) 71 वें संविधान संशोधन द्वारा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

18. राज्यपाल को निम्नलिखित में से किसे हटाने का अधिकार नहीं है?
(A) मुख्यमंत्री को
(B) राज्य के अन्य मंत्रियों को
(C) राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों को
(D) राज्य के महाधिवक्ता को

19. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् की सदस्य संख्या कितना होना आवश्यक माना गया है ?
(A) लोकसभा के कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{12}$ भाग
(B) राज्यसभा के कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{20}$ भाग
(C) आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार नामांकित सदस्य का $\frac{1}{15}$ भाग
(D) इसके लिए कोई निश्चित सीमा निर्धारित नहीं है

20. आपातकाल के दौरान निम्नलिखित में से कौनसा अनुच्छेद अप्रभावित रहता है?
(A) अनु. 19 और 20
(B) अनु. 20 ओर 21
(C) अनु 21 और 22
(D) अनु. 20 और 22

21. अनु. 32 के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है ?
(A) संविधान की आत्मा
(B) प्रस्तावना की कुंजी
(C) विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया
(D) स्वेच्छाचारिता के स्थान पर विधि

22. दल-बदल से सम्बन्धित किसी प्रश्न या विवाद पर अन्तिम निर्णय किसका होगा?
(A) सर्वोच्च न्यायालय का
(B) सदन के अध्यक्ष/सभापति का
(C) राष्ट्रपति का
(D) निर्वाचन आयोग का

23. राज्यसभा में सर्वाधिक प्रतिनिधित्व के क्रम में राज्य हैं—
(A) उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल
(B) मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल
(C) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और तामिलनाडु
(D) उत्तरप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और आन्ध्रप्रदेश

24. निम्नलिखित में से कौनसा विधेयक साधारणतया प्रत्येक वर्ष बजट पेश किये जाने के तुरन्त पश्चात् लोक सभा में प्रस्तुत किया जाता है ?
(A) वित्त विधेयक
(B) धन विधेयक
(C) विनियोग विधेयक
(D) उपर्युक्त सभी

25. निम्नलिखित किस निकाय (System) को एक आलोचक ने 'सम्पूर्ण देश का आर्थिक मंत्रिमण्डल' बताया?
(A) वित्त आयोग
(B) योजना आयोग
(C) राष्ट्रीय विकास परिषद्
(D) संसद

26. लॉर्ड वैलेजली की सहायक सन्धि Subsidiary Agreement) का प्रथम प्रयोग था—
(A) हैदराबाद के निजाम के साथ
(B) सतारा के साथ
(C) ग्वालियर के साथ
(D) मराठा के साथ

27. ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भारतीय कृषि व्यवस्था में हस्तक्षेप करना प्रारम्भ क्यों किया ?
(A) आर्थिक व्यय की पूर्ति करने
(B) अधिकाधिक राजस्व प्राप्त करने
(C) कृषि के परम्परागत ढाँचे को समाप्त करने
(D) उपर्युक्त सभी

28. 'खोंड विद्रोह' किस प्रान्त की महत्वपूर्ण जनजातीय विद्रोह है ?
(A) असम (B) उड़ीसा
(C) कर्नाटक (D) नागालैण्ड

29. स्थायी बन्दोबस्त व्यवस्था के तहत जमींदारों को किसानों से वसूल किए गए भू-राजस्व की कुल रकम का कितना भाग कम्पनी को देना होता था?
(A) $\frac{1}{10}$ भाग (B) $\frac{10}{11}$ भाग
(C) $\frac{11}{10}$ भाग (D) $\frac{10}{12}$ भाग

30. निम्नलिखित में से किस इतिहासकार ने माना कि "1857 का विद्रोह का स्वरूप राष्ट्रीय था?"
(A) एस. एन. सेन
(B) अशोक मेहता
(C) वी. डी. सावरकर
(D) शशिभूषण चौधरी

31. ऐसे कृषि वैज्ञानिक जिन्हें नोबेल पुरस्कार मिला हो—
(A) एम. एस. स्वामीनाथन
(B) नॉरमन ई. बोरलॉग
(C) अमर्त्य सेन
(D) सी. वी. रमन

32. ब्रिटिश सरकार ने केवल [illegible] विभाजन का निर्णय लिया, [illegible]
(A) उस समय में प्रशासनिक [illegible] कठिन होता जा रहा था
(B) बंगाल में हिन्दू-मुस्लिम [illegible] के बीच हिंसा एवं तनाव की [illegible] उत्पन्न हो गई थी
(C) उस समय बंगाल भारतीय [illegible] वाद का सबसे प्रमुख केन्द्र था
(D) इनमें से कोई नहीं

33. भारत सरकार अधिनियम [illegible] तहत प्रांतों में 'द्वैध शासन [illegible] शुरूआत की गई. इस [illegible] जन्मदाता है–
(A) लॉर्ड चेम्सफोर्ड
(B) लॉर्ड लैन्सडाउन
(C) जॉन वुडहेड
(D) लियोनिल कॉटिश

34. 1925 में अखिल भारतीय [illegible] 'कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इण्डिया' [illegible] स्थापना किस शहर में हुई ?
(A) मेरठ (B) दिल्ली
(C) कानपुर (D) लखनऊ

35. 'काकोरी षड्यंत्र केस' के [illegible] लिखित में से किस क्रान्तिकारी [illegible] फाँसी की सजा दी गई ?
1. राम प्रसाद बिस्मिल
2. योगेश चन्द्र चटर्जी
3. रोशन सिंह
4. अशफाक उल्ला खाँ
5. सचीन्द्र नाथ सान्याल
6.. राजेन्द्र लाहिड़ी

कूट :
(A) 1, 2, 3, 4, 6
(B) 1, 3, 4, 6
(C) 2, 3, 5, 6
(D) 2, 4, 5, 6

36. भारत में साइमन कमीशन के [illegible] त्वरित तथा तीव्र जनारोष [illegible] गया. भारतीय जनारोष का [illegible] कारण था—
(A) कमीशन में किसी भी [illegible] को सदस्य न बनाए जाने से
(B) भारत में स्वशासन [illegible] निर्णय विदेशियों द्वारा लिए [illegible]
(C) उपर्युक्त दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...दाण्डी मार्च' का सही कालानुक्रम है–
(A) 12 मार्च से 5 अप्रैल
(B) 12 मार्च से 6 अप्रैल
(C) 14 मार्च से 8 अप्रैल
(D) 14 मार्च से 6 अप्रैल

...गांधीजी की दाण्डीमार्च नेपोलियन की एल्बा से पेरिस की ओर किए गए अभियान के समान थी" उपर्युक्त कथन किस राष्ट्रवादी राजनेता की है?
(A) सुभाष चन्द्र बोस
(B) जवाहर लाल नेहरू
(C) सरदार पटेल
(D) के. एम. मुंशी

...महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन बंद कर दिया, क्योंकि–
(A) जनता से उन्हें सहयोग नहीं मिल रहा था
(B) वे सरकार की दमननीति से घबड़ा गए थे
(C) नेताओं में मतभेद हो गया था
(D) चौरी-चौरा के थाने में हिंसात्मक कार्य किया गया था

...निम्नलिखित में से कौनसा कथन उचित है ?
(A) प्रत्येक जीन (Gene) जीव के एक आनुवांशिक कण के लिए उत्तर-दायी होता है
(B) कोशिका भित्ति (Cell-Wall) पादप कोशिका को निश्चित आकार प्रदान रखने में सहायक होती है.
(C) क्लोरोप्लास्ट (Chloroplast) केवल पादप कोशिकाओं में मौजूद रहता है.
(D) इनमें से कोई नहीं

...युग्मक (Gametes), नर तथा मादा की जैनिक कोशिकाओं में बनते हैं तथा इनमें क्रोमोसोम (Chromosome) की संख्या–
(A) आधी होती है
(B) दोगुनी होती है
(C) चौगुनी होती है
(D) समान होती है

...रुधिर (Blood) के सभी घटक हैं—
(A) लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं एवं लाइपोसोम
(B) प्लाज्मा, पट्टिकाणु कोशिकाएं, लाल रक्त कोशिकाएं एवं क्रोमोसोम
(C) लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं, प्लाज्मा एंव पट्टिकाणु कोशिकाएं
(D) प्लाज्मा पट्टिकाणु कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं एव हृदय

43. चन्द्रमा पर किसी वस्तु का भार, उसके पृथ्वी के भार का—
(A) $\frac{1}{2}$ गुना होता है
(B) $\frac{1}{3}$ गुना होता है
(C) $\frac{1}{4}$ गुना होता है
(D) $\frac{1}{6}$ गुना होता है

44. यदि हम लोलक (Pendulam) की विभिन्न राशियों को इस प्रकार निर्दिष्ट करें कि—
आवर्तकाल = T
लम्बाई = L
गुरुत्वीय त्वरण = g
तो सरल लोलक का आवर्त्तकाल होगा–
(A) $\frac{L}{T^2}$
(B) $T = 2\pi\sqrt{\frac{g}{l}}$
(C) $T = 2\pi\sqrt{\frac{l}{g}}$
(D) $T = 4\pi\sqrt{\frac{l}{g}}$

45. उस व्यक्ति को भारहीनता (Weightlessness) की स्थिति का अनुभव तब होगा, जब—
(A) लिफ्ट समरूप त्वरण से ऊपर की ओर जा रही है
(B) लिफ्ट समरूप त्वरण से नीचे की ओर आ रही है
(C) लिफ्ट स्थिर है
(D) लिफ्ट स्वतंत्र रूप से नीचे गिर रही हो

46. एलुमिनियम सल्फेट $[Al_2(SO_4)_3]$ का अणु द्रव्यमान कितना होगा ?
(A) 242 (B) 342
(C) 442 (D) शून्य

47. अब तक खोजे जा चुके परमाणुओं में सबसे हल्का है—
(A) हीलियम (B) हाइड्रोजन
(C) मर्करी (D) निऑन

48. निम्नलिखित में से कौनसा पदार्थ अवस्थाओं (ठोस, द्रव एवं गैस) को प्रदर्शित कर सकता है ?
(A) जल (B) फॉस्फोरस
(C) गंधक (D) उपर्युक्त सभी

49. निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है ?
(A) कैथोड किरणें X किरणें उत्पन्न करती हैं
(B) बोर के अनुसार, किसी भी कक्षा में इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या $2n^2$ से अधिक नहीं हो सकती है
(C) परमाणु भार = प्रोटॉनों की संख्या – न्यूट्रॉनों की संख्या
(D) जल में दो बंधों के बीच का कोण 105° होता है

50. रंध्र (Stomata) मौजूद रहते हैं–
(A) जड़ में (B) तंना में
(C) पत्री में (D) फूल में

51. जूट और पटसन किस ऊतक (Tissue) के उदाहरण माने जाते हैं ?
(A) दारु ऊतक (Xylem Tissue)
(B) फ्लोएम ऊतक (Phloem Tissue)
(C) रक्षी ऊतक (Protective Tissue)
(D) विशिष्ट ऊतक (Special Tissue)

52. सेब को कूट फल (False Fruit) कहा जाता है, क्योंकि इसके बनने में भाग लेते हैं–
(A) पुष्पासन और अण्डाशय
(B) केवल अण्डाशय
(C) पुष्पासन
(D) अण्डाशय और बाह्यदल

53. पादप जगत् में सबसे बड़ा बीजाण्ड (Ovule) होता है–
(A) कटहल का
(B) साइकस का
(C) गूलर का
(D) फर्ण का

54. निम्नलिखित में से कौनसा पुंकेसर (Stamen) का भाग नहीं है ?
(A) पुंतंतु (Filament)
(B) परागकोष (Anthers)
(C) योजी (Connective)
(D) स्टिगमा (Stigma)

55. मनुष्यों में लिंग निर्धारण (Sex–Determination) के लिए उत्तरदायी है—
(A) X–गुणसूत्र
(B) XY–गुणसूत्र
(C) केवल Y-गुणसूत्र
(D) XX–गुणसूत्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

56. उपार्जित लक्षणों की वंशागति (Inheritance of Acquired Characters) मत के प्रतिपादक हैं–
(A) लैमार्क (B) डार्विन
(C) बीजमैन (D) स्टेबिन्स

57. निम्नलिखित में से कौनसे मुर्गियों के प्रमुख रोग (Common Diseases of Poultry) हैं ?
(A) रानी खेत (Ranikhet)
(B) फाउल पॉक्स (Fowl pox)
3. विदूषक के व्यवहार को देखकर दर्शकों ने ..... किया.

4. महारानी लक्ष्मीबाई का युद्ध ..... देखते ही बनता था.

5. तुम्हारे भाई की अचानक मृत्यु का समाचार सुनकर मैं ..... रह गया.

उत्तर–1. कुंजी 2. प्रवंचन 3. अट्टहास 4. कौशल 5. स्तब्ध

प्रश्न 8. किसी समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम पत्र लिखिए, जिसमें नए सत्र में शिक्षा संस्थाओं (विद्यालयों/महाविद्यालयों) में प्रवेश की समस्या पर विचार व्यक्त किए गए हों.

उत्तर–

सम्पादक,

नवयुग संदेश

भरपुर (राज.)

विषय–शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश की समस्या

महोदय,

वार्षिक परीक्षाएँ समाप्त हुए अभी जुमा-जुमा आठ दिन भी नहीं हुए हैं और नए सत्र के लिए शिक्षा-संस्थाओं में प्रवेश की बातें चल निकली हैं. हरेक शिक्षा-संस्था से पूछताछ शुरू हो गई है कि प्रवेश कब से आरम्भ हो रहे हैं, प्रवेशार्थ आवेदन पत्रों का वितरण कब से आरम्भ होगा. आई.सी.-एस.सी. तथा सी.बी.एस.सी. बोर्डों ने अपने-अपने परीक्षाफल घोषित कर भी दिए हैं. इनमें सफल परीक्षार्थियों के अंक 96 प्रतिशत तक हैं. इन अभ्यर्थियों के सामने प्राप्तांकों के आधार पर किसको दाखिला मिल सकेगा?, क्योंकि उ.प्र. बोर्ड में इतने अंक शायद ही किसी परीक्षार्थी को प्राप्त हुए हों. इसके साथ ही आरक्षण की भी समस्या आड़े आएगी. निदान उ.प्र. बोर्ड से उत्तीर्ण योग्य परीक्षार्थियों के सामने प्रवेश की समस्या अट्टहास करती हुई नजर आएगी.

अन्य परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सामने भी प्रवेश की समस्या उत्पन्न होगी. वहाँ प्राप्तांकों की सूची बनाई जाएगी, सिफारिशें भी चलेंगी. तब ऐसी स्थिति में सामान्य छात्र-छात्रा क्या करेंगे? वे हंगामा करेंगे और उच्चतम स्तर से जोर डलवाएंगे. फलतः प्रवेश देने वाले प्राचार्यों की स्थिति बहुत ही दयनीय हो जाएगी. इस संदर्भ में क्लर्कों की चर्चा करना अत्यन्त आवश्यक है. बाबू लोग अपनी खिचड़ी अलग पकाना चाहेंगे. वे प्राचार्यों पर दबाव डालेंगे, प्राप्तांक सूचियों में हेर-फेर करेंगे और अपने चाय-पानी का प्रबन्ध करेंगे–आदि. ध्यातव्य यह है कि कॉमर्स तथा जीव-विज्ञान की स्नातक कक्षाओं में तथा विज्ञान की स्नातकोत्तर कक्षाओं में यह समस्या विशेष रूप से उग्र होगी.

एक बात विशेष ध्यान देने योग्य है. प्रत्येक छात्र श्रेष्ठतम संस्था में प्रवेश चाहता है. अतएव कतिपय विद्यालयों/ महाविद्यालयों में यह समस्या उग्रतम रूप में होगी.

कुछ शिक्षा संस्थाएँ सार्वजनिक परीक्षाओं में प्रत्याशियों द्वारा प्राप्त अंकों को महत्व न देकर, अलग से प्रत्याशियों का परीक्षण करती हैं. इससे भी छात्र-छात्राओं में असंतोष फैलता है. वे अनुभव करते हैं कि अब तक किया गया समस्त परिश्रम व्यर्थ हो गया.

पिछले दिनों में कुछ महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों ने व्यावसायिक विषयों से सम्बन्धित पाठ्यक्रम चालू किए हैं. इनके कारण प्रवेश की समस्या कुछ कम अवश्य हो जाएगी, परन्तु अपेक्षित रूप में नहीं, क्योंकि इन पाठ्यक्रमों को चलाने वाली संस्थाओं की विश्वसनीयता की बात आड़े आ जाती है.

इस समस्या तथा इसके समाधान को लेकर वर्षों से बहस की जा रही है. दो बातें बराबर कही जाती रही हैं–संस्थाओं की संख्या आवश्यकता से बहुत कम होना तथा बिना किसी प्रकार की रोक लगाए प्रत्येक व्यक्ति को विश्वविद्यालयी स्तर पर अध्ययनार्थ छूट दे देना.

प्रवेश की समस्या एक राजनेता के समान समाज की काया में बहुत गहरी बैठी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुई है. इसके निराकरण के लिए हमारे कर्णधारों को साहस करके निर्णयात्मक कदम उठाने पड़ेंगे और ऐसी शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था स्थापित करनी पड़ेगी जिसके अनुसार हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत हमारे युवावर्ग के सामने एक से अधिक सार्थक विकल्प खुले हों.

पता— भवदीय

दिनांक— क ख ग

प्रश्न 9. आगरा में आयोजित पिछले ताज महोत्सव का ब्यौरा देते हुए एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत कीजिए.

परम्परानुसार सन् 2000 फरवरी के तृतीय सप्ताह में आरम्भ होकर 10 दिन तक आगरा में ताजमहोत्सव की धूम रही.

इस महोत्सव की व्यवस्थाएँ करने का कार्य लगभग 2 माह पूर्व आरम्भ हो गया था. यह महोत्सव वस्तुतः सरकारी अमले के लिए एक उच्च स्तर के मेले के समान होता है/आया है और पिछली बारी भी ऐसा ही हुआ.

इसका उद्घाटन उ.प्र. के महामहिम राज्यपाल द्वारा किया गया. उस अवसर पर स्थानीय सांसद, विधायक संसद, प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा लखनऊ से कई मंत्री एवं उनके सहायक पधारे थे. उद्घाटन के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रसिद्ध सिने तारिका हेमामालिनी का नृत्य इसका प्रमुख आकर्षण था. कार्यक्रम उन्मुक्त आकाश के नीचे यानी खुले मंच पर आयोजित था. भीड़ इतनी अधिक थी कि खड़े होकर देखने के लिए भी जगह नहीं थी. कुछ लोग आसपास के पेड़ों पर चढ़कर आयोजन का आनंद ले रहे थे. वे लोग शिकायत करते हुए एवं अपमानित अनुभव करते हुए देखे गए, जिन्होंने आयोजनार्थ पर्याप्त धनराशि दी थी और उनको बैठने के लिए उपयुक्त स्थान नहीं दिया गया था. कारण था—आगे की सीटों को सरकारी अमले एवं उनके परिवारीजनों द्वारा घेर लिया जाना.

सायं लगभग 4 बजे मेले में हलचल आरम्भ हो जाया करती थी और रात्रि में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन के साथ हल्की होने लगती थी. सांस्कृतिक कार्यक्रमों में तीजन बाई का कार्यक्रम तथा कवि सम्मेलन काफी लोकप्रिय रहे. कवि सम्मेलन में आगरा के सोम ठाकुर, रामेन्द्र मोहन त्रिपाठी और बाहर से आने वालों में शैल चतुर्वेदी को विशेष रूप से सुना गया, सराहा गया.

मेले में भारत के प्रायः प्रत्येक राज्य की दुकानें थीं जिनमें वहाँ के कलाकौशल की छटा देखने को मिलती थी. बच्चों के मनोरंजनार्थ कई प्रकार के झूले थे. बीच में चाट-पकौड़ी आदि बिकती थीं.

चित्रकला की एक गैलरी थी, जिसका आयोजन उत्तर भारत के प्राचीनतम कालेज आगरा कॉलेज के कला-विभाग द्वारा किया गया था. इसमें कई चित्र व पेंटिंग अत्यन्त उच्चकोटि के थे. डायनासोर का नमूना विशेष कौतूहल का विषय एव आकर्षण का केन्द्र था.

मेला-स्थल पर वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था संतोषजनक थी. प्रवेश शुल्क पाँच रुपया था इसमें पक्षपात के दर्शन हो रहे थे.

आरम्भ के दिनों में चीजें महँगी थीं और खरीददारी काफी कम रही. अंतिम दो दिनों में दुकानदारों ने बोझा कम-से-कम करने के विचार से अपना माल सस्ते दामों में बेचना आरम्भ कर दिया. खरीददार इसी के इन्तजार में थे. खरीददारी संतोषजनक हुई.

अंतिम दिन, दसवें दिन, आगरा आयुक्त की अध्यक्षता में समारोह का औपचारिक समापन किया गया और रात में नौटंकी प्रदर्शन के साथ ताज महोत्सव का पटाक्षेप हो गया. ताजमहोत्सव—स्थल को शिल्पग्राम नाम दिया गया है. आजकल वहाँ सन्नाटा रहता है.

क ख ग

विशेष प्रतिनिधि—दैनिक जागरण

●●●

शेष पृष्ठ 669 का

अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या

$= 80 \text{ का } 25\%$

$= 80 \times \frac{25}{100} = 20$

तथा अनुत्तीर्ण होने वाले छात्राओं की संख्या

$20 \text{ का } 50\% = 20 \times \frac{50}{100} = 10$

$\therefore$ कुल अनुत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या $= 20 + 10$

$= 30$

$\because$ 30 अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण होते हैं तो अभ्यार्थियों की कुल संख्या

$= 100$

$\therefore$ 1 अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण होता है, तो अभ्यर्थियों की कुल संख्या

$= \frac{100}{30}$

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साक्षात्कार में सफल कैसे हों?

✍ जे. एन. सचान

साक्षात्कार प्रत्याशी चयन प्रक्रिया का [illegible] व महत्वपूर्ण अंग है. कभी [illegible] लिखित परीक्षा के साथ और [illegible] ही इसका प्रयोग चयन में किया [illegible] प्रत्याशी की सफलता में साक्षात्कार [illegible] तो अत्यधिक है, किन्तु अनेक [illegible] कई प्रत्याशी इस पर समुचित [illegible] देते अतः वे सफल नहीं हो पाते. [illegible] कहते सुने जाते हैं कि लिखित [illegible] तो वे अच्छे अंक प्राप्त कर लेते [illegible] साक्षात्कार में अटक जाते हैं. [illegible] पार नहीं कर पाते. इसका [illegible] साक्षात्कार के क्षेत्र का स्पष्ट [illegible] निर्धारित न होना है. उसका [illegible] अत्यधिक व्यापक होना है. जब [illegible] में कुछ भी पूछा जा सकता है, [illegible] तैयारी कैसे की जा सकती है? [illegible] की कमी भी इसमें आड़े आती [illegible] प्रत्याशी साक्षात्कारकर्ता के [illegible] व्यक्तित्व से इतना प्रभावित व [illegible] जाता है कि वह जो जानता है [illegible] जाता है. उसके हाथ पैर फूल [illegible] ऐसे प्रत्याशी का साक्षात्कार से [illegible] स्वाभाविक है, किन्तु उनका [illegible] काल्पनिक है. वास्तविक नहीं [illegible] विश्वास तो आत्म सुझाओं व [illegible] से आता है. फिर भी यदि [illegible] लिखित उपयोगी सुझावों व [illegible] ध्यान देंगे, तो साक्षात्कार में [illegible] सम्भावना बढ़ेगी.

[illegible] सामाजिक शोध की एक [illegible] व्यवस्थित प्रविधि है, किन्तु [illegible] कई उद्देश्यों की पूर्ति के लिए [illegible] है. अंग्रेजी भाषा में साक्षात्कार [illegible] Interview शब्द का प्रयोग किया [illegible] Inter + View दो शब्दों से [illegible] Inter का अर्थ है अन्दर या [illegible] View का अर्थ है दर्शन या [illegible] अन्दर झाँकना या देखना. इस [illegible] प्रविधि के द्वारा व्यक्ति के [illegible] जीवन में प्रवेश कर उसके [illegible] का आकलन एवं मूल्यांकन किया [illegible] शब्दों में इसकी सहायता से [illegible] उद्गारों, धारणाओं, भावनाओं, [illegible] प्रवृत्तियों को जानने व समझने [illegible] किया जाता है– गार्डन आलपोर्ट [illegible] यदि हम जानना चाहते हैं कि [illegible] अनुभव करते हैं, वे क्या अनुभव [illegible] इसका स्मरण है, उनके मनोवेग

व प्रेरक क्या हैं, तो उनसे पूछ क्यों नहीं लेते? अर्थात् उनका साक्षात्कार क्यों नहीं कर लेते?''

अब मैं कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं की ओर साक्षात्कार देने वालों का ध्यान आकर्षित करूँगा जो उनकी सफलता में सहायक होंगे. उनकी शंकाओं व द्विविधा को दूर कर उनका मार्गदर्शन करेंगे.

- साक्षात्कारदाता कई आशंकाओं, भ्रान्तियों व समस्याओं के शिकार होते हैं. व्यर्थ की अनेक चिंताओं से आशंकित व आतंकित रहते हैं. इससे न तो अपने समय, साधनों व क्षमताओं का सदुपयोग कर पाते हैं और न ही आत्मविश्वास, कुशलता व प्रभावी ढंग से साक्षात्कार का सामना ही कर पाते हैं. फलस्वरूप असफलता ही उनके हाथ लगती है. सफलता तो सुनियोजित. सतत् व सही दिशा में प्रयास व परिश्रम से मिलती है. 'हम सफल होंगे' के सकारात्मक चिंतन व दृढ़ विश्वास में सफलता का रहस्य छिपा है.
- कुछ प्रत्याशी साक्षात्कार को गम्भीरता से न लेकर हल्के फुल्के ढंग से लेते हैं. वह किसी प्रकार की तैयारी को उसके लिए आवश्यक नहीं समझते. साक्षात्कार में तो कुछ भी, कहीं से पूछा जा सकता है. यह सोचकर भाग्य भरोसे जैसे-वैसे साक्षात्कार में सम्मिलित होते हैं. यह तो बहुत कुछ वैसा ही होगा जैसे कोई युद्ध भूमि में टूटी, मोथरी तलवार से शत्रु का सामना करे. अतः सफलता के आकांक्षी के लिए निष्क्रिय बनाने वाला निराशावादी दृष्टिकोण न उचित है और न प्रगति में सहायक. उन्हें तो सुनियोजित ढंग से डर कर गहन तैयारी करनी चाहिए. तैयारी हेतु स्तरीय ख्याति प्राप्त लेखकों द्वारा लिखित पुस्तकों, परीक्षापयोगी पत्र-पत्रिकाओं व नोट्स का सहारा लेना उचित होगा जिनमें अद्यतन सूचना व ज्ञान प्राप्त हो सके. यहाँ मैं किताबी कीड़ा होने की सलाह नहीं दे रहा. वरन् विषय की अच्छी पकड़ व समझ, मूलभूत बातों की स्पष्टता की ओर प्रत्याशियों का ध्यान आकर्षित कर रहा हूँ. परीक्षा की तैयारी में महत्वपूर्ण विषयों के चयन व तैयारी का महत्व है. यह सही है कि सभी कुछ तो समान रूप से तैयार नहीं किया जा सकता और न इसकी आवश्यकता ही होती है, किन्तु चयन अतिसीमित करने का जोखिम न उठाएं वरन् अधिकांश पाठ्यक्रम को तैयार करें. इसी तरह सामान्य ज्ञान की विस्तृत व पर्याप्त तैयारी करें. विज्ञान, इतिहास, भूगोल, राजनीतिशास्त्र व सामाजशास्त्र का संक्षेप में ज्ञान प्राप्त करें. क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय व सामयिक प्रमुख घटनाओं व समस्याओं को स्पष्ट रूप से जानें, नोट्स बनाएं तथा इन्हें कुछ अन्तराल के बाद दोहराकर उसे तरोताजा बनाए रखें.
- साक्षात्कार में सफलता के लिए साक्षात्कार का पूर्वाभ्यास आवश्यक है. इस प्रकार के अभ्यास में गुरुओं व साथियों की सहायता ली जा सकती है. इससे आपकी अनेक भूलों, भ्रमों व झिझक का निवारण तो होता ही है. आत्मविश्वास भी बढ़ता है. शान्त सहज व सामान्य रूप से साक्षात्कार दे सकेंगे. यह पूर्वाभ्यास आपके साक्षात्कार में सफलता व प्रभावी भूमिका की गारण्टी होगा.
- साक्षात्कार में सहज, सटीक व सार्थक उत्तरों का महत्व है, किन्तु शालीनता, शिष्टाचार, आत्मविश्वास, संतुलित व्यवहार व सूझ-बूझ का महत्व कम नहीं. यह आवश्यक है कि आप बुलाए जाने पर साक्षात्कार कक्ष में आज्ञा लेकर प्रवेश करें, हाथ जोड़कर विनम्रता से नमस्कार करें. कहे जाने पर अपना आसन ग्रहण करें तथा धन्यवाद देना न भूलें. जब तक साक्षात्कार हो तब तक उसका उत्साह से सामना करें. प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त, सटीक व संगत हों. अनुमान व अटकल पर आधारित ऊलजलूल, अनर्गल व असंगत उत्तरों से बचें. साक्षात्कार की समाप्ति पर शिष्टाचार का पालन करें. यदि अधिकांश प्रश्नों के उत्तर न दे सकें, तो और प्रश्न पूछने का अनुरोध अवश्य करें. बाहर निकल कर अति उत्साह में जोर-जोर से टिप्पणी न करें न शोर ही मचाएं.
- प्रश्नों को सावधानी से सुनें व समझें और सोच समझकर वांछित उत्तर दें.

शेष पृष्ठ 706 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्या आप परिचित हैं?

कि स्थापत्य कला की 'बेसर शैली' क्या है? इसका प्रयोग कब और किसने किया?

☛ स्थापत्य कला की 'बेसर शैली' को 'चालुक्य शैली' भी कहा जाता है. कन्नड़ प्रदेश (दक्षिण भारत) के अन्तिम चालुक्य राजाओं ने इस शैली का प्रयोग आरम्भ किया. चूँकि यह शैली 'नागर' व 'द्रविड़' शैलियों के मेल से बनी है, इसलिए इसमें उक्त दोनों शैलियों की विशेषताएं पाई जाती हैं. बेसर शैली का प्रयोग सातवीं-आठवीं शताब्दी से होना शुरू हुआ. इस शैली के मंदिरों में मूल नियोजन या प्रारूप जहाँ द्रविड़ शैली पर आधारित होता था, वहीं अलंकरण, निरूपण एवं नवीन प्रतीकों की संरचना नागर शैली से प्रभावित होती थी. दसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में पूरी तरह प्रचलित हो चुकी इस मिश्रित शैली का क्षेत्र विन्ध्य पर्वत मालाओं से लेकर कृष्णा नदी के मध्य तक माना जाता रहा है.

कि जिन्ना कौन थे? उन्हें 'कायदे आजम' क्यों कहा जाता है?

☛ मोहम्मद अली जिन्ना (1876–1948 ई.) प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और पाकिस्तान के जनक थे. उनका जन्म 1876 ई. में कराची के एक धनी खोजा परिवार में हुआ था. 1892 ई. में वे उच्च शिक्षा के लिए इंगलैण्ड गए और 1896 ई. में बैरिस्टरी की परीक्षा उत्तीर्ण कर भारत लौटे. 1897 ई. में वे बम्बई गए. जहाँ शीघ्र ही प्रसिद्ध वकील के रूप में उनकी साख स्थापित हो गई. अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत में वे कांग्रेस से सम्बन्धित थे. 1910 ई. में वे एक मुस्लिम निर्वाचन क्षेत्र बम्बई से केन्द्रीय व्यवस्थापिका काउंसिल के लिए निर्वाचित हुए. मौलाना मोहम्मद अली तथा वजीर हुसैन के आग्रह पर 1913 ई. में वे अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के सदस्य बन गए. होमरूल आन्दोलन का विरोधी होने के बावजूद 1917 में एनीबेसेन्ट के बन्दी होने पर वे बम्बई होमरूल लीग के अध्यक्ष बने. 1916 ई. में वे अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के अध्यक्ष बने. गांधीजी के असहयोग आन्दोलन का घोर विरोध करते हुए उन्होंने कांग्रेस संगठन छोड़ दिया. अपने विचार और कार्यक्षेत्र को मुस्लिम सम्प्रदाय तक सीमित रखने तथा मुस्लिम लीग का पुनर्गठन करने के कारण वे मुसलमानों के **'कायदे आजम'** यानी 'महान् नेता' के नाम से विख्यात हुए. 1940 ई. में उन्होंने धर्म के आधार पर भारत विभाजन का प्रश्न उठाया. 1947 ई. में माउंटबेटन की भारत विभाजन योजना में उनका महत्वपूर्ण हाथ था. 1947 ई. में विभाजन के तुरंत बाद वे पाकिस्तान के पहले गवर्नर जनरल बने और एक मुस्लिम राज्य की नींव डाली. 22 सितम्बर, 1948 ई. को उनका निधन हो गया.

कि दलदल कैसे बनता है?

☛ समुद्र तट पर या नदियों के किनारे चिकनी मिट्टी की परत होती है, इसमें रेत की मात्रा ज्यादा होती है. यहाँ पर लहरों के बहाव से रेत और मिट्टी में पानी जमा होता रहता है. चिकनी मिट्टी की भीतरी परत इस पानी को सूखने नहीं देती है. रुका हुआ यह पानी धीरे-धीरे सड़ने लगता है और मिट्टी एक गहरे कीचड़ के रूप में बदल जाती है. इसकी संरचना कुछ ढीली रहती है. इसे ही दलदल कहा जाता है. दलदल मुख्यतः बड़ी-बड़ी नदियों के किनारे और समुद्र तट पर बनते हैं.

कि माइक्रो प्रोसेसर यूनिट क्या है?

☛ माइक्रो प्रोसेसर, माइक्रो कम्प्यूटर में सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सी.पी.यू.) की तरह कार्य करता है. इसका विकास लार्ज स्केल इंटीग्रेशन तकनीक के विकास का परिणाम है. आज सिलिकॉन के एक 5 मिमी × 5 मिमी × 1 मिमी टुकड़े (CHIP) पर हजारों इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेन्ट्स को समाहित किया जा सकता है. एक छोटी-सी चिप (CHIP) पर पूरा इलेक्ट्रॉनिक सर्किट आ सकता है जिस पर परम्परागत कम्प्यूटर के कन्ट्रोल यूनिट (CU) तथा अर्थमेटिक लॉजिक यूनिट (ALU) का पूरा काम लिया जा सकता है. इसी चिप को माइक्रो प्रोसेसर यूनिट कहा जाता है. यह अपने आप में पूरा कम्प्यूटर नहीं होता है. इसके साथ मेमोरी (MEMORY) तथा इनपुट आउटपुट (INPUT OUTPUT) उपकरणों का भी प्रयोग करना पड़ता है.

कि सुपर एसिड क्या है?

☛ एक अम्लीय माध्यम जिसके प्रोटॉन देने की क्षमता 100% सल्फ्यूरिक अम्ल के बराबर अथवा इससे अधिक होती है, सुपर एसिड कहलाते हैं.

एसिटिक अम्ल अथवा फॉस्फोरिक अम्ल के विलयन सुपर एसिड कहलाते हैं. तरणतालों में जीवाणुओं को समाप्त करने के लिए सुपर एसिड का प्रयोग किया जाता है. यह एसिड कुछ ही [illegible] फैल जाता है और [illegible] अम्ल युक्त बनाए रखता है.

कि अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा इससे दिन का निर्धारण कैसे [illegible]

☛ ग्रीनविच (0° देशान्तर) से 180° देशान्तर पर दो [illegible] पाए जाएंगे. इस परेशानी को [illegible] लिए 180° देशान्तर को [illegible] रेखा माना गया. इसका निर्धा[illegible] में 1884 में आयोजित एक [illegible] गया. यह एक टेढ़ी-मेढ़ी [illegible] इसके टेढ़े-मेढ़े होने का [illegible] यह रेखा अनेक द्वीपों को [illegible] है तथा कई स्थानों पर इसे [illegible] से खिसका दिया गया है. जै[illegible]

(i) $66^1/_2°$ N में पूर्व से [illegible] बेरिंग जल संधि तथा पूर्व [illegible] एक समय रखने के लिए

(ii) $57^1/_2°$ N में [illegible] झुकाव एलिस, बाटिस, [illegible] न्यूजीलैण्ड एवं आस्ट्रेलिया में [illegible] रखने के लिए

इस रेखा से पूर्व से [illegible] जाने पर एक दिन [illegible] पश्चिम से पूर्व की ओर [illegible] कम हो जाता है. जैसे—[illegible] पर बुधवार और तिथि 27 [illegible] मानी जाती है और जब पूर्व [illegible] की जाती है, तो एक दिन [illegible] है और सोमवार के स्थान पर [illegible] सोमवार होता है और तिथि [illegible] है.

कि स्ट्रिप टेस्ट तकनीक क्या [illegible]

☛ कृत्रिम दूध की पहचान [illegible] पंत नगर कृषि विश्वविद्यालय [illegible] ने यह टेस्ट विकसित किया [illegible] रासायनिक ढंग से उपचारित [illegible] इस कागज के टुकड़े को [illegible] कृत्रिम दूध में डाला जाता [illegible] का रंग दूध में उपस्थित [illegible] के अनुरूप पीले रंग में बदल [illegible] जबकि शुद्ध दूध में इस [illegible] नहीं बदलता. अत दूध में [illegible] मिलावट का आसानी से पता [illegible] निश्चय ही दूध में मिलावट [illegible] दिनों-दिन शहरों एवं महानगरों [illegible] politan Cities) में बढ़ती [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विशेष तथ्य

अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत
(Non-Conventional Energy Sources)

ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में होने वृद्धि के परिणामस्वरूप विश्व स्तर पर मौसम परिवर्तन परिलक्षित हो रहे हैं. मौसम परिवर्तन पर एक अन्तर सरकारी समूह द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार 2100 के अन्त तक औसत ताप में 1.0°C से 3.5°C के बीच होगी. इससे केवल मानव जाति बल्कि पशुओं और पौधों के अस्तित्व के लिए भी गम्भीर खतरा पैदा हुआ है. विकसित देशों का कार्बन-ऑक्साइड के उत्सर्जन में एक बड़ा योगदान है जिससे भूमण्डलीय ताप में वृद्धि होती है विकासशील देशों में भी वर्तमान में कोई कम खतरनाक नहीं हैं. भारत में ऊर्जा उत्पादन कार्य के दौरान ग्रीन हाउस गैसों का सबसे अधिक उत्पादन होता है. ऊर्जा की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने की अत्यन्त आवश्यकता महसूस होती है.

तेजी से शहरीकरण और औद्योगिकी-करण के साथ बढ़ती जनसंख्या के कारण ऊर्जा ईंधनों की खपत में भी वृद्धि हुई. पर्यावरण के प्रति बढ़ती चिन्ता और जीवाश्म ईंधनों के कम होते जाने के कारण ऊर्जा के अक्षय स्रोतों (Renewable Energy Sources) का आश्रय लेना आवश्यक हो गया है. वर्ष 1955 में ही यह अनुमान लगाया जा चुका था कि कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों पर ऊर्जा उत्पादन के लिए पूर्णतः निर्भर रहना है तो ये 150 वर्षों से अधिक समय तक नहीं चल पाएंगे. भारत में ऊर्जा की कुल सम्भाव्यता 1,00,000 मेगावाट का अनुमान लगाया गया है.

अक्षय ऊर्जा स्रोतों की प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में वर्ष 1981 में ऊर्जा के अपारम्परिक स्रोत आयोग (Commission for Additional Sources of Energy–CASE) की स्थापना की. एक वर्ष पश्चात् ऊर्जा मन्त्रालय (Ministry of Energy) में अपारम्परिक ऊर्जा स्रोतों के लिए एक पृथक विभाग (Department of Non-Conventional Energy Sources–DNES) खोला गया. दस वर्ष बाद इसका उन्नयन किया गया. विश्व में अकेला ऐसा देश है जिसके पास अपारम्परिक ऊर्जा स्रोतों के लिए एक पूर्ण मंत्रालय (Ministry of Non-Conventional Energy Sources–MNES) मौजूद है. अपने स्थापना वर्ष 1982 से ही यह मंत्रालय अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व के सबसे बड़े कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कर रहा है. जिनमें प्रौद्योगिकियों के सम्पूर्ण क्षेत्र शामिल हैं.

अपारम्परिक ऊर्जा उत्पादन कार्यक्रम के उद्देश्य

1. *पारम्परिक जीवाश्म ईंधनों से विद्युत उत्पादन को अनुपरित (Supplement) करना.*
2. *ग्रामीण तथा दूरदराज के क्षेत्रों को विद्युत उपलब्ध कराना जो ग्रिड द्वारा नहीं पहुँचे जा सकते.*
3. *ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न प्रयोगों, जैसे सिंचाई के लिए पम्प सैट चलाना, कृषि उत्पादों का सुखाना आदि के लिए विद्युत उपलब्ध कराना.*
4. *उन्नत चूल्हे (Improved Chulhas) तथा बायोगैस प्लांट उपलब्ध कराना.*
5. *शहरी और औद्योगिक अपशिष्ट (Waste) से विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करना.*

इसके अतिरिक्त रासायनिक स्रोतों से ऊर्जा, भू-ऊष्मीय ऊर्जा (Geo-thermal energy), महासागरीय ऊर्जा, पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, मिनी और माइक्रो हाइडिल सैटों से ऊर्जा का उत्पादन करना इस कार्यक्रम में शामिल है.

भारत में अक्षय ऊर्जा स्रोत प्रचुरता से उपलब्ध हैं. इनमें विशेष रूप से शामिल हैं– बायोमास, सूर्य, पवन, महासागरीय जल, शहरी व औद्योगिक अपशिष्ट मिनी और माइक्रो हाइडिल सैट. बायोमास में बड़ी मात्रा में गोबर और मानव अपशिष्ट, कृषिगत अपशिष्ट, पेपर मिलों आदि जैसे कृषि उद्योगों की खोई और अन्य उत्पादोत्पाद शामिल हैं.

अक्षय स्रोतों से विद्युत उत्पादन
(Power From Renewables)

- भारत में प्रतिव्यक्ति बिजली की खपत 350 यूनिट आकलित की गई है.
- लगातार बिजली की कमी होने के कारण औद्योगिक विकास की दर भी कम रही है.
- सन् 2012 तक देश की स्थापित क्षमता 240,000 मेगावाट का अनुमान है जिससे विद्युत उत्पादन क्षमता में लगभग 10,000 मेगावाट का वार्षिक संयोजन हो जाएगा.
- विद्युत उत्पादन के पारम्परिक जीवाश्म ईंधन तेजी से समाप्त होते जा रहे हैं और पारम्परिक विद्युत संयंत्रों से होने वाले पर्यावरणीय दुष्परिणाम निरन्तर चिन्ता का कारण बने हुए हैं.
- इस परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए अपारम्परिक स्रोतों से विद्युत उत्पादन का काफी महत्व है.
- अक्षय ऊर्जा स्रोतों से लगभग 1600 मेगावाट की विद्युत उत्पादन क्षमता प्राप्त हो गई है जो देश की कुल ग्रिड क्षमता का 1·5 प्रतिशत है.

पवन विद्युत कार्यक्रम
(Wind Power Programme)

- भारत में पवन विद्युत की क्षमता अब (31 दिसम्बर, 1999) 1080 मेगावाट पहुँच गई है.
- पवन विद्युत के उत्पादन में भारत का स्थान विश्व में पाँचवाँ हो गया है.
- पहले चार स्थानों पर क्रमशः जर्मनी, यू.एस.ए., डेनमार्क और स्पेन हैं.
- पवन विद्युत की इस क्षमता में से अधिकांश प्राप्ति निजी निवेश के माध्यम से हुई है.
- देश में पवन विद्युत की सर्वाधिक क्षमता (758 मे.वा.) तमिलनाडु में है. तत्पश्चात् गुजरात (167 मे.वा.), आन्ध्र प्रदेश (68 मे.वा.), कर्नाटक (28 मे.वा.) और मध्य प्रदेश (22 मे.वा.) का नम्बर आता है.
- वर्ष 1998 में वर्ल्ड वाच इंस्टीट्यूट ने भारत को 'पवन सुपर पावर' के रूप में सम्बोधित किया है.
- प्रारम्भिक आकलनों के अनुसार भारत में पवन विद्युत की सम्भाव्यता 20,000 मेगावाट है जो हाल में बढ़कर 30 मी हब ऊँचाई (Hub height) पर 35,000 मेगावाट तथा 50 मी हब ऊँचाई पर 45,000 मेगावाट हो गई है.
- पवन ऊर्जा से सम्बन्धित वर्तमान सर्वेक्षणों से 13 राज्यों में अब तक 160 नए स्थलों पर लगभग 5000 मेगावाट की समग्र सम्भाव्यता की पहचान की गई है.

बायोमास विद्युत कार्यक्रम
(Biomass Power Programme)

- हमारे देश के आकार और आबादी को देखते हुए बायोमास विद्युत उत्पादन की अच्छी सम्भावनाएं हैं.
- बायोमास मुख्य रूप से ग्रामीण एवं परम्परागत आर्थिक क्षेत्रों में विश्व ऊर्जा संसाधन का 14% तथा विकासशील

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देशों में खपत की गई ऊर्जा का 38% भाग होता है.

- हमारे देश में प्रतिवर्ष 405 मिलियन टन से भी अधिक फसल अवशेष पैदा होते हैं. इन अवशेषों की उपयोगिता के वर्तमान पैटर्न तथा केवल अतिरिक्त बायोमास पदार्थों के उपयोग के आधार पर 19,500 मेगावाट से भी अधिक विद्युत पैदा की जा सकती है.
- अतिरिक्त विद्युत उत्पादन के लिए खोई (Bagasse) आधारित सह-उत्पादन (Cogeneration) का विशेष महत्व है. यह अनुमान लगाया जाता है कि यदि देश की सभी 430 चीनी मिलें सह-उत्पादन के आधुनिक तरीके अपनाएं तो लगभग 3500 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत उत्पन्न की जा सकती है.
- खोई से विद्युत उत्पादन क्षमता महाराष्ट्र में 1000 मेगावाट, उत्तर प्रदेश में 1000 मेगावाट, तमिलनाडु में 350 मेगावाट, कर्नाटक में 300 मेगावाट तथा बिहार, आन्ध्र प्रदेश व गुजरात में से प्रत्येक में 200 मेगावाट और शेष पंजाब में (150 मेगावाट) व अन्य राज्यों में (100 मेगावाट) आकलित की गई है.

सौर विद्युत कार्यक्रम (Solar Power Programme)

- हमारे देश में सूर्य की रोशनी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होने से सौर ऊर्जा की विशाल सम्भाव्यताएं विद्यमान हैं.
- सौर ऊर्जा का दोहन करने के लिए दो प्रकार के सौर ऊर्जा कार्यक्रम हैं–सौर प्रकाश-वोल्टीय (Solar Photo-voltaic–SPV) विद्युत कार्यक्रम तथा सौर-तापीय विद्युत कार्यक्रम (Solar Thermal Power Project).
- सौर प्रकाश वोल्टीय विद्युत परियोजनाएं ग्रामीण ग्रिड के अन्तिम छोर में वोल्टेज सहायता के लिए ग्रिड किस्म की विद्युत उत्पन्न करती हैं और शहरी केन्द्रों में चरम भार (Peak Load) बचत में उपयोगी हैं.
- सौर तापीय विद्युत परियोजनाओं का लक्ष्य मेगावाट पैमाने पर विद्युत उत्पन्न करना है.
- वर्ष 1999-2000 में सौर विद्युत कार्यक्रम के उपर्युक्त दोनों घटकों के अन्तर्गत प्रगति हुई है. अब तक 15 सौर फोटो वोल्टाइक परियोजनाएं प्रारम्भ की जा चुकी हैं जिनकी समग्र क्षमता 1·04 मेगावाट (MW_p) है. 625 MW_p को समग्र क्षमता की 10 परियोजनाएं स्थापना के विभिन्न चरणों में हैं.
- सौर तापीय विद्युत कार्यक्रम के अन्तर्गत मथानिया (जिला जोधपुर) राजस्थान में एक 140 मेगावाट की एकीकृत सौर तापीय संयुक्त चक्र (Integrated Solar Combined Cycle–ISCC) विद्युत परियोजना की स्थापना की प्रारम्भिक कार्यवाहियाँ चल रही हैं.

लघु पनबिजली परियोजनाएं (Small Hydro Projects)

- लघु पनबिजली उत्पादन सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों, लद्दाख और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है. इसका विस्तार और विकास किया जा रहा है.
- 3 मेगावाट से 25 मेगावाट के बीच की लघु पनबिजली परियोजनाओं को विद्युत मंत्रालय से हस्तांतरित कर अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय को सौंप दिया गया है. अब लघु पनबिजली परियोजनाओं (Small Hydro Projects (SHPs) पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.
- नौवीं योजना के प्रारम्भ होते समय लघु पनबिजली परियोजनाओं (3 मे.वा. तक) की संस्थापित क्षमता 144 मेगावाट थी.
- राज्य विद्युत विभागों/राज्य विद्युत बोर्डों/राज्य नोडल एजेंसियों से मंत्रालय को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अब तक 25 राज्यों में 210·32 मेगावाट की समग्र क्षमता की 267 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं.
- 23 राज्यों में 139·93 मेगावाट की समग्र क्षमता वाली 135 परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं.
- अप्रैल-दिसम्बर, 1999 में 26·87 मेगावाट समग्र क्षमता वाली लघु पनबिजली परियोजनाएं प्रारम्भ की गई थीं.

अपशिष्ट से ऊर्जा (Energy from Waste)

- द्रुत गति से हो रहे शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण मानवीय क्रिया-कलापों से उत्पादित अपशिष्ट सामग्रियों के ढेर लग गए हैं जिनसे प्रदूषण और पर्यावरणीय अधःपतन में वृद्धि हुई है.
- हाल के वर्षों में ऐसी प्रौद्योगिकियों का विकास हुआ है जिनके द्वारा इन अपशिष्टों से विकेन्द्रित ऊर्जा की अच्छी मात्रा भी उत्पादित की जा सकती है.
- अनुमान है कि हमारे देश में 30 मिलियन टन ठोस अपशिष्ट तथा 4400 मिलियन घनमीटर तरल अपशिष्ट का प्रतिवर्ष उत्पादन होता है. इसके अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र में भी बड़ी मात्रा में अपशिष्ट उत्पन्न होते हैं.
- शहरी और म्यूनिसिपल अपशिष्टों से 1000 मेगावाट तथा औद्योगिक अपशिष्टों से 700 मेगावाट विद्युत उत्पादन की सम्भावना है. ●●●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता
क्रमांक : 146 का परिणाम एवं सर्वशुद्ध हल

पुरस्कार

द्वन्द्व जागिड़
ो श्री जी. आर. शर्मा
र्ड नं. 18, आनन्द नगर,
ैरथल, जिला-अलवर,
स्थान
न-301 404

ब्य कुमार गुप्ता
क्षेत्र वन अधिकारी)
ो श्री हनुमान प्रसाद गुप्ता
न्हौल कॉलोनी,
र्ड नं. 29, सीकर,
स्थान, पिन – 332 001

ीन कुमार
ो श्रीमती लक्ष्मी देवी
ोतपुरा, गली नं. 10
ल्लन्डी, आगरा– 2
श प्रदेश, पिन – 282002

(b) Man thinks so ... dom has been control... vond his powers. No ... man being is beyond ... rely invites disco... redulity by making ... l goodwill our only ... l.

(c) Peace as a c... alistic goal which is ... attain. Peace which ... lity is a practical ... dual evolution in ... ions. It is a way ... blems as they arise.

(d) Peace is a proc... usses on a gradual ... man institutions. It ... many nations and the ... s. It involves adjus... anging scenario.

(e) (i) Disbelief ... be adjusted ... needs of a part...) Sudden and ...) Gradual change ... eristics of living ... ccessive generations.

प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार राशि ... तथा सभी में बराबर-बराबर बाँट दी

सर्वशुद्ध हल

2. (E) 3. (A) 4. (D) 5. (B)
7. (C) 8. (B) 9. (D) 10. (A)
12. (D) 13. (C) 14. (E) 15. (A)
17. (B) 18. (C) 19. (A) 20. (E)

व्याख्या

$(1)^2 + 1 = 5$
$(2)^2 - 2 = 14$
$(3)^2 + 3 = 39$
$(4)^2 - 4 = 60$
$(5)^2 + 5 = 105$
$(6)^2 - 6 = 138$
अपूर्ण पद = 104 है

8, 9 के लिए $11 + 16 = 27$
$\rightarrow 2 + 7 = 9 \rightarrow 19$
6, 7 के लिए $15 + 10 = 25$
$\rightarrow 2 + 5 = 7 \rightarrow 17$
4, 5 के लिए $19 + 13 = 32$
$\rightarrow 3 + 2 = 5 \rightarrow 15$

16, 14, x के लिए $16 + 14 = 30$
$\rightarrow 3 + 0 = 3 \rightarrow 13$
$\therefore \quad x = 13$

3. $-1^2 + 5^2 + 9^2 = 105$ से निकटतम छोटी पूर्ण वर्ग संख्या 100 से अन्तर
$A = 5$
$-2^2 + 8^2 + 10^2 = 160$ से निकटतम छोटी पूर्ण वर्ग संख्या 144 से अन्तर
$B = 16$
$-3^2 + 11^2 + 6^2 = 148$ से निकटतम छोटी पूर्ण वर्ग संख्या 144 से अन्तर
$C = 4$

4. $3 = 2^2 - 1 \quad 6 = 3^2 - 3$
$24 = 5^2 - 1 \quad 30 = 6^2 - 6$
$63 = 8^2 - 1 \quad 72 = 9^2 - 9$
$\therefore x = 11^2 - 1 = 120$
$132 = 12^2 - 12$

5. बनने वाले सार्थक शब्द हैं– PRINTER, PUBLICATION, EDITOR, PUBLISHER तथा READER इनमें PUBLICATION के अतिरिक्त अन्य सभी Common Noun हैं, जबकि PUBLICATION, Abstract Noun है.

6. बनने वाले सार्थक शब्द हैं– APPRECIATE, UNDERRATE, RECOGNIZE, ESTIMATE, COMMEND तथा RECKON.
इनमें से ऊपर दिए गए शब्दों के विपरीत शब्द UNDERRATE है.

7. बनने वाले सार्थक शब्द हैं– EVERLASTING, TRANSITORY, MOMENTARY, PERPETUAL, PERISHABLE तथा MORTAL.
इनमें से समानार्थी शब्द PERPETUAL है.

प्रश्न 8 से 11 तक के लिए
प्रमुख गणितज्ञ का नाम BADRI NARAYN PRASAD है.

12. ANPQ में चार अक्षर हैं.
$\therefore \quad ANPQ = \frac{1 \times 2 \times 3 \times 4}{4}$
$= 6$
इसी प्रकार,
$JAKAL = \frac{1 \times 2 \times 3 \times 4 \times 5}{5}$
$= 24$
तथा $KIT = \frac{1 \times 2 \times 3}{3}$
$= 2$
$\therefore$ ANTILA
$= \frac{1 \times 2 \times 3 \times 4 \times 5 \times 6}{6}$
$= 120$

13. व्यवस्थित क्रम में लिखने पर शब्द ALLIGATOR बनता है जिसका दूसरा अक्षर L है.

प्रश्न 14 से 16 तक के लिए

●	●	●	●	●	●	●
A	F	C	B	E	G	D
या	या	या		या	या	या
F	A	D		G	E	C

16. यदि D और E में से कोई भी महिला B के अगल-बगल न बैठे, तो D दाईं ओर से पहली और E दाईं ओर से दूसरी कुर्सी पर बैठेंगी. इस तरह A और F के अतिरिक्त सभी के स्थान निश्चित हो गए. ये दोनों अपने स्थान बदलकर दो प्रकार से बैठ सकती हैं.

17. किनारे वाली कुर्सियों पर तीन महिलाओं में से कोई भी एक नहीं बैठ सकती है– B, G और E

प्रश्न 18 से 20 तक के लिए

R	A	K	A	P	O	S	H	I	कश्मीर में
M	U	Z	T	A	G	A	T	A	चीन में
A	C	O	N	C	A	G	U	A	अर्जेन्टीना में
H	U	A	S	C	A	R	A	N	पेरू में
K	E	T	I	N	G	W	A	N	कीनिया में

20. केवल एक बार प्रयोग होने वाले अक्षर E, M, P, W और Z हैं.

●●●

पत्रकार बनें
* सफल पत्रकार बनने हेतु घर बैठे पत्राचार द्वारा पत्रकारिता व लेख रचना का सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करें। * डाक द्वारा प्रशिक्षण देने वाला 24 वर्ष पुराना संस्थान। * लेख प्रकाशन सुविधा उपलब्ध * विवरणी हेतु कार्ड लिखें.
पत्रकारिता महाविद्यालय
पोस्ट बाक्स 3583 (प),
नई दिल्ली–110024

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम पुरस्कृत

तार्किक प्रतियोगि

विषय : भारत में यदि 10 वर्ष के लिए समस्त विद्यालय बंद कर दिए जाएं.

– राजीव कुमार पाठक

(1) शिक्षा व्यक्ति को पूर्णता का बोध कराती है. शिक्षा का विकास घर से लेकर विद्यालय द्वारा प्राप्त वातावरण में होता है. यदि देश के विद्यालयों को 10 वर्ष के लिए बंद कर दिया जाए तो निश्चित रूप से समाज अनेक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष समस्याओं से ग्रस्त हो जाएगा. इससे देश में बेरोजगारी, अशिक्षा, आतंक जैसी भयानक कुरीतियाँ फैलेंगी, भावी पीढ़ी विकास की सम्भावनाओं से वंचित हो जाएगी.

(2) व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की स्थली को बंद करने से समाज में कुण्ठा और पारिवारिक बोझ में वृद्धि ही होगी. फल-स्वरूप आने वाली पीढ़ी शिक्षा के अभाव में मात्र कुण्ठा, संत्रास एवं निकम्मेपन की वाहक बनकर रह जाएगी.

(3) 10 वर्ष के लिए विद्यालयों का बंद होना देश को सैकड़ों वर्ष पीछे कर देगा, क्योंकि इस समयान्तराल में विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षण संस्थान सभी प्रभावित होंगे. फलस्वरूप ज्ञान-विज्ञान, शोध, तकनीक, कला एवं संस्कृति आदि क्षेत्रों की प्रगति बाधित हो जाएगी और राष्ट्र सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से पंगु हो जाएगा.

(4) 10 वर्ष के लिए विद्यालयों को बंद करने से गुरु-शिष्य परम्परा, नैतिक मूल्य, सहयोग, सामंजस्य एवं पारस्परिक भातृभाव जैसे प्रतिमानों की क्षति होगी. फलस्वरूप समाज में अनैतिकता, कटुता, उद्दण्डता आदि तत्वों का प्रसार होने लगेगा.

विषय : भारत में यदि राष्ट्रपति-शासन पद्धति लागू कर दी जाए.

– अम्बेश शर्मा

(1) भारत में संसद का कार्यकाल पूरा (5 साल) हुआ करेगा तथा मध्यावर्ती चुनाव की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी. इस प्रकार सरकार का अनावश्यक चुनाव खर्च (करोड़ों रु.) बच जाएगा. इस प्रकार महँगाई पर स्वत: रोक लगेगी, क्योंकि चुनाव में हुआ खर्चा सरकार आखिर टैक्स लगाकर ही वसूल करती है. इस प्रकार बचाया गया करोड़ों रुपए विकास कार्यों पर खर्च हो सकेगा.

(2) जब सरकार स्थिर होगी, तो वह सभी क्षेत्रों पर पर्याप्त ध्यान दे सकेगी तथा हमारे नेता जनता की भलाई में कठिन निर्णय ले सकेंगे तथा उसे सही सिद्ध करने के लिए उनके पास पर्याप्त समय होगा. मंत्रि-मण्डल का आकार भी छोटा होगा व सरकार के अनावश्यक खर्चों में कमी आएगी. सरकार का प्रशासन पर दबाव होगा व भ्रष्टाचार में कमी आएगी.

(3) शासन पक्ष शक्तिशाली होगा तथा सभी पार्टियाँ मिलकर एक विपक्ष होगा तथा भारत में पार्टियों की संख्या में कमी आएगी. राष्ट्रपति हर क्षेत्र के पारंगत लोगों को सरकार में शामिल करेंगे. अनेक पार्टी पद्धति में सरकारी सुविधाओं पर भारी आर्थिक भार पड़ता है, वह बच सकेगा.

(4) भारत में धर्म के आधार पर विभाजन में कमी आएगी, क्योंकि जब कोई गठबंधन सरकार देश हित में कोई निर्णय लेती है और सरकार के सहयोगी दलों को अपने वोट-बैंक को देखते हुए निर्णय अच्छा नहीं लगता है, तो वह सरकार पर समर्थन वापसी का दबाव डालकर निर्णय बदलवा लेती है और अपना मनपसंद निर्णय थोप देती है तथा सरकार को देश हित में निर्णय नहीं लेने देती. इस प्रकार सरकार का कीमती समय आपसी झगड़ों को निपटाने में ही व्यतीत हो जाता है तथा देश पर पर्याप्त समय नहीं दे पाती है.

वर्तमान व्यवस्था में क्लर्क वर्ग बहुत शक्तिशाली एवं उद्दण्ड हो गया है. वह जनतां को अनेक प्रकार से सताता है. राष्ट्र-पति शासन में यह सब समाप्त हो जाएगा तथा प्रशासन की बागडोर योग्य अफसरों के हाथों में होगी.

अत: यदि भारत में राष्ट्रपति शासन-पद्धति लागू कर दी जाए, तो भारत का विकास तेजी के साथ होगा व भारत की गिनती विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में होगी.

विषय : यदि व्यक्ति को वर्णमाला का ज्ञान न हो.

– पंकज कुमार विश्वकर्मा

(1) प्रत्येक भाषा की अपनी एक अलग वर्णमाला होती है. शिक्षा की प्रथम सीढ़ी

वर्णमाला के अक्षरों से है
यदि किसी भाषा का ज्ञान
भाषा के वर्णमाला को
आवश्यक है. वर्णमाला की
बिना किसी भाषा-ज्ञान की
है. जिस व्यक्ति को किसी
नहीं वह न तो किसी
कर सकेगा और न ही
ज्ञान प्राप्त कर सकेगा.

(2) इंसान और जानवर
अन्तर ज्ञान का है. ज्ञान
विभिन्न पुस्तकों और ग्रन्थों
पड़ता है जिसके लिए
होना पड़ेगा जिसके लिए
जानकारी रखना जरूरी
व्यक्ति को वर्णमाला का
उसकी गिनती निरक्षरों में
युग में निरक्षर होने से बड़ा

(3) निरक्षर व्यक्ति अंधे
है. जिस प्रकार अंधे को
लिए किसी सहारे की
उसी प्रकार अज्ञानी और
ज्ञानी और पढ़े-लिखे
पड़ता है. निरक्षर व्यक्ति
अन्तर करने के लायक
उनका भविष्य अंधकारमय

(4) प्रत्येक नियम का
कबीर और सम्राट अकबर
अपवाद थे. दोनों ही महान
दोनों ही निरक्षर थे पढ़े-लिखे
बावजूद इन्हें सांसारिक
तथा दोनों ही अपने-अपने
किन्तु इन्हें बाद में किसी-न-किसी
आवश्यकता महसूस हुई, अगर
तो शायद इनके गुणों में
होती.

UPKAR'S
A Fresh Approac
Reasoning
(With Logical
[Useful For Various
By : Dr. Lal & Maurya
UPKAR PRAK
2/11A, Swadeshi
Phones : 32

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता

क्रमांक—148

दिए गए पाँच अक्षर समूहों में से के अक्षरों को व्यवस्थित करके शब्द बनाओ और फिर उनमें भिन्न शब्द ज्ञात करो—

A) BRROUW
B) AACEELP
C) CENNOTV
D) EELKNN
E) DEEELN

एक शब्द के अक्षर अव्यवस्थित में दिए गए हैं. इसके बाद पाँच समूह दिए गए हैं. इन सभी के व्यवस्थित करके सार्थक शब्द और वैकल्पिक उत्तरों में से शब्द को ज्ञात करो जो ऊपर दिए के समानार्थी हो.

1) AEFNNORTUUT
A) BINOOOSUX
B) ADEIILOPRTVN
C) EOOPPRRSUO
D) AABEFLORUV
E) ACIIOPSSUU

एक शब्द के अक्षर अव्यवस्थित में दिए गए हैं. इसके बाद पाँच समूह दिए गए हैं. इन सभी के व्यवस्थित करके सार्थक शब्द और वैकल्पिक उत्तरों में से शब्द को ज्ञात करो जो ऊपर दिए के विपरीत हो.

AIDGLOPR
A) AABEENNORSUL
B) AAAEGTVXTNR
C) AEEDDNQRSU
D) CDIIJOSUU
E) AEFLSTUW

(प्रश्न 4 से 7 तक) प्रत्येक दिए गए वक्तव्य पर आधारित है—

एक पुरुष का नाम तीन शब्दों से है. पहले शब्द में अंग्रेजी के 6 शब्द में 5 अक्षर तथा तीसरे अक्षर हैं. तीनों शब्द अलग-के सार्थक शब्द हैं. पहले और शब्द के अन्तिम तीन अक्षरों के सार्थक शब्द बनते हैं, परन्तु के सातवें, आठवें व नवें अक्षरों का सार्थक शब्द बनता है. सम्पूर्ण

शब्द में केवल दो प्रकार के स्वर प्रयुक्त हुए हैं. पहले शब्द का पहला और तीसरा अक्षर वर्णमाला के क्रम में है. दूसरे शब्द के प्रथम और अन्तिम अक्षर वर्णमाला के क्रम में हैं. तीसरे शब्द का 7वाँ और 11वाँ अक्षर वर्णमाला के क्रम में हैं. पहले और तीसरे शब्दों के अन्तिम अक्षर एक-से हैं. अन्तिम शब्द के तीसरे व चौथे अक्षर एक-से हैं.

4. सम्पूर्ण नाम में सबसे पहला अक्षर कौनसा है?
(A) M (B) N
(C) I (D) P
(E) इनमें से कोई नहीं

5. सम्पूर्ण नाम में निम्नलिखित में से कौनसा अक्षर प्रयुक्त नहीं हुआ है?
(A) I (B) S
(C) H (D) W
(E) B

6. तीसरे शब्द का पाँचवाँ अक्षर कौनसा है?
(A) Y (B) W
(C) S (D) M
(E) T

7. पहले शब्द के तीसरे और चौथे अक्षरों के बीच वर्णमाला के कितने अक्षर छूटे हुए हैं?
(A) 9 (B) 17
(C) 14 (D) 15
(E) 5

8. नीचे तीन पाँसे दिए गए हैं. इन पाँसों के विपरीत सतहों का योग 7 है.



यदि तीनों पाँसों के ऊपरी सतह पर बिन्दुओं की संख्या विषम हो, तो बिन्दुओं का योगफल कितना होगा?
(A) 9 (B) 5
(C) 7 (D) 3
(E) इनमें से कोई नहीं

9. छः शोध छात्रों ने पी.-एच.डी. की उपाधि हेतु तीन विश्वविद्यालयों में अपना पंजीकरण कराया. ये चार विषयों भौतिकी, गणित, इतिहास और मनोविज्ञान से सम्बन्धित हैं. छात्र S और T एक विषय से सम्बद्ध हैं, जबकि शोधार्थी U और V एक-दूसरे विषय से सम्बन्धित हैं. W और X बचे हुए एक-एक विषय से. इतिहास के लिए Q और R विश्वविद्यालय में स्थान उपलब्ध हैं, जबकि मनोविज्ञान के लिए R में. किन्हीं दो छात्रों को एक विश्वविद्यालय में एक ही विषय में प्रवेश नहीं मिल सका. T और U को Q में प्रवेश मिला. S ने भौतिकी में प्रवेश लिया. V ने इतिहास में. एक ही विश्वविद्यालय में दो से अधिक छात्रों को प्रवेश नहीं मिलता है. W का विषय केवल एक ही विश्वविद्यालय में उपलब्ध है, जबकि X का तीनों में. बताओ W किस विषय से सम्बन्धित है?
(A) भौतिकी (B) गणित
(C) इतिहास (D) मनोविज्ञान
(E) आँकड़े अधूरे हैं

10. यदि $\begin{array}{|c|c|}\hline 11 & 17 \\ \hline 15 & 13 \\ \hline \end{array} = 7$ $\begin{array}{|c|c|}\hline 9 & 15 \\ \hline 13 & 11 \\ \hline \end{array} = 6$, तो $\begin{array}{|c|c|}\hline 7 & 11 \\ \hline 13 & 9 \\ \hline \end{array} = 3$
(A) 9 (B) 8
(C) 1 (D) 6
(E) 5

11. निम्नांकित चित्र में x के स्थान पर कौनसी संख्या होगी?



(A) 9 (B) 8
(C) 7 (D) 6
(E) 12

निर्देश—(प्रश्न 12 से 16 तक) प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित वक्तव्य पर आधारित है—

कमला, उर्मिला, राजेन्द्र और पद्म एक परीक्षा में सम्मिलित होते हैं. परीक्षा में 150-150 अधिकतम अंक के तीन प्रश्न-पत्र हैं. राजेन्द्र के तीनों प्रश्न-पत्रों में मिलकर 200 से कम प्राप्तांक हैं तथा ये अंक किसी पूर्ण संख्या का वर्ग है. प्रत्येक परीक्षार्थी को पूर्णांक प्राप्त होते हैं तथा प्रत्येक के प्राप्तांक 80 से अधिक हैं. उर्मिला और पदम में से किसी के प्राप्तांक 11 से विभाजित नहीं होते हैं, परन्तु इनमें से एक के प्राप्तांक 19 से विभाजित हो जाते हैं. राजेन्द्र के प्राप्तांक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उर्मिला के प्राप्तांक के दोगुने से 7 अधिक हैं. पदम और कमला के प्राप्तांकों का योग 478 है तथा इनमें से एक प्राप्तांक पूर्णघन से कम है.

12. दो लड़कों के प्राप्तांकों के योग और दोनों लड़कियों के प्राप्तांकों के योग में कितना अन्तर है?
(A) 297 (B) 296
(C) 295 (D) 294
(E) 293

13. चारों के प्राप्तांकों का औसत कितना है?
(A) 180 (B) 152
(C) 182 (D) 168
(E) इनमें से कोई नहीं

14. इनमें से कितने परीक्षार्थियों के प्राप्तांक 120 से अधिक हैं?
(A) 4 (B) 1
(C) 2 (D) एक भी नहीं
(E) 3

15. इनमें से किन दो के प्राप्तांकों का अन्तर 29 से विभाजित हो जाता है?
(A) पदम और उर्मिला
(B) राजेन्द्र और पदम
(C) राजेन्द्र और कमला
(D) कमला और पदम
(E) उर्मिला और कमला

16. इनमें से किन दो के प्राप्तांकों का योग पूर्णघन संख्या से 1 अधिक है?
(A) राजेन्द्र और पदम
(B) पदम और कमला
(C) राजेन्द्र और उर्मिला
(D) राजेन्द्र और कमला
(E) उर्मिला और कमला

●●●

शेष पृष्ठ 662 का

करके Present Perfect Continuous का व्यवहार किया जाता है.

Note : दिए गए sentence में एक अतिरिक्त त्रुटि है. ज्ञातव्य हो कि 'Last four days' एक period of time को denote करता है, point of time को नहीं. और हम जानते हैं कि period of time के लिए for तथा point of time के लिए 'since' का प्रयोग किया जाता है. नीचे दिए गए वाक्यों को देखें—

He has been suffering from Paralysis since last two years. (×)

He has been suffering from Paralysis for last two years. (√)

He has been suffering from fever for Monday last. (×)

He has been suffering from fever since Monday last. (√)

अतः दिए गए sentence में 'since' के स्थान पर 'for' का प्रयोग होना चाहिए.

For Questions 36 to 40

प्रश्न में दिए गए सात sentences को उपयोग करते हुए एक meaningful paragraph बनाने के लिए उनका सही क्रम निम्नलिखित होगा—

Ist वाक्य ⟶ (7) When the British came to India, they were struck by the amount it rained here.

2nd वाक्य ⟶ (2) "It pours cats and dogs," they said.

3rd वाक्य ⟶ (6) India gets more rain annually – 1,100 mm on an average than any other part of the world.

4th वाक्य ⟶ (5) But most of it pours down in a mere hundred hours.

5th वाक्य ⟶ (3) In the remaining 8,660 hours there is hardly any precipitation.

6th वाक्य ⟶ (4) If the rain is not caught and stored, it will be impossible to live in this country.

7th वाक्य ⟶ (1) In other words, floods and droughts are built into the countries of monsoonal ecology.

●●●

शेष पृष्ठ 699 का

जल्दबाजी में कोई उत्तर न दें यदि प्रश्न को दोहराने की आवश्यकता हो, तो इसके लिए अनुरोध करने में संकोच न करें. इसे साक्षात्कारकर्ता बुरा नहीं समझते. जिन प्रश्नों के उत्तर जानते हैं. उन्हें सुनकर उछल न पड़िए. इसी तरह जिन प्रश्नों के उत्तर नहीं पता. उन्हें सुनकर मायूसी से मूँह न लटकाइए. सहमति व असहमति में हाँ, नहीं के स्थान पर जी हाँ (Yes sir) जी नहीं (No sir) कहें.

- यदि किसी प्रश्न का उत्तर नहीं जानते, तो क्षमा माँगते हुए इस बात को स्पष्ट रूप से स्वीकार करने में संकोच न करें अवसर मिलने पर अपनी रुचि के तैयार विषय की ओर संकेत करें.
- जब कभी किसी प्रश्न का आंशिक उत्तर आता हो, तो उतना उत्तर देकर आगे न जानने को स्वीकार कर लें.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj

तार्किक प्रतियोगिता

बैंकिंग सर्विस रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा आयोजित प्रोबेशनरी ऑफीसर्स व क्लर्कस् ग्रेड परीक्षाओं में नवीन पद्धति के वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाते हैं जिससे कि आपकी तार्किक व कल्पना शक्ति में वृद्धि हो.

तार्किक प्रतियोगिता के नियम

1. अपनी प्रविष्टि केवल साधारण डाक से निर्धारित तिथि की सीमा में भेजने की व्यवस्था करें अन्यथा प्रविष्टि अमान्य होगी और इसके लिए उत्तरदायित्व आपका होगा.
2. लिफाफे के ऊपर पत्रिका में दिए गए कूपन को अवश्य चिपकाएं.
3. दिए गए विषय पर आप चार तर्क प्रस्तुत करें. किसी भी दशा में प्रविष्टि कुल 150 शब्दों से अधिक की नहीं होनी चाहिए. अधिक शब्दों में लिखित रचना प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं की जाएगी.
4. भाषा सरल, स्पष्ट एवं प्रवाहमय होनी चाहिए. मूल्यांकन करते समय भाषा का विशेष ध्यान रखा जाएगा.
5. तीन विषय दिए जाएंगे और प्रत्येक विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशी को समान रूप से 150 रुपए पुरस्कार-स्वरूप दिए जाएंगे.
6. आप एक अथवा दो अथवा तीनों विषयों पर लिख सकते हैं. प्रत्येक विषय को अलग-अलग पृष्ठों पर एक ही तरफ लिखें. अन्त में शब्द संख्या अवश्य लिखें.
7. प्रत्येक प्रविष्टि पर अपना नाम व पता स्पष्ट शब्दों में लिखें.
8. पुरस्कृत प्रविष्टि पर पत्रिका-प्रकाशक का कॉपीराइट © होगा. प्रविष्टियों को वापस करने की कोई व्यवस्था नहीं है.
9. पुरस्कार के विषय में अन्तिम निर्णय सम्पादक का होगा. किसी भी दशा में वह न्यायालय का विषय नहीं होगा.
10. सम्पादक को अधिकार है कि किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण वह प्रविष्टि/ प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित न करें.

तार्किक प्रतियोगिता के विषय

1. शब्दों को जाने दो, कृतियों को उत्तर देने दो.
2. तपस्या लक्ष्य-प्राप्ति की ओर एक कदम है.
3. दीर्घ जीवन चाहने वालों को धीरे-धीरे जीने की आवश्यकता है.

प्रविष्टि भेजने की अन्तिम तिथि–25 नवम्बर, 2000 है.

(कृपया इसे लिफाफे पर चिपकाएं)

सामान्य ज्ञान दर्पण तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक–148

तार्किक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता के नियम

तार्किक योग्यता परीक्षा प्रविष्टि केवल दिए हुए प्रारूप पर ही भेजें.

लिफाफे के बाईं ओर 'सामान्य ज्ञान दर्पण–मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता' अवश्य लिखें.

प्रत्येक प्रश्न के पाँच बॉक्स दिए गए हैं. जिस उत्तर को ठीक समझें उस कॉलम में ☒ का चिह्न लगाएं.

सर्वाधिक शुद्ध हल भेजने वाले दो प्रतियोगियों को क्रमशः 600 रु. 400 रु. पुरस्कारस्वरूप दिए जाएंगे.

पुरस्कार के विषय में सम्पादक का निर्णय सर्वमान्य होगा.

तार्किक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता का प्रारूप

तार्किक योग्यता परीक्षा क्रमांक–148 का हल भेजने की अन्तिम तिथि 25 नवम्बर, 2000 है.

श्री/श्रीमती _____

_____

_____

_____

_____ पिन कोड नं. ☐☐☐☐☐☐

उत्तर-पत्र

	A	B	C	D	E
1	☐	☐	☐	☐	☐
2	☐	☐	☐	☐	☐
3	☐	☐	☐	☐	☐
4	☐	☐	☐	☐	☐
5	☐	☐	☐	☐	☐
6	☐	☐	☐	☐	☐
7	☐	☐	☐	☐	☐
8	☐	☐	☐	☐	☐
9	☐	☐	☐	☐	☐
10	☐	☐	☐	☐	☐
11	☐	☐	☐	☐	☐
12	☐	☐	☐	☐	☐
13	☐	☐	☐	☐	☐
14	☐	☐	☐	☐	☐
15	☐	☐	☐	☐	☐
16	☐	☐	☐	☐	☐
17	☐	☐	☐	☐	☐
18	☐	☐	☐	☐	☐
19	☐	☐	☐	☐	☐
20	☐	☐	☐	☐	☐
21	☐	☐	☐	☐	☐
22	☐	☐	☐	☐	☐
23	☐	☐	☐	☐	☐
24	☐	☐	☐	☐	☐
25	☐	☐	☐	☐	☐

Now Available

PKAR'S New Editions

Published by:
PKAR PRAKASHAN 2/11A, Swadeshi Bima Nagar, AGRA–2 Ph. : 323966, 323101, 322930; Fax : (0562) 351251

- Railway Recruitment Board Exam. *Dr. Lal & Jain* Rs. 88·00
- Railway Recruitment Board Exam. Rs. 75·00
- Railway Commercial Vocational Course Entrance Exam. Rs. 65·00
- Railway Recruitment Board (Technical) Rs. 125·00
- S.C.R.A. Exam. Rs. 245·00

HINDI EDITIONS ARE ALSO AVAILABLE

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्या आप बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड

बैंक क्लैरीकल परीक्षाओं

में सम्मिलित हो रहे हैं ?

तो आपकी तैयारी चाहे कितनी ही अच्छी क्यों न

आपको ध्यान रखनी हैं तीन जरूरी बातें

समय, गति और शुद्धता

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उपकार प्रकाशन द्वारा इन वर्क बुक्स को प्रकाशित किया गया है. प्रत्येक पेपर को निर्धारित समय में हल करें फिर उसका मूल्यांकन करें. अब आप यह जान जाएंगे कि आप इस [illegible] कितने तैयार हैं तथा अभ्यास के द्वारा आप अपनी कमियों को भी दूर कर पाने में सफल हो पायेंगे.



कॉम्प्रीहेन्सिव वर्क-बुक
मूल्य : 175/-



Comprehensive Work-Book
Price : Rs. 135/-

- पूर्णतया पाठ्यक्रमानुसार
- नवीन पैटर्न पर आधारित
- पिछले वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का समावेश
- प्रचुर मात्रा में मॉडल टेस्ट पेपर्स
- कठिन प्रश्नों के व्याख्यात्मक हल

स्व-दक्षता की जाँच हेतु अत्युपयोगी वर्क-बुक

शीघ्र ही अपने निकटतम बुकसेलर से सम्पर्क करें अथवा हमें 50.00 रु. का अग्रिम मनीऑर्डर भेजकर [illegible]

उपकार प्रकाशन 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002 फोन : 323966, 323101, 322930, फैक्स [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कैरियर सलाह

...ी बोर्ड
...क्षाओं
...है ?
...ी क्यों न
...री बातें
...ुझना
...किया गया है. प्रत्येक
...जाएंगे कि आप इस
...सफल हो पायेंगे.

प्रैक्टिस वर्क-बुक

न्यू प्रैक्टिस वर्क-बुक

...नीऑर्डर भेजकर
...23101, 322930

...—मैं स्नातक उत्तीर्ण छात्र हूँ. ...व जनसंचार के क्षेत्र में कैरियर ...हता हूँ. प्रवेश हेतु आवश्यक ...ची मान्यता प्राप्त संस्थान की ...देंगे की कृपया करें.

पंकज माथुर, जयपुर

...चन्द्राज, रितेश गुप्ता, समस्तीपुर

...जिस तरह हर व्यक्ति कलाकार ...कला, उसी तरह हर व्यक्ति ...नहीं हो सकता. पत्रकारिता एक ...जो गहरी निरीक्षण शक्ति के ...शीलता और कल्पनाशीलता की ...है. कलम किसी भी शस्त्र से ...क्तवर होती है. इसलिए ...विवेक और उदात्त भावना के ...उपयोग करने का गुण एक ...होना चाहिए.

...व जनसंचार में डिग्री या ...क्रम में प्रवेश हेतु स्नातकोत्तर ...होना चाहिए या फिर स्नातक ...स्तरीय संस्थानों में प्रवेश आम तौर ...परीक्षा तथा साक्षात्कार के द्वारा ...लिखित प्रवेश परीक्षा में सामान्य ...लेखन, अनुवाद व भाषा योग्यता ...पूछे जाते हैं साक्षात्कार में ...द्वारा पत्रकारिता क्षेत्र में ...का परिचय लिया जाता है. ...कुछ अनुभव है, तो उसे अलग ...चाहिए.

...जनसंचार संस्थान, अरुणा ...आसफ अली मार्ग, जवाहरलाल नेहरू ...परिसर (नया परिसर), नई ...-110067.

...एवं जनसंचार विभाग, ...हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी. ...आनन्द सिन्हा पत्रकारिता एवं ...संस्थान, पटना.

...विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय,

...एवं जनसंचार विभाग, पंजाबी ...परिसर, पटियाला—147002.

...कोटा खुला विश्वविद्यालय, ...सिविल लाइन्स, कोटा. ...(पत्राचार कोर्स)

प्रश्न—मैंने समाजशास्त्र से स्नातक किया है. फिजियोथेरेपी कोर्स करना चाहता हूँ. कृपया इस कोर्स के बारे में विस्तार से बताएं.

मु. तसलीम खान, वाराणसी

उत्तर—हड्डी, जोड़, मांसपेशियों, वाक असमर्थता आदि को सामान्य रूप प्रदान करने के लिए विशेषज्ञ होता है, जो मालिश एवं विद्युत विकिरण के उपचार के द्वारा रोगी को रोग मुक्त कर सामान्य रूप प्रदान करता है. वह काम फिजियोथिरापिस्ट के द्वारा ही सम्भव है.

फिजियोथिरापिस्ट बनने के लिए लगभग सभी संस्थानों में योग्यता का स्तर समान है. इसके लिए विज्ञान विषयों के साथ 10 + 2 कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है. इसमें दो वर्षों का डिप्लोमा कोर्स होता है. इस दौरान उन्हें अस्थि विज्ञान, स्नायु विज्ञान और एनाटोमी की शिक्षा प्रदान की जाती है. प्रशिक्षण के लिए निम्नलिखित केन्द्रों से सम्पर्क कर सकते हैं—(i) होलोसवर्थ मेमोरियल अस्पताल, मैसूर (ii) ऑल इण्डिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, नई दिल्ली (iii) क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर (iv) ऑक्यूपेशनलथेरेपी ट्रेनिंग स्कूल, के.ई.एम. अस्पताल, मुम्बई.

प्रश्न—भारत में खेलकूद प्रशिक्षण की सुविधा कहाँ-कहाँ उपलब्ध है तथा खेलकूद के अन्तर्गत कौनसी सम्भावनाएं हैं?

शशि कुमार, गया (बिहार)

उत्तर—भारतीय खेल प्राधिकरण का पटियाला स्थित 'नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल-कूद संस्थान, मोतीबाग, पटियाला (पंजाब) सर्वोत्तम संस्था है. यहाँ प्रवेश के लिए उम्मीदवार को किसी एक खेल में पारंगत होने के साथ-साथ स्नातक या कम-से-कम दसवीं कक्षा पास होना अनिवार्य है. इसके पाठ्यक्रम जून में शुरू होते हैं.

इसके अलावा लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश तथा इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजूकेशन एण्ड स्पोर्ट्स साइंसेज, लुडलो कैसल, नई दिल्ली भी एक अच्छा संस्थान है.

इसके अन्तर्गत रोजगार की अनेक सम्भावनाएं हैं. मसलन व्यायाम शिक्षक, खेल प्रशिक्षक, खेल चिकित्सक विशेषज्ञ, राष्ट्रीय खिलाड़ी.

प्रश्न—मैं बैंक प्रोबेशनरी अधिकारी (पी.ओ.) की तैयारी करना चाहता हूँ. इसके लिए शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, परीक्षा की योजना तथा तैयारी हेतु स्तरीय पुस्तकों का विवरण दें.

अरविन्द कुमार झा, मुजफ्फरपुर
राजेश कुमार, नालन्दा

उत्तर—बैंक पी.ओ. की परीक्षा में शामिल होने के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक है. परीक्षार्थी की आयु 21 तथा 30 वर्ष के मध्य होना चाहिए.

परीक्षा दो चरणों में होती है—1. लिखित, 2. साक्षात्कार. लिखित परीक्षा में गणितीय योग्यता, तार्किक क्षमता, सामान्य ज्ञान और भाषिक क्षमता की जाँच होती है. उसमें उत्तीर्ण लोगों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है जहाँ उनकी नेतृत्व क्षमता को परखा जाता है और यह जानने की कोशिश होती है कि आकस्मिक परिस्थितियों में उनका कैसा व्यवहार होता है? दोनों परीक्षाओं के आधार पर अन्तिम परिणाम निकलता है.

गणितीय योग्यता का स्तर मैट्रिक का होता है, लेकिन सवाल हल करने की गति बहुत महत्वपूर्ण होती है. तार्किक योग्यता और भाषिक ज्ञान का स्तर अच्छा होता है, लेकिन अभ्यास और उचित निर्देश से उसे प्राप्त करना मुश्किल नहीं है. सामान्य ज्ञान के लिए पत्र-पत्रिकाओं का नियमित अध्ययन लाभदायक साबित होता है. प्रतियोगिता दर्पण व सामान्य ज्ञान दर्पण की 'समसामयिकी स्तम्भ' व 'सेट' पर भी नजर रखें. उपकार प्रकाशन की 'प्रैक्टिस वर्क बुक पी.ओ. परीक्षा', 'स्टेट बैंक प्रोबेशनरी ऑफीसर परीक्षा', 'रीजनिंग टेस्ट' पुस्तकें आपके लिए लाभदायक होंगी.

बैंक प्रोबेशनरी अधिकारी परीक्षा के लिए रोजगार समाचार और देश के प्रमुख अखबार में विज्ञापन निकलते हैं. प्रत्येक क्षेत्रीय बैंकिंग भर्ती बोर्ड अलग-अलग विज्ञापन निकालता है.

प्रश्न—मैंने कला संकाय से स्नातक किया है. अब मुझे क्या करना चाहिए? उचित सलाह दें.

कैलाश चन्द्र वरवनियाँ, उज्जैन (म.प्र.).

उत्तर—इसके बाद आप स्नातकोत्तर पत्रकारिता, कम्प्यूटर डिप्लोमा, एम.बी.ए., पर्यटन प्रबन्धन, बी.एड., जनसम्पर्क, विज्ञापन, कार्मिक प्रबंधन, विधि आदि जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश पा सकते हैं. कोर्स के अलावा आप कर्मचारी चयन आयोग, बैंक, रेलवे, राज्य लोक सेवा आयोग, एवं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में शामिल होकर भविष्य संवार सकते हैं. प्राइवेट कम्पनियों में नौकरी तथा स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ सकते हैं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोजगार समाचार

स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी अधिकारियों की भर्ती

भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में प्रोबेशनरी अधिकारियों (POs) की कुल 650 रिक्तियों की भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों से केन्द्रीय भर्ती बोर्ड (स्टेट बैंक समूह) द्वारा 25 अक्टूबर, 2000 तक आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए हैं. इनमें से कुछ रिक्तियाँ विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों के लिए नियमानुसार आरक्षित हैं. रिक्तियों की संख्या में आवश्यकतानुरूप परिवर्तन हो सकता है.

शैक्षिक योग्यता—स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण.

आयु सीमा—1 जुलाई, 2000 को 21–30 वर्ष. विभिन्न मामलों में आयु सीमा में नियमानुसार छूट उपलब्ध है.

इन रिक्तियों की भर्ती हेतु 11 फरवरी, 2001 को आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ एवं वर्णनात्मक, दोनों ही प्रकार के प्रश्न-पत्र होंगे. वस्तुनिष्ठ परीक्षा में तर्कक्षमता, संख्यात्मक अभिरुचि, सामान्य जागरूकता एवं अंग्रेजी भाषा के खण्ड होंगे. इनमें गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंक प्रदान किए जाएंगे. वर्णनात्मक प्रश्न-पत्र में किसी निश्चित परिस्थिति के बारे में छोटे-छोटे प्रश्न देकर उम्मीदवारों की उनका विश्लेषण करके अपने विचार देने होंगे.

इस भर्ती के सम्बन्ध में आवेदन-पत्र के प्रारूप व अन्य विस्तृत जानकारी हेतु 23–29 सितम्बर, 2000 का रोजगार समाचार देखें.

●●●

शेष पृष्ठ 552 का

नैरोबी में भारत को फाइनल में 4 विकेट से हराकर न्यूजीलैण्ड ने 11 देशों का आई.सी.सी. नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेन्ट (मिनी विश्व कप) जीत लिया. न्यूजीलैण्ड की ओर से अतिरिक्त [illegible] क्रिस केयर्न्स को [illegible] मैच घोषित किया गया. [illegible] के सचिन तेंदुलकर [illegible] अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में [illegible] मिलाकर) बनाने के [illegible] के विश्व रिकॉर्ड को [illegible] – भारत के [illegible] की जोड़ी ने टेनिस [illegible] का युगल खिताब जीत [illegible] के पुरुष व महिला [illegible] नीदरलैण्ड्स के [illegible] जूली हेलार्ड डेक्युजिस ने [illegible]

तथ्य एक दृष्टि में :

विश्व के स्टेडियम

	नाम व स्थान
1.	स्ट्रेहोव स्टेडियम, प्राग (चेक गणराज्य)
2.	मराकना स्यूनिसिपा स्टेडियम, ब्राजील
3.	रंगनादो स्टेडियम, व्योंगयोग (उ. कोरिया)
4.	एस्तेदियो मघालाइस पिंटो, बेलो हॉरिजोन्टे (ब्राजील)
5.	एस्तेदियो मोरंबी, साओ पोलो (ब्राजील)
6.	एस्तेदियो द लज, लिस्बन (पुर्तगाल)
7.	सेनायन मेन स्टेडियम, जकार्ता (इण्डोनेशिया)
8.	युवा भारती क्रीड़ांगन, कलकत्ता (भारत)
9.	एस्तेदियो कास्टेलऊ, फोर्टालेजा (ब्राजील)
10.	एस्तेदियो अरूडऊ, रेसिफी (ब्राजील)

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएं

2000

30 अक्टूबर—बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (चेन्नई) पी ओ. परीक्षा.
5 नवम्बर—बी.एस.आर.बी. भोपाल (क्लर्क) परीक्षा.
12 नवम्बर—बी.एस.आर.बी. दिल्ली (पी.ओ.) परीक्षा.
12 नवम्बर—नेशनल सैम्पल सर्वे ऑर्गेनाइजेशन में अन्वेषकों की भर्ती.
12 नवम्बर—दिल्ली सबोर्डिनेट सेवा चयन बोर्ड : प्राथमिक सहायक शिक्षक (हिन्दी) परीक्षा.
19 नवम्बर—कर्मचारी चयन आयोग अनुभाग अधिकारी (वाणिज्यिक) परीक्षा.
26 नवम्बर—बी.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय (प्रा.) परीक्षा.
26 नवम्बर—बी.एस.आर.बी. वडोदरा (क्लर्क) परीक्षा.
26 नवम्बर—म. प्र. व्याख्याता पात्रता परीक्षा (SLET)
3 दिसम्बर—बी.एस.आर.बी. चण्डीगढ़ (क्लर्क) परीक्षा.
10 दिसम्बर—स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेन्टिसेज परीक्षा.
10 दिसम्बर—आई.आई.टी. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (स्क्रीनिंग टेस्ट).
10 व 17 दिसम्बर—बी.एस.आर.बी. (लखनऊ) क्लर्क परीक्षा.
17 दिसम्बर—संयुक्त प्रबन्धकीय प्रवेश (एम. बी. ए.) परीक्षा.
24 दिसम्बर—यू. जी. सी. टेस्ट
24 दिसम्बर—एस.एस.सी. संयुक्त (मैट्रिक) मुख्य परीक्षा.
29 दिसम्बर—रुड़की इंजीनियरिंग प्रवेश (प्रा.) परीक्षा.
31 दिसम्बर—बी.एस.आर.बी. जयपुर (क्लर्क) परीक्षा.
31 दिसम्बर—म. प्र. एम. सी. ए. (प्रवेश) परीक्षा.
31 दिसम्बर—म. प्र. एम. बी. ए. (प्रवेश) परीक्षा.

2001

जनवरी—बी.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय (प्रा.) परीक्षा.
21 जनवरी—म. प्र. प्री. पोस्ट ग्रेजुएट परीक्षा.
21 जनवरी—बी एस आर बी. (पटना) क्लर्क परीक्षा
11 फरवरी—म. प्र. प्री. बी. एड. प्रवेश परीक्षा
11 फरवरी—आर.बी.आई. में (ग्रेड बी) अधिकारी भर्ती (प्रबन्ध
11 फरवरी—भारतीय स्टेट बैंक पी. ओ परीक्षा
18 फरवरी—संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित
(I), 2001
25 फरवरी—बी.एस.आर.बी. कलकत्ता (क्लर्क) परीक्षा
25 फरवरी—एस.एस.सी. संयुक्त प्रारम्भिक स्नातक स्तरीय
8 अप्रैल—म. प्र. प्री. पॉलिटेक्निक टेस्ट (PPT).
28-29 अप्रैल—म प्र. पी.ई.टी./पी.ए.टी. परीक्षा
30 अप्रैल-1 मई—म. प्र. प्री. मेडिकल टेस्ट
6 मई—आई.आई.टी. संयुक्त प्रवेश (मुख्य) परीक्षा
9-10 मई—रुड़की इंजीनियरिंग (मुख्य) परीक्षा
13 मई—म. प्र. जनरल नर्सिंग ट्रेनिंग परीक्षा
13 मई—एस.एस.सी. संयुक्त प्रारम्भिक मैट्रिक स्तरीय परीक्षा
27 मई—म. प्र. एल-एल. बी. प्रवेश परीक्षा
1 जुलाई—एस.एस.सी. कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक परीक्षा
29 जुलाई—एस.एस.सी. अनुभाग अधिकारी (वानिज्यिक) परीक्षा
9 सितम्बर—एस.एस.सी. अनुभाग अधिकारी (तेजा परीक्षा)
21–22 सितम्बर—एस.एस.सी. संयुक्त स्नातक स्तरीय (मुख्य
23 व 30 सितम्बर—एस.एस.सी. सयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा
14 अक्टूबर—एस.एस.सी. अन्वेषक भर्ती परीक्षा
1–2 दिसम्बर—एस.एस.सी. सयुक्त मैट्रिक स्तरीय (मुख्य

सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक महेन्द्र जैन द्वारा मैसर्स प्रतियोगिता दर्पण के लिए उन्हीं के द्वारा प्रतियोगिता दर्पण (प्रिंटिंग यूनिट) बाई पास रोड, 2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर आगरा–2 से प्रकाशित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपयोगी पुस्तकें



Code 589 135.00



Code 490 155.00



Code 489 105.00



Code 588 78.00



Code 590 225.00

नए पाठ्यक्रमानुसार
विशिष्ट सामग्री के साथ



Code 628
145.00

YOUR SUCCESS
IS
OUR AIM
SURE SUCCESS
WITH
OUR NAME
THAT IS
UPKAR

उपकार प्रकाशन
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा – 282 002
फोन : 323966, 323101, 322653, 322930 ,फैक्स : (0562) 351251, 323966
ब्रान्च ऑफिस : 4840-41, गोविन्द लेन, अन्सारी रोड, 24 दरियागंज, नई दिल्ली – 110 002
फोन : 3251844, 3251866

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवक्ता - एक सम्माननीय पद

कल्पनाओं को साकार करने का सही मा









उपयोगी पुस्तकें

	Code No.	Price
उ.प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा हिन्दी (वस्तुनिष्ठ प्रकार)	636	54.00
उ.प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ समाजशास्त्र	635	60.00
उ.प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ इतिहास	634	95.00
उ.प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ भूगोल	633	95.00
उ.प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ अर्थशास्त्र	632	110.00
उ.प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ नागरिकशास्त्र	631	85.00
उ.प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ वाणिज्य	651	60.00
उ.प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ संस्कृत	52	35.00

बेहतर कल के लिए उपकार

उपकार प्रकाशन 2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा - 282 002
फोन : 323101, 323966, 322653, 322930; फैक्स : (0562) 351251, 323966
E-mail-upkar@nde.vsnl.net.in
ब्राँच आफिस : 4840-41, गोविन्द लेन, अंसारी रोड, 24 दरियागंज, नई दिल्ली
फोन : 3251844, 3251866

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

सामान्य ज्ञान दर्पण

विशेषांक-4

मॉडल हल
बी.एस.आर.बी. (क्लर्की)
बी.एस.आर.बी. (पी.ओ.)
एस.एस.सी. संयुक्त (स्नातक) (प्रा. एवं मुख्य)
एस.एस.सी. संयुक्त (मैट्रिक) मुख्य
आर.आर.बी.
बी.टी.सी.

हल प्रश्न-पत्र
सिडबी आफीसर्स 2000
बी.पी.एस.सी. प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय 2000

राष्ट्रपति श्री के.आर.नारायणन
की सिंगापुर यात्रा



आशीष जैन
बी.एस.आर.बी. (बंगलौर) परीक्षा 1999-2000 में
परिवीक्षा अधिकारी (पी.ओ.) के पद पर चयनित

LIBRARY
Gurukul Kangri Vishwavidyalaya
HARDWAR

दिसम्बर 2000
मूल्य रु. 30.00

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिसने सीखा वही सिकन्दर!

आज के ज़माने में, जिसने भी आसानी से बोलना सीखा हो, वह औरों से आगे निकल है। दूसरी ख़ूबियों के साथ साथ, फटाफट अंग्रेज़ी , एक बहुत ही ज़रूरी ख़ूबी मानी जाती है.

ाबी का राज़ क्या है?

में बातचीत करना - सही समय पर, सही ा सही उच्चारण करके. और यही तो आपको ाता है विवेकानन्द इंस्टिट्यूट का *स्पोकन इंग्लिश* कोर्स बेशुमार उदाहरणों के साथ. **कहाँ, कब,** कैसे कहना है यह समझाते हुए.

ज के समय में रोज़ सिर्फ एक घंटा आप विशेष कोरेटिंग **फार्म्युला** पर आधारित पाठ पढ़कर करें तो काफ़ी है. 45 दिनों के अन्दर आप अंग्रेज़ी में बातचीत करने लगेंगे.

राशि भेजने की आवश्यकता नहीं. बगल में कूपन भरकर भेजें. V.P.P. द्वारा पाठ आपके जे जाएंगे. डाकिया बाबू के पास **रु. 395/-** पाठ छुड़ा लें.

E-Mail: vinglish@vsnl.com
Visit us at: www.vivekin.com

भेंट:

कूपन पूर्ति करके,15 दिनों के अन्दर भेजनेवालों को स्पोकन इंग्लिश अभ्यास के लिए विशेष भेंट के रूप में पाठ्यांश के साथ एक ऑडियो कैसेट मुफ़्त भेजा जाता है.

कूपन

केवल 45 दिनों में इंग्लिश बोलने का प्रशिक्षण देनेवाले **स्पोकन** इंग्लिश ट्रेनिंग कोर्स के पाठ तुरन्त V.P.P. द्वारा भेजें. डाकिया बाबू को **रु. 395/-** (और साथ में डाक खर्च) अदा करके पाठ छुडा लूंगा / लूंगी.

नाम:.....

पता:.....

.....

.....पिन कोड.....

LIBRARY
Gurukul Kangri Vishwavidyalaya
HARDWAR

VIVEKANANDA INSTITUTE

9 (H) Madley Road, T.Nagar, Chennai - 600 017.

PTDA

सिर्फ अंग्रेज़ी बोलना सीखिए 45 दिनों के अन्दर-क्योंकि जिसने सीखा वही सिकन्दर!

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपकार प्रकाशन द्वारा प्रकाशित नवीन पुस्त

एस.एस.सी. प्रैक्टिस वर्क-बुक–संयुक्त (स्नातक) मुख्य परीक्षा	130.00
एस.एस.सी. प्रैक्टिस वर्क-बुक–संयुक्त (मैट्रिक) मुख्य परीक्षा	In Press
एस.एस.सी. प्रैक्टिस वर्क-बुक–संयुक्त प्रवेश (प्रा.) (स्नातक स्तर)	145.00
एस.एस.सी. मुख्य परीक्षा अंकगणित	160.00
एस.एस.सी. संयुक्त मुख्य परीक्षा (मैट्रिक स्तर) (एल. डी. सी. परीक्षा के लिए)	120.00
एस.एस.सी. संयुक्त मुख्य परीक्षा (मैट्रिक स्तर) (स्टेनोग्राफर्स ग्रेड 'सी' व 'डी' परीक्षा के लिए)	
SSC Combined Main Examination (Matric Level) (For Stenographers Grade 'C' & 'D')	
SSC Combined Main Examination (Matric Level) (For LDC)	

सी. आर. पी. एफ. कॉस्टेबिल	70.00
दिल्ली SSSB सम्मिलित (प्रा.) मैट्रिक स्तर-ग्रुप 'C'	140.00
Delhi SSSB Combined (Pre) Matric Level Group 'C'	135.00
प्राथमिक सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा (दिल्ली)	90.00
एकीकृत छात्रवृत्ति दिग्दर्शिका	125.00
वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान, कौन क्या है ?	35.00
म.प्र. पी.एस.सी. सामान्य अध्ययन	290.00
बी.पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा सामान्य अध्ययन	295.00
प्रैक्टिस वर्क-बुक बी.पी.एस.सी. प्रारम्भिक परीक्षा	85.00
सरल अंकगणित	125.00
सफल प्रबंधन के सरल सूत्र	90.00
प्रैक्टिस वर्क-बुक–एन.डी.ए. परीक्षा	140.00
पॉपूलर हिन्दी निबन्ध	35.00
कॉम्प्रीहेन्सिव वर्क-बुके–बैंक क्लेरीकल	175.00
न्यू प्रैक्टिस वर्क-बुक–नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा (लेखक : डॉ. शर्मा एव गोयल)	108.00
प्रबन्धकीय शब्दावली	75.00
भारतीय राजव्यवस्था–एक दृष्टि में	50.00
भारतीय अर्थव्यवस्था–एक दृष्टि में (अगस्त 2000 तक के नवीनतम आँकड़े)	54.00
भारतीय इतिहास–एक दृष्टि में	65.00
भूगोल–एक दृष्टि में	40.00
कृषि–एक दृष्टि में	65.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ सामान्य अध्ययन	100.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा हिन्दी (वस्तुनिष्ठ प्रकार)	54.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ समाजशास्त्र	60.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ इतिहास	95.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ भूगोल	95.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ अर्थशास्त्र	110.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ नागरिकशास्त्र	85.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ वाणिज्य	60.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ संस्कृत	35.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा English	50.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ मनोविज्ञान	60.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ रसायन विज्ञान	68.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ भौतिक विज्ञान	70.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ जन्तु विज्ञान	65.00
उ. प्र. प्रवक्ता भर्ती परीक्षा वस्तुनिष्ठ वनस्पति विज्ञान	135.00
वाद-विवाद (Debate)	40.00
श्रेष्ठ निबन्ध	42.00
सक्सैसफुल कैरियर थॉट्स	50.00

प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्त

समसामयिक घटनाचक्र Vol. 1-III	3
समसामयिक घटनाचक्र Vol. 2-III	3
भारतीय अर्थव्यवस्था	3
Indian Economy	8
एस.एस.सी. संयुक्त प्रवेश (प्रा.) परीक्षा (मैट्रिक स्तर)	7

प्रैक्टिस वर्क-बुक इतिहास (संघ एवं राज्य लोक सेवा)	
प्रैक्टिस वर्क-बुक लोक प्रशासन (.. ..)	
प्रैक्टिस वर्क-बुक राजनीतिशास्त्र (.. ..)	
प्रैक्टिस वर्क-बुक अर्थशास्त्र (.. ..)	
प्रैक्टिस वर्क-बुक भूगोल (.. ..)	
प्रैक्टिस वर्क-बुक समाजशास्त्र (.. ..)	
प्रैक्टिस वर्क-बुक वाणिज्य (.. ..)	
प्रैक्टिस वर्क-बुक कृषि (.. ..)	
प्रैक्टिस वर्क-बुक विधि (.. ..)	
इगलिश स्पीकिंग कोर्स	
प्रैक्टिस वर्क-बुक सामान्य अध्ययन	
यू. जी. सी. संस्कृत	
यू. जी. सी. अर्थशास्त्र	
यू. जी. सी. हिन्दी	
यू. जी. सी. भूगोल	
U.G.C. Geography	
U.G.C./NET Life Sciences	
Modern Techniques of English Translation	
BCA/BIT Entrance Test	
Practice Work-Book Bank Clerical	
Practice Work-Book NDA Exam.	
Practice Work-Book Engineering Entrance Test	
New Paradigm Reasoning Tests	
True or False and Fill in the Blanks in Science	
Tips in Science (Medi., Engi., Pharmacy)	
Assertion and Reason in Science (.. .. ..)	
Practice Sets Medical Entrance Test	
Practice Work-Book Medical Entrance Test	
Quicker Numerical Physics (Medical & Engineering)	
Senior/Junior Hindi Translators Exam.	
N.D.A./C.D.S. Mathematics	
MCA Mathematics	

उपकार प्रकाशन 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 323966, 323101, 322653, 322930; फैक्स : (0562) 323966
e-mail : upkar@ide.
नई दिल्ली शाखा ऑफिस फोन :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य ज्ञान दर्पण

पंचम अंक
वर्ष 13
दिसम्बर 2000

इस अंक में

सम्पादकीय 718

विशेष स्तम्भ
- समसामयिक सामान्य ज्ञान 719
- आर्थिक परिदृश्य 725
- राष्ट्रीय परिदृश्य 728
- अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य 733
- क्रीड़ा जगत् 736
- युवा प्रतिभाएं–बी.एस.आर.बी. (बंगलौर) परीक्षा 1999-2000 में केनरा बैंक के परिवीक्षा अधिकारी के पद पर चयनित श्री आशीष जैन 739
- सार संचयिका 741
- समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य 744

लेख
- ऐतिहासिक तथ्य–शाहजहाँ 745
- डेयरी उद्योग लेख–डेयरी उद्योग के विकास में श्वेत क्रान्ति की भूमिका 746
- कैरियर लेख–प्रतियोगिता के लिए : प्रेरणा और व्यक्तित्व 749

वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान
- (i) बी. पी. एस. सी. द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यालय (प्रा.) परीक्षा, 2000 (ii) बी. पी. एस. सी. द्वारा आयोजित प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय (प्रा.) परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न 751

आगामी रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न 755
- तर्कशक्ति परीक्षा 763
- English Language 767
- सामान्य हिन्दी 770
- अंकगणित 772
- सामान्य ज्ञान 775

आगामी बैंक क्लेरीकल परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न
- तर्कशक्ति परीक्षा 777
- English Language 782
- संख्यात्मक अभियोग्यता 785
- लिपिकीय अभियोग्यता 790

आगामी बैंक (पी.ओ.) परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न
- तर्कशक्ति परीक्षा 793
- English Language 825
- संख्यात्मक योग्यता–सिडबी ऑफीसर्स परीक्षा, 2000 830

एस. एस. सी. संयुक्त प्रारम्भिक परीक्षा (स्नातक स्तर) हेतु विशेष हल प्रश्न
- सामान्य बुद्धि 837
- सामान्य अध्ययन 841
- अंकगणित 843

एस. एस. सी. संयुक्त मुख्य परीक्षा (स्नातक स्तर) हेतु विशेष हल प्रश्न 854

एस. एस. सी. संयुक्त मुख्य परीक्षा (मैट्रिक स्तर) हेतु विशेष हल प्रश्न 872

आगामी बी.टी.सी. प्रवेश परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न 881

सामान्य/विविध
- ज्ञान वृद्धि कीजिए 891
- प्रथम पुरस्कृत–तार्किक प्रतियोगिता 892
- मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता क्रमांक-149 893
- मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता क्रमांक-147 का परिणाम एवं सर्वशुद्ध हल 897

रोजगार समाचार 898

सामान्य ज्ञान दर्पण में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है.
–सम्पादक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चाहे कुछ बनने की बात मत सोचिए

हमने किसी कक्षा में अंग्रेजी की पाठ्य-पुस्तक में कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ी थीं—

One thing at a time,
And that done well
Is a very good rule,
As many can tell.

कविता का तात्पर्य यह है कि एक समय/बार में केवल एक कार्य किया जाए और अच्छी तरह किया जाए—यह जीवन निर्वाह का एक श्रेष्ठ सूत्र है—ऐसा अनेक सुधी जन कहते/कह सकते हैं. बात भी सही है—न कोई एक ही समय में कई कार्य कर सकता है और न एक व्यक्ति अनेक कार्य कर सकता है. एक साथ कोई व्यक्ति-जन अनेक कार्य करता है, तो कोई भी कार्य ठीक तरह सम्पन्न नहीं हो पाता है, सब काम सतही तौर पर पूरे किए जा सकेंगे. पूरी सम्भावना इस बात की है कि दो-चार बिगड़ भी जाएं. यदि कोई व्यक्ति सब काम करने का दम भरता है, तो परिणाम स्पष्ट है. वह कुछ भी पूर्ण रूप से नहीं कर पाता. सब कुछ करना कुछ न करना है. सब कुछ करने का दम भरने वाले के बारे में सामान्यतः धारणा यही बनती है कि यह कुछ भी नहीं कर सकेगा. इसी प्रकार सब कुछ बनने की बात करना कुछ भी न बनने की बात करना है.

समाज एवं जीवन के सफल एवं सुखद संचालन के लिए श्रम-विभाजन की व्यवस्था की जाती है और की गई है. प्रत्येक व्यक्ति को कुछ जन्म-जात रुचियाँ प्राप्त होती हैं. उन्हीं के आधार पर वह अपने जीवन में अपना कर्त्तव्य निर्धारित करता है. भारतीय संस्कृति की भाषा में इसको स्वधर्म कहा जाता है. व्यक्ति को चाहिए कि वह सर्वप्रथम स्वधर्म—अपने स्वभावानुसार किए जाने वाले आचरण के रूप को जानने का प्रयत्न करें, तदुपरान्त उसको स्वीकार करके अपनी पूरी सामर्थ्य एवं निष्ठा के साथ तद्नुसार अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारण करके उसके कार्यान्वयन में प्राणपन से जुट जाए. इस दृष्टिकोण की पुष्टि में निम्न-लिखित पंक्तियाँ दृष्टव्य भी हैं और स्मरणीय भी हैं—

Man know thyself
Accept thyself
And express thyself

जो व्यक्ति उक्त जीवन-सूत्र के संदर्भ में अपने जीवन को ढाल लेते हैं वे सुख-समृद्धि के अधिकारी बनते हैं, जो व्यक्ति ऐसा न करके भटकन के भ्रमजाल में फँस जाते हैं. वे जीवन में कष्ट पाते हैं.

मानव समूह अथवा भीड़ का अंग न होकर व्यक्ति विशेष होता है, अर्थात् प्रत्येक मनुष्य का धर्म उसके व्यक्तित्व-सापेक्ष होता है. स्वधर्म जानने के लिए व्यक्ति को अपने भीतर झाँकना चाहिए और अपनी रुचियों एवं क्षमता को जानने का प्रयत्न करना चाहिए. तदुपरान्त अपनी परिस्थितियों एवं सामर्थ्य का आकलन करना चाहिए. इस प्रकार अन्तः और बाह्य सामर्थ्य को दृष्टिगत करते हुए अपने धर्म-कर्त्तव्याकर्त्तव्य-के मार्ग का निर्धारण करना चाहिए. यह दुहराना आवश्यक है कि जन्म-जात रुचियाँ मनुष्य के निर्माण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है. यदि किसी व्यक्ति की स्वाभाविक प्रवृत्ति अध्यापन के प्रति है, उसको अध्यापक बनने के लिए ही पूरा प्रयत्न करना चाहिए—वह प्राइमरी अध्यापक से लेकर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर तक बन सकता है. यदि वह थानेदार या डिप्टी कलक्टर बन भी जाएगा, तो सफल अधिकारी के रूप में कार्य करना उसके लिए कठिन हो सकता है. यदि कोई व्यक्ति अपने स्वभाव की प्रवृत्ति को न जान सके, अथवा उसकी परिस्थितियाँ अत्यंत विषम हों, तब तो यही कहा जा सकेगा—जो काम मिल जाए, वह कर लिया जाए, जीवन और जगत् के थपेड़े जहाँ ले जाना चाहें, वहाँ जाने के लिए वह विवश है, परन्तु ऐसी स्थिति में भी वह एक दिशा विशेष में ही जाएगा—सब कुछ नहीं बन सकेगा, परन्तु जिनके पास प्रतियोगिताओं में भाग लेने की सुविधा उपलब्ध है, उन्हें तो कम-से-कम प्रतियोगिता का चयन खूब सोच-समझकर करना चाहिए. पूर्ण चिन्तन एवं आत्म-आकलन के उपरान्त जिस प्रतियोगिता का चयन किया जाए, उसमें सफल होने का दृढ़ संकल्प करके उसकी तैयारी की जानी चाहिए. हम चाहे कुछ बन जाएं अथवा सब कुछ बन जाएं—यह चिन्ता आपको केवल भटकाव के भँवर में भ्रमित कर देगी और आप केवल भाग्य के भरोसे ही कुछ बन सकेंगे.

इस क्षेत्र में आप किसी का अनुकरण मत कीजिए. मित्र का साथ निबाहने की दृष्टि को सामने रखकर [illegible] कीजिए. प्रतियोगिता की [illegible] कार्यक्रम स्वतन्त्र [illegible] व्यक्तियों के परामर्श [illegible] प्रकाशित अनुभवों [illegible] परन्तु अंतिम [illegible] बनाइए. देश की एक [illegible] भी व्यक्तित्व निर्माण [illegible] तद्नुसार प्रतियोगिता [illegible] सहायता कर सकती है [illegible] सर्वाधिक महत्व [illegible] सर्वाधिक अवसर [illegible] लब्ध हैं और ये प्रतियोगिताएं [illegible] के लिए आयोजित [illegible] प्रतियोगिताएं व्यावसायिक [illegible] डॉक्टर आदि के चयन [illegible] की जाती हैं. आजकल [illegible] देखने में आती है. इंजीनियर [illegible] प्रशासनिक सेवाओं में [illegible] हैं. ऐसा लगता है कि [illegible] के लिए वे सूर्य की [illegible] उनके व्यवहार को देखकर [illegible] है कि वे डॉक्टर अथवा [illegible] लिए नहीं जन्मे थे. उन्हें [illegible] कुछ वर्षों एवं राष्ट्रीय [illegible] किया. हमारा निवेदन है कि [illegible] इस प्रकार लक्ष्यहीन [illegible] प्रयास न करें एकाग्रता [illegible] अत्यधिक महत्व रखती है [illegible] में अर्जुन को अप्रतिम [illegible] सदर्भ में आपने अर्जुन [illegible] आँख शीर्षक कहानी [illegible] "एकाग्रता आवेग को [illegible] देती है. विचार-धारा को [illegible] कल्पना को स्पष्ट करती [illegible] विवेकानन्द) इस सदर्भ में [illegible] कर देना अनिवार्य है कि [illegible] के लिए निष्ठा परम आवश्यक [illegible] निष्ठा नहीं होगी, तब तक [illegible] रहेगा. स्मरण रखिए निष्ठा [illegible] करती है. इसका अभाव उस [illegible] गति को बाधित कर देता है [illegible] शक्ति की पर्याय है गुरु [illegible] तक कह दिया है. विश्वास [illegible] परमात्मा का क्रियात्मक रूप [illegible] पूरी निष्ठा के साथ अपने [illegible] पर अग्रसर होते हैं, तो [illegible] शक्ति आपको लक्ष्य से [illegible] सकती है. निष्ठा वह [illegible] जो तूफानी मौसम के [illegible] जाए, निष्ठा उस पर्वत [illegible] जिसे कोई भी तूफान [illegible] सकता है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक सामान्य ज्ञान

सुरेश कलमाडी पुनः भारतीय ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष

गत 3 नवम्बर को नई दिल्ली में सम्पन्न चुनाव में सुरेश कलमाडी को पुनः भारतीय ओलम्पिक संघ (IOA) का अध्यक्ष चुना गया है. पुनः अध्यक्ष चुने जाने के पश्चात् श्री कलमाडी ने निवर्तमान महासचिव रणधीर सिंह व कोषाध्यक्ष राज चोपड़ा को अपनी कार्यकारिणी में इन्हीं पदों पर बनाए रखा है. संघ के 12 उपाध्यक्षों में से 5 (विजय कुमार मल्होत्रा, जी. एस. गहलोत, प्रियरंजन दास मुंशी, विद्या स्टोक्स व जे. एस. मंडेर) को उनके पदों पर बरकरार रखा गया है. कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में शामिल किए गए 7 अन्य पदाधिकारियों के नाम हैं–अभय सिंह चौटाला, दिग्विजय सिंह, एम. सी. चौहान, वी. डी. नानावती, अविनाश कोहली, के. मुरुगन तथा अशोक कुमार मट्टू.

सूरजभान एवं विष्णु कांत शास्त्री

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल विष्णु कांत शास्त्री को उनके शेष कार्यकाल के लिए उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है, जबकि उत्तर प्रदेश के राज्यपाल सूरजभान को उनके शेष कार्यकाल के लिए हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है. उत्तर प्रदेश में अति सक्रिय तरीके से कार्य करने के कारण श्री सूरजभान आलोचनाओं के घेरे में आ गए थे.

पी. एम. सईद

लोक सभा के उपाध्यक्ष पी. एम. सईद को लोक सभा की बजट समिति का अध्यक्ष बनाया गया है.

शिवशंकर मुखर्जी

मिस्र में भारत के राजदूत शिवशंकर मुखर्जी को अब द. अफ्रीका में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है.

प्रभाकर मेनन

नीदरलैण्ड्स में भारतीय राजदूत प्रभाकर मेनन को अब आयरलैण्ड में इसी पद पर नियुक्त किया गया है.

सुब्रमण्यम जयशंकर

टोकियो में भारतीय दूतावास में कार्यरत् सुब्रमण्यम जयशंकर को चैक गणराज्य में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है.

माइकल मार्टिन

ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर पद के लिए गत 22 अक्टूबर को सम्पन्न चुनाव में लेबर पार्टी के माइकल मार्टिन को इस पद के लिए चुना गया है.

मुथैया द्वारा फिक्की के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करने से इनकार

क्रिकेट जगत के कार्यभार में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अध्यक्ष ए. सी. मुथैया ने फिक्की (FICCI) के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करने में असमर्थता व्यक्त कर दी है. उन्हें दिसम्बर 2000 में उद्योग व्यापार जगत के इस संगठन के अध्यक्ष का कार्यभार जी. पी. गोयनका से ग्रहण करना था.

मुथैया के स्थान पर अब चिरायु आर. अमीन के फिक्की का अध्यक्ष पद ग्रहण किए जाने की सम्भावना है. एलेम्बिक समूह की कम्पनियों के अध्यक्ष श्री अमीन वर्तमान में फिक्की के उपाध्यक्ष हैं.

अस्कर अकायेव

गत 29 अक्टूबर को सम्पन्न चुनाव में अस्कर अकायेव लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए किर्गिस्तान के राष्ट्रपति चुने गए हैं.

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए पहली बार विदेशी प्रशिक्षक

अंशुमान गायकवाड़ के स्थान पर न्यूजीलैण्ड के जॉन राइट (John Wright) को भारतीय क्रिकेट टीम का नया प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है. भारतीय क्रिकेट टीम के वह पहले विदेशी प्रशिक्षक हैं. इस पद के लिए जॉन राइट के अतिरिक्त आस्ट्रेलिया के जियॉफ मार्श व ग्रेग चैपल के नामों पर भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने विचार किया था.

प्रशिक्षक पद पर जॉन राइट की यह नियुक्ति फिलहाल एक वर्ष के लिए की गई है. उनके अधीन कोई सहायक प्रशिक्षक नहीं होगा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुरस्कार / सम्मान

अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार (1999)–केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित वर्ष 1999 का अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार जाने-माने समाज सेवी बाबा आम्टे को प्रदान किया जाएगा. 15 लाख रुपए का यह पुरस्कार उन्हें 6 दिसम्बर को, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की पुण्य तिथि के अवसर पर प्रदान किए जाने की सम्भावना है.

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार –जाने-माने वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् प्रो. सतीश धवन को वर्ष 1999 का इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार गत 31 अक्टूबर को स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर प्रदान किया गया.

शौर्य पुरस्कार–विभिन्न अवसरों पर बहादुरी के प्रदर्शन के लिए एक व्यक्ति को महावीर चक्र, 2 को कीर्ति चक्र, 9 को वीर चक्र व 9 अन्य को शौर्य चक्र से राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने गत 20 अक्टूबर को सम्मानित किया. बाद में 3 नवम्बर को 2 अन्य बहादुरों को कीर्ति चक्र, 9 को वीर चक्र व 10 अन्य को शौर्य चक्र से उन्होंने सम्मानित किया.

महावीर चक्र से सम्मानित होने वाले एकमात्र वीर 2 नगा रेजीमेंट के सिपाही इमली अकूम हैं.

स्त्री शक्ति पुरस्कार–महान भारतीय महिलाओं के नाम पर केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थापित पहले स्त्री शक्ति पुरस्कारों की घोषणा गत अक्टूबर माह में की गई है. पुरस्कारों के लिए चयनित महिलाओं के नाम निम्नलिखित हैं–

पुरस्कार		विजेता
देवी अहिल्याबाई होल्कर पुरस्कार	–	ब्रह्मचारिणी कमलाबाई, दिगम्बर जैन आदर्श महिला महाविद्यालय, श्री महावीर जी की संस्थापिका (महिला साक्षरता में योगदान हेतु)
रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार	–	किंकरी देवी, हिमाचल प्रदेश (वन संरक्षण हेतु)
रानी गोदिल्यू पुरस्कार	–	लीला ताई, मध्य प्रदेश (वनवासी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु)
कण्णगी पुरस्कार	–	राबिया, केरल (प्रौढ़ साक्षरता में योगदान हेतु)
जीजाबाई पुरस्कार	–	चिन्नापिलाइ, तमिलनाडु

उपर्युक्त प्रत्येक पुरस्कार के तहत एक-एक लाख रुपए की राशि प्रशस्ति-पत्र के साथ प्रदान की जाएगी.

बी. डी. गोयनका पुरस्कार (1998-99)–पत्रकारिता के क्षेत्र का वर्ष 1998-99 का बी. डी. गोयनका पुरस्कार प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रेस सलाहकार एच.के. दुआ, ब्लिट्ज के पूर्व उप सम्पादक पी. साइनाथ व 'ईनाडु' के संस्थापक सम्पादक रामोजी राव को गत 9 नवम्बर को नई दिल्ली में एक समारोह में प्रदान किया गया.

ग्रासिम मिस्टर इंटरनेशनल–2000



13 अक्टूबर को जोधपुर में सम्पन्न 'ग्रासिम मिस्टर इंटरनेशनल-2000 खिताब जीतने वाले भारत' के आर्यन वैद (मध्य में). बाईं ओर हैं प्रथम पास्कुअल (मेक्सिको) व दाईं ओर हैं द्वितीय उपविजेता शू चोंग (चीन) इन देशों के प्रतियोगियों ने भाग लिया था. विजेताओं को क्रमश: 6 हजार, 3 हजार डॉलर की राशि पुरस्कारस्वरूप प्रदान की गई.

कवि सम्राट उपेन्द्र भंज पुरस्कार–उड़ीसा संगीत नाटक अकादमी का सृजनात्मक कलाओं के क्षेत्र का 10वाँ कवि सम्राट उपेन्द्र भंज पुरस्कार जाने-माने शास्त्रीय गायक रघुनाथ पाणिग्रही को गत 4 नवम्बर को भुवनेश्वर में एक समारोह में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने प्रदान किया.

बुकर पुरस्कार (2000)–साहित्य जगत का इस वर्ष का बुकर पुरस्कार कनाडा की प्रसिद्ध उपन्यासकार मारग्रेट एटबुड को उनके उपन्यास 'द ब्लाइंड एसेसिन' के लिए गत 7 नवम्बर को लंदन में प्रदान किया गया. सुश्री एटवुड का मनोनयन इस पुरस्कार के लिए पहले भी तीन बार (1986, 1989 व 1996 में) हो चुका था, किन्तु अन्तिम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



राजस्थान क्लब के बाद मोहन बगान के लिए खेलने वाले जरनैल सिंह 1962 में जकार्ता में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय फुटबाल टीम के सदस्य थे. बाद में 1966 में बैंकाक एशियाई खेलों में भारतीय फुटबाल टीम के वह कप्तान रहे थे.

सी. सुब्रमण्यम

महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी. सुब्रमण्यम का गत 7 नवम्बर को 90 वर्ष की आयु में चेन्नई में

निधन हो गया. 1998 में भारतरत्न से सम्मानित श्री चन्द्रशेखर केन्द्र में रक्षा, वित्त एवं कृषि मंत्री रह चुके थे. 60 के दशक में भारत में हरित क्रान्ति की व्यूह रचना निर्धारित करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था. उन्हें सी. एस. के नाम से आमतौर पर जाना जाता था.

मुकुन्द सखाराम नेवालकर

मध्य प्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकुन्द सखाराम नेवालकर का गत 5 नवम्बर को 78 वर्ष की आयु में पुणे में निधन हो गया.

चर्चित व्यक्ति

निशान सिंह

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति की अध्यक्षा जागीर कौर के निजी सुरक्षा अधिकारी सहायक सब इंस्पेक्टर निशान सिंह ने गत 4 नवम्बर को नई दिल्ली में सीबीआई के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है. बीबी जागीर कौर की पुत्री हरप्रीत कौर की रहस्यमयी मृत्यु के सिलसिले में पंजाब पुलिस व सीबीआई को उनकी गत तीन सप्ताह से तलाश थी. इस मामले में सीबीआई द्वारा दायर प्राथमिकी में बीबी जागीर कौर व निशान सिंह सहित सात व्यक्तियों को नामजद किया गया है. इनमें से पाँच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है तथा अब केवल जागीर कौर ही पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं.

योगराज सिंह

भारत के पूर्व टेस्ट खिलाड़ी योगराज सिंह ने पेट्रोल में मिलावट करने के आरोप के सिलसिले में गत 31 अक्टूबर को चंडीगढ़ की एक अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया है. बहुचर्चित मौजूदा क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह के पेट्रोल पम्प पर मिलावटी पेट्रोल बिकने की शिकायत पंजाब सरकार ने गत 30 जून को दर्ज करायी थी. बाद में उनके फॉर्म हाउस से मिलावटी पेट्रोल के 22 ड्रम पुलिस ने बरामद किए जिसके बाद से ही वह फरार थे.

ओलाफर रागनार ग्रिमसॉन

आइसलैण्ड के राष्ट्रपति ओलाफर रागनार ग्रिमसॉन गत अक्टूबर-नवम्बर माह में एक सप्ताह की भारत यात्रा पर रहे. 28 अक्टूबर को नई दिल्ली पहुँचे श्री ग्रिमसॉन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत 30 अक्टूबर को किया गया. अपनी इस पहली भारत यात्रा के दौरान आइसलैण्ड के राष्ट्रपति ने भारत के साथ मजबूत आर्थिक व राजनीतिक सम्बन्धों की आकांक्षा भारतीय राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के साथ वार्ता में व्यक्त की.

चर्चित स्थान

पचमढ़ी

मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी के बड़ा महादेव मन्दिर में राज्यपाल डॉ. भाई महावीर को गत 28 अक्टूबर को उस समय एक बंदर ने काट लिया जब वह बंदरों को चने खिला रहे थे. राज्यपाल को काटने वाले बंदर को निगरानी हेतु पुलिस ने हिरासत में ले लिया है.

गैर सैंण--उत्तर प्रदेश के चमोली जिले (अब उत्तरांचल में) के तहसील मुख्यालय गैर सैंण को नए राज्य उत्तरांचल की राजधानी बनाने के लिए माँग बड़े जोर-शोर से उठी थी. गैर सैंण को राजधानी बनाने के लिए स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर आन्दोलन भी किया था. गैर सैंण के अतिरिक्त कालागढ़, रामनगर व नैनीताल को भी उत्तराचल की राजधानी बनाने की माँग उठी है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्ष / दिवस / सप्ताह

विश्व खाद्य दिवस– 16 अक्टूबर

विश्व एलर्जी जागरूकता दिवस–16 अक्टूबर

आजाद हिन्द दिवस–21 अक्टूबर

पुलिस स्मरणोत्सव दिवस–21 अक्टूबर

विश्व आयोडीन अल्पता विकार दिवस (Global Iodine Deficiency Disorder Day)–21 अक्टूबर

संयुक्त राष्ट्र दिवस–24 अक्टूबर

विश्व मितव्ययता दिवस–30 अक्टूबर

स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि–31 अक्टूबर

सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती–31 अक्टूबर

हरियाणा दिवस–1 नवम्बर

नव पंजाब दिवस–1 नवम्बर

सूचना प्रौद्योगिकी वर्ष–2000-2001

(केन्द्र में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्थापना का एक वर्ष पूर्ण होने पर 21 नवम्बर, 2000 से सूचना प्रौद्योगिकी वर्ष मनाने की घोषणा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रमोद महाजन ने की है.)

विधिक सेवा दिवस (भारत)–9 नवम्बर

मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयन्ती–11 नवम्बर

विश्व मधुमेह दिवस–14 नवम्बर

विश्व बाल दिवस–14 नवम्बर

(पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस)

राष्ट्रीय भूमि संसाधन संरक्षण सप्ताह –14–20 नवम्बर, 2000

पुस्तकें

मिडनाइट डायरीस (आत्मकथा) (Midnight Diaries)–बोरिस येल्तसिन

द जिन ड्रिंकर्स (The Gin Drinkers)–सागरिका घोष

ए न्यू वर्ल्ड (A New World)–अमित चौधरी

बिग ईगोस, स्मॉल मैन (Big Egos, Small Men)–राम जेठमलानी

द ब्लाइंड एसेसिन (The Blind Assassin)–सुश्री मारग्रेट एटवुड (कनाडा की सुश्री मारग्रेट एटवुड को इस उपन्यास के लिए वर्ष 2000 का बुकर पुरस्कार प्रदान किया गया है.

महोत्सव

कालिदास समारोह

43वाँ अखिल भारतीय कालिदास समारोह गत 7–13 नवम्बर को उज्जैन में सम्पन्न हुआ. इसका उद्घाटन राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने किया.

उत्तराखंड महोत्सव –2000

उत्तरांचल का प्रसिद्ध उत्तराखंड महोत्सव–2000 नवम्बर के प्रथम सप्ताह में देहरादून में सम्पन्न हुआ.

भारत का अन्तर्राष्ट्रीय हॉट एयर बैलून मेला

बैलूनिंग क्लब ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 16वाँ अन्तर्राष्ट्रीय हॉट एयर बैलून मेला 4–18 नवम्बर, 2000 को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ.

आजादी–50

भारतीय गणतंत्र की 50वीं वर्षगाँठ तथा अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नृत्य, नाट्य, गीत एवं काव्य के सांस्कृतिक कार्यक्रम 'आजादी–50' का आयोजन केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा गत 13–15 अक्टूबर को नई दिल्ली में किया गया.

सम्मेलन

एशियाई कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन

कृषि अर्थशास्त्रियों का तीसरा एशियाई सम्मेलन गत 18–20 अक्टूबर को जयपुर में सम्पन्न हुआ. ऐसा चौथा सम्मेलन सन् 2002 में मलेशिया में सम्पन्न होगा.

एशिया-यूरोप शिखर सम्मेलन

एशिया एवं यूरोप का तीसरा शिखर सम्मेलन गत 21-22 अक्टूबर को द. कोरिया में सियोल में सम्पन्न हुआ.

उर्दू अकादमियों का राष्ट्रीय अधिवेशन

देशभर की विभिन्न उर्दू अकादमियों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन गत 14–16 अक्टूबर को जयपुर में हुआ. इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया.

आर्थिक सम्पादकों का सम्मेलन

आर्थिक सम्पादकों का तीन दिवसीय सम्मेलन गत 16–18 अक्टूबर को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ.

राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन

तीन दिवसीय राष्ट्रीय
गत 16–18 अक्टूबर
सम्पन्न हुआ. राष्ट्रीय
सम्बद्ध विज्ञान भारती
सम्मेलन के उद्घाटन
मानव संसाधन मंत्री मुरली
सम्बोधित किया. पूर्व
सुदर्शन इस सम्मेलन में

सिंधी काउंसिल का

सिंधी काउंसिल
पाँचवाँ राष्ट्रीय अधिवेशन
2000 को जयपुर में

विज्ञान

25 करोड़ वर्ष पुराने

पेनेसुएला की
विद्यालय के वैज्ञानिकों
पृथ्वी की सतह से
के एक क्रिस्टल में
जीवाणु की खोज की है
गए इस जीवाणु को
सक्रिय करने में सफलता
वैज्ञानिकों के अनुसार
गए सभी जीवों से
इससे इस सिद्धान्त को
पृथ्वी पर जीवन अंतरिक्ष

अन्तरिक्ष

अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र

अमरीका, रूस, यूरोप
व ब्राजील द्वारा अंतरिक्ष
स्थापित किए जा रहे
केन्द्र पर चार महीने के
अंतरिक्ष यात्रियों ने गत
बैकानूर प्रक्षेपण केन्द्र
सोयुज से उड़ान भरी
यह अंतरिक्ष यात्री 365
पर स्थित केन्द्र पर जा
अन्तरिक्ष केन्द्र पर निर्माण
हेतु यद्यपि अंतरिक्ष यात्री
हैं, किन्तु वहाँ प्रवास
पहले अंतरिक्ष यात्री हैं
बिल शेफर्ड व रूस के
सर्गेई क्रिकालेव शामिल
अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र के

उल्का पिंड के पृथ्वी

सम्भावना

खगोल वैज्ञानिकों
ऐसे पिंड की खोज
वर्षों में पृथ्वी से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...उल्का पिंड का टुकड़ा होने की सम्भावना व्यक्त की ...29 से 69 मीटर लम्बाई वाला यह पिण्ड वर्तमान में पृथ्वी ...करोड़ किमी दूरी पर बताया गया है. 'नासा' के वैज्ञानिकों ...इसकी कक्षा को देखते हुए इसके पृथ्वी से टकराने की ...500 में 1 है. इसे 2000 एस. जी. 344 नाम दिया गया

...में 11 करोड़ वर्ष पूर्व हुए विस्फोट की चमक पृथ्वी पर

...करोड़ वर्ष पूर्व अंतरिक्ष में हुए गामा किरणों के एक ...की चमक पृथ्वी पर गत जनवरी माह में पहुँची थी. लगभग ...प्रयासों के पश्चात् इस विस्फोट के उद्गम स्थल का ...ने गत सितम्बर माह में पता लगा लिया है. इस विस्फोट ...कों ने जी. आर. बी. 000131 नाम दिया है. वैज्ञानिकों ...र यह विस्फोट सूर्य से 30 गुना बड़े आकार के एक बड़े ...टने से हुआ था. वैज्ञानिकों ने इसे अन्तरिक्ष में हुआ सबसे ...त विस्फोट बताया है.

...लशास्त्री द्वारा पुच्छल तारे की खोज

...गणराज्य के एक खगोलशास्त्री मिलोस तिची (Milos ...एक ऐसे नए पुच्छल तारे की खोज का दावा किया है, ...एवं बृहस्पति की कक्षाओं के बीच होकर सूर्य की परिक्रमा ...है.

...में भूकम्प के झटके

...17 अक्टूबर को तड़के मध्य प्रदेश के अनेक शहरों में ...मॉडरेट तीव्रता के झटके महसूस किए गए. भूकम्प का ...लपुर व मंडला जिले के सीमावर्ती इलाके में था जहाँ ...ने पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई.

...न पहाड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त

...सेना का एक विमान गत 25 अक्टूबर को बटूमी ...के पास पर्वतीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. समझा जाता ...इल्यूशिन-18 विमान किसी पहाड़ से जा टकराया. विमान ...सभी 75 लोग मारे गए हैं.

...तूफान में 40 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु

...पिंस में गत 3 नवम्बर को आए भीषण तूफान (Ty- ...में 40 से अधिक व्यक्ति मारे गए हैं. तूफान के परिणाम- ...क व्यक्ति लापता हैं.

...पोत 'ईवोली सन' डूबा

...रसायनों से लदा इटली का एक मालवाहक पोत ...न (Ievoli Sun) गत 31 अक्टूबर को इंगलिश चैनल में ...यह दुर्घटना मौसम की प्रतिकूलता के कारण हुई बताई

...नीय है कि अटलांटिक महासागर में फ्रांस के तट के ...ण समुद्री तूफान के कारण फ्रांस का तटवर्ती ब्लायाइस ...नाभिकीय विद्युत् संयंत्र कुछ दिन के लिए बन्द कर दिया

...टैंकर में आग लगने से 200 से अधिक व्यक्तियों की

...पश्चिम नाईजीरिया में गत 6 नवम्बर को एक पुलिस ...कतार में खड़े वाहनों में एक पेट्रोल टैंकर की टक्कर के ...आग से 200 से अधिक व्यक्ति मारे गए हैं.

हर्बो-हाईट-थैरेपी-विद्

▶ हर्बो-हाईट-थैरेपी : एक फोकस

▷ हमारी रेगुलर फूड़-एनर्जी-फीड हाईट-ग्रोथ-प्रोसिस का मूल आधार है। यह फीड प्रायः प्योबटी - प्रोसिस में, विशेषतः हाईट-ग्रोथ-मैकेनिज्म के लिए आवश्यक एनर्जी फीड जुटाने में असमर्थ पड़ जाती है और हाईट क्षमता होने के बावजूद भी गतिरोध (बॉड़ी रिजिस्टैंस एवं प्रीमैच्योर हॉल्ट) उत्पन्न हो जाता है। यह गतिरोध प्राकृतिक हर्बल-एनर्जी-फीड से दूर हो जाता है और हाईट-ग्रोथ-प्रोसिस पुनः नैचुरल वे से क्रियाशील हो जाता है। अतः लगभग 5 से 10 सेंमी हाईट संसार के सभी स्त्री-पुरुष, नैचुरल स्टॉप के बाद 35 वर्ष तक अपनी पर्सनैल्टी में कभी भी और जोड़ सकते हैं हर्बो-हाईट-थैरेपी से। यह मात्र कन्सैप्ट ही नहीं, पचास हजार से अधिक उपभोक्ताओं का विश्वास है। मैड़िकल हिस्ट्री में ऐसा सफल क्लेम अपने-आप में पहला है।

Herbo-Height-Therapist
Dr. O. P. BAGGA



▶ नैचुरल हाईट-स्टॉप : मिसलीडिंग !

▷ मैडिकल वर्ल्ड ने हाईट-स्टॉप को एक प्राकृतिक-प्रकिया माना है। प्रायः देखा भी जाता है कि हाईट-ग्रोथ लड़कियों में प्योबर्टी—12 वर्ष तक लड़कों में एडोलसन्स—14 वर्ष तक हो पाता है। बोन-फ्यूज़न और जैनेटिक रीजिन भी इसके साथ जुड़े हुए हैं। साइंस के अनुसार हाईट-ग्रोथ अधिक से अधिक 18 वर्ष तक होती है और रूक कभी भी सकती है। इसके आगे साइंस ने यह कहकर फुलस्टॉप (.) लगा दिया कि हाईट-ग्रोथ का आगे कोई विकल्प भी नहीं।

▷ हर्बो-हाईट-थैरेपी के सफल क्लेम के सामने नैचुरल हाईट-स्टॉप आज अधूरा, एक तरफा और भ्रामक सिद्ध हो गया है।

▶ स्टैंडर्ड हाईट : केयर एण्ड क्योर

▷ स्टैंडर्ड हाईट भारत में, पुरूष की 165/170 सेंमी और महिला की 150/155 सेंमी है। परन्तु सभी व्यक्ति स्टैंडर्ड हाईट तक नहीं पहँच पाते। बड़े छोटे रह जाते हैं, छोटे लम्बे निकल जाते हैं। पैरेन्ट छोटे होते है, बच्चे लम्बे निकल जाते हैं, बच्चे छोटे रह जाते है, पैरेन्ट लम्बे होते हैं। हाईट क्षमता वंश दर वंश घटती जा रही है।

▷ स्टैंडर्ड हाईट बढाने के लिए प्योबर्टी के प्रभाव से पहले यानि 9 वर्ष तक की गई स्ट्रैचिंग व हैंगिंग एक्सरसाईजस, बैलेन्स्ड व न्यूट्रिशयस डाईट, कैलशियम व आयरंन का आवश्यक सेवन, प्रदूषण व स्ट्रैस-फ्री वातावरण सहायक सिद्ध होता है। शार्ट कट में हर्बो-हाईट-थैरेपी एक वरदान साबित हुई हैं। इसका एक कोर्स बच्चे को प्योबर्टी के प्रभाव से पहले यानि 7-8-9 वर्ष की आयु तक सेवन करा दिया जाये तो बच्चा वशानुगत प्रभाव के आधीन स्लो-स्लगश-स्टॉप नहीं होता और कद-विकास-क्षमता बढ़ जाती है। मैचोरिटी तक फिगर आवश्यक हाईट और आकर्षक व्यक्तित्व के साथ उभरता है।

▶ हाईट-ग्रोथ-स्ट्रैटजी—तुलनात्मक दृष्टिकोण एच-एच-टी से :

▷ हाईट बाई बर्थ करीब 50 + 50 सेंमी बाई बर्थ-प्लस, ये 100 सेंमी हर व्यक्ति की बेसिक-ग्रोथ होती है। इसके बाद वाले सेंमी नॉर्मल-ग्रोथ के होते हैं। नॉर्मल-ग्रोथ को आयु के वर्षों से भाग दें तो लगभग दो से तीन सेंमी वार्षिक और दो से तीन एम.एम मासिक ग्रोथ-रेशो निकलेगी।

▷ एच-एच-टी की सहायता से हाईट के रुक जाने के बाद भी, विवाह हो जाने के बाद भी, बच्चा हो जाने के बाद भी, युवाकाल 35-40 वर्ष तक 15-30 एम एम (1.5 से 3 सेंमी) 3 मास के शॉर्ट कोर्स में, 30-50 एम एम (3 से 5 सेंमी) 6 मास के हॉफ कोर्स से, 50-100 एम एम (5 से 10 सेंमी) एक वर्ष के फुल कोर्स में और 5 से 10 एम एम एक मास के ट्रायल डोज से भी कद-विकास होता है, जो ऐवरेज ग्रोथ-रेशो से फास्ट है।

▶ चुनौतियों की कसौटियों पर :

▷ मैडिकल वर्ल्ड में हाईट-ग्रोथ-क्लेम एक चुनौती है, इसका उपभोक्ता महाचुनौती ! दूसरी और हाईट एक माइक्रो-ग्रोथ सब्जैक्ट है, रूटीन में बढती हुई नजर नहीं आती और बॉडी की लचक में सिमट जाती है। एम.एम. की ग्रोथ से भूख नहीं मिटती, नजरअंदाज कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में, स्कैल की कसौटी पर, पचास हजार से अधिक उपभोक्ता, चौथे दशक में चल रही हाईट-ग्रोथ-सर्विस अपने-आप में अपनी सत्यता का प्रमाण है। इतना ही नहीं यह हाईट क्लेम कभी झूठा साबित नहीं हुआ विभिन्न चुनौतियों, परीक्षणों, कसौटियों पर—जुडिशियल एक्जामिनेशन में, डैमो टैस्ट में, कन्जयूमर सैल में तथा विभिन्न डॉक्टरों एवं वैज्ञानिकों की कोर्ट में।

▶ नैचुरल अपरोच फॉर नैचुरल ग्रोथ :

▷ यह फार्मूला प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का सार है (कोई हार्मोन नहीं) प्राकृतिक रूप से ही कद-विकास के साथ-साथ ओवरवेट, अन्डरवेट, अन्डरडिवैल्पड, ओवरडिवैल्पड अंगों (महिला वक्षस्थल आदि) को नार्मल रखने में और पिम्पल रिमूव, कम्पलैक्शन इम्प्रूव, स्किन सॉफ्ट, फीचर शार्प, फिगर शेप-अप करने में भी सहायक है। यह बिना हानि, बिना व्यायाम, बिना चार्ट, बिना परहेज, बिना कडुवाहट कैपसूल और ड्रॉप्स की सूरत में घर पर प्रयोग किये जाते हैं। बार-बार आने की जरूरत नहीं होती।

▶ प्रोसीजर हमारे क्लीनिक का :

▷ प्रोस्पैक्टस देने के साथ आवश्यक जानकारी का आदान-प्रदान किया जाता है। उपभोक्ता की हाईट स्कैल पर कन्फर्म की जाती है और परस्पर सन्तुष्ट होने के बाद भविष्य में तसल्ली के लिए फाईल बनाई जाती है। रजिस्ट्रेशन नम्बर दिया जाता है। आवश्यक डोजज डायरेक्शन के साथ दी जाती हैं। तीन मास के शार्ट कोर्स के बाद चैक-अप होता है। शंकित उपभोक्ता ट्रायल-डोज 1 मास का चैक-अप लेकर आगे बढ सकते हैं। दिल्ली के बाहर के उपभोक्ता बाद में पोस्ट द्वारा मंगवा सकते हैं। यह आयुर्वेदिक इलाज है इसमें किसी टैस्ट रिपोर्ट की जरूरत नहीं होती।

▶ नार्मल चार्जेज :

▷ शॉर्ट कोर्स 3 मास रू 6000/-, हाफ कोर्स 6 मास रू. 12000/-, फुल कोर्स 1 वर्ष रू 23000/-, ट्रायल डोज 1 मास 2000/-, + रजिन. / पोस्ट / कुरियर रू 100/- भारत में, विदेश में रू 500/-, जोडकर मनीआर्डर अथवा डी.डी. द्वारा डॉ० ओ.पी.बग्गा, बाजार लाल कुआँ (सामने कूंचा पंडित) दिल्ली-110006 (इन्डिया) के पते पर भेजें। आवश्यक डोज़ज़ रजिस्टर्ड पोस्ट डायरेक्शन के साथ भेज दी जाती है। वी.पी.पी. नहीं की जाती। अन्य जानकारी के लिए फोन : **011-3262426** प्रातः 11 से 6 रात्रि 9 से 10 बजे तक सम्पर्क करें या टिकट लगा पता लिखा लिफ़ाफ़ा के साथ लिखें (रविवार अवकाश) **www.indiadoctors.org/drbagga.html**

REVOLUTION

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिंगापुर एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त

सिंगापुर एयरलाइंस का एक बोइंग–747 विमान गत 31 अक्टूबर को ताइपै हवाई अड्डे पर उड़ान भरते समय ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया. लॉस एंजेल्स की उड़ान पर इस विमान में चालक दल सहित



कुल 179 व्यक्ति सवार थे जिनमें से 79 इस दुर्घटना में मारे गए. मरने वालों में 10 भारतीय भी थे. प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार यह विमान उड़ान भरते समय रन वे पर ही किसी अज्ञात वस्तु से टकराया था.

वायु सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

भारतीय वायु सेना का एक एम. आई.–8 हेलीकॉप्टर गत 12 नवम्बर को कच्छ के रन में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से 10 किमी भीतर वायु सेना के नलिया ठिकाने के पास दुर्घटनाग्रस्त पाया गया. रूस निर्मित इस हेलीकॉप्टर में सीमा सुरक्षा बल के उप महानिरीक्षक सहित 8 अधिकारी व वायु सेना के चार कर्मी सवार थे जिनमें से केवल 5 के शव ही 13 नवम्बर को खोजे जा सके. 12 नवम्बर को इस हेलीकॉप्टर ने कोटेश्वर से उड़ान भरी थी जिसके बाद यह लापता हो गया था. इस 'दुर्घटना' के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है यद्यपि रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस ने ऐसी सम्भावना से फिलहाल इनकार किया है.

विविध

इंटरनेट जैकपॉट में एक करोड़ डॉलर का पुरस्कार

संसदीय रिपोर्टर मोहम्मद करीम बाशा ने अमरीका के फ्रीलोट्टो डॉट कॉम की सुपरबक्स जैकपॉट में गत 28 सितम्बर को खेलते हुए एक करोड डॉलर (लगभग 45 करोड़ रुपए) की राशि जीतने में सफलता प्राप्त की है. बेल्लारी (कर्नाटक) के मूल निवासी बाशा को यह राशि तीस वर्षों में वार्षिक किश्तों में प्राप्त होगी.

बर्फ का पहला होटल

विश्व में पहली बार उत्तरी अमरीका में क्यूबेक सिटी में पूर्णतः बर्फ का ऐसा होटल तैयार किया जा रहा है जिसमें पलंग भी बर्फ के ही होंगे. यह होटल जनवरी 2001 तक तैयार हो जाने की सम्भावना है तथा यह तीन माह तक चलेगा. इस होटल के निर्माण में लगभग 5 हजार टन बर्फ के इस्तेमाल की सम्भावना है.

फ्रांस में 'मैड काउ' का पुनः प्रकोप

फ्रांस में इन दिनों पुनः 'मैड काउ' बीमारी की चपेट में है. इसके कारण बडी मात्रा में गाय के माँस को बाजार में बिक्री से हटा लिया गया है.

भारतीय नौसेना के विशालतम आई एन एस ज्योति का नए शस्त्रों से सुसज्जीकरण

पश्चिमी कमान में तैनात भारतीय नौसेना के विशालतम पोत आई एन एस ज्योति को आजकल नए एवं अधिक शक्तिशाली शस्त्रों से सुसज्जित किया जा रहा है. 39,900 टन विस्थापन क्षमता वाले इस पोत द्वारा बीच समुद्र में तैनात नौसैनिक पोतों को ईंधन एव जल की आपूर्ति की जाती है. इस नाते ही इस पोत को भारतीय नौसैनिक बेड़े की माँ (Mother of the Fleet) कहा जाता है.

व्हाइट हाउस की स्थापना के 200 वर्ष

अमरीकी राष्ट्रपति के वाशिंगटन स्थित सरकारी आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की स्थापना के 200 वर्ष गत 1 नवम्बर को पूरे हो गए हैं. इन 200 वर्षों में जॉर्ज वाशिंगटन के अतिरिक्त सभी अमरीकी राष्ट्रपतियों ने व्हाइट हाउस को ही अपने आवास एवं कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किया है.

आई एन एस कुरसुरा नौसैनिक बेड़े से बाहर

भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आई एन एस कुरसुरा को नौसैनिक बेड़े से हटा लिया गया है. विशाखापट्टनम तट पर इस पनडुब्बी को एक संग्रहालय में रूपांतरित किया जाएगा.

चालक रहित विमान 'लक्ष्य' का परीक्षण

स्वदेश निर्मित चालक रहित विमान लक्ष्य का एक और सफल परीक्षण उड़ीसा में चाँदीपुर स्थित अंतरिम परीक्षण केन्द्र से गत 2 नवम्बर को किया गया.

ताजमहल को अद्भुत जादू प्रदर्शन

भारत के [illegible] सरकार जूनियर ने [illegible] आगरा में एक [illegible] दर्शकों के समाने [illegible] कर दिया. लगभग [illegible] रहे. ताजमहल को [illegible] साकार उसी स्थान पर [illegible]

भगवान महावीर की 2600 वर्ष भर के कार्यक्रम

भगवान महावीर की [illegible] अगले वर्ष (2001 में) 6 [illegible] जाएगी. इसके उपलक्ष्य में [illegible] के 2600वें जन्म कल्याणक [illegible] के तत्वावधान में वर्ष भर [illegible] क्रमों का शुभारम्भ 8 अप्रैल [illegible] में होगा. इस सन्दर्भ में [illegible] प्रधानमंत्री अटल बिहारी [illegible] अध्यक्षता में 59 सदस्यीय [illegible] किया है.

देश में केन्द्रीय विद्यालयों की [illegible]

केन्द्रीय मानव संसाधन [illegible] मनोहर जोशी के अनुसार [illegible] विद्यालयों की कुल संख्या [illegible] अतिरिक्त दो केन्द्रीय विद्यालय [illegible] स्थापित किए गए हैं इनमें से [illegible] में व दूसरा मॉस्को में स्थित है.

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

भारत का 20वाँ अन्तर्राष्ट्रीय [illegible] मेला गत 14 नवम्बर से [illegible] प्रगति मैदान पर प्रारम्भ हुआ. [illegible] उदघाटन केन्द्रीय वाणिज्य [illegible] मंत्री उमर अब्दुल्ला ने किया.

गुड़गाँव हरियाणा की साइबर [illegible]

हरियाणा सरकार ने [illegible] की 'साइबर कैपिटल' घोषित [illegible] जानकारी मुख्यमंत्री ओमप्रकाश [illegible] गत 11 नवम्बर को दिल्ली [illegible] में दी है.

PASSPORT TO SU
Read Upkar's
N.D.A./C.D.
MATHEMA
By : Dr. H. B. P
Price : Rs. 1
UPKAR PRAKASHA

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्थिक परिदृश्य

वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में निर्यातों में 22 प्रतिशत की वृद्धि

चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितम्बर 2000) में भारत के निर्यातों में डॉलर के मूल्य में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि इसी अवधि में आयात में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. चालू वर्ष की पहली छमाही के लिए निर्यात के यह अनंतिम आँकड़े वाणिज्य मंत्रालय द्वारा गत 1 नवम्बर को जारी किए गए हैं.

आँकड़ों के अनुसार अप्रैल-सितम्बर की अवधि में भारत के निर्यात 21.3 अरब डॉलर के रहे हैं, जबकि 1999 में इसी अवधि में यह 17.46 अरब डॉलर के मुकाबले विपरीत अप्रैल-सितम्बर 1999 में देश का कुल आयात 22.47 अरब डॉलर रहा. अप्रैल-सितम्बर 2000 की अवधि में यह 18 अरब डॉलर के रहे हैं. आयातों में कुल मूल्य में तेल आयात 8.3 अरब डॉलर के तथा गैर तेल आयात 17.68 अरब डॉलर के हैं. उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्ष की समान अवधि की तुलना में चालू वर्ष की पहली छमाही में तेल आयातों में जहाँ 86.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई वहीं गैर तेल आयातों में 1.85 प्रतिशत की कमी आई है. वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार गत वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में गैर तेल आयातों का कुल मूल्य 17.68 अरब डॉलर था जो अप्रैल-सितम्बर, 2000 की अवधि में 17.68 अरब डॉलर का रहा है. इसी अवधि में तेल आयातों का मूल्य 4.46 अरब डॉलर से बढ़कर 8.3 अरब डॉलर हो गया. तेल आयात बिल में यह भारी वृद्धि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई है.

कम्पनियों की पहचान हेतु 'सी. आई. एन.' का आवंटन

कम्पनी मामलों के विभाग ने पंजीकृत विभिन्न कम्पनियों के कार्य क्षेत्र (उद्योग) उनके स्वामित्व व निगमन वर्ष आदि की पहचान के लिए केन्द्र सरकार के कम्पनी मामलों के विभाग ने प्रत्येक कम्पनी को एक पहचान नम्बर आवंटित करना प्रारम्भ किया है. सी. आई. एन. (CIN)—Corporate Identity Number) नाम के इस नम्बर से कम्पनियों के कार्य क्षेत्र, स्वामित्व व निगमन वर्ष (Year of Incorporation) के अतिरिक्त उसकी पंजीकरण स्थिति आदि की पहचान भी हो सकेगी.

1 नवम्बर, 2000 के बाद पंजीकृत की जाने वाली सभी कम्पनियों को यह पहचान नम्बर (CIN) पंजीकरण के साथ ही आवंटित किया जा रहा है, जबकि पहले से पंजीकृत कम्पनियों के मामले में पहचान नम्बर का आवंटन दिसम्बर 2001 तक पूर्ण होने की सम्भावना है.

बीमा करोबार में सार्वजनिक कम्पनियों का आधिपत्य समाप्त : निजी क्षेत्र की कम्पनियों को लाइसेंस जारी

भारत में बीमा कारोबार में सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों का आधिपत्य गत 23 अक्टूबर को उस समय समाप्त हो गया जब बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण—'इरडा' (Insurance Regulatory and Development Authority—IRDA) ने निजी क्षेत्र की तीन कम्पनियों को बीमा व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए लाइसेंस जारी कर दिए. बीमा अधिनियम, 1938 के अनुच्छेद 3 के तहत यह लाइसेंस एच डी एफ सी स्टैण्डर्ड लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी (जीवन बीमा कारोबार के लिए) तथा रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कम्पनी व रॉयल सुन्दरम् एलायंस इंश्योरेंस कम्पनी (दोनों को साधारण बीमा कारोबार के लिए) को प्रदान किए गए हैं. इस प्रकार जीवन बीमा कारोबार 44 वर्ष के अंतराल के पश्चात् तथा साधारण बीमा कारोबार 28 वर्ष के अंतराल के पश्चात् निजी क्षेत्र के लिए खुल गया है. निजी क्षेत्र की कुछ और कम्पनियों को लाइसेंस शीघ्र ही प्रदान किए जाने की सम्भावना है.

इससे पूर्व साधारण बीमा क्षेत्र की साधारण बीमा निगम की चारों सहयोगी कम्पनियों न्यू इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी लि., नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी लि., ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी लि. तथा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी का इनकी होल्डिंग कम्पनी साधारण बीमा निगम से पृथक् स्वतंत्र अस्तित्व स्थापित करते हुए इनमें से प्रत्येक की ईक्विटी को 40-40 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 100-100 करोड़ रुपए करने की घोषणा केन्द्र सरकार ने की है. बीमा क्षेत्र में

चार विशेष आर्थिक परिक्षेत्रों की स्थापना

निर्यातों को बढ़ाने के लिए चीन की तर्ज पर भारत में भी विशेष आर्थिक परिक्षेत्रों (Special Economic Zones—SEZs) की स्थापना के इरादे को वाणिज्य मंत्रालय द्वारा व्यावहारिक रूप दे दिया गया है. इस दिशा में पहल करते हुए पहले से कार्यरत निर्यात प्रसंस्करण परिक्षेत्रों (Export Processing Zones—EPZs) में से चार को गत 1 नवम्बर से विशेष आर्थिक परिक्षेत्रों (SEZs) में रूपांतरित कर दिया गया है. इनमें कांडला (गुजरात), सांताक्रुज (मुम्बई) एवं कोच्चि (केरल) स्थित निर्यात प्रसंस्करण परिक्षेत्रों के अतिरिक्त सूरत स्थित निजी क्षेत्र का ई पी जैड शामिल है. इस प्रकार यह चारों निर्यात प्रसंस्करण परिक्षेत्र देश के पहले एस ई जैड (विशेष आर्थिक परिक्षेत्र) हो गए हैं. इनके अतिरिक्त सात अन्य विशेष आर्थिक परिक्षेत्रों की स्थापना के लिए सैद्धान्तिक स्वीकृति केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जा चुकी है. यह परिक्षेत्र नागुनेरी (तमिलनाडु), पोसित्रा (गुजरात), कल्पी (प. बंगाल), पारादीप (उड़ीसा), भदोही (उत्तर-प्रदेश), काकीनाडा (आन्ध्र प्रदेश) एवं द्रोणागिरि (महाराष्ट्र) में स्थापित किए जाएंगे.

ज्ञातव्य है कि विशेष आर्थिक क्षेत्रों की स्थापना का उल्लेख चालू वित्तीय वर्ष की आयात-निर्यात नीति में किया गया था. गत 31 मार्च को घोषित इस नई आयात-निर्यात नीति के अनुसार विशेष आर्थिक परिक्षेत्रों को 'शुल्क रहित एन्कलेव' (Duty Free Enclaves) माना जाएगा जो प्रशुल्कों एवं करों के लिए एक विदेशी क्षेत्र के समान होंगे. इनमें स्थापित इकाइयाँ बिना कोई प्रशुल्क चुकाए आयात कर सकेंगी तथा इनके लिए किसी आयात लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी, किन्तु इन इकाइयों द्वारा उत्पादित समस्त उत्पादन का निर्यात करना होगा. घरेलू प्रशुल्क क्षेत्रों (DTA—Domestic Tariff Area) में बिक्री करने की स्थिति में इन्हें सम्बन्धित करों का भुगतान करना होगा. इसी प्रकार DTA से SEZ को की गई किसी बिक्री को देश के निर्यात में शामिल किया जाएगा. विशेष आर्थिक क्षेत्रों में कार्यरत् इकाइयों के निष्पादन पर निगरानी हेतु विकास आयुक्त की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निजी कम्पनियों के प्रवेश के मार्ग को प्रशस्त करने वाले बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDA) अधिनियम, 1999 के तहत इस क्षेत्र में प्रवेश करने वाली सभी कम्पनियों के लिए न्यूनतम पूँजी आवश्यकता 100 करोड़ रुपए निर्धारित की गई थी. बीमा क्षेत्र में पहले से ही कार्यरत कम्पनियों को यह मानक पूरा करने के लिए 6 माह का समय दिया गया था जो गत 19 अक्टूबर को समाप्त हो रहा था.

उल्लेखनीय है कि साधारण बीमा क्षेत्र की कम्पनियों की ईक्विटी को जहाँ 40-40 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 100-100 करोड़ रुपए कर दिया गया है वहीं जीवन बीमा निगम (LIC) की ईक्विटी में कोई वृद्धि सरकार द्वारा नहीं की गई है. एल. आई. सी. अधिनियम, 1956 के तहत स्थापित इस निगम की चुकता पूँजी अभी 5 करोड़ रुपए ही है. वित्त मंत्रालय के एक प्रवक्ता के अनुसार इसकी ईक्विटी में वृद्धि के लिए एल.आई.सी. अधिनियम में संशोधन करना होगा. प्रवक्ता के अनुसार भारतीय जीवन बीमा निगम पूर्णतः भिन्न अधिनियम के तहत स्थापित है तथा 'इरडा' (IRDA) के पूँजी आवश्यकता सम्बन्धी मानक इस पर लागू नहीं होंगे.

नई कपड़ा नीति–2000 को अनुमोदन

1985 की कपड़ा नीति के स्थान पर नई कपड़ा नीति–2000 (Textiles Policy–2000) को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गत 2 नवम्बर को अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है. इसके तहत परिधान क्षेत्र (Garment Sector) को लघु उद्योगों की आरक्षित सूची से हटाने के साथ-साथ विदेशी कम्पनियों को भी इस क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई है. इसके तहत देश के कपड़ा उद्योग के निर्यात को मौजूदा 11 अरब डॉलर के वार्षिक स्तर से बढ़ाकर सन् 2010 तक 50 अरब डॉलर वार्षिक करना है. इसमें आधा योगदान परिधान क्षेत्र का होगा. गारमेंट क्षेत्र में विदेशी कम्पनियों के प्रवेश के लिए ईक्विटी की कोई सीमा नहीं होगी.

कपास टेक्नोलॉजी मिशन को प्रभावी रूप से लागू करके कपास के उत्पादन में 50 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य नई कपड़ा नीति के तहत निर्धारित किया गया है. इसके साथ-साथ जूट पर भी टेक्नोलॉजी मिशन के गठन का इसमें प्रावधान है. उद्योग की रुग्ण इकाइयों के लिए 'एक्जिट नीति' (Exit Policy) को भी नई नीति में मंजूरी प्रदान की गई है, किन्तु इसके लिए श्रमिकों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा.

डी.टी.एच. प्रसारण योजना को मंजूरी

टेलीविजन प्रसारण के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी निर्णय लेते हुए केन्द्र सरकार ने डी टी एच (Direct to Home) प्रसारण सेवा को मंजूरी प्रदान कर दी है. गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की अध्यक्षता वाले 'मंत्रियों के दल' (Group of Ministers) की संस्तुति के आधार पर केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने यह निर्णय गत 2 नवम्बर को ही लिया है. इससे ग्रामीण एवं दूरदराज के ऐसे क्षेत्रों में जहाँ केबल ऑपरेटरों की सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं, टेलीविजन के सौ से अधिक चैनलों का प्रसारण छोटे से डिश एंटिना के साथ आवश्यक उपकरणों को लगाकर देखा जा सकेगा. इससे पूर्व 1997 में सरकार ने इस प्रकार के प्रसारण पर प्रतिबन्ध लगा दिया था.

मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने बताया कि डी टी एच प्रसारण के लिए लाइसेंसधारियों की संख्या की कोई सीमा नहीं होगी. भारतीय कम्पनी अधिनियम के तहत पंजीकृत कम्पनियाँ ही इस तरह के प्रसारण हेतु लाइसेंस ले सकेंगी. आवेदक कम्पनी में सभी तरह के विदेशी निवेश (FDI/NRI/FII) की अधिकतम सीमा 49 प्रतिशत हो सकेगी, किन्तु प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अधिकतम सीमा 20 प्रतिशत ही होगी. लाइसेंस के लिए आवेदन के साथ 10 करोड़ रुपए की राशि कम्पनी को अदा करनी होगी तथा सेवा से प्राप्त होने वाले वार्षिक लाभ का 10 प्रतिशत भाग सरकार को देय होगा. लाइसेंस की अवधि 10 वर्ष होगी. लाइसेंसधारियों को अपने सभी कार्यक्रमों का अपलिंकिंग भारत से ही करना होगा.

बलपूर्वक हड़ताल कराने वाले राजनीतिक दलों के पंजीकरण रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक

राजनीतिक दलों के हित में एक निर्णय देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने गत 1–6 अक्टूबर को केरल उच्च न्यायालय के 1 जून, 2000 के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया गया था कि 'बलपूर्वक' हड़ताल कराने वाले राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द कर दिया जाए. उच्च न्यायालय ने बलपूर्वक कराई गई हड़ताल को 'बन्द' के तुल्य ही मानते हुए असंवैधानिक माना था. इससे पूर्व 'बन्द' को इसी उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही असंवैधानिक घोषित किया जा चुका है जिसका अनुमोदन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी किया जा चुका है.

हड़तालों में [illegible] राजनीतिक दलों [illegible] करने के उच्च [illegible] के विरुद्ध कांग्रेस [illegible] न्यायालय में याचिका [illegible]

राजस्थान परमाणु [illegible] की चौथी इकाई

भारतीय नाभिकीय [illegible] (NPCIL) की सातवन्दा [illegible] राजस्थान परमाणु [illegible] (RAPP) की चौथी इकाई [illegible] को चालू कर दिया गया. [illegible] दबावीकृत भारी पानी [illegible] इकाई को शीघ्र ही [illegible] दिया जाएगा जिससे [illegible] नाभिकीय रिएक्टरों की [illegible] जाएगी जिनकी कुल उत्पादन [illegible] मेगावाट होगी.

राजस्थान परमाणु [illegible] की चौथी इकाई के [illegible] नाभिकीय परमाणु ऊर्जा [illegible] एक वर्ष में चार रिएक्टरों [illegible] का श्रेय प्राप्त हो गया है [illegible] कैगा–I व कैगा–II तथा [illegible] योजना की तीसरी व [illegible] रिएक्टर शामिल हैं. कर्नाटक [illegible] कन्नड़ जिले की कैगा परियोजना [illegible] इकाई को 2 दिसम्बर, 1999 [illegible] इकाई को 12 अक्टूबर, 2000 [illegible] ग्रिड से जोड़ा गया था. उक्त [illegible] परियोजना की तीसरी इकाई [illegible] 1999 में क्रिटिकैलिटी प्राप्त [illegible] मार्च 2000 में उत्तरी ग्रिड से [illegible] गया था. राजस्थान परमाणु [illegible] के तहत अभी 500-500 [illegible] दबावीकृत हैवी वाटर रिएक्टर [illegible] अभी और स्थापित किए जाने [illegible] की सबसे बड़ी नाभिकीय [illegible] है.

राष्ट्रीय ताप विद्युत [illegible] स्थापना के 25 [illegible]

सार्वजनिक क्षेत्र के [illegible] निगम (NTPC) ने [illegible] वर्ष गत 7 नवम्बर को [illegible] की कुल स्थापित क्षमता [illegible] मेगावाट है. तलचर एवं [illegible] नाओं का विस्तार कार्य [illegible] अगले तीन वर्षों में [illegible] हजार मेगावाट की [illegible] 2012 तक निगम का [illegible] को बढ़ाकर 40 हजार [illegible] लक्ष्य है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वित्तीय वर्ष 1999-2000 में
करोड़ रुपए का कारोबार करके
टी पी सी ने 2815.73 करोड़ रुपए
शुद्ध लाभ अर्जित किया था.

संक्षिप्तकी

में बंदरगाह की स्थापना हेतु निजी के साथ समझौता

बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में (Kulpi) में बंदरगाह की स्थापना के लिए सरकार ने निजी क्षेत्र की कम्पनी मुकुंद कंस्ट्रक्टर कंसोर्शियम के साथ गत 4 को एक सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए बंगाल में निजी क्षेत्र में यह पहला होगा.

को उद्योग का दर्जा

फिल्म जगत् की लम्बे समय से चली आ को स्वीकार करते हुए इसे उद्योग का केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान कर दिया गया फिल्म सहित सम्पूर्ण मनोरंजन क्षेत्र को यह वित्तीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, के तहत प्रदान किया गया है. इससे क्षेत्र को बैंक ऋण प्राप्त करने व करों का भुगतान करने की सुविधा हो जाएगी.

उपयुक्त सारांश की अधिसूचना केन्द्र सरकार द्वारा गत 18 अक्टूबर को निर्गत की गई है.

राजस्थान पर बकाया ऋण

राजस्थान के वित्त मन्त्री प्रद्युम्न सिंह ने गत 3 नवम्बर को विधान सभा में बताया है कि मार्च 2000 के अत में प्रदेश पर कुल 29169.87 करोड़ रुपए का ऋण बकाया था जिसमें 19267.55 करोड रुपए का लोक ऋण तथा शेष 9902 करोड रुपए की अन्य देनदारियाँ शामिल थीं. मार्च 2000 के अंत में प्रदेश में प्रति व्यक्ति ऋण भार उन्होंने 5840.57 रुपए बताया है तथा कहा है कि प्रति व्यक्ति ऋण भार के मामले में राजस्थान का देश में विभिन्न राज्यों में 13वाँ स्थान है.

होटल टैक–2000

होटल व्यवसाय को नया रूप व नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से 17–19 दिसम्बर, 2000 को जयपुर में होटल टैक–2000 प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा.

पहली छमाही में स्टेट बैंक को 1067.40 करोड़ रुपए का लाभ

चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितम्बर 2000) में भारतीय स्टेट बैंक ने 1067.40 करोड रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो पूर्व वर्ष की समान अवधि में अर्जित लाभ की तुलना में 52 प्रतिशत अधिक है.

राजस्थान में पॉलिथिन थैलियों पर प्रतिबन्ध

रिसाइकिल पॉलिथिन से निर्मित थैलियों के प्रदेश में उत्पादन एवं बिक्री पर प्रतिबन्ध आरोपित करने का निर्णय राजस्थान मंत्रिमडल ने गत 29 अक्टूबर को किया है. इसके लिए म्यूनिस्पिल एक्ट में संशोधन किया जाएगा. यह प्रतिबन्ध 1 जनवरी, 2001 से प्रभावी होगा.

राजस्थान की तीसरी पवन ऊर्जा परियोजना

राजस्थान में तीसरी पवन ऊर्जा परियोजना जोधपुर जिले में फलोदी में स्थापित की जाएगी. 2 मेगावाट क्षमता की इस परियोजना की लागत 9 करोड़ रुपए आकलित की गई है.

इंडियन एयरलाइंस को लगातार तीसरे वर्ष लाभ

सार्वजनिक क्षेत्र की विमान सेवा इंडियन एयर लाइंस ने गत वित्तीय वर्ष 1999-2000 में 45.27 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है, जो पूर्व वर्ष के 13.12 करोड रुपए के शुद्ध लाभ की तुलना में 245 प्रतिशत अधिक है. 1996-97 से पूर्व लगातार 8 वर्ष तक घाटे में रहने वाली इस कम्पनी ने लगातार तीसरे वर्ष शुद्ध लाभ अर्जित करने मे सफलता प्राप्त की है.

●●●

पटना पुस्तक मेला
दिसम्बर से 19 दिसम्बर, 2000 तक
पाटलिपुत्र मैदान, पटना

15वाँ गुवाहाटी पुस्तक मेला
29 दिसम्बर से 9 जनवरी, 2001 तक
जजेज फील्ड, गुवाहाटी

द मुम्बई नेशनल बुक फेयर
30 दिसम्बर से 7 जनवरी, 2001 तक
क्रॉस मैदान, चर्च गेट, मुम्बई

★ स्वागतम् ★

उपर्युक्त पुस्तक मेलों में उपकार प्रकाशन एवं प्रतियोगिता
ा, आगरा की ओर से हम आपका स्वागत करने को तत्पर रहेंगे.
करने प्रिय पाठकों, पुस्तक विक्रेताओं एवं सुविज्ञजनों से साग्रह
देते हैं कि उपकार प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का अवलोकन
ने अनुपूरित करें.

उपकार प्रकाशन, आगरा–282 002

मैडीकल प्रवेश GOVT. APPROVED
RECOGNISED-JOB ORIENTED-SELFEMPLOYMENT-SERVICE-PROMOTION सेवाप्रोन्नति
चिकित्सा क्षेत्र में 100% रोजगार हेतु अल्ट्रा मैडीकल सोसाइटी ऑफ इण्डिया
द्वारा अधिकृत पत्राचार प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रयोगात्मक प्रशिक्षण सहित
मैडीकल लेबोरेट्री, कैट स्कैन, एक्स-रे, आपरेशन थियेटर, अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड बैंक, डैन्टल, नर्सिंग, फिज़ियोथैरापी, ई. सी. जी, आर्थोल्मिक, ऑर्थोपेडिक, हॉस्पीटल एडमिनिस्ट्रेशन टैक्नीशियन ट्रेनिंग □ WITH LATEST TECHNOLOGY □ योग्यता हाईस्कूल / समकक्ष □ माध्यम हिन्दी / अंग्रेजी □ प्रयोगात्मक प्रशिक्षण के समय आवासीय सुविधा निःशुल्क □ अनुभवी अध्यापकों द्वारा मात्र परीक्षा देने का भी प्रावधान □ भारत के प्रमुख सरकारी हॉस्पीटल में प्रशिक्षणोपरान्त अध्यापकों संवारत □ देश व विदेश में भी प्लेसमेन्ट की विशेष सुविधा □ स्टडी मैटीरियल के साथ "स्पेशल वीडियो कैसेटस" भी □ प्रोस्पेक्टस 60/- D.D./M.O. भेजकर प्राप्त करें
इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मैडिको टैक्नीकल्स
GOVT. APPROVED TRAINING CENTRE
यूनीवर्सल हाउस 29/218F-संजय प्लेस, आगरा-2 उ.प्र.
फोन 352105, 351205, 358374, 357786 फैक्स 351205

अनजाने व्यक्ति के विषय में सब कुछ जानें
वाणी द्वारा व्यक्तित्व विश्लेषण □ PRE-SPECULATIONS OF THE DANGEROUS DISEASES
ध्वनि द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं चिकित्सा □ पैरों द्वारा भविष्य दर्शन एवं व्यक्तित्व विश्लेषण
रंगों द्वारा रोग निदान एवं चिकित्सा □ अद्भुत एवं विलक्षण प्रतिभा विकास
Through internationally acknowledged, Ultra modern psycho technics and latent powers of human mind □ JOIN OUR UNIQUE CORRESPONDENCE COURSES with expert guidance □ P.G. DIPLOMA & DIPLOMA COURSES
Psycho Analysis by Signature Psycho Analysis By Dreams
Psycho Analysis by Face Reading Psycho Analysis by Voice Analysis
Psycho Analysis by of Body Activities Psycho Analysis and fortelling by feet
Psycho Pathology and Treatment Handwriting & Finger Print Expert
Children Deve. by Psychotherapy Human Nature Modification
Psycho Analysis by Colour Analysis Medium: English/Hindi Prospectus Rs.50/-
मानवीय गतिविधियों व मानसिक शक्तियों पर 1980 से अनुसंधानरत
INDIAN RESEARCH INSTITUTE OF HUMAN ACTIVITIES AND MODERN PSYCHOLOGY
"UNIVERSAL HOUSE" 29/218F, SANJAY PLACE, AGRA-2 (U.P.) PH. 352105, 351205, 358374, 357786 FAX: 351205

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



राष्ट्रीय परिदृश्य

मैच फिक्सिंग के दोषी खिलाड़ियों के विरुद्ध कार्यवाही के संकेत

क्रिकेट मैच फिक्सिंग के बहुचर्चित एवं विवादित मामले में सीबीआई ने पाँच भारतीय खिलाड़ियों को दोषी पाया है. इनके विरुद्ध समुचित कार्यवाही करने के संकेत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) व केन्द्रीय खेल मंत्री ने दिए हैं. सीबीआई रिपोर्ट में दोषी पाए गए इन खिलाड़ियों में पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरउद्दीन व अजय जडेजा के अतिरिक्त पूर्व विकेट कीपर नयन मोंगिया, अजय शर्मा व मनोज प्रभाकर शामिल हैं. भारतीय टीम के पूर्व फिजियोथैपिस्ट अली ईरानी को भी रिपोर्ट में इस मामले में लिप्त बताया गया है. इनके विपरीत बहुचर्चित रहे कपिल देव को सीबीआई ने क्लीन चिट प्रदान की है.

मैच फिक्सिंग मामले में केन्द्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) ने अपनी जाँच गत 2 मई को प्रारम्भ की थी. लगभग 6 माह तक व्यापक जाँच पड़ताल के पश्चात् उसकी रिपोर्ट 30 अक्टूबर को केन्द्रीय खेल मंत्री सुखदेव ढींढसा को प्रस्तुत की गई जिसे गत 1 नवम्बर को ही सार्वजनिक किया गया है. रिपोर्ट में उपर्युक्त भारतीय खिलाड़ियों के अतिरिक्त कुछेक विदेशी खिलाड़ियों को भी दोषी बताया गया है. इनमें इंगलैण्ड के एलक स्टीवर्ट, वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा, आस्ट्रेलिया के मार्क वॉ एवं डीन जोन्स, द. अफ्रीका के हैंसी क्रोनिए, श्रीलंका के अर्जुन रणतुंगा व अरविंद डिसिल्वा, न्यूजीलैण्ड के मार्टिन क्रो तथा पाकिस्तान के सलीम मलिक व आसिफ इकबाल के नाम शामिल हैं.

दोषी पाए गए भारतीय खिलाड़ियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही के लिए सीबीआई रिपोर्ट की प्रतियाँ गृह एवं विधि मंत्रालय को प्रेषित की गई हैं, जबकि विदेशी खिलाड़ियों के मामले में सम्बन्धित सरकारों को सूचना देने के लिए रिपोर्ट की प्रति विदेश मंत्रालय को भेज दी गई है. भारतीय खिलाड़ियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के संकेत खेल मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा ने दिए हैं. श्री ढींढसा के अनुसार इन्हें प्रदान किए गए अर्जुन पुरस्कार भी छीने जा सकते हैं. दोषी पाए गए भारतीय खिलाड़ियों में से मोहम्मद अजहरउद्दीन को 1986 में, मनोज प्रभाकर को 1993 में, अजय जडेजा को 1997 में तथा नयन मोंगिया को 1998 में अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया था. त्वरित कार्यवाही करते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इन पाँचों खिलाड़ियों पर फिलहाल 15 दिन का प्रतिबन्ध अन्तर्राष्ट्रीय व घरेलू क्रिकेट खेलने पर आरोपित किया है. इस अवधि में उन पर आजीवन प्रतिबन्ध आरोपित करने का निर्णय लिया जा सकता है. इन पाँच खिलाड़ियों में मोहम्मद अजहरउद्दीन व अजय शर्मा ही सरकारी संस्थानों के कर्मचारी हैं. इनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधी अधिनियम के तहत भी मुकदमा चलाया जा सकता है.

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मैच फिक्सिंग मामले में अपनी ओर से जाँच कराने के लिए सीबीआई के पूर्व संयुक्त निदेशक के. माधवन को जाँच आयुक्त नियुक्त किया है.

पार्टियों के आन्तरिक निर्णयों के तहत उत्तर प्रदेश व प. बंगाल सरकारों में नेतृत्व परिवर्तन

सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के आन्तरिक निर्णयों के तहत अक्टूबर-नवम्बर 2000 में उत्तर प्रदेश व प. बंगाल में सरकारों में नेतृत्व परिवर्तन हो गया है. उत्तर प्रदेश में राम प्रकाश गुप्त के स्थान पर केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री राजनाथ सिंह को मुख्यमंत्री बनाया गया है, जबकि प. बंगाल में रिकॉर्ड 23 वर्षों से मुख्यमंत्री रहे ज्योति बसु का स्थान उपमुख्यमंत्री रहे बुद्धदेव भट्टाचार्य ने ले लिया है.

उत्तर प्रदेश में राम प्रकाश गुप्त को नवम्बर 1999 में ही मुख्यमंत्री बनाया गया था, किन्तु उनके स्थान पर किसी अधिक प्रभावशाली नेता को लाने की बात भारतीय जनता पार्टी में बार-बार उठती रही थी. किसी सर्वसम्मत विकल्प के अभाव में ही कई बार उनकी कुर्सी जाते-जाते बची थी. उनके स्थान पर राजनाथ सिंह को लाने का निर्णय पार्टी नेतृत्व ने अन्ततः गत अक्टूबर माह में ले लिया. राम प्रकाश गुप्त के औपचारिक त्यागपत्र के [illegible] राजनाथ सिंह को प्रदेश के [illegible] दल ने अपना नेता सर्वसम्मति [illegible] जिन्हें उसी दिन 28 अक्टूबर [illegible] मुख्यमंत्री के रूप में [illegible] सूरजभान ने शपथ दिलाई [illegible] ग्रहण करने से पूर्व श्री [illegible] केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री [illegible] दे दिया था प्रदेश की [illegible] स्वरूप में फिलहाल कोई [illegible] अभी नहीं किया है, किन्तु [illegible] कि शीघ्र ही इसका विस्तार [illegible]

उल्लेखनीय है कि उत्तर [illegible] सभा के गत चुनाव 1996 में [illegible] चुनावों के पश्चात् पहले [illegible] किसी भी दल द्वारा सरकार [illegible] कारण छह माह तक वहाँ [illegible] लागू रहा था. इन परिस्थितियों [illegible] विधान सभा का पहला [illegible] 1997 को बुलाया गया [illegible] मौजूदा विधान सभा का [illegible] अप्रैल, 2002 तक का है.

उधर प. बंगाल में 23 वर्ष [illegible] रहे वाम मोर्चे के ज्योति [illegible] सम्बन्धी कारणों से गत 26 [illegible] मुख्यमंत्री पद से अपना [illegible]

था. वह पहले भी कई बार [illegible] छोड़ने की इच्छा व्यक्त [illegible] सत्तारूढ़ वाम मोर्चे ने इस बार [illegible] को स्वीकार करते हुए उन्हें [illegible] भट्टाचार्य को सर्वसम्मति से [illegible] दल का नया नेता चुन लिया [illegible] वीरेन जे शाह ने गत [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...को प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप ...दिलाई है.

...स्वायत्त पर्वतीय विकास ...' के चुनावों में कांग्रेस को ...चौथाई बहुमत

...लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद् ...Autonomous Hill Develop... Council (LAHDC) के हाल ही में ...चुनावों में 26 में से 20 सीटों पर ...प्राप्त करके कांग्रेस ने तीन चौथाई ...पर विजय प्राप्त की है. नेशनल ...को इन चुनावों में 5 सीटों पर ...प्राप्त हुई है, जबकि एक सीट ...उम्मीदवार ने जीती है. भारतीय ...पार्टी इन चुनावों में कोई सीट प्राप्त ...कर सकी है.

...परिषद् के 26 निर्वाचन क्षेत्रों में यह ...गत 28 अक्टूबर को सम्पन्न हुए थे. ...में नेशनल कान्फ्रेंस के सर्वाधिक 26 ...चुनाव मैदान में थे. कांग्रेस ने 25 व ...जनता पार्टी ने 15 सीटों के लिए ...खड़े किए थे, जबकि 8 अन्य ...निर्दलीय थे. जिले के लगभग 68 ...मतदाताओं में से सर्वाधिक 1244 ...लेह हाउसिंग कॉलोनी से सम्बद्ध ...जबकि दमशोक मतदान केन्द्र पर ...मतदाताओं की संख्या सबसे कम ...12) थी.

...चुनावों में तीन-चौथाई सीटें ...वाली कांग्रेस के थुप्सटन छेवांग ...stan Chhewang) को ही गत 4 ...को सर्वसम्मति से परिषद् का ...पुन चुना गया है.

...टनी का दूध मानव प्रयोग के योग्य : सर्वोच्च न्यायालय

...सर्वोच्च न्यायालय ने नवम्बर के प्रथम ...में एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत ...व्यवस्था दी है कि ऊँटनी का दूध मानव ...के योग्य है. इस बारे में सर्वोच्च ...के न्यायमूर्ति के. टी. थामस व ...मूर्ति आर. पी. सेठी की खण्डपीठ ने ...स्थान उच्च न्यायालय के उस निर्णय ...निरस्त कर दिया है जिसमें कहा गया ...मानव प्रयोग के लिए ऊँटनी के दूध ...विक्रय नहीं किया जा सकता. अपने ...में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि ...वास्तविकता है कि भारत के कुछ ...में विशेषत: राजस्थान में ऊँटनी का ...खाद्य पदार्थ के रूप में इस्तेमाल होता ...न्यायालय के अनुसार ऊँटनी का ...दूध विक्रय करना अपराध है ...के दूध के सम्बन्ध में खाद्य ...अधिनियम के तहत उपलब्ध ...को अपर्याप्त बताते हुए सर्वोच्च ...ने सरकार से इस ओर ध्यान देने ...कहा है.

विगत पाँच वर्षों में सैन्य विमान दुर्घटनाओं में भारी क्षति

भारतीय वायु सेना के दो मिग-21 विमान गत 16 अक्टूबर को असम के सोनितपुर जिले के मिसामरी हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद आकाश में आपस में टकरा गए. दुर्घटनाग्रस्त हुए एक विमान का मलबा सोनितपुर जिले के रोमारी (Row-mari) क्षेत्र में तथा दूसरे का मलबा दारांग जिले के बेनगेनाबारी क्षेत्र में गिरा. दोनों ही विमानों के चालकों की इस दुर्घटना में मृत्यु हो गई.

मिग-21 विमानों की बार-बार हो रही दुर्घटनाओं ने भारतीय वायु सेना के लिए इन विमानों की सार्थकता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है. आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार विगत पाँच वर्षों में भारतीय वायु सेना के 84 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं जिनमें कम-से-कम 60 मिग-21 विमान थे. दुर्घटनाग्रस्त हुए अन्य विमानों में मिराज-2000, मिग-29 व जगुआर विमानों के अतिरिक्त एम.आई.-17 व एम.आई.-8 हेलीकॉप्टर तथा माल-वाहक विमान शामिल हैं. वायु सेना के 34 उप अधिकारी, जिनमें अधिकांश युवा अधिकारी थे, इन दुर्घटनाओं में मारे गए हैं तथा राजकोष को इनसे हुई हानि 866 करोड़ रुपए की आकलित की गई है.

मिग-21 विमानों की दुर्घटनाओं की बढ़ती हुई संख्या के चलते विमानन विशेषज्ञों ने जहाँ इन विमानों को 'उड़ते ताबूत' (Flying Coffins) की संज्ञा दी है, वहीं वायुसेनाध्यक्ष ए. वाई. टिपणिस मौजूदा दशक के अन्त तक इन विमानों को वायु सेना के बेड़े में बनाए रखना चाहते हैं. विमान को विश्वसनीय बताते हुए एयर चीफ मार्शल टिपणिस ने गत 23 अक्टूबर को बरेली में पत्रकारों के समक्ष स्वयं अकेले ही इस विमान की उड़ान की तथा इसकी कलाबाजियों का प्रदर्शन किया.

दो नए मंत्रियों को शामिल करने के बाद केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में मामूली फेरबदल

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गत 7 नवम्बर को अपनी मंत्रिपरिषद् में दो नए मंत्रियों को शामिल करने के पश्चात् मंत्रियों के विभागों में कुछ फेरबदल की है. नए शामिल किए गए मंत्री सुश्री उमा भारती व मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूरी हैं जो दोनों ही भाजपा के हैं. सुश्री उमा भारती को कैबिनेट मंत्री के रूप में खेल एवं युवा मामलों का मंत्रालय सौंपा गया है. यह मंत्रालय इससे पूर्व सुखदेव सिंह ढींढसा के पास था जिन्हें अब उर्वरक एवं रसायन मंत्री बनाया गया है, जबकि सुन्दरलाल पटवा को उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय से हटाकर खान मंत्रालय का भार सौंपा गया है.

मंत्रिपरिषद् में शामिल किए गए दूसरे मंत्री भुवन चन्द्र खंडूरी को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री का दायित्व सौंपा गया है. इस मंत्रालय को पहले भूतल परिवहन मंत्रालय के नाम से जाना जाता था, जिसका प्रभार राजनाथ सिंह के पास था तथा जिन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के लिए इस पद से त्यागपत्र दे दिया था. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् में एक स्थान बाबूलाल मरांडी के त्यागपत्र से भी रिक्त हुआ था. श्री मरांडी ने नवगठित झारखण्ड के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के लिए पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया था.

मंत्रियों के विभागों में की गई अन्य फेरबदल के तहत अरुण जेटली को अब उन्हीं के मंत्रालय (न्याय, कानून, कम्पनी मामले तथा विनिवेश) में केबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान कर दिया गया है. उन्हें शिपिंग मामलों का कार्यभार भी अब सौंप दिया गया है, जबकि विनिवेश विभाग उनसे लेकर अरुण शौरी को अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंपा गया है. विनिवेश विभाग का कार्य उन्हें स्वतंत्र रूप से देखना है, जबकि उनके अन्य विभाग सीधे प्रधानमंत्री की देखरेख में हैं. हुकमदेव नारायण यादव अब शिपिंग मामलों के राज्य मंत्री बनाए गए हैं. वह पहले भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री थे.

नए शामिल किए गए मंत्रियों में उमा भारती पहले राज्य मंत्री रह चुकी हैं. दस माह बाद उनकी मंत्रिपरिषद् में प्रोन्नयन के साथ वापसी हुई है, जबकि उत्तरांचल क्षेत्र के श्री खंडूरी पहली बार मंत्री बनाए गए हैं. इनके साथ ही भाजपा के उपाध्यक्ष करिया मुंडा को भी केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् में शामिल करने की प्रधानमंत्री की योजना थी, किन्तु झारखण्ड के मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार श्री मुंडा ने केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् में शामिल होने से इंकार कर दिया.

इन्सैट-2 बी की सेवाएं समाप्त

अपने निर्धारित सात वर्ष से अधिक समय तक सेवाएं प्रदान करने के पश्चात् भारत के बहुउद्देशीय उपग्रह इन्सैट-2 बी की सेवाएं गत 5 नवम्बर से समाप्त हो गई हैं. इस उपग्रह का कार्यकाल सात वर्ष का निर्धारित था, जो जुलाई 2000 में ही पूरा हो गया था. इस उपग्रह को 23 जुलाई, 1993 को प्रक्षेपित किया गया था तथा इसने 10 अगस्त, 1993 को कार्य करना प्रारम्भ किया था. गत 3 नवम्बर को इसका 'अर्थ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लॉक' भंग हो गया था जिसे ठीक करने में अस्थायी सफलता भारतीय वैज्ञानिकों ने प्राप्त कर ली किन्तु कुछ घण्टों तक कार्य करने के पश्चात् इसका सम्पर्क पृथ्वी से पुनः टूट गया.

इन्सैट-2 बी से जुड़ी सेवाओं को वैज्ञानिकों ने इन्सैट-2 सी व इन्सैट-3बी से जोड़ दिया है. इसरो ने इन्सैट-2बी का उपयोग अब केवल संचार शोध के लिए करने की घोषणा की है.

सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति के बाद नर्मदा बाँध परियोजना पर कार्य पुनः प्रारम्भ

नर्मदा बाँध परियोजना के सम्बन्ध में विभिन्न याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों को निरस्त करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बाँध निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाने की अनुमति गत 18 अक्टूबर को प्रदान कर दी है, जिसके पश्चात् इस बाँध का निर्माण कार्य पुनः प्रारम्भ हो गया है. सर्वोच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की खण्डपीठ में से दो न्यायाधीशों–मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए. एस. आनंद व न्यायमूर्ति बी. एन. कृपाल ने जहाँ बाँध निर्माण को जारी रखने के पक्ष में फैसला दिया है, वहीं न्यायमूर्ति एस. पी. भरुचा का निर्णय इसके प्रतिकूल रहा है. 2-1 के बहुमत के फैसले के आधार पर 90 मीटर की ऊँचाई तक इस बाँध का निर्माण तत्काल किया जा सकेगा, जबकि पर्यावरण एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की अनुमति प्राप्त होने की स्थिति में इसकी ऊँचाई को 138 मीटर तक बढ़ाया जा सकेगा. ज्ञातव्य है कि नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण ने अपने फैसले में बाँध की ऊँचाई 138 मीटर तक रखने का निर्णय दिया था. वर्तमान में इस बाँध की ऊँचाई 88 मीटर है.

नर्मदा नदी पर इस विवादास्पद बाँध के निर्माण से मध्य प्रदेश, गुजरात व महाराष्ट्र लाभान्वित होंगे. इन राज्यों को बाँध निर्माण के फलस्वरूप बिजली व पानी दोनों ही इससे उपलब्ध हो सकेंगे.

गोआ में भाजपा की पहली सरकार द्वारा बहुमत सिद्ध

गोआ में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मनोहर पार्रिकर के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार ने 40 सदस्यीय विधान सभा में अपना बहुमत गत 9 नवम्बर को सिद्ध कर दिया है. मुख्यमंत्री पार्रिकर द्वारा प्रस्तुत विश्वास मत प्रस्ताव को दिन भर की बहस के पश्चात् सदन ने ध्वनि मत से पारित कर दिया.

उल्लेखनीय है कि गोआ में 11 माह से सत्तारूढ़ गोआ पीपुल्स कांग्रेस पार्टी (GPCC)–भाजपा गठबंधन की सरकार भाजपा के समर्थन वापसी के पश्चात् अल्पमत में आ गई थी जिसके परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री फ्रांसिस्को सरदिन्हा (GPCC) ने अपना त्यागपत्र गत 24 अक्टूबर को प्रस्तुत कर दिया था. सरदिन्हा सरकार के त्यागपत्र के पश्चात् राज्यपाल मोहम्मद फजल ने भाजपा विधायक दल के नेता मनोहर पार्रिकर को सरकार बनाने को आमंत्रित किया था, जिन्होंने 40 सदस्यीय सदन में 22 विधायकों के समर्थन का दावा किया था. श्री पार्रिकर को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाकर 21 दिनों में विधान सभा में बहुमत सिद्ध करने का निर्देश उन्हें राज्यपाल ने दिया था. गोआ में भाजपा के नेतृत्व वाली यह पहली सरकार है.

उड़ान के दौरान मोबाइल फोन की अनुमति न देने का उच्च न्यायालय का निर्देश

एक जनहित याचिका का निपटारा करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने गत 9 नवम्बर को यह व्यवस्था दी है कि उड़ान के दौरान विमानों के भीतर मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए. उच्च न्यायालय ने यह निर्णय एक याचिकाकर्ता की उस याचिका पर निर्णय देते हुए सुनाया है जिसमें कहा गया था कि गत मई माह में दिल्ली-लखनऊ-पटना की उड़ान वाले एलायंस एयर के एक विमान को एक सांसद ने मोबाइल फोन के माध्यम से केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री शरद यादव से दबाव डलवाकर उसे सीधे ही दिल्ली जाने को मजबूर कर दिया. उस विमान पर जनता दल के 26 सांसद सवार थे.

15 वर्ष पूर्व के कनिष्क विस्फोट काण्ड में तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी

15 वर्ष पूर्व, 23 जून, 1985 को मांट्रियल (कनाडा) से नई दिल्ली की उड़ान वाले एयर इंडिया के बोइंग-747 'कनिष्क' विमान को बम विस्फोट द्वारा आकाश में उड़ा दिए जाने के मामले में लम्बी जाँच पड़ताल के पश्चात् तीन सिख आतंकवादियों को कनाडा पुलिस ने गत अक्टूबर माह में वैंकुवर के निकट गिरफ्तार किया है. पकड़े गए अभियुक्तों में से दो–रिपुदमन सिंह मलिक व अजायब सिंह बागड़ी के अब कनाडा में फलते-फूलते कारोबार हैं. जबकि तीसरे अभियुक्त जिसे बाद में गिरफ्तार किया गया है, के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है. 'कनिष्क' विमान को बम विस्फोट से उड़ाने के साथ-साथ टोकियो में एयर इंडिया के एक [illegible] के प्रयास का आरोप [illegible] दोनों अभियुक्तों पर [illegible] हवाई अड्डे पर बम [illegible] ही हो जाने के कारण [illegible] 170 व्यक्ति सुरक्षित [illegible] दो व्यक्ति उस विस्फोट [illegible] कनिष्क पर सवार सभी [illegible] थे. बम विस्फोट के [illegible] आयरलैण्ड के निकट [illegible]

कनाडा पुलिस को [illegible] आतंकवादियों का हाथ होने [illegible] से ही रहा था. जाँचकर्ता [illegible] विस्फोट ऑपरेशन [illegible] लेने के सिलसिले में [illegible]

छत्तीसगढ़, उत्तरांचल [illegible] का औपचारिक गठन

भारत के मानचित्र में [illegible] छत्तीसगढ़, उत्तरांचल व [illegible] नवम्बर 2000 में हो गया है [illegible] राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ [illegible] से, 27वें राज्य के रूप में [illegible] नवम्बर से व 28वें राज्य [illegible] झारखण्ड 15 नवम्बर से [illegible] हैं. इनकी स्थापना के लिए [illegible] के पुनर्गठन विधेयक संसद द्वारा [illegible] पारित किए जा चुके थे.

लगभग 1·76 करोड़ [illegible] वाले छत्तीसगढ राज्य का [illegible] के 16 जिलों को अलग करके [illegible] है. 1,35,194 वर्ग किमी क्षेत्र [illegible] की राजधानी रायपुर को [illegible] भारतीय पुलिस सेवा के [illegible]



दिनेश नंदन सहाय को इस [illegible] राज्यपाल नियुक्त किया [illegible] कांग्रेस के अजित जोगी [illegible] मुख्यमंत्री चुने गए हैं. प्रदेश [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थे. देहरादून को अस्थायी रूप से ही उत्तरांचल की राजधानी बनाया गया है. स्थायी राजधानी के लिए शहर के चयन हेतु एक आयोग के गठन की घोषणा मुख्यमंत्री नित्यानंद स्वामी ने की है.

उत्तरांचल के मुख्यमंत्री श्री नित्यानंद ने अपनी मंत्रिपरिषद् का गठन 10 नवम्बर को किया है. उस दिन 12 विधायकों को मंत्रिपद की शपथ के लिए आमंत्रित किया गया था, किन्तु असन्तुष्ट रहे तीन विधायकों ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया. बाद में समझाए-बुझाए जाने के बाद बहिष्कार करने वाले तीनों विधायकों ने अगले दिन 11 नवम्बर को मंत्रिपद की शपथ ग्रहण की. प्रदेश के 12 मंत्रियों (मुख्यमंत्री के अतिरिक्त) में 7 कैबिनेट स्तर के मन्त्री हैं, जबकि शेष 5 राज्यमंत्री हैं. विधायकों के असंतोष को देखते हुए शीघ्र ही मंत्रिपरिषद् में और मंत्रियों को शामिल किए जाने की सम्भावना है. प्रदेश की मौजूदा अंतरिम विधान सभा में फिलहाल 30 सदस्य हैं जिनमें से 6 सदस्य इस क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य थे. प्रदेश की 13 सदस्यीय मंत्रिपरिषद (मुख्यमंत्री सहित) में 5 सदस्य (मुख्यमंत्री सहित) इन्हीं 6 में से हैं. नए चुनावों के पश्चात् उत्तरांचल की विधान सभा में 70 सदस्य होंगे.

देश के 28 वें राज्य झारखंड का गठन 15 नवम्बर को किया गया है. सेवा निवृत्त केन्द्रीय कैबिनेट सचिव प्रभात कुमार को झारखंड के प्रथम राज्यपाल होने का श्रेय प्राप्त हुआ है. झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विनोद कुमार गुप्त ने 14-15 नवम्बर की मध्यरात्रि को 12.05 बजे राजधानी रांची में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. इसके आधे घण्टे पश्चात् राज्यपाल प्रभात कुमार ने 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन' के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई. झारखंड के मुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री पद से त्यागपत्र पहले ही दे दिया था. 18 जिलों वाले झारखंड की विधान सभा में सदस्यों की कुल संख्या 81 है जिनमें एक मनोनीत सदस्य है. 81 सदस्यीय विधान सभा में राजग के विधायकों की संख्या 40 है, किन्तु श्री मरांडी ने 45 विधायकों के समर्थन का दावा राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया था. इनमें ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के दो विधायकों व एक मनोनीत विधायक के अतिरिक्त यूनाइटेड गोवन डेमोक्रेटिक पार्टी के सुदेश महतो व जोबा मांझी द्वारा दिए गए समर्थन की बात कही गई थी. झारखंड क्षेत्र की विधायक होने के नाते श्रीमती जोबा मांझी ने बिहार की आवास राज्यमंत्री पद से अपना त्यागपत्र दे दिया है.

झारखंड के मुख्यमंत्री पद के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चे (सो) के नेता सिबू सोरेन भी प्रबल दावेदार थे, किन्तु कांग्रेस द्वारा समर्थन न दिए जाने के कारण वह आवश्यक बहुमत जुटाने में असफल रहे. अपने समर्थन में 36 विधायकों की सूची उन्होंने राज्यपाल प्रभात कुमार को उनके शपथ ग्रहण करने के बाद सौंपी थी तथा 9 अन्य विधायकों के समर्थन का उन्होंने दावा किया था. दोनों पक्षों के दावों के अध्ययन के पश्चात् राज्यपाल ने श्री मरांडी को ही सरकार बनाने को आमंत्रित किया. अपना बहुमत सिद्ध करने को 15 दिन का समय उन्हें राज्यपाल ने प्रदान किया है.

उल्लेखनीय है कि नए गठित राज्यों में 15 नवम्बर तक उत्तराचल व छत्तीसगढ़ में मंत्रिपरिषद् का गठन किया जा चुका था, जबकि झारखंड में मंत्रिपरिषद् का गठन अभी



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शेष था. इन राज्यों के गठन से देश में राज्यों की कुल संख्या अब 28 हो गई है.

तीन नए उच्च न्यायालयों की स्थापना

तीन नए राज्यों की स्थापना के साथ ही देश में तीन नए उच्च न्यायालयों की स्थापना भी नवम्बर माह में की गई है. छत्तीसगढ़, उत्तरांचल व झारखण्ड राज्यों के यह उच्च न्यायालय क्रमशः बिलासपुर, नैनीताल व रांची में स्थापित किए गए हैं.

बिलासपुर में स्थापित छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय देश का 19वाँ उच्च न्यायालय है, जिसने गत 1 नवम्बर से कार्य प्रारम्भ कर दिया है. गुवाहाटी उच्च न्यायालय में न्यायाधीश न्यायमूर्ति डब्ल्यू. ए. शेषक को इस न्यायालय में पहले मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है, किन्तु उनके कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व इसी उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आर. एस. गर्ग ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में प्रदेश के पहले राज्यपाल दिनेश नंदन सहाय को 31 अक्टूबर-1 नवम्बर की मध्यरात्रि को उनके पद की शपथ दिलाई.

देश का 20वाँ उच्च न्यायालय गत 9 नवम्बर को नैनीताल में स्थापित किया गया है. उत्तरांचल के लिए स्थापित इस उच्च न्यायालय का उद्घाटन सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस. पी. भरुचा ने 9 नवम्बर को यद्यपि दोपहर बाद किया तथापि इसके कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ए. देसाई ने 8-9 नवम्बर की मध्यरात्रि को ही प्रदेश के पहले राज्यपाल सुरजीत सिंह बरनाला को राजधानी देहरादून में शपथ ग्रहण कराई. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त दो अन्य न्यायाधीशों—न्यायमूर्ति पी. सी. वर्मा व न्यायमूर्ति एम. सी. जैन की नियुक्ति फिलहाल इस न्यायालय में की गई है. पाँच अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति इस उच्च न्यायालय में अभी और की जानी है. देश का यह 20वाँ उच्च न्यायालय नैनीताल में पुराने सचिवालय भवन में स्थापित किया गया है. जी. सी. एस. रावत उत्तरांचल उच्च न्यायालय के पहले रजिस्ट्रार जनरल हैं.

तीसरे उच्च न्यायालय की स्थापना 15 नवम्बर को झारखंड की स्थापना के साथ ही इसकी राजधानी रांची में की गई है. यह देश का 21वाँ उच्च न्यायालय है. पटना उच्च न्यायालय की रांची पीठ को ही झारखंड उच्च न्यायालय में रूपांतरित करके देश के इस 21वें उच्च न्यायालय की स्थापना की गई है. पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विनोद कुमार गुप्त को झारखंड उच्च न्यायालय में पहले कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में ही न्यायमूर्ति विनोद कुमार गुप्त ने ही प्रदेश के पहले राज्यपाल प्रभात कुमार को उनके पद की शपथ दिलाई. केन्द्रीय विधि एवं कम्पनी मामलों के मंत्री अरुण जेटली ने बाद में 15 नवम्बर को ही इस उच्च न्यायालय का औपचारिक उद्घाटन किया.

इन उच्च न्यायालयों की स्थापना के बाद देश में स्थापित उच्च न्यायालयों की संख्या अब 21 हो गई है. देश के सभी 21 उच्च न्यायालयों के नाम व उनके स्थापना वर्ष निम्नलिखित तालिका में दर्शाए गए हैं—

उच्च न्यायालय का नाम	स्थापना वर्ष
इलाहाबाद	1866
आंध्र प्रदेश	1954
मुंबई	1862
कलकत्ता	1862
दिल्ली	1966
गुवाहाटी[1]	1948
गुजरात	1960
हिमाचल प्रदेश	1971
जम्मू-कश्मीर	1928
कर्नाटक[2]	1884
केरल	1958
मध्य प्रदेश	1956
मद्रास	1862
उड़ीसा	1948
पटना	1916
पंजाब और हरियाणा[3]	1966
राजस्थान	1949
सिक्किम	1975
छत्तीसगढ़	2000
उत्तरांचल	2000
झारखंड	2000

1. प्रारंभ में असम उच्च न्यायालय कहा जाता था. 1971 से गुवाहाटी उच्च न्यायालय कहा जाने लगा.
2. प्रारंभ में मैसूर उच्च न्यायालय कहा जाता था. 1973 से कर्नाटक उच्च न्यायालय कहा जाने लगा.
3. प्रारंभ में पंजाब उच्च न्यायालय कहा जाता था. 1966 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय कहलाने लगा.

हरियाणा के मंत्री का चुनाव उच्च न्यायालय द्वारा अवैध घोषित

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने गत 10 नवम्बर को एक निर्णय देकर हरियाणा के सहकारिता मंत्री करतार सिंह भडाना का समालखा विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचन रद्द घोषित कर दिया है. उनके स्थान पर कांग्रेस प्रत्याशी हरी सिंह नलवा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

...का में विश्व का विशालतम ...मंडल

...रत के पड़ोसी राष्ट्र श्रीलंका में गत ...र में सम्पन्न संसदीय चुनावों के ... श्रीमती चन्द्रिका कुमारतुंग के ... एलायंस के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ ...न का बहुमत अति अल्प होने के ...46 कैबिनेट मंत्रियों की जम्बो कैबिनेट ...न प्रधानमंत्री रत्नश्री विक्रमनायके ...या गया है 46 कैबिनेट मंत्रियों के ...9 करोड़ की जनसंख्या वाले इस ...ी कैबिनेट विश्व में सबसे बड़ी हो ...1 अरब से अधिक जनसंख्या वाले ...ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल में कैबिनेट ...की संख्या केवल 30 ही है.

...लंका के पश्चात् विश्व में दूसरा ...मंत्रिमंडल कनाडा का है, जहाँ ...मंत्रियों की संख्या 36 है, जबकि ...की जनसंख्या लगभग 3·1 करोड़ ...मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्रियों की ...25 (जनसंख्या 15 करोड़), मलेशिया ...जनसंख्या 2.25 करोड़), बांग्लादेश ...जनसंख्या 15 करोड़), यूनाइटेड ...में 22 (जनसंख्या 5.9 करोड़), ...में 19 (जनसंख्या 12 करोड़) व ...में यह 14 (जनसंख्या 27.5 करोड़)

...कैबिनेट मंत्रियों के साथ-साथ लग- ...उपमंत्रियों की नियुक्ति भी श्रीलंका ...की जानी है. उपमंत्रियों की नियुक्ति ...श्रीलंका की 225 सदस्यीय संसद ...की कुल संख्या लगभग 90 हो ...जबकि 225 सदस्यीय संसद में ...पीपुल्स एलायंस गठबंधन के ...की कुल संख्या 116 ही है.

...में नया संविधान 2001 में ...ने की सम्भावना

...की अंतरिम सरकार ने देश की ...विश्वास दिलाया है कि नया ...सन् 2001 में अस्तित्व में आ ...जिसमें सभी नागरिकों के अधिकार ...रखे जाएंगे. देश के वाणिज्य मंत्री ...ओलोवोनी ने गत 31 अक्टूबर ...में एक संगोष्ठी में कहा है कि नया संविधान दिसम्बर 2001 में घोषित कर दिया जाएगा तथा इस नए संविधान के तहत ही सन् 2002 में वहाँ नए चुनाव कराए जाएंगे. उन्होंने स्पष्ट किया कि नए संविधान में फिजी के किसी भी नागरिक के राजनीतिक अधिकार छीनने का सरकार का कोई इरादा नहीं है तथा संविधान में प्रत्येक नागरिक की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाएगी.

उल्लेखनीय है कि फिजी के अंतरिम प्रधानमंत्री लाइसेनिया करासे ने गत 10 अक्टूबर को कहा था कि फिजी में अब कभी भारतीय मूल का व्यक्ति प्रधानमंत्री नहीं बन सकेगा. 1997 में अपनाए गए संविधान के तहत 1999 में वहाँ हुए चुनावों में भारतीय मूल के महेन्द्र चौधरी प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे जिन्हें जॉर्ज स्पेट के नेतृत्व वाले एक सशस्त्र सिविल विद्रोह के तहत मई 2000 में अपदस्थ कर दिया गया था. प्राप्त समाचारों के अनुसार नवम्बर 2000 के प्रथम सप्ताह में कुछ बंदी विद्रोही सैनिकों ने राजधानी सुवा में बैरकों में बगावत की है. सेना के साथ स्पेट समर्थकों के इस संघर्ष में 11 सैनिक मारे गए हैं. सेना ने इस विद्रोह पर काबू पा लिया है.

विजय जैटली के स्थान पर ले. जन. ओपांडे सिएरा लियोन में शांति सेना के नए प्रमुख

कीनियाई सेना के उपप्रमुख ले. जन. डेनियल ओपांडे (Daniel Opande) सिएरा लियोन में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के नए प्रमुख होंगे. ले. जन. ओपांडे भारत के मेजर जन. विजय जैटली का स्थान लेंगे, जो वर्तमान में शांति सेना के प्रमुख हैं. उनके स्थान पर यह नई नियुक्ति भारत की इस घोषणा के परिप्रेक्ष्य में की गई है कि वह सिएरा लियोन मिशन से अपने सैनिकों को वापस बुलाएगा.

बेनजीर भुट्टो के पास 1.5 अरब डॉलर की अवैध सम्पत्ति विदेशों में होने का आरोप

पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (National Accountability Bureau) ने आरोप लगाया है कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो ने अपने प्रधानमंत्री काल में पद का दुरुपयोग करते हुए लगभग 1.5 अरब डॉलर से अधिक की सम्पत्ति विदेशों में जमा की है.

ब्यूरो ने श्रीमती भुट्टो व उनके पति आसिफ जरदारी के नाम 1.5 अरब डॉलर की सम्पत्ति का पता लगाने का दावा किया है. ब्यूरो ने भुट्टो दम्पत्ति के 26 विभिन्न खाते विदेशों में विभिन्न बैंकों में बताए हैं. इनके अतिरिक्त ब्रिटेन में अचल सम्पत्ति, टैक्सास में एक फार्म, फ्लोरिडा में 6 मकान व फ्रांस में 2 मकान इनके नाम बताए गए हैं.

यूगोस्लाविया को नए सिरे से संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता

लोकतांत्रिक स्वरूप में परिवर्तित यूगोस्लाविया को 8 वर्ष के अंतराल के पश्चात् संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता गत 1 नवम्बर को पुनः प्रदान कर दी गई है. यूगोस्लाविया को संघ की यह सदस्यता 'सोशलिस्ट फेडरल रिपब्लिक ऑफ यूगोस्लाविया' के स्थान पर प्रदान की गई है जिसे तीन 'रिपब्लिकों' के विघटन के पश्चात् 1992 में समाप्त कर दिया गया था. इन घटकों को बाद में बोस्निया एवं हर्जेगोविना, क्रोशिया तथा स्लोवेनिया के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता प्रदान कर दी गई थी. सदस्यता बहाल करने के संयुक्त राष्ट्र महासभा के 1 नवम्बर के निर्णय के दो दिन पूर्व ही सुरक्षा परिषद् ने इसकी बहाली की संस्तुति की थी.

सदस्यता बहाली की घोषणा के तत्काल पश्चात् महासभा के अध्यक्ष हारी होलकेरी (Harri Holkeri) ने यूगोस्लावियाई प्रतिनिधिमंडल को महासभा में उसका स्थान प्रदान कर दिया. संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता की प्राप्ति के लिए यूगोस्लाविया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति वोजिस्लाव कोस्तुनिका ने नए सिरे से संयुक्त राष्ट्र महासचिव को आवेदन प्रस्तुत किया था.

17वें कर्मापा द्वारा भारत में औपचारिक शरण की माँग

तिब्बत स्थित त्सुर्फु (Tsurphu) मठ से जनवरी 2000 में गुपचुप तरीके से भाग कर भारत आए 17वें कर्मापा लामा ने गत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सितम्बर माह में गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को एक पत्र लिखकर भारत में शरणार्थी का दर्जा प्रदान किए जाने की माँग भारत सरकार से की है. अपने साथ-साथ अपने 6 उन अनुयायियों के लिए भी शरणार्थी के दर्जे की माँग की है, जो जनवरी 2000 में उनके साथ तिब्बत से भारत आए थे. शरणार्थी के दर्जे के साथ-साथ सिक्किम स्थित रूमटेक मठ में प्रवास तथा भारत के विभिन्न बौद्ध मठों की यात्रा की अनुमति की माँग भी उन्होंने भारत सरकार से की है.

कर्मापा लामा को भारत में शरणार्थी का दर्जा प्रदान करने के मामले में भारत को बड़ी सावधानीपूर्वक निर्णय लेना होगा. भारत में औपचारिक शरण प्रदान करने को चीन अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप मान सकता है जिससे भारत व चीन के मध्य सुधरते सम्बन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. इसके विपरीत यदि भारत द्वारा कर्मापा को तिब्बत वापसी को बाध्य किया जाता है, तो मानवाधिकार एवं तिब्बती संगठन इसे मानवाधिकारों का हनन मान सकते हैं. चीन इस मामले में अभी तक अति रहस्यमय रवैयां अपनाए हुए है. उसने अभी तक कर्मापा की तिब्बत वापसी की माँग भारत सरकार से नहीं की है.

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को सन् 2005 में पोलियो मुक्त घोषित किए जाने की सम्भावना

भारत सरकार एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे पोलियो निवारण कार्यक्रम के परिणामस्वरूप देश में पोलियो वायरस का संक्रमण अगले एक वर्ष में समाप्त होने की सम्भावना है, किन्तु इसके पोलियो मुक्त होने का प्रमाणन विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सन् 2005 में ही किए जाने की सम्भावना है. सन् 2005 में सम्पूर्ण विश्व को पोलियो मुक्त करने का लक्ष्य विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित है.

उल्लेखनीय है कि गत 29 अक्टूबर को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र के 37 देशों को पोलियो मुक्त घोषित किया है. अमरीका के पश्चात् प. प्रशांत क्षेत्र ऐसा दूसरा क्षेत्र है जिसे पोलियो मुक्त घोषित किया गया है. अमरीका को 1994 में ही पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया था.

चीन में पाँचवीं जनगणना सम्पन्न

चीन में पाँचवीं राष्ट्रव्यापी जनगणना नवम्बर के पूर्वार्द्ध में सम्पन्न की गई है. इस विशाल कार्य में लगभग 50–60 लाख कर्मचारियों को तैनात किया गया. जनगणना के परिणाम अभी प्राप्त नहीं हुए हैं. साम्यवादी चीन में इससे पूर्व राष्ट्रव्यापी जनगणनाएं क्रमशः 1953, 1964, 1982 व 1990 में सम्पन्न हुई थीं. इनके अतिरिक्त बीच-बीच में नमूना सर्वेक्षण के आधार पर जनसंख्या का आकलन किया जाता रहा है. 1997 में चीन की कुल जनसंख्या 123.6 करोड़ आकलित की गई थी. जनसंख्या विशेषज्ञों का अनुमान है कि चीन की जनसंख्या में प्रतिवर्ष 1.3 करोड़ से 1.5 करोड़ की वृद्धि हो जाती है.

श्रीलंका में भंडारनायके परिवार का विचित्र कीर्तिमान

श्रीलंका में गत अक्टूबर माह में सम्पन्न 11वीं संसद के चुनावों के पश्चात् राष्ट्रपति चन्द्रिका कुमारतुंग के भाई अनुरा भंडारनायके के संसदाध्यक्ष चुने जाने से एक अनूठा कीर्तिमान भंडारनायके परिवार के नाम स्थापित हो गया है. विश्व का यह अकेला ऐसा परिवार है जिसमें पिता, माता, पुत्र व पुत्री सभी देश के किसी-न-किसी शीर्ष राजनीतिक पद पर रहे हैं. इनमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसदाध्यक्ष व विपक्ष के नेता के पद शामिल हैं.

उल्लेखनीय है कि श्रीलंका की वर्तमान राष्ट्रपति श्रीमती चन्द्रिका कुमारतुंग के पिता एस. डब्ल्यू. आर. डी. भंडारनायके 1956 से 1959 तक देश के प्रधानमंत्री रहे थे. 1959 में उनकी हत्या के पश्चात् उनकी पत्नी सिरिमाओ भंडारनायके 1960 में देश की प्रधानमंत्री बनीं. वह विश्व में किसी देश की पहली प्रधानमंत्री थीं. 1965 में सत्ता से हटाए जाने के पश्चात् 1970 तक वह विपक्ष की नेता रहीं तथा 1970 में पुनः प्रधानमंत्री बनने का श्रेय उन्हें प्राप्त हुआ. राजनीति में प्रवेश के पश्चात् भंडारनायके दम्पत्ति की पुत्री चन्द्रिका कुमारतुंग 1994 में देश की प्रधानमंत्री निर्वाचित हुईं, जो बाद में राष्ट्रपति बन गईं. अक्टूबर 2000 के संसदीय चुनावों के पश्चात् चन्द्रिका कुमारतुंग के भाई (भंडारनायके दम्पत्ति के पुत्र) अनुरा भंडारनायके, जो विपक्षी नेता हैं, अब सर्व-सम्मति से श्रीलंकाई संसद के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं.

कुर्स्क पनडुब्बी से नौसैनिकों के शवों की निकासी का अभियान स्थगित

बेरेंट्स सागर में गत 12 अगस्त को डूबी रूसी पनडुब्बी में से नौसैनिकों के शवों को बाहर निकालने का रूसी एवं नार्वे के गोताखोरों का ताजा अभियान 12 शवों की निकासी के पश्चात् नवम्बर के प्रथम सप्ताह में स्थगित कर दिया गया है. शवों की निकासी का यह ताजा अभियान गत अक्टूबर के अन्तिम सप्ताह में ही शुरू किया गया था. बाहर निकाले [illegible] के जेब से प्राप्त [illegible] की पुष्टि हुई है कि [illegible] के कुछ घण्टों बाद [illegible] कम-से-कम 23 [illegible] समय रहते प्रयास [illegible] जा सकता था.

पनडुब्बी के [illegible] के लिए उपप्रधानमंत्री [illegible] अध्यक्षता में एक [illegible] गठन रूसी सरकार ने [illegible] अध्यक्ष ने दावा किया है [illegible] इस बात के पर्याप्त प्रमाण [illegible] विदेशी पनडुब्बी से टकराने [illegible] कुर्स्क में विस्फोट हुआ था.

अफगानिस्तान भी कोहिनूर हीरे की दावेदार

भारत द्वारा ब्रिटिश [illegible] हीरे की वापसी की माँग [illegible] अफगानिस्तान ने भी [illegible] बहुमूल्य धरोहर पर [illegible] दिया है. अफगानिस्तान के [illegible] ने हीरे की माँग करते हुए [illegible] ऑफ लंदन' में अन्य [illegible] के साथ रखा कोहेनूर [illegible] वैध सम्पत्ति है तथा इस पर [illegible] अफगानिस्तान का हक है [illegible] समाचार-पत्र 'द ऑब्जर्वर' [illegible] रिपोर्ट के अनुसार [illegible] उपनिवेशवाद के दौरान [illegible] जाई गई अन्य कीमती [illegible] लौटाई जाएं.

उल्लेखनीय है कि [illegible] ने अफगानिस्तान की [illegible] मान्यता नहीं दी है.

भारत के साथ दक्षिण [illegible] देशों का 'मेकोंग-गंगा [illegible]

दक्षिण पूर्व एशिया के [illegible] म्यांमार, थाईलैण्ड, कम्बोडिया एवं लाओस तथा भारत के [illegible] संस्कृति, पर्यटन एवं [illegible] घनिष्ठता लाने के उद्देश्य से [illegible] के 'मेकोंग-गंगा सहयोग [illegible] Ganga Cooperation—[illegible] गत 10 नवम्बर को [illegible] (Vientiane) में इन देशों के [illegible] बैठक में किया गया है. [illegible] प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री [illegible] किया. उपर्युक्त क्षेत्रों में [illegible] पश्चात् गंगा एवं मेकोंग [illegible] तटवर्ती राष्ट्र व्यापार, निवेश [illegible] के क्षेत्रों में भी सम्बन्धों [illegible] की दिशा में प्रयास [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...पेक गठन की घोषणा छहों राष्ट्रों के ...यों द्वारा हस्ताक्षरित 'विएनटिएन घोषणा- ...ने की गई है. छह देशों के नए समूह ...पहली अध्यक्षता मेजबान लाओस को ...ई है, जबकि आगे से प्रतिवर्ष अंग्रेजी ...ता में क्रमानुसार अध्यक्ष का दायित्व ...ा जाएगा. इस क्रम में इसका अगला ...क्ष म्यांमार होगा. समूह का सचिवालय ...वर्ष में अध्यक्ष बने राष्ट्र में ही ...

...इस समूह का मंत्रिस्तरीय सम्मेलन ...र्ष जुलाई माह में होगा तथा अगला ...जुलाई 2001 में हनोई में आयोजित ...का निर्णय विएनटिएन में लिया गया

...पति नारायणन की सिंगापुर ...ा

...भारत की पूर्वोन्मुखी नीति (Look ...Policy) को बढ़ावा देने की नीति के ...थ ही सिंगापुर के साथ सम्बन्धों को ...ी प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति के ...नारायणन ने गत 9 से 13 नवम्बर को ...र की यात्रा की. 1971 के पश्चात् ...भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली ...र यात्रा थी. उनके साथ गए शिष्ट-मंडल में प्रथम महिला उषा नारायणन भी अतिरिक्त केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अनत कुमार भी शामिल थे.

इसी वर्ष जनवरी माह में सिंगापुर के प्रधानमंत्री गोह चोक तोंग की भारत यात्रा के पश्चात् अब भारतीय राष्ट्रपति की सिंगापुर की यात्रा दोनों देशों के सम्बन्धों में आ रही निकटता एवं प्रगाढ़ता की स्पष्ट सूचक है. श्री नारायणन के साथ सिंगापुर के राष्ट्रपति एस. आर. नाथन व प्रधानमंत्री तोंग की अलग-अलग सम्पन्न हुई वार्ताओं के दौरान इन नेताओं ने दोनों देशों के बीच और अधिक सहयोग की आकांक्षा व्यक्त की. प्रधानमंत्री तोंग ने बातचीत में यह संकेत भी दिया कि आसियान (ASEAN) के अनौपचारिक शिखर सम्मेलनों में भारत को भी भागीदार बनाने के लिए वह इस समूह के नेताओं से बात करेंगे. ऐसे अनौपचारिक सम्मेलनों में फिलहाल चीन, जापान व द. कोरिया को ही आमंत्रित किया जाता है. ज्ञातव्य है कि भारत को 'आसियान' का वार्ता भागीदार बनाने में भी सिंगापुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है.

राष्ट्रपति नारायणन से वार्ता के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री तोंग ने भारत के लिए ऐपेक (APEC) व ऐसेम (ASEM) की सदस्यता के मामले में कठिनाइयों का उल्लेख किया उन्होंने बताया कि 'एपेक' ने एक दशक तक नई सदस्यता पर प्रतिबन्ध 1998 से ही आरोपित किया हुआ है जबकि 'ऐसेम' ने नए सदस्यों के प्रवेश के लिए अभी मापदण्ड निर्धारित नहीं किए हैं.

श्री नारायणन की सिंगापुर यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य तीन समझौतों पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुए हैं. इनमें पारस्परिक व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने तथा दोनों देशों के बीच स्वतंत्र व्यापार क्षेत्र (FTA) की स्थापना की सम्भावनाओं को तलाशने के लिए संयुक्त कार्यदल के गठन हेतु सहमति-पत्र (MOU) पर हस्ताक्षर शामिल हैं. दो अन्य समझौते पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं के आदान-प्रदान तथा 'सिंगापुर-भारत कार्यकारी कार्यक्रम 2000–2002 से सम्बन्धित हैं.

संक्षिप्तकी

ब्रिटेन भीषण बाढ़ की चपेट में

भारी वर्षा के चलते ब्रिटेन का बड़ा भाग नवम्बर के पूर्वार्द्ध में बाढ़ की चपेट में रहा है.

शेष पृष्ठ 740 पर

नवीन प्रकाशन

उत्तर प्रदेश

उपकार

पी.सी.एस.
पशुपालन
एवं
पशुचिकित्सा विज्ञान

लेखकद्वय : डॉ. अवधेश किशोर
एवं
डॉ. ओ. पी. राजपूत

मूल्य
98·00 रुपए

प्रस्तुत पुस्तक विषय के ख्याति प्राप्त विद्वानों द्वारा लिखी गई है. पुस्तक में पाठ्यक्रम के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुस्तक में ज्ञानवर्द्धक एवं विश्लेषणात्मक सामग्री दी गई है जोकि परीक्षार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी.

शीघ्र ही अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से सम्पर्क करें अथवा 50/- रु. का मनीऑर्डर हमें निम्नलिखित पते पर अग्रिम भेजकर वी.पी.पी. द्वारा प्राप्त करें.

उपकार प्रकाशन
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 323966, 323101, 322653, 322930; फैक्स : (0562) 323966
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

नवीन प्रकाशन

उपकार

एस.एस.सी. (मुख्य) परीक्षा

अंकगणित

[एल.आई.सी., सब-इंस्पेक्टर्स, सी.पी.ओ., रेलवे, रक्षा आदि परीक्षाओं के लिए विशेष]

लेखकद्वय : डॉ. लाल एवं जैन

मूल्य : 160/-

प्रस्तुत पुस्तक विषय के ख्याति प्राप्त विद्वानों द्वारा लिखी गई है. पुस्तक में पिछले वर्षों के हल प्रश्न-पत्रों का भी समावेश किया गया है जो परीक्षार्थियों के लिए अति उपयोगी सिद्ध होंगे. पुस्तक पूर्णतः पाठ्यक्रमानुसार है. इसका अध्ययन आपके लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा.

शीघ्र ही अपने निकटतम बुकसेलर से सम्पर्क करें अथवा हमें 100 रु. का मनीऑर्डर भेजकर वी.पी.पी. द्वारा प्राप्त करें–

उपकार प्रकाशन
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2
फोन : 323966, 323101, 322930
e-mail : upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रीड़ा जगत

अक्टूबर 2000

14 बर्लिन में विश्व मुक्केबाजी संगठन (WBO) के हैवीवेट मुक्केबाजी के विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले में खिताबधारी क्रिस बायर्ड (अमरीका) को हराकर यूक्रेन के ब्लादिमीर क्लित्सको ने यह खिताब जीत लिया.

15 ज्यूरिख (स्विट्जरलैण्ड) में अमरीका की लिंडसे डवेनपोर्ट को फाइनल में हराकर स्विट्जरलैण्ड की मार्टिना हिंगिस ने स्विसकॉम चैलेन्ज टेनिस टूर्नामेन्ट जीत लिया. **अपने देश की धरती पर हिंगिस का यह पहला डब्ल्यू. टी. ए. खिताब है.**

– कनाडा कों फाइनल में 12-2 से हराकर भारत ने नई दिल्ली में सम्पन्न तीसरी अन्तर्राष्ट्रीय साइकिल पोलो चैम्पियनशिप जीत ली.

– आस्ट्रेलिया के पॉल प्राइस को फाइनल में हराकर वेल्स के डेविड इवांस ने तथा इंगलैण्ड की सू राइट को फाइनल में हराकर न्यूजीलैण्ड की लीलानी जॉयस ने बरमिंघम में सम्पन्न ब्रिटिश ओपन स्क्वैश चैम्पियनशिप के क्रमशः पुरुष व महिला एकल खिताब जीत लिए.

16 वी. वी. एस. लक्ष्मण के नेतृत्व में शेष भारत (Rest of India) की टीम ने रणजी ट्रॉफी विजेता मुम्बई को हराकर पाँच दिवसीय मैच की ईरानी ट्रॉफी मैच के चौथे दिन ही 10 विकेट से जीत ली. **इस मैच की दूसरी पारी में शेष भारत के मुरली कार्तिक ने 9 विकेट लिए. ईरानी ट्रॉफी में एक पारी में 9 विकेट लेने वाले वह रविशास्त्री के बाद दूसरे गेंदबाज हैं.**

18 नई दिल्ली में 26वें राष्ट्रीय महिला खेल महोत्सव में बैडमिंटन की टीम चैम्पियनशिप आन्ध्र प्रदेश ने फाइनल में पंजाब को हराकर जीती.

20 गुड़गाँव में सम्पन्न , हिन्दुस्तान टाइम्स ओपन गोल्फ टूर्नामेन्ट का खिताब गौरव घई ने जीता.

– नई दिल्ली में 26वें राष्ट्रीय महिला खेल महोत्सव में तैराकी की टीम चैम्पियनशिप दिल्ली ने जीती. कर्नाटक की निशा मोहता को सर्वश्रेष्ठ तैराक घोषित किया गया.

सीमा अंतील विश्व एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट

सोनीपत की 18 वर्षीय सीमा अंतील ने



गत 19 अक्टूबर को सैंटियागो (चिली) में विश्व जूनियर एथलेटिक चैम्पियनशिप में डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है. एथलेटिक्स की विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली वह पहली भारतीय एथलीट है.

21 26वें राष्ट्रीय महिला खेल महोत्सव (नई दिल्ली) में टेनिस व टेबल टेनिस की टीम चैम्पियनशिप क्रमशः गुजरात व दिल्ली ने जीतीं.

– शारजाह में एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की कोका कोला ट्रॉफी त्रिकोणीय शृंखला (भारत, श्रीलंका व जिम्बाब्वे) के पहले मैच में श्रीलंका ने भारत को 5 विकेट से पराजित किया. **इस मैच में शतकीय पारी (101 रन) खेलकर भारत के सचिन तेंदुलकर ने एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में अपना 26वाँ शतक बनाया. शारजाह में सातवाँ शतक बनाकर सचिन ने सईद अनवर के सात शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी भी उन्होंने कर ली.**

ततैये के जूस से मैराथन विजय हेतु शक्ति

सिडनी ओलम्पिक में महिलाओं की मैराथन दौड़ जीतने वाली जापानी धाविका नाओको ताकाहाशी ने यह रहस्योद्‌घाटन किया है कि इस दौड़ हेतु आवश्यक शक्ति एवं स्फूर्ति अर्जित करने के लिए उन्होंने एक विशेष प्रजाति के ततैये (Hornet) के जूस का सेवन अभ्यास के दौरान किया था. जापानी वैज्ञानिकों के अनुसार लगभग 3 इंच लम्बे इस घातक कीट में मीलों दूर तक उड़ने की गजब की शक्ति होती है तथा इसके जूस के सेवन से यह शक्ति धावकों को प्राप्त होती है. एक जापानी कम्पनी इसके जूस को अब ऊर्जावर्द्धक के रूप में बेच रही है

– नीदरलैण्ड्स की [illegible] हर्कको को फाइनल में [illegible] साई जयलक्ष्मी ने [illegible] सर्किट महिला टेनिस का [illegible] जीत लिया. टूर्नामेन्ट का [illegible] पराग्वे की मोनिका एकोस्टा [illegible] की जोड़ी ने फाइनल में [illegible] चक्रवर्ती व साई जयलक्ष्मी [illegible] जीता.

22 जमशेदपुर में [illegible] राष्ट्रीय बी. शतरंज चैम्पियन[illegible] एयरलाइंस के इंटरनेशनल [illegible] बाकरे ने टूर्नामेन्ट में एक [illegible] ही जीत ली.

– द. कोरिया के जेजु [illegible] Island) में थाईलैण्ड को [illegible] हराकर गत विजेता द. कोरिया [illegible] टीम चैम्पियनशिप का जॉर्ज [illegible] नेशंस कप पुनः जीत लिया

– शारजाह में कोका कोला [illegible] अपने दूसरे मैच में भारत ने [illegible] 13 रन से पराजित किया.

– मुम्बई में समाप्त हुए [illegible] कप टेबल टेनिस टूर्नामेन्ट [illegible] महिला, दोनों ही वर्गों के [illegible] चीनी खिलाड़ियों ने फाइनल [illegible] अपने ही देश के खिलाड़ियों [illegible] जीते. टूर्नामेन्ट का पुरुष एकल [illegible] युआन ने व महिला एकल [illegible] जीता.

– उस्ती नाद लाबेम (चेक [illegible] में विश्व मास्टर्स पॉवर लिफ्टिंग [illegible] में भारत ने एक स्वर्ण व तीन [illegible] जीते. स्वर्ण पदक सुधाकर [illegible] किग्रा वर्ग में जीता.

23 नीदरलैण्ड्स के जेंग [illegible] (Sjeng Schalken) को फाइनल [illegible] स्वीडन के मैग्नस नॉर्मेन ने [illegible] टेनिस का खिताब जीत लिया.

26 बैरूत में एशिया [illegible] प्रतियोगिता के सेमीफाइनल [illegible] चीन को 3-2 से हराकर [illegible] कोरिया को 2-1 से हराकर [illegible] सऊदी अरब ने टूर्नामेंट में [illegible] प्रवेश कर लिया. सऊदी अरब [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...बार इस टूर्नामेन्ट के फाइनल में ...प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की

– शारजाह में कोका कोला कप त्रिको-...शृंखला के अपने तीसरे लीग मैच में ...ने जिम्बाब्वे को 3 विकेट से हराकर ...में अपना स्थान सुनिश्चित कर ...इस मैच में भारत के सौरभ गांगुली ...दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में ...कुल रनों की संख्या 6000 से अधिक ...ली. इस मैच में अपने 10 ओवरों में ...30 रन देकर भारत के 7 विकेट ...श्रीलंका के फिरकी गेंदबाज मुथैया ...धरन ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का विश्व ...अपने नाम किया.

27 कोका कोला कप त्रिकोणीय ...के अन्तिम लीग मैच में श्रीलंका ने ...को 68 रन से पराजित किया. इस ...के परिणाम का कोई विशेष महत्व ...नहीं था क्योंकि दोनों टीमें फाइनल ...स्थान पहले ही बना चुकी थीं.

...दीप सेन गुप्ता व कोनेरू हम्पी को ...विश्व शतरंज चैम्पियनशिप खिताब

...सेन में आरोपेसा में गत अक्टूबर माह ...'विश्व युवा शतरंज महोत्सव' में ...के दीप सेन गुप्ता को लड़कों के ...-12 वर्ग में व कोनेरू हम्पी को ...कियों के अंडर-14 वर्ग में विश्व ...शिप जीतने में सफलता प्राप्त हुई है. ...कोनेरू हम्पी इससे पूर्व 1997 में अंडर-...वर्ग में व 1998 में अंडर-12 वर्ग में ...चैम्पियन रह चुकी हैं, जबकि बिहार के ...पुर के दीप सेनगुप्ता, जो वर्तमान में ...राज्य सीनियर चैम्पियन भी हैं, ने ...बार ही अपने वर्ग में विश्व चैम्पियन-...जीती है. किसी वर्ग में विश्व शतरंज ...शिप जीतने वाले वह पाँचवें भारतीय ...से पूर्व विश्वनाथन आनंद (1987 में ...जूनियर चैम्पियनशिप), हरिकृष्णा (1996 ...-10) कोनेरू हम्पी (1997 में अंडर-...व 1998 में अंडर-12) तथा आरती ...स्वामी (1999 में अंडर-18)) विभिन्न ...में फिडे की विश्व चैम्पियनशिप जीत ...है.

28 34वाँ विश्व शतरंज ओलम्पियाड ...में इस्तांबुल में प्रारम्भ हो गया. इसका ...फिडे (FIDE) के अध्यक्ष किरसान ...निनोव (Kirsan Ilyumzhinov) ने ...इस टूर्नामेन्ट में 128 देशों की रिकॉर्ड ...टीमें भाग ले रही हैं.

– जुड़वा बहन मासा को फाइनल में ...स्लोवाकिया की उर्सका वेसेंजक ...ka Vesenjak) ने नई दिल्ली में ...महिलाओं के आई टी एफ सर्किट ...का एकल खिताब जीत लिया.

टूर्नामेन्ट का युगल खिताब भारत की रश्मि चक्रवर्ती व साई जयलक्ष्मी की जोड़ी ने फाइनल में वेसेंजक बहनों को हराकर जीता.

– अमरीका के रौनी कोलमैन ने विश्व की सर्वश्रेष्ठ बॉडी-बिल्डिंग प्रतियोगिता वीडर्स मि. ओलम्पिया–2000 लास वेगास में जीत ली. बॉडी बिल्डिंग के विश्व के इस सर्वश्रेष्ठ खिताब को जीतने वाले वह 10वें व्यक्ति हैं.

विश्व कप क्रिकेट 2003 का फाइनल जोहानेसबर्ग में

द. अफ्रीका में सन् 2003 में आयोजित होने वाले विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट का फाइनल मैच 18 मार्च, 2003 को जोहानेसबर्ग में खेला जाएगा. 7 फरवरी, 2003 को प्रारम्भ होने वाले इस टूर्नामेन्ट का उद्घाटन मैच केपटाउन में होगा, जबकि इसके सेमीफाइनल मैच डरबन व पोर्ट एलिजाबेथ में आयोजित होंगे.

29 शारजाह में एकदिवसीय मैचों की त्रिकोणीय (भारत-श्रीलंका-जिम्बाब्वे) शृंखला के फाइनल में श्रीलंका ने भारत को 245 रनों से पराजित करके सर्वाधिक रन अंतर से विजय प्राप्त करने का रिकॉर्ड स्थापित किया. कप्तान 'मैन ऑफ द मैच' एवं 'मैन ऑफ द सीरिज' सनत जयसूर्या के **189** रनों के बल पर श्रीलंका ने इस मैच में **299** रन बनाए, जबकि भारत की पूरी टीम मात्र **54** रन पर ही आउट हो गई. एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में भारत का यह रिकॉर्ड न्यूनतम स्कोर है. एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में सबसे कम **43** रन बनाने का 'रिकॉर्ड' पाकिस्तान के नाम है.

उल्लेखनीय है कि किसी एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच में व्यक्तिगत रूप से सर्वाधिक **194** रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड पाकिस्तान के सईद अनवर के नाम है.

– दूसरी वरीयता प्राप्त थामस एक्विंस्ट ने बासेल (Basel) में स्विट्जरलैण्ड के रोजर फेडरर को फाइनल में हराकर स्विस ओपन इनडोर टेनिस चैम्पियनशिप जीत ली.

– मॉस्को में सम्पन्न क्रेमलिन कप टेनिस के पुरुष व एकल खिताब क्रमशः रूस के येवगेनी कैफेलनिकोव व स्विट्जरलैण्ड की मार्टिना हिंगिस ने जीते.

– बेरुत में गत विजेता सऊदी अरब को फाइनल में 1-0 से हराकर जापान ने एशियाई कप फुटबाल टूर्नामेन्ट जीत लिया. जापान ने दूसरी बार एशियाई कप फुटबाल टूर्नामेन्ट को जीतने में सफलता प्राप्त की है. इससे पूर्व 1992 में उसने यह टूर्नामेन्ट फाइनल में सऊदी अरब को ही हराकर जीता था. अगले एशियाई कप फुटबाल टूर्नामेन्ट का आयोजन 2004 ई. में चीन में होगा.

30 रावलपिंडी में इंगलैण्ड को शृंखला के तीसरे व अन्तिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच में 5 विकेट से हराकर तीन एकदिवसीय मैचों की शृंखला पाकिस्तान ने 2-1 से जीत ली.

नवम्बर 2000

2 बिरसा मुंडा विद्यापीठ, राउरकेला को फाइनल में हराकर सेंट इगनेशियस हाई स्कूल, गुमला ने 29वाँ नेहरू जूनियर हॉकी टूर्नामेन्ट नई दिल्ली में जीत लिया.

– लंदन में 16 बाजियों के मुकाबले में रूस के गैरी कास्पारोव को पराजित करके ब्लादिमीर क्रामनिक ने विश्व शतरंज चैम्पियन-शिप का ताज अपने नाम कर लिया है. कास्पारोव पिछले 15 वर्षों से शतरंज के विश्व चैम्पियनशिप रहे थे.

3 नई दिल्ली में महिलाओं के आई टी एफ सर्किट टूर्नामेन्ट के एक सेमीफाइनल में भारत की साई जयलक्ष्मी स्लोवाकिया की लेंका डलहोपोलकोवा से पराजित हो गई.

4 नई दिल्ली में 25 हजार डॉलर की इनामी राशि के महिलाओं के आई. टी. एफ. सर्किट टेनिस टूर्नामेन्ट का एकल खिताब स्लोवाकिया की लेंका डलहोपोलकोवा ने फाइनल में रूस की ओल्गा कालिओजनइया को हराकर जीता. टूर्नामेन्ट का युगल खिताब भारत की साई जयलक्ष्मी व रश्मि चक्रवर्ती की जोड़ी ने फाइनल में स्लोवाकिया की जुड़वा वेसेंजक बहनों को हराकर जीता.

– नई दिल्ली में नेहरू सब जूनियर हॉकी टूर्नामेन्ट के एक मैच में जालंधर के सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल ने राजनांदगांव (म. प्र.) के बी. डी. मल्टीपर्पज स्कूल को 14-0 से हराया. इस मैच में विजेता टीम के तीन खिलाड़ियों ने तिकड़ियाँ बनाईं.

– केपटाउन में न्यूजीलैण्ड को शृंखला के अन्तिम मैच में 3 विकेट से हराकर द. अफ्रीका ने 6 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों की यह शृंखला 5-0 से जीत ली. शृंखला का पहला मैच वर्षा के कारण रद्द हो गया था.

5 जकार्ता में सम्पन्न एशियाई बैड-मिन्टन चैम्पियनशिप के पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः इण्डोनेशिया के तौफीक हिदायत व चीन की शी शिनफेंग ने जीतने में सफलता प्राप्त की.

– दो लाख डॉलर की इनामी राशि का हीरो होंडा मास्टर्स गोल्फ खिताब गुड़गाँव में अर्जुन अटवाल ने जीता.

– अटलांटा में विश्व के नम्बर एक खिलाड़ी टाइगर वुड्स को पछाड़ते हुए फिल मिकलसन ने 50 लाख डॉलर की इनामी राशि की गोल्फ की यू एस पी जी ए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टूर चैम्पियनशिप जीते ली. इस वर्ष के दौरान यह दूसरा अवसर है जब मिकलसन ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ गोल्फर वुड्स को हराया है.

– क्यूबेक में जैनिफर कैप्रियाती को फाइनल में हराकर अमरीका की ही चंदा रूबिन ने बेल चैलेंज महिला टेनिस का खिताब जीता लिया.

– जेरेज डि ला फ्रोंटेरा में 20 लाख पाउण्ड की इनामी राशि का वोल्वो मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेन्ट स्वीडन के पियरे फुल्के ने जीता.

– आस्ट्रेलिया के लेटन हैविट को फाइनल में हराकर द. अफ्रीका के वेन फरेरा ने स्टुटगार्ट मास्टर्स टेनिस सीरिज का खिताब जीत लिया.

7 नई दिल्ली में तीसरी विश्व कैरम चैम्पियनशिप में महिला वर्ग का खिताब गत विजेता भारत ने पुनः जीत लिया. पिछले वर्ष के उपविजेता श्रीलंका का इस बार तीसरा स्थान रहा, जबकि मालदीव ने इस बार महिला वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया.

8 नई दिल्ली में तीसरी विश्व कैरम चैम्पियनशिप के पुरुष वर्ग में श्रीलंका को फाइनल में हराकर भारत ने लगातार तीसरी बार पुरुषों की चैम्पियनशिप जीतने में सफलता प्राप्त की.

– कलकत्ता में 55वीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी में पुरुष व महिला वर्ग की 50मी फ्रीस्टाइल स्पर्द्धाएं जीतकर क्रमशः टी. ए. सुजीत (सेना) व रेशमा मिलेट (कर्नाटक) ने इन वर्गों में सर्वाधिक तीव्रगति वाले तैराक होने का श्रेय प्राप्त किया.

9 भारत के सबसे कम उम्र के शतरंज के इंटरनेशनल मास्टर पी. हरिकृष्ण ने इस्तांबुल में विश्व शतरंज ओलम्पियाड में अपना पहला ग्रांड मास्टर नॉर्म (GM Norm) प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की.

10 नई दिल्ली में विश्व कैरम चैम्पियनशिप के पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः आर. एम. शंकरा (कर्नाटक) व रश्मि कुमारी (बिहार) ने जीते.

11 बंगलौर में सम्पन्न राष्ट्रीय जूनियर टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के लड़के व लड़कियों, दोनों ही वर्गों के टीम खिताब प. बंगाल ने जीते. महाराष्ट्र का दोनों वर्गों में दूसरा स्थान रहा.

– आर. सी. प्रकाश द्वारा किए गए 'गोल्डन गोल' के द्वारा महिन्द्रा यूनाइटेड को फाइनल में हराकर कलकत्ता के मोहन बगान ने फुटबाल का प्रतिष्ठित डूरंड कप 16वीं बार जीतने में सफलता प्राप्त की.

– लखनऊ में पुरुषों के आई टी एफ फ्यूचर टेनिस टूर्नामेन्ट का एकल खिताब ब्रिटेन के जोनाथन मैरे ने फाइनल में फ्रांस के लेसली डेमिलियानी को हराकर जीता. टूर्नामेन्ट का युगल खिताब स्लोवाकिया के टॉमस जैसी व मिचाल मर्टिनाक की जोड़ी ने जीता.

सात वर्ष के अंतराल के पश्चात् विदेशी धरती पर भारत की विजय : बांग्लादेश अपने पहले ऐतिहासिक टेस्ट मैच में

टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले देशों की श्रेणी में शामिल 10वें राष्ट्र बांग्लादेश का टेस्ट मैच गत 10–14 नवम्बर को ढाका में भारत के विरुद्ध खेला जो मैच के 5 नवम्बर को ही समाप्त हो गया. पहली पारी में शानदार प्रदर्शन के बावजूद बांग्लादेश मैच में 9 विकेट से पराजित हुआ. सौरभ गांगुली की कप्तानी में खेले गए इस टेस्ट में विजय प्राप्त करके विदेशी धरती पर सात वर्षों के अन्तराल के पश्चात् जीत प्राप्त की है. इससे पूर्व भारत ने विदेशी धरती पर कोई टेस्ट मैच 1993 में इंग्लैण्ड के विरुद्ध जीता था.



इस टेस्ट मैच में बांग्लादेश की टीम का नेतृत्व नइमुर्रहमान ने किया था इन्होंने पहली पारी में शतकीय पारी (145 रन) खेलकर बांग्लादेश के अमीनुल इस्लाम के बाद वर्षों के इतिहास में ऐसे तीसरे खिलाडी हो गए हैं. जिन्होंने अपने देश के लिए शतक बनाया है.

उल्लेखनीय है कि ढाका के बंगबंधु स्टेडियम पर खेला गया उपर्युक्त मैच यद्यपि पहला टेस्ट मैच था तथापि इस मैदान पर खेला गया यह नौवाँ टेस्ट मैच था गए सभी आठों टेस्ट मैचों में पाकिस्तान भागीदार रहा था. भारत ने यहाँ खेले टेस्ट मैच 1954-55 में पाकिस्तान के विरुद्ध खेला था जो अनिर्णीत रहा था.

– लास वेगास में सम्पन्न मुकाबले में न्यूजीलैण्ड के डेविड टुआ को हराकर ब्रिटेन के लेनोक्स लेविस ने विश्व मुक्केबाजी परिषद् व अन्तर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ के हैवीवेट मुक्केबाजी खिताब अपने पास बरकरार रखे.

2006 के एशियाई खेल दोहा में

सन् 2002 में पूसान में आयोजन के पश्चात् सन् 2006 के एशियाई खेलों का आयोजन कतर (Qatar) की राजधानी दोहा में होगा. यह चयन एशियाई ओलम्पिक समिति (OCA) की गत 12 नवम्बर को पूसान में सम्पन्न बैठक में किया गया है.

12 बंगलौर में सम्पन्न गोल्ड फ्लेक लेजेंड्स टूर टेनिस चैम्पियनशिप का एकल खिताब आस्ट्रेलिया के [illegible] में स्वीडन के [illegible] टूर्नामेन्ट का युगल [illegible] मंसूर बेहरामी (ईरान) [illegible] में विजय अमृतराज (भारत) [illegible] (फ्रांस) की जोड़ी को हराकर [illegible]

– हांगकांग में स्टार [illegible] टूर्नामेन्ट का खिताब भारत [illegible] अटवाल ने जीता. ताइवे के [illegible] इसमें दूसरा स्थान रहा.

– लियॉन में पैट्रिक [illegible] में हराकर फ्रांस के [illegible] लियॉन ग्रांड प्रिक्स टेनिस [illegible] लिया.

– विलानोवा (यू एस [illegible] हिगिस को फाइनल में हरा [illegible] लिंडसे डवेनपोर्ट (अमेरिका) [illegible] एडवांटा टेनिस का [illegible] रखा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बी. एस. आर. बी. (बंगलौर) की परीक्षा सितम्बर, 1999-2000 में केनरा बैंक के परिवीक्षा अधिकारी के पद पर चयनित

श्री आशीष जैन

बी. एस. आर. बी. की परीक्षा में पहले प्रयास में ही परिवीक्षा अधिकारी (पी.ओ.) ...पद पर चयनित होकर श्री आशीष जैन ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है. ...योगिता दर्पण/सामान्य ज्ञान दर्पण के साथ उनकी अर्थपूर्ण भेंटवार्ता को यहाँ मूल-...में प्रकाशित किया जा रहा है.

सा. ज्ञा. द.–इस अत्यन्त महत्वपूर्ण ...ता को अर्जित करने के लिए आपको ...ने प्रयास करने पड़े?

श्री आ. जैन–यह मेरा प्रथम प्रयास था.

सा. ज्ञा. द.–आपने परीक्षा की तैयारी ...नेक पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा समाचार-...का उपयोग किया होगा. उनमें से ...धिक सहायता आपको किनसे मिली?

श्री आ. जैन–सामान्य संचेतना के ...प्रतियोगिता दर्पण, सामान्य ज्ञान दर्पण ...नियमित अध्ययन किया. इसके अलावा ...स ऑफ इण्डिया इकॉनामिक टाइम्स से ...ता ली. तर्कशक्ति के लिए मुझे उपकार ...न के तर्कशक्ति अतिरिक्तांक से ...ता मिली. अंग्रेजी के लिए उपकार ...न की Correct English and How ...Write it तथा Wren & Martin ...mmar मेरी तैयारी के आधार स्तम्भ ...मान्य ज्ञान दर्पण, प्रतियोगिता दर्पण, ...लने वाले अभ्यास प्रश्नपत्रों से मुझे ...क सहायता मिली, जिनसे मेरी गति ...द्धता में निरन्तर सुधार हुआ.

सा. ज्ञा. द.–आपका साक्षात्कार कब ...हाँ था?

श्री आ. जैन–मेरा साक्षात्कार दिनांक ...-2000 को बी. एस. आर. बी. के ...र ऑफिस में था.

सा. ज्ञा. द.–साक्षात्कार में पूछे गए ...को क्रमवार उद्धृत कीजिए.

श्री आ. जैन–पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक ...र्यरत होने की वजह से मुझसे ...कार प्रश्न बैंकिंग पर पूछे गए. मेरा ...कार लगभग 40 मिनट चला, जिसमें ...ए कुछ प्रश्न निम्नवत् हैं.

(1) पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक की वर्तमान ...ति. CAMELS Rating के अनुसार ...A कम कैसे किया जाए–

(2) NPA क्या है?

(3) Asset Liability Management

(4) प्रति कर्मचारी उत्पादकता.

व्यक्ति परिचय

नाम–आशीष जैन

पिता का नाम–श्री बनवारी लाल जैन

माता का नाम–श्रीमती मधु जैन

आयु–22 वर्ष 9 माह

शैक्षिक योग्यता–

हाईस्कूल–1992 उत्तर प्रदेश बोर्ड, Ist 65.5%

इण्टरमीडिएट–1994 उत्तर प्रदेश बोर्ड, Ist 67.0%

बी. एस.-सी.–1997 सेंट जोंस कॉलेज, आगरा Ist 82.5% (कुलाधिपति पदक)

एम. एस-सी. (सांख्यिकी)–1999 सेंट जोंस कॉलेज, आगरा Ist 75.58%

(5) रुपए की गिरती कीमत डॉलर के सापेक्ष, मुख्य कारण.

(6) एक अधिकारी की क्या विशेषताएं होनी चाहिए.

(7) Tier–I & Tier–II Capital

(8) मुझे एक चुटकुला सुनाने को कहा गया.

(9) Exit poll के सम्बन्ध में (मेरी परास्नातक विषय सांख्यिकी था.)

(10) उत्तर प्रदेश में भाजपा की वर्तमान स्थिति.

(11) VRS in Banks

(12) Taj Mahal के बारे में इत्यादि.

सा. ज्ञा. द.–आपने साक्षात्कार के लिए तैयारी कैसे की?

श्री आ. जैन–मुझे कुछ लिपिकीय साक्षात्कारों का अनुभव था. बैंक अधिकारी के साक्षात्कार के लिए मुझे मेरे पिता श्री बनवारी लाल जैन से काफी सहायता मिली एवं इसके अतिरिक्त साक्षात्कार की तैयारी कैसे करें (उपकार प्रकाशन) से साक्षात्कार के मूल तत्वों की जानकारी मिली.

सा. ज्ञा. द.–यदि साक्षात्कार के दौरान आपसे कोई विशिष्ट प्रकार का अथवा रोचक प्रश्न पूछा गया हो, तो वह प्रश्न, अपना उत्तर और प्रश्नकर्ता की प्रतिक्रिया बताएं.

श्री आ. जैन–प्रश्न पूछा गया कि सभी दक्षिण भारतीयों को उत्तर भारत के निवासी मद्रासी क्यों कहते हैं? मैंने उत्तर दिया कि उत्तर भारत के निवासी कन्नड़, तमिल, तेलुगू तथा मलयालम में अन्तर न कर पाने के कारण सभी दक्षिण भारतीयों को मद्रासी समझते हैं. प्रश्नकर्ता बोर्ड सदस्य मेरे जवाब से संतुष्ट थे.

सा. ज्ञा. द.–साक्षात्कार की तैयारी का कौनसा पहलू/ पक्ष आपको सर्वाधिक सहायक हुआ?

श्री आ. जैन–छद्म साक्षात्कार जो मैंने अपने मित्रों एवं पिता के साथ किए, उससे मेरे आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि छुई. यह वास्तविक साक्षात्कार में मेरे व्यक्तित्व की प्रतिबद्धता बनकर सामने आई.

सा. ज्ञा. द.–आप परीक्षा की तैयारी में किस कमी/भूल का अहसास करते हैं? क्या और करने से श्रेष्ठतर सफलता प्राप्त की जा सकती थी?

श्री आ. जैन–अंग्रेजी की तैयारी के लिए कम समय देना चाहिए था. सही 25 प्रश्न अंग्रेजी में अर्हता दिलाने के लिए काफी हैं.

सा. ज्ञा. द.–आपसे यदि यह प्रश्न किया जाए कि प्रतियोगी परीक्षा के लिए एक मानक (Standard) पत्रिका की क्या-क्या विशेषताएं होनी चाहिए, तो आपका उत्तर क्या होगा?

श्री आ. जैन–बैंक परीक्षाओं एवं सभी एकदिनी परीक्षाओं में आज गति एवं शुद्धता के तालमेल की आवश्यकता है, जिसके लिए निरन्तर अभ्यास जरूरी है. अतः आज परीक्षाओं के बदलते तेवर के अनुरूप अभ्यास प्रश्न-पत्र ही एक अच्छी पत्रिका की पहचान है.

सा. ज्ञा. द.–आपकी इस कसौटी पर से 'प्रतियोगिता दर्पण' कितनी खरी उतरती है?

श्री आ. जैन–प्रतियोगिता दर्पण बहुत अच्छी तथा स्तरीय पत्रिका है एवं सामान्य ज्ञान के लिए इसकी प्रकाशित सामग्री अतुलनीय है. इसके अतिरिक्त सामान्य ज्ञान दर्पण में प्रकाशित प्रश्न-पत्र भी अत्यन्त उपयोगी है.

सा. ज्ञा. द.–वैसे गुणवत्ता की दृष्टि से 'प्रतियोगिता दर्पण' की विषय-सामग्री को आप किस रूप में रेखांकित करना चाहेंगे?

श्री आ. जैन–प्रतियोगिता दर्पण में प्रकाशित होने वाली सामग्री सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में सहायक रहती है एवं इसमें प्रकाशित सामग्री तथ्य परक, अद्यतन एवं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरल भाषा में होती है. प्रतियोगिता दर्पण एवं सामान्य ज्ञान दर्पण हिन्दी भाषी प्रतियोगियों के लिए संजीवनी बूटी के समान है एवं निश्चित सफलता की कुंजी है.

सा. ज्ञा. द.–'प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांकों' के विषय में आप कुछ कहना चाहेंगे?

श्री आ. जैन–बैंक अधिकारी की तैयारी करने में प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांकों का महत्वपूर्ण स्थान है. तर्कशक्ति, गणित के अतिरिक्तांकों में बताए गए Shortcuts अत्यन्त उपयोगी हैं, जो बैंक परीक्षाओं की आवश्यकता है.

सा. ज्ञा. द.–क्या आपने इस परीक्षा हेतु कोई कोचिंग ली? यदि हाँ तो कौनसी?

श्री आ. जैन–नहीं.

सा. ज्ञा. द.–आपने अपना समय और सहयोग दिया, प्रतियोगिता दर्पण परिवार आपका आभारी है.

श्री आ. जैन–धन्यवाद.

●●●

शेष पृष्ठ 735 का

1947 की भीषण बाढ़ के पश्चात् इसे अब तक की सर्वाधिक भीषण बाढ़ बताया गया है.

रूस द्वारा सैन्य बलों में कटौती की घोषणा

वित्तीय संकट से निपटने के उद्देश्य से रूस ने अगले पाँच वर्षों में देश के सैन्य बल में 20 प्रतिशत कटौती का निर्णय किया है. यह घोषणा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गत 10 नवम्बर को मॉस्को में की है.

रूसी विमान के अपहरण के बाद अपहरणकर्ता का आत्मसमर्पण

घरेलू उड़ान वाले रूस के एक यात्री विमान TV-54 का गत 12 नवम्बर को एक चेचन नागरिक ने अपहरण कर लिया. अपहृत विमान को दक्षिण इजरायल में एक सैन्य ठिकाने उवदा (Uvda) ले जाया गया जहाँ अपहरणकर्ता ने आत्मसमर्पण कर दिया. विमान पर चालक दल सहित कुल 58 लोग सवार थे, जो सभी सुरक्षित रहे.

जिम्बाब्वे में भूमि अधिग्रहण की योजना अवैध घोषित

जिम्बाब्वे के सर्वोच्च न्यायालय ने गत 10 नवम्बर के एक निर्णय के तहत सरकार की श्वेतों की कृषि भूमि अधिग्रहण की योजना को अवैध घोषित कर दिया है. भूमि सुधार योजना के तहत राष्ट्रपति मुगाबे की 3000 कृषि फार्मों का अधिग्रहण कर अश्वेत भूमिहीनों में इसके वितरण की योजना थी.

●●●

शेष पृष्ठ 739 का

– इस्ताबुल में शतरंज ओलम्पियाड में टीम ने 8वाँ तथा 13वाँ स्थान प्राप्त किया महिला ग्रांड मास्टर गत अंकों के आधार पर करने में सफल रहीं महिला वर्ग में भारत ने पदक जीता है. इस महिला वर्गों के स्वर्ण चीन ने जीते हैं

14 बंगलौर में टेबल टेनिस टूर्नामेन्ट में के एकल व युगल के खिलाड़ियों ने जीते खिताब सौरभ चक्रवर्ती ने सुष्मिता रे ने जीता

Read Competition Science Vision your better tomorrow

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएं

2000

26 नवम्बर—बी.एस.आर.बी. (क्लर्क) तिरुवंनतपुरम परीक्षा.
26 नवम्बर—बी.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय (प्रा.) परीक्षा
26 नवम्बर—बी.एस.आर.बी. वडोदरा (क्लर्क) परीक्षा.
3 दिसम्बर—बी.एस.आर.बी. चण्डीगढ़ (क्लर्क) परीक्षा.
3 दिसम्बर—एस.एस.सी. संयुक्त मुख्य परीक्षा (ग्रेजुएट स्तर).
3 दिसम्बर—बी. टी. सी. प्रवेश परीक्षा.
10 दिसम्बर—स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेन्टिसेज परीक्षा.
10 दिसम्बर—आई.आई.टी. सयुक्त प्रवेश परीक्षा (स्क्रीनिंग टेस्ट).
10 व 17 दिसम्बर—बी.एस.आर.बी. (लखनऊ) क्लर्क परीक्षा.
17 दिसम्बर—संयुक्त प्रबन्धकीय प्रवेश (एम. बी. ए.) परीक्षा.
17 दिसम्बर—म. प्र. व्याख्याता पात्रता परीक्षा (SLET)
24 दिसम्बर—यू. जी. सी., जे.आर.एफ./नेट परीक्षा.
29 दिसम्बर—रुड़की इंजीनियरिंग प्रवेश (प्रा.) परीक्षा.
29 दिसम्बर—उत्तर प्रदेश प्रवक्ता भर्ती परीक्षा.
31 दिसम्बर—बी.एस.आर.बी. जयपुर (क्लर्क) परीक्षा.
31 दिसम्बर—बी.एस.आर.बी. लखनऊ (क्लर्क) परीक्षा.
31 दिसम्बर—म. प्र. एम. सी. ए. (प्रवेश) परीक्षा.
31 दिसम्बर—म. प्र. एम. बी. ए. (प्रवेश) परीक्षा.

2001

7 जनवरी—बी.एस.आर.बी. (पी.ओ.) परीक्षा, पटना यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया
20-21 जनवरी—एस.एस.सी. संयुक्त (मैट्रिक) मुख्य परीक्षा.
21 जनवरी—म. प्र. प्री. पोस्ट ग्रेजुएट परीक्षा.
21 जनवरी—बी.एस.आर.बी. (पटना) क्लर्क परीक्षा.
28 जनवरी—बी.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय (प्रा.) परीक्षा.
28 जनवरी—बी.एस.आर.बी. (क्लर्क) दिल्ली परीक्षा.
4 फरवरी—बी.एस.आर.बी. (क्लर्क) भुवनेश्वर परीक्षा.
11 फरवरी—म. प्र. प्री. बी. एड. प्रवेश परीक्षा.
11 फरवरी—आर.बी.आई. में (ग्रेड बी) अधिकारी भर्ती (प्रथम चरण)
11 फरवरी—भारतीय स्टेट बैंक पी. ओ परीक्षा
18 फरवरी—संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित रक्षा सेवा (I), 2001
18 फरवरी—रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा (दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम)
25 फरवरी—बी.एस.आर.बी. कलकत्ता (क्लर्क) परीक्षा
25 फरवरी—एस.एस.सी. संयुक्त प्रारम्भिक स्नातक स्तरीय परीक्षा
8 अप्रैल—म. प्र. प्री. पॉलिटेक्निक टेस्ट (PPT).
22 अप्रैल—राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा.
28-29 अप्रैल—म. प्र. पी.ई.टी./पी.ए.टी. परीक्षा
30 अप्रैल-1 मई—म. प्र. प्री. मेडिकल टेस्ट
6 मई—आई आई.टी. संयुक्त प्रवेश (मुख्य) परीक्षा
9-10 मई—रुड़की इंजीनियरिंग (मुख्य) परीक्षा
13 मई—म. प्र. जनरल नर्सिंग ट्रेनिंग परीक्षा
13 मई—एस.एस.सी. संयुक्त प्रारम्भिक मैट्रिक स्तरीय परीक्षा
20 मई—सिविल सेवा (प्रा.) परीक्षा.
27 मई—म. प्र. एल-एल. बी. प्रवेश परीक्षा
16 जून—इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा (तीन दिन)
1 जुलाई—एस.एस.सी. कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक परीक्षा
14 जुलाई—भारतीय वन सेवा परीक्षा (दस दिन)
29 जुलाई—एस.एस.सी. अनुभाग अधिकारी (वाणिज्यिक) परीक्षा
19 अगस्त—सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा.
9 सितम्बर—एस.एस.सी. अनुभाग अधिकारी (लेखा परीक्षा)
16 सितम्बर—राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा.
21-22 सितम्बर—एस.एस.सी. संयुक्त स्नातक स्तरीय (मुख्य) परीक्षा
23 व 30 सितम्बर—एस.एस.सी. संयुक्त स्नातक स्तरीय (मुख्य) परीक्षा
14 अक्टूबर—एस.एस.सी. अन्वेषक भर्ती परीक्षा.
19 अक्टूबर—सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा
25 नवम्बर—स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिसेज परीक्षा.
1-2 दिसम्बर—एस.एस.सी. संयुक्त मैट्रिक स्तरीय (मुख्य) परीक्षा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार संचयिका

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

उपनिषदों का विषय है–
– दर्शन

राजराजा द्वारा बनवाया गया तंजौर का बृहदेश्वर मन्दिर किस देवता को समर्पित है?
– शिव को

वरक किस सम्राट के राज्य वैद्य थे?
– कनिष्क के

मत्त विलास प्रहसन की रचना किस पल्लव शासक ने की थी?
– महेन्द्र वर्मन ने

सुलह कुल' किस मुगल सम्राट ने प्रवर्तित किया था?
– सम्राट अकबर ने

जयचंद और मुहम्मद गोरी के मध्य युद्ध किस स्थान पर हुआ था?
– चन्दावर (इटावा) में

दिल्ली सल्तनत (1206 ई.–1526 ई.) पर कुल कितने वंशों ने शासन किया है?
– पाँच वंशों के शासकों ने

किस मुगल सम्राट ने 1717 ई. में ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी को भारत में कर-मुक्त व्यापार करने का आज्ञापत्र प्रदान किया था?
– फर्रुखसियर ने

ईस्ट इण्डिया कम्पनी का एकाधिकार पूरी तरह से कब समाप्त कर दिया गया था?
– 1858

राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन

कांग्रेस ने असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ करने का निर्णय कब लिया?
– 1920 में

जनरल ओ' डायर की इंगलैण्ड में हत्या करके जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड का बदला किस क्रान्तिकारी ने लिया.
– ऊधम सिंह ने

12. भारत में खिलाफत आन्दोलन के नेता कौन थे?
– मौलाना मुहम्मद अली एवं शौकत अली

13. रोलट एक्ट के विरोध में गांधी जी ने कौनसा आन्दोलन प्रारम्भ किया था?
– असहयोग आन्दोलन

14. 'ठीक उस समय जब जन उत्साह अपनी पराकाष्ठा पर था पीछे हटने का आदेश देना राष्ट्रीय विपत्ति से कुछ कम नहीं था.' असहयोग आन्दोलन के सम्बन्ध में यह विचार किसके थे?
– सुभाष चन्द्र बोस के

15. 1921 में मोपला विद्रोह कहाँ हुआ था?
– मालाबार में

16. साइमन कमीशन के विरोध का प्रमुख कारण क्या था?
– कमीशन के सभी सदस्य अंग्रेज होने के कारण

17. किस मुकदमे के सिलसिले में भगतसिंह का फांसी की सजा दी गई?
– लाहौर षडयंत्र केस में

18. किस ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी को भारत का 'फकीर' कहा था?
– विन्स्टन चर्चिल ने

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

19. संविधान के मूल प्रारूप में राज्यों के चार प्रवर्ग थे. ये प्रवर्ग कब समाप्त कर दिए गए?
– 1956 में

20. भारत की 'सर्वोच्च विधि' है–
– संविधान

21. संविधान की प्रस्तावना में अब तक कितनी बार संशोधन हुआ है?
– एक बार

22. सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की व्यवस्था संविधान के किस भाग में की गई है?
– प्रस्तावना में

23. संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे?
– डॉ. भीमराव अम्बेडकर

24. संविधान में भारत को क्या कहा गया है?
– राज्यों का संघ

25. संविधान का कौनसा भाग संविधान निर्माताओं के मस्तिष्क एवं उद्देश्यों को प्रतिविम्बित करता है?
– भाग IV

26. राज्य पुनर्गठन अधिनियम को संसद में प्रस्तुत करने से पूर्व क्या राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति आवश्यक है?
– हाँ, आवश्यक है

27. संविधान के भाग IV में वर्णित नीति-निर्देशक तत्व किस देश के संविधान से लिए गए है?
– आयरलैण्ड के संविधान से

28. संविधान के किस संशोधन अधिनियम ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों को मौलिक अधिकारों की अपेक्षा अधिक प्रभावशाली बनाया?
– 42वें संशोधन अधिनियम ने

भारत एवं विश्व का भूगोल

29. टूटने वाले तारों से ठोस पदार्थ के जो छोटे-छोटे टुकड़े पृथ्वी पर गिरते हैं उन्हें क्या कहते हैं?
– उल्का

30. उत्तरी अमरीका और दक्षिणी अमरीका के बीच कौनसा स्थल डमरूमध्य (Isthmus) है?
– पनामा

31. संसार का प्रसिद्ध डोनवास कोयला क्षेत्र निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?
– यूक्रेन में

32. डेट्रायट किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?
– मोटर उद्योग के लिए

33. विशाखापत्तनम का मुख्य उद्योग क्या है?
– जलयान उद्योग

34. खड्गवासला किस बड़े नगर के पास है?
– पुणे के

35. चम्बल नदी किसकी सहायक नदी है?
– यमुना नदी की

36. लखनऊ किस नदी के तट पर स्थित है?
– गोमती नदी के तट पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

37. सतलज नदी का उद्गम स्थल कहाँ है?
– राक्षसताल

38. मलेरिया की दवा कुनैन किस वृक्ष से बनाई जाती है?
– सिनकौना से

भारतीय अर्थव्यवस्था

39. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने हाल ही में किस प्रकार के टेलीफोन कॉलों की दरों में भारी कटौती की घोषणा की है?
– एस टी डी और आई एस डी कॉलों की दरों में

40. वर्तमान में वित्त राज्य मंत्री कौन हैं?
– वी. धनंजय कुमार

41. उत्तर प्रदेश सरकार ने किस खाद्यान्न पर प्रवेश कर लगाने का मन बनाने से उसके उत्पादकों ने विरोध स्वरूप एक सितम्बर से बेमियादी हड़ताल का निश्चय किया था?
– चीनी पर

42. जुलाई 2000 में देश के किस स्टॉक एक्सचेज का 125वाँ स्थापना दिवस मनाया गया?
– मुम्बई स्टॉक एक्सचेंज का

43. ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशें किस अवधि के लिए लागू होगी?
– 2000–2005 के लिए

44. ग्यारहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष हैं–
– ए. एम. खुसरो

45. देश भर में मूल्य वर्धित कर प्रणाली (वैट) को लागू करने के लिए अन्तिम समय सीमा घोषित की गई है–
– 1 अप्रैल, 2002

46. नई कृषि नीति में अगले दो दशकों तक कृषि क्षेत्र में हर चार वर्ष में कितनी वृद्धि का लक्ष्य रखा है?
– 4 प्रतिशत

सामान्य विज्ञान

47. ध्रुवों पर नति कोण (Angle of dip) कितना होता है?
– 90°

48. वायुमण्डल का दाब किस उपकरण से नापा जाता है?
– बैरोमीटर से

49. ताप, चालकता और दाब में से किस का प्रभाव ध्वनि की चाल पर नहीं पड़ता है?
– दाब का

50. कापर सल्फेट को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है?
– ब्लू विट्रॉल नाम से

51. उत्प्रेरक (Catalyst) का कार्य है–
– स्वयं बिना बदले रासायनिक अभिक्रिया की दर में परिवर्तन करना

52. समस्थानिक (Isotopes) क्या होते हैं
– समान परमाणु संख्या लेकिन अलग द्रव्यमान संख्या वाले अणु

53. एफ.जी. बैंटिंग की सर्वाधिक महत्वपूर्ण खोज क्या थी?
– इन्सुलिन की खोज

54. राइबोफ्लेविन कौनसा विटामिन है?
– विटामिन–B_2

55. सिरके में कौनसा अम्ल होता है?
– एसीटिक अम्ल

56. हेमाटाइट खनिज से प्राप्त होता है–
– लोहा

खेलकूद

57. पटियाला में स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान का क्या नाम है?
– नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राष्ट्रीय खेल संस्थान

58. शताब्दी ओलम्पिक खेल कहाँ आयोजित हुए थे?
– अटलांटा में

59. ख्यातिनामा बॉक्सिंग खिलाड़ी जॉर्ज फोरमैन किस देश के हैं?
– संयुक्त राज्य अमरीका के

60. AAAA (एशियाई एम्येचोर एथलेटिक एसोसियेशन) के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं–
– सुरेश कलमाडी (भारतीय ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष)

61. अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष कौन हैं?
– जुआन एंटानियो समारांच

62. द. अफ्रीका के किस ऑल राउण्डर क्रिकेट खिलाड़ी का निकनेम 'जूलू' है?
– लांस क्लूजनर का

63. एन. पी. के. साल्वे ट्रॉफी किस खेल से सम्बन्धित है?
– क्रिकेट से

64. भारतीय क्रिकेट [illegible] अध्यक्ष कौन है?

65. आरती रामास्वामी [illegible] उदीयमान खिलाड़ी है?

66. भारत के किस पूर्व [illegible] कीनियाई क्रिकेट टीम [illegible] नियुक्त किया गया है?

विविध

67. विश्व प्रसिद्ध कोहेनूर [illegible] किस देश में है?

68. विश्व में सबसे अधिक [illegible] देश में बनती हैं?

69. गोलगुम्बज कहाँ स्थित है?
– बीजापुर [illegible]

70. भारतीय संसद का पहला [illegible] विपक्षी नेता कौन था?
– [illegible]

71. भारत ने सयुक्त राष्ट्र [illegible] कब ग्रहण की?
– 30 [illegible]

72. बगदाद किस देश की [illegible]

73. भारत फ्रांस से रक्षा [illegible] किसकी खरीद कर रहा है?
– मिराज [illegible]

74. बुकर पुरस्कार किस [illegible] कार्य के लिए प्रदान [illegible]
– [illegible]

75. ईस्टर का त्यौहार [illegible] मनाया जाता है?
– जीजस क्राइस्ट के [illegible] होने के [illegible]

76. सुरक्षा परिषद् के [illegible] किस अवधि के लिए [illegible]
– 2 [illegible]

77. संयुक्त राष्ट्र की [illegible] मुख्यालय कहाँ है?
– [illegible]

78. वर्तमान में केन्द्रीय [illegible]
– [illegible]

79. ऊर्जा मंत्री पी आर [illegible] मृत्यु के सम्बन्ध में [illegible] विवाद के घेरे में आ [illegible]
– [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

95. AIS (Islamic Salvation Army) किस देश से सम्बन्धित है?
– अल्जीरिया से

96. लियानार्डो दा विन्सी एअरपोर्ट कहाँ है?
– रोम (इटली) में

सामयिक घटनाएँ

97. आडिट ब्यूरो ऑफ सरक्युलेशन के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं–
– अरुणपुरी (इण्डिया टुडे समूह के संस्थापक सम्पादक एवं मुख्य कार्यकारी)

98. भारत के वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा को हाल ही में किस महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय समिति का अध्यक्ष बनाया गया है?
– विश्व बैंक तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष विकास समिति का

99. लिब्राहन आयोग किस मामले की जाँच के लिए उ. प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह से पूछताछ करना चाहता है?
– बाबरी मस्जिद को ढहाने के प्रकरण से

100. हाल ही में कश्मीर में जनगणना का विरोध किस की ओर से किया जा रहा है?
– हिजबुल मुजादिहीन की ओर से

101. भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन हाल ही में कहाँ आयोजित किया गया था?
– नागपुर में

102. RUF (Revolutionary United Front) किस देश का विद्रोही संगठन है?
– सियरा लियोन का

103. उत्तर प्रदेश सरकार ने किस विश्व-विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ घोषित कर $1\frac{1}{2}$ करोड़ रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया है?
– हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल) को

104. जुलाई, 2000 में किस हिन्दी समाचार-पत्र ने अपनी स्वर्ण जयन्ती मनाई है?
– नव भारत टाइम्स (बम्बई) ने

105. अपने कार ड्राइवर और क्लीनर पर अमानवीय अत्याचार करने के आरोप में बिहार के किस मंत्री को बर्खास्त तथा राष्ट्रीय जनता दल की प्राथमिक सदस्यता से निकाला गया?
– सहकारिता राज्यमंत्री ललित कुमार यादव को

106. आई. एन.एस. सिन्धु शस्त्र क्या है?
– भारतीय नौ सेना में शामिल रूस में बनी पनडुब्बी

●●●

नवीन प्रकाशन

उपकार

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड

सम्मिलित प्रारम्भिक परीक्षा

मैट्रिक स्तर–ग्रुप-सी

लेखकद्वय : डॉ. सिंह एवं शर्मा
मूल्य : 140·00 रुपए

English Edition :
By : Dr. Singh & Sharma
Price : 135·00

प्रस्तुत पुस्तक को उपकार प्रकाशन ने अपने अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा तैयार कराया है. पुस्तक में पूर्णतः पाठ्यक्रमानुसार अतिविशिष्ट सामग्री को समाहित किया गया है जिसका अध्ययन आपके लिए अत्यन्त लाभदायक सिद्ध होगा.

उपकार प्रकाशन
2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–282 002
फोन : 323966, 323101, 322930; फैक्स : (0562) 323966

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसामयिक महत्वपूर्ण तथ्य

- वी. एस. नॉयपाल का वह अप्रकाशित नया उपन्यास जिसके प्रकाशन के अधिकार रिकाडॉर ने ले लिए हैं.
  – हॉफ ए लाइफ (Half a Life)
- बेल्जियम का वह ग्रुप जो एक चैरिटी संस्था का भाग है और जो विश्व की महिलाओं की सहायता के लिए धन जुटा कर भेजता है–
- वह मुस्लिम आतंकवादी संगठन जिसने अमरीका की नौ सेना के एक विध्वंसक जहाज को पोर्ट ऑफ अदन, यमन में निर्देशित मिसाइल द्वारा 13 अक्टूबर, 2000 ई. को क्षति ग्रस्त कर दिया–
  – 11·11·11·
- मध्य एशिया के वह देश जिन्होंने रूस के साथ मिलकर विश्केक में 11 अक्टूबर को सोवियत संघ के पूर्व देशों की सामूहिक सुरक्षा परिषद् (Collective Security council of the Common wealth of Independent states) की बैठक में एक संयुक्त सैन्य बल गठन हेतु एक प्रस्ताव पारित किया–
  – मोहम्मद आर्मी
  – कजाकस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, बेलारूस, आर्मीनिया
- वह भारतीय कवि जिस पर प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन पोर्ट ऑफ स्पेन में जनवरी 2001 में प्रायोजित किया जा रहा है–
  – कबीर
- वह वर्ष लक्ष्य जो हाल ही में सम्पन्न संयुक्त राष्ट्र मिलेनियम सम्मेलन में गरीबी, एच. आई. वी./एड्स को कम करने तथा सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए निर्धारित किया है–
  – 2015 ई.
- श्रीलंका की वह फैशन डिजाइनर जो अक्टूबर 2000 ई. में नई दिल्ली में आयोजित ब्राइडल एशिया (Bridal Asia) शो में भाग लेने आई थीं–
  – योलान्डा एलुविहरे (Yolanda Aluwihare)
- वह यूरोपीय देश जिसने हाल ही में एक जनमत संग्रह द्वारा कॉमन यूरोपीयन करेंसी, यूरो (Euro) में सम्मिलित होने से मना कर दिया–
  – डेनमार्क
- वह स्थान जहाँ इंटरनेशनल मॉनिटरी फण्ड तथा वर्ल्ड बैंक की वार्षिक बैठक इस वर्ष सम्पन्न हुई जिसके विरोध में प्रदर्शन भी हुए–
  – प्राग (Prague Czech Republic)
- गर्भपात के लिए दी जाने वाली फ्रांस की वह दवा जिसकी अमरीका में बिक्री की अनुमति दे दी गई है तथा यह दवा वहाँ के राष्ट्रपति के चुनाव में एक विवाद का विषय भी बनी हुई है–
  – आर. यू. 486 (RU-486)
- क्यूबा के वह प्रसिद्ध विद्रोही कवि जिन्हें अपने विचारों के कारण अपना देश छोड़ना पडा तथा जिनकी अभी हाल ही में मृत्यु हो गई–
  – हेबेर्टो पैडिल्ला (Heberto Padilla)
- वह देश जिसने जनसंख्या नियन्त्रण के लिए चलाई गई 'एक सन्तान' (One Child) नीति की 25 सितम्बर, 2000 ई. को 20वीं वर्षगाँठ मनाई–
  – चीन
- वह पुस्तक जिसमें पूर्व राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने अपने संस्मरण लिखकर प्रकाशित किए हैं–
  – डी. प्रेसीडेंशियल मैराथन
- वह पुस्तक जिसे नेहरू परिवार के सदस्य फिरोज वरुण गांधी ने लिखा है–
  – द अदरनेस ऑफ सेल्फ
- महिला एवं बाल विकास विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2001 को घोषित किया है–
  – 'महिला शक्ति सम्पन्नता वर्ष'
- वह भारतीय जो अक्टूबर 2000 ई. में जोधपुर में आयोजित ग्रेसिम मिस्टर इंटरनेशनल चुने गए–
  – आर्यन बैद
- ब्रिटेन की वह विदेशी गुप्तचर सेवा जिसके लन्दन स्थित भवन को प्रक्षेपास्त्र से सितम्बर 2000 ई. में क्षतिग्रस्त किया गया–
  – एम. आई. 6
- वह क्रिकेट खिलाड़ी जो अक्टूबर 2000 ई. में नैरोबी में सम्पन्न हुए 11 देशों के आई. सी. सी. नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेन्ट में भारतीय टीम का कप्तान था–
  – सौरभ गांगुली
- वह महिला टेनिस खिलाड़ी जिसने इस वर्ष यू. एस. ओपन, विम्बलडन और सिडनी ओलम्पिक में महिला एकल का खिताब जीता–
  – वीनस विलियम्स
- वह स्थान जहाँ पर इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स द्वारा इण्डियन एस्ट्रोनॉमीकल ऑब्जर्वेटरी नाम की वेधशाला स्थापित की है, जोकि विश्व में सर्वाधिक ऊँचाई पर स्थित वेधशाला है–
  – हानले (लद्दाख)
- भारत का वह राज्य जहाँ अभी हाल ही में डायनासोर के 6.5 करोड़ वर्ष पुराने अंडे बाग गाँव में मिले हैं–
  – मध्य प्रदेश (धार जिले में)
- वह फिल्म जिसे भारतीय मूल के तरसेम सिंह ने अमरीका में स्वयं द्वारा लिखित कहानी पर बनाया है–
  – द सेल
- वह योजना जो नहरों एवं अन्य लघु सिंचाई प्रणालियों का पूरा लाभ किसानों तक पहुँचाने के उद्देश्य से उड़ीसा में सितम्बर 2000 ई. में प्रारम्भ की गई है–
  – पानी पंचायत
- राजस्थान की वह विश्व प्रसिद्ध हवेली जिसे इस वर्ष इमारतों के रख-रखाव एवं संरक्षण के लिए यूनेस्को ने एशिया प्रशान्त विरासत-2000 का पुरस्कार प्रदान किया है–
  – चंवर पालकी वालों की हवेली (आमेर)
- महात्मा गांधी द्वारा दक्षिण अफ्रीका में निकाला गया वह अखबार जिसके पुनः प्रारम्भ होने का समाचार अक्टूबर 2000 ई. में छपा है–
  – इण्डियन ओपीनियन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शाहजहाँ

जासफ खाँ के निर्देश पर मलिक अंबर
ने पुत्र फतेह खाँ ने अपने मालिक
निजाम की हत्या कर दी.

निजाम की हत्या से शाहजी रुष्ट हो
गए. शाहजी ने अपनी सेवाएं बीजापुर के
शासक को उपलब्ध कराईं और फतेह
खाँ से दौलताबाद लेने का वादा किया.

बीजापुर से खतरे का अंदेशा होने की
वजह से फतेह खाँ मुगलों की सेवा में
चला गया. उसने दौलताबाद का किला
मुगलों को देने का वादा किया.

बीजापुर की सेना का फतेह खाँ और
मुगलों की सम्मिलित सेना से युद्ध
हुआ. बीजापुर की सेना महाबत खाँ के
हाथों पराजित हुई

बीजापुर के सेनापति रनदौला खाँ ने
फतेह खाँ को घूस देकर मुगलों से
अलग कर दिया.

अब महाबत खाँ ने 1633 ई. में
दौलताबाद के किले को साढ़े तीन
महीने के घेरे के बाद जीत लिया.

फतेह खाँ और अहमदनगर के हुसैन
निजाम शाह को दिल्ली दरबार में भेज
दिया गया.

हुसैन निजाम शाह को ग्वालियर की
जेल भेज दिया गया, जबकि फतेह खाँ
को पेंशन देकर लाहौर में रखा गया.

यद्यपि दौलताबाद के किले पर मुगलों
का अधिकार हो गया था, लेकिन
अहमदनगर के अनेक भाग जैसे
कल्याघाट आदि निजाम के समर्थक थे.
अत: निजाम को शाहजी ने गद्दी पर
बैठाया था.

महाबत खाँ ने परेंदा को जीतने का
प्रयास किया, परन्तु शाहजी के समक्ष
वह सफल न हो सका.

शाहजहाँ ने शुजा को दक्खन अभियान
का प्रधान सेनापति नियुक्त किया था.

महाबत खाँ की अक्टूबर 1634 ई. में
मृत्यु हो गई.

1636 ई. में शाहजहाँ ने पुन: दक्खन
के अभियान बीजापुर और गोलकुण्डा
जीतने के लिए शुरू किया.

शाहजहाँ ने पहले तो बातचीत से ही
बीजापुर के सुल्तान को समर्पण कराने
का प्रयास किया, पर सफल न होने
पर आक्रमण कर संधि करने पर
मजबूर कर दिया.

- बीजापुर ने मुगलों की प्रभुसत्ता स्वीकार की और 20 हजार रुपए सालाना देने का वादा किया.
- इस संधि के फलस्वरूप बीजापुर और गोलकुण्डा की सीमाएं निश्चित हो गईं एवं परेंदा तथा कोंकण बीजापुर की सीमा में आ गए.
- बीजापुर को बाध्य होना पड़ा कि अगर शाहजी जुन्नार और ट्रिंबक का क्षेत्र मुगलों को नहीं सौंपते तो वह शाहजी के विरुद्ध मुगलों की सहायता करेगा.
- यह संधि 1636 ई. से 1656 ई. तक प्रभावी रही.
- जिस समय शाहजहाँ ने अपने पिता के विरुद्ध विद्रोह किया था उस समय गोलकुण्डा ने शाहजहाँ के प्रति दोस्ताना व्यवहार प्रदर्शित किया था.
- 1631 ई. में जिस समय शाहजहाँ ने खान जहान लोदी के विद्रोह को दबाने के लिए दक्खन में प्रवेश किया था. गोलकुण्डा के नए सुल्तान अब्दुल्लाह कुतुबशाह ने उसे भेंट पेश की.
- शाहजहाँ ने अब्दुल्लाह कुतुबशाह से शिया धर्म छोड़ने और खुतबे में से ईरान के शाह का नाम हटाने के लिए कहा.
- सुल्तान ने खुतबे में शाहजहाँ का नाम लिखवा दिया तब मुगल सेनाएँ वापस हुईं.

शाहजहाँ और अब्दुल्लाह कुतुबशाह के बीच हुई संधि की शर्तें

1. *खुतबे में से शिया संप्रदाय के सभी तत्व त्याग दिए जाएंगे.*
2. *शाहजहाँ का नाम खुतबे और सिक्कों पर लिखा जाएगा.*
3. *सुल्तान मुगलों को दो लाख हून या छः लाख रुपया सालाना देगा.*
4. *सुल्तान बीजापुर के विरुद्ध मुगलों को सहायता देगा.*

- शाहजहाँ ने खान जमन को शाहजी के विरुद्ध भेज़ा जो असफल रहा.
- शायस्ता खाँ को अहमदनगर के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों को जीतने के लिए भेजा. शायस्ता खाँ अपने अभियान में सफल रहा.
- बाद में बीजापुर के समक्ष शाहजी को झुकना पड़ा और उन्होंने जुन्नार का किला मुगलों को सौंप दिया.
- शाहजी ने बीजापुर की सेवा स्वीकार कर ली.
- 1638 ई. में कांधार के ईरानी सूबेदार अलीमर्दान खाँ के ईरान के शाह से सम्बन्ध बिगड़ गए और वह काबुल के मुगल सूबेदार के माध्यम से मुगलों की सेवा में आ गया.
- अब कांधार के सिक्कों और खुतबे पर शाहजहाँ का नाम लिखवाया जाने लगा.
- बाद में अली मर्दान खाँ को कश्मीर का सूबेदार नियुक्त कर दिया.
- 1634 ई. में शाहजहाँ ने बाल्टिस्तान या तिब्बत पर आक्रमण किया. उस समय तिब्बत का शासक अब्दल था. तीन अभियानों के पश्चात् तिब्बत पूरी तरह मुगलों के नियंत्रण में आया.
- 1637 ई. में बागलान (वर्तमान नासिक का क्षेत्र) जीत लिया गया.
- कांगड़ा के शासक जगत सिंह को 1642 ई. में मुगलों ने अपने अधीन किया.
- 1642 ई. में ही मुगल सेनापति अब्दुल्लाह खाँ ने चंपत राय को मुगलों की अधीनता स्वीकार करने के लिए मजबूर किया.
- चंपतराय के अधीनता स्वीकार करने से पहले मुगलों ने उसके पुत्र पृथ्वीराज को बंदी बना लिया था.
- 1643 ई. में मालवा के गौंड और भीलों का विद्रोह हुआ, जिसे शीघ्र ही दबा दिया गया.
- शाहजहाँ के समकालीन समरकंद का शासक इमाम कुली था. उसकी निगाह काबुल पर टिकी हुई थीं.
- शाहजहाँ के बादशाह बनने के कुछ समय बाद ही समय का लाभ उठाते हुए इमाम कुली के भाई नजर मुहम्मद ने 1628 ई. में काबुल पर आक्रमण कर दिया, पर उसे शीघ्र ही वापस लौटना पड़ा.
- 1629 ई. में नजर मुहम्मद ने काबुल पर पुनः आक्रमण किया और बामियान पर कब्जा कर लिया.
- 1639 ई. में शाहजहाँ ने समरकंद पर आक्रमण किया, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उसे वापस लौटना पड़ा.
- शाहजहाँ ने मुराद के नेतृत्व में दूसरा अभियान भेजा. जून के मध्य तक शहजादा मुराद ने नारिन और कुंदूज पर अधिकार कर लिया.

शेष पृष्ठ 750 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डेयरी उद्योग के विकास में श्वेत क्रान्ति की भूमिका

✍ डॉ. गणेश कुमार पाठक

भारत में पशुपालन प्राचीनकाल से ही प्रचलित एवं विकसित रहा है और कहा भी जाता है कि 'भारत में दूध की नदियाँ बहती थीं' अर्थात् इतना दूध उत्पन्न होता था कि सबकी आवश्यकताओं की पूर्ति सुगमता से हो जाती थी. आज भी विश्व की सबसे अधिक पशु संख्या भारत में ही है. भारत में 1992 में 2045 लाख से अधिक गाएं एवं 842 लाख से अधिक भैंसें पाली जाती हैं, जिसके बल पर हमारा डेयरी उद्योग पुष्पित-पल्वित हो रहा है. जिससे करोड़ों भारतीय कृषकों को सहायता एवं रोजगार मिल रहा है.

यद्यपि अपने देश में पशुसंख्या विश्व में सबसे अधिक है, किन्तु दुग्ध का उत्पादन अपेक्षा से कम होता है, हालांकि दुग्ध उत्पादन में विश्व में भारत का प्रथम स्थान हो गया है. इसके बावजूद भी प्रत्येक भारतीय को प्रतिदिन 211 ग्राम दूध ही प्राप्त होता है, जबकि वैज्ञानिकों के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 280 ग्राम दूध आवश्यक होता है. देश में प्रति व्यक्ति कम दूध प्राप्ति का मुख्य कारण देश की बढ़ती हुई जनसंख्या एवं प्रति पशु दुग्ध का उत्पादन कम होना है. दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से ही 'श्वेत क्रान्ति' योजना का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ किया गया.

सन् 1965 ई. में देश में 'राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड' (एन. डी. डी. बी.) एवं सन् 1970 में 'भारतीय डेयरी निगम' (आई. डी. सी.) की स्थापना की गई, ताकि देश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाया जा सके. इन दोनों संस्थाओं का अध्यक्ष डॉ. बर्गीज कुरियन को बनाया गया. इन्हीं संस्थाओं के माध्यम से भारतवर्ष में श्वेत क्रान्ति (White revolution) का बीजारोपण हुआ.

डेयरी उद्योग के विकास के लिए 'श्वेत क्रान्ति' को सफल बनाने हेतु निम्नलिखित प्रयास किए गए–

1. दुग्ध विकास परियोजना (प्रथम)– इसको 'ऑपरेशन फ्लड-I' भी कहा जाता है. इस योजना का शुभारम्भ वर्ष 1970 में 10 राज्यों में किया गया. यह योजना वर्ष 1981 में समाप्त हो गई. इस योजना के तहत दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से 116·6 करोड़ रुपए के निवेश से मुम्बई, दिल्ली, चेन्नई एवं कलकत्ता में चार डेरियाँ स्थापित की गईं, 7730 गाँवों में तकनीकी निवेश कार्यक्रम चलाया गया तथा 18 सहकारी संघों की स्थापना की गई.

2. दुग्ध विकास परियोजना (द्वितीय)– सन् 1978 में सात वर्षों की अवधि के लिए यह योजना प्रारम्भ की गई, जिसे 'ऑपरेशन फ्लड-II' भी कहा जाता है. यह परियोजना सन् 1985 में समाप्त हो गई. इस योजना के अन्तर्गत एक राष्ट्रीय दुग्ध ग्रिड (National milk grid) का निर्माण किया गया, जिसके तहत एक करोड़ ग्रामीण दुग्धशालाओं को उपभोक्ता केन्द्रों से जोड़ा गया. श्वेत क्रान्ति को देश के 10 राज्यों उ.प्र., पंजाब, राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, म. प्र., आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा, पं. बंगाल एवं महाराष्ट्र में फैलाया गया.

3. दुग्ध विकास परियोजना (तृतीय)– यह दुग्ध विकास परियोजना का तीसरा चरण है, जिसे 'ऑपरेशन फ्लड-III' भी कहा जाता है. यह योजना 1988 से 1994 की अवधि तक के लिए लागू की गई. इसके तहत मार्च 1988 तक ही 50 लाख 70 हजार किसान परिवार इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आ चुके थे एवं 49,000 डेयरी सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका था. देश के 168 क्षेत्रों से भी अधिक दुग्ध उत्पादक क्षेत्रों में स्थित इन सहकारी समितियों से औसत रूप से प्रतिदिन लगभग 83 लाख लिटर दूध का क्रय किया जाता था.

ऑपरेशन फ्लड परियोजना की सबसे बड़ी उपलब्धि एक राष्ट्रीय दुग्ध ग्रिड का निर्माण रहा है. इस ग्रिड के अस्तित्व में आ जाने से दुग्ध संग्रह एवं वितरण के कार्य में क्षेत्रीय असमानताएं समाप्त हो गईं. इस योजना के अन्तर्गत 91 लाख किसानों के परिवार 71,800 से अधिक सहकारी संस्थाओं के सदस्य बनकर लाभ उठा रहे हैं.

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा क्षेत्रीय प्रदर्शन तथा प्रशिक्षण केन्द्रों में ऑपरेशन फ्लड को लागू करने वाली विभिन्न एजेन्सियों के कर्मचारियों एवं कृषकों के प्रशिक्षण हेतु सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं.

उपर्युक्त तीनों दुग्ध विकास परियोजनाओं के तहत प्रति पशु दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हुई, संसाधित दुग्ध की मात्रा एवं उसके विपणन में वृद्धि हुई, सहकारी दुग्ध समितियों की संख्या में वृद्धि करके अधिक दुग्ध उत्पादकों को सहकारी तंत्र से जोड़ा गया. प्रतिव्यक्ति दुग्ध की उपलब्धता में वृद्धि हुई, डेयरी अनुसंधान को बढ़ावा मिला एवं ग्रामीणों को अतिरिक्त आय एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए.

दुग्ध विकास परियोजनाओं में हुई प्रगति का विवरण तालिका-1 से स्पष्ट है–

तालिका-1

दुग्ध विकास परियोजना के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरणों का तुलनात्मक विवेचन

मद	ऑपरेशन फ्लड प्रथम योजना	द्वितीय योजना	तृतीय योजना
व्यय (मिलियन रुपयों में)	1,165·40	2,771·70	9,150·00
ग्रामीण सहकारी समितियाँ (हजारों में)	13.27	34.52	70.00
ग्रामीण परिवार सम्मिलित (मिलियन)	1·75	3·63	7·00
परिवारों की संख्या प्रति सहकारी समिति	131·88	105·15	100·04
औसत दुग्ध प्राप्ति (मिलियन लिटर प्रतिदिन)	2·66	7·33	9·82
दुग्ध पाउडर उत्पादन (टन प्रतिदिन)	340·00	507·00	663·00
दुग्ध विपणन			
(i) ग्रामीण (मिलियन लिटर प्रतिदिन)	0·61	2·06	7·30
(ii) महानगर (मिलियन लिटर प्रतिदिन)	2·18	2·95	

डेयरी उद्योग के विकास हेतु 'श्वेत क्रान्ति' योजना के अन्तर्गत निम्नांकित कार्यक्रमों को भी संचालित किया जा रहा है–

* विभिन्न केन्द्रों पर आधुनिक डेरियों की स्थापना की गई दुग्ध पदार्थों के उत्पादन हेतु अमृतसर, आनन्द, मेहसाना एवं राजकोट में कारखानों की स्थापना की गई.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* विश्व बैंक की सहायता से ...स्थान, मध्य प्रदेश एवं कर्नाटक में पशु ...विकास परियोजनाएं चलाई जा रही हैं ...के तहत दुग्ध उत्पादन का लक्ष्य 1984-...में 3·5 करोड़ टन से बढ़कर 1991-92 ...लिए 5·8 करोड़ टन निर्धारित किया गया ...और इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया

* डेयरी उद्योग के सफल संचालन हेतु ...तक देश में 190 से भी अधिक दुग्ध ...की स्थापना की जा चुकी है, जिनमें ...तरल दुग्ध संयंत्र 30 दुग्ध उत्पादक ...खाने तथा 66 प्रायोगिक दुग्ध परियोज-...एवं ग्रामीण डेरियाँ कार्यरत हैं.

* **नस्ल सुधार कार्यक्रम** के अन्तर्गत ...की नस्ल के सांड तैयार करने हेतु एक ...य ग्राम योजना (Key Village ...cheme) प्रारम्भ की गई, जिसके तहत ...में 625 केन्द्रीय ग्रामीण खंड कार्यरत हैं. ...समय देश में 500 क्षेत्रीय कृत्रिम ...धान केन्द्रों के साथ 1000 से अधिक ...केन्द्र भी कार्यरत हैं. इन केन्द्रों एवं ...केन्द्रों का मुख्य कार्य पशुओं के नस्ल में ...सुधार करना है, ताकि अधिक-से-अधिक ...की प्राप्ति की जा सके.

* पशुओं को रोगों से बचाने हेतु देश ...में लगभग 11,200 पशु चिकित्सालयों ...45 सचल दवा केन्द्रों की व्यवस्था की ...है. पशु रोगों के दवाइयों के उत्पादन में ...वृद्धि की जा रही है.

* उन्नत चारे की व्यवस्था हेतु चारा ...न्द्रों एवं चारा बैंकों की स्थापना पर भी ...विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि पशुओं ...को प्रत्येक समय उत्तम प्रकार का चारा ...उपलब्ध हो सके.

मुम्बई की एक बीमा कम्पनी द्वारा ...महाराष्ट्र एवं गुजरात में दूध देने वाले एवं ...दूध देने वाले पशुओं का बीमा करने की ...वैज्ञानिक योजना प्रारम्भ की गई है, जिसका ...अनुकरण कर अब अन्य बीमा कम्पनियों ...द्वारा भी किया जा रहा है.

* वर्तमान समय में अनेक राष्ट्रीयकृत ...बैंक किसानों को अच्छी नस्ल की गाय एवं ...भैंसों को क्रय करने हेतु **ऋण** की सुविधा ...उपलब्ध करा रहे हैं लघु किसान विकास ...एजेंसियाँ भी इस कार्य के लिए वित्तीय ...सहायता प्रदान कर रही हैं जिससे ग्रामीण ...क्षेत्रों के गरीब भी इसका लाभ उठाकर ...दुग्ध उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण ...भूमिका निभा रहे हैं.

* भारत में डेयरी उद्योग निरन्तर प्रगति ...को प्राप्त होता रहे, इसके लिए टेक्नोलॉजी ...मिशन भी प्रारम्भ किया गया है. इसका ...मुख्य उद्देश्य ग्रामीण रोजगार एवं आय के ...अवसर बढ़ाने में डेयरी उद्योग की क्षमता ...का उपयोग करना है. इस मिशन के द्वारा गुजरात की आनन्द पद्धति के आधार पर देश में सहकारी समितियों को विस्तारित करने में विशेष सहयोग प्रदान किया है. इसके लिए राज्य स्तरीय समन्वय समितियाँ भी बनाई गई हैं.

* डेयरी उद्योग में सतत् विकास हेतु विभिन्न अनुसंधान संस्थान स्थापित किए गए हैं, जिनमें प्रमुख निम्नलिखित हैं–

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली.
- वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली.
- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आनन्द, गुजरात.
- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा.
- भारतीय पशु विज्ञान अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली.
- केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, हिसार, हरियाणा.
- केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, उ. प्र.
- केन्द्रीय पशु आनुवंशिकी संस्थान, करनाल, हरियाणा.
- भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झाँसी.
- विभिन्न कृषि विश्वविद्यालय एवं उनके संस्थान.
- विभिन्न कृषि महाविद्यालय एवं उनके संस्थान.

उपर्युक्त संस्थानों के अतिरिक्त देश में अनेक पशु महाविद्यालय भी स्थापित हैं. इन संस्थानों को सुदृढ़ आधार प्रदान करने एवं प्रगति हेतु निरन्तर शोध कार्य एवं परियोजनाएं चलती रहती हैं, जिससे डेयरी उद्योग में पर्याप्त विकास हुआ है. हालांकि भारत में स्वतन्त्रता के पश्चात् दुग्ध उत्पादन में निरन्तर प्रगति होती रही है, लेकिन वर्ष 1970 में 'श्वेत क्रान्ति' योजना लागू होने के पश्चात् दुग्ध उत्पादन में विशेष प्रगति हुई. श्वेत क्रान्ति के पूर्व यह 22·50 मिलियन टन, श्वेत क्रान्ति (प्रथम) की समाप्ति पर 34·3 मिलियन टन, श्वेत क्रान्ति (द्वितीय) की समाप्ति पर 41·5 मिलियन टन, श्वेत क्रान्ति (तृतीय) की समाप्ति पर 65·0 मिलियन टन एवं वर्ष 1998-99 में 74·7 मिलियन टन है (तालिका-2).

तालिका-2

भारत में दुग्ध उत्पादन में प्रगति

वर्ष		दुग्ध उत्पादन (मिलियन टन में)
1950-51	—	17·00
1960-61	—	20·00
1971-72	—	22·50
1980-81	—	31·60
1981-82	—	34·3
1982-83	—	35·8
1983-84	—	38·8
1984-85	—	41·5
1985-86	—	44·0
1986-87	—	46·1
1987-88	—	46·7
1988-89	—	48·4
1989-90	—	51·4
1990-91	—	53·9
1991-92	—	55.7
1992-93	—	58·0
1994-95	—	64·0
1995-96	—	66·2
1996-97	—	69.1
1997-98	—	70.8
1998-99	—	74.7
1999-2000 (लक्ष्य)	—	78.1

स्रोत : भारत सरकार (1999-2000) वार्षिक रिपोर्ट पशुपालन एवं दुग्ध विभाग, कृषि मंत्रालय.

वर्तमान समय में भारत में प्रतिवर्ष दुग्ध उत्पादन में 5·5 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है. यदि आगामी वर्षों में यही वृद्धि दर बनी रही तो वर्ष 2020 तक भारत में 22 से 25 करोड़ टन दुग्ध का उत्पादन होगा, जबकि उक्त अवधि तक विश्व में दुग्ध का उत्पादन 62 से 65 करोड़ टन होने का अनुमान लगाया गया है. इस तरह वर्ष 2020 तक भारत विश्व का एक तिहाई दुग्ध-उत्पन्न करने लगेगा, जबकि वर्तमान समय में विश्व दुग्ध उत्पादन में भारत का हिस्सा मात्र 15 प्रतिशत ही है.

स्वाभाविक है कि दुग्ध का उत्पादन तभी बढ़ेगा जब उसके लिए उन्नत नस्ल के पशुओं की संख्या भी बढ़े. वर्तमान समय में भारत में लगभग 27·2 करोड़ पशु हैं, जबकि विश्व में पशुओं की कुल संख्या 142 करोड़ है. इस प्रकार वर्तमान समय में विश्व की 19 प्रतिशत पशु आबादी एवं 50 प्रतिशत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से अधिक भैंसें भारत में ही हैं. वर्ष 2020 तक अनुमान है कि विश्व में पशुओं की संख्या बढ़कर 147·1 करोड़ हो जाएगी, जिसमें से 33·2 करोड़ पशु भारत में होंगे. इस तरह वर्ष 2020 तक विश्व के 22·57 प्रतिशत पशु भारत में होंगे.

भारत में दुग्ध उत्पादन का क्षेत्रीय विवरण

भारत के विभिन्न राज्यों में दुग्ध का उत्पादन भिन्न-भिन्न मात्रा में होता है. दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश का प्रथम, पंजाब का द्वितीय एवं राजस्थान का तृतीय स्थान है. जहाँ क्रमशः 11,321, 6,215 एवं 5,103 हजार टन दुग्ध का उत्पादन किया जाता है. इन राज्यों में दुग्ध उत्पादन की वार्षिक वृद्धि दर क्रमशः 4·1 प्रतिशत, 4·7 प्रतिशत एवं 2·9 प्रतिशत है. सबसे अधिक वार्षिक उत्पादन वृद्धि दर 11·3 प्रतिशत पं. बंगाल में है, जबकि समस्त भारत की औसत वार्षिक वृद्धि दर 5·5 प्रतिशत है (तालिका-3).

उपर्युक्त तथ्यों के अवलोकन से स्पष्ट है कि भारत में डेयरी उद्योग का पर्याप्त विकास हुआ है तथा आगे भी इस उद्योग में विकास की पर्याप्त सम्भावनाएं विद्यमान हैं, किन्तु वर्तमान समय में भारतीय डेयरी उद्योग में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के प्रवेश की जो सम्भावनाएं बढ़ रही हैं. उसे भी नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि इनके चलते तो हमारी सम्पूर्ण जैव विविधता ही प्रभावित होगी, मात्र डेयरी उद्योग की बात कौन करे? इसके बावजूद भी भारत में डेयरी उद्योग का भविष्य उज्जवल है और यदि इसी तरह विकास होता रहा तो वह दिन दूर नहीं, जब भारत में फिर से दूध की नदियाँ बहने लगेगीं अर्थात् सबको पर्याप्त मात्रा में दूध सुगमता से उपलब्ध हो सकेगा. यही नहीं डेयरी उद्योग रोजगार का सुअवसर उपलब्ध कराकर बेरोजगारी को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और ग्रामीण विकास का सशक्त माध्यम सिद्ध होगा.

तालिका -3
भारत के विभिन्न राज्यों में दुग्ध का उत्पादन

राज्य	दुग्ध उत्पादन (हजार टन में)	वार्षिक वृद्धि दर (प्रतिशत में)
उत्तर प्रदेश	11,321	4·1
पंजाब	6,215	4·7
राजस्थान	5,103	2·9
मध्य प्रदेश	5,048	6·8
महाराष्ट्र	4,812	5·1
गुजरात	4,459	3·7
तमिलनाडु	3,695	7·8
आंध्र प्रदेश	4,221	6·3
हरियाणा	4,062	4·0
प. बंगाल	3,250	11·3
बिहार	3,250	2·6
कर्नाटक	3,003	7·2
केरल	2,118	10·5
असम	698	9·2
उड़ीसा	584	1·0

Source— Deptt. of A.H. & Dairying, Ministry of Agric.

नवीन प्रस्तुति

उपकार

पॉपूलर

हिन्दी निबन्ध

लेखक : डॉ. राजेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी

मूल्य : 35 रुपए

विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के प्रतियोगियों के लिए उपर्युक्त पुस्तक को प्रकाशित किया गया है. इस पुस्तक में परीक्षा की दृष्टि से बहुपयोगी निबन्धों का प्रकाशन किया गया है जो परीक्षार्थियों के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे.

सभी पुस्तक विक्रेताओं के पास उपलब्ध अथवा 25 रुपए का मनीऑर्डर निम्नलिखित पते पर सीधे भेजकर पुस्तक वी.पी.पी. द्वारा प्राप्त करें–

उपकार प्रकाशन

2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

फोन : 323966, 323101, 322930

e-mail : upkar @nde.vsnl.net.in

Now there is no need to make notes 'n' files.

This is a complete Pre-Medical Magazine to go miles.



A SPECIALIZED MAGAZINE FOR MEDICAL ENTRANCE

& 10+2 EXAMS.

Solved Papers

BCECE (Re), 2000
BIT MESRA, 2000
AP, EAMCET, 2000
& Typical Model Papers

COMPETITION SCIENCE VISION

APPROACH CSV/12.2000

Pratiyogita Darpan: 2/11A, Swadeshi Bima Nagar, Agra-282 002 e-mail: upkar@nde.vsnl.net.in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतियोगिता के लिए : प्रेरणा और व्यक्तित्व

✍ नारायण सिंह गड़ाकोटी 'सागर'

जीवन का हर पहलू आज प्रतियोगिता
ुका है, चाहे उसका क्षेत्र कुछ भी हो.
ोगिता के लिए विश्वविद्यालयी या स्कूल
मात्र योग्यता बनकर रह गई रिक्तियाँ
हैं. आवेदकों की संख्या अधिक. ऐसे में
पदों पर उसकी ही पूर्ति होगी, जो
च्छ होगा. कहते हैं सबसे ऊँचा स्थान
ी रहता है. किसी विद्वान् ने कहा है—
here is always room at the top.''
ंत सबसे ऊपर चोटी पर सदैव स्थान
ता है.)

सफलता = 1% प्रेरणा + 9% व्यक्तित्व + 90 परिश्रम

सफलता के लिए इन बातों का काफी
व है जिन्होंने इन बातों पर सही तरीके
उपयोग किया उनकी सफलता निश्चित है.
ये हमारे लिए क्यों आवश्यक है? इसकी
ा करें—

ना (Motivation)

जीवन के हर कार्य उनका कार्य क्षेत्र
का स्वरूप कुछ भी हो उनके पीछे एक
ुप्त शक्ति होती है, जिसे प्रेरणा कहते
रणा हर मनुष्य को कुछ-न-कुछ करने
लिए प्रेरित करती है. एक बार की बात
ब जमशेदजी टाटा विदेश में पढ़ते थे
समय वहाँ एक कवि सम्मेलन चल रहा
उसमें वे भी उपस्थित थे. एक कवि
ुख ने कहा कि "जिस देश का लोहे पर
ुत्व हो गया समझो उस देश का नियंत्रण
र पर अपने आप हो जाएगा." इसी छोटी
ात से प्रेरणा लेकर टाटा जी घर आए
जमशेदपुर में कारखाना खोला, जो
ा बड़ा है. इन्हीं छोटी-छोटी बातों से प्रेरणा
र इन्सान हर कोई कार्य करता है.
को कार्यान्वित करने के लिए इच्छा
ी, तीव्र इच्छा की आवश्यकता होती है.

इच्छा शक्ति (Strong will power)

"दुनिया में हर एक आदमी विजयी
ी सकता. विजयी वही होता है, जो
ी होने की दृढ़ इच्छा रखता है."
ी भी कार्य में विजयी होने के लिए
का होना आवश्यक है, इच्छा शक्ति
त्व में वह कुछ नहीं कर सकता है.
गिता परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए
ी इच्छा शक्ति, अतिशयोक्तिपूर्ण न हो
आपकी मस्तिष्क क्षमता या शारीरिक क्षमता, अध्ययन स्तर, उम्र-सीमा, शैक्षणिक योग्यता विशेष रूप से सिविल सेवा की प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए आवश्यक रूप से होनी चाहिए. यदि बढ़ने की इच्छा रखते हो, तो **"कैसा भी छोटा मौका मिले उसे हाथ से जाने न दीजिए, बढ़ना ही चाहते हो, तो नीचे से प्रारम्भ करो."** इच्छा के लिए हठवादी प्रवृत्ति को छोड़ दीजिए मन की सामान्य प्रवृत्ति के अनुसार कार्य करना या निर्णय लेना अधिक व्यावहारिक है.

आत्मविश्वास (Confidence)

किसी भी प्रतियोगिता की तैयारी के समय आपके अन्दर एक आत्मविश्वास नामक शक्ति होनी चाहिए, जो आपको उत्साह (Zeal) प्रदान करती रहेगी. **"जीवन को परम-शक्ति सम्पन्न बनाने के लिए आवश्यकता आत्म-ज्ञान, आत्म-संयम से पहले आत्मविश्वास की है."** अपने आपको शक्ति सम्पन्न बनाने के लिए आत्मविश्वासी होना आवश्यक है. डॉ. सैम्युअल जॉनसन ने आत्मविश्वास के महत्व में लिखा है–**"महान् कार्यों के लिए पहली आवश्यकता है–आत्मविश्वास की. आत्मविश्वास के अभाव में कोई भी व्यक्ति किसी काम को अपने हाथ में नहीं ले सकता है उसके सम्पन्न करने का तो प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है."** आत्म-विश्वास प्रत्येक कठिनाई एवं बाधा को चुनौती के रूप में स्वीकार करता है. आत्म-विश्वास के अभाव में व्यक्ति छोटा-से-छोटा कार्य करते हुए भी डरता है, परन्तु जब उसका आत्मविश्वास उसे चुनौती के रूप में स्वीकार करना चाहता है, तो उसको कार्य सम्पन्न करने के उपाय भी सूझ जाते हैं. आत्म-विश्वास बढ़ाने की विधि यह है कि जिस कार्य को करने में तुम्हें डर लगता है पहले उसी कार्य को करो. **"कौन कहता है कि आसमाँ में सुराख हो नहीं सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो."** आत्म-विश्वासी होना तो सफलता की कुंजी है, परन्तु वास्तविकता से अति आत्मविश्वासी होना हानिकारक है.

परिश्रम या संघर्ष (Labour or Struggle)

कोई इच्छित निर्णय लेने के बाद आप उस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए पुस्तकों, पत्रिकाओं की खरीददारी करें. किसी विद्वान् ने लिखा है कि **"कार्य की शुरूआत ही विजय यात्रा का शुभारम्भ है."** किसी भय और हिचकिचाहट को छोड़कर प्रतियोगिता की तैयारी करें. याद रखें बिना परिश्रम के सफलता की कल्पना नहीं की जा सकती. कोई भी परिश्रम नियोजित होना चाहिए, अत्यधिक परिश्रमी न बनें. इससे आप बीमार भी हो सकते हैं. अपने मन के इस भ्रम को छोड़ें कि अत्यधिक परिश्रमी ही सफल होते हैं. सिर्फ एकाग्र मन से निरन्तर प्रयास के साथ परिश्रम करें, सफलता का छोटा रास्ता (Short-cut) न अपनाएं, क्योंकि सब जानते हैं, **"सफलता का कोई रहस्य नहीं हैं, यह अधिक परिश्रम चाहती है."** परिश्रम के अन्तर्गत खाली कोरा कागज घिसने से कोई फायदा नहीं, स्मृति चाहिए याद किया जाना चाहिए. स्मृति के महत्व के बारे में लिखा है **"याद है तो आबाद (सुरक्षित) हैं भूल गए, तो बर्बाद हैं."** इसलिए स्मृति के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है. प्रतियोगिता परीक्षा संघर्ष या स्पर्द्धा है, इसमें कोई उत्तीर्णांक नहीं होता है. वरीयता सूची में अधिकतम अंक पाने वाले ही सफल घोषित किए जाते हैं, अन्य असफल माने जाते हैं, असफल होने पर निराश नहीं होना चाहिए **"असफलता केवल यही प्रदर्शित करती है, सफलता का प्रयास पूर्ण मन से नहीं किया गया."** असफल होने पर अपने अन्दर हीन भावना नहीं आने दो **"अपनी शक्ति को कम मत आँको तुम ब्रह्माण्ड में हलचल मचा सकते हो** और हाँ किसी भी प्रतियोगिता के लिए समय का सदुपयोग करो, कोई बाधा पड़ने पर अति-रिक्त समय देकर उसकी क्षतिपूर्ति अवश्य करो. समय के बारे में कहा है **"भविष्य के लिए सबसे अच्छा प्रबन्ध वर्तमान का यथा-शक्य सदुपयोग है."** किसी भी कार्य को कल के धोखे में मत रखिए, जहाँ तक कल वाली बात है कल कभी नहीं आता है. कल का धोखा यही संकेत देता है कि आप निष्क्रिय, आलस्य और कर्महीनता से ग्रस्त हैं. कल के धोखे को इस उक्ति से समझा जा सकता है—**"Time and tide wait for none."** (अर्थात् समय किसी का इन्तजार नहीं करता), तो इसलिए हम भी कल का इन्त-जार क्यों करें. अपना कार्य हर प्रतियोगी को अपने हिसाब से अपने हाथों द्वारा किया जाना चाहिए दूसरे के सहारे नहीं, क्योंकि **"A man must stand erect not be kept erect by others."**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अर्थात् मनुष्य को स्वयं सीधा खड़ा होना चाहिए न अन्य लोगों द्वारा सीधा खड़ा किया जाना चाहिए.) इसलिए हर प्रकार के नोट्स अपने ही हाथों द्वारा तैयार करें. कहा है–**"किसी कार्य को खूबसूरती से करने के लिए मनुष्य को वह कार्य स्वयं करना चाहिए."** आप अपनी समस्या या किसी प्रकार की जानकारी आदि के लिए अपने मित्रों, प्रतियोगियों, विद्वानों या अध्यापकों से विचार-विमर्श कर सकते हैं. इस प्रकार आपका लिखित तैयारी का मार्ग प्रशस्त होगा. सामूहिक तैयारी के और भी लाभ, सामूहिक वाद-विवाद, छद्म साक्षात्कार आपके साक्षात्कार के लिए सहायक सिद्ध होंगे. सामूहिक तैयारी के महत्व के बारे में उक्ति है. **"दो एक एकादश हुए किसने नहीं देखे-सुने, हाँ शून्य के भी योग हैं अंक होते दस गुने."** (अर्थात् एक-एक ग्यारह होते हैं और शून्य के योग से भी दस गुने हो जाते हैं.)

धैर्य और आशा (Grit and hope)

प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए धैर्य और आशा की भी आवश्यकता है. अधीर प्रतियोगी अत्यधिक भावुकतावश हर किसी का परिणाम जल्दी चाहता है. इसीलिए ऐसे प्रतियोगियों पर यह बात चरितार्थ होती है, **"धीरे-धीरे रे मना धीरे सब कुछ होय माली सींचे सौ घड़ा ऋतु आए फल होय"** अर्थात् हर कार्य धीरे-धीरे अपने समय से होता है. माली पौधे को सौ घड़ा पानी भी दे दें, तो दूसरे दिन ही फल नहीं देगा बल्कि ऋतु आने पर ही फल देगा, धैर्य, सहिष्णुता और आशा का होना जरूरी है. साक्षात्कार में प्रतियोगी को उत्तेजित करने वाले प्रश्न पूछे जाते हैं. इसी समय धैर्य और सहिष्णुता की पहचान होती है. अधीर और असहिष्णुता होने पर आपका चयन रुक सकता है. इसलिए ऐसे समय में सहिष्णुता और धैर्य से काम लेना चाहिए, क्योंकि **"सहिष्णुता कष्ट की माता है."** सुनहरे भविष्य का सुखद पहलू आशा है, आशा सूर्य की किरण की भाँति है. भविष्य की आशंकाओं से चिंतित नहीं होना चाहिए. यह सोचना चाहिए कि आज की अपेक्षा कल की परिस्थितियाँ अधिक अच्छी होंगी. जिसकी आशा का दीपक बुझ गया वह मरे समान है, क्योंकि आशा-वादी निराशावादी से अधिक जीता है यह एक वैज्ञानिक तथ्य है, **आशा ही जीवन है.** ये सब गुण किसी प्रतियोगी के अपनाने से, व्यावहारिकता में लाने से उसे सफल मनुष्य बनाने में सहायक सिद्ध होंगे.

व्यक्तित्व विकास (Personality Development)

वर्तमान युग प्रतियोगिता का युग है. इसमें सफलता राजमार्ग पर नहीं, बल्कि कटीले मार्गों पर प्राप्त होती है, जिसमें संघर्ष करना पड़ता है, संघर्ष में वही विजयी होगा जिसका व्यक्तित्व प्रभावशाली हो, व्यक्तित्व का निर्माण कमरे के अन्दर नहीं बल्कि बाहर समाज के बीच होता है. लिखित परीक्षा में पास होना ही सफल होना नहीं है, इसके बाद साक्षात्कार के सोपान से गुजरना पड़ता है और प्रभावशाली व्यक्तित्व आज के साक्षात्कार की माँग है, परन्तु आज लोगों में यह एक भ्रांति है कि भड़कीले कपड़े, कीमती कपड़े, टाई, सूट, सुगन्धित पदार्थों आदि को ही व्यक्तित्व विकास मानते हैं, परन्तु आपको साक्षात्कार के लिए सुझाव दिए जाते हैं कि ऐसे तरीकों का प्रयोग न करें. नैसर्गिक गुणों का विकास व बाह्य गुणों के साथ सामंजस्य स्थापित कर ही प्रभावशाली व्यक्तित्व बनाया जा सकता है. मधुर, प्रिय व रुचिकर स्वर में बातें करना सहानुभूति, आदर व सम्मान का व्यवहार करना, गलती के लिए क्षमा माँगना, विनम्रता का लक्षण प्रदर्शित करने से साक्षात्कार बोर्ड के सदस्यों पर आपका जबरदस्त सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. अच्छे श्रोता बनें, आराम से बातें सुनें साक्षात्कार में हमेशा इस उक्ति को ध्यान रखें **"बातचीत का पहला अंग है सत्य, दूसरा समझदारी तीसरा खुशमिजाज और चौथा हाजिर-जवाब"**, क्योंकि बोर्ड के सदस्य वरिष्ठ विद्वान्, काफी अनुभवी होते हैं, उन्हें गलत तथ्यों को मत बताएं, जो बात न आए उसके लिए शिष्टतापूर्वक स्पष्ट कहें मुझे इसके विषय में जानकारी नहीं है, समझदारी से काम लें और मुस्कराते रहें अर्थात् फूलों की तरह खिले रहें और अन्तिम, जिस प्रश्न का उत्तर आता हो जवाब दें. व्यक्तित्व विकास का अर्थ कैरियर से ही नहीं है, बल्कि जीवन-व्यवहार, जीवन-निर्माण, समाज, संस्कृति, शिक्षा तथा आत्म-विकास से है. जीवन में सफल होने के लिए इस क्षेत्र का महत्व भी उतना ही है जितना कैरियर का. व्यक्तित्व के लिए महापुरुषों का अनुसरण करें, पुस्तकों से मित्रता करें. कहते हैं, **पुस्तकें सच्चे मित्र हैं.** हर प्रकार के नैसर्गिक गुणों को आत्मसात् करने का प्रयास कीजिए, क्योंकि **उन्नत होना और आगे बढ़ना प्रत्येक जीवन का लक्ष्य है.** इन सब बातों से स्पष्ट है कि प्रतियोगिता के लिए प्रेरणा और व्यक्तित्व कितना महत्वपूर्ण है. **"प्रतियोगिता दर्पण"** में **'सम्पादकीय व भेंटवार्ता'** भी प्रेरणा ही प्रदान करती है. इसलिए आज ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लो जो आपको आपकी मंजिल तक पहुँचाएगी और अन्त में स्वामी विवेकानन्द की इस महान उक्ति को याद रखो **"लक्ष्य को ही अपना कार्य समझो, हर समय उसी का चिन्तन करो, उसी का स्वप्न देखो और उसी के सहारे जीवित रहो."**

●●●

शेष पृष्ठ 745 का

- शाहजहाँ की नीति थी कि समरकंद और बुखारा पर अधिकार करने में नजर मुहम्मद की मदद की जाए और बाद में उन्हें छीन लिया जाए.
- नजर मुहम्मद भी शाहजहाँ के इरा... भांप गया. अतः मुगल सेना को आग... बढ़ने से रोकने के लिए उसने घोषणा की कि वह बुखारा और समरकंद शाहजहाँ को सौंप देगा और स्वयं सत्ता छोड़कर मक्का चला जाएगा.
- लेकिन जुलाई 1646 ई. में मुराद ने बाल्ख पर आक्रमण कर आसानी से अधिकार कर लिया.
- बाल्ख पर अधिकार करने के बा... मुगल सेना ने तिरमिज पर अधिका... कर लिया. तत्पश्चात् नजर मुहम्मद क... शिवर्गान में परास्त किया.
- शाहजहाँ ने बाल्ख में सिक्के जारी कि...
- जब मुराद बाल्ख की कठोर जलवायु ... उकता गया, तो शाहजहाँ ने औरंगजे... को उसके स्थान पर नियुक्त किया.
- औरंगजेब का अब्दुल अजीज से यु... हुआ, जिसमें अजीज पराजित हुआ.
- युद्ध के मैदान में औरंगजेब ने उजबे... को काफी प्रभावित किया. वह युद्ध ... दौरान सूर्यास्त के समय घोड़े से उत... कर नमाज अदा किया करता था.
- अंततः शाहजहाँ का बाल्ख अभिया... असफल रहा और औरंगजेब क... काबुल वापस लौटना पड़ा.
- फारस के शाह अब्बास द्वितीय ने 164... ई. में शाहजहाँ से कांधार की माँग क... और खुरासान पर घेरा डाला.
- 1649 ई. में कांधार मुगलों के हाथ ... निकल गया. शाहजहाँ ने कांधार ... पुनः प्राप्त करने के लिए तीन प्रय... क्रमशः 1649 ई., 1652 ई. और 16... ई. में किए, परन्तु सभी असफल रहे.
- इन तीनों अभियानों में लगभग 12 करो... रुपया खर्च हुआ. ●●

UPKAR'S
Towards New Horizons
MODERN ESSAYS
(For Academic and Competitive Examinations, particularly for Indian Civil Services and State Services Examinations)
By : Brij Kishore Goyal
Price : Rs. 55/-
UPKAR PRAKASHAN, AGRA-2

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य ज्ञान

(स्मृति पर आधारित)

1. लोक सभा के सदस्यों के लिए कम-से-कम कितनी आयु सीमा निर्धारित की गई है?
(A) 18 (B) 22
(C) 25 (D) 30

2. केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी किसे दी गई है?
(A) यशवन्त सिन्हा
(B) जशवंत सिंह
(C) नितीश कुमार
(D) शरद यादव

3. किस मुख्यमंत्री के समय में घास-चारा काण्ड हुआ था?
(A) जगन्नाथ मिश्र
(B) लालू प्रसाद यादव
(C) राबड़ी देवी
(D) भोला पासवान

4. संसद की संयुक्त बैठक को कौन सम्बोधित करता है?
(A) प्रधानमंत्री (B) अध्यक्ष
(C) उपाध्यक्ष (D) राष्ट्रपति

5. भारतीय लोक सभा के सदस्यों की संख्या कितनी है?
(A) 530 (B) 538
(C) 542 (D) 545

6. राज्य सभा के सदस्यों का समयकाल कितने वर्ष का होता है?
(A) तीन (B) चार
(C) पाँच (D) छः

7. किसी भी अभियुक्त की फाँसी की सजा को बदलने या कम करने का अधिकार किसे दिया गया है?
(A) राष्ट्रपति
(B) प्रधानमंत्री
(C) मुख्य न्यायाधीश
(D) लोक सभा के अध्यक्ष

8. वर्तमान समय में चुनाव पंच के अध्यक्ष कौन हैं?
(A) डॉ. शेषन (B) डॉ. गिल
(C) डॉ. राममूर्ति (D) डॉ. प्रभाकरन

9. संसद में वित्त विधेयक किसकी अनुमति से प्रस्तुत किया जाता है?
(A) राष्ट्रपति (B) प्रधानमंत्री
(C) वित्त आयोग (D) वित्त मंत्री

10. केन्द्रीय मंत्रिमण्डल को किन परिस्थितियों में त्यागपत्र देना पड़ता है?
(A) अभियोग लगने पर
(B) बहुमत खोने पर
(C) राष्ट्रपति की सलाह पर
(D) नेता के निधन होने पर

11. भारतीय अर्थव्यवस्था ..... अर्थव्यवस्था है.
(A) पूँजीवादी (B) मिश्रित
(C) समाजवादी (D) गांधीवादी

12. सन् 1951 से भारत ने ..... पंचवर्षीय योजनाएं पूरी की हैं.
(A) सात (B) नौ
(C) आठ (D) दस

13. भारत में जनसंख्या विस्फोट का कारण है–
(A) उच्च जन्म दर
(B) अशिक्षा
(C) मृत्यु दर में तीव्र कमी
(D) परिवार नियोजन

14. भारत में आयोजन को ..... आयोजन कहा गया है.
(A) समाजवादी (B) केन्द्रीकृत
(C) बाजारोन्मुख (D) प्रजातांत्रिक

15. भारत के आर्थिक विकास में ..... को अधिक-से-अधिक महत्व मिल रहा है.
(A) सार्वजनिक क्षेत्र
(B) सरकारी क्षेत्र
(C) निजी क्षेत्र
(D) संयुक्त क्षेत्र

16. भारत में आर्थिक सुधार सन् ..... से प्रारम्भ हुए.
(A) 1995 (B) 1990
(C) 1991 (D) 1998

17. आज भारतीय अर्थतंत्र है ..... अर्थतंत्र.
(A) विकासशील (B) अर्ध विकसित
(C) विकसित (D) समृद्ध

18. झारखण्ड की रचना से बिहार बनेगा–
(A) धनी
(B) गरीब
(C) आर्थिक रूप से मजबूत
(D) औद्योगिक

19. बिहार की आर्थिक समृद्धि ..... के विकास पर आधारित है.
(A) कृषि
(B) सूचना प्रौद्योगिकी
(C) विदेशी निवेश
(D) उद्योगों

20. बिहार का मुख्यमंत्री है–
(A) रामविलास पासवान
(B) लालू प्रसाद यादव
(C) राबड़ी देवी
(D) नितीश कुमार यादव

21. कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन द्वारा बंधक बनाए गए कन्नड़ फिल्म अभिनेता का नाम है–
(A) रजनीकांत (B) राजकुमार
(C) कमल हसन (D) चिरंजीवी

22. हाल ही में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के प्रधानमंत्री ने किस भाषा में भाषण दिया?
(A) जर्मन (B) अंग्रेजी
(C) हिन्दी (D) फ्रेंच

23. नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य कौनसे राज्य में से अलग किया गया है?
(A) महाराष्ट्र (B) उड़ीसा
(C) उत्तर प्रदेश (D) मध्य प्रदेश

24. क्यूबा के राष्ट्रपति ..... हैं.
(A) जॉन मेजर
(B) बिल क्लिंटन
(C) फिदेल कास्त्रो
(D) इनमें से कोई नहीं

25. सन् 1999 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार किसको दिया गया है?
(A) अमिताभ बच्चन
(B) ह्रषिकेश मुखर्जी
(C) रामानन्द सागर
(D) महेश भट्ट

26. भारत के एटॉर्नी जनरल कौन हैं?
(A) सोली सोराबजी
(B) एल. एम. सिंघवी
(C) नानी पालखीवाला
(D) इनमें से कोई नहीं

27. 'कौन बनेगा करोड़पति' कार्यक्रम किस चैनल पर दिखाया जाता है?
(A) दूरदर्शन (B) स्टार प्लस
(C) जी. टी.वी. (D) स्टार वर्ल्ड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

28. जापान के हिरोशिमा एवं नागासाकी शहरों पर किस देश ने अणु बम फेंका था?
(A) चीन (B) जर्मनी
(C) अमरीका (D) इंगलैण्ड

29. हाल ही में बाघों की मौत के लिए बहुचर्चित नन्दनकानन प्राणी संग्रहालय किस राज्य में है?
(A) मध्य प्रदेश (B) आन्ध्र प्रदेश
(C) गुजरात (D) उड़ीसा

30. नवगठित झारखण्ड राज्य कौनसे राज्य में से अलग किया गया है?
(A) उत्तर प्रदेश (B) उड़ीसा
(C) बिहार (D) मध्य प्रदेश

31. सन् 1996 के ओलम्पिक खेल कहाँ आयोजित हुए थे?
(A) लंदन (B) बार्सीलोना
(C) सियोल (D) एटलांटा

32. अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष कौन हैं?
(A) जुआन एन्टोनियो समरांच
(B) कार्ल चिंग
(C) गफूर राखीमोव
(D) इनमें से कोई नहीं

33. धनराज पिल्लै का नाम किस खेल के साथ जुड़ा हुआ है?
(A) क्रिकेट (B) खो-खो
(C) हॉकी (D) बैडमिंटन

34. केन्द्रीय खेलकूद राज्य मंत्री ..... हैं.
(A) श्री मुरली मनोहर जोशी
(B) श्री रामविलास पासवान
(C) श्री अरुण जेटली
(D) शाहनवाज हुसैन

35. किंग कमीशन कौनसे देश में क्रिकेट मैच फिक्सिंग काण्ड की जाँच कर रहा है?
(A) इंगलैण्ड (B) जिम्बाब्वे
(C) दक्षिण अफ्रीका (D) आस्ट्रेलिया

36. बास्केटबाल खेल में प्रत्येक हाफ ..... मिनट का होता है.
(A) 30 (B) 20
(C) 45 (D) 15

37. हाल ही में अमरीकन ओपन टेनिस टूर्नामेन्ट के महिला एकल फाइनल में लिन्डसे डेवनपोर्ट को किसने हराया?
(A) वीनस विलियम्स
(B) सेरेना विलियम्स
(C) मार्टीना हिंगिस
(D) इनमें से कोई नहीं

38. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष ..... हैं.
(A) जे. वाई. लेले
(B) ए. सी. मुथैया
(C) जगमोहन डालमिया
(D) इनमें से कोई नहीं

39. मैच के लिए वॉलीबाल टीम में न्यूनतम कितने खिलाड़ी आवश्यक हैं?
(A) 10 (B) 6
(C) 8 (D) 12

40. पुरुषों के लिए वॉलीबाल खेल में जाली (नेट) की ऊँचाई कितनी होती है?
(A) 2·50 मीटर (B) 2·24 मीटर
(C) 2·43 मीटर (D) 2·34 मीटर

41. एक परमाणु की मात्रा (mass) ..... में प्रदर्शित की जाती है.
(A) ग्राम
(B) किलोग्राम
(C) केरेट
(D) परमाणु मात्रा इकाई (a.m.u.)

42. KWH इकाई प्रदर्शित करती है–
(A) प्रवेग (B) बल
(C) शक्ति (D) ऊर्जा

43. उपग्रह वह पिण्ड है जो ..... पिण्ड के चारों ओर परिभ्रमण करता है.
(A) उससे हल्के
(B) उससे भारी
(C) समान आयतन वाले
(D) समान मात्रा वाले

44. अगर किसी वस्तु की गति चार गुनी कर दी जाए तो उसकी गतिज ऊर्जा ..... हो जाएगी.
(A) 4 गुना (B) 16 गुना
(C) 64 गुना (D) 8 गुना

45. कुल कितने ग्रह पृथ्वी को घेरे हुए हैं?
(A) 9 (B) 8
(C) 7 (D) 6

46. निम्नलिखित में से तारा कौन है?
(A) बुध (B) प्लूटो
(C) सूर्य (D) बृहस्पति

47. सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने में ..... का समय लगता है.
(A) 550 सेकण्ड
(B) 500 सेकण्ड
(C) 450 सेकण्ड
(D) 400 सेकण्ड

48. प्रथम भारतीय उपग्रह आर्यभट्ट को दिनांक ..... को अन्तरिक्ष में छोड़ा गया था.
(A) 19 अप्रैल, 1975
(B) 31 जनवरी, 1958
(C) 16 जुलाई, 1980
(D) 6 दिसम्बर, 1957

49. पृथ्वी सूर्य का एक चक्कर (परिभ्रमण) लगभग ..... में पूरा करती है.
(A) 360 दिन (B) 364 दिन
(C) $365\frac{1}{4}$ दिन (D) 24 घण्टे

50. निम्नलिखित में से किस रंग की तरंग लम्बाई सबसे अधिक है?
(A) बैंगनी (B) पीला
(C) लाल (D) नीला

51. स्टार्च का रासायनिक सूत्र है–
(A) $(C_6H_6CHO)_4$
(B) C_6H_6CO
(C) $(C_6H_5CHO)_2$
(D) $(C_6H_{10}O_5)_n$

52. कैल्सियम कार्बाइड पानी के साथ प्रतिक्रिया करने पर कौनसा हाइड्रोकार्बन देता है?
(A) ईथेन (B) मिथेन
(C) इथिलीन (D) एसिटीलीन

53. कार्बनिक अम्ल में निम्नलिखित में से कौनसा क्रियात्मक समूह सम्मिलित है?
(A) – OH (B) – COOH
(C) $>$CO (D) – CHO

54. जब प्राकृतिक रबर को गंधक के साथ गर्म किया जाता है तो वह कठोर हो जाता है. इस प्रक्रिया को कहते हैं–
(A) परिशुद्धिकरण
(B) आसवन
(C) वल्कैनाइजेशन
(D) कार्बनाइजेशन

55. धातु के ऑक्साइडों को पानी में घोलने पर प्राप्त होता है–
(A) उकसीन घोल
(B) अम्लीय घोल
(C) क्षारीय घोल
(D) इनमें से कोई नहीं

56. ब्लीचिंग पाउडर का रासायनिक सूत्र है–
(A) $CaCl_2, 5H_2O$
(B) $Ca(OH)_2$
(C) $CaCO_3$
(D) $CaOCl_2$

57. वे तत्व जो इलेक्ट्रॉन को ग्रहण करते हैं और ऋणात्मक ऑयन बनाते हैं ..... होते हैं.
(A) धातु (B) अधातु
(C) मिश्रधातु (D) यौगिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किसी उदासीन परमाणु से एक इलेक्ट्रॉन का नुकसान, कौनसी प्रक्रिया कहलाता है?
(A) अवकरण
(B) उदासीनीकरण
(C) ऑक्सीकरण
(D) इनमें से कोई नहीं

साधारणतया किसी अकार्बनिक अम्ल के साथ जब किसी धातु की प्रतिक्रिया होती है, तो कौनसी गैस निकलती है?
(A) नाइट्रोजन
(B) हाइड्रोजन
(C) कार्बन डाइऑक्साइड
(D) ऑक्सीजन

यदि पानी के साथ साबुन से झाग कठिनाई से निकलते हैं, तो वह पानी होता है–
(A) मृदु (B) भारी
(C) कठोर (D) आसुत

पेरागकण कहाँ उत्पन्न होते हैं?
(A) परागाशय (Pollen mother cell) में
(B) कुक्षि में
(C) कुक्षिवृन्त में
(D) सूत्र में

कौनसा जलीय वनस्पति नहीं है?
(A) रननकुल्स (B) पिस्टिया
(C) कमल (D) कैज्जुरिना

कौनसा पौधा दूसरे पेड़ की शाखाओं पर उगता है?
(A) साइकस (B) हाइड्रिला
(C) केलोट्रोपिस (D) आर्किड

मेडागेस्कर का कौनसा प्राणी परिमृत है?
(A) गोल्डन बंदर (B) केप लंगूर
(C) लेमूर (D) गिब्बन

रक्त का कौनसा अवयव शरीर के अंगों को ऑक्सीजन पहुँचाता है?
(A) रक्त प्लाज्मा
(B) आर.बी.सी.
(C) डब्ल्यू. बी. सी.
(D) थ्रोम्बोसाइट्स

कौनसा हॉर्मोन थायरॉक्सिन के स्राव हेतु गल-ग्रन्थि को उत्तेजित करता है?
(A) टी.एस.एच. (B) ए.सी.टी.एच.
(C) एल.टी.एच. (D) एफ.एस.एच.

प्रशीताद (Scurvy) खुराक में किसकी कमी की वजह से होता है?
(A) लोहा (B) विटामिन-सी
(C) विटामिन-डी (D) नाइसिन

68. कोश में रिबोसोम का क्या कार्य है?
(A) प्रकाश संश्लेषण प्रारम्भ करना
(B) स्रवण उत्पन्न करना
(C) ऊर्जा उत्पन्न करना
(D) प्रोटीन संश्लेषण में मदद करना

69. कौनसा, प्राकृतिक इकोसिस्टम का उदाहरण नहीं है?
(A) वन (B) मरुस्थल
(C) तालाब (D) जलजीवालय

70. प्याज कोश में गुणसूत्रों की संख्या कितनी है?
(A) 8 (B) 16
(C) 24 (D) 32

71. $3x^2 - 4x + \frac{4}{3} = \frac{1}{3}(\,?\,)^2$
(A) $2x + 3$
(B) $3x - 2$
(C) $x - \frac{3}{2}$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. $(a-b)^3 + (b-c)^3 + (c-a)^3 = ?$
(A) $3(a-b)(b-c)(c-a)$
(B) 0
(C) $2(a^3 + b^3 + c^3) - 3a^2b + 3ab^2 - 3b^2c + 3bc^2 - 3c^2a + 3ca^2$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. यदि $\frac{x}{y+z} = \frac{y}{z+x} = \frac{z}{x+y}$ तो प्रत्येक अनुपात है–
(A) 1
(B) $\frac{1}{2}$ अथवा -1
(C) $\frac{1}{2}$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. यदि x^2y स्थिरांक है, तो $x \alpha -$
(A) $\sqrt{y}$
(B) $\frac{1}{\sqrt{y}}$
(C) $\frac{1}{y}$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. यदि $2x + 3 = \frac{9}{x}$, $x \neq 0$, तो $x =$
(A) $-3, \frac{3}{2}$
(B) $-6, 3$
(C) $3, -\frac{3}{2}$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

76. $\tan\theta \cdot \tan(90° - \theta) =$
(A) $\tan^2\theta$
(B) $\sec^2\theta - 1$
(C) 1
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. Δ ABC में $\angle$ B का समद्विभाजक $\overline{AC}$ को D पर प्रतिच्छेदित करता है. यदि BC : BA = 4 : 5 और CD = 12, तो CA =
(A) 27
(B) 48
(C) 60
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. यदि आपने 200 रु. में एक थैला खरीदा और उसे 250 रु. में बेचा, तो आपको कितने प्रतिशत लाभ होगा?
(A) 25%
(B) 50%
(C) 125%
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. वेदों में सबसे प्राचीन वेद कौनसा है?
(A) सामवेद (B) यजुर्वेद
(C) ऋग्वेद (D) अथर्ववेद

80. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?
(A) सिद्धार्थ (B) नरेन्द्र
(C) देवदत्त (D) विशाखदत्त

81. भारत का शेक्सपियर किसे कहा जाता है?
(A) कौटिल्य (B) कालिदास
(C) हर्ष (D) भवभूति

82. हर्षवर्धन के समय में बिहार राज्य में कौनसा विश्वविद्यालय खूब प्रसिद्ध था?
(A) चम्पारन (B) गया
(C) पटना (D) नालंदा

83. सोमनाथ के मन्दिर पर आक्रमण करने वाला कौनसा विदेशी आक्रान्ता था?
(A) बाबर
(B) तैमूरलंग
(C) महमूद गजनवी
(D) मुहम्मद गौरी

84. भारत में इस्लामी राज्य का संस्थापक कौन था?
(A) मुहम्मद गौरी (B) औरंगजेब
(C) बाबर (D) अकबर

85. किस राजपूतानी रानी को अलाउद्दीन अपने अन्तःपुर में लाना चाहता था?
(A) पद्मावती (B) नागमती
(C) रूपमती (D) चन्द्रकला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

86. बंगाल, बिहार, उड़ीसा का भूमिकर वसूल करने की सत्ता अंग्रेजों को कब मिली?
(A) 1757 (B) 1764
(C) 1763 (D) 1773

87. बिहार की किस रियासत के राजा ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया था?
(A) पटना (B) मुंगेर
(C) जगदीशपुर (D) मुर्शिदाबाद

88. गांधीजी ने किस जिले के किसानों का दुःख दूर करने के लिए सत्याग्रह किया था?
(A) बारदोली (B) आणंद
(C) चोराचौरी (D) चम्पारन

89. बिहार की दक्षिणी सीमा किस राज्य से जुड़ी हुई है?
(A) उड़ीसा (B) मध्य प्रदेश
(C) पश्चिम बंगाल (D) उत्तर प्रदेश

90. भारत का सबसे गर्म स्थल कौनसा है?
(A) बीकानेर (B) बाड़मेर
(C) श्रीगंगानगर (D) जैसलमेर

91. बिहार के पूर्वी भाग में किसकी खेती अधिक होती है?
(A) अफीम (B) लाख
(C) चाय (D) पटसन (Jute)

92. भारत में सबसे अधिक गन्ना किस राज्य में उगाया जाता है?
(A) बिहार (B) उत्तर प्रदेश
(C) गुजरात (D) पंजाब

93. बिहार में से मिलने वाले अच्छे किस्म के अभ्रक को किस नाम से जाना जाता है?
(A) क्लोमाइका (B) सनमाइका
(C) रूबीमाइका (D) लिग्नाइट

94. बिहार के किस शहर में खनिज तथा धातु सम्बन्धी महाविद्यालय है?
(A) चितरंजन (B) धनबाद
(C) भागलपुर (D) मनोहरपुर

95. बिहार के किस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कोयला मिलता है?
(A) झरिया (B) उमरिया
(C) सिंगरौली (D) रानीगंज

96. भारत में कितने प्रकार के रेलमार्ग हैं?
(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) पाँच

97. भारत में किस नम्बर के राष्ट्रीय मुख्य मार्ग को ग्रांड-ट्रंक रोड कहा जाता हैं?
(A) पाँच (B) सात
(C) आठ (D) दो

98. दक्षिण भारत की सबसे बड़ी नदी कौनसी है?
(A) कृष्णा (B) कावेरी
(C) गोदावरी (D) महानदी

उत्तरमाला

1. (C) 2. (A) 3. (B) 4. (D) 5. (D)
6. (D) 7. (A) 8. (B) 9. (A) 10. (B)
11. (B) 12. (C) 13. (C) 14. (D) 15. (C)
16. (C) 17. (A) 18. (B) 19. (A) 20. (C)
21. (B) 22. (C) 23. (D) 24. (C) 25. (B)
26. (A) 27. (B) 28. (C) 29. (D) 30. (C)
31. (D) 32. (A) 33. (C) 34. (D) 35. (C)
36. (B) 37. (A) 38. (B) 39. (B) 40. (C)
41. (D) 42. (D) 43. (B) 44. (B) 45. (D)
46. (C) 47. (B) 48. (A) 49. (C) 50. (C)
51. (D) 52. (D) 53. (B) 54. (C) 55. (C)
56. (D) 57. (B) 58. (C) 59. (B) 60. (C)
61. (A) 62. (D) 63. (D) 64. (C) 65. (B)
66. (A) 67. (B) 68. (D) 69. (D) 70. (B)
71. (B) 72. (A) 73. (C) 74. (B) 75. (A)
76. (C) 77. (A) 78. (A) 79. (C) 80. (A)
81. (B) 82. (D) 83. (C) 84. (A) 85. (A)
86. (B) 87. (C) 88. (D) 89. (A) 90. (C)
91. (D) 92. (B) 93. (C) 94. (B) 95. (A)
96. (B) 97. (D) 98. (C)

संकेत

14. भारत में आयोजन एक प्रजातांत्रिक सरकार के अधीन चल रहा है, जोकि वयस्क मताधिकार के अन्तर्गत निर्वाचित योजनाओं के कार्यान्वयन में लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रताओं में कोई अनुचित हस्तक्षेप नहीं किया जाता. निजी सम्पत्ति के स्वामित्व की स्वतंत्रता और यदि कहीं स्वामित्व हरण किया जाता है तो उसके बदले में उचित मुआवजे का भुगतान किया जाता है. अतः भारत की आयोजन विधि प्रजातांत्रिक है.

16. जुलाई 1991 से सरकार ने आर्थिक सुधार कार्यक्रम के तहत समष्टि आर्थिक स्थिरीकरण और ढाँचागत सुधारों की दिशा में कार्य प्रारम्भ किया है.

17. अंग्रेजी शासनकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह गतिहीन थी किन्तु आजादी के बाद आर्थिक नियोजन की शुरूआत हुई तथा अर्थव्यवस्था में गति उत्पन्न हुई तथा विकास प्रक्रिया को प्रोत्साहन मिला. अतः अब हमें विकासशील कहा जाता है.

45. हमारे सौरमंडल में पृथ्वी को मिलाकर कुल नौ ग्रह हैं. दो ग्रह पृथ्वी के पथ की त्रिज्या के भीतर हैं और छः ग्रह पृथ्वी के पथ की त्रिज्या के बाहर.

71. $3x^2 - 4x + \frac{4}{3} = \frac{1}{3}(?)^2$

$\therefore (?)^2 = 9x^2 - 12x + 4$

$= 9x^2 - 6x - 6x + 4$

$= 3x(3x-2) - 2(3x-2)$

$= (3x-2)^2$

$\therefore ? = (3x-2)$

72. $(a-b)^3 + (b-c)^3 + (c-a)^3$
यहाँ पर माना

$(a-b) = x$

$(b-c) = y$

$(c-a) = z$

$\therefore x + y + z = a-b+b-c+c-a$

$= 0$

यदि $x + y + z = 0$, तब

$x^3 + y^3 + z^3 = 3xyz$

या, $(a-b)^3 (b-c)^3 + (c-a)^3$

$= 3(a-b)(b-c)(c-a)$

73. $\frac{x}{y+z} = \frac{y}{z+x} = \frac{z}{x+y} = k$ (माना)

तब $x = k(y+z)$

$y = k(z+x)$

$z = k(x+y)$

$\therefore (x+y+z) = 2k(x+y+z)$

$\Rightarrow 2k = \frac{x+y+z}{x+y+z}$

$\Rightarrow 2k = 1$

$\Rightarrow k = \frac{1}{2}$

74. x^2y एक स्थिरांक है, $x \propto$.

तब $x^2y = k$

$\Rightarrow x^2 = \frac{k}{y}$

$\Rightarrow x = \sqrt{\frac{k}{y}}$

$\Rightarrow x = \sqrt{k} \cdot \frac{1}{\sqrt{y}}$

$\therefore x \propto \frac{1}{\sqrt{y}}$

75. $2x + 3 = \frac{9}{x}$

$\Rightarrow 2x^2 + 3x = 9$

या, $2x^2 + 3x - 9 = 0$

$\Rightarrow 2x^2 + 6x - 3x - 9 = 0$

$\Rightarrow 2x(x+3) - 3(x+3) = 0$

$\Rightarrow (2x-3)(x+3) = 0$

$\therefore 2x - 3 = 0$

$\Rightarrow x = \frac{3}{2}$

तथा $x + 3 = 0$

$\Rightarrow x = -3$

76. $\tan\theta \cdot \tan\theta \cdot (90-\theta)$

$= \tan\theta \cdot \cot\theta$

$= \tan\theta + \frac{1}{\tan\theta} = 1$

शेष पृष्ठ 781 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य अध्ययन

तीय संस्कृति एवं इतिहास

'X' के घर से 12 सेमी लम्बी कांस्य की मूर्ति मिली हैं जिसका बायाँ पैर कुछ आगे बढ़ा हुआ है, दाहिना पैर सीधा. इसका शारीरिक आकार क्रमनीय, बड़ी-बड़ी आँखें तथा नारी-सुलभ मुसकान है. मूर्ति का बायाँ हाथ पूरी तरह चूड़ियों से भरा है तथा दाहिना हाथ दो-दो चूड़ियों से युक्त कटि पर अवलम्बित है. गले में उसके एक कण्ठहार है जिस पर तीन लटकनें हैं. इस नग्न मूर्ति की सहज भंगिमा, भावचेष्टा, अंग-प्रत्यंगों को देखने से नृत्य करती हुई प्रतीत होती है.

बताइए कि 'X' का सम्बन्ध निम्न-लिखित में से किस स्थल से होगा?

(A) हड़प्पा
(B) मोहनजोदड़ो
(C) लोथल
(D) आलमगीरपुर

उत्तरवैदिक काल का सबसे महत्वपूर्ण देवता किसे माना जाता है ?

(A) रुद्र (B) इन्द्र
(C) पुषन् (D) प्रजापति

वैश्यों और वणिकों ने जैन और बौद्ध धर्म की उदारतापूर्वक सहायता की, क्योंकि—

(A) जैन और बौद्ध धर्म में आरम्भिक अवस्था में तत्कालीन वर्ण व्यवस्था का कोई महत्व नहीं दिया गया था
(B) दोनों धर्मों में अहिंसा को समा-हित किया गया जिससे व्यापार वाणिज्य में उन्नति अवश्यम्भावी था
(C) ब्राह्मणों की कानून सम्बन्धी पुस्तकों की (धर्मसूत्र) निंदा की गई थी जिसमें 'शूद्र' को अधम्म माना था इससे वैश्यों के व्यापार-वाणिज्य में वृद्धि होने की सम्भावना थी
(D) उपर्युक्त सभी

विश्व की सबसे बड़ी बुद्धमूर्ति, जो दसवीं सन् के आरम्भिक वर्षों में चट्टान को काटकर बनाई गई, बामियान का गौरव बढ़ा रही है. सम्प्रति बामियान किस देश में अवस्थित है ?

(A) पाकिस्तान (B) अफगानिस्तान
(C) इण्डोनेशिया (D) कम्बोडिया

5. किसने कहा था कि "मैं उन दिलों में उत्साह भरना चाहता हूँ, जो निष्ठाहीन और कायरतापूर्ण डर से दबे हुए हैं "—

(A) अशोक (B) समुद्रगुप्त
(C) सिकन्दर (D) हर्षवर्द्धन

6. मौर्यवंश का श्रेष्ठतम् एवं महानतम् शासक अशोक का राज्याभिषेक कब हुआ ?

(A) 272 ई. पू. में
(B) 270 ई. पू. में
(C) 269 ई. पू. में
(D) 279 ई. पू. में

7. भारत में सबसे पहले किसने सोने के सिक्के जारी किए ?

(A) बैक्ट्रियाई यवन
(B) शक
(C) कुषाण
(D) सातवाहन

8. कुषाण साम्राज्य का चीन और रोम के बीच पड़ने वाले 'महान्-रेशम मार्ग' की किस शाखा पर नियंत्रण था ?

(A) कैस्पियन सागर से होकर जाने वाले मार्ग पर
(B) मर्व से फरात (यूफ्रेट्स) नदी होते हुए रूम महासागर पर बने बंदरगाह तक जाने वाले मार्ग पर
(C) भारत से लालसागर तक जाने वाले मार्ग पर
(D) उपर्युक्त सभी पर

9. भारत में कुषाणकालीन मूर्तियों का सबसे बड़ा संग्रहालय निम्नलिखित में से कहाँ पर स्थित है ?

(A) मथुरा में (B) सारनाथ में
(C) पटना में (D) इलाहाबाद में

10. बाणभट्ट रचित 'हर्षचरित' में किसे अरुणांशुकावगुण्ठितमुखी कहा गया है ?

(A) हर्षवर्द्धन (B) राज्यवर्मन
(C) राज्यश्री (D) दिवाकर मित्र

11. फाह्यान (Fahien) की भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य था—

(A) तात्कालिक राजनीतिक और सामाजिक विषयों का अध्ययन करना
(B) वैभवशाली पाटलिपुत्र के विषय में विस्तृत विवरण प्राप्त करना
(C) बौद्ध हस्तलिपियों एवं बौद्ध स्मृतियों को खोजना
(D) उपर्युक्त सभी

12. किस शासक ने 'वातापिकोण्डा' की उपाधि धारण की ?

(A) नरसिंह वर्मन प्रथम
(B) राजेन्द्र चोल
(C) पुलकेशियन द्वितीय
(D) विक्रमादित्य द्वितीय

13. चोलयुग की महत्वपूर्ण संस्था 'महासभा' के सदस्यों की संख्या थी—

(A) 15 (B) 20
(C) 25 (D) 30

14. तरुस्कदण्ड (Turuskdanda) नामक कर वसूल किया जाता था—

(A) हिन्दू शासकों द्वारा मुसलमानों से
(B) गहढ़वाल शासकों द्वारा मुसलमानों को देश से बाहर निकालने के उद्देश्य से सेना रखने के व्यय के लिए
(C) अपने आक्रमण के दौरान मुस्लिम आक्रांताओं के द्वारा
(D) राजपूत शासकों द्वारा उन हिन्दुओं की सहायता के लिए जिन्हें मुस्लिम आक्रांताओं ने हानि पहुँचाई हो

15. अलाउद्दीन खिलजी द्वारा कृषकों पर नए कर लगाए गए—

(A) नमक कर एवं बिक्री पर
(B) चरांगाह एवं गृह कर
(C) बिक्री कर एवं गृह कर
(D) नमक कर एवं सिंचाई कर

16. सल्तनतकाल में मंत्रिमण्डल का प्रधान कहलाता था—

(A) वजीर-ए-मुमालिक
(B) वजीर-ए-प्रधान
(C) वजीर-ए-मुल्ला
(D) वजीर-ए-अर्ज

17. सल्तनतकाल में मुस्लिम वंशों में उत्तराधिकार का क्या नियम था ?

(A) सुल्तान का सबसे बड़ा पुत्र गद्दी पर बैठता था
(B) सुल्तान की नियुक्ति उलेमा करते थे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(C) सुल्तान की नियुक्ति खलीश करते थे

(D) सबसे शक्तिशाली उम्मीदवार अमीरों की सहायता से गद्दी पर आसीन होता था

18. निम्नलिखित में से कौनसा तथ्य शेरशाह की भू-व्यवस्था के सम्बन्ध में गलत है ?

(A) उपज का $\frac{1}{2}$ भाग लगान

(B) किसानों के हितों का संरक्षण

(C) लगान निर्धारण में उदारता वसूली में कठोरता

(D) उत्पादकता के आधार पर जमीन का वर्गीकरण

19. बंगाल के सुल्तान द्वारा किस प्रसिद्ध कवि को 'गुणराज खान' की उपाधि दी गई ?

(A) मालाधर बसु

(B) हलधर बसु

(C) सनातन

(D) चैतन्य महाप्रभु

20. टोडरमल की भूमि-व्यवस्था को 'आइन-ए-दहसाला' कहा जाता है, क्योंकि—

(A) यह व्यवस्था पिछले दस वर्ष के आँकड़ों पर आधारित थी

(B) दस वर्ष के बाद यह व्यवस्था स्वतः समाप्त हो गई

(C) यह व्यवस्था सिर्फ दस वर्ष के लिए बनाई गई थी

(D) इसको तैयार व लागू करने में दस वर्ष लगे थे

21. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—

सूची I

(a) बाजीराव प्रथम

(b) बालाजी बाजीराव

(c) नारायण सव

(d) रघुनाथ राव

सूची II

1. पानीपत का तृतीय युद्ध
2. हिन्दू-पद-पादशाही
3. चाचा द्वारा हत्या
4. मराठा खलनायक

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	2	1	3	4
(B)	2	1	4	3
(C)	3	2	1	4
(D)	3	1	3	4

22. 12 अगस्त, 1765 की सन्धि में मुगल सम्राट शाहआलम ने कम्पनी को बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा को दीवानी अधिकार प्रदान किया. यह सन्धि कहाँ हुई थी ?

(A) मुंगेर में

(B) लखनऊ में

(C) इलाहाबाद में

(D) कलकत्ता में

23. भारत में ब्रितानी साम्राज्यवाद के विरुद्ध एक सशक्त राष्ट्रीय संघर्ष (Freedom struggle) का विकास—

(A) 18वीं शताब्दी में हुआ

(B) 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध और 20वीं सदी के पूर्वार्द्ध में हुआ

(C) 20वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध और 21वीं सदी के उत्तरार्द्ध में हुआ

(D) 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में हुआ

24. राष्ट्रीय स्वाधीनता संघर्ष के विरुद्ध जमींदारों व राजा-महाराजों ने जमकर विरोध किया, क्योंकि—

(A) व्यवस्था परिवर्तन से उनका अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता था

(B) प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक तथा लोकतांत्रिक सुधारों के हिमायती थे

(C) राष्ट्रीय आन्दोलन में उसे उचित वर्ग प्रतिनिधित्व नहीं मिला था

(D) उपर्युक्त सभी

25. वुड का निर्देश-पत्र (Wood's Despatch) को 'आधुनिक भारतीय शिक्षा-प्रणाली की आधारशिला' माना जाता है. यह किस गवर्नर जनरल के शासनकाल की महत्वपूर्ण घटना थी?

(A) विलियम बैंटिंक

(B) लॉर्ड हार्डिंग प्रथम

(C) लॉर्ड डलहौजी

(D) लॉर्ड कैनिंग

26. भागलपुर से राजमहल के बीच का क्षेत्र 'दामन-ए-कोह' का सम्बन्ध किस विद्रोह से है ?

(A) कोल एवं संथाल विद्रोह

(B) मुण्डा विद्रोह

(C) हो आदिवासियों के विद्रोह

(D) संथाल विद्रोह

27. लॉर्ड कैनिंग ने किनके सम्बन्ध में कहा कि—"इसने तूफान के आगे बाँध की तरह काम किया; वरना यह तूफान एक ही लहर में हमें बहा ले जाता."

(A) भारतीय राजाओं व सरदारों के बारे में

(B) आधुनिक शिक्षा प्राप्त भारतीयों के बारे में

(C) विस्थापित नवाबों व महाराजों के बारे में

(D) भारतीय सैनिकों के बारे में

28. गांधीजी द्वारा आरम्भ 'रचनात्मक कार्य' को सबसे अधिक सफलता किस प्रान्त में मिली ?

(A) महाराष्ट्र में

(B) संयुक्त प्रान्त में

(C) बिहार और उड़ीसा में

(D) गुजरात में

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—

कथन (A) : 1946 में मुस्लिम लीग की परिषद् ने 'कैबिनेट मिशन प्लान' को स्वीकार कर लिया.

कारण (R) : मुस्लिम लीग 1946 में बनी, अंतरिम सरकार में सम्मिलित हुई थी.

कूट :

(A) A और R दोनों सही हैं और R सही स्पष्टीकरण है A का

(B) A और R दोनों सही हैं, किन्तु R सही स्पष्टीकरण नहीं है A का

(C) A सही है, किन्तु R गलत है

(D) A गलत है, किन्तु R सही है

30. कांग्रेस के किस अधिवेशन में 'खद्दर' पहनना आवश्यक घोषित कर दिया गया था ?

(A) 1920 के नागपुर अधिवेशन

(B) 1924 के बेलगॉव अधिवेशन

(C) 1926 के गुवाहाटी अधिवेशन

(D) 1936 के लखनऊ अधिवेशन

31. 1857 के विद्रोह के सन्दर्भ में निम्न-लिखित विद्रोहों का सही कालानुक्रम (Chronological order) क्या है ?

(1) कानपुर पर विप्लवकारियों का अधिकार

(2) मेरठ के सैनिकों का विद्रोह

(3) लखनऊ में विद्रोह का आरम्भ

(4) क्रांतिकारियों द्वारा दिल्ली पर अधिकार

कूट :

(A) 2, 4, 3, 1

(B) 2, 4, 1, 3

(C) 1, 2, 3, 4

(D) 4, 3, 2, 1

32. मावरिक क्या था ?

(A) एक टापू का नाम जहाँ क्रांतिकारियों का अड्डा था

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(B) एक जहाज जिस पर प्रथम विश्व युद्ध में भारत हथियार भेजने का प्रयास हुआ

(C) एक गुप्त संकेत जिसका प्रयोग विदेशों में रहने वाले क्रांतिकारी करते थे

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

तीय राजव्यवस्था एवं संविधान

"भारतीय संविधान न तो पूर्णतः संघात्मक है न एकात्मक, अपितु यह दोनों का सम्मिश्रण है. यह नवीन प्रकार का संघ है." यह विचार किस संविधान विशेषज्ञ का है ?

(A) के. सी. ह्वीयर

(B) एम. वी. पायली

(C) डी. डी. बसु

(D) नानी ए. पालखीवाला

योजना आयोग का उद्देश्य है—

(A) आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए एक समेकित पंचवर्षीय योजना बनाना

(B) राष्ट्रीय योजना के निर्धारित लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सुझाव देना

(C) योजना के प्रत्येक चरण के समूल क्रियान्वयन के लिए आवश्यकता तंत्र का स्वरूप निश्चित करना

(D) उपर्युक्त सभी

सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—

सूची I (राजनीतिक/संवैधानिक शब्दावली)

(a) बुट लेगिंग

(b) फ्लोर क्रॉसिंग

(c) डिनर डिप्लोमैसी

(d) लोकमत

(e) प्रोटोकाल

सूची II (अर्थ)

1. गैर-कानूनी तरीके से शराब बनाना तथा बेचना.
2. राजनेता द्वारा एक दल को छोड़कर किसी अन्य दल में शामिल होना.
3. दावत (भोज) पर राजनीतिक व्यक्तियों का मिलना और कठिन समस्याओं का हल खोजना.
4. किसी सार्वजनिक महत्व के विषय पर जनता का निर्णय जानना.
5. दो देशों के मध्य कूटनीतिक आचरण के नियम.

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	1	2	3	4
(B)	4	3	2	1
(C)	1	2	4	3
(D)	4	3	1	2

36. सातवीं अनुसूची में शामिल संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची का सम्बन्ध संविधान के किस भाग तथा अध्याय से है ?

(A) भाग 11 अध्याय 1

(B) भाग 11 अध्याय 2

(C) भाग 11 अध्याय 3

(D) भाग 11 अध्याय 4

37. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए—

"श्री लालबहादुर शास्त्री ने रेलमंत्री के रूप में एक रेल दुर्घटना के लिए स्वयं को नैतिक रूप से जिम्मेदार ठहराते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था."

इसका अभिप्राय यह है कि—

(A) मंत्री लोक सभा के प्रति उत्तरदायी होता है

(B) मंत्री मंत्रिपरिषद् के प्रति उत्तरदायी होता है

(C) मंत्री व्यक्तिगत रूप से अपने विभाग/मंत्रालय के प्रति उत्तरदायी होता है

(D) उपर्युक्त सभी

38. संविधान के किस अनुच्छेद में संहिताबद्ध है कि "मंत्रिपरिषद् लोक सभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी?"

(A) अनुच्छेद 75 (1)

(B) अनुच्छेद 75 (2)

(C) अनुच्छेद 75 (3)

(D) अनुच्छेद 75 (4)

39. भारतीय संविधान निर्मात्री सभा—

(A) वयस्क मताधिकार के आधार पर भारतीय नागरिकों द्वारा चुनी गई थी

(B) प्रान्तों की जनता द्वारा चुनी गई थी

(C) गवर्नर जनरल द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के आधार पर चुनी गई थी

(D) प्रान्तीय विधान सभाओं द्वारा परोक्ष रूप से आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली द्वारा चुनी गई थी

40. राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होने वाले प्रत्याशी के मतों का न्यूनतम कोटा (Minimum Quota) प्राप्त होना अनिवार्य है. कोटा निर्धारित करने की निम्नलिखित में से कौनसी विधि सही है?

(A) $\frac{\text{राज्य की कुल जनसंख्या}}{\text{राज्य विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों की संख्या}} \div 1000$

(B) $\frac{\text{दिए गए वैध मतों की कुल संख्या}}{\text{निर्वाचित होने वाले प्रत्याशी की संख्या} + 1} + 1$

(C) $\frac{\text{दिए गए कुल मतों की संख्या}}{\text{निर्वाचित होने वाले प्रत्याशी की संख्या}} + 1$

(D) $\frac{\text{राज्यों की विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों के मतों का मूल्य}}{\text{निर्वाचित होने वाले प्रत्याशी की संख्या} + 1} + 500$

41. गरीब और दलित लोगों को तेजी से और आसानी से न्याय दिलाने के लिए हाल ही में हमारे देश में नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं. निम्नलिखित में से कौनसा उपयुक्त है?

(A) कानूनी सहायता

(B) जनहितार्थ न्याय

(C) लोक अदालत

(D) उपर्युक्त सभी

42. 'अस्पृश्यता का अंत' करने के लिए कानून बनाने का अधिकार संसद को किस अनुच्छेद द्वारा प्रदान किया गया है?

(A) अनुच्छेद 17

(B) अनुच्छेद 35

(C) अनुच्छेद 42

(D) अनुच्छेद 46

43. पंचायतों के वित्तीय सम्बन्ध में गठित 'वित्तीय आयोग' अपनी रिपोर्ट देता है—

(A) जिलाधिकारी को

(B) मुख्यमंत्री को

(C) राज्यपाल को

(D) विधानमण्डल को

44. किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन उस समय लागू किया जाता है जब—

(A) राज्यपाल इस आशय की रिपोर्ट देता है कि राज्य का शासन संविधान के अनुसार नहीं चलाया जा रहा है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(B) राष्ट्रपति को यह समाधान हो जाता है कि उस राज्य का शासन संविधान के अनुसार नहीं चलाया जा सकता है

(C) संवैधानिक तंत्र विफल हो जाने पर

(D) उपर्युक्त सभी

भारत एवं विश्व का भूगोल

45. भारत की प्रसिद्ध लैगून झील है–
(A) डल झील
(B) चिलका झील
(C) पुलोकट झील
(D) मानसरोवर

46. पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के लिए कितने प्रतिशत वन क्षेत्र की आवश्यकता होती है ?
(A) 19·7% (B) 22%
(C) 33% (D) 33·3%

47. देश का सर्वप्रथम सौर तालाब (Solar ponds) का विकास किस जगह किया गया है ?
(A) कच्छ (गुजरात)
(B) हजारीबाग (बिहार)
(C) नैनीताल (उत्तर प्रदेश)
(D) कोचीन (केरल)

48. काहिरा का समय ग्रीनविच समय से 2 घण्टे आगे है, तो काहिरा स्थित होगा—
(A) 30° पश्चिमी देशांतर पर
(B) 30° पूर्वी देशांतर पर
(C) 28°C पूर्वी देशांतर पर
(D) 30·8° पश्चिमी देशांतर पर

49. निम्नांकित मानचित्र (आकृति) का सम्बन्ध पवन द्वारा किस निक्षेपित आकृति से है ?



(A) बालुका स्तूप
(B) पेडीमेण्ट
(C) प्लाया
(D) बरखान

50. निम्नलिखित में से किस महासागर की आकृति 'S' अक्षर के समान है ?
(A) अन्ध महासागर
(B) हिन्द महासागर
(C) प्रशांत महासागर
(D) आर्कटिक महासागर

51. निम्नलिखित में से किस द्वीप का निर्माण प्रवाल (Coral) द्वारा हुआ है ?
(A) बरामुडा
(B) मालदीव
(C) लक्षद्वीप
(D) उपर्युक्त सभी

52. लानोज किस प्रकार की घास है ?
(A) उष्णकटिबन्धीय
(B) मध्य अक्षांशीय
(C) मरुस्थलीय
(D) शीतोष्ण कटिबन्धीय

53. कोणधारी वन किस प्रकार की मिट्टी में उगते हैं ?
(A) अल्पाइन मिट्टी
(B) पॉडजोल मिट्टी
(C) भूरी मिट्टी
(D) मरुस्थलीय मिट्टी

54. भारत का सबसे प्रमुख संसाधन (Main Resources) है –
(A) खनिज (B) कृषि
(C) पर्यटन (D) उद्योग

55. चिकमंगलूर स्थित बाबाबूदन की पहाड़ियों से निम्नलिखित किस तरह के उत्तम खनिज प्राप्त किए जाते हैं ?
(A) ताँबा (B) अभ्रक
(C) लोहा (D) यूरेनियम

56. भारत में पर्ल फिशिंग (Pearl Fishing) कहाँ पर की जाती है ?
(A) दक्षिण-पूर्व तमिलनाडु तट पर
(B) दक्षिणी महाराष्ट्र तट पर
(C) उत्तर केरल तट पर
(D) दक्षिण उड़ीसा तट पर

57 सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—

सूची I (जनजातियाँ)	सूची II (निवास स्थान)
(a) बेडयूइन	1. साइबेरिया
(b) मसाई	2. न्यूजीलैण्ड
(c) टारटार	3. ग्वाटेमाला
(d) माओरी	4. केन्या
(e) मायाज	5. अरब

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)	(e)
(A)	5	4	1	2	3
(B)	5	1	4	3	2
(C)	4	3	5	1	2
(D)	4	3	1	2	5

58. भारत के निम्नांकित मानचित्र में चिह्नांकित 'X' किस प्रधान फसल के क्षेत्र हैं ?



(A) धान (B) गेहूँ
(C) दाल (D) चीनी (गन्ना)

59. देश में मौसम मानचित्र बनाने का प्रमुख कार्यालय किस नगर में स्थित है ?
(A) नई दिल्ली में
(B) पुणे में
(C) कलकत्ता में
(D) तिरुअनन्तपुरम में

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—

कथन (A) : पुनर्वनीकरण की प्रक्रिया आजकल जोरों पर चलाई जा रही है.

कारण (R) : वनों का संरक्षण मिट्टी को अपरदित होने से बचाने के लिए वर्षा के लिए बहुत ही आवश्यक है.

कूट :
(A) A और R दोनों सही हैं और R सही स्पष्टीकरण है A का
(B) A और R दोनों सही हैं, किन्तु R सही स्पष्टीकरण नहीं है A का
(C) A सही है, किन्तु R गलत है
(D) A गलत है, किन्तु R सही है

61. भारतीय जनजाति मुख्य रूप से किस प्रजाति की वंशज है ?
(A) मंगोलाइड
(B) नीग्रिटो
(C) प्रोटोआस्ट्रेलाइड
(D) आस्ट्रेलाइड

62. धुबरी ताप विद्युत् परियोजना किस राज्य में स्थित है ?
(A) मध्य प्रदेश
(B) मणिपुर
(C) उड़ीसा
(D) कर्नाटक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डिब्रू सैखोवा वाइल्ड लाइफ सेंक्चुअरी किस राज्य में स्थित है ?
(A) मणिपुर (B) नागालैण्ड
(C) सिक्किम (D) असम

तीय अर्थव्यवस्था

स्थिर कीमतों पर राष्ट्रीय आय गणना का आधार वर्ष क्या है ?
(A) 1990 - 91
(B) 1993 - 94
(C) 1995 - 96
(D) 1997 - 98

आठवीं योजना में सर्वाधिक निवेश (Investment) किस क्षेत्र में किया गया ?
(A) ऊर्जा क्षेत्र
(B) कृषि
(C) सामान्य आर्थिक सेवाएं
(D) ग्रामीण विकास

ऑपरेशन फ्लड (Operation flood) के अब तक कितने चरण पूरे हो चुके हैं ?
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

1950 की तुलना में आज विश्व व्यापार में भारत की भागीदारी—
(A) बढ़ी है
(B) स्थिर रही है
(C) गिरती रही है
(D) मिश्रित रही है

भारत में हिल्टन यंग कमीशन के सुझाव पर किस बैंक की स्थापना की गई ?
(A) पंजाब नेशनल बैंक
(B) बैंक ऑफ हिन्दुस्तान
(C) भारतीय स्टेट बैंक
(D) भारतीय रिजर्व बैंक

जवाहर रोजगार योजनान्तर्गत महिलाओं के लिए कितने प्रतिशत सीट आरक्षित होना अनिवार्य है ?
(A) 25% (B) 30%
(C) 33% (D) 33·3%

लारेंज वक्र है—
(A) आय और व्यक्तियों के प्रतिशत के मध्य खींचा गया वक्र
(B) चक्रीय बेरोजगारी को दर्शाने वाला वक्र
(C) संरचनात्मक बेरोजगारी और घर्षणात्मक बेरोजगारी के मध्य खींचा गया वक्र
(D) इनमें से कोई नहीं

71. एक मानव वर्ष (Standard Person Year) का आशय है कि—
(A) एक व्यक्ति प्रतिदिन 6 घण्टे काम करके एक वर्ष में 273 दिन रोजगार पाता है
(B) एक व्यक्ति प्रतिदिन 8 घण्टे काम करके एक वर्ष में 373 दिन रोजगार पाता है
(ख) संक्षेपीकरण–आजकल अन्य स्थानों की भाँति शिक्षा जगत् में भी चरित्र गठन को कोई महत्व नहीं दिया जाता है. भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य का सम्बन्ध पिता-पुत्र का सम्बन्ध और वह पारस्परिक विश्वास पर आधारित था. आजकल यह सम्बन्ध व्यावसायिक हो गया है. विद्यार्थी तो हड़ताल आदि करते ही हैं. शिक्षक भी गंदी पार्टी-बाजी करते हैं और उसमें विद्यार्थी भी शामिल होते हैं. विरोध करने पर विद्यार्थी शिक्षकों के प्राण तक लेने पर उतारू हो जाते हैं. शिक्षा जगत् की समस्त समस्याओं के मूल में यह सत्य है कि वहाँ चरित्र गठन की सर्वथा उपेक्षा की जाती है.

(ग) काले अंशों की व्याख्या.

(i) गुरु शिष्य को पुत्रवत् मानते थे और उस पर स्नेह रखते थे. शिष्य गुरु को पितातुल्य और विश्वसनीय समझता था.

प्राचीन भारत में गुरु और शिष्य के सम्बन्ध अत्यन्त मधुर और सुन्दर हुआ करते थे. कारण परस्पर विश्वास था. गुरु एक स्नेही पिता के समान सदैव शिष्य का हित-चिन्तन करता था. दूसरी ओर शिष्य गुरु के प्रति पिता के समान सादर भाव एवं विश्वास रखता था. उसको यह विश्वास रहता था कि गुरु जो कुछ कहेंगे व करेंगे. वह मात्र मेरे हित में होगा.

(ii) गुरु-शिष्य के बीच केवल व्यापारिक सम्बन्ध, जिसमें पैसे के बदले कुछ पुस्तकें पढ़ा देने मात्र का एक सम्पर्क होता है.

आजकल गुरु-शिष्य के मध्य सम्बन्ध की चर्चा करते हुए लेखक कहता है कि यह पवित्र सम्बन्ध अब केवल एक सौदेबाजी जैसा सम्बन्ध रह गया है. शिष्य गुरु को शुल्क के रूप में कुछ रुपए देता है और गुरु उसके बदले शिष्य को कुछ पुस्तकें पढ़ा देता है. गुरु-शिष्य के मध्य जो सम्पर्क होता है, उनका आदि और इस सौदेबाजी के निर्वाह तक सीमित रहता है.

(iii) हाल में एक भयंकर बात भी सुनने में आती है कि परीक्षा में कुछ कड़ाई करने पर विद्यार्थी शिक्षकों के प्राण लेने पर उतारू हो जाया करते हैं.

आजकल इस प्रकार की भयंकर घटनाएं प्रायः सुनने में आती रहती हैं कि निरीक्षक अध्यापक ने परीक्षार्थियों को नकल करने से रोकने के लिए कुछ कड़ाई बरती. परीक्षार्थी ने उग्रता प्रकट करते हुए शिक्षक के प्राण लेने का प्रयत्न किया.

(घ) (i) शिक्षा-जगत् में सम्पूर्ण अव्यवस्था का कारण यह है कि उसमें चरित्र-गठन सर्वथा उपेक्षित हो गया है.

(ii) गुरु-शिष्य के प्राचीन सम्बन्ध–

भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य का सम्बन्ध बहुत ही मधुर और सुन्दर हुआ करता था. इसका कारण था दोनों का परस्पर विश्वास. गुरु-शिष्य के प्रति पुत्रवत् स्नेह रखता था और शिष्य-गुरु को पितृ-तुल्य मानते हुए उसके प्रति पूर्णतः समर्पित रहता था. यह सम्बन्ध इतना प्रगाढ हुआ करता था कि वह आध्यात्मिक सम्बन्ध बन जाता था.

(iii) आजकल गुरु-शिष्य के सम्बन्ध का रूप–

आजकल गुरु-शिष्य का सम्बन्ध व्यापारिक अथवा एक सौदेबाजी तक सीमित सम्बन्ध बनकर रह गया है. शिष्य गुरु को धन रुपयों के रूप में कुछ शुल्क दे देता है, और गुरु उसके बदले में शिष्य को कुछ पुस्तकें पढ़ा देता है. यह सम्बन्ध राजनीतिक गुटबाजी तक रह जाता है. गुरु यदि विद्यार्थियों को कोई काम करने से रोकता है तो शिष्य उग्र हो जाते हैं, यहाँ तक कि वे गुरु के प्राण लेने पर भी उतारू हो जाते हैं.

(iv) आजकल के विद्यार्थियों के व्यवहार को लक्ष्य करके पाँच वाक्य–

(i) आजकल विद्यार्थी शिक्षक के व्यवहार को लेकर हड़ताल करते हैं और उग्र हो उठते हैं.

(ii) विद्यार्थी शिक्षकों के प्राण तक लेने पर उतारू हो जाते हैं, और कई बार वे ऐसा कर भी चुके हैं.

(iii) विद्यार्थी शिक्षकों की आपसी गुटबन्दी में सक्रिय भाग लेते हैं.

(iv) किसी काम को करने से रोके जाने पर विद्यार्थी विघटनकारी तरीके अपना लेते हैं.

(v) विद्यार्थी गुरु के साथ सम्बन्ध को केवल व्यापारिक सम्बन्ध मानते हैं. हम उन्हें फीस/वेतन देते हैं, वे बदले में हमको कुछ पुस्तकों का ज्ञान करा देते हैं.

प्रश्न 3. पल्लवन/वृद्धिकरण/विस्तार

निर्देश–निम्नलिखित कथनों/सूक्ति का पल्लवन/वृद्धिकरण/विस्तारण कीजि

(क) सद्भावना टूटे हृदयों को देती है.

(ख) संसार निस्सार स्वप्न नहीं

(ग) प्रकृति के यौवन का करेंगे कभी न वासी फूल.

(घ) विपत्ति कसौटी जे कसें साँचे मीत.

उत्तर–कथन/सूक्ति–सद्भावना हृदयों को जोड़ देती है.

(क) पल्लवन/वृद्धिकरण/विस्तार दूसरे के साथ हमारे सम्बन्ध कैसे हो यह हमारे व्यवहार पर निर्भर रहता है सम्बन्ध व्यक्तिगत सम्बन्धों से लेकर स्तर तक के सम्बन्ध हो सकते हैं. मन में यदि किसी के प्रति द्वेष या ईर्ष्या तो निश्चित रूप से उस व्यक्ति से द्वेष या ईर्ष्यापूर्ण व्यवहार ही मिलेगा. भी जाता है–हम जैसा बोते हैं वैसा हैं. यदि हम किसी से प्रेम करते हैं, सामने आने पर वह व्यक्ति हमारे प्रेम अभिभूत हो जाएगा और प्रेमपूर्ण व्य करने लगेगा. कहने की आवश्यकता नहीं यह नियम पशु जगत् में भी लागू होता हिंस्र पशु ऋषियों महात्माओं के आश्रम स्वच्छन्द रूप से विचरण करते हुए जाते हैं.

इतिहास में हमने पढ़ा है कि गौ बुद्ध का वध करने के इरादे से आए लोग उनके शिष्य हो जाते थे. कार गौतम बुद्ध की सर्वव्यापी सद्भाव सद्भावना लोगों को निकट लाती दुर्भावना लोगों को विलग या पृथक् क है. निकट आने का नाम यदि हृदयों जुड़ना है, तो हम सहज ही कह सकते कि सद्भावना टूटे हुए हृदयों को जोड़ है. आधुनिककाल में सद्भावना द्वारा हृदयों को जोड़ने वाले व्यक्ति के रूप हमारे सामने महात्मा गांधी का नाम अ है. जिनकी सद्भावना शत्रु/विरोधी को उनका मित्र/समर्थक बना दिया करती टूटे हुए हृदय जुड़ गए. इसका क्या प्र है? जिसके हृदय में सद्भावना है, उस प्रमाण की क्या आवश्यकता है? उ निकट तो विपक्षी अथवा विरोधी का स्थ रह ही नहीं जाता है. वह तो सदैव इसी प्र व्यवहार करेगा कि हमारे हृदय एक हैं.

(ख) सूक्ति/कथन–संसार निस्सार स्व नहीं है.

पल्लवन/वृद्धिकरण/विस्तारण–संसार हमारे जीवन की कर्म-स्थली है जहाँ अपने सम्बन्धों का निर्वाह करते हैं त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्त्तव्यों का पालन करते हैं. तब निस्सार क्योंकर हो सकता है?

स्वप्न दो प्रकार के होते हैं– एक तो वे जिन्हें हम साकार करते हैं तथा दूसरे वे जिन्हें हम ख्याली पुलाव एवं हवाई किले कहते हैं. प्रथम कोटि के स्वप्न हमें कर्म में प्रवृत्त करते हैं, दूसरे वर्ग के स्वप्न हमें निष्क्रिय, भाग्यवादी तथा प्रमादी बना देते हैं. मन्तव्य स्पष्ट है. हम अपने चिन्तन के अनुसार ससार को सारवान या निस्सार बना सकते हैं/बना देते हैं.

मनोविश्लेषकों की दुहाई देकर कुछ लोग कहते हैं कि स्वप्न हमारी कुठाओं एवं दमित वासनाओं के परिणाम होते हैं. इससे यह क्योंकर प्रमाणित हो सकता है कि स्वप्न निस्सार संसार की सृष्टि करते हैं. कुठाएं एव दमित वासनाएं यथार्थ जीवन से सम्बद्ध होती हैं. इसके अलावा अनेक स्वप्न ऐसे होते हैं जो भावी घटनाओं को प्रकट करते हैं और तत्काल अथवा भविष्य में सत्य सिद्ध हो जाते हैं.

स्वप्न देखने का लाक्षणिक अर्थ होता है– इच्छाकाक्षा करना, अपने भविष्य के लिए परिकल्पना करना. इस दृष्टि से तो जीवन को स्वप्नवत् अथवा किसी अन्य रूप में निस्सार कहना कदापि उचित नहीं कहा जा सकता है.

ससार कर्मभूमि, कर्त्तव्य भूमि, संघर्ष भूमि है. श्रीमद्भगवद्गीता में इसे धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र कहा गया है. यह सर्वथा सारवान है. इसके सम्बन्ध सत्य हैं. अतएव यह कहना सर्वथा सत्य है कि ससार निस्सार नहीं है. संसार वह सारवान स्थल है जहां स्वप्न साकार एवं सत्य बनाए जाते हैं

नोट–शेष के लिए देखें उपकार प्रकाशन, आगरा द्वारा प्रकाशित सम्बन्धित पुस्तक

प्रश्न 4. वाक्य शुद्धि.

निर्देश–नीचे कुछ अशुद्ध वाक्य दिए जा रहे हैं. इन्हें शुद्ध करके लिखिए. साथ ही इनमें निहित अशुद्धि को इंगित भी कीजिए.

(i) रामस्वरूप जी को मीटिंग का समाचार अवश्य भेज देना.

(ii) बीसवीं शताब्दी में अनेक यंत्रों की उत्पत्ति हुई.

(iii) माता-पिता की शुश्रूषा करनी चाहिए.

(iv) इतनी सी बात पर तुम्हें मेरे से नाराज नहीं होना चाहिए था.

(v) पानी में कौन पड़ गया?

(vi) जो सोवेगा वह खोवेगा?

(vii) भ्रष्टाचार गहरी समस्या है.

(viii) मुझे बड़ी भूख लगी है.

(ix) मंत्री जी ने भाषण बोला दिया.

(x) इस पत्र पर अपने हस्ताक्षर बना दो.

उत्तर–

(i) **अशुद्ध वाक्य**–रामस्वरूप जी को मीटिंग का समाचार अवश्य भेज देना.

शुद्ध वाक्य–रामस्वरूप जी को मीटिंग की सूचना अवश्य भेज देना.

संकेत–समाचार प्रकाशनार्थ समाचार-पत्र को भेजा जाता है.

(ii) **अशुद्ध वाक्य**–बीसवीं शताब्दी में अनेक यंत्रों की उत्पत्ति हुई.

शुद्ध वाक्य–बीसवीं शताब्दी में अनेक यंत्रों का आविष्कार हुआ.

संकेत–गलत संज्ञा का प्रयोग है.

(iii) **अशुद्ध वाक्य**–माता-पिता की शुश्रूषा करनी चाहिए.

शुद्ध वाक्य–माता-पिता की सेवा करनी चाहिए.

संकेत–गलत संज्ञा का प्रयोग स्पष्ट है.

(iv) **अशुद्ध वाक्य**–इतनी सी बात पर तुम्हें मेरे से नाराज नहीं होना चाहिए था.

शुद्ध वाक्य–इतनी सी बात पर तुम्हें मुझसे नाराज नहीं होना चाहिए.

संकेत–**मेरे से** सर्वनाम गलत है.

(v) **अशुद्ध वाक्य**–पानी में कौन पड़ गया?

शुद्ध वाक्य–पानी में क्या पड़ गया?

संकेत–वस्तु से अभिप्राय है. अतः **कौन** के स्थान पर **क्या** सर्वनाम का प्रयोग होना चाहिए.

(vi) **अशुद्ध वाक्य**–जो सोवेगा वह खोवेगा?

शुद्ध वाक्य–जो सोवेगा, सो खोवेगा.

संकेत–**जो** के साथ **सो** का प्रयोग होता है.

(vii) **अशुद्ध वाक्य**–भ्रष्टाचार गहरी समस्या है.

शुद्ध वाक्य–भ्रष्टाचार गम्भीर समस्या है.

संकेत–गहरी के स्थान पर गम्भीर विशेषण का प्रयोग शुद्ध है.

(viii) **अशुद्ध वाक्य**–मुझे बड़ी भूख लगी है.

शुद्ध वाक्य–मुझे बहुत भूख लगी है.

संकेत–अशुद्ध विशेषण का प्रयोग स्पष्ट है.

(ix) **अशुद्ध वाक्य**–मंत्री जी ने भाषण बोला/दिया.

शुद्ध वाक्य–मंत्री जी ने भाषण किया.

संकेत–भाषण किया जाता है. दिया या बोला नहीं जाता है.

(x) **अशुद्ध वाक्य**–इस पत्र पर अपने हस्ताक्षर बना दो.

शुद्ध वाक्य–इस पत्र पर अपने हस्ताक्षर कर दो.

संकेत–हस्ताक्षर किए जाते हैं, बनाए नहीं जाते हैं.

प्रश्न 5. मुहावरे.

निर्देश–नीचे दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखिए और उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

(i) काठ का उल्लू

(ii) कुर्सी तोड़ना

(iii) केर-बेर का संग होना

(iv) खरा खेल फर्रुखाबादी

(v) खिचड़ी पकाना.

उत्तर–

(i) **मुहावरा**–काठ का उल्लू

अर्थ–निपट मूर्ख

वाक्य में प्रयोग–जो व्यक्ति यह भी न समझे कि वर्षा ऋतु में चारों ओर हरियाली क्यों हो जाती है, उसे आप **काठ के उल्लू** के सिवाए और क्या कहेंगे?

(ii) **मुहावरा**–कुर्सी तोड़ना

अर्थ–अपनी ड्यूटी पूरी तरह न करना.

वाक्य में प्रयोग–आप किसी भी दफ्तर में जाकर देख लीजिए. बाबू लोग केवल **कुर्सी तोड़ते** रहते हैं.

(iii) **मुहावरा**–केर-बेर का संग होना

अर्थ–विरुद्ध स्वभाव वालों का साथ

वाक्य में प्रयोग–पंखे की हवा से भी श्याम की देह में दर्द होने लगता है, जबकि उसकी पत्नी को कूलर के बिना पलभर भी चैन नहीं पड़ता है. है न उनका **केर-बेर का संग?**

(iv) **मुहावरा**–खरा खेल फर्रुखाबादी

अर्थ–सच्चा काम

वाक्य में प्रयोग–भाई नेतराम लेनदेन में एकदम साफ हैं. न किसी का एक भी पैसा रखते हैं और न किसी पर एक भी पैसा छोड़ते हैं. उनका तो सीधा-सा सिद्धान्त है–**खरा खेल फर्रुखाबादी.**

(v) **मुहावरा**–खिचड़ी पकाना.

अर्थ–गुप्त सलाह करना.

वाक्य में प्रयोग–मोहन-सोहन को अलग कमरे में बातें करते हुए 2 घण्टे से भी अधिक समय हो गया. तब बाहर उनकी प्रतीक्षा करते हुए नजीर ने आवाज दी–भाई-लोगो, क्या **खिचड़ी पकाई जा रही है,** हम लोग इन्तजार कर रहे हैं?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रश्न 6. लोकोक्तियाँ.

निर्देश–नीचे दी हुई लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए.

(i) खुदा गंजे को नाखून नहीं देता.

(ii) खाई खोदे और कूँ ताकों कूप तैयार.

(iii) गए थे रोजा छुड़ाने नमाज गले पड़ी.

(iv) गधा खेत खाए, जुलाहा पीटा जाए.

उत्तर–

(i) **लोकोक्ति**–खुदा गंजे को नाखून नहीं देता.

अर्थ–बुरे व्यक्ति को अधिकारों से वंचित रखना ही ठीक है.

वाक्य में प्रयोग–रामसिंह दरोगा के पद की प्रतियोगिता में बैठने के बाद मोहल्ले वालों पर बहुत रौब मारने लगे थे. संयोगवश उनका चयन नहीं हुआ. मोहल्ले के लोग बहुत खुश थे–**खुदा गंजे को नाखून नहीं देता है.**

(ii) **लोकोक्ति**–खाई खोदे और कूँ, ताकों कूप तैयार.

अर्थ–जो दूसरे का अहित सोचता है, उसका अहित पहले ही हो जाता है.

वाक्य में प्रयोग–राम प्रसाद बनवारी के खिलाफ कत्ल के मामले में झूठी गवाही देने को तैयार थे. अगले ही दिन एक दुर्घटना में उनके लड़के की टाँग टूट गई. इसको कहते हैं. **खाई खोदे और कूँ ताकों कूप तैयार.**

(iii) **लोकोक्ति**–गए थे रोजा छुड़ाने नमाज गले पड़ी.

अर्थ–सुख की इच्छा से जाने पर दुःख मिलना.

वाक्य में प्रयोग–दिनेश जी सपरिवार नैनीताल गए थे कि गर्मी की छुट्टियाँ चैन से बिताएंगे. वहाँ उनके बच्चे बीमार पड़ गए और पूरा समय उनके इलाज कराते हुए बीता. इसको कहते हैं–**गए थे रोजा छुड़ाने, नमाज गले पड़ी.**

(iv) **लोकोक्ति**–गधा खेत खाए, जुलाहा पीटा जाए.

अर्थ–अपराध कोई करे, उसका दण्ड/दुष्परिणाम किसी अन्य को भुगतना पड़े.

वाक्य में प्रयोग–चोरी की रिपोर्ट करने पर पुलिस वाले हमारे नौकर को पकड़कर ले गए और उस पर चोरी का जुर्म लगा दिया. यह वही बात थी कि **गधा खेत खाए, जुलाहा पीटा जाए.**

प्रश्न 7. रिक्त स्थान की पूर्ति.

निर्देश–नीचे दिए गए वाक्यों में प्रत्येक में एक स्थान रिक्त है. उस स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त शब्द लिखिए–

(i) आपकी ..... में इस बार उत्तर प्रदेश में किस दल की सरकार बनेगी?

(ii) सीप में प्रकाश को प्रतिबिम्बित होते देखकर चाँदी का ..... होने लगता है.

(iii) अँधेरे में रस्सी को देखकर साँप का ..... होने लगता है.

(iv) रात-दिन भजन गाने वाला क्या सच्चा ..... समझा जा सकता है?

(v) जल-निगम की व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार ने ..... की नियुक्ति कर दी है.

उत्तर–(i) राय, (ii) भ्रम, (iii) संदेह, (iv) ईश्वर भक्त, (v) नियंत्रक.

प्रश्न 8. सम्पादक के नाम पत्र

निर्देश–अपने नगर की सड़कों की समस्या को लक्ष्य करके किसी समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम पत्र लिखिए.

उत्तर–

सम्पादक,

स्वराज टाइम्स,

आगरा

विषय–नगर की सड़कें.

महोदय,

आपके सम्मान्य दैनिक के माध्यम से मैं अपने नगर की रोती हुई सड़कों की ओर सम्बन्धित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ. हमारे नगर की सड़कें रो-रो कर कहती हुई प्रतीत होती हैं कि हमारी देखभाल तथा हमारे रख-रखाव की फिक्र किसी को नहीं है.

सड़कों की वेदना के साथ हमारी सहानुभूति भी है और सहमति भी है. जहाँ तक हमें याद है पिछले 10 वर्षों से सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है. हाँ, इतना अवश्य है कि सिविल लाइन्स की सड़कों के गड्ढों को अवश्य यदा-कदा भरवा दिया जाता है. अन्यथा शहर व बाजार की सड़कों की ही भाँति उनकी भी दुर्दशा देखने को मिलती.

सड़कें गाँवों के दगरों से भी गई बीती दिखाई देती हैं. दगरे समतल होते हैं. ये सड़कें विषमतल हैं. उन पर चलने वाले, रिक्शों में बैठने वाले यात्रियों को प्रतिपल लुढ़क जाने का भय बना रहता है. पैदल चलने वालों को बार-बार इधर से उधर कूदते हुए चलना पड़ता है.

अनेक सड़कों पर उफनते हुए सीवर का गंदा पानी बहता रहता है. चारों ओर बदबू फैलती रहती है तथा बीमारी फैलने का खटका बना रहता है. यदि थोड़ी-सी भी वर्षा हो जाती है तो जगह-जगह पोखर बन जाते हैं. चारों ओर कीचड़ फैल जाती है जिसमें रपटकर प्रायः लोग गिरते हुए देखे जा सकते हैं. कहीं-कहीं कूड़े के ढेर पड़े रहते हैं. ऐसे स्थलों पर यह मालूम करना कठिन होता है कि यहाँ सड़क है या नहीं.

सड़कों की दुर्दशा के बारे में कई बार सम्बन्धित अधिकारियों को लिखा जा चुका है. उनसे मिला जा चुका है, परन्तु कोई नतीजा नहीं निकला. हरबार एक ही उत्तर मिलता है–पैसा नहीं है. प्रश्न यह है–नगरपालिका की आमदनी का क्या होता है? ये निर्वाचित प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी आदि किस मर्ज की दवा हैं? सड़कों की दुर्दशा को लेकर जनता कई बार सड़कों पर आ चुकी है, जाम लगा चुकी है. परिणाम, पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और अधिकारियों द्वारा आश्वासन मिलते हैं.

यह समस्या इतनी भयावह हो गई है कि नगर-निवासियों का सामूहिक आक्रोश किसी समय फूट सकता है. वह स्थिति अराजकता जैसी बन सकती है. हमारी प्रार्थना है कि उस अवांछनीय स्थिति के उत्पन्न होने के पूर्व अधिकारीगण चेतने की कृपा करें.

धन्यवाद

भवदीय

पता .....

क ख ग

दिनांक .....

प्रश्न 9. रिपोर्टिंग

निर्देश–जनता द्वारा लगाए जाने वाले किसी जाम की रिपोर्ट समाचार-पत्र में प्रकाशनार्थ तैयार कीजिए.

उत्तर–

नगर की समस्याओं को लेकर आज कई मोहल्लों के निवासी सड़कों पर आ गए. आस-पास स्थित प्रायः समस्त बाजार बंद हो गए. सड़क पर आने वालों के समर्थन में तथा असामाजिक तत्वों द्वारा लूटपाट की आशंका को देखते हुए.

लोगों ने चारों ओर जाम लगाकर वाहनों का आवागमन बाधित कर दिया. अधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई. वाहनों पर पथराव की भी छुटपुट घटनाएं हुईं. यह क्रम 3-4 घण्टों तक चलता रहा. इसके बाद पुलिस आई. उसके आते ही जमकर लाठियाँ फटकारना शुरू कर दिया. लोग चारों ओर भागने लगे. कहा जाता है कि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए.

आवागमन की व्यवस्था करने के बाद अधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा किया तथा

शेष पृष्ठ 894 पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य अध्ययन

सामान्य ज्ञान

(प्रथम प्रश्न-पत्र)

...ला गौतम बुद्ध को किस स्थान पर ...ध की प्राप्ति हुई?
...A) कुशीनगर (B) लुम्बिनी
...C) गया (D) वाराणसी

...गाल में पाल वंश के शासन का ...रम्भ कब हुआ?
...A) 736 ईसवी (B) 750 ईसवी
...C) 757 ईसवी (D) 793 ईसवी

...वा और सुमात्रा द्वीप किस देश में ...?
...A) फिलीपीन्स
...B) न्यूजीलैण्ड
...C) इण्डोनेशिया
...D) जापान

...काश में सबसे चमकदार तारा ...नता है?
...A) प्रोक्सीमा सेन्तोरी
...B) बर्नार्ड
...C) नेबूला
...D) सिरियस

...कबर जिसे अपने जीवन काल में ...रा न कर सका, किन्तु उसे जहाँगीर ...पूरा किया, वह कौनसा कार्य था?
...A) कंदहार की विजय
...B) दक्खन का विलय
...C) मेवाड़ की अधीनता
...D) कांगड़ा का अभियान

...ज़ह-ए-कुल का सिद्धान्त प्रवर्तित ...या था?
...A) निजामुद्दीन औलिया ने
...B) अकबर ने
...C) जैतुल आबिदीन ने
...D) शेख नासिरुद्दीन चिराग ने

...नदी को बांग्लादेश में किस नाम ...पुकारा जाता है?
...A) पद्मा (B) मेघना
...C) हिहेग (D) पेत्रेरू

...र के आक्रमण के समय भारत पर ...स वंश का शासन था?
...A) लोदी वंश (B) तुगलक वंश
...C) सैयद वंश (D) खिलजी वंश

9. गुरु गोविन्द सिंह का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) ननकाना (B) अमृतसर
(C) पटना (D) लाहौर

10. कौनसा ग्रन्थ अरबी भाषा में लिखा गया था?
(A) खजाइनुल फुतुह
(B) फतवा-ए-जहाँदारी
(C) आलमगीर नामा
(D) फतवा-ए-आलमगीरी

11. किस हिन्दी साहित्यकार ने जहाँगीर के दरबार का वर्णन किया है?
(A) भूषण (B) केशव
(C) लाल कवि (D) निवाज तिवारी

12. भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को किस वर्ष फाँसी दी गई?
(A) 1928 (B) 1929
(C) 1930 (D) 1931

13. 'पॉलिटिक्स ऑफ चरखा' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?
(A) अशोक मेहता
(B) जे. सी. कृपलानी
(C) जे. बी. कृपलानी
(D) के. जी. मशरुवाला

14. 'दलाल स्ट्रीट' कहाँ पर स्थित है?
(A) लन्दन (B) पेरिस
(C) मुम्बई (D) नई दिल्ली

15. भारत में एक रुपए के नोट पर किसके हस्ताक्षर होते हैं?
(A) रिजर्व बैंक के गवर्नर
(B) भारत के वित्त मंत्री
(C) वित्त मन्त्रालय के सचिव
(D) राष्ट्रपति

16. राष्ट्रपति निर्वाचित होने के पात्र बनने के लिए किसी व्यक्ति की आयु पूर्ण होनी चाहिए?
(A) 21 वर्ष (B) 25 वर्ष
(C) 30 वर्ष (D) 35 वर्ष

17. राज्य सभा के सदस्य का कार्यकाल होता है?
(A) 6 वर्ष के लिए
(B) 5 वर्ष के लिए
(C) 4 वर्ष के लिए
(D) कोई निश्चित समय नहीं

18. संविधान में कुल कितने अनुच्छेद हैं?
(A) 410 (B) 319
(C) 395 (D) 400

19. राम कृष्ण हेगड़े के राजनीतिक दल का नाम है.
(A) भारतीय किसान पार्टी
(B) लोक शक्ति
(C) राष्ट्रीय जनता पार्टी
(D) भारतीय किसान कामगार पार्टी

20. संविधान सभा का अस्थायी अध्यक्ष किसे चुना गया था?
(A) बी. एन. राव
(B) डॉ. अम्बेडकर
(C) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा
(D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

21. दो संख्याओं का गुणनफल बड़ी संख्या के दोगुने का 20 गुना है, जबकि छोटी संख्या बड़ी संख्या से 20 कम है, तो बड़ी संख्या क्या होगी?
(A) 60 (B) 80
(C) 70 (D) 120

22. एक नल किसी टंकी को 4 घण्टे में भर सकता है, लेकिन रिसाव के कारण टंकी को भरने में उस नल को 5 घण्टे लगते हैं. यदि टंकी पूरी भरी हो, तो रिसाव उसे कितनी देर में खाली कर देगा?
(A) 10 घण्टे (B) 20 घण्टे
(C) 40 घण्टे (D) 15 घण्टे

23. 25 किलो चाय को 280 रुपए प्रति-किलो के भाव से खरीदा गया लेकिन इसमें से 10 किग्रा चाय को 10% हानि पर बेच दिया गया. शेष चाय को कितने में बेचा जाए कि पूरे सौदे में 30% का लाभ प्राप्त हो?
(A) 7200 रु. (B) 5500 रु.
(C) 6580 रु. (D) 4800 रु.

24. एक ट्रैक्टर 6 घण्टे प्रतिदिन चलकर 50 एकड़ भूमि को 8 दिन में जोतता है यदि ट्रैक्टर को 10 घण्टे प्रतिदिन चलाया जाए, तो सौ एकड़ भूमि को कितने दिनों में जोतेगा?
(A) 9.6 दिन में
(B) 11 दिन में
(C) 11.5 दिन में
(D) 9 दिन में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

25. 'बीड़ा उठाना' मुहावरे का अर्थ है
(A) भारी बोझा उठाना
(B) दृढ़ निश्चय करना
(C) चबाने के लिए पान उठाना
(D) लड़ने के लिए तैयार होना

26. 'अत्यैश्वर्य' में कौनसी सन्धि है?
(A) यण सन्धि (B) वृद्धि सन्धि
(C) गुण सन्धि (D) दीर्घ सन्धि

27. श्रीखण्ड का पर्यायवाची है.
(A) चंदन (B) ईश
(C) सलिल (D) सुपर्ण

28. शिरोमणि का सन्धि विग्रह होगा.
(A) शिरू + मणि
(B) शिरः + मणि
(C) शिरः + मणी
(D) शिरो + मणि

29. निम्नलिखित शब्दों में से पुल्लिंग का चयन कीजिए.
(A) कर्त्री (B) धात्री
(C) दात्री (D) कवयिता

30. जिस समास में अन्तिम पद प्रधान होता है. वह होता है.
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय
(C) अव्ययीभाव (D) बहुब्रीहि

31. ''सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है'' यह वाक्य निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?
(A) अशफाक उल्लाह खाँ
(B) राम प्रसाद बिस्मिल से
(C) भगत सिंह से
(D) रास बिहारी बोस से

32. हड़प्पा सभ्यता का प्रसिद्ध वृहत् स्नानागार कहाँ स्थित था?
(A) हड़प्पा (B) मोहनजोदड़ो
(C) रंगपुर (D) लोथल

33. संविधान की कौनसी अनुसूची में क्षेत्रीय भाषाओं का उल्लेख है?
(A) सातवीं अनुसूची में
(B) आठवीं अनुसूची में
(C) नवीं अनुसूची में
(D) दसवीं अनुसूची में

34. पाकिस्तान राज्य के संस्थापक कौन थे?
(A) मोहम्मद अली जिन्ना
(B) फारूख अब्दुल्ला खाँन
(C) सैर सैयद अहमद खाँ
(D) शेख सलीम

35. डूरण्ड कप किस खेल से सम्बन्धित है?
(A) क्रिकेट (B) टेबिल टेनिस
(C) हॉकी (D) फुटबाल

36. प्रोटोन की खोज किसने की?
(A) चैडविक
(B) जे. जे. थॉमसन
(C) गोल्डस्टीन
(D) रदरफोर्ड

37. केरल राज्य की मुख्य भाषा कौनसी है?
(A) हिन्दी (B) अंग्रेजी
(C) डोगरी (D) मलयालम

38. ह्वांगहो नदी किस देश की नदी है?
(A) चीन (B) अफ्रीका
(C) रूस (D) कजाखिस्तान

39. अमरीका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
(A) आइजन हॉबर
(B) जॉर्ज वाशिंगटन
(C) जॉन एफ केनेडी
(D) बिल क्लिंटन

40. सबसे कम समय में एवरेस्ट पर चढ़ने का रिकार्ड निम्नलिखित में से किसका है?
(A) शेरपा तेन सिंह
(B) बाबू छिटी शेरपा
(C) सर एडमंड हिलेरी
(D) शेरपा आंग रीता

41. नेपाल की संसद का नाम निम्नलिखित में से कौनसा है?
(A) राष्ट्रीय पंचायत
(B) खुरल
(C) संसद
(D) शोरा

42. एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी को किस वर्ष भारत रत्न से अलंकृत किया गया?
(A) 1997 (B) 1998
(C) 1999 (D) 1996

43. मानव खोपड़ी में कुल अस्थियों की संख्या है?
(A) 23 (B) 22
(C) 33 (D) 15

44. साइमन कमीशन की नियुक्ति निम्नलिखित में से किस वर्ष की गई थी?
(A) 1927 (B) 1929
(C) 1930 (D) 1932

45. अनुशीलन समिति द्वितीय के संस्थापक कौन थे?
(A) वीरेन्द्र कुमार घोष
(B) अश्विनी कुमार दत्त
(C) ज्ञानेन्द्र नाथ बोस
(D) भगत सिंह

46. वर्ष 1996 में 26वें ओलम्पिक खेल कहाँ सम्पन्न हुए थे?
(A) बैंकॉक (थाईलैण्ड)
(B) अटलांटा (अमरीका)
(C) पर्थ (आस्ट्रेलिया)
(D) सिडनी (आस्ट्रेलिया)

47. क्रिकेट के किस खिलाड़ी को 1997 का राजीव गाधी खेल सम्मान प्रदान किया गया था.
(A) मोहिन्दर अमरनाथ
(B) सुनील गावस्कर
(C) संदीप पाटिल
(D) सचिन तेन्दुलकर

48. 'मिस यूनीवर्स' बनने वाली प्र भारतीय महिला कौन है?
(A) कु. रीता फारिया
(B) कु. सुष्मिता सेन
(C) ऐश्वर्या राय
(D) सोनू वालिया

49. प्रथम भारतीय फीचर फिल्म का न था–
(A) कागज के फूल
(B) आलम-आरा
(C) राजा हरिश्चन्द्र
(D) तेरी मेरी कहानी

50. अन्तरिक्ष में जाने वाली प्रथम भारती मूल की महिला निम्नलिखित में कौन थी?
(A) लूनाखोद
(B) ए. एम. कपूर
(C) कल्पना चावला
(D) तेरेश्कोवा

51. पीलिया रोग निम्नलिखित में से किस द्वारा प्रसारित होता है?
(A) जल (B) वायु
(C) भोजन (D) मृदा

52. वाइरस के द्वारा निम्नलिखित में कौनसी बीमारी होती है?
(A) फ्लू (B) मलेरिया
(C) टाइफाइड (D) उपर्युक्त सभी

53. सोडियम बाइकार्बोनेट को निम्नलिखि में से किस नाम से जाना जाता है?
(A) खाने का सोडा
(B) धोने का सोडा
(C) खाने का नमक
(D) लाल दवा

54. दूरबीन का आविष्कार किसने किया था
(A) गुटन बर्ग ने
(B) गैलीलियो ने
(C) एडीसन ने
(D) ग्राह्मबैल ने

55. किसी कम्पनी में 151 व्यक्तियों की औसत बोनस 3300 रुपए है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

76 व्यक्तियों की औसत बोनस
रु. हो और अन्तिम 76 व्यक्तियों
औसत बोनस 2400 रु. है तो 76वें
की बोनस कितनी होगी?
3400 रु. (B) 3300 रु.
3200 रु. (D) 3600 रु.

निम्नलिखित संख्या शृंखला का अगला
क्या होगा?
15, 22.5, 56.25, ...
72 (B) 84
84.375 (D) 92.735

किमी प्रति घण्टा की चाल से
ती हुई एक 150 मीटर लम्बी
गाड़ी 36 किमी प्रति घण्टा से
ते हुए स्कूटर सवार को कितने देर
दर कर लेगी?
15 सेकेण्ड (B) 12 सेकेण्ड
10 सेकेण्ड (D) 30 सेकेण्ड

क व्यक्ति अपने धन के आधे को
वार्षिक ब्याज की दर पर तथा
ष को 8% वार्षिक ब्याज की दर से
सरी अन्य को देता है यदि 3 वर्ष
चात् कुल ब्याज में 156 रु. का
दर हो, तो वह कुल राशि क्या
गा?
8000 रु. (B) 7000 रु.
6000 रु. (D) 5200 रु.

म्नलिखित व्यंजक का मान क्या
गा?
$(1.37)^3 - (0.93)^3 - (0.44)^3 - 3$
$(0.44)(0.93)(1.37)$
0 (B) 1
2 (D) 3

मरी एक व्यापार 50000 रु. लगाकर
क करता है 5 महीने बाद 72000
लगाकर मोहन भी उस व्यापार में
म्मिलित हो जाता है यदि वर्षान्त में
ह 15042 रु. का लाभ हो तो लाभ
मोहन का हिस्सा क्या होगा?
7000 रु. (B) 6900 रु.
6867 रु. (D) 6600 रु.

क घनाकार कमरा जिसकी लम्बाई-
ड़ाई तथा ऊँचाई क्रमशः 13 फुट,
फुट एवं 8 फुट है कमरे में लम्बी
लम्बी कितने फुट की छड़ रखी जा
कती है?
26 फुट (B) 19.45 फुट
21.4 फुट (D) 31.30 फुट

नल किसी हौज को 18 घण्टे में
सकता है तथा दूसरा नल उसे 27
टे में खाली कर सकता है. यदि
नल एक साथ खोल दिए जाएं
ी खाली होज कितनी देर में भर
जाएगा?
(A) 32 घण्टे (B) 44 घण्टे
(C) 54 घण्टे (D) 66 घण्टे

63. बड़ी-से-बड़ी 3 अंकों की वह संख्या क्या होगी जिसमें यदि 25, 30 एवं 40 का भाग दिया जाए, तो शेष 7 रहे?
(A) 807 (B) 907
(C) 607 (D) 997

64. एक कार एवं एक स्कूटर की चालों में अनुपात 8 : 5 है. यदि कार के द्वारा चली कोई निश्चित दूरी में लगा समय 45 मिनट है तो स्कूटर उसी निश्चित दूरी को कितनी देर में पार करेगा?
(A) 68 मिनट (B) 72 मिनट
(C) 54 मिनट (D) 60 मिनट

65. 15 आदमी और 20 औरत मिलकर किसी काम को 6 दिन में पूरा करती हैं तथा 20 आदमी और 10 औरत उस काम को करने में भी 6 दिन लेते हैं. तो 8 आदमी 16 औरत उस काम को कितने दिनों में कर लेगें?
(A) $11\frac{3}{10}$ (B) $9\frac{3}{8}$
(C) $7\frac{4}{11}$ (D) $12\frac{7}{15}$

66. किसी भिन्न के अंश और हर का योग 15 है. लेकिन अन्तर एक है यदि भिन्न का हर अंश से बड़ा हो. तो मूल भिन्न क्या होगी?
(A) $\frac{7}{8}$ (B) $\frac{6}{9}$
(C) $\frac{4}{11}$ (D) $\frac{8}{7}$

67. राजेन्द्र एवं नहीम की आय में 4 : 5 का अनुपात है यदि उनके खर्चे में 3 : 4 का अनुपात हो तथा नहीम की बचत 100 रु. अधिक है, तो दोनों की कुल आय क्या होगी? जबकि राजेन्द्र की बचत 800 रु. है.
(A) 7200 रु. (B) 4500 रु.
(C) 6400 रु. (D) 5400 रु.

68. मुन्नेश की आय उसके पिता से 30% अधिक है तो उसके पिता की आय मुन्नेश से कितने प्रतिशत कम है?
(A) 24.50 (B) 26.08
(C) 23.08 (D) 30.08

69. किसी संख्या का 80% उसी संख्या के $\frac{2}{3}$ से 306 अधिक है वह संख्या होगी?
(A) 2850 (B) 4500
(C) 3680 (D) 2250

70. एक दुकानदार अपने व्यापार में हर वस्तु पर 5% छूट देकर 15% लाभ कमाना चाहता है यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य 400 रु. है. तो उसी वस्तु का अंकित मूल्य कितना होगा?
(A) 500 रु.
(B) 496.84 रु.
(C) 484.21 रु.
(D) 422.80 रु.

71. यदि $\frac{x}{y} = \frac{a}{b} = \frac{c}{d} = \frac{2}{3}$ हो तो
$\frac{2x + 3a + 5c}{2y + 3x + 5d}$ का मान है.
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) $\frac{2}{3}$

72. साधारण ब्याज की दर से कोई राशि 16 वर्ष में अपनी से तीन गुनी हो जाती है वार्षिक ब्याज दर क्या होगी?
(A) 12.5% (B) 14%
(C) 16% (D) 15%

73. 'वेपन्स ऑफ पीस' नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है?
(A) जेम्स वैप्टसन
(B) श्रीलाल मिश्र
(C) राजचेंगप्पा
(D) जय श्रीमिश्र

74. पारादीप का निम्नलिखित में से किससे सम्बन्ध है?
(A) नाइट्रोजन उर्वरक संयन्त्र
(B) गैसीय उर्वरक संयन्त्र
(C) फॉस्फोरस पेन्टाक्साइड संयन्त्र
(D) फास्फेट युक्त उर्वरक संयन्त्र

75. स्वप्न सुन्दरी किस नृत्य से सम्बन्धित है?
(A) भारत नाट्यम
(B) कुचिपुड़ी
(C) कथकली
(D) मणिपुरी

अध्यापन अभिरुचि और तर्कयोग्यता परीक्षा
(द्वितीय प्रश्न-पत्र)

निर्देश–(प्रश्न 76 से 77) नीचे दिए गए प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रत्येक में दिए गए चार विकल्पों में से सही विकल्प संख्या को चुनिए.

76. यदि किसी कूटभाषा में 'YOUNG' को 'BLFMT' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'BELOW' को कैसे लिखा जाएगा?
(A) YVOLD (B) YVPLD
(C) YUOLD (D) YVOMD

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

77. मधुरिमा एक दौड़ प्रतियोगिता में आरम्भ से 17वें स्थान पर तथा अन्त से 35वें स्थान पर है. यदि शुरूआत में लड़की फिर लड़का यही क्रम सत्य हो, तो प्रतियोगिता में कुल कितने लड़कों ने भाग लिया?

(A) 24 (B) 25
(C) 26 (D) 27

निर्देश–(प्रश्न 78 से 79) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में चार पद हैं. उनमें से तीन पदों में कुछ न कुछ समानता है. किन्तु एक पद अन्य पदों से भिन्न है. अन्य से भिन्न पद ज्ञात कीजिए.

78. (A) ताजमहल
(B) अकबर का मकबरा
(C) एत्माद्दौला
(D) आगरा यूनीवर्सिटी

79. 

(A) (B) (C) (D)

निर्देश (प्रश्न 80 से 81) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में चिह्न ': :' के बाएं दिए गए दो अक्षर समूह किसी रूप से सम्बन्धित हैं दिए गए चार विकल्पों में से वह अक्षर समूह बताइए जो हरेक प्रश्न में चिह्न ': : ' के दाएं तीसरे अक्षर समूह से सम्बन्धित है.

80. DGJM : PSVY : : BEHK : ?
(A) NQTW
(B) ORUY
(C) PRUX
(D) NRUX

81. BGKN : HMQT : : EJNQ : ?
(A) GLPR (B) JOSV
(C) INQT (D) LSWZ

82. एक सुबह सूर्योदय के समय नमन एवं नवनीत एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े थे. यदि नमन की परछाईं नवनीत की परछाईं के ठीक ऊपर पड़ी थी. तो उस समय नवनीत का मुँह किस दिशा में था?
(A) पूरब (B) पश्चिम
(C) उत्तर (D) दक्षिण

83. एक परिवार में सात सदस्य गुड्डा, सुनील, सौनू, मौनू, गरिमा, पिंकी एवं लवी हैं. यह निश्चित है कि सौनू सबसे छोटा नहीं है. गुड्डा, सुनील से बड़ा है लेकिन पिंकी से छोटा है. गरिमा, लवी से बड़ी है लेकिन मौनू से छोटी है. सौनू सुनील से छोटा है लेकिन मौनू से छोटा नहीं है. परिवार में सबसे छोटा कौन है?
(A) गरिमा (B) लवी
(C) सुनील (D) मौनू

निर्देश–(प्रश्न 84 से 85) नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक अक्षर शृंखला दी गई है. अक्षर का शृंखला का अन्तिम पद रिक्त है. रिक्त पद के लिए सही विकल्प चुनिए.

84. A D E F I H M J Q L – –
(A) UN (B) UM
(C) SN (D) MT

85. A B Z Y C D X W E F – –
(A) UV (B) VU
(C) ST (D) TS

निर्देश–(प्रश्न 86 से 87) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दिए गए पदों को उनके आपसी सम्बन्धों के आधार पर चित्र आकृतियों के माध्यम से व्यक्त किया जा सकता है. A, B, C, D चार चित्र आकृतियों उत्तर विकल्प के रूप में दी गई हैं. चित्र-आकृति के आकार प्रकार को नहीं बल्कि उनकी व्यवस्था को ध्यान में रखा जाना है. प्रश्नों में दिए गए शब्दों के आपसी सम्बन्ध को व्यक्त करने वाली चित्र आकृति को ढूँढ़ कर विकल्पों में से चुनिए.



(A) (B) (C) (D)

86. वकील, पुरुष, जीव–
(A) A (B) B
(C) C (D) D

87. लड़का, पुरुष, इंजीनियर
(A) A (B) B
(C) C (D) D

88. दी गई संख्या शृंखला की अगली संख्या क्या होगी?
2, 9, 28, 65, 126, ...,
(A) 270 (B) 271
(C) 217 (D) 197

निर्देश (प्रश्न 89 से 90) नीचे दिए गए प्रश्नों में प्रत्येक प्रश्न में चार आकृतियाँ दी गई हैं. जिनमें तीन आकृति एक प्रकार की, किन्तु एक आकृति किसी न किसी प्रकार इन तीनों से भिन्न है. इन्हें पहचान कर चार विकल्पों में से सही उत्तर अंकित कीजिए.

89. 

(A) (B) (C) (D)

90. 

(A) (B) (C) (D)

निर्देश (प्रश्न 91 से 92) नीचे दिए प्रश्नों में बाईं ओर चार समस्या आकृतियाँ और पाँचवीं के स्थान पर प्रश्नसूचक बना हुआ है. समस्या आकृतियों में आपसी सम्बन्ध है. उत्तर-आकृतियों में कोई एक ऐसी आकृति चुनिए जो सूचक चिह्न वाले स्थान पर ठीक बैठ

समस्या आकृतियाँ

91. 

उत्तर आकृतियाँ



(A) (B) (C)

92. समस्या आकृतियाँ



उत्तर आकृतियाँ

(A) (B) (C)

निर्देश (प्रश्न 93 से 94) नीचे दिए प्रश्न प्रश्न अक्षर/अंक श्रेणी पर आधा हैं. श्रेणी के कुछ पद रिक्त हैं जिन्हें क्र एक उत्तर विकल्प में रखा गया है विकल्प ढूँढ़िए.

93. 9, 13, 22, 38, ..., 99, ...,
(A) 72, 152 (B) 54, 108
(C) 63, 148 (D) 68, 164

94. d a – c – – b c – a b c –
(A) b d a d d (B) b d a b d
(C) b c a d b (D) b d b a d

निर्देश (प्रश्न 95 से 96) नीचे दिए प्रश्नों में चिह्न ': : ' के बाएं आकृतियों एक युग्म दिया गया है और उसके दाए अन्य आकृति दी गई है. वह आकृति बत जिसका इस तीसरी आकृति के साथ तरह का सम्बन्ध है?

95. 

(A) (B) (C)

96.



(A) (B) (C)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किसी कूट भाषा 'EXAMIN-ON' को 'GZCOKPCVKQP' ा जाता है तो उसी कूट भाषा में XERCISE' को कैसे लिखा ना?

GZETGKUG
GZETGKTG
GZGTEKUG
GZGTFKUG

किसी कूट भाषा में 'PERMA-NT' को 'KVINZMVMG' ा जाता है, तो उसी कूट भाषा में OURNALIST' को कैसे लिखा ना?

QLFIMZOSHG
QLFIMZORHG
QLFIMXORHG
QLFINZORHG

न-प्रश्न 99 में चिह्न ': :' के बाईं शब्द किसी रूप में सम्बन्धित हैं ने ऐसा एक शब्द बताइए जो चिह्न ाई ओर दिए गए शब्द से उसी म्बन्ध रखता हो.

: पुस्तक : : पैसा : ?

बैंक (B) परिश्रम
व्यापारी (D) टकसाल

लन प्रारम्भिक बिन्दु से कुछ दूर लकर अपने दाएं मुड़ा फिर कुछ दूर चलकर अपने बाएं मुड़ा. अब वह ुख दिशा की ओर जा रहा था, तो लन ने प्रारम्भ में किस दिशा की ओर गमन किया?

A) पूरब (B) पश्चिम
C) उत्तर (D) दक्षिण

र्देश : प्रश्न 101 से 120 कथनों पर है. प्रत्येक कथन को पढ़कर आप र्णय दीजिए. कोई भी कथन सत्य असत्य नहीं है, बल्कि उसके सम्बन्ध ी क्या राय है, वह व्यक्त किया आप अपनी राय के अनुसार (A), विकल्पों में से किसी एक विकल्प न लगाएं.

र निम्नवत् हैं–

सहमत
निश्चित A
असहमत B
C

आप किसी कथन से सहमत हैं A को, अनिश्चित है तो अक्षर B दि असहमत हैं, तो संकेत अक्षर उत्तर होगा.

अध्यापक अति व्यस्त होते हैं, ने विद्यार्थियों के लिए शायद ही समय पाते हैं.

102. मानवीय मूल्यों की स्थापना में शिक्षण की भूमिका सार्थक हो सकती है.

103. अध्यापक का कार्य केवल कक्षा में पढ़ाना होता है, न कि समाज के लोगों में जागृति लाने का प्रयास करना.

104. अध्यापन कार्य के माध्यम से अधिक धन कमाने का प्रयास किया जा सकता है.

105. अध्यापक इस बात को अच्छी तरह से जानता है कि उदार व्यक्ति प्रायः धोखा खाते हैं.

106. आज का युग आर्थिक युग है इसलिए वही नौकरी करनी चाहिए जिसमें पैसा अधिक हो.

107. मैं अपने माता-पिता की इच्छानुसार अध्यापिका बनना चाहती हूँ.

108. शिक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अन्तर्निहित शक्तियों का विकास करना है.

109. मुझे छोटे बच्चों को पढ़ाना अच्छा नहीं लगता.

110. आज के युग में अध्यापक को समाज का पथ-प्रदर्शक मानना असंगत है.

111. बेरोजगारी का आलम देखते हुए आज जो भी नौकरी मिले उसे स्वीकार कर लेना चाहिए.

112. वह कक्षा-शिक्षण अच्छा होता है, जिसमें बच्चे प्रश्न न पूछकर व्याख्यान को चुपचाप नोट करते रहते हैं.

113. मेरी राय में वह विद्यार्थी अच्छा नहीं होता, जो कक्षा में शान्त बैठा रहता है.

114. बालक जन्म से क्रियाशील होता है इसलिए उसे रचनात्मक कार्यों की ओर प्रेरित करने की अधिक आवश्यकता होती है.

115. शिशुओं में स्वस्थ आदतों के विकास के लिए अध्यापक को उत्तरदायी नहीं माना जा सकता है.

116. अध्यापिका हेतु मेरा चयन इसलिए होना चाहिए; क्योंकि मैं एक अध्यापिका की पुत्री हूँ.

117. समाचार सुनने के लिए मैं समय अवश्य निकाल लेती हूँ.

118. यदि मैं अध्यापिका न बन सकी तो नर्स बनना पसन्द करूँगी.

119. अध्यापन व्यवसाय चुनने के लिए मैं दूसरों को कभी सलाह नहीं देती हूँ.

120. अध्यापन कार्य करते समय यदि कोई छात्रा मेरी त्रुटियों की ओर संकेत करती है, तो मैं उसे स्वीकार नहीं करूँगी.

निर्देश : प्रश्न 121 से 145 में कुछ स्थितियाँ कथन के रूप में दी गई हैं. उन पर आधारित 4 विकल्प हैं, जिनसे आपके मनोभावों और प्राथमिकताओं का अनुमान लगाया जा सकता है. जो विचार आपको सबसे अधिक पसन्द हो उसके अक्षर को उत्तर के रूप में चुनिए.

121. यदि कोई छात्र कक्षा से बाहर अध्यापक से प्रश्न पूछता है, तो आप सोचती हैं कि–

(A) वह गरीब घर का है
(B) कक्षा में वह कुछ पूछना भूल गया होगा
(C) वह पढ़ाई में कमजोर है
(D) वह दिखाना चाहता है कि वह बहुत परिश्रमी है

122. बच्चों के अच्छे संस्कार डालने के लिए उन्हें–

(A) कान्वेट स्कूल में ही पढ़ाना चाहिए
(B) धूल पानी से दूर रखना चाहिए
(C) अच्छा वातावरण प्रदान करना चाहिए
(D) यदा-कदा दण्ड भी दिया जाना चाहिए

123. यदि इस वर्ष बी. टी. सी. प्रशिक्षण हेतु आपका चयन न हो सका, तो–

(A) इसे आप अपना दुर्भाग्य मानेंगी
(B) नर्स बनने के लिए प्रयास करेंगी
(C) चुप रहना चाहेंगी
(D) आप पत्र लिखकर पूछेंगी कि आपका चुनाव क्यों नहीं हुआ

124. आपसे अपने बच्चे के बारे में कोई सलाह माँगे, तो आप सर्वप्रथम–

(A) अध्यापक बनाने की सलाह देंगी
(B) डॉक्टर बनाने की सलाह देंगी
(C) बच्चे के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करना चाहेंगी
(D) बच्चे को उसके भाग्य पर छोड़ देने को कहेंगी

125. समाज में व्याप्त कुरीतियों और अन्ध-विश्वासों का कारण है–

(A) अपने पूर्वजों के प्रति अनावश्यक रूप से आदरभाव
(B) जातिप्रथा और वर्गभेद
(C) जागरूकता की कमी और निर्धनता
(D) धार्मिक कट्टरता

126. आज के छोटे बच्चों के कन्धों पर ही कल देश का दायित्व होगा, अस्तु–

(A) बच्चों का कंधा मजबूत करना चाहिए
(B) बच्चों के समुचित विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(C) बच्चों को स्कूलों में शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए

(D) देश का भार हल्का करने का प्रयास करना चाहिए

127. विद्यालय में खेलकूद की शिक्षा से–

(A) पढ़ाई का कार्य बाधित होता है

(B) केवल शारीरिक विकास को बढ़ावा मिलता है

(C) शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है

(D) विद्यार्थी गम्भीर प्रकृति के बन जाते हैं

128. धार्मिक सहिष्णुता का अर्थ होता है–

(A) दूसरों से अपने धर्म को मनवाने के लिए सहमत करना

(B) सभी धर्मों का आदर करना

(C) सभी धर्मों में रुचि लेना

(D) सब कुछ ईश्वर पर छोड़ देना

129. आपकी राय में अच्छे माता-पिता वे हैं, जो अपने बच्चों को देते हैं–

(A) नियमित रूप से अपना कुछ समय

(B) उनकी आवश्यकतानुसार धन और सुविधा

(C) उनकी आवश्यकताओं की सभी वस्तुएँ

(D) अच्छा भोजन और वस्त्र

130. एक अच्छा शिक्षक जीवन पर्यन्त विद्यार्थी बना रहता है. इस कथन का अभिप्राय है–

(A) अध्यापक का मस्तिष्क कभी परिपक्व नहीं होता है

(B) विद्यार्थी की भाँति वह सादा जीवन ही बिताता है

(C) अध्यापन के साथ वह अध्ययन भी जारी रखता है

(D) वह विद्यार्थियों के बीच सदा घिरा रहता है

131. बाल मनोविज्ञान का ज्ञान एक प्राथमिक शिक्षक के लिए तो आवश्यक है ही, क्योंकि इससे–

(A) परीक्षाफल में सुधार हो सकता है

(B) अनुशासन स्थापित करने में सहायता मिलती है

(C) बच्चों को प्रेरित करने में सुविधा होती है

(D) बच्चों के व्यवहार को समझने में सहायता मिलती है

132. विद्यालयी खेलकूद में शिक्षक के सक्रिय रूप से भाग लेने से–

(A) वह समय का सदुपयोग कर सकता है

(B) उसे मनोरंजन का अवसर मिलेगा

(C) उसे छात्रों को निकट से जानने का अवसर मिलता है

(D) उसके स्वास्थ्य में सुधार होता है

133. आप उस छात्र को अधिक पसन्द करेंगे जो–

(A) बड़ों का आदर करता हो

(B) परिश्रमी एवं विनम्र हो

(C) मधुरभाषी हो

(D) उक्त सभी गुण हों

134. अध्यापन कार्य में एक अध्यापक को तब परेशानी अधिक होती है, जब–

(A) विद्यालय उसके घर से दूर हो

(B) कक्षा के अधिकांश छात्र सम्पन्न परिवार से हों

(C) कक्षा का आकार बहुत बड़ा हो

(D) अभिभावकों का सहयोग न मिले

135. एक अध्यापक के आचरण और योग्यता का सही मूल्यांकन करते हैं उसके–

(A) छात्र

(B) प्राचार्य

(C) साथी अध्यापक

(D) समाज के सम्पन्न लोग

136. यदि वेतन और सुविधाए बराबर हों तो मैं बनना चाहूँगा–

(A) मन्दिर का पुजारी

(B) विद्युतकर्मी

(C) पुस्तक विक्रेता

(D) होटल का स्वागती

137. 'प्रकृति सर्वोत्तम शिक्षक है' इस कथन का अभिप्राय है कि–

(A) प्रकृति के मध्य अध्यापक स्वाभाविक रूप से पढ़ा सकता है

(B) बच्चों को प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया जाना चाहिए

(C) अध्यापक को प्रकृति से शिक्षा लेनी चाहिए

(D) प्रकृति के नियमों को छात्र सहज ढंग से सीखते और अनुभव करते हैं

138. उस परीक्षा भवन में आपके मित्र का लड़का परीक्षार्थी है, जहाँ आप निरीक्षण कार्य कर रहे हैं. ऐसी स्थिति में आप–

(A) उस परीक्षार्थी की मदद करेंगे

(B) नियमतः अपना निरीक्षण कार्य करेंगे

(C) दूसरे छात्रों से उसकी मदद के लिए कहेंगे

(D) उसके ऊपर कड़ी निगरानी रखेंगे

139. यदि मुझे किसी परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना पड़े तो मैं–

(A) उदारतापूर्वक अंक दूँगा

(B) सभी छात्रों को उत्तीर्ण अंक दूँगा

(C) अंक देने में कड़ा रुख अपनाऊँगा

(D) उत्तर के अनुरूप अंक दूँगा

140. 'नारी स्वतन्त्रता' का अर्थ है–

(A) स्त्रियों को घर के दायित्व से मुक्त करना

(B) नारी संगठनों को महत्व देना

(C) स्त्रियों को बन्दी न बनाना

(D) स्त्रियों को अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार कार्य करने की आजादी

141. एक जागरूक नारी बनना चाहेगी–

(A) अध्यापिका

(B) सफल गृहिणी

(C) अधिकार और कर्तव्यों के प्रति सजग

(D) समाज-सुधारक

142. शिशुओं के लिए शिशुशाला आवश्यक है–

(A) भाषा पढ़ाना

(B) गणित पढ़ाना

(C) खेल के अवसर प्रदान करना

(D) सामान्य ज्ञान देना

143. अध्यापन के अतिरिक्त विद्यालय के जिन कार्यक्रमों में मैं अपने को शामिल करना चाहती हूँ, वह है–

(A) सांस्कृतिक कार्यक्रम

(B) बागवानी

(C) पुस्तकालय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

(D) विद्यालय की सफेदी तथा बागवानी

144. विद्यालय की सुरक्षा तथा व्यवस्था

यदि मेरी कक्षा के अधिकांश बच्चे शरारती हैं तो उनके वांछित व्यवहार परिवर्तन के लिए सबसे अच्छा तरीका होगा–

(A) कक्षा से निष्कासन

(B) निर्देशन और परामर्श

(C) पुरस्कार

(D) शारीरिक दण्ड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मेरे कुछ साथी अध्यापक प्रधानाचार्य के विरुद्ध मेरे सामने कुछ कहते हैं, ऐसे में मैं–

(A) प्रधानाचार्य को तुरन्त सूचित करूँगा

(B) साथियों को वैसा कहने से मना करूँगा

(C) कारणों को जानने का प्रयास करूँगा

(D) तटस्थ हो जाऊँगा

निर्देश : प्रश्न 146 से 150 तक में कार्यों का समूह दिया गया है. जिस वर्ग अक्षर के समस्त कार्य आपकी रुचि के हों उनके अक्षर को अपने उत्तर में चुनिए.

(A) पुस्तकें पढ़ना, शेयर खरीदना, रुपए उधार देना

(B) गीत लिखना, रेखाचित्र बनाना, फोटोग्राफी

(C) पूजा करना, दावत देना, खरीद-फरोख्त करना

(D) विदेश की यात्रा करना, मित्र बनाना, पुलिस की मदद करना

(A) मिठाई बनाना, फुटबाल खेलना, दौड़ना खेलना

(B) पालतू जानवरों की देखरेख, ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण, नई पुस्तकों का अध्ययन

(C) डाक टिकट संग्रह, उपन्यास पढ़ना, जादू दिखाना

(D) फिल्म देखना, पतंग उड़ाना, नाखूनों ठीक करना

(A) बिजली की मरम्मत, मधुमक्खी पालन, टी.वी. देखना

(B) कृषिकार्य, पेड़-पौधे लगाना, चुनाव लड़ना

(C) बुनाई करना, फूल पौधे लगाना, कहानी सुनाना

(D) गीत गाना, दूकान की देखभाल करना, पुस्तकें पढ़ना

(A) घर की सफाई करना, खाना बनाना, पतंग उड़ाना

(B) मछली मारना, पर्वतारोहण, नृत्य करना

(C) शिकार करना, चुनाव प्रचार करना, गपशप करना

(D) कहानी सुनाना, चित्र बनाना, भोजन बनाना

(A) बागवानी, बुनाई, दूकानदारी

(B) गीत गाना, पुस्तकें पढ़ना, नए वस्त्र पहनना

(C) सिलाई कढ़ाई, पुस्तकें पढ़ना, चार्ट बनाना

(D) भाषण देना, कहानी सुनाना, रोज फिल्म देखना

उत्तरमाला

1. (A)	2. (B)	3. (C)	4. (D)	5. (C)
6. (C)	7. (A)	8. (B)	9. (C)	10. (D)
11. (C)	12. (D)	13. (C)	14. (C)	15. (C)
16. (D)	17. (A)	18. (C)	19. (B)	20. (C)
21. (A)	22. (B)	23. (C)	24. (A)	25. (B)
26. (A)	27. (A)	28. (B)	29. (D)	30. (A)
31. (B)	32. (B)	33. (B)	34. (A)	35. (D)
36. (C)	37. (D)	38. (A)	39. (B)	40. (B)
41. (A)	42. (B)	43. (B)	44. (A)	45. (A)
46. (B)	47. (D)	48. (B)	49. (C)	50. (C)
51. (A)	52. (A)	53. (A)	54. (B)	55. (B)
56. (C)	57. (C)	58. (D)	59. (A)	60. (C)
61. (B)	62. (C)	63. (C)	64. (B)	65. (B)
66. (A)	67. (B)	68. (C)	69. (D)	70. (C)
71. (D)	72. (A)	73. (C)	74. (D)	75. (B)
76. (A)	77. (B)	78. (D)	79. (D)	80. (A)
81. (B)	82. (A)	83. (B)	84. (A)	85. (B)
86. (D)	87. (B)	88. (C)	89. (C)	90. (D)
91. (C)	92. (B)	93. (C)	94. (A)	95. (B)
96. (B)	97. (C)	98. (B)	99. (B)	100. (A)
101. (C)	102. (A)	103. (C)	104. (C)	105. (C)
106. (C)	107. (C)	108. (B)	109. (C)	110. (C)
111. (A)	112. (C)	113. (A)	114. (A)	115. (C)
116. (C)	117. (A)	118. (C)	119. (C)	120. (C)
121. (B)	122. (C)	123. (A)	124. (C)	125. (C)
126. (B)	127. (C)	128. (B)	129. (A)	130. (C)
131. (D)	132. (C)	133. (D)	134. (C)	135. (A)
136. (C)	137. (D)	138. (B)	139. (D)	140. (D)
141. (C)	142. (C)	143. (D)	144. (B)	145. (C)
146. (B)	147. (B)	148. (C)	149. (D)	150. (B)

संकेत

21. माना दो संख्याएं क्रमशः x एवं y हैं.

जहाँ $x > y$

तब $x \times y = 2x \times 20$

या $xy = 40x$

$\therefore y = 40$

तथा $x = y + 20$

अतः $x = 40 + 20 = 60$

अतः बड़ी संख्या 60 होगी.

22. एक घण्टे में नल द्वारा टंकी का भाग

$$= \frac{1}{4}$$

लेकिन रिसाव के कारण 1 घण्टे में भरा भाग $= \frac{1}{5}$

तब रिसाव द्वारा 1 घण्टे में टंकी का खाली किया गया भाग $= \frac{1}{4} - \frac{1}{5}$

$$= \frac{1}{20}$$

अतः पूरी भरी टंकी को रिसाव को खाली करने में लगा समय = 20 घण्टे.

23. कुल चाय का क्रय मूल्य

$= 25 \times 280 = 7000$ रु.

10% हानि पर 10 किलोग्राम चाय का विक्रय मूल्य $= 280 \times 10 \times \frac{90}{100}$

$= 2520$ रु.

30% लाभ पर कुल चाय का विक्रय मूल्य

$= 280 \times 25 \times \frac{130}{100}$

$= 9100$ रु.

शेष 15 किग्रा चाय का विक्रय मूल्य

$= 9100 - 2520$

$= 6580$ रु.

24. ∵ 6 घण्टे प्रतिदिन चलकर 50 एकड़ भूमि जोतता है = 8 दिन में

∴ 1 घण्टे प्रतिदिन चलकर 1 एकड़ भूमि जोतता है $= \frac{8 \times 6}{50}$

∴ 10 घण्टे प्रतिदिन चलकर 100 एकड़ भूमि जोतता है $= \frac{8 \times 6 \times 100}{10 \times 50}$

$= 9.6$ दिन में

55. 151 आदमियों की कुल बोनस

$= 151 \times 3300 = 498300$ रु

पहले 76 व्यक्तियों की कुल बोनस

$= 76 \times 4200 = 319200$ रु.

अन्तिम 76 व्यक्तियों की कुल बोनस

$= 76 \times 2400 = 182400$ रु.

अतः 76वें व्यक्ति की कुल बोनस

$= (319200 + 182400) - 498300$

$= 501600 - 498300$

$= 3300$ रु.

56. दी गई संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है.

4 $\xrightarrow{\times 1.5}$ 6 $\xrightarrow{\times 2.5}$ 15 $\xrightarrow{\times 1.5}$ 22.5 $\xrightarrow{\times 2.5}$ 56.25 $\xrightarrow{\times 1.5}$ 84.375

अतः अभीष्ट अगला पद 84.375 होगा.

57. 90 किमी/घण्टा $= 90 \times \frac{5}{18}$

$= 25$ मी/से

तथा 36 किमी/घण्टा $= 36 \times \frac{5}{18}$

$= 10$ मी/से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माना गाड़ी स्कूटर सवार को x सेकण्ड में पार करती है.

तब $25x - 10x = 150$

$\therefore \quad 15x = 150$

$x = 10$ सेकण्ड

58. माना कुल धन x रुपए है.

तब प्रश्न से

$$\frac{x \times 3 \times 10}{2 \times 100} - \frac{x \times 3 \times 8}{2 \times 100}$$

$= 156$

$\Rightarrow \quad 30x - 24x = 156 \times 2 \times 100$

$\Rightarrow \quad 6x = 156 \times 2 \times 100$

$$\therefore \quad x = \frac{156 \times 2 \times 100}{6}$$

$= 5200$ रु.

59. $(1.37)^3 - (0.93)^3 - (0.44)^3 - 3\,(0.44)\,(0.93)\,(1.37)$

यदि $a + b + c = 0$

तब $a^3 + b^3 + c^3 = 3abc$

$\therefore \quad 1.37 - 0.93 - 0.44 = 0$

अतः $(1.37)^3 - (0.93)^3 - (0.44)^3$

$= 3\,(1.37)\,(0.93)\,(0.44)$

अतः व्यंजक में मान रखने पर

$3(1.37)\,(0.93)\,(0.44) - 3(0.44)\,(0.93)\,(1.37) = 0$

60. मोहन और अमरी की लगी राशि में क्रमशः अनुपात

$= 72000 \times (12 - 5) : 50000 \times 12$

$= 504000 : 600000$

$= 504 : 600 = 21 : 25$

अतः लाभ में मोहन का हिस्सा

$$= \frac{21}{21 + 25} \times 15042$$

$$= \frac{21}{46} \times 15042 = 6867 \text{ रु.}$$

61. कमरे में अधिक-से-अधिक लम्बी छड़ विकर्णवत रखी जा सकती है.

$\therefore$ अभीष्ट लम्बाई

$$= \sqrt{l^2 + b^2 + h^2}$$

$$= \sqrt{(13)^2 + (12)^2 + (8)^2}$$

$$= \sqrt{169 + 144 + 64}$$

$$= \sqrt{377} = 19.45 \text{ फुट}$$

62. नल द्वारा 1 घण्टे में हौज का भरा भाग

$$= \frac{1}{18}$$

दूसरे नल द्वारा 1 घण्टे में हौज का खाली भाग

$$= \frac{1}{27}$$

दोनों नल एक साथ खोलने पर एक घण्टे में हौज का भरा भाग

$$= \frac{1}{18} - \frac{1}{27}$$

$$= \frac{1}{54} \text{ भाग}$$

अतः पूरा हौज भरने में कुल 59 घण्टे लगेंगे.

63. संख्याएं 25, 30 एवं 40 का ल. स. प.

5	25, 30, 40
2	5, 6, 8
	5, 3, 4

$\therefore \quad$ ल. स. प. $= 5 \times 2 \times 5 \times 3 \times 4$

$= 600$

अतः अभीष्ट संख्या $= 600 + 7$

$= 607$

64. उसी निश्चित दूरी को स्कूटर को पार करने में लगा समय

$$= \frac{45 \times 8}{5}$$

$= 72$ मिनट

65. प्रश्नानुसार,

15 आदमी + 20 औरत

$=$ 20 आदमी + 10 औरत

$\Rightarrow$ (20 – 10) औरत

$=$ (20 – 15) आदमी

$\therefore$ 5 आदमी $=$ 10 औरत

$\therefore$ 1 आदमी $=$ 2 औरत

अतः 15 आदमी + 20 औरत

$= (15 \times 2 + 20)$ औरत

$=$ 50 औरत

तथा 8 आदमी + 16 औरत

$= (8 \times 2 + 16)$ औरत

$=$ 32 औरत

$\because$ 50 औरतें एक काम करती हैं

$=$ 6 दिन में

$\therefore$ 1 औरतें एक काम करेंगी

$= 50 \times 6$ दिन

$\therefore$ 32 औरतें एक काम करेंगी

$$= \frac{50 \times 6}{32} = 9\frac{3}{8} \text{ दिन में}$$

66. माना मूल भिन्न $\frac{x}{y}$ है.

तब $x + y = 15 \quad \ldots(i)$

$y - x = 1 \quad \ldots(ii)$

जोड़ने पर $2y = 16$

$\therefore \quad y = 8$

तथा $x = 7$

अतः मूल भिन्न $= \frac{7}{8}$

67. राजेन्द्र की बचत 800 रु.

तब नहीम की बचत $= 800 + 100$

$= 900$ रु.

माना राजेन्द्र एवं नहीम की क्रमशः आय 4x एवं 5x है तब,

$$\frac{4x - 800}{5x - 900} = \frac{3}{4}$$

$\Rightarrow \quad 16x - 3200 = 15x - 2700$

$\therefore \quad x = 500$

अतः दोनों की कुल आय $= 4x + 5x$

$= 9x$

$= 9 \times 500$

$= 4500$ रु.

68. माना मुन्नेश के पिता की आय 100 रु.

तब मुन्नेश की आय $= 100 + 30$

$= 130$ रु.

अतः अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{130 - 100}{130} \times 100$

$$= \frac{30}{130} \times 100 = 23.08\%$$

69. माना संख्या x है, तब

$$x \times \frac{80}{100} = \frac{2}{3}x + 300$$

$$\Rightarrow \quad \frac{4}{5}x - \frac{2}{3}x = 300$$

$$\frac{2x}{15} = 300$$

